अन्तर्मनस्, (त्रि०) अन्तर्गतं बाह्यव्यापाराक्षमतया अन्तरेवस्थितं मनो यस्य । बाहिरके व्यापारको न सहन करनेके कारण जिसका मन भीतरही स्थित हो रहा है । जिसका मन एकाग्र हो । व्याकुलचित्त.

अन्तर्मातृका, (स्त्री०) अन्तःस्था षट्चक्रस्था मातृका अकारादिवर्णाः । भीतर शरीरके छ चक्रोंकी अक्षरावली । भीतरकी मां.

अन्तर्मुख, (त्रि०)-खी । अन्तः मुखं यस्य-यस्या वा-ब०) भीतर मूंवाला-वाली । मुखमें जानेहारा । भीतरको दिखानेहारा । भीतरका रास्ता खुलजाना । वह चित्त जो बाहिरकी वस्तुका परित्याग करके परमात्मामें परमात्माहीकी झुकताहै.

अन्तर्मुद्र, (त्रि०) अन्तः मुद्रा यस्य । जिसके भीतर मोहर लग चुकी है । भीतरके निशानवाला न० । एक प्रकारकी भक्ति.

अन्तर्यामिन्, (पु०) अन्तर्मध्येऽनुप्रविश्य यमयति स्वस्वकर्मणि इन्द्रियादीनि जीवं वा व्यापारयति, यम्+णिच्+णिनि । जो भीतर प्रवेश करके इन्द्रियादि किंवा जीवको अपने अपने काममें लगाता है । वायु । "जो भीतर आवेशकर आत्मकेतु (निजव्यापार अर्थात् प्राणादिवृत्ति)-ओंसे जीवोंको धारण किंवा पोषण कर्ता है" ऐसे लक्षणवाला ईश्वर । "अन्तरेष यमयती"त्यादि बृहदारण्यकान्तर्यामिब्राह्मणोक्तेः । भीतरकी बातको जानेहारा (त्रि०).

अन्तर्वणिः-मिः, (पु०) अन्तः स्थित एव उद्गारशब्दं कारयति वण्+इन् । भीतर रह करही उद्गार=डकारके शब्दको लाता है । अजीर्ण । अनपच.

अन्तर्वंशिक, (त्रि०) अन्तर्वंशे राज्ञामाभ्यन्तरगृहे नियुक्तः नियुक्तार्थे ठ । राजाओंके घरोंमें रक्षाके लिये लगायागया कुबडा वामन आदि.

अन्तर्वंशिक-वासिकः, (पु०) अन्तर्वंशे-वासे नियुक्तः ठक् । अन्तःपुरका अध्यक्ष । जनानखानेका हाकिम पूरी रखवाली करनेवाला.

अन्तर्वस्त्र-वासस्, (न०) अन्तः स्थितं वस्त्रम् । भीतरकी पौशाक.

अन्तर्वत्नी, (स्त्री०) अन्तरस्य अस्ति गर्भः । अन्तर्+मतुप् नि० । गर्भवती स्त्री.

अन्तर्वा, (त्रि०) अन्तः अन्तरङ्गभावं अन्तःकरणं वाति=गच्छति स्निग्धत्वेन, वा+विच् । स्नेह प्यार होनेसे मनके पीछे चलनेवाला । अपने बच्चों वा पशुओंके समान दिखानेवाला.

अन्तर्वाणि, (त्रि०) अन्तर्गता अन्तःकरणे स्थिता शास्त्रवाक्यात्मिका वाणी यस्य ब० । न कप् ह्रस्वश्च । बहुतसे शास्त्रोंके वाक्योंको जाननेहारा पण्डित.

अन्तर्वेदी, (स्त्री०) पृथिव्या मध्यस्थितत्वात् अन्तर्वेदीव । हरिद्वारसे ले प्रयाग (अलाहाबाद) तक शशस्थली और ब्रह्मावर्त नामसे प्रसिद्ध देश.

अन्तर्हस्तिन्, (त्रि०) हस्तस्य अन्तः+भवः+हस्त+ख । हाथमें लिया हुआ । जहां हाथ पहुंच सके.

अन्तर्हास, (पु०) अन्तः हासः यस्य ब० । भीतर हसना ओठ न फुरे । गुप्तहास.

अन्तर्हित, (त्रि०) अन्तर्+धा+क्त । गुप्त । छिपाहुआ.

अन्तर्हृदयं, (न०) हृदयस्य अन्तः । हृदयका मध्य.

अ(न्तन्ते)वासिन्, (पु०) अन्ते समीपे वस्तुं शीलं अस्य वस्+णिनि । सप्तम्या वा लुक् । जिसका पासही रहनेका स्वभाव हो । शिष्य । चेला । स्त्रियां ङीप् । पास रहनेहारा (त्रि०).

अन्तशय्या, (स्त्री०) शयनं शय्या शीङ्+क्यप् । अन्तस्य नाशार्थं शय्या, चतुर्थ्यर्थे ६ त० । मरनेके लिये पृथिवीपर लेटना । मसान (क्योंकि यहां भूमिशयन कराया जाता है) मरना.

अन्तसद, (पु०) अन्ते=गुरुसमीपे सीदति=गच्छति । गुरुके पास जाताहै । शिष्य.

अन्तावसायिन्, (पु०) नखकेशानां अन्तं अवसातुं छेत्तुं शीलं अस्य, अव+सो+णिनि+युक् च । नख केश काटनेहारा । नाई । "अन्ते वृद्धे वयसि अवस्यति निश्चिनोति तत्त्वं" । जो बुढापेमें तत्त्वका निश्चय करे । एक मुनि । "अन्ताय स्वतोषकृते जन्तुनाशाय अवस्यति" । जो अपनी प्रसन्नताके लिये जीवोंको नाश कर्ता है । जीवोंकी हिंसा करनेहारा चाण्डाल आदि.

अन्तिक, (त्रि०) अन्त्यते संबध्यते सामीप्येन-अन्त+घञ् सोऽस्यास्तीति मत्वर्थीयः ठन् । जो पास रहे । स्वार्थे ठनि । पास । (पु०) चुल्ली (न०) एक प्रकारकी औषध (दवाई).

अन्ति(का), (स्त्री०) अन्त्यते संबध्यते अन्त+इ । नाटकमें बडी बहिनको बोला जाताहै । स्वार्थेक,टाप्-"अन्तिका"भी.

अन्तिकाश्रय, (पु०) अन्तिके समीपे आश्रीयते आ+श्री+अच् । पास रहनेहारा । आश्रयका स्थान.

अन्तिम, (त्रि०) अन्ते भवः, अन्त+डिमच् । अन्तमें होनेहारा । आखिरी.

अन्तेवासिन्, अन्ते वसति । सीमाके पास रहनेवाला । पास रहनेवाला (पु०) । अन्ते=गुरुसमीपे वस्तुं शीलं यस्य अन्त+वस्+णिनि । गुरुके पास रहनेवाला । शिष्य । शिक्षाके लिये पास रहता है.

अन्त्य, (पु०) अन्ते पर्यन्ते वसतीति । अन्त+यत् । जो सबसे पीछे रहे । चाण्डाल । मोथा (स्त्री०) । अन्तकी वस्तु (त्रि०) जैसें नक्षत्रोंमें रेवती, राशिओंमें मीन अक्षरोंमें हकार इत्यादि । एक प्रकारकी संख्या । १०००००००००००००००.

अन्त्यज, (पु०) अन्तोऽधमः सन् जायते जन्+ड । शूद्र । क्योंकि वह ब्राह्मणादि चारोंवर्णोंमें नीच उत्पन्न हुआ । "रजक (कपडारंगनेहारा) चर्मकार (मोची) नट, वरुड (नीचभेद) कैवर्त (मच्छीपकडनेहारा) मेद (नीचभेद) भिल्ल" ये सात अन्त्यज कहे गये हैं । इस प्रकार स्मृतिमें कहेगये रजक आदि जो कोई नीच उत्पन्न हुआ हो (त्रि०).

अन्त्यजन्मन्, (पु०) अन्त्यं जन्म यस्य । शूद्र । वह ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यके उत्पन्न होनेके अनन्तर ब्रह्माके पाओंसे उपजा.

अन्त्यधनं, (न०) अन्त्यं धनम् । व्याजकी आखीरी किश्त । आखीरी धन.

अन्त्यलोपः, (पु०) अन्त्यः लोपः । आखीरी अक्षरका उडाना । आखीरी नाश.

अन्त्यावसायिन्, (पु०) "निषादकी स्त्री चाण्डालसे अन्त्यावसायी पुत्रको उत्पन्न कर्ती है वह मसानमें रहता है" इस प्रकार मनुसे कहा गया मुरदाफरास नामसे प्रसिद्ध संकीर्णवर्ण । "चण्डाल, श्वपच, क्षत्ता, सूत, वैदेहक, मागध, अयोगव" ये सात अन्त्यावसायी हैं । इस प्रकार अङ्गिरासे स्मरण किये चाण्डालादि.

अन्त्येष्टि, (स्त्री०) इष्टिर्यागः यज्+क्तिन् । अन्त्या इष्टिः । मृतकका दाहादिरूप अन्तिम संस्कार । मुर्दा जलानेसे लेकर पातकान्त दिवसतक उसके निमित्त जो पिण्डदानादि होता है.

अन्त्र, (न०) अन्त्यते देहो बध्यतेऽनेन अति बन्धने+ष्ट्रन् । देहका बंधन । आंतडी पुरीतती नाडी.

अन्दुक, (पु०)अन्द्यते बध्यतेऽनेन-अदि बन्धने-क् स्वार्थे के ह्रस्वः । हाथीके पादका बंधन (जंजीर) । पाओंकी कील.

अन्दू, (स्त्री०) अन्द्यते बध्यतेऽनेन अदि+क् । निगड (जंजीर) । स्त्रिओंके पाओंका भूषण । पायजेब.

अन्ध्, न दीखना-चु० उभ० अक० सेट्-अन्धयति, ते । आन्दिधत्-त.

अन्ध, (त्रि०) अन्धयति चक्षुषा न पश्यति+अच् । दोनों आंखोंसे बिना । अन्ध्यतेऽनेन इति करणे घञ् । अंधकार (अंधेरा) । पानी (न०).

अन्धम्, (न०) अन्धयति । अन्धेरा । रूहकी भूल । आत्माकी अविद्या ।-धः (पु०) । अन्धयति-निर्वाणं गच्छति । इन्द्रियोंपर पूरी आज्ञा चलानेवाला संन्यासी । नष्ट द्रव्यके मिलने न मिलनेका उपयोगी राशीभेद । मे० वृ० सिं० रातके समय, और मि० क० क० दिनके समय अन्धे होतेहैं.

अन्धक, (त्रि०) अन्ध+कन् । अन्धा ।-कः (पु०) एक दैत्यका नाम जो कश्यप और दितिका पुत्र है । श्रीशङ्करने इसे माराथा । इसकी एक सहस्र भुजा और दो सहस्र नेत्र थे । अच्छी चमकदार आंखें रखकरभी अन्धेके समान फिरता था.

अन्धक, (पु०) अन्धयति-अन्ध्+ण्वुल् । देशभेद । मुनिभेद । यदुवंशीयोंमेंसे एक राजा । हिरण्याक्षका पुत्र । दैत्यभेद । अंधेरा (न०).

अन्धकरिपु, (पु०) अन्धकासुरस्य रिपुः । अंधकदैत्यके शत्रु । शिव ।"अन्धकस्य तमसो रिपौ"। अंधेरेका शत्रु । सूर्य । चन्द्र । अग्नि.

अन्धकार, (पु० न०) अन्धं करोति-कृ+अण् उप० स० । तेजोभावे तमसि । प्रकाशका न होना। अंधेरा.

अन्धकूप, (पु०) अन्धयतीत्यन्धः स चासौ कूपः। अंधेरा खूआ । 'अन्धः कूपो यत्र' ७ व० । जहां अंधेरा खूआ हो ऐसा नरकभेद । "अन्धस्य दृष्ट्यभावस्य कूप इव" । दृष्टिके नाश होनेका मानो खूआ है अर्थात् मोह (वह सम्पूर्ण दृष्टिके नाशकी कान है).

अन्धतमस, (न०)अन्धयति, अन्ध+अच्, ताम्यति अनेनेति, तम्+करणे असि कर्म० । बडा अंधेरा । "अन्धं अंधकारकं तामिस्रं यत्र" ७ व० । नरकविशेष । सांख्यशास्त्रमें प्रसिद्ध भयविशेषका विषयअभिनिवेश.

अन्धतामिस्रः-स्रं, (पु० न०) पूरा नाश । गाढ अंधेरा । विशेषतः आत्माका । देहके नष्ट होनेपर "मैं ही नष्ट हुआ" इस प्रकारका अज्ञान । भारी अंधकारके पड़देवाला । २१ नरकोंमेंसे दूसरा जो परस्त्रीगामिओं वा हत्यारोंको मिलता है.

अन्धमूषिका, (स्त्री०) अन्धं दृष्ट्यभावं मुष्णाति । मुष्+ण्वुल् दीर्घः । देवताडका वृक्ष (इसका सेवन करनेसे अंधोंकीभी आंखें खुल जाती हैं, यह वैद्यशास्त्रमें प्रसिद्ध है).

अन्धमूषिका, (स्त्री०) अन्धं-दृष्ट्यभावं मुष्णाति, मुष-ण्वुल् । एक प्रकारका वृक्ष वा तृण घास जिसका नाम " देवताड " है इसके सेवनसे अंधेकी आंखें खुलजाती हैं.

अन्धवर्त्मन्, (पु०) अन्धं-सूर्यप्रकाशराहित्यात् वर्त्म यत्र । वायुका सातवां पड़दा वा लोक जहां सूर्यका प्रकाश नहीं होता.

अन्धस्, (न०) अद्यते, अद्+असुन् नुम् धश्च । अन्न । भात । चावल.

अन्धाहिः-अहिकः, (पु०) अन्धः अहिः । अंधा सांप । विषरहित.

अन्धिका,(स्त्री०) अन्धयति, अन्ध्+ण्वुल् । रात । जूएका भेद । सिद्धा नाम औषधी । आन्दुली नामी नेत्रका रोगभेद.

अन्धु, (पु०) अन्ध्+कु । कूप । खूआ.

अन्धुल, (पु०) अन्ध्+उलच् । शिरीषका वृक्ष.

अन्ध्र, (पु०) अन्ध्+र । देशभेद । वहांके लोग । जातिभेद.

अन्न, (न०) अनिति अनेन-अन्+तन्-अद्यते इति वा-अद्+क्त । जिसके द्वारा जीता है वा जो खाया जाता है । भात । गीला अन्न । कच्चा अन्न । चावल जौ आदि कच्चा अन्न । पृथिवी (क्योंकि वहां अन्न उपजता है इसलिये उसे अन्न कहते हैं).

अन्नकोष्ठक, (पु०) अन्नस्य व्रीह्यादेः स्वल्पं कोष्ठमिव, अल्पार्थे कन् । चावल आदिका छोटा कोठा । अन्नका कोठा (कुटी).

अन्नगन्धि, (पु०) अन्नस्य गन्ध इव गन्धो यस्य व० । इत्समासान्तः । अन्नके गन्धके समान जिसका गन्ध हो । अतिसार । पेटका रोग । "अन्नस्य गन्धो लेशो यत्र" ७ व० । थोडे अन्नके भोजनवाला (त्रि०).

अन्नजलं, (न०) अन्नं जलं च । स० द्वं० । अन्न और जल । खान पान.

अन्नदासः, (पु०) अन्नेन पालितो दासः । शाक० त० । अन्नमात्रपर काम करनेवाला नौकर.

अन्नप्राशन, (न०) प्रकृष्टं विधानेन प्रथममाशनं प्राशनं ६ त० । छठे वा आठवें महीनेके आदिमें शास्त्ररीतिसे बालक आदिको पहिले अन्न खिलाना.

अन्नमय, (पु०) अन्नस्य विकारः, अन्न+विकारार्थे मयट् । स्थूल शरीर (यह अन्नहीका विकार है) । अन्नका विकार (त्रि०) । "अन्नमयं हि सौम्य ! मनः" इति श्रुतिः.

अन्नविकार, (पु०) वि+कृ+घञ् ६ त० । अन्नका विकार । लोहू और मांस आदिके पकनेसे उपजा अन्तिम धातु । शुक्र.

अन्नाद, (त्रि०) अन्नं अत्ति । अन्न खानेवाला । दीप्ताग्नि । भटकीली जठराग्निवाला.

अन्नाशन, (न०) अन्नस्य विधानेनाशनम् । विधिसे अन्नका खिलाना अन्नप्राशनके अर्थमें.

अन्य, (त्रि०) अन्-अघ्न्या० यः । भिन्न । समान । यह सर्वनाम है.

अन्यतम, (त्रि॰) बहूनां मध्ये निर्धारिते एकस्मिन् । बहुतोंमेंसे एक.

अन्यतर, (त्रि॰) द्वयोर्मध्ये निर्धारिते एकस्मिन् । दोनोंमेंसे एक.

अन्यतस्त्यः, (पु॰) अन्यतो भवः+त्यप् । कुछ और ही होगया । शत्रु विरुद्ध.

अन्यत्र, (अव्य॰) अन्य+त्रल् । विना । व्यतिरेक.

अन्यथा, (अव्य॰) अन्य प्रकारार्थे थाच् । बिना । दूसरी तरह । झूठ । दुष्ट.

अन्यथावादिन्, (त्रि॰) अन्यथा+वद्+इन् । औरहीं प्रकारसे बोलताहै । झूठा.

अन्यथावृत्ति, (त्रि॰) अन्यथा वृत्तिः यस्य । बदलेहुए विचारवाला । बिगडेहुए खयालवाला.

अन्यथासिद्धि, (स्त्री॰) यस्य कारणतां विनापि सिद्धिः । जिसके कारण न होनेपरभी कार्यकी सिद्धि हो सके । जैसे " घट " की उत्पत्तिके समय गधेके रहनेपरभी उसे कारण स्वीकार किये विनाभी घटादिकी सिद्धि हो सक्ती है अर्थात् कुह्मार आपसी मट्टी लाकर घडा बना सक्ता है इसलिये घटकी सिद्धिमें गधा अन्यथासिद्ध समझना चाहिये । कार्यसे पहिले हो पर कार्यका उत्पादक न हो.

अन्यदा, (अव्य॰) अन्यस्मिन् काले दा । कालान्तर और समय । फिर कभी.

अन्यपूर्वा, (स्त्री॰) अन्यः पूर्वो यस्याः । द्विरूढा । एक पतिके मरजानेपर दूसरी वेर व्याहीगई स्त्री । "अर्शआदित्वात् अच्" । "अन्या पूर्वा यस्य" । एक स्त्रीके मरजानेके पीछे दूसरी वेर व्याहागया पुरुष (पु॰).

अन्यभृत्, (पु॰) अन्येन भ्रियते, भृ+कर्मणि क्विप् । कौवा । कोइल । दूसरेसे पुष्ट किया गया.

अन्यर्हि, (अव्य॰) दूसरे समय । अन्यदा.

अन्यादृश, (त्रि॰) अन्यस्य इव दर्शनं अस्य अन्य+दृश्+क्विन्-आत्वं । दूसरेके सदृश । और प्रकार । दूसरी तरह । इसी अर्थमें " अन्यादृक्ष " भी होता है.

अन्याय, (पु॰) न्यायो विचारः । सङ्गति, औचित्य, प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमनको प्रतिपादन करनेहारा वाक्य । अभावार्थे न॰ त॰ । विचारका न होना । सङ्गतिका न होना । औचित्यका न होना । भेदार्थे न॰ त॰ । पञ्चाङ्ग न्यायसे भिन्न । ब॰ । विचारशून्य । औचित्यशून्य । असङ्गत । प्रतिज्ञादि पञ्चकवाक्यशून्य । (त्रि॰) न्यायबहिर्भूत । जुलम (पु॰).

अन्येद्युः, (अव्य॰) अन्य-एद्युस् । दूसरा वा आनेवाला दिन । कल्य.

अन्योदर्य, (पु॰) अन्यस्मिन् स्वमातृभिन्ने उदरे गर्भे भवः, उदर+यत् । जो अपनी मातासे भिन्न उदरमें उत्पन्न हुआ हो । पिता एक और माता भिन्न हो ऐसा सौतेला भाई । " अन्योदर्यस्तु संसृष्टिः " इति स्मृतिः । वैसी (सौतेली) बहिन (स्त्री॰) जो कोई दूसरेके पेटसे जात हो (त्रि॰) । इसी लिये दायभागटीकामें इस वचनके व्याख्यानपर भाईके पुत्र आदिकोभी " अन्योदर्य " पदका अर्थ होनेसे ग्रहण किया है.

अन्योन्य, (त्रि॰) अन्य+कर्मव्यतिहारे (एकजातीयक्रियाकरणे) द्वित्वं पूर्वपदे सुश्च । परस्पर । आपसमें । " द्वित्व किये जानेपरभी सर्वनामता होती है" इसीसे अन्योन्यस्मै इत्यादि समझना । "अलङ्कारशास्त्रमें प्रसिद्ध एक अलङ्कार (न॰)" वह साहित्यदर्पणके १० म परिच्छेदमें देखना चाहिये.

अन्योन्याभाव, (पु॰) अन्योन्यस्मिन् अन्योन्यस्य अभावः । आपसमें एक दूसरेका न होना । " जैसे घटमें पटका वैसेही पटमें घटका सदा अभाव है " संसर्गाभाव ऐसा नहीं होता क्योंकि घटमें भूतलका अभाव होनेपरभी भूतलपर घटका होना किसी समय सम्भव है, इसीसे यह अन्योन्याभावसे भिन्न है.

अन्योन्याश्रय, (त्रि॰) परस्परं अन्योन्यं आश्रयतीति-आ+श्री+अच् । जो एक दूसरेका आश्रय कर्ता है । परस्परसापेक्ष । न्यायमतमें तर्कविशेष । (पु॰) वह ऐसे है कि " जैसे एकके ज्ञानके लिये दूसरे ज्ञानकी अपेक्षा है वैसे और ज्ञानादिकी उत्पत्तिके लिये पहिले ज्ञानकी अपेक्षा है " अर्थात् दोनों परस्पर सापेक्ष हैं । जब दोनों आपसमें आश्रय हो गये तो स्वापेक्षापेक्षित्वनिमित्तक अनिष्टका प्रसङ्ग हुआ (यह दोष है).

अन्वक्ष, (त्रि॰) अनुगतं अक्षं-इन्द्रियं-अत्या॰ स॰ । प्रत्यक्ष । अनुपद । पीछा करना । " अक्ष्णः समीपेऽव्ययी॰ टचि॰ " । आंखके निकट (अव्य॰).

अन्वच्, (त्रि॰) अनु+अञ्च्+क्विन् । पीछा करनेहारा । अनुपद.

अन्वय, (पु॰) अनु+इण्+अच् । वंश । पदोंकी परस्पर आकाङ्क्षा । सम्बन्ध । पदोंका योग्यता सम्बन्ध । कार्यमें कारणका अनुसरण करना.

अन्वयबोध, (पु॰) अन्वयस्य पदोपस्थाप्यपदार्थानां सम्बन्धस्य बोधः ६ त॰ । पदोंसे उपस्थित हुए (निकले) पदार्थोंका ज्ञान । न्यायमतमें शब्दसे उत्पन्न हुआ शाब्दनामक प्रत्यक्षानुमानादिसे भिन्न ज्ञान । वैशेषिकमतमें शब्दसे उत्पन्न हुआ अनुमिति स्वरूपज्ञान.

अन्वयव्यतिरेकिन्, (त्रि०) अन्वयव्यतिरेकौ स्तोऽस्य । साध्यको सिद्ध करनेहारा हेतुविशेष । (जिसमें अन्वय और व्यतिरेक दोनों वन सकें) " जैसे वह्निको सिद्ध करनेमें धूम हेतु है, वह वह्निवाले महानस (पाकशाला) आदिमें, और वह्निके अभाववाले जल आदिमें भावाभावरूपसे वह्निके साथ अन्वयव्याप्त और व्यतिरेकव्याप्त है" इस प्रकार न्यायमतमें प्रसिद्ध है.

अन्वयव्याप्ति, (स्त्री०) अन्वयेन व्याप्तिर्व्यापनं नियततया स्थितिः ३ त० । अन्वयके साथ नियमसे रहना । जहां धूम होगा वहां वह्नि होगा इस प्रकारकी व्याप्ति.

अन्वर्थः, (त्रि०) अनुगतः अर्थ–प्रा० स० । जिसका अर्थ स्पष्ट हो । यथार्थ । अर्थानुसारी.

अन्ववसर्ग, (पु०) अनु+अव+सृज्+घञ् । " जैसा चाहते हो करो " इस प्रकारकी आज्ञा.

अन्ववाय, (पु०) अन्ववाय्यते उत्पत्त्यानुसंवध्यते-अनु+अव+अय्+घञ् । इण्+कर्तरि अच् वा । वंश । सन्तान.

अन्वष्टका, (स्त्री०) अनुगता अष्टकां-अत्या० स० । पौष-माघ-फाल्गुन-और आश्विनके कृष्णपक्षकी नवमीको साग्निक लोकोंका श्राद्ध.

अन्वह, (अव्य०) अह्नि अह्नि । वीप्सार्थेऽव्ययीभावः अच् । प्रतिदिन.

अन्वाख्यानं, (न०) आख्यानं अनुगतम् । पहिले कहेहुएका सविस्तर वर्णन.

अन्वाचय, (पु०) एकस्य प्राधान्यात् अन्य आचीयते बोध्यते यत्र-अनु+आ+चि+आधारे अच् । एककी प्रधानतासे जहां दूसरा जतलाया जाता है । उद्देश्यकी सिद्धिसे जहां अनुद्देश्यकी सिद्धिभी समझी जाय । जैसे भिक्षाके लिये जा यदि गौको देखो तो उसे ले आना, यहां भिक्षाहीमें उद्देश (तात्पर्य) है गमनमें नहिं, उसकी सिद्धिके अनन्तर गौका लाना अनुद्दिष्टभी साध्यस्वरूपसे निर्दिष्ट हुआ है । संयुक्त । मिलाहुआ । जहां मुख्यके साथ गौणभी मिला रहे.

अन्वाजे, (अव्य०) अन्वाजयति अनेन । अनु+आ+जि+डे । दुर्बलकी सहायता करनी.

अन्वादेश, (पु०) अनु+आ+दिश्+घञ् । पूर्वोपात्तस्य किञ्चित् कार्यान्तरं विधातुं पुनरुपदेशे । पहिले एक काम करनेपर कुछ दूसरा काम करनेका फिर उपदेश करना । जैसा इसने व्याकरण तो पढलिया अब इसे न्याय पढाइये इस प्रकार न्यायपाठके लिये फिर उपदेश है । कहेगयेको फिर कहना । अनुवाद.

अन्वाधिः, (पु०) अनु–पश्चात् आधीयते+धा+कि । जमानत । "मेरे कहनेपर तू फलानेको फलानी वस्तु देदे" इस प्रकार जमानत देनेवाला.

अन्वाधेय, (न०) अनु+आ+धाञ्+यत् । स्त्रीधनविशेष । विवाहके पीछे मातापितासे तथा भर्तृकुलसे एवं बंधुकुलसे स्त्रीको जो कुछ मिलताहै । पीछे दीगई वस्तु (त्रि०).

अन्वारब्ध, (त्रि०) अनु+आ+रभ्+क्त । पीछे पृष्ठकी ओर स्पर्श किया गया.

अन्वारम्भ, भ्वा०आ० प्रारम्भ करना । शुरू करना । छूना.

अन्वारुह्, भ्वा० प० साथ चढना । विशेषतः चितापर.

अन्वारोहणं, (न०) अनु+आ+रुह+अन । स्त्रीका पतिके शरीरके साथ चितापर चढना.

अन्वास्, अदा० आ० । पास वा पीछे बैठना.

अन्वासन, (न०) अनु+आस्+ल्युट् । पीछे बैठकर सेवा करना । दुःख । पीछे सोचना । "आधारे ल्युट्" शिल्पगृह (कारखाना).

अन्वाहार्य, (न०) अनु व्याप्तौ, मासि मासि आह्रियते अनु+आ+हृ+कर्मणि ण्यत् । प्रतिमास करनेयोग्य अमावास्याके दिन विधान कियागया श्राद्ध । 'पितॄणां मासिकं श्राद्धं अन्वाहार्यं विदुर्बुधाः" इति स्मृतिः । मासिक श्राद्ध । यज्ञकी दक्षिणा.

अन्वाहार्यपचन, (पु०) अन्वाहार्यं श्राद्धान्नं पच्यतेऽनेन-पच्+करणे ल्युट् । जिसके द्वारा श्राद्धका अन्न पकाया जाता है । दक्षिणाग्नि । ऋग्वेदकी विधिसे स्थापित अग्नि.

अनु–इ=अन्वि, अदा० प० । अनुसरण करना । पीछे जाना । आना । प्राप्त करना.

अन्विष्, तुदा० प० । चाहना । तालाश करना.

अन्वीक्षा, (स्त्री०) अनु श्रवणात् अनु ईक्षा श्रुतार्थस्य युक्तायुक्तपर्यालोचना-अनु+ईक्ष् भावे अ । सुनेगये अर्थका युक्तायुक्त विचार करना । वेदवाक्य सुननेके अनन्तर उसके अर्थका विचार करना । इसीलिये इस कामको पूरा करनेहारी विद्याका नाम आन्वीक्षिकी कहा जाता है.

अन्वीप, (त्रि०) अनुगता+आपो यत्र । पानीके पास । जलके पास ठहराहुआ.

अन्वृचम्, (अव्य०) ऋचं अनुगतम् । एक मन्त्र वा श्लोकके अनन्तर दूसरा.

अन्वेषण, (न०) अनु+इष्+भावे ल्युट् । अनुसन्धान । गवेषण । तहकीकात । ढूंडना । यहां अनुसन्धान शब्दसे यह समझना कि कोई वस्तु व्यवधान आदिसे न दिखती हो उसके जाननेका यत्न करना । वाञ्छा । चाह । अन्वेषणा (स्त्री०) इसी अर्थमें.

अप्, (स्त्री०) बहु० आप्+क्विप् ह्रस्वः । जल । पानी । (सदा बहुवचन होता है).

अप, (अव्य०) न पाति–पा+ड । वियोग । विकार । उलटा । निदर्शन । आनन्द । वर्जन । चोरी करना.

अपकर्मन्, (न०) अपकृष्टकर्म प्रा० । दुष्ट आचरण । बुरा अमल करना ब० । दुष्ट आचरण करनेहारा (त्रि०).

अपकर्ष, (पु०) अप+कृष्+भावे घञ् । बिगाडना । अपने कर्तव्यकालसे पहिलेही करना.

अपकरणम्, (न०) अप+कृ+अन । बुरा व्यवहार हाल करना । हानि नुकसान पहुंचाना.

अपकामः, (पु०) अपगतः कामः—कामस्य अभावो वा । जुगुप्सा । विद्वेष । घृणा । वैर । किसी प्यारी वस्तुका न होना । निरिच्छ.

अपकार, (पु०) अप+कृ+घञ् । अनिष्टोत्पादन । बुराई करना । वैर । दुश्मनी.

अपकारगिर्, (स्त्री०) अपकारेण द्वेषेण गीर्यते—गृ+क्विप् । भर्त्सनवाक्य । तिरस्कारका वचन । झिडकना.

अपकृ, तना० अ० । बुराई करना । खेंचना । उठा ले जाना । घसीटना.

अपकॄ, तु० प० खिलरना । पानीको उछलना.

अपकृष्ट, (त्रि०) अप+कृष्+क्त । अधम । नीच । हीन । अपने समयसे प्रथम किया गया.

अपक्रम, (पु०) अपसृत्य क्रमो गतिः—क्रम्+घञ्-अवृद्धिः । पलायन । भागना.

अपक्रिया, (स्त्री०) अप+कृ+भावे श । द्रोह । वैर । अपकार.

अपक्रोश, (पु०) अप+क्रुश्+घञ् । निन्दा करना । " उपक्रोश " इसी अर्थमें.

अपक्ष, (त्रि०) नास्ति पक्षो यस्य ब० । पक्षहीन । बिन-पर । जो उड नहीं सक्ता.

अपक्षेपण, (न०) अप+क्षिप्+ल्युट् । नीचे फेंकना । नीचे स्थानके साथ संयोग होनेका कारण क्रियाविशेष । "अवक्षेपण" इसी अर्थमें.

अपगत, (त्रि०) अप+गम्+क्त । मरगया । भागगया । गया वह गया.

अपगम्, भ्वा० प० । चले जाना । भाग जाना.

अपगरः, (पु०) अप—निन्दार्थे गॄ— भावे अप् । निन्दा.

अपघन, (पु०) अप+हन्+अप् घनादेशः । देह । शरीरका मल.

अपघात, (पु०) अप+हन्+घञ् । बुरीतरहसे मारना । दुःखसे मरना.

अपचः, (पु०) पक्तुं अशक्तः । न पका सकनेवाला । जो अपने लिये नहीं पकाता । बुरा रसोइया । निन्दाअर्थमें.

अपचय, (पु०) अप+चि+अच् । हानि । नुकसान । चुराना । खर्च.

अपचर्, भ्वा० प० । प्रस्थान करना । रुकसत होना । विरुद्ध जाना । अपराध करना । चरति । चचार । अचारीत्.

अपचायित, (त्रि०) अप+चाय+चि+स्वार्थे णिच्+ वा क्त । पूजागया.

अपचार, (पु०) अप+चर्+घञ् । अहित आचरण । बुराई करना प्रा० ब० । बुरा आचार । बुरा काम । जो दूतके बिना न हो (त्रि०).

अपचित, (त्रि०) अप+चाय्+क्त । चायः चिभावः । पूजागया । चि+क्त । हीन.

अपचिति, (स्त्री०) अप+चाय्+क्तिन्—प्रकृतेश्चिभावः । पूजा । चि+क्तिन् । हानि । नुकसान । अपक्षय.

अपची, (पु०) अपकृष्टं पच्यते असौ, पच्—कर्मकर्तरि अच्—गौरा० ङीष् । एक व्याधि जिसमें गलेका मांसपिण्ड फूल जाता है.

अपच्यु, भ्वा० आ० । गिर जाना । चले जाना । खेंचना । नाश होना । मरना.

अपच्छाय, (त्रि०) अपगता छाया यस्मात् । छायाहीन । विनसायेवाला । बुरीछायावाला.

अपजातः, (पु०) अपकृष्टः जातः । गुणोंमें मातापितासे निकृष्ट पुत्र.

अपजि, भ्वा० प० । हराना । जीतना.

अपज्ञा, क्र्या० आ० । मुकर जाना । निषेध करना । छिपाना.

अपञ्चीकृतम्, (न०) अपञ्च पञ्च कृतम् न० त० । साधारण भौतिक पदार्थ जो पांच २ स्थूल पदार्थ नहीं बनाया गया अर्थात् जो पांचसे पच्चीस नही किया गया । पांच सूक्ष्मभूत । पंचतन्मात्रा शब्दादि.

अपटान्तर, (त्रि०) पटेन तिरस्करिण्या अन्तरं अत्र । न० त० । जहां पडदेका फासला नहीं । अव्यवहित । बीचरहित । खुलाहुआ । आसक्त । संसक्त । फसाहुआ । लगाहुआ । "अपदान्तर" इसी अर्थमें होताहै.

अपटी, (स्त्री०) अल्पः पटः पटी । न० त० । कनातनामसे प्रसिद्ध कपडेका पडदा.

अपटु, (त्रि०) पटुर्दक्षः । न० त० । रोगी । चतुराईरहित । काम न करसकनेहारा.

अपण्य, (त्रि०) न पणनीयः अविक्रेय । न वेचने लायक.

अपतर्पण, (न०) अप+तृप्+ल्युट् । रोग होतेही कुछ न खाना । तृप्त न होना.

अपत्य (न०) न पतन्ति पितरोऽनेन पत्+करणे यत् । न० त० । पुत्र वा कन्यारूप सन्तान.

अपत्यदा, (स्त्री०) अपत्यं तद्धेतुं गर्भं ददाति । गर्भ करने-हारी औषध । इसके सेवन करनेसे गर्भ हो जाता है । गर्भ देनेहारी विद्या आदि.

अपत्यशत्रु, (पु०) अपत्यस्य शत्रुः ६ त० । कुलीर । कर्कट.

अपत्र, (पु०) न विद्यते पत्रमस्य । अङ्कुर (इसका पत्र नहीं होता).

अपत्रप, (त्रि०) अपगता त्रपा लज्जा यस्मात् ५ ब० । लज्जाहीन । बेशरम.

अपत्रपू, भ्वा० आ० । लज्जित होना । लज्जासे शिर नीचे करना हूयाके साथ.

अपत्रपिष्णु, (त्रि०) अप+त्रप्+इष्णुच् । स्वभावसे लज्जावाला.

अपथ, (न०) न पन्थाः न०त० । वा अच् । कुपथ । बुरा-रास्ता । "अत्र वा अचोऽभावे अपथिन् इत्यपि" व० । पथशून्य (त्रि०) "पथोऽभावः" । मार्गका न होना (अव्य०)

अपथ्य, (त्रि०) पथि (रोगिभोजने) हितं, पथिन्+यत् न०त०।रोगीको भोजन न करने योग्य। बीमार करनेहारी.

अपद्–पाद, (त्रि०)–पदी–स्त्री० न पद्यते–ज्ञायते–पद्+क्विप्–न० त०.

अपदान, (न०) अप+दैप्+ल्युट् । शोधन । साफ करना । "करणे ल्युट्"अच्छाकाम । "अवदान"इसी अर्थमें होताहै.

अपदिश्, तुदा० प० । निर्देश करना । सूचन करना । जतलाना । बहाना करना । दिशति । दिदेश । अदिक्षत्.

अपदिश, (न०) दिशयोर्मध्ये–अप+दिशा । अव्ययीभाव । दिशाओंका बीच । कोणनामसे प्रसिद्ध.

अपदिशम्, (अव्य०) दिशयोः मध्ये–अव्यय । दो दिशा-ओंके बीचमें । मध्य लोक.

अपदेश, (पु०) अप+दिश्+घञ् । लक्ष्य । निशान । रू-पको आच्छादन करना । छल । बहाना । निमित्त । स्थान.

अपदेशिन्, (त्रि०) अपदिशति–वञ्चति । वञ्चक ठग । अपनेको बाजारमें छिपा कर चलनेवाला.

अपध्यै, भ्वा० प० । ध्यायति । दध्यौ । किसी बुरा खयाल करना । किसीको मनसे शाप देना.

अपध्वंसज, (पु०) अपध्वस्यतेऽनेन अपध्वंसः वर्णानां भिन्नरूपतासम्पादकः यः संकरस्तस्मात् जायते-जन्+ड ५ त० । भिन्नवर्णोंके संगमसे उत्पन्न हुआ संकीर्ण वर्ण । बिगडे हुए अक्षरोंसे बना एक अक्षर बिगड कर निकला.

अपध्वस्त, (त्रि०) अप+ध्वंस्+क्त । निन्दित । छोड दि-यागया । नाश कियागया.

अपनयन, (न०) अप+नी+भावे ल्युट् । दूर करना । खण्डन करना.

अपनस, (त्रि०) अपगता-दूरीभूता नासिका यस्य । नसादेश जिसका नाक उड गया । नाक बिना.

अपनोदन, (न०) अप+नुद्+भावे ल्युट् । दूर लेजाना । तोडडालना.

अपभाष्, भ्वा० आ० । भाषते । अभाषिष्ट । बभाषे । गाली निकालना । बुरा कहना.

अपभ्रंश, (न०) अपभ्रन्श्+घञ् । गिरना ।"अपभ्रश्य-ते अधर्महेतुतया पत्यतेऽनेन" करणे घञ् । जिसके द्वारा गिरजाताहै । साधुशब्दसे भिन्न अपशब्द । यज्ञादिमें उसके कहनेसे पाप उत्पन्न होताहै.

अपम, (त्रि०) अपकृष्टं मीयते मा–बाहुलकात्–क । अपकर्ष छुटाईपनसे मापा जाता है । Ved. बहुत दूरका वा बहुत पुराना.

अपमान, (न०) अप+मि-मा+वा भावे ल्युट् । अवज्ञा । निरादर । बेइज्जती.

अपमित्यक, (न०) अपमितिरपमानः तेन अकं दुःखं यत्र । जहां अपमानसे दुःख होताहै । अपमानका कारण दुःखदेनेहारा ऋण (उधार) (कर्जा) । उसके लेनेमें निश्चय उत्तमर्ण (जिस्से उधार लियाजाताहै) के समीप निरादरसे दुःख होताहै.

अपमृत्यु, (पु०) अपकृष्टो मृत्युः प्रा० स० । मरनेके कारण रोग आदिके विनाही आपही शस्त्र चलाकर वा दुसरेके द्वारा मरना.

अपयान, (न०) अप+या+भावे ल्युट् । निकलजाना । भागना.

अपर, (न०) न पूर्यते यतः, पृ-अपादाने+अप् न० त० । हाथीका पिछला भाग । "न पृणाति सन्तोषयति-पृ+अच् न०त०" । शत्रु । भिन्न (त्रि०) पश्चिम दिशा । ऋग्वे-दादि विद्या (स्त्री०).

अपरक्त, (त्रि०) अप+रञ्ज्+कर्तरि क्त । विरक्त । जो अनुकूल न हो.

अपरति, (स्त्री०)अप+रम्+भावे क्तिन् । विराग । हटजाना.

अपरत्र, (अव्य०) अपर+त्रल् । परलोकमें । पीछे । दूसरे समय.

अपरत्व, (न०) अपरस्य भावे+त्व । अपरनामी न्याय-मतमें सामान्यका भेद (जो थोडे देशमें रहे) । वह दो प्रकारका है कालिक, और दैशिक, जैसे "माघसे पौष अपरा है" यह कालिक, और "पटनासे कांशी अपरा है" यह दैशिक अपरत्व है । शेष.

अपरपक्ष, (पु०) अपरः शेषः पक्षः कर्म० । कृष्णपक्ष । कालीरातें.

अपररात्र, (पु०) अपरं रात्रेः एक० त० टच् । रात्रि-शेष । रातका बाकी हिस्सा । रातका पिछला पहर.

अपरस्पर, (न०) अपरं च परं च–द्वं० पूर्वपदे सुट् । क्रियासातत्य । क्रियानैरन्तर्य । कामका जारी रहना । लगातार काम करना । वह और वह । आपसमें.

अपराजित, (पु०) परा+जि+क्त-न० त० । शिव । विष्णु । एक ऋषि । न जीताहुआ (त्रि०) दूर्वा । एक लताका नाम । दुर्गा । शेफालिका (सुहाँजना) । जयन्ती-वृक्ष । असनवृक्ष । शङ्खिनीवृक्ष (स्त्री०).

अपराद्धपृषत्क, (पु०) अपराद्धो (लक्ष्यात् च्युतः) पृषत्को (बाणो) यस्य अप+राध्+क्त ब० । जिसका बाण लक्ष्य (निशाने) से गिरगया हो। निशाना न करनेहारा धनुषधारी.

अपराध, (पु०) अप+राध्+भावे घञ् । अकार्यादि करणरूपदोष । पातक । पाप । गुनाह । चूक । भूल.

अपरान्त, (पु०) अपरस्या अन्तः । पाश्चात्यदेशभेद । पश्चिमदेशी । पश्चिमदेशका वासी (त्रि०).

अपराह्ण, (पु०) अपरं अह्नः । एक० त० टच् । अह्नादेशः णत्वं च । त्रिधाविभक्तदिनस्य तृतीये भागे । दिनका तीसरा भाग । दिनका शेषभाग.

अपरिग्रह, (पु०) परि+ग्रह+अप-अभावार्थे न० त० । असंग्रह । पास कुछ न रखना । स्वीकार न करना । "नास्ति कन्थाकौपीनाद्यतिरिक्तः परिग्रहो यस्य" । ब० गोदडी और लंगोटी आदिके बिना जिसके पास और कुछ नहीं । संन्यासी । जो कुछ भी स्वीकार नहीं करता (त्रि०).

अपरिच्छिन्न, (त्रि०) परि+छिद्+क्त न० त० । इयत्ता-रहित । असीम । जो मापा न जाय । बेहद्.

अपरिहार्य, (त्रि०) परि+हृ+ण्यत् न० त० । अत्यजनीय.

अपरेद्युस्, (अव्य०) अपरस्मिन्नहनि । अप+एद्युस् । दूसरा दिन । परसों.

अपरोक्ष, (न०) परतः (अतीतः) अक्ष्णां (इन्द्रियाणां) न भवति पर+अक्षि+अ+समर्थस०टच्-नि०सुट् । विषयी-न्द्रियसन्निकर्षजन्ये प्रत्यक्षरूपे ज्ञाने । विषय और इन्द्रियके व्यापारसे उपजा प्रत्यक्षरूप ज्ञान । सामने । "अर्शआद्यचि तद्विषये" (त्रि०) जो सामनेहो.

अपर्णा, (स्त्री०) न पर्णान्यपि भोजनं यस्याः । पत्तेखा-नामी जिसने छोडदिया । हिमालयकी कन्या । (" जब यह तपस्यामें निरत थी तो इसने पत्तोंतक खानेका परि-त्याग किया, इसीसे यह नाम प्रसिद्ध हुआ") । पार्वती । पत्तोंसे शून्य (त्रि०).

अपर्याप्त, (त्रि०) परि+आप्+क्त न० त० । असमर्थ । असम्पूर्ण । शक्तिरहित । जो पूरा न हो.

अपर्वन्, (त्रि०) नास्ति पर्व यस्मिन् दिने । जिस दिन सूर्य और चन्द्रमाका मेल न हो । बिनमेल । पर्वके बिना दिन अर्थात् जो यथार्थ समय नहीं । बुरा वक्त वा बुरी बहार.

अपलप्, भ्वा० प० । लपति । ललाप । अलापीत् । निषेध करना । नामंजूर करना.

अपलाप, (पु०) अप+लप्+घञ् । सतोप्यसत्वेन कथन-रूपे अपह्नवे । सत्यकोभी झूठ बनाकर कहना । सत्यको छिपाना । प्रेम । स्वीकार न करना.

अपवद्, भ्वा० प० उभ । गाली देना । निन्दा करना । विरोध करना । धिक्कारना । अप पदवि+ते+अप+ड वाद-अप-ऊदे.

अपवह्, भ्वा० प० । लेजाना । उठालेजाना । वहति । उवाह । अवाक्षीत्.

अपवरक, (न०) अप+वृ+क्वुञः संज्ञायां वुन् । वास-गृह । कमरा । रहनेका घर.

अपवर्ग, (पु०) अप+वृज्+भावे घञ् । दान । मुक्ति । दूरापन.

अपवर्जन, (न०) अप+वृज्+भावे ल्युट् । दान । त्याग । मोक्ष । निर्जन । अपने सिवा दूसरेका न होना.

अपवर्तन, (न०) अप+वृत्+णिच्+भावे ल्युट् । लौटना । टेढा करना । अङ्कशास्त्र (हिसाव)में प्रसिद्ध भाज्य भाजक दोनोंको किसी एक तुल्यरूप अङ्कसे बांटना । संक्षिप्त करना । अल्प करना.

अपवाद, अप+वद्+भावे घञ् । निन्दा । आज्ञा । प्रेम । विश्वास । विशेषविधिरूप बाधक । विशेष नियम । वेदान्तशास्त्रमें प्रसिद्ध सीपीमें प्रतीतहुई चांदीका सी-पीहीके स्वरूपमें लाभ करना । (भ्रान्तिज्ञानके दूर होजानेपर जैसीकी तैसी वस्तुका ज्ञान) । भेद । भिन्नता । विरोध । खास कायदह.

अपवारण, (न०) अप+वृ+णिच्-ल्युट् । अन्तर्धान । छिपना । व्यवधान । पडदा.

अपविघ्न, (त्रि०) अपगता विघ्ना यस्मिन् यथा तथा । निर्विघ्न । बिनरुकावट । न छेड़ा गया.

अपविद्ध, (त्रि०) अप+व्यध्+क्त । त्यक्त । छोडदियागया । प्रत्याख्यात । तिरस्कार कियागया । प्रतिक्षिप्त-(फेंका-हुआ) । "माता पिता दोनोंने किम्वा दोनोंमेंसे किसी एकने जिसे छोड दिया, और कोई दूसरा उसे अपना बनाले ऐसा पुत्र अपविद्ध कहा जाता है" । बारह प्रकारके पुत्रोंमेंसे एक । मुतबन्नह.

अपविषा, (स्त्री०) अपगतं विषं यस्याः ब० । जिस्से विष दूर हो जाय । विषहारिणी (विषनिकालनेहारी).

अपवृ, स्वा० उभ० । वृणोति । ते । ववार । वव्रे । खोलना.

अपवृज्, रुधा० आ० । अपवृङ्क्ते हटाना । नाश करना । रोक देना । फाड देना । खेंचना । लेजाना । खतम करना.

अपवृत्, भ्वा० आ० । पीछे लौटना । लेजाना । प्रस्थान करना । चल देना । जुदा होना । अपवर्तते । ववृते । अव-र्तिष्ट.

अपवृत्त, (पु०) अप+वृत+क्त। पराङ्मुखीभूत.। किसीको न माननेहारा। जिसका आचरण विगड गया हो.

अपव्यध्, दिवा० प०। बुरी तरहसे किसीके चित्तको दुखाना। वींधना। अप विध्यति। विव्याध.

अपव्यय, (पु०) अपकृष्टः-मर्यादां उल्लङ्घ्य कृतः व्ययः। मर्यादा कायदाको लांघ कर किया गया व्यय। खर्च। वाफिर खर्च। हदसे जियादा खर्च.

अपशब्द, (पु०) अपकृष्टः शब्दः प्रा० स०। संस्कृत-भिन्न शब्द। जो शब्द साफ न हो। विगडाहुआ शब्द। "संस्कृत शब्दही शक्तिकी विकलता, भूल, आलस्य आदिसे औरही प्रकारसे वोलेगये अपशब्द कहलाते हैं" यह हरिकारिकाका तात्पर्य है। (संस्कृतशब्दही अन्यथा उच्चारण करनेसे असाधु हो गया)। भाषाशब्द.

अपशोक, (पु०) अपगतः शोको यस्मात् ब०। जिस्से शोक दूर हुआ। अशोकका वृक्ष। शोकरहित। (त्रि०).

अपष्ठु, (त्रि०) अप+स्था+कु-उणा० विरुद्ध। वरिर्खिलाफ.

अपस्, (न०) आप्-असुन्-ह्रस्वश्च। आपः कर्माख्यायां ह्रस्वो नुट् च वा स्यात् उणा०४।२०७अप्नः-अपः। कार्य। काम। क्रिया। पवित्रकर्म वा रीति। यज्ञका काम.

अपसद, (त्रि०) अपकृष्ट एव सीदति-सद+अच्। नीचजातिविशेष। ब्राह्मणके वीर्यसे क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र-कन्याके गर्भमें उत्पन्न सन्तान। अधम। नीच.

अपसर्जन, (न०) अप+सृज्+भावे ल्युट्। देना। छोडना। मोक्ष। निर्जन.

अपसर्प, (पु०) अप+सृप्+अप्। गुप्तचर। छिपाहुआ दूत। "भावे घञ्" हटना.

अपसव्य, (पु०) अपगतं सव्यं यत्र। दक्षिणका भाग। दहिनीओर। पितृतीर्थं। पितरोंका तीर्थ (न०).

अपसिद्धान्तः, (पु०) अपगतः सिद्धान्तः। बुरा सिद्धान्त। सिद्धान्तको स्वीकार करकेभी नियमका परित्याग करके वातचीत (कथाप्रसंग) करना.

अपसृ, भ्वा० प०। सरति। ससार। चले जाना। जुदा होना। हट जाना.

अपसृप, भ्वा० प०। आरामसे साथ २ चलेजाना। पीछे हठा-लेना। वदलजाना। चले जाना। सर्पति। ससर्प। असृपत्.

अपस्कर, (पु०) अपकीर्यते (स्वस्थाने क्षिप्यते) अप+कॄ+अप् सुडागमः। चक्रभिन्न रथाङ्ग। पहियेके बिना रथका अङ्ग (हिस्सा)। रथ (गाडी) को आर-म्भ करनेहारा काष्ठ.

अपस्नात, (त्रि०) अपकृष्टं स्नातः। बुरा नहाया। मृतक-के उद्देशमें नहाया। मुरदेके कारण स्नान किया.

अपस्मार, (पु०) अपगतं स्मारः (स्मरणं) यस्मात् ५ ब०। जिस्से स्मरण (यादगिरी) जातारहै। मिरगी-नामसे प्रसिद्ध रोगका भेद। (उसके होनेपर उस रोगीकी उसी समय संपूर्ण विषयोंमें स्मरणशक्ति विनष्ट होजातीहै).

अपहन्, अदा० प०। हन्ति। जघान। अवधीत्। हटा देना। ताडन करना। नाश करना। मारना। लेजाना.

अपहस्, भ्वा० प०। हसति। जहास। अहसीत्। ठट्ठा (मखौल) करना.

अपहस्त, (त्रि०) अपसारणार्थो हस्तो यस्मिन्। जिसमें हटानेके लिये हाथ चले। गलहस्त (गलेमें हाथ) देकर निकालागया.

अपहार, (पु०) अप+हृ+घञ्। हानि (नुकसान) चोरी। छिपाना। लूटना। धनस्वामीके काममें न आनेहारा खर्च.

अपहा, जु० प०। जहाति-जहौ अहासीत् त्यागना। छोडना.

अपहृ, भ्वा० प०। हरति। जहार। अहार्षीत्। दूर लेजाना। उडा लेजाना। उठा लेजाना। लौटाना। मोडना.

अपह्नव, (पु०) अप+न्हु+भावे अप्। एकवस्तुके होने-पर भी छिपाना (अपलाप)। प्रेम। (पियार)। इन्कार.

अपह्नु,-अदा० आ०। छिपाना। छिपना स्वरूप (भेस or वेश) बदलना। ह्नुते। जुह्नुवे। अह्नोष्ट.

अपह्नुति, (स्त्री०) अप+ह्नु+भावे क्तिन्। छिपाना। अर्थालङ्कारविशेष। प्रकृत वस्तुको छिपाकर उसमें और वस्तुका आरोप करना.

अपांनाथ, (पु०) ६ त० अलुक्स०। जलका स्वामी। समुद्र.

अपांनिधि, (पु०) नि+धा+कि ६ त० अलुक्स०। पानीका समूह। समुद्र.

अपांपति, (पु०) पा+डति ६ त० अलुक्स०। समुद्र। वरुण.

अपांपित्त, (न०) ६ त० अलुक्स० वा। अग्नि। (वह जलका कारण होनेसे पित्त है) "वाळुकी" "अप्पित्त" भी इसी अर्थमें.

अपाक, (पु०) पच्+घञ् अभावार्थे न० त०। न पकाहुआ। खायेगये अन्नका अग्निके मन्द होने आदिसे न पचना। ७ ब०। न पचनेसे उत्पन्नहुआ अजीर्णतारोग (वदहज़मी) ६ ब०। पाकरहित (कच्चा) (त्रि०).

अपाकरण, (न०) अप+आ+कृ+ल्युट्। निराकरण। निकालना। तिरस्कार। न मानना.

अपाकशाक, (पु०) न पच्यते शाको यस्य। अदरक (इसका मूलही भोजनके लिये पकाया जाताहै शाक नहीं).

अपाकृ, तना० उभ०। हटाना। दूर करना। नाश करना। बचाना। रखना। लेजाना.

अपाङ्क्तेय, (त्रि०) सद्भिः सह भोजने पङ्क्तिमर्हति-अर्हार्थे ढक् न० त० । जो सज्जनोंके साथ एक पंक्तिमें बैठकर भोजनके योग्य नहीं (चोर पतित आदि) । "अत्र ष्यञि" अपाङ्क्त्य इसी अर्थमें.

अपाङ्ग, (पु०) अपाङ्गति तिर्यक् चलति नेत्रं यत्र-अप+अङ्ग+आधारे घञ् । आंखका सिरा वा अन्तका भाग । तिलक । अङ्गहीन । "निरा०स०" (त्रि०).

अपाङ्गक, (पु०) अपकृष्टं अङ्गं यस्य ब० कप् । अपाङ् नामसे प्रसिद्ध अपामार्ग । "स्वार्थे क" । आंखकी नोक (पु०) अङ्गहीन (त्रि०).

अपाङ्गदर्शन, (न०) अपाङ्गेन (नेत्रान्तेन) दर्शनं ३ त० । आंखकी नोकसे देखना (कटाक्ष).

अपाचीन, (त्रि०) अपाच्यां भवः-ख-ईन । पीछेकी ओर होनेवाला । पीछेका । पीछे लौटाहुआ.

अपाटव, (न०) नास्ति पाटवं (पटुता) यत्र-पटु+भावे अण् । रोग । न० त० । चतुराईके बिना । ७ ब० । चतुराईसे जो शून्य हो (त्रि०) मूर्ख.

अपाणिनीय, (त्रि०) पाणिनीयं-अष्टाध्यायीरूपं ग्रन्थं यो नाधीते । जो पाणिनीके व्याकरणको भलीभांति नहीं पढता । दिखलावटी शिक्षक वा टीचर.

अपात्र, (न०) न पात्रं (श्राद्धभोजनदानादियोग्यं) न० त० । विद्याआदिसे हीन । आचाररहित । दानादिकी योग्यतासे जो हीन हो । नटआदि.

अपात्रीकरण, (न०) अपात्रं श्राद्धभोजनाद्ययोग्यं क्रियतेऽनेन । कृ+करणे ल्युट् । निन्दितदानादिसे उत्पन्न-हुआ पापका भेद । "निन्दितोंसे धन लेना, व्यापार करना, शूद्रकी सेवा, और झूठ बोलना ये सब दानके अयोग्य कर देतेहैं" इस मनुके वचनसे तद्धेतुभूत निन्दित धनका लेना आदि.

अपादा, जु० आ० । लेजाना हटा देना । दत्ते । ददे । अदित.

अपादान, (न०) छह कारकोंमेंसे ५ वा कारक, जिसका अर्थ विभाग है.

अपान्, अदा० प० । अप-अन् । श्वास । सांस लेना । अनितिआन-आनीत्.

अपान, (पु०) अपानयति (अधोनयति) मूत्रादि-अप+आ+नी+वा ड । अपानिति (अधो गच्छति) अप+अन् गतौ+अच् । वा निरन्तर नीचे जाना जिसका स्वभाव है । गुह्यका पवन । "अपान जीवोंके आहारको नीचे लेजाताहै" "मूत्र और वीर्यको उठानेहारा वायु अपान है" ऐसे लक्षणवाला । गुह्य (गांड) (न०).

अपामार्ग, (पु०) अपमृज्यते व्याधिरनेन । मृज्+करणे घञ् कुत्वदीर्घौ । अपाङ्नामी वृक्ष.

अपाय, (पु०) अप+इण्+भावे अच् । वियोग । नाश । हटना । दुःख । आपत्ति.

अपार, (त्रि०) उत्तरोऽवधिः पारः न० ब० । दुस्तर (त्रि०) नदीआदिका दूसरा तीर । जिसका तीर न हो (न०).

अपार्थ, (त्रि०) अपगतोऽर्थोऽभिधेयः (प्रयोजनं) वा यस्मात् ५ ब० । अर्थशून्य । प्रयोजनके बिना । "अपार्थक" भी इसी अर्थमें होताहै । सम्बन्धरहित अर्थ-वाला वचन.

अपावृ, स्वा० उभ० । वृणोति । वृणुते । ववार । वव्रे । अवारीत् । अवरीष्ट or अवरीष्ट । अवृत । खोलना । जाहिर करना । आविष्कार करना.

अपावृत्, भ्वा० आ० । वर्तते । ववृते । अवर्तिष्ट । लोटना । मुडना । त्यागना.

अपावृत, (त्रि०) अप+वृ+क्त । न ढकाहुआ । खुला । स्वतन्त्र.

अपाश्रय, (पु०) अप+आ+श्रि+अच् । आश्रयसे रहित । "कर्तरि अचि" अधीन । "करणेऽचि" चन्द्रातप । (चन्दोआ) सायबान.

अप-आ-श्रि, भ्वा० आ० । आश्रय लेना । विश्राम करना । किसीपर लोटना । श्रयति-ते । शिश्राय-शिश्रिये । अशिश्रियत् त.

अप-अस्, दिव० प० । फेंकना । छोडना । एक ओर करना । नामंजूर करना । अस्यति । आस । आस्थत्.

अपासन, (न०) अप+अस्+णिच्+ल्युट् । मारना.

अपास्त, (त्रि०) अप+अस् क्षेपे+क्त । दूरीकृत । एक स्थानसे दूसरेमें निकालागया । तिरस्कार कियागया.

अपि, (अव्य०) सम्भावना । सन्देह । निन्दा । उपसर्ग-विशेष । आहरण । यथेच्छाचार । अनुज्ञा । अल्पत्व । समुच्चय । प्रश्न । शङ्का । एव । वा । सत्य । च । एवं । अपरं च । निश्चय । फिर । भी.

अपिगीर्ण, (त्रि०) अपि+गॄ+क्त । स्तुति कियागया । वर्णित । वमन कियागया.

अपितु, (अव्य०) अपि+तन्+डु । किन्तु । यदि । यद्यपि.

अपिधा, अपि-धा-जु० उभ० । बंद करना । छिपाना । पडदा डालना.

अपिधान, (न०) अपि+धाञ्+ल्युट् । ढकना (आच्छादन) "पिधान" इसी अर्थमें होताहै.

अपिनद्ध, (त्रि०) अपि+नह्+क्त । पहिराहुआ कपडा आदि । "पिनद्ध" भी इसी अर्थमें होता.

अपिहित, पिहित अपि+पि+धा(हि)त । बंद किया गया । छिपाया गया.

अपीच्य, (त्रि०) अपि—च्यवते (सौन्दर्याद्धीयते) च्यु+ड—अल्लोपः । उपसर्गदीर्घः न० त० । अतिसुन्दर । (बहुत खूबसूरत).

अपुच्छा, (स्त्री०) नास्ति पुच्छं (अग्रं) यस्याः । शिख-रहीन । शिंशपा (टाली) का वृक्ष । पूछके विना (त्रि०).

अपुनरावृत्ति, (स्त्री०) न पुनरावृत्तिरागमनं यत्र ७ व० । निर्वाण मुक्ति (जहां द्रष्टा, दर्शन, दृश्य तिनोंका अभाव होकर सम्पूर्ण ब्रह्ममय होजाताहै अर्थात् "न स पुनरावर्तते" इस श्रुतिके अनुसार जन्ममरणका भय छूठ जाताहै) ६ त० । पुनर्गमनसे जो शून्य हो (त्रि०) न० त० । फिर आगमनका न होना (स्त्री०).

अपुनर्भव, (पु०) न पुनर्भवो जन्म यत्र ७ व० । निर्वाण मोक्ष । ६ व० । बिलकुल छूट गया । न० त० । फिर जन्मका न होना.

अपुष्पफलद, (पु०) पुष्पं विनापि फलं ददाति । दा+क उप० स० । जो फूलके विना भी फल देवे । फूलविन फलवाला पनस और उदुम्बर आदि वृक्ष.

अपुंस्का, (स्त्री०) नास्ति पुमान् । पतिः यस्याः । पतिर-हित स्त्री.

अपूप, (पु०) न पूयते विशीर्यति । पू+य+प । पिष्टक । आटेका पूडा.

अपूरणी, (स्त्री०) न पूर्यते सर्वतः कण्टकावृततया दुरारोहत्वात् । कर्मणि ल्युट् । शाल्मलीवृक्ष । सिम्बलका पेड । संख्याको पूरा करनेहारे साधनसे भिन्न.

अपूर्व, (त्रि०) न पूर्वं दृष्टं । जो पहिले नहिं देखा गया । न जाना गया । आश्चर्य । ६ व० । कारणसे रहित परमा-त्मा । (पु०) विहित वा निषिद्ध कर्मसे उत्पन्नहुए दूसरे किसी समयमें होनेहारे पुण्यपापके फल सुख और दुःख (न०) । पहिले काल आदिसे जो भिन्न हो (त्रि०).

अपूर्वविधि, (पु०) अपूर्वे प्रमाणान्तरेण अप्राप्ते विधि-र्विधानम् । वि+धा+कि । किसी और प्रमाणसे जो प्राप्त नहिं उसके होनेकी आज्ञा देना । अप्राप्तको प्राप्त करने-हारा लिङ् आदि पदसे जाने योग्य एक प्रकारका शब्द । जैसे "स्वर्गके चाहनेहारा यज्ञ करे" यह लिङ्युक्त वाक्य किसी दूसरे प्रमाणसे न सिद्ध हो सकनेहारे स्वर्गके साधनभूत यज्ञको बोधन कर्ता है इसलिये अपूर्वविधि है.

अपेक्ष, भ्वा० आ० । अच्छी तरह देखना । तालाशी करना । आशा करना । किसी वस्तुकी प्रतीक्षा करना । अप—ईक्षते । ईक्षांचक्रे । ऐक्षिष्ट.

अपेक्षा, (स्त्री०) अप+ईक्ष्+भावे आकाङ्क्षा (थोडीसी इच्छाका विषय । पर्वाह । जरूरत) । कार्यकारणका आवश्यक सम्बन्ध । "अपेक्षते प्रत्ययमुत्तमं त्वाम्" । इति कुमारः.

अपेक्षाबुद्धि, (स्त्री०) यह एक है यह एक है इस प्रकार-की जो अनेकोंमें बुद्धि हो । "अनेकैकत्वबुद्धिर्या सापेक्षा बुद्धिरुच्यते" इति भाषापरिच्छेदः.

अपेक्षाबुद्धिज, (त्रि०) न्यायमतमें प्रसिद्ध द्वित्व (दो) से लेकर परार्धसंख्याका भेद । द्वित्वआदि प्रथम कहीगई अपेक्षाबुद्धिसे उत्पन्न होता है.

अपेय, (त्रि०) न पातुं योग्यः पा+यत् । न पीनेलायक.

अपोगण्ड, (त्रि०) पुनाति, पवते वा—पू+विच् । न पोगण्डः एकदेशोऽस्य । विकृताङ्ग (वदशकल) । बच्चा । बडा डरनेहारा (अतिभीरु).

अपोढ, (त्रि०) अप+वह+क्त । निरस्त । निकालागया । बाधित । हूटगया.

अपोदका, (स्त्री०) अपगतं उदकं यस्याः । ५ व० । पूति-नामी शाक (साग).

अपोह, (पु०) अपगत ऊहो वादिसमुद्भावितः तर्को यस्मात् ५ व० । वादीसे प्रकाशित कियेगये तर्कको निरास करनेहारा प्रतिवादीसे प्रकाशित कियागया उस्से (वादीसे) विरुद्ध तर्क । तर्क (मुबाहिसा) । त्याग (छोडना).

अपोह, भ्वा० उभ० । अप—उह० or (ऊह हटना) । चला देना । धकलना । लेजाना नाश करना । ऊहति—ते । ऊहां-चकार—चक्रे । औहीत्—औहिष्ट.

अप्स्य, (त्रि०) अप्सुनि=दहे भवः—यत् वेदे टिलोपः । किसी काममें लगा हुआ । शरीरके काममें स्थित.

अप्पतिः अप्—पतिः, (पु०) (अपांपतिः) जलका राजा । वरुणदेव.

अप्पति, (पु०) अपांपतिः ६ त० । वरुण । समुद्र.

अप्रकाण्ड, (पु०) न प्रकाण्डः स्कन्धो यस्य । शाखा-रहितवृक्ष । झिण्टिका आदि.

अप्रकाश, (त्रि०) प्र+काश्+घञ् । न० त० । नाटकमें रङ्गभूमीके सामाजिकोंके निकटही प्रकट करने योग्य । जनान्तिकपदसे समझनेलायक और रङ्गभूमीके पात्रोंका न जताने योग्य । परब्रह्म । (न०) । न०त० । प्रकाशका न होना । छिपाना (पु०).

अप्रकृष्टगुण, (त्रि०) (न०) न प्रकृष्टः गुणो यस्य न० व० । जिसका गुण उत्तम नहिं । व्याकुल । घबराया हुआ.

अप्रतिकर, (त्रि०) न प्रति वैपरित्ये, कृ+अच् न०त० । विरुद्ध न करनेहारा । प्रति+कृ+भावे अप् न०त० । विक्षेपाभाव । व्याकुलताका न होना । घबराहटका न होना (पु०).

अप्रतिरथ, (न०) न प्रतिकूलो रथो यत्र । युद्धकेलिये यात्रा । युद्धके समय यात्राकेलिये कियागया मङ्गल । सामवेदका एक भाग । "न प्रतिपक्षो रथो रथान्तरं अस्य" ६ ब० । जिसके समान और योद्धा नहिं । विष्णु । (पु०) मङ्गल (शादी वा खुसी).

अप्रतिरूपकथा, (स्त्री०) नास्ति प्रतिरूपा प्रत्युत्तरीभूता कथा यस्याः । अतुल्य (असमानी) कथा । ऐसा वचन कि जिसके विरुद्ध और न हो । ऐसा वचन कि जिसका उत्तरही न वने । उत्तरवाक्यरहित कथा.

अप्रतिष्ठ, (त्रि०) नास्ति प्रतिष्ठा यस्य न+प्रति–स्था+क+अ न स्थिर हुआ । न जमा हुआ । न पक्का नियत हुआ । सदाके लिये कायम नहीं.

अप्रतिहत, (त्रि०) न+प्रति+हन्+त । अनिरुद्ध । न रुका हुआ.

अप्रत्यक्ष, (त्रि०) ज्ञानभेदः प्रत्यक्षं न० ७ व० । जो प्रत्यक्ष (इन्द्रिय) का विषय न हो । जो देखने सुने आदिमें नहीं आसक्ता । अतीन्द्रिय । न० त । प्रत्यक्षका न होना । न० ६ व० । प्रत्यक्ष ज्ञानसे रहित (त्रि०).

अप्रधान, (न०) न० त० । प्रधानसे भिन्न । गौण । जो वडा न हो.

अप्रस्तुतप्रशंसा, (स्त्री०) अप्रस्तुतस्य अप्राकरणिकार्थस्य आक्षेपादिना प्रशंसा स्तुतिः । प्रस्तुत (वर्तमानविषय)-का वर्णन जहां अप्रस्तुतकरके हो । प्रकरणभिन्न अर्थको फेंककर जहां प्रकरणीभूत अर्थकी स्तुति हो । किसी दूसरे विषयके वर्णनसे जहां वर्तमानविषयकी प्रशंसा की जाय । अलङ्कारशास्त्रमें प्रसिद्ध अर्थालङ्कार.

अप्रहत, (त्रि०) न प्रहन्यते स । प्र+हन्+क्त न० त० । वह भूमी कि जिसको खेंचा नहीं गया । अकृष्टभूमी । विन वाही जमीन । "खिल"भी इसी अर्थमें होता है.

अप्राग्र्य, (त्रि०) प्राग्र्यं प्रधानं न० त० । अप्रधान । जो मुख्य नहीं.

अप्सरस्, (स्त्री०) बहु० । अद्भ्यः सरन्ति । सृ+असुन् । पानीसे निकली (समुद्रसे उत्पन्न होनेके कारण) । उर्वशी आदि स्वर्गकी वेश्या (कंजरी) । "पचाद्यच्" "अप्सरा" भी इसी अर्थमें है.

अफल, (पु०) नास्ति फलं यस्य । फलरहित "रांडा" नामी वृक्ष । फलरहित वृक्ष । प्रयोजनरहित वस्तु (त्रि०) बिनफल घृतकुमारी (जीवीकंद) । भूम्यामलकी.

अफेन, (न०) अप्रशस्तं फेनं यस्य । जिसकी झाग अच्छी न हो । वृक्षकी एक प्रकारकी गोंद (निर्यास) अफीम-नामसे प्रसिद्ध अहिफेन । अफीम.

अब्, शब्द करना-इदित् भ्वादि-आत्म०सक० सेट् । अम्बते । आम्बिष्ट.

अबद्ध, (न०) न संबध्यते स-बन्ध्+क्त । समुदायके अर्थसे शून्य वचन । अर्थशून्य वचन । निरर्थक वचन । "स्वार्थे-क" "अबद्धक" भी इसी अर्थमें होता है । सम्बन्धसे हीन (त्रि०) स्वतन्त्र (आजाद).

अबद्धमुख, (त्रि०) न बद्धं (नियन्त्रितं) मुखं अस्य । जिसका मुख बंधाहुआ नहीं । दुष्ट वचन बोलनेहारा । दुर्मुख.

अबध्य, (त्रि०) बध्+अर्हार्थे यत् न० त० । जो मारनेके योग्य न हो । अर्थशून्य वचन.

अबन्ध्य, (त्रि०) बन्धे (फलप्रतिबन्धे) साधुः । बन्ध्+यत् न० त० । सफल । जो फलको न रोके.

अबल, (पु०) नास्ति बलं यस्मात् । ५ ब० । वरुणनामी वृक्ष (इसका सेवन करनेसे बलका क्षय हो जाता है) । ६ ब० । बलरहित । दुर्बल । (त्रि०) स्त्री (औरत) "अबला".

अबाध, (त्रि०) नास्ति बाधा यस्य । बाधारहित । (बे-रोक) । पीडाशून्य (तन्दरुस्त).

अबिन्धन, (पु०) आप इन्धनं (दाह्याः) अस्य । जिसकी लकडियें जल हों । वाडवाग्नि (समुद्रकी आग) । वज्राग्नि (बिजलीकी आग).

अब्ज, (न०) अद्भ्यो जायते । जन्+ड ५ त० । कमल । चन्द्र (चांद) । धन्वन्तरि (देवताओंका हकीम) (पु०) शङ्ख । (पु० न०) । १००००००००० संख्या (सौकरोड).

अब्जज, (पु०) अब्जात् (विष्णुनाभिपद्मात्) जायते । जन्+ड । ब्रह्मा (जो विष्णुकी नाभीके कमलसे निकला) । ज्योतिषशास्त्रमें प्रसिद्ध यात्राके समय एक प्रकारका योग.

अब्जभोग, (पु०) अब्जस्य (शङ्खस्य) भोगः (आकार इव आकारो) यस्य । जिसका स्वरूप शंखके समान हो । कौडी । जिसका स्वरूप कमलके समान हो । पद्मकन्द.

अब्जयोनि, (पु०) अब्जं योनिः (उत्पत्तिस्थानं) यस्य । जो कमलसे निकला । विधाता । ब्रह्मा.

अब्जवाहन, (पु०) अब्जं इव शुभ्रत्वात् वृषभो वाहनं अस्य । कमलकी नांई जिसका वाहन श्वेत है । महादेव.

अब्जहस्त, (पु०) अब्जः (चन्द्रः) हस्तात्–किरणात् यस्य । जिसकी किरणोंसे चन्द्रमा हो । सूर्य । सूर्यकी किरणोंके सम्पर्कहीसे चन्द्रमाकी किरणों बढती हैं, यह ज्योतिषका सिद्धान्त है.

अब्जिनी, (स्त्री०) अब्जानि सन्ति अस्मिन् देशे । अब्जानां समूह इति वा । पद्मवाली बेल । पद्मोंका समूह.

अब्जिनीपति, (पु०) अब्जिन्याः पद्मसमूहस्य पतिः । प्रकाश देनेके कारण अनुकूल सूर्य.

अब्द, (पु०) अपो ददाति-दा+क मेघ । बादल । मोथा । एक पर्वत । " यदि मध्यमें अन्तस्थवर्ण हो तो वर्षके अर्थमें होता है " जैसा " अब्द ".

अब्धि, (पु०) आपो धीयन्तेऽत्र-धा+आधारे कि । समुद्र.

अब्धिकफ, (पु०) अब्धेः (समुद्रस्य) कफ इव । समुद्रकी झाग.

अब्धिद्वीपा, (स्त्री०) अब्धिसंवेष्टिताः लवणोदकादिभिः सप्तभिर्वेष्टिता. सप्तद्वीपा अस्याम् । क्षार (खारा) समुद्र आदिसे घिरेहुए जम्बु (जामन) आदि सात द्वीपवाली पृथिवी.

अब्धिनवनीतक, (पु०) " अब्धेः (समुद्रस्य) नवनीतमिव स्वार्थे क " । मानों समुद्रका माखन है । चन्द्रमा.

अब्धिशयन, (पु०) " अब्धौ शयनं यस्य " । जिसका समुद्रमें शयन है । विष्णु । (वह प्रलयके समय समुद्रमें सोता है).

अभ्र, (न०) " अपो बिभर्ति भृ+क । जलको उठाता है । मेघ (बादल) " " न बिभर्ति किञ्चित् भृ+क द्वित्वं " । आकाश.

अभ्रक, (न०) " अभ्रं इव कायति राजते कै+क " । अवरक (धातुभेद).

अभ्रंकष, (न०) अभ्रं कषति । व्याप्नोति शोषयति वा " कष्+खच्मुमूच " । जो बादलमें फैलजाता किंवा उसे सुकादेता है । वायु । बहुत ऊंचा (त्रि०).

अभ्रपुष्प, (न०) " अभ्रस्य पुष्पमिव शुभ्रत्वात् " जल । " अभ्र इव पुष्पं अस्य " । बैतका वृक्ष । वेतस.

अभ्रमातङ्ग, (पु०) " अभ्रात्मको मातङ्गः शा० त० " । ऐरावतनामा इन्द्रका हाथी.

अभ्रमु, (स्त्री०) " अभ्रे (अभ्रात्मके ऐरावते) माति" मा+डु । ऐरावत हाथीकी स्त्री.

अभ्रमुवल्लभ, (पु०) " अभ्रमोर्वल्लभः ६ त० " । ऐरावत हाथी.

अभ्ररोहस्, (पु०) अभ्रात् (तच्छब्दात्) रोहति"रुह्+असुन्" । वैदूर्यनामा मणि । (वह बादलके गर्जनेसे प्रगट होती है यह प्रसिद्ध है).

अभ्रंलिह, (पु०) " अभ्रं (मेघं) लेढि अत्युच्चतया स्पृशति " " लिह+खश् मुमूच " । बहुत ऊंचा होनेसे बादलको छूता है । हवा । मेघको छूनेहारा बहुत ऊंच (त्रि०).

अभ्रोत्थ, (न०) " अभ्रात् (तन्निर्घर्षणात्) उत्तिष्ठति" स्था+क । बादलके अधिक घसडनेसे उठता है । वज्र (बिजली).

अब्रह्मण्य, (न०) " ब्र (ब्र) ह्मणि (वेदे) साधु ब्रह्मन्+यत् न० ब०" । "जिसकी वेदमें निन्दा की है । नाट्योक्तिमें" " इसे न मारना चाहिये " । ऐसा वचन । वेदमें चतुर न होना । वेदज्ञानशून्य.

अब्राह्मण, (पु०) "अप्राशस्त्ये नञा त० " । नीच ब्राह्मण.

अभ्र्, शब्द करना-भ्वा० आत्म० इदित् अक० सेट् । अम्भते । अम्भिष्ट.

अभय, (न०) " भी+अच् न० त० " । भयका न होना । ६ ब० । भयसे रहित (त्रि०) " न भयं अस्मात् " ५ ब० । परमात्मा । परमात्माका ज्ञान । " अभयं वै जनक प्राप्तोऽसि " इति श्रुतिः । हरीड (स्त्री०).

अभाव, (पु०) " भू+घञ् न० त० " । मरना । न होना । न्यायमतमें द्रव्यादि ६ को भाव कहते हैं । भावभिन्न.

अभि, (अव्य०) " भाति " " भा+कि " । किसी बातको प्रकाश करना । सामने । इच्छा । वीप्सा । लक्षण । चारों ओर.

अभिक, (त्रि०) "अभिकामयते-अभि+कम्-नि०" । चाहनेहारा । कामुक.

अभिकम्, चु० आ० । प्यारकरना । चाहना । कामयते । कामयाञ्चक्रे । अचीकमत् । अचकमत्.

अभिकम्पू, भ्वा० आ० । कांपना । थर २ कांपना । कम्पते । चकम्पे । अकम्पिष्ट.

अभिकाङ्क्ष, भ्वा० उभ० । चाहना । पूछना । प्रार्थना-करना । काङ्क्षति–ते । चकाङ्क्ष–क्षे.

अभिकाम, (त्रि०) कम्+अच् । अभिवृद्धः कामो यस्य । जिसकी इच्छा बहुत बढ गई है । प्रीतिमान् । अनुरागी । प्यार करनेवाला । अत्यन्त कामी.

अभिक्रतु, (त्रि०) आभिमुख्येन क्रतुः युद्धकर्म यस्य । समाने होकर युद्ध करनेवाला । उद्धत । बडाबली.

अभिक्रन्द्, भ्वा० प० । चिलाना । पुकारना । क्रन्दति । चक्रन्द । अक्रन्दीत्.

अभिक्रम, (पु०) अभि+क्रम्+भावे घञ् अवृद्धिः । आरम्भ । चढना । लडाई । शत्रुके सामने जाना । " कर्मणि घञ् " । आरंभ किया गया.

अभिक्रुश्, भ्वा० प० । चिल्लाना । भिडकते हुए किसीको पुकारना । क्रोशति । चुक्रोश । अक्रुक्षत्.

अभिक्षिपू, तु० प० । फेंकना । निंदाकरना । क्षिपति । चिक्षेप । अक्षैप्सीत्.

अभिख्या, (स्त्री०) अभि+ख्या+अङ् । नाम । शोभा । यशः

अभिगम्, (पु०) जाना । निकट जाना । पहुंचना.

अभिग्रस्त, (त्रि०) अभि+ग्रस्+क्त । शत्रुओंसे दबाया गया.

अभिग्रह, (पु०) अभि+ग्रह्+अण् । लूट । देखते २ चुराना । धावा करना । सामने आनेका उद्यम करना.

अभिघात, (पु०) अभि+हन्+घञ् । चोट । क्रियाभेदसे एक वस्तुको दूसरीके साथ मिलाना । अक्षरोंके उच्चारण करनेके समय कण्ठ, तालु आदि स्थानोंमें वायुका संयोग । किसी प्रकारका सम्बन्ध.

अभिघातिन्, (पु०) अभि+हन्+णिनि । शत्रु । प्रहार करनेहारा.

अभिघार, (पु०) अभि+घृ (वगना)+णिच्+भावे अच् । होम । अग्निमें घी आदिका सींचना । " कर्मणि घञ् " । सींचागया घी.

अभिचर्, भ्वा० प० । किसीके साथ बुरी तरहसे व्यवहार करना । नियम तोड कर निकलना । अपराध करना । चरति । चचार । अचारीत्.

अभिचार, (पु०) अभि+चर्+घञ् । अथर्ववेद और तन्त्र आदिमें प्रसिद्ध मारण, उच्चाटन, स्तम्भन, प्रभृति कर्म । जिनसे दूसरेकी हिंसा हो । (इस प्रकारका होम करना कि जिस्से शत्रु मरजाय, अथवा उखड जाय, किम्वा एक स्थानमें ऐसा रुके कि हिलसी न सके).

अभिजन, (पु०) अभिजन्यतेऽस्मिन् । जन्+घञ् अवृद्धि । कुल । प्रसिद्धि । जन्मभूमी । (कुलमें अच्छा).

अभिजय, (त्रि०) अभि+जि+अ । पूरी जय । जीत.

अभिजात, (त्रि०) अभि (प्रशस्तं) जातं (जन्म) यस्य । कुलीन । पण्डित । श्रेष्ठ.

अभिजातिः, (स्त्री०) अभि+जन्+क्तिन्+ति । श्रेष्ठ जन्म । अच्छी वैदाइश.

अभिजि, भ्वा० प० । जय करना । पूरे तौरपर जीतलेना । जयति । अजैषीत्.

अभिजित्, (न०) ज्योतिषशास्त्रमें नियत की गई उत्तराषाढा नक्षत्रके शेष चौथे भागसहित श्रवण नक्षत्रकी पहिली चारों कला । राशिचक्रकी उन्नीसवी कलाका अंश । जिसके द्वारा सामने होकर शत्रुओंको जीते । " अभि+जि करणे क्विप् " । शत्रुओंको जीतनेहारा । यात्राके लिये अनुकूल एक लग्न । १५ भागोंमें विभक्त दिवसका आठवां भाग.

अभिजुष्, तु० आ० । पुकारना । किसीके पास जाना । सेवा करना । जुषते । जुजुषे । अजेषिष्ट.

अभिज्ञ, (त्रि०) " अभिजानाति-अभि+ज्ञा+क " । चारों ओरसे जाननेहारा । चतुर । पण्डित.

अभिज्ञा, (स्त्री०) " अभि+ज्ञा+अङ् । पहिले उपजा ज्ञान.

अभिज्ञान, (न०) " अभिज्ञायतेऽनेन-अभि+ज्ञा+करणे-ल्युट् " । यह वही है इस प्रकारके ज्ञानका साधन चिन्ह.

अभितस्, (अव्य०) अभि+तसिल् । समीप । सामने । दोनों ओर । शीघ्रता.

अभिद्रवण, (न०) अभि+द्रु+ल्युट् । वेगसे जाना । भागना.

अभिद्रु, भ्वा० प० । दूर निकलजाना । वहजाना । आक्रमणा करना । दुःखीहोना । द्रवति । दुद्राव । अद्रावीत्.

अभिद्रुत, (त्रि०) अभि+द्रु+क्त+त । आक्रमण । हमला किया गया । पूरा पिघलगया.

अभिद्रुह्, दि० प० । द्रोह (वैर) करना । हानि पहुंचाना । द्रुह्यति । दुद्रोह । अद्रुहत्.

अभिद्रोह, (पु०) अभि+द्रुह्+घञ् । निन्दा करना । किसीका अनिष्ट (बुराई) चिन्तन करना । अपकार (बुराई).

अभिधा, (स्त्री०) " अभि+धाञ्+भावे अङ् " । नाम । शब्दमें रहनेहारे अर्थको वतानेहारी शक्ति । " अभिधीयतेऽनेनेति करणे अङ् " । वाचक शब्द । भट्टजीके मतमें फलके उपजनेका कारण शब्द और अर्थमें रहनेहारी भावना.

अभिधान, (न०) " अभि+धा+भावे ल्युट् " । कहना । " करणे ल्युट् " नाम । शब्दके अर्थको प्रतिपादन करनेहारा निघण्टु, कोष आदि ग्रन्थ.

अभिधेय, (त्रि०) "अभि+धा+कर्मणि यत् " । वाक्यका अर्थ । नामवाला.

अभिध्या, (स्त्री०) "अभि+ध्यै+अङ्" । दूसरेके धनको हरण करनेकी इच्छा । लेनेकी इच्छा । सोचना । विषयोंकी प्रार्थना.

अभिनन्द, (पु०)"अभि+नन्द्+घञ् " । सन्तोष । प्रशंसा । " ल्युटि " इसी अर्थमें " अभिनन्दन " भी होता है.

अभिनन्द्, भ्वा० प० । प्रसन्न होना । किसी वात पर सन्तुष्ट होना । नन्दति । ननन्द । अनन्दीत्.

अभिनम, (पु०) अभि+नु+अप् । स्तुति । प्रा० स० । नया (त्रि०).

अभिनय, (पु०) " अभि+नी+करणे अच् " । हृदयके भावको प्रगट करनेहारी क्रिया । दशाकी नकल । " भावे अचि " । शरीरकी चेष्टा और भाषण आदिसे अभिनेय (नकल करनेलायक) का अनुकरण (नकल) करना । " अभिनयति (वोधयति) अर्थं अत्र आधारे अच् " । शरीरकी चेष्टादिसे दृश्य पदार्थको जतानेहारा रूपक आदि दृश्यकाव्य.

अभिनय, (पु०) अभि+नी+अ । अवस्थानुकरण । किसी अवस्था (हालत) की नकल । नाट्य । नाटककी खेल.

अभिनवोद्भिद्–द, । (पु०) अभिनवं उद्भिद्य जायते । उद्+भिद्+क्विप् वा । फटकर नया निकलता है । अङ्कुर । आँकुरी.

अभिनह्, दि० प० । बांध देना । जैसा कि नेत्रोंका गांठ लगाना । नह्यति । ननाह । अनात्सीत्.

अभिनहन, (न०) "अभि+नह्+ल्युट्" । दोनों ओरसे बांधना । पक्का बाँधना.

अभिनिधन, (त्रि०) अभिगतो निधनं–मरणाम् । नाशके निकट । फूटी हुई किसमत भाग्यवाला.

अभिनिर्मुक्त, (पु०) अभितः (सर्वतः) " सायन्तनकर्मणा निर्मुक्तः " । सूर्य छिपनेके समय नींदके कारण छूट गया उस समयके करनेयोग्य काम.

अभिनिर्याण, (न०) " अभि+निर्+या+ल्युट् " । जीतनेकी इच्छासे जाना । धावा करना.

अभिनिविश्, तु० आ० । किसीमें प्रवेश करना । सिद्धान्त करना । अधिकार कब्जा करना । आश्रय लेना । आक्रमण करना । विशते । विविशे । अविक्षत.

अभिनिवेश, (पु०) " अभितो निवेशः घञ् " । अवश्य यह करना चाहिये इस प्रकार हठवाले मनका होना । योगशास्त्रमें प्रसिद्ध मरनेके भयका कारण अज्ञानविशेष । अनित्यभी देहादि वियोग न हो इस प्रकार मृत्युसे वचनेका हठ.

अभि-नी, भ्वा० प० । निकट लाना । लेजाना । नयति । निनाय । अनैषीत्.

अभिनीत, (त्रि०) " अभि+नी+क्त " । सीखाहुआ । क्रोधरहित । क्षमावाला । सजाहुआ । भूषित.

अभिपत्, भ्वा० प० । निकट उडना । जाना । जा पडना । पहुंचना । आक्रमण करना । पतति । पपात । अपातीत्.

अभिपद्, दि० आ० । जाना । पहुंचना । पद्यते । पेदे । अपादि.

अभिपन्न, (त्रि०) " अभि+पद्+क्त " । अपराधवाला । आपदामें पडा । स्वीकार किया गया । सामने होकर गया.

अभिप्लु, भ्वा० आ० । ऊपरजाना । दवायाजाना । किसीपर कूदना । मरना । प्लवते । पुप्लुवे । अप्लोष्ट.

अभिप्राय, (पु०) " अभि+प्र+इण्+अच् " । आशय । राय । सम्मति.

अभिभव, (पु०) " अभि+भू+अप् " । पराजय (हार) । तिरस्कार । अनादर । वेइज्जती.

अभिभाष्, तु० आ० । किसीको वोलना । सम्बोधन करना । वातचीत करना । भाषते । वभाषे । अभाषिष्ट.

अभिभाषिन्, (त्रि०) अभिभाष्+इन् । किसीको वोलनेवाला । वातचीत करनेवाला.

अभिभू, भ्वा० प० । दवाना । वशकरना । जीतना । अतिक्रमण करना । लांघन । भवति । वभूव । अभूत्.

अभिभूत, (त्रि०) " अभि+भू+क्त " । क्या करना चाहिये इस प्रकारके ज्ञानसे शून्य । दवायाहुआ । घवरायाहुआ.

अभिमत, (त्रि) " अभि+मन्+क्त " । सम्मत । आहत । मनोरथ.

अभिमन्, दि० आ० । इच्छा करना । चाहना । खाहशमंद होना । लालच करना । स्वीकार करना । पसंद करना । अनुमति देना । खयाल करना । मन्यते । मेने । अमंस्त.

अभिमन्त्र, चु० आ० । मन्त्रभी होता है । मन्त्रोंसे पवित्र करना । मन्त्रयते । मन्त्रयाञ्चक्रे । अममन्त्रत.

अभिमन्त्रण, (न०) " अभि+मन्त्रि+ल्युट् " । मन्त्र पढकर शुद्ध करना । निमन्त्रण (बुलाना).

अभिमन्थ-न्य, (पु०) " अभि+मन्थ+अच्-मन्य इति पक्षे मन्+श " । एक प्रकारका नेत्रका रोग । चारों ओर रिडका गया.

अभिमर, (पु०) " अभिम्रियतेऽत्र-मृ+आधारे अच् वा० " । लडाई । शराव । " भावे घञ् " । पीडा पहुंचाना.

अभिमर्द, (पु०) अभि+मृद्+आधारे घञ् । लडाई । मद्य । " भावे घञ् " पीडा पहुंचाना.

अभिमान, (पु०) अभि+मन्+भावे घञ् । धनादिद्वारा दर्प । अहंकार । प्रार्थना । हिंसा । " अभिमानं सुरापानम् ".

अभिमाय, (त्रि०) अभिगतः मायां अविद्याम् । इतिकर्तव्यताविमूढ । किसी कामका निर्णय न कर सकनेवाला.

अभिमुख, (त्रि०) अभिगतो मुखं अस्या० स० । सामने " स्त्रियां ङीष् ".

आपन्नसत्वा, (स्त्री०) आपन्नं सत्वं यया । जिसे प्राणी (गर्भ) प्राप्त हुआ । गर्भवती । जिसे गर्भ हो गया है । हामिलह.

आपयितृ, (त्रि०) आप्+णिच्+तृच् । प्राप्त करनेवाला । पानेवाला.

आपराह्णिक, (त्रि०) अपराह्णे भवः–ठञ् । दिनके पिछले भागमें हुआ । तीन भागोंमें विभाग किये गये दिनका तीसरा भाग । जिसमें पितृश्राद्धादि होता है । तीसरे भागमें होनेहारा पितरोंका श्राद्ध आदि.

आपस्, (न०) आप्+असुन् । जल । पानी । "सर्वमापोमयं जगत्" दे० मा० । पाप । गुनाह । कन्याराशि । धर्मसम्बन्धी उत्सव.

आपस्तम्ब, (पु०) एक धर्मशास्त्रके बनानेहारा मुनि.

आपस्तम्भिनी, (स्त्री०) अपः स्तभ्नाति । स्तम्भ+णिनि । जो पानीको रोकलेती है । लिङ्गिनी नाम लताविशेष.

आपात, (पु०) समन्तात् परिवेष्ट्य पच्यतेऽत्र । आ+पच्+आधारे घञ् । चारों ओरसे घेर कर जहां पकावें । कुम्हारके मट्टीके पात्र पकानेका स्थान । जनताहुआ तंदूर.

आपात, (पु०) आ+पत्+भावे घञ् । अचानक गिरना । "आधारे घञ्" । गिरनेका समय । मार्ग । रास्ता.

आपाततस्, (अव्य०) अधुना । अब । झट । जल्दी । बिना । नानिश्चय.

आपान, (न०) आपीयते सम्भूय पीयते सुराऽत्र आधारे ल्युट् । जहां इकट्ठे हो कर मद्य पी जाय । मद्य पीनेके लिये मिलकर बैठनां । चक्र । मद्य पीनेकी सभा । शराबिओंकी चौकडी.

आपिञ्जर, (न०) ईषत् पिञ्जरवर्णम् । थोडा पीला रंग । स्वर्ण । सोना.

आपीड, आ+पीड+अच् । चोटीकी माला । शिरका भूषण (जेवर) । घरसे बाहिर निकली हुई लकडी । कष्ट देना । माला.

आपीत, (न०) ईषत् पीतं । प्रा० त० । माक्षिक धातु । थोडासा पीयागया । मस्त । थोडा पीला । सुरस.

आपीन, (न०) आ+प्याय+क्त-पीभावः-तस्य नत्वम् । ऊध (हवाना) । कूप । खूआ (पु०) ईषत् स्फीत । थोडा मोटा (त्रि०).

आपूपिक, (न०)–की । अपूपः शिल्पं अस्य ठक् । अच्छे पूडे बनानेहारा । पूडे खानेहारा । पूडे बेचनेहारा । कडा बेचनेहारा । पूडोंका समूह । "अपूपानां समूहः".

आपूप्य, (पु०) अपूपाय साधुः वा ञ्यः । सत्तु । आटा । जिसके पूडे बनसकें.

आपृच्छा, (स्त्री०) आ+प्रच्छ+अङ् । आलाप । पूछना । बातचीत.

आपोक्लिमं, (न०) क्रमसे ३ री, ६ ठी, ९ वीं और १२ वीं राशि.

आप्त, (त्रि०) आप्+क्त । विश्वस्त । भरोसा किया गया । भरोसेके लायक । पाया । लाभ किया । सत्य । राग द्वेषआदिसे रहित । सच्चा उपदेश करनेहारा । भ्रमादिशून्य । सत्यज्ञाता.

आप्तकाम, (त्रि०) आप्तः प्राप्तः कामः कामनाविषयो येन । जिसने अपनी इच्छा पूरी की हो । जिसका मनोरथ सिद्ध हुआ । सदा तृप्त । हमेश रजाहुआ । परमेश्वर.

आप्तोक्ति, (स्त्री०) आप्तस्य उक्तिः । वच+क्तिन् । आप्तका वचन । सन्दिग्ध विषयका निर्णय करनेके लिये सिद्धान्ती-(फैसला करनेहारा) का वचन । ठीकजाननेहारेका वचन.

आप्यायन, (न०) आ+प्या+ल्युट् । तृप्ति । प्रीति । तसल्ली । खुशी । "णिच् ल्युट्" तसल्ली देना । खुश करना.

आप्रपद, (अव्य०) प्रपदं पादाग्रं तत्पर्यन्तं-अव्ययी० । पाँवतक । पाँवतक पौशाकका पहिरना । पाँवतक पहुंचनेहारा.

आप्रपदीन, (त्रि०) आप्रपदं पादाग्रान्तं प्राप्नोति-ख । पाँवतक लटकनेहारा कपडा आदि । "आप्रपदीनक" इसी अर्थमें होताहै.

आप्लु(प्ला)व, (पु०) आ+प्लु+घञ्-अप् वा । स्नान । नहाना । जलोंका चारों ओर उछलना । प्रवाह । डुबकी मारना । गीला होना.

आप्लुत, (त्रि०) आ+प्लु+क्त । नहायाहुआ । "भावे क्त" नहाना (न०).

आप्लुतव्रत, (पु०) आप्लुतं वेदाध्ययनानन्तरं स्नानं व्रतमस्त्यस्य । वेदपढनेके अनन्तर नहानेहारा । वेद पढा हुआ । गृहस्थाश्रम न करनेहारा ब्रह्मचारीभेद । स्नातक । ब्रह्मचर्यको समाप्त कर घरमें आया ब्राह्मण । गृहस्थविशेष.

आबद्ध, (न०) आ सम्यक् बद्धं । बन्ध्+भावे क्त । दृढ बन्धन । पक्का बंधाहुआ "आधारे क्त" प्रेम । मुहब्बत । "कर्मणि क्त" भूषण । जेवर । गहना । "करणे क्त" योक्त्र । जूला (पु०) । बंधाहुआ । रुकाहुका (त्रि०).

आबिल, (त्रि०) आ+बिल्-फाडना+क । कलुष । काला । नासाफ.

आबुत्त, (पु०) आपनं आप्+क्विप्, आपमुत्तनोति । उद्+तन्+ड । नाट्योक्तिमें भगिनीपति (बहनोई) की संज्ञा है.

आभरण, (न०) आ+भृ+कर्मणि ल्युट् । भूषण । जेवर । सजावट.

आभा, (स्त्री०) आ+भा+अङ् । दीप्ति । चमक । शोभा । कान्ति । सुन्दरता । उपमान । वायुका एकप्रकारका रोग.

आभाषण, (न०) आ+भाष्+ल्युट् । आलाप । बातचित । परस्परकथन.

आभास, (पु०) आ+भास्+अच् । प्रतीति । प्रतिबिम्ब । दीप्ति । चमक । ग्रन्थादिके आरम्भमें संगति दिखानेका प्रस्ताव । अवतरणिका । भूमिका । सदृश । समान.

आभास्वर, (पु०) आ+भास्+वरच् ६४ वा १२ देवगण.

आभिजन, (पु०) अभिजन+अण् । जन्मसम्बन्धी । कुलसम्बन्धी । जन्मकालसे कियागया । सम्बन्धी । रिश्तहदार.

आभिजात्य, (न०) अभिजातस्य भावः ष्यञ् । अच्छे कुलमें होना । कौलीन्य । पाण्डित्य । चातुर्य । चतुराई । अच्छी समझ.

अभीक्ष्ण्य, (न०) अभीक्ष्णस्य भावः ष्यञ् । पौनःपुन्य । बारबार होना.

आभीर, (पु०) आ सम्यक् भियं राति । रा+क । अहीर वर्णसंकरभेद । गोप । गवाल । देशभेद । (स्त्री०) गोपी । अहीरी.

आभीरपल्लिः, (स्त्री०) आभीराणां पल्लिः । ग्वालोंके घर । गोपोंके गांव । एक पक्षमें ङीप् होताहै.

आभील, (न०) आ समन्तात् भयं लाति । आ+भी+ला-क । कष्ट । तकलीफ । डरावना । रोगी (त्रि०).

आभोग, (पु०) आ+भुज्+भावे आधारे वा घञ् । वरुणका छाता । परिपूर्णता । पूरापन । कोशिश । गीतकी समाप्ति.

आभ्युदयिक, (त्रि०) अभ्युदयः प्रयोजनं अस्य-ठक् । चूडाआदि कर्म । शुभकर्मकी वृद्धिके लिये करने लायक श्राद्ध । धन देनेहारा । सम्पदा देनेहारा । खुशीका अवसर.

आम, (त्रि०) आ ईषत् अम्यते-पच्यते । आ+अम्+कर्मणि घञ् । अपक्व । जो पका नहिं । कचा । अजीर्णक नामी रोग । अनपच (पु०).

आमगन्धि, (न०) आमस्य अपक्वस्य गन्ध इव गन्धो यत्र । इत्सम० । कच्चे मांस आदिके समान गन्धवाला । जलते हुए मांसकी गन्ध । चिताके धूमकी गन्ध.

आमनस्य, (न०) अप्रशस्तं मनो यस्य तस्य भावः ष्यञ् । अच्छे मनका न होना । दुःख । दरद । शोक.

आमन्त्रण, (न०) आ+मन्त्र+ल्युट् । अभिनन्दन । प्रसन्न करना । बुलाना । अवश्यकर्तव्य (श्राद्धादि) में बुलाना । निमन्त्रण । दावत करना.

आमय, (पु०) आमं रोगं यात्यनेन+या । करणे घञर्थे क । आ+मीञ्-मारना+करणे अच् वा । जिस्से रोगी होताहै । रोग.

आमयाविन्, (त्रि०) आमयोऽस्यास्तीति विनिः दीर्घश्च । रोगयुक्त । रोगी.

आमर्दिन्, (त्रि०) आ+मृद्+इन् । मलनेवाला । पीसनेवाला । दबानेवाला.

आमर्शन, (त्रि०) आ+मृश+ल्युट् । स्पर्श । छूना । विचारना.

आमर्ष, (पु०) न+मृष्+घञ्-दीर्घः । क्रोध । गुस्सा.

आमलक-की, (पु०) आ+मल्+वुन् । वासकवृक्ष । ङीप् । आवला । आमलेका पेड । आमलेका फल.

आमाशय, (पु०) आमस्य आशयः । नाभि और स्तनोंके बीचका भाग । अपाकस्थान । न पकनेकी जगह । कच्ची जगह.

आमिक्षा, (स्त्री०) आमिष्यते-सिच्यते । मिष्+सक् । तपेहुए दूधमें दहि डालनेसे जो विकार होताहै । फटाहुआ दूध । छाना.

आमिष, (न० पु०) आ+मिष्-सीजना-डालना+क । मांस । खाने पीने और पहिरनेकी चीज । उत्कोच । वड्डी । रिश्वत । सुन्दररूप । बहुत लोभ । लाभ । कामदेवका गुण । भोजन विषय । मजमून । जम्बीरवृक्षका फल.

आमिषाशिन्, (त्रि०) आमिषं अश्नाति, अश्-इन् । मांस खानेवाला.

आमुक्त, (त्रि०) आ+मुच्+क्त । छोडागया । दहिरेहुए । सजेहुए । "कर्तरि क्त" । वह जन कि जिसने कवच (जिरह) पहिनाहै.

आमुख, (न०) आ+णिच्+करणे अच् । प्रारम्भ । (नाटकमें) प्रस्तावना (जहां नटी, विदूषक, वा पारिपार्श्वक सूत्रधारके साथ ऐसी रीति विचित्र बातचीत करें कि जिसमें नाटकीय कथा भी संक्षिप्त होजाय).

आमुष्मिक, (त्रि०) अमुष्मिन् परलोके भवः ठक् सप्तम्या अलुक् टिलोपश्च । परलोकमें होनेवाली बात । दूसरे जन्ममें होनेवाली वस्तु । "स्त्रियां ङीप्".

आमुष्यायण, (त्रि०) अमुष्य ख्यातस्य अपत्यं-नडा० फक्-अलुक्। अच्छे वंश वा अच्छे चरित्रसे प्रसिद्ध पुरुषकी सन्तान। अच्छे वंशमें उत्पन्न हुआ इसका बेटा.

आमृद्, क्र्या० प० । मलडालना । दवाना । मृद्नाति । ममर्द । अमर्दीत्.

आमृश्, तु० प० । स्पर्शकरना । छूना । हाथ फेरना । मृशति । ममर्श । अमार्क्षीत्.

आमोद, (पु०) आ समन्तात् मोदयति । आ+मुद्+णिच्+अच् । बहुत दूर फैला हुआ गन्ध । गन्ध मात्र । "भावे घञ्" हर्ष । खुशी.

आमोदिन्, (त्रि०) आमोदयति सुरभीकरोति-आमोद+कृत्यार्थे णिच्+णिनि । मुखपर खुशबू पैदा करनेहारा कर्पूर वगैरह । हर्षवान् । खुशी । खुशबूदार । सुगन्ध । खुशबू.

आम्ना, भ्वा० प० । परम्परासे अभ्यास करना । मनति । मम्नौ । अम्नासीत्.

आम्नात, (त्रि०) आ+म्ना+क्त । अभ्यस्त । विचार किया गया । खयाल किया गया । कहा गया.

आम्नाय, (पु०) आम्नायते-अभ्यस्यते-आ+म्ना+घञ् । जो परंपरासे अभ्यास किया जाताहै । वेद । आगम । निगम । गुरुपरम्परासे आयाहुआ सच्चा उपदेश । वंशकुलके क्रमसे कहना । "भावे घञ्" अभ्यास । आदत । खान्दानी । तरीकह । नसल । हिदायत.

आम्र, (पु०) अम्-जाना रोगीहोना आदि+रन्-दीर्घश्च । आम । आमका वृक्ष । आमका फल.

आम्रातक, (पु०) आम्रं तद्रसं आ ईषत् अतति याति । आ+अत्+ण्वुल् । आमडानामी वृक्ष । भिळावा.

आम्रेडित, (त्रि०) आ+म्रेड्+उन्माद होना । पागल होना । अच् । आम्रेडेन उन्मत्तेनेवाचर्यते । आम्रेड–आचारे क्विप्+क्त । पागलकी नाँईं कहेहुए वचनको दुवारा तिबारा कहना । वारवार कहागया । व्याकरणमें एक संज्ञा.

आम्ला, (स्त्री०) आ सम्यक् अम्लो रसो यस्याः । जिसका बहुत खट्टा रस हो । तिन्तिडीका वृक्ष । खट्टा स्वाद । इमलीका वृक्ष.

आय, (पु०) आ+इण्+अच् । अय्+घञ् । लाभ । हासिल । आमदनी । प्राप्ति । धनका आना । स्त्रियोंके घरका रखवार.

आयत, (त्रि०) आयम्+क्त दीर्घ । लंबा । खेंचागया । आ+यत्+अच् । अतियत्नशाली । बहुत कोशिश करनेहारा । चौडा.

आयतच्छद, (स्त्री०) आयतः दीर्घः छदोऽस्याः । जिसका पत्ता चौडा हो । कदली । केला.

आयतन, (न०) आयतन्तेऽत्र । यत् आधारे ल्युट् । जहां बहुत यत्न करतेहैं । देवादिवंदनस्थान । मन्दिर । आश्रय । बैठक । विश्रामस्थान । आरामकी जगह । यज्ञकी जगह.

आयति–ती, (स्त्री०) आ+या+डति वा ङीप् । उत्तर-काल । आनेवाला समय । प्रभाव । फल देनेका समय । आ+यम्+क्तिन् । मेल । लंबाई । प्रापण । पहुंचाता.

आयतीगवम्, (अव्य०) (आयान्ति गावः यस्मिन् समये) । गौओंका घरमें लौटनेका समय.

आयत्त, (त्रि०) आ+यत्+कर्तरि क्त । अधीन । मातहत-वशीभूत । काबुमें आया.

आयत्ति, (स्त्री०) आ+यत्+क्तिन् । स्नेह । दियार । सामर्थ्य । ताकत । सीमा । हद्द । मर्यादा । तरीकह । दिन । शयन । विस्तरा वा सोना । लंबाई.

आयःशूलिक, (त्रि०)–की (स्त्री०) अयःशूल+ठक् । चतुर । चालाक । तीक्ष्ण उपायसे कार्य सिद्ध करनेवाला.

आयस, (न०) अयसा निर्मितं तद्विकारो वा–अण् । लोहेका पात्र आदि । लोहा । लोहेसे बनाहुआ (त्रि०).

आयस्त, (त्रि०) आयस्+क्त । क्षिप्त । फेंकागया । दुःख दिया गया । हत । मारा गया । तीक्ष्णीकृत । तेज किया गया.

आयाम, (पु०) आ+यम्+घञ् । दैर्घ्य । लंबाई । रोकना । देरतक.

आयास, (पु०) आ+यस+घञ् । परिश्रम । मिहनत । बहुत कोशिश । दुःख । दरद । मनकी पीडा । उद्यम । क्लेश.

आयु, (पु० न०) इण्+उण् । जीवनकाल । उमर । घी । "मावधिष्ठा जटायुं मां" भट्टिः.

आयुध, (न०) आ+युध्+करणे घञर्थे क । प्रहरणमात्र । हथियार । अस्त्र.

आयुर्वेद, (पु०) आयुर्विद्यते लभ्यतेऽनेन । विद्-लाभकरना+करणे घञ् । आयुर्वेत्ति अनेन चिह्नज्ञापनेन । विद् –जानना+करणे घञ् वा । जिससे उमर जानी जाय । चिह्न (निशान) जताकर जिस्से आयु जानता है । वेदका उपाङ्ग । चिकित्साशास्त्र.

आयुष्मत्, (त्रि०) आयुर्विद्यतेऽस्य मतुप् । जिसकी उमर विद्यमान है । दीर्घजीवी । देरतक जीनेवाला । (पु०) । विष्कम्भ आदि योगोंमेंसे तीसरा योग.

आयुष्य, (त्रि०) आयुः प्रयोजनं अस्य । खर्गादिभ्यो यत् । आयुका हितकारी बडी उमर देनेहारा । पथ्य । हितकारी । अच्छा.

आयोग, (पु०) आ+युज्+घञ् । काम । गन्धमाल्योपहार । फूल चन्दन आदि भेट । तट । किनारा.

आयोगव, (पु०) अयोगव एव स्वार्थेऽण् । शूद्रसे वैश्यस्त्रीमें उत्पन्न हुआ सन्तान । प्रतिलोम । वर्णसंकरसे उपजा जातिभेद.

आयोजन, (न०) आ+युज्+ल्युट् । उद्योग । मिहनत आहरण । इकट्ठा करना वा लेना । लगाना । जोडना. ।

आयोधन, (न०) आ+युध्+आधारे ल्युट् । लडाईकी जगह । युद्धस्थान । "भावे ल्युट्" लड़ना । मारना । युद्ध । वध.

आर, (पु०) ऋ+कर्तरि घञ् । मंगलग्रह । शनिग्रह । मीठा खट्टा फल । वृक्षभेद । पीतल । कोण । सिरा । धुरा । सन्तरेका पेड.

आर(रा)व, (पु०) आ+रु+घञ्-अप्वा । शब्दमात्र । हर-एकतरहकी आवाज.

आरकूट, (पु० न०) आरं पित्तलं कूटयति-अच् । पीत-लका भूषण । पित्तलाभरण । पीतलका जेवर । पीतल । पित्तल.

आरट्टज, (पु०) आरट्टे देशे जायते । जन्+ड । अरब देशका घोड़ा.

आरण्यक, (पु०) अरण्ये भवः । मनुष्यादि वुञ् । जंगली रास्ता । अध्याय । न्याय । इन्साफ । विहारस्थान । क्रीडाका स्थान । हाथी । वेदका अंशविशेष (न०) "आरण्यकमधीत्य च" इति मनुः.

आरति, (स्त्री०) आ+रम्+क्तिन् । उपरम । हटना । निवृ-त्ति । ठहराव.

आरथ, (पु०) ईषत्=स्वल्पः रथः । छोटी गाडी । एक घोडे वा बैलसे चलानेवाली गाड़ी.

आरब्ध, (त्रि०) आ+रभ्+क्त । शुरू किया गया । आर-म्भ किया गया.

आरभटी, (स्त्री०) आरभ्यतेऽनया । आ+रभ्+अटि ङीप् । नटका काम । नटोंकी क्रीडा । एक प्रकारकी रचना । खेल । नाच.

आरम्भ, (पु०) आ+रभ्+घञ्-मुम्च । शुरू । त्वरा । काली । जल्दी । उद्यम । कोशिश । वध । मारना । अहंकार । प्रस्तावना.

आरा, (स्त्री०) अ+ऋ+अच् । चमड़ा फाड़नेका औजार । लोहेका अस्त्र.

आरात्, (अव्य०) दूर । समीप । पास । नजदीक.

आरात्रिक, (न०) अरात्र्यापि निर्वृत्तं-ठञ् । रातके विनाशी जो होताहै । दीपक तो रातकोहि दिखलाया जाताहै परन्तु यह तो दिनके समय भी दिखातेहैं । आर-ति । नीराजनकर्म.

आराधन, (न०) आ+राध्+ल्युट् । उपासन । पूजन । तोषण । प्रसन्न करना । प्राप्ति । पाना । सेवा करना । पकाना.

आराम, (पु०) आ+रम्+आधारे घञ् । उपवन । वगीचह । बाग । कृत्रिमवन । वनावटी बाग । क्रीडार्थवन । खेलने-का वन.

आरु, (पु०) ऋ+उण् । वृक्षभेद । कर्कट । शूकर । केकड़ा । सूअर.

आरुरुक्षु, (त्रि०) आ+रुह्+सन्+ड । ऊपर चढनेकी इच्छा करनेवाला.

आरुह्, भ्वा० प० । चढना । ऊपरको जाना.

आरूढ, (त्रि०) आ+रुह्+क्त । चढगया.

आरोग्य, (न०) अरोगस्य भावः ष्यञ् । रोगका न होना । तन्दुरुस्ती । आराम.

आरोप, (पु०) आ+रुह्+णिच्+करणे ल्युट् । औरसें और धर्मका प्रतीत होना । जैसे "रस्सीमें सांपका ज्ञान" । कायम करना । संस्थापन । कल्पना । मानलेना । धनुष झुकाना.

आशरः, (पु०) आ+शॄ+अच् । अग्नि । दैत्य । भूत । राक्षस । वायु । हवा.

आशवं, (न०) आशोः भावः-अण् । शीघ्रपना । वेग । तेजी । जल्दीपना । अरक निकाला हुआ । आसवभी.

आरोह, (पु०) आ+रुह्+घञ् । आरोहण । चढना । दैर्घ्य । लम्बाई । उत्तम स्त्रियोंका चूतड़ । ऊंचाई । परिमाणविशेष.

आर्किः, (पु०) अर्कस्य अपत्यं-इञ् । सूर्यका पुत्र । यम-राज । शनि । कर्ण । सुग्रीव । वैवस्वतमनु.

आर्क्षोद, (पु०) ऋक्षोद+अरण् । ऋक्षोद पर्वतमें निवास करनेवाला.

आर्घा, (स्त्री०) आ+अर्घ+अच् । एक प्रकारकी पीली मक्खी.

आर्च, (त्रि०)-र्ची (स्त्री०) अर्चा अस्ति अस्य । पूजा करनेवाला । भक्त । ऋग्वेदसम्बन्धी.

आर्चीक, (त्रि०) ऋचीके पर्वते भवः-अण् । ऋचीक पर्वतमें वास करनेवाला.

आर्जव, (पु०) ऋजोर्भावः-अण् । सरलता । सीधापन । दूसरेको न ठगना.

आर्जुनि, (पु०) अर्जुनस्य अपत्यं+इञ् । अर्जुनका पुत्र । अभिमन्यु.

आर्त, (त्रि०) आ+ऋ+क्त । पीड़ित । दुःखित । अस्वस्थ । बेआराम.

आर्तव, (न०) ऋतुरस्य प्राप्तः-अण् । स्त्रीपुष्प । ऋतुवाला मौसमी फूल । स्त्रीरज जो प्रतिमास स्त्रीको होताहै.

आर्त्विज्य, (न०) ऋत्विजो भावः कर्म वा ष्यञ् । ऋत्वि-ग्के करनेलायक काम.

आर्थिक, (त्रि०) अर्थं गृह्णाति-ठक् । अर्थात् आगच्छति वा ठक् । अर्थको ग्रहण करनेहारा । पण्डित । दाना । अर्थसे आया । निशान । धनी । दौलतमन्द । सच्चा । प्राकृतिक.

आर्द्र, (त्रि०) अर्द+रक्-दीर्घश्च । गीला । जलसिक्त । कोई चीज जिसमें जल मिला हो । (स्त्री०) छठा नक्षत्र.

आर्द्रक, (न०) आर्द्रायां भूमौ जातं-वुन् । अदरक । मूलविशेष.

आर्य, (त्रि०) ऋ+ण्यत् । स्वामी । मालिक । गुरु । सुहृद् । मित्र । श्रेष्ठ । सबसे अच्छा । वृद्ध । बूढा । लायक । नेक । श्रेष्ठ कुलमें उत्पन्न हुआ । पूजाके लायक । (नाट्योक्तिमें) मान्य । उदारचरित । जिसका चित्त शान्त हो । "कर्तव्यही करे, अकर्तव्य कमी न करे, और यथार्थ आचारमेंही रहे वह जन आर्य है".

आर्यक, (पु०) अतिशयेन आर्यः । प्राशस्त्ये कन् । पितामह, दादा । मातामह, नाना । "स्वार्थे कन्" श्रेष्ठ । मान्य । बहुत अच्छा (त्रि०).

आर्यपुत्र, (पु०) आर्यस्य श्वशुरस्य पुत्रः । ससुरका बेटा । पति । गुरुका पुत्र । (नाट्यमें) भर्ता । स्वामी । मालिक.

आर्यमिश्र, (त्रि०) आर्य-मिश्र+अच् । श्रेष्ठ । माननेके लायक । नेक.

आर्यावर्त, (पु०) आर्या आवर्तन्ते अत्र । आ+वृत्+आधारे घञ् । जहां आर्य निवास कर्ते हैं । पवित्र भूमि । विन्ध्य और हिमालयके बीचका देश । पूर्वसमुद्रसे ले पश्चिमसमुद्रके मध्यका देश.

आर्ष, (त्रि०) ऋषेरिदं अण् । जो ऋषिका हो । ऋषिओंसे रचागया धर्मशास्त्र । ऋषिओंसे स्मरण किया गया वेद । दो गौ लेकर कन्या देना यह आर्षविवाह है.

आर्हत, (पु०) अर्हत इदं-अण् । बुद्धविशेष । बुद्धदेवका (त्रि०).

आल, (न०) आलयन्ति भूषयन्ति । आ+अल्-सजाना-आदि । अच् । हरिताल । बहुत (त्रि०).

आलभन, (न०) आ+ल्युट् । स्पर्श । छूना । पाना.

आलम्ब, (पु०) आ+लबि+कर्मणि घञ् । अवलम्ब । आश्रय.

आलम्भ, (पु०) आ+लभ्+घञ्-मुमूच । वध । मारना । "अश्वालम्भं गवालम्भं" इति स्मृतिः । स्पर्श । छूना.

आलय, (पु०) आलीयतेऽस्मिन् । आ+ली+आधारे अच् । जहां छिपरहें । गृह । घर । (अव्ययी०) लयपर्यंत (अव्य०) "पिबत भागवतं रसमालयम्" भागवत । मृत्युतक.

आलयविज्ञान, (न०) आलयं लयपर्यन्तं स्थायि विज्ञानं । लयपर्यन्त रहनेहारा विज्ञान । बौद्धमतमें लयपर्यन्त रहनेहारा । अहंकारका स्थान । विज्ञान (इसके मतमें सम्पूर्ण ज्ञान क्षणिक है, अनुभवसे उत्पन्न हुआ संस्कार भी उसी ज्ञानमें कल्पित है, इस्से पहिले अनुभव की गई स्मृति सम्भवहै).

आलवाल, (न०) आ समन्तात् जललवं आलाति । आ+ला+क । जो चारों ओर जलबिन्दुओंको ग्रहण कर्ता है । वृक्षके मूलमें जल देनेके लिये मट्टी आदिसे बनाया गया जलका आश्रय । एक प्रकारका पुल (सेतु).

आलस्य, (न०) अलसस्य भावः-ष्यञ् । सामर्थ्य होनेपर भी अवश्य कर्तव्यमें उत्साह न करना । "स्वार्थे ष्यञ्" । आलसी.

आलान, (न०) आलीयतेऽत्र । आ+ली+ल्युट् । हाथीके बांधनेका थंभा । रस्सा । बंधन (हरएक प्रकारका).

आलाप, (पु०) आ+लप+करणे घञ् । कथोपकथन । बातचीत । सम्भाषण । बोलना । गुफ्तगू । संगीतकी सात सुरें.

आलि(ली), (स्त्री०) आ+अल्+इन् । सेतु । पुल । एक उमरकी सहेली । सखी । पङ्क्ति । कतार । बागके वृक्षोंकी कतर । सन्तति । भ्रमर । भौंरा । वृश्चिक । विच्छू (पु०).

आलिङ्गन, (न०) आ+लिगि+ल्युट् । प्रीतिपूर्वक आपसमें मिलना.

आलिञ्जर, (पु०) अलिञ्जर एव-स्वार्थे अण् । बडा मट्टीका जलपात्र । मट्ट.

आलिम्पन, (न०) आ+लिप्+ल्युट्-मुमूच । मंगलार्थलेपन । दीवारोंको सफेद करना । आट्टा.

आलीढ, (पु०) धनुर्धारीका पादविन्यासविशेष । खासतौरपर पाँवसे ठहरना । आ+लिह्+क्त । भुक्त । खाया । चाटा । क्षत । घाव किया.

आलीनक, (न०) आ ईषत् प्रयासेन अभिसम्बन्धमात्रेण लीयते द्रवीभवति । आ+ली+क्त-संज्ञायां कन् । आगके छूतेही जो पिघलजाय । धातुविशेष । रांगा । शीशा । "आलीन" ढलाहुआ (त्रि०).

आलेख्य, (न०) आ+लिख्+आधारे ण्यत् । चित्रपट । मूर्ति । नकशा । लिखना.

आलोक, (पु०) आ+लुक्+घञ् । दर्शन । देखना । प्रकाश । स्तुतिवचन.

आलोचन, (न०) आ+लुच्+णिच्+भावे ल्युट् । निश्चय करना कि यह मुझे करना है । विचार । सोचना । सांख्योक्त निर्विकल्पका शुद्धवस्तुविषयक पहिले उपजा ज्ञान.

आवपन, (न०) आ+उप्यते स्थाप्यतेऽत्र ल्युट् । धान रखनेका पात्र । थाली । आ+वप्+णिच् आधारे ल्युट् । सर्व मुण्डन । उस्तरेसे सारे सिरका मुंडाना.

आवरक, (न०) आ+वृ+करणे अप् संज्ञायां वुन् । अपवारक । ढँकना । छिपाना । ढँकनेहारा कपडा आदि । पडदा.

आवरण, (न०) आ+वृ+करणे ल्युट् । चर्ममय फलक । चमडेका फल्टा । ढाल । पडदा । 'भावे ल्युट्' ढँकना । छिपाना । वेदान्तमतमें अविद्या आदिसे ज्ञानके प्रकाशका आच्छादन । छिपना । ज्ञानका पडदा.

आवर्जन, (न०) आ+वृज्+अन । नीचेकी ओर झुकना । देना । जीवना.

आवरण, (त्रि०) आ+वृ+अन । छिपानेवाला । बंद करनेवाला ।–णम् (न०) छिपाना । रोकना.

आवरणशक्ति, (स्त्री०) आवरणस्य शक्तिः । मानसिक अविद्या जो वास्तविक पदार्थके स्वरूपपर पडदा डालदेती है.

आवर्जित, (त्रि०) आ+वृज्+णिच्+क्त । आहृत । लायागया । झुकाया गया । फेंका गया । दियागया । नीचे कियागया.

आवर्त, (पु०) आ+वृत्+भावादौ घञ् । चक्रके स्वरूपसे जलका आपही घूमना । घुंवर । देशविशेष । गोललौटना । घोडेका चिह्न (पीछेकी ओर रोमसमूह) । चिन्ता । मेघराजविशेष । माक्षिक धातु । मक्खिओंका शहत.

आवर्तक, (त्रि०) आवर्त एव स्वार्थे कन् । वार २ घूमनेवाला ।–कः (पु०) एक प्राकारका वादलभेद.

आवर्तन, (न०) आ+वृत्+णिच्+ल्युट् । दूंध आदिका आलोडन (रिडकना-मथना) । औटाना । बिलोना । गालना.

आवर्तित, (त्रि०) आ+वृत्+णिच्-क्त । लौटायागया । अभ्यास कियागया । गुणाकीयागया । जियादा कियागया.

आवश्यक, (त्रि०) अवश्यं भव्यः । वुञ् । नियतकृत्य । जरूरीकाम.

आवसथ, (पु०) आवसति अत्र । वस्+अथच् । निवासस्थान । रहनेकी जगह । घर कुटिया । विश्रामस्थान । आरामकी जहग । व्रतविशेष.

आवाप, (पु०) आ+वप्+कर्मणि घञ्-संज्ञायां कन् । आलवाल । वृक्ष पालनेके लिये जलका कुण्ड । पात्रविशेष । फेंकना । बोना । शत्रुकी चिन्ता । दूसरेके राज्यकी चिन्ता । नीचे ऊपर भूमि । विषमस्थान । प्रधानहोम । बडा होम.

आवारक, (त्रि०) आ+वृ+अक । आच्छादन करनेवाला । छिपानेवाला । निरोध करनेवाला+रोकनेवाला.

आवारिः, (पु०) आ+वृ+इण् । आपण । दुकान । वनेला.

आवास, (पु०) आ+वस्+आधारे घञ् । वासस्थान । घर आदि.

आवाहन, (न०) आ+वह+णिच्-ल्युट् । समीप आनेके लिये देवताओंको बुलाना । नजदीक लाना । बुलाना.

आविक, (न०) अविना तल्लोम्ना निर्मितं ठक् । मेंडके वालोंसे बना कम्बल । ऊनका । मेषसंबन्धी (त्रि०).

आविग्न, (पु०) आ+विज्+कर्तरि क्त । उद्विग्न । घबराहुआ । वृक्षविशेष.

आविद्ध, (त्रि०) आ+व्यध्+क्त । विद्ध । वेधागया । टेढा । शिकस्त दियागया । फेंकागया । दबायागया । मूर्ख.

आविष्करणं–ष्कारः, (न० पु०) आविस्+कृ+अन । प्रकट करना । जाहिर करना । दिखाना.

आविष्ट, (त्रि०) आ+विष्+क्त । भूतादिसे दबायागया। आवेशयुक्त । दबाहुआ । दाखिलहुआ । भराहुआ.

आविस्, (अव्य०) प्रकाश । जाहिर । (आविर्भावः (आविष्कार).

आवी, (स्त्री०) । अवीः एव–स्वार्थे अण् । गर्भवती स्त्री.

आवीत, (त्रि०) । आ+व्ये+क्त । धारित । पहिराहुआ । प्रविष्ट हुआ । चला गया । व्यतीत हुआः

आवीतिन्, (पु०) । आवीत इति । दक्षिण दहिने कंधेपर यज्ञोपवीत धारण करनेवाला ब्राह्मण.

आवुक, (पु०) अवति पालयति-उण्-संज्ञायां कन् । (नाट्योक्तिमें) जनक । पिता.

आवृ, स्वा० क्र्या० चु० उभ० । आच्छादन करना । ढांकना । छिपाना । वृणोति । वृणाति । वरयति.

आवृज्, भ्वा० आ० । देना । बकशना । (ved) किसीकी ओर लौटना । चुन्ना । णिचि झुकना । आवर्जयति.

आवृत्, भ्वा० आ० । लौटना । घूमना । आवर्तते । ववृते । अवर्तिष्ट.

आवृत, (त्रि०) आ+वृ+क्त । ढकाहुआ । आच्छादन कियागया.

आवृत्त, (त्रि०) आ+वृत्+क्त । हटाहुआ । निवृत्त । लौटाहुआ । अभ्यस्त । गुणित.

आवृत्ति, (स्त्री०) आ+वृत्+क्तिन् । अभ्यास । वारवार गुणना । लौटना.

आवेग, (पु०) आ+विज्+घञ् । घबराहट । चिन्ता । बेआरामी । शोक । दुःख । भय । जल्दी । वृद्धदारकका वृक्ष.

आवेश, (पु०) आ+विश्+घञ् । अहङ्कार । तकवा । संरम्भ । क्रोध । गुस्सा । अभिनिवेश । हठ । अनुप्रवेश । दाखिल होना । जैसे भूतका दाखिल होना । ग्रहोंका डर । भूतादिसे रोग.

आवेशिक, (त्रि०) आवेशे गृहे भवः आगतो वा ठञ् । घरका । घरमें आगया । असाधारण स्वकीयबान्धवादि । खास अपना रिश्तेदार वगैरह । अतिथि । महमान । आदरवाला.

आवेष्टक, (पु०) आवेष्टयति–ण्वुल् । आवरणकारक । ढाँकनेहारा प्राचीर (सफील) वगैरह (वेढा).

आशङ्का, (स्त्री०) आ+शकि+अ । त्रास । डर । संकोच । संशय.

आशय, (पु०) आ+शी+अच् । अभिप्राय । मतलब । आधार । आसरा । ऐश्वर्य । धन । पनसका वृक्ष । (वैद्योक्त) न पचनेकी जगह । अजीर्णस्थान । कर्मसे उपजा वासनारूप संस्कार । धर्मअधर्मरूप अदृष्ट । "आधारे अच्" आशयसहित चित्त । "भावे अच्" । शयन । सोना । स्थान.

आशंसा, (स्त्री०) आ+शंस्+अ । ऐसी चीजपानेकी खाहिश कि जो पास नहिं । चाहीगई वस्तुकी प्रार्थना । चाह । शक्र । आशा । उम्मेद । खयाल.

आशंसु, (त्रि०) आ+शंस्+उ । इच्छावान् । चाहनेहारा । चाही गई वस्तुके पानेकी इच्छा कहनेहारा । उम्मेदवार.

आशा, (स्त्री०) आसमन्तात् अश्नुते । अश्+अच् । उम्मेद । दिशा । दीर्घाकाङ्क्षा । । लम्बी खाहिश । तृष्णा । लालसा । चाह.

आशान, (त्रि०) आ+श्यै+क्त । ईषद्घनीभूत । थोडासा इकट्ठा होगया । सूकाहुआ.

आशास्, अ० आ० । आशीर्वाद देना । वर्कत देना । आशास्ते । आशासाञ्चक्रे.

आशित, (त्रि०) आ+अश्-क्र्यादि+क्त । भुक्त । खाया । भोजनसे तृप्तहुआ.

आशिस्, (स्त्री०) आ+शास्+क्विप् । अत इत्वम् । आशीर्वाद । नान्दी.

आशीर्वाद, (पु०) आशिषो वादः वचनं । आशीर्वचनं । वद्+घञ् । मंगलप्रार्थन । भलाईकी दरखास्त । भलाईके वचन.

आशीविष, (पु०) आशिषि आस्यां वा विषमस्य-पृषो० । जिसकी दाढमें जहर हो । सर्प । साँप.

आशुग, (पु०) आशु+गम्+ड । वायु । हवा । वाण । सूर्य । सूरज । शीघ्रगामी । जल्दीजानेहारा (त्रि०).

आशुतोष, (त्रि०) अश्-फैलना+उण् । आशु-शीघ्रं तोषो (तुष्+घञ्) यस्य । शीघ्र प्रसन्न । जल्दी खुश होगया । महादेव । जल्द प्रसन्न होनेहारा । सहजहीसे प्रसन्न हुआ.

आशुशुक्षणि, (पु०) आ+शुष्+सन्-अनि । अग्नि । आग । वायु । हवा.

आशौच, (न०) अशौचं एव-स्वार्थे अण् । वैदिककर्मके अयोग्यदशा । अशुद्धि । नासफाई । "दशाहं शावमाशौचं ब्राह्मणस्य" इति मनुस्मृति.

आश्चर्य, (त्रि०) आ+चर्+ण्यत्+सुट् । विचित्र । हैरान करनेवाला । वडी भारी वात । अजी.

आश्म, (त्रि०)–श्मी (स्त्री०) अश्मन्+अण् । पत्थरका बना हुआ । पथरीला.

आश्यै, भ्वा० आ० । सूकजाना । श्यायते । शिश्ये । आश्यास्त । श्यानः.

आश्रपण, (न०) (आ+श्रा+णिच्+ल्युट्) पकाना । उबालना.

आश्रम, (पु०) (न०)आ+श्रम्+आधारे घञ् । शास्त्रोक्त ब्रह्मचर्य आदि धर्मभेद । मुनिओंका वासस्थान । मठ । विद्यार्थिओंका वासस्थान । वन । कलिमें ब्रह्मचर्य और वानप्रस्थ नहिं होसक्ते इस्से गृहस्थ और संन्यास दोही आश्रम हैं । "गृहस्थो भिक्षुकश्चैव आश्रमौ द्वौ कलौ युगे" इति स्मृतिः । सम्पूर्णक्लेशोंका नाश होनेपर विश्रामका स्थान परमेश्वर.

आश्रय, (पु०) आश्रीयतेऽसौ । आ+श्रि+कर्मणि अच् । आसरा । सामीप्य । नजदीकी । आधार । गृह । घर । प्रवल । जोरावर । शत्रुका आसरा लेना (सन्धिआदि ६ में एक गुण).

आश्रयाश,(पु०)आश्रयं आधारं काष्ठं अश्नाति । अश्+अण् । अपने आधार अर्थात् लकडीको जो खाले । वह्नि । आग.

आश्रव, (पु०) आशृणोति वाक्यं । आ+श्रु+अच् । जो वचनको भलीभान्ति सुनले । अङ्गीकार । कवूल । क्लेश । तकलीफ । दोष । आज्ञाकारी । फरमावरदार.

आश्रित, (त्रि०) आ+श्रि+क्त । आश्रयप्राप्त । आसरेमें आगया शरणागत । शरणमें आपडा । आधेय । आसरे पर रहनेहारा.

आश्रुत, (त्रि०) आ+श्रु+क्त । अङ्गीकृत । कवूल कियागया । सुनागया.

आश्लेष, (पु०) आ-ईषदेकदेशेन श्लेषः सम्बन्धः । आ+श्लिष्+घञ् । एकदेशसम्बन्ध । एकओरसे मिलाहुआ.

आश्व, (न०) अश्वानां समूहः-अण् । अश्वसमूह । घोडोंका झुण्ड अश्वैरुह्यते अण् । जो घोडोंसे चलाया जाय । रथ । गाडी.

आश्वयुज, (पु०) अश्वयुजी अश्विनीनक्षत्रयुक्ता पौर्णमासी यस्मिन् मासे अण् । जिस महीनेमें अश्विनी नक्षत्रयुक्त पूर्णिमा हो । आश्विनमास । अस्सूका महीना.

आश्वास, (पु०) आ+श्वस्+घञ् । आश्रयदान । डरेहुएका डर दूर करनेके लिये धैर्य देना । हौंसला देना.

आश्विन, (पु०) आश्विनी पूर्णिमा यस्मिन् मासे अण् । अस्सूका महीना.

आश्विनेय, (पु०) द्विव० । अश्विन्याः अश्वाकारवत्याः सूर्यपत्न्याः संज्ञायाः अपत्ये ढक् । सूर्यकी स्त्री–संज्ञाके पुत्र । स्वर्गके वैद्य । अश्विनीकुमार.

आश्वीन, (त्रि०) अश्वेन एकाहेन अतिक्रम्यते-खञ् । घोडेका एक दिनमें पहुंचनेका स्थान । घोडेकी एक मंजिल.

आषा(शा)ढा(डा), (स्त्री०) उत्तराषाढा और पूर्वाषाढा दोनो नक्षत्र (तारे).

आषाढ–ड, (पु०) वैशाखसे तीसरा मास । हाड.

आषाढ, (पु०) आषाढी पूर्णिमाऽस्मिन् मासे अण् । आषाढ । (हाड) महीना.

आष्टं, (न०) अश् व्याप्तौ+ष्ट्रन् । आकाश । अन्तरिक्ष । अवकाश.

आष्टमः, अष्टमो भागः, अष्टम–ज । आठवां भाग । हिस्सा.

आस्, अ० आ० । आस्ते । आसाञ्चक्रे । आसिष्ट । आसितुं । आसित । आसीन । बैठना । विश्राम करना । निवास करना.

आस्, बैठना-अदा० आत्म० सक० सेट् । आस्ते । आसिष्ट.

आस्, (अव्य०) स्मरण । दूर करना । कोप । सन्ताप । अहंकारसे झिडकना.

आसक्त, (त्रि०) आ+सञ्ज्+क्त । फसाहुआ । निरत । सब काम छोडकर एकहीमें लगजाना । निरन्तर । नित्य (न०).

आसङ्ग, (न०) आ+सञ्ज्+घञ् । अभिनिवेश । एकबातका हठ । भोगकी अभिलाषा करनेका अभिमान । बचाना । संग.

आसत्ति, (स्त्री०) आ+सद्+क्तिन् । संसर्ग । मेल । लाभ । निकट । न्यायमतमें अन्वययोग्य दोनों पदार्थोंको विना फरक बोलना.

आसंदः, (पु०) आसीदति अस्मिन् प्रलयकाले । निपातः । प्रलयकालमें संसार जिसमें समाजाता है । विष्णु । वासुदेव ।-दी (स्त्री०) आसद्यते अस्याम् । बैठाजाता है जिसपर । छोटा कौच । चौकी । आरामकुरसी.

आसन, (न०) आस्+ल्युट् । उपवेशन । बैठना । "आधारे ल्युट्" । पीठ आदि चौकी वगैरह । हाथीका स्कन्धदेश । सन्धि आदि राजाके ६ गुणोंमेंसे एक (शत्रुके किले आदिको रोक कर ठहरना) । आराम करना । आठ योगके अंगोंमेंसे तीसरा (पद्मासनादि) । जीरकका वृक्ष (पु०).

आसन्न, (त्रि०) आ+सद्+क्त । निकटस्थ । नजदीक उपस्थित.

आसव, (पु०) आसूयते । आ+सू+कर्मणि अण् । मद्यमात्र । हरएक तरहकी शराब । गन्नेका रस जो पका नहिं.

आसादन, (न०) आ+सद्+णिच्+ल्युट् । सन्निधापन । रखदेना । हमला करना । मिलना । सामने जाना । पाना । पूरा करना.

आसार, (पु०) आ+सृ+घञ् । धारासम्पात । जोरसे वर्सना । छमाछम वर्सना । जोरकी वर्षा । फैलना । सेनाओंका चारों ओर फैलना । "करणे घञ्" । मित्रका बल.

आसिकः, (पु०) असिः प्रहरणं अस्य–ठक् । खड्ग जिसका शस्त्र है । तरवारधारी.

आसिका, (स्त्री०) पर्यायेण आसनं, आस–ण्वुल् । बैठनेका नियम । नियमानुसार बैठजाना.

आसिच्, तु० प० । पानीका किसीपर वा किसीमें बहाना । सींचना । गीला करना । भरदेना.

आसित, (त्रि०) आस्+क्त । बैठगया । आराम किया हुआ.

आसिधारं, (न०) असिधारा इव अस्ति अत्र–अण् । तरवारकी धारपर चलनेकी भांति एक प्रकार कठिन व्रत.

आसुति, (स्त्री०) आ+सु+क्तिन् । मद्यनिषादन । शराब निकालना.

आसुर, (पु०) असुरसम्बन्धी । दैत्यका । यज्ञ न करनेहारा । आठ प्रकारके विवाहोंमेंसे एक । जिसमें वर, कन्या, पिता, वा उसके सम्बन्धिओंको धन देकर वधू लेता है । जैसे मोलपर वस्तु खरीदते हैं.

आसेचन, (त्रि०) न सिच्यते तृप्यते मनोऽत्र । आधारे ल्युट् । जहां मन नहिं रजता । बहुत सुन्दर दर्शन । छिडकाव । सींचना.

आसेध, (पु०) आ+सिध्+घञ् । राजाकी आज्ञासे दूसरे स्थानमें जानेकी रोक । कैद.

आसेवा, (स्त्री०) आ+सेव्+अ । अभिलाषपूर्वक बार बार प्रवृत्ति । एक कामको बारबार करना । बारबार अच्छीतरह सेवा करना.

आस्कन्दन, (न०) आस्कन्द्यतेऽत्र । आ+स्कन्द्–आधारे ल्युट् । निरादर करना । सुकाना । आक्रमण । हमला करना । आधारे घञ् । युद्ध.

आस्तर, (पु०) आ+स्तॄ–करणे अप् । विच्छौना । हाथीकी पीठका कम्बल । झुल । "आस्तरणम्" इसी अर्थमें होताहै.

आस्तावः, (पु०) आ+स्तु+घञ् । यज्ञमें मन्त्रपाठ करनेका स्थान । स्तुति । वैदिक गीत.

आस्तिक, (त्रि०) अस्ति परलोक इति मतिर्यस्य–ठक् । परलोक है ऐसी जिसकी बुद्धि हो । परलोकके होनेपनको माननेहारा । जरत्कारु मुनिका बेटा । जो वेद, शास्त्र, और ईश्वरको स्वीकार करे । "आस्तीक" इसी अर्थमें होताहै.

आस्तीर्ण, (त्रि०) आ+स्तॄ+क्त । फैलाहुआ । विस्तीर्ण.

आस्था, (स्त्री०) आ+स्था+अङ् । ध्यान । खयाल । पर्वाह । आदर । आशा । उम्मेद । सहारा । विश्वास । भरोसा । स्थिति । यत्न । "आधारे अङ्" । प्रतिष्ठा । इज्जत । स्थान । जगह.

आस्थान, (न०) आस्थीयतेऽत्र आस्था । आधारे ल्युट् । जहां बैठतेहैं । सभा । सहारा । चढना । यत्न । कोशिश । विश्रामस्थान । आरामकी जगह । "आस्थानी" भी.

आस्थित, (त्रि०) आ+स्था+क्त । निवास किया । ठहरा । चढा । पहुंचा । मानगया । बडे यत्नसे एक काममें लगगया । घिराहुआ । फैलाहुआ.

आस्पद, (न०) आ+पद्+घ-सुट् च । प्रतिष्ठा । इज्जत । पद । दर्जा । स्थान । कृत्य । काम । प्रभुत्व । बडापन । जगह । कमरा । लग्नसे दसवाँ स्थान (ज्योतिष्शास्त्रके अनुसार).

आस्फालन, (न०) आ+स्फल्-चलना-रगडना—णिच् ल्युट्। चलन । चलाना । घसना । पछाडना । रगडना । छट्टेमारना.

आस्फोट, (पु०) आ+स्फुट्+अच् । अर्कवृक्ष । पहिलवानोंका भुजाओंपर हाथसे ठोकना । तालठोकना । (कुश्ती-करनेके समय खम ठोकतेहैं) । कापना । नवमल्लिकावृक्ष.

आस्माक, (त्रि०)–की (स्त्री०) आस्माकीन । अस्मद् अण्–खञ् अस्माकादेशः । हमारा । हम लोगोंका.

आस्य, (न०) अस्यते ग्रासोऽत्र । अस्+आधारे ण्यत् । जहां ग्रास डाला जाताहै । मुख । मुंका मध्यभाग । मुखका (त्रि०).

आस्यपत्र, (न०) आस्यमेव पत्रं अस्य । जिसका मुखही पत्र हो । पद्म । कमल.

आस्या, (स्त्री०) आस्+भावे क्यप् । स्थिति । आसन । ठहरना । निवास.

आस्यासव, (पु०) आस्यस्य आसवः प्रसवः ६ त० । मुंका मद । लाला । थुथु । लार.

आस्रव, (पु०) आस्रवति मनोऽनेन । करणे अप् । जिस्से मन वह जाताहै । क्लेश । दुःख । तकलीफ । "भावे अप्" । निरन्तर वहना.

आस्वनित, आस्वान्त (त्रि०) आस्वन्+क्त । शब्दित । शब्द किया गया । बुलाया गया.

आस्वाद, (पु०) आ+स्वद्+कर्मणि घञ् । रस । सुआद । "भावे घञ्" । स्वाद लेना.

आहकः, (पु०) आ+हन्+ड–कन् । एक प्रकारकी नाककी व्याधि.

आहत, (त्रि०) आ+हन्+क्त । ताडन कियागया । चोट दियागया । ज्ञात । जानाहुआ । ढक्का । बाजा (पु०) । पुराना वा नया कपडा (न०).

आहन्, अ० प० । ताडन करना । मारना । अपने शरीरका कोई अंग कर्म होनेसे आत्मनेपद होजाता है । जैसे आहते शिरः । हन्ति । जघान । अवधीत् । हतः.

आहव, (न०) आहूयन्तेऽरयोऽत्र । आ+ह्वे+अप्-सम्प्रसारणे गुणः । जहां शत्रु बुलाये जातेहैं । युद्ध । लडाई । आहूयतेऽत्र "आ+हु+अप्" । जहां देवताओंको दियाजाताहै । यज्ञ । होम.

आहवनीय, (पु०) आहवनं अर्हति-छ । गृहस्थीके अग्निसे लेकर होमके लिये संस्कार कियागया अग्नि । "आ+हु+अनीयर्" । हवनीय । हवनके योग्य । होमके लायक.

आहार, (पु०) आ+हृ+घञ् । आहरण । लाना । किसी चीजका गलेके नीचे करना । भोजन । खाना । "कर्मणि घञ्" अन्नादि.

आहार्य, (त्रि०) आ+हृ+ण्यत् । आहरणीय । खानेके लायक । लानेयोग्य । आगन्तुक । अतिथि । नेपथ्य । तमाशेकी जगह । कृत्रिम । बनावटी । रसादिको प्रकाश करनेहारे जेवर वगैरह.

आहाव, (पु०) आ+ह्वे+घञ्-सम्प्रसारणे-वृद्धिः । खूएके पास गौ आदिके पानी पीनेके लिये पत्थर आदिसे रचागया जलका स्थान । चुवच्चा । लडाई । बुलाना । आह्वान.

आहित, (त्रि०) आ+धा+क्त । न्यस्त । रख्खागया । स्थापित । टिकायागया । डालाहुआ । कियाहुआ । संस्कार कियागया.

अहितुण्डिक, (त्रि०) अहितुण्डेन दीव्यति-ठक् । साँपके मुंसे खेलताहै । साँप पकडनेहारा । मदारी.

आहुति, (स्त्री०) आ+हु+क्तिन् । देवताके उद्देशसे मन्त्र पढकर अग्निमें घी डालना । देवताके लिये होममें घी दान करना.

आहूतिः, (स्त्री०) आ+ह्वे+क्तिन् । बुलाना । पुकारना.

आहेय, (न०) अहेरिदं ढक् । साँपकी कुञ्ज । विष (जहर)-आदि.

आहो, (अव्य०) प्रश्न । सवाल । विकल्प । विचार । सन्देह.

आहोपुरुषिका, (स्त्री०) अहमेव पुरुषः शूरः=अहोपुरुषः तस्य भावः कन्-स्त्रीत्वात् टाप् । अहंकारसे पैदाहुआ । अपनी बडाईका खयाल । दर्पजन्य आत्मोत्कर्ष । सम्भावना.

आहोस्वित्, (अव्य०) विकल्प । सन्देह । प्रश्न । सवाल । जाननेकी इच्छा.

आह्निक, (त्रि०) अह्ना साध्यं ठञ् । दिनका काम । स्नान सन्ध्या तर्पण आदि । भोजन (न०) समूह । ग्रन्थका हिस्सा । सदाकी क्रिया.

आह्लाद, (पु०) आ+ह्लाद्+घञ् । आनन्द । प्रसन्नता ।

आह्वय, (पु०) आ+ह्वे+श । नाम । जूआ.

आह्वान, (न०) आ+ह्वेञ्+ल्युट् । आकारण । आहूति । बुलाना.

आह्वे, भ्वा० प० । पुकारना । बुलाना । आमन्त्रण करना । अहंकारसे बुलाना । ह्वयति । जुहाव । अह्वत् । अह्वत.

इ

इ, (पु०) अस्य विष्णोरपत्यम् । अ+अञ् । विष्णुकी सन्तान । कामदेव । अस्येदम् । अ+इञ् । भेद । क्रोधमें कहाहुआ वचन । तिरस्कार । दया । खेद । विस्मय । हैरानी । निन्दा । सम्बोधन.

इ, जाना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । अयति । ऐषीत्.

इ(इण), अ० प० । जाना । पास आना । ऐति । इयाय । अगात् । एतुं । इत.

इकू, याद करना । अधिपूर्वक एव कित् । अदा० पर० सक० अनिट् । अध्येति । अध्यैषीत् । अधीयन्.

इक्षु, (पु०) इष्+क्सु । गन्ना । मीठे रसवाला पौंडा.

इक्षुकाण्ड, (पु०) इक्षोः काण्ड इव काण्डोऽस्य । काशवृक्ष । काही । गन्ना.

इक्षुपत्र, (पु०) इक्षोः पत्रं इव पत्रं अस्य । जिसका पत्ता गन्नेकासा हो । धान्यभेद । जुआर.

इक्षुमती, (स्त्री०) इक्षुस्तद्रसोऽस्त्यस्यां-मतुप् । जिस्में गन्नेकासा रस हो । एक नदी.

इक्षुर, (पु०) इक्षुं इक्षुगन्धं राति-क । तालमखाना । कोकिल वृक्ष.

इक्षुसार, (पु०) ६ त० । गुड । गन्नेका सार.

इक्ष्वाकु, (पु०) इक्षु इच्छां आकरोति । इक्षु+आ+कृ+उ-कटुतुम्बी । वैवस्वतमनुका बेटा । सूर्यवंशी प्रथम राजा.

इक्ष्वालिका, (स्त्री०) इक्षुरिव अलति व्याप्नोति-ण्वुल् । काश । काही.

इख्, जाना-इदित्-भ्वा० पर० सक० सेट् । इङ्खति । ऐङ्खीत्.

इग्, जाना-इदित्-भ्वा० पर० सक० सेट् । इङ्गति । ऐङ्गीत्.

इङ्, पढना- अधिपूर्व एव ङित् । अदा० आत्म० सक० अनिट् । अधीते । अध्यैष्ट-अध्यगीष्ट । अधिजगे । अध्यैष्यत-अध्यगीष्यत.

इङ्गित, (न०) इगि+क्त । अभिप्रायको प्रकाश करनेहारी शरीरकी क्रिया । मनोभिप्राय । आशय । संकेत । इशारह.

इङ्गुद, (पु०) इगि+उ-इङ्गुः रोगस्तं यति-दो+क । तापसतरु । तपस्वियोंका वृक्ष हिंगोट । "इङ्गुदी" इसी अर्थमें.

इच्छा, (स्त्री०) इष्+श । यह मेरे लिये हो इस प्रकारका मनोधर्मविशेष । सुख और उसका साधन । आत्माका धर्म । चाह.

इज्य, (पु०) इज्यतेऽसौ । यज्+क्यप् । सुरगुरु । देवगुरु । बृहस्पति । नारायण । परमात्मा । पूजाके लायक (त्रि०).

इज्या, (स्त्री०) यज्+भावे क्यप् । स्त्रीत्वात् टाप् । यज्ञ । दान । मिलाप "कर्मणि क्यप्" । प्रतिमा । गौ । कुट्टिनी.

इडा, (स्त्री०) इल्+अच्-वा । लस्य । डत्वम् । गौ । वाणी । भूमि । स्वर्ग । बुधकी स्त्री । शरीरके वाम भागकी टेढी नाडी.

इण्, जाना-अदा० पर० सक० अनिट् । एति । ऐषीत्.

इत, (त्रि०) इण्+क्त । गया । स्मरण किया हुआ । पाया हुआ । गत । स्मृत । प्राप्त.

इतर, (त्रि०) इना कामेन तरः । तॄ+अ । नीच । भिन्न । पामर । छोटे दरजेका । दूसरा.

इतरथा, (अव्य०) और प्रकारसे । अन्यथा.

इतरेतर, (त्रि०) इतर+द्वित्वम् । अन्योन्य । आपसमें परस्पर । मिथः.

इतरेद्युस्, (अव्य०) अन्यस्मिन्नहनि । दूसरे दिन । अगले दिन । और रोज.

इतस्, (अव्य०) यहांसे । मुझसे इस ओर । यहां । इधर । इसमें । अबसे.

इतस्ततः, (अव्य०) अस्मिन् तस्मिन् । इसमें उसमें । इधर उधर.

इति, (अव्य०) हेतु । प्रकाशन । निदर्शन । प्रकार । समाप्ति । प्रकरण । स्वरूप । निकटता । मत । प्रत्यक्ष । अवधारण । व्यवस्था । परामर्श । मान । प्रारम्भ । इसतरह । शब्दके स्वरूपको प्रकाश करनेहारा । प्रातिपदिकार्थद्योतक-इसके योगमें प्रथमा विभक्ति होती है । कभी कभी द्वितीयाके साथभी आता है । वाक्यके अर्थको प्रकाश करनेहारा.

इतिकर्तव्यता, (स्त्री०) इति कृत्वा इदं कर्तव्यं तस्य भावः । यह करके इसे करेंगे ऐसा काम करनेका क्रम । अवश्य करनेलायक.

इतिमध्ये, (अव्य०) अस्मिन् काले । इतनेमें.

इतिह, (अव्य०) उपदेशपरम्परा । देरसे सुनाजाता उपदेश । सुना । सुनाया अच्छा वचन । जैसे "इस वटपर भूत रहता है" यह सुनतेही चले आते हैं । किन्तु किसीने देखा नहीं.

इतिहास, (पु०) इतिह पारम्पर्योपदेश आस्तेऽस्मिन् । इतिह+आस+घञ् । "जिसमें पुरुषके चार अर्थों (धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष) का उपदेश प्राचीन कथाओंसे युक्त हो" ऐसे लक्षणसे युक्त पुराने वृत्तान्तका प्रकाशक । महाभारत, रामायण, श्रीभागवत आदि ग्रन्थ.

इत्थम्, (अव्य०) अनेन प्रकारेण । इस प्रकारसे । इस तरह । इस रीति । ऐसे.

इत्य, (त्रि०) इण्+क्यप्-तुक्च । प्राप्य । पहुंचनेके लायक जानेयोग्य.

इत्वर, (त्रि०) इण्+क्वरप् । पथिक । नीच । क्रूरकर्मा । दयारहित काम करनेहारा । नपुंसक (पु०) सत्वर । काला । तेज.

इत्वरी, (स्त्री०) इण्+क्वरप्+ईप् । अभिसारिका । जो प्यारेको मिलनेकी इच्छासे संकेत किये गये स्थानपर जाती है । व्यभिचारिणी । बदमाश औरत.

इदु, ऐश्वर्य होना-इदित् । भ्वा० पर० अक० सेट् । इन्दति । ऐन्दीत्.

इदम्, (त्रि०) (अयं-पुं०; इयं-स्त्री०; इदं-न०) यह किसी ऐसी चीजको जतलाता है जो कहनेहारेके नजदीक हो । सामने दिखलाई देरहा । चराचर । यह । यहां.

इदानीम्, (अव्य०) सम्प्रति । अब । इसवक्त । अभी । वरुक । अव.

इद्ध, (न०) इन्ध्+भावे क्त । आतप । धूप । दीप्ति । प्रकाश । आश्चर्य । "कर्तरि क्त" वृद्ध । बूढा । निर्मल । साफ (त्रि०).

इध्म, (न०) इन्ध्+मक् । समिधि । लकडी । आग जलानेके लिये काष्ठ.

इध्मः, (पु०) इध्यते अग्निः अनेन, इंध्+मक् । जिसके द्वारा अग्नि भडकती है । लकडी । यज्ञमें काम आनेवाली लकडी.

इन, (पु०) इण्+नक् । सूर्य । प्रभु । मालिक । नृपविशेष । एक राजा.

इन्दि(न्दी)वरं, (न०) इंदी=लक्ष्मीः तस्याः वरं=वरणीयं । अभीष्टम् । लक्ष्मीका पियारा । नीलोत्पल । लक्ष्मीके स्वीकार करने योग्य । नीला कमल.

इन्दिरा, (स्त्री०) इदि+इर । लक्ष्मी । धनकी देवी.

इन्दु, (पु०) उनत्ति चन्द्रिकया भुवं क्लिन्नां करोति । उन्द्+उ आदेरिच्च । जो चांदनीसे पृथिवीको गीलाकरदे । चन्द्र । चांद । मृगशिर नक्षत्र । एकसंख्या । कर्पूर । कपूर.

इन्दुकलिका, (स्त्री०) इन्दुरिव शुभ्रा कलिका यस्याः । चांदकी नाँई जिसकी कली सपेद हो । केतकीका पुष्प । केवडेका फूल.

इन्दुकान्त, (पु०) इन्दुः कान्तोऽभीष्टोऽस्य । जिसे चांद पियारा लगे । चन्द्रकान्तमणि । यह चांदके सामने पिघलतीहै.

इन्दुजनक, (पु०) ६ त० । चांदको पैदा करनेवाला समुद्र.

इन्दुजा, (स्त्री०) इन्दोर्जायते । जन्+ड । चांदसे निकली नर्मदा नदी.

इन्दुपुत्र, (पु०) ६ त० । बुधग्रह । चांदका पुत्र.

इन्दुभृत्, (पु०) इन्दुं बिभर्ति । भृ+क्विप् । शिवजी महाराज.

इन्दुमती, (स्त्री०) इन्दु+प्राशस्त्ये मतुप् । पूर्णिमा । अजराजकी स्त्री.

इन्दुरत्न, (न०) ६ त० । चांदका रत्न । मुक्ता । मोती । (चांददेवता होनेसे).

इन्दुलेखा, (स्त्री०) इन्दोर्लेखेव । चांदकी कला । सोमलता । अमृतालता । यमानिकालता.

इन्द्र, (पु०) इदि+र । देवताओंका स्वामी । परमेश्वर । ज्येष्ठानक्षत्र । बारह सूर्योंमेंसे एक । चौदहकी संख्या.

इन्द्रक, (न०) इन्द्रस्य कं सुखं इव कं यत्र । जहां मानों इन्द्रका सुख है । सभागृह । सभाका घर । कमेटीघर.

इन्द्रकील, (पु०) इन्द्रस्य कील इव अत्युच्चत्वात् । बहुत ऊंचा होनेसे इन्द्रकी मेख है । मन्दरपर्वत.

इन्द्रगोप, (पु०) इन्द्रो गोपो रक्षकोऽस्य वर्षाभवत्वात् । वर्षामें उपजनेसे इन्द्र जिसकी रक्षा कर्ताहै । इन्द्रसे रक्षा किया गया लाल रंगका कीडा । पटवीजना.

इन्द्रजाल, (न०) इन्द्रेण कौशलाद्यैश्वर्येण जालं द्रष्टुर्नेत्रावरणम् । आश्चर्य चतुराईसे नेत्रोंपर पड्दा डालदेना जिसमें वस्तुका असली स्वरूप नहिं दीख सक्ता । मन्त्र वा औषध आदिसे वस्तुका और स्वरूपसे नजर आना । कुहकवाजी । मायाका काम । छल.

इन्द्रजालिक, (त्रि०) इन्द्रजालं शिल्पं अस्य । ठन् । कुहककारी । माया रचनेहारा । मदारी । छलिया । कुछका कुछ दिखानेवाला.

इन्द्रजित्, (पु०) इन्द्रं जितवान् । जि–भूते क्विप् । जो इन्द्रको जीतगया रावणसुत । रावणका बेटा । मेघनाद.

इन्द्रधनुस्, (न०) इन्द्रस्य धनुरिव । मानो इन्द्रका धनुष् है । आकाशमें वायुसे चलाई गई धनुष् स्वरूपमें वदलीं सूर्यकी किरणें.

इन्द्रनील, (पु०) इन्द्र इव नीलः । इन्द्रकी नाँई नीला । जो दूधमें डालनेसे उसे नीला बनादे । पन्ना । मरकतमणि । नीलम.

इन्द्रप्रस्थ, (न०) इन्द्रस्य तत्स्थानमेरोः प्रस्थ इव । इन्द्रके स्थान सुमेरु पर्वतकी मानों एक चोटी है । दिल्ली शहर.

इन्द्रवंशा, (स्त्री०) वर्णवृत्त छन्दोभेद । बारह अक्षरोंके प्रतिपादवाला छन्दका भेद.

इन्द्रवज्रा, (स्त्री०) वर्णवृत्त । ग्यारह अक्षरोंके प्रतिपादवाला छन्दोभेद.

इन्द्रशत्रु, (पु०) इन्द्रः शत्रुः शातयिता यस्य । इन्द्र जिसका शत्रु है । वृत्रासुर.

इन्द्रसुत, (पु०) ६ त० । जयन्त । इन्द्रका बेटा । मध्यम पाण्डव । अर्जुन । अर्जुनवृक्ष । वाली नाम वानर.

इन्द्राणी, (स्त्री०) इन्द्रस्य पत्नी–ङीष्-आनुक् च । इन्द्रकी स्त्री । शची । सिन्धुवारवृक्ष । मोटी इलायची । छोटी इलायची । गौरी आदि सोलह माताओंमें पहिली माता । एक प्रकारकी तना.

इन्द्रायुध, (न०) इन्द्रस्य आयुधं धनुरिव । मानों इन्द्रका धनुष् है । इन्द्रका धनुष् । सूर्यकी किरणोंसे उपजताहै.

इन्द्रिय, (न०) इन्द्रस्य प्रत्यगात्मनः अनुमापकं लिङ्गम् । सर्वव्यापी परमात्माको जतानेका चिह्न (निशान) । "इन्द्र+घ" । ईश्वरसे रचगयां । ज्ञान और कर्मके साधन आंख वगैरह । चक्षुः, श्रोत्र, घ्राण, रसना, त्वचा, (ज्ञानेन्द्रिय) । वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ (कर्मेन्द्रिय) प्राण, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार.

इन्द्रियार्थ, (पु०) इन्द्रियाणां अर्थो विषयः । इन्द्रियोंके विषय (जानेलायक) शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध (ये पाँच विषय).

इन्द्रियायतन, (न०) ६ त० । इन्द्रियोंका विश्रामस्थान ।

इन्द्रियार्थसन्निकर्ष, (पु०) इन्द्रियाणां अर्थैः (स्वस्वविषयैः सह) सन्निकर्षः सम्बन्धः । इन्द्रियोंका अपने अपने विषयोंके साथ सम्बन्ध (रिश्ता) । प्रत्यक्ष ज्ञानका कारण इन्द्रिय और विषयका संयोग (मेल).

इन्ध्-चमकना, रुधादि० आ० अक० सेट् । इन्धते । ऐन्धिष्ट.

इन्धन, (न०) इध्यतेऽग्निरनेन । इन्ध्-करणे ल्युट् । जिससे आग जलतीहै । काष्ठ । लकड़ी । बाल्लन.

इभ, (पु०) इण्+भ-किच । हस्ती । हाथी । आठकी संख्या । फील.

इभकणा, (स्त्री०) इभोपपदा कणा । शाक० त० । गजपिप्पली । पीपल.

इभनिमीलिका, (स्त्री०) इभं हस्तिनं अपि निमीलयति (सेवनात् निद्रापयति) । जिसका सेवन करनेसे हाथीकोभी नींद आजाय । भङ्गा । भांग । विजया । भांगबूटी.

इभपालक, (पु०) इभं पालयति । जो हाथीको पालताहै । हस्तिपक । महौत.

इभ्य, (त्रि०) इभं हस्तिनं अर्हति-यत् । बड़े धनवाला । आढ्य । राजा.

इभ्या, (स्त्री०) इभ+यत्+टाप् । हस्तिनी । हथिनी.

इयत्, (त्रि०) इदं परिमाणं अस्य । इदम्+वतुप् । एतावत् । इतना.

इयत्ता, (स्त्री०) इयतो भावः तल् । इतनेका होना । सीमा । हद्द । परिमाण । माप । संख्या । गिनती.

इरम्मद, (पु०) इरया जलेन माद्यति वर्धते । इरा+मद्+खश् ह्रस्वः मुम्च । जो पानीसे बढे । वज्राग्नि । बिजली । वाडवानल । समुद्रकी आग (जो घोडीकी शकलमें है).

इरा, (स्त्री०) इण्+रक् । इं-कामं राति । रा+क वा । भूमि । पृथ्वी । वाणी । सुरा । मद्य । शराब । जल । अन्न । कश्यपकी स्त्री.

इरावती, (स्त्री०) इरां भूमिं अवति । अव+शतृ+ङीप् । वटपत्रवृक्ष । एक नदीका नाम जो पंजाबमें है, जिसे रावीभी कहते हैं । वह पत्थरोंकोभी फाडकर जमीनपर आतीहै.

इरिण, (न०) ऋ+इन्+किच । ऊषरभूमि (जहां बीजबोयागया नहिं उपजता) । आसरेके बिना । शून्य । सूना.

इरेश, (पु०) ६ त० । वरुण । बृहस्पति । राजा । विष्णु.

इर्वारु, (ऊ) (स्त्री०) उर्व+आरु-पृषो० । काकुड । ककडी । कर्कटी । आलू.

इल्, सोना अक० । जाना-फेंकना सक० । तुदा० पर०.

इल्, फेंकना चुरा०उभ०सक०सेट् । एलयति-ते । ऐलिलत्-त.

इलविला, (स्त्री०) पुलस्त्यमुनिकी स्त्री । कुबेरकी माता । इसी संबंधसे कुबेरका नाम ऐलविल है.

इला, (स्त्री०) इल्+क । भूमि । पृथिवी । गौ । वाणी । जम्बुद्वीपके ९ वर्षोंमेंसे एक । वैवस्वतमनुकी कन्या बुधकी स्त्री (वह विष्णुके वरसे पुरुष होकर महादेवके शापसे स्त्री होगई । बुधने उसे विवाह कर पुरूरवाको उत्पन्न किया । यह चरित्र पुराणमें प्रसिद्ध है).

इलावृत, (न०) इला पृथिवी वृता येन । जो पृथिवीको घेरे हुए है । जम्बुद्वीपके नौ वर्षोंमेंसे एक । चारों सीमावाला देश । "पश्चान्माल्यवतः प्राच्यां गन्धमादनशैलतः । इलावृतं नीलगिरेर्याम्यतो निषधादुदक्" । जगत्के ९ भागोंमेंसे एक.

इली, (स्त्री०) इल्+इन्-ङीष् । हाथछुरी । करवालिका । छोटी तरवार.

इल्वल, (पु०) इल्+वलच्-नि० गुणाभाव । अत्यन्त चञ्चल मत्स्यविशेष । एकप्रकारका मच्छ । दैत्यभेद (जिसे वसिष्ठने नाश किया । मृगशिरके पाँच तारे (स्त्री०).

इव्, फैलना । इदित । भ्वा०पर०सक०सेट् । इन्वति । ऐन्वीत्.

इव, (अव्य०) सादृश्य । बराबरी । उत्प्रेक्षा । मानों । थोडा । वाक्यालङ्कार.

इष्, जाना-सरकना । दिवा०पर०सक०सेट् । इष्यति । ऐषीत्.

इष्, चाहना । तुदा०पर०सक०सेट् । इच्छति । ऐषीत् । एषिता-एष्टा.

इष, (पु०) इष्-जाना+क्विप् । जिसमें जयकी इच्छा करनेहारे यात्रा करतेहैं । आश्विनमास । असुजका महिना.

इषु, (पु०) इष्यते हिंस्यतेऽनेन । जिससे मारते हैं (स्त्री०) इष्+उकित् ह्रस्वश्च । बाण । तीर । पाँचकी संख्या.

इषुधि, (पु०) (स्त्री०) इषवो धीयन्तेऽत्र । धा+कि । बाणाधारतूण । बाणका आश्रय तूण । तर्कस । जहां बाण रक्खे जाँय.

इष्ट, (त्रि०) इष्+क्त । पूजित । आदर कियागया । अभिलषित । चाहागया । पियारा । "यज्+क्त" (यज्ञादिका काम) एरण्डका वृक्ष (पु०) । संस्कार (न०) । चाह । धर्मका कार्य.

इष्टका, (स्त्री०) इष्+तकन् । मट्टी आदिका बनाहुआ एक प्रकारका मट्टीका टुकडा । ईंट.

इष्टा, (स्त्री०) इज्यतेऽनया । यजु-करणे क्त । शमीवृक्ष । जंडीका दरख्त.

इष्टापूर्त, (न०) इष्टं च पूर्तं च द्वयोः समाहारः पूर्वपददीर्घः । अग्निहोत्र, तप, सत्य, यज्ञ, दान, वेदरक्षा, आतिथ्य, वैश्वदेव और ध्यान आदि धर्मकार्य (इष्ट), और बावली, खूआ, तालाव, देवमन्दिर, अन्नदान और बागका लगाना आदि पूर्त कहाजाताहै । बहुतोंकी भलाईका काम.

इष्टि, (स्त्री०) यज्+क्तिन् । यज्ञ । दर्शपौर्णमासयज्ञभेद । "इष्+क्तिन्" अभिलाष । इच्छा । चाह । ख्वाहिश.

इष्म, (त्रि०) इष् इच्छायां–कर्मणि मक् । इच्छा करनेवाला । चाहनेवाला ।–ष्मः (पु०) कामदेव । वसन्त.

इष्यः,–ष्यं (पु० न०) इष्+क्यप् । बसन्त । बहार.

इष्वसन, (पु०) इषुः अस्यते क्षिप्यतेऽनेन । अस्+ल्युट् । ६ त० । धनुष्.

इष्वास, (पु०) इषवः अस्यन्तेऽनेन । अस्+घञ् । ६ त० । जिस्से तीर फेंकतेहैं । चाप । धनुष् । "इषून् अस्यति अण्" । बाण चलानेहारा (त्रि०).

इह, (अव्य०) अस्मिन् काले । इससमय । इसदेशमें । इसदिशामें.

इहत्य, (त्रि०) इह+त्यप् । यहांका । इस स्थानका । इस संसारका.

(ई)

ई, (स्त्री०) अस्य विष्णोः पत्नी ङीष् । विष्णुकी स्त्री । लक्ष्मी । (पु०) कामदेवका नाम । (अव्य०) दिलका टूटना । दरद । शोक । गुस्सा । अनुकम्पा । मिहर्बानी । प्रत्यक्ष । पुकारना.

ई, चाहना-अक० । जाना और फैलना-सक० अदा० पर० अनिट् । एति । ऐषीत्.

ई, जाना-दिवा० आत्म० सक० अनिट् । ईयते । ऐष्ट.

ईक्ष्, देखना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । ईक्षते । ऐक्षिष्ट.

ईक्षण, (न०) ईक्ष्+भावे ल्युट् । दर्शन । देखना । "करणे ल्युट्" । नेत्र । आंख.

ईक्षणिक, (त्रि०) ईक्षणं शुभाशुभदर्शनं शिल्पं अस्य ठन् । स्त्रियां टाप् । जिसका जीवन अच्छे वा बुरे फल कहनेसे चलता है । हाथकी रेखापर फल कहनेहारा । दैवज्ञ । ज्योतिषी.

ईक्षा, (स्त्री०) ईक्ष्+अ । दर्शन । देखना.

ईक्षित, (त्रि०) (ईक्ष्+क्त) देखा हुआ । ध्यान किया गया । तं० न० देखना.

ईक्षितृ, (त्रि०) ईक्ष्-तृच् । देखनेवाला । खयाल करनेवाला.

ईड्, स्तुति करना । तारीफ करना । चुरा० उभ० सक० सेट् । ईडयति-ते । ऐडिडत्-त.

ईड्, स्तुति करना । सराहना । अदा० आत्म० सक० सेट् । ईट्टे । ईडिषे । ईडिध्वे । ऐडिष्ट.

ईडा, (स्त्री०) ईड+अ । स्तुति । प्रशंसा । तारीफ.

ईडित, (त्रि०) ईड+क्त । स्तुति कियागया । कृतस्तव.

ईति, (स्त्री०) ईयतेऽनया । ई+क्तिन् । खेतीके छ प्रकारके उपद्रव जैसे बहुत वर्षा न होना, मकडि, मूसा, तोता, राजाओंका नजदीक आना । सफर करना । कष्ट.

ईदृक्ष, (त्रि०) अयमेव दर्शनं अस्य । इदम्+दृश्-क्स । इशादेशे दीर्घः । जो इसकी नाँई दीखताहै । ऐसा । इसके सदृश.

ईदृश, (त्रि०) अयमेव दर्शनं अस्य । इदम्+दृश्+क्विन्-इशादेशे दीर्घः । एतादृश । जो देखनेमें ऐसा है । ऐसा "ट" ईदृशः । इसी अर्थमें । स्त्रियां ङीप् । ईदृशी.

ईप्सा, (स्त्री०) आप्तुं इच्छा, आप्+सन्+अ । पानेकी इच्छा.

ईप्सित, (त्रि०) आप्+सन्+क्त । आप्तुमिष्ट । पानेको चाहागया । इष्ट । अपेक्षित । जरूरी.

ईप्सु, (त्रि०) आप्+सन्+उ । पानेकी इच्छा करनेवाला.

ईर्, जाना । चुरा० उभ० । पक्षे-भ्वा० पर० सक० सेट् । ईरयति-ते । ईरति । ऐरिरत्-त । ऐरीत्.

ईरिण, (त्रि०) ईर+इनन् । जंगली । वह स्थान जहां बीज बोआ गया नहीं उगता.

ईरित, (त्रि०) ईर+क्त । भेजा गया । प्रेरणा किया गया । चलाया गया । कहागया.

ईर्म, (न०) ईर्+मक् । व्रण । घाव । फोडा । जखम । "ईर्मं" भी होताहै.

ईर्ष्य्, ईर्षा करना । हसद करना । भ्वा० पर० अक० सेट् । ईर्ष्यति.

ईर्ष्या–र्षा, (स्त्री०) ईर्ष्य+अ । परोत्कर्षासहिष्णुता । दूसरेकी बडाईको न सहारना । वैर । हसद । दुश्मनी.

ईर्षालु, (त्रि०) ईर्षा लाति । ला+डु । ईर्षायुक्त । दूसरेकी वृद्धि न देखसकनेहारा.

ईला, (स्त्री०) ईड्+क डस्य लत्वम् । पृथिवी । वाणी । गौ । स्तुति.

ईलित, (त्रि०) ईड्+क्त-डस्य लत्वम् । स्तुत । तारीफ कियागया.

ईश्, (पु०) ऐश्वर्य होना । हुक्मत करना । अदा० आत्म० सक० सेट् । ईष्टे । ईशिषे । ईशिध्वे । ऐशिष्ट.

ईश, (त्रि०) ईश्+क । आज्ञा चलानेवाला । अधिकार रखनेवाला ।–शः (पु०) स्वामी । मालिक । रुद्र । ग्यारहवी संख्या.

ईशनम्, (न०) ईश्+ल्युट् । आज्ञा चलाना । हकूमत करना । इख्तिआर.

ईशान, (पु०) ईश्+शानच् । महादेव । परमेश्वर । शिवजीकी आठ मूर्तिओंमेंसे सूर्यकी मूर्ति । शमीवृक्ष । स्वामी (त्रि०).

ईशिता, (स्त्री०) ईशिनो भावः तल् । अणिमादि आठ ऐश्वर्योंमें सबपर मालिकपना । "ईशित्वम्" इसी अर्थमें.

ईशितृ, (त्रि०) ईश्+तृच् । मालिक । हुकूमत करनेवाला । –ता (पु०) जगत्का स्वामी.

ईश्वर, (पु०) ईश्+वरच् । महादेव । कामदेव । पातञ्जलके अनुसार क्लेश-कर्मविपाकाशयोंसे न छूआहुआ पुरुषविशेष । चैतन्यात्मा । सर्व सामर्थ्यवाला परमेश्वर । प्रभवादिके मध्यमें एक वरिसका नाम । पहिला । स्वामी (त्रि०) "स्त्रियां ङीष्" ईश्वरी । दुर्गा । लताभेद.

ईष्, (भ्वा० उ०) भाग जाना । उडजाना । बचाना । सिला चुगना । तालाश करना । देना । आक्रमण करना । मारना । ईषति-ते । ऐषीत् । ईषितुं । ईषित.

ईष, (पु०) ईस्+क । (त्रि०) स्वामी । मालिक । महादेव । परमेश्वर.

ईषत्, (अव्य०) अल्प । थोडा । किञ्चित् । कुछ.

ईषत्कर, (पु०) ईषत्+कृ० खल् । लेश । अल्प । थोडासा । अल्पप्रयाससाध्य (त्रि०) थोडे यत्नसे सिद्ध होनेहारा.

ईषदुष्ण, (पु०) 'ईषदक्ता'इति-त० । अल्पतप्त । मन्दोष्ण । थोडा तपाहुआ (गरम).

ईषा, (स्त्री०) ईष्+क । हलदण्ड । हलका डण्डा (फाल).

ईषिका, (स्त्री०) ईषेव "इवे प्रतिकृतौ" इति कन् । हस्तिनेत्रगोलक । हाथीकी आँखका गोलक (डेला) । तूलिका । मूरत लिखनेवालेकी कलम । अस्त्रभेद.

इषि(षी)का, (स्त्री०) इष्-गत्यादौ क्वुन् अत इत्वम् । कान्ता । घासका तिनका.

ईह, चेष्टाकरना-हर्कत करना । भ्वा० आ० अक० सेट् । ईहते । ऐहिष्ट.

ईहा, (स्त्री०) ईह्+अ । चेष्टा । उद्यम । वाञ्छा । कोशिश.

ईहित, (त्रि०) ईह+क्त मृगित । खोजागया । धूंडागया । चाहागया । प्रार्थना कियागया । "भावे क्त" इच्छा । चाह.

(उ)

उ, शब्द करना । आवाजकरना-भ्वा-आत्म० सक० अनिट् । अवते । औष्ट.

उ, (अव्य०) सम्बोधन । बुलाना । क्रोधका वचन । गुस्सेसे बोलना । दया । हुकम । विस्मय । हैरानी । "अत्+ड्" शिवजी.

उक्त, (त्रि०) वच्+क्त । कथित । कहागया । एक अक्षरके पादका छन्द (स्त्री०) "भावे क्त" कथन । कहना (न०).

उक्ति, (स्त्री०) वच्+क्तिन् । कथन । कहना.

उक्थ, (न०) वच्+थक । नौ प्रकारके सामवेदका एक भाग । सामवेदका प्रधान अङ्ग । महाव्रताख्य यज्ञ । प्राण.

उक्थशास, (पु०) उक्थानि सामावयवशास्त्राणि शंसति शंस+क्विप्-नि० । जो सामभागकी प्रशंसा कर्ता है । यजमन.

उक्ष्, सीचना (भ्वा० पर० सक० सेट्) । उक्षति । औक्षीत् । उक्षांवभूव.

उक्षणं, (न०) उक्ष्+ल्युट् । सींचना । सींचनेद्वारा राजतिलक देना.

उक्षतर, (पु०) तनुरुक्षा, उक्षन्० तनुत्वेर्थे ष्टरच् । तीसरी अवस्थाको पहुंचा हुआ बैल । बडा बैल । महावृषभ.

उक्षन्, (त्रि०) उक्ष्+कनिन् । बडा । सींचनेवाला (क्षा० पु०) वृषभ=बैल । सूर्य.

उक्षित, (त्रि०) उक्ष्+क्त । सींचागया । गीला किया गया । शुद्ध किया गया । सुगन्धित किया गया.

उख्,-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । ओखति । औखीत् । उवोख.

उखा, (स्त्री०) उख+क । पाकपात्र । पकानेकेलिये पात्र । देशका । हाँडी.

उग्र, उच्०रक् । गश्चान्तादेशः । महादेव । वायुकी मूर्ति धारण करनेहारे शिवजी । क्षत्रियसे विवाही गई शूद्रामें उत्पन्न । संकीर्ण (दोगला) वर्ण । सुहांजना । उत्कट (त्रि०) जोरका । बडा । सख्त । वचा । यवानी । कोपी । गुस्साकरनेहारा । नक्षत्रसमूह । एक प्रकारका विष (स्त्री०ङीप्) उग्री । निर्दय (बेरहम) स्त्री.

उग्रकाण्ड, (पु०) उग्रः काण्डोऽस्य । करेला । कारवेल्लवृक्षभेद.

उग्रगन्ध, (पु०) उग्रः गन्धः पुष्पेऽस्य । जिसके फूलमें वडी गन्ध हो । चम्पक । चमेली । चम्वा । कटफल । अर्जकवृक्ष । लशुन । लसन । हींग (न०) तेजगन्धवाला (त्रि०).

उग्रता-त्वं, (स्त्री० न०) उग्र+तल् त्व । भीषणता । उरावनापन । तेजपना । क्रोध.

उग्रधन्वन्, (पु०) उग्रं धनुर्यस्य ब० अनङ्स० । जिसका धनुष् बडा तेज हो । शिव । इन्द्र । तेज धनुष्वाला (त्रि०).

उग्रम्पश्य, (त्रि०) उग्रं पश्यति, उग्रदृश्+खश्+मुम् । डरावनी दृष्टिवाला । भयानक । दुष्ट । बदमाश.

उग्रश्रवस्, (पु०) उग्रं उत्कटं श्रवः कर्णो यस्य । जिसका कान तेज हो अर्थात् उपदेशको झटही ग्रहण करले । रोमहर्षणका पुत्र पौराणिक (पुराणजाननेहारा).

उग्रसेन, (पु०) उग्रा सेना अस्य । जिसकी सेना जोंरावर हो । यदुवंशमें हुआ आहुक नाम हंसका पिता । राजा । मथुरा नगरीका राजा । धृतराष्ट्रका पुत्र.

उच्, इकठ्ठा करना । लायक होना । दि० पर० सक० सेट् । उच्यति । औचत् । औचीत्.

उचथं, (न०) उच्यते=स्तूयते अनेन, वच्+कथन् । जिस्से स्तुति कीजाती है । स्तुति करनेका मन्त्र । स्तोत्र.

उचथ्य, (त्रि०) उक्थ+यत् । स्तुति करनेयोग्य । तारीफके लायक.

उचित, (त्रि०) उच्+क्त । वक+कितकबा । लायक । मुनासिब । यथार्थ । ठीक । रक्खागया । परिचित । जुडाहुआ.

उच्च, (त्रि०) उत्क्षिप्य बाहू चीयते । उद्+चि+ड । जो भुजा उठाकर पकडे । उन्नत । ऊंचा.

उच्चतरु, (पु०) कर्म० नारिकेल । नरेलका दरख्त.

उच्चाटन, (न०) उद्+चट्+णिच्+ल्युट् । उत्पाटन । उखाडना । अपनी जगहसे अलग करना । तन्त्रोक्त "अभिचारभेद" । "उच्चाटनं स्वदेशादेर्भ्रंशनं परिकीर्तितम्".

उच्चार, (पु०) उद्+चर्+णिच्+घञ् । उच्चारण । कहना । "कर्मणि घञ्" । विष्ठा । मल.

उच्चावच, (त्रि०) उदक् उत्कृष्टं च अवाक् अपकृष्टं च । मयू० नि० । बडे छोटे कईभेद । तरहतरहके । अनेक प्रकारके.

उच्चूलन (ड), (पु०) उन्नता चूडा यस्य डस्य लत्वम् । जिसकी चोटी उंची हो । ध्वजोर्ध्वस्थित वस्त्रखण्ड । झण्डेके ऊपरका कोना । झण्डा । झण्डेके ऊपर बंधाहुआ भूषण.

उच्चैःश्रवस्, (पु०) उच्चैरुन्नतं श्रवोऽस्य । जिसके कान ऊंचेहों । उंचे कानवाला समुद्रमेंसे उपजा इन्द्रका वाहन (सवारी) घोडा । "उच्चैः उच्चशब्दं शृणोति-श्रु+असुन्" बधिर । बहिरा.

उच्चैर्घुष्ट, (न०) "उच्चैस्+घुष्+क्त । उच्चघोषणा । ढण्डोरा । डौण्डी.

उच्चैस्, (अव्य०) ऊंचा बडा । लम्बा । पूरा पूरा.

उच्छास्त्र, (त्रि०) उद्गतं शास्त्रात् । ग० स० । अतिक्रान्तशास्त्र । शास्त्रको लांघगया । शास्त्रविरुद्ध । अधर्मका काम.

उच्छिख, (त्रि०) उद्गता शिखा यस्य । प्रा० ब० जिसकी लाट वा जिसका आगेका भाग ऊंचा हो । आगेसे ऊंचा.

उच्छित्ति, (स्त्री०) उद्+छिद्+क्तिन् । उच्छेद । नाश । तवाह.

उच्छिलीन्ध्र, (न०) उच्छिखं शिलीन्ध्रं । ऊपरको उठा शिलीन्ध्र । छत्राक । खुंब । मशरूमसे भराहुआ.

उच्छिष्ट, त्रि०) उद्+शिष्+क्त । भुक्तावशिष्ट । खानेसे बचरहा । छोडागया । जूठा.

उच्छीर्षक, (न०) उत्थापितं शय्यात उत्तोल्य स्थापितं शीर्षं यस्मिन् ब० कप् । छेजसे उठाकर जिसपर सिर रक्खाजाय । शीर्षोपधान । तकिया । सिर्हाना । बालिश.

उच्छून, (त्रि०) उद्+श्वि+क्त । स्फीता । फूलाहुआ । बढाहुआ.

कपिकेतन, (पु०) कपिः केतनं ध्वजरूपं चिह्नं यस्य । जिसकी ध्वजापर वानरका चिह्न हो । अर्जुन । "कपिध्वज" (त्रि०).

कपिञ्जल, (पु०) कमिव पिञ्जलं पिजि+कलच् । गौरतित्तिर । गोरातीतर । चातक । पपीहा । "कपिञ्जलानालभेत" इति श्रुतिः.

कपित्थ, (पु०) कपिस्तिष्ठति अत्र । तत्फलप्रियत्वात् । स्था+क-पृषो० । जहां वानर बैठताहै, इसका फल उसे प्रिय होताहै । (कैतवेल) वृक्षभेद.

कपित्थास्य, कपित्थं इव आस्यं यस्य । जिसका मुख कपित्थकी नांई हो । गोलाङ्गूलनामी वानरका भेद.

कपिप्रिय, (पु०) ६ त० । आम्रातक वृक्ष । कपित्थका वृक्ष.

कपिरथ, (पु०) कपिः हनुमान् रथ इव वाहनं यस्य । हनुमान् जिसका रथकी नांई वाहन हो । रामचन्द्र । अर्जुन.

कपिल, (पु०) कप्+इलच्-पादेशः । अग्नि । वासुदेव । सांख्यशास्त्रके बनानेहारा एक मुनि (वह कर्दमप्रजापतिसे देवहूतीमें भगवान्के अंशसे उत्पन्न हुआ) । कुत्ता । एकदैत्य । पीलारंग । पीलेरंगवाला (त्रि०) । सोनेके रंगकी गौ । एक नदी । सुगन्धिवाली वस्तु । धूप । पुण्डरीकनाम दिग्गजकी हथिनी (स्त्री०).

कपिलधारा, (स्त्री०) कपिलेव शुद्धा धारा यस्याः । कपिलाकी नांई जिसकी धार साफ हो । स्वर्गकी नदी । गंगा । एक तीर्थ जो काशीमें प्रसिद्ध है.

कपिलाश्व, (पु०) कपिलरूपेण अश्वहरणात् । कपिलरूपमें घोडा चुरानेसे । कपिलवर्णाश्वयोगाच्च । पीले रंगका घोडा होनेसे । इन्द्र । देवोंका राजा । देवराज.

कपिलोह, (न०) कपितुल्यं पिङ्गलं लोहधातुः । वानरके समान पीला लोहाधातु । पीतल । पित्तल.

कपिवक्त्र, (पु०) कपेर्वक्त्रमिव वक्त्रं अस्य । जिसका मुख वानरके मुखकेसमान है । नारद (इसका मुख शापसे वानरका होगया था यह पुराणमें प्रसिद्ध है).

कपिवल्ली, (स्त्री०) कपिरिव तल्लोमतुल्या वल्ली । वानरके रोमोंके समान जिसकी वेल हो । गजपिप्पली.

कपिश, (पु०) कपिः कपिलवर्णोऽस्यास्ति । अस्त्यर्थे शः । जिसका रंग पीला हो । (शिलारस) सिल्हक । कालापीला मिलाहुआ रंग । वैसे रंगवाला (त्रि०) । एकनदी । माधवीलता (स्त्री०).

कपिशीर्ष, (न०) कपीनां प्रियं शीर्षं अग्रं शाक० । जिसका सिरा वानरोंको प्रिय है । प्राकाराग्र । कोटकी अगली ओर.

कपीज्य, (पु०) कपिभिः इज्यते । यज्+क्यप् । क्षीरिकावृक्ष । एकपौधा.

कपीन्द्र, (पु०) कपिः इन्द्र इव । वानर मानो इन्द्र है । हनुमान् । वानरोंका राजा । सुग्रीव.

कपीष्ट, (पु०) कपीनां इष्टः । राजादनवृक्ष । कपित्थ.

कपूय, (त्रि०) कुत्सितं पूयते । कुत्सित निन्दित । बुरा कमीना । बदशकल.

कपोत, (पु०) को वातः पोत इव यस्य । पारावत । कबूतर । पक्षिमात्र । परिंदा.

कपोतक, (न०) कपोत इव कायति प्रकाशते । कै+क । सौवीराञ्जन । सुरमा । जो कबूतरकी नांई चमकता है.

कपोतपालिका, (स्त्री०) पालयति पाल्+ण्वुल्-उप० । महल आदिके सिरेपर काष्ठ आदिसे रचागया पक्षिओंके निवासका स्थान । विटङ्क । पायराखोप । दडभा । पक्षिओंके रहनेके लिये छतरी छज्जा । "कपोतपाली".

कपोतवर्णी, (स्त्री०) कपोतस्य वर्णं इव वर्णो यस्याः । गौरा० ङीष् । जिसका रंग कबूतरके समान हो । सूक्ष्मैला । छोटी इलायची.

कपोतारि, (पु०) कपोतस्य अरिः ६ त० । कबूतरका शत्रु । श्येनपक्षी । बाज.

कपोल, (पु०) कप्+ओलच् । गण्ड । गल्ल । गाल.

कफ, (पु०) केन जलेन फलति । फल्+ड । शरीरका धातुभेद । श्लेष्मा । बलगम.

कफकूर्चिका, (स्त्री०) कफं कूर्चति विकरोति । कूर्चविकार होना-बदलना ण्वुल् । लाला । लार । मूंका मद । थूथु । थूक.

कफणि, (पु०) (स्त्री०) केन जलेन फणति स्फुरति इन् । भुजाके बीचकी गांठ । कूर्पर । कुहुई । कोहनी । "स्त्रीत्वे वा ङीप्".

कफविरोधिन्, (पु० न०) कफं विरुणद्धि । वि+रुध्+णिनि । जो कफको रोकदे । मरिच । कफका विरोधी (त्रि०).

कफारि, (पु०) ६ त० । कफका शत्रु । सुण्ठी । सोंठ.

कफिन्, (त्रि०) कफ अस्ति अर्थे इन् । कफवाला । बलगमसे भराहुआ.

कबन्ध, (पु०) कं मुखं बध्नाति । बन्ध्+अण् । मुखको बांधनेहारा । कं बध्यते छिद्यतेऽस्मात् । बन्ध्+घञ् । जिस्से सिर काटाजाताहै । केन वायुना बध्यते । वायुसे रुकनेवाला । उदर । पेट । धूमकेतु । राहु । राक्षसभेद । जल (न०) । सिरसे बिना क्रियाकरनेहारा शरीर । धड । पानी । बोदीवाला तारा । बिनासिरके देह.

कम्, (अव्य०) पादपूरण । जल । पानी । मस्तक । मुख । मंगल । निंदा.

कम्, चाहना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । कामयते । अचीकमत-अचकमत.

कमठ, (पु०) कम्+अठन्। कच्छप। कच्छु। संन्यासिओंका जलपात्र (न०)

कमण्डलु, (पु० न०) मण्डनं मण्डः कस्य जलस्य मण्डं लाति ला+कु। जो पानीकी सजावटको ग्रहण करे। संन्यासिओंका जलपात्र। मट्टी वा लकडीका पात्र जो भिक्षुलोक हाथमें रखते हैं। लक्षवृक्ष। चौपाओंका भेद.

कमन, (त्रि०) कामयते। कम्+ल्यु। कामुक। कामी। अभिरूप। सुन्दर। अशोकवृक्ष.

कमनच्छद, (पु०) कमनः सुन्दरः छदोऽस्य। जिसका पत्ता सुन्दर है। कङ्कपक्षी। वगुला.

कमनीय, (त्रि०) कम्+अनीयर्। मनोहर। कामनायोग्य। चाहनेलायक। सुन्दर। बहुत उंदा.

कमल, (न०) कं जलं अलति भूषयति। कम्+अल्+अच्। जो जलको सजा देताहै। पद्म। कमल। फूल। ताम्र। तांवा। औषध। मृगविशेष। सारसपक्षी (पु०)। जल (न०).

कमलख(ष)ण्ड, (न०) कमलानां समूहः। कमल+(ष)ण्डच्। पद्मसमूह.

कमला, (स्त्री०) कमलं विद्यतेऽस्याः। अर्शआदिलात् अच्। लक्ष्मी। कम्+अलच्। वरस्त्री। सुन्दरस्त्री.

कमलालया, (स्त्री०) कमलं आलयो यस्याः। जो कमलमें वास कर्ताहै। लक्ष्मी.

कमलासन, (पु०) कमलं आसनं यस्य। जिसका आसन कमल है। ब्रह्मा.

कमलिनी, (स्त्री०) कमलानां समूहः देशो वा। कमल+इनि। कमलोंका समूह। पद्मोंवाली लता.

कमलोत्तर, (न०) कमलं इव उत्तरं उत्कृष्टम्। कुसुम्भका फूल.

कमितृ, (त्रि०) कम्+तृच्। कामुक। कामी। शश्वती। चाहनेहारा.

कम्प्, तु० आ० कम्पते। चकम्पे। अकम्पिष्ट। कम्पित। कांपना। थरथरना। इधर उधर सरकना वा चलना.

कम्पन, (त्रि०) कम्प्+युच्। कांपनेवाला। थरथरानेवाला। (न० पु०) शिशिर ऋतु.

कम्प, (पु०) कपि-चलना घञ्। शरीरआदिका कांपना.

कम्पिल्ल-ल्ल, (पु०) कपि+इलच्। कमलागुंडा। रोचनी। एक वृक्ष। करंज.

कम्प्र, (त्रि०) कपि+र। कम्पान्वित। कम्पित। कांपाहुआ। हिलाहुआ.

कम्ब, गति-जाना। भ्वा० पर० सक० सेट्। कम्वति। अकम्बीत्.

कम्बल, (पु०) कम्ब्+कलच्। मेषादिलोमनिर्मित वसन। ऊनी कपडा। एक प्रकारका हरिण। सांप वा छोटा कीट। आसन.

कम्बलिन्, (त्रि०) कम्बल अस्ति अर्थे इनि। कम्बलवाला। ब्लैंकटवाला।–लः (पु०) वृषभ। बैल.

कम्बु, (पु० न०) कम्+उ-वुक्। शङ्ख। गज। हाथी। रंगवरंगी। घोंगा.

कम्बुपुष्पी, (स्त्री०) कम्बुः शङ्ख इव पुष्पं अस्याः। जिसके फूल शङ्खके समान हैं। शङ्खपुष्पी.

कम्बोज, (पु०) कवि+ओज। हाथीका भेद। शङ्खका भेद। देशभेद। हिन्दुस्तानके उत्तरमें एक देश.

कम्र, (त्रि०) कम्+र। भोगकी इच्छा करनेहारा। कामुक। मनोहर। सुंदर.

कर, (पु०) कॄ+अप्। कृ+अच् वा। हस्त। हाथ। किरण। राजाके लेनेयोग्य खिराज वा मसूल। वर्षोपल। ओला। गडा। हाथीकी सूंड। हस्तनामी नक्षत्र १३ वां.

करक, (पु०) कृ+वुन्। करंजवृक्ष। पक्षी। अनारका वृक्ष। कचनालका वृक्ष। बकुलवृक्ष। शरीर। नारियेलकी खोपरी। कमण्डलु. (पु० न०)। कर "स्वार्थेकन्" वर्षोपल। ओला। गडा.

करकङ्कणन्याय, (पु०) कङ्कणशब्दस्य करभूषणार्थत्वेपि यथा करशब्दप्रयोगस्तत्र तत्संलग्नतायोतनार्थः तद्रूपे दृष्टान्ते। कंकणशब्द यद्यपि हाथके भूषणमेंही आताहै तौभी कर "कङ्कण" कहनेसे हाथसे लगाहुआ ऐसा अभिप्राय है इस प्रकारकी मिसाल.

करकण्टक, (पु०) करस्य कण्टक इव। हाथका मानो कांटा है। नख। नखून। नौं.

करकाजल, (न०) करकाया जलं ६ त० (वरफ) करकास्यन्दिजल। ओलोंका वहा पानी.

करकाम्भस्, (पु०) करकाया अम्भ इव अम्भो यस्य। जिसका जल ओलोंके जलसमान हो। नारिकेल। नारियेल। नरेल.

करग्रह, (पु०) करस्य वधूकरस्य वरेण ग्रहो ग्रहणं यत्र। जहां वर वधूके हाथको पकडता है। विवाह। शादी। पाणिग्रहण.

करङ्क, (पु०) कीर्यते द्रव्यं अत्र। कृ+अप्। जहां कोई वस्तु फेंकी जातीहै। पात्रभेद। डब्बा। कमण्डलु। मस्तकखर्पर। माथेकी खोपरी। नारियेलकी हड्डी। खोल। "ताम्बूलकरङ्कवाहिनी" कादम्बरी.

करच्छद, (पु०) कर इवावरकः छदोऽस्य। जिसका पत्ता हाथकी नाईं हो। शाखोटवृक्ष। सिहोढा। सिन्दूरपुष्पी.

करज, (पु०) करे जायते। जन्+ड। हाथमें उपजताहै। नख। नखून। नौं। व्याघ्रनखनाम गन्धद्रव्य। "कं शिरः जलं वा रञ्जति"। रञ्ज्+णिच्+अण् नि० जो सिर वा पानीको रंगदे। करञ्जुआ। कञ्ज.

करञ्ज, (पु०) कं शिरः जलं वा रञ्जयति अण्। करमचा नामी वृक्ष । करंजुआ.

करट, (पु०) कृ+अटन्। गजगण्ड । हाथीकी गाल । कौआ । कुसुम्भवृक्ष । वह गौ जो दुःखसे दोहन कीजाय (स्त्री०) टाप्.

करटिन्, (पु०) करटः गजगण्डः । ततः अस्त्यर्थे इनि । हस्ती । हाथी.

करण, (न०) कृ+ल्युट् । क्रियाकी सिद्धिमें साक्षात् (विना फरकके) साधन । व्याकरणमें कहागया कारकका भेद । वर्ण । हेतु । क्षेत्र । इन्द्रिय । शरीर । "भावे ल्युट्" क्रिया । वैश्यसे शूद्रामें उत्पन्न कियागया जातिभेद । करण । कायस्थ (पु०).

करणाधिप, (पु०) करणानां इन्द्रियाणां अधिपः । इन्द्रियोंका स्वामी । जीव । आत्मा.

करण्ड, (पु०) कृ+अण्डन् । मधुचक्र । मधुमक्खिओंका छत्ता । खड्ग । तलवार । कारण्डव पक्षी । वांसआदिका रचाहुआ फूलोंका पात्र । पच्छी । समुद्र । संदूकडी । कलेजेकी बीमारी । यकृतरोग (स्त्री०) टाप्.

करतल, (पु०) ६ त० । हस्ततल । हाथकी तली । हाथ.

करताल; (न०) उल्-प्रतिष्ठा करना । आदर करना । ठहरना घञ् । करे तालो यस्य । जिसका ताल हाथपर हो । वाद्यभेद । (करताल) यह हाथपर रखकरही वजायां जाताहै । झांज । मंजीरा । कैसी.

करताली, (स्त्री०) करौ ताड्येते यत्र । घञ् । ताड+घञ् ६ त० ङीप् । ड कोल । जहां हाथ वजाये जाते हैं । करतलध्वनि । खडताल.

करतोया, (स्त्री०) करस्य गौरीविवाहकाले शिवकरस्य तोयात् (स्वच्छर्मवारितः) सम्भूतं तोयं यस्याः । पार्वतीके विवाहसमय महादेवके हाथसे वहेहुए पसीनेके पानीसे जिसका जल उत्पन्न होगया । कामरूपदेशमें अपने नामसे प्रसिद्ध एक नदी.

करपत्र, (न०) करात् पतति । पत्+ष्ट्रन् । हाथसे गिरताहै । करात । क्रकच । लकडीको फाडनेहारा । आरा । "करौ एव पत्रं वाहनं यत्र" । हाथही जहां सवारीहैं । जलक्रीडा । पानीकी खेल.

करपत्रवत्, (पु०) करपत्रं इव पत्रवृन्तोऽस्त्यस्य मतुप् । जिसके पत्तेकी जड आरेके समान हो । तालवृक्ष । ताडदरखत.

करपर्ण, (पु०) करः हस्त इव पर्णं यस्य । जिसका पत्ता हाथकी नाई हो । भ्येंट । भिण्डातकवृक्ष । रक्त एरण्ड । लाल हिरंड.

करपल्लव, (पु०) करस्य हस्तस्य पल्लव इव । हाथके पत्तेकी नाईं । अंगुली.

करपात्र, (न०) कर एव पात्रं जलनिक्षेपपात्रं यत्र । जहां हाथही जल फेंकनेका पात्र है । हाथोंसे उठाकर आपसमें पानी देने वा उछालनेकी खेल । कर्म० । हस्तरूप पात्र । हाथका पात्र.

करपाल, (पु०) करं पालयति । पाल्+अण् । हाथको बचाताहै । खड्ग । तलवार । "संज्ञायां कन् टाप् अत इत्वं" । हाथकी लकडी । सोटा.

करपीडन, (न०) करस्य वधूकरस्य वरेण पीडनं ग्रहणेन मर्दनं यत्र । वधूके हाथका वरके हाथसे पकड कर मलना जहां हो । विवाह.

करवाल, (पु०) करस्य वालः शिशुरिव । हाथका मानो बच्चा है । नख । नखून । नौं । "करे वालो गतिर्यस्य" । हाथमें जिसकी गति है । खड्ग । तलवार.

करभ, (पु०) कॄ+अभच् । करे भाति । भा+क वा । मणिबंधसे ले कनिष्ठातक हाथका वाह्यदेश । कोहनीसे चीचीउंगलीतक हाथका वाहिरला भाग । हाथीका बच्चा । ऊंठका बच्चा । नखीनाम गन्धद्रव्य । ऊंठ । "करभकण्टकडारं" इति माघः.

करमर्दन (पु०) करं मृद्नाति । मृद्+ल्यु । करमचा वृक्ष । करंचा । हाथमलना.

करमाला; (स्त्री०) करः कराङ्गुलिपर्व मालेव जपसंख्याहेतुत्वात् । अंगुलिओंकी गांठे जपकी गिनतीका कारण होनेसे मानो मालाकी नाईं हैं । अनामिकाके मध्यसे लेकर दहिनीओर तर्जनीके मूलपर्यन्त करमाला है । अङ्गुलिओंमें दस गांठोकी माला जो जपसंख्याके लिये है.

करम्ब, (त्रि०) कृ+अम्बच् । मिश्रित । मिलाहुआ । मिश्रण । मिलना (पु०).

करम्बित, (त्रि०) करम्बो मिश्रणं जातोऽस्य इतच् । जिसका मेल हुआहै । मिश्रित । मिलाहुआ । जुडाहुआ । "मधुकरनिकरकरम्बित" जयदेवः.

करम्भ, (पु०) केन जलेन रभ्यते सिच्यते । रभ्+घञ्-मुमूच । दहीसे मिलेहुए सत्तू । जलसे सींचा जाताहै.

कररुह, (पु०) करे रोहति । रुह्+क । हाथमें उगताहै । नख । नखून । नौं.

करवाल, (पु०) करं वालयति रक्षति (पु०) वल्-पालनकरना+अण् । हाथको बचाताहै । कृपाण । तरवार.

करवीर, (पु०) करं वीरयति । चुरा० । वीर-विक्रमकरना-बल दिखलाना+अच् । हाथको बल देताहै । कृपाण । तरवार । कृपण । सूम । कंजूस । एक वृक्ष । श्मशान । मसान । एक देशका नाम । "स्वार्थे कन्" । अर्जुन वृक्ष । कणेरका वृक्ष.

करशाखा, (स्त्री०) करस्य शाखेव । मानों हाथकी डाली है ।

करशीकर, (पु०) करस्य हस्तिहस्तस्य शीकरः । हाथीके सूंडकी बूंदें । हाथीकी सूंडसे निकलाहुआ पानीका कणा (कतरा).

करशूक, (पु०) करस्य शूकः सूचीव । मानो हाथकी सूई है । नख । नौं.

करसूत्र, (न०) ६ त० । विवाहआदिके समय हाथमें मंगलके लिये बांधागया सूत । कंगन.

करहाट, (पु०) करं हाटयति दीपयति । हट्-प्रकाशकरना+णिच्+अण् । किरणको चमकाताहै । पद्म आदिका मूल (जड) । मदनवृक्ष । पिण्डीवृक्ष । देशका भेद.

करहाटक, (पु०) करं हाटयति । हट्-चमकना+णिच्+ण्वुल् । हाथको प्रकाश कर्ताहै । मदनवृक्ष । ६ त० । हस्तका भूषण । सुवर्ण । हाथका जेवर । सोना.

कराल, (त्रि०) कृ+अप् । करो विक्षेपः तस्मै अलति पर्याप्नोति । अल्-पूरा-होना+अच् । जो विक्षेप (भय आदि)के लिये पूरा है । विकट । भयानक । तेलका भेद (गर्जनतैल) । सर्जरसवाला तेल । तैलधुना (न०) । दन्तुर । नतोन्नत । ऊंचानीचा । ऊंचा (त्रि०) । अनन्तमूलनामी वृक्षका भेद.

करास्फोट, (पु०) करेण आस्फोटः शब्दो यत्र । जहां हाथकी आवाज होतीहै । वक्षःस्थल । छातीकी जगह । सिकोडकर रक्खीगई एक भुजा । दुसरे हाथकी चोटसे शब्द करना । ताल ठोकना ३ त० । भुजाका ठोकना.

करिणी, (स्त्री०) करिन्+ङीप् । हस्तिनी । हथिनी । गौ । देवताभेद.

करिदारक, (पु०) करिणं दृणाति हिनस्ति । दृ+ण्वुल् । हाथीको फाडताहै । सिंह । शेर.

करिन्, (पु०) करः शुण्डादण्डः अस्ति इत्यर्थे इनिः । जिसका सुंडका डंडा हो । हस्ती । हाथी.

करीर, (पु०) कृ+ईरन् । घट । घडा । वंशाङ्कुर । वांसकी फुट । झिल्ली । करीरका वृक्ष । हस्तिदन्तमूल । हाथीके दांतकी जड (स्त्री०).

करीष, (पु० न०) कृ+ईषन् । शुष्कगोमय । सूका गोया । सूखा गोवर.

करुण, (पु०) कृ+उन । करुणनामी रसका भेद । करुणनामी वृक्षका भेद । दीन । अनाथ । दुःखित । करुणावाला । (दयालु) (त्रि०) दया (स्त्री०) टाप्.

करुणविप्रलम्भ, (पु०) करुणरसान्वितो विप्रलम्भः । करुणारसवाला विछोडा । अलंकारप्रसिद्ध शृङ्गाररसमें विप्रलम्भभेद । विछोडेमें प्रेमका अनुभव करना.

करुणामय, (त्रि०) करुणा+प्राचुर्ये मयट् । बडी दयावाला । करुणामयी (स्त्री०).

करूष, (पु०) कृ+ऊष । देशभेद.

करेणु, (पु०) कृ+एणु । गज । हाथी । हस्तिनी । हथिनी (स्त्री०).

करोट, (पु० न०) के शिरसि रोटते । रुट्+चमकना । अच् । सिरपर चमकती है । सिरकी हड्डी । खोपडी । "करोटी" यही अर्थ.

कर्क्, हसना । पर०अक०सेट् । कर्कति । अकर्कीत्.

कर्क, (पु०) करोति कृणोति क्रियते वा । कृ+क । तस्य न इत्वम् । वह्नि । आग । चिट्टा घोडा । दर्पण । शीशा । कुलीर । केकडा । कर्कटवृक्ष । कण्टक । मेष आदिसे चौथी राशि । घट । घडा । (पु० स्त्री०) वा ङीप्.

कर्कट, (पु०)कर्क+अटन् । छोटा आवला । कट्फल । कर्करेटपक्षी । जलजन्तुका भेद । कुलीर । केकडा । चौथी राशि । शाल्मलीवृक्ष । सिम्बलका पेड । "स्वार्थे कन्" कर्कटक । यही अर्थ.

कर्कटशृङ्गी, (स्त्री०) कर्कट इव शृङ्गं यस्याः । जिसका सींग केकडेकी नांई हो (ककडसिङ्गी) वृक्षभेद । "स्वार्थे कन्" कर्कटशृङ्गिका.

कर्कन्धू, (स्त्री०) कर्कं कण्टकं दधाति । धा+कू । नि० मुम् (जो कांटेको धारण कर्ताहै) । वदरीफल । बेर । वृक्षविशेष । उनाव.

कर्कश, (पु०) करे कशति । कश्-आवाज करना । अच् । पृषो० । कर्कः काठिन्यं अस्त्यर्थे श । कृ-फेंकना+विच् । कर् । कश्-मारना +अच्-कर्म०वा करञ्ज (करमचा) । खांसीको दूरकरनेहारा । इक्षु गन्ना तरवार । खरस्पर्श । तेजछूना । कठोर । साहसी । क्रूर । निर्दय । वेरहम । खरस्पर्शवाला (त्रि०).

कर्कसार, (न०) कर्कं हासं श्वेततां सरति गच्छति । सृ+अण् । करम्भ । दधिसक्तु । दहीसे मिलाहुआ आटा वा मांस.

कर्कारु, (पु०) कर्कं हासं श्वेततां ऋच्छति । ऋ+उण् । कूष्माण्ड । पेठा.

कर्कोट, (पु०) कर्क+ओट । सांपका भेद । नागराज । "स्वार्थे कन्" कर्कोटकनाम सांप जिसे दृष्टिविष (देखनेहीसे जिसकी जहर चढजातीहै) कहतेहैं । विल्वका वृक्ष । क्रांकदोलनामी दरख्त.

कर्चूर, (पु०) कर्च्०ऊर । पृषो० । (कचूर) गन्धद्रव्य । हरिताल.

कर्ज्, पीडाकरना । भ्वा० पर० सक० सेट् । कर्जति । अकर्जीत्.

कर्ण्, फाडना । चुरा० उभ० सक० सेट् । कर्णयति-ते । अचकर्णत्-त "आ उपसर्गके साथ इसका अर्थ सुना होजाताहै" । आकर्णयति । आकर्णयते.

कर्ण, (पु०) कृ+नन् । कर्ण्-फाडना । अच् । शब्द ग्रहणकरनेके लिये जो फेंकाजाताहै । कॄ+नन् । वा । श्रोत्रेन्द्रिय । कानकी इन्द्रिय । अंगदेशका राजा । कुन्तीका पुत्र । सूर्यका वेटा । तीन भुजावाला क्षेत्र । अरित्र । वेडीके चलानेकी लकडी । चप्पा.

कर्णकीटी, (स्त्री०) कर्णः खल्पः कीटः । अल्पार्थे ङीप् । छोटाकीडा । कनखजूरह.

कर्णगूथ, (न०) ६ त० कर्णमल । कानकी मैल.

कर्णजलूका, (स्त्री०) कर्णे जलूकेव । शतपदी । कनखजूरह । "कर्णजलौकस्".

कर्णजाह, (न०) कर्णस्य मूलं । कर्ण+जाह । कर्णमूल । कानकी जड.

कर्णधार, (पु०) कर्णं नौकाचालनदण्डं धारयति । धृ+णिच्+अण् । जो वेडी चलानेके दण्ड (चप्पा वा हाला) को पकडताहै । नाविक । मल्लाह.

कर्णपाली, (स्त्री०) कर्णं पालयति । पाल्+अण् । कानका वाला । एक प्रकारका कानका भूषण । वाली । वाला.

कर्णपूर, (पु०) कर्णं पूरयति । पूर+अण् । जो कानको भरताहै । कर्णाभरण । कानका भूषण । नीलोत्पल । नीलाकमल । शिरीषका वृक्ष । अशोक वृक्ष । इनके फूलोंसे स्त्रीके कान भूषित किये जातेहैं । "कर्णपूरक".

कर्णवर्जित, (त्रि०) ३ त० । वधिर । वहिरा । जिसको कान नहिं । सांप (पु०).

कर्णवेध, (पु०) विध्+घञ् । ६ त० । वह संस्कार जिसमें कानोंको वेधन करते हैं.

कर्णवेष्ट, (पु०) कर्णौ वेष्ट्येते अनेन । जिससे कान घेरे जाते हैं । कुण्डल । वाला । "ण्वुल्" कर्णवेष्टक । इसी अर्थमें । "भावे ल्युट्" कर्णावरण (कानका पडदा) (न०).

कर्णशष्कुली, (स्त्री०) कर्णस्य शष्कुलीव । कर्णगोलक । कानके बीचका आकाश । कानका छेक जो पतली झिल्लीसे ढका हुआ होता है, जिसपर वायुके लगनेसे शब्द सुनाई देताहै.

कर्णाट, (पु०) रामनाथसे लेके श्रीरंगतक देश । काव्यकी रीति (स्त्री०) ङीप्.

कर्णि, (पु०) कर्ण+इन् । शरभेद । तीर । कण्टकारिका ।

कर्णिका, (स्त्री०) कर्ण+ण्वुल् । करिहस्ताग्र । हाथीके सूंडकी नोक । हाथके बीचकी अंगुली (मध्यमा) । कानका भूषण । पद्मबीजकोष । लेखनी । कुट्टिनी । कमला । अग्निमन्थ वृक्ष । अजशृङ्गी वृक्ष.

कर्णिकार, (पु०) कर्णिकां ऋच्छति । ऋ+अण् । उप० (गणियारी) वृक्षभेद । कनेरका दरख्त । कनेरका फूल । छोटा सन्दल.

कर्णीरथ, (पु०) कर्णः सामीप्येन अस्ति अस्य कर्णी । जिसके पास कान रहे । स्कन्धः । तत्र ई शोभा यस्य । जिसकी शोभा कन्धेपर हो । स चासौ रथो रथतुल्यं वाहनं कर्म० । ऐसी रथके समान सवारी । कंधेपर उठाई जानेवाली सवारी । पालकी । डोली आदि.

कर्णीसुत, (पु०) कर्ण्याः कंसमातुः सुतः । कंसकी माका वेटा । कंसासुर । कंसराक्षस.

कर्णेजप, (पु०) कर्णे जपति । जप्+अच् । सप्तम्यां अलुक् । कानमें धीरेसे बोलता है । सूचक । चुगलखोर । पिशुन । खल । नीच । बुरीसलाह देनेवाला.

कर्त्, शिथिल होना-ढीला होना । चुरा० उभ० अक० सेट् । कर्तयति-ते । अचकर्तत्-त.

कर्तन, (न०) कृती-काटना । कृत+ल्युट् । छेदन । काटना । रूईके ढेरसे सूत निकालनेका व्यापार । कातना.

कर्तरी, (स्त्री०) कृत+घञ् । कर्त राति । रा+क-ङीष् । कृपाणी । वरछी । कटारी । केश आदिके काटनेका साधन । कैंची । अस्त्र.

कर्तव्य, (त्रि०) कृत+तव्य । काटनेके लायक । "पुत्रः सखा वा भ्राता वा पिता वा यदि वा गुरुः । रिपुस्थानेषु वर्तन्तः कर्तव्या भूतिमिच्छता".

कर्तृ, (त्रि०) कृ+तृच् । कारक । करनेहारा । व्याकरणमें कहागया दूसरे कारकोंका प्रेरक । क्रियाका आश्रय । स्वतन्त्र (खुदमुख्तार) । चतुरानन । ब्रह्मा (पु०).

कर्तृका, (स्त्री०) कृत+तृच्-इडभावः । संज्ञायां कन् । छोटी तरवार । चाकू.

कर्द, कुत्सित शब्द करना । बुरी आवाज करना । पेटकी आवाज करना । भ्वा० पर० अक० सेट् । कर्दति । अकर्दीत्.

कर्द, कर्द+अच् । कर्दम । कीचड.

कर्दम, कर्द+अम् । पङ्क । कीचड । पाप । ब्रह्मासे छायामें उत्पन्नहुआ प्रजापतिविशेष । मांस (न०) कीचडवाला (त्रि०) "कर्दमक" । एक प्रकारके धान.

कर्पट (पु० न०) कृ+कर्मणि विच् । कर्-पटः । पुराना कपडा । चीथडा । मैला कपडा । "करस्य पटः" शक० । गरमी आदि पोछनेके लिये हाथमें रक्खाहुआ कपडेका टुकडा । गेरीरंगका कपडा । रुमाल । उपर्णा.

कर्पर, (पु०) कृप्+अरन् । कपाल । खोपरी । कटाह । एक प्रकारका शस्त्र । अंजीरका वृक्ष । कडाही । सिरकी खोपरी.

कर्पराश, (पु०) कर्परस्य अंशः । कर्परका अंश । खापरा । शर्करा । रेता । कंकर.

कर्पास, (पु० न०) कृ+पास । वस्त्रयोनि । कपडेका कारण । कपास । कपा । वृक्षभेद । "कर्पासी".

कर्पूरमणि, (पु०) कर्पूरवर्णो मणिः । कपूरके रंगका मणि । एक रत्नविशेष । जवाहिर । "कर्पूराश्मा".

कर्मकर, (पु०) कर्म करोति । कृ+ट । भृत्य । नौकर । नोकरी करनेवाला (त्रि०).

कर्मकाण्ड, (पु०) कर्मणां समूहः । काण्डच् । कर्मसमूह । कर्मको प्रतिपादन करनेहारा वेदका भाग.

कर्मकार, (पु०) कर्म+कृ+अण् । लोहकारक । लोहार । कुह्मार । तनखाहके बिना काम करनेवाला । वेगार । बैलवाहक.

कर्मक्षेत्र, (न०) कर्मणां तद्विधानाय उचितं क्षेत्रम् । काम करनेका योग्य स्थान । भारतवर्ष । हिन्दुस्तान.

कर्मठ, (त्रि०) कर्मणि कुशलः । कर्मन्+ठ । क्रियाकुशल । काम करनेमें चालाक.

कर्मण्य, (त्रि०) कर्मणि साधुः । कर्मन्+यत् । काममें योग्य । काममें चतुर । कामके लायक । वेतन । तनखाह (अस्त्री०).

कर्मदेवता, (स्त्री०) कर्मणा यागादिना देवता । काम करके देवता होगया । यज्ञके द्वारा देवपनको प्राप्त हुआ । इस कल्पमें अश्वमेध आदि कर्मकर बडे पदको पाय जो देवताओंसे पूजे जातेहैं वे कर्मदेवता कहलाते हैं.

कर्मधारय, (पु०) व्याकरणमें कहागया अभेदान्वयसे समानविभक्तिक पदके साथ रचागया समासविशेष । विशेषण और विशेष्यका समास । जैसे "नीलोत्पलं."

कर्मन्, (न०) कृ+मनिन् । क्रिया व्याकरणमें कहागया कर्ताको इष्टतमरूप कारक । कर्ता जिसपर क्रियाका असर पहुंचाना चाहे.

कर्मफल, (न०) कर्मणः फलं । कामका फल । कर्मके पकनेसे उत्पन्नहुआ सुख दुःख आदि.

कर्मभू, (स्त्री०) कर्म कर्षणादि परिकर्म, पुण्यादि कर्म वा तस्य भूः । कृष्टभूमि । खेंचीगई जमीन । पुण्य आदिकर्मका स्थान । आर्यावर्त । भारतवर्ष । वेदमें कहेगये कर्म इसी वर्षमें कियेजातेहैं और स्थानमें नहिं.

कर्ममीमांसा, (स्त्री०) ६ त० । कर्मकाण्डप्रधान वेदके भागका विचारकरनेहारा जैमिनीसे रचागया ग्रन्थ.

कर्ममूल, (न०) कर्मणां मूलम् । कर्मोंकी जड । कुशनामी तृण (घांस) इसीसे सम्पूर्ण वैदिक आदि कर्म कियाजाता है.

कर्मरङ्ग, (पु० न०) कर्मणि भोजनादौ रङ्गो रतिर्यस्मात् । रञ्ज्+घञ् । जिससे भोजनमें रुचि वढे । (कामराङ्गा) जम्बीरभेद । इसके भोजनसे भोजनमें रुचि होतीहै.

कर्मविपाक, (पु०) विपच्यते । वि+पच्+कर्मणि घञ् । कर्मणो विपाकः । कर्मका पकना शुभाशुभकर्मका फलरूप सुखदुःख आदि । एक पुस्तक जिसमें जीवके भले वा बुरे काम मालूम होतेहैं.

कर्मव्यतिहार, (पु०) वि+अति+हृ+घञ् । कर्मणा व्यतिहारः ३ त० । आपसमें एकजातिका काम करना । कामका बदलना । जैसे आपसमें ताडन कर्तेहैं.

कर्मशूर, (पु०) कर्मणि शूरः काममें बहादुर । बडे यत्नसे प्रारम्भकियेगये कामको समाप्त करनेहारा । फलपर्यन्त कामकरनेहारा.

कर्मसङ्ग, (पु०) कर्मणि सङ्गः आसक्तिः । सञ्ज्+घञ् । यह मैं कर्ता हूं, इससे यह फल भोगूंगा इसप्रकारका अभिनिवेश । काममें लगना.

कर्मसंन्यासिन्, (पु०) जो वेदविहित कर्मोंको विधानसे त्याग कर्ताहै । सम्+नि+अस्+णिनि । सब कर्मको छोडनेहारा यति.

कर्मसाक्षिन्, (पु०) साक्षात् पश्यति । ६ त० । सूर्य । चन्द्र । यम । काल । पृथिवी । तेज । जल । वायु । आकाश । ये नौ शुभ और अशुभ कर्मके साक्षी (गवाह) हैं.

कर्मसिद्धि, (स्त्री०) ६ त० । इष्ट और अनिष्टके फलकी प्राप्ति.

कर्माध्यक्ष, (पु०) ७ त० । क्रियासाक्षी । कामके देखनेहारा । किये और न कियेको देखनेवाला.

कर्मार, (पु०) कर्म ऋच्छति । ऋ+अण् । कर्मकार । लोहार । तरखान आदि जाति । एकप्रकारका वृक्ष । वांसका भेद.

कर्मिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन कर्मी । इष्ठन् इनेर्लुक् । बहुत कामकरनेवाला । क्रियादक्ष जन । काममें चतुर । काममें लगाहुआ.

कर्मेन्द्रिय, (न०) कर्मणां क्रियाणां साधनभूतं इन्द्रियम् । क्रियाको सिद्ध करनेवाली इन्द्रिय । हाथ पाँव आदि, इनसे पकडना चलना आदि क्रिया सिद्ध होती है.

कर्व्, अहंकार करना । भ्वा० पर० अक० सेट् । कर्वति । अकर्वीत्.

कर्वट, (पुं०) कर्व्+अट । दोसौ गाँवमेंसे सुन्दर स्थान । जहां जाकर आसपासके देशके लोक इकट्ठे होकर खरीद फरोख्त कर्तेहैं । पुर । नगर । जिलहमेंसे वडा शहर.

कर्वुर, (पु०) कर्व्+उर । राक्षस । पाप । नानावर्ण । कईरंग । रंगवरंगी (त्रि०).

कर्व्, -जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । कर्वति । अकर्वीत्.

कर्वूर, (पु०) कर्व्+ऊर । राक्षस । शठी । स्वर्ण । सोना । हरिताल (न०).

कर्ष, (पु०) (न०) कृष्+अच् । कर्मणि+घञ् वा । सोलहमासेका माप । उतने मापका सोना.

कर्षक, (पु०) कृष्+ण्वुल् । कृषीवल । किसान । खेंचनेवाला.

कर्षण, (त्रि०) कृष्+कर्तरि अन । खेंचनेवाला । हानि पहुँचानेवाला । कृष्-भावे ल्युट् । खेंचना । झुकना । जैसा धनुष् । हल चलाना । लाचार होना.

कर्षफल, (पु०) कर्षं तन्मात्रं फलं अस्य । जिसका फल सोलहमासेका हो । विभीतक वृक्ष । बहेडा । आमलकी । (स्त्री०) टाप्.

कर्षिणी, (स्त्री०) कृष्+णिनि । क्षीरिणीवृक्ष । खलीन । कविका । घोडेकी लगामका लोहा.

कर्हि, (अव्य०) कस्मिन् काले । किम्+र्हिल् कादेशः । किससमय । कब.

कर्हिचित्, (अव्य०) कर्हि+चित् । किसीसमय.

कल्, गिनती करना । सक० आवाजकरना । अक० भ्वा० आत्म० सेट् । कलते । अकलिष्ट.

कल्, गति-जाना-गिनना । चुरा० उभ० सक० सेट् । कलयति-ते । अचीकलत्-त.

कल्, प्रेरण करना । चुरा० उभ० सक० सेट् । कालयति-ते । अचीकलत्-त.

कल, (पु०) कल्-शब्दकरना-घञ्-अवृद्धिः । मधुराव्यक्तशब्द । मीठी और धीमी आवाज । सालवृक्ष । अजीर्ण । वदह-जमी.

कलकण्ठ, (पु०) कलः कलान्वितः कण्ठोऽस्य । जिसके गलेमें मीठी आवाज हो । कोकिल । कोइल । हंस । पारावत । कबूतर । "स्त्रियां ङीप्" कलकण्ठी.

कलकल, (पु०) कलप्रकारः प्रकारे द्वित्वम् । कोलाहल । रौला । हौरा.

कलघोष, (पु०) कलो घोषो यस्य । जिसकी आवाज मीठी हो । कोइल.

कलङ्क, (पु०) कलयति क्विप् । कल् चासौ अङ्कश्चेति । चिह्न । निशान । अपवाद । तामाआदि धातुओंकी मल (कलत्तन) अपयश । वेइजती । दाग.

कलञ्ज, (पु०) केतिशब्दं लञ्जति भाषते । विषसे लिपटेहुए अस्त्रसे मारागया मृग (हरिण वा पशुविशेष) । पक्षी । ताम्रकूट । दसरुपयोंका माप.

कलत्र, (न०) गड्+त्रन् । गस्य कः डस्य लः । नितम्ब । चूतड । अपनी स्त्री । भार्या.

कलधौत, (न०) कलः मलः धौतः अस्य । जिसका मल धोयागया । सोना । चांदी । "कलधूतम्".

कलध्वनि, (पु०) ६ ब० । कोकिल । कोइल । कबूतर । मोर । मीठा और धीमा शब्द.

कलन, (पु०) कल्+ल्यु । वेतसवृक्ष । बैंतका वृक्ष । "भावे ल्युट्" चिह्न । दाग । एक महीनेका गर्भ । पडना । गिन्ना । "कलनात् सर्वभूतानाम्" इति स्मृतिः.

कलभ, (पु०) कल्+अभच् । पाँच वर्षका हाथीका बच्चा । धतूरेका पेड.

कलम, (पु०) कल्+अम । लेखनी । चोर । धान्यका भेद.

कलम्ब, (पु०) कड्+अम्बच् । डस्य लः । नालिका शाक । कलमीशाक । शर । तीर.

कलरव, (पु०) रु+अप्=रवः । कलो रवोऽस्य । मीठी आवाजवाला । कोइल । कबूतर । मीठा और धीमाशब्द.

कलल, (पु० न०) कल्+अलच् जरायु नामक गर्भके ढाकनेहारा चमडा.

कलविङ्क-ङ्ग, (पु०) फलं वङ्क(ङ्ग)ते । वकि (वगि) जाना । अच् पृषो० अतइलम् । चटक । चिडिया । पक्षी । श्वेतचामर । इन्द्रयव । इन्द्रजौं.

कलश, (पु०) कलं शब्दं शवति । शु+जाना+ड । घट । घडा । धागर । चौतीस सेरका माप.

कलह, (पु०) (न०) कलं हन्ति । हन्+ड । विवाद । झगडा । युद्ध । लडाई । असिकोष । तलवारका मियान.

कलहंस, (पु०) कलप्रधानो हंसः । मीठी आवाजवाला हंस । राजहंस । कादम्बहंस । राजाओंमें उत्तम । परमात्मा । तेरह अक्षरोंके पादवाला छन्दोभेद.

कला, (स्त्री०) कल्+अच् । चन्द्रमाके मण्डलका १६ वां भाग । दियेगये धनका लाभ होने योग्य अंश । सूद । समयका परिमाण । ज्योतिष्के अनुसार राशीके तीस भागका साठवां भाग । नौका । बेडी । कपट । विभूति । सामर्थ्य । संख्या । गिनती । मरीचिकी स्त्री । चौसठ प्रकारका गाना वजाना आदि.

कलाद, (पु०) कलां अंशं आदत्ते । आ+दा+क । अंशको लेताहै । स्वर्णकार । सुनार (वह भूषण बनानेके लिये दियेगये धनमेंसे अवश्य कोई न कोई अंश लेही लेताहै).

कलानिधि, (पु०) कला निधीयन्तेऽत्र । कला+नि+धा+कि । चन्द्रमा.

कलानुनादिन्, (पु०) कलं अनुनदति । णिनि । जो वार २ शब्द करताहै । भ्रमर । भौंरा । चटक । चिडिया.

कलाप, (पु०) कलां आप्नोति । कला+आप्+अण् । समूह । मोरकी पूंछ । अलंकार । मेखला । तर्कश । चांद । व्याकरणविशेष । एकगाँव.

कलापक, (पु०) कलाप+क । स्वार्थे कन् । कलापके अर्थमें । चार श्लोकका एक वाक्य.

कलापिन्, (पु०) कलापो बर्होऽस्यास्तीति । इनि । मयूर । मोर । मोरपंखके समान शाखावाला वट (बोड) । कल+आप्+णिनि । कोकिल । कोइल.

कलाभृत्, (पु०) कलां बिभर्ति । कला+भृ+क्विप् । चन्द्र । चांद.

कलावत्, (पु०) कला+अस्त्यर्थे मतुप् मस्य वः । चन्द्र । कलावाला (त्रि०).

कलि, (पु०) कल्+इन् । विभीतकवृक्ष । बहेडा । झगडा । लडाई । शूर बहादर । सबसे पिछला युग । कोरक । कली (स्त्री०).

कलिकारक, (पु०) कलिं करोति । कृ+ण्वुल् । नारद । झगडा करनेहारा (त्रि०) धूम्याट पक्षी (पु०).

कलिङ्ग, (पु०) कलिं गच्छति । गम्+खच्-मुम् । कुटज वृक्ष । करंजुएका वृक्ष । शिरीषवृक्ष । सरीहका वृक्ष । प्लक्षवृक्ष । जगन्नाथके पूर्वभागमें कृष्णाके दूसरे तीरतक देश.

कलित, (त्रि०) कल्+क्त । जानागया । पायाहुआ । फाडागया । पिसलगया । लियागया । कहागया । गिनागया । विचाराहुआ । बांधागया.

कलिन्द, (पु०) कलिं ददाति, यति वा खच्-मुम् च । एक पर्वत जहांसे यमुना नदी निकलीहै । विभीतक वृक्ष । सूर्य.

कलिन्दकन्या, (स्त्री०) ६ त० । यमुना । "कलिन्दजा", "कलिन्दोद्भवा".

कलिल, (त्रि०) कल्+इलच् । गहन । गाढा जंगल । मिलाहुआ.

कलुष, (पु० स्त्री०) कल्+उषच् । महिष । भैंसा । "लुष् हिंसाकरना, कस्य सुखस्य लुषः घातकः" । पाप (न०) पापी (त्रि०).

कलेवर, (न०) कले शुक्रे वरं श्रेष्ठं । वीर्यसे उत्पन्न होनेपर भी पवित्र है । "सप्तमीका अलुक् हुआ" । देह । शरीर । किस्म.

कल्क, (पु० न०) कल्+क । नेलम् । घी तेल आदिका शेष । पाखण्ड । विभीतक वृक्ष । विष्ठा । तुरस्कनामक गन्धद्रव्य । कानकी मैल । किट्ट । मैल । पाप । पापी (त्रि०) शठता । शरारत । कोई द्रव्य सिलापर पीसा गया, सूका वा जलसे मिलाहुआ हो । चूर्ण । ओषधिद्रव्य.

कल्कि, (पु०) कल्क+तत् करोति । णिच्+इन् । "सम्बल ग्राममें प्रधान महात्मा ब्राह्मण विष्णुयशके मन्दिरमें कल्कि प्रगट होगा" इस प्रकारके लक्षणवाला विष्णुका अवतार । सबसे पिछला अवतार.

कल्किन्, (पु०) कल्क+इनि । (मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, रामचंद्र, कृष्ण, बुद्ध और कल्की ये दस अवतार हैं) दसवां अवतार.

कल्प, (पु०) कृप्+अच्-घञ् वा । यज्ञक्रियाओंका उपदेश करनेहारा शिक्षा, कल्प, व्याकरण आदिमेंसे एक वेदाङ्गभेद । बौधायनकृत अनुष्ठेय क्रमविधान । सूत्रस्वरूप कर्मपद्धतिग्रन्थ । ब्रह्माका दिन । प्रलय । विकल्प । कल्पवृक्ष । न्यायशास्त्र । सादृश्यअर्थमें कल्पप् प्रत्यय होता है । "पितृकल्पः", "गुरुकल्पः" गुरुके समान.

कल्पक, (पु०) कृप्+णिच्+ण्वुल् । नापित । नाई । काटनेवाला । कल्पना करनेहारा (त्रि०).

कल्पतरु, (पु०) कल्पते फलदानाय । अच् । कर्म० । जो फल देनेकेलिये पूरा है । कल्पवृक्ष.

कल्पन, (न०) कृ+भावे ल्युट् । रचना । काटना । अनुमितिभेद.

कल्पना, (स्त्री०) कृप्+णिच्+युच् । पलाने आदिसे हाथीका सिंगारना । अनुमितिभेद । रचना । उपाय.

कल्पान्त, (पु०) ७ व० । प्रलय । नाश.

कल्मष, (पु०) कर्म शुभकर्म स्यति । सो+क-पृषो० षत्वं रस्य लत्वं क । नरकभेद । पाप (न०) मैला । पापी (त्रि०).

कल्माष, (पु०) कलयति कल्+क्विप् । तं माषयति अभिभवति अण् माषः । उप० । राक्षस । चित्रवर्ण । रंगबरंगी । कालारंग । कालापीला रंग.

कल्माषकण्ठ, (पु०) कल्माषः कण्ठो यस्य । जिसका गला काला हो । शिवजी । वह आप तो श्वेत हैं, और विषयोगसे काला होनेसे वहां काला चिह्नपन पाया जाता है.

कल्य, (न०) कल्+यत् । कलासु साधुः । कला+यत् वा । प्रभात । सवेर । मधु । शहत । शराब । गतदिवस । बीत गया दिन । सज्जीभूत । तयार । रोगरहित । चतुर । सुखी जन (त्रि०).

कल्यजग्धि, (स्त्री०) अद्+क्तिन् । कल्ये प्रातः जग्धिः । प्रातःकालका भोजन । उपचारसे उस कालका खाना । सुबहकी खुराक.

कल्याण, (न०) कल्ये प्रातः अण्यते शब्द्यते । अण्+घञ् । जो प्रातःकाल पुकारा जाताहै । हेम । सुवर्ण । सोना । मङ्गल । खुशी । खुश (त्रि०).

कल्याणकृत, (त्रि०) कल्याणं शुभं शास्त्रविहितं करोति । कृ+क्विप् । शास्त्रके अनुसार काम करनेहारा.

कल्ल्,-कूजन-चिल्लाना । शब्दकरना । चुपरहना । भ्वा० आ० अक० सेट् । कल्लते । अकल्लिष्ट.

कल्ल, (त्रि०) कल्ल+अच् । बधिर । बहिरा । डोरा । सुननेकी इन्द्रियसे रहित.

कल्लोल, (पु०) कल्+ओलच् । कं जलं लोलं चपलं यस्माद्वा । महातरङ्ग । बडीलहर । हर्ष । खुशी । वैरी (त्रि०).

कव्, तारीफ करना । स्तुति करना । बयान करना । वर्णन करना । भ्वा०आ० सक० सेट् । कवते । अकविष्ट.

कवच, (पु०) कं वातं वञ्चयति । वञ्च्+क । गर्दभाण्ड वृक्ष । पटहवाद्य । जंगी बाजा । वर्म । जिरह । सन्नाेआ । भोजपत्रपर लिखकर धारण कियागया देवमन्त्र.

कवर, (पु० न०) कु+अरन् । अम्ल । खट्टा । तुरश । लवण । निमक । केशपाश । जुलफ । "कवरी"(स्त्री०)गुत्त.

कवर्ग, (पु०) कघटितो वर्गः सजातिसंघः । कआदि पांचों वर्ण.

कवल, (पु०) केन वलते । वल्+अच् । ग्रास । मत्स्यभेद । बेलमच्छी.

कवलित, (त्रि०) कवलं ग्रासं करोति । णिच्+क्त । ग्रास किया गया । खायागया । फैलाहुआ । व्याप्त.

कवाट, (न०) कं वातं वटति । वट्-वेष्टनकरना । घेरलेना । अण् । दर्वाजेको रोकनेवाला काठका टुकडा । किवाड । "कवाटी".

कवि, (पु०) कु+इ । शुक्र । वाल्मीकिमुनि । भास्कर । काव्यकर्ता । ब्रह्मा । पिछला अगला सब जाननेहारा । सूक्ष्म अर्थके देखनेहारा । पण्डित (त्रि०) । खलीन । लगाम कवी वा कवि (स्त्री०).

कविका, (स्त्री०) कु+इ । संज्ञायां कन् । खलीन । जो लोहेका वनाहुआ घोडेके मूंमे लगाम जोडनेके लिये दियाजाताहै.

कवोष्ण, (न०) ईषदुष्णं । कोः कवादेशः । ईषदुष्णस्पर्श । थोडा गर्मछूना.

कव्य, (न०) कु+यत् । पितरोंके उद्देशसे दियागया अन्नादि.

कश्,-शब्दकरना । भ्वा० अक० पर० सेट् । कशति । अकशीत्-अकाशीत्.

कशा, (स्त्री०) कश्+अच् । घोडे आदिको चलानेके लिये चोटका साधनपदार्थ । कोडा । चाबुक.

कशिपु, (पु०) कश्+कु । नि० । भक्त । अन्न । वस्त्र । कपडा । भोजनाच्छादन । शय्या । बिछौना । "सत्यां क्षितौ किं कशिपोः प्रयासैः" भागवतम्.

कशेरु, (पु० न०) कं शृणाति । शॄ-हिंसाकरना । उ एरङादेशः । पीठकी हड्डी । मेरुदण्ड । ब्रह्मदण्ड । जलमें उपजा मूलभेद.

कश्मल, (न०) कश्+कल-मुट्च । मूर्च्छा । मोह । पाप । मैल (स्त्री०).

कश्मीर, (पु०) कश्+ईरन्-मुट्च । कश्मीरनामी देश.

कश्मीरज, (पु०) कश्मीरे जायते । जन्+ड । कुङ्कुम । केसर । "कश्मीरजन्मा".

कश्यप, (पु०) कश्यं मद्यं पिवति । पा+क । मरीचिनामसे प्रसिद्ध ब्रह्माके पुत्रका बेटा । कश्य (मद्य) के पान करनेसे कश्यप प्रसिद्ध हुआ । मुनिभेद । मृगभेद । मत्स्यभेद.

कष्,-मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । कषति । अकषीत्-अकाषीत्.

कष, (न०) कष्+अच् । कष्टी । कसौटी । पत्थरका भेद.

कषण, (पु०) कष्+ल्यु । अपक्व । कच्चा । "भावे ल्युट्" घिसना । खुजली करना (न०).

कषाय, (पु०) कषति कण्ठं । कष+आय । स्योनाकवृक्ष । राग । क्रोध । अन्तःकरणका दोष । धववृक्ष । रसभेद । कसैला । लाल पीला मिलाहुआ रंग । क्वाथ । काढा (पु०).

कषायित, (त्रि०) कषायो रक्तपीतवर्णो जातोऽस्य इतच् । जिसका लाल पीला रंग होगयाहै । कसैलवाला.

कषायिन्, (त्रि०) कष्-अस्ति अर्थे इनि । कषायवाला । कसैला । लाल रंगसे रंगाहुआ । संसारमें मन लगानेवाला पुरुष आदि (पु०) कई एक वृक्षोंका नाम । खजूर आदि.

कष्ट, (न०) कष+क्त । पीडा । व्यथा । दर्द । पीडावाला । जंगल (त्रि०).

कस्,-तेजकरना-औरजाना । अदा० इदित् आत्म० सक० सेट् । कंस्ते । अकंसिष्ट.

कसनोत्पाटन, (पु०) कसनं कासरोगं उत्पाटयति । ल्यु । वासकवृक्ष । "वासकः कासनाशकः" यह वैद्यककी उक्ति है.

कसेरु, कस+ड एरुन्नागमः । शूकरका पियारा जलकन्दभेद । एक प्रकारका घास । जिसका मूल सूअर खातेहैं.

कस्तीर, (पु० न०) कं जलं तीरयति । अच् । नि० सुट् । रङ्ग । राङ् धातु.

कस्तूरिका, (स्त्री०) कस्+ऊरु-तुट् च । ङीप् । कस्तूरी । स्वार्थे क ह्रस्वे अत इत्वं । मृगमद । मृगनाभि.

कल्हार, (न०) के जले ह्लादते । ह्लाद्+अच् । पृषो० दस्य रः । चिट्टाकमल.

कांस्य, (न०) कंसेन निष्पादितं । कंस+ञ्य । एकप्रकारका वाजा । पानपात्र । पीनेका पात्र । ताम्वे और राङ्के मेलका वनाहुआ उपधातु । "स्वार्थे कन्" कांस्यक (वही अर्थ).

कांस्यकार, (पु०) कांस्य+कृ+अण् । उप० । कसेरा । जातिभेद.

काक, (पु०) कै-शब्दकरना । कन् तस्य नेत्वम् । अपने नामसे प्रसिद्ध पक्षी । कौआ । खञ्ज । लंगडा.

काकचिञ्चा, (स्त्री०) जिसके फलका सिरा कौएके रंगका हो । गुञ्जा । रत्ती । पृषो० "काकचिञ्चिः" "काकचिञ्ची" "काकचञ्चा" यही अर्थ.

काकच्छद, (पु०) काकस्य छदः पक्ष इव छदो यस्य । कौएके परके समान जिसका पर हो । खञ्जनखग । ममोला.

काकतालीय, (न०) काक (कौए) के गमनसमय अचानकही तालफलका गिरना । एक प्रकारका न्याय । अचानक होजानेवाली बात । अतर्कितसम्भव व्यापार । छ (ईय) प्रत्ययः.

काकतिन्दुक, (पु०) काकवर्णः तिन्दुकः । काकपीलुका । कुचला.

काकपक्ष, (पु०) काकस्य पक्ष इव । कौएके परके समान मस्तकके दोनों भागमें एक प्रकारकी केशरचना । वालकोंकी शिखाको काकपक्ष कहतेहैं । कांबोदिआँ । पटे.

काकपुष्ट, (पु०) काकेन पुष्टः । कौएसे पालागया । कोकिला । कोइल । खोइल । कौएके बिलसे कौएके बच्चेको दूरकर उसके स्थानमें अपने बच्चेको रखदेतीहै, और काकी अपने बच्चेकी बुद्धिसे उसे पालती है, यह प्रसिद्ध है.

काकभीरु, (पु०) काकात् भीरुः । पेचक । उल्लू.

काकली, (स्त्री०) कल्+इ । ईषत् कली । कादेशः वा ङीप् । सूक्ष्म मधुरशब्द । धीमी मीठी आवाज.

काकलीरव, (पु०) काकली मधुराव्यक्तो रवो यस्य । मीठे धीमे शब्दवाली । कोइल । कोकिल.

काकाक्षिगोलकन्याय, (पु०) जैसे कौएका एक नेत्र दोनों गोलकमें घूमजाताहै, वैसे जहां एकपदार्थका दोनोंसे मेल हो वह दृष्टान्त । उभयसम्बन्ध दृष्टान्त.

काकार, (त्रि०) कं=जलं आकिरति । जल खिलारनेवाला । पानी सींचनेवाला.

काकिणी, (स्त्री०) कक्-चञ्चल होना, तं अणति अण् पृषो० । पणका चौथा अंश वीस कौडी । एक दमडी । एकमास्सेका चौथा भाग । "काकिनी" यही अर्थ.

काकी, (स्त्री०) काक+ङीप् । कौएकी स्त्री । कौएका रंग होनेसे वायसीलता । एक प्रकारकी बेल । कौनी.

काकु, (स्त्री०) काक+उण् । शोक और भय आदिसे शब्दका बदलना । अलंकारमें प्रसिद्ध विरुद्ध अर्थकी कल्पना करनेहारा नञ्आदि शब्द । वक्रोक्ति.

काकुत्स्थ, (पु०) काकुत्स्थः सूर्यवंशीयः नृपभेदः । तस्यापत्यं अण् । सूर्यवंशी राजा । इक्ष्वाकु राजा । श्रीरामचन्द्र.

काकुद, (न०) काकुं ध्वनिभेदं ददाति । धत्ते । दा+क । ताळु । जिह्वा इन्द्रियका आश्रयस्थान । ताळुया.

काकेष्ट, (पु०) काकानां इष्टः । कौओंका पियारा । निम्ब । नीम । इसका फल कौओंको पियारा लगताहै.

काकोदर, (पु०) कुत्सितं अकति । अक्+अच् । कोः कादेशः । काकं ईषद् गतिमत् उदरं यस्य । जिसका पेट धीरे चलताहै । सर्प । सांप.

काकोल, (पु०) कक्-चञ्चलहोना-स्वार्थे णिच्-ओल । द्रोणकाक । पहाडीकौआ । सांप । एक प्रकारका सूअर । नरकभेद । विषभेद (पु० न०)। वायसी । कौनी । अश्वगंधा (स्त्री०).

काक्ष, (चाहना) भ्वा० उभ० इदित्-सक० सेट् । काङ्क्षति । काङ्क्षते । अकाङ्क्षीत् । अकाङ्क्षिष्ट.

काक्ष, (त्रि०) ईषत् कुत्सितं अक्षि यस्य कोः कादेशः । जिसकी आंख थोडीसी बुरी हो । बुरी आंखवाला जन । थोडासा आंखके कोनेमें देखना (न०).

काक्षीव, (पु०) ईषत् क्षीवति अस्मात् । क्षीव्+घञ् । कादेशः । जिससे थोडासा मस्त होजाताहै । शोभाञ्जनवृक्ष । सुहांजना.

काङ्क्षा, (स्त्री०) काक्षि+अ । इच्छा । चाह.

काङ्क्षा, (स्त्री०) कांक्ष+अ । इच्छा । चाह । अभिप्राय । इरादा । भूख.

काङ्क्षित, (त्रि०) कांक्ष्+क्त इष्ट । चाहा गया । आशा किया गया । (तं० न०) इच्छा.

काङ्क्षिन्, (त्रि०)-रति-(स्त्री०) काङ्क्ष+णिनि । किसी पदार्थकी इच्छा करनेवाला । खाहिशमंद.

काच, (पु०) कच्यतेऽनेन । कच्-बांधना-चमकना । घञ् । एक प्रकारकी मणि । रेत और एक प्रकारकी खारसे उत्पन्न पदार्थ । मोम । कच । शिका । खार । मट्टी.

काचक, (पु०) काच एव-स्वार्थे क आस । अस्तर । पत्थर । खार.

काचन, काचनकं-(न०) काच्+अन पार्सल वा गठडी बांधनेका कीता वा रस्सी.

काचनकिन्, (पु०) काचनक-इन् । हस्तलिखितग्रन्थ । हाथका लिखाहुआ.

काचलवण, (न०) काचस्य लवणम् । शोरा कालालूण.

काचित, (त्रि०) काचे शिक्ये चितं धृतं पृषो० । शिक्यधृतपदार्थ । छिकेपर रक्खी हुई वस्तु.

काचूक, (पु०) काच्+ऊक । पाचक । रसोइया । चकवा पक्षी.

काञ्चन, (पु०) काचि-चमकना+ल्यु । एकवृक्ष । चम्पक । चंवा । नागकेशर । उदुम्बर । धत्तूरा । सोना पद्मकी तिरी । काञ्चन आदि फूल । दीप्ति । चमक (न०).

काञ्चनक, (पु०) काञ्चनं इव कायति प्रकाशते । कै+क । जो सोनेके समान चमकताहै । पक्षिभेद । कोविदार वृक्ष । कचनालका दरख्त । हरिताल (न०).

काञ्चनदली, (स्त्री०) काञ्चनं इव दलं यस्याः । जिसके पत्ते सोनेकी नाईं हों । स्वर्णकदली सोनेकी कदली.

काञ्चनक्षीरी, (स्त्री०) काञ्चनं इव क्षीरं यस्याः । ङीष् । जिसका दूध सोनेकी नाईं हो । क्षीरिणीलता.

काञ्चनाल, (पु०) कञ्चनाय दीप्तौ अलति पर्याप्नोति अल्+अच् । कोविदारवृक्ष । कचनालके दरख्त.

काञ्चि-ञ्ची, (स्त्री०)। काचि-इन् वा ङीप् । स्त्रीकी कमरका भूषण । एकलडा हार । गुञ्जा । रत्ती । एकपुरी । तडागी.

काञ्च,-भ्वा० आ० कांचते । कांचित । चमकना । बांधना.

काजल, (न०) ईषत् (का) जलं । थोडासा जल अथवा कुत्सितं जलं । अशुद्ध (बुरा) जल.

काण, (पु०) कण-बन्दकरना । घञ् । काक । कौआ । एक आंखवाला (त्रि०) काणा.

काणेयः-रः, (पु०) काण+एय+रोका रतिका पुत्र । एक आंखवाली स्त्रीका बेटा.

काणेली, (स्त्री०) काण+एल+ई । व्यभिचारिणी स्त्री । दुष्टा नारी । न विवाही हुई स्त्री.

काणेलीमातः, (पु०) काणेली माता यस्य तत्संबुद्धौ । अविवाहिता स्त्रीका पुत्र । व्यभिचारिणीका बेटा.

काण्ड, (पु० न०) कण्-शब्दकरना । ड दीर्घः । स्तम्भ । थम्भा । तिनके आदिका गुच्छा । वृक्षका स्कंध । वाण । अवसर । मौका । प्रस्तर । पत्थर । नाडिओंका समूह । बहुतसे हिस्सोंवाला ग्रन्थका प्रकरण । अध्याय । निर्जन-स्थान । अकेली जगह । अखरोटका वृक्ष (पु०).

काण्डकटुक, (पु०) काण्डे स्कन्धेऽपि कटुकः तिक्तः । कारवेल्ल । करेला.

काण्डतिक्त, (पु०) काण्डे तिक्तः । भूनिम्ब । चिरायता.

काण्डपट, (पु०) काण्ड इव पटः । कनात । पटभेद । जिसे सिकोडनेपर काण्डरूपता होजातीहै.

काण्डपृष्ठ, (त्रि०) काण्डानि पृष्ठे । यस्य शस्त्राजीव । जो शस्त्रपर जीताहो । सिपाही । अपने कुलकी कुछभी पर्वाह न करके जो दूसरे कुलमें जाय इसी दुष्ट चरित्रसे वह ऐसा कहलाता है (पु०) । मुतवन्ना.

काण्डीर, (त्रि०) काण्डो वाणोऽस्यास्तीति । ईर । जिसका वाण हो । तीरन्दाज । वाणधारणकरनेहारा । अपामार्ग (न०) मजीठ । कारवेल (स्त्री०).

काण्डेक्षु, (पु०) काण्डेन स्कन्धेन इक्षुरिव । जो शाखामें गन्नेकीसी मालूम दे । तालमखाना । तृणभेद.

काण्व, (पु०) कण्वेन अधीतः अण् । कण्वसे पढागया । यजुर्वेदकी एक शाखाका भेद । "अपत्यार्थे अण्" कण्वका पुत्र (त्रि०).

कात्, (अव्य०) निन्दाको प्रकाश करनेवाला शब्द । प्रायः "कृ" के साथ कात्कृतः प्रयुक्त होताहै । एक प्रकारकी गाली वा तिरस्कारके अर्थमें आता है । "गुरुः सदसि कात्कृतः" । कातर्य न० कातरस्य भावः-कातर-य । अधीरपन । कायरपन.

कातर, (त्रि०) ईषत्तरति स्वं कार्यं कर्तुं शक्नोति । जो अपना काम थोडासा करसक्ताहै । अधीर । घबरायाहुआ । व्यसनाकुल । दुःखमें पडाहुआ । भीत । डराहुआ । विवश । बेबस । चञ्चल । "के जले आरति प्लवते नतु विशेषतो मज्जति" । जो पानीमें तैरताहै, बहुतसा नहिं डूबता । उडुप । पूल.

कातृण, (न०) कुत्सितं तृणं कादेशः । कुत्सित तृण । बुरा घास.

कात्यायन, (पु०) कत्यस्य अपत्यं फक् । कात्यका बेटा । एक मुनि (वह धर्मशास्त्रका बनानेवाला है) वररुचिनामी व्याकरणके वार्तिकका बनानेहारा.

कात्यायनी, (स्त्री०) कत्यस्य अपत्यं स्त्री० फन् । दुर्गा (वह कल्पान्तरमें कत्यकी सन्तान थी) । आधी बूढी । गेरुएकपडे पहिनेवाली विधवा (बेवा औरत).

कादम्ब, (पु०) कद्+णिच् अम्बच् । वालहंस । कलहंस । वाण । इक्षु । गन्ना । "कदम्बे भवः अण्" कादम्ब (यही अर्थ).

कादम्बरी, (स्त्री०) कुत्सितं मलिनं अम्बरं यस्य । कोः कदादेशः । कदम्बरो बलभद्रः तस्य प्रिया अण् । जिसका कपडा मैला हो अर्थात् बलभद्र (मद्यपानकरनेसे) उसकी पियारी । वलभद्रको पियारी लगनेवाली मदिरा । "कादम्बं रसं राति रा+क-ङीष्" । कोकिला । कोइल । सरस्वती । सारिका । मैना । शराब.

कादम्बिनी, (स्त्री०) कादम्वाः कलहंसा बलाका वा अनुधावकत्वेन सन्ति अस्याः इनि । जिसके पीछे कलहंस वा बलाका भागतेहैं । मेघमाला । वादलोंकी कतार.

कादाचित्क, (त्रि०) कदाचिद् भवः । ठञ् । कभी २ होनेवाला.

काद्रवेय, (पु०) कद्र्वाः अपत्यं ढक् । कद्रूकी सन्तान । देवयोनिभेद । नागविशेष । सर्प । सांप.

कानक, (त्रि०) कनक+अण् । सौवर्ण । सोनेका बना हुआ । कं-न० । जयपाल वा जप्पोलोहेका बीज.

कानन, (न०) कन्-चमकना । ल्युट्-युच् वा । बन । घर । ब्रह्माका मुख.

काननाग्नि, (पु०) ६ त० । शमीवृक्ष । जंडीका दरख्त । (इससे उत्पन्न हुई अग्निसे वनका दाह होताहै).

कानिष्ठिनेयः-यी, (पु० स्त्री०) कनिष्ठा अपत्यार्थे ठक्-इनङ् च । सबसे छोटी लडकीका बेटा सन्तान वा बेटी.

कानीन, (पु०) कन्याया अनूढाया अपत्यं अण् कनीनादेशश्च । विना विवाहीकी सन्तान । पुत्रभेद । जैसे व्यास । कर्ण.

कान्त, (पु०) कन्+क्त । कम्+क्त । पति । लोहा । सूर्यकान्तमणि । चन्द्रकान्तमणि । वसन्त । हिज्जलवृक्ष । वासुदेव । केसर । लोहविशेष (न०) । मनोहर । शोभन । अभीष्ट । बहुत पियारा (त्रि०) नारी । प्रियंगुवृक्ष (स्त्री०).

कान्तलौह, (पु०) कान्तो लौहो यस्य । जिसका लोहा अच्छा हो । अयस्कान्त । चुम्बक पत्थर । लौहसार.

कान्तार, (पु०) कस्य जलस्य सुखस्य अन्तस्तं कान्तं मनोहरं वा ऋच्छति । ऋ+अण् । कोविदारवृक्ष । कचनारका दरख्त । इक्षुभेद । गन्नेका भेद । उपद्रव । जंगल । पद्मभेद । बडाबन । कठिन मार्ग । गर्त । खाल । टोआ.

कान्ति, (स्त्री०) कम्+क्तिन् । शोभा । दीप्ति । चमक । अभिलाष । चाह.

कान्तिदा, (स्त्री०) कान्ति+दा+क । सोमराजी लता । दीप्तिदेनेवाला (त्रि०).

कान्तिमत्, (त्रि०) कान्ति-अस्ति अर्थे मतुप् । कान्तिवाला । प्यारा । सुन्दर । चमकदार.

कान्दव, (न०) कन्दौ भर्जनपात्रे संस्कृतं अण् । जिसे कडाईमें पकायागयाहै । मिठाई । पक्वान्न । भक्ष्यभेद.

कान्दविक, (त्रि०) कान्दवं पण्यं अस्य । ठक् । मिठाई जिसका सौदा हो । पूडे बनानेवाला । मिठाई बनानेवाला हलवाई.

कान्दिशीक, (त्रि०) कां दिशं यामि इत्याह । ठक् । पृषो० । कहां चलाजाऊं ऐसा कहनेहारा । डरसे भागाहुआ.

कान्यकुब्ज, (न०) कन्याः कुब्जा यत्र । कन्याकुब्ज+स्वार्थे ण् । पृषो० । जहां वायुने एकसौ कन्याको कुबडी करदिया । देशभेद । कन्नौज । विप्रभेद । कन्नौजिआ.

कापटिक, (त्रि०) कपटेन चरति । ठक् । कपटसे व्यवहार करनेहारा शठ । दूसरेके मर्मको जाननेहारा । छात्रभेद । एकतरहका विद्यार्थी (पु०).

कापथ, (पु०) कुत्सितः पन्थाः अच् समा० कादेशः । निन्द्य वर्त्म । बुरा रास्ता.

कापालिक, (पु०) कपालेन मस्तककर्परेण व्यवहरति भोजनपानादिकं करोति । ठक् । जो माथेकी खोपडीसे खानेपीनेका व्यवहार कर्ता है । अपने नामसे प्रसिद्ध वर्ण । कुलाचारिभेद । वामाचारी । एक प्रकारका योगी.

कापिल, (पु०) कपिलेन प्रोक्तं अधीतेऽण् । जो कपिलसे कहेगये शास्त्रको पढताहै । सांख्यशास्त्रको जाननेहारा । पीला रंग । पीले रंगवाला (त्रि०).

कापिश, (न०) कपिशवर्णोऽस्त्यस्य । अण् । मद्यभेद । एक प्रकारकी शराब.

कापुरुष, (पु०) कुत्सितः पुरुषः । कोः कादेशः । निन्दित पुरुष । बुराआदमी.

कापोत, (न०) कपोतानां समूहः अण् । कबूतरोंका समूह । कपोतस्येदं "अण्" । कबूतरका । सौवीराञ्जन । सुरमा । कबुतरजैसा रंग.

काफलः, (पु०) कुत्सितं फलं=बीजं । बुरा फल । बुरा बीज । खट्टा फल.

कामवृत्तिः, (त्रि०) कामेन=स्वेच्छया वृत्तिः=वर्तनं यस्य (ब० स०) । अपनी इच्छासे विचरनेवाला स्वेच्छाचारी.

काम, (न०) कम्+णिच्+अण् । शुक्र । वीर्य । "कम्+घञ्" पियारी वस्तुकी अभिलाषा । "पुरुषको जो विषयकी अपेक्षा होती है उसे काम कहते हैं" शहवतका देवता । कामदेव । (पु०).

कामकला, (स्त्री०) कामस्य कला प्रिया । कामदेवकी पियारी । कलाओंकी कारण कामदेवकी पत्नी । रति । कामप्रिया.

कामकार, (त्रि०) कामं काम्यं करोति अण् । जो इच्छाको कर्ताहै । अपनी इच्छासे विचरनेहारा । कामतः प्रवृत्त । आजाद.

कामकेलि, (पु०) कामे रतौ केलिर्यस्य । कामक्रीड करनेहारा । जार । सुरतक्रिया । यार.

कामचार, (पु०) कामेन स्वेच्छया चरति । चर्+घञ् । चारः । अपनी इच्छासे कर्ता है । यथेष्टाचरणशील । जो चाहता है सो कर्ता है.

कामद, (त्रि०) कामान् ददाति । दा+क । इच्छाओंको देनेहारा । अभीष्टदायक । कामना पूरी करनेहारा वनभेद.

कामदुघा, (स्त्री०) कामं दोग्धि । दुह्+क घादेशः । कामनाओंको देनेहारी । अभीष्टको सम्पादन करनेहारी । सुरभी गौ । कामधेनु । स्वर्गकी गौ.

कामदुह्, (स्त्री०) कामं दोग्धि । दुह्+क्विप् । इच्छाके अनुसार देनेहारी । कामधेनु । स्वर्गकी गाय.

कामध्वंसिन्, (पु०) कामं ध्वंसयति । ध्वंस्+णिच् । णिनि । कामको नाश करनेहारा । शिवजी महाराज.

कामपाल, (पु०) कामान् पालयति । पाल् । रक्षाकरना । अण् । कामनाओंको बचानेहारा । बलराम । श्रीकृष्णजीका बडा भाई । बलभद्र.

कामम्, (अव्य०) अनुमति । राय । प्रकाम । खूब । पर्याप्त । पूरा । चाहे । स्वीकार । हां.

कामरूप, (पु०) अपने नामसे प्रसिद्ध देश । "कामरूपं यस्य" इच्छा जिसका रूप है । अपनी इच्छासे रूप बनानेहारा । सुन्दररूपवाला (त्रि०) । "इनि" विद्याधर । मनोहर रूपवाला । अपनी इच्छासे रूप धारनेवाला (त्रि०)

कामल, (पु०) कामेन लसति । लस्+ड । वसन्तकाल । "मत्वर्थे लच्" कामयुक्त । कामी । शहवती (त्रि०) । "कामं कान्ति लुनाति लू+ड ।" रोगभेद । एकप्रकारकी बीमारी । (पु० स्त्री०)

कामवल्लभ, (पु०) ६ त० । कामका पियारा । कामका वृक्ष । (इसकी कली कामकी पियारी है).

कामशास्त्र, (न०) कामप्रतिपादकं शास्त्रम् । कामके स्वरूपको वर्णन करनेवाला शास्त्र.

कामसख, (पु०) ६ त० । कामस्य सखा+टच् समा० । कामका मित्र । वसन्तकाल । कामको भडकानेहारा चन्द्रमा.

कामसुत, (पु०) ६ त० । कामका बेटा । अनिरुद्ध.

कामसूत्र, (न०) कामस्य तत्तन्त्रस्य सूत्रम् । कामशास्त्रका सूत्र । कामशास्त्रको प्रतिपादन करनेहारा वात्स्यायन मुनिसे रचागया ग्रन्थ.

कामात्मन्, (त्रि०) कामे फलतृष्णायां आत्मा अन्तः-करणं यस्य । जिसका मन फलकी चाहमें लगा हो । फल-की कामना करनेहारा । जिसका चित्त कामसे व्याकुल हो । कामही जिसका स्वरूप होगया है । अर्थात् सैंकडों तरहकी विषयवासनाओंमें डूब रहाहै.

कामान्ध, (पु०) कामं यथेष्टं अन्धयति स्वरेण विरहिणं । पुरा० अन्ध्+अच् । जो अपनी आवाजसे दूसरेको पूरा २ अंधा करदे । कोकिल । कोइल । कामेन अन्धः ३ त० । विचारहीन (त्रि०).

कामावशा(सा)यिता, (स्त्री०) कामान् अवशेते । अव+शीङ्+णिनि तस्य भावः तल् । अणिमादि आठ प्रकार-के ऐश्वर्यमें सत्यसंकल्पता (जो इच्छा करे सो पूरा हो जाय) रूप ऐश्वर्य । "कामान् अवसातुं निश्चेतुं शीलं यस्य । स्यतेः णिनि । ततस्तल् "कामावसायिता" यह भी इसी अर्थमें है.

कामिन्, (पु०) काम+णिनि । चकवा । कबूतर । चि-डिया । सारसपक्षी (इन सवको काम अधिक होनेसे कामीपना है) । कामी (त्रि०) कामिनी (स्त्री०) डरपोक औरत । मदिरा.

कामुक, (पु०) कम्+णिङ्+उक । अशोक वृक्ष । अतिमुक्तक । माधवीलता । चटक । चिडिआ । जिसे बहुतही संभोग (मैथुन) की इच्छा रहे । (त्रि०) "स्त्रियां" कामुकी । जब "चाहनेवाली" ऐसा अर्थ करें तो "कामुका".

काम्पिल्य, (पु०) कम्पिलाया नद्या अदूरभवो देशः (ण्य) । कम्पिला नदीके पासका देश । उत्तरकी ओर एक देश । वहां उत्पन्न होनेवाली गुण्डारोचना नामी लता.

काम्बलः, (पु०) कम्बल-अहन् । ऊनी कपडे, वा त्वैंकटसे आच्छादित रथ (गाडी.)

काम्बविक, (पु०) कम्बुः शङ्खः शिल्पं अस्य । शङ्खका काम करनेवाला । शङ्खकार.

काम्बोज, (पु०) कम्वोजो देशोऽभिजनो निवासो वा यस्य अण् । कम्बोजदेशका वासी । कम्वोज देशमें उपजा घोडा । पुन्नागवृक्ष । म्लेच्छका भेद । धवलखदिर । माषपर्णी । हयपुच्छी (स्त्री०).

काम्य, (न०) कम्+णिङ्+यत् । अभिलषणीयकार्य । चहागया काम । कुछ न कुछ फलकी कामनासे किया-गया यज्ञ, दान, व्रत, पाठ और तपस्यादि । वह काम कि जिसके करनेमें बडा क्लेश हो । सुन्दर (त्रि०) चाह-नेके लायक.

काम्ल, (त्रि०) ईषत् अम्लं, थोडासा खट्टेरसवाला पदार्थ.

काय, (पु०) चीयतेऽन्नादिभिः चिञ्+घञ् । नि० । जो अन्नादिसे बढताहै । देह । शरीर । कः प्रजापतिः ब्रह्मा वा देवताऽस्य अण् । जिसका देवता प्रजापति वा ब्रह्मा है । प्राजापत्यविवाह । ब्राह्मतीर्थ । लक्ष्य । निशान । स्वभाव । मूलधन । ब्रह्मा.

कायवत्, (त्रि०) काय-अस्ति अर्थे मतुप् । कायवाला । शरीरवाला.

कायस्थ, (पु०) काये तिष्ठति । काय+स्था+क । शरीरमें स्थित होताहै । परमात्मा । लिपिका काम करनेहारा । वाबू । कएत । जातिभेद । "कायस्तिष्ठति अनया" स्था+क+टाप् । जिसके द्वारा शरीर रह सक्ताहै । हरीतकी । हरीड । आमलकी (स्त्री०).

कायिक, (त्रि०) कायेन निर्वात्यं । ठक् । जो शरीरसे कियाजाय । शारीरिक । दैहिक.

कार, (पु०) कॄ-मारना । कृ-करना । ना भावे घञ् । वध्य । मारनेलायक । निश्चय । यत्न । क्रिया । काम । हिमालय । यति । मारना । बलि । बरफसे आच्छादित पर्वत.

कारक, (त्रि०) कृ+ण्वुल् । क्रियाजनक । करनेवाला । जिसका साक्षात् क्रियासे सम्बन्ध हो ऐसे व्याकरणमें कर्ता कर्म आदि छ (न०).

कारकदीपक, (न०) अलङ्कारशास्त्रमें अर्थालङ्कारविशेष । सा० १० प०.

कारण, (न०) कृ+णिच्+करणे ल्युट् । हेतु । जिसके विना कार्यकी उत्पत्ति नहिं हो सक्ती । जैसे दण्डके विना घटकी उत्पत्ति नहिं होती इस्से दण्ड घटका कारण है । साधन । इन्द्रिय । देह । "कृल्" मारना । स्वार्थे णिच् । भावे ल्युट् । वध । मारना । "क्रियते इति कर्मणि" वाजेका भेद । "कॄल्-मारना । णिच्+युच्+टाप्" कारणा । पीडा (स्त्री०).

कारणमाला, (स्त्री०) अर्थालङ्कारभेद । साहि० १० परि०.

कारणोत्तर, (न०) कारणेन उत्तरम् । मतलब दिलमें रखकर उत्तर देना । व्यवहारोंमें वादी (मुद्दई) से उप-न्यास कीगई बातको सत्यरूपसे मानकर उसके विरुद्ध कारण वताना । जैसे "इसने मेरा सौरुपया देनाहै" ऐसा सवाल करनेपर ये कहे कि "हां ठीक लिया था परन्तु मैं तो उतारचूकाहूं" और "ये मेरी पृथिवीका भोग कर रहाहै" ऐसा सवाल किया जानेपर ये कहे कि "हां इसीकी भूमि है किंतु इसने तो मुझे दान करदीथी अथवा मैं तो इस्से मोलपर लेचुकाहूं" इसप्रकार उत्तर कहना । सच्ची प्रतिज्ञा करके उसके विरुद्ध उत्तर देना.

कारण्डव, (पु०) रम्+ड । रण्डः । ईषत् रण्डः कारण्डः तं वाति । वा कः । हंसभेद । एकप्रकारका हंस.

कारयितृ, कारयिष्णु -(त्रि०) कृ+णिच्+तृच् वा इष्णुच् । करनेवाला । सिद्ध करानेवाला.

कारव, (पु०) केति रवोऽस्य । जिसकी आवाज कक हो । काक । कौआ.

कारस्कर, (पु०) कारं करोति । कृ+अप् । नि० सुट् । किम्पालवृक्ष.

कारा, (स्त्री०) कॄ+अङ् । नि० दीर्घः । बंधनागार । जेलखाना । कैदखाना । दूती । बीणके नीचे काठका पात्र (तुम्बा) । सुवर्णकारिका । सुनारिन.

कारागार, (न०) कारैव आगारं । बंधनालय । जेलखाना.

कारापथ, (पु०) लक्ष्मणके पुत्र अङ्गद और चन्द्रकेतुका राज्यविषय । देशभेद.

कारि, (स्त्री०) कृ+इञ् । क्रिया । काम । शिल्पी । कारीगर (त्रि०).

कारिका, (स्त्री०) कृ+ण्वुल् । क्रिया । काम । "कर्तरि ण्वुल्" नटकी स्त्री । ऐसा श्लोक कि जिसमें अक्षर थोडे होनेपरभी अर्थ बहुत हो । शिल्प । कारीगरी । "कृ+भावे ल्युट्" । यातना । पीडा । दर्द । कृ+वुण् । नाई आदिका काम । वृद्धिभेद । सूद.

कारित, (त्रि०) कृ+णिच्+क्त । करवाया गया.

कारिन्, (त्रि०) कृ+णिनि । वनानेवाला । करनेवाला.

कारीरी, (स्त्री०) कं जलं ऋच्छति । क+ऋ+विच् । कारो मेघः, तं ईरयतीति । ईर्+अण् । वृष्टिको सम्पादन करनेहारी यज्ञक्रिया । पानी वर्सानेवाली यज्ञकी क्रिया.

कारीषं, (न०) करीषाणां समूहः अण् । सूके हुए गोहे (गोवर) का समूह.

कारु, (त्रि०) कृ+उक । शिल्पी । कारीगर । कारक । करनेवाला । विश्वकर्मा (पु०).

कारुज, (पु०) कं जलं आरुजति । कुत्सितं रुजति वा रुज+क । करभ । हाथीका बच्चा । वल्मी । वर्मी । नागकेशर । गैरिक (गेरी) । शरीरमें आपही उपजा तिल आदि चिह्न.

कारुणिक, (त्रि०) करुणा शीलं अस्य ठक् । दया । जिसका स्वभावही दयालु हो । दयाशील । दयाकरनेवाला.

कारुण्य, (न०) करुणस्य भावः । करुणैव वा घञ् । दया । मेहर्वानी.

कार्तवीर्यः (पु०) कृतवीर्यस्य अपत्यं पुमान्-कृतवीर्य अण् । हैहयोंका राजा कृतवीर्य जो माहिष्मती नगरीमें शासन करताथा.

कार्तस्वर, (न०) कृतस्वरे आकरभेदे भवः । कृतस्वर नाम कानमें होनेवाला । "कृताः पठिताः स्वरा येन तस्मै वैदिकाय ब्राह्मणाय वा इदं वा अण्" । जो वस्तु वेदजाननेहारे ब्राह्मणके लिये हो, स्वर्ण । सोना । धतूरा । काञ्चनवृक्ष.

कार्तिक, (पु०) कृत्तिकायां जातः अण् । कृत्तिकामें उपजा । स्कन्द । स्वामिकार्तिक । कृत्तिकानक्षत्रेण युक्ता पौर्णमासी कार्तिकी सा यत्र मासे ठक् । कृत्तिका नक्षत्रवाली पूर्णिमा (कार्तिकी) जिस मासमें हो । कत्तकका महीना । कत्तककी पूनो । शरत् ऋतुका दूसरा महीना.

कार्तिकेय, (पु०) कृत्तिकानां अपत्यं तत्पालितत्वात् ढक् । कृत्तिकाओंकी सन्तान (उनके पालनकरनेसे) । स्कन्द । स्वामिकार्तिक । शिवपुत्र.

कार्तिकोत्सव, (पु०) ७ त० । कार्तिकके शुक्लपक्षकी प्रतिपदाके दिन करनेयोग्य दीपोत्सव । दीवोंके चमकानेका मेला.

कार्त्स्न्य, (न०) कृत्स्नस्य भावः ष्यञ् । सारेका होना । सारासार । साकल्य । सामग्र्य । पूरा २.

कार्दमः, (पु०)-मी (स्त्री०), कार्दम (मि) क (न०) । की (स्त्री०) कर्दम+अण्-ठक् वा । कीचडवाला । पंकिल । कीचडसे ढका हुआ.

कार्पटः, (पु०) कर्पट-अण् । प्रार्थना करनेवाला । नालिश करनेवाला । गेरुए कपडे पहिननेवाला.

कार्पटिक, (पु०) कर्पटेन काषायवस्त्रेण चरति ठक् । गेरुये कपडोंसे विचरताहै । तीर्थयात्राके लिये तयार हुआ । तीर्थसेवा.

कार्पण्य, (न०) कृपणस्य भावः ष्यञ् । सूमपन । उचितव्यय (खर्च) को उकरके धन इकट्ठा करनेकी इच्छा करना । दीनता.

कार्पास, (पु०) कार्पास्याः फलं अण् तस्य लुक् तस्य विकारे वा अण् । तूल । रुई । कार्पासीफल । उस्से उत्पन्न हुआ कपडा आदि । कर्पास । कपा.

कार्पासी, (स्त्री०) कृ+पास्+स्वार्थेऽण् । वृक्षविशेष । कपास । कपा.

कार्म, (त्रि०) कर्मन्+ण । परिश्रमी । मेहनती.

कार्मण, (त्रि०) कर्मणि कुशलः । अण् । क्रियामें चतुर । काममें होशियार । योगविद्या । जादू वा यन्त्र, मन्त्रचलाना.

कार्मिक, -(त्रि०)-की (स्त्री०) कर्मन्-ठक् । घडा हुआ । बनाया गया । रंगीले सूतसे मिलाहुआ कपडा.

कार्मुक, (पु०) कर्मणे प्रभवति उकञ् । वंश । बांस । श्वेतखदिर । महानिम्ब । धनुष् (कमान) (न०) । काममें चतुर कामकरसकनेवाला (त्रि०).

कार्य, (न०) कृ+ण्यत् । प्रयोजन । हेतु । कारण । व्याकरणमें कहेगये आदेश प्रत्यय आगम । न्यायमतमें प्रागभावके प्रतियोगी (विरोधी) घट पट आदि विकाररूप कार्य । विनश्वर । अवयववाला । देह आदि । विवाद (झगडा) । पुण्य और अपुण्यरूप अपूर्व कर्तव्य । करनेलायक (त्रि०).

कार्श्य, (न०) कृशस्य भावः ष्यञ् । कृशका होना । कमजोरी । निर्बलता । सालवृक्ष । लकुचवृक्ष (पु०) । स्वार्थे ष्यञ्.

कार्षापण, (पु० न०) कर्षस्यायं अण् । आ+पण्+घञ् । कार्षस्य आपणः । सोलह पण । सोलह पैसा । पण । पैसा । कृषक (पु०) सोना । रुपया.

कौमोदकी, (स्त्री०) कोः पृथिव्याः पालकत्वात् मोदकः कुमोदको विष्णुः तस्येयं अण् । पृथिवीको पालन करनेहारे विष्णुकी जो हो । गदाका नाम है । (विष्णुकी गदा).

कौरव, (पु०) कुरोरयम्+अण् । कुरुराजाकी सन्तति । धृतराष्ट्र और पाण्डुके पुत्र (दोनों कुरुके वंशमें उपजनेसे).

कौरव्य, (पु०) कुरु+ण्य । कुरुवंशमें उपजा क्षत्रिय । "कुरवः" बहु०.

कौल, (त्रि०) कुले सत्कुले भवः अण् । अच्छे कुलका । तन्त्रमें कहेहुए कुलाचारमें लगा हुआ.

कौलटिनेय, (पु० स्त्री०) भिक्षुक्याः सत्या अपत्यं ढक् इनादेशश्च । भीखमांगनेवाली सती (पतिव्रता स्त्री) का बेटा । "कुलटायाः अपत्यम्" । व्यभिचारिणीस्त्रीका बेटा । बदमाश औरतका पुत्र.

कौलटेय, (पु० स्त्री०) कुलटायाः सत्या असत्या वा अपत्यं ढक् । व्यभिचारिणी स्त्रीका पुत्र । नेकबाबद फकीरनीका पुत्र । बेटा.

कौलटेर, (पु० स्त्री०) कुलटायाः असत्याः अपत्यं ढक् । बदमाश स्त्रीका पुत्र.

कौलिक, (त्रि०) कुलात् आगतः ठक् । कुलपरम्परासे चलाआया । "कुलेनाचरितः ठक्" । कुलका आचार । "कौलं कुलधर्मं प्रवर्तयति ठक्" । कुलधर्मको चलानेहारा तन्त्रमें कहाहुआ शिवजी । मनु आदि । खानदानी । जुलाहा । शाक्तधर्म.

कौलीन, (न०) कौ पृथिव्यां लीनं यस्मात् । अलुक् समा० । बडोंसे चलाआया । छिपाहुआ । निन्दा । दुष्ट काम । फकीरनीका बेटा । वाममार्गमें शक्तिका उपासक । बुरी खबर । मुरगोंकी लडाई । लडाई । अच्छेकुलमें पैदा हुआ.

कौलूत, (पु०) कुलूतस्य राजा+अण् । कुलूत देशका अधिपति । राजा.

कौलेयक, (पु०) कुले भवः ढकञ् । अच्छे वंशका कुत्ता.

कौशल, (न०) कुशलस्य भावः अण् । काममें चतुराई । खुशी । सम्पदा.

कौशलिका, (स्त्री०) कुशलस्य पृच्छा ठक् । कुशल प्रश्न । "कुशलाय स्वमङ्गलाय नीयते ठञ्" । जिसे अपनी भलाईके लिये लेजातेहैं । उपायन । भेटा । मित्रतासे दूसरेके आरामका पूछना.

कौशलेय, (पु०) कौशल्याया अपत्यं ढक् । यलोप । रामचन्द्र.

कौशल्या, (स्त्री०) कोशलदेशे भवा छय । रामचन्द्रजी-की माता.

कौशाम्बी, (स्त्री०) कुशाम्बेन निर्वृत्ता नगरी । अण् । एकनाम पुराने नगरका जो गंगापर है । वत्सराजाकी नगरी.

कौशिक, (पु०) कुशिकस्य गोत्रापत्यं । कुश+ठञ् । कुशिक+अण् वा । विश्वामित्र मुनि । "कोशे भवः" ठक् । नेवला पकडनेवाला । उल्लू । इन्द्र । गुग्गुल । "कोशेऽधि-कृतः ठक्" । कोशाध्यक्ष । खजानची.

कौशिकी, (स्त्री०) इस नामकी दुर्गा । एक नदी । नाट-कमें एक वृत्ति.

कौशेय, (त्रि०) कोशात् उत्थितं ढक् । कीडाके खजाना-से बनाहुआ कपडा । रेशमी कपडा.

कौसल्यायनिः, (पु०) कौसल्याया अपत्यं फिञ् । श्रीराम-चन्द्रजी.

कौसुम्भ, (पु०) कुसुम्भ+स्वार्थे अण् । बनका कुसुम्भा । शाकभेद । "कुसुम्भेन रक्तं अण्" । कुसुम्भेके रंगसे रंगा-हुआ कपडा आदि.

कौसृतिक, (त्रि०) कुसृत्या चरति ठक् । मायाकरनेवाला । जादूगर । धूर्त.

कौस्तुभ, (पु०) कुं भूमिं स्तुभ्नाति कुस्तुभो जलधिः तत्र भवः अण् । समुद्रसे निकला । विष्णुकी छातीपर बडे तेजवाला मणि.

कौस्तुभवक्षस्, (पु०) ६ व० । कौस्तुभो वक्षसि यस्य । भगवान् विष्णु.

क्नथ, मारना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सेट् । क्नथयति-ते । क्नथति । अचिक्नथत्-त । अक्नाथीत्.

क्नस्, टेढाहोना । चमकना । बोलना । दिवा० चुरा० पर० अक० सेट् । क्नस्यति । अक्नसीत्-अक्नासीत् । क्नसयति-ते.

क्नूय्, दुर्गन्ध उठना । गीला होना । शब्दकरना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । क्नूयते । अक्नूयिष्ट । क्नोपयति-ते.

क्रकच, (पु०) क्रयति क्रइति शब्दायते । कच्+अच् । गांठ-दार वृक्ष । आरा (पु० न०) ज्योतिषमें एक योगका भेद.

क्रकचपाद्-द, (पु०) क्रकचमिव पादौ यस्य वा अन्त्यलो-पः । जिसके पांव आरेके समान हों । कृकलास । किरला.

क्रकर, (पु०) क्रइति शब्दं कर्तुं शीलं अस्य । अच् । जो क्र क्र शब्द कर्ताहै । एक प्रकारका तीतर । गरीब आदमी.

क्रतु, (पु०) कृ+कतु । यूपवाला वा यूपके विना यज्ञ । संकल्प । मरीच आदि मुनिविशेष । वैश्वदेवभेद । इन्द्रिय । विष्णुका नाम । शक्ति । इच्छा । मेदा । पूजा । बुद्धि.

क्रतुद्विष्, (पु०) क्रतुं द्वेष्टि । द्विष्+क्विप् । यज्ञका वैरी दैत्य । नास्तिक.

क्रतुध्वंसिन्, (पु०) क्रतुं दक्षयज्ञं ध्वंसयति । ध्वंस्+ णिच्+णिन् । दक्षके यज्ञको नाश करनेवाला शिवजी.

क्रतुपतिः, (पु०) क्रतोः पतिः-ष० त० । यज्ञका पति । यज्ञका अनुष्ठान करनेवाला.

क्रतुपशुः, (पु०) क्रतोः पशुः । यज्ञका पशु.

क्रतुपुरुषः, (पु०) क्रतोः पुरुषः । यज्ञका पुरुष । विष्णु.

क्रतुभुज्, (पु०) क्रतौ यज्ञे दत्तहविरादिकं भुङ्क्ते । भुज्+क्विप् । यज्ञमें दियेगये घीआदिको खानेवाला । अग्नि देवता.

क्रतुराज्, (पु०) क्रतुषु राजते-राज्+क्विप् । यज्ञोंमें चमकता है । यज्ञोंका राजा (अश्वमेध).

क्रतुराज, (पु०) क्रतूनां राजा । टच् समा० । यज्ञोंका राजा । अश्वमेध यज्ञ । राजसूय यज्ञ.

क्रथ्, मारना । भ्वा० पर० अक० सेट् । क्रथति । अक्रथीत्-अक्राथीत्.

क्रथन, (न०) क्रथ् ल्युट् । मारना । काटना । "संज्ञायां कन्" ऊंठ.

क्रदि, रोना । घबराना । अक० । बुलाना । सक० पर० सेट् । क्रन्दति । अक्रन्दीत्.

क्रन्दन, (न०) क्रदि-भावे ल्युट् । शोक आदिसे आंसू गिराना । रोना.

क्रप्, कृपा करना । भ्वा० अक० आत्म० सेट् । क्रपते । अक्रपिष्ट.

क्रम्, जाना । भ्वा० पक्षे दिवा० पर० सक० सेट् । क्रमति । क्राम्यति.

क्रम, (पु०) क्रम्-भावकरणादौ घञ् । पांव रखना । पांव जाना । एकके पीछे दूसरा । सिलसिलेवार । नियम । हमला.

क्रमणः, (पु०) क्रामति अनेन-करणे ल्युट् । जिसके द्वारा चलता है । पाद । पाँव । अश्वं । -णं (न०) सर-कना । चलना । लांघना.

क्रमिक, (त्रि०) क्रमात् आगतः ठन्-इक । क्रमसे आया । क्रमानुसार सिलसिलेवार.

क्रमुक, (पु०) क्रम्+उन् । ततः संज्ञायां कन् । सुपारी । भद्रमोथा.

क्रमेल, (पु०) क्रामति । क्रम्-विच् । एलति अच् । ऊंठ । -क । "कन्" ऊंठ.

क्रय, (पु०) क्री+भावे अच् । मोल देकर चीज लेना । खरीदना.

क्रयिक, (पु०) क्रयेण जीवति ठन् । जो खरीदसे जीवता है । बणियाजन । व्यौपारी.

क्रय्य, (त्रि०) क्री+यत् । "खरीदनेवाले खरीदें" इस विचारसे जो फैलायाजाय । खरीदनेके लिये दुकानपर फैलाई गई चीजें । "क्रय्यस्तदर्थे" इति नि०.

क्रव्य, (न०) क्रव्+ण्यत्-रलयोरेकत्वात् । आममांस । कच्चामांस.

क्रव्याद्, (पु०) क्रव्यं अत्ति । अद्+क्विप् । मांस खाताहै । राक्षस । गीध आदि.

क्रव्याद, (पु०) क्रव्यं अत्ति । अद्+अण् । राक्षस । शेर । बाज । मुर्देके मांसको खानेवाली आग । "क्रव्यादो मृतभक्षणे".

क्रव्याद, (पु०) क्रव्यं अत्ति । अद्+क्विप् । मांस खानेवाला । राक्षस । गीध.

क्रशिमन्, (पु०) कृशस्य भावः इमनिच् । कृशता । कमजोरी । झुकना.

क्रान्त, (पु०) क्रम्+क्त । घोडा । दवायाहुआ । लांघगया । घिराहुआ (त्रि०).

क्रान्तदर्शिन्, (त्रि०) क्रान्तं अतीतं पश्यति णिनि । जो पिछली वातको जानताहै । पण्डित । कवि । अतीतद्रष्टा.

क्रान्ति, (स्त्री०) क्रम्+क्तिन् । आक्रमण । चढाई करना । दवाना । जाना । चढना । आकाशके गोलेमें कुच्छ टेढी गोल रेखा जहांसे सूरज गति कर्ता है.

क्रिमि, (पु०) क्रम्+इनि । इत्वादेः । कृमि । कीडा । मकोडा । छोटी कीडी.

क्रिया, (स्त्री०) कृ+भावे श टाप् । करना । पूराकरना । काम । आरम्भ । चेष्टा । इन्द्रियोंका व्यापार । धातुका अर्थ । वदला । पूजा सिखलाना । इलाज करना । गर्भाधानादि संस्कार । व्यवहारका एक भाग.

क्रियापद, (पु०) व्यवहारका तीसरा पाद । (गवाह लेख्य किये गये दावेको पूरा करना । ये तीन पाद हैं).

क्रियाफल, (न०) ६ त० । कामका फल । यज्ञादिसे उत्पन्नहुआ पुण्यापुण्य.

क्रियायोग, (पु०) योगके लिये कियागया देवताका आराधन आदि.

क्रियासमभिहार, (पु०) सम्+अभि+हृ+घञ् ६ त० । किसी कामको बार२ करना । "क्रियासमभिहारेण विराध्यन्तं क्षमेत कः" माघः.

क्री, मोल लेना । क्र्यादि० उभ० अक० अनिट् । क्रीणाति-क्रीणीते । अक्रैषीत् । अक्रेष्ट.

क्रीड्, खेलना । भ्वा० पर० अक० सेट् । क्रीडति । चिक्रीड । अक्रीडीत्.

क्रीडन, (न०) क्रीड्+ल्युट् । परीहास । मखौल खेलन । खेलना.

क्रीत, (पु०) क्री+क्त । खरीदाहुआ । वारह प्रकारके पुत्रोंमेंसे एक । मोल लीगई कोई चीज (त्रि०).

क्रीतानुशय, (पु०) क्रीते अनुशयः पश्चात्तापो यत्र । खरीदकर किसी प्रकारकी दुष्टतासे पछताना । १८६ प्रकारके विवादोंमेंसे एक.

क्रुञ्च्, (पु०) क्रुन्च्+क्विप् । क्रुञ्ज । एक प्रकारका वगला.

क्रुञ्च्, जाना । टेढा होना । अनादर करना । सक० पर० सेट् । क्रुञ्चति । अक्रुञ्चीत्.

क्रुञ्च, (पु०) क्रुञ्च+कर्मणि घञ् । क्रौञ्चपर्वत । "अच् टाप्" । एकवीणा.

क्रुथ्, क्लेशहोना । गले मिलना । क्र्या० पर० अक० सेट् । क्रुन्थति । अक्रुन्थीत्.

क्रुध्, गुस्सा करना । दिवा० पर० अक० उपसर्गसहित-सक० अनिट् । क्रुध्यति । अक्रुधत् । भृत्यं अभिक्रुध्यति.

क्रुध्–धा, (स्त्री०) क्रुध्+क्विप्-वा टाप् । इच्छाकी प्राप्ति न होनेसे उत्पन्न हुआ चित्तकी वृत्तिका भेद । कोप । गुस्सा.

क्रुश्, रोना । चिल्लाना । सक० भ्वा० पर० अनिट् । क्रोशति । अक्रुक्षत्.

क्रुष्ट, (न०) क्रुश्–भावेक्त । रोना । शब्द करना । आङ्+कर्मणि क्त । बुलायागया (त्रि०).

क्रूर, (त्रि०) कृत्+रक्-धातोः क्रू । कठिन । सख्त । निर्दय । वेरहम । दूसरेके साथ वैर करनेवाला । गरम । वाजपक्षी । कङ्कपक्षी । ज्योतिषमें कहागया सूर्य, मंगल, शनि, राहु और केतु ग्रह । सुनहरी करनेका दरख्त.

क्रेय, (त्रि०) क्री+यत् । खरीदनेलायक कोई चीज । क्रेतव्य वस्तुमात्र.

क्रोड, (पु०) (न०) क्रुड्-इकट्ठा होना । जमजाना । घनीभाव । संज्ञायां कन् । अंक । गोद । राक्षस । सूअर (पु०) घोडोंकी छाती और भुजाओंका मध्य । (स्त्री०) टाप् । वाराही कन्द (पु० स्त्री०).

क्रोडाङ्घ्रि, (पु०) क्रोडे अङ्घ्रिर्यस्य । जिसके पांव गोदमें हो । कच्छप । कच्छू.

क्रोध, (पु०) क्रुध्+घञ् । दूसरेका अपकार (वुराई) करनेके लिये चित्तकी वृत्तिका भेद । दूसरेके अनिष्टकी इच्छा । गुस्सा.

क्रोधकृत्, (त्रि०) क्रोधं करोति कृ+क्विप् । क्रोध करनेवाला । क्रोधी.

क्रोधज, (पु०) क्रोधात् जायते । जन्+ड । मोह । अज्ञान । वेसमझी । क्रोधके आठ गण हैं जैसे चुगलखोरी, दिलेरी, वैर, ईर्षा, दूसरेकी उन्नति न सहारना, असूया (गुणोंमें दोष लगाना), अर्थदूषण (धनको बिगाडना), वाग्दण्ड (गाली गल्लौज करना), पारुष्य कठिनता । सख्ती.

क्रोधन, (पु०) क्रुध्+ल्यु । कोपयुक्त । गुस्सेवाला । कोपशील । भैरवभेद.

क्रोधवश, (त्रि०) क्रोधस्य वशः । क्रोधके आधीन हुआ.

क्रोधहन्, (पु०) क्रोधं हन्ति हन्+क्विप् । क्रोधको मारनेवाला । विष्णु.

क्रोधानलः, (पु०) क्रोधस्य अनलः ष० त० । क्रोधकी आग.

क्रोधान्धः, (पु०) क्रोधेन अन्धः तृ० त० । क्रोधसे अंधा होगया.

क्रोधेद्धः, (त्रि०) क्रोधेन इद्धः=संदीप्तः । क्रोधसे प्रदीप्त हुआ । भडका हुआ.

क्रोधोज्झित, (त्रि०) क्रोधात् उज्झितः । क्रोधसे आवेशसे छूटा हुआ.

क्रोधालुः, (त्रि०) क्रुध् आलुच् । क्रोधी । क्रोधके स्वभाववाला.

क्रोधिन्, (त्रि०) क्रुध् णिनि । क्रोधवाला । गुस्सेवाला.

क्रोश, (पु०) क्रुश्+घञ् । रोना । बुलाना । आठहजार हाथोंका माप । एककोस (दो हजार हाथका माप) इति लीलावती.

क्रोष्टु, (पु०) क्रोशति । क्रुश्+तुन् । गीदड । "स्वार्थे कन्" यही अर्थ । स्त्रियां क्रोष्ट्री.

क्रौञ्च, (पु०) क्रुञ्च्+स्वार्थे अण् । क्रौंच बक । एकप्रकारका बगला । कुररपक्षी । कूंज । एक दैत्य । एक द्वीप । एक पर्वत.

क्रौञ्चदारुक-रण, (पु०) क्रौञ्चं दैत्यं पर्वतं वा दारयति । दृ+णिच्-ण्वुल् युच् वा । कार्तिकेय । इसके साथ युद्ध करके क्रौञ्चदैत्य मारा गया । परशुरामका नाम.

क्रौञ्चादन, (न०) क्रौञ्चानां बकभेदानां अदनं भक्ष्यं । एकप्रकारके बगलोंका भोजन । मृणाल । कमलकी डण्डी । पिप्पली । कमलके बीज (बी) (स्त्री०).

क्लथ्, मारना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । क्लथयति-ते । क्लथति । अचिक्लथत् । अक्लाथीत्-अक्लथीत्.

क्लन्द्, रोना -अक० बुलाना -सक० इदित् । पर० भ्वा० सेट् । क्लन्दति । अक्लन्दीत्.

क्लम, ग्लानिकरना । थकजाना । दिवा० पर० अक० सेट् । क्लाम्यति । अक्लमीत् । क्लमित्वा । क्लान्त्वा । क्लान्तः.

क्लम, (पु०) क्लम्+घञ्-अवृद्धिः । आयास । यत्न । थकना । मिहनत.

क्लान्त, (त्रि०) क्लम+क्त । श्रमार्त । श्रान्त । मिहनतकरनेमें घबरा गया.

क्लिद्, गीलाहोना । दिवा० पर० अक० सेट् । क्लिद्यति । अक्लिदत् । अक्लेदीत् । अक्लैत्सीत्.

क्लिन्न, (त्रि०) क्लिद्+क्त । गीला । आर्द्र.

क्लिश्, उपताप करना । लाचारहोना । दुःखी होना । दिवा० आत्म० अक० सेट् । क्लिश्नाति । अक्लेशीत् । अक्लिक्षत्.

क्लिशित, (त्रि०) क्लिश्+क्त । क्लेशयुक्त । तकलीफवाला । " इट् न होनेसे " क्लिष्ट.

क्लीब्-व्, मस्तहोना । नपुंसक होना । चतुर न होना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । क्लीब (व) ति । अक्लीबि (वि) ष्ट.

क्लीब-व, (पु०) क्लीव् (व्) अच् । नपुंसक । विक्रमहीन । धर्मके कार्य आदिमें निरुत्साह । हीजडा । कमजोर.

क्लृप्त, (त्रि०) क्लृप्+क्त । रचाहुआ । नियत । कायम । बनाहुआ.

क्लृप्, भ्वा० आ० । कल्पते । चक्लृपे । अक्लृपत् । अक्लृप्त । अकल्पिष्ट । कल्पिष्यते । कल्प्स्यति-ते । कल्पितुं । कल्प्तुं । क्लृप्त । योग्य होना । रचना करना । समर्थ होना.

क्लृप्तिः, (स्त्री०) क्लृप्+क्तिन् । रचना । बनावट । समाप्ति.

क्लेद, (पु०) क्लिद्+घञ् । गीलापन । तकलीफ । उपद्रव.

क्लेद, (त्रि०) (क्लिद्+णिच्+ल्युट्) गीला करनेवाला । (न० पु०) श्लेष्म (बलगम) (नं० न०) गीला करना । गीला होना.

क्लेश, मारना । लाचारहोना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । क्लेशते । अक्लेशिष्ट.

क्लेश, (पु०) क्लिश्+घञ् । दुःख । रोग आदि । योगशास्त्रमें कहेगये अविद्या अस्मिता आदि पांच.

क्लैब्य-व्य, (न०) क्लीव् (व्) भावे घञ् । निष्पौरुषत्व । कमजोरी.

क्लोमन्, (न०) क्लुङ् -जाना+मनिन् । मूत्रका आधार । फूंकना । मसाना.

क्व, (अव्य०) कहां । "क्वचित्" "क्वचन" इसी अर्थमें होते हैं.

क्वण्, शब्द करना । भ्वा० पर० अक० सेट् । क्वणति । अक्वा-(क्व)णीत्.

क्वण, (पु०) क्वण्+अप् । वीणाकी आवाज । कोई आवाज.

क्वथ्, अच्छी तरह पकना । काढना । क्वथति । अक्वथीत्.

क्वथित, (त्रि०) क्वथ्+क्त । बहुत पकाहुआ व्यञ्जन (नाल्दा) आदि । काढाहुआ.

क्वाथ, (पु०) क्वथ्+घञ् । दुःख । किसी चीजका बहुत पकना । काढा.

क्षण्, वधकरना । मारना । तना० उभ० सक० सेट् । क्षणोति-क्षणुते । अक्षणीत् -अक्षणिष्ट.

क्षण, (पु०) क्षणोति दुःखं । क्षण्+अच् । जो दुःखको दूर कर्ताहै । उत्सव । मेला । अवसर । मौका । मध्य । बीच । लहजा । थोडा वक्त.

क्षणद, (पु०) क्षणं मुहूर्तं उत्सवं वा ददाति । दा+क । जो अच्छा समय बतलाता वा खुशी देताहै । ज्योतिषी । पानी (न०) रात (स्त्री०).

क्षणप्रभा, (स्त्री०) क्षणं व्याप्य प्रभा यस्याः । जिसकी चमक छिनभरके लिये हो । विद्युत् । बिजली.

क्षणभङ्गुर, (त्रि०) क्षणात् भज्यते । भञ्ज्+कर्मकर्तरि घुरच् । छिनभरमें नाश होनेवाली कोई चीज.

क्षणविध्वंसिन्, (त्रि०) क्षणेन विध्वंसते उप० स० । क्षणभरमें नष्ट होजानेवाला । एक प्रकारका नास्तिक जो सम्पूर्ण पदार्थोंका क्षणिक उत्पाद और विनाश मानताहै.

क्षणिक, (त्रि०) क्षणं व्याप्नोति ठन् । एक क्षणकेलिये रहनेवाला पदार्थ । जिनका पहिले क्षणमें उत्पत्ति, दूसरेमें स्थिति, और तीसरे क्षणमें नाश होताहै वे क्षणिक हैं, जैसे "बुद्धि" यह तार्किक कहतेहैं । कार्य करनेमें समर्थ सत्पदार्थोंकी पहिले क्षणमें उत्पत्ति और दूसरे क्षणमें नाश होताहै यह बौद्ध कहतेहैं । एक दमका । छिनभरके लिये । "क्षणिका" (स्त्री०) विजली.

क्षत, (न०) क्षण्+भावे क्त । वह घाव जिसमेंसे लोहू और पीक वह रहाहो । "कर्मणि क्त" घाववाला (त्रि०) जिसे घाव लगाहो । फाडागया । चीरागया । तोडागया.

क्षतज, (न०) क्षतात् जायते जन्+ड । घावसे निकला । रुधिर । लोहू.

क्षति, (स्त्री०) क्षण्+क्तिन् । हानि । नुक्सान । नाश । अपचय । घाव.

क्षत्ता, (पु०) क्षद्+तृच् । शूद्रसे क्षत्रियामें उत्पन्न हुआ वर्णसंकर । द्वारपाल । रथचलानेवाला । दासीका पुत्र (विदुर) । ब्रह्मा । मछली । खजाञ्ची.

क्षत्र, (पु० न०) क्षण्+क्विप् । क्षत् । ततः त्रायते त्रै+क । हिंसासे बचानेवाला । क्षत्रिय । राज्य । ताकत । शक्ति । सिपाही.

क्षत्रबन्धु, (पु०) क्षत्रस्य बन्धुरेव तत्कर्मकर्तृत्वाभावात् न तत्कर्ता । क्षत्रियके कामको न करसकनेवाला । निन्दाके लायक क्षत्रिय.

क्षत्रिय, (पु०) क्षत्रस्य अपत्यं घ । क्षत्रजातिका । राजन्य । युद्धकरनेवाली जातिका पुरुष । दूसरी जातिका पुरुष.

क्षत्रियका, क्षत्रिया-क्षत्रियिका-क्षत्रियाणी (स्त्री०) क्षत्रियजातिकी स्त्री । क्षत्रियकी स्त्री । "क्षत्रियी" क्षत्रियकी स्त्री.

क्षद्, पीसना । (वेद) काटना-मारना । खाना । ढांकना । बचाना । आत्म० सक० अनिट् । क्षदते । अक्षदत.

क्षप्, प्रेरणा करना । फेकना । भेजना । चुरा० उभ० सक० सेट् । क्षपयति-ते । अचिक्षिपत्-त.

क्षपणक, (पु०) क्षपयति विषयरागं । क्षप्+युच्-संज्ञायां कन् । जो विषयकी प्रीतिको फेकदेवे । बौद्धमतका संन्यासी.

क्षपा, (स्त्री०) क्षपयति चेष्टां । जिसमें काम बंदकिया जाताहै । रात्रि । रात । हल्दी.

क्षपाकर, (पु०) क्षपायां रात्रौ करो दीधितिर्यस्य । जो रात्रिके समय अपनी किरणोंका प्रकाश कर्ताहै । चन्द्र । चांद । वह रात्रिके समय सूर्यके तेजसे चमकताहै.

क्षपाट, (पु०) क्षपायां अटति । अट्+अच् । जो रातको घूमताहै । राक्षस । "ततः क्षपाटैः पृथुपिङ्गलाक्षैः" भट्टिः.

क्षम्, सहारना । भ्वा० आ० सक० वेट् । क्षमते । अक्षमिष्ट-अक्षंस्त । क्षान्तः.

क्षम्, सहारना । दिवा० पर० सक० सेट् । क्षाम्यति । अक्षमीत्.

क्षम, (न०) क्षम्+अच् । युक्त । उचित । शक्त । हित । क्षमावाला (त्रि०).

क्षमता, (स्त्री०) क्षम+तल् । योग्यता । लायकी । शब्दमें अर्थको प्रकाशकरनेवाली ताकत । शक्ति । ताकत.

क्षमा, (स्त्री०) क्षम्+अङ् । तितिक्षा । सहारना । सब प्रकारके दुःखको सहारनेवाली चित्तकी वृत्ति । भूमि । पृथिवी.

क्षमितृ, (त्रि०) क्षम् । तृच् । क्षमा करनेवाला । सहारनेवाला । मुआफ करनेवाला.

क्षमिन्, (त्रि०) क्षम्+घिनुण्-वृद्ध्यभावः । क्षमावाला । मुआफकरनेवाला । "कामं क्षाम्यतु यः क्षमी" इति माघः.

क्षय, (पु०) क्षि+अच् । नाश । खांसीका रोग । घर । विराम । हिंसा । साठवर्षोंमेंसे एक । एक प्रकारका मास.

क्षयपक्ष, (पु०) क्षयस्य पक्षः । चांद घटनेका पक्ष । कृष्णपक्ष.

क्षर्, चलना-वहना । भ्वा० पर० सक० सेट् । क्षरति । अक्षारीत्.

क्षर, (पु०) क्षरति-स्यन्दते मुञ्चति वा क्षर्+अच् । मेघ । वादल । नाशहोनेवाला (त्रि०).

क्षरण, (न०) क्षर्+भावे ल्युट् । वहना । वगना । चोना.

क्षल्, चुरा० उभ० । क्षालयति-ते । क्षालित । अचिक्षलत्-त । प्रक्षालन करना । धोना । साफ करना.

क्षल्, शोधना । साफकरना । चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । क्षालयति-ते । क्षलति । अचिक्षलत्-त । अक्षालीत्.

क्षवथु, (पु०) क्षि+अथु । कासरोग । खांसीका रोग.

क्षान्त, (त्रि०) क्षम्+क्त । क्षमा कर दिया गया । सहारा गया । मित्रस्वभाव.

क्षान्त, (त्रि०) क्षम्+क्त । सहारनेवाला । जो सामर्थ्य रखनेपरभी दूसरेको पीडा पहुंचाना नहिं चाहता.

क्षान्तिः, (स्त्री०) क्षम् क्तिन् । क्षमा । सहारना । मुआफी । वर्दाश्त करना.

क्षान्ति, (स्त्री०) क्षम्+क्तिन् । क्षमा । तितिक्षा । सहारना । सर.

क्षान्तु, (त्रि०) क्षम्+तुन् वृद्धिश्च । क्षमा करनेवाला । सहारनेवाला ।–तुः (पु०) पिता । बाप.

क्षाम, (त्रि०) क्षै+क्त । तस्य म । क्षीण । दुर्बल । कमजोर.

क्षार, (पु०) क्षर्+ण । खारनामी रस । लून । खारसे उपजा काच । भस्म । राख । गुड । धूर्त । सुहागा । जौखार.

क्षारभूमि, (स्त्री०) क्षारयुक्ता भूमिः । खारी जमीन । समुद्रके पासकी जमीन.

क्षारमृत्तिका, (स्त्री०) क्षारसंयुक्ता मृत्तिका । खारवाली मट्टी । खारीमट्टी.

क्षारित, (त्रि०) क्षर्+णिच्+क्त । दोष लगायागया । वहताहुआ खार.

क्षात्र, (न०) क्षत्रस्य कर्म भावो वा अण् । क्षत्रियका काम.

क्षालित, (त्रि०) चु० क्षल्+क्त । साफ । धोयाहुआ । धोयागया.

क्षि, क्षयहोना । भ्वा० पर० अक० अनिट् । क्षयति । अक्षैषीत्.

क्षि, हिंसाकरना । स्वा० पर० सक० अनिट् । क्षिणोति.

क्षि, जाना-सक० निवासकरना । अक० तुदा० पर० अनिट् । क्षियति । अक्षैषीत्.

क्षि, मारना । क्या० पर० सक० अनिट् । क्षिणाति । अक्षैषीत्.

क्षिण्, मारना । तना० उभ० सक० सेट् । क्षिणोति-क्षिणुते । अक्षेणीत् । अक्षेणिष्ट.

क्षिति, (स्त्री०) क्षि रहना-आधारे क्तिन् । भूमि । पृथिवी । "भावे क्तिन्" निवास । "क्षि-क्षयहोना-भावे क्तिन्" क्षय.

क्षितिजः, (पु०) क्षितेः जायते जन्+ड । पृथिवीसे उपजताहै । वृक्ष । द्रख्त । पृथिवीका कीडा.

क्षितितलम्, (न०) क्षितेः तलम् । पृथिवीका तला.

क्षितिदेवः, (पु०) क्षितेः देवः ष० त० । पृथिवीकी देवता । ब्राह्मण.

क्षितिधर, (पु०) क्षितिं धारयति धृ+णिच् अच् ह्रस्वः । जो पृथिवीको धारण कर्ताहै । पर्वत । कच्छू । वासुकी । शेषनाग । दिग्गज.

क्षितिपति, (पु०) ६ त० । राजा । नृपति । "क्षितीश-आदि" यही अर्थ.

क्षितिरुह, (पु०) क्षित्यां=पृथिव्यां रोहति । रुह्+क । ७ त० । वृक्ष । द्रख्त.

क्षितिवर्धन, (पु०) क्षितिं वर्धयति । वृध्+णिच्-ल्यु । जो पृथिवीको वढाताहै । शव । मुर्दा । मराहुआ शरीर.

क्षिप्, प्रेरणकरना । भेजना । फेकना । तुदा० उभ० सक० अनिट् क्षिपति-ते । अक्षैप्सीत् । अक्षिप्त.

क्षिपणि-णी, (स्त्री०) क्षिप्+अनि वा ङीप् । नौकादण्ड । शस्त्र । हथियार । वडिश । मच्छीपकडनेकी कुण्डी । पुरोहित । जाल.

क्षिपणुः, (पु०) क्षिप् अनङ् । धनुर्धर । शस्त्र । धरक वायु । हवा.

क्षिपण्यु, (त्रि०) क्षिप् कन्युच् । सुगन्ध । मीठी गन्ध । -ण्युः (पु०) । शरीर । बसन्त कालसमय बहार.

क्षिप्त, (त्रि०) क्षिप्+क्त । भेजागया । फेंकागया । राग-द्वेषके वशसे विषयोंमें डूबाहुआ चित्त । हवाके रोगसे पकडागया.

क्षिप्नु, (त्रि०) क्षिप्+क्नु । फेंकनेवाला । मारनेवाला.

क्षिप्र, (न०) क्षिप्+रक् । जल्दी । जोरवाला । वेगवाला । एक समयका परिमाण=१/१६ मुहूर्त । जल्दी करनेवाला(त्रि०).

क्षिप्रकारिन्, (त्रि०) क्षिप्रं करोति । कृ+णिनि । जल्दी-करनेवाला । चालाक । शीघ्र क्रियाकरनेवाला.

क्षिप्रपाकिन्, (पु०) क्षिप्रं शीघ्रं पच्यते+घिणुन् । एक वृक्ष । जल्दी पकानेवाला (त्रि०).

क्षी, मारना । भ्वा० उभ० सक० अनिट् । क्षयति-ते । अक्षैषीत् । अक्षैष्ट.

क्षीण, (त्रि०) क्षि+क्त । दुर्बल । कमजोर । पतला । नाजुक । गरीब । खोयागया । मरगया । नाशहोगया.

क्षीब्, मदहोना । मस्तहोना । भ्वा० आत्म० अक० सेट्.

क्षीव-ब, (त्रि०) क्षीव् (ब्)+क्त-नि० । मत्त । मतवार । मस्त.

क्षीर, (न०) क्षीं+क्विप्-तां ईरयति । ईर्+अण् । दूध । वा पानी.

क्षीरकण्ठ, (पु०) क्षीरं कण्ठे यस्य । जिसके गलेमें दूध है । स्तनन्धय बालक । दूधपीनेवाला बच्चा.

क्षीरतनया, (स्त्री०) क्षीरस्य तनया । दूध (दूधका समुद्र)-की कन्या । लक्ष्मी जो क्षीरसमुद्रसे उपजी है.

क्षीरपर्णी, (स्त्री०) क्षीरं पर्णे यस्याः ङीष् । जिसके पत्तेमें दूध हो । आकका वृक्ष । अर्कवृक्ष.

क्षीरवारिधि, (पु०) क्षीरस्य वारिधिः । दूधका समुद्र.

क्षीरवृक्ष, (पु०) क्षीरप्रधानो वृक्षः । उदुम्बर । गूलर । अश्वत्थ । पीपल.

क्षीरसार, (पु०) क्षीरस्य सारः । दूधका सार । नवनीत । मक्खन.

क्षीराब्धि, (पु०) क्षीरस्य=दुग्धरसस्य अब्धिः । दूधके रसका समुद्र.

क्षीराब्धिजा, (पु०) क्षीराब्धौ जायते । जन्+ड । जो दूधके समुद्रमें उपजाहै । चन्द्र । चांद । लक्ष्मी (स्त्री०).

क्षीरिन्, (पु०) क्षीर+इनि । दूधवाला पेड । प्लक्ष । गूलर । अक.

क्षीरोद, (पु०) क्षीरं उदकं अस्य । उदकको उद आदेश होताहै । जिसका पानी दूध है । क्षीरसमुद्र । दूधका समुद्र.

क्षीरोर्मिः, (पु०) क्षीरस्य ऊर्मिः । दूधके समुद्रकी तरंग.

क्षु, नीछ मारना । खांसीकरना । अदा० पर० अक० सेट् । क्षौति । अक्षावीत् । चुक्षाव । क्षुतः । क्षुत्वा । क्षवथुः.

क्षुण्ण, (त्रि०) क्षुद्+क्त । माराहुआ । पीसागया । अभ्यास कियागया । पीछा कियागया.

क्षुत, (न०) क्षु+क्त । नासासे हवा निकलनेसे उपजा छीक । नीछ । निच्छ.

क्षुत्, (स्त्री०) क्षु+क्विप् । तुकच । क्षुधा । भूख । नीछ । छीक । छीक.

क्षुद्, पीसना । रुधा० उभ० सक० सेट् । क्षुणत्ति-क्षुन्ते । अक्षुदत्-अक्षोत्सीत् । अक्षोदिष्ट.

क्षुद्र, (त्रि०) क्षुद्+रक् । नीच । सूम । निर्दय । दरिद्र । थोडा । टूटगये चावल । मक्खी । मच्छर । धतूरा.

क्षुद्रकम्बुः, (पु०) क्षुद्रः कंबुः । छोटा शंख.

क्षुद्रकुलिशः, (पु०) क्षुद्रं कुलिशम् । छोटा वज्र । कीमती पत्थर । हीरक.

क्षुद्रकुष्ठम्, (न०) क्षुद्रं कुष्ठम् । एक प्रकारका सामान्य कुष्ठ-कोढ.

क्षुद्रघण्टिका, (स्त्री०) क्षुद्रा घण्टिका । छोटी घण्टी । छोटी घंटिओं (घुगरियें) की तडागी.

क्षुद्रचन्दनं, (न०) क्षुद्रं चन्दनं । लाल चन्दनकी लकडी.

क्षुद्रजन्तुः, (पु०) क्षुद्रः जन्तुः । एक प्रकारका छोटा जीव.

क्षुद्रदंशिका, (स्त्री०) क्षुद्रा दंशिका । छोटी मक्खी.

क्षुद्रबुद्धिः, (त्रि०) क्षुद्रा बुद्धिः यस्य । छोटी बुद्धिवाला । कम अकल । तुच्छ.

क्षुद्ररसः, (पु०) क्षुद्रः रसः । शहत.

क्षुद्रसुवर्ण, (न०) क्षुद्रं सुवर्णं । छोटा वा बुरा सोना.

क्षुद्रता, (स्त्री०) क्षुद्र+तल् । छोटापन । कमीनापन । -त्वं-त्व । वहीअर्थ.

क्षुद्राञ्जनम्, (न०) क्षुद्रं अञ्जनं । एक प्रकारका अंजन जो नेत्रोंकी विशेष व्याधिमें प्रयोग किया जाता है.

क्षुद्रान्त्रः, (पु०) क्षुद्रः अन्त्रः । हृदयका छोटासा अवकाश.

क्षुद्रोलूकः, (पु०) क्षुद्रः उलूकः । छोटाउल्लू.

क्षुध्, खानेकी इच्छा करना । दिवा० पर० सक० अनिट् । क्षुध्यति । अक्षुधत्.

क्षुध्-धा, (स्त्री०) क्षुध्+क्विप् वा टाप् । भोजनेच्छा । खानेकी चाह.

क्षुधार्त, (त्रि०) इत० । भूखसे पीडित । जिसे वहुत भूख लगरही हो.

क्षुधित, (त्रि०) क्षुध्+इतच् । क्षुधायुक्त । भूखा.

क्षुप, (पु०) क्षु+पक् । एक वृक्ष जिसकी शाखा और जडें छोटी हों । झाडी । द्वारकाके पश्चिम दिशाकी ओर एक पर्वत । क्षत्रियभेद.

क्षुब्ध, (पु०) क्षुभ्+क्त । नि० । मन्थनदण्ड । मथन करनेकी लकडी । रिडकनेका डण्डा । मधानी । क्षुभित । (त्रि०) कम्पित । व्याकुलहुआ । घबरायाहुआ.

क्षुभ्, संकोचकरना । सिकोडना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । क्षोभते । अक्षोभिष्ट । क्षुब्धः । क्षुभितः.

क्षुभ्, अंगहिलाना । दिवा० क्र्या० अक० सेट् । क्षुभ्यति । क्षुभ्नाति । अक्षोभीत्.

क्षुभित, (त्रि०) क्षुभ्+क्त । आलोडित । चारोंओरसे हिलाया गया । व्याकुल । डराहुआ.

क्षुमा, (स्त्री०) क्षु+मक् । अतसी । अलसी । सन । नीलिकानामी लता.

क्षुर्, काटना । तुदा० पर० सक० सेट् । क्षुरति । अक्षोरीत्.

क्षुर, (पु०) क्षुर्+क । उस्तरा । काटनेवाला । बाल मूंडनेवाला । चाकू । नाईका अस्त्र । पशुओंका खुर । गोक्षुर । बाण । तीर.

क्षुर-रि, कर्मन् (न०) क्षुरस्य=नापितस्य क्षुरिणो वा कर्म । उस्तरे वा उस्तरेवाले नाईका काम । क्षौर । हजामत । नखून और बालोंका काटना.

क्षुरधान, (न०) क्षुरो धीयतेऽस्मिन् । जिस्में उस्तरा आदि रक्खा जाता है । नाईके हथियार रखनेका पात्र । गुच्छी । "क्षुरभाण्ड" भी.

क्षुरप्र, (पु०) क्षुरः इव पृणाति हिनस्ति पृ+क । जो उस्तरेकी नाईं मारती है । "खुरपी" इस नामसे प्रसिद्ध घास काटनेका हथियार.

क्षुरमर्दिन्, (पु०) क्षुरं मृद्नाति घर्षयति । मृद्+णिनि । उस्तरा घसनेवाला । नापित । नाई.

क्षुरमुण्डिन्, (पु०) क्षुरेण मुण्डयति । मुण्ड+णिनि । जो उस्तरेसे मूंडताहै । नापित । नाई.

क्षुरिणी, (स्त्री०) क्षुर० अस्त्यर्थे-इनि+ङीप् । नापितकी स्त्री । नाइन । नैन.

क्षुरिन्, (पु०) क्षुर+इनि । उस्तरे वा खुरवाला नाई.

क्षुल्ल, (त्रि०) क्षुद्+क्विप् । तां लाति । ला+क । अल्प । थोडा । हलका । लघु । छोटा । कनिष्ठ.

क्षुल्लक, (त्रि०) क्षुधा लक्यते । लक्-आस्वादन-स्वाद-लेना । घञ्के अर्थमें " क " होता है । नीच । पामर । अल्प । थोडा.

क्षेत्र, (न०) क्षि+ष्ट्रन् । देह । शरीर । अन्तःकरणं । मन । भीतरकी इन्द्रिय । इन्द्रिय आदिका समूह । खेतीके उपजनेका स्थान । सिद्धोंकी जगह । स्त्री । मेष आदि राशियें.

क्षेत्रज, (पु०) क्षेत्रे जायते । जन्+ड । बारह प्रकारके पुत्रोंमेंसे एक । अपनी स्त्रीमें दूसरेके वीर्यसे उत्पन्नहुआ पुत्र । जो कुछ क्षेत्रमें उपजाहो (त्रि०) श्वेतकण्टकारी । चिट्टीकंडियारी.

क्षेत्रज्ञ, (पु०) क्षेत्रं देहं आत्मत्वेन जानाति ज्ञा+क । जो देहको अपने स्वरूपसे जानताहै । जीवात्मा । खेतको जाननेहारा.

क्षेत्रपति, (पु०) ६ त० । क्षेत्रका पति । रुद्र अग्नि आदि । कोई क्षेत्रका स्वामी । "क्षेत्रपाल" आदि इसी अर्थमें.

क्षेत्राजीव, (पु०) क्षेत्रं.शस्योत्पादनभूमिः आजीवो यस्य । जिसका जीवन खेतीको उपजानेवाली भूमिपर है । कृषक । किसान.

क्षेत्रिक, (त्रि०) क्षेत्र+अस्त्यर्थे ठन् । खेतवाला । खेतका मालिक.

क्षेत्रिन्, (त्रि०) क्षेत्र+अस्त्यर्थे इनि । खेतवाला । क्षेत्रका खामी.

क्षेत्रिय, (पु०) परक्षेत्रे देहान्तरे चिकित्स्यः । परक्षेत्रः+घ-नि० । दूसरे देहमें इलाज करनेलायक असाध्य रोग । दूसरेके क्षेत्रमें उपजा पुत्र । क्षेत्रज पुत्र । क्षेत्रमें उपजाहुआ लडका.

क्षेप, (पु०) क्षिप्+घञ् । विक्षेप । निन्दा । अहंकार । लांघना । देरी । खेल । भेजना.

क्षेपः, (पु०) क्षिप्+घञ् । फेंकना । इधर उधर हिलना । अंगोंका हिलाना.

क्षेपक, (त्रि०) क्षिप् ण्वुल् । फेंकनेवाला । भेजनेवाला । गाली देनेवाला । निरादर करनेवाला.

क्षेपक, (त्रि०) क्षिप्+ण्वुल् । फेंकनेवाला । घञ् स्वार्थे कन् । ग्रन्थ आदिमें ग्रन्थकर्ताके विना किसी दूसरेसे डालागया पाठ । गुच्छा जोडनेलायक अंक (कुट्टक).

क्षेपणम्, (न०) क्षिप् ल्युट् । फेंकना । भेजना । चलाना । बिताना (समय).

क्षेपण, (न०) क्षिप्+ल्युट् । प्रेरण । भेजना । फेंकना । बिताना.

क्षेपणिका, (स्त्री०) क्षिप्यते चाल्यतेऽनया । क्षिप्+अनि । जिस्से (बेडीको) चलाते हैं । नौका चलानेका दण्ड । जालभेद.

क्षेपणीय, (त्रि०) क्षिप्+अनीयर् । भिन्दिपाल अस्त्र । पत्थर आदि फेंकनेवाला अस्त्र । फेंकनेलायक कोई चीज.

क्षेपिष्ठ, (त्रि०) अयं एषां अतिशयेन क्षिप्रः इष्ठन् । बहुत शीघ्र (जलदी) जानेवाला । " वायुर्वै क्षेपिष्ठा देवता " इति श्रुतिः.

क्षेम, (न०) क्षि+मन् । चोरनामी गन्धद्रव्य । मिलीहुई वस्तुको बचाना (पु० न०) कुशल (न०) कुशलवाला (त्रि०) मुक्ति । छुटकारा (न०).

क्षेमिन्, (त्रि०) क्षेम । इन् । सुखी । खुशी.

क्षेम्य, (त्रि०) क्षेमाय साधु यत् । सुख देनेवाला । आराम पहुंचानेवाला । स्वस्थ । तन्दुरुस्त । भाग्यवान् । शान्तिदेनेवाला.

क्षै, क्षयहोना । कमहोना । भ्वा० पर० अक० अनिट् । क्षायति । अक्षासीत्.

क्षैरेय, (त्रि०) क्षीरे संस्कृतं-ढञ् । दूधमें संस्कार किया गया । लप्सी (स्त्री०) । यवागू.

क्षैत्र, (न०) क्षेत्राणां समूहः । अ । क्षेत्रसमुदाय । खेतोंका समूह.

क्षोणि-णी, (स्त्री०) क्षु+नि+वा ङीप् । धरा । पृथिवी । क्षोणिः । यही अर्थ.

क्षोद, (पु०) क्षुद्+घञ् । रज । धूरी । चूर्ण । चूरा । पेषण । पीसना.

क्षोदक्षम, (त्रि०) क्षोदं क्षमते अच् । विचारको सहारनेवाला । तत्त्वको निश्चय करनेकेलिये दोष लगनेके विना वचन । पीसनेलायक.

क्षोदिष्ठ, (त्रि०) अयं एषां अतिशयेन क्षुद्रः । इष्ठन् क्षोदादेशः । बहुत छोटा । बहुत कमीना.

क्षोभ, (पु०) क्षुभ+घञ् । व्यर्थ इधर उधर हिलना । चित्तके भय आदिका कारण । अपने कामको न करनेकी शक्ति । घवराहट । हलचुल.

क्षोभण, (पु०) क्षोभयति क्षुभ्+णिच्+ल्यु । जो घवरादे । कामदेवके बाणका भेद । सांख्यमें कहागया प्रकृतिको प्रेरणकरनेवाला पुरुष । ईश्वर.

क्षौद्र, (न०) क्षुद्राभिः सरघाभिर्निर्वृत्तम् । शहतकी मक्खिओंसे बनायाहुआ । "अण्" शहत.

क्षौद्रज, (न०) क्षौद्राज्जायते जन्+ड । शहतसे उपजाहुआ । मोम । सिक्थक.

क्षौद्रधातु, (पु०) कर्म० । माक्षिक मधु । मक्खिओंका शहत । छत्ता.

क्षौम, (पु० न०) क्षुमाया अतस्या विकारः अण् । अतसी (अलसी) की खाल (वल्कल) का बनाहुआ कपडा । रेशमीवस्त्र । सनका बनाहुआ कपडा । क्षु+मम्+अण्.

क्षौर, (न०) क्षुरेण निर्वृत्तं अण् । उस्तरेसे कियागया वपन (मुण्डन) आदि । हजामत.

क्षौरिकः, (पु०) क्षुरेण जीवति+क्षुर+ठक्+इक । उस्तरेसे जीता है । नापित । नाई.

क्ष्णु, तेजकरना । अदा०पर०सक० सेट् । क्ष्णौति । अक्ष्णावीत्.

क्ष्मा, (स्त्री०) क्षमते भारं । क्षम्+अच् । उपधाका लोप । पृथिवी.

क्ष्माभृत्, (पु०) क्ष्मां पृथिवीं बिभर्ति पालयति । भृ० क्विप् । तुक्च । जो पृथिवीका पालन कर्ता है । नृप । राजा । पर्वत । पहाड.

क्ष्माय, कांपना । भ्वा० आ० सक० सेट् । क्ष्मायते । अक्ष्मायिष्ट.

क्ष्विड्, प्यारकरना । भ्वा० आ० अक० सेट् । क्ष्वेडते । अक्ष्वेडिष्ट.

क्ष्विद्, कूजना । ऊंचे बोलना । भ्वा० पर० अक० सेट् । क्ष्वेदति.

क्ष्वेड, (पु०) क्ष्विड्+अच् । पीतघोषानामी वृक्ष । विष । जहर । अक्षरोंकी आवाज । वर्णात्मकध्वनि । कुटिल (त्रि०).

क्ष्वेडा, (स्त्री०) क्ष्विड्+अच्+टाप् । घोषातकी । सिंहकी आवाज.

क्ष्वेडित, (न०) क्ष्वेड+क्त । सिंहका नाद । शेरका शब्द.

क्ष्वेल्, संचालन-हिलाना-जाना । सक० । खेलना । अक० पर० सेट् । क्ष्वेलति । अक्ष्वेलीत्.

क्ष्वेला, (स्त्री०) क्ष्वेल+अ । क्रीडा । खेला.

ख

ख, (पु०) खर्व्+ड । सूर्य । इन्द्रिय । शरीर । पुर । शून्य । मेघ । विन्दु । आकाश । स्वर्ग । सुख (न०).

खक्ख्, हसना । भ्वा० पर० अक० सेट् । खक्खति.

खग, (पु०) खे आकाशे गच्छतीति । गम्+ड । सूर्य । देवता । बाण । पक्षी । वायु । सूर्य, चन्द्र आदिग्रह.

खगप, (पु०) खगान् पाति । पा+क । गरुड । "खगपति" यही अर्थ.

खगपति, (स्त्री०) ६ त० । पक्षीकी चालें (डीन, प्रडीन, उड्डीन, संडीन, परिडीन, विडीन, अवडीन, अतिडीन, डीन, डीनक, गतागत, प्रपतित, सम्पात) । तरह २ की परिंदोंकी चालें.

खगोल, (पु०) खं गोल इव । गोलेकी भांति आकाश । भूगोलके ऊपर ठहराहुआ गोलस्वरूपवाला आकाश.

खच्, बांधना । चुरा० उभ० सक० सेट् । खचयति–ते । अचखचत्-त.

खचर, (पु०) खे आकाशे चरति । चर्+ट । जो आकाशमें विचरताहै । राक्षस (स्त्रीलिङ्गमें ङीप् होताहै) । सूर्य । वायु । ग्रह । खचर । आकाशमें जानेहारा (त्रि०).

खचर, (पु०) खे चरति–वा -खेचर । आकाशमें घूमनेवाला । पक्षी । मेघ । सूर्य । वायु । दैत्य । आकाशीभूत । गंधर्व आदि.

खचित, (त्रि०) खच्+क्त । बंधाहुआ । मिलाहुआ । बद्ध । इकट्ठा । संयुक्त.

खज्, मथन करना । रिडकना । भ्वा० पर० सक० सेट् । खजति । अखाजीत् । अखजीत्.

खज्, पिंगलाहोना । भ्वा० इदित् पर० सक० सेट् । खञ्जति । अखञ्जीत्.

खज्, (पु० स्त्री०) खज्+अच् । दधि । कडछी । चमचा । मधानी.

खजलम्, (न०) खस्य जलम् । आकाशका जल । ओस । आकाशसे वृष्टि.

खजिक, (पु०) खे आकाशे जीयते । अज्+घञ् । आजो गतिः सोऽस्यास्तीति ठन् । लाजा । फुल्लियें । खील । थोडीसी वायु चलनेपरही वे आकाशमें उडने लगतीहैं.

खज्योतिस्, (पु०) खे आकाशे ज्योतिः अस्य । जिसका प्रकाश आकाशमें हो । खद्योतकीट । टिटाणा । एककीडा.

खञ्ज–क, (पु०) खजि–चालकी विकलता । ठीक न चलसकना । अच् । ण्वुल् । पादविकल । लूला । लंगडा.

खञ्जन, (पु०) खञ्ज्+ल्यु । एक पक्षी । ममोला । गमन । जाना (न०).

खट्, चाहना । भ्वा० पर० सक० सेट् । खटति । अखाटीत्–अखटीत्.

खट, (पु०) खट्+अच् । अंधाखूआ । कफ । बलगम । हल । घास.

खटि, (पु० स्त्री०) खट्+इन् । शवरथ । मुर्देका तख्ता.

खटिक, (पु०) खट्+ठन् । कुबडे हाथवाला । टेढे हाथवाला । खडियामट्टी । लिखनेका द्रव्य (स्त्री०).

खट्ट, घेरादेना । चुरा० उभ० सक० सेट् । खट्टयति-ते । अचखट्टत्-त.

खट्वा, (स्त्री०) खट्+क्वन् । आठ काठके खण्डोंसे वनीहुई छेज । पलंग.

खट्वाङ्ग, (पु०) एक राजा । मानो छेजका अंग है । नरपञ्जर । मनुष्यकी हड्डिओंका पिंजरा । महादेवका शस्त्रविशेष । पीठका वंश । ६ त० । खट्वाका अङ्ग (न०).

खट्वाङ्गभृत्, (पु०) खट्वाङ्गं बिभर्ति । भृ+क्विप्-तुक्च । जो खट्वाङ्ग(नरपञ्जर) को धारण कर्ताहै । शिव । वटुकभैरव.

खट्वारूढ, (पु०) खट्वा+अम् । आ+रुह्+क्त । नित्यसमा० । प्रमादवाला । भूलनेवाला । बेपर्वाह । पलंगपर चढाहुआ.

खड्, रिडकना । तोडना । भ्वा० आत्म०सक०सेट् । खण्डते । अखण्डिष्ट.

खड्ग, (पु०) खडि+ग । नि० नलोपः । गैंडेका सींग । गैंडेके सींगवाला । गैंडापशु । चोरनाम गंधद्रव्य । लोह(न०).

खड्गकोष, (पु०) ६ त० । चमडेका वनाहुआ तरवारका ढकना । मिआन । ढाल.

खड्गपिधान, (न०) खड्गः पिधीयतेऽनेन । जिसके द्वारा तरवार छिपाई जातीहै । तरवारका खजाना । मियान.

खड्गिन्, (पु०) खड्ग+अस्त्यर्थे इनि । गैंडापशु । वह जन कि जिसके पास तरवार है.

खण्ड, (पु०) खडि+घञ् । भेद । टुकडा । गन्नेका विकार । खांड । एकदेश.

खण्डकर्ण, (पु०) खण्ड इव कर्णः कन्दो यस्य । जिसकी जड टुकडोंके समान है । शकरकन्दी । आलूका भेद.

खण्डधारा, (स्त्री०) खण्डे एकदेशे धारा यस्य । जिसकी धार एकओर हो । कर्तरी । कैंची.

खण्डन, (न०) खण्डि+ल्युट् । तोडना । फाडना । खण्ड करना । निकालना.

खण्डपरशु, (पु०) खण्डयति खण्डः परशुः अस्य । जिसका कुल्हाडा टूटाहुआ है । महादेव । महादेवका शिष्य परशुराम । "खण्डपर्शुः" इसी अर्थमें होताहै.

खण्डित, (त्रि०) खडि+क्त । फाडागया । तोडागया । दोटुकडे कियागया । खण्डिता नायिका (स्त्री०).

खण्डीर, (पु०) अपकृष्टा खण्डी+र । पीली मूंगी । पीतमुद्ग.

खतिलक, (पु०) खस्य तिलकः । सूर्य.

खद्, पक्का होना अक० । मारना-सक० भ्वा० पर० सेट् । खदति । अखादीत्–अखदीत्.

पद्म० २२

खदिर, (पु०) खद्+किरण । खैरकी लकडी । एक वृक्ष । इन्द्र । चन्द्रमा.

खदिरसार, (पु०) ६ त० । खदिरवृक्षकी गोंदका सार.

खद्योत, (पु०) खे द्योतते । द्युत+अच् । जो आकाशमें चमकता है । सूर्य । एक प्रकारका कीडा । टिटाणा । पटबीजना.

खधूप, (पु०) खं आकाशं धूपयति । धूप्+अण् । आगकी खेल.

खन्, फाडना । खोदना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । खनति । अखानीत् -अखनीत् । अखनिष्ट । खायात् -खन्यात्.

खनक, (पु०) खन्+वुन् । मूषिक । मूसा । चूहा । सन्धितस्कर । सन्नलगानेवाला चोर । पृथिवीको फाडनेवाला (त्रि०).

खनन, (न०) खन्+ल्युट् । खोदना । फाडना । सन्नलगाना । गढाकरना.

खनि-नी, (स्त्री०) । खन्+इ वा ङीप् । धातुरत्न आदिके उपजनेका स्थान । खान । पृथिवीको फाडना । कान.

खनित्र, (न०) खन्+इत्र । अस्त्रभेद । खोदनेका हथियार । अवदारण । रंबा.

खपराग, (पु०) खस्य परागः । आकाशकी धूरी । अंधकार.

खपुष्पम्, (न०) खस्य पुष्पम् । आकाशका फूल । कोईभी असंभव नामुमकिन वस्तु.

खमूर्तिः, (स्त्री०) खस्य मूर्तिः । आकाशकी मूर्ति (शकल)। शंकरका नाम.

खर, (पु०) खं मुखबिलं अतिशयेन अस्ति अस्य+र । खं इन्द्रियं राति । रा+क वा । जिसके मुखका बिल वहुत बडा हो । गधा । गर्दभ । खचरा । राक्षसभेद । कण्टकीवृक्ष । कामदेव । लङ्कपक्षी । तीक्ष्ण स्पर्श । कठिन स्पर्शवाला (त्रि०).

खरदूषण, (पु०) खरं उग्रं दूषणं उन्मादकताहेतुर्दोषो यत्र । जहां अत्यन्त उन्माद (पागलपना) उपजताहै । धत्तूरह । खर और दूषण नाम प्रसिद्ध राक्षस रावणके प्रधान । वडे दोषवाला (त्रि०).

खरध्वंसिन्, (पु०) खरं खरनामानं राक्षसं ध्वंसयति । ध्वन्स्+णिच्+णिनि । खरनाम राक्षसको नाश करनेवाला । श्रीरामचन्द्रजी.

खरयानम्, (न०) खरवाहितं यानम् । गधोंसे चलाई गई गाडी । गधेगाडी.

खरशब्दः, (पु०) खरस्य शब्दः । गधेकी आवाज.

खरशाला, (स्त्री०) खराणां शाला । गधोंका तवेला.

खराश्या, (स्त्री०) खरैः अश्यते भुज्यते अश्+य । जो खरोंसे खाई जाती है । मयूरशिखा । मोरकी कलगी (चोटी) । रुद्रजटानामी वेल.

खरु, (पु०) खन्+कु । अन्तमें रका आदेश होताहै । अहंकार । घोडा । दांत । कामदेव । चित्तरंग । चित्तरंगवाला । निर्बोध । बेसमझ । क्रूर । निर्दय । बेरहम (त्रि०).

खर्ज, पीडाहोना । अक० साफ करना । सक० पर० सेट् । खर्जति । अखर्जीत्.

खर्जन, (न०) खर्ज+ल्युट् । कण्डूयन । खुजली करना । खुरकना.

खर्जु-र्जू, (स्त्री०) खर्ज+वा ऊङ् । कण्डु । खुजली । एकप्रकारका कीडा । खजूरका वृक्ष.

खर्जुघ्न, (पु०) खर्जु कण्डूयनं हन्ति । हन्+ठक् । धत्तूरा । खुजलीको दूर करनेहारा आकका वृक्ष.

खर्द, दंशन । डंकमारना । डसना । भ्वा० पर० सक० सेट् । खर्दति । अखर्दीत्.

खर्पर, (पु०) कर्परशब्दके समान पृ० खलम् । तस्कर । चोर । धूर्त । नटखट । भीखका पात्र । कपाल । खप्पर । छाता । खापरी.

खर्व्-र्व्, जाना भ्वा० पर० सक० सेट् । खर्वति । अखर्वीत्.

खर्व,-र्व, (पु०) खर्व् (र्व्)+अच् । कुब्ज । कुवडा । निधिभेद । संख्याभेद (हजार क्रोड) । नीच । वामन । बौना (त्रि०).

खर्वट, (पु०) खर्व्(र्व्)+अटन् । वह गांव कि जिसके पासही एक ओर नगर वस रहाहो । और नदी एवं पर्वत भी वहां हो । पर्वतके पासका गांव । मण्डी लगनेका पुर.

खल्, चलना । हिलना । भ्वा० पर० अक० सेट् । खलति- अखालीत्.

खल, (न०) खल्+अच् । धान मलनेका स्थान । खलवाडा । पृथिवी । तिलोंका चूर्ण । खल । नीच । अधम । निर्दय । वेरहिम (त्रि०) "खे लीयते ली+ड" । जो आकाशमें छिपजाता है । सूर्य । "खं वर्णतः लाति ला+क" जिसका रंग आकाशके समान है । तमालवृक्ष.

खलति, (पु०) स्खल् हिलना । पृ० । इन्द्रलुप्तरोग । गंजका रोग । गंजा (त्रि०).

खलपू, (त्रि०) खलं भूमिं पुनाति । पू+क्विप् । स्थानको शोधन करनेहारा । साफ करनेहारा । फरास । फराश.

खलि, (पु०) खल्+इ । तैलकिट्ट । तेलका मैल । खल.

खलि(ली)न, (पु० न०) खे मुखछिद्रे लीनं । पृ० वा ह्रस्वः । जो मुखके छेकमें छिपी हो । घोडेकेसे मुखमें स्थित होरही कविका । कडियाल । जो घोडेके मूंमें दिया जाता है.

खलिनी, (स्त्री०) खलानां धान्यमर्दनस्थानानां समूहः इनि । धान मलनेके स्थानोंका समूह । खराव आदमिओंका समूह.

खलु, (अव्य०) प्रश्न । सवाल । निश्चय । वाक्यकी शोभा करनेहारा । विशेष इच्छा । निषेध । वाक्यको पूरा करनेवाला । कारण.

खलेकपोत, (पु०) खले धान्यमर्दनस्थाने यथा कपोता युगपत् पतन्ति । धान मलनेके स्थानपर जैसे कबूतर एकहीवार आ गिरते हैं वैसे विशेषणोंका एकही स्थानपर अन्वय होना । इस प्रकारका एक न्यायभेद.

खल्या, (स्त्री०) खलानां समूहः यत् । धान मलनेके स्थानका समूह.

खल्ल, (पु०) खलतीति क्विप् । खल् । तं लातीति । ला+क । एकप्रकारका कपडा । काम । गढा । चातक । पपीहा । मशक । औषध (दवाई) मलनेका पात्र । खल । खरल.

खावष्प, (न०) ६ त० । रातको आकाशसे बहनेवाला पानी । बरफ । ओस.

खविद्या, (स्त्री०) खस्य विद्या । आकाशकी विद्या । एक प्रकारका ज्योतिःशास्त्र.

खश, (पु०) देशभेद । हिमालयके पासका देश । पतित । क्षत्रियभेद.

खसखस, (पु०) पोस्तनामी फलवाला वृक्षभेद । जिसके रसको अहिफेन कहतेहैं । अफीम.

खाण्डव, (पु०) इन्द्रप्रस्थ । देहली नगरके पासका वन.

खात, (न०) खन्+क्त । गढा । तलावडी आदि । "पूर्तं खातादि कर्म च" इति स्मृतिः.

खातक, (पु०) खन्+घञ् । स्वार्थे कन् । परिखा । खाई । "खात इव कायति । कै+क" अधमर्ण । कर्जदार । ऋणी.

खाद, खाना० । भ्वा० पर० सक० सेट् । खादति । अखादीत्.

खादक, (पु०) खादति । खाद्+ण्वुल् । ऋणलेनेवाला । कर्जदार । खानेवाला । खवैया (त्रि०) । "खादिका" (स्त्री०).

खादतमोदता, (स्त्री०) खादतं मोदध्वं इति सततं यत्र अभिधीयते । खाओ खुशीमताओ इस प्रकार जहां निरन्तर कहा जाता है.

खादनः, (पु०) खाद-करणे ल्युट् । जिसके द्वारा खाया जाता है । दांत । (नं० न०) खाना । चावना । भोजन । खुराक.

खादिर, (त्रि०) खदिरस्य विकारः अञ् । खदिर (खैर)-की लकडीका बनाहुआ यूप (यज्ञका थंभा) आदि.

खाद्य, (त्रि०) खादितुं योग्यम् । खानेलायक । -द्यम् (न०) भोजन । खाना.

खारि-री, (स्त्री०) खं आराति । रा+क । ङीष् । वा ह्रस्वः । धान आदिका परिमाण (माप) जो १६ द्रोण अर्थात् १२ मन ३२ सेरका होता है (५१२ सेर).

खारीक, (त्रि०) खार्यां वापः । खारि(री) परिमाणं अस्य वा ईकन् । खारी (१६ द्रोण) परिमाण । धानोंके बोनेका क्षेत्र । खारीभर धानआदि.

खार्कार, (पु०) गर्दभशब्द । गधेकी आवाज । जो शंखके समान प्रतीत होती है.

खिट्, डरना । भ्वा० पर० अक० सेट् । खेटति । अखेटीत्.

खिद्, दीन होना । दिवा० और रुधा० आत्म० अक० अनिट् । खिद्यते । खिन्ते । अखित्त । खित्तः.

खिन्न, (त्रि०) खिद्+क्त । दैन्ययुक्त । दुःखमें पडाहुआ । आलसी । खेदयुक्त.

खिल्, कणियें चुगना । दाना २ लेना । तुदा० पर० सक० सेट् । खिलति । अखेलीत्.

खिल, (त्रि०) खिल्+क । हल आदि न खेचागया खेत आदि । वह खेत कि जहां हल नहीं चलाया गया । थोडेमें सार । पहिले न कहेगयेका परिशिष्ट (बाकी) जैसे ऋग्वेद आदिमें श्रीसूक्त । यजुर्वेदमें शिवसंकल्प आदि । महाभारतमें हरिवंश नारायण (यह नीलकण्ठने लिखाहै).

खु, शब्द (आवाज) करना । भ्वा० आत्म० अक० अनिट् । खवते । अखोष्ट.

खुज्, चुराना । भ्वा० पर० सक० सेट् । खोजति । चुखोज । अखोजीत्.

खुड्, फाडना । टुकडे २ करना । चुरा० उभ० सक० सेट् । खोडयति-ते । अचुखोडत्-त.

खुर्, काटना टुकडे २ करना । पंजा मारना । तुदा० पर० सक० सेट् । खुरति । अखोरीत्.

खुर, (पु०) खुर्+क । शफ । पशुओंके खुर । नखीनामी गंधद्रव्य । नाईका अस्त्र । उस्तरा । पलंग आदिका पावा.

खुरणस्-स, (त्रि०) खुर इव नासिका अस्य । नसादेशः वा अन्त्यलोपः । जिसका नाक खुरकी भांति हो । चिपटी नासिकावाला । चौडे नाकवाला.

खुरालिक, (पु०) खुराणां आलिभिः कायति प्रकाशते । कै+क । जो खुरोंकी कतारोंसे चमकता है । भांडा । नाईके अस्त्रों (हथियारों)का भांडा । गुच्छी । नाराचास्त्र । बाण । तकिया.

खुर्द-खूर्द, खेलना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । खु (खू) र्दते । अखु(खू)र्दिष्ट.

खेचर, (पु०) खे चरति । चर्+ड-अलुक् स० । जो आकाशमें विचरताहै । शिवजी । सूर्य आदि ग्रह । विद्याधर । मुद्राभेद (स्त्री०).

खेट्, भोजन करना । खाना । चुरा० उभ० सक० सेट् । खेटयति-ते । अचिखेटत्-त.

खेट, (पु०) खेअटति । आकाशमें घूमता है । सूर्य आदि ग्रह । कफ । ग्रामभेद । मृगया । अहेर । शिकार । (पु० न०) नीच (त्रि०).

खेटक, (पु०) खेट+ण्वुल् । फलक । ढाल । "खेटकं पूर्णचापं च" इति दुर्गाध्यानम्.

खेद, (पु०) खिद्+घञ् । दुःख । शोक । दिलकी घबराहट.

खेय, (न०) खन्+यत् । परिखा । खाई । खोदनेलायक (त्रि०).

खेल्, हिलना जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । खेलति । अखेलीत्.

खेलन, (न०) खेल्+ल्युट् । क्रीडा । खेल । खेलना.

खेला, (स्त्री०) क्रीडा । खेल खेलना.

खेव्, सेवाकरना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । खेवते । अखेविष्ट । अचिखेवत.

खेसर, (पु०) खे आकाश इव शीघ्रगामित्वात् सरति । सृ+ट । अलुक् समा० । जल्दी हलनेसे मानों आकाशमें चलती है । अश्वतर । खच्चर । अस्तर । एकप्रकारका पशु.

खोट्, गतिप्रतिघात चालका रुकना । भ्वा० पर० सक० सेट् । खोटयति-ते । अचुखोटत्-त.

खोटि-टी, (स्त्री०) खोट्+इन ङीप् । चतुर स्त्री । अकलमन्द और खचरी (स्त्री०).

खोड्, चालका रुकना । भ्वा० पर० सक० सेट् । खोडति । अखोडीत् । अचुखोडत्-त.

खोड, (त्रि०) खोड+अच् । खञ्ज । लंगडा । लूला । लंडा.

खोर्, गतिवैकल्य-चालका टूटना । भ्वा० पर० सक० सेट् । खोलति । अखोलीत् । अचुखोलत्-त.

खोर-ल, (त्रि०) खोर् (ल्)+अच् । खञ्ज । लंगडा । लूला । लूला.

ख्या, कहना । अदा० पर० सक० सेट् । ख्याति । अख्यत्.

ख्यात, (त्रि०) ख्या+क्त । ख्यातिसमन्वित । प्रसिद्धिवाला । मशहूर । कथित । कहागया.

ख्यात, (त्रि०) ख्या+क्त । प्रसिद्ध । जाना गया । नामवाला पुकारा गया । कहा गया । जाना गया.

ख्याति, (स्त्री०) ख्या+क्तिन् । प्रशंसा । स्तुति । तारीफ । मशहूरी । कहना.

ख्यापक, (त्रि०) ख्या+णिच्+ण्वुल् । पुक् च । प्रकाश करनेहारा । प्रसिद्ध करनेवाला । मशहूर करनेहारा.

ग

ग, (त्रि०) गम्+ड । (केवल समासमें पीछे आताहै) जो जाताहै । जानेवाला । हिलना । होना । ठहरना । रहना । गंधर्व । गणेशजीका नाम । छन्दोग्रन्थमें गुरु अक्षरके लिये चिह्न (पु०) गीत । गै+क (न०).

गगन-ण, (न०) गम्+युच् । गाऽन्तादेशः । कई कहते हैं कि "णल" की भूल है जैसे "फाल्गुने गगने फेने णत्वमिच्छन्ति बर्बराः" । आकाश । पोलाद । शून्य । सिफर । स्वर्ग । बहिश्त.

गगनध्वज, (पु०) गगनस्य ध्वज इव । मानो आकाशका झण्डा है । मेघ । बादल । सूर्य । सूरज । आफताब.

गगनसद, (त्रि०) गगने सीदति । आकाशमें रहनेवाला । (पु०) स्वर्गवासीभूत । देवता.

गगनसिन्धु, (स्त्री०) गगनस्य सिन्धुः । आकाशकी नदी । गङ्गाका नाम.

गगनस्थ, (त्रि०) गगने तिष्ठति-स्था+क । आकाशमें रहनेवाला । स्थित । इसी अर्थमें.

गगनस्पर्शनः, (पु०) गगनं स्पृशति-अन आकाशको छूनेहारा । वायु । आठ मरुतोंमेंसे एक.

गगनाङ्गना, (स्त्री०) गगनस्य अङ्गना । आकाशकी स्त्री । अप्सरा.

गगनाम्बु, (न०) गगनस्य अम्बु । आकाशका जल । वर्षाका पानी.

गगनेचर, (पु०) गगने चरति । चर्+ठक् । जो आकाशमें विचरता है । सूर्य आदि ग्रह । नक्षत्र । तारा । पक्षी । देवता । राशिओंका चक्र.

गङ्गा, (स्त्री०) गम्+गन् । अपनेनामसे प्रसिद्ध नदीविशेष । दुर्गा । देवी.

गङ्गाज, (पु०) गङ्गायां जायते । जन्+ड । जो गंगामें उपजा । भीष्म । कार्तिकेय । शिवजीने अग्निमें वीर्यको डाला वह सहार न सका इसलिये उसने गंगामें डाल दिया उस्से कार्तिकेय उपजा यह पुराणकथा है.

गङ्गादत्त, (पु०) गङ्गया दत्तः । गंगासे दिया गया । भीष्म वा कार्तिकेयका नाम.

गङ्गाद्वारम्, (न०) गङ्गाया द्वारम् । गंगाके उतरनेका स्थान । हरिद्वार.

गङ्गाधर, (पु०) गङ्गां धरति । धृञ्+अच् । ६ त० । शिवजी (इसने जटामें गंगाको धारण किया) " यह पुराण है" । समुद्र.

गङ्गापुत्र, (पु०) गङ्गायाः पुत्रः ष० त० । गंगाका पुत्र । भीष्म वा कार्तिकेय । एक प्रकारका नीच जातिका पुरुष जिसका काम मुर्दोंको लेजाना है । यात्रियोंको गंगास्नान करानेवाला ब्राह्मण.

गङ्गाभृत्, (पु०) गङ्गां बिभर्ति-भृ+क्विप् । गङ्गाको धारण करनेवाला शंकर । महादेव.

गङ्गाम्बु-अंभस्, (न०) गङ्गाया अम्बु+अम्भः । गङ्गाका जल । शुद्ध वृष्टिका जल जो अस्सुवा आश्विन मासमें गिरता है.

गङ्गालहरी, (स्त्री०) गङ्गायाः श्लोकात्मिका लहरी । जगन्नाथ पण्डितका बनाया हुआ एक प्रकारका काव्य जो गंगाकी स्तुतिमें है.

गङ्गावतारः, (पु०) गङ्गाया अवतारः । गङ्गाका पृथिवीपर उतरना.

गङ्गाष्टकम्, (न०) गङ्गायाः अष्टकं=अष्ट श्लोकानां समूहः । गंगाकी स्तुतिमें आठ श्लोकोंका समूह.

गङ्गासागर, (पु०) गङ्गायाः सागरः । वह स्थान जहां समुद्रमें गङ्गा गिरती है.

गच्छ, (पु०) गम्+श । वृक्ष । दरख्त । लीलावतीमें प्रसिद्ध अंकभेद.

गज, मदसे शब्दकरना । भ्वा० पर० अक० सेट् । गजति । अगाजीत् । अगजीत्.

गज, (पु०) गज्+अच् । हाथी । आठकी संख्या (गिनती) । मनुष्यकी ३० अंगुलतकका परिमाण । एक दैत्य जिसे महादेवने मारदियाथा.

गजच्छाया, (स्त्री०) अस्सू महीनेकी मघानक्षत्रवाली त्रयोदशी (इस्में श्राद्ध करनेका विशेष पुण्य होताहै).

गजता, (स्त्री०) गजानां समूहः तल् । हाथिओंका समूह.

गजदन्त, (पु०) गजस्य दन्तौ इव दन्तौ अस्य । गणेशजी । हाथीदांतके समान दांतवाला (त्रि०) ६ त० । हाथीका दांत । करिदन्त (पु०).

गजपुट, (पु०) हाथभरका गढा.

गजप्रिया, (स्त्री०) ६ त० । शल्लकीवृक्ष.

गजबन्धिनी, (स्त्री०) गजा वध्यन्तेऽत्र । ल्युट्+ङीप् । हाथीबांधनेकी शाला । अस्तबल । तबेला.

गजभक्ष्या, (स्त्री०) गजैर्भक्ष्या । जिसे हाथी खाते हैं । शल्लकीवृक्ष.

गजवल्लभा, (स्त्री०) ६ त० । बहुतसे बीजवाली गिरिकदली । शल्लकी.

गजसाह्वय, (न०) गजेन हस्तिनामकनृपेण सहित आह्वयो नाम यस्य । हाथीनामी राजासे जिसका नाम प्रसिद्ध हुआ । हस्तिनापुर । वारणावत । दिल्ली । कुरुकी राजधानी.

गजा (द) शन, (पु०) गजैरश्यते । कर्मणि ल्युट् । जिसे हाथी खाते हैं । अश्वत्थवृक्ष । बोडका दरख्त । शल्लकी (स्त्री०) ङीप्.

गजाजीव, (पु०) गजैस्तत्पालनादिभिराजीव्यते । जीव् अच् । हाथीओंका पालन करनेसे जिसका जीवन होताहै । हस्तिपालक । हाथीओंको पालनेवाला.

गजानन, (पु०) गजस्य इव आननं मुखं यस्य । हाथीके समान जिसका मुख हो । गणेश । "शनिकी दृष्टिसे इसका सिर कटागया पीछे हाथीके मस्तकसे इसका मुख हुआ" यह पुराणकी बात है.

गजारोह, (पु०) गजं आरोहति । रुह्+अण् । जो हाथीपर चढताहै । हस्तिपाल । महौत । हाथीवान्.

गजाह्व, (न०) गजसहिता आह्वा यस्य । हाथीके साथ जिसका नाम हो । हस्तिनापुर (दिल्ली) । "गजाह्वय" यही अर्थ.

गञ्ज, (पु०) गजि+घञ् । अवज्ञा । आदर न करना । "आधारे घञ्" । भाण्डागार । पात्रोंका घर । खनि । खान । गौयें बांधनेकी शाला । नीचोंका घर । मद्यका पात्र । मद्यकी शाला (स्त्री०) टाप् । दुकान । बाजार । मंडी.

गड्, सींचना । बाहिर निकालना । रस निकालना । भ्वा० पर० सक० सेट् । गडति । अगाडीत्–अगडीत् । चुरा० पर० । गड्यति । "गड-छिपाना । ढाकना."

गड, (पु०) गड्+अच् । एक प्रकारकी मच्छी (गड्डुई) । विघ्न । रोक । खाई । व्यवधान । फरक । बीचमें पडगया देशभेद.

गडि–लि, (पु०) गड्+(ल) इन् । सामर्थ्य होनेपर भी पुष्टतासे बोझा उठानेके डरसे सोगया वृषभ (बल्द) आदि । बच्छा.

गडु, (पु०) गड्+उ । मांसको बढानेवाला रोग । पृष्ठगडु (कुब्ज) नाम रोगविशेष । गलगण्ड रोग । कुबडा । बर्च्छी.

गड्डरि(लि)का, (स्त्री०) गड्डरं (लं) मेषं अनुधावति । ठन् । मेढेके पीछे जानेहारी मेढोंकी कतार (पंक्ति).

गण्, गिनना । चुरा० उभ० सक० सेट् । गणयति-ते । अजीगणत्-त । अजगणत्-त.

गण, गण्+कर्मणि कर्तरि वा अच् । शिवजीका अनुचर । भूतसमूह । संख्या । गिनती । २७ हाथी, २७ रथ, ८२ घोडे, १३२ पदाति (पैदल) इतनी गिनतीकी सेना । भ्वादि अदादि आदि धातुओंके समूह । ज्योतिषमें देव आदि नामवाले नक्षत्र (तारे) छन्दोग्रन्थमें तीन ३ अक्षरोंवाले "म य र" आदि आठ । गणेशजीका नाम.

गणक, (पु०) गणयति+ण्वुल् । जो गिनती कर्ताहै । दैवज्ञ । ज्योतिषी.

गणदेवता, (स्त्री०) गणः सन् गणीभूय वा देवता । देवताओंका समूह जैसे १२ बारह आदित्य, १० विश्वेदेवा ८ वसु, ३६ तुषित, ६४ आभास्वर, ४९ वायु, २२० महाराजिक, १२ साध्य, ११ रुद्र । "आदित्यविश्ववसवस्तुषिता भास्वरानिलाः । महाराजिकसाध्याश्च रुद्राश्च गणदेवताः".

गणनाथ, (पु०) गणानां प्रमथादीनां नाथः । प्रमथ आदिगणोंके स्वामी । गणेश । शिव । "गणनायक आदि" यही अर्थ.

गणरात्र, (न०) गणानां रात्रीणां समाहारः । "गणशब्दके संख्यावाचक होनेसे द्विगुसमास होकर पच् प्रत्यय होगया" । रात्रिओंका समूह, बहुतसी रातें । रात्रिवृन्द,

गणरूप, (पु०) गणा बहूनि रूपाणि अस्य । जिसके बहुतसे रूप हों । अर्कवृक्ष । आकका दरख्त.

गणशस्, (अव्य०) गणान् गणान् इति गण+शस् । अनेक वक्त । बहुतवार.

गणान्न, (त्रि०) गणाय उत्सृष्टं, गणानां वाऽन्नं । बहुतोंके लिये दियागया अन्न । बहुतोंका अन्न । मठ (भण्डार) आदिमें बहुतोंके लिये दिया गया अन्न । वह अन्न कि जिसके बहुतसे स्वामी हों । " गणान्नं गणिकान्नं चेति " मनुने निषिद्ध अन्नमें गिना है.

गणिका, (स्त्री०) गणः समूहोऽस्त्यस्याः भर्तृत्वेन ठन् । जिसके बहुतसे पति हों । वेश्या । कंचनी । कंजरी । हथिनी.

गणित, (न०) गण्+भावे क्त । गिनना । "करणे क्त" व्यक्त और अव्यक्तरूप अंकशास्त्र । पाटीगणित रेखा और बीजगणित । "कर्मणि क्त" गिनती कियागया । गिनागया (त्रि०).

गणेय, (त्रि०) गण्+ण्य । गिन्नेलायक । गणनीय.

गणेरु, (त्रि०) गण्+एरु । कनेरका वृक्ष । हथिनी । वेश्या । कंचनी.

गणेश, (पु०) गणानां ईशः । गणोंका मालिक । अपने नामसे प्रसिद्ध देवता । शिवजी.

गण्ड, (पु०) गडि+अच् । हाथीकी गाल । गाला । गण्डीर । गैंडा । चिह्न । निशान । वीर । घोडेका भूषण (जेवर) बुद्बुदा । बुलबुला । स्फोटक । फोडा । विष्कम्भादिमें एक योग । पिटक । संदूकडी.

गण्डक, (पु०) गण्ड-स्वार्थे क विघ्न । गण्ड । चिह्न । दाग । फोडा । वियोग । चार कौडीका गंडा.

गण्डक, (पु०) गण्ड+स्वार्थे कन् । अपने नामका पशु । गैंडा । गंडा (चार कौडी) । अन्तराय । रुकावट । अंग । निशान.

गण्डकी, (स्त्री०) एक नदीका नाम जो गंगामें बहती है । गैंडी.

गण्डकीशिला, (स्त्री०) गण्डक्यां उत्पन्ना शिला । गण्डकीमें उत्पन्नहुई शिला (पत्थरका टुकडा) । शालग्रामशिला.

गण्डगात्र, (न०) गण्डाः स्फोटका गात्रेऽवयवे यस्य । जिसके शरीरपर सर्वांगमें फोडे हों । सीताफल । माता निकलना.

गण्डभित्ति, (स्त्री०) प्रशस्तः गण्डः । हाथीकी गालका फटना जिसमेंसे मद चूता है । दीवारकी भांति हाथीकी गाल । बहुत उंदा, चौडी और सुन्दर हाथीकी गाल.

गण्डमाला, (स्त्री०) गण्डानां स्फोटकानां माला । फोडोंकी कतार । एकप्रकारका रोग जिसमें बहुत फोडे निकलतेहैं.

गण्डमूर्ख, (त्रि०) गण्डः=अत्यन्तः मूर्खः । अत्यन्त (बहुतही) मूर्ख । बडा बदमाश.

गण्डशैल, (पु०) शैलस्य गण्ड इव । राज० समा० । पर्वतसे गिरेहुए मोटे पत्थर । ललाट । मस्तक.

गण्डस्थली, (स्त्री०) गण्डस्य स्थली । गलाका स्थान । गल । कपोल.

गण्डु, (पु० स्त्री०) गडि+उ । गांठ । उपधान । तकिया.

गण्डूपद, (पु०) गण्डूयुक्तानि पदानि यस्य । जिसके पांव कोडोंवाले हों । केंचुआ । किञ्चुलक.

गण्डूष, (पु०) गडि+ऊषन् । मुं भरनेलायक पानी । चुली । हाथीके सूंडकी नोक । आथकी अंगुली.

गण्य, (त्रि०) गण्+यत् । संख्येय । गिन्नेके लायक । धरनेके लायक.

गत, (त्रि०) गम्+क्त । जानागया । पायाहुआ । जायागया । लाभ कियागया । गिरगया । समाप्त हुआ.

गतागत, (न०) गतं च आगतं च । जाना और आना । गया और आया । पक्षीकी चालका भेद.

गतार्तवा, (स्त्री०) ऋतोरयं आर्तवः तत्फलं गर्भादि च गत आर्तवो यस्याः । जिसकी गर्भ धारण करनेकी शक्ति नहिं रही । बांझ । बूढी.

गति, (स्त्री०) गम्+भावादौ क्तिन् । जाना । पथ । रास्ता । ज्ञान । पहुंचना । दशा । यात्रा । सफर । उपाय । कामका फल.

गद, (पु०) गद्+अच् । श्रीकृष्णका छोटा भाई । रोग । बीमारी । "भावे क" । कथन । कहना । विष । जहिर.

गदा, (स्त्री०) गद्+अच्+टाप् । अपने नामसे प्रसिद्ध लोहेके कीलवाली । लोहेका अस्त्र । पाटलावृक्ष । ढाल । गदा.

गदाग्रज, (पु०) ६ त० । गदका बडा भाई । श्रीकृष्णदेव.

गदाधर, (पु०) गदां धरतीति । धृ० अच् । ६ त० । श्रीकृष्ण.

गदाराति, (पु०) ७ त० । औषध । दवाई.

गद्गद, (पु०) गद् इत्यव्यक्तं गदति क । अच् वा । अव्यक्त और अस्फुट शब्द । ऐसी आवाज कि जो प्रगट न होनेसे रुका साफ सुनाई न पडे । गिडगिडाना.

गद्गदध्वनि, (पु०) गद्गदः अव्यक्तः ध्वनिः । कफ आदिसे रुका कफसहित आवाजका ठीक न निकलना.

गद्य, (त्रि०) गद्+यत् । कथनीय । कहनेलायक । पद्यभिन्न कविका रचाहुआ पादरहित पदसमूह । वह रचना जो श्लोकमें नहिं.

गन्त्री, (स्त्री०) गम्यतेऽनया ष्ट्रन् । ङीप् । बैलोंसे खेंचनेलायक गाडी । जानेवाली.

गन्त्रीरथ, (पु०) गन्त्री रथ इव अभीष्टस्थानप्रापकत्वात् । रथकी नाईं चाहे गये स्थानपर पहुंचा देनेहारा । शंका । गड्डा । वैलगाडी.

गन्द, वैर करना । चुरा० आत्म० अक० सेट् । गन्धयते । अजगन्धत.

गन्ध्, हसना । भ्वा०पर० सक० सेट् । गन्धति । अगन्धीत्.

गन्ध, (पु०) गन्ध्+अच् । सम्बन्ध । लेश । गंधक । अहंकार । सुहांजना । घिसेगये चन्दन आदिका नासिकाइन्द्रियसे ग्रहण करने योग्य गुणभेद (वह गन्ध पांच प्रकारका है, जैसे चूर्ण कियागया, घिसागया, जलाया वा खेंचागया, भलीभांति मलागया, प्राणियोंके अंगोंसे उपजा हुआ) घिसाहुआ चन्दन आदि.

गन्धकचूर्ण, (पु०) गन्धकप्रधानश्चूर्णः । ऐसा चूर्ण कि जिसमें गंधक वहुत हो । वारूदनामी पदार्थ.

गन्धकाष्ठ, (न०) गंधयुक्तं काष्ठं कर्म० । अगुरुचंदन.

गन्धज्ञा, (स्त्री०) गंधं जानाति अनया । घञर्थे क । जिस्से गंधको जानता है । नासिका । नाक.

गन्धतैल, (न०) गंधयुक्तस्य चंदनस्य अग्निसंयोगेन जनितं तैलं । गंधवाले चंदनका आगके संयोगसे उत्पन्न हुआ तेल। अत्तर आदि.

गन्धत्वच्, (स्त्री०) गंधान्विता त्वक् यस्याः । जिसका छिलका गंधवाला हो । एला । इलायची.

गन्धदला, (स्त्री०) गन्धयुक्तं दलं यस्याः । जिसके पत्तोंमें गंध हो । अजमोदा । अजवाईन । जवैन.

गन्धन, (न०) गन्ध्+भावादिषु ल्युट् । उत्साह । दिलेरी । प्रकाशन । जाहिर करना । सूचन । चुगलखोरी । हिंसा । मारना.

गन्धपाषाण, (पु०) गंधयुक्तः पाषाणः । गंधवाला पत्थर । गंधक.

गन्धबन्धु, (पु०) ६ त० । आम्रवृक्ष । आमका दरख्त.

गन्धबीजा, (स्त्री०) गंधो बीजे यस्याः । जिसके बीज (बीओं) में गंध हो । मेथिका साग । मेथी.

गन्धमादन, (पु० न०) गंधेन मादयति । मद्+णिच्+ल्युट् । गंधसे जो मस्त कर्ताहै । पर्वतभेद । भ्रमर । भौंरा । वानर । बंदर । गंधक (पु०).

गन्धमादिनी, (स्त्री०) गंधेन मादयति । मद्+णिच्+णिनि । लाक्षा । लाख । सुरानामी गंधवाला द्रव्य.

गन्धमांसी, (स्त्री०) गंधयुता मांसी । कर्म० । जटामांसीभेद । एक वनस्पति.

गन्धमुखी, (स्त्री०) गंधो मुखेऽस्याः । जिसके मुंमें गंध हो । छुछुंदरी । छुंचा । छछूंदर.

गन्धमृग, (पु०) गंधप्रधानो मृगः । वह मृग (हरिण) जिसमेंसे बहुत गंध निकलता है । कस्तूरीमृग.

गन्धराज, (न०) गंधेन राजते । राज्+अच् । जो गंधसे चमकता है । चंदन । गुग्गल । अपने नामका वृक्ष.

गन्धर्व, (पु०) गंधं अर्वति । अर्व् -जाना । अच् । मृगभेद । घोडा । कोइल । स्वर्गका गवैया । देवयोनिभेद । देवोंका गायन.

गन्धर्वनगर, (पु० न०) गंधर्वाणां नगरं इव । मानों गंधर्वोंका नगर है । शून्यका आश्रयपुरका स्वरूप । नीले पीले आदि बादलोंकी रचनाका भेद । इन्द्रजाल । "गंधर्वपुरम्" इसी अर्थमें है.

गन्धर्वलोक, (पु०) ६ त० । गुह्यलोकके ऊपर विद्याधरोंके लोकके नीचेका स्थान.

गन्धर्ववेद, (पु०) ६ त० । सामवेदका उपवेद । संगीतविद्या । गाधर्व.

गन्धलोलुपा, (स्त्री०) गन्धे लोलुपा । गन्धका लालच करनेवाली । मक्खी.

गन्धवती, (स्त्री०) गंध्+मतुप्–मको व होता है । व्यासकी माता । पृथिवी । वायु और वरुणकी नगरी । सुरा । शराब.

गन्धवल्कल, (न०) गंधो वल्कलेऽस्य । जिसके छिलकेमें गंध हो । दारचीनी । दालचीनीका छिलका.

गन्धवह, (पु०) गंधं वहति । वह्+अच् । ६ त० । वायु । हवा । गंधवाला नायक (स्वामी) आदि (त्रि०).

गन्धवहः (पु०) गन्धं वहति । गन्धको उठानेवाला । वायु । हवा.

गन्धवारि, (न०) गंधवासितं वारि । गंधवाले द्रव्यसे सुगंधीवाला जल (पानी).

गन्धवाह, (पु०) गन्धं वहति । वह्+अण् । उप० । हवा । वायु । जो गंधको उठातीहै । नासिका । नाक । (स्त्री०).

गन्धशाली, (पु०) गंधप्रधानः शालिः । बडी सुगंधीवाले चावल । आमोदवाले धान्यभेद । वासमती आदि.

गन्धसार, (पु०) गंधयुक्तः सारो यस्य । जिसका सार गंधवाला हो । चंदनका वृक्ष.

गन्धसोम, (न०) गंधार्थं सोमो विधुर्यस्य । चन्द्रमा जिसकी सुगंधीको बढाता है । कुमुद (फूल), चन्द्रमाके उदय होनेसे इसका गंध होताहै.

गन्धहारिका, (स्त्री०) गन्धं हरति । सुगन्धि द्रव्यको तयार करनेवाली स्त्री.

गन्धा, (स्त्री०) गंध्+णिच्+अच् । गंधका कारण । चम्पककलिका । चम्बेकी कली.

गन्धाजीव, (पु०) गंधेन (गंधद्रवेण) आजीवति । जो गंधवाले द्रव्योंसे व्यवहार करके जीता है । गंधवणिज् । गंधका व्यापारी । गांधी.

गन्धाढ्य, (पु०) गंधेन आढ्यः । गंधसे भराहुआ । चंदनवृक्ष । नागरंग वृक्ष । गंधवाला दरख्त (त्रि०) । स्वर्णयूथी (स्त्री०).

गन्धाढ्य, (त्रि०) गन्धेन आढ्यः=पूर्णः । सुगन्धिसे भरा हुआ । बहुत खुशबूदार.

गन्धाधिकम्, (न०) गन्धे अधिकं । बहुत गंधवाला । एक प्रकारका अत्तर.

गन्धापकर्षणं, (न०) गन्धं अपकर्षति । गन्धको निवारण करना.

गन्धाम्बु, (न०) (गन्धयुक्तं अंबु) गंधवाला जल । सुगंधिवाला (खुशबूदार) जल.

गन्धार; (पु०) गंधं ऋच्छति । ऋ+अण् । उप० राग । सिन्दूर । एक प्रकारका स्वर (आवाज) देशभेद.

गन्धाश्मन्, (पु०) गन्धवान्-अश्मा । सुगंधिवाला पत्थर । सल्फर । गंधक.

गन्धाष्टकम्, (न०) गन्धानां अष्टानां समूहः । आठ सुगन्धिवाले द्रव्य जो देवताओंपर चढाये जाते हैं.

गन्धाष्टक, (न०) गंधानां (गंधद्रव्याणां) अष्टकं । आठ सुगंधीवाले द्रव्य । चंदन आदि आठ गंधवाली चीजें.

गन्धिनी, (स्त्री०) गंधो विद्यते अस्याः इनिः । जिसका गंध हो । सुरानामी गंधवाला द्रव्य । शराब.

गन्धेभ, (पु०) गन्धप्रधानः इभः । गंधप्रधान हाथी । बहुत ही उत्तम हाथी.

गन्धोत्तमा, (स्त्री०) गंधेन उत्तमा उत्कृष्टा । बहुतही गंधवाली । मदिरा (मद्य) । शराब.

गभस्ति, (पु०) गम्यते (ज्ञायते) गम्-ड-गः (विषयः) तं बभस्ति (भासयति) भस्+क्तिच् । विषय (पदार्थ)को प्रकाश करनेवाली । किरण । सूर्य.

गभस्तिमत्, (पु०) गभस्ति+मतुप् । किरणोंवाला । सूर्य.

गभस्तिहस्त, (पु०) गभस्तयो हस्ता इव यस्य । जलको खेंचनेसे जिसकी किरणें मानों हाथ हैं । सूर्य । सूरज.

गभीर, (त्रि०) गच्छति जलं अत्र । गभ् ईरन् । भान्तादेशश्च । निम्न स्थान । नीचेकी जगह । जिसका तला न छूआ जाय । गहन । जहां प्रवेश करना कठिन हो । न हटाया जानेहारा.

गम्, जाना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । गच्छति । अगमत् । जगाम । गतः.

गम, (पु०) गम्+अप् । एक प्रकारका जूआ । जीतनेकी इच्छावालेकी यात्रा । जाना । मार्ग । सदृश पाठ.

गमक, (त्रि०) गमयति (बोधयति) गम्+णिच्+ण्वुल् । बोधक । समझानेवाला । "गमक होनेसे समास हुआ" यह भाष्य है । सबूती । जतानेवाला.

गम्भीर, (त्रि०) गच्छति जलं अत्र । गम्+ईरन् । मुक्का आगम हुआ । नि० जहां पानी जाता है । नीचेका स्थान । मन्द । गहिरा । जम्बीर । कमल । ऋग्वेदका मन्त्रभेद (पु०) । "स्वरे सत्वे च नाभौ च त्रिषु गंभीरता शुभा".

गम्भीरवेदिन्, (पु०) गम्भीरं (मन्दं) वेत्ति । विद्+णिन् । अभ्यास की गई शिक्षाको भी जो चिरकालसे जानताहै ऐसा हाथी । चमडा फाडनेसे लोहू बहनेसे मांस काटनेसे भी जो अपनेको नहिं समझता उसे गंभीर वेदितामी कहते हैं ऐसा हाथी । "गंभीरवेदिता."

गय, (पु०) एक दैत्यका भेद । वानरभेद । वंदर । एक राजा । तीर्थविशेष (स्त्री०) टाप्.

गर, (पु०) गॄ-निगलना । बोलना । पुकारना । बुलाना । +अच् अव् वा । विष । जहर । रोग । बीमारी । पांचवां करण.

गरल, (न०) गिरति जीवनं । गॄ+अलच् । जो जीवनको निगलजाय । विष । जहर । सर्पविष । सांपका जहर । तिनकोंका मूल.

गरिमन्, (पु०) गुरोर्भावः इमनिच् । गरादेशः । बडेका होना । गौरव । बडाई.

गरिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन गुरुः इष्ठन् । बहुतही बडा । " गुरुतर " "गरीयान्."

गरुड, (पु०) गरुद्भ्यां डयते । डी+ड पृ० तका लोप । कश्यपका बेटा बिनताके गर्भसे उपजा पक्षिओंका राजा. ।

गरुडध्वज, (पु०) गरुडो ध्वजः (चिह्नं) अस्य । जिसका चिह्न गरुड है । विष्णु.

गरुडपुराण, (न०) गरुडेन प्रोक्तं पुराणम् । गरुडसे कहाहुआ पुराण । पुराणोंमेंसे एक.

गरुडाग्रज, (पु०) ६ त० । विनताका बडा पुत्र सूर्यका सारथी अरुण.

गरुत्, (पु०) गृ-गॄ-वा उति । पक्षिओंके आकाशमें जानेका कारण । पर । पंख.

गरुत्मत्, (पु०) गरुत् अस्ति अस्य मतुप् मको व नहिं होता । परोंवाला गरुड । विहगमात्र । हरएक पक्षी.

गर्ग, (पु०) गॄ+ग । ब्रह्माका पुत्र । मुनिविशेष.

गर्गरि, (स्त्री०) गर्ग इति शब्दं राति । रा+क+ङीष् । दही रिडकनेका पात्र । कलस । घडा । मच्छका भेद । जवान-पशु (पु०).

गर्ज, बडे जोरकी आवाज करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । गर्जति । अगर्जीत् । "गर्ज गर्ज क्षणं मूढ" देवीमाहात्म्यं.

गर्जर, (न०) गृ+विच् । गरं जरयति । जॄ+णिच्+अच् । गाजर । एकप्रकारका मूल (जड).

गर्जित, (न०) गर्ज+क्त । बादलकी आवाज । मेघका शब्द । "कर्तरि+क्त" मत्तहस्ती । मतवारा हाथी । गाजना । गज्जना.

गर्त, (पु०) गृ+तन् । पृथिवीका छिद्र । गढा । स्त्रिओंके नितम्ब(चूतड)में खूएके खरूपका एक अंश । रोगभेद । टोआ.

गर्द, शब्द करना । चुरा० उभ० पक्षे० भ्वा० पर० अक० सेट् । गर्दयति-ते । गर्दति । अजगर्दत्-त.

गर्दभ, (पु०) गर्द+अभच् । गधा । गर्दभ । गंधका भेद । चिट्टाकुमुद.

गर्दभाण्ड, गर्दभं (गंधविशेषं) अमति । अम्+ड । डको इकार न हुआ । जिसके पत्ते वट (वोड) के समान हों ऐसा वृक्ष । पाकुड । प्लक्ष नामसे प्रसिद्ध.

गर्दभी, (स्त्री०) गर्द+अभच् । ङीष् । गोमयकीट । गोहेका कीडा । चिट्टीकंडियारी । अपराजिता । रासभी । गधी.

गर्द्ध, लिप्सा । लाभ करनेकी इच्छा करना । चुरा० उभ० सक० सेट् । गर्द्धयति-ते । अजगर्द्धत्-त.

गर्द्ध, (पु०) गृध्+घञ्+अच् वा बहुत चाह । अतिशय स्पृहा । गर्द्धभाण्ड नामी वृक्ष.

गर्द्धन, (त्रि०) गृध्+युच् । लुब्ध । लोभी.

गर्भ, गृ+भन् । भ्रूण । शुक्र (वीर्य) और शोणित (लोहू)-के मेलसे उपजा शरीरकें जन्मका करनेहारा मांसका पिण्ड (गोला) । बच्चा । कुक्षि । कोख । नाटकमें संधिका भेद । अन्न । आग । पुत्र । गंगा आदि पवित्र नदिओंके पासका स्थान.

गर्भक, (पु०) गर्भे (केशमध्ये) कायति । कै+क । केशोंके बीचकी माला । केशमध्यस्थ माल्य.

गर्भकाल, (पु०) गर्भस्य कालः ष० त० । गर्भका समय.

गर्भक्लेशः, (पु०) गर्भस्य क्लेशः । गर्भका क्लेश । बच्चा उत्पन्न होनेके समयका दुःख.

गर्भक्षय (पु०) गर्भस्य क्षयः । गर्भका नाश होजाना वा गिरजाना.

गर्भगृह, (न०) गर्भ इव गृहम् । गर्भकी नांई घर । घरके मध्यका भाग । बीचका कमरा.

गर्भघातिनी, (स्त्री०) गर्भं हन्ति । हन्+णिनि । लाङ्ग-लिका वृक्ष.

गर्भच्युत, (त्रि०) गर्भात् च्युतः । गर्भसे गिर पडा जैसा कि बच्चा.

गर्भपोषणं, (न०) गर्भस्य पोषणं=भरणम् । गर्भका पुष्ट करना । गर्भका पालना.

गर्भद, (पु०) गर्भं ददाति । दा+क । पुत्रजीव वृक्ष । गर्भ देनेहारा अर्थात् इसके सेवनसे गर्भ हो जाता है । क्षुपभेद.

गर्भपातक, (पु०) गर्भं पातयति । पत्+णिच्+ण्वुल् । जो गर्भको गिरा देताहै । रक्तशोभाजन । लाल सजना । लाल सुहांजना.

गर्भवती, (स्त्री०) गर्भो विद्यते अस्याः । मतुप् । मको व होता है । आपन्नगर्भा स्त्री । बच्चा जननेवाली औरत । हामिलह.

गर्भशय्या, (स्त्री०) गर्भस्य शय्या इव स्थानम् । गर्भका वह स्थान जो छेजके समान है । "शंखकी नाभीके समान तीन आवर्त (घेरे) हैं, इस प्रकारकी योनि है, इसके तीसरे आवर्तमें गर्भशय्या (गर्भकी छेज) है, जहां गर्भका निवास होताहै."

गर्भस्राव, (पु०) स्रु+घञ् ६ त० । प्रसूतिकाल आनेके पहिले रोग आदिसे गर्भका गिरना.

गर्भस्राविन्, (पु०) गर्भं स्रावयति । स्रु+णिच्+णिनि । गर्भको गिरा देता है । हिन्ताल वृक्ष.

गर्भागार, (न०) गर्भ इवागारं । घरका मध्य (बीच)का भाग । निवास करनेका स्थान (जगह) । गर्भरूपी घर । गर्भका स्थान.

गर्भाधान, (न०) गर्भः शुद्धतया आधीयतेऽनेन । जिस-के द्वारा शुद्ध होकर गर्भ ठहराजाताहै । दश प्रकारके संस्कारोंमेंसे गर्भके पात्रको संस्कृत (साफ) करके वीर्यका सींचना.

गर्भाशय, (पु०) गर्भ आशेतेऽत्र । शी+अच् । जहां गर्भ सोता है । गर्भका वेष्टन (पडदा घेरनेवाला) रूप चमडा । जरायु । जेर.

गर्भाष्टम, (पु०) गर्भात् (गर्भग्रहणसमयात्) अष्टमः गर्भधारण करनेके समयसे आठवा । गर्भग्रहणसे लेकर आठवाँ महीना अथवा वर्ष (वरिस) । "गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत" मनुः.

गर्भिणी, (स्त्री०) गर्भोऽस्त्यस्याः इनि । जिसे गर्भ हो । गर्भवाली स्त्री । हामिलह.

गर्भेश्वरः, (पु०) गर्भात् एव ईश्वरः । जन्मका धनी । जन्म-सेही चक्रवर्ती.

गर्व, मदकरना । अहंकार करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । गर्वति । अगर्वीत्.

गर्व, अहंकार करना । चुरा० आत्म० सेट् । गर्वयते । अज-गर्वत.

गर्व, जाना-गति । भ्वा० पर० सक० सेट् । गर्वति । अगर्वीत्.

गर्व, (पु०) गर्व अहंकारकरना+घञ् । अहंकार । मगरूरी.

गर्व, (पु०) गर्व+घञ् । अभिमान । अहंकार । मगरूरी । "धन, रूप, जवानी, कुल, विद्या और बलको पाकर दूसरोंको कुल न समझना" इस प्रकार अवज्ञाका भेद.

गर्ह, निन्दा करना । चुरा० पक्षे भ्वा० आत्म० सक० सेट् । गर्हयते । अजगर्हत । गर्हते । अगर्हीत् । अर्हिष्ट.

गर्हणं-णा, (न० स्त्री०) गर्ह्+ल्युट्+, अन । निन्दा । उपालम्भ । धिक्कार । गाली.

गर्हा, (स्त्री०) गर्ह्+अ । निन्दा । गाली.

गर्हित, (त्रि०) गर्ह्+क्त । निन्दा कियागया । उपालम्भ कियागया । तिरस्कार कियागया । निषेध कियागया । निकृष्ट । बुरा । तं० न० । उपालंभ वा पापजनक कृत्योंसे भराहुआ काम.

गर्ह्य, (त्रि०) गर्ह्+ण्यत् । निन्दाके योग्य । अत्यंत नीच । नालायक.

गर्ह्यवादिन्, (त्रि०) गर्ह्यं वदति । वद्+णिनि । निन्दाके लायक बोलताहै । खराब वचन बोलनेवाला । निंद्यवादी । "कद्वद".

गल्, खाना । बहाना । गालना । भ्वा० पर० सक० सेट् । गलति । अगालीत्.

गल, (पु०) गल्+अच् । कण्ठ । गला । सर्जरस (धुना) बाजा । मच्छी.

गलक, (पु०) गल्+वुन्+अक । गला । कण्ठ । गर्दन । एक प्रकारकी मल्छी.

गलकम्बल, (पु०) गले कम्बल इव । गलमें मानों कंबल है । साझा । गौओंके गलेमें रहनेहारा मांसका गोला.

गलगण्ड, (पु०) ७ त० । (एरगण्ड) एक प्रकारका रोग.

गलग्रह, (पु०) जहां आरम्भ होकर प्रत्यारंभ (पीछे हटना) प्रतीत नहिं होता उसे गर्गादि सम्पूर्ण मुनिओंने गलग्रह कहाहै । फिर न (प्रत्यारम्भ) लौटकर शुरु होनेवाला पदार्थ । कृष्णपक्षकी चतुर्थी सप्तमी आदि तीन दिन, त्रयोदशी आदि चर दिनमें आठ गलग्रह कहे जाते हैं । आप डालीगई विपत्ति । मच्छीकी चटनी.

गलनं, (न०) गल्+भावे ल्युट्+अन । चूना । गिरना पिसलना.

गलन्तिका, (स्त्री०) गल्+शतृ+ङीप् । अल्पार्थे कन् । थोडेजलकी धारावाली गगरिया । झारा । कर्करी । "देवे देया गलन्तिका" स्मृतिः.

गल(ले)स्तनी, (स्त्री०) गले स्तनौ यस्याः वा अलुक् स० । जिसके गलेमें स्तन (मम्मा) हो । छागी । बकरी.

गलहस्त, (पु०) गले हस्तः । निकालनेके लिये गलेमें दियागया हाथ । गलहत्था.

गलित, (त्रि०) गल्+क्त । पतित । गिरपडा । ढिलकगया । गलगया.

गलितकुष्ठं, (न०) गलितं कुष्ठं क० स० । निरुपाय (बे-इलाज) कोढ जिसमें अंगुलियें झड जातीहैं.

गलितनखदन्त, (त्रि०) गलिताः नखाः दन्ताश्च यस्य ब० स० । जिसके नखून और दांत गल गयेहैं.

गलितयौवन, (त्रि०) गलितं यौवनं यस्य । जिसका यौवन (जवानी) नष्ट होचुकाहै । वृद्ध होगया.

गलितवयस्, (त्रि०) गलितं वयः यस्य । जिसकी आयु जा चुकीहै.

गल्या, (स्त्री०) गलानां (कण्ठानां) समूहः । गलोंका समुदाय (समूह).

गल्ल, (पु०) गल्+ल । गाल । गल्ल । गण्ड । कपोल । रुक्सारा.

गल्लक, (पु०) गलति+क्विप्-गल् तं लाति गृह्णाति । ततः स्वार्थे कन् । चषक । पानपात्र । मद्यपीनेका वर्तन । शराबका पियाला.

गवय, (पु०) गु+अयच् । गौके समान गलेमें कंवलके विना पशुका भेद । एकप्रकारका वानर.

गवल, (पु०) गुङ्-शब्दकरना+अप् तं लाति । ला+क । वडा शब्द करनेहारा । वनमहिष । वनका भैंसा । उसका सींग (न०).

गवाकृति, (त्रि०) गोः आकृतिः इव आकृतिः यस्य ब० स० । गौकी आकृति (शकल) वाला.

गवाक्ष, (पु०) गवां किरणानां अक्षि रन्ध्रं इव । मानो किरणोंकी आंख अर्थात् निकलनेका द्वार है । जालके समान कुलीन स्त्रियोंके देखनेका स्थान । झरोखा । वातायन.

गवेन्द्रः, (पु०) गवां इन्द्रः ष० त० । गौओंका स्वामी (मालिक) । उत्कृष्ट वृषभ । बैल व सांड.

गवेशः ईश्वरः, (पु०) । गवां ईशः वा ईश्वरः ब० त० । गौओंका स्वामी (मालिक).

गवेषु, अन्वेषण । तालाशकरना । खोजना । ढूंडना । चुरा० आत्म० सेट् । गवेषयते । अजगवेषत.

गवेषणा, (स्त्री०) गवेष्+युच्+टाप् । अन्वेषण । तलाश । खोजना । ढूंड.

गव्य, (त्रि०) गोर्विकारः गवि भवं । गोर्हितं । गोरिदं वा सर्वत्र यत् । गौका विकार, गौमें हुआ, गौके लिये हितकारी, गौका ये । गोसम्बन्धीय । दूध । दही । मक्खन । गोबर । गोमूत्र । पीला.

गव्यूति, (स्त्री०) गोर्यूतिः । क्रोशयुग । दोकोस । जहां गौएं मेलें.

गह्, गहन-गाढा होना (जैसा कि जंगल) कठिनतासे दाखिल होना । चुरा० उभ० सक० सेट् । गहयति-ते । अजगहत्-त.

गहन, (न०) गाह्+युच् -पृ० ह्रस्वः । जंगल । गव्हर । दुःख । दुर्गम । दुष्प्रवेश । जहां दाखिल होना कठिन है । (त्रि०).

गह्वर, (पु०) गाह्+वरच् । नि० । निकुञ्ज । कुञ्ज । वृक्षोंकी छायामें रास्ता । गुहा । गुफा । वन । रोना । पाखण्ड । कठिन स्थान.

गा, जाना । भ्वा० आत्म० सक० अनिट् । गाते । अगास्त.

गा, स्तुति । तारीफ करना । सक० । जन्महोना । अक० जुहो० । जगाति । अगासीत्.

गाङ्गेय, (पु०) गङ्गा+ढक् । गंगाका पुत्र । भीष्म । कार्तिकेय । सोना । धतूरा.

गाढ, (त्रि०) गाह्+क्त । डुबकी लगाया हुआ । नहाया हुआ । अच्छी तरह जलमें प्रविष्ट हुआ.

गाढ, (गाह्+क्त) । अतिशय । बहुतही । दृढ । पक्का । भरीहुई । सेवित । सेवा कियागया । "तपस्विगाढां तमसां प्राप" रघुः.

गाणपत, (त्रि०)–ती । (स्त्री०) । गणपति अण् । गण (सेना)का स्वामी (मालिक) । गणपति (गणेश) वाला.

गाणपत्य, (पु०) गणपति–यक् । गणेशजीकी पूजा करनेवाला ।–त्यं ·(न०) गणेशकी पूजा । सेनाका नायक होना । सर्दार होना.

गाणिक्य, (न०) गणिकानां समूहः+ष्यञ् । वेश्या (कंजरी) ओंका समूह.

गाण्डि(ण्डी)व, (पु० न०) गाण्डी ग्रन्थिरस्यास्तीति वा पूर्वपददीर्घः । गांठवाला । अर्जुनका धनुष् । हरएक प्रकारका धनुष्.

गाण्डी(ण्डि)विन्, (पु०) गाण्डि (ण्डी) व+इनि । अर्जुन वेषधारी । अर्जुनवृक्ष.

गातव्य, (त्रि०) गै–तव्य । गाने योग्य । जो गाया जाना चाहिये.

गातृ, (त्रि०) त्री–(स्त्री) गै+तृच् । गानेवाला (पु०) गंधर्व । गानेहारा.

गात्र, शैथिल्य । ढीला होना । चुरा० आत्म० अक० सेट् । गात्रय । तेअजगात्रंत.

गात्र, (न०) गा+ष्ट्रन् । देह । अंग । हाथीके आगेकी लातें (जंघा).

गाथकः–थिकः, (पु०) गै–थकन् । गानेवाला पवित्र पुराणादि रचनाके गानेवाला.

गाथक, (त्रि०) गै+थकन् । गायक । गाकर जीनेवाला गवैया.

गाथा, (स्त्री०) गै+थन् । आर्याछन्द । प्राकृत । अपनी देशीआदि भाषामें रचाहुआ श्लोक गीत.

गाध, प्रतिष्ठा । ठहरना । गुथना । पानेकी इच्छा करना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । गाधते । अगाधिष्ट । अजगाधत्.

गाध, (पु०) गाध+घञ् । स्थान । लिप्सा । पानेकी इच्छा । थोडा गहरा (जिसका तल छूआ जाय).

गाधि, (पु०) गाध+इन् । चन्द्रवंशी कन्नौजका स्वामी । विश्वामित्रका पिता । एक राजा.

गाधिज, (पु०) गाधेर्जायते । जन्+ड । गाधीका बेटा । विश्वामित्र.

गाधेय, (पु०) गाधि+ढक् । विश्वामित्रमुनि.

गान, (न०) गै+ल्युट् । गीत । ध्वनि । आवाज । सुर । गाना.

गान्दिनी, (स्त्री०) गंगा । यादवोंके वंशमें अक्रूरजीकी माता.

गान्धर्व, (त्रि०) गंधर्वस्य इदं अण् । गंधर्वसम्बंधी । वह विवाह जिसमें कन्या और वरका अपनी इच्छासे मेलहो । हिंदुस्तानका एक उपद्वीप । (पु०) सामवेदका उपवेद । संगीतशास्त्र । गान (वाक्यमें स्वरोंका समूह तालसे मिलाहुआ और ध्यानसे बोलागया) (न०).

गान्धर्वशाला, (स्त्री०) गान्धर्वाणां शाला ष० त० । गान्धर्वोंकी शाला । गाने नाचने बजानेका घर.

गान्धार, (पु०) गंधं सौरभं ऋच्छति+अण् । गंधक देनेवाला गंधरस । सिंधूर । एक प्रकारका राग । तीसरी सुर । एक राग । कंधारका देश । कंधारमें उपजा (त्रि०) (न०) । गंधक (न०).

गान्धारराज, (पु०) गांधाराणां (जनपदानां) राजा टच् । दुर्योधनका नाना सुवल । उसका पुत्र । शकुनि । दुर्योधनका मामा.

गान्धारी, (स्त्री०) गांधारस्य अपत्यं स्त्री+अण् । दुर्योधनकी माता । धृतराष्ट्रकी स्त्री.

गान्धारेय, (पु०) गान्धार्याः अपत्यं+ढक्+ण्य । गान्धारीकी सन्तान । दुर्योधन आदिकोंका नाम.

गान्धिक, (पु०) गंधेन जीवति+ठक् । जिसका जीवन गंधपर हो । गांधी । गंधका व्योपार करनेवाला.

गामिन्, (त्रि०) गम्+णिनि । समासके पीछे प्रयुक्त होताहै । जानेवाला । हिलनेवाला । परिभ्रमण करनेवाला.

गाम्भीर्य, (न०) गम्भीरस्य भावः+ष्यञ् । गम्भीरपना । गहरापना (जल, शब्द,) अर्थ वा चरित्रका.

गायः, (पु०) गै+भावे घञ् । गाना । गीत.

गायक, (पु०) गै+ण्वुल् । गानेवाला । गवैया.

गायत्री, (स्त्री०) गायन्तं त्रायते । त्रै+क । जो गातेहुएको बचाती है । वेदमें कहागया एक मन्त्र । छ वा आठ अक्षरोंके पादवाला छन्द.

गायन, (त्रि०) गै+ल्युट् । गानोपजीवी । गाकर जीनेवाला "स्त्रियां ङीप्".

गारुड, (न०) गरुडो देवता अस्य । जिसका देवता गरुड हो । मरकतमणि । विषका मन्त्र । स्वर्ण । "तेन प्रोक्तं" अण् । गरुडसे कहागया पुराण.

गारुडिक, (पु०) गारुडेन (विषमन्त्रेण) जीवति ठक् । जिसका जीवन विष निकालनेवाले मन्त्रपर हो । विषवैद्य.

गारुत्मत, (न०) गरुत्मान् देवता अस्य । जिसका देवता गरुड है । मरकतमणि.

गार्भिण, (न०) गर्भिणीनां समूहः+अञ् । गर्भवालीस्त्रियोंका समूह.

गार्हपत्य, (पु०) गृहपतेः नाम्ना युक्तः । गृहस्थीके नामवाली । एकप्रकारकी यज्ञकी अग्नि.

गार्हमेध, (त्रि०)-धी (स्त्री०) गृहमेधस्य इदं अण् । गृहस्थके योग्य ।-धः (पु०) गृहस्थके करने योग्य पांच यज्ञ.

गार्हस्थ्य, (पु०) गृहस्थस्य भावः कर्म वा । गृहस्थआश्रममें करनेलायक काम । गृहस्थीका धर्म.

गालव, (पु०) गल्+घञ् । तं वाति । वा+क । एक मुनि । लोधवृक्ष.

गालि, (पु०) गल्+इन् । शाप । निन्दा । बुरा वचन.

गावल्गणि, (पु०) गवल्गणस्य अपत्यं पुमान्+अण्-इ । गवलणका बेटा । सञ्जयका नाम.

गाहू, (पु०) विलोडन । भलीभांतिदेखना । तलाशकरना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । गाहते । अगाहिष्ट । अ गाढ.

गाहनं, (न०) गाह्+ल्युट्+अन । जलका गाहना । डुबकी लगाना । स्नान करना.

गाहित, (त्रि०) गाह्+क्त । वीचमें नहाया हुआ । डुबकी लगाया हुआ । पानीके बीचमें प्रविष्ट हुआ.

गाहित्र, (त्रि०) गाह्+तृच् । पानीमें डुबकी लगानेवाला । जलमें प्रविष्ट होनेवाला.

गिर्-रा, (स्त्री०) गृ+क्विन्- वा टाप् । वाक्य । वचन । शब्द । वाणी.

गिरि, (पु०) गृ+कि । पर्वत । पहाड । एकप्रकारका संन्यासी । संन्यासीकी उपाधि (उपनाम) जैसे आनन्दगिरि । बालमूषिका (स्त्री०).

गिरिकूटं, (न०) गिरेः कूटं । पर्वतका शिखर । चोटी.

गिरिगुहा, (स्त्री०) गिरेः गुहा । पर्वतकी गुफा.

गिरिचरः, (पु०) गिरौ चरति । पहाडपर विचरनेवाला.

गिरिज, (न०) गिरौ जायते । जन्+ड । अभ्र । बादल । शिलाजतु । लोहा । गेरी । पार्वती । मातुलुङ्गी (स्त्री०).

गिरिदुर्ग, (न०) गिरिरेव दुर्गं । पहाडका किला । राजाओंके निवासका वह स्थान कि जहां शत्रुओंसे निर्भय होकर रह सकें । गड । पहाडका वैसा स्थान.

गिरिन(ण)दी, (स्त्री०) गिरेः नदी । पहाडकी नदी.

गिरिभिद्, (पु०) गिरिं भिनत्ति । भिद्+क । जो पर्वतको फाडता है । वह वृक्ष जो पत्थरको फाड देता है । इन्द्र.

गिरिश, (पु०) गिरौ शेते । शी+ड । जो पर्वतपर सोता है । शिव.

गिरिसुत, (पु०) पर्वतका पुत्र । मैनाक नामी पहाड । पार्वती (स्त्री०).

गिरीश, (पु०) गिरेः कैलासस्य ईशः । कैलासका स्वामी । महादेव.

गिलित, (त्रि०) गॄ+क । गिलो जातोऽस्य । इतच् । भक्षित । खायाहुआ । खायागया.

गीत, (न०) गै+क्त । गाना । सुरतालसे वचनको बोलना.

गीतक्रमः, (पु०) गीतस्य क्रमः । गानेका क्रम । सिलसिला । प्रकार । ढंग.

गीतज्ञ, (त्रि०) गीतं जानाति-ज्ञा+क । गीतको जाननेहारा । गायक । गवैया.

गीतप्रिय, (त्रि०) गीतस्य प्रियः । गीतका प्यारा शौकीन.

गीतमोदिन्, (पु०) गीतेन मोदते+मुद्+णिन् । गीतसे हर्ष करनेवाला । किन्नर । गन्धर्व.

गीतशास्त्र, (न०) गीतस्य शास्त्रम् । गीत । गानेका शास्त्र । गंधर्वविद्या.

गीता, (स्त्री०) गै+कर्मणि क्त । गुरु और शिष्यकी कल्पनासे उपदेशस्वरूप कथाविशेष । वह भगवद्गीता रामगीता आदि भेदसे बहुत प्रकारकी है किन्तु गीताओंमें भगवद्गीता हीं प्रसिद्ध है.

गीतायन, (न०) गीतस्य अयनं=साधनं । गीतका साधन । बीणा । सितार । बाजा.

गीति, (स्त्री०) गै+क्तिन् । गाना । आर्याछन्दका भेद.

गीर्णि, (स्त्री०) गॄ+क्तिन् । गिलन । खाना । स्तुति । बडाई.

गीर्वाण, (पु०) गीरेव बाणो यस्य । वाणीही जिसका बाण है । देव.

गीष्पति, (पु०) गिरां पतिः । वाणिओंका मालिक । बृहस्पति । देवताओंका गुरु । "गीर्पतिः" "गीष्पतिः" यही अर्थमें.

गु, शब्दकरना । भ्वा० आ० अक० अनिट् । गवते । अगोष्ट.

गु, विष्ठोत्सर्ग । मलका छोडना । तुदा० पर० अक० अनिट् गुवति.

गुग्गुल, (लु), (पु०) गुज+क्विप् गुक् ततो गुडतिं (रक्षति) उ । गुड+क वा । गुग्गल । एकप्रकारका वृक्ष । रक्त शोभाञ्जन । लाल सुहांजना.

गुच्छ, (पु०) गु+क्विप् गुतं छ्यति-छो+क । कलिओंके फूल आदि समूह । बालस्तबक (गुच्छा) । बाईस लडोंका हार । मोरका पर । मुक्ताहार । मोतिओंका हार । "गुच्छक" गुलदस्तह.

गुच्छ(पत्र), (पु०) गुच्छाकृतीनि पत्राणि अस्य। जिसके पत्ते गुच्छेकी शकलके हों। तालका वृक्ष। इसका प्रत्येक पत्र गुच्छेके स्वरूपका है.

गुच्छफल, गुच्छाकृतीनि फलानि अस्य। जिसके फल गुच्छेकी भांति हों। रीठा। करञ्जा। राजादनी। कतक (इमली) अग्निदमनी। काकमाची। केला। दाख (स्त्री०) टाप्.

गुज्, ध्वनि। आवाज करना। गुजति। जुगोज अगुजिष्ट.

गुञ्ज्, कूकना। शब्दकरना। भ्वा० पर० सक० सेट्। गुञ्जति.

गुञ्जा, (स्त्री०) गुजि+अच्। एक प्रकारकी लता (वेल) तीन जौंका परिमाण (माप)। नगारा (पटह)। मीठी और धीमी आवाज। शरावका घर। रत्ती.

गुटी, (स्त्री०) गु+टिक् वा ङीप्। गोलस्वरूपकी गुटिका। दवाईकी गोली। मूर्ति। शतरञ्जकी नर्द। स्वार्थे कन्। टाप्। वही अर्थ.

गुठ्, वेष्टन। घेरादाना। लपेटना। चुरा० उभ० सक० सेट्। गुण्ठयति-ते। अजुगुण्ठत्-त.

गुड्, लपेटना। तोडना। रोकना। तुदा० पर० सक० सेट्। गुडति। जुगोड अगुडीत्.

गुड, (पु०) गुड्+क। गोल। हाथीका सन्नाह (फन्दा)। इक्षुपाक। गन्नेका पकाहुआ रस। गुड.

गुडक, (पु०) गुडेन पक्वः-वा कन्। गुडका गोला। ग्रास। गुडकी बनाई गई एक प्रकारकी मद्य.

गुडत्वक्-च्, (पु०) गुड इव मधुरा त्वक् (त्वचा) यस्य। जिसकी त्वचा (छाल) गुडके समान मीठी हो। छाल। दाल (र) चीनी.

गुडपुष्प, (पु०) गुड इव मधुरं पुष्पं अस्य। जिसका फूल गुडके समान मीठा हो। मधूक (महुआ) वृक्ष.

गुडशिग्रु, (पु०) गुड इव मधुरा शिग्रुः। लालसुहांजना.

गुडाका, (स्त्री०) गुड-विशेष। तोडना। रोकना। आक। निद्रा। नींद.

गुडाकेश, (पु०) गुडाकायाः (निद्रायाः) ईशः वशित्वात्। नींदको काबू करनेवाला। शिव। अर्जुन.

गुडाशय, (पु०) गुड इव मधुरः आशयः (फलमध्यं) यस्य। जिसके फलमें गुडकी मिठास हो। आखरोटका वृक्ष। ६ त०। गुड चाहनेवाला.

गुडु(डू)ची, (स्त्री०) गुड् बचाना। उ (ऊ) चट्। अपने नामकी लता। गिलोयकी वेल.

गुण्, मन्त्रण। सलाह करना। दूरा करना। चुरा० उभ० सेट्। गुणयति-ते। अजुगुणत्-त.

गुण, (पु०) गुण+अच्-घञ् वा। धनुषका चिल्लह। धनुष खेंचनेकी रस्सी। रस्सी। शूरता आदि धर्म। राजाओंके संधि विग्रह यान आसन द्वैध और आश्रय छे साधन। ज्ञान विनय आदि। सांख्यके मतमें पुरुषके भोगका साधन होनेसे उसे बांधनेहारे सत्व रज तम पदार्थ। अप्रधान। न्यायमतमें रूप आदि चौवीस पदार्थ। व्याकरणमें अ ए ओ। अलंकारमें माधुर्य आदि। दुहराना। तन्तु। दूर्वा। घास.

गुणक, (पु०) गुण्। दुहराना। भरना+ण्वुल्। भरनेवाला। वह राशि जिसके साथ गुणा जाता है। "गुण्यान्त्यमङ्कं गुणकेन हन्यात्" लीलावती.

गुणतः, (अव्य०) गुण+तसिल्। तीन गुणों (जगत्के सम्पूर्ण पदार्थोंमें) के अनुसार सत्व, रज, तम.

गुणता-त्वं, (स्त्री० न०) गुण+तत्-वा त्व-भावे। गुणपना। अच्छापन। उत्कृष्टता। धर्म। गुणना। रस्सीपना.

गुणनं, (न०) गुण्-ल्युट् अन्। गुणना। प्रसिद्ध करना। गुणवर्णन करना.

गुणनिका, (स्त्री०) गुण्-भावे युच्-स्वार्थे क। अध्ययन अभ्यास। नृत्य। नाचनेकी विद्या। नाटककी प्रस्तावना। माला। हार.

गुणनीय, (त्रि०) गुण्+करणे अनीयर्। गुण जरब। देनेयोग्य। गिन देनेलायक। उपदेश करने योग्य.

गुणमय, (त्रि०) गुण+मयट्। छोटेसे तन्तु (धागे) वाला। प्रकृतिके तीन गुणोंवाला। अच्छे गुणोंवाला। धर्मात्मा.

गुणवृक्षक, (पु०) वृक्ष इव कायति। कै+क। गुणानां (नौकाकर्षणरज्जूनां बन्धनाधारः) वृक्षः। बेडिओंको खेंचनेवाली रस्सिओंके बांधनेका आश्रय। मस्तूल.

गुणित, (त्रि०) गुण्+कर्मणि क्त। गुणागया। आहत। चोट कियागया। भरागया। पूरित.

गुणिन्, (पु०) गुणोऽस्त्यस्य इनि। चिल्लेवाला। धनुष्। गुणवाला (त्रि०).

गुणीभूत, (त्रि०) अगुणः गुणः भूतः। च्वि+भू+क्त। अप्रधान कियागया.

गुणीभूतव्यङ्ग्य, (न०) गुणीभूतं वाच्यार्थात् अपकृष्टं व्यङ्ग्यं यत्र। वाच्यार्थ (असली अर्थ) से जहां व्यङ्ग्य (व्यञ्जना शक्तिसे जाना गया) अर्थ अपकृष्ट (छोटा) हो। अलंकारमें कहाहुआ मध्यम काव्य.

गुण्डिक, (पु०) गुण्ड+अस्ति अर्थमें ठन् (इक)। पीसे हुए चावल आदि.

गुत्स, (पु०) गुध्+स किच्च । स्तबक । गुच्छा । खिली-हुई कली.

गुद्, केलना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । गोदते । अगोदिष्ट.

गुद, (न०) गुद्+क । मल छोडनेका द्वार (दर्वाजा) । नीचेकी वायु (हवा) के निकलनेका द्वार.

गुदकील, (पु०) गुदे कील इव । गुदापर मानों मेख लगी है । बवासीर रोग । "गुदाङ्कुर" यही अर्थ है.

गुदग्रह, (पु०) गुदं गृह्णाति । ग्रह्+अच् । जो गुदाको पकडता है । उदावर्त नामक रोग.

गुदस्तम्भः, (पु०) गुदं स्तभ्नाति–उप–स । गुदाको रोक लेनेवाला । वदहजमी.

गुध्, रोकना । क्र्या० पर० अक० सेट् । गुध्नाति । जुगोध अगोधीत्.

गुध्, खेलना । भ्वा० आ० अक० सेट् । गोधते । अगोधिष्ट.

गुध्, वेष्टन । घेरादेना । लपेटना । दि० पर० अक० सेट् । गुध्यति.

गुप्, गोपन । रक्षाकरना । छिपाना । बचाना । भ्वा०आ०सक० सेट् । गोपते । अगोपिष्ट.

गुप्, निन्दाकरना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । जुगुप्सते । अजुगुप्सिष्ट.

गुप्, बचाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । गोपायति । अगोपायीत्-अगोपीत् अगौप्सीत्.

गुप्, -घबराना । दिवा० पर० सक० सेट् । गुप्यति । अगुपत् । अगोपीत्.

गुप्त, (त्रि०) गुप्-बचाना-वा छिपाना+क्तः । रक्षित । बचायागया । छिपायाहुआ । ढांकाहुआ । वैश्य जातिकी संज्ञा (पु०).

गुप्तकथा, (स्त्री०) गुप्ता कथा । छिपी हुई कथा (बातचीत.)

गुप्तगतिः, (पु०) गुप्ता गतिः यस्य ब० स० । छिपीहुई चालवाला । गुप्तचर । जासूस.

गुप्तदानं, (न०) गुप्तं दानं । छिपाहुआ दान । छिपी हुई भेट.

गुप्ति, (स्त्री०) गुप्+क्तिन् । बचाना । छिपाना । राजाओंकी अपनी नगरी । दूसरेकी नगरी । रक्षा । पहिरा । जेलखाना । पृथिवीका गढा । अवस्करस्थान । मैला डालनेकी जगह । अरूडी । बेडीका छेक । यम । गढेके लिये पृथिवीका खोदना.

गुफ्, ग्रन्थ गांठना । तुद० पर० सक० सेट् । गुम्फति । अगोफीत् । गुफितः.

गुम्फ, (पु०) गुम्फ्+घञ् । गांठना । वाहूका भूषण (जेवर) । डाढी.

गुम्फना, (स्त्री०) गुम्फ्+युच् । "वाक्यमें शब्द और अर्थकी अच्छी रचना" गूथना । अच्छी रचना.

गुम्फित, (त्रि०) गुम्फ्+क्त । ग्रथित । गुथागया । रचागया । गांठागया.

गुर्, मारना । जाना । यत्नकरना । तकलीफ देना । नुकसान करना । दिवा० आत्म० सक० सेट् । गूर्यते । अगोरिष्ट । गूर्णः । गोरणं.

गुरु, (पु०) गिरति अज्ञानं, गृणाति (उपदिशति) वा धर्मं । गृ+कु उच्च । जो अज्ञान (बेसमझी) को दूर कर्ता अथवा जो धर्मका उपदेश देता है । निषेक (वीर्यसिञ्चन) आदि कर्मोंका करनेहारा पिता । वेद पढानेहारा आचार्य । शास्त्रका उपदेशकरनेहारा । सम्प्रदाय (मत) चलानेवाला । पढानेवाला । पाधा । तन्त्रके मन्त्रोंका उपदेश करनेवाला । बृहस्पति । पुष्यतारा । दो मात्रा । दीर्घस्वरवाला वर्ण । बिन्दु और विसर्गवाला एकमात्र । संयुक्त वर्णके पहिले रहनेवाला एकमात्र । द्रोणाचार्य । बलवान् महान् पूजनेके लायक । "स्त्रियां" "गुर्वी" वा "गुरुः".

गुरुक्रम, (पु०) ६ त० । गुरुपरम्परोपदेश । बडोंसे चलाआया उपदेश.

गुरुचर्या, (स्त्री०) गुरोः चर्या । गुरुकी सेवा.

गुरुजनः, (पु०) गुरुजनः । कोई आदरके योग्य व्यक्ती । अपनेसे बडा सम्बन्धी.

गुरुतल्प, (पु०) गुरोः तल्पः=दाराः । गुरकी स्त्री.

गुरुतम, (त्रि०) अतिशयेन गुरुः–तमप् । अत्यन्त आवश्यक वा प्रयोजनीय । –मः (पु०) श्रेष्ठ शिक्षक । विष्णुका एक नाम.

गुरुता-त्वं, (स्त्री० न०) गुरोः भावः-तल्-त्व । भारीपना । बडाई.

गुरुतल्पग, गुरोः (पितुस्तुल्यं दारान्) गच्छति । गम् ड । गुरुकी छेजपर जानेहारा । सौतेली मांके पास जानेहारा.

गुरुदक्षिणा, (स्त्री०) गुरोः दक्षिणा । अध्यात्मविद्या पढानेवाले गुरुको देने योग्य दक्षिणा.

गुरुप्रसाद, (पु०) गुरोः प्रसादः । गुरुकी कृपाका फल (विद्या.)

गुरुवर्तिन्–वासिन्, (पु०) गुरोः समीपे वर्तते वा वसति वृत् वा वस्+णिनि । गुरुके पास रहनेवाला । गुरुके घरमें निवास करनेवाला ब्रह्मचारी.

गुरुवारः, वा वासरः, (पु०) गुरोः वारः। गुरुका वार। बृहस्पतिवार। वीरवार.

गुरुवृत्तिः, (स्त्री०) गुरौ वृत्तिः=वर्तनं। गुरुके सन्मुख शिष्यका व्यवहार.

गुरुव्यथ, (त्रि०) गुरुः व्यथा यस्य। बडी पीडावाला। पीडासे व्याकुल होरहा.

गुर्जर, (पु०) देशभेद। गुजरात (दक्षिण)। उस देश-का वासी.

गुर्वङ्गना, (स्त्री०) गुरोः अङ्गना। गुरुकी स्त्री। अत्यन्त आदरके योग्य स्त्री.

गुर्वर्थ, (त्रि०) गुरोः अर्थः। अत्यन्त उपयोगी आवश्यक।—र्थः (पु०) गुरुदक्षिणा। शिष्यको विद्या पढानेकी.

गुर्विणी, (स्त्री०) गुरुर्गर्भोऽस्त्यस्याः। इनि। नि० जिसे गर्भ हो। गर्भवती। गर्भवाली स्त्री.

गुर्वी, (स्त्री०) गुरु+ङीप्। गर्भवती। "नहि वन्ध्या विजानाति गुर्वीप्रसववेदनाम्"। आदरवाली स्त्री बडी स्त्री.

गुल्फ, (पु०) गुल्+फक्-नि०। पाओं की गांठ। पादग्रन्थि। गिट्टा.

गुल्म, (पु०) गुड-रक्षा करना-बचाना। लपेटना-घेर-लेना+मक्। डलयोरैक्यम्। प्रधानपुरुषोंसे आश्रय दिया-गया रक्षा करनेहारा पुरुषोंका समूह। (हाथी ९, रथ ९ घोडे २७, पदाति ४५) इतनी संख्याकी सेना। एक प्रकारका रोग। झाडी। प्लीहरोग.

गुल्ममूल, (न०) गुल्माकृति मूलमस्य। जिसकी जड झाडीके समान हो। आर्द्रक। अदरक.

गुल्मवल्ली, (स्त्री०) गुल्माकारा वल्ली। झाडीके समान वेल। सोमलता.

गु(गू)वाक, (पु०) गु+आक। नि०। सुपारी। क्रमुक। पूगीफल.

गुहू, संवरण। छिपाना। ढांकना। भ्वा० उभ० सक० सेट्। गूहति-ते। अगूहीत्। अघुक्षत्। अगूहिष्ट-अगूढ.

गुह, (पु०) गुह्+क। कार्तिकेय। घोडा। रामचन्द्रजीका मित्र शृङ्गवेरका स्वामी। चण्डालोंका नाथ। गढा। विष्णु। सिंहपुच्छी वेल। पर्वतका गढा। हृदय (स्त्री०)। "गुहां प्रविष्टौ" इति श्रुतिः.

गुहा, (स्त्री०) गुह्+अङ्। गुफा। छिपनेका स्थान.

गुहाशय, (पु०) गुहायां (गर्ते) आशेते। शी+अच्। जो गढेमें सोता है। अज्ञान। सिंह आदि। हृदय। बुद्धिमें रहनेहारा जीव। ईश्वर। "गुहाशयं गह्वरेष्ठं" इति श्रुतिः.

गुहाहित, (त्रि०) गुहायां आहितः। गुफा. (हृदयमें) रक्खा गया.

गुह्य, (त्रि०) गुह+क्यप्। कच्छू। पाखण्ड। परमात्मा। एकान्त। भग। लिङ्ग (न०) रहस्य। छिपानेके लायक (त्रि०).

गुह्यक, (पु०) गुह्यं कं (सुखं) यस्य। गुह्यं कुत्सितं कायति। कै+क वा। जिसका सुख छिपा हुआहो। जो बुरा शब्द कर्ता है। कुबेरके धनको बचानेहारा। देव-योनिभेद.

गुह्यकेश्वर, (पु०) ६ त०। गुह्यकोंका स्वामी। कुबेर.

गुह्यगुरुः, (पु०) गुह्य-गुरुः। छिपने योग्य गुरु। शिवजी। गुह्यकेश्वर.

गुह्यभाषितं, (न०) गुह्यं भाषितं। छिपीहुई बातचीत। गुप्तभाषण.

गू, विष्ठात्याग। मलका छोडना। तुद० पर० अक० सेट्। गुवति। अगुविष्ट। जुगाव। गूनः.

गूढ, (त्रि०) गूह्+क्त। गुप्त। छिपाहुआ। ढका हुआ। गहन। एकान्त (न०).

गूढचार-चारिन्, (त्रि०) गूढं चरति-चर्-णिन्। छिप-कर इधर उधर घूमनेवाला.

गूढज, (पु०) गूढं गुप्तं यथातथा जातः। गूढः सन् वा जातः। जन्+ड। छिपाकर पैदाहुआ। छिपाहुआ उपजा। बारह प्रकारके पुत्रोंमेंसे एक.

गूढपथ, (पु०) गूढः पन्थाः। छिपाहुआ मार्ग। गुप्तमार्ग.

गूढपाद्-द, (पु०) गूढाः पादा अस्य वा पद्भावः। जिसके पांव छिपेहुए हों। सर्प। सांप.

गूढपुरुष, (पु०) छिपाहुआ पुरुष। गुप्तचर। प्रणिधि। जासूद.

गूढभाषितं, (न०) गूढं भाषितं। गुप्तवार्ता। छिपीहुई बात। खवर.

गूढमैथुन, (पु०) गूढं केनापि अदृश्यं मैथुनं यस्य। जिसे भोग कर्ते कोई भी नहिं देख सक्ता। काक। कौआ.

गूढसाक्षिन्, (पु०) छिपाहुआ गवाह। अर्थी (मुद्दई) अपने प्रयोजनकी सिद्धिके लिये प्रत्यर्थी (मुद्दालह)के छिपेहुए वचनको जिसके द्वारा स्पष्ट करके सुनवाताहै इस प्रकारका गवाह। मुद्दईसे पोशीदह मुद्दालहके इजहार सुने-वाला गवाह.

गूढाङ्ग, (पु०) गूढानि अङ्गानि अस्य। जिसके अंग अर्थात् शरीरके भाग छिपेहुए हों। कच्छप। कच्छू.

गूढोत्पन्न, (पु०) छिपकर उत्पन्नहुआ। जारसे उत्पन्नहुआ एक प्रकारका पुत्र। "ये किसका पुत्र है" ऐसा नहिं जान सके.

गूथ, (पु० न०) गू+थक्। विष्ठा। मल। गूह.

गूर्, उद्यम करना। चुरा० आत्म० अक० सेट्। गूर्यते अजूगुरत.

गूर्, मारना। जाना। दिवा० आत्म० सक० सेट्। गूर्यते। अगूरिष्ट.

गृ, सेक। सींचना। भ्वा० पर० सक० अनिट्। गरति। अगार्षीत्.

गृज, ध्वनि। शब्दकरना। भ्वा० पर० अक० सेट्। गर्जति। अगर्जीत्.

गृञ्जन, (पु०) गृञ्ज्यते (भक्ष्यत्वेन कथ्यते) रोगेषु। गृजि+ल्युट्। गाजर। विषवाले पशुका मांस (न०).

गृधू, लालच करना। लिप्सा। दिवा० पर० सक० सेट्। गृध्यति। अगृधत्-अगर्द्धीत्। गर्द्धित्वा. गृद्ध्वा.

गृध्नु, (त्रि०) गृध्+क्नु। लुब्ध। लोभी। लालची.

गृध्र, (पु०) गृध्+क्नु। शकुनि। पक्षी। गीध। लोभी। (त्रि०).

गृध्रराज, (पु०) ६ त०। गरुडका पुत्र। जटायु पक्षी। पक्षिओंका राजा.

गृष्टि, (स्त्री०) सकृत् गर्भं गृह्णाति। ग्रह+क्तिच्-पृ-नि०। एकवार जनेवाली गौ। वराहक्रान्ता। बदरा औषध। काश्मरी.

गृह्, ग्रहण लेना। पकडना। चुरा० आत्म० सक० सेट्। गृह्येत-अजगृह.

गृह, (न०) ग्रह्-घरके अर्थमें क। ईंट मट्टी आदिसे बना हुआ घर। गृह्-लेना-अच्। कलत्र। स्त्री। औरत। नाम। मेष आदि राशिका मन्दिर। एक घरके अर्थमें यह शब्द नपुंसक और बहुत घरोंके अर्थमें पुंलिङ्ग होताहै। "तत्रागारं धनपतिगृहान्" इति मेघदूतम्। स्त्रीके अर्थमेंभी दार शब्दके समान बहुवचनान्त होता है.

गृहकपोतः, (पु०) गृहपालितः कपोतः। घरका पालाहुआ कबूतर.

गृहच्छिद्रं, (न०) गृहस्य छिद्रं=दोषः। घरेलू दोष.

गृहजः-जातः, (पु०) गृहे जातः-जन्-ड वा क्त। घरमें उत्पन्न हुआ (दास).

गृहजनः, (पु०) गृहस्थितः जनः। घरकी व्यक्ति (स्त्री०). घरके लोग.

गृहज्ञानिन् वा **गृहेज्ञानिन्,** (पु०) गृहे एव ज्ञानी-ज्ञा+णिन्। घरके भीतर ही जो समझदार है। नावाकिफ.

गृहदासः, (पु०) गृहस्थितः दासः। घरका दास। घरेलू नौकर.

गृहदेवता, (स्त्री०) गृहस्य देवता। घरकी देवी। गृहस्थकी देवताओंकी एक श्रेणि (जमात).

गृहदेहली, (स्त्री०) गृहस्य देहली। घरकी देहली। दलीज। ड्योढी.

गृहपति, (पु०) ६ त०। गृहका पति। घरका मालिक। मन्त्री। वजीर। धर्म.

गृहपत्नी, (स्त्री०) गृहस्य पत्नी। Ved. घरकी मालिक (स्वामिनी)। गृहस्थकी स्त्री.

गृहपालः, (पु०) गृहं पालयति। घरको वचानेवाला। घरका रखवारा.

गृहबलिः, (पु०) गृहस्य वलिः। घरेलू बलि। वचेहुए भोजनमेंसे घरके देवता सम्पूर्ण पशुपक्षिओंको देने योग्य भेटा.

गृहमणि, (पु०) गृहे मणिरिव। घरमें मानो मणि है। प्रदीप। दीवा.

गृहमृग, (पु०) गृहस्य मृग इव। मानो घरका पशु है। कुकुर। कुत्ता.

गृहमेधिन्, (पु०) गृहैः दारैर्मेधते (संगच्छते) मेध्। सङ्गम-मिलना+णिनि। जो घरका संग कर्ते हैं। गृहस्थ.

गृहमेधीय, (पु०) गृहमेधिनोऽयं छ (ईय)। गृहस्थिओंके धर्म.

गृहयालु, (त्रि०) गृह+आलु। ग्रहीता। लेनेवाला.

गृहवाटिका, (स्त्री०) गृहसमीपे वाटिका आरामः। घरके पासका छोटा वन। गृहके समीपका उपवन.

गृहशकुन्तिका, (स्त्री०) गृहे पालिता शकुन्तिका= पक्षिणी। घरमें पालाहुआ पक्षी (परिंदा).

गृहस्थ, (पु०) गृहेषु तिष्ठति (अभिरमते) स्था+क। जो स्त्रीके साथ विलासकर्ता है। घरमें रहनेवाला। गृही। द्वितीयाश्रमी। वालवच्चेदार.

गृहागत, (पु०) गृहं आगतः। आ+गम्+क्त। अतिथि। आगन्तुक। महिमान वा पाहुना। घरमें आगया (त्रि०).

गृहाधिपः, (पु०) गृहस्य अधिपः। घरका स्वामी। गृहस्थ.

गृहाराम, (पु०) गृहे (गृहसमीपे) आरामः। घरके पासका छोटा वन। गृहसमीपस्थ उपवन। वाग.

गृहार्थः, (पु०) गृहस्य अर्थः। घरका काम काज। कोई भी घरेलू वृत्तान्त.

गृहावग्रहणी, (स्त्री०) गृहं अवगृह्यतेऽनेन। जिसके द्वारा घर पकडा जाय। अव+गृह्+करणे ल्युट्+ङीप्। देहली। देओयाल। देवढी.

गृहिणी, (स्त्री०) गृह+अस्त्यर्थे इनि। जिसका घर हो। घरवाली। भार्या। जोरू। औरत। स्त्री। घरके काममें चतुर स्त्री। "गृहिणी सचिवो मिथः सखी" इति रघुः.

गृहिन्, (पु०) गृहा दाराः सन्ति अस्य इनि। जिसकी स्त्री हो। गृहस्थ। घरमें रहनेहारा.

गृहनर्दिन्, (पु०) गृहे एव नर्दति न सम्पराये (युद्धे)। जो घरहीमें गर्जता है। लडाईमें पीठ दिखानेवाला। खोटा आदमी। कापुरुष। रणमें डरनेवाला। घरमेंही ऊधम मचानेहारा.

गृहीत, (त्रि०) ग्रह्+क्त। स्वीकार कियागया। मानागया। मनजूर कियागया। प्राप्त। पाया। हासिल किया। ज्ञात। जानागया। धृत। पकडागया.

गृहीत, (त्रि०) ग्रह+क्त कर्मणि। लिया गया। पकडा गया.

गृहीतगर्भा, (स्त्री०) गृहीतः गर्भः यया व० स०। गर्भवाली स्त्री औरत.

गृहीतदेह, (त्रि०) गृहीतः देहः येन। जिसने पृथिवीपर अवतार लिया है.

गृहीतनामन्, (त्रि०) गृहीतं नाम येन। नाम लेनेवाला। नामसे पुकारा गया.

गृहीतवेतन, (त्रि०) गृहीतं वेतनं येन। जिसने अपनी तनखाह लेली है। मिहनतका फल चुका दिया गया.

गृहीतार्थ, (त्रि०) गृहीतः अर्थः येन-व० स०। जिसने अर्थ प्रयोजन-मतलब समझ लिया है। समझे हुए मतलबवाला.

गृहीतिन्, (त्रि०) गृहीत+णिनि। समझा हुआ। अच्छीतरह जान चुका.

गृह्य, (पु०) ग्रह+क्यप्। गृहासक्त। घरमें फसाहुआ। पक्षी और पशु। मलका द्वार (दर्वाजा)। वेदमें कहेहुए कर्मके प्रयोग (लगाव) को जतानेहारा गोभिलसूत्र आदि ग्रन्थविशेष। अस्वतन्त्र। पराधीन। जो आजाद नहिं। अपनी ओरका (त्रि०) "गृहे भवः" यत्। घरमें हुआ। घरका। वस्तु (चीज) (न०) "अपने अर्थमें कन्"। नगरके बाहिरका गांव (स्त्री०) टाप् गृह्या.

गृ, विज्ञापन। जताना। जनाना। इत्तिला देना। चुरा० आत्म० सक० सेट्। गारयते। अजीगरत.

गृ, शब्द आवाज करना। क्र्या० पर० सक० सेट्। गृणाति। अगारीत्.

गृ, निगरण। निगलजाना। गडप्प करना। तुदा० पर० सक० सेट्। गिरति गिलति। अगारीत् अगालीत्.

गेद, जाना गति। भ्वा० आत्म० सक० सेट्। गेदते। अगेदिष्ट। अजिगेदत्। गेदित्वा-गेत्वा.

गेन्दु(ण्डु)क, (पु०) गच्छतीति गः इन्दुरिव। इवार्थे कन्। जो चांदकी भांति जाता है। कन्दुक। गेन्द। कपडेका बनाहुआ गोल स्वरूपका खिलौना। पृषो० "गेण्डुक" यही अर्थ.

गेय, (त्रि०) गै-गाना+यत्। कर्तरि। गवैया "भावे यत्" गीति। गाना। गीत। "कर्मणि यत्" गानेलायक (त्रि०).

गेह, (न०) गो (गणेशः) गन्धर्वो वा ईहः (ईप्सितः) यत्र। जहां गणेश वा गंधर्व होनेकी इच्छा की जाय। घर.

गै, गाना। भ्वा० पर० सक० सेट्। गायति। अगासीत्.

गैरिक, (न०) गिरौ भवः+ठक् (इक)। पर्वतमें उपजा उपधातु (छोटा धातु)। सोना। गेरी.

गो, (पु०) गम्+डो। वृषभ। बैल। स्वर्ग। किरण। वज्र। जल। पशु। चांद। हवा। वायु। सूर्य। और ऋषभनामी औषध। सौरभेयी। गौ। दृष्टि। नजर। बाण। तीर। दिशा। माता। वाणी। भूमी (स्त्री०).

गोकर्ण, (पु०) गौर्नेत्रं कर्णो यस्य। आंखही जिसके कानहैं। सांप। "गोरिव कर्णौ यस्य"। जिसके कान गौके समान हों। अश्वतर। वछेरा। खचरा। एक प्रकारका पशु। गणदेवताका भेद। शैवतीर्थभेद। एकनाम.

गोकील, (पु०) गोः पृथिव्याः कील इव। मानो पृथिवीकी मेख है। लाङ्गल। मुसल। हल.

गोकुल, (न०) गवां कुलं यत्र। जहां गौओंका समूह हो। गौओंकी जगह। गोष्ठ। गौओंके बांधनेका स्थान। यमुनाके निकट नन्दके निवासका स्थान। व्रजनामी प्रसिद्ध स्थान। "गोकुले रामकेशवौ" पुराणं.

गोक्षीरं, (न०) गोः क्षीरम्। गौका दूध.

गोगृष्टिः, (पु०) गोषु गृष्टिः=सकृत्प्रसूता गौः। गौओंमें एक वार जनी हुई गौ.

गोगोष्ठं, (न०) गवां गोष्ठं। गोवाडा। गोभवन। गौओंके निवासका स्थान.

गोग्रासः, (पु०) गवां ग्रासः। गौओंको देनेयोग्य ग्रास (घास) अन्न.

गोघातः-घातकः, घातिन्, (पु०) गाः घातयति हन्+क्त +ण्वुल्+णिनि। गौको मारनेवाला.

गोघृतं, (न०) गवां घृतं। वृष्टिका जल। शुद्ध मक्खन। गौका घी.

गोघ्न, (पु०) गौर्हन्यते यस्मै। हन् सम्प्रदाने टक् (अ)। जिसके लिये गौ. मारीजाती है। अतिथि। महमान। (इसके आनेपर मधुपर्कके लिये गौका मारना विहितहै। ये बहुत पुरानी चाल थी। जिस समय मरीहुई गौकोभी फिर जीवन देनेकी सामर्थ्य रखतेथे)। "कर्तरि ठक्"। गौकों घातकरनेहारा (कसई) (त्रि०).

गोचर, (पु०) गावः (इन्द्रियाणि) चरन्ति अस्मिन्। नि० क। जहां इन्द्रियें विचरतीं हैं। इन्द्रियोंके विषय रूप रस आदि। "गावश्चरन्त्यस्मिन्" नि० क०। गौओंके विचरनेका स्थान। देशमात्र। जन्मराशिसे तत्तत् स्थानमें सूर्य आदि ग्रहोंका जाना.

गोचर्मन्, (न०) ६ त० । गवां चर्म । गौओंका चमडा । पृथिवीका परिमाण (माप) १०० गज लंबा और ३ गजके निकट चौडा.

गोज, (त्रि०) गोः=पृथिव्याः जायते-जन्+ड । पृथिवीसे उत्पन्न हुआ.

गोजलं, (न०) गवां जलम् । गौओं वा बैलोंका मूत्र । गोमूत्र.

गोजा, (स्त्री०) गवि (पृथिव्यां) व्रीह्यादिरूपेण जायते आत्मम् । पृथिवीपर धान आदिके रूपसे जो उपजता है । चावलआदि गोलोमिका नामी द्रव्य.

गोजिह्वा, (स्त्री०) गोर्जिह्वेव । मानों गौकी जीभ है । लताविशेष । गोजिवा.

गोणी, (स्त्री०) गुण्+घञ्-नि० गुणः । गोण+ङीप् । धान्यका आश्रय । गुणनामसे प्रसिद्ध आवपनपात्र । पुराना कपडा । छट्ट । एक प्रकारका माप । छट्टभर.

गोतम, ब्रह्माका पुत्र । अपने नामसे प्रसिद्ध मुनिभेद.

गोत्र, (पु०) गां (पृथिवीं) त्रायते । त्रै+क । जो पृथिवीको बचाता है । पर्वत । पहाड । नाम । वन । जंगल । क्षेत्र । खेत । घर । वंश । रास्ता । छाता । एक जातिका समूह । पोता आदि संतान । मनुसे कहे गये चौवीस शाण्डिल्य आदि ऋषि आदिपुरुष.

गोत्रज, (त्रि०) गोत्रे (समाने गोत्रे) जायते । जन्+ड । एक गोत्रमें उपजा.

गोत्रभिद्, (पु०) गोत्रान् पर्वतान् भिनत्ति । भिद्+क्विप् । पर्वतोंको फाडनेहारा । इन्द्र । देवताओंका राजा.

गोत्रा, (स्त्री०) गोत्राः (पर्वताः) सन्ति अस्याः । अच् पर्वतोंवाली धरा । पृथिवी । "गोः समूहः त्रल् ।" गौओंका झुण्ड.

गोदन्त, (न०) गोर्दन्त इव अवयवो यस्य । जिसके अवयव गौके दांतके समान हों । हरिताल । बनस्पति । गौका दांत (पु०).

गोदान, (न०) गावः (केशाः) दीयन्ते (छियन्ते) अत्र । दो+ल्युट् (अन) । जिसमें केश (वाल) काटे जाये । केश उतरवानेका संस्कार । "अथास्य गोदानविधेरनन्तरं" रघुः । गौका दान.

गोदारण, (न०) गां (भूमिं) दारयति । दृ+णिच्+ल्यु । पृथिवीको फाडनेहारा । लाङ्गल । हल । कुद्दाल.

गोदावरी, (स्त्री०) नदीविशेष । गोदावरी (नासिकपर्वतके पास).

गोदोहः, (पु०) गवां दोहः । गौओंको दूध निकालना चूना । गौओंका दूध.

गोधन, (न०) गवां धनं (समूहः) । गोरूपधन । गोसमूह । "गौरेव धनं अस्य" गोधनम् । जिसके पास गौएंही धन हो (त्रि०).

गोधा, (स्त्री०) गुध्यते (वेष्ट्यते) बाहुः अनया । करणे घञ् । जो भुजाको घेरलेता है । धनुष्के चिल्लेकी चोटसे बचनेके लिये प्रकोष्ठ (आंकडी) पर बंधाहुआ चमडा । " कर्तरि अच् " । गोसाप नामसे प्रसिद्ध सांपका भेद । " शशकः शल्लकी गोधा " मनुः.

गोधूम, (पु०) गुध्+ऊम । व्रीहिभेद । कनक । गेहूं । एक प्रकारके धान.

गोधूलि, (पु०) गोभ्य उत्थितो धूलिर्यत्र काले । जिस समय गौओंसे धूल उठती है । सूर्यके अस्त होनेका समय । सांझसमय.

गोनर्दीय, (पु०) गोनर्दे (तत्समीपे देशे) भवः । गोनर्द देशके पास उत्पन्न हुआ । पाणिनी मुनि । (शिक्षा, सूत्रपाठ, धातुपाठ, व्याकरणका) कर्ता.

गोनस, (पु०) गोरिव नासा अस्य । जिसकी नासा गौके समान है । एक प्रकारका सांप.

गोपति, (पु०) ६ त० । गौओंका पति बैल । सांड । वृषके पति शिव । पृथिवीका पति । श्रीकृष्ण । किरणोंका पति सूर्य । स्वर्गका पति इन्द्र । ऋषभ नाम औषध.

गोपा, (स्त्री०) गां पाति । पा+क-टाप् । श्यामालता (वेल).

गोपानसी, (स्त्री०) गवां (किरणानां) पानं (शोधनं) गोपानं-स्यति । सो+क ङीष् । दीवारोंपर पडदेके लिये लगाया गया टेढा काठ । वलभी । वडभी । छज्जा । घरोंके आगे तिरछी लकडी.

गोपाल, (पु०) गां (गो-वृषभादिकं-भूमिं वा) पालयति । गौ बैल वा पृथिवीकी रक्षा करनेहारा । गोप । गवार । राजा । नन्दराजाका पुत्र.

गोपुर, (न०) गावः पूर्यन्ते यत्र । पॄ+क । जहां गौएं भरजाती हैं । पुरद्वार । शहरका दर्वाजा । बडा दर्वाजा । कैवर्तीमुस्तक.

गोपुरीषं, (न०) गवां पुरीषं । गौओंका गोहा.

गोप्य, (त्रि०) गुप्+मन् । रक्षाके योग्य । छिपानेलायक । गोपीसमूह (पु०).

गोप्रकाण्डं, (न०) गोषु प्रकाण्डं=श्रेष्ठं । एक बहुत अच्छी गौ वा वृषभ बैल.

गोभृत्, (पु०) गां=पृथिवीं बिभर्ति-भृ+क्विप् । पृथिवीको धारण करनेवाला । पर्वत । पहाड.

गोमण्डलं, (न०) गवां मण्डलं । गौओंका मण्डल (समूह).

गोमती, (स्त्री०) नदीविशेष । वेदका मन्त्रविशेष.

गोमय, (पु० न०) गवां पुरीषम् । गो+मयट् । गौओंका मल । गोया । गौजैसा.

गोमायु, (पु०) गां=विकृतां वाचं=मिनोति । मा+उण् । जिसकी विगडी हुई आवाज हो । श्रृगाल । गीदड । सियार । गन्धर्व.

गोमिन्, (त्रि०) गो+अस्त्यर्थे मिनि । गौओंका स्वामी । गीदड (पु०).

गोमुख, (पु०) गोरिव मुखं अस्य । जिसका मुख गौके समान हो । यक्षविशेष । नक्र । तंदुआ । मगर । तिरछा घर । एक प्रकारका वाजा । चोरसे कीगई एकप्रकारकी सन्धि (सन्न) लेपन । जपमाला रखनेके लिये पट्टके सूतका बनाहुआ एकप्रकारका यन्त्र । गुप्ती । हिमालयके एक ओरसे गंगाके गिरनेकी गुहा । गोमुखी । गंगोत्री (स्त्री०).

गोमूत्रिका, (स्त्री०) गोमूत्रं साधनत्वेन अस्याः ठन् । जो गौके मूत्रसे उपजती है । गोमूत्रसे उपजी लता (एकप्रकारकी वेल) । एक काव्यकी रचना जो आकृतिसे गौके मूत्रसमान बनाई हो.

गोमेद, (पु०) मणिविशेष । जवाहर । द्वीपभेद । एक जजीरा.

गोमेध, (पु०) गावो मेध्यन्ते यत्र । मेधृ+आधारे घञ् । जहां गौएं मारीजाती हैं । एक प्रकारका यज्ञ.

गोयानं, (न०) गवां यानम् । वैलोंसे चलाया गया यान (रथ) । वैलगाडी.

गोयुगं, (न०) गवां युगं । गौओंका जोडा.

गोरसः, (पु०) गवां रसः । गौओंका रस (दूध).

गोरोचना, (स्त्री०) गोभ्यो जाता रोचना (हरिद्रा) । गौओंसे उपजी हरिद्रा । अपने नामसे प्रसिद्ध सुगन्धवाला द्रव्य । गौके मस्तकसे निकला पीलेरंगका पदार्थ.

गोल, (पु०) गुड+घञ् । (ड और ल समान है) । चारों ओरसे गोल । मदन (मैना) का वृक्ष । भर्ताके मरजानेपर जारसे उत्पन्न हुआ पुत्र । भूगोल । आकाशका गोला । एक राशिमें छ ग्रहोंका जुडना । " स्वार्थे कन् " गोलक । लकडीका गेंद.

गोलाङ्गूल, (पु०) गोरिव कृष्णं लाङ्गूलं अस्य । गौके समान जिसकी काली पूछ हो । काले मुखवाला एक प्रकारका वानर.

गोलास, (पु०) गवि (गोमये) लासो (जन्म) यस्य । जो गोहेमें उपजा हो । गोमयकीट । गोहेका कीडा । शिलीन्ध्र । खूंबे.

गोलोक, (पु० न०) ६ त० । वैकुण्ठके दहिनी ओरका स्थान । विष्णु महाराजके निवासकी जगह (पु०).

गोवर्द्धन, (पु०) गां वर्द्धयति । वृध्+णिच्+ल्यु । गौको बढानेहारा । वृन्दावनका एक पर्वत । (घास आदि द्वारा यह गौओंको बढाता है) । यहां गौएं भली भांति पलती हैं.

गोवर्द्धनधर, (पु०) गोवर्द्धनं (पर्वतं) धारयति । धृ+अच् । पर्वतको उठानेहारा । श्रीकृष्ण । नन्दजीके नन्दन.

गोविन्द, (पु०) गां विन्दति । विद्+श । गौको लाभ कर्ता है । श्रीकृष्ण । वृहस्पति । गौओंका अध्यक्ष (स्वामी).

गोशीर्ष, (न०) गोः शीर्ष इव । गौके सिरकी नाईं । गोशीर्षः (पर्वतः) "तत्र जातत्वात्" । मलयके एक देशमें उपजा चन्दन । ६ त० । गोमस्तक (न०).

गोष्ठ, संघात -इकट्ठा होना । भ्वा० आ० अक० सेट् । गोष्ठते । अगोष्ठिष्ट.

गोष्ठ, (न०) गावः तिष्ठन्ति अत्र । क-षत्वं । जहां गौएं ठहरें । गौओंका स्थान । गोवाडा । गोशाला । ग्वाल । गूजर.

गोष्ठी, (स्त्री०) गावः (अनेका वाचः) तिष्ठन्ति अत्र । क-षत्वम् । जहां वहुतसी वाणिएं निकलें । सभा । मजलस.

गोष्पद, (न०) " गोः पदं " । गौका पांव फंसनेसे उपजा गढा । गौके पांव जितना । गौओंसे सेवन किया गया देश । वह देश जहां वहुतसी गौएं हों (त्रि०).

गोसव, (पु०) गावः सूयन्ते (वध्यन्ते) अत्र । सु+अप् । जिसमें गौओंको मारकर होम कियाजाय । गोयज्ञ । गोमेधयज्ञ.

गोस्तन, (पु०) गोः स्तना इव गुच्छो यस्य । जिसका गुच्छा गौके स्तनोंकी नाईं हो । चार लडोंवाला हार । गौका स्तन.

गोस्तनी, (स्त्री०) गोरिव स्तनः (फलं) अस्याः । जिसका फल गौके स्तनकी नाईं हो । एकप्रकारकी दाख.

गोस्थानक, (न०) गवां स्थानं स्वार्थे कन् । गौओंकी जगह । गोष्ठ । गौओंका घर.

गौड, (पु०) एक नगरका नाम । बंगालेसे लेकर भुवनेशतक एक देश । उस देशके लोग । बहु० । विंध्यपर्वतके उत्तर भागमें निवास करनेहारे ब्राह्मणविशेष । बहु०.

गौडी, (स्त्री०) गुडस्य विकारः अण् । गुडका विकार । एकप्रकारकी मद्य (शराब) । मिठाई (न०) । अलंकारमें एकप्रकारकी रीति.

गौण, (त्रि०) गुणात् आगतः+अण् । गुणसे आया । गुणके योगसे प्रवृत्त हुआ शब्द । अमुख्य वृत्तिसे सिद्धहुआ अर्थ । छोटा । दूसरा । व्याकरणमें प्रधानका विरोधी.

गौणपक्ष, (पु०) कर्म० । युक्तिका निर्बल भाग । जिस ओर दलीलकी कमजोरी हो.

गौणिक, (त्रि०) तीन गुणोंवाला (सत्व, रजस्, तमस्) । गौण । छोटा.

गौतम, (पु०) गोतमस्य अपत्यम् । शिष्यो वा अण् । गोतमकी सन्तान वा उसका चेला । नचिकेताका पिता । शंतानन्दनामी एक मुनि । शाक्यसिंह । भारद्वाज ऋषि । बुद्धका नाम । न्यायशास्त्रके रचनेहारेका नाम.

गौतमी, (स्त्री०) गोतम+इदं अर्थे अण्। ततो ङीप्। गौतमकी। गोतमसे रची गई सोलह पदार्थोंवाली विद्या। गोदावरी नदी। एक राक्षसीका नाम। द्रोणकी स्त्री कृपी। बुद्धदेवकी विद्या। गोरोचना। कण्वकी बहिन। दुर्गा.

गौधार, (पु०) गोधाया अपत्यं आरक्। गोधाका पुत्र गिरगिट.

गौर, (पु०) गुड्+र नि० चिट्टा रंग। चिट्टी सरिओं। श्वेत सर्षप। चन्द्रमा। घनवृक्ष। विशुद्ध। बडा साफ। लालरंग.

गौरव, (न०) गुरोर्भावः अण्। गुरुत्व। बडापन। सामनेसे उठ खडे होना आदि मान (इज्जत).

गौरी, (स्त्री०) गौरी+ङीष्। गौरी। पार्वती। आठ वर्षकी स्त्रीधर्म (रज वा ऋतु) रहित कन्या। हल्दी। गोरोचना। नदी। मजीठ। तुलसी। सुवर्णकदली। आकाशमांसी। एकप्रकारकी रागिणी.

गौरीशिखर, (न०) पार्वतीका तपस्यास्थान। पार्वतीके तप करनेकी जगह.

गौष्ठीन, (न०) पूर्वं भूतं गोष्ठं खञ्। भूतपूर्व गोष्ट। पुराना गोवाडा.

ग्रथ्, कुटिलीकरण। तिरच्छाकरना। टेढाकरना। गुथना। गाँठना। रचनाकरना। आत्म०-इदित्-सक० सेट्। ग्रन्थते। अग्रन्थिष्ट.

ग्रथित, (त्रि०) ग्रन्थ-रचनाकरना+क्त। गुम्फित। गुथा गया। हिंसित। मारागया। आक्रान्त। दवायागया.

ग्रन्थ, (पु०) ग्रन्थ+घञ्। गुम्फन। गुथना। धन। "करणे घञ्" शास्त्र। अनुष्टुप् छन्दवाला श्लोक वा पद्य। जिल्द। रचना। किताव.

ग्रन्थि, (पु०) ग्रन्थ्+इन्। वंशादिसंधि। वांस आदिकी गांठ (जोड)। ग्रन्थिपर्ण वृक्ष। बंधन। एकप्रकारका रोग। गांठ। गुच्छा। वांसली थैली। गुथली। धन। पौशाक। शरीरके जोड। टेढापन। झूठापन.

ग्रन्थिभेद, (पु०) ग्रन्थिं भिनत्ति, भिद्+अण्। गांठ फाडनेवाला। गांठ कतरनेहारा। गंडीकप्प। चोर.

ग्रन्थिमूल, (न०) ग्रन्थियुतं मूलं अस्य। जिसकी जड गांठवाली हो। गृञ्जन। गाजर.

ग्रन्थिल, (न०) ग्रन्थिं लाति। ला+क। गांठवाला (त्रि०)। पिप्पलीमूल। मघ। आर्द्रक। अदरक। पूदना.

ग्रस, भक्षण-खाना। भ्वा० आत्म० सक० सेट्। ग्रसते। अग्रसिष्ट। ग्रसित्वा-ग्रस्त्वा.

ग्रस्त, (न०) ग्रस्+क्त (कर्मणि)। खायागया। आधा बोला गया वाक्य (त्रि०) वा शब्द.

ग्रह्, ग्रहण। पकडना। क्र्या० उभ० सक० सेट्। गृह्णातिगृह्णीते। अग्राहीत्-अग्रहीष्ट.

ग्रह, (पु०) ग्रह+अच्। सूर्यादि नव। सूर्य आदि नौ। अनुग्रह। हठसे पकडना। लडाईका उद्यम। बालकोंको दुःख देनेहारे पूतना आदि। चन्द्र और सूर्यका ग्रास.

ग्रहण, (न०) ग्रह्+भावादौ ल्युट्। स्वीकार। कबूल करना। मानलेना। आदान। लेना। आदर। बंधन। चांद वा सूरजका ग्रास। इन्द्रिय.

ग्रहणीहर, (न०) ग्रहणीं हरति। हृ+अच्। लवङ्ग। लौंग। ग्रहणी रोगको दूर करनेहारा (त्रि०).

ग्रहनायकः, (पु०) ग्रहाणां नायकः। ग्रहोंका स्वामी। ग्रहमुख्य सूर्य.

ग्रहपति, (पु०) ६ त० ग्रहोंका स्वामी। सूर्य। "ग्रहनायक आदि".

ग्रहयाग, (पु०) ग्रहेभ्यो यागः। ग्रहोंके लिये यज्ञ। दुःख दूर करने वा पुष्टिके लिये ग्रहोंके उद्देशमें कियागया यज्ञ.

ग्रहराजः, (पु०) ग्रहाणां राजा+टच्। ग्रहोंका राजा। सूर्य.

ग्रहसंगमः, (पु०) ग्रहाणां संगमः। सूर्य आदि ग्रहोंका परस्पर मिलना.

ग्रहाधार, (पु०) ६ त०। ग्रहोंका आश्रय। ध्रुवनामी नक्षत्र (तारा).

ग्राम, (पु०) ग्रस्+मन्-आदन्तादेशः। पिण्ड। गांव। समूह। स्वरभेद। रागका उठाव। जिसप्रकार सव-कुटुंबी इकठ्ठे होते हैं वैसा स्वरोंका समूह ग्राम होता है। ब्राह्मण आदि वार्णोंका वासस्थान। जहां खेती करनेकी भूमि हो और जहां विशेष करके शूद्रोंका वास हो.

ग्रामकण्टकः, (पु०) ग्रामस्य कण्टकः। गांवका कांटा। गांवको कष्ट पहुंचानेका कारण.

ग्रामकुक्कुटः, (पु०) ग्रामस्य कुक्कुटः। गांवका कुक्कुड। पालाहुआ कुक्कुड.

ग्रामकुमार, (पु०) ग्रामस्य कुमारः। गांवका सुन्दर बालक। गांवका लडका.

ग्रामगृह्या, (स्त्री०) ग्रह+बाह्यार्थे क्यप्। ग्रामके बाहिरकी सेना, गांवसें गृहीत.

ग्रामज—जात, (त्रि०) ग्रामे जायते अथवा जातः। गांवमें उत्पन्न हुआ.

ग्रामणी, (पु०) ग्रामं नयति। नी+क्विप्। णत्वम्। जो ग्रामको अपनी आज्ञामें लेजाता है। नापित। नाई। प्रति। प्रधान (त्रि०) कोतवाल। गामके भोगनेलायक वेश्या (कंजरी)। नीलिका (स्त्री०).

ग्रामता, (स्त्री०) ग्रामाणां समूहः तल्। ग्रामका समूह.

ग्रामदेवता, (स्त्री०) ग्रामस्य देवता। गांवकी देवता (देवी).

ग्रामद्रुमः, (पु०) ग्रामस्य द्रुमः। एक पवित्र गांवका वृक्ष (दरख्त).

ग्रामधर्म, (पु०) ग्रामे (भवः) धर्मः । गांवका धर्म । मैथुन । स्त्रीपुरुषका जुडकर विलास करना । "व्यवाय."

ग्रामयाजक, (पु०) ६ त० । ग्रामके कई प्रकारके वर्णोंको यज्ञ करानेहारा नीच ब्राह्मण.

ग्रामाचारः, (पु०) ग्रामस्य आचारः । गांवका आचार (रसम-व्यवहार).

ग्रामाध्यक्षः, (पु०) ग्रामस्य अध्यक्षः । गांवका स्वामी (मालिक).

ग्रामान्तः, (पु०) ग्रामस्य अन्तः । गांवका किनारा । गांवके पासका स्थान.

ग्रामीन, (पु०) ग्रामे भवः खञ् । गांवका कुक्कर । कुत्ता । कौआ । गांवका सूअर । गांवमें उपजा (त्रि०).

ग्रामोपाध्यायः, (पु०) ग्रामस्य उपाध्यायः । गांवका पुरोहित अथवा पांधा.

ग्राम्य, (त्रि०) ग्रामे भवः य । गांवमें हुआ । प्राकृत । नीच । मूढ । गांवका । (ज्योतिषमें) मिथुन आदि राशिभेद । गालीको प्रकट करनेहारा भांड आदिका वचन.

ग्राम्यकर्मन्, (न०) ग्राम्यं कर्म । गांववासीका काम । इन्द्रियोंका सुख.

ग्राम्यधर्मः, (पु०) ग्राम्यः धर्मः-क० स० ग्रामवासीका कर्तव्य । विषयभोग.

ग्राम्यपशुः, (पु०) ग्राम्यः पशुः । गांवका पशु । पालित घरेलू पशु.

ग्राम्यबुद्धिः (त्रि०) ग्राम्या बुद्धिः यस्य । गांवमें निवास करनेवालेकी बुद्धिवाला । मूर्ख । अज्ञानी । बेसमझ.

ग्राम्यवल्लभा, (स्त्री०) ग्राम्याणां वल्लभा । गांव वासिओंकी प्यारी । वेश्या । कंजरी.

ग्राम्यसुखं, (न०) ग्राम्यं सुखं । गांववासीका सुख । इन्द्रियोंका सुख.

ग्राम्याश्वः, (पु०) ग्राम्यः अश्वः । गांवका घोडा । गर्दभ । खेचर गधा.

ग्रावन्, (पु०) ग्रसते-ग्रस्+ड । ग्रः । आवनति-वन्-वांटना । विच् । पत्थर । पर्वत । मेघ । बादल । दृढ । मजबूत (त्रि०).

ग्रास, (पु०) ग्रस्+घञ् । गोलमोल अन्नादिकी ग्राई (ग्रास) । इतना अन्न कि जिस्से मुख भरजाय.

ग्राह, (पु०) ग्रह्+भावे घञ् । पकडना । जानना । लेना । "कर्तरि ण" । जलका जीव (तंहुआ वा संसार).

ग्राहक, (पु०) ग्रह+ण्वुल् । राजपक्षी । सांप पकडनेवाला । लेनेवाला (त्रि०).

ग्राहिन्, (त्रि०) ग्रह्+णिनि । पकडनेवाला । इकठ्ठा करनेवाला । खेंचनेवाला.

ग्राह्य, (त्रि०) ग्रह+ण्यत् । लेनेके लायक । ग्रहणयोग्य । उपादेय । माननेलायक । जाननेलायक.

ग्रीवा, (स्त्री०) गृ+व-नि० । कंधरा । गला । गर्दन । कंठ.

ग्रीष्म, (पु०) ग्रस्+म-नि० । निदाघ । गरमी । पसीना । पसीनेको उपजानेहारी धूप आदि । जेठ हाडका महीना । गर्मीवाला (त्रि०).

ग्रुच, चोरीकरना । जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । ग्रोचति । अग्रुचत्-अग्रोचीत् । ग्रुचित्वा-ग्रुत्वा.

ग्रैव, (न०) ग्रीवायां भवं अण् । गलेमें हुआ । गलेका भूषण (जेवर).

ग्रैवेय, (न०) ग्रीवायां भवं ढञ् । ग्रीवाभूषण । गलेका अलंकार गलेका गहना । "ग्रैवेयकम्" ढकञ् । यही अर्थ.

ग्लस, भक्षण । खाना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । ग्लसते । अग्लसिष्ट । ग्लसित्वा-ग्लस्त्वा.

ग्लह्, आदाने-पकडना वा चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० सक० वेट् । ग्लाहयति-ते । अजग्लहत्-त । ग्लहति । अग्लहीत्.

ग्लह, (पु०) ग्लह+घ । द्यूतादौ कृते पणे । जूये आदिमें लगाया गया दाव वा शर्त । जूआ । द्यूत । पासा.

ग्लानि, (स्त्री०) ग्लै-हर्षक्षय । वीर्यक्षय । दिलका टूटना । क्तिन् । दिलकी घवराहट । थकना । हानि । नुकसान । खुश न होना । बीमारी.

ग्लास्नु, (त्रि०) ग्लै+स्नु । ग्लानियुक्त । थकाहुआ । घवरायाहुआ.

ग्लुच, चोरी करना और गति । भ्वा० पर० सक० सेट् । ग्लोचति । अग्लुचत्-अग्लोचीत् । वा क्त्वा.

ग्लुञ्च, (चोरी करना और जाना) भ्वा० पर० सक० सेट् । क्त्वा वेट् । ग्लुञ्चति । अग्लुञ्चत् । अग्लुञ्चीत्.

ग्लेपृ, देना । गरीबहोना । दुखीहोना । कांपना । हिलना । जाना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । ग्लेपते । अग्लेपिष्ट । अजिग्लेपत्.

ग्लेवृ, सेवन-सेवा करना । पूजा करना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । ग्लेवते । अग्लेविष्ट । अजिग्लेवत.

ग्लेषृ, अन्वेषण । तालाशकरना । ढूंढना । खोजना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । ग्लेषते । अग्लेषिष्ट । अजग्लेषत्.

ग्लै, हर्षक्षय । कष्टका अनुभव करना । थकजाना । घवराना । भ्वा० पर० अक० अनिट् । ग्लायति । अग्लासीत्.

ग्लौ, (पु०) ग्लै+डौ । चन्द्र । चांद । कर्पूर । कापूर । पृथिवी.

घ

घ, (पु०) घट्+ड । घण्टा । घर्घर शब्द । (समासमें शब्दके पीछे आता है जैसे पाणिघ, राजघ आदि) मारना । ताडन करना । नाश करना) (त्रि०)

घग्घ्, हंसना । भ्वा० पर० अक० सेट् । घग्घति । अघग्घीत्.

घट्, चेष्टा । कामकरना । हरकत करना । यत्न करना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । घटादि । घटते । अघटिष्ट । घटयति.

घट्, शब्द करना । चुरा० उभ० अक० सेट् । इदित् । घण्टयति-ते.

घट, (पु०) घट्+अच् । कलस । घडा । जलकी घडी । कुंभराशिका चिह्न । वीस द्रोणका परिमाण.

घटक, (त्रि०) घटयति (स्वविशिष्टतया निरूपयति) घट्+णिच्+ण्वुल् । साथ रहनेसे बतानेहारा । वाक्य आदिके बीचमें पडनेहारा पदार्थ । योजक । जोडनेहारा । अपने लिये यत्न करनेहारा । पूरा करनेहारा । बीआ सिलाई बनानेहारा.

घटकारः-कृत्, (पु०) घटं करोति । घडा बनानेवाला । कुह्मार । कुम्भकार.

घटग्रहः, (पु०) घटं गृह्णाति । घडा लानेवाला । पानी भरनेवाला । भिशर.

घटना, (स्त्री०) चु० घट्+युच् । संहतकरण । इकट्ठा करना । जोडना । मेलना । हाथिओंका समूह । रचना । यत्न । बनाना.

घटस्थापनं, (न०) घटस्य स्थापनं । किसी देवताकी प्रतिष्ठाका चिह्न । घडेका स्थापन करना.

घटा, (स्त्री०) घट्+अ । यत्न । कोशिश । सभा । समूह । हाथिओंका झुण्ड । बादलोंकी फैलावट (आडम्बर).

घटिका, (स्त्री०) साठ पलोंका दण्डरूप काल । घडी । " घटति विहितकार्यकरणाय " घट्+णिच्+ण्वुल् । विहित (वेदमें कहागया) कार्य करनेकें लिये जो लगाता है । दो दण्ड । मुहूर्तस्वरूप काल अर्थात् दोघडी । "अल्पो घटः कन्" । छोटा घडा "इवार्थे कन्" । नितम्ब । चूतड.

घटीयन्त्र, (न०) ६ त० । कूएमेंसे पानी निकालनेकी कला । अरघट्ट । माल । उद्घाटन । खोलना । ग्रहणीरोगभेद.

घटोत्कच, (पु०) एक राक्षस । हिडम्बा राक्षसीके पेटमें भीमसेनने उत्पन्न कियागया । यह बडा पराक्रमी था और कुरुक्षेत्रके युद्धमें पाण्डवोंकी ओरसे लडा परन्तु कर्णने इन्द्रसे प्राप्तकीगई शक्ति (बरछी) से मार दिया.

घटोद्भवः, (पु०) घटात् उद्भवति-उप० स० घटजः घटात् जायते । जन्-ड-घट योनिः । घटः योनिः यस्य-ब० स० संभवः+घटात् संभवति-उप० स० । घडेसें उत्पन्न होता है । अगस्त्य ऋषि.

घटोध्नी, (स्त्री०) घट इव उधः यस्याः । जिसके थन हवाना घडोंके समान पूर्ण होरहे हैं.

घट्ट, चालन । हिलना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । घट्टते । अघटिष्ट.

घट्ट, हिलना-चुरा० । उभ० सक० सेट् । घट्टयति-ते । अजघट्टत्-त.

घट्ट, (पु०) घट्टतेऽत्र । घञ् । नहानेके लिये उतरनेका स्थान । घाट । शुल्क (फीस-मासूल) लेनेका स्थान । भावे घञ् । हिलाना.

घट्टकुटी, (स्त्री०) घट्टस्य कुटी-ष० त० । शुल्क (मसूल) लेनेकी कुटिआ । मसूलकी चौंकी.

घट्टित, (त्रि०) घञ्+क्त । निर्मित । बनायाहुआ । हिलायागया । रंगा गया । घोटागया.

घण्, दीप्ति-चमकना । तना० उभ० अक० सेट् । घणोति-घणुते । अघाणीत्-अघणीत् । अघाणिष्ट । घणित्वा.

घण्ट्, बोलना । चमकना । भ्वा०चुरा० पर० । घण्टति-घण्टयति.

घण्टा, (घंट-अच्) घंटी । कांसी आदिका बनाहुआ एक प्रकारका बाजा । अतिबला । नागबला । घंटारुलि वृक्षभेद.

घण्टानादः, (पु०) घण्टायाः नादः । घण्टाका शब्द । घंटीकी आवाज.

घण्टापथ, (पु०) घंटोपलक्षितः । घंटेसे पहिचाना गया मार्ग (रास्ता) । घंटेवालों (हाथी आदि) के जानेयोग्य रास्ता । टच् । नगरका प्रधानमार्ग । मुल्ककी बडी सडक.

घण्टाशब्दः, (पु०) घण्टायाः शब्दः । घंटीकी आवाज.

घण्टिका, (स्त्री०) क्षुद्रा घंटा । अल्पार्थे कन् । छोटी घंटी । इसीके समान स्वरूप होनेसे तालुकी जीभ । घंडी.

घन, (पु०) हन्+अप । घनादेशः । मेघ । बादल । मोथा । प्रवाह । दृढ । मजबूत । कठिन । सख्त । फैलाव । शरीर । लोहेका मुद्गर । कफ । अभ्रक । समानजातिके तीन अंकोंको आपसमें गुणना । जैसे तीनका घन २७ और चारका ६४ है । निबिड । गाढा । भराहुआ । बाजा । मध्यम नाच । लोहा (न०).

घनकफ, (पु०) घनस्य (मेघस्य) कफ इव । मानो बादलकी कफ है । बादलके पत्थर । गडे । ओले.

घनच्छद, (पु०) घनः (निबिडः) छदः यस्य । शिग्रु । गाढे पडदेवाला वा बादलके पडदेवाला.

घनध्वनिः, (पु०) घनस्य ध्वनिः । मेघगर्जना । बादलकी आवाज । मेघशब्द.

घननाभि, (पु०) ६ त० । धूम । धूआं । बादलका कारण होनेसे उसे नाभिपन प्राप्त हुआ । पद "धूमज्योतिः सलिलमरुतां" इस प्रकार मेघदूतमें धूमको भी कारण कहा है.

घनपदवी, (स्त्री०) ६ त० । बादलोंका मार्ग । आकाश । (इसे मेघका आधार होनेसे ऐसा कहा है क्योंकि यहीं बादल घूमते हैं).

घनरस, (पु०) घनस्य रसः (निष्यन्दः)। बादलका रस। पानी। गाढा रस। कर्पूर। कापूर। पीलुपर्णी (पु०) गाढे रसवाला (त्रि०).

घनवल्ली, (स्त्री०) घनस्य वल्लीव। मानों बादलकी बेल है। बिजली.

घनश्याम, (त्रि०) घन इव श्यामः-उपमित-स०। मेघके समान श्याम। सांवला। बडा काला।-मः (पु०) श्रीराम। श्रीकृष्ण.

घनसार, (पु०) घनस्य सार इव शीतलत्वात्। ठंडा होनेसे मानों बादलका सार है। कापूर। पारद। पारा। जल। पानी। एक प्रकारका वृक्ष.

घनागम, (पु०) घनानां (मेघानां) आगमः यत्र= जिस समय बादल आजाय। वर्षाका काल। पानी वर्सनेका समय (वक्त).

घनागमः-उदयः, (पु०) घनस्य आगमः अथवा उदयः। मेघ (बादल) का आना। वर्षाऋतु। वर्सातका समय.

घनाघन, (पु०) हन्+अच्-नि० इन्द्र। बर्सनेवाला बादल। मस्तहाथी। अन्योन्यघटन। एक दूसरेको धकेलना। निरन्तर। सदा। सदा मारनेवाला (त्रि०).

घनात्यय, (पु०) घनानां अत्ययः (नाशः) यत्र काले। जिस समय बादल छिपजाय। शरत्काल। अस्सु और कत्तक। खिजा.

घनामय, (पु०) घनः (दृढः) आमयः यस्मात् ५ ब०। जिस्से दृढ (पक्का) रोग होता है। खर्जूरका वृक्ष। (दरख्त).

घनाम्बु, (न०) घनस्य अम्बु-ष० त०। मेघजल। बादलका पानी.

घनोपल, (पु०) ६ त०। घनस्य उपल इव। कठिन होनेसे मानो बादलका पत्थर है। करक। शिल। गडा। ओला.

घम्ब्, जाना। हिलना। भ्वा० पर० सक० सेट्। घम्बति। अघम्बीत्.

घरट्ट, (पु०) घृ+अच्। घरः अट्टो यस्मात् ५ ब० शक० जांता। घराट.

घर्घर, (पु०) पुनः पुनः घरति। यङ्लुक् अच्। चलते हुए पानीका शब्द (आवाज)। बडानद। दर्वाजा। एकप्रकारकी स्वर (आवाज).

घर्घरिका, (स्त्री०) घर्घर+अस्त्यर्थे ठन्। छोटी घण्टी। एक बाजा। भुनेहुए धान। एक नद (पु०).

घर्म, (पु०) घृ-सींचना+मक् नि० गुणः। श्रमसे पीडित हुएके अंगोंसे वहरहा पानी। पसीना। धूप। गरमी.

घर्व्, जाना। भ्वा० पर० सक० सेट्। घर्वति। अघर्वीत्.

घर्मान्तः, (पु०) घर्मस्य अन्तः। गरमीका अन्त। वर्षा ऋतु.

घर्मांशुः, (पु०) घर्मा अंशवः यस्य ब० स०। उष्ण किरणोंवाला। सूर्य.

घर्मोदकम्, (न०) घर्मस्य उदकं। पसीनेका पानी। पसीना.

घर्षणी, (स्त्री०) घृष्+कर्मणि ल्युट्-ङीप्। हरिद्रा। हल्दी.

घस्, खाना। भ्वा० पर० सक० अनिट्। घसति। अघसत्। घस्ता.

घस्मर, (त्रि०) घस्+क्मरच्। भक्षणशील। खानेवाला। खाइड.

घस्र, (पु०) घस्+रक्। दिन। हिंस्र। मारनेवाला (त्रि०).

घाण्टिक (पु०) घण्टया चरति ठक्। घंटा लेकर विचरता है। राजाओंको जगानेके लिये घंटा बजायकर स्तुति पढनेहारा। धतूरा। घंटा बजानेहारा (त्रि०).

घात, (पु०) हन्+घञ्। प्रहार। चोट। मारना। अंकको पूरा करना। गुणना। "करणे घञ्" वाण। तीर.

घातिन्, (त्रि०) हन्+तच्छीलार्थे णिनि। धातुका मारनेके स्वभाववाला.

घातुक, (त्रि०) हन्+उकञ्। हिंस्र। मारनेवाला। क्रूर। निर्दय। बेरहम.

घार, (पु०) घृ-सींचना-घञ्। सेचन। सींचना। छिडकना.

घार्तिक, (पु०) घृतेन निर्मितः तस्य विकारो वा ठक्। घीका बनाहुआ। एकप्रकारका खाना। घ्योर। घीसे भराहुआ.

घास, (पु०) घस्+कर्मणि घञ्। गौआदिके खाने योग्य तृण आदि.

घासिः (घस्+इण्) अग्नि। घास.

घु, शब्दकरना। भ्वा० आत्म० अक० अनिट्। घवते। अघोष्ट.

घुट्, लौटना। पीछे हटना। भ्वा० आत्म० सक० सेट्। घुटते। अघुटत। अघोटि। अघोटिष्ट.

घुट्, सामनेसे चोटकरना। उलटकर मारना। तुदा० पर० सक० सेट्। घुटति। अघुटीत्। जुघोट.

घुट, (पु०) घुट्+अच्। चरणग्रन्थि। पांवकी गांठ। गिट्टा (गुल्फ)। एडी.

घुण्, घूमना-लेना। तुदा० उभ० सक० सेट्। घुणति। अघोणीत्। घुणते। अघोणिष्ट.

घुण, (पु०) घुण्+क। अपने नामसे प्रसिद्ध लकडीको खानेहारा कीडा.

घुर्, शब्द करना। बडी आवाज करना। गुडगुडाना। तुदा० पर० अक० सेट्। घुरति। अघोरीत्.

घुर्घुर, (पु०) जो "घुर" इस प्रकार शब्द निकालता है। घुर्घुरिया कीडा। सूअरकी आवाज.

घुष्, स्तुति (तारीफ) करना-आविष्करण । जाहिर (प्रगट) करना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । घोषयति-ते । घोषति । अजुघूषत्-त । अघुषत्.

घुसृण, (न०) घुस्+ऋणच् । कुङ्कुम । केसर.

घूक, (पु०) "घु" इति कायति । कै+क । "घु" ऐसा चिल्लाता है । उल्लू । पेचक.

घूर्, मारना-सक० पुराना होना । अक० दिवा० आत्म० सेट् । घूर्यते । अघूरिष्ट । घूर्णः.

घूर्णृ, घूमना । तुदा० उभ० सक० सेट् । घूर्णति-ते । अघूर्णीत् । अघूर्णिष्ट । घूर्णितः.

घृ, सींचना (सेक) भ्वा० पर० सक० अनिट् । घरति । अघार्षीत्.

घृण्, चमकना । तना० उभ० अक० सेट् । घृणाति-घृणुते.

घृणा, (स्त्री०) घृ+नक् । कारुण्य । दया । निंदा । घिन.

घृणि, (पु०) घृ+नि० नि० किरण । लाट । तरङ्ग । लहर । सूर्य.

घृत, (न०) घृ-चमकना । भावे क्त । चमक । "कर्तरि क्त" चमकाहुआ (त्रि०) सींचनेके अर्थमें "कर्तरि क्त" पानी । पकाहुआ मक्खन । घी.

घृतकुमारी, (स्त्री०) घृतप्रधाना कुमारी । एक औषधी (दवाई) । इसका पत्ता मलनेपर घीकीनाईं वहताहै । जीमीकंद.

घृताची, (स्त्री०) एक अप्सरा । रात । चमकनेवाली । घीवाली.

घृष्, घसना-रगडना । सक० प्रसन्न होना । अक० भ्वा० आत्म० सेट् । घर्षते । अघर्षिष्ट.

घृष्टि, (पु०) घृष्+क्तिच् । वराह । सूअर । "क्तिन्" घिसना । रगडना.

घोट (क), (पु०) घुट्+अच्-ण्वुल् वा । अश्व । घोडा.

घोटकारि, (पु०) ६ त० । महिष । भैंसा (घोडेका शत्रु).

घोणा, (स्त्री०) घुण्+अच् । घोडेकी नासिका । नासा (सबकी).

घोणिन्, (पु०) घोणा नासा अस्ति अस्य इति । (लंबी) नासावाला । सूकर (इसकी लंबी नासा होती है).

घोर, (पु०) घुर्+अच् । शिव । एक ऋषि । (सांख्यमें, रजोगुणप्रधान । आकाशआदि विशेष धर्म । विष (जहर) (न०) (सख्त) भयानक । दुर्गम (त्रि०).

घोरासन, (पु०) घोरं रासनं (शब्दः) अस्य । डरावनी आवाजवाला । गीदड । सियार.

घोल, (पु०) (न०) घुड्+कर्मणि घञ् । डकोल । तक्र । लस्सी । छाछ । मथाहुआ दही । मट्ठा.

घोष, (पु०) घोषन्ति गावः अत्र । घुष्+आधारे घञ् । जहां गौएं शब्द कर्ती हैं । आभीरपल्ली । अहीरोंका गांव । "भावे घञ्" शब्द । वादलकी आवाज । "कर्तरि अच्" एक प्रकारकी लता । (व्याकरणमें) बाह्यप्रयत्नका भेद । कांसी (न०).

घोषकः, (पु०) घोष-स्वार्थे क । चिलानेवाला । घोषणा । ढिण्डोरा करनेवाला । ढण्डोरा देनेवाला.

घोषणा, (स्त्री०) घुष्+णिच्-युच् । लोकमें प्रसिद्ध करनेके लिये ऊंचे शब्द करना । डौंडी । मुनादी । ढंडोरा देना.

घ्रा, गंधलेना । भ्वा० पर० अक० लेना-सक० अनिट् । जिघ्रति । अघ्रासीत् । घ्राणः । घ्रातः.

घ्राण, (त्रि०) घ्रा-कर्मणि+क्त । सूंघा गया ।-णः (पु०)-णं-(न०) गन्ध-सूंघनेकी क्रिया । नासिका+नाक.

घ्राणचक्षुस्, (त्रि०) घ्राणं चक्षुः यस्य । घ्राण (नाक) से देखनेवाला । अंधा । जो मार्गमें सूंघता जाता है.

घ्राणतर्पण, (पु०) घ्राणं (नासिकां) तर्पयति । तृप्+णिच्+ल्यु । जो नासिकाको तृप्त कर्ता है । सुगन्धि । खुशबू.

घ्राणपाकः, (पु०) घ्राणस्य पाकः । नासिका (नाक) की व्याधि.

घ्रातव्य, (त्रि०) घ्रा+तव्य । सूंघनेलायक.

घ्रेय, (त्रि०) घ्रा-यत् । सूंघनेके योग्य । सूंघनेलायक.

ङ.

(इस अक्षरका बोलचालमें आनेवाला कोई शब्द नहीं).

ङ, (पु०) ङु+ड । विषयकी इच्छा । भोगकी चाह । इच्छा । शिवजीका नाम.

ङु, शब्द करना । भ्वा० आत्म० अक० अनिट् । ङवते । अङविष्ट.

च.

च, (अव्य०) चि-ड । अन्वाचय (एककी प्रधानतासे दूसरेको साथ कहना) जैसे "गांवको जा और बकरीको ला" यहां गांवमें जानाहि मुख्य और बकरीका लाना तो आनुषङ्गिक (उसके साथ) है । समुच्चय (एक दूसरेकी अपेक्षाके विना बहुतोंका एक काम आदिमें सम्वन्ध) जैसे "पिता और पुत्र गांवको जाता है" यहां एक जानारूप काममें पिताकी नाईं पुत्रका भी संबंध है । इतरेतर योग (आपसमें अपेक्षावालोंका एक कर्ममें अन्वय) जैसे "पिता और पुत्र जाते हैं" यहां दोनोंहीका जानारूप कर्ममें आपसमें अपेक्षासहित अन्वय है । समाहार (मिलेहुओंका अन्वय) जैसे हाथ और पांवको वजाता है, यहां हाथ आदि मिलेहुओंकाही अन्वय है । और । निश्चय हेतु समान । पादपूरण । चन्द्रमा । कछुआ । चोर (पु०).

चकु, तृप्ति। रजना। खुशहोना। प्रसन्नहोना। अक० भ्वा० उभ० सेट्। चकति-ते। अचकीत्-अचाकीत्। अचकिष्ट.

चकास्, दीप्ति। प्रकाश होना। चमकना। अदा० पर० अक० सेट्। चकास्ति। अचकासीत्। अचचकासत्.

चकित, (न०) चक्+भावे क्त। भय। डरना। "कर्तरि क्त"। डराहुआ। हैरानहुआ (त्रि०) सोलह अक्षरके पादका एक छन्द (स्त्री०).

चकोर, (पु०) चक्-तृप्त होना+ओरन्। अपने नामका पक्षी। (कहते हैं कि चन्द्रमाकी किरणोंका पान कर्ता है).

चक्क, पीडित होना। अर्ति। तकलीफ उठाना। चुरा० उभ० सक० सेट्। चक्कयति-ते। अचचक्कत्-त.

चक्कल, (त्रि०) चक्क-अलन्। गोल। घेरेदार.

चक्र, (पु०) क्रियते अनेन। कृ+घञर्थे क। नि० द्विलम्। चकवा पक्षी चक्कर (पहिया) रथाङ्ग। चाका। सेनाके लोग। सबके सब राज। एक प्रकारका पाखण्ड। कुह्मारका साधन (चक्कर)। एक प्रकारका अस्त्र। जलावर्त। घुंवरघेर। (तन्त्रमें) मूलाधार आदिमें रहनेवाले छ पद्म। देवताकी पूजा करनेके यन्त्र। (कला) एक प्रकारकी काव्यरचना। तेलकी चक्की। समूह। गांवका समूह। पुस्तकका भाग। नदीकी गूंज। (लक्ष्य भेदसेही इसका लिङ्ग होता है).

चक्रक, (पु०) चक्रं इव कायति। कै+क। जिसकी पहियेकीसी आवाज निकलती है। (न्यायशास्त्रमें) एक प्रकारका तर्क (दलील)। एक दोष.

चक्रचारिन्, (पु०) चक्रेण चरति-उप० स०। चक्र (पहिये) से चलता है। रथ.

चक्रधर, (पु०) चक्रं (अस्त्रभेदं) (फणमण्डलं वा) धारयति। धृ+अच्। एक प्रकारके अस्त्र (हथियार) वा फणसमूहको उठानेहारा। विष्णु। सांप। सर्प। राजा.

चक्रधारा, (स्त्री०) चक्रस्य धारा (अग्रं)। पहियेकी नोक। पहिये वा अस्त्रके आगे जो एकभागमें तीक्ष्णता (तेजी) होती है.

चक्रनदी, (स्त्री०) चक्रं इव वहन्ती नदी। चक्रकी भांति घूमती हुई चलनेवाली नदी। गण्डकी नदी.

चक्रनामन्, (पु०) चक्रं इति नाम यस्य। चक्रके नामवाला। चकवाकपक्षी.

चक्रनायक, (पु०) चक्रस्य=सेनाराशेः नायकः। सेनासमूहके चलानेवाला। सेनापति। कप्तान.

चक्रपाणि, (पु०) चक्रं (प्रहरणं) पाणौ यस्य। जिसके हाथमें चक्रनामी अस्त्र (हथियार) है। विष्णु.

चक्रपाद, (पु०) चक्रं पाद इव यस्य। पहिया मानों जिसका पांव है। रथ। गाडी। "चक्रं इव पादः अस्य"। जिसका पैर मानो पहिया है। हस्ती। हाथी.

चक्रपुष्करिणी, (स्त्री०) हरिचक्रेण निखाता पुष्करिणी। हरिके चक्रसे खोदीगई तलावडी। काशीमें मणिकर्णिकाका चक्रतीर्थ.

चक्रबन्धु, (पु०) चक्रयोः बन्धुः (इव)। चकवोंका (मेल करानेसे) मानों बंधु है। सूर्य। (दिनकेही समय वे मिल जाते हैं).

चक्रभृत्, (पु०) चक्रं बिभर्ति-भृ+क्विप्। जिसके हाथमें चक्र है। विष्णु.

चक्रभेदिनी, (स्त्री०) चक्रौ भिनत्ति (मिथो वियोजयति) भिद्+णिनि। जो चकवोंका आपसमें वियोग करावे। रात्रि। रात। (रातको वे विछुड जाते हैं यह लोकमें प्रसिद्ध है).

चक्रभ्रम, (पु०) चक्रं इव भ्रमति+अच्। पहियेकी तरह घूमनेहारा। कुन्दनामी कारीगरोंकी कल। पीसनेकी चक्की.

चक्रवर्तिन्, (पु०) चक्रे (भूमण्डले) वर्तितुं, चक्रं (सैन्यचक्रं) वा (सर्वभूमौ) वर्तयितुं शीलं अस्य। वृत्+णिच् वा णिनि। जो पृथिवीमण्डलपर रहता है वा सेनाके समूहको सकल पृथिवीपर घूमानेहारा। समुद्रतक पृथिवीका स्वामी। महाराजाधिराज। सारी दुनियाका बादशाह। चकवेके समान घूमनेहारा। (त्रि०) गोल। मुख्य। सबसे आगे। जटामांसी (स्त्री०).

चक्रवाक, (पु०) चक्रशब्देन उच्यते। वच्-बोलना+"कर्मणि" घञ्। जो "चक्र" शब्दसे बोला जाता है। अपने नामका पक्षी.

चक्रवाड-ल, (पु०) चक्रं इव वाडते वेष्टयति अच्। जो चक्रके समान घेर लेता है। लोकालोक पर्वत। मण्डल (न०).

चक्रवृद्धि, (स्त्री०) वृद्धीकी वृद्धि। एकप्रकारकी वृद्धि। सूदका सूद। सूददरसूद.

चक्रव्यूह, (पु०) चक्रं इव व्यूहः। लडाईके लिये चक्रकी भांति गोल रीतिपर सेनाको ठहराना.

चक्रहस्त, (पु०) चक्रं हस्ते यस्य-ब० स०। जिसके हाथमें चक्र है। विष्णु.

चक्रा, (स्त्री०) चक्-तृप्ति+रक्। नागरमोथा। कक्कडसिंगी.

चक्राङ्ग, (पु०) चक्रस्य अङ्गं (अर्धचक्रं) इव (अङ्गं) यस्य। आधे पहियेके समान जिसका स्वरूप हो। हंस। "चक्रं अङ्गं अस्य" पहिया जिसका अंग है। रथ। गाडी.

चक्रिन्, (पु०) चक्र+अस्ति अर्थे इनिः। चक्र (हथियार)-वाला। विष्णु। सांप। चकवा। कुह्मार। चुगलखोर। सूचक। एक प्रकारका तेली। चक्रवर्ती राजा। चक्रवाला (त्रि०).

चक्रीवत्, (पु०) चक्रवत् भ्रमणं अस्य अस्ति मतुप्। मको व होता है। अको ई होती है। जो चक्रकी भांति घूमता है। गधा। एक राजाका नाम.

चक्रेश्वर, (पु०) चक्रस्य ईश्वरः-ष०त० । सम्पूर्ण ब्रह्माण्डका ईश्वर (स्वामी) । विष्णुका नाम । किसी प्रदेशका अधिकारी । जिलाहाकिम.

चक्रोपजीविन्, (पु०) चक्रेण उपजीवति । तेलके चक्र (कोल्हू) से जीता है । तेल निकालनेवाली । तेली आदमी.

चक्ष्, कहना । छोडना । खयाल करना । अदा० आत्म० अक० सेट् । चष्टे । अख्यत-अख्यत् । (भाष्यके मतमें) अक्शासीत् । अक्शात । (छोडना इस अर्थमें तो) समचक्षिष्ट.

चक्षण, (न०) चक्ष्+ल्युट्-नख्यादेशः । कहना । बोलना । भूख बढानेके लिये एक प्रकारकी चटनी.

चक्षुस्, (न०) चक्ष्+करणे उसि । देखना । आंख । नजर । प्रकाश.

चक्षुश्रवस्, (पु०) चक्षुषा शृणोति । श्रु+असुन् । चक्षुरेव श्रवः कर्णो यस्य वा । आंखसे सुनता है । जिसकी आंखही कान है । सर्प । सांप.

चक्षुष्य, (पु०) चक्षुषे हितः यत् । नेत्रके लिये हितकारी । केतक (केवडा) । पुण्डरीकवृक्ष । सुहांजना । सुरमा । कज्जल । आंखका उपकारी (त्रि०) अजशृङ्गी । वनकुलत्थिका (स्त्री०).

चङ्क्रमण, (न०) क्रम्+यङ्+ल्युट् । वारवार घूमना । बहुत घूमना । इधर घूमना । तिरछे घूमना.

चञ्चरी, (स्त्री०) चञ्च्-जाना+घञ्--तं लाति । ला+क । रको ल होता है । ङीष् । भ्रमरी । भौरी । तिन्तिडीवृक्ष । "चञ्चरीक" यही अर्थ.

चञ्चल, (पु०) चञ्च्+अलच् । तं लाति । ला+क । रको ल । कामुक । शहवती । विषयी और वायु । चपल और अस्थिर (त्रि०) बिजली और लक्ष्मी (स्त्री०).

चञ्च्, गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । चञ्चति । अचञ्चीत्.

चञ्चलदलः-पत्रः, (पु०) चञ्चलानि दलानि यस्य । चंचल पत्तोंवाला अश्वत्थवृक्ष । पीपलका द्रख्त.

चञ्चलचित्तम्, (त्रि०) चञ्चलं चित्तं यस्य । चंचलचित्तवाला । अस्थिरमनवाला.

चञ्चा, (स्त्री०) चञ्च्+अच् । कट । चटाई । चौकी । तिनकोंका बनाहुआ पुरुष । घासकी गुडियां । तिनकोंकी पुतली.

चञ्चु, (पु०) "चञ्च्+उ । अत्र वा ऊङ् इत्येके" चञ्चू । चोंच (पक्षिओंकी).

चञ्चुपुट, (पु०) बंद की गई पक्षीकी चोंच.

चट्, मारना । तोडना । फाडना । ढांकना । चुरा० उभ० सक० सेट् । चाटयति-ते । अचीचटत्-त.

चटक, (पु०) चटति (भिनत्ति) धान्यादिकं । क्वन् । जो धान्य आदिको तोडडालती है । चिडिया । "स्वार्थे कन्" । चटककः । चटकिका (स्त्री०).

चटकाशिरस्, (पु०) चटकायाः शिर इव । चिडियाके सिरकी नाईं । पिप्पलीमूल । मघ.

चटु, (पु०) चट्+कु । पियारा वचन । व्रतिओंका एक आसन । उदर । पेट.

चटुल, (त्रि०) चप्+उलच् । चञ्चल । फुरतीला । बिजली (स्त्री०).

चड्, कोप । क्रोध करना । खफाहोना । इदित् । चुरा० उभ० अक० सेट् । चण्डयति-ते । अचचण्डत्-तं.

चण्, जाना । मारना । शब्दकरना और देना । भ्वा० पर० सक० सेट् । चणति । अचाणीत्-अचणीत् । चणयति-चाणयति । वा घटादि.

चणक, (पु०) चण्-देना+क्वुन् । शस्यभेद । तृणविशेष । छोले चने । एक मुनिका नाम जिसके गोत्रमें चाणक्य मुनि हुआ.

चण्ड, (पु०) चडि-कोप+अण् । तिन्तिडी वृक्ष । इमलीका दरख्त । यमके दूत और एक दैत्य । तीक्ष्ण । तेज । (न०) तेजीवाला और गुस्सेवाला (त्रि०) । "स्त्रियां ङीप्" चण्डी, चण्डिका.

चण्डातक, (पु० न०) चण्डां (कोपनां) अतति । अत् । ण्वुल् । सुन्दरस्त्रियोंका आधे उरुओं (पट्टों) तक कपडा । छोटा कोट.

चण्डाल, (पु०) चडि+आलच् । अपनी नामकी जाति । शूद्रसे ब्राह्मणीमें उत्पन्न कियागया संकीर्ण (मिलाहुआ) वर्ण.

चण्डांशु, (पु०) चण्डाः (तीव्राः) अंशवः यस्य । जिसकी किरणें तेज हों । सूर्य.

चण्डी, (स्त्री०) चडि+अच्+ङीप् । क्रोधवाली । दुर्गादेवी । उसीके माहात्म्यको कहनेसे सप्तशती नामक स्तोत्रको चण्डी कहते हैं.

चण्डीश्वरः, (पु०) चण्ड्याः ईश्वरः । चण्डी दुर्गा वा (पार्वती) का ईश्वर । शिव.

चण्डुः, (पु०) चण्ड्+उन् । मूषक । मूसा । छोटासा बानर.

चत्, मांगना । जाना । भ्वा० उभ० द्विक० सेट् । चतति-ते । अचेतीत् । अचतिष्ट.

चतुःशाला, (स्त्री०) चतस्रः शाला यत्र । एक दूसरेके सामने स्थित होरहे चार घरोंवाला मन्दिर । चौखंडी.

चतुर्, (त्रि०) ब० चत्+उरन् । चारकी गिनती । चार संख्यावाला । "स्त्रियां" चतस्रः । "नपुंसके" चत्वारि.

चतुर, (पु०) चत्+उरच् । हस्तिशाला । हाथीका घर । काममें कुशल । दक्ष । आंखोंके सामने । और चालाक (त्रि०).

चतुरङ्ग, (न०) चत्वारि अंगानि यस्य । जिसके चार अंग हों । हाथी, घोडा, गाडी, पैदलरूप चार अंगोंवाली सेना । लाल, हरा, पीला और काले चार सेनाके समान खेलके साधन जिसके हों । सतरंज । चौपडकी खेल.

चतुरन्ता, (स्त्री०) चत्वारः अन्ताः यस्याः–ब० स० । चार अन्तवाली । पृथिवी.

चतुरशीति, (त्रि०) चतुरधिकः अशीतितमः । चुरासिवां । चार ऊपर अस्सीवा.

चतुरशीति, (स्त्री०) चतुरधिका अशीतिः । चुरास्सीकी संख्या.

चतुरश्र–स्र, (त्रि०) चतस्रः अश्रयः=कोणाः यस्य । चार कोनवाला.

चतुरश्र, (त्रि०) चतस्रः अंश्रयः=कोणा यस्य । नि० । चतुष्कोण । चौकोना । चार कोनवाला । (ज्योतिषमें) लग्नसे चौथा और आठवां स्थान । "चतुरस्र" भी होताहै.

चतुरानन, (पु०) चत्वारि आननानि यस्य । जिसके चार मुख हों । ब्रह्मा । "चतुर्मुख" आदि इसी अर्थमें होते हैं.

चतुर्गुण, (त्रि०) चतुरावृत्ताः गुणाः यस्य । चारवार गुणा हुआ सोलहकी संख्या.

चतुर्थ, (त्रि०) चतुर्णां पूरणः । जिस्से चारकी संख्या पूर्ण (भर) होतीहै इस प्रकारका तुरीय (चौथा).

चतुर्थांश, चतुर्थोऽशः । चार भागोंमेंसे एक भाग । चौथा.

चतुर्थी, (स्त्री०) चन्द्रमाके पक्षका चौथा दिन । चौथी तिथि । (व्याकरणमें) ङे भ्यां भ्यस् ये तीनों प्रत्यय.

चतुर्थ, (त्रि०)–र्थी । (स्त्री०) चतुर्णां पूरणः–डट् । चारोंको पूरा करनेवाला । चौत्था । वा चौत्थी ।–र्थः (पु०) किसी श्रेणीका चौथा अक्षर ।–र्थं (न०) चौत्था भाग.

चतुर्थभक्त, (त्रि०) चतुर्थं भक्तं यस्य । चौत्था भोजन करनेवाला । चौत्थीवार खानेवाला.

चतुर्थभाज्, (त्रि०) चतुर्थं भजति–भज्+ण्वि । प्रत्येक आय (आमदन) का चौत्था भाग लेनेवाला (प्रजासे) राजा.

चतुर्थांशः, (त्रि०) चतुर्थः अंशः यस्य । चौत्थे अंश (हिस्से)का भागी । चौत्था हिस्सा लेनेवाला ।–शः (पु०) चौत्था भाग । चतुर्थांश.

चतुर्थाश्रमः, (पु०) चतुर्थः आश्रमः यस्य । चौत्थे आश्रम (संन्यास)वाला ब्राह्मण.

चतुर्थीकर्मन्, (न०) चतुर्थ्यां कर्म । विवाहसे चौथी रात-पर कर्तव्य कर्म (रीतरसम).

चतुर्दन्त, (पु०) चत्वारो दन्ता अस्य । जिसके चार दंत हों । ऐरावत । इन्द्रगज । इन्द्रजीका हाथी.

चतुर्दशन्, (त्रि०) ब० व० । चतुरधिका दश । चार ऊपर दस । चौंदहकी संख्या (गिनती) । "तस्य पूरणे डट्"–चतुर्दशः (चौदवां) । "स्त्रियां" चतुर्दशी । चौदवीं तिथि.

चतुर्दिशं, (अव्य०) चतसृणां दिशां समाहारः–समा०द्वं० । चार दिशाओंका समूह.

चतुर्द्वारं, (अव्य०) चत्वारि द्वाराणि यस्य । चार द्वार (दर्वाजों)वाला (घरआदि).

चतुर्धा, (अव्य०) प्रकारे धा प्रत्ययः । चार प्रकारसे । चार तरहसे.

चतुर्द्धा, (अव्य०) चतुःप्रकारं+धाच् । चार प्रकार (तरह) से.

चतुर्बाहुः, (पु०) चत्वारः बाहवः यस्य । चार हाथोंका । चार भुजावाला । विष्णु.

चतुर्भद्रं, (अव्य०) चतुर्णां भद्राणां समूहः–समा० द्वं० । चार मानवजीवनके कल्याण (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष.)

चतुर्भद्र, (न०) चत्वारि भद्राणि । धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूप चारों इकट्ठे हुए कल्यान । मिलेहुए धर्म आदि चार.

चतुर्भुज, (पु०) चत्वारो भुजा (हस्ताः) अस्य । जिसके चार हाथ हों । विष्णु.

चतुर्मुख, (पु०) चत्वारि मुखानि यस्य । चार मुखोंवाला । ब्रह्मा.

चतुर्युग, (न०) चतुर्णां युगानां समाहारः । सत्य, त्रेता, द्वापर और कलिरूप चारों युग । "विज्ञेयं तंचतुर्युगं" इति मनुः.

चतुर्वर्ग, (पु०) चतुर्णां वर्गः (समुदायः) धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष समूह । चार प्रकारका पुरुषका अर्थ.

चतुर्वर्ग, (पु०) चत्वारः वर्गाः । मानव जीवनके चार समूह (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष).

चतुर्वर्णः, (पु०) चत्वारो वर्णाः येषु-ब०स० । हिन्दुओंके चार वर्ण वा चार जातिएं अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र.

चतुर्वर्षिका, (स्त्री०) चत्वारि वर्षाणि वयो यस्याः (गोः) इत्यर्थः । चार वर्ष अवस्थावाली गौ । चार वर्षकी गौ.

चतुर्विद्य, (पु०) चतस्रो विद्याः (वेदज्ञानरूपाः) यस्य । चार वेदोंके जाननेहारा । चारों विद्यावाला भी होताहै.

चतुर्विद्यः, (त्रि०) चतस्रः विद्याः अभ्यस्ताः येन–ब०स० । चार वेदोंको पढा हुआ । चारवेदोंका ज्ञाता.

चतुर्विद्या, (स्त्री०) चतस्रः विद्याः–क० स० । चार विद्याएं । चारों वेद.

चतुर्विध, (त्रि०) चतस्रः विधाः यस्य । चार प्रकारवाला । चार तरहका.

चतुर्विधशरीर, (न०) जरायुज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिदरूप चार प्रकारके शरीर । "चतुर्विधशरीराणि धृत्वा मुक्ताः सहस्रशः" इति.

चतुर्विंशः, (त्रि०) चतुरधिका विंशतिः–यस्मिन्। चार अधिक बीसवां। चौवीसकी संख्यासहित.

चतुर्विंशति, (स्त्री०) चतुरधिका विंशतिः। चार ऊपर बीस। चौवीस। चौवीसकी गिनती। वा उस संख्यावाला.

चतुर्वेदः, (पु०) चत्वारः वेदाः यस्य। चार वेदोंको जान्नेहारा.

चतुर्व्यूह, (पु०) सृष्ट्यादिकार्यार्थं चत्वारो व्यूहा विभागा यस्य। उत्पत्ति आदि कार्यके लिये जिसके चार भाग हैं। वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्धस्वरूप विष्णु.

चतुर्हायन–ण, (त्रि०) चत्वारि हायनानि यस्य–व० स०। चार वर्षवाला.

चतुर्होत्रकम्, (अव्य०) चतुर्णां होतॄणां समाहारः। चार पुरोहित.

चतुष्क, (न०) चतुर्भिः स्तम्भैः कायति। कै+क (चार थंभों (खंबे)वाला घर। जिसमें चार हों। चारों ओर चार (न०).

चतुष्टय, (त्रि०) चत्वारो अवयवा (विधा) अस्य तयप्। चार भागोंवाला। चार हिस्सोंवाला। चार प्रकारका "स्त्रियां" चतुष्टयी.

चतुष्पथ, (पु०) चत्वारः पन्थानः ब्रह्मचर्यादय आश्रमाः यस्य। अच् समा०। चार आश्रमोंवाला। ब्राह्मण। "चतुर्णां पथां समाहारः" अच्। चार रास्तोंका मिलाप। चौंरास्ता। चौराहा। चार मुखवाला मार्ग। चौक.

चतुष्पद, (पु०) चत्वारि पदानि चरणा यस्य। चार पांववाला। चौपाया। गौ आदि पशु। (ज्योतिषमें) एक करण। (पादको पद् आदेश होनेसे) "चतुष्पात्."

चतुष्पदी, (स्त्री०) चत्वारः पादाः अस्याः। ङीप्। (पाद्-शब्दको पात् होकर ङीप् आनेपर फिर पद हुआ) चार पांववाली। चार हिस्सोंवाली। चार चरणोंका पद्य वा श्लोक जिसके ३२ अक्षर हैं.

चतुष्टय, (त्रि०)–यी (स्त्री०) चत्वारः अवयवाः विधाः अस्य तयप्। चार भागवाला। चार तरहका चौरा.

चतुष्षष्टि, (त्रि०) (स्त्री०) चतुरधिका षष्टिः। चोसठ। चोसठ अध्यायवाला ऋग्वेद.

चतुस्त्रिंशत्, (त्रि०) चतुरधिका त्रिंशत्। चार ऊपर तीस। चौंतीस। चौंतीस संख्यावाला.

चतूरात्रं, (अव्य०) चतसृणां रात्रीणां समाहारः। चार रात्रिओंका समूह.

चत्वर, (न०) चत्+ष्वरच्। स्थण्डिल। थडी। यज्ञके लिये शुद्ध पृथिवी। आंगन। वेडा। अंगन.

चत्वारिंशत्, (स्त्री०) चत्वारो दशतः परिमाणं अस्य। नि० दससे चार गुण परिमाणवाला। चालीस। एकसंख्या.

चत्वाल, (पु०) चत्+ष्वलच्। होमका कुण्ड। दर्भ। कुशा.

चद्, मांगना। भ्वा० उभ० द्विक० सेट्। चदति-ते। अचदीत्.

चद्, आह्लाद। खुश होना। प्रसन्न होना और चमकना। भ्वा० पर० अक० सेट्। इदित्। चन्दति। अचन्दीत्.

चन्, शब्द करना। मारना। चनति। अचानीत्-अचनीत्.

चन, (अव्य०) न पूरा। जो कुछ। भी.

चन्दन, (पु० न०) चदि+णिच्+ल्यु। मलयपर्वतमें उपजा गंधसार। लाल चन्दन। एक वानर। एक बूटी.

चन्दनधेनु, (स्त्री०) चन्दनेन अङ्किता धेनुः। वह गौ जिसपर चन्दन छिडका गया हो। यदि पति और पुत्रवाली स्त्री भर्ताके पहिले मरजाय तो उसे स्वर्ग पहुंचानेके उद्देशमें ऐसी गौ दान की जाती है जिसके शरीरपर चन्दन मला हो। सर्वाङ्गपर चन्दनके निशानवाली दान करनेयोग्य धेनु.

चन्द्र, (पु०) चदि+रक् चन्द्रमा। मृगशिर नामा तारा। कर्पूर। हीरा। पानी। सुन्दर। कालारंग। मोरका चांद। मोटी इलायची। रोशन.

चन्द्रक, (पु०) चन्द्र इव कायति। कै+क इवार्थे कन् वा। मोरके पंखका चांदके स्वरूपवाला पदार्थ। एक प्रकारकी मच्छी। सुपेद मरीच। श्वेत मरिच.

चन्द्रकला, (स्त्री०) ६ त०। चन्द्रका षोडश भाग। चांदका सोलवां हिस्सा। द्रविडदेशका एक बाजा.

चन्द्रकान्त, (पु०) चन्द्रः कान्तः अभीष्टः यस्य। चांद जिसका पियारा है। स्वनामसे ख्यात एकप्रकारकी मणि, (चांदको देखकर वह पिघलती है)। कमल और श्रीखण्ड। चन्दन (न०)। रात। चांदनी और चन्द्रमाकी स्त्री (स्त्री०).

चन्द्रकान्ति, (न०) चन्द्रस्य इव कान्तिः अस्य। जो चांदकी भांति चमकती है। चांदी। रूपा। ६ त०। चांदकी चमक.

चन्द्रकिन्, (पु०) चन्द्रकः+अस्ति अस्य+इनि। बरोबर चांदवाला। मयूर। मोर.

चन्द्रगुप्त, (पु०) नन्दराजाकी मुरानाम दासीमें उत्पन्न हुआ, चाणक्य ब्राह्मणसे पुत्रसहित योगानन्दको मारकर राज्याभिषेक कियागया एक राजा। मगधदेशका राजा। चित्रगुप्त। यमराजकी कचहरीका बाबू.

चन्द्रदाराः, (पु० बहु०) चन्द्रस्य दाराः=स्त्रियः। चन्द्रमाकी स्त्रियें। सत्ताइस दक्षप्रजापतिकी कन्यायें जो चन्द्रमाको दीगईं.

चन्द्रद्युतिः, (स्त्री०) चन्द्रस्य द्युतिः इव द्युतिः यस्य। चन्द्रमाके प्रकाशके समान। चन्दन। चांदनी.

चन्द्रनिभ, (त्रि०) चन्द्रेण निभः=सदृशः । चन्द्रमाके समान चमकनेवाला रोशन । सुन्दर.

चन्द्रप्रभा, (स्त्री०) चन्द्रस्य प्रभा । चन्द्रमाकी रौशनी । चांदनी.

चन्द्रबाला, (स्त्री०) चन्द्रस्य (कर्पूरस्य) बाला इव । (समानगंध होनेसे) मानों कापूरकी कन्या है । मोटी इलायची.

चन्द्रभागा, (स्त्री०) काश्मीरदेशकी एक नदी.

चन्द्रमण्डल, (न०) ६ त० । चन्द्रमाका मण्डलाकार खरूप । चांदकी गोल शकल.

चन्द्रमस्, (पु०) चन्द्रं (आह्लादं) मिमीते । आनन्द देनेवाला । "चंद्रं" (कर्पूरं) माति (तुलयति) मा+असि-वा । कापूरके समान दीखनेहारा । चन्द्र । चन्द्रमा । चांद.

चन्द्रमुखी, (स्त्री०) चन्द्र इव मुखं यस्याः–ब० स० । जिसका मुख चन्द्रमाके समान है । प्यारी सुन्दर स्त्री.

चन्द्रमौलि, (पु०) चन्द्रः मौलौ यस्य । जिसके माथेपर चन्द्रमा है । चन्द्रशेखर । शिव । शंकर । महादेव.

चन्द्रलोकः, (पु०) चन्द्रस्य लोकः । चन्द्रमाका लोक.

चन्द्रवल्लरी, (स्त्री०) ६ त० । सोमलता । एकप्रकारकी वेल.

चन्द्रवदन, (त्रि०) चन्द्र इव वदनं यस्य । चन्द्रमाके समान उज्ज्वल मुखवाला.

चन्द्रवंशः, (पु०) चन्द्रस्य वंशः । चन्द्रवंशी राजालोग.

चन्द्रव्रत, (न०) चन्द्रस्य (चन्द्रलोकप्राप्तये) व्रतं (नियमः) । चन्द्रमाके लोकमें जानेके लिये नियम । चान्द्रायण नामी व्रत.

चन्द्रशाला, (स्त्री०) चन्द्रः शाला इव आधारः अस्याः । घरके समान चांद जिसका आश्रय है । चांदनी । "चन्द्र इव आह्लादिका शाला" । चन्द्रमाके समान प्रसन्न करनेवाला घर । प्रासादोपरिस्थ गृह । बडा ऊंचा महलके ऊपरका घर.

चन्द्रशेखर, (पु०) चन्द्रः शेखरं (शिरोभूषणं) यस्य । चन्द्रमा जिसके सिरका भूषण (जेवर) है । शिवजी । पूर्वदेशमें एक पर्वत.

चन्द्रसम्भव, (पु०) सम्भवति अस्मात् सम्भवः । चन्द्रः सम्भवः यस्य । चन्द्रमासे उत्पन्नहुआ । बुध । इसी-प्रकार "सोमसुत" आदि भी इसी अर्थमें । नर्मदा नदी और मोटी इलायची (स्त्री०).

चन्द्रहास, (पु०) चन्द्र इव हासः (प्रभा) अस्य । चन्द्रं हसति वा । जिसका प्रकाश चांदके समान हो । वा जो (सुपेद होनेसे) चांदको भी हस रहा है । अण् वा खड्ग । तरवार । रूपा (न०) । गुडूची (स्त्री०).

चन्द्रा, (स्त्री०) चदि+रक् । एला । इलायची । चन्द्रातप । चंदोआ.

चन्द्रातप, (पु०) चन्द्रस्य आतः (गमनं) ततः पाति । पा+क । चंदोआ । चांदकी किरण । ज्योत्स्ना । चांदनी.

चन्द्रापीड, (पु०) चन्द्रः आपीडः (शिरोभूषणं) यस्य । चन्द्रमा जिसके सिरका अलंकार है । शिवजी । तारा-पीडका पुत्र एक राजा.

चन्द्रार्धः, (पु०) चन्द्रस्य अर्धः । चन्द्रमाका आधा । आधा चन्द्रमा.

चन्द्रिका, (स्त्री०) चन्द्रः स्वाश्रयत्वेन अस्ति अस्याः ठन् । चन्द्रमा जिसका अपना आश्रय है । चांदनी । मोटी इलायची । तेरह अक्षरके पादवाला एक छन्द.

चन्द्रोपल, (पु०) चन्द्रप्रियः उपलः । चन्द्रमाका पि-यारा पत्थर । चन्द्रकान्तमणि.

चप्, चूर्णीकरण–पीसना । सान्त्वन–हौंसला देना । शान्ति देना । चुरा० वा भ्वा० उभ० सक० सेट् । चपयति–ते । अचीचपत्–त । चपति । अचापीत् । अचपीत्.

चपल, (पु०) चप्-मंदगति-धीरे २ चलना+कल । पारद । पारा । मछली । एक पत्थर । और राजमाष । चञ्चल । क्षणिक । छिनभरके लिये रहनेहारा घवराया हुआ । और दुर्विनीत । अशिक्षित । बेवकूफ (त्रि०) लक्ष्मी । बिजली । पुंश्चली । खराव औरत । मद्य । पिप्पली । विजया । मदिरा । जिह्वा । जीभ । और आर्याछन्दका भेद (स्त्री०).

चपेट, (पु०) चप्-घञर्थे क । चपाय (सांत्वनाय) अटति (गच्छति) इट्+क । जो दूसरेको ठंडा करनेके लिये जाती है । फैलीहुई अंगुलीओंवाला हाथ । चपेड । "खण्डिकोपाध्यायः शिष्याय चपेटां ददाति" इति भाष्य-प्रयोगात् । "स्वार्थे कन्" । चपेटकः । यही अर्थ.

चम्, खाना । भ्वा० खा० पर० सक० सेट् । चमति । आचामति । विचमति । चम्नोति । अचमीत् । चमित्वा-चान्त्वा.

चमत्कार, (पु०) चमत् इति अव्यक्तं क्रियते । कृ+घञ् । लोकातीतवस्तु । (अजीब चीज) को देखकर चित्तके आनन्दका कारण प्रकाश । विस्मय । हैरानी । आश्चर्य । अपामार्ग वृक्ष.

चमर, (पु०) चम्+अरच् । भैंसेके खरूपका एक हरिण । जिसकी पूछसे चामर (चौंरी) नामी पंखा बनाते हैं और एक दैत्य । "स्त्रियां" चमरी । चमर पंखा (न०).

चमस, (पु० न०) चम्+असच् । लकडीका बनाहुआ यज्ञका एक पात्र । सोमरसपीनेका पात्र । लड्डू (पु०) चमचा.

चमीकर, (पु०) कृतस्वर नामी सोनेके उपजनेका स्थान । (जिस कारण सोनेको "चामीकर" कहतेहैं).

चमू, (स्त्री०) चम्+ऊ । सेना । (हाथी ७२९, रथ ७२९, घोडे २१८७, पैदल ३६४५) इतनी संख्यावाली सेना.

चमूरु, (पु०) चम्+ऊरच् । मृगभेद । एक प्रकारका हरिण । कचनालका वृक्ष । "चारुचमूरुचर्मणः" इति माघः.

चम्पक, (पु०) चपि-जाना+क्वुन् । केला । ढेउका वृक्ष । चंबेका फूल.

चम्पकमाला, (स्त्री०) ६ त० । सोनेके चम्पकोंसे बनाहुआ स्त्रियोंके गलेका अलंकार । दस अक्षरके पादवाला पंक्तिछंदका भेद । छंदोविशेष.

चम्पाधिप, (पु०) ६ त० । चम्पाका स्वामी कर्णराजा.

चम्पू, (स्त्री०) गद्यपद्यमिश्रित संस्कृत वाक्य । गद्य और पद्यसे मिलाहुआ वचन । एक प्रकारका काव्य.

चम्बु, जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । चम्बति । अचम्बीत्.

चय्, जाना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । चयते । अचयिष्ट.

चय, (पु०) चि+अच् । प्राकारमूल । कोट । समूह । चौकी आदि.

चयः, (पु०) चि+अच् । समूह । ढेर.

चयन, (न०) चि+ल्युट् । एक प्रकारकी नीचे ऊपर ईंटोंकी रचना । फूल आदिका चुनना । इकट्ठा करना.

चर्, जाना । भ्वा० पर० सेट् । चरति । अचारीत्.

चर, (पु०) चर्+अच् । अपने और दूसरे राज्यके वृत्तान्तको जाननेके लिये राजाकी आज्ञासे घूमनेहारा दूत । प्रणिधि । गुप्तदूत । जासूद । और (ज्योतिषमें) मेष, कर्क, तुला और मकर राशियें । स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण ये तीनों तारे । और सोमवार (न०) । चलनेवाला । जानेहारा (त्रि०).

चरक, (पु०) चर्+क्वुन् स्वार्थे कन् वा । एक मुनिका नाम (वैद्यशास्त्रके बनानेहारा) । मुनिके नामका ग्रंथ (मुनिकी रचना होनेसे) । चार । छिपाहुआ दूत । पापड । भिक्षु (फकीर) । संन्यासी । "देवाकर्णय सुश्रुतेन चरकस्योक्तेन जानेऽखिलम्" नैषध.

चरण, (पु० न०) चर्+करणे ल्युट् । जिस्से चलतेहैं । पाद । पैर । पाँव । वेदका एक भाग । शाखारूप ग्रंथ । उसको पढनेहारा जन । और गोत्र । "भावे ल्युट्" जाना । खाना । आचार । स्वभाव (न०).

चरणगत, (त्रि०) चरणौ गतः । चरणोंपर गिरा हुआ । पादप्रणत.

चरणग्रन्थि, (पु०) ६ त० । गुल्फ । गिट्टा । टखना । पांवकी गांठ.

चरणामृतम्, उदकं (न०) चरणयोः अमृतं-उदकं वा । पूज्य ब्राह्मण वा अध्यात्मविद्याके शिक्षक आचार्यके चरणोंके धोनेका जल.

चरणायुध, (पु०) चरणाभ्यां आयुध्यति । आ+युध्+क । पांवसे लडता है । कुक्कुट । कुक्कड.

चरणारविन्दं, कमलं-पद्मं (न०) चरणः (णं) अरविन्दं इव-उप० स० । कमलके समान चरण (पांव).

चरणव्यूह, (पु०) चरणानां (वेदशाखानां) व्यूहः (विशेषेण ऊहः) निरूपणं यत्र । जिसमें वेदकी शाखाओंका विशेषरूपसे वर्णन हो । व्यासका बनायाहुआ एक ग्रन्थ.

चरम, (त्रि०) चर्+अमच् । अन्त । अवसान । पश्चिम । आखिरी.

चराचर, (न०) चर्+अच् नि० । चलने और न चलनेवाला । जगत् । दुनिआं । समा० द्वं० । जङ्गम और अजंगम । आकाश । शिवजीकी जटा (पु०).

चरित, (त्रि०) (न०) चर्+क्त (इत्र वा) । चलागया । पालिया । करलिया । जानागया । अनुष्ठान । काम । सञ्चार । विचरना । व्रतकर्मआदिमें यत्न करना । लीला आदि । कहानी । चालचलन । स्वभाव.

चरित्रम्, (न०) चर्-इत्र । सदाचार । चालचलन.

चरिष्णु, (त्रि०) चर्+इष्णुच् । चलनेवाला । चालाक । इधर उधर घूमनेहारा.

चरु, (पु०) चर्+उ । हव्यान्न । होममें डालनेके पदार्थ (घी दूध आदि) । चरु पकानेका पात्र (भांडा) । (चरुको घीमें पकाकर इसके ऊपर दूध छिडकते हैं).

चर्च्, (पढना) चुरा० उभ० सक० सेट् । चर्चयति-ते । अचचर्चत्-त । चर्चितः । चर्चा.

चर्च्, कहना । झिडकना । भर्त्सन । तुदा० पर० सक० सेट् । चर्चति । अचर्चीत्.

चर्चक, (त्रि०) चर्च्+ण्वुल् । किसीके विषयमें बातचीत करनेवाला । दुबारा कहनेवाला.

चर्चनम्, (न०) चर्च्+ल्युट् । अभ्यास करना । दुहराना । वार वार पढना.

चर्चरी, (स्त्री०) चर्च्+अरन्+ङीष् । एकप्रकारका गीतिछन्दका भेद । कुटिलकेश । तिरछे वाल । हर्षसे खेलना । अहंकारका वचन.

चर्चा, (स्त्री०) चर्च+अ । विचार । चिन्ता । फिकर । चन्दनादिसे देहको लपेटना । दुर्गा.

चर्य, (त्रि०) चर्+कर्मणि यत् । जानेलायक । अभ्यास करने योग्य ।-र्या (स्त्री०) इधर उधर जाना । हिलना.

चर्चित, (त्रि०) चर्च्+क्त । सुगन्धित । खुशबूदार किया गया । परिमलित.

चर्पटः, (पु०) चृप्+अटन् । अंगुलियें फैलाये हुए खुली हाथकी तली.

चर्मबन्धः, (पु०) चर्मणः बन्धः । चमडेकी पेटी.

चर्मवसनः, (पु०) चर्मणः वसनं यस्य । चमडेके वस्त्रवाला । शिवजीका नाम.

चर्मवाद्यम्, (न०) चर्मणः वाद्यम् । ढोल । एक प्रकारका चमडेसे ढका हुआ बाजा.

चर्ममय, (त्रि०) चर्म+मयट् । चमडेका बना हुआ.

चर्व्, जाना । खाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । चर्वति । चचर्व । अचर्वीत्.

चर्मकार, (पु०) चर्म (तन्मयं पादुकादिकं) करोति कृ+अण् । चमडेकी जूती आदि बनानेहारा । चर्मक । चमार । मोची.

चर्मण्वती, (स्त्री०) चर्म अस्ति अस्यां । मतुप् । नि० नदीभेदका नाम,

चर्मदण्ड, (पु०) चर्मणा कृतः दण्डः । चमडेका बनाहुआ डंडा । कशा । चाबुक । कोडा.

चर्मन्, (न०) चर+मनिन् । फलक । ढाल । चाम । एक इन्द्रिय जिस्से छूते हैं । "शरीरावरकं शस्त्रं चर्म इत्यभिधीयते".

चर्मपादुका, (स्त्री०) चर्मनिर्मिता पादुका । चमडेकी बनीहुई खडाव । उपानह । जूता.

चर्मप्रसेविका, (स्त्री०) चर्मणा प्रसीव्यते । सिव्+ण्वुल् । (आग भडकानेके लिये) चमडेसे सीया जाता है । भस्त्रानामी यन्त्र । भस्त्रा । धोंकनी । फूंकनी.

चर्मावकर्तिन्, (पु०) चर्म अवकर्तयति । चमडा काटनेवाला । जूतीबनानेवाला । मोची.

चर्मिक, (त्रि०) चर्म+ठन्+इक । ढालनामी हथियार धारण किया हुआ.

चर्मिन्, (पु०) चर्म (फलकं) अस्य अस्ति । इनि । जिसके पास ढाल नामी हथियार हो । त्वचारूप चमडेवाला । भूर्जवृक्ष । भृङ्गरीट । कदली । चमडेवाला । सिपाही.

चर्या, (स्त्री०) चर्+क्यप् । नियमका न छोडना । गुरुसे उपदेश कियेगये व्रतआदिका अनुष्ठान । विचरना । गाडीमें जाना । व्यवहार । स्वभाव । खाना.

चर्व्, खाना (दांतोंसे चूरा करना) । चाबना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० । चर्वयति-ते । चर्वति । चचर्व । अचचर्वत्-त । अचर्वीत्.

चर्वण–णा, (न० स्त्री०) चर्व्+भावे ल्युट् । चाबना । खाना । स्वाद लेना । कठिन भोजन.

चर्वा, (स्त्री०) चर्व्+अङ् । चपेडलगाना । चाबना.

चर्वित, (त्रि०) चर्व्+कर्मणि क्त । चाबागया । खाया. गया । स्वाद लिया गया.

चर्व्य, (त्रि०) चर्व्+कर्मणि ण्यत्–यत् वा । चाबनेलायक । -र्व्यं (न०) कठिन भोजन.

चर्षणि, (पु०) कृष्+अणि पृ० । पहिले अक्षरको च होता है । जन । लोग । (वेद) देखना । खयाल करना । चालाक मनुष्य.

चल्, जाना-भ्वा० पर० सक० सेट् । चलति । अचालीत् । चलः । चालः.

चलचञ्चुः, (पु०) चलः चञ्चुः यस्य । चञ्चल फुर्तीली चोंचवाला । चकोर.

चलन, (त्रि०) चल्+भावे ल्युट् । चलनेवाला । हिलनेवाला । कांपनेवाला । (न०–पु०) पाद । पैर (पांव).

चला, (स्त्री०) चल्+अच् । चलनेवाली । लक्ष्मी.

चलाचल, (त्रि०) चल्+अच्-नि० । अत्यन्त चञ्चल । काक । कौआ (पु०).

चलात्मन्, (त्रि०) चलः आत्मा यस्य । चल स्वभाव । चञ्चल मनवाला.

चलित, (त्रि०) चल्+क्त । कांपाहुआ । हिलाहुआ । चलागया । जुदाहोगया.

चलुः, (पु०) चल्+उन् । जलका घूट.

चलुकः, (पु०) चलुना मीयते+कन् । अंजलीभर पानी । पानीकी चुली.

चलेन्द्रिय, (त्रि०) चलानि इन्द्रियाणि यस्य–ब० स० । चञ्चलइन्द्रियोंवाला.

चलेषुः, (पु०) चलः इषुः यस्य । चञ्चल तीरवाला । जिसका तीर लक्ष्य (निशान) पर नहीं लगता.

चषति, (स्त्री०) चष्+अति–भावे । भक्षण करना । खाना । मारना.

चष्, खाना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । चषति-ते । अचाषीत्-अचषीत्.

चषक, (पु० न०) चष्-करना+क्वन् । मद्यपानपात्र । शराब पीनेका पात्र (पियाला) । "कर्मणि क्वुन्" शहत । एक प्रकारकी मद्य (न०).

चषाल, (पु०) चष्+आलच् । यज्ञका पशु बांधनेके लिये लकडी । यूप (खंबा) के मध्यमें देनेयोग्य कडेके भांति लकडी वा लोहेका पदार्थ.

चह्, ठगना । भ्वा० पर० सक० सेट् । चहति । अचहीत्.

चाकचक्य, (न०) चक्+अच् । चकः । प्रकारे द्वित्वं । चकचकः । तस्य भावः । उज्वलता । प्रकाशता । रौशनी । प्रकाश । चमक.

चाक्र, (त्रि०)–क्री (स्त्री०) चक्रेण निर्वृत्तं अण् । रथ-(गाडी)-से पूराहुआ (युद्ध) । गाडीके पहियेका.

चाक्रिक, (त्रि०)–की (स्त्री०) चक्रेण चरति । समूहके साथ संबंध रखनेवाला ।–कः. (पु०) कुम्हार (चाक चलानेवाला । तेल निकालनेवाला । तेली.

चाक्रेय, (त्रि०) चक्र+ढक् । चक्र पहियासम्बंधी । चक्रका.

चाक्षुष, (न०) चक्षुषा निर्वृत्तं+अण् । आंखसे उपजा ज्ञान । देखना । नजर । छठा मनु.

चाञ्चल्यं, (न०) चञ्चल+ष्यञ् । चञ्चलपना । अस्थिरता.

चाट, (पु०) चट्-भेद । फाडना+अच् । पहिले विश्वास देकर पीछे धन लेजानेहारा चोर । "चाटचारणदासेषु दत्तं भवति निष्फलम्" स्मृतिः.

चाटकैर, (पु०) चटकायाः चटकस्य वा अपत्यं एरक् । चिडियाका बच्चा । चटकापत्य.

चाटु, (पु० न०) चट्+ञुण् । पियारा वचन । झूठ पियारा वचन । स्वार्थे कन्.

चाटुकार, (त्रि०) चाटु करोति उप० स० । झूठाप्यारा वचन बोलनेवाला । चापलूसी करनेवाला.

चाटुपटु, (पु०) चाटौ (मिथ्या परितोषणे वाक्ये) पटुः । झूठेही प्रसन्न करनेवाले वचनमें चतुर । भांड । खुशामदी । पृ० पको व । "चाटुपटु" विदूषक । नाटकमें एक मखौलिया.

चाटूक्तिः, (स्त्री०) चाटुः उक्तिः । दूसरेके प्रसन्न करनेके लिये झूठा कथन । चापलूसीका वचन.

चाणकीन, (त्रि०) चणकस्य भवनं क्षेत्रं, खञ् । चनोंछोलोंका खेत.

चाणक्य, (पु०) चकणस्य मुनेर्गोत्रापत्यं+यञ् । चणकमुनिके वंशमें हुआ । नौ नन्दोंको मारकर चन्द्रगुप्त राज्य देनेहारा विष्णुगुप्त (कौटिल्य) । प्रसिद्ध नीतिशास्त्रका बनानेहारा । एक नीतिका पुस्तक.

चाणूर, (पु०) चण्+ऊरण् । कंस राजाका बडा पहिलवान (मल्ल).

चाणूरसूदन, (पु०) चाणूरं सूदयति+ल्युट् । चाणूरको मारनेहारा । श्रीकृष्ण.

चाण्डाल, (पु०) चण्डाल एव+अण् । चण्डालही चाण्डाल । अंत्यज । श्वपच.

चातक, (पु०) चतति (याचते) सततं अम्भः (मेघं) चत्+ण्वुल् । जो सदा बादलका पानी मांगता है । चकवा । पपीहापक्षी.

चातकानन्दन, (पु०) चातकं आनन्दयति–उप० स० । पपीहेको आनंद देनेहारा । वर्षाऋतु । बर्सात.

चातुरक्षं, (न०) चतुर्भिः अक्षैः निष्पाद्यते+अण् । चौपड खेलनेके चार पास्से.

चातुरर्थिकः, (पु०) चतुर्षु अर्थेषु विहितः+ठक् । व्याकरणमें चार भिन्न अर्थोंमें शब्दके साथ प्रयोग कियागया एक प्रत्यय.

चातुराश्रमिक, (त्रि०) चतुर्षु आश्रमेषु विहितः+ठक् । चार आश्रमोंमें विधान कियागया । चारोंमेंसे ब्राह्मणका एक आश्रम.

चातुरिकः, (पु०) चातुरीं=रथचर्यां वेत्ति+ठक् । रथकी सेवाको जाननेवाला । रथवाही । साईस । सारथी । गाडी चलानेवाला.

चातुरी, (स्त्री०) चतुरस्य भावः । तस्येदं वा+अण् । चतुराई । होशयारी । छल.

चातुर्मास्य, (न०) चतुर्षु मासेषु विहितं+ण्य । चार महीनोंमें विधान कियागया । चार महीनोंमें समाप्त होनेहारा यज्ञ वा व्रत । आषाढशुदी द्वादशीसे ले कार्तिकशुदी द्वादशीतक चार महीने (जो शुभ कर्मके लिये अच्छे हैं).

चातुर्य, (न०) चतुरस्य भावः+ष्यञ् । चतुराई । चालाकी । सुन्दरता.

चातुर्वर्ण्य, (न०) चत्वारः (ब्राह्मणादयः) वर्णा एव । स्वार्थे ष्यञ् । ब्राह्मण आदि चारों वर्ण । "चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं" गीता । "भावे ष्यञ्" । "चातुर्वर्णधर्म" । चार वर्णोंका धर्म.

चातुष्टय, (त्रि०) चतुष्टयं वेत्ति+अण् । चारके समूहको जाननेवाला.

चान्दनिक, (त्रि०)–की (स्त्री०) चंदनेन सम्पद्यते+ठक् । चंदनका बनाहुआ । चंदनसे निकालाहुआ । चंदनके रससे सुगन्धित कियागया.

चान्द्र, (पु०) चन्द्रः देवता अस्य । तस्येदं वा+अण् । जिसका देवता चन्द्रमा है । वा चन्द्रमाका यह । चन्द्रकान्तमणि । तीस तिथिओंवाला पौर्णमासी वा अमावास्यातक एक महीना । चान्द्रायणव्रत (न०) । चन्द्रमाका लोक (पु०) । "चन्द्रेण प्रोक्तं" अण् । चन्द्रसे कहागया । एक प्रकारका व्याकरण । "तदधीते" । "फिर अण्" चान्द्रव्याकरण पढनेहारा (त्रि०).

चान्द्रमस, (त्रि०)–सी (स्त्री०) चन्द्रमसः इदं+अण् । चन्द्रमाके साथ संबंध रखनेवाला । चन्द्रमाका वा चन्द्रमाकी.

चान्द्रायण, (न०) चान्द्रः (चन्द्रलोकः) अय्यते अनेन अय्+ल्युट् णत्वम् । जिस्से चन्द्रलोक मिलता है । एक व्रतका भेद.

चाप, (पु०) चपस्य (वंशभेदस्य) विकारः । वांसका बनाहुआ । "अण्" । धनुष् । कमान । मेषसे लेकर नवमी राशि.

चापल, (न०) चपलस्य भावः कर्म वा अण् । चपलका होना । दिलको आराम न होना । विना सोचे कोई काम करना । प्रयोजनबिन हाथपांवका हिलाना । अनवस्थान । बेकरारी । "ष्यञ्" चापल्य (यही अर्थ).

चापिन्, (त्रि०) चापः अस्ति अस्य इनि । धनुषकमान । चढायेहुए.

चामर, (पु० न०) चमरस्य विकारः । चमर (मृग)-की पूंछका बनाहुआ पंखा.

चामरग्राहः–ग्राहिन्, (पु०) चामरं गृह्णाति । चौरी पकडनेवाला.

चामीकर, (न०) चमीकरे (आकरभेदे) भवः अण् । चमीकर नामी खानसे उपजा । सोना । स्वर्ण । धतूरा.

चामुण्डा, (स्त्री०) चमूं (सेनां-वियदादिसमूहरूपां) लाति (आदत्ते) । ला+क । आकाशआदि समूहरूप सेनाको ग्रहण करनेवाली । दुर्गादेवी । चण्ड और मुण्डको लानेवाली । "यस्माच्चण्डं च मुण्डं च गृहीत्वा त्वमुपागता । चामुण्डेति ततो लोके ख्याता देवी भविष्यसि".

चाम्पेयक, (न०) चम्पायां भवः+ढक्, ततः स्वार्थे कन् । चम्पक । चंबेका फूल । नागकेशर । सोना । किञ्जल्क.

चाय्, दर्शन । देखना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । चायति–ते । अचायीत्-अचासीत् । अचायिष्ट–अचास्त.

चार, (पु०) चर इव+स्वार्थे अण् । चर । गुप्तदूत । "चारैः पश्यन्ति राजानः" इति नीतिशास्त्रम् । चर्+भावे घञ् । गमन । जाना । आधारे घञ् । कारागार (जेलखाना) । कैदखाना । कृत्रिमविष । बनावटी जहिर (न०).

चारण, (पु०) चारयति (कीर्तिं) चर्+णिच्+ल्यु । यश-को फैलानेहारा । कीर्तिसञ्चारक । नट.

चारु, (पु०) चर्+उण् । बृहस्पति । मनोहर । सुन्दर । कान्त (त्रि०).

चार्चिक्य, (म०) चर्च्+धात्वर्थे ण्वुल् । चर्चिकैव । "स्वार्थे ष्यञ्" । चन्दन आदिसे शरीरको लीपना.

चार्म, (पु०) चर्मणा परिवृतः रथः अण् । चमडेसे ढका-हुआ रथ । चारोंओर चमडेसे मढीहुई गाडी.

चार्वाक, (पु०) चारुः (लोकसिद्धः) वाकः (वचनं) यस्य (पु०) जिसका वचन संसारको अच्छा लगे । प्रत्यक्षप्रमाणको माननेहारा लोकायतिक (नास्तिक) । इस मतके चलानेवाले बृहस्पति हैं । एक राक्षसका नाम.

चार्वी, (स्त्री०) चारु+ईप् । सुन्दर । सुन्दर स्त्री । चांदनी । बुद्धि । प्रकाश । कान्ति । दमक । कुबेरकी स्त्रीका नाम.

चालः, (पु०) चल्+ण । घरकी छत । नीला । गरुड.

चालनम्, (न०) चल्+णिच्+भावे ल्युट् । हिलानेवाला । कंपानेवाला.

चालनी, (स्त्री०) चाल्यते शस्यादि अनया । चल्+णिच् +करणे ल्युट् । जिस्से धानआदि छाटते हैं । अपने नामका बहुत छेकोंवाला धानआदि चलानेका साधनरूप पदार्थ । छानणी.

चाष, (पु०) चष्-खाना+णिच्-अच् । सोनेकीसी चोटीवाला नीलेरंगका पक्षी । नीलकण्ठ.

चि, चयन-चुनना । चुरा० पक्षे भ्वा० उभ० द्विक० अनिट् । चपयति-ते । चयति-ते । अचीचपत्-त । अचेषीत्-अचेष्ट.

चिकित्सक, (पु०) कित्-रोगापनयन । रोग दूरकरना । इलाजकरना । "स्वार्थे सन् ण्वुल्" । रोग दूर करनेवाला वैद्य । हकीम.

चिकित्सा, (स्त्री०) कित्+स्वार्थे सन्+भावे अ । रोगप्रतीकार-करण । रोगका उपाय करना । बीमारीका इलाज करना.

चिकित्सित, (त्रि०) कित्+स्वार्थे सन्+कर्मणि क्त । चिकित्सा कियागया । इलाज कियागया.

चिकित्स्य, (त्रि०) चिकित्सयितुं योग्य । अर्हार्थे ण्यत् । उपायके योग्य (रोग) । इलाजके लायक । (बीमारी) रोग छुडानेलायक जन.

चिकीर्षक, (त्रि०) कृ+सन्+ण्वुल् । करनेकी इच्छा कर-नेवाला.

चिकीर्षा, (स्त्री०) कृ+सन्+अङ् । करनेकी इच्छा । इच्छा । चाह । खाहिश.

चिकीर्षित, (त्रि०) कृ+सन्+क्त । चहागया । करनेकी इच्छा कियागया ।-तं (न०) संकल्प । इरादा । प्रयोजन.

चिकीर्षु, (त्रि०) कृ+सन्+उ । करनेकी इच्छा करनेवाला.

चिकुर, (पु०) चि-इति अव्यक्तं शब्दं कुरति । कुर+क । जो "चि" इस शब्दको धीरेसे करे । केश । बाल (शिरके) । एक वृक्ष । पर्वत । और (सांपआदि) सरीसृप । चपल । चञ्चल । तरल (त्रि०).

चिक्क्, पीडन । तकलीफ पहुंचाना । चुरा० उभ० सक० सेट् । चिक्कयति-ते.

चिक्कण, (पु०) चिक्क्+क्विप् । चिक्, तं कणति+कण्-शब्द-आवाजकरना+अच् । गुवाक वृक्ष । उसका फल (न०) चिकना (त्रि०) । चिकनेरूप गुणवाली उत्तम गौ (स्त्री०).

चिक्किरः, (पु०) चिक्क्+इरच् । मूषक । मूसा । चूहा.

चिदुल्लासः, (पु०) चितः उल्लासः । हृदयको प्रसन्न कर-नेहारा.

चिच्छक्ति, (स्त्री०) चिदेव शक्तिः । चैतन्यरूप सामर्थ्य । मन और बुद्धिकी ताकत । "चिच्छक्तिः परमेश्वरस्य विमलं चैतन्यमेवोच्यते" । चैतन्य.

चिञ्चा, (स्त्री०) "चिं" इति अव्यक्तं शब्दं चिनोति । चि+ड । इमलीका दरख्त । तिन्तिडीका वृक्ष.

चिट्, प्रेषण । भेजना । भ्वा० पर० सक० सेट् । चेटति । अचेटीत्.

चित्, ज्ञान । जानना । भ्वा० पर० पक्षे चुरा० आत्म० सक० सेट् । चेतति-चेतयते । अचेतीत्.

चित्, स्मृति । यादकरना । चुरा० उभ० सक० सेट् । इदित् । चिन्तयति-ते.

चित्, (स्त्री०) चित्+सम्पदा० क्विप् । ज्ञान । चेतना । चैतन्य । होश.

चित्, (अव्य०) चित्+क्विप् । असाकल्य । नापूरा । थोडा । जैसे किञ्चित्.

चित, (त्रि०) चि+क्त । चुनेहुए फूलआदि । छन्न । ढकाहुआ । मुर्देको जलानेके लिये लकडीकी चुल्ली (चिता) (स्त्री०).

चिति, (स्त्री०) चि+क्तिन् । चिता । समूह । चुन्ना । (वेदान्तमें) निर्विषयसंवेदन । ऐसा ज्ञान कि जिसका विषय कोई नहीं । "निर्विशेषचितिरेव केवला" इति संक्षेपशारीरक । प्रासाद (महल) आदिमें ईंटोंकी गिनतीको जाननेके लिये अंकशास्त्रमें कहागया "घर" इस नामसे प्रसिद्ध एक पदार्थ । आगका एक स्थान.

चित्त, (न०) चित्यते (ज्ञायतेऽनेन) चित्+क्त । जिस्से जानते हैं । बुद्धि । मन । (वेदान्त) अनुसन्धान । (सोचना) स्वरूपवृत्ति (खयाल) वाला अन्तःकरण । चिताकी लकडी.

चित्तविक्षेप, (पु०) चित्तं विक्षिपन्ति (योगात् अपनयन्ति) क्षिप्+अण् । जो चित्तको योगसे हटालेते हैं । योगशास्त्रमें कहेगये योगके विरोधी व्याधिआदि नौ.

चित्तविप्लव, (पु०) चित्तस्य विप्लवः अनवस्थानं यस्मात् ५ ब० । जिससे चित्त स्थिर न रहे । उन्माद रोग । पागल होनेकी बीमारी.

चित्ताभोग, (पु०) सम्यक् भोग आभोग एकविषयता । ६ त० । चित्तका भलीभांति उठना । इसका कारण अहंकार । दिलका एक ओर लगना.

चित्तिः, (स्त्री०) चित्+भावे क्तिन् । खयाल करना । संकल्प । समझ । बुद्धि । ज्ञान.

चित्य, (पु०) चीयतेऽसौ । चि+क्यप् । जो चिनी जाती है । आग । चिता (स्त्री०).

चित्र्, (क्षणिक । छिनभरके लिये होना । लिखना) । (मूर्ति आदि) । आश्चर्य होना । चुरा० उभ० सक० सेट् । चित्रयति-ते.

चित्र, (पु०) चित्+क्विप् । त्रायते । त्रै+क वा तलोपः । चित्र्+अच् वा । यमका भेद । "वृकोदराय चित्राय" यह तर्पणका मन्त्र है । अशोक वृक्ष । (चिता) चित्रक वृक्ष । एरण्डवृक्ष । आकाश । एक प्रकारका कोढ । और नाना वर्ण । कई रंगोंवाला (त्रि०) मूरत । तिलक । एक शब्दसम्बंधी अलंकार (न०) । "स्वार्थे कन्" वही अर्थ । (चिरायता) एक प्रकारका वृक्ष । "चित्र इव कायति" कै+क । एक प्रकारका व्याघ्र (मेडिया).

चित्रकण्ठ, (पु०) चित्रः कण्ठः अस्य । जिसका गला रंगबरंगी हो । पारावत (मीठी आवाज निकालनेवाला कबूतर) । बनका कबूतर । घुघु.

चित्रकर, (पु०) चित्रं करोति । कृ+टच् । मूरत बनानेवाला । वर्णसंकर (एक प्रकारका) । "चित्रकार" यही अर्थः

चित्रकूट, (पु०) चित्रं कूटं अस्य । जिसकी चोटी चित्र हो । एक पहाड.

चित्रगुप्त, (पु०) यमका भेद । "चित्रगुप्ताय वै नमः" इति तर्पणम्.

चित्रपट, (पु०) चित्रः पटः । रंगबरंगी कपडा । मूरत । मूर्ति । तसबीर.

चित्रपादा, (स्त्री०) चित्रौ पादौ यस्याः । जिसके पांव चित्र हैं । सारिका पक्षी । मैना इस नामका परिंदा.

चित्रभानु, (पु०) चित्रा भानवः यस्य । जिसकी किरणें चित्र हों । अग्नि । आग । सूर्य । चित्रकवृक्ष । आकका दरख्त.

चित्ररथ, (पु०) चित्रः रथः अस्य । जिसका रथ चित्र है । सूर्य । सूरज । गंधर्वभेद । एक गवैया देवता । गंधर्वोंका राजा । कश्यपके सोलह पुत्रोंमेंसे एक.

चित्रलेखा, (स्त्री०) अप्सरोभेद । इक अप्सरा (कुम्भाण्डकी कन्या) उषाकी सखी (सहेली) । अठारह अक्षरोंके पादवाला एक प्रकारका छन्द.

चित्रशिखण्डिन्, (पु०) चित्रः शिखण्डः अस्ति अस्य+इनि । अजीव चोटीवाला । "मरीचि, अङ्गिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, और वसिष्ठ ये सब जगह" सुप्रसिद्ध सात मुनि.

चित्राङ्गद, (पु०) शन्तनुराजाका पुत्र । विचित्रवीर्यका भाई । एक गन्धर्व.

चित्राङ्गी, (स्त्री०) चित्रं अङ्गं अस्याः । जिसका अजीव अंग हो । मजीठ । कर्णजलौका । कानकोलन.

चिदाकाश, (न०) चिद् आकाशं इव । (लेपरहित और सबका आधार होनेसे) चैतन्य मानों आकाश है । शुद्ध (साफ) ब्रह्म.

चिदाभास, (पु०) चित् आभासः (प्रतिबिम्बः) । चैतन्यकी परछाही । बुद्धिमें आत्माका प्रतिबिम्ब । जीव.

चिद्रूप, (पु०) चित् एव रूपं अस्य । जिसका चैतन्यही रूप है । आत्मा । फुरनेवाला । रूप । परमेश्वर.

चिन्ता, (स्त्री०) चिति+अ । पहिले अनुभव कियेगये ज्ञानसे उपजी । संस्कारको जगानेहारी । देखेहुए पदार्थका पूरा स्मरण (यादकरना) फिकर । सोच.

चिन्तामणि, (पु०) चिन्ताविषयस्य मणिः । चाहेगये पदार्थको उत्पन्न करनेहारा मणि । सोचनेहीसे चिन्ता कीगई वस्तुको देनेहारी मणि । एक मणि जो मन मांगा देवे । ब्रह्मा । बुद्धदेव.

चिन्मय, (पु०) चित्+मयट् । चिदेव । चैतन्यही । चैतन्यस्वरूप परमेश्वर । "चिन्मयस्याद्वितीयस्य" इत्यादि । परब्रह्म.

चिन्मात्र, (न०) चित् एव । शुद्धचेतनं.

चिपिट, (पु०) चि+पिटच् । एक प्रकारका भोजन । चिडवा । चौडेनाकवाला.

चिरम्, (अव्य०) दीर्घ । चिरसे । देरीसे.

चिरक्रिय, (त्रि०) चिरकालेन क्रिया यस्य । जो देरीसे काम कर्ता है । दीर्घसूत्र । ढीला काम करनेवाला । आलसी.

चिरजीविन्, (पु०) चिरं जीवति+णिनि । जो देरतक जीता है । कौआ । जीवकवृक्ष । सिंवलका पेड । मार्कण्डेय । "अश्वत्थामा, बलि, व्यास, हनुमान्, बिभीषण, कृपाचार्य और परशुराम ये" सात देरतक जीनेवाले (त्रि०).

चिरण्टी, (स्त्री०) चिरेण अटति पितृगृहात् भर्तृगेहं । अट्+अच् (पु०) जो पिताके घरसे पतिके घरको देरसे जाती है । पिताके घरमें निवास करनेहारी युवती (जवान औरत) (स्त्री०).

चिरत्न, (त्रि०) चिरे भवः+त्न । चिरन्तन । देरका । पुरातन । पुराना.

चिरन्तन, (त्रि०) चिरं+ट्युल्+तुट्च । पुरातन । पुराना । "ङीप्".

चिररात्राय, (अव्य०) बहुकाल । बहुत समय । देरतक.

चिरायुस्, (पु०) चिरं आयुः यस्य । जिसकी बडी उमर हो । देवता । देरतक जीनेवाला (त्रि०).

चिर्भटी, (स्त्री०) चिरेण भटति । अच्+ङीप् (पृ०) कर्कटी । खक्खडी । खीरा । तर.

चिल्, शैथिल्य । ढीलाहोना । भ्वा० पर० अक० सेट् । चिल्लति । अचिल्लीत्.

चिल्ल, (पु०) चिल्+अच् । चीलनाम पक्षी । दुखतेहुए नेत्रवाला (त्रि०).

चिल्लाभ, (पु०) चिल्ल इव प्रसह्य हारित्वात् आभाति । भा+क । (जोरसे लेजानेके कारण) चीलकी नाईं प्रतीत होताहै । चोर.

चिबुक, (न०) चिव्-संवरण । ढाँकना । पृ० ह्रस्वः । ओठके नीचेका भाग । ठोडी । "स्वार्थे कन्" वही अर्थ । मुचकुन्द वृक्ष.

चिह्न, लक्षण । निशान लगाना । चुरा० उभ० सक० सेट् । चिह्नयति-ते.

चिह्न, (न०) चिह्न+अच् । लाञ्छन । लक्षण । निशान । दाग । पताका (झंडा).

चीन, (पु०) चि+नक् । पृ० दीर्घः । एक नगरका नाम । चीनदेश । एकप्रकारका हरिण । एकप्रकारका महीन कपडा । चीनदेशके लोग (बहुवचन).

चीत्कार, (पु०) चित् इति अव्यक्तशब्दस्य कारः कृ+घञ् । एकप्रकारकी डरावनी आवाज । चीखना । चीक मारना.

चीभ्, प्रशंसा । बडाई करना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । चीभति.

चीर, (न०) चि+क्रन्-दीर्घश्च । वस्त्रखण्ड । कपडेका टुकडा । "चीराणि किं पथि न सन्ति" इति भागवतम् । (चोटी).

चीर्ण, (त्रि०) चर्+क्त-पृ० । अको ई होता है । कियाहुआ । इकट्ठाकिया । सीखाहुआ । काटागया.

चीव्, ग्रहण-लेना । संवृति-ढांकना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । चीवति-ते । अचीवीत्-अचीविष्ट । अचिचीवत्-त.

चीव्, चमकना । दीप्ति । चुरा० उभ० सक० सेट् । चीवयति—ते, चिचील.

चीवर, (न०) चि+ष्वरच् । दीर्घश्च । भिक्षुवस्त्र । फकीरका कपडा । संन्यासीका वस्त्र । कौपीनआदि (लंगोटी आदि).

चुक्क्, पीडन । पीडा देना । तकलीफ पहुंचना । चुरा० उभ० सक० सेट् । चुक्कयति-ते । अचुचुक्कत्-त.

चुट्ट्, अल्पीभाव । थोडा होना । चुरा० उभ० सक० सेट् । चुट्टयति-ते.

चुड्, काटना-छेदन । चुरा० उभ० अक० सेट् । इदित् । चुण्डयति-ते.

चुत्, क्षारण-वगना-वहया-सरना । भ्वा० पर० अक० सेट् । चोतति । अचुतत्-अचोतीत्.

चुद्, प्रेरण-प्रेरणकरना-चुरा० उभ० सक० सेट् । चोदयति-ते.

चुप्, मन्दगति । धीरे २ चलना । भ्वा० पर० अक० सेट् । चोपति । अचोपीत्.

चुब्, चुमना । चुम्बन । चुरा० उभ० वा भ्वा० पर० सक० सेट् । चुम्बयति-ते । चुम्बति । अचुचुम्बत्-त । अचुम्बीत्.

चुम्बक, (पु०) चुबि+ण्वुल् । अयस्कान्तमणि । चमकपत्थर । धूर्त । ठग । चूमनेवाला (त्रि०).

चुर्, स्तेय । दूसरेकी वस्तु चुराना । चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । चोरयति-ते । चोरति । अचूचुरत्-त । अचोरीत्.

चुरा, (स्त्री०) चुर्+क-टाप् । चौर्य । चोरी.

चुल्, समुच्चय उठना । ऊंचा होना । बढना । डुबकी मारना । चुरा० उभ० सक० सेट् । चोलयति-ते । अचूचुलत्-त.

चुलुक, (पु०) चुल्+उकक् । निबिड पङ्क । बडा कीचड । एकप्रकारका भांडा । छोटी हांडी । मांका दाना डूबनेके लायक जल (पानी) (न०) चुली.

चुल्ल, (पु०) क्लिन्नस्य चुलादेशः लच् प्रत्ययः । गीलीआंख । गीलेनेत्रवाला (पु०).

चुल्लि—ल्ली, (स्त्री०) चुल्ल्-खेलना+इन् वा ङीप् । पकानेके लिये आग रखनेकी जगह । चुल्हा.

चूड़ा, (स्त्री०) चुद्+अङ्-नि० । मोरकी शिखा (चोटी) मस्तकके मध्यमें रहनेहारी शिखामात्र (चोटी)। जूटिका (जूंडा)। बाहुका भूषण । आगे । भूषणमात्र । कूप (खूआ) । दस प्रकारके संस्कारोंसे एक । "प्रथमेऽब्दे तृतीये वा" मनुः.

चूड़ामणि, (पु०) ६ त० १ शिरोरत्न । शिरकी मणि.

चूड़ाल, (न०) चूडा (शिखा) अस्ति अस्य । ल । चोटीवाला । सिर । मस्तक । शिखावाला जन (त्रि०)। चिट्टीरत्ती । नागरमोथा.

चूण, संकोच । सिकोडना । चुरा० उभ० सक० सेट् । चूणति । अचूणीत्.

चूत (पु०) चुप्+क्त-पृ० । चूसागया । आम्र । आम । चू+क्त-पृ० । घरका दर्वाजा (न०)। "स्वार्थे कन्" आम । कूपक । गांड । योनि (कुस).

चूर्ण्, पेषण । पीसना । चुरा० उभ० सक० सेट् । चूर्णयति-ते.

चूर्ण, (पु०) चूर्ण्+घञ् । पीसनेसे उपजी धूली । अबीर नामी द्रव्य । पान चावनेलायक द्रव्य । "चूर्णमानीयतां तूर्णं" इति.

चूर्णक, (पु०) चूर्ण्+ण्वुल् । सक्तु (सत्तु)। "स्वार्थे कन्" चूरा । "एकप्रकारका गद्य जिसके अक्षर कठोर न हों और समास कहीं २ आवे" (न०)। नसर । छन्दोविशेष.

चूर्णकुन्तल, (पु०) चूर्ण्यते इति चूर्णः । सिरके छोटे २ वाल । घुंघरूवाले वाल । अलक (जुल्फ).

चूर्णी-र्णि), (पु०) चुर्-चट् वा क्विच् । नि० । पतञ्जलिसे कियागया महाभाष्य । कपर्दक । शिवजीमहाराजकी जटा.

चूलिका, (स्त्री०) चुल्+ण्वुल् । पृ० दीर्घः । हाथीके कानका मूल । नाटकाङ्गभेद । नाटकमें एकप्रकारका अंग.

चूष्, पान-पीना । चूसना भ्वा० पर० सक० सेट् । चूषति । अचूषीत्.

चूषा, (स्त्री०) चूष्+अङ् । चमडेकी लगाम (हाथीके लिये) लगाम । चूसना.

चूष्य, (त्रि०) चूष्+कर्मणि ण्यत् । चूसनेलायक पदार्थ वा भोजन.

चृत्, (हिंसा) मारना । ग्रन्थन । गाठना । तुदा० सक० सेट् । चृतति । अचर्तीत्.

चेट-ड, (पु०) चिट्+अच्, वा टस्य डः । नौकर । सेवक । दास । "ङीप्" । दासी । "ण्वुल्" दास । उपनायक.

चेत्, (अव्य०) यदि । अगर । संदेह न होनेपरमी संदेहसे कहना । (वाक्यके पहिले कमी नहिं आता).

चेतक, (त्रि०) चित्+ण्वुल् । सुझानेवाला । खयाल करनेवाला ।-की (स्त्री०) हरीतकी । सीड.

चेतन, (पु०) चित्+युच् । आत्मा । रूह । जीव । परमेश्वर । प्राणी । चैतन्यवाला (त्रि०).

चेतनकी, (स्त्री०) चेतनं करोति । कृ+ड । ङीप् । हरीतकी । हरीड । जो चेतन बनाडाले.

चेतना, (स्त्री०) चित्+युच्+टाप् । बुद्धि । समझ । ज्ञान । जान्ना.

चेतनावत्, (त्रि०) चेतना+मतुप् । चेतनावाला । सजीव । होशवाला.

चेतस्, (न०) चित्+असुन् । चित्त । दिल । आत्मा (पु०) "साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च" इति श्रुतिः.

चेतोजन्मन्, (पु०) चेतसः जन्म यस्य । चित्तसे उपजा । कामदेव । प्यार.

चेतोमुख, (पु०) चेतो मुखं द्वारं अस्य । चित्त जिसका द्वार है । (वेदान्तमें) सुषुप्तिका अभिमानी जीव.

चेतोविकार, (पु०) चेतसः विकारः । चित्तका बिगडना । क्षोभ.

चेदि, (पु०) एकदेश । उस देशमें रहनेहारे लोग (ब० व०).

चेदिपति, (पु०) चेदीनां पतिः । चेदिदेशका मालिक । दमघोषका पुत्र । "चेदिराज" "चेदिभूभृत्" आदि, इसी अर्थमें.

चेल्, जाना । चलना । चञ्चल होना । भ्वा० पर० सक० सेट् । चेलति । अचेलीत्.

चेल, (न०) चिल, आच्छादन-ढांकना+कर्मणि घञ् । वस्त्र । कपडा । पौशाक । (समासके अन्तमें आनेसे) खराब । बदमाश । "भार्याचेलं" खराब औरत । "चेलप्रक्षालकः" धावक । धोबी.

चेल्ल, चालन । हिलाना । जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । चेल्लति । अचेल्लीत्.

चेष्ट, ईहा । इधर उधर चलना । जीवनके चिह्न दिखाना । कोशिश करना । झगडा करना । पूराकरना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । चेष्टते । अचेष्टिष्ट.

चेष्टा, (स्त्री०) चेष्ट्+अङ्, "आत्मासे इच्छा, इच्छासे यत्न, और यत्नसे चेष्टा उत्पन्न होती है" । शरीरका व्यापार । कोशिश । तालाश.

चेष्टित, (त्रि०) चेष्ट्+कर्तरि क्त । चलायागया । हिलायागया । त० (न०) क्रिया । काम । चालचलन.

चैतन्य, (न०) चेतन+भावे स्वार्थे वा ष्यञ् । चेतना । होश । ब्रह्म । प्रकृति । माया.

चैत्य, (न०) चितायाः इदं अण् । गाँव आदिमें प्रसिद्ध महावृक्ष । देवताके वासका वृक्ष । बुद्धभेद । मंदिर । चिताका चिह्न (निशान)। जनसभा । यज्ञका स्थान । लोगोंके विश्रामकी जगह । देवताका स्थान । बिम्ब । अक्स.

चैत्यगृह, (न०) चैत्यस्य समीपे गृहम् । (चौकमें) चैत्यके पासका घर.

चैत्र, (पु०) चित्रा नक्षत्रेण युक्ता पौर्णमासी चैत्री सा अस्मिन् मासे+अण् । जिस महीनेमें चित्रा नक्षत्रवाली पूर्णिमा हो । चेतका महिना । "चैत्रिकः ठक्" "कन् चैत्रकः" वही अर्थ । "चैत्रक" एक पहाड.

चैत्ररथ, (पु०) चित्ररथेन (गन्धर्वेण) निर्वृत्तं+अण् । चित्ररथ नामी गन्धर्वने बनाया । कुबेरोद्यान । कुबेरका बाग । उद्यान.

चैद्य, (पु०) चेदीनां (जनपदानां) अयं ष्यञ् । शिशुपाल.

चोदना, (स्त्री०) चुद+युच् । "चोदना, उपदेश, और विधि एकही अर्थको बतलाते हैं" । प्रवर्तनावाक्य । उपदेशका वचन । "चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः" इति मीमांसासूत्रम् । प्रेरण । तर्जना । झिडकना.

चोद्य, (न०) चुद+ण्यत् । प्रश्न । सवाल । पूर्वपक्ष । अजीव । प्रेरणाके लायक (त्रि०).

चोर, (पु०) चुर+अच् । स्तेयकर्ता । चोरी करनेवाला । दूसरेका द्रव्य उठालेजानेवाला । एकप्रकारका गंधवाला द्रव्य.

चोल, (न०) चुल+घञ् । स्त्रियोंका कञ्चुक नामी पाँवतक कपडा । चोला इस नामसे प्रसिद्ध पुरुषोंका वस्त्र । द्राविड और कलिङ्गके बीचका एक देश.

चोली, (स्त्री०) अल्पः चोलः । ङीष् । छोठा कंचुक । अंगिया.

चोष्य, (त्रि०) चूष+ण्यत् (पु०) चूसने लायक । इक्षु-दण्ड (गन्ना) आदि । एक प्रकारका खाना (भक्ष्य).

चौड-ल, (न०) चूडा प्रयोजनं अस्य+अण् । चूडाकर्म । एक संस्कार (जिसमें बालकके बाल उतरवाते हैं) । डको ल विकल्पसे होता है.

चौर्य, (न०) चोरस्य भावः+ष्यत् । चोरपन । चोरी । लुटेरबाजी । छलपन.

चौर्यवृत्ति, (स्त्री०) चौर्यस्य वृत्तिः । चोरीका स्वभाव.

च्यवन, (न०) च्यु+ल्युट् । धीरे २ चूना । एक ऋषिका नाम.

च्यु, गति । जाना । भ्वा० आत्म० सक० अनिट् । च्यवते । अच्योष्ट.

च्यु, हास-हसना । सहन-सहारना । चुरा० उभ० सक० अनिट् । च्यावयति-ते । अचुच्यवत्-त.

च्युत्, रक्षण । बगना । बहना । भ्वा० पर० अक० सेट् । च्योतति । अच्युतत् । चुच्योत । अच्योतीत्.

च्युति, (स्त्री०) च्यु+क्तिन् । क्षरण । झरना । गिरना । बगना । नाश । "अपादाने क्तिच्" भग.

च्यौत्न, (त्रि०) च्यु-गति+करणे त्नण् । जानेवाला । छोडा-हुआ । बदमाश । धर्मसे रहित । अण्डेसे उपजा हुआ । त्यागके योग्य.

छ

छ, (त्रि०) छो+क छेदक । काटनेहारा । निर्मल । साफ और चञ्चल । घर (न०).

छगल, (पु०) छो+कलच्-गुटच् । एकप्रकारका पशु । छाग । बकरा.

छटा, (स्त्री०) छो+अटन् । दीप्ति । प्रकाश । चमक । परम्परा । लगातार.

छत्र, (पु०) छद्+णिच्-ष्ट्रन्-ह्रस्वः । खुंब । शिलीन्ध्र । और सोयेका साग । छाता । छतडी (न०).

छत्रक, (पु०) छत्रं इव कायति । कै+क । एक वृक्ष । एक प्रकारका पक्षी । "स्वार्थे कन्" छाता (न०).

छत्रधरः-धारः, (पु०) छत्रं धारयति उप० स० । छाता धारण करनेवाला । छाता उठानेवाला.

छत्रभङ्ग, (पु०) छत्रस्य भङ्गो यत्र । जहां छातेका भंग होगया । नृपनाश । राजाका नाश । वैधव्य । रंडापन । पराधीनता । ताबेदारी । अस्वातन्त्र्य.

छत्राक, (न०) छत्रा इव कायति (कै+क) । शिलीन्ध्र.

छद्, छादन-ढांकना । चुरा० पक्षे भ्वा० उभ० सक० सेट् । छदति-ते । छादयति-ते.

छद, (पु०) छद्+क । पत्र । पक्षिओंका पर । तमालवृक्ष । ग्रन्थिपर्ण.

छदन, (न०) छद्+ल्युट् । पत्र । पर । पक्ष । त्वचा । खलडी । "भावे ल्युट्" । पिधान । ढकना । बंदकरना.

छदपत्र, (पु०) छदार्थं पत्रं अस्य । जिसका पत्ता ढकनेके काममें आता है । भूर्जपत्र । भोजपत्र । मुनिलोग इसे पहिरते हैं.

छदि, (पु०) छद्+इन् । पटल । छात । छत । घरको आच्छादन करनेहारा तृणसमूह । भोजपत्ता.

छद्मतापस, (पु०) छद्मना (छलेन) तापसः । छलसे तपस्या करनेहारा । लोगोंको ठगनेके लिये अपनेको तपस्वी प्रकट करनेकी इच्छासे तपस्वियोंके वेशको धारण करनेहारा । तपस्वियोंका काम करनेहारा बैडालव्रतिक (बिल्लेका व्रत करनेवाला).

छद्मन्, (न०) छाद्यते स्वरूपं अनेन । छद्+मनि । जिसके द्वारा स्वरूप छिपाया जाय । कपट । छल.

छन्द, (पु०) छदि-संवरण-ढांकना । धातुओंके अनेक अर्थ होनेसे यहां इच्छा (चाह) अर्थमें घञ् प्रत्यय हुआ । अभिलाष । चाह । वशता । आधीनता । विषभेद.

छन्दस्, (न०) छदि+असि । वेद । अपनी इच्छासे चाल-रखनी । स्वैराचार । अभिलाष । चाह । गायत्रीआदि छन्द । पद्य.

छन्दोग, (पु०) छन्दः (सामवेदं) गायति—गै+क । सामवेद गानेहारा ब्राह्मण.

छन्न, (त्रि०) छद्+णिच्+क्त नि० । आच्छादित । ढका-हुआ । निर्जन (एकान्त) तनहा (न०).

छर्द, वमन-ऊपर छल होना । चुरा० उभ० सक० सेट् । छर्दयति–ते.

छर्दन, (पु०) छर्द+णिच्+ल्यु । नीमका वृक्ष । मदनका वृक्ष । "भावे ल्युट्" वमन (ऊपर छल होना) (न०).

छर्दि–र्दी, (स्त्री०) छर्द+णिच्+इन् । वमनरोग । वा ङीप् । वान्ति।

छल, (न०) छो+कलच् । शाठ्य । शरारत । स्वरूपको छिपाना। (न्यायमें) किसी और तात्पर्यसे प्रयोग कियेगये शब्दको वादीने दूसरे अर्थमें लगाना । प्रतिवादीसे दियागया दूषण । जैसे यह "नेपालसे आया है क्यों कि इसके पास नव कम्बल है" ऐसे वादीद्वारा कहेजानेपर "नव" शब्द "नये" इस अर्थमें लगाये जानेपरभी प्रतिवादीद्वारा "नव"-का नौ (संख्या) अर्थकी कल्पनासे यह कहना कि इसके पास तो एकही कंबल है नौ कम्बल कहां है इस प्रकार दोष लगाना.

छलना, (स्त्री०) छल । तत्करोति+णिच्+भावे युच् । परवञ्चना । दूसरेको ठगाना.

छल्ली, (स्त्री०) छद्+क्विप् तां लाति । ला+क ङीष् । वल्कल । छाल । लता । वेल । सन्तति । औलाद.

छवि, (स्त्री०) छ्यति असारं, छिनत्ति तमो वा नि० । असारको दूर कर्ती है । अंधेरेको काटती है । शोभा । कान्ति । चमक । भडक.

छाग, (पु०) छो+गन् । छागल । बकरा । स्त्रियां ङीप् । पुरोडाश । चरु । "इदमर्थे अण्" बकरीका दूध । बकरेका मांस (न०).

छागवाहन, (पु०) छागो वाहनं अस्य । बकरा जिसकी सवारी है । अग्नि.

छात, (त्रि०) छो+कर्मणि-कर्तरि वा क्त । कटाहुआ । छिन्न । दुर्बल । कमजोर । "छाततराम्बुच्छटेति" काव्य० प्र० १ उ.

छात्र, (त्रि०) गुरोर्दोषाच्छादनं छत्रं, तच्छीलं अस्य+ण । गुरुके दोषके छिपानारूप छातेवाला । शिष्य । चेला । शहतका छत्ता (न०)

छदन, (न०) छद्+णिच्+ल्यु । नीलका खिलाहुआ वृक्ष । "भावे ल्युट्" छादन । पडदा । ढकना । "करणे ल्युट्" पत्र । पत्ता (न०).

छान्दस, (पु०) छन्दो वेदं अधीते+अण् । वेद पढनेहारा.

छान्दोग्य, (न०) छन्दोग+आम्नायार्थे ञ्य । सामवेदकी उपनिषत् । सामवेद गानेवालोंका धर्म । मन्त्रब्राह्मणस्वरूप शास्त्रसमूह.

छाया, (स्त्री०) छो+ण । आतपाभाव । धूपका न होना । कान्ति । चमक । प्रतिबिम्ब । परछाही । पालन । उत्कोच । रिश्वत । वड्डी । पंक्ति । कतार । सूर्यकी स्त्री । उन्नीस अक्षरोंके पादवाला एक छन्द.

छायातनय, (पु०) ६ त० । शनैश्चर । "छायासुत" "छायापुत्र" यही अर्थ । शनैश्चर.

छायातरुः–द्रुमः, (पु०) छायाप्रधानस्तरुः । बडी छायावाला वृक्ष । बहुत सायेदार दरख्त.

छायाद्वितीय, (त्रि०) छाया एव द्वितीयः यस्य । जिसके साथ दूसरी छाया है । एकान्त । अकेला.

छायापथः, (पु०) छायायाः पन्थाः । छायाका मार्ग । आकाश.

छायापुरुष, (पु०) छायया पुरुष इव । छायासे पुरुषकी नाईं । आकाशमें देखनेलायक अपनी छायाके समान छायाके स्वरूपका पुरुष । (अपनी परछाहीको देखकर आकाशमें आंख उठाकर देखनेसे छायापुरुष देखा जाता है).

छायाभृत्, (पु०) छायां बिभर्ति-भृ+क्विप् १ छायाको धारण करनेवाला । चन्द्रमा । चांद.

छिक्कनी, (स्त्री०) छिक् इति अव्यक्तं नासिकाशब्दं करोति शब्दायते+अच् । ङीष् । नाकसे "छिक्" ऐसा शब्द कर्ती है (नाकछिकनी) एक प्रकारका वृक्ष । नसवार.

छिक्का, (स्त्री०) छिक् इति अव्यक्तं शब्दं करोति कृ+ड । नीछ । क्षुत.

छिद्, काटना । रुधा० उभ० सक० अनिट् । छिनत्ति । छिन्ते । अच्छैत्सीत् । अच्छिदत् । अच्छित्त । छिदा.

छिदिर्, (पु०) छिद्+किरच् । कुठार । कुल्हाडा । पावक । अग्नि । एक प्रकारकी रस्सी । करवाल । तरवार.

छिदुर, (त्रि०) छिद्+कुरच् । वैरी । धूर्त । ठग । छेदक । काटनेहारा । छेदनद्रव्य । काटनेका हथियार.

छिद्र, भेदन । फाडना । चुरा० उभ० सक० सेट् । छिद्रयति-ते । अचिच्छिद्रत्-त.

छिद्र, (न०) छिद्+रक् । छिद्र+अच् वा । दूषण । ऐब । गर्त । गढा । आकाश । (ज्योतिषमें) लग्नसे आठवां स्थान.

छिद्रदर्शन, (त्रि०) छिद्रं पश्यति । दोष देखनेवाला.

छिन्न, (त्रि०) छिद्+क्त । काटागया । जुदा किया गया । नाश किया गया.

छिन्नकेश, (त्रि०) छिन्नाः केशाः यस्य । जिसके बाल काटे गये हों । हजामत किया गया.

छिन्नद्रुमः, (पु०) छिन्नः द्रुमः । काटा गया वृक्ष.

छिन्नद्वैध, (त्रि०) छिन्नं द्वैधं=द्विधाभावः यस्य । जिसका संशय दूर होगया हो । निस्संशय.

छिन्ननासिक, (त्रि०) छिन्ना नासिका यस्य । कटी हुई नासिका(नाक)वाला । विननाकवाला.

छिन्नभिन्न, (त्रि०) छिन्नश्चासौ भिन्नश्च । इधर उधरसे काटा और फाडागया । कटा हुआ.

छिन्नमस्ता, (स्त्री०) छिन्नं मस्तं यस्याः । जिसका शिर कटा हो । दश महाविद्याओंमें एक महाविद्या । दुर्गा । देवी.

छिन्नमूल, (त्रि०) छिन्नं मूलं यस्य । जडसे कटा हुआ । जिसकी जड काटी गई हो.

छिन्नरुह, (पु०) छिन्नोऽपि रोहते । रुह्+क । काटाहुआ भी उगता है । तिलवृक्ष । गुडूची (स्त्री०) गिलोय । स्वर्ण-केतकी.

छित्वर, (त्रि०) छिद्+ष्वरप् । पृ० । तुच्छ । वैरी । दुष्मन । धूर्त और छेदक । काटनेहारा । छेदन । काटना (न०).

छिन्नसंशय, (त्रि०) छिन्नः संशयः यस्य । जिसका संशय (शक) काटा गया हो । काटे गये संदेहवाला । निस्स-न्देह । संशयरहित । पक्का किया गया.

छुट्, काटना । चुरा० उभ० पक्षे तुदा० पर० सक० सेट् । छोटयति-ते । छुटति । अच्छुटीत्.

छुर्, छेद-काटना । भ्वा० पर० सक० सेट् । छोरति । अच्छोरीत्.

छुर्, लेपन । लेपकरना । तुदा० पर० सक० सेट् । छुरति.

छुरिका, (स्त्री०) छुर्+कुन् । एकप्रकारका हथियार । छुरी । काचू । चाकू.

छृद्, भडकाना । चमकना । खेलना । वमन । ऊपरछलककरना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । छर्दयति-ते । छर्दति । अचच्छर्दत् । अचिच्छृदत् । अच्छर्दीत्.

छेक, (पु०) छो+ईकन् । गृहासक्त पक्षी । घरमेंही हिलाहुआ पक्षी । मृग । और हरिण । विदग्ध । चतुर । नागर । नागरक (न०).

छेकानुप्रास, (पु०) छेकस्य (विदग्धस्य) प्रियः अनुप्रा-सः शाक० । पण्डितका पियारा अनुप्रास । अनुप्रासका भेद । शब्दसम्बंधी अलंकार.

छेकोक्ति, (स्त्री०) छेकायाः विदग्धाया उक्तिः । चतुर-स्त्रीका वचन । पेचदार वचन । वक्रोक्ति (टेढावचन)-रूप अलंकारका भेद.

छेत्तृ, (त्रि०) छिद् । तृच् । काटनेवाला.

छेद्, छेदन-काटना । चुरा० उभ० सक० सेट् । छेदयति-ते.

छेद, (पु०) छिद्+घञ् । काटना । तोडना । काटनेवाला । भाजक । खण्ड । टुकडा "बलाहकच्छेदविभक्तरागा" इति कुमारः.

छेदकरः, (पु०) छेदं=छिद्रं करोति । छेक निकालनेवाला । लकडी काटनेवाला.

छेदक, (त्रि०) छिद्+ण्वुल् । काटनेवाला । विभक्त (जुदा)-करनेवाला.

छेदन, (त्रि०) छिद्-ल्युट् । काटनेवाला । जुदा करनेवाला । न (न०) काटना । जुदा २ करना । फाडना । नाश करना । हटाना.

छेदि, (त्रि०) छिद्+इन्, काटनेवाला । तोडनेवाला ।-दिः (पु०) तर्खान । इन्द्रका वज्र.

छेदित, (त्रि०) छिद्+क्त । काटागया । फाडागया.

छेद्य, (त्रि०) छिद्-र+ण्यत् । काटनेके योग्य । काटनेलायक.

छैदिक, (पु०) छेदं नित्यं अर्हति । ठक् । वेतस । वेत्र । वेतकी छडी.

छो, काटना-दिवा० पर० सक० अनिट् । छ्यति । अच्छात् । अच्छासीत्.

छोटिका, (स्त्री०) चुरा० छुट्+ण्वुल् । तर्जनी और अंगूठेका शब्द । चुटकी.

छ्यु, जाना भ्वा० आत्म० सक० अनिट् । छ्यवते । अछ्योष्ट.

ज

ज, (पु०) (जि+जन्-वा ड) (समासके अन्तमें आता है) उसमें और उससे पैदाहुआ (अधिनेत्रज, कुल-ज, जलज, अंडज) शिवजी । विष्णु । पिता । वेग । मुक्ति । विष । (छंदःशास्त्रमें) गुरुमध्यवाले तीन वर्ण (अक्षर).

जक्ष्, भक्षण-खाना । सक० । हसना । अक० अदा० पर० सेट् । जक्षति । अजक्षीत् । जक्षित वा जग्ध.

जगच्चक्षु, (पु०) जगतां चक्षुः इव । (सब पदार्थोंको दिखानेवाला होनेसे) संसारकी मानों आँख है । सूर्य । सूरज.

जगत्, (पु०) गम्+क्विप्-नि० । वायु । हवा । जंगम (त्रि०) लोक (न०).

जगती, (स्त्री०) गम्+क्विप् । नि० । पृथिवी । भुवन । जन । लोक । जम्बुक्षेत्र । दुनियां । १२ अक्षरोंके पादवाला एक छन्द.

जगत्प्राण, (पु०) जगतां प्राणः (जीवनहेतुत्वात् ।) (जीवनका कारण होनेसे) संसारका मानों प्राण है । वायु । हवा.

जगत्साक्षिन्, (पु०) जगतां साक्षीव । (सबको साक्षात् देखनेसे) संसारका मानों साक्षी (गवाह) है । सूर्य.

जगत्सेतुः, (पु०) जगतः सेतुः । जगत्का पुल । परमात्मा.

जगत्स्रष्टृ, (पु०) जगतः स्रष्टा । जगत्का रचनेवाला । ब्रह्मा । शिव ।

जगदम्बा, (स्त्री०) जगतः अम्बा वा अम्बिका=माता । जगत्की माता दुर्गा भगवतीका नाम.

जगदात्मन्, (पु०) जगतः आत्मा। जगत्का आत्मा। परमात्मा.

जगदाधार, (पु०) ६ त०। वायु। हवा। जगत्का आश्रय। "कालो हि जगदाधारः" इति स्मृतिः.

जगदीशः–पतिः, (पु०) जगतां ईशः वा पतिः। जगतोंका मालिक। परमेश्वर। परमदेव.

जगद्गुरुः, (पु०) जगतः गुरुः। जगत्का गुरु। परमेश्वर.

जगद्धात्री, (स्त्री०) धा+तृच्। ६ त०। जगत्की माता। एक दुर्गा.

जगद्योनि, (पु०) जगतां योनिः उत्पत्तिः यस्मात्। जिससे जगत्की उत्पत्ति होती है। शिव। विष्णु। हिरण्यगर्भ। कुमार। ६ त०। पृथिवी.

जगन्नाथ, (पु०) ६ त०। जगत्का नाथ (मालिक)। विष्णु। विष्णुका क्षेत्र। विमलपीठका एक भैरव.

जग्ध, (त्रि०) अद्+क्त। वा जक्ष्+क्त। भुक्त। खाया-हुआ। खा लिया.

जग्धि, (स्त्री०) अद्+क्तिन्। भोजन। खाना। सहभोजन। इकट्ठे खाना.

जघन, (न०) हन्+यङ्+अच्–पृ०। स्त्रिओंकी श्रोणी (लक्क)-का अगला भाग। स्त्रिओंकी कमर। जांघ। पद.

जघन्य, (स्त्री०) हन्+यङ्+अच्-(पु०)। जघनं इव (इवार्थे यत्) जघनकी नाईं। अधम। नीच। चरम। सबसे पिछला और अहंकारी। शूद्र (पु०) उपस्थ। लिंङ्ग.

जघन्यज, (पु०) जघन्ये (चरमे) जायते। जन्+ड। सबसे पीछे उत्पन्न होता है। शूद्र। कनिष्ठ। सबसे छोटा (त्रि०).

जङ्गम, (त्रि०) गम्+यङ्+अच्। गतिशक्तिसमन्वितः। चलनेकी सामर्थ्यवाला.

जङ्गल, (न०) गल्+यङ्+अच्। पृ०। वन। एकान्त। तनहा। मांस (पु०).

जङ्घा, (स्त्री०) जङ्घन्यते=कुटिलं गच्छति। "जाना" अर्थवाले हन्धातुके आगे कौटिल्यअर्थमें यङ् हुआ। अ। (पु०)। गुल्फ और जानुका अन्तराल अवयव। गिट्टे औ घुटनेके बीचका अंग। जांघ। लात.

जङ्घाकरिक, (त्रि०) कृ+अप्-करः (विक्षेपः) ६ त०। ततः अस्ति अर्थे ठन्। जंघाचलनेन आजीवयति। जंघाओंके चलनेसे आजीवन (रोजी) वाला। धावक। जिसका जीवन लातोंके चलनेपर है। दौडनेवाला.

जङ्घाल, (त्रि०) जंघा वेगवती अस्ति अस्य। लच्। जिसकी जंघा (लात) में बडा वेग (जोर) हो। धावक। दौडनेवाला। जंघाके आसरे जीनेवाला। कईएक पशु (पु०).

जज्, योधन-लडाई करना। भ्वा० पर० सक० सेट्। इदित्। जञ्जति.

जट्, संहति। जुडना। इकट्ठा होना (जैसे वालोंका) भ्वा० पर० अक० सेट्। जटति। अजाटीत्-अजटीत्.

जटा, (स्त्री०) जट्+अच्। अन्योन्यसंलग्नकेश। आपसमें जुडेहुये वाल। व्रतिओंकी शिखा। सिंह (शेर)-आदिकी सटा। जूडा। वृक्षआदिका मूल। जटामांसी। एक प्रकारसे वेदका पाठ। महादेवकी जटा। लता। शतावरी.

जटाजूट, (पु०) ६ त०। जटानां जूटे (बन्धे) समूहे च। जटाओंका बंधन। जटाओंका समूह.

जटामांसी, (स्त्री०) जटां मन्यते। मन्+स-दीर्घश्च। अपने नामसे प्रसिद्ध सुगन्धिवाला द्रव्य.

जटायु–स्, (पु०) जटां याति। या+कु। जट्। जुडना+अच्। जटं (संहतं) आयुः अस्य वा। जिसकी वडी उमर हो। अपने नामका पक्षी। जटौर। गुग्गुल.

जटाल, (पु०) जटा अस्ति अस्य लच्। गुग्गल। वट। वोड। कर्पूर। कापूर। जटावाला (त्रि०) जटामांसी (स्त्री०).

जटिन्, (पु०) जटा अस्ति अस्य+इनि। प्लक्ष। पाकुडका पेड। बोडके समान पत्तोंवाला वृक्ष। जटावाला (त्रि०).

जटिल, (पु०) जटा अस्त्यर्थे। इलच्। जटावाला। सिंह। शेर। ब्रह्मचारी। जटायुक्त (त्रि०) जटामांसी। पिप्पली। मघ। वचा। दमनवृक्ष (स्त्री०).

जठर, (न०) जायते जन्तुः गर्भो वा अस्मिन्। जन्+अर-ठान्तादेशः। जिसमें जीव वा गर्भ उपजता है। कुक्षि। वक्खी। पेट। वृद्ध। बढाहुआ और कठिन। (सख्त) (त्रि०).

जठरयन्त्रणा, यातना, (स्त्री०) जठरस्य यन्त्रणा वा यातना। गर्भके भीतर लचेसे अनुभव की गई पीडा.

जठरव्यथा, ज्वाला, (स्त्री०) जठरस्य व्यथा वा ज्वाला। पेटकी पीडा वा लाट.

जठराग्निः, (पु०) जठरस्य अग्निः। पेटकी (अन्नको) पचानेवाली अग्नि.

जठरामयः, (पु०) जठरस्य आमयः। पेटकी अग्निका रोग.

जठरीकृत, (त्रि०) अजठरः जठरः कृतः-जठर+च्विं+कृ+क्त। छातीके भीतर (गर्भमें) छिपायागया.

जड, (त्रि०) जलति (घनीभवति) जल्+अच्-डस्य लः। इष्टानिष्टानभिज्ञ। भला बुरा न जाननेहारा। शीतसे पीडित। मूक। गुंगा। बुद्धिसे हीन। बेअकल। अंधेरा। वेद पढनेमें असमर्थ और मूर्ख। जल और सीसा (न०).

जडता, (स्त्री०) जडस्व-भावे। जडपना। मूर्खता। आलसपना। भूल। बेवकूफी.

जडिमन्, (पु०) जड। इमन्। मूर्खपना.

जडीकृत, (त्रि०) अजडः जडः कृतः-जड+च्वि+कृ+क्त । जड किया गया । बेहोश किया गया.

जतु, (न०) जन्+उ । अन्तमें तका आदेश होता है । अलक्त । लाक्षा । लाख.

जत्रु, (न०) जन्+रु । तान्तादेशः । स्कन्ध और कक्षकी संधि । कंधे और काख (कच्छ) का जोड । गलेके नीचेकी दो हड्डियें.

जन्, जनन उत्पन्न होना । दिवा० आत्म० अक० सेट् । जायते । अजनिष्ट । जनयति । जातः.

जन, (पु०) जन्+अच् । लोक । लोग । पामरलोक । नीच लोग । आप्त लोग । महोलोकसे ऊपरका लोक । जीव । (स्त्री वा पुरुष) । "एवं जनो गृह्णाति".

जनक, (पु०) जन्+णिच्+ण्वुल् । पिता । बाप । मिथिला नगरीका एक राजा (सीताजीका पिता) । कारण (सबब) (त्रि०).

जनकसुता, (स्त्री०) जनकस्य सुता । ६ त० । जनककी कन्या । सीतादेवी । श्रीरामजीकी पत्नी (स्त्री).

जनता, (स्त्री०) जनानां समूहः+तल् । जनसमूह । भीड । बहुत लोग.

जननि–नी, (स्त्री०) जन्+अनि वा ङीप् । माता । मां । जनिनाम सुगंधवाला द्रव्य । दया । अलक्तक । लाखका रंग । जटामांसी । मजीठ.

जनपद, (पु०) जनाः पद्यन्ते गच्छन्ति यत्र । पद्+घ । जहां लोग जाते हैं । देश । मुल्क.

जनप्रवाद, (पु०) जनानां प्रवादः । लोगोंका बहुत बोलना । किंवदन्ती । अफवाह । निंदा.

जनप्रिय, (पु०) जनानां प्रियः । लोगोंका प्यारा । लोकहितकारी.

जनमेजय, (पु०) जन+एज्+णिच् मुम्च । परीक्षित् राजाका पुत्र । हस्तिनापुरका प्रसिद्ध राजा । अर्जुनका पोता । (इसका पिता सांपसे डसाहुआ मरगया, जनमेजयने सांपोंके कुलको नाश करनेकी इच्छासे सर्पेष्टि यज्ञ किया जिसमें तक्षक नाग बिन सब सांप दग्ध हुए । ये वही राजा है जिसे वैशम्पायनने महाभारत सुनायकर ब्रह्महत्यादिसे छुडाया) । "जन्मेजय" ऐसामी होता है (पु०).

जनयितृ, (पु०) जन्+णिच्+तृच् । उत्पन्न करनेहारा । पिता । माता (स्त्री०) ङीप्.

जनलोक, (पु०) महोलोकके ऊपर एक भुवन । ऊपरका एक जगत्.

जनव्यवहार, (पु०) जनानां व्यवहारः । लोगोंका व्यवहार । रीतरसम.

जनश्रुत, (त्रि०) जनेषु श्रुतः । लोगोंमें विख्यात । सबसे जानाहुआ । मशहूर.

जनश्रुति, (स्त्री०) जनानां श्रुतिः । लोगोंकी सुनीहुई बात । किंवदन्ती । अफवाह.

जनश्रुति, (स्त्री०) जनेषु श्रुतिरेव न दृष्टिः यस्याः । लोगोंने सुनाही है देखा नहिं । सच्चा वा झूठा लोगोंका वचन । लोकप्रवाद । किंवदन्ती । अफवाह.

जनसंबाध, (त्रि०) जनानां संबाधः-ष० त० । लोगोंकी गाढी भीड.

जनस्थानं, (न०) जनानां स्थानं । लोगोंका स्थान । दण्डकवनका एक । भाग.

जनस्थान, (न०) दण्डकवनके पास एक स्थान । लोगोंके रहनेकी जगह । "जनस्थाने भ्रान्तम्" इति उद्भटः.

जनाकीर्ण, (त्रि०) जनैः आकीर्णः । लोगोंसे ३ त० भराहुआ । लोगोंसे खचाखच हुआ.

जनाचार, (पु०) जनानां आचारः । ६ त० । लोगोंका आचार । रीतरसम वा चालचलन.

जनान्तिक, (न०) ६ त० । जनसमीप । अनेक लोगोंके पास । अप्रकाश । छिपकर की गई बातचीत (नाटक) । अभिनय (नकल) करनेवाले दोनोंकी आपसमें गुप्त बातचीत.

जनार्णव, (पु०) जननां अर्णवः-ष० त० । बहुत लोगोंका इकट्ठा जनसमुद्र । जनसमूह.

जनार्दन, (पु०) जनैः अर्द्यते याच्यते स्वामीष्टं असौ । अर्द-मांगना+कर्मणि ल्युट् । लोग अपनी इच्छा जिस्से पूरी किया चाहते हैं । "जनं अर्दयति वा अर्द+मारना । ल्यु वा" । जो जीवोंको (पापके कारण) मारता है । विष्णु । नारायण.

जनाशन, (पु०) जनान् अश्नाति-अश्+ल्यु । लोगोंको खाजाताहै । व्याघ्र । भेडिया.

जनाश्रम, (पु०) जनानां आश्रमः । लोगोंके निवासका स्थान । सराय.

जनाश्रय, (पु०) जनानां लोकानां आश्रयः । लोगोंका आसरा । मण्डप । कुटिया । घर.

जनि–नी, (स्त्री०) जन्+भावे इन् वा ङीप् । उत्पत्ति । पैदायश । "जायते गर्भः अस्याम्" । जिसमें गर्भ उपजता है । नारी । औरत । माता । मा । स्नुषा । बहु । जाया । "जायते आरोग्यं अनया" । जिस्से आरोग्य (तंदुरस्ती) होता है । एक औषधी । जतुका । एक खुशबूदार पौदा.

जनुस, (न०) जन्+उसि । उत्पत्ति । पैदायश.

जनु–नू, (स्त्री०) जन्+उ वा ऊङ् । उत्पत्ति । पैदायश.

जनित, (त्रि॰) जन्+णिच्+क्त। उत्पन्न कराया गया। पैदा किया गया.

जनितृ, (पु॰) जन्+तृच्। उत्पन्न करनेवाला। पिता। बाप.

जनित्री, (स्त्री॰) जन्+तृच्+ङीप्। उत्पन्न करनेवाली। माता। मां.

जनेन्द्र, (पु॰) जनानां इन्द्रः ईशः-ईश्वरः। लोगोंका इन्द्र (स्वामी) राजा.

जन्तु, (पु॰) जन्+तु। प्राणी। प्राणवाला। अविद्यादोषसे देहमें आत्माका अभिमान करनेवाला। जीव.

जन्तुघ्न, (पु॰) जन्तून् कृमीन् हन्ति+टक्। विडङ्ग। हिङ्गु। हींग। प्राणिओंको मारनेवाला (त्रि॰).

जन्तुफल, जन्तवः फले अस्य। जिसके फलमें जीव हों। उदुम्बर। गूलर.

जन्तुला, (स्त्री॰) जन्तून् कीटान् लाति। ला+क। काशतृण। काही। इसमें बहुतसे कीडे रहते हैं.

जन्मन्, (न॰) जन्+मनि। उत्पत्ति। आद्यक्षणका सम्बंध। गर्भमें रहकर योनिसे बाहिर आना। (न्यायमें) अपूर्वदेहादिसे सम्बंध। (ज्योतिषमें) जन्मका नक्षत्र (तारा)। जन्मलग्न.

जन्मनामन्, (न॰) जन्मना नाम। जन्मसे बारहवें दिनमें रक्खा गया नाम.

जन्मप्रतिष्ठा, (स्त्री॰) जन्मनः प्रतिष्ठा। जन्मका स्थान। अपनी पैदाइशकी जगह.

जन्मभाषा, (स्त्री॰) जन्मना प्राप्ता भाषा। जन्मसे प्राप्त हुई भाषा। मातृभाषा.

जन्मभूमि, (स्त्री॰) जन्मनः भूमिः। जन्मकी पृथिवी। उत्पत्तिस्थान.

जन्ममास, (पु॰) ६ त॰। जन्मका महीना। जन्मदिनकी अवधिवाला तीस दिनका महीना.

जन्मरोगिन्, (त्रि॰) जन्मना रोगः अस्ति अस्य। णिनि। जो जन्महीसे रोगी है.

जन्महेतुः, (पु॰) जन्मनः हेतुः। जन्मका कारण। पैदाइशका सबब.

जन्मान्तर, (न॰) अन्यत् जन्म मयू॰ स॰। दूसरा जन्म। दूसरा संसार। परलोक। नई दुनियां.

जन्मान्तरं, (न॰) अन्यत् जन्म-मयूरव्यंस॰ स॰। दूसरा जन्म। और जन्म.

जन्मान्ध, (त्रि॰) जन्मना अन्धः। जो जन्महीसे अन्धा है.

जन्माष्टमी, (स्त्री॰) श्रीकृष्णके जन्मकी तिथि। सावनके कृष्णपक्षकी अष्टमी.

जन्मी, (पु॰) जन्म अस्ति अस्य इनि। प्राणी। जानदार। जीव। प्राणधारी.

जन्य, (त्रि॰) जन्+कर्तरि यत्। जायमान। पैदाहुआ। "जन्+णिच्+यत्" उत्पाद्य। पैदाकरनेलायक। जनक। पिता। पैदाकरनेवाला। और नई विवाही हुई स्त्रीके जातीके लोग। अट। अटारी। परीवाद। बदनामी। प्रीति। युद्ध। लडाई और शरीर (पु॰)। "भावे यत्" जनन। उत्पन्न होना (न॰)। मांकी सहेली (स्त्री॰).

जप्, मनमें बोलना। उच्चारण। बोलना। भ्वा॰ पर॰ सक॰ सेट्। जपति। अजापीत्-अजपीत्.

जप, (पु॰) जप्+अच्। वेदके मन्त्रआदिका वार २ बोलना। वार २ उच्चारण करना। मन्त्र आदिका भाषण.

जपा, (स्त्री॰) जप्+अच् वा पस्य वः। अपने नामका वृक्ष उसका फूल.

जभ्, मैथुन-जुडा-भोग करना। भ्वा॰ पर॰ सक॰ सेट्। इदित्। जम्भति। अजम्भीत्.

जभ्, जृम्भण। उबासी लेना। भ्वा॰ आत्म॰ सेट्। जम्भते। अजम्भिष्ट.

जम्, भक्षण। खाना। भ्वा॰ पर॰ सक॰ सेट्। जमति। अजमीत्.

जमदग्नि, (पु॰) परशुरामका पिता। एक मुनि.

जम्पती, (पु॰ द्वि॰ व॰) जाया च पतिश्च। द्वं॰ जायाया जम्। दम्पती। स्त्री और पुरुषका जोडा.

जम्बाल, (पु॰) जम्ब्+घञ् जम्बं आलाति। आ+ला+क। पङ्क। कीचड। शैवल। सेवाल। केतकी। केवडा.

जम्बालिनी, (स्त्री॰) जम्बाल+अस्ति अर्थे इनि। जंगालवाली नदी.

जम्बु-म्बू, (स्त्री॰) जन्+कु नि॰। वुक्। पृ॰। वा उङ्। जामनूका वृक्ष। "उसका फल" इस अर्थमें अण् उसका विकल्पसे लोप। "जाम्बवं" वा ह्रस्वे "जम्बु" सी। जामनका फल.

जम्बुक, (पु॰) जम्बु इव कायति। कै+क। गोलावजामनुनामी वृक्ष। "स्वार्थे कन्" जम्बुशब्दके अर्थमें। गीदड.

जम्बुद्वीप, (पु॰) जम्बुवृक्षचिह्नितो द्वीपः। शाक॰। जामनुवृक्षके निशानवाला द्वीप (जजीरा)। सात द्वीपोंमेंसे एक.

जम्बूक, (पु॰) जम्-नि॰। शृगाल। गीदड। नीच। वरुण। गुलाब। जामनु। दाख (स्त्री).

जम्भ, (पु॰) जभि+घञ्। एक दैत्य। दांत। जंबीर। अंश। हिस्सा। हनु। ठोडी और तूण। तर्कस "भावे घञ्" खाना। उबासी लेना। जृम्भण। "अ" जृम्भा। उबासी। जम्भाई (स्त्री॰).

जम्भभेदिन्, (पु०) जम्भं दैत्यं भिनत्ति । भिद्+णिनि । जो जम्भ नामी दैत्यको फाडता है । इन्द्र । " जम्भभेदन " आदि । यही अर्थ.

जम्भला, (स्त्री०) जम्भं जृम्भां लाति । ला+क । एक राक्षसी (इसका स्मरण करनेसे ज्वर (ताप-बुखार) नाश हो जाता है और ज्वरके उठनेपर उसके पहिले आनेहारी उवासीका भी नाश होता है) । " समुद्रस्योत्तरे तीरे जम्भला नाम राक्षसी".

जय, (पु०) जि+भावे अच् । शत्रुओंका अभिभवन (तिरस्कार-दवाना) । नारायणका पार्श्वचर (पास विचरनेहारा) । विराटके पुरमें गुप्त नामवाला युधिष्ठिर । देवी (स्त्री०).

जयढक्का, (स्त्री०) जयसूचिका ढक्का । जीतको बतानेहारा बाजा । वाद्यभेद । एक प्रकारका बाजा.

जयद्रथ, (पु०) जयन् रथो यस्य । जिसका रथ जीतनेवाला है । सिन्धुदेशका राजा । दुर्योधनका भगिनीपति (बहनोई) । महाभारतकी लडाईमें इसीने अभिमन्युको मारा और आप अर्जुनसे मारागया.

जयन्त, (पु०) जि+झच् । इन्द्रके पुत्रका नाम । चन्द्रमा । शिवजी । विराटके पुरमें गुप्तनामवाला भीम.

जयन्ती, (स्त्री०) जयति रोगान् । जि० शतृ+ङीप् । एक दुर्गा । " जयन्ती मङ्गला काली " इति मन्त्रः । झंडा । इन्द्रकी कन्याका नाम । जरा । बुढाप्पा । जयन्ती वृक्ष । " सावना (श्रावण) महीनेको कृष्णपक्षकी अष्टमी यदि रोहिणी नक्षत्रके साथ हो और आधीरातके पहिले वा पीछे भी उसकी कोई कला (भाग) अवश्य हो उसका नाम जयन्ती हो जाता है " इस प्रकारका योग (इसी योगमें श्रीकृष्णदेवका जन्म हुआ) पताका । निशान । झंडी.

जयपत्र, (न०) जयसूचकं पत्रम् । जीतको जतानेहारा पत्र । " पहिली और पिछली क्रियावाला निर्णय (फैसला करनेके पीछे जो जीतनेवालेको लिखाहुआ पत्र दिया जाता है " जीतका लेख (नविश्त) । अश्वमेधयज्ञमें घोडेके मस्तकपर बंधा पत्र (चिट्ठी).

जयपाल, (पु०) जयेन पालयति । पाल+अच् । वृक्षविशेष । ब्रह्म । विष्णु । राजा । जमालगोटेका वृक्ष.

जया, (स्त्री०) जि+अच् । हरीतकी । हरीड । जयन्ती । दुर्गा । विजया (भंगा-भांग) । एक झंडी । नीलदुर्गा । शान्तावृक्ष । (ज्योतिषमें) त्रयोदशी, अष्टमी और तृतीया तिथिसमूह.

जय्य, (त्रि०) जेतुं शक्यः । जी+यत् । "क्षय्यजय्यौ शक्यार्थे" नि० । जिसे जीतसक्ते हैं । जेतुं शक्य । जीता जासकनेवाला.

जरठ, (त्रि०) जॄ+अरठच् । कर्कश । कठोर । सख्त । पाण्डु । जर्द । जीर्ण । पुराना । बूढा.

जरत्, (त्रि०) जॄ+अतृन् । वृद्ध । बूढा । जीर्ण । पुराना । जरायुक्त । बुढाप्पेवाला । "स्त्रियां" जरती । बूढी.

जरत्कारु, (पु०) मनसादेवीका पति । एकमुनि । मनसादेवी. (स्त्री०).

जरद्गव, (पु०) जरन् गौः षच्समा० वृद्धोक्ष । बूढा बैल । एक गीध.

जरन्त, (पु०) जॄ+झच् । महिष । भैंसा । जीर्ण । बूढा । (त्रि०).

जरा, (स्त्री०) जॄ+अङ् । वह अवस्था कि जिसमें शरीर शिथिल (ढीला) हो जाता है । बुढाप्पा.

जराजीर्ण, (त्रि०) जरया जीर्णः । बुढेपेसे जीर्ण (पुराना) । शिथिल अंगोंवाला.

जरातुर, (त्रि०) जरया आतुरः–तृ० त० । बुढेपेसे पीडित । ढीले अंगोंवाला । वृद्ध । बूढा.

जराभीरुः, (पु०) जरायाः भीरुः । पं० त० । प्यारका देवता । कामदेव । (बुढेपेसे डरनेवाला).

जरायुज, (त्रि०) जरायुतो जायते । जन्+ड । जो जरासे युक्त उपजता है । पशु-मृग सांप-भीतर बाहिर दांतवाले-राक्षस-पिशाच और मनुष्य जरायुज हैं । जो चमडेके समान महीनसी होती है उसे जरायु कहते हैं उसीमें शुक्र (वीर्य) और शोणित (लोहू)का योग होकर गर्भ बनता है इसीसे वह जरायुज कहा जाता है " इस प्रकारका गर्भ " जो जेरसे निकलें.

जरावस्था, (स्त्री०) जरायाः अवस्था । बुढेपेकी अवस्था (हालत) बुढापा । वृद्धावस्था.

जरासंध, (पु०) एक प्रसिद्ध राजाका नाम । जो बडा बहादुर था । बृहद्रथका पुत्र । इसे जरानाम राक्षसीने नदीमें बहतेहुए दो भागोंको जोड दिया इसी निरुक्तिसे इसका नाम जरासन्ध हुआ.

जरित, (त्रि०) जरा+इतच् । जिसे बुढपा आगया । बूढा । बडी उमरवाला.

जरिन्, (त्रि०)–णी । (स्त्री०) । जरा अस्ति अस्य+इनि । जिसे बुढापा है । बूढा । बडी उमरवाला.

जरूथ, (त्रि०) जॄ+ऊथन् । कठिन (सख्त) बोलनेवाला.

जर्जरित, (त्रि०) जर्ज-णिच्+कर्मणि-क्त । जर्जर (बूढा) होगया । ढिलक गया.

जर्च–र्झ–(र्ज), कहना-झिडकना । तुदा० पर० सक० सेट् । जर्च (र्छ) र्जति । अजर्चीं (र्छीं) र्जीत्.

जर्जर, (पु०) (न०) जर्ज+अरन् । इन्द्रका झंडा । शक्रध्वज । बूढा (त्रि०).

जर्झ्, कहना। निन्दा करना। तुदा॰ पर॰ सक॰ सेट्। जर्झति.

जल्, आच्छादना। ढांकना। चुरा॰ उभ॰ सक॰ सेट्। जाल्यति-ते.

जल्, तेज होना। भ्वा॰ पर॰ सक॰ सेट्। जलति। अजालीत्। जल। जालः.

जल, (त्रि॰) जल्+अच्। जड। मूर्ख। ठंडा। उदर। पेट। गंधद्रव्य। (ज्योतिषमें) लग्नसे चौथा घर। पूर्वाषाढा नक्षत्र (न॰) पांच भूतोंमेंसे एक अर्थात् पानी (न॰).

जलकण्टक, (पु॰) जलस्य कण्टक इव। मानों पानीका कांटा है। शृङ्गाटक। सिंघाडा। कुम्भीर। संसार.

जलकपि, (पु॰) जले कपिरिव। मानों पानीमें बानर है। शिशुमार। जलजन्तुभेद। घडियाल.

जलकरङ्क, (पु॰) जलस्य करङ्क इव आधारः। खोपडीके समान पानीका आसरा। नारिकेल। नारियेल। नरेल। मेघ। बादल। कमलफूल। खंख। पानीकी तरंग (लहर).

जलकाक, (पु॰) जले काक इव। पानीमें मानों कौआ है। पानकौडी नामी एक प्रकारका पक्षी.

जलकुन्तल, (पु॰) जलस्य कुन्तलः केश इव। मानो पानीकी जुल्फ है। शैवाल.

जलक्रीडा, (स्त्री॰) जलस्य क्रीडा। जलकेली। जलकी खेल। आपसमें पानीसे खेल करना.

जलचर, (पु॰) जले चरति। चर्+टक्। मत्स्य-कूर्म ग्राह-आदि जलके जीव.

जलचारिन्, (पु॰) जले चरति+णिनि। जलमें फिरनेवाला मत्स्य। मच्छी.

जलज, (पु॰) जले जायते। जन्+ड। पानीमें उपजता है। शैवाल वा नीरवृक्ष। मत्स्य। मच्छ। (ज्योतिषमें) कर्क मीन और मकर राशिका पिछला आधा। कमलफूल (न॰) शंख (पु॰ न॰) पानीमें उपजी वस्तु (त्रि॰).

जलतरङ्ग, (पु॰) जलस्य तरङ्गः। जलकी तरंग (लहर).

जलताडनम्, (न॰) जलस्य ताडनम्। जलका ताडन करना (टकराना)। कोईसी निरर्थक (निष्प्रयोजन) किया.

जलद, (पु॰) जलं ददाति दा+क। पानी देता है। मेघ। बादल। कर्पूर। काफूर। पानी देनेवाला (त्रि॰).

जलदागम, (पु॰) जलदानां आगमः यस्मिन् समये। जिस वक्त बादल आते हैं। वर्षाकाल। मेघका पानी वर्सनेका काल.

जलधर, (पु॰) जलानां धरः। धृ+अच्। पानी रखनेवाला मेघ। बादल कर्पूर। समुद्र। जलधारण करनेवाला (त्रि॰).

जलधि, (पु॰) जलानि धीयन्ते अत्र। धा+कि। जहां पानी ठहरता है। समुद्र। समुंदर। "तोयधी" आदि भी इसी अर्थमें। चारकी संख्या। एकप्रकारकी गिनती.

जलधिजा, (स्त्री॰) जलधेः जायते। जन्+ड। समुद्रसे निकलती है। लक्ष्मी.

जलनिधि, (पु॰) जलानि निधीयन्ते अत्र। नि+धा+कि। जहां पानी ठहरते हैं। समुद्र। चारकी संख्या.

जलनिर्गम, (पु॰) जलानां निर्गमः। जलोंका निकास। नदी आदिके जलका घूमना। नीचे ठहिरेहुए पानीका ऊपरको जाना। प्राकार। फसील.

जलप्राय, (न॰) जलं प्रायं यत्र। जहां अधिक पानी हो। बहुजलदेश.

जलबुद्बुद, (न॰) ६ त॰। जलका बुलबुला। जलबिम्बः

जलमार्ग, (पु॰) ६ त॰। प्रणाली। मोरी। नाली। जलका रास्ता.

जलमुच्, (पु॰) जलानि मुञ्चति। जो पानी छोडताहै। मुच्+क्विप्। मेघ। बादल.

जलयन्त्र, (न॰) जलानां उत्क्षेपणार्थं यन्त्रं। पानीके ऊदण ऊपर फेंकनेकी कला। फोहारा। भुआरा.

जलयानम्, (न॰) जलस्य यानं। जलकी सवारी। पोत। जहाज.

जलराशि, (पु॰) जलस्य राशिः। जलका समूह। समुद्र.

जलवाद्यम्, (न॰) जलस्य वाद्यं। जलका वाद्य (वाद्य)। एक प्रकारका बाजा जिसे जलतरंगभी कहते हैं.

जलवेतस, (पु॰) जले जातः वेतसः। शाक॰। पानीमें उपजाकौं। वेतसभेद। वैंत.

जलव्याल, (पु॰) जलस्थः व्यालः हिंस्रः। पानीका मारनेवाला जीव। सर्प। सांप। क्रूर (बेरहम) काम करनेवाला जन्तु (जीव).

जलशायिन्, (पु॰) जले (समुद्रजले) शेते। शी+णिनि। जो समुद्रके पानीमें लेटता है (सोताहै)। विष्णु। नारायण.

जलशुक्ति, (स्त्री॰) जलस्य शुक्तिरिव। मानो पानीकी सीपी है। एक प्रकारका जलका जीव। घोंगा। सिप्पी.

जलहस्तिन्, (पु॰) जले हस्तीव। मानों पानीमें हाथी है। ग्राह (तन्दुआ) नामी पानीका जीव। ७ त॰ पानीमें हाथीके स्वरूपका एक जीव.

जलहासं, (पु॰) जलानां हास इव। (चिट्टा होनेसे) मानों पानीका हसना है। फेन। झाग। समुद्रफेन। समुद्रकी झाग.

जलहास, (पु॰) जलस्य हासः। जलका हसना। झाग। एकप्रकारकी मच्छी.

जलात्यय, (पु०) जलस्य अत्ययः ष० त०। जलका नाश। शरद ऋतु। इसमें जल वर्सना समाप्त होजाता है.

जलाधार, (पु०) ६ त०। छोटा तालाव। बडा तालाव। समुद्र। "जलं आधारो यस्य" जिसका आश्रय पानी है। शृङ्गाटक। सिंघाडा। उशीर (न०) चंदन। पानीमें ठहराहुआ (त्रि०) (इसी प्रकार "जलाशय" आदि शब्दभी इसी अर्थमें).

जलाधिदेवत-तं, (पु० न) जलस्य अधिदैवतः वा-तं। जलका अधिष्ठातृ देवता। वरुण देवता.

जलाधिपः, (पु०) जलस्य अधिपः। जलका ईश्वर। वरुण देवता.

जलाम्बिका, (स्त्री०) जलस्य अम्बिका। जलकी माता। कूप। खूआ.

जलार्कः, (पु०) जलस्य अर्कः। जलमें प्रतिबिम्बित सूर्यका स्वरूप। पानीका सूर्य.

जलार्णवः, (पु०) जलस्य अर्णवः। जलका समुद्र। वर्षा-ऋतु। मौसिमी वहार। वर्सात.

जलार्थिन्, (त्रि०) जलस्य अर्थः अस्ति अस्य+णिनि। जल-के प्रयोजनवाला। तृषालु। प्यासा.

जलावर्त, (पु०) आ+वृत्+णिच्+अच् ६ त०। आपही जलोंका घूमना। भंवर। घुंवरघेर.

जलूका, (स्त्री०) जलं ओको यस्याः ६ ब०। जिसका स्थान पानी है। जलौका। जोक.

जलेचर, (पु०) जले चरति। चर्+टक्-अलुक् स०। पानीमें विचरता है। हंस आदि.

जलेन्धन, (पु०) जलानि एव इन्धनानि यस्य। पानीही जिसकी लकडियें हैं। वाडवानल। समुद्रकी आग.

जलेश्वर, (पु०) ६ त०। जलका स्वामी। वरुण। समुद्र.

जलोच्छ्वास, (पु०) जलानि उच्छ्वसन्ति एभिः। उद्+श्वस्+घञ्। जिनसे पानी उछलते हैं। बढेहुए पानीके निकलनेका मार्ग। वहुत पानीका चारों ओर वहना.

जलोदर, (पु०) जलप्रधानं उदरं यस्मात्। ५ ब०। जिस्से पेटमें पानी भरजाय। उदरामय। रोगभेद। एक प्रकारका पेटका रोग.

जलौकस्, (स्त्री०) जलं ओको वसतिः अस्याः। जिसका पानीमें वास है। जोंक। लोहू पीनेवाली। "जलौकसेनेव रक्ताकृष्टिनिपुणेन वेश्याजनेन" वासवदत्ता.

जलौका, (स्त्री०) उच्+क नि०। जलं ओकः स्थानं यस्याः। जिसका स्थान पानी है। जोंक। लोहू पीनेवाली.

जल्प्, वाग्विशेष-बोलना-कहना-अधिक बोलना-बकना। बक-बककरना। भ्वा० पर० सक० सेट्। जल्पति। अज-ल्पीत्। "मयि जल्पति कल्पनाधिनाथे" इति न्याय-शिरोमणिः.

जल्प, (पु०) जल्प्+घञ्। दूसरेको निराकरण (तोड)-कर अपने मतको स्थापन (क़ायम) करनेहारा बचन। जीत चाहनेवालेकी कथा। बात। जल्प। गप्प.

जल्पनम्, (न०) जल्प+ल्युट्। बोलना। कहना। बिकना.

जल्पाक, (त्रि०) जल्प्+षाकन्। बहुनिन्दितवदनशील। बहुत बुरे वचन बोलनेवाला। बकवादी। बक्ता। वाचाल। बहुत बोलनेवाला.

जल्पित, (त्रि०) जल्प-कर्मणिक्त। कहागया। बोल गया। बकवाद किया गया।-तं। बोलना। गप्प लगाना। गप्प.

जव, (पु०) जु+अप्। वेग। जोर (हवा आदिका) तेज.

जवन, (पु०) जु+युच्। वेगवान्। जल्दी जानेवाला। घोडा। एक देश। एक जाति.

जवनिका, (स्त्री०) जवन्ति अस्यां। जु+ल्युट्+स्वार्थे कन्। कनात। पडदा नामसे प्रसिद्ध कपडा.

जवस, (न०) जु+असच्। घास। "यवस" ऐसा भी होता है.

जविन्, (पु०) जवः अस्ति अस्य। इनि। जिसका वेग हो। घोडा। उष्ट्र। ऊंठ। वेगवाला (त्रि०).

जषु, मारना। भ्वा० उभ० सक० सेट्। जषति-ते.

जस्, मोक्षण। छुडाना। दिवा० पर० सक० सेट्। जस्यति। अजसत्। अजासीत् अजसीत्.

जस्, मारना। अनादर। बेइज्जतकरना। चुरा० उभ० सक० सेट्। जासयति-ते। अजीजसत्-त.

जहत्स्वार्था, (स्त्री०) जहत् स्वार्थो यां। अपना अर्थ जिसे छोडता है। एक लक्षणा। जैसे "आयुर्घृतम्".

जहदजहल्लक्षणा, (स्त्री०) जहच्च अजहच्च स्वार्थः यां तादृशी लक्षणा। एक प्रकारकी लक्षणा कि जिसका एक अंश अपने अर्थको छोडता और दूसरा नहीं। वाच्य (अभिधेय) अर्थके एक देशको त्यागकर दूसरे देशमें रहनेवाली लक्षणा। जैसे "ये वही देवदत्त है" यहां "वह" और "यह" समयरूप अर्थको त्यागकर केवल देवदत्त मात्र अर्थके जतानेसे वाच्यार्थके एक देशमें वृत्तिता (रहना-पन) है.

जहल्लक्षणा, (स्त्री०) जहत् स्वार्थः यां उत्तरपदलोपः। कर्म० जिसको अपना अर्थ छोड देता है। जहत्स्वार्था लक्षणा। जैसे "आयुर्घृतम्".

जह्नु, (पु०) चन्द्रवंशका एक राजा। (जिसने गंगाके अवतरण (नीचे आना-उतरना) के समय गंगाको पीलिया) ये पुराणमें प्रसिद्ध है.

जह्नुतनया, (स्त्री०) जह्नोः तनया इव। जह्नुकी मानों कन्या है। उसके पेटमें जाकर फिर निकलनेसे। गंगा.

जागर, (पु०) जागृ+अप्। निद्राभाव। नींदका न होना। जागना। कवच। जिरह.

जागरक, (त्रि०) जागृ+ण्वुल्+गुणः । जागनेवाला । जागा हुआ.

जागरणम्, (न०) जागृ+भावे+ल्युट् । जागना । खबर्दारी रखना । किसी धार्मिक व्रतमें रातको जागा करना.

जागरित, (न०) जागृ+क्त । वह अवस्था कि जिसमें इन्द्रियोंसे विषयोंको भोग सक्ते हैं । जीवहीं स्वप्न आदिके कारण कर्मोंके नाश होनेपर इन्द्रियोंके विषय आदिको जिस अवस्थामें अनुभव कर्ता है । "कर्तरि+क्त ।" जागाहुआ (त्रि०).

जागरितस्थान, (पु०) जागरितं स्थानं अस्य । जिसका स्थान जागाहुआ है । (वेदान्तमें) विश्वनामवाला जीव.

जागरितृ, (त्रि०)–त्री (स्त्री०) जागनेवाला । जागा हुआ । नींदरहित.

जागरिन्, (त्रि०) जागृ+णिनि । जागा हुआ.

जागरूक, (त्रि०) जागृ+ऊक । जागरणशील । जागाहुआ । हुशियार । अप्रमत्त.

जागर्या, (स्त्री०) जागृ+श । जागरण । जागना । "अ" । "जागरा" यही अर्थ.

जागृ, निद्राभाव । जागना । अदा० पर० अक० सेट् । जागर्ति । अजागरीत्.

जाग्रत्, (न०) जागृ+शतृ । इन्द्रिय आदिसे विषयोंके जाननेलायक अवस्था (हालत) । जागाहुआ । (त्रि०) स्त्रियां ङीप्.

जाङ्गल, (पु०) जङ्गले भवः । तत् शीलितं यस्य वा+अण् । जङ्गलमें होनेवाला वा वहीं रहनेवाला । कपिञ्जल पक्षी । निर्जल (बिनपानी) देश हरिण आदि पशु । कुरु देशके पासका देश । उस देशके वासी (त्रि०) व० व०.

जाङ्घिक, (त्रि०) जङ्घाभ्यां आजीवति । जिसका जीवन लातोंपर है । धावक । भागनेवाला । जंघापर जीनेवाला । ऊंठ (पु०).

जाठर, (त्रि०)-री (स्त्री०) जठरे भवः—अण् । पेटमें होनेवाला.

जाड्यम्, (न०) जडस्य भावः+ष्यञ् । जडपना । शीतलता । ठंडापन । अलसपना.

जात, (न०) जन्+क्त । समूह । व्यक्त । प्रकट (जाहिर) जन्म । और पैदाइश । उत्पन्न । पैदाहुआ । अच्छा । प्रशस्त (त्रि०).

जातक, (न०) जातस्य हितं+कन् । उत्पन्न हुएके शुभ वा अशुभका निर्णय (फैसला) करनेवाला बृहज्जातक आदि ग्रन्थ । जातकर्म (जो पैदा होनेके समय किया जाता है)-रूप एक प्रकारका संस्कार.

जातकर्मन्, (न०) जातस्य कर्म । सन्तानके उत्पन्न होनेपर करनेका कर्म (रीतरसम).

जातपक्ष, (त्रि०) जाताः पक्षाः यस्य । जिसके पर निकल आयेहों । परोंवाला.

जातपाश, (त्रि०) जातः पाशः यस्य । जिसे पाश (फांस) पडगयाहो.

जातप्रत्यय, (त्रि०) जातः प्रत्ययः यस्य । जिसे विश्वास होगया हो । विश्वासमें आया हुआ.

जातप्रेत, (त्रि०) जातः एव प्रेतः । उत्पन्न होतेही मरगया.

जातरूप, (न०) जातं रूपं अस्य । जिसका रूप उपजाहै । प्रशस्तवर्ण । अच्छे रूपवाला । स्वर्ण । सोना.

जातवेदस्, (पु०) जातान् प्राणिनः विन्दते जठरानलत्वेन । विद्+लाभ–पाना । असुन् । उत्पन्न होतेही प्राणिओं (जान्दारों) को पेटकी आगके स्वरूपसे प्राप्त कर्ताहै । वह्नि । आग । चित्रकवृक्ष । चित्रा.

जातापत्या, (स्त्री०) जातं अपत्यं यस्याः । जिसे बच्चा उत्पन्न होगयाहो । माता । मां.

जातामर्ष, (त्रि०) जातः अमर्षः यस्य । जिसे क्रोध चढ गया हो । क्रोधमें आयाहुआ । खिजा हुआ.

जाताश्रु, (त्रि०) जाताः अश्रवः यस्य । जिसके आंसु वह आये हों.

जाति, (स्त्री०) जन्+क्तिन् । जन्म । पैदाइश । बहुतोंमें रहनेवाला एक धर्म । जैसे गोत्व-मनुष्यत्व-ब्राह्मणत्व-शूद्रत्व आदि । (व्याकरणमें) पोता आदि संतानरूप गोत्र । वेंदकी एक शाखा । (न्यायमें साहचर्य (हेतु-और साध्यका) नियमकी अपेक्षा न करनेहारे साधर्म्यसे और वैधर्म्यसे वादिके वचनोंमें दूषण लगानेवाला वचन । षड्ज आदि सात स्वर । एक अलंकार । चुल्ली । आवला । एक छन्द । मालती (चमेली) एक वृक्ष । जिस्से फूल बहुत निकलते हैं.

जातिब्राह्मण, (पु०) जात्या ब्राह्मणः । जातिसे ब्राह्मण । तपस्या औ वेदसे हीन ब्राह्मण । निन्दाके लायक ब्राह्मण.

जातिवैरिन्, (पु०) जात्या वैरं अस्ति अस्य+णिनि । जन्महीसे जो शत्रु हो.

जातिशब्दः, (पु०) जातिवाचकः शब्दः । जातिहीको सूचन करनेहारा शब्द जैसेगौः–अश्वः–पुरुषः–हस्ती.

जातिस्मर, (त्रि०) जातिं (पूर्वजन्म) स्मरति । पहिले जन्मको याद कर्ता है । पिछले जन्मको यादकरनेवाला जन.

जातीफल, (न०) ६ त० । जायफल नामसे प्रसिद्धफल.

जातीय, (त्रि०) जातौ भवः+छ (ईय) । जातिमें हुआ । एकजातका । सजातीय । (किसी शब्दके आगे "जातीय" प्रत्यय प्रकार अर्थमें आजाता है जैसे "तार्किकजातीयः" तार्किकप्रकारः । न्यायशास्त्रके जाननेहारा).

जातु, (अव्य०) कदाचित् । किसीसमय । कभी । शब्द । निन्दा । निषेध । निस्सन्देह.

जातुधान, (पु०) जातु धानं (सन्निधानं) अस्य । कभी अवसर पाकर जिसे पकडते हैं । राक्षस । "यातुधान" भी.

जातुष (त्रि०) जतुनो विकारः+अण् । षुगागमः । लाखका वनाहुआ पदार्थ । लाखकी चीज.

जातूकर्ण, (पु०) एक मुनिका नाम । शिवजीका नाम.

जातेष्टि, (स्त्री०) यज्+क्तिन् इष्टिः । जात । उत्पन्नहुएके संस्कारके लिये कियागया यज्ञ । जातकर्म नामी एक संस्कार । वह संस्कार जो जन्मके समय कियाजाता है.

जातोक्ष, (पु०) जातः प्राप्तशिक्षणीयदशः उक्षा टच्+समा० सिखाने लायक दशाको पहुंचा साँड । जवान साँड.

जात्य, (त्रि०) जातौ भवः+यत् । जातिमें हुआ । कुलीन । श्रेष्ठ । कान्त । खान्दानी । अच्छा । सुन्दर.

जात्यन्ध, (त्रि०) जातौ (जन्मनि) एव अंधः । जन्मका अंधा । जन्मान्ध । "जात्यन्धो बधिरस्तथा" इति मनुः.

जात्युत्तर, (न०) जात्या व्याप्तिहीनाभ्यां साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां उत्तरं । हेतु और साध्यके इकठ्ठा रहनेके नियम विन साधर्म्य और वैधर्म्यसे उत्तर देना । झूठा उत्तर । असत् उत्तर.

जानकी, (स्त्री०) जनकस्य इयं+अण् । जो जनककी (लडकी) हो । सीता.

जानपद, (त्रि०) जनपदे भवः । तत आगतो वा+अण् । देशका वा देशसे आयाहुआ । स्त्रियां ङीप्.

जानु,जन्+ञुण् । ऊरुजंघामध्यभाग । पद और लातोंके बीचका हिस्सा । घुटना । गोड्डा । "स्वार्थे कन्".

जाप, (पु०) जप्+घञ् । चुपचाप मनहीकी प्रार्थना । गुनगुन । कानाफूसी । जप.

जापक, (त्रि०) जप्+ण्वुल् । जप करनेवाला.

जाप्य, (त्रि०) जप्+ण्यत् । जप करनेयोग्य.

जाबाल, (पु०) जबालाया अपत्यं+अण् । जबालाकी सन्तान मुनिभेद । एक मुनि.

जामदग्न्य, (पु०) जमदग्नेः अपत्यं+यञ् । जमदग्निकी सन्तान । जमदग्निका पुत्र परशुराम.

जामा, (स्त्री०) जय् अदने+अण् स्त्रीलम् । कन्या । लडकी पतोहू । नूं.

जामातृ (पु०) जायां माति मिनोति-मिमीते वा तृच् । जो स्त्रीको मापता (हरएक काम उसका देखता है) फेंकता (काम विगडनेपर झिडकता है) और मारता (बडा दोष करनेपर शासन भी कर्ता) । पियारा । स्वामी । लडकीका पति । दुहितृपति । जवाई.

जामि, (स्त्री०) जन्+मिण् नि० वृद्धिः । भगिनी । बहिन । दुहिता । लडकी । स्नुषा । नूं । बहू । कुलस्त्री । निकटकी स्त्री । "जामयो यानि गेहानि" मनुः.

जामेय, (पु०) जाम्याः भगिन्याः अपत्यं+ढञ् । भगिनीसुत । बहिनका लडका । मनेवां.

जाम्बवत्, (पु०) रामायणमें प्रसिद्ध भल्लूकराज (रीछोंका राजा).

जाम्बवती, (स्त्री०) जाम्बवतः अपत्यं स्त्री । जाम्ववान्की स्त्रीरूप सन्तान । कृष्णदेवकी भार्याओंमेंसे एक । जाम्ववान्की कन्या । सापोंको कावू करनेहारी.

जाम्बूनद, (न०) जम्बूनदे भवं+अण् । जम्बूनदमें हुआ स्वर्ण । सोना । एक प्रकारका शुद्ध सोना । धत्तूरा.

जाया, (स्त्री०) जन्+यक् । "पति स्त्रीमें प्रवेशकरके गर्भ होकर इस संसारमें उपजता है । जायाका जायापन यही कि इसमें पतिही पुत्र रूपसे उत्पन्न होता है" । स्त्री । औरत । लग्नसे सातवां घर.

जायाजीव, (पु०) जायया जीवति । जीव्+क । जो स्त्रीके आसरे जीता है । नट । नकल करनेवाला.

जायु, (पु०) जयति रोगान् । जि+उण् । जो रोगोंको जीत लेता है । औषध । दवाई । बूटी.

जार, (पु०) जीर्यते अनेन । जॄ+करणे घञ् । उपपति । जार । यार.

जारज, (त्रि०) जारात् जायते जन्+ड । यारसे पैदा होता है । यारसे उत्पन्न हुआ । कुण्ड । गोलक पुत्र.

जाल, (पु०) जल्-सम्वरण-ढांकना+घञ्, जल्-मारना । णिच्+अच् । जले क्षिप्यते अण् वा । जिससे ढांकते, मारते वा जिसे पानीमें फेंकते हैं । कदमका वृक्ष । बारीका झरोखा । गवाक्ष । छिद्र । मच्छिओंको पकडनेके लिये सणके सूतका बनाहुआ आनाय (जाल) । न खिलीहुई कली । क्षुद्रफल । और पशुपक्षिओंके पकडनेके लिये पाश (फाई-फंदा) । शाठ्य । धूर्तता । दम्भ । पाखण्ड । समूह । इन्द्रजाल (न०) स्वार्थे कन् । मोचकफल । नई कलिओंका समूह (न०).

जालक, (न०) जालं इव कायति कै+क । जालकी भांति शब्द करता है । जाल । समूह । इकठ्ठ.

जालवत्, (त्रि०) जाल+मतुप् । जालवाला । छलिया । कपटी । मायावी.

जालन्धर, (पु०) जाल+धृ+खच्+मुम् । भारतके उत्तर-पश्चिमका एक देश । व्यस ओर सतलुज नदीयोंके मध्यका एक देश.

जालिक, (पु०) जालेन चरति । जाल+ठक् । वागुरिक । फंदक । जालसे जीनेवाला । कैवर्त । धीवर । मर्कटक । मकडी.

जाल्म, (त्रि०) जालयति अपवारयति "म" । (जो अपने दोषको) छिपाताहै । पामर । नीच । मूर्ख । क्रूर । बेरहम । आवला.

जाहम्, (न०) जाहच्–एक प्रत्यय है । संज्ञावाचक शब्दोंके साथ लगाया जाता और शरीरके किसी अवयवको प्रकाश कर्ता है जैसे "कर्णजाहं" कानका मूलस्थान.

जाह्नवी, (स्त्री०) स्वर्गसे आईहुई गंगाको वेगवती देखकर जह्नुराजर्षिने पहिले मुखसे पीलिया पीछे कानके मार्गसे निकाला इसलिये जह्नु राजर्षिकी कन्या होनेसे गंगाको जाह्नवी भी कहागया । गंगानदी.

जि, जय-जीतना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । जयति । अजैषीत्.

जिगीषा, (स्त्री०) जि+सन्+अ । जयेच्छा । जीतनेकी इच्छा । चाह । प्रकर्ष । रक्षक । उद्यम । मिहनत.

जिगीषु, (त्रि०) जि+सन्+उ । जीतनेकी इच्छा करनेवाला.

जिघत्सा, (स्त्री०) अद्+सन्+घसादेशः । भावे । भक्षणेच्छा । खानेकी इच्छा.

जिघत्सु, (त्रि०) अद्+सन् घसादेशे-उ । खानेकी इच्छावाला । भूखा.

जिघांसु, (त्रि०) हन्+सन्–उ । मारनेकी इच्छावाला.

जिज्ञासा, (स्त्री०) ज्ञा+सन्+भावे अङ् । जाननेकी इच्छा.

जिज्ञासु, (त्रि०) ज्ञातुं इच्छुः । ज्ञा+सन्+उ । जाननेकी इच्छा करनेवाला । मुमुक्षु । छूटनेकी चाहवाला.

जित्, (त्रि०) जि+क्विप् । "समासके पीछे आता है" जीतनेवाला । "कंसजित्".

जित, (न०) जि+क्त (भावे) जय । जीत "कर्मणि क्त" । अभिभूत । दबायागया । पराजित । हरादियागया । जीतपानेवाला । वशीकृत । काबू कियागया । आयत्तीकृत.

जितकाशिन्, (त्रि०) जितेन (जयेन) काशते (प्रकाशते) णिनि । जो जीतसे चमक रहा है । जिताहव । जिसने लडाई जीती है । जयी । जीतनेवाला । फतहयाब.

जितमन्यु, (त्रि०) जितः मन्युः येन ब० स० । क्रोधको जीतनेवाला.

जितशत्रु, (त्रि०) जिताः शत्रवः येन । शत्रुओंको जीतनेवाला । विजयी.

जितस्वर्ग, (त्रि०) जितः स्वर्गः येन । स्वर्गको जीतनेहारा.

जितात्मन्, (त्रि०) जितः (वशीकृतः) आत्मा । (इन्द्रियं-मनो वा) येन । जिसने इन्द्रिय वा मनको वश किया है । जितेन्द्रिय.

जिति, (स्त्री०) जि+क्तिन् । जीत । लाभ । नफा । हासिल.

जितारि, (त्रि०) जिताः अरयः येन । जिसने अपने शत्रुको वा कामक्रोधादिको जीत लिया है । रिः (पु०) बुद्धदेव.

जितेन्द्रिय, (त्रि०) जितानि (वशीकृतानि) इन्द्रियाणि येन । जिसने अपनी इन्द्रियोंको वश किया है । "जो मनुष्य सुन, देख, छू, खा और सूंघकर राग द्वेष नहीं कर्ता" हर्ष और विषाद (रंज) से रहित शान्त जीव । कामको बढानेहारा वृक्ष.

जित्वर, (त्रि०) जि+क्वरप् । जयशील । जीतनेवाला । स्त्रियां ङीप्.

जिन, (पु०) जयति संसारं । जि+नक् । संसारको जीतनेहारा । बुद्ध । विष्णु "जित्वर" (त्रि०).

जिष्, सेक-सींचना । भ्वा० पर० सक० सेट्० । जेषति । अजेषीत्.

जिष्णु, (पु०) जिष्+ग्स्नु । अर्जुन । इन्द्र । विष्णु । सूर्य । आठ वसु । जीवनेवाला (त्रि०).

जिष्णु, (त्रि०) जि+ग्स्नु । जीतनेवाला । जयशील.

जिह्म, (त्रि०) हा+मन्-द्वित्वादि नि० । कुटिल । तिरछा । मन्द । मूर्ख । तगरका वृक्ष.

जिह्मग, (पु०) जिह्मं गच्छति । गम्+ड । जो टेढा होकर चलता है । सर्प । सांप । मदनका वृक्ष । धीरे जानेवाला । कुटिल (त्रि०).

जिह्वा, (स्त्री०) लेढि अनया । लिह्+वा नि० । जिस्से चाटता है । रसको जाननेवाली इन्द्रिय । रसना । जीभ । जबान.

जिह्वामूलीय, (पु०) जिह्वामूले भवः+छ । जीभकी जडमें हुआ । क और खसे पहिले आधी विसर्गका चिह्न । जैसे ×क ×ख.

जिह्वारद, (पु०) जिह्वैव रदो दन्तः चर्वणसाधानं यस्य । जीभही जिसके चावनेका साधन है । दन्तहीन । दांतोंके विना । जीभहीसे चावनेहारा पक्षी.

जीन, (त्रि०) ज्या-वयोहानि । अवस्थाका घटना । बूढा होना. कर्तरि क्त सम्प्रसारणं-दीर्घश्च । वृद्ध । बूढा । चर्मपुट् । चमडेका होना.

जीमूत, (पु०) ज्या+क्विप्-जीः तया जरया मूतो बद्धः । मू+वांधना+क्त । बुढेप्पेसे बंधाहुआ । "जयति नभः" जो आकाशको जीतता है । "जीयते वायुना वा" जो हवासे जीता जाता है । जि+क्त-मूट्-दीर्घश्च । "जीवनस्य (जलस्य) मूतः (पटबन्धः)" पानीकी गठडी । मेघ । बादल । मोथा । पर्वत । (पहाड) । देवताड वृक्ष । इन्द्र । कोषातकीलता (बेल).

जीर, (पु०) ज्या+रक् । जीरक । जीरा नामी पदार्थ । (जो मसालेमें डाला जाता है) । खड्ग । तरवार । अणु । छोटा.

जीर्ण, (पु०) जॄ+क्त । जीरा । शैलज (बूटी आदि) (न०) । जरान्वित । बुढाप्पेवाला (त्रि०) । मोटा जीरा (स्त्री०).

जीर्णज्वर, (पु०) जीर्णः ज्वरः । पुराना ज्वर (बुखार).

जीर्णवस्त्र, (त्रि०) (जीर्णानि वस्त्राणि यस्य) । जिसने पुराने वस्त्र (कपडे) पहिने हों.

जीर्णोद्धार, (पु०) जीर्णस्य (भग्नमन्दिरस्य) उद्धारो नवीकरणं यत्र। जहां टूटे फूटे मन्दिर आदिको नया बनवाया जाय। (संस्कार).

जीर्णोद्यानम्, (न०) जीर्णं उद्यानम् कर्म० स०। पुराना उद्यान (बाग).

जीव्, प्राणधारण। प्राणोंको पकडना। भ्वा० पर० अक० सेट्। जीवति। अजीवीत्। णिच्। अजिजीवत्-त। आजीजिवत्-त.

जीव, (पु०) जीव्+क। देहका अभिमानी। आत्मा। मनुष्यसे लेकर कीडों मकौडोंतक चेतन। "प्राणोंको क्षेत्रज्ञ (क्षेत्रको जाननेहारा) स्वरूपसे धारण कर्ताहुआ जीव कहलाता है" प्राणी। "करणे घञ्" जीवनका उपाय "जीव्+णिच्+अच्" वृक्षविशेष। "भावे घञ्" प्राणोंको पकडना.

जीवगृह-मंदिर, (न०) जीवस्य गृहं। जीवका घर। शरीर.

जीवग्राहः, (पु०) जीवन्तं गृह्णाति जीव+ग्रह+णमुल्। जीतेजी पकडा गया अपराधी.

जीवघन, (पु०) जीव एव घनो मूर्तिः (सैन्धवशिलाशकल इव) यस्य। सेंधे लून (नून)की शिलाके टुकडेके समान जीवही जिसकी मूर्ति है। हिरण्यगर्भ.

जीवजीव, (पु०) जीवान् जीवयति+क। देखनेसे तृप्ति करता है। वृत्ति। जीवोंको। जिलानेहारा। चकोर पक्षी.

जीवथ, (त्रि०) जीव्-अथ। बडी आयु (उमर) वाला। -थः (पु०) जीवन (जिंदगी)। सत्ता। कच्छू.

जीवन, (न०) जीव्यते अनेन। जीव+ल्युट्। जिस्से जीते हैं। वृत्ति। जीविका। जल। हैयङ्गवीन। ताजामक्खन। "भावे ल्युट्" प्राणोंको धारण करना "जीवयति"। णिच्-ल्यु। पत्र। जीविक औषध। वायु। छोटे फलोंवाला वृक्ष (पु०).

जीवनयोनि, (स्त्री०) ६ त०। (न्यायमें) शरीरमें प्राणोंके चलनेका कारण इन्द्रियोंसे न जाननेयोग्य एक प्रकारका यत्न.

जीवनहेतु, (पु०) ६ त०। जीनेके कारण। "विद्याशिल्प (कारीगरी), भृति (नौकरी) सेवा, गौओंकी रक्षा, विपणि (दुकानदारी) वृत्ति, कुसीद (व्याज), कृषि (खेती), और भीख मांगना इस प्रकार जीनेके उपाय हैं.

जीवन्ती, (स्त्री०) जीव्+झ+ङीप् स्वार्थे कन् ह्रस्वे अत इत्वम्। गुडूची। जीवाख्यशाक। वन्दा। हरीतकी। हरीड.

जीवन्मुक्त, (त्रि०) जीवन्नेव मुक्तः (त्यक्तसंसारः)। जिसने जीतेही संसारको छोडदिया। आत्माको साक्षात् करनेहारा। जिसने आत्माको जानलिया। प्रारब्धकर्मोंके नाशतक सुषुप्तिके समान व्यवहार करनेहारा। आत्माको जाननेवाला जीव। ब्रह्मस्वरूप आत्माको जाननेवाला.

जीवन्मुक्ति, (स्त्री०) जीवत एव मुक्तिः। जीतेही कर्तृत्व भोक्तृत्व (मैं कर्ता हूं मैं भोक्ता हूं) से छूटना। जीतेही बंधकी निवृत्ति.

जीवपत्नी, (स्त्री०) जीवतः पत्नी। वह स्त्री जिसका पति जीता है.

जीवस्थान, (न०) ६ त०। जीवका स्थान। मर्म। छिपीहुई जगह। जहां चोट लगनेसे जल्दी प्राण छूटजाय.

जीवा, (स्त्री०) जीव्+अच्। जीवयतेरच् वा टाप्। धनुषका चिल्ला। जीवन्तिका औषधी। वचा। पृथिवी। जल। जीवनका उपाय.

जीवातु, (पु० न०) जीव्+आतु। अन्न। जीवन। जीवनकी औषध। मुर्देको जिलानेवाली दवाई.

जीवात्मन्, (पु०) कर्म०। देहका अभिमानी जीव.

जीवाधार, (पु०) जीवस्य आधारः। जीवका आधार। आश्रय। हृदय.

जीविका, (स्त्री०) जीव्+अ+कन्-अत इत्वम्। जीवनका उपाय। आजीवन। रोजी.

जीवितेश, (पु०) ६ त०। जीवनका मालिक। यम। प्राणोंका स्वामी। जीवन। चंद्रमा। सूर्य। पियारा स्वामी (त्रि०).

जीवोपाधि, (पु०) ६ त०। जीवकी उपाधि। स्वप्न, सुषुप्ति और जाग्रत् अवस्था.

जीवोत्सर्गः, (पु०) जीवस्य उत्सर्गः। जीवन (जिदनी) प्राणका त्याग.

जु, रंह-जोरसे चलना-वेग। भ्वा० पर० अक० अनिट्। जवति। जवः.

जुग, त्याग-छोडना। भ्वा० पर० अक० सेट्। इदित्। जुङ्गति.

जुगुप्सा, (स्त्री०) गुप्-निन्दा करना। स्वार्थे सन्-अ-टाप्। निन्दा.

जुटिका, (स्त्री०) जुट्-संहति-इकट्ठा होना-टाप्-नि० पृ० शिखा। चोटी। इकट्ठे हुए २ वाल.

जुड, बांधना-जाना। तुदा० पर० सक० सेट्। जुडति। अजोडीत्.

जुत्, चमकना। भ्वा० आत्म० सक० सेट्। जोतते.

जुन्, गति-जाना। तुदा० पर० सक० सेट्। जुनति.

जुष्, हर्ष-खुशहोना। अक० सेवाकरना। सक० तुदा० आत्म० सेट्। जुषते। अजोषिष्ट.

जुष्ट, (न०) जुष्+क्त। उच्छिष्ट। जूठा। सेवित। सेवा कियाहुआ (त्रि०).

जुहू, (स्त्री०) जुहोति अनया। हु+क्विप्-नि०। जिस्से होम कर्ता है। पलाशकी लकडीका बनाहुआ आधे चंद्रमाके स्वरूपका यज्ञपात्रविशेष। पत्तोंका बनाहुआ एक प्रकारका यज्ञका पात्र.

जूति, (स्त्री०) जु+क्तिन् । नि० दीर्घः । वेग । जोर । तेजसे चलना.

जूर, बूढाहोना । अक० वध । मारना । सक० दिवा० आत्म० । जूर्यते । जूर्णः.

जूर्ति, (स्त्री०) ज्वर+क्तिन् । सम्प्रसारणं । ज्वर । ताप । बुखारका रोग.

जूष्, मारना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । जूषति-ते । अजूषीत् । अजूषिष्ट.

जॄ, जरा-बूढाहोना । दिवा० पर० अक० सेट् । जीर्यति । अजरत् । अजारीत्.

जृम्, जृम्भणम् । खोलना-उबासी लेना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । जर्मते । अजर्मिष्ट.

जृम्भ, (पु०) जृभि+घञ् । मुखविकाश । मुंका खोलना । अ टाप् । इसी अर्थमें (स्त्री०) । ततः स्वार्थे कन् । अत इत्वं "जृम्भिका".

जृम्भकास्त्र, (न०) जृभि+णिच्+ण्वुल्-कर्म० । शत्रुको उबासी लानेवाला हथियार । सुलानेवाला अस्त्र.

जेतृ, (त्रि०) जि-तृच् । जीतनेवाला.

जेमन, (न०) जिम्+ल्युट् । भक्षण । भोजन । खाना । खुराक.

जेय, (त्रि०) जि+कर्मणि यत् । जेतव्यमात्र । जीतनेलायक.

जै, क्षय । नाशहोना । घटना । भ्वा० पर० अक० अनिट् । जयति । अजासीत् । जानः.

जैत्र, (त्रि०) जेता एव । प्रज्ञादि अण् । जयशील । जीतनेवाला । पारद । पारा (पु०) औषध । दवाई (न०).

जैन, (पु०) जिनो देवता अस्य अण् । जिसका देवता जिन है । बौद्धधर्मको अवलम्बन करनेहारा । अर्हत्‌का उपासक.

जैमिनी, (पु०) वेदपर मीमांसाके सूत्र बनानेहारा । व्यासका शिष्य एक मुनि.

जैव, (त्रि०) जीवस्य इदं+अण् । जीवका । अथवा आत्माका सम्बन्धी । जीववाला.

जैवातृक, (पु०) जीव्+आतृच् । ततः कण् वृद्धिश्च । चन्द्रमा । औषध । कर्पूर । काफूर । दीर्घायुष्क । बडी उमरवाला (त्रि०).

जोषम्, (अव्य०) सुख । प्रशंसा । तारीफ । बडाई । चुपचाप । लांघना.

जोषा, (स्त्री०) जुष्-घञ् । नारी । स्त्री । औरत । तीमत.

जोषित्, (स्त्री०) जुष्+इति । नारी । स्त्री । औरत । तीमत.

ज्ञप्, मारना-प्रकाशकरना-तेजकरना-प्रसन्नकरना-स्तुति करना । चुरा० उभ० सक० सेट् । ज्ञपयति । ते अजिज्ञपत्-त.

ज्ञपित, (त्रि०) ज्ञप्+क्त । मारित । मारागया । ज्ञापित । इत्तिला दियागया । जनायागया । नि० । "ज्ञप्त" भी होताहै.

ज्ञप्ति, (स्त्री०) ज्ञप्+क्तिन् । अकिल । जान्ना.

ज्ञा, बोध-समझना । जान्ना । क्र्या० पर० सक० अनिट् । जानाति । अज्ञासीत्.

ज्ञातसिद्धान्त, (पु०) ज्ञातः सिद्धान्तः तत्वार्थः येन । जिसने असली बातको जानलिया है । सिद्धान्तको अच्छी तरह जान्नेहारा.

ज्ञाति, (पु०) ज्ञा-कर्तरि-करणे वा क्तिच् । पिता । पिताके वंशमें होनेवाला । सपिण्ड, सकुल्य, समानोदक और गोत्रजरूप एक गोत्रमें उत्पन्नहुए चाचाआदि । बरादरी.

ज्ञातृ, (त्रि०) ज्ञा+तृच् । जान्नेवाला.

ज्ञातेय, (न०) ज्ञातेर्भावः ढक् । जातिका होना । जातिका= कुलका काम.

ज्ञान, (न०) ज्ञा+भावे ल्युट् । जान्ना । सामान्य विशेषरूप बुद्धि । "ज्ञान दो प्रकारका है वस्तुमात्रको प्रकाश करनेहारा निर्विकल्पक, और संज्ञा (नाम) आदिको प्रकाश करनेहारा सविकल्पक है" । वह (सविकल्पक) संकल्प, संशय, भ्रान्ति, स्मृति, सादृश्य, निश्चय और अनुभव आदि भेदसे कई प्रकारका है.

ज्ञानकृत, (त्रि०) ज्ञानेन कृतम् । जानबूझकर किया गया.

ज्ञानगम्य, (त्रि०) ज्ञानेन गम्यम् । ज्ञानसे प्राप्त वा लाभ करनेयोग्य.

ज्ञानचक्षुस्, (न०) ज्ञानस्य चक्षुः । ज्ञानका नेत्र । प्रज्ञाचक्षु । मनकी आंख.

ज्ञानतः, (अव्य०) ज्ञान+तसिल् । ज्ञानसे । जानबूझकर । इरादेसे.

ज्ञानतत्त्वम्, (न०) ज्ञानस्य तत्त्वम् । ज्ञानका तत्त्व (असलीमत) सच्चा ज्ञान । ईश्वरका ज्ञान.

ज्ञानदुर्बल, (त्रि०) ज्ञाने दुर्बलः । ज्ञानमें दुर्बल (कमजोर) ज्ञानरहित.

ज्ञाननिष्ठ, (त्रि०) ज्ञाने निष्ठा यस्य । स० । आध्यात्मिक ज्ञानकी प्राप्तिमें लगा हुआ.

ज्ञानमय, (त्रि०) (ज्ञान+मयट्) ज्ञानस्वरूप.

ज्ञानयज्ञः, (पु०) ज्ञानं एव यज्ञः यस्य । सत्य आत्मिक ज्ञानको धारण करनेवाला मनुष्य । दार्शनिक । तत्त्वज्ञानी.

ज्ञानयोग, ज्ञानं एव योगः कौशलं ब्रह्मप्राप्त्युपायो वा । ज्ञानरूपी चतुराई वा ब्रह्मकी प्राप्तिका उपाय है । ब्रह्मके पानेका उपाय । एक प्रकारकी निष्ठा (स्थिति).

ज्ञानलक्षण, (स्त्री०) ज्ञानं एव लक्षणं स्वरूपं यस्या व्याप्रतेः । जिस व्यापारका ज्ञानही स्वरूप है । (न्यायमतमें) ज्ञानका साधन । अलौकिक सन्निकर्षविशेष.

ज्ञानवापी, (स्त्री०) ज्ञानकी बावली । काशीमें एकतीर्थ है.

ज्ञानसाधन, (न०) सिध्+णिच्-करणे ल्युट् । ६ त० । जान्नेका साधन । इन्द्रिय.

ज्ञानापोह, (पु०) अप-ऊह+घञ् । ६ त० । विसरण । भूलना । ज्ञानका जाता रहना.

ज्ञानाभ्यास, (पु०) ६ त० । ज्ञानका अभ्यास । "उसीको सोचना । कहना, आपसमें समझना । और उसीमें लगे रहना" इत्यादिरूपसे ध्यान करनेयोग्य विषयकी चिन्ता.

ज्ञानिन्, (त्रि०) ज्ञानं अस्य अस्ति+इनि । जान्नेवाला । सामान्यज्ञानवाला । तत्त्वज्ञानी । असली बातको जान्नेहारा । दैवज्ञ । ज्योतिषी (पु०).

ज्ञानेन्द्रिय, (न०) ६ त० । ज्ञानकी इन्द्रिय । सुन्ने देखने आदि ज्ञानके साधन । कान, आंख, नाक, जीभ, त्वग्रूप इन्द्रिय । अन्तःकरण । मन.

ज्ञापक, (त्रि०) ज्ञा+णिच्+ल्यु । जनानेवाला । सिखानेवाला । जतलानेवाला ।–कः (पु०) शिक्षक । सिखानेवाला । आज्ञा करनेवाला । स्वामी । मालिक ।–कं (न०) (दर्शनमें) किसी नियमके नियत शब्दोंमेंसे अधिक अर्थको सूचन करनेवाला नियम.

ज्ञापनम्, (न०) ज्ञा+णिच्+ल्युट् । जतलाना । इत्तिला-देना । सिखलाना । सूचन करना.

ज्ञापित, (त्रि०) ज्ञा+णिच्+क्त । जतलाया गया । इत्तिला दियागया । सूचना दियागया.

ज्ञीप्सा, (स्त्री०) ज्ञा+सन्+भावे अ । जान्नेकी इच्छा.

ज्ञेय, (त्रि०) ज्ञा+कर्मणि यत् । जान्नेके योग्य । समझनेलायक । ध्यान करनेयोग्य । प्रत्यक्ष होनेलायक.

ज्या, बूढा होना । क्र्या० पर० अक० अनिट् । जिनाति । अज्ञासीत्.

ज्या, (स्त्री०) ज्या+अङ् । मौर्वी । धनुषका चिल्ला । माता । भूमि । जमीन.

ज्यानि, (स्त्री०) ज्या+क्तिन् । जीर्णता । बूढापन । पुरानापन । हानि । नुकसान । नदी । दर्या.

ज्यायस्, (त्रि०) अतिशयेन वृद्धः ईयसुनि ज्यादेशः । इको आ होताहै । बहुत बडा । बहुत बूढा । बुढापावाला । अतिशय वृद्ध । स्त्रियां ङीप्.

ज्युत्, दीप्ति-चमकना । भ्वा० पर० अक० सेट् । ज्योतति.

ज्येष्ठ, (त्रि०) वृद्ध० इष्ठन् । ज्यादेशः । बहुतही बूढा । अतिवृद्ध । बहुत अच्छा । अग्रज (पु०) (बडा भाई) बडी बहिन । अवस्थामें बडी बडे भाईकी स्त्री (स्त्री०) टाप् । गंगा । अलक्ष्मी । अठारवां नक्षत्र (स्त्री०) । ङीप् । "ज्येष्ठी".

ज्येष्ठतात, (पु०) तातस्य ज्येष्ठः । पिताके आगे उत्पन्न हुआ ताया जेठा.

ज्येष्ठवर्णः, (पु०) ज्येष्ठः वर्णः । सबसे ऊंची जाति (ब्राह्मण).

ज्येष्ठांशः, (पु०) ज्येष्ठस्य अंशः । बडेभाईका भाग (हिस्सा) । उत्तमभाग.

ज्येष्ठाश्रम, (पु०) ज्येष्ठ आश्रमो यस्य । सबसे बडे आश्रम-वाला । "तीनो आश्रमोंको अन्नादिद्वारा गृहस्थही धारण कर्ता है इस लिये यही बडा आश्रम है" गृहस्थाश्रम.

ज्यैष्ठी, (पु०) ज्येष्ठानक्षत्रेण युक्ता पौर्णमासी ज्यैष्ठी साऽस्मिन् मासे अण् । अपने नामका चांद्रमास । जेठका महीना.

ज्यैष्ठ्य, (न०) ज्येष्ठस्य भावः ष्यञ् । ज्येष्ठत्व । बडापन । "विप्राणां ज्ञानतो ज्यैष्ठ्यम्" इति मनुः.

ज्योक्, (अव्य०) सम्प्रति । अब । बहुत समय । जल्दी । सवाल । प्रश्न.

ज्योतिरिङ्ग, (पु०) ज्योतिरिव इङ्गति । इग्+अच् । रौशनीकी तरह चमकताहै । खद्योत । टणाणा ।–रिङ्गण । आगकी मक्खी.

ज्योतिर्विद्, (पु०) ज्योतिषां (सूर्यादीनां) गत्यादिकं वेत्ति । जो सूर्य आदिकी गति (चाल) को जानताहै । विद्+क्विप् । ज्योतिःशास्त्रको जान्नेवाला.

ज्योतिःशास्त्र, (न०) ६ त० । ग्रह और नक्षत्र आदि-की गति और स्वरूपका निश्चय करनेवाला । इस शास्त्रके पांच स्कन्ध शास्त्रमें कहे हैं "होरा, गणित, संहिता, केरल और शकुन".

ज्योतिश्चक्र, (न० ६ त० । सूर्यआदि ज्योतियोंका मण्डल (दायरा) । सत्ताईस नक्षत्रोंवाला मेषआदि राशिओंका चक्र.

ज्योतिष्, (न०) ज्योतिः अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः । ज्योति (ग्रह आदि) के विषयमें रचागया ग्रन्थ । नि० न वृद्धिः । ज्योतिःशास्त्र । वृद्धि । तरक्की । "ज्यौतिषं" यही अर्थ.

ज्योतिष्टोम, (पु०) ज्योतींषि स्तोमा यस्य षत्वम् । ज्योति जिसके स्तोम (धन वा स्तोत्र) हैं । सोलह ऋत्विजोंसे सिद्ध करने योग्य यज्ञविशेष.

ज्योतिष्मत्, (पु०) ज्योतिः अस्ति अस्य मतुप् । ज्योति-वाला सूर्य । प्लक्षद्वीप (जजीरां)का एक पर्वत । और मालकङ्गनी नामी लता (बेल) । रात्रि । रात । (योग-शास्त्रमें) चित्तकी वृत्तिका एक भेद । (स्त्री०) ङीप् । ज्योतिषवाला (त्रि०).

ज्योतिस्, (पु०) द्योतते द्युत्यतेऽनेन वा । द्युत्+इसुन् । आदि दको ज होता है । चमकता है वा जिस्से चमकाया जाता है । सूर्य । अग्नि । और मेथीका वृक्ष । आंखकी कनीनिका (पुतली) में देखनेका साधन । पदार्थ । नक्षत्र (तारा) । प्रकाश । आपही चमकनेवाला । सबको चमकानेहारा चैतन्य (न०).

ज्योत्स्ना, (स्त्री०) ज्योतिः अस्ति अस्यां । न । उपधालोपश्च । जिसका प्रकाश हो । कौमुदी । चांदनी । चन्द्रमाकी किरण । ङीप् । ज्योतिवाली रात्रि (स्त्री०).

ज्यौतिषिक, (पु०) ज्योतिषां शास्त्रं वेत्ति अधीते वा ठक् (इक्) । ज्योति (ग्रह आदि) ओंके शास्त्रको जानता वा पढता है । दैवज्ञ । भाग्यको जानेहारा । ज्योतिषी.

ज्रि, अभिभव-दबाना-तिरस्कार करना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । ज्रयति । अज्रैषीत्.

ज्री, वयोहानि । बूढा होना । चुरा० उभ० पक्षे क्र्या० पर० अक० अनिट् । ज्राययति-ते । ज्रिणाति.

ज्वर्, रोग-रोगी होना । भ्वा० पर० अक० सेट् । ज्वरति.

ज्वर, (पु०) ज्वर्+घ । अपने नामका एक रोग । बुखारकी बीमारी । ताप । कस्स । बुखारकी गर्मी.

ज्वरघ्न, (पु०) ज्वरं हन्ति । हन्+टक् । जो ज्वर (बुखार को मारता है । गिलोय । गुडूची । ज्वरका नाशक (त्रि०) मंजीठ (स्त्री०).

ज्वरप्रतीकार, (पु०) ज्वरस्य प्रतीकारः । ज्वरका उपाय (इलाज).

ज्वराग्निः, (पु०) ज्वरस्य अग्निः । ज्वर (बुखार) की अग्नि=ताप (आग).

ज्वरान्तक, (पु०) अन्तयति । अन्त+तत् करोति णिच् ण्वुल् । ६ त० । ज्वरको अन्त करनेवाला । नेपालकी नीम । लोहेकी बनीहुई दवाई । बुखारको दूर करनेवाली दवाई (त्रि०).

ज्वरापहा, (स्त्री०) ज्वरं अपहन्ति । अप+हन्+ड । ज्वरको दूर कर्ती है । वेल । सोंठ । बिल्वपत्र । ज्वरनाशक (त्रि०).

ज्वरित, (त्रि०) ज्वरः सञ्जातः अस्य । तारका० इतच् । जिसे बुखार होगया हो । ज्वरयुक्त । बुखार चढाहुआ.

ज्वल्, दीप्ति-चमकना-चलन-चलना । भ्वा० पर० अक० सेट् । ज्वलति । अज्वालीत् । ज्वलयति । ज्वलः । ज्वालः.

ज्वलन, (पु०) ज्वलति । जलता है । चमकताहै । ज्वल्+युच् । वह्नि । आग । चित्रकका वृक्ष । "भावे ल्युट्" दीप्ति । चमकना । दाह । जलना.

ज्वलनाश्मन्, (पु०) ज्वलतीति ज्वलनो देदीप्यमान अश्मा (सूर्यकी किरणोंके पडनेसे) चमकताहुआ पत्थर । सूर्यकान्त मणि । सूर्यकी पियारी मणि । सूरजका पत्थर.

ज्वलित, (त्रि०) ज्वल्+क्त । दग्ध । जलाहुआ । दीप्त । चमका हुआ । उज्वल । प्रकाशमान । भास्वर । चमकीला.

ज्वाल, (पु०) ज्वल्+ण । अग्निशिखा । आगकी लाट । स्त्रीलिंगमें टाप् । यही अर्थ । चमकाहुआ (त्रि०).

ज्वालजिह्व, (पु०) ज्वालः (शिखेव) जिह्वा यस्य । (जलनेवाली) वस्तुको चाटनेसे लाटकी नाईं जिसकी जीभ है । वह्नि । आग.

ज्वालामुखी, (स्त्री०) पीठस्थानविशेष । दुर्गाका स्थान । "ज्वालामुख्यां महाजिह्वो देव उन्मत्तभैरवः । अम्बिका सिद्धिकानाम्नी स्तनो जालन्धरे ममेति" तन्त्रम्.

ज्वालावक्त्र, (पु०) ज्वाला एव वक्त्रं यस्य । लाटही जिसका मुख है । शिवजीका नाम । अग्नि.

ज्वालिन्, (त्रि०) ज्वल्+णिनि । लाटवाला । चमकनेवाला । शिवजी महाराजका एक नाम.

झ

झ, (पु०) झग-संहति-इकट्ठाहोना-ग्रह-पकडना-पिधानवंद करना । ड । झञ्झावात । बडी जोरकी हवा (जिसमें वर्षाभी साथ हो) । बृहस्पति । इन्द्र । ध्वनि । आवाज । नष्टद्रव्य । खोईगई चीज (त्रि०).

झग (गि) ति, (अव्य०) शीघ्र । जल्दी । उसी समय । एकवारही.

झंकार, (पु०) झं इत्यव्यक्तशब्दस्य कारः । कृ+घञ् (अ) । भ्रमर आदिका शब्द । भौंरेकी आवाज.

झंकृति, (स्त्री०) झन् इत्यव्यक्तशब्दस्य कृतिः । कृ+क्तिन् । कांसीआदिकी आवाज.

झञ्झा, (स्त्री०) एक प्रकारकी ध्वनि (आवाज) । बडी वायु (हवा) सख्तहवा.

झट्, (संहति) इकट्ठा होना । भ्वा० पर० अक० सेट् । झटति । अझाटीत्-अझटीत्.

झटिति, (अव्य०) शीघ्र । जल्दी । झट । उसीवक्त । एकहीवार.

झण, (न०)-त्कार, (पु०)-झणदित्यव्यक्तशब्दस्य कारः करणम् । कृ+घञ् । झमझम करना । कङ्कण (कडे) आदिकी आवाज.

झम्प, (पु०) झम्+पन् झं इति कृत्य पतति । पत्+ड वा । वलके साथ ऊपरसे नीचेको गिरना । कूदना । (स्त्रियां) " झम्पा ".

झर, (पु०) झॄ+अप् । निर्झर । झरना । झरनेसे निकला जलका प्रवाह.

झर्च (र्छ) झं, कहना-झिडकना । तुदा० पर० सक० सेट् । झर्चं (र्छ) झंति.

झर्झर, (पु०) झर्झ+अरन् । (झांज) वाजेका भेद । ढोल । कलियुग । एकनद । वाजा.

झल्लक, (पु० न०) झर्झ+ण्वुल् पृ० । कांसीका वाजा । एक प्रकारका वाजा । मंजीराह.

झल्लरी, (स्त्री०) झर्झ+अरन् । पृ० । एक प्रकारका वाजा । शुद्ध । सफा । गीलां । ढोल.

झष्, मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । झषति । अझाषीत् । अझषीत्.

झष्, लेना-चंदकरना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । झषति-ते । अझाषीत्.

झष, (पु०) झष्यते कर्मणि घ (अ) । मत्स्य । मच्छ । मछली । मीनराशि "भावे घ (अ)" । ताप । गर्मी । धूप । वन (न०).

झषकेतु, (पु०) झषो (मीनः) (मकरः वा) केतुः यस्य । जिसका निशान (झंडा) मछली हो । मदन । कामदेव । "झषकेतन" आदि.

झषोदरी, (स्त्री०) झषस्य उदरं इव उदरं यस्याः–ब०स० । सत्यवतीका नाम । व्यासमाता.

झाट, (पु०) झट्+णिच्+अच् । वेलोंसे ढकाहुआ स्थान । कान्तार । जंगल । व्रण (फोडा वा जखम) आदिका धोना.

झामक, (न०) झम्+कर्मणि ण्वुल् (अक) । वहुत पकी-हुई ईट.

झिङ्गिनी, (स्त्री०) पृ० । झिंगिनीका पेड । उल्का चुआती.

झिल्ली, (स्त्री०) झिल्लति । झिल्+अच्-पृ० । एक प्रकारका कीडा । झींगुर.

झुण्ट, (पु०) झुण्ट्+अच्-पृ० । स्तम्ब । गुल्म । झाडी.

झॄ, बूढा होना । दिवा० पर० अक० सेट् । झीर्यति । अझा-रीत् । झरा.

ञ

ञ, (पु०) वृष (वैल) । शुक्र । तिरछे जाना । गायन । गाना । घर्घर ध्वनि । घुरघुराना.

ट

ट, (पु०) टल्+ड । वामन । वौना । पाद । पांव । निस्वन । चुपचाप । नरेलकी खोपडी । टंकार (न०).

टकु, वांधना । चुरा० उभ० सक० सेट् । इदित् । टङ्कयति-ते । अटटङ्कत्-त.

टङ्क, (पु०) टकि+घञ्-अच् वा (अ) । कोप । गुस्सा । खजाना । कोष । तरवार । और पत्थर फाडनेका अस्त्र (औजार) । चार मासेका माप । जांघ । खनित्र । रंवा । अहंकार (पु० न०).

टङ्कक, (पु०) टङ्क्यते घञ् (अ) संज्ञायां कन् । रजतमुद्रा । चांदीकी मोहर । रुपया.

टङ्कार, (पु०) टं इति अव्यक्तशब्दस्य कारः । कृ+घञ् (अ) । टंकोर । एक प्रकारकी आवाज । धनुषमें चिल्ले चढानेकी आवाज । विस्मयध्वनि.

टङ्कन (पु०) टकि+युच् (अन्) एक प्रकारकी खार । सुहागा.

टिटि, (ट्टि) भ, (पु०) टि टि (ट्टि) इति अव्यक्तशब्दं भाषते । भाष्+ड । टि टि शब्द करनेवाला । टिटहरा । "स्वार्थे कन्" यही अर्थ.

टिपृ नोदन-प्रेरणा करना । चलाना । चुरा० उभ० सक० सेट् । टेपयति-ते.

टिप्पनी, (स्त्री०) टिप्+क्विप् । टिपा पन्यते स्तूयते अच् । अर्थद्योतक टीका.

टीकृ, गति-जाना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । टीकते । अटीकिष्ट.

टीका, (स्त्री०) टीक्+क । कठिनपदोंका वर्णन दिखाने= करनेहारी वृत्ति.

ठ

ठ, (पु०) मण्डल । चन्द्रमाका बिम्ब (स्वरूप) । सूना । महेश्वर । महादेव । बडी आवाज.

ठक्कुर, (पु०) ठाकुर । देवताकी प्रतिमा (मूर्ति) । ब्राह्म-णोंकी एक उपाधि.

ड

ड, (पु०) डी+ड (अ) । वाडवाग्नि । समुद्रकी आग । शब्द । आवाज । चासपक्षी । शिवजी.

डमरु, (पु०) डम् इति शब्दं इयर्ति । ऋ+उन् । डौरु । एक प्रकारका वाजा । कापालिक योगिओंके वजानेलायक । चमत्कार.

डल्लक, (नं०) वांस आदिका रचाहुआ पात्र । डल्ल.

डवित्थ, (पु०) काष्ठमयमृग । लकडीका वनाहुआ हिरन.

डाकिनी, (स्त्री०) डाकानां समूहः इनि । कालीके पार्षद गणोंमेंसे एक.

डामर, (पु०) शिवजीसे कहागया तन्त्रशास्त्र । भयानक । खौफनाक.

डिण्डिम, (पु०) डिण्डि इति शब्दं मिनोति प्रकाशयति मि+ड । जो डिं डिं ऐसे शब्दको निकालता है । एक बाजा । वृक्षविशेष.

डिण्डि (ण्डी) र, (पु०) डिण्डि इति शब्दः अस्ति अस्य रः (पहिले पदको दीर्घ हो जाता है) समुद्रकी फेन (झाग).

डित्थ, (पु०) लकडीका हाथी । श्यामरूप, जवान, विद्वान्, सुन्दर, सम्पूर्णशास्त्रोंके अर्थको जाननेहार कोई पुरुष.

डिपृ, इकट्ठा होना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० आ० अक० सेट् डेपयति-ते । डेपते.

डिबृ, प्रेरण-चलाना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । डिम्भयति-ते । डिम्भति.

डिमृ, हिंसन-मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । डेमति । अडेमीत्.

डिम्ब, (पु०) डिबि+घञ् (अ) । शिशु । बच्चा । अंडा । भयानक शब्द । डर.

डिम्भ, (पु०) डिभि+अच् । मूर्ख । बच्चा । "स्वार्थे कन्" यही अर्थ.

डी, आकाशमें जाना। उडना। भ्वा० आ० अक० सेट्। डयते। अडयिष्ट.

डीन, (न०) डी+भावे क्त। पक्षिओंकी गति (चाल)। उड्डान उडना.

डुण्डुभ, (पु०) डुण्डु+भण्-भावे+ड। (ढोंडा) एक प्रकारका सांप.

ढ

ढ, (पु०) ढक्का। बाजा। कुत्ता कुत्तेकी पूछ। निर्गुण। गुणहीन। ध्वनि। आवाज। सांप.

ढक्का, (स्त्री०) ढक् इति कायति। कै+क। एक बाजा। बडा वा दूरा बाजा। यशका बाजा.

ढुण्ढ, अन्वेषण (ढूंडना। तालाश करना। खोजना) भ्वा० पर० सक० सेट्। ढुण्ढति.

ढुण्ढि, (पु०) ढुण्द्+इन्। गणेश (काशीमें प्रसिद्ध ढुण्ढि-राज).

ढौक, प्रेरण। चलाना और जाना। भ्वा० आत्म० सक० सेट्। ढौकते। अढौकिष्ट.

ण

(इस "ण" अक्षरके साथ प्रारम्भ होनेवाला ऐसा शब्द कोई नहिं कि जिसे संस्कृतमें अधिक बोलचालमें लातेहों। बहुतसे धातु जो धातुपाठमें "ण" के लिखे जाते हैं वास्तवमें वे "न" के साथ प्रारम्भ होते हैं। "ण" के साथ लिखनेका कारण यह है कि जिस्से जाना जाय कि "न" कईएक उपसर्गों [प्र-अन्तर आदि] के पहिले आनेसे "ण" के साथसी बदला जायगा.

ण, (पु०) णख्-जाना-ड (अ) पृषो०। ज्ञान। इल्म। निर्णय। फैसला। भूषण। जेवर। जल। पानी। जलका स्थान। बुरा आदमी। शिवजी। नाहिंकी आवाज। देना। बखशीश.

णट्, नाचना-बतावेके साथ नटका कामकरना-मारना। भ्वा० पर० अक० सेट्। नटति-प्रणटति। अनाटीत्-अनटीत्। (मारना) प्रनटति.

णद्, अव्यक्त शब्द। गुप्त आवाज करना। भ्वा० पर० अक० सेट्। नदति। प्रणदति.

णश्, अदर्शन। छिपाना। नाश होना। दिवा० पर० अक० वेट्। नश्यति। प्रणश्यति। अनेशत्-अनशत्। प्रनष्टः.

णह्, बांधना। दिवा० उभ० सक० अनिट्। नह्यति- ते। प्रणह्यति-ते। अनात्सीत्। अनद्ध.

णिज्, शोधन। साफ करना। जुहो० उभ० सक० अनिट्। नेनेक्ति। प्रणेनेक्ति। नेनिक्ते। अनिजत्। अनैक्षीत्। अनिक्त.

णिस्, चूमना। अदा० सक० सेट्। इदित्। निंस्ते। प्रणिंस्ते। अनिंसीत्.

णी, प्रापण -पहुंचाना -लेजाना। भ्वा० उभ० द्विक० अनिट्। नयति। प्रणयति। अनैषीत्। अनेष्ट.

णु, स्तुति। तारीफ करना। अदा० पर० सक० वेट्। नौति। प्रणौति। अनावीत्। अनौषीत्। नुनुविव.

त

त, (पु०) तक् -सहना-हसना। वाड (अ)। चोर। झूट। पूछ। गोद। म्लेच्छ। रत्न। सियारकी पूंछ। छाती। लडाका। चंचल और पुण्य (न०).

तक्, दौस्थ्य-दुखी होना। भ्वा० पर० सक० सेद। इदित्। तङ्कति। अतङ्कीत्.

तक्र, (न०) तक्+रक्। चौथा भाग जलके संयोगसे मथाहुआ दही। छाछ। लस्सी.

तक्रकूर्चिका, (स्त्री०) [छाना]। पकेहुये गर्म दूधमें लस्सीके संयोगसे बनीहुई आमिक्षा.

तक्ष्, कार्श्य। कमजोर करना। काटना। छीलना। भ्वा० (पक्षे) स्वा० पर० सक० वेट्। तक्षति-तक्ष्णोति। अतक्षीत्-अताक्षीत्। (झिडकना)। संतक्षति.

तक्षक, (पु०) तक्ष+ण्वुल्। तर्खान। कारीगर। विश्वकर्मा। कश्यपका पुत्र। एक नागका नाम.

तक्षन, (पु०) तक्ष+कनिन्। विश्वकर्मा। तर्खान। चित्रा-नामी नक्षत्र (तारा).

तक्षशिला, (स्त्री०) सिंधदेशमें एक नगरी.

तगर, (पु०) (ढगर) एक वृक्षका नाम.

तङ्कन, (न०) तकि+ल्युट् (अन)। दुःखसे जीना। डरना.

तच्छील, (त्रि०) तत् शीलं यस्य। उस स्वभाववाला कोई जन.

तञ्ज, सिकोडना। रुधा० पर० सक० वेट्। तनक्ति। अतञ्जीत्। अताङ्क्षीत्.

तट्, ऊंचा होना। भ्वा० पर० सक० सेट्। तटति। अताटीत्-अतटीत्.

तट, (त्रि०) तट्+अच्। कूल। किनारा। तीर। नदी आदिका कंडा.

तटस्थ, (त्रि०) तटे तिष्ठति। स्था+क। तीरका। कि-नारेका। पासका। स्वरूपसे भिन्न विशेषण। मध्यस्थ उदासीन पुरुष.

तटाक, (पु०) तटं अकति। अक्-टेढाजाना+अण् (अ)। थोडेपानीवाला तालाव.

तटाग, (पु०) तटं अगति। अग्-टेढाजाना+अण् (अ)। तलाव (तडाग).

तटा (डा) घात, (पु०)। हाथीने सूंडको ऊंचे फटका-रना। वप्रक्रीडा। किनारेपर हाथीने सूंडसे खेलना.

तटिनी, (स्त्री०) तट्+अस्ति अर्थे इनि । नदी । दर्या.

तडाग, (पु०) तड्-चोट लगाना । निं० । तालाव । गहरा तालाव । हरिण पकडनेका जाल.

तडित्, (स्त्री०) ताडयति मेघम् । जो बादलको फटकारती है । चुरा० तड्-नि० । विजली.

तडित्वत्, (पु०) तडित् अस्ति अस्य मतुप् मको व । विजलीवाला । बादल.

तडिद्गर्भ, (पु०) तडित् गर्भे यस्य । बिजली जिसके गर्भ (मध्य)में है । बादल । मेघ.

तडिल्लता, (स्त्री०) तडित् लता इव । विजली जो वेलके स्वरूपमें है । तीक्ष्ण विजली.

तडिल्लेखा, (स्त्री०) तडितः लेखा । विजलीकी रेखा (लकीर).

तडिन्मय, (त्रि०) तडित्+मयट् । विजलीवाला । विजलीसे भरा हुआ.

तण्डक, (पु०) तडि+ण्वुल् (अक०) । ममोला । झाग । ऐसा वचन कि जिसमें समास (वहुत शब्दोंका एकशब्द हो जाना) बहुत हों । घरकी लकडी और वृक्षका स्कन्ध । मायावी । फरेवी । कतलकरनेवाला जन (त्रि०).

तण्डुल, (पु०) तडि+उलच् । धानोंका सार । चावल । तोहररहित धान.

तत्, (अव्य०) तन्+क्विप् । हेतु । इसलिये । इसकारण.

तत, (न०) तन्+क्त । वीणा आदि बाजा । वायु । हवा (पु०) । घिराहुआ । फैलाहुआ (त्रि०).

ततम, (त्रि०) तद्+डतम् । वहुतोंमेंसे एक । "ततर" । दोनोंमेंसे एक.

ततस्–ततः, (अव्य०) तद्+तसिल् । उस पुरुष वा स्त्रीसे वा उस स्थानसे । वहांसे । उसके अनन्तर.

ततस्त्य, (त्रि०) अव्ययसे त्यप् होता है । तत्रभवः । वहां होनेहारा । वहांका.

तति, (स्त्री०) तन्+क्तिन् । श्रेणी । कतार । समूह । फैलना.

तत्काल, (पु०) सः कालः । वह समय । वर्तमानकाल । होरहासमय.

तत्कालधी, (त्रि०) तस्मिन् योग्ये समये धीर्मतिर्यस्य । जिसकी ठीक समयपर बुद्धि फुरे । सिरपर आई विपत्तिको दूर करनेवाली अकल.

तत्क्रिय, (त्रि०) वेतनं विना क्रिया यस्य । तनखाहके विना काम करनेहारा.

तत्क्षण, (पु०) स चासौ क्षणः । उसी वक्त । झट्ही । सद्यः । जल्दीसे.

तत्त्व, (न०) तन्+क्विप् । ततो भावः । तस्य भावः । त्व वा तलोपः । सचाई । स्वरूप । असली शकल । परमात्मा । ब्रह्मपन । नाचना । बजाना । गाना । चित्त । वस्तु । सांख्यके २५ पदार्थ.

तत्त्वज्ञान, (पु०) ६ त० । यथार्थज्ञान । सचाज्ञान । ब्रह्मज्ञान । ब्रह्मका जान्ना.

तत्त्वविद्, (त्रि०) तत्त्वं वेत्ति । ठीक २ जानता है । दार्शनिक । ब्रह्मके वास्तविक स्वरूपको जाननेहारा.

तत्त्वाभियोगः, (पु०) तत्त्वेन अभियोगः । यथार्थ अपराध । सच्ची नालिश.

तत्पर, (त्रि०) तत् परं (उत्तमं) यस्य । तद्गत । उसमें गया । उसीमें फसगया.

तत्परायण, (त्रि०) तदेव परं अयनं यस्य (णत्व) । वही जिसका बडा आश्रय है । तदासक्त । उसीमें निरंतर लगाहुआ.

तत्पुरुष, (पु०) मुख्य पुरुष । परमात्मा । समासोंमेंसे एक । (जिसमें पहिला पद दूसरे पदके अर्थको जताता है) जैसे "राजपुरुषः".

तत्पुरुष, (पु०) सः पुरुषः । वह मुख्य पुरुष वा परमात्मा । एकप्रकारका समास जिसमें प्रथम पद प्रधान होता है.

तत्र, (अव्य०) तस्मिन् कालादौ त्रल् । उस समय । उस जगह । वहां.

तत्रत्य, (अव्य०) तत्र भवः (अव्ययसे त्यप्) । वहां होनेवाला । वहांकी चीज.

तत्रभवत्, (त्रि०) सः पूज्यो भवान् (प्रथमाके अर्थमें त्रल्) कर्म० । पूज्य । पूजा करनेके लायक । हजूर (जो आंखोंसे परे हो उसके लिये बोला जाता है । इज्जतको जाहिर कर्ता है).

तथा, (अव्य०) प्रकार अर्थमें थाच् (था) । साम्य । वैसेही । पहिलेकी भांति मानलेना । निश्चय । उसी तौरपर.

तथाकृत, (त्रि०) तथाकृतः इस प्रकार किया गया । वैसे किया हुआ.

तथागत, (त्रि०) तथा गतः । ऐसी दशामें हुआ । ऐसी हालतमें प्राप्त हुआ.

तथागुण, (त्रि०) तथा गुणाः यस्य । वैसे गुणोंवाला.

तथाच, (अव्य०) पहिले कहेहुए अर्थको पक्का करना । उसपरभी । जैसा कि.

तथारूप, (त्रि०) तथा रूपं यस्य । वैसे रूप (शकल) वाला.

तथाविध, (त्रि०) तथा विधा यस्य । वैसे प्रकारवाला । इस तरहवाला.

तथात्वम्, (न०) तथा त्व । वैसापन.

तथाहि, (अव्य०) निदर्शन । मसाल । दृष्टान्त । प्रसिद्ध है । जैसा कि.

तथ्य, (न०) तथा । तत्र साधुः+यत् । सत्य । सच । सचवाला (त्रि०).

तद्, (त्रि०) तन्+अदि । पहिले कहाहुआ । बुद्धिमें ठहराहुआ । विचार करनेलायक । दूरका विषय । ब्रह्म (न०) "ओं तत्सदिति" गीता.

तदनन्तर, (त्रि०) तस्मात् अनन्तरः । उसके अनन्तर (पीछे) वाला ।-रं(अव्य०) उसके अगला । इसपर.

तदर्थ, (त्रि०) तस्य अर्थः । उसके प्रयोजनवाला । उसवाला.

तदर्ह, (त्रि०) तस्य अर्हः । उसके योग्य । उसके लायक.

तदवधि, (अव्य०) वहांतक.

तदवस्थ, (त्रि०) सा अवस्था यस्य । उस दशाअवस्था (हालत) वाला.

तदा, (अव्य०) तस्मिन् काले दाच् । उस समय । तब । उसवक्त.

तदात्मन्, (त्रि०) स आत्मा यस्य । जिसका वह स्वरूप हो । उस रूपवाला.

तदानीम्, (अव्य०) तस्मिन् काले । तद्+दानीम् । तब । उसवक्त.

तदेकचित्त, (त्रि०) तस्मिन् एकं चित्तं यस्य । उसमें एक चित्तवाला । उसीपर एक चित्त लगाये हुए.

तद्गत, (त्रि०) तस्मिन् गत आसक्तः । तत्पर । एकमन होनेसे उसीमें लगाहुआ.

तद्गुण, (पु०) अर्थालङ्कारविशेष.

तद्गुणसंविज्ञान, (पु०) तत्र (बहुव्रीहौ) गुणस्य (विशेषणस्य) संविज्ञानं (विशेष्यपारतन्त्र्येण बोधनं) यत्र । व्याकरणमें बहुव्रीहिसमासका एक भेद । जहां विशेष्यके आधीन होकर विशेषणका ज्ञान हो जैसे "लम्बकर्णमानय" यहां गुणीभूत कर्णका भी लाना है.

तद्धन, (त्रि०) तदेव धनं यस्य । जिसका वही धन है । कृपण (सूम) । (इसे जितना मिले उसे थोडा समझकर अपनेमें उतनेही धनका अभिमान करताहै).

तद्धर्मन्, (त्रि०) किसी और उद्देश्यके बिना जिसका वही धर्म हो "यह अपना धर्म है" ऐसा समझकर धर्ममें लगाहुआ जन.

तद्धित, (पु०) तेभ्यः हितः । उनके लिये हितकारी । व्याकरणमें नामके आगे लगनेवाले प्रत्यय.

तद्वत्, (अव्य०) तेन तुल्यं वा तुल्या सा चेत् क्रिया । उसके समान क्रियावाला । उसके समान । "तद्वत् शिवस्य विभुता."

तन्, फैलना-विस्तृत होना । उभ० सक० सेट् । तनोति-तनुते । अतानीत्-अतनीत् । अतत-अतनिष्ट.

तनय, (पु०) तनोति कुलम् । तन्+कयन् (अय) । जो कुलको फैलाता है । पुत्र । बेटा । लडकी । बेल । जीवीकंद (स्त्री०).

तनिमन्, (पु०) तनोर्भावः इमनिच् । छोटेका होना । छुटाई । कार्श्य । बारीक । नाजुकपना.

तनु, (स्त्री०) तन्+उ । देव । शरीर । मूर्ति । शकल (वा ऊङ्) । थोडा । विरला । कृश । बारीक । नाजुक । (स्त्रियां वा ङीप्) तन्वी-तनुः.

तनु(नू)ज, (पु०) तनोः तन्वा वा जायते । जन्+उ । शरीरसे उपजा । पुत्र । बेटा । लडकी (स्त्री०) । जो देहसे उत्पन्न हो (त्रि०).

तनुच्छाय, (पु०) तन्वी छाया यस्य । जिसकी थोडी छाया हो । बर्बुरक वृक्ष । शरीरकी छाया वा शोभा । ६ त० । (स्त्री० न०).

तनुत्यज्, (त्रि०) तनुं त्यजति । शरीरको छोडनेवाला । मरनेवाला.

तनुज, (पु०) तनोः वा तन्वाः जायते । शरीरसे उत्पन्न होता है । पुत्र । बेटा ।-जा (स्त्री०) पुत्री । बेटी.

तनुत्र, (न०) तनुं (देहं) त्रायते । त्रै+क । जो शरीरको बचाता है । कवच । जिरह । ल्युट् । "तनुत्राणं" यही अर्थ.

तनुभस्त्रा, (स्त्री०) तनोः (देहस्य) भस्त्रा इव । मानों शरीरकी फूंकनी है । नासिका । नाक । कर्म० । छोटी धौकनी.

तनुभृत्, (पु०) तनुं (देहं) बिभर्ति । (आत्मत्वेन अभिमन्यते) भृ+क्विप् । जो शरीरको अपना मानलेता है । जीव । "या दुस्त्यजा तनुभृतां".

तनुवार, (न०) तनुं (देहं) वृणोति । वृ+अण् । उप० । जो शरीरको ढांक लेता है । कवच । जिरह । सन्नाह.

तनुस्, (न०) तन्+उसि (उस्) । देह । शरीर । जिस्म.

तनूनपात्(द्), (पु०) तनुं न पातयति । पत्+णिच्+क्विप् । जो शरीरको न गिरनेदे । अग्नि । आग । पेटमें रहकरभी खायेहुए अन्नको पकानेसे यह देहको गिरने नहिं देती । तनूं न पाति (रक्षति) । पा+शतृ । जो शरीरको न बचावे । वह्नि । आग । (यह शरीरको जला देती है) । (पक्षे) तन्वा ऊनं कृशं पाति तनूनपं घृतादि तत् अत्ति । अद्+क्विप् जो निर्बलको बचावे (घी) । उसे खाजाय । वह्नि । आग.

तनूरुह, (न०) तनौ रोहति । रुह्+क । जो शरीरपर उगता है । लोम । रोम । लूं । पक्षिओंके पर.

तन्तु, (पु०) तन्+तुन् (तु) । ग्राह । एकप्रकारका पानीका जीव । अपत्य । सन्तान । औलाद । सूत्र । सूत । तान । तन्द.

तन्तुकीट, (पु०) तन्तूत्पादकः कीटः । सूतको निकालनेवाला कीट (कीडा) । रेशमी कीडा.

तन्तुनाग, (पु०) तन्तुवत् दीर्घः नागः । बडा लंबा नाग (सर्प).

तन्तुनाभ, (पु०) तन्तुः नाभौ अस्य । अघ् स० । जिसकी नाभिमें सूत हो । लूता । मकडी.

तन्तुनिर्यास, (पु०) तन्तुः इव निर्यासः यस्य । जिसकी गोंद तांतोंके समान हो । तालका वृक्ष.

तन्तुपर्वन्, (न०) तन्तोः यज्ञोपवीतस्य दानरूपं पर्व । यज्ञोपवीत (जनेऊ) के देनेका पर्व । सावन (श्रावण)-की पूर्णिमा । (इस दिन वामनजीको जनेऊ दान करनेका उत्सव किया जाता है).

तन्तुर-ल, (न०) तन्तुः विद्यते अस्य । र । लच् वा । तांतवाला । मृणाल । कमलकी डण्डी । भें.

तन्तुभ, (पु०) तन्तुवत् भाति । तांतकी तरह चमकता है । सरसोंका बीज । वत्स । वच्छा । वछेरा.

तन्तुवर्धन, (पु०) तन्तुं=वंशं वर्धयति+वृध्+ल्यु । वंशको वढानेवाला । विष्णु । शिव.

तन्तुवाद्यं, (न०) तन्तुमिश्रं वाद्यं । तान्तोंवाला वाजा । सितार । बीन.

तन्तुवाप, (पु०) तन्तून् वपति । वन्+अण् उप् । जो तांतोंको वोता है । तन्तुवाय । जुलाहा । वुनेवाला.

तन्तुवाय, (पु०) तन्तून् वयति । वे+अण् । जो तांतोंको वुनता है । जुलाहा । जातिविशेष.

तन्तुविग्रह, (स्त्री०) तन्तवः विग्रहे यस्याः । जिसके शरीरमें तांतें हों । कदली । केला । इसकी खालमें वहुत सूत प्रकट होते हैं.

तन्तुशाला, (स्त्री०) तन्तूनां वपनाय शाला । तांत वुनेका घर । सूत वुनेका घर । जुलाहेका घर.

तन्तुसन्तत, (त्रि०) तन्तुभिः सन्ततं (व्याप्तं) । जो तांतोंसे घिराहो । स्यूतवस्त्र । सीयागया कपडा.

तन्त्र, (न०) तन्+ष्ट्रन् । सिद्धान्त । फैसला । औषध । दवाई । कुटुम्ब (कुनवा) का कार्य । प्रधान । बडा । जुलाहा । दूसरेके आधीन होकर करना । परिच्छद । पौशाक । हेतु । सवव । अर्थ (कार्य) को सिद्ध करनेहारा । तंतु । तांत । अपने राज्यकी चिन्ता । परिजन । नौकर । चाकर । तन्तुवाय (जुलाहेकी सलाई) । प्रवन्ध । वन्दोवस्त । शपथ । कसम । सौं । धन । घर । वोनेका साधन । कुल । वेदकी एक शाखा । वेदादि शास्त्र । अपने नामसे प्रसिद्ध शिवजीका कहाहुआ शास्त्र.

तन्त्रक, (न०) तन्त्रात् अचिरात् अपहृतं+कन् (क) । जल्दी लियागया । नवीन वस्त्र । नया कपडा.

तन्त्रावाप, (य), (पु०) तन्त्राणि (तन्तून्) वप(य)-ति । वप्-वा-वे+अण् । उप० । तन्तुवाय । जुलाहा । तांती.

तन्त्रिका, (स्त्री०) तन्त्र्यते । तन्त्र+ई (फिर) स्वार्थे कन् (क) । गिलोय.

तन्त्री, (स्त्री०) तन्त्रि+ई । गिलोय । एक प्रकारकी वीणा. सितार । शरीरकी । रस्सी । एक नदी । एक जवान औरत.

तन्द्रा, (स्त्री०) तन्द्रि+अ । आलस्य । ऊंघना । नींद । जागोमीटी । प्रमीला.

तन्द्रालु, (त्रि०) तन्द्रि+आलुच् । निद्राशील । वहुत सोनेवाला.

तन्द्रित, (त्रि०) तन्द्रा जाता अस्य-तन्द्रा+इतच् । जिसे ऊंघ आगई है । आलसी.

तन्द्रिन्, (त्रि०) तन्द्रा+इन् । आलसी । सुस्त । विश्रान्त । थकाहुआ.

तन्मंय, (त्रि०) तदेव । मयट् । वही । उसी स्वरूपको पहुंचा । अभेद । वही । तद्रूप.

तन्मय, (त्रि०) तद्+मयट् । उसका वनाया हुआ । उस स्वरूपवाला.

तन्मात्र, (त्रि०) तदेव । तदात्मक । वही । उसी शकलका । शब्द-स्पर्श-रूप-रस और गंध.

तन्वी, (स्त्री०) तनु+ङीप् । एक प्रकारकी वेल । कृशाङ्गी । नाजक स्त्री । क्षीणमध्या । पतली कमरवाली स्त्री । एक प्रकारका छन्द.

तप्, दाह-जलाना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । तपति-ते । अताप्सीत्-अतप्त । अतपिष्ट.

तप, (पु०) तप्+अच् (अ) ग्रीष्म । गरमी । जेठ और हाडका महीना.

तपःक्लेश, (पु०) तपसः क्लेशः । तपस्याका दुःख.

तपती, (स्त्री०) तप्+शतृ-ङी० । छाया नामवाली सूर्यकी स्त्री । एक नदी । सूर्यकी कन्या (जिसके योगसे कुरु तापत्य कहे जातेहैं).

तपन, (पु०) तप्+ल्यु (अन) सूर्य । ताप । गरमी । भल्लातकवृक्ष । एक नरक । गर्मीका मौसम (ऋतु) । आकका वृक्ष । सूर्यकान्तमणि.

तपनतनय, (पु०) ६ त० । यम । यमुना और शमी (जंडी) वृक्ष (स्त्री०).

तपनमणि, (पु०) तपनस्य मणिः । सूर्यमणि.

तपनात्मजा, (स्त्री०) तपनस्य=सूर्यस्य आत्मजा । सूर्यकी पुत्री । यमुना.

तपनी, (स्त्री०) तप्+ल्यु (अन) ङीष् । गोदावरी नदी.

तपनीय, (पु०) तप्+अनीयर् । स्वर्ण । सोना । तपनेलायक । स्वार्थे कन् । यही अर्थ.

तपश्चरण, (न०) तपसः चरणं । तपस्याका करना । तपका अभ्यास.

तपस्, (पु०) तप्+असुन् । माघका महीना । शिशिर ऋतु । जनलोकके ऊपरका लोक । आलोचन । सोचना । अपने आश्रमका विहित धर्म । चान्द्रायण आदि कर्म (ज्योतिषमें) लग्नसे नवम घर.

तपस्य, (पु०) तपसि साधुः (अनतिशीतोष्णत्वात्) यत्। तपस्या करनेके लिये जो अच्छा हो (जिस्में न तो बहुत गर्मी और न सर्दी हों) फाल्गुनमास । फागनका महीना । "तपसि (माघे) भवः" । कुन्दनामी पुष्प (फूल) । तपस्यामें लगाहुआ (त्रि०).

तपस्या, (स्त्री०) तपः चरति । तपस्+क्यच् (य)+अ । तपश्चरण । तपस्या करना । व्रत करना । व्रतचर्या.

तपस्विन्, (त्रि०) तपस्+(है इस अर्थमें) विनि (विन्) जो तपस्या कर्ताहै । तापस । तपस्या करनेवाला । चान्द्रायण आदि व्रत करनेहारा । दीन । अच्छे तपवाला । चिडिया (पु०).

तपस्विनी, (स्त्री०) तपस्+(विनि-विन्)+ङीप् (ई) । तपस्या करनेहारी स्त्री (औरत) दीना । दुःखिया औरत। दया करनेलायक स्त्री (औरत) । जटामांसी.

तपात्यय, (पु०) तपस्य (ग्रीष्मस्य) अत्ययः (अवसानं) यत्र काले । जिस समय गर्मीका अन्त हो जाता है । वर्षाकाल । वर्षातका मौसिम । "तपात्यये वारिभिरुक्षितेति" कुमारः.

तपोधन, (पु०) तपः धनं (अतीवेप्सितत्वात्) यस्य । जिसका तपही (बहुत पियारा होनेसे) धन है । तापस । तपस्या करनेहारा । तपन नामी वृक्ष.

तपोनिधि, (पु०) तप एव निधिः यस्य । तपोरूप कोपवाला । बडा पवित्र पुरुष.

तपोनिष्ठ, (त्रि०) तपसि निष्ठा यस्य । तपस्या करनेवाला । तपमें लगा हुआ.

तपोबलं, (न०) तपसः बलम् । तपका प्रभाव वा बल (जोर).

तपोभृत्, (त्रि०) तपः बिभर्ति । तपको धारण करनेवाला । तपस्वी.

तपोमूर्ति, (पु०) तपसः मूर्तिः । तपका स्वरूप । यति । तपस्वी । परमात्मा.

तपोराशि, (पु०) तपसः राशिः । तपका समूह । तपस्वी । संन्यासी.

तपोलोक, (पु०) तपसः लोकः । जनलोकके ऊपरका लोक.

तपोवन, (न०) ६ त० । तपस्याका वन । एक वन जहां तपस्वी निवास कर्ते हैं । एक तीर्थका नाम.

तपोवास, (पु०) तपसः वासः । तपस्याका स्थान.

तपोवृद्ध, (त्रि०) तपसि वृद्धः । तपस्यामें बडा हुआ । बडा यति वा संन्यासी वा भक्त.

तपःशील, (त्रि०) तपसः शीलं यस्य । तप करनेके स्वभाववाला.

तपःसमाधि, (पु०) तपसः समाधिः । तपका अभ्यास.

तपःस्थली, (स्त्री०) तपसः स्थली । तप करनेका स्थान.

तप्तकाञ्चनं, (न०) तप्तं काञ्चनं । अग्निमें तपाया हुआ सुवर्ण (सोना).

तप्तकुम्भ, (पु०) तप्तः कुम्भः यत्र । जहां तपाहुआ घडा हो । नरकभेद । एक नरकका नाम.

तप्तकृच्छ्र, (न०) एक प्रकारका व्रत (जिसमें तीन २ दिन तपाहुआ जल (पानी) घी और वायु (हवा) पीना पडता है अर्थात् पहिले तीन दिन गर्म पानीही पीना, दूसरे तीन दिन गर्म घी पीना और तीसरे तीन दिन गर्म वायुको पान करके व्यतीत करना).

तम्, खेद-थकजाना । तकलीफ उडाना । अक० । चाहना (इच्छा) सक० दिवा० पर० सेट् । ताम्यति । अतमत्-अतमीत् । तमित्वा-तान्त्वा.

तम, (पु०) ताम्यति । तम्+अच् (अ) । तमोगुण । राहु (एक मतमें) तमालका वृक्ष.

तमस्, (न०) तम्+असुन् (अस्) । नेत्रकी वृत्तिको निरोध करनेहारा रात आदिका अंधेरा । शोक (अफ्सोस) । पाप (गुनाह) कार्य (करनेलायक) और अकार्य (न करनेयोग्य) का न विचारना । विशेष दर्शनको रोकनेहारा दोष । "गुरुवरणकमेव तमः" सांख्य । एक गुण (जिसके साथ जीव अंधा हो जाताहै) । राहु.

तमस्विनी, तमस् (अस्त्यर्थे) विनि (विन्) । जिसमें अंधेरा हो । रात्रि । रात.

तमाल, (पु०) तम+कालन् (आल) । एक वृक्ष । तिलक । वरुणवृक्ष । खड्ग । तलवार.

तमि–मी, (स्त्री०) तम+इन् वा ङीप् (ई) । अंधेरेवाली रात । रात्रि.

तमिस्र, (न०) तमः अस्ति अत्र । र । नि० । अंधकार । अंधेरा । कोप । गुस्सा । सारे अहंकारकी जड । अज्ञान । अंधेरी रात (स्त्री०).

तमिस्रपक्ष, (पु०) तमिस्रप्रधानः पक्षः । अंधेरापक्ष, (पखवाडा).

तमोघ्न, (पु०) तमः (अन्धकारं-मोहं- अज्ञानं वा) हन्ति हन्+ठक् (अ) । जो अंधेरे-मोह-वा अज्ञानको नाश कर्ता है । सूर्य । अग्नि । चन्द्र । चांद । बुद्ध । विष्णु और शिवजी.

तमोज्योतिस्, (पु०) तमसि (अंधकारे) ज्योतिः अस्य । जो अंधेरेमें चमकता है । खद्योतकीट । टणाना.

तमोनुद, (पु०) तमः नुदति, अंधेरेको दूर करनेवाला । सूर्य । चन्द्रमा । परमेश्वर.

तमोपह, (पु०) तमः (अंधकारं-अज्ञानं वा) हन्ति । जो अंधेरे वा अज्ञान (बेसमझी) को दूर कर्ता है । अप+हन्+ड (अ) । सूर्य । चांद । वह्नि । आग । नक्षत्र । ज्ञान । जाना.

तमोभिद्, (पु०) (तमः भिनत्ति+भिद्+क्विप्) । अंधेरेको फाडनेवाला । खद्योत । टटाना.

तमोविकार, (पु०) तमसां विकारः । अंधेरेका विकार । व्याधि । बीमारी.

तमोवृत, (त्रि०) तमसावृतः । अंधेरेसे ढका हुआ । बिगडा हुआ । बादलसे ढका हुआ । क्रोधसे भरा हुआ.

तरक्षु, (पु०) तरं (गतिं-मार्ग वा) क्षिणोति । जो रास्तेको रोकता है । पशुओंको खानेवाला छोटा मेडिया.

तरङ्ग, (पु०) तॄ+अङ्गच् (अङ्ग) । उर्मी । लहर । वायुसे हिलकर पानीका नीचे ऊपर उछलना.

तरङ्गिणी, (स्त्री०) तरङ्ग (अस्त्यर्थे) इनि (इन)+ङीप् (ई) लहरोंवाली नदी । दर्या.

तरङ्गित, (त्रि०) तरङ्गः सञ्जातः अस्य । इतच् । जाततरङ्ग । जिसमें लहरे हों । लहरीला । लहरोंवाला । चंचल.

तरण, (पु०) तॄ+ल्यु (अन) मेलक । मेला । डोङ्गा । और स्वर्ग । भावे ल्युट् (अन) पारजाना । तरना (न०).

तरणि, (पु०) तॄ-अणि (अनि) । सूर्य । डोंगा । आकका वृक्ष । किरण और तांवा (मा) । बेडी । नौका । जीमीकंद (स्त्री०).

तरंत, (पु०) तॄ+झच् । समुद्र । भारी मेघका धमाधम वर्सना । मेंडक । एक दैत्य । राक्षस । भक्त । ती (स्त्री०) नौका । किश्ती.

तरतम, (त्रि०) न्यून (कम) अधिक (जियादा) भाववाला अर्थ । जो शब्दके अन्तमें लगानेसे दोमेंसे एककी (तर) और बहुतोंमेंसे एककी (तम) अधिकता जतानेवाले प्रत्यय.

तरपण्य, (न०) तरस्य (नद्यादिपारयानस्य) पण्यं (शुल्कं) । नदी आदिके पार जानेका मासूल । नदी आदिके पारजानेके लिये देनेलायक फीस (मासूल).

तरल, (पु०) तॄ+अलच् । हारके बीचकी मणि । हार । और तल । चपल । कामी । विस्तार । चमकीला । वहां हुआ पदार्थ खिचडी । लप्सी । मद्य । शराव (स्त्री०).

तरलनयना, (स्त्री०) तरले नयने यस्याः व० स० । चंचल नेत्रोंवाली.

तरलित, (त्रि०) तरल+इतच् । चंचल । कांपनेवाला.

तरवारि, (पु०) तरं (शत्रूणां गतिं) वारयति । वृ+णिच् (इ)+इन् । जो शत्रुओंकी गतिको रोकता है । एक तरवार.

तरस्, (न०) तॄ+असुन् (अस्) । जल । वेग । तेजी । जल्दीसे जाना । रोग । तीर । वानर.

तरसा, (अव्य०) झटिति । बहुत जल्दी । झट.

तरस्विन्, (पु०) तरस्+(अस्त्यर्थे) विनि (विन्) वायु । हवा । गरुड । तेज चलनेवाला शूर (बहादुर) (त्रि०).

तरि-री, (स्त्री०) नौका । द्रोणी । बेडी । कपडेकी पिटारी । कपडेका पल्लडा.

तरु (ष) खण्ड, (पु०) तरूणां समूहः तरु+ष (ख) ण्ड । वृक्षोंका समूह । वृक्षोंके टुकडे.

तर, (त्रि०) तॄ+भावे अप् । लांघनेवला । तरनेवाला । जीतनेवाला.

तरण, (पु०) तॄ+ ल्युट् । नौका । किश्ती । स्वर्ग.

तरुण, (पु०) तॄ+उनन् (उन) । एरण्डका वृक्ष । मोटा जीरा । कुब्जपुष्प । एक प्रकारका फूल (न०) । नूतन (नया) । जवान (त्रि०) । फिर उदयहुआ । गर्म । कोमल । ताजा । सद्यः मट्टीके तेलका पौदा । जवान औरत (स्त्री) । "वृद्धस्य तरुणी विषम्" हि० प०.

तरुणज्वर, (पु०) एक ज्वर (बुखार) जो बराबर सात दिनतक रहता है । एक सप्ताहतक रहनेवाला ताप.

तरुमृग, (पु०) तरोः मृगः । वृक्षका मृग । बंदर । वानर.

तरुराज, (पु०) तरूणां राजा+टच् । वृक्षोंका राजा । तालका वृक्ष । पारिजातक.

तरुशायिन्, (पु०) तरौ शेते-शी+णिनि । वृक्षपर सोनेवाला । पक्षी । परिंदा.

तरुणिमन्, (पु०) तरुण+इमन् । जवानपना । जवानी । जवान । युवा.

तरुविलासिनी, (स्त्री०) वृक्षकी मानों विलासिनी है । नवमल्लिका.

तर्क, (पु०) तर्क्+घञ् (अ) । आकाङ्क्षा । जानेकी चाह । दलील । वितर्क । शक । खयाल । संभावना । ढकवंज । "प्रसन्नस्ते तर्कः" वे० सं० । विवाद (झगडा) । न्यायशास्त्र । हेतु । केवल दलीलको माननेवाला शास्त्र । जहां व्याप्य (हेतु) को मानकर व्यापकभी माना जाय । जैसे "यदि यहां आग न होवै तो धूम भी न होगा" । मीमांसा आदि शास्त्र । वेदशास्त्रके साथ विरोध न रखनेहारी दलीलसे वेदशास्त्रकी परीक्षा करना । व्यभिचार (हेतुमें दोष) की शंकाको मिटानेहारे । न्यायमें कहेहुए आत्माश्रय आदि पांच दोष । न जानेहुए अर्थको दलीलोंसे ठीक २ जानना.

तर्क्, दीप्ति (चमकना)-अक० वितर्क । खयाल करना । शक करना । अनुमान करना । सक० चुरा० उभ० सेट् । तर्कयति-ते । अततर्कत्-त.

तर्कक, (त्रि०) (तर्क+ण्वुल्) तर्क (दलील) करनेवाला.

तर्कविद्या, (स्त्री०) तर्कस्य विद्या । तर्क (युक्ति) की विद्या (इल्म).

तर्कशास्त्रं, (न०) तर्कस्य शास्त्रं । तर्कका शास्त्र । न्यायशास्त्र (मंतक).

तर्काभास, (पु०) तर्कस्य आभासः निगमनं । बातका निचोडमें झूठा हेतु.

तर्किन्, (त्रि०) तर्क+णिनि । तर्क करनेवाला । दलीलबाज । नैयायिक । मंतकी.

तर्कु, (पु०) कृत्+उ-नि० । एकप्रकारका यन्त्र (जिसपर रुई निकासते हैं) बेलना । कातनेका साधन.

तर्ज्, भर्त्सन । झिडकना । चुरा० आत्म० सक० सेट् । तर्जयते । अततर्जत् । भ्वा० पर० सक० सेट् । तर्जति । अतर्जीत्.

तर्जनं-ना, (न० स्त्री०) तर्ज+भावे ल्युट् । झिडकना । निरादर करना । निन्दा करना । शर्मिंदा करना.

तर्जित, (त्रि०) तर्ज्+क्त । झिडकागया । डराया गया । निन्दा किया गया । निराहार किया गया.

तर्जनी, (स्त्री०) तर्ज्यतेऽनया । तर्ज्+ल्युट् (अन) । जिस्से झिडकते हैं । अंगूठेकी पासकी अंगुली.

तर्ण, (पु०) तृण्+अच् (अ) । वत्स (पियारा) । ण्वुल् (अक०) । गौका वछडा । अभी उत्पन्न हुआ बचा.

तर्द, हिंसा (मारना) । भ्वा० पर० सक० सेट् । तर्दति । अतर्दीत्.

तर्दू, (स्त्री०) तर्द-वृद् वा+उ । लकडीकी वनी हुई दर्वी (कडछी).

तर्पण, (न०) तृप्+ल्युट् । तृप्ति । रजना । "तृप्+णिच्+ल्युट् (अन) । खुश करना । ताजा करना । प्रसन्न करना । गृहस्थीपुरुषोंके करनेयोग्य । पांच यज्ञोंमेंसे पितृयज्ञ । यज्ञकी लकडी । देवता ऋषि और पितरोंको पानी देकर रजाना.

तर्पण, (त्रि०) तृप्+णिच्+वा ल्युट् । तृप्त करनेवाला । प्रसन्न करनेवाला । नित्य करनेयोग्य पांच यज्ञोंमेंसे एक । पितृयज्ञ.

तर्पित, (त्रि०) तृप्+णिच्+क्त । खुश (प्रसन्न) किया गया.

तर्व, गति-जाना । भ्वा० सक० पर० सेट् । तर्वति । अतर्वीत्.

तर्ष, (पु०) तृष्+घञ् (अ) । अभिलाष । चाह । तृष्णा । लालच.

तर्हि, (अव्य०) तद्+र्हिल् (र्हि) तदा । उसवक्त (समय).

तल्, प्रतिष्ठा । स्थिर होना । कायम करना । पूरा करना । इकरार पूरा करना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० अक० सेट् । तालयति-ते । तलति.

तल, (पु० न०) तल्+अच् (अ) । स्वरूप (जैसे पृथिवीका तल । हाथका तल) । नीचेका भाग । चपेड । और तालका वृक्ष । तरवारकी मुट्ठी । आधार (आसरा) । और स्वभाव (पु०) वन (न०).

तलघात, (पु०) तलेन घातः । हाथकी तलीसे तमाचा मारना.

तलयुद्धं, (न०) तलेन युद्धम् । हाथकी तलिओंसे युद्ध करना.

तललोक, (पु०) तलः लोकः । तललोक । नीचेका संसार । पाताल.

तलिन, (त्रि०) तल्+इनन् । पतला । छोटा । स्पष्ट । साफ । निर्बल.

तलप्रहार, (पु०) तलेन(चपेटेन) प्रहारः । प्र+हृ+घञ् (अ) । चपेड मारना । चपेटका आघात (चोट).

तलातल, (न०) अतलादिमेंसे पांचवां पाताल.

तलित, (न०) तल्+इतच् । भृष्टमांस । भुनाहुआ मांस । तलाहुआ.

तलुन, (पु०) तृ+उनन् (उन) रको ल होता है । वायु । हवा । जवान । पट्ठा (त्रि०) । जवान औरत (स्त्री०) ङीप् (ई).

तल्प, (पु०) (न०) तल्+पक् (प) शय्या । छेज । अटारी । दारा । स्त्री.

तल्लज, (पु०) लज्-कान्ति-चाहना+अच् (अ) प्रशस्त । बहुत अच्छा (समासमें यह शब्द पीछे रहता है और अपने लिङ्गको नहिं छोडता) (ब्राह्मणीतल्लजः).

तष्ट, (त्रि०) तक्ष्+क्त (त) । छोटा कियागया । दो टुकडे टुकडे कियागया । गुणागया.

तष्टृ, (पु०) तक्ष्+तृच् । एक प्रकारकी जाति । विश्वकर्मा । तर्खान.

तस्, अलंकार-सजाना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । तंसयति-ते । तंसति । अततंसत्-त । अतंसीत्.

तस्, उत्क्षेप । ऊपर फेंकना । दिवा० पर० सक० सेट् । तस्यति । अतसीत्-अतासीत् । तसित्वा-तस्त्वा.

तस्कर, (पु०) तत् करोति । तद्+कृ अच्-नि० । चोर । पीछे वा सामने दूसरेकी चीजको चुरानेहारा । दमनक वृक्ष.

ताच्छील्य, (न०) तत् शीलं अस्य ष्यञ् (य) । जिसका वही स्वभाव है । नियत । तत्स्वभाव । नियमसे उस स्वभाववाला.

ताटस्थ्य, (न०) तटस्थस्य स्वभावः+ष्यञ् (य) । उदासीन होना । पास होना.

ताडका, (स्त्री०) एक राक्षसी (जिसे रामचन्द्रजीने नाश किया.

ताडकेयः, (पु०) ताडकायाः अपत्यं+ढक् । ताडका राक्षसीका पुत्र । मारीच.

ताडनी, (स्त्री०) ताड्यतेऽनया । जिस्से चोट लगताहै । तड्-चोट लगाना+ल्युट् (अन) । कशा (कोडा) । चाबुक.

ताण्डव, (न०) तण्डुना (मुनिना) प्रोक्तं अनुष्ठानं यस्य अण् (अ) । जिसका प्रकार तण्डुमुनिने कहाहै । पुरुषके नाचको ताण्डव और स्त्रीके नाचको लास्य कहते हैं । पुरुषोंका नाच । एक प्रकारका घास । जोरसे नाचना.

ताण्डवप्रिय, (पु०) ताण्डवं प्रियं यस्य । पुरुषका नाच जिसे पियारा लगता है । शिवजी । नाचका पियारा । (त्रि०).

तात, (न०) तन्+क्त (त) दीर्घश्च । पिता । दया करने लायक । और पूजाके लायक (त्रि०) । पियारा । ताया.

राततुल्य, (पु०) तातेन तुल्यः । पिताके समान । चाचा । ताया.

तात्कालिक, (त्रि०) तत्काले भवः+ठक् । उसी समयमें होनेवाला.

तात्पर्य, तत्परस्य भावः ष्यञ् (य) । निचोड । मतलब । इरादा । कहनेवालेकी इच्छा (चाह) । अभिप्राय । एककाममें लगना.

तात्त्विक, (त्रि०) तत्त्वे भवः । तत्त्वमें होनेवाला । असल । दरअसल । पारमार्थिक.

तादर्थ्य, (न०) तस्मै इदं तदर्थं तस्य भावः ष्यञ् (य) । उसके लिये होना । उसके लिये तदुद्देश । उसकी बाबत.

तादात्म्य, (न०) स आत्मा (स्वरूपं यस्य) तस्य भावः ष्यञ् (य) । उसी स्वरूपका होना । अभेद । एकही स्वरूप । शकल.

तादृक्ष, (त्रि०) तस्य इव दर्शनं अस्य । दृश्+क्स । जो उसकी नाईं दिखलाई देता है । उस प्रकारका । उस जैसा.

तान, (पु०) तन्+घञ् (अ) । एक धागा । कमलकी तांत । (संगीतशास्त्रमें) लंबी आवाज (सुर) "तानप्रदायित्वमिवोपगन्तुम्" कु० (तानोंकी संख्या ४९ उनचास हैं) । फैलाव.

तानवं, (न०) तनोर्भावः । छोटापन । पत्तलापन । सूक्ष्मता.

तान्तव, (त्रि०) वी० (स्त्री०) तंतोर्विकारः+अञ् । तन्तु (सूत) का बना हुवा.

तान्त्रिक, (त्रि०) तन्त्रं (सिद्धान्तं) तन्नामकं शास्त्रं वा अधीते वेद वा ठक् (इक) । सिद्धान्त (असली बात) वा इस नामके शास्त्रको जो पढता वा जानता है । ज्ञातसिद्धान्त । जिसने सिद्धान्त जान लिया । ब्रह्मवादी । जो परमात्माके विषयमें बातचीत कर्ता है । तन्त्रशास्त्रके जानेहारा.

ताप, (पु०) तप्+घञ् (अ) सन्ताप । शोक । गर्मी । कृच्छ्र । मुश्किल । दुःख.

ताप, (पु०) तप्+घञ् । उष्णता । गर्मी.

तापक, (त्रि०) तप्+ण्वुल् । तपानेवाला । गरमी देनेवाला । जलानेवाला ।-कः-(पु०) ज्वर (बुखार).

तापत्रय, (न०) तापानां त्रयं । आध्यात्मिक आदि संसारके तीन ताप (दुःख).

तापन, (त्रि०) तप्+णिच्+भावे ल्युट् । गरम करनेवाला । जलानेवाला.

तापस, (पु०) तपसि साधुः अच् (अ) । तमालपत्र (इन दिनों तमाकूको भी इसी नामसे बोलते हैं । तेजपत्ता)"तपः अस्ति अस्य (अच्)" जो तप कर्ताहै (तपस्वी) (त्रि०) । दमनक वृक्ष (पु०).

तापसतरु, (पु०) तापसोपयुक्तः तरुः । तपस्विओंके कामका वृक्ष । इङ्गुदीका वृक्ष (इसके तेल आदिसे तपस्वीओंके सब काम पूरे होतेहैं).

तापहर, (त्रि०) तापं हरति । तापको दूर करनेवाला । शीतल करनेवाला । शान्ति (दिलासा) देनेवाला.

तापिञ्छ-ञ्ज, (पु०) । तापिनं छादयति जयति वा । छद्-जि वा ड (अ) । पृषो० । ताप दूर कर्ता है । तमालका वृक्ष.

तापित, (त्रि०) तप+णिच्+क्त । तपायागया । गरम किया गया । पीडा पहुंचाया गया.

तापिन्, (त्रि०) तप्+णिनि । तपानेवाला । किसी प्रकारकी व्याधिसे पीडित । गरम करनेवाला । गरम.

तापी, (स्त्री०) तापयति । अच् । ङीष् (ई) । विन्ध्य पर्वतमें पश्चिमओर वहनेवाली एक नदी.

तामरस, (न०) तामरे (जले) सस्ति । सस्+ड । जो जलमें सोता है । पद्म । सोना । धतूरा । बारह अक्षरोंके पादवाला एक छन्द.

तामस, (पु०) तमसि (अंधकारे) अविद्यागुणे वा रतः+अण् (अ) । अंधेरे वा अविद्या (बेसमझी)के गुणमें पचगया । सांप । उल्लू । नीच । "तमसा (गुणभेदेन) निर्वृत्तं+अण् (अ)" । जो तमोगुणसे बना है (सांख्यमें) तमोगुणसे उत्पन्नहुए अहंकार आदि (त्रि०) "तमसः (राहोः अपत्यं) अण्" राहुकी सन्तान । (ज्योतिषमें) राहुका पुत्र केतु । तमसा व्याप्ता अण् (अ) ङीप् (ई) । रात्रि । रात । जटामांसी । वह स्त्री जिसमें तमोगुण बहुत है (स्त्री०).

तामसिक, (त्रि०)-की (स्त्री०) तमसा निर्वृत्तं+ठञ् । अंधकारसे बना । अंधेरा । अंधेरेके साथ संबंध रखनेवाला.

तामिस्र, (पु०) तमिस्रं अस्ति अस्मिन् ण (अ) जिसमें अंधेरा हो । (सांख्यमें) अठारह प्रकारका विपर्यय (वस्तुको उलटा दिखानेहारा) रूप अज्ञान । भोगकी इच्छाके रुकनेसे उपजा क्रोध (गुस्सा) । राक्षस (जिसके बुरे आचार हैं) । एक नरक । जिसमें अंधेराही अंधेरा हो (न०).

ताम्बूल, (न०) तम्+उलच् (उल) बुक् आताहै । और दीर्घ होजाताहै । पाननामसे प्रसिद्ध नागवल्लीका पत्ता । गुवाक.

ताम्बूलकरङ्क, (पु०) ६ त० । पानका डब्बा । पानदान। पान रखनेका पात्र.

ताम्बूलपेटिका, (स्त्री०) तांबूलस्य पेटिका । पानकी पीटारी (डब्बा) । पानदान । पानपुडा.

ताम्बूलदः-धरः, वाहकः, (पु०) तांबूलं ददाति—धारयति वा तांबूलस्य वाहकः । पानदान उठानेवाला भृत्य (नौकर) जो आवश्यकता पडनेपर पान लगाकर देता है.

ताम्बूलवल्ली, (स्त्री०) तांबूलस्य वल्ली । तांबूल (पान) की वेल.

ताम्बूलाधिकार, (पु०) तांबूलस्य अधिकारः । पान देनेका काम.

ताम्बूलिक, (त्रि०) ताम्बूलं पण्यं अस्य+ठक् (इक) । पानका सौदा करनेवाला । पान बेचकर जीनेहारा । एक प्रकारकी जाति.

ताम्र, (न०) तम्+रक् (र) दीर्घ होगया । एक प्रकारका धातु (तामा) । एक प्रकारका कुष्ट (कोड) का रोग (बीमारी) । अरुण (लाल) वर्ण (रंग) (पु०) । लाल रंगवाला (त्रि०).

ताम्रकर्णी, (स्त्री०) ताम्रौ (अरुणौ) कर्णौ यस्याः । जिसके लाल कान हों । पश्चिम दिशाकी हथिनी । एक नदी.

ताम्रकार, (पु०) ताम्रं (ताम्रमयं) करोति । कृ+अण् (अ) तामेका काम करनेवाला । कसेरा । एक प्रकारकी जाति.

ताम्रकूट, (न०) ताम्रस्य (ताम्रवर्णस्य) कूटं इव । मानो तामेके रंगका ढेर है । तमाकू । "संविदाकालकूटश्च ताम्रकूटं च धुस्तुरं" इति तन्त्रम्.

ताम्रचूड, (पु०) ताम्रा चूडा यस्य । जिसकी चोटी (कलगी) तामेके रंगकी है । कुक्कुट । कुक्कड.

ताम्रपट्ट, (न०) ताम्रमयं पट्टं । तामेका पटरा । पट्टी । तामेका बनाहुआ लिखनेका पत्ता.

ताम्रपर्णी, (स्त्री०) एक नदी (मलय पर्वतमेंसे निकली है और इसमें मोती होते हैं).

ताम्रपल्लव, (पु०) ताम्राणि पल्लवानि यस्य । जिसके लाल पत्ते हों । अशोकवृक्ष.

ताम्रबीज, (पु०) ताम्रं बीजं यस्य । जिसका लाल बी हो, कुलत्थ । कुलथी.

ताम्रवल्ली, (स्त्री०) कर्म० । मञ्जिष्ठा । मजीठ (जिसकी लाल वेल हो).

ताम्रशिखिन्, (पु०) ताम्रवर्णा शिखा अस्ति अस्य । जिसकी चोटी लाल रंगकी हो । कुक्कुट । कुक्कड.

ताम्रसार, (पु०) ताम्रवर्णं सारं अस्य । तामेके रंगका जिसमें सार हो । लालचन्दनका वृक्ष (रक्तचन्दन) । तामेका सार (न०).

ताम्रिक, (पु०) ताम्रघट्टनं शिल्पं अस्य । जो तामेका काम कर्ता है । "ताम्रस्य अर्थे" ठक् (इक) । तामेका कांस्यकार (कसेरा) एक जाति । तामेका बनाहुआ पदार्थ.

ताय्, पालन करना-विस्तार-फैलना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । तायते । अतायि-अतायिष्ट । "णिच्" अततायत्-त.

तार, (पु०) तॄ+अपने अर्थमें+अच् (अ) । प्रेरण । चलाना । "णिच् करणादौ घञ् वा" । एक वानर । शुद्धमुक्ता (साफ मोती) । प्रणव (ओं) । देवीका प्रणव (ह्रीं) । और तरना । नक्षत्र (तारा) । नेत्र (आंख) के बीचकी कनीनिका (पुतली) (स्त्री०) । निर्मल (साफ) (न०) रूपा । बडी उंची आवाज । बहुत ऊंचा । निर्मल (साफ) (त्रि०) । एक प्रकारकी महाविद्या । वालीकी स्त्री । बृहस्पतिकी स्त्री (स्त्री०).

तारक, (पु०) तारयति । तॄ+णिच्+ण्वुल् (अक) । तारनेवाला । नाविक (मल्लाह) । मेला । और एक दैत्य । तारा । आंखकी पुतली (स्त्री०) टाप् (आ) । तारका (इ नहीं होता).

तारकजित्, (पु०) तारकं जितवान् । जी+क्विप् (भूते) । जिसने तारक दैत्यको जीतलिया । कार्तिकेय । स्वामिकार्तिक । "तारकहा".

तारकित, (न०) तारका जाताः अस्य इतच् (इत) । जिसमें तारे निकल आये हों । तारोंवाला । नक्षत्रयुक्त । आकाश-आसमान.

तारतम्य, (न०) तरतमयोर्भावः ष्यञ् (य) । न्यूनाधिक्य । कमजियादा । थोडाबहुत । भेद । फरक.

तारापति, (पु०) ६ त० । ताराका पति । शिवजी । चन्द्रमा । बृहस्पति । वालीनामी वानर और सुग्रीव.

तारापथ, (पु०) ६ त० । तारोंका भ्रमण करनेका रास्ता । आकाश । आसमान.

तारापथः, (पु०) ताराणां पंथाः । तारोंका मार्ग । आकाश । आसमान.

तारापीड, (पु०) तारा आपीड इव अस्य । तारा जिसका मानों भूषण है । चन्द्रमा । कादम्बरीकी कथामें प्रसिद्ध एक राजा.

ताराभ्र, (पु०) तारः (निर्मलः) जलशून्यः अभ्रः (मेघः) इव शुभ्रत्वात् । श्वेत (चिट्टा) होनेसे मानो पानीसे विना बादल है । कर्पूर । कापूर.

तारामैत्रकं, (न०) ताराभिः मैत्रकं । तारों (नक्षत्र मिलनें) की मित्रता । अचानकही परस्पर दोकी चार होनेसे मित्रता होजाना । आकस्मिक प्रेम.

तारावर्ष, (न०) ताराणां वर्ष। तारोंकी वृष्टि । वर्सना-गिरना.

तारिणी, (स्त्री०) तारयति । तॄ+णिच्+णिनि (इन्) ईप् (ई) । तारनेहारी । शिवजीकी स्त्री । पार्वती । दूसरी महाविद्या.

तारिन्, (त्रि०) तॄ+णिच्+णिनि । तारनेवाला । बचानेवाला.

तार्किक, (पु०) तर्कं वेत्ति अधीते वा ठक् (इक) । जो तर्क (दलील) को जानता है वा पढता है । तर्कशास्त्रको पढनेहारा । तर्कशास्त्रको जान्नेहारा । तर्कशास्त्र गौतम, कणाद और बृहस्पति आदिसे रचाहुआ है.

तार्क्ष्य, (पु०) तार्क्षस्य अपत्यं यञ् (य) । तार्क्ष (कश्यप)-की सन्तान । गरुड । अरुण (सूर्यका सारथि) । सांप । घोडा । सोना । रथ.

तार्क्ष्यध्वजः, (पु०) तार्क्ष्यः ध्वजो यस्य । गरुडके झण्डेवाला भगवान् विष्णु.

तार्णः, (त्रि०)-र्णी (स्त्री०) तृणस्य इदं-अण् । घासका बना हुआ.

तार्तीय, (त्रि०) तृतीय एव+स्वार्थे अण् । तीसरा । तीसरे-का सम्बन्धी ।-यं-(न०) तीसरा भाग (हिस्सा).

तार्तीयीक, (त्रि०) तृतीय-(अपने अर्थमें) +ईकक् । तीसरा । तृतीय.

ताल, (पु०) तल्+घञ् (अ) । णिच्-अच् वा । अपने नामका वृक्ष । हडताल । देवीका सिंहासन । गानपरिमाण । रागका वजन (शब्दकी क्रियाका मान-माप) । दोनों हाथोंका शब्द (ताली वजाना) कांसीका बनाहुआ वाजा । त्सरु (तलवारकी मूठ) । बारह वार जानु (गोड्डा) पर चारोंओर हाथ घुमानेसे जितना समय लगता है । ताला.

तालक, (न०) तल्+ण्वुल् (अक) । दर्वाजेको वंद कर-नेकी कला । ताला । हडताल.

तालध्वज, (पु०) तालचिह्नितः ध्वजः यस्य । जिसके झंडे-पर तालका निशान है । बलभद्र । बलराम.

तालपत्र, (न०) तालस्य पत्रं इव । मानो तालका पत्ता है । कर्णभूषण । कानका जेवर । ताडंक । एक प्रकारका सुवर्ण-निर्मित कानका भूषण.

तालवृन्त, (न०) ताले (करतले) वृन्तं (बधनं) अस्य । जिसका हाथकी तलीपर बंधन होता है । "तालस्य इव वृन्तं अस्य वा" । जिसका बंधन तालकी नाई हो । व्यजन । पक्खा (पंखा) "अपने अर्थमें कन्" यही अर्थ होता है.

तालव्य, (त्रि०) तालौ भवः+यत् । तालुसे संबंध रखने-वाला ।-वर्णः (पु०) तालुसे उच्चारण किया गया अक्षर.

तालाङ्क, (पु०) तालचिह्नितः अङ्कः (ध्वजः) अस्य । जिसके झंडेपर तालका चिह्न हो । बलभद्र । बलदेव.

तालिक, (पु०) तालेन (करतलेन) निर्वृत्तः ठक् (इक) हाथकी तलीसे बना । चपेट । थप्पड । हाथकी तली.

तालु, (न०) तरन्ति अनेन वर्णाः । तॄ+ञुण् (उ) रको ल होता है । जिससे अक्षर तैरते हैं । जीभ (इन्द्रिय)-का आसरा.

तालुजिह्व, (पु०) तालु एव जिह्वा यस्य । तालुही जिसकी जीभ है । कुम्भीर (संसार) । जीभके न होनेपरभी यह तालुहीसे रसका स्वाद लेता है.

तावक, (त्रि०)-की (स्त्री०) तव इदम् । तावकीन (त्रि०) (तव इदं+ठ+ईन) तेरा.

तावत्, (अव्य०) तत्परिमाणं अस्य । नि० । उसका इतना माप है । इतना । सारा । माप । अवधि (हद्द) । निश्चय । प्रशंसा । तारीफ । वाक्यका भूषण (सजावट) । तदा । (तव) । इतना बडा.

तिक्, जाना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । तेकते । तेकां-चक्रे । अतेकिष्ट.

तिक्त, (पु०) तिज्+क्त (त) । कसैला । खट्टा छ रसोंमेंसे एक.

तिग्म, तिज्+मक्-जको ग होता है । तीक्ष्ण । तेज । तेज चीज (त्रि०).

तिग्मरश्मि, (पु०) तिग्मा रश्मयः अस्य । जिसकी तेज किरणे हों । सूर्य । सूरज.

तिघ, घातन-कतल करना । स्वा० पर० सक० सेट् । तिघ्नोति । अतेघीत्.

तिज्, तीक्ष्णीकरण । तेजकरना । चुरा० उभ० सक० सेट् । तेजयति-ते.

तिज्, क्षमा (मुआफ) करना । अपने अर्थमें सन् (स) होताहै । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । तितिक्षते । अति-तिक्षिष्ट । (जब सन् नहीं होता तो) तेजते । तेजिष्ट.

तितउ, (पु०) छाननी । चालनी.

तितिक्षा, (स्त्री०) तिज् । क्षमा करना (अपने अर्थमें सन्-अ-टाप्) क्षमा (मुआफी) । दूसरेसे कियेगये अपमान आदिको सहारना । शीत (सर्दी) उष्ण (गर्मी) आदिं सहारना.

तितिक्षु, (त्रि०) तिज्+सन् (स)+उ । शीत आदिं सहारनेवाला । ऐसी रीतिसे कि जिसमें प्राणोंका वियोग न हो जाय.

तित्तिर-रि, (पु०) तिति इति अव्यक्तशब्दं राति । रा+क (अ) डि वा । एक प्रकारका पक्षी (परिंदा) । तित्तिर । तीतर.

तिथि-थी, (पु० स्त्री०) अत्+इथिन्-पृ० वा ङीप् (ई) । चन्द्रमाकी पन्द्रह कलाओंके हिसाबसे होनेवाली प्रतिपदा आदि तिथि । पन्द्रहकी संख्या.

तिथिक्षय, (पु०) तिथीनां (तिथ्युपलक्षितचन्द्रकलानां क्षयः यस्मिन् । जिसमें चन्द्रमाकी कलाओंका क्षय=नाश होजाता है । दर्श (सूर्य और चन्द्रमाका संगम-मेल) अमावास्या । ६ त० । तिथिओंका नाश.

तिथिपत्री, (स्त्री०) तिथीनां पत्री । तिथि (तारीक) बतानेवाली पत्री.

तिथिप्रणी, (पु०) तिथीन् प्रणयति (स्वगत्या निष्पादयति) प्र+णी+क्विप् । जो अपनी गति (चाल) से तिथिओंको बनाता है । चन्द्रमा.

तिम्, आर्द्रीभाव । गीला होना । भ्वा० पर० अक० सेट् । तेमति । अतेमीत्.

तिमि, (पु०) तिम्+इन् (इ) मत्स्य । मच्छी । समुद्र । बडे शरीरवाला समुद्रका मच्छ.

तिमिङ्गिल, (पु०) तिमिं (मत्स्यं) गिरति । गृ-निगल जाना+खश् मुम् च । एक प्रकारका मच्छ । जो तिमि मच्छको भी निगल जाता है । वडाभारी मच्छ.

तिमित, (त्रि०) तिम्+क्त (कर्तामें) । निश्चल (न हिलनेवाला । कायम) । गीला.

तिमिर, (न०) तिम्+किरच् (इर) । अंधकार (अंधेरा) एक प्रकारका नेत्रोंका रोग (बीमारी).

तिरस्कृत, (त्रि०) तिरस्+कृ+क्त । तिरस्कार किया हुआ । बेइकात किया गया.

तिरश्चीन, (त्रि०) तिर्यक्+ख (अपने अर्थमें) (ईन) टेढा हो गया । " गतं तिरश्चीनमनूरुसारथेः " इति माघः.

तिरस्, (अव्य०) अंतर्धान । छिपना । तिरस्कार (बेइज्जती) तिरछा । वक्र.

तिरस्करिणी, (स्त्री०) तिरस्+कृ+णिनि-नि० । जवनिका (पडदा) "तिरस्करिण्यो जलदा भवन्ति" कुमारः.

तिरस्कार, (पु०) तिरस्+कृ+घञ् । अनादर । बेइजती । झिडक.

तिरोधान, (न०) तिरस्+धा+ल्युट् (अन) । अन्तर्धान । छिपना.

तिरोहित, (त्रि०) तिरस्+धा+क्त (त) । अन्तर्हित । छिपाहुआ । आच्छादित (ढकाहुआ).

तिर्यक्, (अव्य०) वक्र । टेढा । निरुद्ध । रुकाहुआ । पशु । पक्षी । टेढा चलनेवाला (त्रि०).

तिल्, स्नेह-चिकना होना । तुदा० पर० अक० अनिट् । तिलति.

तिल, (पु०) तिल्+क (अ) । अपने नामका वृक्ष । उसका फल.

तिलक, (पु०) तिल्+क्वुन् (अक) । तिल+कन् (क) वा । तिलवृक्ष । एक प्रकारका घोडा । एक प्रकारका रोग । चन्दन आदिका तिलक । (पु० न०) । प्रधान (त्रि०) " रघुकुलतिलकः " इति नाटकम्.

तिलकट, (न०) तिलस्य रजः । तिल+कटच् । तिलोंका चूरा । चूर्ण.

तिलकल्क, (पु०) तिलस्य कल्कः । तिलोंका चूरा । पिण्याक । खल.

तिलकालक, (पु०) तिल इव कालकः (कृष्णः) । जो तिलकी नांई काला हो । शरीरपर तिलके स्वरूपका निशान । एक प्रकारका रोग.

तिलतैल, (न०) तिलस्य स्नेहः । तिल+तैलच् (तैल) । तिलोंका स्नेह । तिलोंकी चिकनाई । " तिलरस " इसी अर्थमें.

तिलधेनु, (स्त्री०) तिलनिर्मिता धेनुः । तिलोंकी बनाई गई गौ । दान ब्राह्मको (देने) के लिये तिलोंकी बनाईगई गौ (धेनु).

तिलोत्तमा, (स्त्री०) रत्नोंका तिल २ (छोटा २ टुकडा) लाकर बनाईगई एक अप्सरा (स्वर्गकी वेश्या । कंजरी).

तिल्य, (न०) तिलानां भवनं (क्षेत्रम्)तिल्यं+यत् । तिलोंका खेत.

तिष्ठद्गु, (अव्य०) तिष्ठन्ति गावो यत्र । नि० । जिस समय गौएं सोनेके लिये ए ठहरती हैं (एक घण्टा वा डेढ घण्टा रात गये).

तिष्य, (पु०) तुष्यन्ति अस्मिन् । तुष्+क्यप् (य) नि० । पुष्यनक्षत्र । कलियुग । "तिष्यनक्षत्रमें उपजा" अण् तस्य लुक् । पुष्य नक्षत्रमें उत्पन्न हुआ (त्रि०).

तिष्यफला, (स्त्री०) तिष्ये (कलियुगेऽपि) फलं यस्याः ५ व० । कलियुगमें भी जिसका फल होता है । आमलकी । आवला । आमला.

तीक, याचन (मांगना) । भ्वा० आत्म० द्विक० सेट् । तीकते । अतीकिष्ट .

तीक्ष्ण, (न०) तिज्+क्स्न (दीर्घ हो गया) । मरना । लडाई । विष । तेज । लोहा । शस्त्र (औजार) । आलसरहित और मोक्ष चाहनेवाला । योगी (पु०).

तीक्ष्णकण्टक, (पु०) तीक्ष्णः कण्टकः अस्य । जिसका कांटा तेज हो । धतूरा । इङ्गुदीवृक्ष । और वांस.

तीक्ष्णकन्द, (पु०) तीक्ष्णः कन्दः (मूलं) अस्य । जिसकी जड तेज हो । पलाण्डु । गंडा.

तीक्ष्णकर्मन्, (त्रि०) तीक्ष्णं कर्म यस्य । तेज काम करनेवाला । चालाक । उत्साही । दिलेर.

तीक्ष्णगन्धा, (पु०) तीक्ष्णः गन्धः अस्याः । जिसकी तेज गंध हो । वचा । राजिका । कंथारी । छोटी इलाइची । जीवन्ती.

तीक्ष्णतण्डुला, (स्त्री०) तीक्ष्णाः तण्डुला यस्याः । जिसके तेज चावल हों । पिप्पली । मघ.

तीक्ष्णदंष्ट्र, (पु०) तीक्ष्णाः दंष्ट्राः यस्य । तेज दाढोंवाला । व्याघ्र । चीता.

तीक्ष्णधारः, (पु०) तीक्ष्णा धारा यस्य । ६ त० । तेज धारवाला । तरवार.

तीक्ष्णपुष्प, (पु०) तीक्ष्णं पुष्पं अस्य । जिसका तेज फूल हो । लवङ्ग । लौंग । केतकी (स्त्री०).

तीक्ष्णबुद्धिः, (त्रि०) तीक्ष्णा बुद्धिः यस्य । तीक्ष्ण (तेज) बुद्धि (अकेल) वाला । चतुर । चालाक.

तीक्ष्णरश्मिः, (पु०) तीक्ष्णा रश्मयः यस्य । तेज किरणोंवाला । सूर्य.

तीक्ष्णरसः, (पु०) तीक्ष्णः रसः यस्य । तेज रसवाला । विषमय रस । कोईभी जहरीला रस । विष । जहर.

तीक्ष्णशूक, (पु०) तीक्ष्णः शूकः अग्रं यस्य । जिसके आगेका भाग तेज हो । यव । जौ । जौं.

तीक्ष्णायस, (न०) तीक्ष्णं अयः+अच् समा० । तेज लोहा । स्टील । लोहेकी कलम । एक प्रकारका लोहा.

तीक्ष्णांशुः, (पु०) तीक्ष्णाः अंशवः यस्य । तीक्ष्ण (तेज–कठिन) किरणोंवाला । सूर्य । अग्नि.

तीक्ष्णोपायः, (पु०) तीक्ष्णः उपायः । कठिन उपाय । तीक्ष्ण (तेज) साधन.

तीम्, क्लेदन । गीला करना । भिगोना । दिवा० पर० अक० सेट् । तीम्यति । अतीमीत्.

तीर्, पारगति । पारजाना । तैरजाना । काम समाप्त करना । चुरा० उभ० अक० सेट् । तीरयति-ते । अतितीरत्-त.

तीर, (न०) तीर्+अच् (अ०) नदीआदिका तट (किनारा) । बाण । तीर । सीसक (सिक्का) (पु०).

तीर्ण, (त्रि०) तॄ+क्त । उत्तीर्ण । तैरगया । पारहुआ । अभिभूत । दवाया गया । आप्लुत (नहायाहुआ).

तीर्थ, (न०) तॄ+थक् (थ) । शास्त्र । यज्ञ । क्षेत्र (कुरुक्षेत्र आदि) उपाय । स्त्रीका रज (फूल) । नदी आदिका उतरना । घाट । विद्या आदि गुणोंवाला पात्र । उपाध्याय (पाधा) । पढानेहारा । मन्त्री (सिकत्तरवजीर) । पानीका स्थान । पवित्र स्थान । यात्राका स्थान । योनि । दर्शन । आगम । निदान (आदिकारण) । आग । खूएके पासका सरोवर (तालाव) । कोई पवित्र विषय (जो विशेषकर किसी पवित्र नदीके तीरपर वा पासही हो) । "शुचि मनो यद्यस्ति तीर्थेन किम्" भर्तृ० । शरीर, मन और पृथिवीके पवित्र स्थान । (शरीरके अङ्गुलीके आगे दैव, अङ्गुलीओंके मूलमें प्राजापत्य, अंगूठे और अङ्गुलिके बीचमें पैत्र और अंगूठेके मूलमें ब्राह्म तीर्थ है,) मनके तीर्थ सत्य, क्षमा, इन्द्रिओंका निग्रह (रोकना), सब जीवोंपर दया, सबके साथ कोमल रहना, दान, दम । (अपनेको काबू करना) सन्तोष (सबकरना) ब्रह्मचारी होना बडा तीर्थ है । (वीर्यकी रक्षा करना, स्त्रीके निकट न जाना) । पियारा वचन बोलना । ज्ञान (अपने आपको जानना) । धीरज करना । पुण्य करना । (सबसे अधिक तत्त्वको पहिचाननेवाले कहते हैं कि सब तीर्थोंमें बहुत बडा तीर्थ तो मनकी विशुद्धि अर्थात् सफाई है) । पृथिवीके तीर्थ (जिस प्रकार शरीरके कईएक स्थान बहुत पवित्र होते हैं वैसेही पृथिवीके कईएक स्थान पुण्यतम अर्थात् बहुतही पुण्यको देनेहारे हैं जहां स्नान, ध्यान, पान होना बडेही शुभ भाग्यका फल समझागया है । पृथिवीके अधिक प्रभाव, जलके तेज, और मुनिओंके आश्रय लेनेसे तीर्थोंका सेवन पुण्यके देनेहारा है । पवित्र बातोंके सिखानेहारा गुरु "मया तीर्थादभिनयविद्या शिक्षिता" मृ०.

तीर्थंकर, (पु०) तीर्थं (हितशासनं आगमं) करोति । कृ+टक् (अ) । हितको कहनेहारे शास्त्रका उपदेश करनेवाला । गौतम, कपिल, कणाद आदि । जैन । जैनोंका सन्त । "तीर्थंकर" भी इसी अर्थमें होताहै.

तीर्थोदकं, (न०) तीर्थस्य उदकं । तीर्थका जल । पवित्र जल.

तीर्थकमण्डलु, (पु० न०) तीर्थस्य कमण्डलुः । तीर्थके जलसे भरा हुआ कमण्डलु । संन्यासिओंका पात्र वा घडा.

तीर्थकाकः–ध्वाङ्क्षः–वायसः, (पु०) तीर्थस्य काकः । तीर्थका कौआ । अर्थात् बहुतही लोभी (लालची) पुरुष.

तीर्थदेव, (पु०) तीर्थस्य देवः । तीर्थकी देवता । शिव.

तीर्थयात्रा, (स्त्री०) तीर्थस्य यात्रा । तीर्थकी यात्रा (सफर).

तीर्थराज, (पु०) तीर्थानां राजा+टच् । तीर्थोंका राजा । प्रयागराज.

तीर्थविधि, (पु०) तीर्थस्य विधिः । तीर्थपर निवास करनेका नियम । तीर्थपर करने योग्य रीत रसम.

तीर्थसेविन्, (त्रि०) तीर्थं सेवते+णिनि । तीर्थकी सेवा करनेवाला । तीर्थयात्री.

तीव्, स्थौल्य । मोटा होना । भ्वा० पर० अक० सेट् । तीवति । अतीवीत्.

तीव्र, (पु०) तीव्+रक् (र) । शिवजी । लोहा । सिक्का और तेज "न सहारा जानेहारा" । बहुत तेज (त्रि०) गरम । बिनहद्द । मजबूत.

तीव्रवेदना, (स्त्री०) कर्म० अत्यन्तपीडा (बहुतही दर्द । यातना (पीडा).

तु, (अव्य०) किन्तु । लेकिन । पादको पूरण कर्ताहै । और वा (कभी वाक्यके पहिले नहीं आता, परन्तु प्रायः पहिले शब्दके पीछे आता है) । वही तो । इसके सिवा । तौभी । पर । भी । और.

तुङ्ग, (पु०) तुञ्ज्+घञ् (अ) । पर्वत (पहाड) केसरका दरख्त । नारियेल । और (ज्योतिषमें सूर्य आदिके विशेष अंशोंसे पहिचानीगई मेषआदि राशियें) ऊंचाईवाला । ऊंचा । प्रधान (त्रि०).

तुङ्गभद्र, (पु०) बडा मस्त हाथी । दक्षिण देशमें इसनामकी एक नदी (स्त्री०).

तुच्छ, (न०) तुद्+क्विप् (तुदा-व्यथया छयति -छो+क) । चावलोंसे रहित धान्य । तोः । तुष । हीन । निकम्मा । थोडा । सूना (त्रि०).

तुज्, हिंसा । मारना । कतल करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । तोजति । अतोजीत्.

तुड्, द्विधाकरण । दो टुकडे करना । तोडना । भ्वा० पर० सक० सेट् । तोडति । अतोडीत्.

तुण्ड, (न०) तुड्+अच् (अ) । मुख । मूं । चिहरा.

तुण्डिभ-ल, (त्रि०) तुण्ड+भ लच् वा । बहुत बोलनेवाला । बडी नाभि (धुन्नी) वाला । "तुन्दिल" यही । गोगडिया अर्थ.

तुत्थ्, स्तुति । सराहना । तारीफ करना । चुरा० उभ० सक० सेट् । तुत्थयति-ते.

तुत्थ, (पु०) तुद्+थक् (थ) । अग्नि (आग) । एक प्रकारका अञ्जन (सुरमा) (न०).

तुद्, व्यथन । पीडा पहुंचाना । तुदा० उभ० सक० अनिट् । तुदति-ते । अतौत्सीत् । अतुत्त.

तुन्दकूपी, (स्त्री०) ह्रस्वः कूपः कूपी । तुन्दस्य कूपीव । मानों पेटकी खुई है । नाभी (धुन्नी) । (अपने अर्थमें कन् (क) "तुन्दकूपिका" यही अर्थ.

तुन्न, (पु०) तुद्+क्त (त) । (तुंद) वृक्ष । पीडा पहुंचाया गया । कटा गया (त्रि०).

तुन्नवाय, (पु०) तुन्नं छिन्नं वयति । वे+अण् (अ) । जो कटेहुएको जोडता है । सौचिक । दर्जी । सूईका काम करनेवाला.

तुभ्, हिंसा । मारना । कतलकरना । दिवा० क्र्या० पर० सक० सेट् । तुभ्यति । तुभ्नाति-अतोभीत्.

तुमुल, (पु०) तु+मलक् (तुल) कलिवृक्ष (बयडा) । घबरायाहुआ और लडाई । घबराहटकी लडाई (न०).

तुम्बरु, (पु०) तुवि+उरुच् (उरु) । एक गंधर्व । एक प्रकारका बाजा.

तुर्, वेग । जल्दी जाना । जु० पर० अक० सेट् । तुतोर्ति । अतोरीत्.

तुरग, (पु०) तुरेण (वेगेन) गच्छति । गम्+ड (अ) । जो बडे जोर वा तेजीसे जाता है । घोडा । चित्त । मन । दिल.

तुरगस्कन्ध, (पु०) तुरग (समूहअर्थमें) स्कन्धच् (स्कन्ध) । घोडोंका समूह । ६ त० । घोडेका कंधा.

तुरङ्ग, (पु०) तुरेण गच्छति । गम्+ख मुम् वा । घोडा । चित्त । "तुरङ्गम" यही अर्थ होता है.

तुरङ्गवदन, (पु०) तुरङ्गस्य इव वदनं अस्य । जिसका घोडेकी नाईं मुख हो । किन्नर (एक प्रकारकी देवता).

तुरङ्गारि, (पु०) ६ त० । करवीरवृक्ष । महिष । भैंसा.

तुरासाह, (पु०) तुरां (वेगं) सहते । तुरं (वेगवन्तं) वा साहयते (अभिभवति) वा क्विप् -षत्वम् । जो वेगको सहारताहै अथवा जो वेगवालेको दबा लेते हैं । इन्द्र । देवताओंका राजा.

तुरि-री, (स्त्री०) । तुर्+इन्-वा ङीप् । जुलाहेकी लकडीका घनाहुआ बुनेका साधन (औजार).

तुरीय, (त्रि०) चतुर+पूरण अर्थमें तीय प्रत्यय होताहै । निपा० । चौथा । चार हिस्सोंवाला । शक्तिवाला । (वेदान्तदर्शनमें) आत्माकी चौथी दशा जिसमें यह ब्रह्म वा परमात्माके साथ एक हो जाता है । शुद्धस्वरूप निर्गुण ब्रह्म । तीनोंसे पहिली दशावाला.

तुरीयवर्ण, (पु०) कर्म० । चौथी चतुर्थ जातिका मनुष्य । शूद्रवर्ण.

तुरुष्क, (पु०) तुर+उसिक्-स्वार्थे कन्-षत्वम् । एक प्रकारका गंधवाला द्रव्य (शिलारस) । तुर्क लोग (बहुवचन).

तुर्य, (त्रि०) चतुर्णां पूरणः । यत् । नि० । चारोंको पूरा करनेवाला । चौथा.

तुर्व, हिंस । कतलकरना । मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । तुर्वति । अतूर्वीत् । तूर्त.

तुर्वसु, (पु०) ययातिराजाका पुत्र.

तुल्, उन्मान । तोलना । मापना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । तोलयति-ते । तोलति । अतूतुलत्-त । तुला शब्दसे णिच् होकर "तुलयति" बनता है.

तुलन, (न०) तुल्+ल्युट् । बोझा उठाना । बराबरी.

तुलसी, (स्त्री०) तुलां अस्यति अस्+ अण् (अ) शक० । जो बराबरीको फेंक देती है अर्थात् जिसके समान संसारमें और कोई वृक्ष नहिं । (तुलसी) अपने नामसे प्रसिद्ध एक वृक्ष.

तुला, (स्त्री०) तुल+अङ् (अ) । सादृश्य । बराबर मान । माप । तकडी । एक बडा पात्र (वर्तन) । सातवी राशि । तोलनेका डण्डा.

तुलाकोटि-टी, (स्त्री०) । तुलया तुलां वा कोटयति (परितापयति) कुट्+इ वा ङीप् । नूपुर । पंजेब । झांजर । एक माप.

तुलाधर, (त्रि०) तुलाया (मानदण्डस्य) धरः । तकडी पकडनेवाला । धृ+अच् (अ) । वाणिआ । तुलाराशि.

तुलापरीक्षा, (स्त्री०) तुलया परीक्षा । तकडीद्वारा सच्चे वा झूठेकी पहिचान.

तुलापुरुष, (पु०) सोलह प्रकारके महादानोंमेंसे एक.

तुलायष्टि, (स्त्री०) तुलायाः यष्टिः । तकडीकी डण्डी.

तुलासूत्र, (न०) तुलायाः सूत्रं । तकडीका लड वा सूत.

तुलित, (त्रि०) तुला+तत्करोति णिच् (कर्मणि क्त) परिमित । मापागया । सदृशीकृत । बराबर कियागया.

तुल्य, (त्रि०) तुलया संमितं यत् । सदृश । बराबर । समान.

तुल्यदर्शन, (त्रि०) तुल्यं पश्यति–दृश्+ल्यु । बराबर देखनेवाला.

तुल्यपानं, (न०) तुल्यं पानम् । इकट्ठे मिलकर पीना.

तुल्ययोगिता, (स्त्री०) अर्थालंकारका एक भेद.

तुवर, (पु०) तरति (हिनस्ति) रोगान् । तु+ष्वरच् निपा० । जो रोगोंको मारता है । एक प्रकारके धान । कषाय । कसैला स्वाद । कसैले स्वादवाला (त्रि०).

तुष्, तोष । प्रसन्न करना । रजाना । दिवा० पर० अक० अनिट् । तुष्यति । अतुषत्.

तुष, (पु०) तुष्+क (अ) । बिभीतक वृक्ष (वहेडा) । धानकी खाल । अपने नामका पदार्थ । भूसी.

तुष, (पु०) तुष्+चावलोंका छिलका वा भूसी । तोह.

तुषानल, (पु०) तुषस्य अनलः । तोहकी आग । तोहसे पैदाहुई आग.

तुषार, (पु०) तुष्+आरक् (आर) । हिम (बर्फ) । कर्पूर । कपूर । कापूर और शीत (सर्दी) । उसवाला (त्रि०).

तुषित, (पु०) तुष्+कितच् (इत) । तोषआदि वारह वा छत्तीस गणदेवता.

तुष्टि, (स्त्री०) तुष्+क्तिन् (ति) । सन्तोष (सवर) । अकृतार्थ (जो करना था वह न किया) दशामें भी ऐसी बुद्धि होना कि मैं कृतार्थ (जो करना था सो कर चुकाहूं) हो गयाहूं । सांख्यमें नौ प्रकारकी कही है.

तुह्, वध । मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । तोहति । अतुहत् । अतोहीत्.

तुहिन, (न०) तुह+इनम् (इन) । हिम । बरफ । चन्द्रमाका तेज.

तुहिनांशु, (पु०) तुहिना अंशवो यस्य । जिसकी किरणें बरफ हों । चन्द्रमा । चांद । "हिमांशुः" इसी अर्थमें होता है.

तूण, संकोच । सिकोडना । चुरा० उभ० सक० सेट् । तूणयति-ते । अतुतूणत्-त.

तूण्, पूरण । भरना । चुरा० आत्म० सक० सेट् । तूणयते । अतुतूणत्-त.

तूण-णी, (पु० स्त्री०) । तूण्+क्त । बाण (तीर)का आधार । तरकस.

तूणीर, (पु०) तूणीं (संकोचं) राति (ददाति) रा+क । तरकस । तीररखनेका पात्र.

तूर्ण, (न०) त्वर्+क्त (त) ऊठ् । (तको न हो जाताहै) । शीघ्र (जल्दी) । जल्दीवाला (त्रि०).

तूर्य, (न०) तुर् । हिंसा । मारना+यत् (य) । एक प्रकारका वाजा । तुरी वाजा.

तूल्, पूरण । चुरा० आत्म० सक० सेट् । तूलयते । अतूतुलत्.

तूल, (पु० न०) (तुल्+क) । एक प्रकारकी कपास (कपाह) । आकाश । तुंद नामका वृक्ष (न०).

तूलिका, (स्त्री०) तूल्+अस्त्यर्थे ठन् (इक) । शय्या (छेज) का साधन । ण्वुल् (अक) । मूर्ति लिखनेका साधन । तूली (द्रव्य).

तूवर, (पु०) तु+वर् -दीर्घश्च । वह गौ जिसके सींग नहिं । वह पुरुष जिसकी दाढी नहिं निकली । कसैला रस.

तूष्णीक, (त्रि०) तूष्णीं । तूष्णीं शीलं यस्य । शीलअर्थमें कन् (क) मलोप हो जाता है । चुप रहनेहारा.

तूष्णीम्, (अव्य०) मौन (चुपचाप).

तूष्णींशील, (त्रि०) तूष्णीं शीलं अस्य । मौनावलम्बी । चुप रहना जिसका स्वभाव है (पु०).

तूस्त, (न०) तुस्+तन्-दीर्घश्च । जटा । संहतकेश । इकट्ठेहुए वाल । धूर । महीन.

तृण्, भक्ष-खाना । तना० उभ० सक० सेट् । तृणोति-तर्णोति । तृणुते -तर्णुते । तर्णित्वा-तृण्ढ्वा.

तृण, (न०) तृद्+नक् । नका लोप होता है । नडादि । घास वगैरह । तिनका.

तृणकाण्ड, (न०) तृणानां समूहः । काण्डच् (काण्ड) । तृणसमूह । तिनकोंका ढेर.

तृणद्रुम, (पु०) तृणजातीया द्रुमाः । शाक० । तृणजातिके वृक्ष (असार होनेसे) । नारिकेल (नारियेल-नरेल) ताल । खजूर.

तृणधान्य, (तृणं) इव धान्यं । शाक० । तिनकेकी नाईं धान । ऐसी भूमिमें उपजता है कि जिसे कर्षण नहिं कियागया । नीवार खांकके चावल.

तृणराज, (पु०) तृणेषु राजते । राज्+अच् (अ) । ६ त० । टच् वा । तालका वृक्ष.

तृणशून्यं, (न०) तृणैः शून्यं । तृणों (तिनकों)से शून्य (रहित) । केतकी । नलिका.

तृणसिंह, (पु०) तृणेषु सिंह इव । तिनकोंमें शेरकी तरह । कुल्हाडी.

तृणहर्म्य, (पु०) तृणानां हर्म्यम् । तिनकोंका (बनाहुआ) घर । तिनकोंसे आच्छादित.

तृणीकृत, (त्रि०) तृण+च्वि+कृ+क्त । तिनका बनाया गया । हलका किया गया । तिरस्कार किया गया । निरादर किया गया.

तृणौकस्, (न०) तृणनिर्मितं ओकः । तिनकोंका बना हुआ घर । मकान.

तृण्य, (त्रि०) तृणानां समूहः । य । तिनकोंका ढेर.

तृतीय, (त्रि०) त्रयाणां पूरणः । तृ+तीय । सम्प्रसारण । तीनोंका पूरा करना । वह पदार्थ जो तीनकी संख्याको पूरा करे.

तृतीया, (स्त्री०) चन्द्रमाके मण्डलकी तीनकलावाली पडवासे तीसरी तिथि । तीज.

तृतीयाकृत, (त्रि०) तृतीयं कृतम् । तीरा कियागया । तिगुना कियागया । तृतीय+डाच्+कृ+क्त (त) । तीन वार खेंचाहुआ क्षेत्र (खेत).

तृतीयाप्रकृति, (स्त्री०) स्त्रीपुंसौ अपेक्ष्य तृतीया प्रकृतिः (प्रकारः) । स्त्री और पुरुष न होकर तीसरा प्रकार । नपुंसक । क्लीब । नपुंसक लिङ्ग.

तृद्, अनादर । आदर न करना । रुधा० उभ० अक० सेट् । तृणत्ति । तृन्ते । अतर्दीत्-अतृदत्.

तृन्ह्, हिंसा । मारना । तुदा० पर० सक० सेट् । क्त्वा वेट् । तृंहति । अतृंहत्.

तृप्, प्रीणन । तृप्तहोना । रजना । दिवा० पर० सक० वेट् । तृप्यति । अतर्पीत् । आताप्सीत्.

तृप्त, (त्रि०) तृप्+त्र । तृप्त हुआ । प्रसन्न हुआ.

तृप्ति, (स्त्री०) तृप्+क्तिन् (ति) । वहुत खाजानेसे खानेकी इच्छा न रहना । रजना । प्रसन्न होना.

तृफ्, प्रीणन । प्रसन्न होना । रजना । तुदा० पर० सक० सेट् । तृफति । अतर्फीत्.

तृ (त्रि) फला, (स्त्री०) त्रयाणां फलानां समाहारः । वा सम्प्रसारणम् । तीन फलोंका इकट्ठा होना । हरीतकी (हरीड) । आमलकी (आवला) और अक्ष (बहेडा) वयस्थारूप तीन फल.

तृष्, तृष्णा । चाहना । दिवा० पर० सक० सेट् । तृष्यति । अतृषत् । अतर्षीत्.

तृष्-षा, (स्त्री०) तृष्+क्विप् । भागुरीके मतमें हलन्त होनेके कारण विकल्पसे टाप् (आ) होताहै । तृष्णा । चाह । कामदेवकी कन्या.

तृषाभू, (स्त्री०) ६ त० । क्लोम । हृदयका एक स्थान । चाहकी जगह.

तृषित, (त्रि०) तृषा जाता अस्य । तार० इतच् (इत) । पियासा । चाहवाला । तृष्णावाला.

तृष्णाक्षय, (पु०) तृष्णाया (लोभस्य) क्षयो यस्मात् । जिस्से लोभ नष्ट होजाताहै । शम (वासनाका छोडना) । मनको रोकना.

तृष्णालु, (त्रि०) तृष्णा+आलुच् । बडा पिआसा (तृषार्त) । बडा लालची.

तृह्, हिंस् । मारना । तुदा० पर० सक० वेट् । तृहति । अतर्हीत् । अतृक्षत्.

तृ, तरण । तरना । प्लवन । उछलना । अभिभव । दवाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । तरति । अतारीत्.

तेज्, निशान । तेजकरना । पालना । भ्वा० पर० सक० सेट् । तेजति । अतेजीत्.

तेजःफल, (पु०) तेजस्करं फलं यस्य । जिसका फल तेजी कर्ता है । तेजवलवृक्ष.

तेजस्, (न०) तिज्+असुन् । उष्ण (गरम) स्पर्शवाला अग्निआदि द्रव्य । (सांख्यमें) शब्द और स्पर्शतन्मात्राके साथ रूपतन्मात्रासे उठाहुआ भूत (आग) । प्रकाश । प्रभाव । पराक्रम । वीर्य । मक्खनसे उपजा घी । तपानेवाला । ज्योति । सूर्य । शरीरकी कान्ति । सोना आदि धातुरूप द्रव्य । पित्त । अपमान आदिका न सहारना । घोडोंका स्वाभाविक बल (जोर) । चैतन्यस्वरूप परम प्रकाशरूप ब्रह्म । सांख्यमें सत्वगुण.

तेजस्विनी, (स्त्री०) तेजस्+विनि । तेजवाली स्त्री । ज्योतिष्मती लता । तेजबल.

तेजीयस्, (त्रि०) तेजस्विन्+अतिशायने ईयसुनि विनका लोप । तेजवाला । "तेजीयसां न दोषाय वह्नेः सर्वभुजो यथा" भागवतं.

तेजोमय, (त्रि०) तेजस्+प्रचुरार्थे मयट् । बहुत तेजवाला । जिसमें प्रधान तेज हो । ज्योतिर्मय । प्रकाशस्वरूप । स्त्रियां ङीप् । "तेजोमयी वाक्" श्रुतिः.

तेजोमात्रा, (स्त्री०) तेजसां (सत्वगुणानां) मात्रा (अंशः) । सत्वगुणोंका अंश । इन्द्रिय (भूतोंके सात्विक अंशोंसेही इनकी उत्पत्ति सांख्यमें स्वीकार की गई है).

तेप्, कांपना और गिरना । भ्वा० आ० अक० सेट् । तेपते । अतेपिष्ट.

तेम, (पु०) तिम्-घञ् (अ) आर्द्रीभाव । गीला होना । गिलावट.

तेमन, (न०) तिम्+ल्युट् (अन) । आर्द्रीकरण । गिला करना । कर्मणि ल्युट् । व्यञ्जन । नाल्दा । भाजी । एकप्रकारका चुल्हा.

तैजस, (न०) तेजसः विकारः+अण् । तेजका विकार । घी । और धातुका पदार्थ । (सांख्यमें) सत्वगुणसे उत्पन्न हुआ भूत (त्रि०) चमकीला । शक्तिवाला (ताकतवाला) (त्रि०) । (वेदान्तमें) सूक्ष्मशरीर.

तैतिल, (पु०) गण्डक पशु । गेंडापशु । बवादिसे चौथा करण (न०).

तैत्तिरीया, (स्त्री०) तित्तिरिभ्यः अधिगता+छण् (ईय) । तीतरों (याज्ञवल्क्यसे गुरुके साथ विवाद होनेके कारण वमन कीगई विद्याको वैशम्पायनके शिष्योंनें तीतरका रूप बनाकर ग्रहण किया यह उपनिषत्की कथा है) से लीगई । यजुर्वेदकी एक शाखा । कृष्णयजुः.

तैत्तिरीयि-य०, (त्रि०) तैत्तिरीयां शाखां वेत्ति अधीते वा+ठक्-कन् वा । तैत्तिरीय शाखाको पढनेहारा वा जानेहारा.

तैमिरिक, (न०) तिमिरं (नेत्ररोगभेदः) अस्ति अस्य+(ठन्-इक) । तिमिरनाम आंखके रोगवाला.

तैर्थिक, (त्रि०) तीर्थं (दर्शनशास्त्रं) कृतं अनेन+ठक (इक) । दर्शनशास्त्रके रचनेहारा । शास्त्रके बनानेहारा कपिल कणाद आदि.

तैल, (न०) तिलस्य विकारः+अण् । तिल आदि चिकने पदार्थोंकी चिकनाईको तेल कहते हैं । तिल, सरसों और अतसी आदि स्निग्ध वस्तुओंका स्नेहरूप विकार । तेल.

तैलकार, (पु०) तैलं करोति । कृ+अण् । तेल निकालनेवाला । तेली.

तैलकिट्ट, (न०) ६ त० । तेलकी मैल । खल.

तैलङ्ग, (पु०) एक मुल्कका नाम (तैलंग) । कर्णाटक । तेलंगदेशके वासी (बहु०).

तैलफला, (स्त्री०) तैलं फले यस्याः । जिसके फलमें तेल हो । इङ्गुदीका वृक्ष । बिभीतक (बहेडा).

तैलस्पाता, (स्त्री०) तिलस्य पातः अत्र । ञ-नि० मुमूच । स्वधा । जहां तिलोंसे बहुत काम किया जाताहै । श्राद्ध । तैलमिश्रित (तेलिया) (त्रि०).

तैलीन, (त्रि०) (न०) तिलानां भवनं क्षेत्रं (ईन) । तिलोंका खेत.

तैष, (पु०) तिष्यनक्षत्रयुक्ता पौर्णमासी तैषी साऽस्मिन् मासे+अण् । पौषमास । पोहका महीना । पोहकी पूनों (स्त्री०).

तोक, (न०) तु+क । अपत्य । सन्तान । पुत्र । बेटा । लडकी । दुहिता.

तोटक, (न०) द्वादशाक्षरपादका छन्द । बारह अक्षरके पादवाला छन्द.

तोड्, अनादर । बेइज्जत करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । तोडति । तुतोड.

तोत्र, (न०) तुद्+ष्ट्रन् । गौ आदिके ताडन करनेका डण्डा । छडी । चाबुक । हाथीके चलानेका डंडा । अंकुश.

तोदन, (न०) तुद्यतेऽनेन+ल्युट् (अन) । मुख । मुं । "भावे ल्युट्" व्यथा । पीडा । दर्द.

तोमर, (पु० न०) तु+विच् । तोर्गतो म्रियतेऽनेन । मृ+अच् । एक प्रकारका अस्त्र (रायवास) । एक प्रकारका लोहेका दण्डा.

तोय, (न०) तु+विच् । तवे (पूर्त्यै) याति । या+क । जो भराजाताहै । जल । पानी । पूर्वाषाढा नक्षत्र (तारा).

तोयकाम, (पु०) तोयं कामयते । कम्+अण् । जो पानी चाहताहै । जलवेतस । पानीका बैंत । पानी चाहनेवाला.

तोयकाम, (त्रि०) तोयं कामयते । जलकी इच्छावाला । पिआसा । पिपासु.

तोयक्रीडा, (स्त्री०) तोयस्य क्रीडा । जलकी क्रीडा (खेल).

तोयद, (पु०) तोयं ददाति । दा+क । पानी देनेवाला । बादल । मेघ । मोथा । घास । घी (न०).

तोयधि, (पु०) तोयानि धीयन्तेऽत्र । धा+कि । जहां पानी रक्खे जाते हैं । समुद्र । समुंदर । "तोयनिधिः" यही अर्थ.

तोयनिधि, (पु०) तोयस्य निधिः । जलका निधि (खजाना) समुद्र.

तोयसूचक, (पु०) तोयं (तोयवर्षं) सूचयति (रवेण) सूच्+ण्वुल् (अक) । जो अपनी आवाजसे पानीके बर्सनेको जतलाताहै । मेक । मेंडक । डड्डू.

तोयेश, (पु०) तोयस्य ईशः । जलका स्वामी । वरुण देवता.

तोरण, (पु० न०) तुर्+युच् (अन) । बाहिरका दर्वाजा । थंभेके ऊपर शेरके स्वरूपकी एक लकडी । दर्वाजेके बाहिरका भाग । गर्दन (न०).

तोल, (पु० न०) तुल्+अच् । तोलक । एक प्रकारका माप । षण्णवति रक्तिका (छिआनवे रत्तीका परिमाण) एक तोला.

तोष, (पु०) तुष्+भावे घञ् । सन्तोष । सबर । तृप्ति । प्रसन्नता । हर्ष । खुशी.

तोषण, (त्रि०) तुष्+कर्तरि ल्यु । प्रसन्न करनेवाला । खुशकरनेवाला । ण (न०) (भावे ल्युट्) सन्तोष । प्रसन्नता । तृप्ति । खुशी.

तोषित, (त्रि०) तुष्+णिच्+क्त । प्रसन्न किया गया । तृप्त किया हुआ.

तोषिन्, (त्रि०) तुष्+णिनि । समासके अन्तमें आता है । प्रसन्न होनेवाला । तृप्त होनेवाला.

तौर्य, (न०) तूर्ये (मुरजादौ) वाद्ये भवं+अण् (अ) । मुरज आदि बाजेकी आवाज.

तौर्यत्रिक, (न०) त्रयः परिमाणं अस्य+कन् (क) । बाजोंसे जानेगये तीन । नाचना गाना और बजाना तीनो.

तौलिक, (पु०) तूल्या जीवति ठक् (इक) जो । तूली (मूर्ति लिखनेकी कूची (कलम) से जीताहै) । चित्रकार । मूर्ति लिखनेवाला । नकाश.

त्यक्त, (त्रि०) त्यज्+क्त । छोडा गया.

त्यक्ताग्नि, (पु०) त्यक्तः अग्निः येन । गार्हपत्य अग्निकी पूजाको छोडनेवाला ब्राह्मण । अग्निहोत्ररहित ब्राह्मण.

त्यज्, हानि । नुक्सान । छोडना और दान देना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । त्यजति । अत्याक्षीत्.

त्यद्, (त्रि०) त्यज्+अदि । तत्शब्दके अर्थमें । वह.

त्यागिन्, (त्रि०) त्यज्+घिनुण् (इन)। दाता। देनेवाला शूर। (बहादर)। वर्जनशील। जिसका स्वभाव त्याग (रोकने) का है। कर्मके फलको छोडनेहारा.

त्रक्, गति जाना। भ्वा० आत्म० सक० सेट्०। त्रकते। अत्रकिष्ट.

त्रप्, लज्जा। शरम करना। भ्वा० आ० अक० वेट्। त्रपते। अत्रपिष्ट। अत्रप्त.

त्रपा, (स्त्री०) त्रप्+भावे अङ्। लज्जा (शर्म)। अच्। व्यभिचारिणी (बदमाश औरत)। कुल। कीर्ति (यश).

त्रपु, (न०) (अग्निं दृष्ट्वा) त्रपते (लज्जते) इव, लज्जया द्रवीभवति वा। जो आगको देख शरम कर्ताहै। अथवा लज्जासे ढल जाताहै। सीसक (रांगा) टीन.

त्रपुटी, (स्त्री०) त्रप्+उटङ् (उट) ङीप् (ई)। छोटी इलायची.

त्रपुस, (न०) त्रप्+उसि (उस)। रांगा। टीन.

त्रय, (न० स्त्री०) त्रयाणां अवयवाः। त्रयोऽवयवा येषां वा+अयच्। तीनोंका भाग। वा तीन भागवाला। तीनो "ऋणत्रयमपाकृत्य" मनुः। स्त्रीमें ङीप् (ई)। तीन संख्यावाला (त्रि०)। ऋग्वेद यजुर्वेद सामवेद (तीनों वेद)। ब्रह्मादि तीनों मूर्तियें। कुटुम्बिनी स्त्री। अच्छी बुद्धि.

त्रयीतनु, (पु०) त्रयी एव तनुः यस्य। वेद (तीनवेद) ही जिसका शरीर है। सूर्य। शिवजीका नाम (त्रयीमयः).

त्रयीधर्म, (पु०) त्रय्या (वेदत्रयेण) विधीयमानो धर्मः। तीनों वेदोंसे विधान कियाहुआ। वैदिक धर्म। ज्योतिष्टोमादि.

त्रयीमुख, (पु०) त्रयी एव मुखं यस्य। वेदही जिसका मुख है। ब्राह्मण.

त्रयोदशन्, (त्रि०) त्रयश्च दश च, त्र्यधिका दश वा। तीन ऊपर दशकी संख्या। तेरह। तेरहको पूरण करनेके अर्थमें डट् (अ) त्रयोदशः (त्रि०)। चांदकी तेरह कलावाली तिथि स्त्री० ङीप् (ई) त्रयोदशी.

त्रस्, भय। डरना। दिवा० पर० अक० सेट्। त्रस्यति–त्रसति। अत्रासीत्–अत्रसीत्। त्रेसतुः–तत्रसतुः.

त्रसरेणु, (पु०) त्रसः (चलः) रेणुः। झरोखेके भीतर गईहुई सूर्यकी किरणोंमें वार २ कांपरहा अत्यन्त सूक्ष्म परमाणुका छठा भाग। तीन द्व्यणुकके स्वरूपमें धूरी। सूर्यकी स्त्रीका नाम (स्त्री०).

त्रस्त, (त्रि०) (त्रस्+क्त) डराहुआ.

त्रस्त, (त्रि०) त्रस्+क्त (त)। भीत। डराहुआ। चकित। हैरान हुआ। जल्दी (न०).

त्रस्नु, (त्रि०) त्रस+क्नु (नु)। भीरु। डरनेवाला। डरपोक.

त्रापुष, (त्रि०) त्रपुणा निर्वृत्तं अण्। रांगका पात्र। टीनका वर्तन.

त्रास, (त्रि०) त्रस्+भावे घञ्। डरनेवाला। सरकनेवाला। –सः (पु०) डर। भय.

त्रि, (त्रि०) बहु० तॄ+ड्रि। तीनकी संख्यावाला। स्त्रियां तिसृ आदेशः.

त्रिंश, (त्रि०) त्रिंशत्+पूरणे डट् (अ)। तीसको पूरा करनेवाला। तीसवां.

त्रिंशक, (त्रि०) त्रिंशता क्रीतः+वुन् (अक)। तीसकी संख्यावाले द्रव्यसे खरीदी गयी वस्तु। तीसपर मोल ली-गई चीज.

त्रिक, (न०) त्रयाणां संघः+कन् (क)। तीनोंका समूह। पृष्ठवंशके नीचेका भाग। पीठकी हड्डीके नीचेका हिस्सह। कटिका भाग। त्रिफला (हरीड वहेडा और आमला)। त्रिकटु (सोंठ-मघ-और मिरच)। मिलेहुए वात आदि.

त्रिककुद्, (पु०) त्रीणि ककुदतुल्यानि शृङ्गाणि अस्य। (ककुदके अन्त्यका लोप हो जाता है)। तीन हड्डोंके समान जिसके तीनों सींग हैं। त्रिकूट नामी पर्वत (पहाड).

त्रिकाल, (न०) त्रयाणां कालानां समाहारः। (भूत भविष्यत् और वर्तमान) तीनों समय। सवेर दुपहर और सांझ.

त्रिकालज्ञ, (पु०) त्रिकालवर्तिपदार्थान् जानाति। ज्ञा+क। तीनों समयके पदार्थोंको जान्नेहारा। ज्योतिषी। सर्वज्ञ। सब कुछ जान्नेहारा.

त्रिकूट, (पु०) त्रीणि कूटानि अस्य। जिसकी तीन चोटियें हों। लंकाके पास सुवेल नामी पर्वत (पहाड).

त्रिकोण, (त्रि०) त्रयः कोणा यस्य। जिसके तीन कोन हों। तीन नोकोंवाला पदार्थ। (ज्योतिषमें) लग्नसे नौवां और पांचवां स्थान (न०).

त्रिगर्त, (पु०) तीन गढे। सुशर्मा नाम राजाका देश। उस देशके लोग। ब० व०.

त्रिगुण, (न०) त्रयाणां गुणानां समाहारः। तीन गुणोंका मेल (सांख्यमें) प्रधान (सारे जगत्का मूलकारण) "त्रिभिर्गुण्यते" गुण्-गिनती करना+घञ् (अ) तीनोंसे गुणा गया (त्रि०)। तीनसे जर्ब दियागया.

त्रिगुणाकृत, (त्रि०) त्रिगुणं कृत्वा कृष्टं। डाच्+कृ+क्त (त)। तीन वार हलसे खेंचागया खेत आदि.

त्रिगुणात्मक, (न०) त्रयो गुणाः (सत्वादयः) आत्मा (स्वरूपं) यस्य+कप्। तीन गुण जिसका स्वरूप है। (सांख्यमें) प्रधान। (वेदान्तमें) अज्ञान.

त्रिजटा, (स्त्री०) रामायणमें प्रसिद्ध एक राक्षसी.

त्रिणाचिकेत, (पु०) त्रिःकृत्वः नाचिकेतः अग्निः चितः येन। तीन वार आगको बटोरनेहारा। अध्वर्यु (यजुर्वेदको जान्नेहारा पुरोहित) का भेद। "पञ्चाग्नयो ये च त्रिणाचिकेताः" इति श्रुतिः.

त्रिणे(ने)त्र, (पु०) त्रीणि नेत्राणि अस्य । जिसकी तीन आंख हैं । शिवजी । तीन आंखवाला.

त्रितय, (न०) त्रयाणां अवयवाः, त्रयोऽवयवा येषां वा+तयप् । तीनोंका हिस्सह वा तीन हिस्सोंवाला । तीनों । तीन संख्यावाला (त्रि०).

त्रिदण्ड, (न०) त्रयाणां दण्डानां समाहारः । तीन दण्डोंका समूह । वचन, मन और शरीरके तीनदण्डोंसे पहिचाना गया संन्यास पदका आश्रम.

त्रिदण्डिन्, (त्रि०) त्रिदण्डं अस्ति अस्य । इनि । जिसके पास तीन दण्ड हों । वचन, मन और शरीरके दण्डको धारण करनेहारा । एक प्रकारका संन्यासी.

त्रिदश, (पु०) तिस्रः दशा येषां । जिसकी तीन (उपजना, होना और नाश हो जाना) दशा हों अर्थात् जिनकी मनुष्योंकी नाईं (बढना, बदलना और घटते जाना) दशा नहिं । देवता । त्र्यधिकात्रिरावृत्ताश्च दश परिमाणं एषां+डट् (अ) । तेतीस देवता (१२ सूर्य ११ रुद्र और ८ वसु आदि).

त्रिदशाधिप, (पु०) ६ त० । देवताओंका स्वामी (मालिक) इन्द्र.

त्रिदशाध्यक्ष, (पु०) तिसृणां दशानां, त्रिदशानां (देवानां) वा अध्यक्षः । तीनदशा (जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति)-ओंको देखनेहारा । देवताओंको अपनी आज्ञामें रखनेहारा । सर्वसाक्षी ब्रह्म । देखनेहारा ब्रह्म । सर्व (परमात्मा) । विष्णु.

त्रिदशालय, (पु०) ६ त० । त्रिदशानां आलयः । देवताओंका स्थान । स्वर्ग.

त्रिदिव, (पु०) त्रयो दीव्यन्ति अत्र । आधारे क (अ) । ब्रह्मा विष्णु और शिव तीनों जहां प्रकाशरहे हैं । सत्व आदि तीन प्रकारसे जो प्रकाशते हैं । दिव्+क वा । स्वर्ग । आकाश । सुख (न०).

त्रिदिवेश, (पु०) ६ त० । देव । देवता । "त्रिदिवौकस" आदि यही अर्थ । इन्द्र । देवताओंका राजा.

त्रिदोष, (पु०) त्रयाणां दोषाणां ऐक्यं । वात, पित्त और श्लेष्मके सन्निपात (इकट्ठा होना) से दोष । वातआदिके सन्निपातसे उपजा विकारको करनेहारा एक प्रकारका रोग.

त्रिधा, (अव्य०) त्रि+प्रकारे धाच् (धा) । तीनप्रकार । तीन तरह.

त्रिधामन्, (पु०) त्रीणि धामानि यस्य । पृथिवी आदि तीनों स्थानवाला । सत्वादि तीनों तेजवाला । शिव । विष्णु । अग्नि (आग).

त्रिनयन, (पु०) त्रीणि नयनानि यस्य । जिसकी तीन आंख हैं । शिवजी । तीन आंखवाला (त्रि०) । दुर्गा (स्त्री०).

त्रिपताक, (न०) तिस्रः पताका इव यत्र । जहां मानों तीन झंडियें हैं । झण्डीके स्वरूपमें तीन रेखाओंवाला ललाट (मस्तक -माथा) । तीन झण्डिओंके स्वरूपवाला हाथ (मध्यमा और अनामिकाको सिकोडकर बाकी अंगुलीओंको ऊपर उठाना), (पु०) । नाटकमें एक ओर होकर बात करनेके अवसरमें ऐसा ही हाथ बना लेतेहैं (जनान्तिक).

त्रिपथगा, (स्त्री०) त्रयाणां पथां समाहारः । अच् समा० । तेन गच्छति गम्+ड । तीन मार्गोंका मेल । उस्से जाती है । गंगा । भागीरथी.

त्रिपदी, (स्त्री०) त्रयः पादा अस्याः (पादकों पाद् हुआ फिर ङीप् होनेके अनन्तर पद् हो गया) । गोधापदी वेल । एक प्रकारका छंद । हंसपदी । हाथीके पांवका वंधन । हाथीको वांधनेका संगल.

त्रिपर्ण, (पु०) त्रीणि त्रीणि प्रतिपत्रं पर्णानि अस्य । हर-एक पत्तेमें तीन २ पत्तेवाला । किंशुक । पलाशका दरख्त.

त्रिपाद्, (पु०) त्रयः पादा अस्य । पाद होता है । जिसके तीन पांव हों । विष्णु । "पादोस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि" इति श्रुतिः । ताप । बुखार.

त्रिपिबत्, (पु०) त्रिभिः कर्णाभ्यां जिह्वया च पिबति । पा+शतृ । जो तीनों (दोनों कान और जीभ) से पानीको पीता है.

त्रिपुट, (पु०) त्रयः पुटा यस्य । तीन कोनवाला । हाथकी तली । धनुष् । मल्लिका (चमेली) । सूक्ष्मैला । छोटी (इलाइची) । त्रिवृत (तिरवी) । एक देवी (स्त्री०) टाप् । तिरवी और एरण्ड । वा ङीप् । तीन दोनोंका समूह । दोने (वा ङीप्).

त्रिपुण्ड्र, (न०) त्रयाणां पुण्ड्राणां समाहारः । गन्ने (पुण्ड्र)-की भांति तीन आकारों (शकलों) का समूह । माथेपर टेढी तीन रेखा (लकीरें) । एक तिलकका भेद जिसमें ऊंची तीन रेखा होती हैं । माथेपर तीन टेढी लकीरें जो भस्मसे की जाती हैं.

त्रिपुर, (पु०) त्रीणि पुराणि अस्य । स्वर्गआदि तीन पुरों-(शहरों) वाला एक दैत्य । "समाहारद्विगुः" "न ङीप्" तीन पुर (शहर).

त्रिपुरान्तक, (पु०) ६ त० । त्रिपुरको अन्त करनेहारा । शिवजी.

त्रिपुष्कर, (न०) ज्येष्ठादि भेदसे तीन प्रकारका ब्राह्मतीर्थ । ज्योतिषमें एक प्रकारका योग (वार क्रूर तिथि अच्छी, एक पांव टूटेहुए नक्षत्रमें जन्महोनेसे जारज योग और मरनेसे त्रिपुष्कर योग होता) है (पु०).

त्रिभुज, (पु०) त्रयो भुजा अस्य । जिसकी तीन भुजा हों । तीन कोनवाला क्षेत्र.

त्रिभुवन, (न०) त्रयाणां भुवनानां समाहारः । तीनों लोक । त्रिलोकी (स्वर्ग मर्त्य पाताल).

त्रिमधु, (न०) त्रयाणां मधूनां समाहारः । तीनों मीठे घी मिशरी और शहत । ऋग्वेदमें "मधु वाता" इत्यादि तीन मन्त्र । "मधु वाता" आदि तीनों मन्त्रोंको जान्नेहारा (पु०).

त्रिमार्गगा, (स्त्री०) त्रिभिर्मार्गैर्गच्छति । गम्+ड (अ) । तीन रास्तोंसे जाती है । गङ्गा "त्रिमार्गगेव त्रिदिवस्य मार्गः" कुमारः.

त्रियामा, (स्त्री०) त्रयो यामाः प्रहरा अस्याः । जिसके तीन पहर हों । रात (पहिली और पिछली चार घडीको छोडकर) । हल्दी । नीली.

त्रिरात्र, (न०) तिसृणां रात्रीणां समाहारः । षच् समा० । तीन रातें । उनसे पहिचानेगये तीन दिन । "त्रिरात्रमद्युन्विर्भवेत्" स्मृतिः.

त्रिरेख, (पु०) तिस्रो रेखा यत्र । जहां तीन लकिरें हों । तीन रेखावाला शंख.

त्रिलोकी, (स्त्री०) त्रयाणां लोकानां समाहारः । ङीप् । तीनों लोक.

त्रिलोकेश, (पु०) त्रयाणां लोकानां ईशः । तीन लोकोंका स्वामी । "उत्तरपदद्विगुः" । सूर्य । विष्णु । शिवजी.

त्रिलौहक, (न०) त्रयाणां लोहानां समाहारः । तीन धातु सोना चांदी और तांमा.

त्रिवर्ग, (पु०) त्रयाणां वर्गः । धर्म अर्थ और कामका समूह । धर्म, और कामरूप तीन पुरुषार्थ । त्रिफला तीन कौडी चीजें । सांख्यमें सत्व, रज और तमोगुण । आय (आम्दन) व्यय (खर्च) और वृद्धि (जोडना) रूप तीन.

त्रिविक्रम, (पु०) त्रीन् लोकान् विशेषेण क्रामति । वि+क्रम्+अच् (अ) । सारेही तीन लोकोंमें पांव रखनेहारा विष्णु । बलिको बांधनेके समय विष्णुने ऐसा रूप लिया.

त्रिपि(वि)ष्टप, (पु०) मर्त्यपातालापेक्षया तृतीयं भुवनम् । पृथिवी और पातालसे तीसरा लोक (भुवन) । स्वर्ग । बहिश्त.

त्रिवृत्-ता, (पु०) त्रीन् अवयवान् वृणोति । वृ+क्विप् । तीन भागोंको ढांकती है । अथवा तीन भगोंसे ढांकी गई । एक प्रकारकी औषधि । "वर्तनं वृत् तिस्रो वृतो यत्र ।" जहां तीन घेरे हों । त्रिगुना । तिगुण । (त्रि०) । मिलेहुए पृथिवी, जल और तेज । तीरा । तीन हिस्सोंवाला (पु०) । एक प्रकारका यज्ञ । तिलडी माला (स्त्री०) ।

त्रिवेणी, (स्त्री०) तिस्रः वेण्यः (प्रवाहाः) यत्र । जहां तीन प्रवाह हों । प्रयाग (अलाहाबाद) के पास एक स्थान जहां गंगा यमुनाके साथ मिलकर पृथिवीके नीचे सरस्वतीके साथ मिलजाती है.

त्रिवेदिन्, (पु०) त्रयो वेदाः पाठ्यत्वेन सन्ति अस्य+इनि । ऋग्वेद आदि तीनोंका पाठ करनेहारा.

त्रिशङ्कु, (पु०) सूर्यवंशका एक राजा । तीन भागोंमें कीलकी तरह । शलभ । पतंग । कीडा । बिल्ला । पपीहा । टणाना.

त्रिशिख, (पु०) तिस्रः शिखाः प्रतिपत्रं अस्य । जिसके हरएक पत्तेमें तीन शिखा हों । बिल्व । बिल्ल । एक राक्षस । त्रिशूल (न०) । तीन शिखा (बोदी)वाला बालक आदि.

त्रिशिरस्, (पु०) त्रीणि शिरांसि अस्य । जिसके तीन शिर हैं । एक राक्षस । ज्वर । बुखार । कुबेर.

त्रिशीर्षक, (न०) त्रीणि शीर्षाणि अस्य । जिसके तीन शीर्ष (सिरे) हों । कप् । त्रिशूल । तीन सिरेवाला (त्रि०).

त्रिशूल, (न०) त्रीणि शूलानि (शिखाग्राणि) यत्र । जहां तीन सिरेकी नोकें हों । एक प्रकारका अस्त्र.

त्रिशूलिन्, (पु०) त्रिशूलं अस्ति अस्य+इनि । त्रिशूलवाला । शिवजी । त्रिशूल पकडनेहारा (त्रि०).

त्रिशृङ्ग, (पु०) त्रीणि शृङ्गाणि अस्य । तीन सींगोंवाला त्रिकूटपर्वत.

त्रि-(त्रु) ष्टुप्, (स्त्री०) त्रिषु स्थानेषु स्तुभ्नाति । स्तुम्भ्+क्विप् । तीन जगह रुकता है । ग्यारह अक्षरके पादवाला एक छन्द.

त्रिसन्ध्य, (न०) तिसृणां संध्यानां समाहारः । तीन दोनों वक्त मिलेहुए । तीन समय (सवेर दुपहिर सांझ).

त्रिस-(ष) वन, (न०) त्रीणि सवनानि यत्र काले । वा षत्वं । तीन स्नानका समय । तीन वक्त । तीन वक्तका तीन स्नान.

त्रिस्रोतस, (स्त्री०) त्रिषु लोकेषु स्रोतो यस्याः । जिसका प्रवाह तीन लोकमें है । गंगा । भागीरथी.

त्रिहल्या, (त्रि०) त्रिवारं हलेन कृष्टं यत् । तीन वार हलसे खेंचागया (खेत).

त्रिहायणी, (स्त्री०) त्रयो हायना (वयोमानं) अस्याः+ङीप् । णत्वम् । जिसकी उमर तीन वरसकी है । तीनवरसकी उमरवाली गौ.

त्रुट् छेदन । काटना । दिवा तुदा० पर० सक० सेट् । त्रुट्यति-त्रुटति । अत्रुटीत्.

त्रुटि-टी, (स्त्री०) त्रुट्+इन् वा ङीप् । लेश । जरासा । संशय । शक । छोटी इलाइची । दो निमेष (आंखका फडकना) का समय । हानि । नुकसान.

त्रुम्प्, वध । कतल करना । मारना । भ्वा० पर० सक० सेट् । त्रुम्पति । अत्रुम्पीत्.

त्रेता, (स्त्री०) त्रीन् इता-नि० । दक्षिणाग्नि गार्हपत्य आहवनीय तीनो इकट्ठी अग्नियें । सत्ययुगके पीछे आनेवाला हिन्दुओंका युग । जूएकी खेलका साधना । पासोंका ऊंचे होकर गिरना । जिस पास्से तीन अंक हैं । तीन कौडियोंका ऊंच होकर गिरना । तीनों मिलेहुए.

त्रेधा, (अव्य०) त्रि+प्रकारार्थे धाच् । तीन प्रकार । तीन तरहसे । तीनभाग.

त्रै, पालन । बचाना । भ्वा० आत्म० सक० अनिट् । त्रायते । अत्रास्त.

त्रैगुणिक, (त्रि०) त्रिगुणार्थं प्रयच्छति । तिगुणा होनेके लिये देता है । त्रिगुणं ग्रहीतुं एकगुणं प्रयुङ्क्ते । ठक् । तिगुना लेनेके लिये एकगुणा देता है । एकगुना देकर तिगुना लेनेवाला । तीन तरहका एक प्रकारका बूढा.

त्रैगुण्य, (न०) त्रयाणां सत्वादीनां गुणानां समाहारः । तीनों (सत्व रज तम) गुण । "स्वार्थे ष्यञ्" (य) । तीनों गुणोंके कार्य पुण्यपापरूप कर्मोंके फलवाला संसार । "त्रैगुण्यविषया वेदाः" इति गीता.

त्रैध, (न०) त्रिप्रकारं । तीन तरह.

त्रैलोक्य, (न०) त्रयाणां लोकानां समाहारः । "स्वार्थे ष्यञ् (य)" । तीनों (स्वर्ग मर्त्य पाताल) लोक.

त्रैलोक्यविजया, (स्त्री०) त्रैलोक्यं विजयते (सेवते, आधीनं करोति) । तीन लोकको जीतती है (सेवन करनेसे आधीन कर्ती है) वि+जि+अच् (अ) । भङ्गा । भांग.

त्रैविद्य, (पु०) तिस्रो विद्याः समाहृताः । तीनो विद्या लीगई । ऋग् यजुः और सामवेदरूप तीनो विद्याओंको जानता वा पढता है । तीन वेदोंको जाननेहारा.

त्र्यम्बक, (पु०) त्रीणि अम्बकानि (नेत्राणि) अस्य । जिसकी तीन आंख हैं । शिवजी । (कहीं भाषामेंभी इयङ् आदेश माना है इस लिये "त्रियम्बक" भी इसी अर्थमें है).

त्र्यम्बकसख, (पु०) ६ त० । महादेवका मित्र । "षच् समा०" कुबेर.

त्र्यहस्पर्श, (पु०) त्रयाणां अह्नां (तिथीनां) स्पर्शो यत्रैकस्मिन् सौरदिने । सूर्यका वह दिन कि जिसमें तीन तिथिओंका मेल है । तीन तिथिओंको छूनेहारा सूरजका एक दिन.

त्व, (त्रि०) अन्यस्मिन् । और । भिन्न । जुदा (वेदमें) एक.

त्वक्पत्र, (न०) त्वगिव पत्रं अस्य । जिसका पत्ता छिलकेकी नाईं हो । गुडत्वच् । दालचीनी । तेजपत्ता । हींग (स्त्री०).

त्वक्ष्, (कार्श्ये) कमजोर होना । भ्वा० पर० सक० सेट् । त्वक्षति । अत्वक्षीत्.

त्वच्, संवरण । ढांकना । छिपाना । तुदा० पर० सक० सेट् । त्वचति । अत्वाचीत्-अत्वचीत्.

त्वच्-चा, (स्त्री०) त्वच् +क्विप् वा टाप् । वल्कल । खलडी । छिलका । चमडा । बक्कल । गुडत्वच । दालचीनी.

त्वच, (न०) त्वच्+अच् । चमडा । छिलका (बक्कल) । तेजपात । दालचीनी.

त्वचिसार, (पु०) त्वचि सारोऽस्य (सप्तमीका अलुक् होता है) । जिसकी त्वचामें सार हो । वंश । वाँस.

त्वत्, (त्रि०) तन्+क्विप् । अन्को विकल्पसे तुक् होता है) और । दूसरा । (यह सर्वनाम है).

त्वर्, वेग । जल्दी करना । जोर करना । भ्वा० आत्म० अक० । सेट् । त्वरते । अत्वरिष्ट.

त्वरा, (स्त्री०) त्वर्+अङ् । वेग । जोर । चाहे गये पदार्थको पानेके लिये विलम्बका न सहारना "णिच्" । त्वरयति । अत्वरत् । त्वरा.

त्वरित, (न०) त्वर्+क्त । शीघ्र । जल्दी । जल्दीवाला कोईभी (त्रि०).

त्वरितोदित, (त्रि०) त्वरितं यथा तथा उदितं । वद्+क्त । जल्दी बोल दियागया । शीघ्रोच्चारित.

त्वष्टृ, (पु०) त्वक्ष्+तृच् । देवताओंका शिल्पी (कारीगर) । विश्वकर्मा । १२ आदित्योंमेंसे एक । तर्खान । चित्रानक्षत्र.

त्वादृक्ष, (त्रि०) त्व इव दर्शनं अस्य+क्स । जो तेरी नाईं दीखता है । तेरे समान । तेरे जैसा । त्वत्सदृश-ट.

त्वाष्ट्र, (पु०) त्वष्टुरपत्यम् । विश्वकर्माकी सन्तान । वृत्रासुर । वृत्रनामी आदित्य । संज्ञा नामवाली सूर्यकी पत्नी (स्त्री०) । चित्रानक्षत्र.

त्विष्-षा, (स्त्री०) त्विष्+क्विप् वा टाप् । दीप्ति । प्रकाश । चमक । रौशनी.

त्विष्, दीप्ति । चमकना । भ्वा० उभ० अक० अनिट् । त्विषति-ते । अत्विषत्-अत्विक्षत.

त्विषांपति, (पु०) ६ त० । अलुक् समास । किरणोंका (प्रकाशों)का मालिक.

त्सर्, छद्मगति । कपटसे जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । त्सरति । अत्सारीत्.

त्सरु, (पु०) त्सर्+उ । खड्गमुष्टि । तर्वारकी मुट्ठी (मूठ) । तरवारका कबजह.

त्सारुक, (त्रि०) त्सर्+उकञ् । तर्वार पकडनेमें चतुर.

थ

थ, (पु०) थुड्+ड (अ) । पर्वत (पहाड) । बचानेहारा । डरका निशान । एक बीमारी । खाना.

थुड्, संवृति । ढांकना । छिपाना । तुदा० पर० अक० सेट् । थुडति । अथुडीत्.

थुत्कार, (पु०) थुत् इत्यव्यक्तशब्दस्य कारः । कृ+घञ् (अ) । थूकनेकी ध्वनि । निष्ठीवनत्याग (थूक छोडना) की आवाज.

थैथै, (अव्य०) किसी तरहके बाजेके आवाजकी नकलका शब्द.

द

द, (पु०) (समासमें पीछे रहता है) देना । दा-दैप् वा+क । पर्वत (पहाड) । तोडना । भार्या (औरत) (स्त्री०) । दाता (देनेहारा) (त्रि०).

दंश, (पु०) दन्श्+अच् (अ) । वनकी माखी । काटना । डांसना । डंग । करणे घञ् (अ) । मर्म । छिपाहुआ हिस्सा । दोष । तोडना । सांपका डंग मारना.

दंशन, (न०) दन्श्+भावे ल्युट् (अन) । दांत आदिसे काटना । डंग मारना । "करणे ल्युट्" वर्म (जिरह).

दंशित, (त्रि०) दंशः (वर्म) संजातः अस्य । जिरह पहिरे हुए । कमर बांधेहुए.

दंष्ट्रा, (स्त्री०) दश्यतेऽनया । दन्श्+ष्ट्रन् । दांतका भेद । दांतोंकी दो कतारोंके पीछे दुगुनी दंतावली (दांतोंकी कतार) । दाढ.

दंष्ट्रिन्, (पु०) दंष्ट्रा+अस्त्यर्थे इनि । दाढवाला । सूकर-(सूअर) और सांप । दाढवाला (त्रि०).

दक्ष, वृद्धि बढाना और जल्दी करना । भ्वा० आ० अक० सेट् । दक्षते । अदक्षिष्ट.

दक्ष, (त्रि०) दक्ष+अच् । निपुण । चालाक । कार्यकुशल । काममें चतुर । सीखाहुआ । आलसरहित । और होशियार । कुक्कुड । शिवका बैल । एक मुनि ब्रह्माके अंगूठेसे उत्पन्न हुआ । एक प्रजापति (पु०).

दक्षकन्या, (स्त्री०) ६ त० । दक्षप्रजापतिकी लडकी । अश्विनी आदि तारा । "दक्षजा" यही अर्थ.

दक्षाध्वरध्वंसक, (पु०) दक्षस्य अध्वरस्य ध्वंसकः+ध्वंस् ण्वुल् । दक्षके यज्ञका नाश करनेवाला । शंकरका नाम.

दक्षिण, (पु०) दक्ष्+इनन् । सब नायिकाओं (स्त्रियों)-में एक जैसी प्रीति दिखानेहारा एक प्रकारका नायक । मध्यदेशसे दक्षिणका देश । और शरीरका दहिनाभाग । सरल (सीधा) । दूसरेकी मर्जीको माननेहारा । दहिनीओर । उदार स्वभाव (त्रि०).

दक्षिणतस्, (अव्य०) दक्षिण+अतस् । दक्षिणदेश वा दिशा.

दक्षिणपूर्वा, (स्त्री०) दक्षिणपूर्वयोः अन्तराला दिक् बहु० । दक्षिण और पूर्वके बीचकी दिशा । अग्निकोण.

दक्षिणमार्ग, (पु०) कर्म० । पितृयान (पितरोंके पास जानेका रास्ता) रूप कर्मिओंके जानेआनेका रास्ता । तन्त्रमें एक प्रकारका मार्ग (आचार).

दक्षिणसागर, (पु०) दक्षिणस्य सागरः । दक्षिण दिशाका समुद्र.

दक्षिणस्थ, (पु०) दक्षिणे तिष्ठति । स्था+क । जो दहिनी ओर बैठता है । सारथि । रथ चलानेहारा.

दक्षिणा, (स्त्री०) दक्षिण+आच् (आ) । दक्षिणदिशा । यमदेवताकी दिशा । यज्ञके शेषमें कर्मको पूरा करनेके लिये देनेलायक द्रव्य (धन) । यज्ञकी पत्नी । प्रतिष्ठा । दक्षिणकालिका । रुचिं प्रजापतिकी कन्या.

दक्षिणाग्नि, (पु०) कर्म । यज्ञमें एक अग्निका भेद.

दक्षिणाचल, (पु०) दक्षिणः अचलः । दक्षिण दिशाका पर्वत । मलयाचल.

दक्षिणाचार, (पु०) कर्म० । अपने धर्ममें रहकर पंचतत्वसे पूजन करे वही दक्षिणाचार है, शिव होकर शिवका पूजन करना । एकप्रकारका आचार.

दक्षिणात्, (अव्य०) दक्षिणा+आति । दक्षिणसे । दक्खनसे.

दक्षिणापथ, (पु०) ७ त० । अवन्ती (उज्जैन) से पार दक्षिण दिशाका देश । दहिनी ओरका रास्ता.

दक्षिणाभिमुख, (त्रि०) दक्षिणस्य अभिमुखः । दक्षिणकी ओर मुख किया हुआ.

दक्षिणामूर्ति, (पु०) कर्म० । शिवजीमहाराजकी एकमूर्ति.

दक्षिणायन, (न०) दक्षिणस्यां अयनं (गमनं) । दक्षिण दिशामें जाना । वह जिस समयमें हो । कर्क राशिमें सूर्यका बदलना । तबसे लेकर छ महीनेका समय.

दक्षिणावर्त, (त्रि०) दक्षिणे आवर्तते । आवृत्+अच् (अ) । दहिनी ओर मुडाहुआ कोई पदार्थ । "दक्षिणावर्तशंखोऽयं" इति नाटकं.

दक्षिणेर्मन्, (पु०) दक्षिणे ईर्म (व्रणं) यस्य । नि०+अनिच् । जिसके दहिनी ओर घाव हो । वह हरिण कि जिसके दहिनी ओर व्याधने घाव करदिया है.

दक्षिण्य, (त्रि०) दक्षिणां अर्हति । यत् । दक्षिणाके लायक पुरोहित आदि । छ (ईय) "दक्षिणीय" यही अर्थ.

दग्ध, (त्रि०) दह्+क्त (त) । भस्मीकृत (खाककरडाला) जलादिया.

दघ, घातन । मारना । स्वा० पर० सक० सेट् । दघ्नोति । अदाघीत्, अदघीत्.

दण्ड्, (दण्डपातन-सजादेना) चुरा० उभ० सक० सेट्। दण्डयति-ते । अददण्डत्-त.

दण्ड, (न०) दण्ड्+अच् (अ) । लगुड (लाठी) । डंडा । घोडा । कोण । रिडकनेका डंडा (मथानी) । और सेना । साठ पलका समय । पृथिवीका एक माप । सूर्यका अनुचर (नौकर) (पु०) । "दण्ड्+भावे घञ् । राजाओंका चौथा उपाय ।" दण्ड+कर्तरि अच् (अ) । यमराज.

दण्डका, (स्त्री०) दण्डक वनमें जनस्थाननामका वन.

दण्डकारण्य, (न०) दण्डकनामी राजाका देश (शुक्रके शापसे वन वनगया) । जनस्थानका वन । एक तीर्थ.

दण्डधर-धार, (पु०) दण्डं धारयति । धृ+णिच्+अच् ह्रस्वः अण् वा । दण्ड पकडनेहारा । यमराज । राजा । कुम्भकार । कुम्हार । जिसके हाथमें डंडा है (त्रि०).

दण्डनायक, (पु०) ६ त० । चार प्रकारकी सेनाका मालिक । कोतवाल । सिपाही.

दण्डनीति, (स्त्री०) दण्डो नीयते (बोध्यते) यथा । नी+क्तिन् । जो दण्ड (सजा देना)को बोधन कर्ताहै । शुक्रआदिसे कहाहुआ नीतिशास्त्र । फौजदारीका कानून.

दण्डपाणि, (पु०) दण्डः पाणौ यस्य । ष० व० । जिसके हाथमें दण्ड (सजा वा दंडा है) यमराज । बनारसके शिवजीका नाम.

दण्डपारुष्य, (न०) दण्डेन पारुष्यं यत्र । जहां सजासे सख्ती है । अठारह प्रकारके विवादों (झगडों)मेंसे एक । राजाओंका एक प्रकारका व्यसन (बुरी आदत).

दण्डविधि, (पु०) दण्डस्य विधिः । दण्ड (सजा)का नियम (कायदा).

दण्डव्यूह, (पु०) (दण्डस्य व्यूहः=रचना । एक प्रकारसे सेनाको पंक्तिओंमें खडा करना.

दण्डशास्त्र, (न०) दण्डविधायकं शास्त्रम् । दण्डका विधान करनेवाला शास्त्र । फौजदारी कानून.

दण्डाजिन, (न०) दण्डः अजिनं च । दण्ड और मृगचर्म.

दण्डाज्ञा, (स्त्री०) दण्डस्य आज्ञा । दण्ड (सजा)की आज्ञा । सजाका हुक्म.

दण्डादण्डि, (अव्य०) दण्डैश्च दण्डैश्च प्रहृत्य इदं प्रवृत्तं युद्धं । क्रियाव्यतिहारे (जो एक क्रिया कर्ताहै उसे देख दूसराभी वैसाही करे) इच्-समा० पूर्वपददीर्घः । आपसमें दंडोंकी चोटके साथ कीगई लडाई । डंडमडंडा । लाठमलाठी.

दण्डाधिप, (पु०) दण्डस्य अधिपः । दण्ड (सजा) का स्वामी । बडा हाकिम । माजिस्ट्रेट.

दण्डानीक, (न०) दण्डस्य अनीकं । सैन्यविभाग । फौजका हिस्सा । बडी तेज सेना.

दण्डार्ह, (त्रि०) दण्डस्य अर्हः=योग्यः । दण्ड (सजा) देनेलायक.

दण्डाहत, (न०) दण्डेन आहन्यते । आ+हन्+क्त । डंडेसे चोट कियागया । तक्र । छाछ.

दण्डिन्, (पु०) दण्ड+अस्ति अर्थे इनि । जिसके पास डंडा हो । यमराज । राजा । द्वारपाल (दर्वान) । सूर्यके पास विचरनेहारा । जिनका भेद । चौथे आश्रमवाला । दण्डी । संन्यासी । काव्यादर्शनाम साहित्यग्रन्थके रचनेहारा एक कवि । दण्डवाला.

दण्ड्य, (त्रि०) दण्डयितुं योग्यः+यत् । सजावार । दण्ड देनेयोग्य (लायक) । जुर्मानेके लायक.

दत्त, (त्रि०) दा+क्त । विसृष्ट । दियागया । छोडा गया । और रक्खा गया । बारह प्रकारके पुत्रोंमेंसे एक (दत्तक) । एकप्रकार वैश्यकी उपाधि । और दत्तात्रेयनामी भगवानका एक अवतार "भावे क्त" दान देना और एकप्रकारका दान (न०) । "स्वार्थे कन् (क)" एकप्रकारका पुत्र । जिसे माता और पिता आपही देवे (पु०).

दत्ताप्रदानिक, (न०) दत्तस्य आप्रदानं पुनः आदानं अस्ति अस्मिन्+ठन् (इक) । अठारह प्रकारके विवादों (झगडों)- मेंसे एक (जिसमें दीगई वस्तुको फिर लेलेते हैं) । नारदने कहा व्यवहारका भेद.

दत्तात्मन्, (पु०) दत्त आत्मा येन । जिसने अपनेको आपही देदिया है । एकप्रकारका पुत्र.

दत्रिम, (त्रि०) दानेन निर्वृत्तः । दा+त्रि-त्रेर्मप्-त्र । दाननिर्वृत्त । देनेसे हुआ (बनगया) । जिसे माता पिता आपत्तिका समय जान आपही देवें । दत्तक पुत्र (पु०).

दद्, दान देना । धीरज करना । भ्वा० आ० सक० सेट् । ददते । अददिष्ट । ददद्दे.

दद्रु, (पु०) दद्+रु । एकप्रकारका रोग (दाद-धद्री) । कछुआ.

दद्रुघ्न (पु०) दद्रुं हन्ति । हन्+ठक् । जो दादको दूर कर्ताहै । चक्रमर्दक । दादमर्दन.

दद्रुण, (त्रि०) दद्रु+अस्ति अर्थे न । दादकी बीमारीवाला.

दद्रू, (पु०) दरिद्रा+उ (निपा०) । शरीरके चमडेका रोग दाद । धद्री.

दध्, देना । धारण करना । भ्वा० आत्म० सक सेट् । दधते । अदधिष्ट.

दधि, (न०) दध्+इन् (इ) दही । एकप्रकारका दूधका विकार । और कपडा (धा+कि) द्वित्वं । धारण करनेहारा (त्रि०).

दधिकूर्चिका, (स्त्री०) दहीके साथ दूध पकाहुआ । आमिक्षा (छाना) । गरम दूधमें खट्टा दही डालनेसे जो एक वस्तु बनती है.

दधिसार, (पु०) ६ त० । दहीका सार । नवनीत । मक्खन । माखन.

दधीचि–च, (पु०) अथर्वमुनिका औरस (असली) पुत्र। कर्दमप्रजापतिकी कन्यामें उपजा एक मुनि । वृत्र दैत्यको मारनेके लिये जिसकी हड्डिओंसे देवताओंने वज्र बनाया था.

दनु, (स्त्री०) कश्यपकी पत्नी (स्त्री०) । दक्षप्रजापतिकी कन्या । दानवमाता । राक्षसोंकी माता । दैत्योंकी माता.

दनुज, (पु०) दनोर्जायते । जन्+ड । दनुसे उपजता है । असुर । दैत्य.

दन्त, (पु०) दम्+तन् । चर्वणसाधन । चावनेका साधन । मुखमेंके दांत.

दन्तक, (त्रि०) दन्ते प्रसितः+कन् । दांतोंमें लगाहुआ । दांत साफ करके जीनेहारा । नागदन्त (खूंटी) । पहाडसे टेढा बाहिर निकलाहुआ पत्थर (पु०).

दन्तकाष्ठ, (न०) दन्तधावनार्थं काष्ठं । दांत साफ करनेका काठ.

दन्तच्छद, (पु०) दन्ताः छाद्यन्ते अनेन । जिस्से दांत ढके जाते हैं । छद्+णिच्+घ ह्रस्वः । ओष्ठ । होठ । ओठ.

दन्तधावन, (पु०) दन्तान् धावति (शोधयति) । धाव+ल्यु (अन) । खदिर (खैर)का वृक्ष । और बकुल । दातुन । "भावे ल्युट्" । दांतकी सफाई.

दन्तपत्रक, (न०) दन्त इव शुभ्रं पत्रं (दलं) यस्य । दांतकी नांई जिसका सफेद पत्ता हो । कुन्दपुष्प । कुन्दलताका फूल.

दन्तबीजक, (पु०) दन्तवत् बीजानि यस्य । जिसके बीज (बी) दांतोंकी नाई हो । दाडिम । अनारका वृक्ष.

दन्तवक्र, (पु०) दन्तप्रधानं वक्रं अस्य । जिसके मुखमें बडे २ दांत हों । कृष्णजीका विरोधी एक राजा.

दन्ताघात, (पु०) दन्तं आहन्ति । आ+हन्+अण् । निम्बूक । निम्बु । "भावे घञ्" । दांतोंसे चोट लगाना । दांत खुबोना.

दन्तालिका, (स्त्री०) दन्तान् अलति (भूषयति) तेभ्यो वा पर्याप्नोति । अल्+अण् । वा ण्वुल् (अक) । जो दांतोंको सजा देती है । वा जो दांतोंके लिये पूरी है । वल्गा । लगाम.

दन्तावल, (पु०) दन्त+अस्ति अर्थे वलच् (पहिलेको दीर्घ होता है) । दांतोंवाला । हस्ती । हाथी.

दन्तिन्, (पु०) दन्त+इनि (इन्) । दांतोंवाला । हाथी.

दन्तुर, (त्रि०) उन्नता दन्ताः सन्ति अस्य । दन्त+उरच् । जिसके ऊंचे दांत हों । ऊंचे दांतवाला । नीचे ऊपर जगह.

दन्त्य, (त्रि०) दन्ते (दन्तमूले वा) भवः (यत्) । दांतकी जडसे निकला । दांतोंसे "निकले" तथदधन ल स ऋ अक्षर "दन्तेभ्यः हितः+यत्" दांतोंके लिये हितकारी । दांतोंका हित कहनेहारा.

दन्दशूक, (पु०) गर्हितं दशति । दन्श्+गर्हार्थे यङ् ऊक । बुरी तरहसे डसता है । सरकनेहारा । सांप.

दन्भ्, दम्भ । पाखण्ड करना । स्वा० पर० अक० सेट् । दभ्नोति । अदम्भीत्.

दन्श्, दंशन । डसना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । दशति । अदाङ्क्षीत्.

दभ्, प्रेरण । चलाना । भेजना । चुरा० उभ० सक० सेट् । इदित् । दम्भयति-ते । अददम्भत्-त.

दभ्र, (न०) दभ्+रक् । अल्प । थोडा । "अदभ्रदर्भामधिशय्य" इति भारविः.

दम्, शान्ति करना । दण्ड (सजा) देना । रोकना । दिवा० अक० सेट् । दाम्यति । अदमत् । अदमीत् । दमित्वा । दान्त्वा.

दम, (पु०) दम्+घञ् । दण्ड (सजा) । बाहिरकी इन्द्रियोंका ध्यान करनेलायक विषयसे व्यतिरिक्त (जुदा) पदार्थोंसे निवर्तन (हटाना) । "बाहिरकी वृत्तिओंके रोकनेको दम कहते हैं" । विकार (बिगडने) का हेतु । निकट होनेपरभी मनका (स्थिर) कायम रहना । कुत्सित (खोटे) कामसे मनको हटाना । कीचड । रोकना.

दमघोष, (पु०) शिशुपालका पिता । चन्द्रवंशमें एक राजा.

दमयन्ती, (स्त्री०) दम्+णिच्+शतृ । नलराजाकी पत्नी । (स्त्री०) दमदोषकी लडकी । भद्रमल्लिका.

दमित, (त्रि०) दम्+क्त । नि० । दान्त । रोकनेवाला । इन्द्रियोंकी वृत्तिओंको रोकनेहारा । बोझा उठानेआदि क्लेशको सहारनेहारा.

दमु (मू) नस्, (पु०) दम्+उनसि-वा दीर्घः । आग । शुक्राचार्य (दैत्योंका राजा वा गुरु).

दम्पती, (पु० द्वि० व०) जाया च पतिश्च (द्वन्द्वमें जायाशब्दको दम् आदेश होता है) । मिलेहुए स्त्री और पति (औरत खाविन्द).

दम्भ, (पु०) दम्भ्+घञ् (अ) । कपट । छल । शाठ्य । धूर्तता । पाप । अभिमान । गरूर.

दम्भोलि, (पु०) दभ्नोति (खेदयति) दम्भ+ओलि । वज्रनाम अस्त्र । एक प्रकारका हथियार । योगसे एक प्रकारकी मुद्रा जिसको बडे क्लेशमें करते हैं.

दम्य, (पु०) दम्+यत् क्यप् वा । बोझा उठानेलायक उमरमें पहुंचाहुआ बत्स (बछडा) । और बैल । काबू करनेलायक (त्रि०).

दय्, जाना। मारना। देना। और पालन करना। भ्वा० आत्म० अक० सेट्। दयते। अदयिष्ट.

दया, (स्त्री०) दय-भिदा० अङ्। यत्न (कोशिश) सेभी दूसरेके दुःखको दूर करनेके लिये इच्छाका उपजना। मिहर्वानी.

दयालु, (त्रि०) दय+आलुच्। कृपायुक्त। दयावाला। रहमदिल। "दयालुरपि स कृष्णः" उद्भटः.

दयित, (पु०) दय+क्त। पति (खाविन्द)। पियारा (त्रि०) -ता। स्त्री (औरत) (स्त्री०).

दर, (अव्य०) दृ+अप्। ईषत्। थोडा। डर। और गढा (पु० न०).

दरकण्ठिका, (स्त्री०) दरः कण्ठः यस्याः। अपने अर्थमें कन्। जिसपर कोई २ (थोडा) कांटा हो। शतावरी.

दरद्, (स्त्री०) दृ+अदि। पहाडपर पानीका गिरना (प्रपात)। भय। पर्वत। वाण। म्लेच्छजातिविशेष। और हृदय। दरद (पु०)। खसजाति.

दरिद्र, (पु०) दरिद्रा+अच् (आका लोप)। निर्धन। धनरहित (गरीव)। दीन (दुःखिया).

दरिद्रा, वुरेहाल होना। गरीव होना। अदा० पर० अक० सेट्। दरिद्राति। अदरिद्रीत्-अदरिद्रासीत्.

दर्दुर, (पु०) दुनाति कर्णौ शब्दैः+उरन्। आवाजोंसे जो कानको दुःख देवे। बादल। मेंडक (डड्डु)। एक प्रकारका वाजा। एक पहाड। एकप्रकारका मट्टीका पात्र। दक्षिणमें एक पर्वतका नाम जिसका संवंध मलयसे है। "स्तनाविव दिशस्तस्याः शैलौ मलयदर्दुरौ" रघुः। एक प्रकारके चावल.

दर्दू, (स्त्री०) दरिद्रा+ऊ-नि०। (दाद)। रोगभेद। एक प्रकारकी बीमारी.

दर्प, (पु०) दृप्+घञ्-अच् वा। अहंकार। गर्व। गरूर। एक प्रकारका हिरन। असारता। छल.

दर्पक, (पु०) दर्पयति। दृप्+णिच्+ण्वुल् (अक)। कामदेव। अभिमानको उपजानेहारा (त्रि०).

दर्पण, (पु०) दृप्+ल्यु (अन)। रूपकी परछाही देखनेका आधार (आसरा) आदर्श। शीशा। एक सुप्रसिद्ध पहाडका नाम.

दर्भ, (पु०) दृप् (गांठना) +घञ् (अ)। दृ+भ वा। "कुशा, काश, बल्वल, तीक्ष्ण रोमवाले (तेजलूंवाले) मौज और शाद्वल" ये छ दर्भ कहे जातेहैं। काश आदि छ प्रकारका घास.

दर्वि-र्वी, (स्त्री०)। दृ+विन् वा ङीप्। व्यञ्जन (नाल्दा) आदिको उठानेका साधन। देचकीसे नाल्दा इसीसे निकालते और देखते हैं। कडछी। लकडी आदिका बनाहुआ पदार्थ। "स्वार्थे कन्" इसी अर्थमें। और गोजिह्वालता (वेल).

दर्वीकर, (पु०) दर्वीव करः फणो यस्य। दर्वीव फणं करोति वा कडछीके समान जिसका फन है अथवा जो कडछीकी नाईं फन बनाता है। "कृ+अच्" सर्प। सांप.

दर्श, (पु०) दृश्यते (शास्त्रे) चन्द्रार्कसङ्गमो यत्र। दृश्+घञ् (अ)। जहां चांद और सूर्यका मेल होता है। अमावास्या तिथि। यज्ञविशेष। "दर्शपूर्णमासाभ्यां यजेत" श्रुतिः। "भावे घञ्" दर्शन। देखना। दृश्+अच्। देखनेहारा (त्रि०).

दर्शक, (पु०) दर्शयति राजानं आगतान्। जो आये हुओंको राजाका दर्शन करावे। दिखानेहारा (त्रि०).

दर्शन, दृश्+ल्युट् (अन)। जिस्से देखते हैं। आंख (नेत्र)। स्वप्न (सुपना)। बुद्धि। धर्म। उपलब्धि। मिलाहुआ (हासल)। शीशा। अध्यात्म (अपनाआप)। ज्ञानके उपाय। न्याय आदि शास्त्र.

दर्शनीय, (त्रि०) दृश्+अनीयर्। मनोहर। दिलपसंद। देखनेलायक.

दर्शयितृ, दृश्+णिच्+तृच्। दिखलानेहारा (त्रि०)। द्वारपाल (दर्वान) दर्वाजेपर आयेहुओंको राजाका दर्शन कराता है (पु०).

दल्, भेदन। फाडना। तोडना। दलना। भ्वा० पर० सक० सेट्। दलति। अदालीत्। "णिचि"। दालयति-ते। अदीदलत्-त.

दल, (न०) दल्+अच्। ऊंचाई। टुकडा। शस्त्रच्छद (मियान)। अपद्रव्य (खोट)। पत्ता। बादल। तमालका पत्ता। आधा.

दलित, (त्रि०) दल्+क्त। प्रफुल्ल (फूलाहुआ-खिलाहुआ)। तोडागया। आधा कियागया.

दव्, गति-जाना। भ्वा० पर० सक० सेट्। इदित्। दन्वति। अदान्वीत्.

दव, (पु०) दुनोति। दु+अच्। वन। जंगल। बनकी आग "भावे अच्"। उपताप। गरमी.

दवथु, (पु०) टु-दु-उपताप। गरम होना। अथुच्। गर्मी। अंग आदिकी जलन.

दवाग्नि, (पु०) दवस्य (वनस्य) अग्निः। जंगलकी आग। दावानल.

दविष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन दूरः। इष्ठन्। अन्त्यका लोप और गुण। बहुत दूर। "ईयसुन्"दवीयस्। यही अर्थ। स्त्रियां ङीप्.

दश्, दीप्ति। चमकना। दंशन। डसना। चुरा० आत्म० अक० सेट्। इदित्। दंशयति। अददंशत्। उभ० "अक०" दंशयति-ते। अददंशत्-त.

दशक, (न०) दश परिमाणं अस्य+कन्। दशकी संख्या (गिन्ती).

दशकण्ठ, (पु०) दश कंठाः यस्य । जिसके दश गले हैं । दशमुख । रावण.

दशकर्म, (न०) दश कर्माणि । दस प्रकारका संस्कार । गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूडाकरण, उपनयन और विवाह.

दशत्, (पु०) दश परिमाणं अस्य+अति । दसोंका समूह.

दशधा, (अव्य०) दश+प्रकारे धाच् । दस प्रकारका.

दशन्, (त्रि०) दन्श्+कनिन् । दस एक संख्या.

दशन, (पु०) दश्यतेऽनेन । जिस्से डसाजाता है । नि० "नका लोप" दांत । शिखर "करणे ल्युट् (अन)" । कवच (जिरह) । "भावे ल्युट्" दंशन (डसना) । दांत आदिसे चोट लगाना.

दशनोच्छिष्ट, (न०) दशनेन उच्छिष्टं यत्र । जहां डसनेसे जूठा होता है । ओठ (होठ) आदिका चूमना.

दशवल, (पु०) दश बलानि यस्य । जिसके दस बल हैं । बुद्धमुनि । दान, शील, क्षमा, वीर्य, ध्यान, प्रज्ञा, बल, उपाय, प्रणिधि और ज्ञान ये दशबल हैं.

दशभुजा, (स्त्री०) दश भुजा यस्याः । दस भुजावाली दुर्गा (देवी).

दशम, (त्रि०) दशानां पूरणः+डट्-मट् । दसवां । जो दसवीं संख्याको पूरा करदे.

दशमिन्, (त्रि०) पूरण अर्थमें+इनि । नव्वेसे ऊपरकी उमरवाला । बहुत बूढा.

दशमी, (स्त्री०) दशानां पूरणी । दसोंको पूरा करनेवाली । दशमी तिथि । नव्वेसे ऊपरकी ऊमर । बहुत बूढी उमर । कामदेवकी दसवीं अवस्था (मरणरूप).

दशमीस्थ, (त्रि०) दशम्यां अवस्थायां तिष्ठति । स्था+क (अ) । अतिवृद्ध । बहुत बूढा । नव्वेसे ऊपरकी उमरवाला । क्षीणराग । जिसकी संसारके पदार्थोंमें प्रीति ढीली होगई । स्मृतिहीन (जो वात याद नहीं रख सक्ता) । विरहसे मौतकी हालतको पहुंचगये कामिओंका जोडा.

दशमूल, (न०) दश मूलानि यत्र । जहां दस जडें हैं । एकप्रकारका पाचन (खायेगये अन्नको पचानेहारा) । बिल्व, श्योनाक, गम्भारी, पाटला, गणिकारिका, शालपर्णी, पृश्निपर्णी, दोनों बृहती और गोक्षुर ये दस मूल हैं.

दशरथ, (पु०) दशसु दिक्षु गतो रथो यस्य । जिसका रथ दसों दिशाओंमें गया । सूर्यवंशी राजा । श्रीरामजीके पिता.

दशरथसुत, (पु०) ६ त० । रामचन्द्र (दशरथका पुत्र) । "दशरथात्मज."

दशवार्षिक, (त्रि०) दशवर्षेषु भवः-ठक्+इक । दशवर्षके अनन्तर होनेवाला । दशवर्षमें समाप्त होनेवाला.

दशविध, (त्रि०) दश विधाः=प्रकाराः यस्य । दस प्रकार (तरह) का.

दशसहस्रं, (न०) दश सहस्राणि । दस हजार.

दशहरा, (स्त्री०) दशविधानि दशजन्मार्जितानि च पापानि हरति । हृ+ठक् । दस प्रकार वा दस जन्मोंके इकठ्ठेहुए पापोंको दूर कर्ती है । गंगाके जन्मका दिन । जेठ महीनेमें शुक्लपक्षकी दशमी.

दशा, (स्त्री०) दन्श्+अङ् । नि० । नलोपः । अवस्था । हालत । दिवेकी वत्ती (वट्टी) । "अपेक्षन्ते न च स्नेहं नपात्रं न दशान्तरम् । परोपकारनिरता मणिदीपा इवोत्तमाः" इत्युद्भटः । वस्त्रान्त । आँचल (पल्लडा) गर्भवासजन्मादि । बालकपन । जवानी । बुढेप्पा । कामसे उपजी विरहिओंकी दसप्रकारकी हालत । योगिनी दशा.

दशाकर्ष, (पु०) दशया (तैलादिकं) आकर्षति । जो वत्तीसे तेल आदिको खेंचता है । आ+कृष्+अच् । प्रदीप । दीआ । वस्त्राञ्चल । कपडेका पल्लडा (आँचल).

दशाधिपति, (पु०) दशाया अधिपतिः । दशाका स्वामी । सूर्य वा अन्य ग्रह.

दशान्त, (पु०) दशायाः अन्तः । वत्तीका अन्त (सिरा).

दशार्ण, (पु०) दश ऋणानि (दुर्गाणि जलानि वा) यत्र । जहां दस किले वा पानी हैं । एक देश । एक नदी (स्त्री०).

दशार्ह, (पु०) यदुराजाका देश । उस देशके वासी । बहु० व०.

दशावतार, (पु०) दश मीनादयोऽवतारा यस्य । मछली आदि जिसके दस अवतार हैं । विष्णु.

दशाश्व, (पु०) दश अश्वा रथे यस्य । जिसके रथमें दस घोडे हैं । चन्द्र । चाँद । चंद्रमा.

दशाश्वमेधिक, (पु०) दश अश्वमेधा ब्रह्मणा कृताः सन्ति अत्र+ठन् (इक) । जहां ब्रह्माने दस अश्वमेध यज्ञ किये हैं । काशीजीमें एक तीर्थविशेष है.

दशाह, (पु०) दशानां अह्नां समाहारः । टच्-समा० । दस दिन । "दशाहं सूतकी भवेत्" इति स्मृतिः.

दशेन्धन, (पु०) दशा वर्तिकैव इन्धनं यस्य । वत्तीही जिसकी लकडी है । प्रदीप । दीआ । दीवा । लैंप.

दस्, उत्क्षेप । फेंकना । लूटना । दिवा० पर० सक० सेट् । दस्यति । अदसत्-अदासीत्-अदसीत्.

दस्, दर्शन । देखना । दंशन-डसना । चुरा० आत्म० सक० सेट् । इदित् । दंसयते । अददंसत्.

दस्यु, (पु०) दस्+युच् (अन् आदेश नहीं होता) चोर । दुश्मन । शत्रु । महासाहसिक । बडा दिलेर.

दस्र, (पु०) दस् । रक् । गर्दभ । गधा । अश्विनीकुमार (द्वि०) अश्विनीतारा.

दह्, दाह । जलाना । भ्वा० पर० अनिट् । दहति । अधाक्षीत्.

दहन, (पु०) दह+ल्यु० (अन) । अग्नि । आग । चित्रकवृक्ष । खराब दिल । "भावे ल्युट्" दाह । जलना (न०)

दहर, (पु०) दह्+अरन् । मूषिक । (मूसा) । धातुद्रव्यके पिघलानेका पात्र (वर्तन) । सूक्ष्म । वारीक । दिल । हृदयका आकाश । "दहरोऽस्मिन् अन्तराकाश" । इति श्रुतिः.

दहराकाश, (पु०) कर्म० । चिदाकाश । चैतन्यआकाश । हृदयस्थ ईश्वर.

दा, दान देना । जुहो० उभ० सक० सेट् । ददाति-दत्ते । अदात्-अदित.

दा, छेदन । काटना । अदा० पर० सक० अनिट् । दाति । अदात्.

दाक्षायणी, (स्त्री०) दक्षस्य अपत्यं स्त्री+फिञ् गौरा० ङीष् । अश्विनीआदि तारा । सतीनाम्नी शिवजीकी पत्नी (स्त्री०).

दाक्षिणात्य, (पु०) दक्षिणस्यां दिशि भवः । दक्षिण+त्यक् (त्य) । जो दक्षिणदिशामें हो । नारिकेल । नरेल । दक्खिनी.

दाक्षिण्य, (न०) दक्षिणस्य भावः+ष्यञ् । अनुकूलता । दूसरेकी इच्छाको पूरा करना । "दक्षिणां अर्हति" ञ्य (य) । जिसे दक्षिणा देनी चाहिये । ऋत्विज् (पुरोहित).

दाक्षी, (स्त्री०) दक्षस्य गोत्रापत्यं स्त्री+इञ् ङीप् । पाणिनि मुनिकी माता (मां).

दाक्षीसुत, (पु०) ६ त० । व्याकरणके कर्ता पाणिनिमुनि.

दाडि(लि)म, (त्रि०) दल्+घञ् । दालः । तेन निर्वृत्तः । इमप् वा लस्य । अनारका वृक्ष । "स्त्रियां ङीप्" "वियोगिनीमैक्षत दाडिमीमसौ" नौषधं.

दाण्, दान्-देना । भ्वा० पर० सक० सेट् (ण् इत् होता है) । यच्छति । अदात्.

दात, (त्रि०) दो+क्त । छिन्न (काटागया) । "दैप्+क्त" शुद्ध (साफ कियागया).

दात्यूह, (पु०) दो+क्तिन् । दितिं (खण्डनं) वहति (दितिवाट्) स एव अण् । वाह ऊठ्-इतको आ । कालकण्ठकनामी एकप्रकारका पक्षी । जलकाक । पपीहा.

दात्र, (न०) दा+ष्ट्रन् (छेदसाधन) काटनेका साधन (दात) । शस्त्र (औजार).

दान, (न०) दो-दै-दा-वा+ल्युट् । हाथीके मदका जल । पालना । बचाना । काटना । सफाई । त्याग । छोडना । त्याग । देना.

दानव, (पु०) दनोः अपत्यं अण् । दनुकी सन्तान । असुर । दैत्य.

दानवारि, (पु०) ६ त० । देवता और विष्णु । कर्म० । हाथीके मदका जल (न०).

दानवीर, (पु०) दाने वीरः । देनेमें वीर (बहादुर) । बडा उदार मनुष्य.

दानशील, (त्रि०) दानं शीलं सततं अनुष्ठानं यस्य । देनेके स्वभाववाला । बहुदाता । बहुत देनेवाला.

दानशौण्ड, (त्रि०) दाने शौण्डः दक्षः । देनेमें चतुर । बहुत देनेहारा.

दापित, (त्रि०) दा+णिच्+क्त । साधित । साधागया । काबू कियागया । धन आदिसे वश किया हुआ । दण्डदिया गया । दिलाया गया.

दामन्, (स्त्री० न०) दो+मनिन् । दोहन (चोना)के समय पशुके बांधनेकी रस्सी । रस्सी । माला "वा टाप्" दामा दामे.

दामोदर, (पु०) दाम उदरे यस्य ६ त० । "सम्पूर्णलोकोंके नाम जिसके पेटमें हैं" विष्णु.

दाम्भिक, (त्रि०) दम्भेन चरति धर्म+ठक् । संसारमें अपनी कीर्ति आदि प्रसिद्ध करनेके लिये धर्मका आचरण करनेहारा । बैडालव्रतिक । बिल्लेके व्रतवाला । पाखण्डी । बगला पक्षी (पु०).

दाय्, देना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । दायते । अदायिष्ट.

दाय, (पु०) दा+कर्मणि घञ् । पिता आदिका धन जो पुत्र आदिसे विभाग करनेके लायक है । बडोंका विरसह । विवाहके समय जामाता (जवाई) आदिके तई देने योग्य धन । "भावे घञ्" दान (देना) । "घञ्" खण्डन (तोडना) । "दैप्+करणादौ घञ्" जल (पानी).

दायभाग, (पु०) पैतृकधनविभाग । बापके बिरसेकी तक्सीम । एक ग्रन्थका नाम । अठारह प्रकारके विवादों (झगडों) मेंसे एक.

दायाद, (पु०) दायं (विभजनीयं धनं) आदत्ते (आ+दा+क) । जो तक्सीम करनेलायक धनको लेता है । पुत्र (बेटा) "दायं अत्ति-अद्+अण्" उपपदसमासः । सपिण्ड.

दार, (पु० ब०) दारयन्ति भ्रातृस्नेहं । दृ+णिच्+अच् । जो भाईओंके प्रेम (मुहब्बत) को फाड डालती है । पत्नी (स्त्री).

दारक, (पु०) दृणाति (भिनत्ति) उदरं । दृ+ण्वुल्(अक) । जो पेटको फाडता है । बालक । लडकी (स्त्री०) । फाडनेवाला (त्रि०) । गांवका सूअर (पु०).

दारकर्मन्, (पु०) दारौपयिकं (दारसम्पादकं) कर्म० । स्त्रीको देनेहारा काम । विवाह । "सवर्णाग्रे द्विजातीनां प्रशस्ता दारकर्मणि" इति मनुः.

दारु, (न०) दृ+उण् । काष्ठ । लकडी । पीतल । और देवदारु (दियार) कारीगर । फाडनेहारा (त्रि०).

दारुक, (पु०) कृष्णजीका सारथी (गाडी चलानेहारा).

दारुण, (पु०) दारयति चित्तं । दृ-डरना+उनन् । चित्रा रौद्ररस और भयानक रस । डरावना । दुःसह । भीषण । भयका कारण (त्रि०).

दारुसार, (न०) दारुषु सारं (श्रेष्ठं) । लकडियोंमें बहुत अच्छी लकडी । चन्दन.

दारुसिता, (स्त्री०) दारुमयी सिता (मधुरत्वात्) लकडीकी मिशरी (मीठी होनेसे) । दारचीनी । दालचीनी.

दार्वट, (न०) दारुवत् निश्चलतया अटन्ति अत्र । अट्+क । जहां लकडीकी नाईं चुपचाप होकर घूमते हैं । चिन्तागृह । सोचनेका घर । विचार करनेका घर । कचहरी.

दार्वाघाट, (न०) (पु०) दारूणि आहन्ति । हन्+अण् वा टान्तादेशः । एक प्रकारका पक्षी (काटठोकरा).

दार्वी, (स्त्री०) दॄ+उण् गौ० ङीष् । दियारकी लकडी । हल्दी । गोजिह्वा । दारुहरिद्रा.

दाव, (पु०) दुनोति (दु+ण) । वन । जंगलकी आग । "भावे घञ्" ताप (गरमी).

दावाग्नि, (पु०) दावस्य (वनस्य) अग्निः । वनकी आग । " दावानल ".

दाविक, (त्रि०) देविकायां (नद्यां) भवः । देविका नदीमें हुआ.

दाशृ-स्, हिंसन मारना । स्वा० पर० सेट् । दाश्नो-(स्नो)-ति । अदाशी(सी)त्.

दाशृ, देना । चुरा० उभ० सक० सेट् । दाशयति-ते । अदिदाशत्-त.

दाश-स, (पु०) दशति मत्स्यान् । दन्श्+घञ् । नि० । जो मच्छिओंको डसता है (पकडता है) "दास्यते मूल्यं अस्मै । दास्+घञ् वा" जिसे मोल दिया जाताहै । दास (नौकर) । मच्छिओंपर जीनेवाला धीवर । मच्छी पकडनेहारा.

दाशरथ, (पु०) दशरथस्य अयं अण् । जो दशरथका हो । श्रीरामचन्द्र । "प्रदीयतां दाशरथाय मैथिली" नाटक.

दाशरथि, (पु०) दशरथस्य अपत्यं+अत इञ् । दशरथराजाकी सन्तान । श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न.

दाशार्ह (पु०) दाशं (दानं) अर्हति । अर्ह+अण् । जो दानके योग्य है । " दशार्हवंशे भवः अण् वा " दशार्हवंशमें उपजा । विष्णु । दशार्ह देशमें जन्मा (त्रि०).

दासृ, देना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । दासति-ते । अदासीत्-अदासिष्ट.

दास, (पु०) दास्+अच् । शूद्र । अपनेको जाननेहारा । धीवर । दानके लायक । शूद्रकी उपाधि । "दास्यते (दीयते) अस्मै अन्नादि । दास्+घञ् " । जिसे अन्नादि दिया जाता है । भृत्य और सेवक । " स्त्रियां " दासी.

दासेय, (पु०) दास्या अपत्यं ढक् (एय) । दासीके गर्भमें उपजा । दास । " दाशस्य (धीवरस्य) अपत्यं ढक् " (एय) । धीवरकी सन्तान । व्यासकी माता (स्त्री०).

दासेर, (पु०) दास+एरक् । ऊंट । "दास्या अपत्यं ढक्" (एय) । दासीका बेटा । कन्+स्वार्थे.

दासेरक, (पु०) मालवा देश । उस देशके लोग बहु०.

दाह, (पु०) दह्+घञ् । भस्मीकरण । जलाना । खाक करना । शरीर आदिका तपना.

दाहक, (पु०) दह्+ण्वुल् (अक) । चित्रा वृक्ष । लाल चित्रा । जलानेवाला (त्रि०) " स्त्रियां " दाहिका.

दिक्कर, (पु०) दिक्षु कीर्यतेऽसौ । कृ+अण् । जो दिशाओंमें फेंकाजाय । तरुण । जवान । युवती (स्त्री०).

दिक्चक्रं, (न०) दिशां चक्रम् । दिशाओंका समूह । सारा संसार.

दिक्पति, (पु०) ६ त० । दिशाओंका ईश्वर (मालिक) । " इन्द्रो वह्निः पितृपतिर्नैर्ऋतो वरुणो मरुत् । कुबेर ईशः पतयः पूर्वादीनामधीश्वराः ".

दिगम्बर, (पु०) दिक् (शून्यं) एव अम्बरं यस्य । दिशाही जिसका कपडा है । शिवजी । एक प्रकारका बौद्ध । संन्यासी । शरीरके माप जितना जीव माननेहारा । बौद्धोंमेंसे एक । नग्न (नंगा) (त्रि०) कालिका (स्त्री०) ङीप् । "दिशाओंको कपडेकी नाईं ढाकनेसे" । तमः (अन्धकार-अंधेरा) (न०).

दिग्गज, (पु०) ६ त० । पूर्व आदि दिशाओंमें पृथिवीको पकडनेके लिये ठहरेहुए ऐरावत आदि हाथी । " ऐरावतः पुण्डरीको वामनः कुमुदोऽञ्जनः । पुष्पदन्तः सार्वभौमः सुप्रतिकश्च दिग्गजाः ".

दिग्ध, (पु०) दिह्+क्त । विष (जहर)से लिपटाहुआ वाण (तीर) और वह्नि (आग) । " भावे क्त " स्नेह । चिकनाई (तेल) और लेपन (न०) । "कर्मणि क्त" लिप्त "लिबडाहुआ" (त्रि०).

दिङ्नाग, (पु०) दिशां नागः ष० त० । दिशाओंका नाग (हाथी) । दिग्गज.

दिग्विजय, (पु०) दिशां विजयः ष० त० । दिशाओंका विजय (जीत) । संसारका विजय.

दिङ्मात्र, (न०) दिशो मात्रा अंशः । एक देश । एक ओर । ६ ब० । थोडासा (त्रि०).

दिति-ती, (स्त्री०) दो+वा ङीप् । क्तिच् । दैत्योंकी माता । कश्यपकी स्त्री । " भावे क्तिन्-ङीप् नहीं होता " तोडना.

दितिज, (पु०) दितेर्जायते । जन्+ड (अ)। दितिसे उपजा । असुर । दैत्य । "दितिसुत" यही अर्थ.

दित्सा, (स्त्री०) दा+सन्+अङ् । देनेकी इच्छा.

दित्सु, (त्रि०) दा+सन्+उ । देनेकी इच्छा करनेवाला.

दिधिषु(षू), (पु०) दिधिषुं आत्मन इच्छति+क्यच् क्विप् । पृ० वा ह्रस्वः । दूसरी वार विवाही गई स्त्रीका स्वामी । दूसरा खाविंद.

दिधिषू, (स्त्री०) दिधिं धैर्यं स्यति । सो ऊ वा षत्वम् । जो धीरजको तोडदे । द्विरूढा । दोवार विवाहीहुई औरत । वडी भगिनी (वहिन-भैन) के न होते छोटीका विवाह । "ज्येष्ठायां अनूढायां सत्यां ऊढायां कनिष्ठभगिन्यां च".

दिधिषूपति, (पु०) ६ त० । भाईके मरजानेपर जो उसकी स्त्रीमें विषयभोगकी इच्छासे किंवा धर्मसे अनुरक्त होता है । दूसरी वार विवाहीगई स्त्रीका पति । विधवाका पति । वडीके न विवाहे जानेपर विवाहीगई छोटी वहिनका पति । रंडी (वेवा) का खसम.

दिधीर्षा, (स्त्री०) धृ+सन्+ड । धारण करनेकी इच्छा । आश्रय देनेकी इच्छा.

दिन, (पु०) द्यति तमः । जो अंधेरेको काटता है । सूर्यकी किरणोंसे पहिचाना गया (६०) साठ घडी वा चार पहिरका समय । दिन । रोज.

दिनकर, (पु०) दिनं करोति स्वोदयेन । कृ+टक् । जो अपने उदयसे दिनको वनाता है । सूर्य । सूरज.

दिनक्षय, (पु०) जिस दिन तीन तिथियें इकठी आजांय । दिनका नाश.

दिनपति, (पु०) ६ त० । दिनका पति सूर्य । आकका वृक्ष.

दिनमणि, (पु०) दिने मणिः इव (प्रकाश करनेसे) दिनके समय मानो मणि चमक रही है । सूर्य । आकका वृक्ष.

दिनमुखम्, (न०) दिनस्य मुखम् । दिनका मुख । प्रातः-काल । सवेरा.

दिनयौवनम्, (न०) दिनस्य यौवनम् । दिनकी जवानी । दिनमध्य । दुपहिर.

दिनादि, (पु०) ६ त० । दिनका प्रारम्भ (शुरू) । प्रातः-काल । सवेर । सुवह.

दिनान्त, (पु०) ६ त० । दिनका अन्त । दिवसका अव-सान । सायंकाल । शाम । सांझ.

दिम्, प्रेरण । चलाना । चुरा० उभ० सक० सेट् । इदित् । दिम्भयति-ते । अदिदिम्भत्-त.

दिलीप, (पु०) सूर्यवंशमें होनेवाला एक राजा । रघुका पिता.

दिव्, प्रीति । प्रसन्न होना । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । दिन्वति । अदिन्वीत्.

दिव्, जीत चाहना-शर्त लगाना-व्यवहार-इच्छा-आज्ञा-खेलना-स्तुति करना-खुशहोना-चमकना । दिवा० पर० अक० (और) सक० सेट् । दीव्यति । अदेवीत् । देविता । धूता.

पद्म० ३२

दिव्, (स्त्री०) दिव्+दिवि । स्वर्ग (वहिश्त) । आकाश । आस्मान.

दिव, (न०) दिव्+क । स्वर्ग । आकाश । दिन । वन । जंगल.

दिवस, (पु०) दीव्यन्ति अत्र । दीव्+असच् । दिन । रोज.

दिवसमुख, (न०) ६ त० । दिनका मुख (शुरू) । प्रभात । सवेर.

दिवसविगम, (पु०) दिवसस्य विगमः-ष० त० । दिनका चला जाना । सायं । सांझ । सूर्यास्त.

दिवस्पति, (पु०) ६ त० । अलुक् समा० (सका आगम) स्वर्गका पति । इन्द्र । देवताओंका राजा.

दिवस्पृथिवी, (स्त्री०) द्वि० । दिवस् च पृथिवी च । नि० सुट् । स्वर्ग और पृथिवी । मिलेहुए पृथिवी और स्वर्ग । जमीन-आस्मान.

दिवा, (अव्य०) दिव्-का । दिवस । दिन । रोज.

दिवाकर, (पु०) दिवा करोति । दिन करता है । सूर्य । कौआ । सूरजका फूल.

दिवाकीर्ति, (पु०) दिवैव कीर्तिः कृत्यं यस्य । जिसका काम दिनहीके समयमें है (रातको हजामतका करना मने है) नापित । नाई । नौआ.

दिवाटन, (पु०) दिवा अटति । दिनके समय घूमता है (रातको अंधा होजाता है) कौआ.

दिवातन, (त्रि०) दिवा भवः+ट्यु-तुट्च् । दिवाभव । दिनमें होनेहारा । स्त्रियां ङीप्.

दिवानिशम्, (अव्य०) दिवा च निशा च तयोः समाहारः । दिन और रात.

दिवान्ध, (पु०) दिवा (दिने) अन्धः (देख न सकनेसे) जो दिनमें अंधा होता है । उल्लू आदि । "दिवान्धाः प्राणिनः केचित्" चण्डी.

दिवाभीत, (पु०) दिवा (दिवसे) भीतः । दिनके समय डराहुआ । चोर । चांद । उल्लू । "दिवाभीतमिवान्धकारम्" इति कुमारः.

दिवामध्यम्, (न०) दिवा=दिनस्य मध्यम् । दिनका मध्य । मध्यदिन.

दिवारात्रम्, (अव्य०) दिवा च रात्रिश्च तयोः समाहारः । दिन और रात.

दिवावसानम्, (न०) दिवा=दिनस्य अवसानं । दिनका अन्त (आखिर) सायं । सांझ.

दिवाशय, (त्रि०) दिवा शेते+शी+अ । जो दिनके समय सोताहै.

दिविज, (पु०) दिवि जायते (जन्+ड) अलुक् समा० । स्वर्गका । दिविभव.

दिविषद्, (पु०) दिवि सीदति क्विप्-षत्वम् । स्वर्गमें रहने-हारा । देवता.

दिवो(वौ)कस्-स, (पु०) दिवि-दिवं वा ओकस् यस्य प० अकारान्त भी होता है । देवता (जिसका स्वर्गमें स्थान है) । "तारकेण दिवौकसः" इति कुमारः.

दिवोदास, (पु०) चंद्रवंशमें काशीनगरीका एक राजा.

दिव्य, (न०) दिवि भवं यत् । लौंग । चंदन । शपथ (कसम-सौं) । गुग्गल । स्वर्गकी चीज । एक प्रकारका नायक (पु०) "दीव्यते अनेन-दिव्+क्यप्" । मनोहर । सुन्दर । अजीव । चमकीला (त्रि०).

दिव्यगन्ध, (पु०) दिव्यो मनोहरो गन्धोऽस्य । जिसका मनोहर गंध है । गंधक । लौंग (न०) । छोटी इलायिची (स्त्री०) । कर्म० उत्तम गंध (पु०).

दिव्यगायन, (न०) कर्म० । अजीव गानेहारा । गंधर्व (देवताओंका गवैया).

दिव्यचक्षुस्, (पु०) दिव्यं चक्षुः यस्य । जिसकी अजीव आँख हो । जिसके सुन्दर नेत्र हों । जो ज्ञानकी आँख रखता है । अंधा.

दिव्यज्ञान, (न०) दिव्यं ज्ञानं क० स० । विचित्र (स्वर्गीय वा हैरात करनेवाला) ज्ञान (समझ) । आश्चर्यज्ञान.

दिव्यतेजस्, (स्त्री०) दिव्यं तेजो यस्याः । जिसका आश्चर्य तेज हो । ब्राह्मी लता । एक प्रकारकी बेल.

दिव्यदृश्, (पु०) दिव्यं पश्यति उप० स० । आश्चर्य रूपसे देखनेवाला । ज्योतिषी.

दिव्यदोहद, (न०) अभीष्टसिद्धि (चाहीगई चीजकी कामयाबी)के लिये जो पदार्थ देवताओंको दिया जाता है.

दिव्यप्रश्न, (पु०) दिव्यः प्रश्नः । स्वर्गीय (आश्चर्यजनक) बातोंका पूछना । भावी वृत्तांतका पूछना.

दिव्यमान, (न०) दिव्यं मानं क० स० । आश्चर्य माप । देवताओंके वर्ष और दिनके अनुसार समयका परिमाण.

दिव्यरथ, (पु०) दिव्यः रथः । स्वर्गकी गाडी । आकाशमें चलती है.

दिव्यवस्त्र, (त्रि०) दिव्यानि वस्त्राणि यस्य ब० स० । जिसके दिव्य वस्त्र हैं । स्वर्गकी पौशाकवाला ।–स्त्रः (पु०) धूप.

दिव्याङ्गना, (स्त्री०) दिव्या अंगना । कर्म० स० । स्वर्गकी अप्सरा । अत्यन्त सुन्दरी नारी.

दिव्यादिव्य, (त्रि०) दिव्यश्च अदिव्यश्च । दिव्य (स्वर्गीय) अदिव्य (मानवीय) । आधा मनुष्य और आधा देवता.

दिव्यांशु, (पु०) दिव्याः अंशवः यस्य ब० स० । स्वर्गकी चमकीली किरणोंवाला । सूर्य.

दिव्योदक, (न०) दिव्यं उदकं । स्वर्गका जल । वर्षा (वर्सात)का पानी.

दिव्यौषधि, (स्त्री०) कर्म० । मनःशिला । गेरीआदि । अजीव दवाई.

दिश्, दान-देना । हुक्मकरना । तुदा० उभ० सक० अनिट् । दिशति । अदिक्षत्.

दिश्, शा, (स्त्री०) दिश्+क्विप् । आशा (दिशा) । तरफ.

दिशा, (स्त्री०) दिश्+अङ् । ओर.

दिशोभाज्, (पु०) दिशः भजति भज्+ण्वि । सब दिशाओंमें भागनेवाला । कांदिशीक । चपल.

दिश्य, (त्रि०) दिशि भवं-दिग्भ्य उपनीतं वा यत् । दिशामें होनेवाला । दिशाओंसे लायागया । जो कुछ दिशामें हो.

दिष्ट, (न०) दिश्+क्त । भाग्य । किस्मत । समय (वक्त) (पु०) । उपदेश कियागया (त्रि०).

दिष्टान्त, (पु०) दिष्टस्य (भाग्यस्य) अन्तः । भाग्यका अन्त । मरण । मौत.

दिष्टि, (स्त्री०) दिश्+भावे क्तिन् । संज्ञायां+कर्तरि क्तिच् वा । भाग्य । अपना भाग । किस्मत । भावी । नियम । अच्छा भाग्य । कोई मंगलवृत्तान्त.

दिष्ट्या, (अव्य०) मङ्गल । हर्ष । भाग्यसे । मैं बहुत प्रसन्न हूं.

दिह्, लेपन । लीपना । चंदन आदि लगाना । अदा० उभ० सक० अनिट् । देग्धि-दिग्धे । अदिक्षत्-अदिक्षत । अदिग्ध.

दी, क्षय । घटना । नाशहोना । दि० आ० अ० अनिट् । दीयते । अदास्त । दिग्ये । दीनः.

दीक्ष, मुंडवाना । यज्ञोपवीत करना । नियम वा व्रतकी आज्ञा करना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । दीक्षते । अदीक्षिष्ट.

दीक्षा, (स्त्री०) दीक्ष्+अ । नियम । संस्कार "विवाहदीक्षां निरवर्तयद्गुरुः" इति रघुः । अभीष्ट देनेहारा मन्त्रका लेना (तन्त्रमें) । मन्त्रका उपदेश और यज्ञ । देवी.

दीक्षागुरु, (पु०) मन्त्रआदिका उपदेश करनेहारा गुरु । उपदेशका दाता.

दीक्षान्त, (पु०) दीक्षायाः (प्रधानयागस्य) अन्तः (तत्समापको यागभेदः) । अवभृथरूप यागभेद । बडे यज्ञके अन्तमें जो उसका अंगरूप छोटा यज्ञ किया जाता है.

दीक्षित, (त्रि०) दीक्ष+क्त । सोमयाग आदिमें संकल्प करके नियम लिया गया । "दीक्षा जाता अस्य+इतच्" । जिसने तन्त्रके अनुसार दीक्षा (मन्त्रका उपदेश) लीहो.

दीदिवि, (पु०) दिव्+किन् -अभ्यास और दीर्घ । बृहस्पति (देवताओंका गुरु) । अन्न (पु० न०) । उदयहुआ (उठाहुआ) (त्रि०) । उबलेहुए चावल (पु० न०).

दीधिति, (स्त्री०) दीधि+क्तिन्-इट्-और इकारका लोप । किरण । अुआ.

दीन, (त्रि०) दी+क्त तको न । दुःखित । निर्धन । भीत (डराहुआ) । तगरका फूल (न०).

दीनार, (पु०) दी+आरक्-नुट् । सोनेका भूषण (गहना, जेवर) । मोहर । बत्तीस रत्तीभर सोना । सोनेका सिक्का.

दीप्, दीप्ति । चमकना । दिवा० आत्म० अक० सेट् । दीप्यते । अदीपि-अदीपिष्ट । दीप्तः.

दीप, (पु०) दीप्+क । प्रदीप । दीपक । दिया । चराग । लैंप किसी प्रकारका दीप.

दीपक, (पु०) दीप्+स्वार्थे कन् । दिआ । वाज पक्षी । एक प्रकारका राग । केसर । एकप्रकारका अर्थालंकार (न०) । कुशल । कामको प्रकाश करनेहारा (त्रि०) "स्त्रियां टाप् -अको इ" । एक ग्रंथका नाम.

दीपन, (पु०) दीपयति भक्षणात् जठराग्निं उत्तेजयति । दीप्+णिच्+ल्यु (अन) । जो खानेसे पेटकी आगको भडकाताहै । तगरकी जड । पलाण्डु (प्याज) । केसर । और खांसीको दूर करनेहारे । चमकानेवाला (त्रि०) । मेथी (स्त्री०).

दीपनीय, (त्रि०) दीप्+अनीय । प्रकाश करनेयोग्य । जगानेलायक.

दीपमालिका, (स्त्री०) दीपानां माला यस्यां+कप् अको इ होती है । जिसमें दीवोंकी कतार हो । दीवोंवाली अमावस्या । दीवाली । ६ त० । दीवोंका समूह.

दीपित, (त्रि०) दीप्+क्त । अग्निमें जलाया गया । प्रकाश किया गया । तेज किया गया.

दीपिन्, (त्रि०) दीप्+णिनि । प्रकाश करनेवाला । जगानेवाला । चमकनेवाला । रोशन करनेवाला.

दीप्त, (पु०) दीप्+क्त । नींवू और सिंह (शेर) । सोना और हींग (न०) जलाहुआ । सडाहुआ । चमकाहुआ । चमकील (त्रि०):

दीप्तजिह्वा, (स्त्री०) दीप्ता ज्वलन्ती जिह्वा यस्याः । जिसकी जीभ जलरही है । उल्कामुखी (चुआतीमुई) । एक प्रकारकी गीदडी । (इसकी जीभ रातको जलती है यह प्रसिद्ध है).

दीप्तमूर्ति, (पु०) दीप्ता मूर्तिः यस्य । चमकरही मूर्तिवाला । सूर्य वा विष्णु.

दीप्तलोचन, (पु०) दीप्ते लोचने यस्य । चमकदार आंखोंवाला । बिल्ला । बिडाल । बिल्ली.

दीप्ताग्नि, (पु०) दीप्तः अग्नि जठरानलो यस्य । जिसकी पेटकी आग चमक रही है । अगस्त्यमुनि । तेज पेटकी आगवाला (त्रि०).

दीप्ति, (स्त्री०) दीप्+क्तिन् (ति) । कान्ति । बहुत बढगई सुन्दरता । स्त्रियोंका एक प्रकारका गुण । चमक । भडक.

दीप्तिमत्, (त्रि०) दीप्ति+मतुप् । प्रकाशवाला । चमकदार.

दीप्य, (त्रि०) दीप्+यत् । प्रकाश करनेलायक । जगानेलायक.

दीर्घ, (पु०) दॄ+घञ् (द्राघीयस् -द्राघिष्ठ) । लता । शालका वृक्ष । ऊंठ । दो मात्राका अक्षर जैसे "आ" । लंबा (आयत) (त्रि०).

दीर्घकण्ठ, (पु०) दीर्घः कण्ठो यस्य । जिसका लंबा गला हो । वक । वगुला । लंबे गलेवाला (त्रि०).

दीर्घग्रन्थि, (पु०) दीर्घो ग्रन्थिः पर्वं यस्य । जिसकी गांठ लंबी हो । गजपिप्पली.

दीर्घग्रीव, (पु०) दीर्घा ग्रीवा यस्य । लंबी गर्दनवाला ऊंठ.

दीर्घच्छद, (पु०) दीर्घाः च्छदा यस्य । जिसके लंबे पत्ते हों । इक्षु । गन्ना.

दीर्घजङ्घ, (पु०) दीर्घा जङ्घा यस्य । जिसकी लंबी लातें हों । ऊंठ । वगुला.

दीर्घजिह्व, (पु०) दीर्घा जिह्वा यस्य । जिसकी लंबी जीभ है । सर्प । सांप.

दीर्घतपस्, (पु०) दीर्घं तपः यस्य । लंबे तपवाला । अहल्याका पति गोतमऋषि.

दीर्घदर्शिन्, (पु०) दीर्घात् पश्यति । दृश्+णिनि । दूरसे देखनेहारा । दूरदर्शी । पण्डित और रीछ (भल्लूक) । आनेवाले कामको जानेहारा । दूरसे देखनेवाला (त्रि०).

दीर्घदृष्टि, (पु०) दीर्घा दृष्टिः अस्य । जिसकी लंबी नजर हो । पण्डित । दीर्घा दूरगा दृष्टिः यया । ३ व० । दूर जाती है नजर जिस्से । दूरवीक्षण । दूरबीन । एकप्रकारकी कला.

दीर्घनाद, (पु०) दीर्घो नादः अस्य । (दूर जानेसे) जिसकी लंबी आवाज हो । शंख (इसका शब्द दूर जाता है).

दीर्घनिद्रा, (स्त्री०) कर्म० । लंबी नींद । मृत्यु (मौत) । बहुत देरकी नींद.

दीर्घपल्लव, (पु०) दीर्घः पल्लवः अस्य । जिसका लंबा पत्ता हो । सनका वृक्ष । "कर्म०" लंबा पत्ता (पु० न०) । लंबे पत्तेवाला (त्रि०).

दीर्घपादप, (पु०) कर्म० । लंबा वृक्ष । तालका दरख्त । सुपारीका वृक्ष.

दीर्घपृष्ठ, (पु०) दीर्घं पृष्ठं अस्य । जिसकी लंबी पीठ हो । सर्प । सांप.

दीर्घरागा, (स्त्री०) दीर्घो (बहुकालस्थायी) रागो (रञ्जनं) यस्याः । जिसका रंग बहुत देरतक रहता है । हरिद्रा । हल्दी । वडा पियार करनेवाली औरत.

दीर्घरात्र, (न०) कर्म० । लंबीरात । ७ व० । बहुत रात्रवाला । देरतक.

दीर्घवक्त्र, (पु०) दीर्घं वक्त्रं यस्य । लंबे मुखवाला । हाथी.

दीर्घसत्र, (न०) कर्म० । बहुत कालमें होनेहारा एक प्रकारका यज्ञ । ६ व० । उस यज्ञको करनेहारा (त्रि०) "हविषे दीर्घसत्रस्य सा चेदानीं प्रचेतसः" इति रघुः.

दीर्घसूत्र, (त्रि०) दीर्घेण (बहुकालेन) सूत्रं (अभिलषितकर्म) यस्य । जिसका चाहागया काम देरसे होता है । प्रारम्भ कियेगये कामको देरसे समाप्त करनेहारा । ढिलंगी "कर्म" लंबी तांत (न०)

दीर्घायुष्य, (पु०) दीर्घं आयुष्यं यस्य । जिसकी लंबी उमर हो । मार्कंडेय.

दीर्घायुस्, (पु०) दीर्घं आयुः (जीवनकालः) अस्य । जिसका जीनेका समय लंबा है । कौआ । सिंवलका पेड.

दीर्घिका, (स्त्री०) दीर्घा एव । जिसकी फैलावट लंबी हो । एक प्रकारका जलका स्थान । बावली.

दीर्ण, (त्रि०) दृ+क्त । विदारित । फाडागया । डराहुआ । "भावे क्त" फाडना । डरना (न०).

दु, उपतापन । दुःख देना । तपाना । स्वा० पर० सक० सेट् । दुनोति । अदावीत् -अदौषीत् । दूनः । दवथुः.

दुःख, दुःख करना । चुरा० उभ० सक० सेट् । दुःखयति-ते.

दुःख, (न०) दुःख्+अच् घञ् वा । जो अपनेको अच्छा न लगे । चित्तका धर्म । (न्यायमतमें) आत्माका धर्म । पीडा । तकलीफ और कष्ट । दुःख देनेवाला पदार्थ और दुःखवाला (त्रि०).

दुःखत्रय, (न०) ६ त०, तीन दुःख (आध्यात्मिक आधिभौतिक और आधिदैविक).

दुःखलोक, (पु०) दुःखकरः लोकः । दुःख देनेहारा लोक । सांसारिक जीवन । नित्य दुःखका दृश्य संसार.

दुःखशील, (त्रि०) दुःखकरं शीलं यस्य । जिसका स्वभाव दुःखदायी है । कठिनतासे प्रसन्न किया जानेवाला । बुरे स्वभाववाला । जिसका वशमें आना कठिन है.

दुःखसागर, (पु०) दुःखस्य सागरः । दुःखका समुद्र । सांसारिकजीवन.

दुःखातीत, (त्रि०) दुःखात् अतीतः । दुःखसे अतिक्रमण कर गया । निर्दुःख । दुःखरहित.

दुःखार्त, (त्रि०) दुःखेन आर्तः । दुःखसे पीडित । दुःखी.

दुःखित, (त्रि०) दुःख+इतच् । दुःखी हुआ । पीडित हुआ । निर्धन । अप्रसन्न । तं० न० । कष्ट.

दुकूल, (न०) दु+उलच्-कुक्च । पृ० । क्षौमाम्बर । रेशमी कपडा । चिकना कपडा । महीन कपडा । दुपट्टा.

दुग्ध, (न०) दुह्+क्त । दूध । स्त्रीजातिके स्तनोंसे वहाहुआ द्रव्य । "कर्मणि क्त" । चोईगई (कृतदोहा) धेनु (गौ) आदि (स्त्री०) । प्रपूरित (बहुत भराहुआ) (त्रि०) । "भावे क्त" दोहन (चोना) (न०).

दुन्दुभि, (पु०) दुन्दु इति शब्देन उभति (पूरयति) उभ्+क । शक० दूं दूं शब्दसे भरतीहै । वृहद्ढक्का । बडानगारा (नौवत) । वरुण । एक दैत्य । एक राक्षस । विष । जहर । ६० वर्षोंमें एक वर्ष । पाशक (पास्सा) (स्त्री०).

दुर्-स्, (अव्य०) दुष्ट । निन्दा । निषेध । दुःख.

दुरक्ष, (पु०) दुष्टः अक्षः । छलका पास्सा । "दुष्टोऽक्षो यत्र" । जहां कपटका पास्सा है । छलका जूआ । दुष्टद्यूत.

दुरत्यय, (त्रि०) दुःखेन अतीयते । दुर्+अति+इ+खल् (अ) । जिसे मुश्किलसे लांघसकें । दुरतिक्रमणीय । दुःखसे लांघनेयोग्य । दुस्तर । जिसे दुःखसे तरसकें.

दुरदृष्ट, (न०) दुष्टं अदृष्टं । बुरी किस्मत । दुर्भाग्य । पाप । दुर्गम । जहां पहुंचना कठिन है । जिसे कठिनतासे जा न सकें.

दुरधिगम, (त्रि०) दुःखेन अधिगम्यते । दुर्+अधि+गम्+खल् । जो दुःखसे हासिल किया जाय । दुष्प्राप्य । मुश्किलसे मिलने लायक.

दुरधीत, (त्रि०) दुष्टं अधीतः । बुरी तरहसे पढागया.

दुरध्यवसाय, (पु०) दुष्टः अध्यवसायः क० स० । बुरा काम । बुरा निश्चय.

दुरध्व, (पु०) दुष्टः अध्वा+अच् । बुरारास्ता । दुष्टमार्ग । बुरीसडक.

दुरन्त, (त्रि०) दुष्टः अन्तः (अवसानं) यस्य । जिसका नतीजा बुरा है । द्यूत (शिकार), जूआ, मद्य (शराब) आदिका पीना आदि व्यसन (बुरीआदतें) । क्योंकि ये सब पहिले सुख देकर अन्तमें दुःख देते हैं । "दुर्ज्ञेयः अन्तः (परिच्छेदः) यस्य" । जिसका विचार न करसकें । दुर्ज्ञेय । गभीर । गहिरा.

दुराग्रह, (पु०) दुष्ट आग्रहः (निर्बन्धः) । बुरा हठ । युक्तिरहित अभिनिवेश । (दलीलके बिनाहठ) ६ व० । हठीला (त्रि०).

दुराचार, (पु०) दुष्ट आचारः । बुरा चालचलन । विरुद्धाचरण । ६ व० । बुरे आचारवाला (त्रि०) । "अपि चेत्सुदुराचारः" गीता.

दुरात्मन्, (त्रि०) दुष्ट आत्मा (चित्तं) यस्य । बुरेदिलवाला । दुष्टचित्त जन । दुष्ट चित्तवाला जन (पुरुष वा स्त्री).

दुराधर्ष, (पु०) दुष्टान् (राक्षसान्) आधर्षयति+अच् । जो राक्षसोंका तिरस्कार करे । चिट्टी सरिओं (श्वेतसर्षप) इसके फेंकनेसे भूत आदि भाग जाते हैं । "दुःखेन (ईषदपि धर्षयितुं शक्यम्" -दुर्+आ+धृष्+खल् (अ) "जिसे मुश्किलसे थोडासासी झिडक नहिं सकें" (त्रि०).

दुराप, (त्रि०) दुःखेन आप्तुं शक्यः । दुःखसे पाया जासकनेवाला.

दुराराध्य, (त्रि०) दुःखेन आराधयितुं योग्यः । दुःखसे सेवा किया जासकनेवाला । कठिनतासें वशमें आनेवाला.

दुरारोह, (पु०) दुःखेन आरुह्यते । दुर्+आ+रुह्+खल् । जहां चढना कठिन है । सिंबलका पेड (शाल्मली) । मुश्किलसे चढनेलायक (त्रि०).

दुरालाप, (पु०) दुष्ट आलापः । बुरा वचन । बुरा वचन कहना । ग्लानिका प्रकाश करना । ६ व० । बुरा बोलनेहारा (त्रि०).

दुरालोक, (त्रि०) दुःखेन आलोकयितुं शक्यः । दुःखसे देखा जासकनेवाला । बुरे प्रकाशवाला.

दुराशा, (स्त्री०) दुष्टा आशा । बुरी आशा (उम्मीद).

दुरासद, (त्रि०) दुःखेन आसद्यते (गम्यते) असौ । जिसके पास पहुंचना कठिन है । दुर्+आ+सद्+खल् । दुर्गम्य । दुर्धर्ष । जिसका सामना नहिं कर सक्ते । "वभूव दुरासदः" इति रघुः.

दुरित, (न०) दुष्टं इतं (गमनं) नरकादिप्राप्तिः अनेन । जिस्से नरक आदि बुरे स्थानकी प्राप्ति हो । पाप । बुरा काम । खोटा चलन.

दुरुक्त, (न०) दुष्टं उक्तं । बुरा कहागया । शाप । लानत.

दुरुच्छेद, (त्रि०) दुःखेन उच्छिद्यते असौ । दुर्+उद्+छिद्+खल् । जिसे मुश्किलसे हटाया जाय । दुर्निवार.

दुरुत्तर, (त्रि०) दुःखेन उत्तीर्यते । दुर्+उद्+तृ+खल् । जिसे कठिनतासे तरसकें । दुस्तर । "दुष्टं उत्तरं" बुरा उत्तर (न०).

दुरूह, (त्रि०) दुःखेन ऊह्यते (वितर्क्यते) । "ऊह+खल्" । जो वहुत दुःखसे खयालमें लाया जाय । दुर्विज्ञेय.

दुरोदर, (पु०) दुष्टं समन्तात् उदरं अस्य । चारों ओरसे जिसका परिणाम (नतीजा) खराव हो । बुरा है पेट जिसका । द्यूत्कार । जुवारिआ । पण । शर्त । दा । पास्सा । जूआ (न०) "दुरोदरच्छद्मकृतां" भारविः.

दुर्ग, (पु०) दुःखेन गम्यते असौ । कर्मणि ड । जिसके पास मुश्किलसे पहुंचसकें । एक दैत्य । उस दैत्यको मारनेहारी देवी (स्त्री०) । "दुःखेन गच्छति अत्र" दुर्+गम्+आधारे ड । जहां पहुंचना कठिन है । ऐसा देश पर्वत जो आदिसे कठिन स्थान बनगया । कोट । किला । गड (न०) । दुर्गमदेश । ऊंचा । दुःखसे मिलनेलायक (त्रि०) । काम क्रोध आदि दुःखके कारण कठिनतासे तराजानेवाला संसार (न०).

दुर्गत, (त्रि०) दुर्गच्छति । दुर्+गम्+क्त । दोषको प्राप्त हुआ । बुरी दशामें पहुंचा.

दुर्गति, (स्त्री०) दुर्+गम्+क्तिन् । बुरी दशा । नरक । निर्धनता.

दुर्गन्ध, (पु०) दुष्टः गधः । बुरी गंन्ध । ६ ब० । बुरी गंधवाला (त्रि०) गंदा (पु०).

दुर्गानवमी, (स्त्री०) ६ त० । दुर्गा (देवी) की नवमी । कार्तिकके शुक्लपक्षकी नवमी (इस दिन जगद्धात्रीनामक दुर्गाकी पूजा होती है).

दुर्जन, (त्रि०) दुष्टः जनः । बुरा आदमी (जिसकी नाई आचरण (चालचलन) करनेसे साधु (भला) भी दूषित हो जाता है । नीच (पु०).

दुर्जर, (त्रि०) जृ+अङ्-जरा । दुःखेन जरा यस्य । जो मुश्किलसे पुरानी हो । वह पदार्थ जो मुश्किलसे जीर्ण होता है । ज्योतिष्मती लता (स्त्री०).

दुर्जात, (न०) दुष्टं जातं । प्रा० । व्यसन (बुरीआदत) । आपद (मुसीवत) ६ ब० । जो अच्छा नहिं हुआ और अनुचित (नामुनासिव) (त्रि०).

दुर्णामा, (त्रि०) दुष्टं निन्दितं नाम अस्य । बुरेनामवाला.

दुर्दान्त, (पु०) दुष्टं दान्तं (दमनं) यत्र । जहां रोकना मुश्किल है । कलह (झगडा) । दुःखेन दम्यतेस्म । मुश्किलसे रोकागया । अशान्त (जिसे शान्ति नहिं) बछड़ा (त्रि०).

दुर्दिन, (न०) यति तमः इति दिनं । दुष्टं दिनं । प्रा० । मेघों (वादलों) के आच्छादन (ढांकना) आदिसे अंधेरेको दूर न करसकनेवाला दिन कि जिसका स्वरूप प्रतीत न हो । वादलोंसे अंधेरा । वर्सना । पानीका वरसना.

दुर्धर, (पु०) दुर्+धृ+खल् । एक नरक । एक दैत्य । "दुःखेन मुमुक्षुभिर्हृदये धार्यते, केनापि न धार्यते+वा खल्" । मोक्षके चाहनेहारे जिसे मुश्किलसे हृदयमें धारण करते हैं वा जो किसीसे भी पकडा नहिं जाता । विष्णु । वह पदार्थ कि जिसका पकडना वा धारण करना मुश्किल है (त्रि०).

दुर्धर्ष, (त्रि०) दुःखेन धृष्यते । जो मुश्किलसे पकडा वा सहाराजाय । जिसका सामना करना मुश्किल है । अक्षोभ्य । जो व्याकुलतासे रहित हैं.

दुर्निवार-निवार्य, (त्रि०) दुःखेन निवारयितुं योग्यः । दुःखसे हठाया जानेवाला.

दुर्नीतम्, (न०) दुष्टं नीतं कुटिलनीति । बुरी चाल.

दुर्बल, (त्रि०) दुष्टं बलं यस्य । जिसका जोर बुरा है । निर्वल । कमजोर । कृश । थोडे मांसवाला.

दुर्बुद्धि, (त्रि०) दुष्टा बुद्धिः यस्य । बुरी अकलवाला । मूढ । बेवकूफ.

दुर्भग, (त्रि०) दुष्टं भगं (भाग्यं) यस्य । जिसकी बुरी किसमत है । अल्पभाग्य । अभागा । वह स्त्री जो पतिसे प्रेम नहिं कर्ती (स्त्री).

दुर्भिक्ष, (अव्य०) भिक्षाया अभावः । अन्नका न मिलना । अकाल । कैहत । काल.

दुर्मति, (त्रि०) दुष्टा मतिर्यस्य । जिसकी बुरी अकिल है । विचारको रोकनेवाले पापसे काली बुद्धिवाला । बेअकिल । बेवकूफ । ६० वर्षोंमेंसे एक (पु०) प्रा० स० । दुर्बुद्धि । बुरी अकिल.

दुर्मनस्, (त्रि०) दुष्टं मनः अस्य । जिसका मन (चिन्ता आदिसे) व्याकुल (घबराया) है । विमनस्क । जिसका दिल बिगडा हुआ है.

दुर्मर्याद, (त्रि०) दुष्टा मर्यादा यस्य । जिसकी मर्यादा (सदाचार) बुरी है । अशिक्षित । अविनीत । दुष्ट.

दुर्मुख, (पु०) दुष्टं मुखं अस्य । जिसका मुं खराव है । घोडा । बन्दर । एक प्रकारका हाथी । एक दैत्य । अप्रियवादी । कडवा वचन बोलनेहारा (त्रि०).

दुर्मेधस्, (त्रि०) दुष्टा मेधा अस्य । असिच् समा० । जिसकी बुरी बुद्धि है । मंदबुद्धि । जो चित्तसे विचार नहीं कर सक्ता.

दुर्योधन, (पु०) दुःखेन युध्यते असौ । युध्+युच् (खल्के अर्थमें जिसके साथ लडाई करना कठिन है । धृतराष्ट्र-राजाका बडा पुत्र । एक राजा । दुःखसे युद्ध करने-योग्य (त्रि०).

दुर्लभ, (पु०) दुर्+लभ्+खल् । जिसका मिलना मुश्किल है । कचूर । जो मुश्किलसे मिले (त्रि०) । "मानुष्यं दुर्लभं लोके" इति पुराणम्.

दुर्ललित, (न०) दुष्टं ललितं (इष्टं) । लल्-ईप्स । चाहना +क्त । बुरी चाहना । चन्द्रमा आदि न मिलसकनेवाले पदार्थोंमें चाहना । दुश्चेष्टित (बुरी चाल) । बुरे आशय-वाला । दुश्चेष्ट (बदचलन) (त्रि०).

दुर्व(व)ध, (मारना) भ्वा० पर० सक० सेट् । दूर्वति । अदूर्वीत् । दूर्तः.

दुर्वर्ण, (न०) दुष्टोपि वर्ण्यते (रज्यते) अनेन । जो बुरे (वस्त्रआदि)को रंग देता है । अथवा जो मैलेको भी सुन्दर बना देता है । रजक । रंगरेज । बुरेरंगवाला । मैला (त्रि०)

दुर्विध, (त्रि०) दुष्टा विधा यस्य । जिसका प्रकार (हालत) बुरा है । दरिद्र (निर्धन) । गरीव । "रुचिगर्वदुर्विधं" नैषधं । नीच । मूर्ख.

दुर्हृद्, दुष्टं हृदयं यस्य । बुरे हृदयवाला (शत्रुके अर्थमें नित्यही हृद्का आदेश होता है) शत्रु (दुश्मन) बुरे चित्त-वाला । "दुर्हृदयः" इसी अर्थमें होताहै.

दुल्, उत्क्षेप (ऊपर फेंकना । झुलाना) चुरा० उभ० सक० सेट् । दोलयति -ते । अदूदुलत्-त.

दुलि-ली, (स्त्री०) । दुल्+इन्-नि० । कमठी । कच्छूकी स्त्री । एक मुनिका नाम (पु०).

दुःशासन, (पु०) दुःखेन शिष्यतेऽसौ । शास्+युच् (अन) जिसे दुःखसे आज्ञामें रक्खाजाय । दुर्योधनका छोटा भाई । धृतराष्ट्रका पुत्र (भारतमें प्रसिद्ध है).

दुश्चर्मन्, (पु०) दुष्टं चर्म यस्य । बुरे चमडेवाला । महापातकसे उपजे चिह्नवाला । "दुश्चर्मा गुरुतल्पी स्यात्" इति स्मृतिः.

दुश्च्यवन, (पु०) दुःखेन च्यवनं पतनं यस्य । जो मुश्कि-लसे गिरे अथवा जिस पर च्यवन मुनि क्रुद्ध हुआ । इन्द्र । च्यवनने किसीसमय इसे कुपित होकर अपने पदसे गिरादिया.

दुष्, वैकृत । वदल जाना । वैर करना । दिवा० पर० अक० अनिट् । दुष्यति । अदुषत्-अदुक्षत्.

दुष्कर, (न०) दुःखेन कीर्यते । कृ०+खल् । जो मुश्किल-से खिंडाया जाय वा फेंका जाय । आकाश (आस्मान) "कृ+खल्" मुश्किलसे करनेलायक (त्रि०).

दुष्कर्मन्, (न०) कर्म० प्रा० स० । बुरा काम । पाप । ६ व० । पापवाला (त्रि०).

दुष्कृत, (न०) दुष्टं कृतं कृतिः । बुरा काम । पाप । ६ व० । पापी (त्रि०).

दुष्ट, (त्रि०) दुष्+क्त । दुर्बल । कमजोर । अधम । नीच । दुर्जन । बदआदमी आदि । दोषवाला (ऐबी) । कोढ (कुष्ट) (पु०) । व्यभिचारिणी (बदमाश) स्त्री (औरत) (स्त्री०).

दुष्ट, (त्रि०) दुष्+क्त । बिगडगया । दूषित होगया । नष्ट होगया.

दुष्टचेतस्-धी-बुद्धि, (त्रि०) दुष्टं चेतः वा दुष्टा धीः बुद्धिर्वा यस्य । दुष्ट (बिगडे हुए) स्वभाववाला.

दुष्टात्मन्, (त्रि०) दुष्टः आत्मा यस्य । दुष्टस्वभाववाला । बदमाश.

दुष्य-(ष्म)न्त, (पु०) चन्द्रवंशका एक राजा । भरतराजाका पिता । शकुन्तलाका पति.

दुःसहा, (स्त्री०) दुःखेन सह्यते । दुर्-सह्-खल् । जो दुःख-से सहारी जाय । नागदमनी.

दुःस्थ, (त्रि०) दुःखेन तिष्ठति । स्था+क । दुःखसे रहता है । दीन । मूर्ख । लोभी । लालची.

दुःस्थित, (त्रि०) दुर्+स्था+क्त । अनवस्थित । (जिसका चित्त कायम नहिं-कमी कुछ २) । वेचारह । दुःखमें पडा.

दुःस्पर्श, (पु०) दुःखेन स्पृश्यतेऽसौ । जिसे दुःखसे छूते हैं । दुर्+स्पृश ण्वुल् । दुरालभा (स्त्री०) आकाशवेल । कंडिआरी.

दुह्, दोह । चोना । अदा० उभ० अक० अनिट् । दोग्धि-दुग्धे । अधुक्षत्-त । अदुग्ध.

दुह्, वध । मारना । भ्वा० पर० सक सेट् । दोहति । अदु-हत् । अदोहीत्.

दुहितुःपति, (पु०) ६ त० । अलुक् समा० । लडकीका पति । जवाई.

दुहितृ, (स्त्री०) दुह्+तृच् । गुण न हुआ -और इट् हो गया । नि० सुता । लडकी । बेटी.

दू, खेद । तकलीफ उठाना । दिवा-आत्म० अक० सेट् । दूयते । अदविष्ट । दून.

दूत, (पु०) दु+क्त -दीर्घश्च । संदेश (खबर)को लेजाने-हारा । बात पहुंचानेवाला । कासिद.

दूति-ती, (स्त्री०) । दू+क्तिच् वा ङीप् । संदेशा पहुंचानेहारी स्त्री.

दूत्य, (न०) दूतस्य दूत्या वा भावः कर्म वा+यत् । दूत वा दूतीका होना वा काम । दूतका काम । दूतका स्वभाव.

दून, (त्रि०) दू+क्त । रास्ते (मार्ग)में चलने आदिसे श्रान्त (थका) हुआ । बहुत तपाहुआ । बहुत दुःखी हुआ.

दूर, (त्रि०) दुःखेन ईयते (प्राप्यते) दुर्+इण्+रक् इन्का लोप । विप्रकृष्ट । दूर । अगोचर । जो आंखोंसे परे है.

दूरदर्शन, (पु०) दूरात् पश्यति । दूरसे देखता है । दृश्+युच् । गृध्र । गीध.

दूरदर्शिन्, (पु०) दूरात् (कार्योत्पत्तेः प्राक्) पश्यति । जो कार्यके उपजनेसे पहिले देखता है । दृश्+णिनि । पण्डित । दूरसे देखनेहारा (त्रि०).

दूर्वा, (स्त्री०) दूर्व् । हिंसा । मारना-अ । एक प्रकारका घास.

दूर्वाकाण्ड, (न०) दूर्वाणां समूहः+काण्डच् । दूर्वाका समूह । घासका ढेर.

दूष, (त्रि०) दूष्+अ । समासके पीछे आता है । "पंक्तिदूषक" विगाडनेवाला । दूषित करनेवाला.

दूषक, (त्रि०)-षिका (स्त्री०) दूष्+णिच्+ण्वुल् । दूषित करनेवाला । दाग लगानेवाला । विगाडनेवाला.

दूषण, (पु०) रावणकी मास्सीका बेटा । एक राक्षस । दुष्+णिच्+ल्युट् । दोषदान । ऐब लगाना । ऐब (न०).

दूषिका, (स्त्री०) दूषयति (नेत्रं क्लिन्नं करोति) दुष्+णिच्+ण्वुल् । नेत्रमल । आंखकी मैल । गिड्ड.

दूषित, (त्रि०) दुष्+णिच्+क्त । अभिशस्त । शापदियागया । निन्दा कियागया । दोष लगायागया । तोहमत लगाया हुआ.

दूष्य, (न०) दुष्+णिच्+य । कपडेका बनाहुआ घर । तंबू । दूषण देनेके लायक (त्रि०) । हाथीकी बेटी (स्त्री०).

दृ, वध । मारना । स्वा० पर० सक० अनिट् । दृणोति । अदार्षीत्.

दृ, आदर करना । तुदा० आत्म० सक० अनिट् । इसके पहिले आङ् उपसर्ग रहता है । आद्रियते । आदृत.

दृ, डरना । भ्वा० पर० सक० सेट् । दरति । अदारीत् । (णिच्) दरयति.

दृ, फाडना । दिवा० क्र्या० पर० सक० सेट् । दीर्यति । दृणाति । अदारीत्.

दृक्प्रसाद, (पु०) दृशं प्रसादयति । जो नजरको साफ करे । कुलत्था । इसका अंजन डालनेसे आँखें साफ हो जाती हैं.

दृढ, (न०) दृह्+क्त-नि० । लोहा । अतिशय और बहुत । मोटा । गाढा । बलवाला । ताकतवाला और सख्त (त्रि०).

दृढभूमि, (त्रि०) दृढा भूमिः अस्य । दृढ (मजबूत) भूमिवाला । योगाभ्याससे संस्कृत अंतःकरणवाला । ऐसा चित्त कि जिसे विषयसुखकी प्रीतिसे चला नहिं सक्ते.

दृढमुष्टि, (पु०) दृढा मुष्टिः यत्र यस्मात् वा । जहां पक्की मुट्ठी है । खड्ग (तरवार) । इसके धारण करनेसे मुट्ठी पक्की होती है । "दृढा (अशिथिला) मुष्टिः यस्य" । जिसकी मुट्ठी ढीली नहिं होती । कृपण । सूम । कंजूस । वह धन आदिको मुट्ठीमें रख न देनेकी इच्छासे दृढतर बांधलेताहै (मुट्ठीसे निकलता नहिं).

दृढव्रत, (त्रि०) दृढं व्रतं नियमः अस्य । जिसका पक्का नियम हो । प्रारम्भ कियेगये कामको फलोदयपर्यन्त (नतीजा निकलनेतक) न छोडनेहारा । एक इकरार करनेहारा.

दृढसन्धि, (त्रि०) दृढः सन्धिः सन्धानं यस्य । पक्के जोडवाला.

दृता, (स्त्री०) द्रियते । दृ+क्त । जीरक । जीरा.

दृति, (पु०) दृ+क्तिच् । चमडेका बनाहुआ पानीका पात्र । मशक । एकप्रकारकी मच्छी.

दृन्भू, (पु०) दृम्+उ० नि० । नृप । राजा । वज्र । सूर्य । सांप । पहिया.

दृप्, बाधन । तकलीफ पहुंचाना । तुदा० पर० सक० सेट् । दृपति.

दृप्, सन्दीपन । भडकाना । वा चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । दर्पयति-ते । दर्पति । अदीदृपत्-त । अददर्पत्-त । अदर्पीत्.

दृप्, हर्ष-खुशहोना । गर्व-अहंकार करना । दिवा० पर० अक० सेट् । दृप्यति । अदृपत् । अदर्पीत् । दर्पिता । दृप्त्वा.

दृप्त, (त्रि०) दृप्+क्त । गर्वित । मगरूर हुआ.

दृफ, क्लेश । तकलीफ उठाना । तुदा० पर० अक० सेट् । दृम्फति.

दृब्ध, (त्रि०) दृभ्+क्त । ग्रथित । गुथा हुआ । भीत । डराहुआ.

दृभ्, ग्रथन । गांठना वा चुरा० उभ० पक्षे तुदा० पर० सक० सेट् । दर्भयति-ते । दृभति.

दृश, प्रेक्षण । देखना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । पश्यति । अदर्शत् । अद्राक्षीत्.

दृश्-शा, (स्त्री०) दृश्-भावे क्विप् । वा टाप् । देखना । जाना । "करणे क्विप्" नेत्र । आँख । दोकी संख्या । "कर्तरि क्विप्" साक्षी । गवाह । देखने और जानेहारा (त्रि०).

दृषद्, (स्त्री०) दृ फाडना+आदि सुक् (शुक्) वा ह्रस्वः । पाषाण । पत्थर । पीसनेकी सिल । सिला.

दृषद्वती, (स्त्री०) दृशद्+मतुप् (मको व) एक नदी "सरस्वतीदृष (श) द्वत्योः" इति मनुः । आर्यावर्तकी पूर्वी सीमाको बनानेहारी सरस्वतीमें गिरती है.

दृष्ट, (न०) दृश्+क्त । अपनी वा शत्रुकी सेनाका भय । देखा गया डर । देखागया । और लौकिक (दुनिआवी) (त्रि०).

दृष्टकूट, (न०) कर्म० । कूटप्रश्न । मुश्किल सवाल । पहेली । बुझारत.

दृष्टान्त, (पु०) दृष्टः अन्तः यस्मिन् । जिसमें नाश सीमा और विचार देखा गया हो । मरण । मौत । शास्त्र । उदाहरण । मिसाल । एक प्रकारका अर्थालङ्कार.

दृष्टि, (स्त्री०) दृश्+भावे क्तिन् । दर्शन । देखना । बुद्धि । अकिल । "करणे क्तिन्" नेत्र । आंख । दोकी संख्या । मनका व्यापार.

दृष्टिगोचर, (त्रि०) दृष्टे गोचरः=प्रत्यक्षः । नेत्रका विषय । जिसे आंख देख ले.

दृष्टिपथ, (पु०) दृष्टेः पन्थाः पथिन्+ड+अ समासे । नेत्रका मार्ग । नेत्रका विषय.

दृष्टिपूत, (त्रि०) दृष्ट्या पूतः । दृष्टिसे पवित्र किया.

दृष्टिविभ्रम, (पु०) दृष्टेः विभ्रमः ष० त० । दृष्टिका विलास । रसभरी आंखोंसे देखना.

दृहू, बढना । भ्वा० पर० अक० सेट् । दर्हति । अदर्हीत् । (यह इदित् भी होता है) दृंहति । अदृंहीत्.

दे, पालन । बचाना । भ्वा० आ० सक० अनिट् । दयते । अदास्त.

देय, (त्रि०) दा+कर्मणि यत् । देनेयोग्य । देनेलायक.

देवृ, खेलना । भ्वा० आ० अक० सेट् । देवते । अदेविष्ट.

देव, (पु०) दिव्+अच् । अमर । देवता । प्रकाशस्वरूप आत्मा । परमेश्वर । ब्राह्मणकी उपाधि । और इन्द्रिय (न०) । पूजाके लायक (त्रि०) नाट्योक्तिमें राजा (पु०).

देवक, (पु०) श्रीकृष्णका नाना (मातामह) । देवकीका पिता । एक राजा.

दे(दै)वकी, (स्त्री०) देवकराजाकी कन्या । श्रीकृष्णकी माता । वसुदेवकी स्त्री । "अपत्यार्थेऽण्" "दैवकी" यही अर्थ.

दे(दै)वकीनन्दन, (पु०) ६ त० । श्रीकृष्ण । वसुदेवका बेटा "देवकीसुत".

देवकुसुम, (न०) देवानां प्रियं (योग्यं) वा कुसुमम् । देवताओंके लायक फूल वा शाक । लवङ्ग । लौंग.

देवखात, (न०) देवेन खातं । खन्+क्त । देवताने खोदा अकृत्रिम जलाशय । ऐसा सरोवर (तालाव) जो किसीने नहिं बनाया । देवताके पास खोदा गया तालाव आदि.

देवखातबिल, (न०) देवेन खातं (विदारितं) बिलम् । देवतासे फाडी गई बिल (सुराख) । गुहा । गुफा.

देवगायन, (पु०) ६ त० । देवताओंका गवैया । गन्धर्व.

देवगुरु, (पु०) ६ त० । देवताओंका वृक्ष । मन्दार, पारिजात, सन्तान, कल्पवृक्ष और हरिचन्दन ये पांच वृक्ष.

देवच्छन्द, (पु०) देवैः छन्द्यते (प्रार्थ्यते) छन्द+कर्मणि घञ् । देवताओंसे प्रार्थना कियाजाता है । सौलडोंवाला हार.

देवतरु, (पु०) ६ त० । देवताओंका गुरु । बृहस्पति.

देवता, (स्त्री०) देव+स्वार्थे तल् । इन्द्र आदि देवता.

देवदत्त, (पु०) देवा एनं देयासुः+आशिषि क्तच् । "देवता इसे देवें" (स्वर्गवास) । देवताको अर्पण किया गया । इसनामवाला कोई जल । अर्जुनका शंख । उबासी लानेवाला वायु (हवा) । "देवाय दत्तः" देवताके उद्देश छोडा हुआ (त्रि०).

देवदारु, (न०) देवानां प्रियं दारु यस्य । जिसकी लकडी (चन्दन) देवताओंको पियारी हैं । एक वृक्ष । "यह पुंलिङ्गमें भी होता है" "अमुं पुरः पश्यसि देवदारुम्" इति रघुः.

देवदासी, (स्त्री०) देवं (इन्द्रियं) दास्नोति-दास्-मारना+अण् । जो इन्द्रियको मारती है । वेश्या । कंजरी । वनका तर्बूज.

देवदीप, (पु०) देवेषु (इन्द्रियेषु) दीप इव । इन्द्रियोंमें मानों (रूपका प्रकाश करनेसे) दीपक अर्थात् दीआ है । नेत्र । आंख । लोचन.

देवदेव, (पु०) देवेषु मध्ये दीव्यति । दिव्+अच् । "देवताओंमें चमकता है" । महादेव । शंकर.

देवन, (पु०) दीव्यति अनेन । दिव्+करणे ल्युट् । जिससे खेलना है । पाशक । पास्सा । "भावे ल्युट्" क्रीडा । खेल । चमक । व्यवहार । जीतनेकी इच्छा । स्तुति । तारीफ । (न०) "दीव्यति अत्र -आधारे ल्युट्" जहां खेलता है । खेलनेका बाग । कमल.

देवनदी, (स्त्री०) ६ त० । देवताओंकी नदी । गङ्गा । "असंबाधा देवनदी" म० भा०.

देवपथ, (पु०) देवैः उपलक्षितः पन्थाः । अच् -समा० । देवताओंसे पहिचाना गया मार्ग । उत्तरका रास्ता । देवताओंका रास्ता । छायापथ (यमका मार्ग).

देवपुरोधस्, (पु०) ६ त० । देवताओंका पुरोहित । बृहस्पति.

देवभवन, (न०) देवानां भवनं इव । मानों देवताओंका मन्दिर है । स्वर्ग बहिश्त.

देवभूय, (न०) देवस्य भावः । भू+क्यप् । देवताका होना । देवत्व । देवपन । देवसायुज्य.

देवमणि, (पु०) देवेषु मणिरिव प्रकाशकत्वात्। देवताओंमें (प्रकाशक होनेसे) मानो मणि है । शिवजी । घोडेके गलेमें रोमावर्त (वालोंकी गोलावट)। कौस्तुभ मणि.

देवयान, (न०) ६ त० । देवरथ । देवताकी गाडी । देवताओंका रास्ता । अर्चिरादिमार्ग । शुक्राचार्यकी कन्या (स्त्री०) ङीप्.

देवयोनि, (पु०) देवाः एव योनिः कारणं अस्य । देवताही जिसके कारण हैं । देवताओंकी अंशसे उपजे विद्याधर आदि.

देवर, (पु०) देव+अर । पतिका छोटाभाई.

देवराज, (पु०) देवानां राजा+टच् समा० । देवताओंका राजा । इन्द्र.

देवरात, (पु०) देवाः एनं रायासुः+क्तच् । देवता इसे लें । अभिमन्युका पुत्र । परीक्षित राजा.

देवर्षि, (पु०) वेदद्रष्टा ऋषिः । देव एव सन् ऋषि । जो देवताही वेदके देखनेहारा है । नारद आदि मुनि.

देवल, (पु०) एक मुनि । व्यासका शिष्य (चेला)। धौम्यऋषिका वडाभाई । "देवान् जीविकार्थं लाति+लाक+क" । जो जीविकाके लिये देवताओंको ग्रहण कर्ता है । देवपर जीनेवाला । "स्वार्थे कन्" यही अर्थ । एकप्रकारका ब्राह्मण.

देवलोक, (पु०) ६ त० । देवताओंका लोक । स्वर्ग । ईश्वरकी सम्पदारूप लोक । भूरादि सात लोक.

देववर्धकी, (पु०) ६ त० । देवताओंका तर्खान । कारिगर । विश्वकर्मा.

देवव्रत, (पु०) देवं (इन्द्रियसंयमनं) व्रतं अस्य । इन्द्रिओंको रोकना जिसका नियम है । भीष्म । पितामह.

देवसात्, (अव्य०) देवेभ्यो देयं । देवताओंको देनेलायक। देवताओंके आधीन.

देवसायुज्य, (न०) युनक्ति-युज्+क । सह युजेन सयुजः तस्य भावः सायुज्यं । देवेन सायुज्यं । देवताके साथ एक आसनपर बैठनेकी योग्यता । देवताके साथ मेल.

देवसेना, (स्त्री०) इन्द्रकी कन्या । षष्ठीनामवाली कार्तिकेयकी स्त्री । सोलह माताओंमेंसे एक । ६ त० । देवताओंकी सेना.

देवसेनापति, (पु०) ६ त० । देवताओंकी सेनाका मालिक । कार्तिकेय । इन्द्रका पुत्र । देवसेनाका पति.

देवस्व, (न०) जो यज्ञ करनेवालोंका धन है । देवताओंका धन.

देवहूति, (स्त्री०) स्वायम्भुवमनुकी कन्या। कपिलमुनिकी मा.

देवाजीव, (त्रि०) देवं (देवप्रतिमाद्रव्यं) आजीवति । जीव्+अण् । देवताकी प्रतिमाके द्रव्यसे जीनेहारा । पूजारी । देवल । "देवाजीवी" इसी अर्थमें है.

देवात्मन्, (पु०) देवो विष्णुः आत्मा यस्य । विष्णु जिसका स्वरूप है । पीपलीका पेड (अश्वत्थ)। देवता जैसा । देवस्वरूप. (त्रि०).

देवानांप्रिय, (पु०) अलुक् समा० । देवताओंका पियारा । वकरा । मूर्ख (वेवकूफ) (त्रि०).

देवापि, (पु०) चन्द्रमाके वंशका एक राजा.

देवार्ह, (न०) देवान् अर्हति+अण् । जो देवताओंके योग्य है । सुरपर्ण । सहदेवी लता (स्त्री०) देवयोग्य (त्रि०).

देवालय, (पु०) देवानां आलयः । देवताओंका स्थान (घर) । स्वर्ग । देवोंकी प्रतिमा (मूर्ति)ओंका घर । "देवायतन" यही अर्थ.

देविका, (स्त्री०) दिव्+ण्वुल् । एक नदी (जो दो कोस चौडी और वीस कोस लंबी है)। धतूरा.

देवी, (स्त्री०) दीव्यति दिव्+अण् ङीष् । जो अनेकप्रकारसे खेलती है । दुर्गा । देवताकी स्त्री । ङीप् । (नाटकमें) कृताभिषेका राजवनिता (पटराणी) । ब्राह्मणस्त्रिओंकी उपाधि । "देव्यन्ता विप्रयोषितः" इत्युक्तेः.

देवृ, (पु०) दिव्+ऋ । देवर । स्वामीका छोटाभाई । थोर.

देवेश, (पु०) ६ त० । देवताओंका स्वामी । महादेव । उसकी स्त्री दुर्गा । ङीप्.

देवेष्ट, (पु०) देवानां इष्टः । देवोंका पियारा । गुग्गुल । वनवीजपूरक (स्त्री०).

देवोद्यान, (न०) ६ त० । देवताओंका वाग । वैभ्राज, मिश्रक, सिद्धकारण, और नंदन ये चार वन.

देश, दिश्+अच् । पृथिवीके गोलेका कोई विभाग । हिस्सा । मुल्क । कुरु पाञ्चाल आदि प्रसिद्ध जनपद (देश) । स्थान (जगह).

देशक, (पु०) दिश्+कर्तरि ण्वुल् । शासक । आज्ञा चलानेवाला । शिक्षक । मार्गप्रदर्शक । रास्ता दिखानेवाला.

देशकालज्ञ, (त्रि०) देशकालौ जानाति ज्ञा+क+अ । यथार्थ देश और कालको जाननेहारा.

देशज, जात, (त्रि०) देशात् जातः जन्+ड । देशसे उपजा । देशी पदार्थ.

देशदृष्ट, (त्रि०) देशे दृष्टः । शहरमें देखा गया.

देशना, (स्त्री०) दिश्+णिच्+युच्+अन । शिक्षा । उपदेश.

देशभाषा, (स्त्री०) देशस्य भाषा । देशकी भाषा । मुल्की जवान.

देशव्यवहार, (पु०) देशस्य व्यवहारः । देशका व्यवहार (चाल-रस्म).

देशान्तर, (न०) अन्यो देशः । और देश । परदेश । दूसरा मुल्क.

देशिक, (पु०) देशेषु प्रसितः+ठन् । देशोंमें लगाहुआ । पथिक । राही । देशे । उपदेशे साधुः+ठन् (इक) । उपदेश करनेमें अच्छा । गुरु । उपदेश करनेवाला.

देशिनी, (स्त्री०) दिशति । दिश्+णिन् । जतलातीहै । अंगूठेके साथकी अंगुली । तर्जनी.

देशीय, (त्रि०) देशे भवः+छ+ईय । देशमें होनेवाला । देसी आदमी वा चीज.

देश्य, (न०) दिश्+ण्यत् । पूर्वपक्ष । पहिली राय । देशं अर्हति । देशके लायक (त्रि०).

देह, (पु०) (न०) दिह्+घञ् । शरीर । जिस्म । (स्थूल, सूक्ष्म और कारणरूप) । ज्योतिषमें लग्नका स्थान । "घञ्" लेपन । लेप करना (चन्दन आदि लगाना).

देहधारक, (पु० न०) देहं धारयति । धृ+णिच्+ण्वुल् । जो शरीरको पकडता है । अस्थि । हड्डियें । शरीरकी हड्डी.

देहबद्ध, (त्रि०) देहेन बद्धः–तृ० त० । देहसहित । देही । शरीरी । अवतार.

देहबन्ध, (पु०) देहस्य बन्धः । देहकी रचना । शरीरकी बनावट.

देहभाज्, (त्रि०) देहं भजति । भज+ण्वि । देहसहित । शरीरी । (पु०) शरीरी वा जीवन धारण करनेहारा कोई भी प्राणी विशेषतः मनुष्य.

देहभृत्, (पु०) देहं बिभर्ति । जो देहको धारता वा पुष्टि कर्ता है । भृ+क्विप् । जीव । जीवात्मा । रूह.

देहयात्रा, (स्त्री०) देहो याति (गच्छति) अनेन । या+करणे ष्ट्रन् न ङीप् । जिस्से शरीर चलता है । शरीरकी रक्षाका साधन । भोजन । अन्न आदि खाना । ६ त० । शरीरका चलना । मरण (मौत).

देहली–लि, (स्त्री०) देहं (लेपनं) लाति (गृह्णाति) । ला+वा ङीष् पृ० वा ह्रस्वः । जहां लेपन दिया जाता है । लेप देनेलायक दर्वाजेकी पिण्डिका (ड्योढी) । ताकके नीचेकी लकडी.

देहसार, (पु०) ६ त० । देहका सार (असल) । मज्जा । मिज्ज.

देहात्मवादिन्, (पु०) देहं एव आत्मतया वदति । वद्+णिनि । जो शरीरहीको आत्माका स्वरूप बोलता है । चार्वाक । नास्तिक.

देहिन्, (त्रि०) देह+अस्ति अर्थे इनि । शरीरवाला । प्राणी । देहस्वरूप आत्माका अभिमान करनेहारा जीव.

देहिन्, (त्रि०) (नी० स्त्री०) (देह+इनि) । शरीरवाला । अवतार । जीता हुआ प्राणी विशेषतः मनुष्य.

दैतेय, (पु०) दितेः अपत्यं । दिति+ढक् (एय) । दितिकी सन्तान । असुर । दैत्य । "दैत्य" यही अर्थ.

दैत्यगुरु, (पु०) ६ त० । दैत्योंका गुरु । शुक्राचार्य । "दैत्याचार्य".

दैत्यनिसूदन, (पु०) दैत्यान् निसूदति (हिनस्ति) । सूद्+णिच्+ल्यु । दैत्योंका नाश कर्ता है । विष्णु.

दैत्यमेदज, (पु०) दैत्यानां मेदाज्जायते । दैत्योंकी चर्बीसे बना । जन्+ड । गुग्गुलु । पृथिवी । जमीन.

दैत्या, (स्त्री०) दैत्यस्य प्रिया+यत् । दैत्यकी पियारी । दैत्यकी स्त्री । सुरा (शराब).

दैत्यारि, (पु०) ६ त० । दैत्योंके शत्रु । विष्णु.

दैन, (न०) दीनस्य भावः । दीनपन । कायरपन । दिने भवं अण्+दिनमें होनेहारा (त्रि०).

दैनन्दिन, (त्रि०) दिनं दिनं (प्रतिदिनं) तत्र भवं ।+अण्-नि० । प्रतिदिन होनेहारा । हररोज होनेवाला.

दैनन्दिनप्रलय, (पु०) ७ त० । ब्रह्माके अपने मापके अनुसार प्रति दिनका अन्त । सम्पूर्ण रचेहुए पदार्थोंका क्षय (नाश).

दैन्य, (न०) दीनस्य भावः ष्यञ् (य) । दीनपना । दीन होना । दीनता । कायरपना । गरीबी । कार्पण्य (सूमपना).

दैप्, साफ करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । दायति-अदासीत्.

दैव, (न०) देवादागतं । देवतासे आया । "देवो देवता अस्य" देव (विष्णु आदि) जिसका देवता है । "देवस्य इदं वा अण्" ये देवताका है । भाग्य । किस्मत । पहिले जन्ममें अर्जन (इकट्ठा) कियाहुआ कर्म (काम) । दहिने हाथकी अंगुलिओंके आगे देवताओंका तीर्थ है । एक प्रकारका विवाह । तीन प्रकारकी भूतोंकी रचना (पु०) । देवसम्बन्धी श्राद्धहोम आदि (त्रि०).

दैवज्ञ, (पु०) दैवं जानाति । ज्ञा+क । जो जीवोंके पहिले जन्ममें अर्जन किये गये शुभ वा अशुभको जन्मलग्न (उत्पत्तिका समय) आदिसे जानता है । गणक । गिननेवाला । ज्योतिर्विद् । ज्योतिषी । लक्षण आदिसे शुभाशुभको जाननेहारी स्त्री (स्त्री०) टाप्.

दैवत, (पु० न०) देव एव देवता (फिर अण्) देवता । देवताओंका समूह (अण्) (न०) । बहुतसे देवता.

दैवतन्त्र, (त्रि०) जो भाग्यहीके आधीन है । "दैवस्य तन्त्रं (आयत्तं) । भाग्याधीन.

दैवपर, (त्रि०) दैवं एव परं (श्रेष्ठं) यस्य । जो भाग्यहीको अच्छा समझता है । दैवसार । "जो होगा, सो होगा" कहनेहारा.

दैवप्रश्न, (पु०) रातके समय अकस्मात् (अचानक) आकाश आदिमें सुनागया शुभाशुभको सूचन (बताना) करनेहारा वाक्य (वचन).

दैववाणी, (स्त्री०) देवस्य इयं+अण् कर्म० । देवताकी जो है । आकाशवाणी (संस्कृतवाणी) संस्कृत जबान.

दैवसर्ग, (पु०) देवकृतः (सत्वगुणकृतः) सर्गः। (सांख्यमें) सात्विकअंशकी सृष्टि (भूतोंकी रचनामें).

दैवात्, (अव्य०) दैवे अतति। क्विप्। हठात्। अचानकसे। ईश्वरकी इच्छासे.

दैविक, (न०) देवो देवता अस्य+ठक् (इक)। देवताओंके उद्देशमें कियागया श्राद्ध। देवतासे आया। देवसम्बन्धी। देवताका (त्रि०).

दैवी, (स्त्री०) देवस्य इयं+अण्। देवताकी। सात्विक प्रकृति। सत्व गुणका स्वभाव। देवसम्बन्धिनी। देवताओंकी। "दैवी सम्पद् विमोक्षाय" गीता.

दैवोदासी, (स्त्री०) दिवोदासस्य अपत्यं+अत इञ्। दिवोदासकी सन्तान। प्रतर्दन राजा.

दैव्य, (न०) देवेन कृतं देवानां इदं वा+यञ्। देवसे कियागया। वा जो देवताओंका है। भाग्य। किस्मत। देवताका (त्रि०).

दैशिक, (त्रि०) देशस्य इदं देशेन वा निर्वृत्तं ठक्। देशका। (न्यायमें) देशसे कियागया स्वरूपका कियाहुआ भेद। विशेषणसम्बन्ध.

दैष्टिक, (त्रि०) दिष्टं (भागधेयं) एव सर्वसाधनं इति यस्य मतिः+ठक्। भाग्यही सबका साधन है ऐसी बुद्धिवाला। भाग्याधीनतावादी.

दो, छेद-काटना। दिवा० पर० सक० अनिट्। द्यति। अदात्.

दोग्धृ, (पु०) दुह्+तृच्। दुहनेहारा। गोपाल। गुज्जर। वत्स। बछडा। सोनेवाला (त्रि०) गौ (स्त्री०) ङीप्.

दोर्दण्ड, (पु०) दोर्दण्ड इव। (लंबा और कामको सिद्ध करनेहारा होनेसे) भुजा (बाहु-वां) मानो डंडा है। "भुजदण्ड" यही अर्थ.

दोर्मूल, (न०) ६ त०। भुजाका मूल। कक्ष। कच्छ.

दोल, (पु०) दुल्+भावे घञ्। श्रीकृष्णका दोलनरूप उत्सव। दोलयात्रा। दोलोत्सव। कृष्णको झूलनेमें झूलाया जाता है.

दोला, (स्त्री०) दुल्+अच् टाप् अ वा। (डोली)। एक प्रकारकी सवारी। बाग आदिमें खेलनेकेलिये दोलनयन्त्र (झूलनेकी कला)। पींग आदि.

दोलाधिरूढ, (त्रि०) दोलां अधिरूढः। पघूंडेपर चढा हुआ.

दोशिखर, (न०) ६ त०। भुजाकी चोटी। स्कन्ध। कंधा। मोढा.

दोलायमान, (त्रि०) दोलां आमयते। अय+शानच्। कर्ताहुआ। झूलताहुआ। दोलायन्त्र (पघूंडा) पर चढा हुआ.

दोष, (पु०) दुष्+घञ्। दूषण। ऐब। पाप। गुनाह। वात, पित्त, कफ, तीन दोष। (अलंकारमें) रस आदि बिगाडनेहारा दुष्ट शब्द। (न्यायमें) राग, द्वेष, मोह.

दोषग्राहिन्, (त्रि०) दोषान् एव गृह्णाति न गुणान्+ग्रह्+णिनि। जो दोषोंकोही लेता है गुणोंको नहिं। दुर्जन। "दोषग्राही गुणत्यागी चालनीव हि दुर्जनः".

दोषज्ञ, (त्रि०) दोषान् जानाति। ज्ञा+क। दोषोंको जानता है। पण्डित। वात आदि दोषोंको जाननेहारा। चिकित्सक। हकीम.

दोषत्रय, (न०) दोषाणां त्रयं। तीनदोष। वात, पित्त, कफ.

दोषा, (अव्य०) दुष्+अच्। रात्रि। रात.

दोषाकर, (पु०) दोषां (रात्रिं) करोति। जो रात बनाता है। चन्द्र। चांद। दोषोंका समूह। दोषोंका आश्रय। कसूरवार.

दोषैकदृक्, (त्रि०) दोषे एव न गुणे एका दृग् यस्य। गुणको छोडकर जो केवल दोषहीको देखता है। खल। नीच। बहुत खराब.

दोस्-षा, (पु०) दस्-करना+डोसि। भुजा। बाहु-वां। टापि षत्वम्.

दोह, (पु०) दुह्+कर्मणि घञ् (अ)। दुग्ध। दूध। "आधारे घञ्"। दोहनपात्र। चोनेका वर्तन (भांडा)। "भावे घञ्"। दोहन। चोना.

दोहद, (पु० न०) द्वयोः (गर्भिणीतदपत्ययोर्हृदयं) अत्र। निपा०। जहां दोनों (गर्भिणी और सन्तान)का हृदय हो। गर्भ। "दोहं (आकर्षं) ददाति"। दा+का। गर्भिणीकी अभिलाषा (चाह)। लालसा। चिह्न (निशान) और गर्भका लक्षण (न०)। "पृ० औत्" "दौहदम्" यही अर्थ है.

दोहदिनी, (स्त्री०) दोहदः अस्ति अस्याः+इनि। जिसका गर्भ हो। गर्भिणी। गर्भवाली। द्विहृदया। दो हृदयवाली.

दोहनी, (स्त्री०) दुह्यतेऽत्र। आधारे ल्युट्। जहां चोआ जाता है। चोनेका पात्र (दोहनपात्र).

दोहा, (स्त्री०) एक प्रकारका मात्राछन्द है (प्रायः भाषामें आता है).

दौत्य, (न०) दूतस्य भावः कर्म वा+ष्यञ्। दूतका होना (दूतपना) वा उसका काम.

दौर्भागिनेय, (पु०) दुर्भगाया अपत्यं+ठक् (एय)। इनङ् आदेश। दोनों पदोंको वृद्धि हो जाती है। दुर्भगा (पतिसे स्नेह न करनेवाली) स्त्रीका पुत्र.

दौर्मनस्य, (न०) दुर्मनसो भावः+ष्यञ् (य)। बाहिरी वा भीतरके कई एक कारणोंसे मनका दौस्थ्य (बेआरामी) चित्तका बिगडना। फिकर। चिन्तासे घबराहट.

दौवारिक, (पु०) द्वारे नियुक्तः। ठञ् (इक)। दर्वाजेपर लगाया गया। द्वारपाल। दरवान। प्रतिहारी (स्त्री०) द्वाररक्षिका.

दौष्कुलेय, (त्रि०) दुष्कुलस्य अपत्यम्+ढक् (एय) । निन्दितकुलमें उपजा । खोटे खान्दान वा छोटी जातिओंमें उपजा.

दौहित्र, (पु०) दुहितुः अपत्यं+अण् । दुहिता (लडकी) का लडका । दोहतरा । दोहता.

द्यावापृथिवी, (स्त्री० द्वि० व०) द्यौश्च पृथिवी च-द्यावादेशः । मिलेहुए स्वर्ग पृथिवीका इकट्ठा नाम । जमीन-आसमान.

द्यु, (पु०) दिव+क्विप् -पु० ह्रस्वः । अग्नि । सूर्य । आकका दरख्त । आकाश । दिन (न०).

द्युत्, दीप्ति । चमकना । भ्वा० आ० सक० सेट् । द्योतते । अद्युतत्-अद्योतिष्ट.

द्युति-ती, (स्त्री०) द्युत्+इन् वा ङीप् । कान्ति । शोभा । चमक । प्रकाश.

द्युपति, (पु०) ६ त० । दिनका पति । सूर्य । आकका वृक्ष । "द्युमणि".

द्युम्न, (पु०) दिव । मनति । म्ना+क । धन । दौलत । बल । जोर.

द्यूत, (न०) दिव+क्त । जूआ । पासेकी खेल । कैतव । कपटा छल.

द्यूतकर, (त्रि०) द्यूतं करोति । कृ+ठक् । पास्से आदिकी खेल करनेहारा । जुआरिआ । "ण्वुल्" "द्यूतकारक" "क्विप्" द्यूतकृत् (यही अर्थ).

द्यूतपूर्णिमा, (स्त्री०) द्यूतस्य (द्यूतार्थं वा) पूर्णिमा । जूएकी वा जूएके लिये पूर्णिमा । आश्विनपूर्णिमा । अस्सूकी पूर्णिमा । कोजागरी.

द्यूतवृत्ति, (पु०) द्यूतं एव वृत्तिः जीविका यस्य । जूआही जिसकी जीविका है । सभिक । जूएपर जीनेवाला.

द्यो, (स्त्री०) द्युत्+डो । स्वर्ग । आकाश । आसमान । वहिश्त.

द्योत, (पु०) द्युत्+घञ् (अ) । प्रकाश । आतप । धूप । चमक.

द्रढिमन्, (पु०) दृढस्य भावः+इमनिच्-द्रढादेशः । दृढपन दृढता । दार्ढ्य । मजबूती । पक्कापना.

द्रप्स्य-प्स, (न०) दृप्यन्ति अनेन । स । स्य । अमुच । गाढा । वा वहाहुआ दधि (दही) । मठा । छाछ । लसी.

द्रम्, गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । द्रमति । दद्राम । अद्रमीत्.

द्रम्म, (पु०) एकप्रकारका परिमाण (माप) । सोलहपण (काहन).

द्रव, (पु०) द्रु+अप् । रस । भागना । जाना । वेग । परिहास । मस्खरी । वहजानेवाला पदार्थ । वहना.

द्रवज, (पु०) द्रवात् (रसात्) जायते । जन्+ड । जो रससे निकलता है.

द्रवत्व, (न०) द्रवति (स्यन्दते) । द्रु+अच् । तस्य भावः । वहनापन, वहनेका कारण पृथिवी जल और तेजमें रहनेवाला एक गुण (न्यायमें).

द्रवद्रव्य (न०) द्रवतीति द्रवं कर्म० । दूध । दही और घी आदि वहनेवाली चीज.

द्रवन्ती, (स्त्री०) द्रु+शतृ । नदी । शतमूलिका । मूषिकपर्णी.

द्रविड, (पु०) एक देश । उस देशके निवासी । व० व०.

द्रविण, (न०) द्रु+इनन् । वित्त (धन) । सोना । पराक्रम । बल.

द्रव्य, (न०) द्रु+यत् । पीतल । धन । लीपनेका द्रव्य । (चंदन आदि) । दवाई । लाख । विनय । शराव (मद्य) । (न्यायमें) पृथिवी आदि नौ । (व्याकरणमें) वह पदार्थ कि जिसका लिङ्ग और संख्यासे अन्वय हो । "द्रोः (वृक्षस्य) विकारः" । वृक्षका विकार । वृक्षसम्बन्धी (त्रि०).

द्रव्यपरिग्रह, (पु०) द्रव्यस्य परिग्रहः । पदार्थ वा धनका अधिकार (लेना).

द्रव्यसंस्कार, (पु०) द्रव्यस्य संस्कारः । द्रव्य (पदार्थ)-की शुद्धि (सफाई).

द्रव्योघ, (पु०) द्रव्यस्य ओघः । द्रव्य (पदार्थ, वस्तु, चीज)-का समूह.

द्रष्टव्य, (त्रि०) दृश+तव्य । देखने योग्य (लायक) । प्रत्यक्ष । सुन्दर.

द्रष्टृ, (त्रि०) दृश्+तृच् । विचारमें कुशल । चेतन । (होशियार) । साक्षी (गवाह) । देखनेहारा.

द्रा, स्वप्न । सोना । भागना । अदा० अक० अनिट् । द्राति । अद्रासीत्.

द्राक्, (अव्य०) द्रा+कु । शीघ्र । झटिति । जल्दी । झट.

द्राक्ष, चाहना । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । द्राङ्क्षति । अद्राङ्क्षीत्.

द्राक्षा, (स्त्री०) द्राक्षि+अ । नि० नका लोप । मृद्वीका । किसमिस । दाख.

द्राघिमन्, (पु०) दीर्घस्य भावः । इमनिच् । द्राघादेशः । लंबापन । दीर्घत्व । लंबाई.

द्राघिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन दीर्घः+इष्ठन् द्राघादेशः । अतिलंबा । "ईयसुन्" "द्राघीयस्" यहभी इसी अर्थमें । स्त्रियां ङीप्.

द्राव, (पु०) द्रु+भावे घञ् । वहना । वेग (तेजी) । भागना । गर्मी । पिघलना.

द्रावक, (पु०) द्रु+ण्वुल् । चन्द्रकान्तमणि । जार । यार । एक रस.

द्राविडी, (स्त्री०) द्रविडे जाता+अण् । द्रविडमें उपजी । छोटी इलायची.

द्राह्, जागना। भ्वा० आ० अक० सेट्। द्राहते। अद्राहिष्ट.

द्रु, जाना। भ्वा० पर० सक० अनिट्। द्रवति। अदुद्रुवत्.

द्रु, (पु०) द्रवति ऊर्ध्वं। द्रु+कु डु वा। जो ऊपरको वहता है। वृक्ष। दरख्त। शाखा। डाली.

द्रुघण, (पु०) द्रुं हन्ति अनेन। हन्+करणे अप् ह्रस्वः कुत्वं च। जिस्से वृक्षको मारते हैं। मुद्गर। कुल्हाडा। ब्रह्मा। चारमुखवाला। भूमिचंपक (चम्वा).

द्रुड, मज्जन। डुवकी मारना। भ्वा० पर० सक० सेट्। द्रोडति.

द्रुण, टेढाकरना। तुदा० पर० सक० सेट्। द्रुणति। अद्रोणीत्.

द्रुणस्, (त्रि०) द्रुः इव दीर्घा नासिका अस्य। जिसकी वृक्षके समान लंबी नासिका (नाक) हो। लंबेनाकवाला जन (शखस).

द्रुणी, (स्त्री०) द्रुण-क-ङीप् (ई)। काष्ठाम्बुवाहिनी। एक पात्र लकडीका जिस्से वेडीमेंसे पानी निकालते हैं। कच्छपी। कछुई (कच्छूकी स्त्री)। कर्णजलौका। कानखजूरा। कन्नखजूरा.

द्रुत, (पु०) द्रवति ऊर्ध्वं। द्रु+क्त। ऊपरको वहता है। वृक्ष। जल्दी नाचना। गाना और वजाना। और जल्दी। (न०) शीघ्रतावाला (जिसे जल्दी हो)। पिघलाहुआ। भागाहुआ (त्रि०).

द्रुपद, (पु०) चन्द्रवंशमें युधिष्ठिर आदिका श्वशुर (सौरा) एक राजा.

द्रुम, (पु०) द्रुः (शाखा) अस्ति अस्य+म। डालीवाला। वृक्ष। दरख्त। पारिजात। कुवेर.

द्रुह्, अनिष्ट चिन्तन। बुरा खयालकरना। दिवा० पर० वेट्। द्रुह्यति। अद्रुहत्। द्रोहिता-द्रोग्धा-द्रोढा.

द्रुहिण, (पु०) द्रुह्+इनन्। जगत्स्रष्टा। जगत् रचनेहारा। चतुर्मुख। चार मुखवाला। ब्रह्मा.

द्रेकृ, स्वन। शब्दकरना। उत्साहकरना। भ्वा० आत्म० अक० सेट्। द्रेकते.

द्रै, स्वप्न। सोना। भ्वा० पर० अक० अनिट्। द्रायति। अद्रासीत्.

द्रोण, द्रुण्+अच्-द्रु+न वा। भारतमें प्रसिद्ध एक योद्धा। द्रोणाचार्य। द्रोणनामका कौआ। वृश्चिक (विच्छू)। एकप्रकारका वादल। एक वृक्ष। चौतीस सेरका परिमाण (माप)। एक जलाशय (तालाव) जो आठसौ गज लंबा होता है.

द्रोणायन, (पु०) द्रोणस्य अपत्यं+फक् (आयन)। द्रोणाचार्यकी सन्तान। अश्वत्थामा.

द्रोणि-णी, (स्त्री०) द्रुण्+इन् वा ङीप्। एक देश। एक नदी। काष्ठाम्बुवाहिनी (नाव-वेडी)। नीलका वृक्ष। एक पर्वत.

द्रोह, (पु०) द्रुह्+घञ्। अनिष्टचिन्तन। बुरा सोचना। वैर। दुश्मनी.

द्रौपदी, (स्त्री०) द्रुपदस्य अपत्यं स्त्री+अण्। द्रुपदराजाकी कन्या। पाण्डवोंकी स्त्री.

द्वन्द्व, (पु०) द्वौ द्वौ सहाभिव्यक्तौ। दो २ इकठ्ठेही प्रकट हुए। निपा०। रहस्य (भेद-खुफिआ)। कलह (झगडा) मिथुन (जोडा) स्त्रीपुरुषका संयोग (सोवहत)। विवाद (लडाई)। एकप्रकारकी बीमारी। छ समासोंमेंसे एक (जिसमें दोनों पद प्रधान रहते हैं)। शोक। हर्ष। शीत-उष्ण.

द्वन्द्वचर, (पु०) द्वन्द्वीभूय चरति। चर+अच्। जोडाहोकर विचरता है। चक्रवाक। चकवा.

द्वय, (न०) द्वौ अवयवौ अस्य। द्वि अवयवं वा। द्वि+अयट्। दोकी संख्या। "स्त्री० ङीप्"। दोकी गिनतीवाला (त्रि०).

द्वाः(द्वा)स्थ, (पु०) द्वारि तिष्ठति। स्था+क वा विसर्गलोपः। दर्वाजेपर रहता है। द्वारपालक। दर्वान। "द्वाः (द्वा) स्थित".

द्वाचत्वारिंशत्, (स्त्री०) द्वि अधिका चत्वारिंशत्। द्वौ च चत्वारिंशच्च वा। दोसे जियादा वा दो और चालीस। वेआलीस। वतालीस.

द्वादश, (त्रि०) द्वादशानां पूरणः+डट्। बारहको पूरा करनेहारा। जिस्से बारहकी संख्या पूरी हो जाती है.

द्वादशकर, (पु०) द्वादश करा (हस्ता) अस्य। जिसके वारह हाथ हैं। कार्तिकेय और वृहस्पति। "द्वादशहस्त".

द्वादशनेत्र, (पु०) द्वादश नेत्राणि अस्य। जिसकी १२ आंख हों। छ मुखवाला कार्तिकेय। "द्वादशलोचन" यही अर्थ.

द्वादशाङ्गुल, (पु०) द्वादश अङ्गुलयः प्रमाणं अस्य+अच् समा०। वारह अंगुलके मापवाला। वितस्तिप्रमाण। विलस्तका माप.

द्वादशात्मन्, (पु०) द्वादश आत्मानो (मूर्तयोऽस्य)। जिसकी १२ मूर्तियें हो। सूर्य। और आकका वृक्ष.

प्रपतित, (त्रि०) प्र+पत्+क्त । गिरगया । नाश होगया । मरगया.

प्रपथ्या, (स्त्री०) प्रकृष्टा पथ्या । प्रा० । समा । बहुत हित-करनेहारी । हरीतकी । हरीड.

प्रपद, (न०) प्रारब्धं पदं । प्रा० स० । पांवके आगेका भाग । पादाग्रभाग.

प्रपन्न, (त्रि०) प्र+पद्+क्त । शरणागत । शरणमें आगया । "प्रपन्नार्तिहरे देवि" चण्डी.

प्रपा, (स्त्री०) प्रपीयते अस्यां । वहुत पीते हैं इसमें । पा+ड । पानीका घर । छवील.

प्रपात, (पु०) प्रपतति अस्मात् । पत्+घञ् । बहुत गिरता है इस्से । तट (किनारे) के विना । आश्रयदान । पर्वतका स्थान । झर्ना । कूल । किनारा । भावे घञ्.

प्रपितामह, (पु०) प्रजातः पितामहो यस्मात् । प्रकृष्टः पितामहो वा । जिस्से वावा (दक्षआदि) उत्पन्न हुआ अथवा अच्छा वावा प्रजाके जनक दक्ष आदि प्रजापतिओंके उत्पन्न करनेहारा चार मुखवाला ब्रह्मा । वावेका पिता । पडवावा उसकी । स्त्री । ङीप् (स्त्री).

प्रपौत्र, (पु०) प्रगतः कारणतया पौत्रं । पौत्रका पुत्र । पोतेका पुत्र । पडपोता.

प्रफुल्ल, (त्रि०) प्र+फुल्-खिलाना+अच् । विकाशयुक्त । खिलाहुआ । "प्रफुल्त" यही अर्थ । प्र+फुल्+क्त.

प्रवन्ध, (पु०) प्र+वंध+अच् । संदर्भ । ग्रन्थ आदिकी रचना.

प्रबन्धकल्पना, (स्त्री०) ६ त० । वह कथा कि जिसमें थोडासा सत्य और वहुतही मिथ्या (झूठ) हो । प्रवंधकी रचना.

प्रवाल, (न०) प्रकर्षेण वलति । अवकम्पते । ण । वहुत कांपता है । नवपल्लव । नया पत्ता । लाल रंग । एक मणि । मूंगा । वीनका डण्डा.

प्रवुद्ध, (त्रि०) प्र+बुध्+क्त । जागाहुआ । बुद्धिमान् । ज्ञानी । शिक्षित । चतुर.

प्रवोध, (पु०) प्र+बुध्+घञ् । प्रकृष्टबुद्धि । अच्छीसमझ । जागना । नींदसे रहित होना.

प्रवोधन, (न०) प्र+बुध्+णिच्+ल्युट् । काल आदि हेतुओंसे पहिली गन्धके न्यून हो जानेपर बडे यत्नसे उसका उद्दीपन करना । जागना । होशमें आना । जान्ना । भडकाना.

प्रबोधनी, (स्त्री०) प्रबुध्यते अनया । प्र+बुध्+ल्युट् । जिस्से जागता है । दुरालभा । "प्रबुध्यते हरिः अत्र" जिस समय विष्णु जागता है । कार्तिकशुक्लैकादशी । कार्तिक (कत्तक) के शुक्लपक्षकी एकादशी । "प्रबोधिनी" यही अर्थ "प्र+बुध्+णिच्+णिनि+ङीप्.

प्रभञ्जन, (न०) प्रभनक्ति तृणादीन् । प्र+भञ्ज्+युच् । जो तिनके आदिको तोडता है । वायु । हवा.

प्रभद्र, (पु०) प्रकृष्टं भद्रं अस्मात् । ५ व० । जिस्से बहुत कल्याण होता है । नीमका वृक्ष.

प्रभव, (पु०) प्रभवति अस्मात् । प्र+भू+अप् । उपजता है इस्से । पहिला प्रकाशका स्थान । उत्पादक । उपजानेहारा । ६० वर्षोंमेंसे एक । "प्र+भू+भावे+अप्" । पराक्रम । वल । जन्म.

प्रभवितृ, (पु०) प्र+भू+तृच् । समर्थवाला । शासक । आज्ञा चलानेवाला । वडा स्वामी (महाराज).

प्रभविष्णु, (त्रि०) प्रभू+इष्णुच् । वडी सामर्थ्यवाला । विशेष पुरुष । दृढ । शक्तिवाला.

प्रभा, (पु०) प्र+भा+अङ् । दीप्ति । चमक । रौशनी.

प्रभाकर, (पु०) प्रभां करोति । कृ+अच् । प्रकाश कर्ता है । सूर्य । एक मीमांसाशास्त्रके बनानेहारा.

प्रभात, (न०) प्र+भा+क्त । प्रकृष्टं भातं अत्र । जिस समय बहुत प्रकाश होता है । प्रातःकाल । सवेर । सुबह.

प्रभाव, (पु०) प्र+भू+घञ् । राजाओंका कोष (खजाना) और दण्ड (सजा) से उत्पन्न हुआ तेज । तेज । सामर्थ्य । शक्ति । ताकत.

प्रभास, (पु०) एकप्रकारका तीर्थ । "प्रभासं पुष्कराणि च" स्नानमन्त्रः.

प्रभिन्न, (पु०) प्र+भिद्+क्त । स्रवन्मदगज । वह हाथी जिसकी मस्ती चू रही हो । मद बहानेहारा हाथी । प्रभेद-वान् । फरकवाला (त्रि०).

प्रभु, (पु०) प्र+भु+डु । विष्णु । शब्द । पारद (पारा) । स्वामी (अधिपति) (त्रि०).

प्रभूत, (पु०) प्र+भू+क्त । प्रचुर । बहुत । उद्गत । (निकलाहुआ) ऊंचा.

प्रभृति, (अव्य०) तदारभ्य । तबसे लेकर । "बहुव्रीहि समासमें यह शब्द पीछे रहता है" । "इन्द्रप्रभृतयो देवाः".

प्रमत्त, (त्रि०) प्र+मद्+क्त मस्त होगया । जिसको भारी नशा चढगया है ।

प्रमथ, (पु०) प्र+मथ्+अच् । शिवजीका एक अनुचर (नौकर) । और घोडा । हरीतकी (हरीड) (स्त्री०).

प्रमथन, (न०) प्र+मथ्+ल्युट् । वध । मारना । क्लेश पहुंचाना । विलोडन.

प्रमथाधिप, (पु०) ६ त० । प्रमथोंका स्वामी । शिवजी महादेव.

प्रमाथिन्, (त्रि०) प्र+मथ्+णिनि । लाचार करदेनेवाला । क्लेश देनेहारा.

प्रमथित, (त्रि०) प्र+मथ्+क्त । लाचार कियागया । कष्ट पहुंचाया गया.

प्रमदवन, (न०) प्रमदस्य (हर्षस्य) वनं । राजाके अन्तःपुर (स्त्रीलोग) का वन । राजाके विलास करनेके लिये एक बाग.

प्रमदा, (स्त्री०) प्रमाद्यति अनया+अप् । जिस्से बहुत मस्त हो जाताहै । उत्तम योषिता । उत्तम स्त्री । बहुत सुन्दर स्त्री.

प्रमनस्, (त्रि०) प्रहृष्टं मनो यस्य (हृष्ट पदका लोप होता है) । जिसका मन बहुत खुश होता है । प्रहृष्टचित्त । खुशदिल.

प्रमा, (स्त्री०) प्र+मा+अङ् । जिस्से पदार्थका निश्चय हो । यथार्थ ज्ञान । ठीक जान्ना । भ्रमरहित ज्ञान । ऐसा जान्ना कि संदेह न रहे.

प्रमाण, (न०) प्रमीयते अनेन । जिस्से सच्चा ज्ञान हो । यथार्थ ज्ञानका साधन । इन्द्रिय आदि । मर्यादा । शास्त्र । सच बोलनेवाला । हेतु । कारण । प्रमाता । "भावे ल्युट्" । सच्चा ज्ञान.

प्रमातामह, (पु०) प्रारब्धो मातामहो येन (आरब्ध पदका लोप होता है) । जिस्से "नाना" का प्रारम्भ होता है । पडनाना । नानेका पिता । उसकी स्त्री "ङीप्" प्रमातामही (पडनानी).

प्रमाद, (पु०) प्र+मद्+घञ् । अनवधानता । बेपरवाही । कर्तव्यको अकर्तव्य समझकर न करना और अकर्तव्यको कर्तव्य समझ करना.

प्रमापण, (न०) प्र+मीञ्-हिंसा-मारना+स्वार्थे णिच्-आत्वं पुक्+ल्युट् । मारण । मारना.

प्रमिति, (स्त्री) प्र+मा+क्तिन् । प्रमा । यथार्थज्ञान । सच्चा-जान्ना । ठीक २ जान्ना.

प्रमीत, (त्रि०) प्र+मीञ्-हिंसा+क्त । मृत । मरगया । यज्ञके लिये मारागया पशु.

प्रमीला, (स्त्री०) प्र+मील्+अ । तन्द्रा । ऊंघना । आंख मूंदना.

प्रमुक्त, (त्रि०) प्र+मुच्+क्त । खोल दियागया । स्वतन्त्र कियागया.

प्रमुख, (न०) प्रकृष्टं मुखं (आरम्भः) । अच्छा आरम्भ । उस्से लेकर । बहुव्रीहि समासमें यह पीछे रहता है । उस-वाला । मान्य । पहिला और श्रेष्ठ (बहुत अच्छा) जिसका मुं सामने हो (त्रि०) समूह । सुपारी (पु०).

प्रमुदित, (त्रि०) प्र+मुद्+क्त । हृष्ट । हर्षयुक्त । खुशी । प्रसन्न । खुश हुआ.

प्रमेह, (पु०) प्र+मिह्+घञ् । एक प्रकारका रोग । रोगभेद.

प्रमोद, (पु०) प्र+मुद्+घञ् । हर्ष । खुशी.

प्रयत, (त्रि०) प्र+यम्+क्त । पवित्र । साफ । नियमयुक्त । नियमवाला । शुद्ध । जितेन्द्रिय.

प्रयत्न, (पु०) प्र+यत्+नङ् । बहुत कोशिश । दिली कोशिश । चेष्टा । न्यायमें तीन प्रकारका यत्न होता है और "वह" आत्माका गुण है । सांख्यमें वह बुद्धिका धर्म है । प्रयास । आदर । इज्जत.

प्रयत्नवत्, (त्रि०) प्रयत्न+मतुप् । प्रयत्न (कोशिश) करनेवाला । परिश्रमी । मिहनती.

प्रयाग, (पु०) प्रकृष्टः यागः यस्मात् । ५ ब० । जिस्से अच्छा यज्ञ होता है । गंगा और यमुनाके संगमका तीर्थ । इन्द्र । घोडा । कर्म० । अच्छा यज्ञ.

प्रयास, (पु० प्र+यस+घञ् । "प्रयत्न" शब्दके अर्थमें । और अज्ञान.

प्रयुत, (न०) दशलाखकी संख्या (गिनती)। "लक्षप्रयुतकोटयः" लीलावती.

प्रयुत्सु, (पु०) प्र+युध्+सन्+उ। युद्ध करनेकी इच्छावाला। योद्धा। वायु। हवा। मेढा। संन्यासी.

प्रयोक्तृ, (त्रि०) प्र+युज्+तृच्। प्रयोग करनेहारा। कर्जा देनेमें धनका प्रयोग करनेहारा। उत्तमर्ण (कर्जा देनेवाला)। लगानेहारा.

प्रयोग, (पु०) प्र+युज्+घञ्। अनुष्ठान। किसी मन्त्र आदिका पूराकरना। वशीकरण। काबू करना। निदर्शन। मसाल और घोडा। लगाना। मुकर्रर करना। इस्तिमाल करना.

प्रयोजक, (त्रि०) प्र+युज्+ण्वुल्। काममें भृत्य (नौकर) आदिको लगाता है। निकृष्ट (छोटा) भृत्य आदिका प्रेरक। हेतुनामी कर्ता। लगानेहारा। प्रेरक.

प्रयोजन, (न०) प्र+युज्+ल्युट्। मतलब। काम। उद्देश्य। हेतु। कारण। सबब.

प्रयोज्य, (त्रि०) प्रयोक्तुं शक्यते। प्र+युज्+शक्यार्थे यत्। प्रयोग किया जासक्ता है। लगानेके लायक। नियोज्य। निकृष्ट भृत्य आदि.

प्ररूढ, (त्रि०) प्र+रुह्+क्त। प्रवृद्ध। बढाहुआ। बद्धमूल। जड पकडगया। उत्पन्न हुआ। "भावे घञ्" प्ररोह। अंकुर.

प्ररूढि, (स्त्री०) प्र+रुह्+क्तिन्। वृद्धि। बढना। जड पकडना.

प्ररोह, (पु०) (प्र+रुह्+अ) अङ्कुर निकलना। अंकुर फूटना। जमना.

प्रलम्ब, (पु०) एक दैत्य। प्र+लम्ब+अच्। बहुत लटका हुआ (त्रि०).

प्रलम्बघ्न, (पु०) प्रलम्बं हन्ति। हन्+ठक्। बलदेव। "प्रलम्बको मारनेवाला".

प्रलय, (पु०) प्रलीयते अस्मिन्। प्र+ली+अच्। जिसमें सब कुछ छिपजाता है। वह समय कि जब रचे हुए पदार्थ नाश हो जाते हैं। ब्रह्माके दिनका अन्त। "भावे घञ्"। नाश। चेष्टाका क्षय। छिपना.

प्रलाप, (पु०) प्र+लप्+घञ्। अनर्थक वाक्य। प्रयोजनरहित बोलना (बकवाद)। बेफायदह पागलोंका वचन। बहुत बोलना.

प्रवचन, (न०) प्र+वच्+ल्युट्। वेदके अर्थका ज्ञान। प्रकृष्ट वाक्य। अच्छा वचन.

प्रवण, (पु०) प्र+वण्+अच्। चतुष्पथ। चौराहा। नीचेका स्थान। चौडा। नम्र। झुकाहुआ। कमजोर (त्रि०).

प्रवयस्, (त्रि०) प्रकृष्टं वयः अस्य। जिसकी बडी उमर हो। प्रवृद्ध। बहुत बूढा.

प्रवर, (पु०) प्र+वृ+अप्। सन्तान। गोत्र। गोत्रके चलानेहारे मुनिओंका समूह। श्रेष्ठ। अच्छा (त्रि०) अगुरुचंदन (न०).

प्रवर्ग, (पु०) प्र+वृज्+घञ्। एक प्रकारकी होमकी अग्नि.

प्रवर्तक, (त्रि०) प्रवर्तयति। प्र+वृत्+णिच्+ण्वुल्। चलानेहारा प्रवृत्तिजनक। काममें जोडनेहारा.

प्रवर्तना, (स्त्री०) प्र+वृत्+णिच्+युच्। प्रवृत्तिजनक व्यापार। काममें जोडना। विधि आदि। "ऐसा करो" इत्यादि.

प्रवर्ह, (त्रि०) प्र+वृह्+अच्। श्रेष्ठ। अच्छा। नेक। प्रधान। बडा सर्दार.

प्रवह, (पु०) प्र+वह्+अच्। एक प्रकारकी हवा। "भावे अप्"। नगरसे बाहिर जाना.

प्रवहण, (न०) प्र+वह्+करणे ल्युट्। मनुष्योंसे उठानेयोग्य कपडोंसे ढकीहुई स्त्रियोंके उठानेवाली सवारी। डोली। पालकी.

प्रवास, (पु०) प्र+वस्+घञ्। दूर बसना। विदेशमें वास। परदेशमें रहना.

प्रवासन, (त्रि०) प्र+वस्+णिच्+ल्युट्। विदेशमें वास करना। मारना.

प्रवासिन्, (त्रि०) प्र+वस्+णिनि। विदेशमें वास करनेवाला। परदेसी.

प्रवाद, (पु०) प्र+वद्+घञ्। परम्परागत वाक्य। लगातार चला आता वचन। अफवाह। गौगा। परस्पर कथन। आपसमें बातचीत करना। गुफ्तगू। बहुत बोलना.

प्रवाह, (पु०) प्र+वह्+घञ्। प्रवृत्ति। जलका प्रवाह। व्यवहार। अच्छा घोडा.

प्रविहारण, (न०) प्र+वि+हृ+णिच्+ल्युट्। युद्ध। लडाई। जंग। फाडना। घिराहुआ.

प्रवीण, (त्रि०) वीणया प्रगायति। प्र+वीणा+णिच्+अच्। बीनसे ऊंचे गाता है। निपुण। चतुर। समझवाला। बीनका गवैया.

प्रवृत्ति, (स्त्री०) प्र+वृत्+क्तिन्। प्रवाह। वार्ता। बात। अवन्ति आदि देश.

प्रवृद्ध, (त्रि०) प्र+वृध+क्त। वृद्धियुक्त। बढाहुआ। प्रौढ। पूरा। गाढा। बडा.

प्रवेक, (त्रि०) प्र+विच्+घञ्। प्रधान। सर्दार। बडा.

प्रवेणि-णी, (स्त्री०)। प्र+वेण्+इन् वा ङीप्। हाथीके कंधेका चित्र। कंबल.

प्रवेश, (पु०) प्र+विश्+घञ्। अन्तर्गमन। भीतर जाना.

प्रवेशन, (न०) प्रविश्यते अनेन। विश्+करणे ल्युट्। जिससे प्रवेश करते हैं। प्रधानद्वार। बडा दर्वाजा। सिंह (शेर) का दर्वाजा। "भावे ल्युट्" प्रवेश। दाखिल होना.

प्रव्रजित, (पु०) प्र+व्रज+क्त । संन्यासी । जो (गृह आदि) छोडकर दूर चला जाता है वा विशेषतः ब्राह्मण जो चौथे आश्रममें प्रविष्ट हुआ है । जैनका शिष्य । (चेला).

प्रव्रज्या, (स्त्री०) प्र+व्रज्+क्यप् । संन्यास । सब कामोंको छोडकर विधिसे दूसरे आश्रममें जाना.

प्रव्रज्यावसित, (पु०) प्रव्रज्यातः (संन्यासात्) अवसितः । च्युतः । अव+सो+क्त । संन्याससे गिराहुआ । संन्यासभ्रष्ट । यति । संन्यासी.

प्रशमन, (न०) प्र+शम्+णिच्+ल्युट् । वध । मारना । शान्त करना । शान्त । साबिरी । हटाना.

प्रशंसा, (स्त्री०) प्र+शंस्+अ । गुणोंको प्रकट करके स्तुति करना । तारीफ.

प्रशस्त, (त्रि०) प्र+शंस्+क्त । प्रशंसनीय । तारीफके लायक । वहुत अच्छा । चौडा । लायक.

प्रश्न, (पु०) प्रच्छ+नङ् । जिज्ञासा । जाननेकी इच्छासे कहनेके लिये प्रेरण करना । सवाल.

प्रश्रय, (पु०) प्र+श्रि+अच् । प्रणय । स्नेह । मुहब्बत । पियार.

प्रश्रित, (त्रि०) प्र+श्रि+क्त । विनीत । शिक्षित । सीखाहुआ । नम्र । भला । हलीम.

प्रष्ठ, (त्रि०) प्र+स्था+क्त । नि० षत्वम् । आगे जानेहारा । बहुत अच्छा । नेत्र.

प्रष्ठवाह्, (पु०) प्रष्ठं वहति+णि । युगपार्श्वस्थ वृष आदि । सिखानेके लिये दोनों ओर जोडेहुए घोडे बैल आदि । वशमें लानेके लिये गाडी वा हलसे लगायेहुए घोडा बैल आदि.

प्रसक्त, (त्रि०) प्र+सञ्ज्+क्त । प्रसंग । विषय । लगाहुआ मिलाहुआ । जुडाहुआ.

प्रसक्ति, (स्त्री०) प्र+सञ्ज्+क्तिन् । प्रसंग । लगना । आपत्ति और अनुमिति.

प्रसङ्ग, (पु०) प्र+सञ्ज्+घञ् । आपत्ति । सम्बन्धविशेष । मेल । मजमून । मैथुन । जनाह.

प्रसत्ति, (स्त्री०) प्र+सद्+क्तिन् । नैर्मल्य । सफाई । प्रसन्नता.

प्रसन्न, (त्रि०) प्र+सद्+क्त । निर्मल । साफ । सन्तुष्ट । खुश.

प्रसन्नता, (स्त्री०) प्रसन्नस्य भावः+तल् । प्रसाद । खुश होना.

प्रसभ, (न०) प्रगता सभा (सभाधिकारः) असात् । सभा दूर होगई । बलात्कार । जबरदस्ती । अकस्मात् (अचानकसे) (अव्य०).

प्रसर, (पु०) प्र+सृ+अप्-अच् वा । प्रभव । उत्पत्ति । वेग । समूह । युद्ध । नीवार (खांकके चावल) । पासजाना । सेना आदिका चारोंओर फैलाना । फैलाहुआ.

प्रसर, (पु०) प्र+सृ+अ । आगे जाना । फैलाव । बडी राशि । दवाव । नदी । तुफान.

प्रसरण, (न०) प्र+सृ+घञ्+अन । चलेचलना । भागना । बहना । फैलजाना.

प्रसर्पण, (न०) प्र+सृप्+ल्युट् । सेनाके लोगोंका चारोंओर फैलना.

प्रसव, (पु०) प्र+सू+अप् । गर्भमोचन । गर्भका छूटना । उत्पत्ति । फल.

प्रसवित्री, (स्त्री०) प्र+सू+अच् । उत्पन्न करनेवाली । जननी । माता । मां.

प्रसव्य, (त्रि०) प्रगतं सव्यं (वामत्वम्) । बाएंपनको प्राप्तहुआ । प्रतिकूल । बखिलाफ । बरक्स । विरुद्ध । विपरीत.

प्रसह्य, (अव्य०) प्र+सह्+ल्यप् । हठात् । जोरावरी । जबरदस्ती.

प्रसह्यचौर, (पु०) प्रसह्य (बलात्कारेण) चौरः । जोरसे चोरी करनेहारा । प्रकाशचौर । प्रकट चोरी करनेवाला । धाडा मारनेवाला.

प्रसाद, (पु०) प्र+सद्+घञ् । नैर्मल्य । सफाई । अनुग्रह । मिहर्बानी । काव्यका गुणविशेष । स्वास्थ्य । (आराम) लगाहुआ । देवताको निवेदन कियाहुआ । गुरुजनोंके खानेसे बचाहुआ.

प्रसादना, (स्त्री०) प्र+सद्+णिच्+युच् । सेवा.

प्रसाधक, (त्रि०) प्रसाधयति (भूषयति) । प्र+सिध+णिच्+ण्वुल् । निष्पादक । पूराकरनेवाला । सजानेहारा । अलंकर्ता । "स्त्रियां टाप्" प्रसाधिका । "प्रसाधिकालम्बितमग्रपादं" रघुः.

प्रसाधन, (न०) प्र+सिध+णिच्+ल्युट् । सजावट । कृत्रिम भूषण । वनावटी । जेवर । वेश । भेस । "करणे ल्युट्" । कङ्कतिका । कंगी । ङीप्.

प्रसाधनविधि, (पु०) प्रसाधनस्य विधिः । सजावटका प्रकार (ढंग) । सजावट.

प्रसाधनविशेष, (पु०) प्रसाधनस्य विशेषः । विशेषसंस्कार (सजावट) । भारी सजावट.

प्रसाधिका, (स्त्री०) प्र+सिध्+णिच् ण्वुल्+ङीप्-ई । सजानेवाली । संस्कार करनेवाली । किसी स्त्रीकी परिचारिका.

प्रसाधित, (त्रि०) प्र+सिध्+णिच्+क्त । अलंकृत । सजायागया । पूरा कियागया.

प्रसार, (पु०) प्र+सृ+घञ्+अ । फैलाव । मूंका खोलना । विस्तार.

प्रसारण, (न०) प्र+सृ+णिच्+ल्युट् । विस्तारकारक । फैलाना.

प्रसारण, (न०) प्र+सृ+णिच्+अन् । फैलाना । बढना । विस्तार करना । "य" "र" "व" का स्वरोंमें परिणत होना (बदलना).

प्रसारित, (त्रि०) प्र+सृ+णिच्+क्त । फैलायागया । विस्तार कियागया । वेचनेके लिये फैलाया (जाहिर) गया.

प्रसारिन्, (त्रि०) प्र+सृ+णिनि । विस्तारकरणम् । फैलानेवाला.

प्रसित, (त्रि०) प्र+सो+क्त । आसक्त । लगाहुआ । जुडाहुआ । मिलाहुआ.

प्रसिति, (स्त्री०) प्र+सो-बांधना+करणे क्तिन् । बांधनेका साधन । रस्सी आदि.

प्रसिद्ध, (त्रि०) प्र+सिध्+क्त । भूषित । सजाहुआ । ख्यात । मशहूर.

प्रसिद्धि, (स्त्री०) प्र+सिध्+क्तिन् । विख्याति । मशहुरी । यश । पूर्णता.

प्रसुप्त, (त्रि०) प्र+स्वप्+क्त । सोया हुआ । सोगया.

प्रसुप्ति, (स्त्री०) प्र+स्वप्+क्तिन् । सोना.

प्रसू, (स्त्री०) प्र+सू+क्विप् । जननी । माता । केला । लता । घोडी.

प्रसूत, (त्रि०) प्र+सू+क्त । उत्पन्न हुआ । पैदा हुआ । जन्मा । नं-न-पुष्प (ना-स्त्री०) थोडे कालसे जनी हुई स्त्री.

प्रसूति, (स्त्री०) प्र+सू+क्तिन् । प्रसव औलाद । अपत्य । उदर (पेट) और माता । मां.

प्रसूतिका, (स्त्री०) प्रसूता+इव कन् । जातसन्ताना स्त्री । वह स्त्री कि जिसकी सन्तान उपजी हो.

प्रसूतिज, (न०) प्रसूत्या जायते । जन्+ड । जन्नेसे उपजा दुःख । जन्नेका दुःख जो सब लोकमें प्रसिद्ध है.

प्रसूतिवायु, (पु०) प्रसूतिकालस्य वायुः । बच्चा जन्नेके समयकी वायु (हवा).

प्रसून, (न०) प्र+सू+क्त (त को न) । पुष्प । फूल । फल । उत्पन्न हुआ (त्रि०).

प्रसूनवर्ष, (पु०) प्रसूनानां वर्षणं । पुष्पवृष्टि । फूलोंकी वर्षा.

प्रसृत, (पु०) प्र+सृ+क्त । आधी अंजली । बढाहुआ । प्रसन्न कियाहुआ । (त्रि०) । विनीत । चलागया । नियुक्त (नियत कियाहुआ) (त्रि०) । लात (स्त्री०).

प्रसेवक, (पु०) प्र+सिव+ण्वुल् । वीणाप्रान्त बद्धकाष्ठ । वीनके सिरेपर बंधीहुई लकडी । तूंबा.

प्रस्कन्न, (पु०) एक ऋषि । स्कन्द्-क्त । (त को न) । पतित । गिराहुआ । फिसलाहुआ.

प्रस्तर, (पु०) प्र+स्तृ+अच् । पाषाण । पत्थर । मणि.

प्रस्तार, (पु०) प्र+स्तृ+घञ् । तृणवन । रक्ख । पत्तोंकी बनीहुई छेज । फैलाव । प्रक्रिया.

प्रस्ताव, (पु०) प्र+स्तु+घञ् । अवसर । मौका । प्रकरण । मजबूत । प्रसंग.

प्रस्तावना, (स्त्री०) प्र+स्तु+णिच्+युच् । प्रारम्भ (शुरू) । सूत्रधार और नटी आदिका आपसमें बातचीत करना । "नटी विदूषको वापि" सा० ६ प०.

प्रस्तावयज्ञ, (पु०) प्रस्तावस्य यज्ञः । परस्पर वार्तालाप जिसमें प्रत्येक (हरएक) को कुछ बोलना आवश्यक है.

प्रस्तावित, (त्रि०) प्र+स्तु+णिच्+क्त । प्रारब्ध । शुरू कियागया । सूचन कियागया.

प्रस्तुत, (त्रि०) प्र+स्तु+क्त । प्रकरणप्राप्त । अवसरपर आपडा । प्रासङ्गिक । उपस्थित । हाजिर हुआ । उद्यत । बहुत स्तुति कियागया.

प्रस्थ, (पु०) प्र+स्था+क । एक सेरका मांप । पर्वत । पहाडका एक टुकडा । फैलाव.

प्रस्थान, (न०) प्र+स्था+ल्युट् । जीतकी चाहवालेका जंगमें जाना । यात्रा । जाना.

प्रस्थापन, (न०) प्र+स्था+णिच्+पुक् अन् । भेजना । खारिज करना । रुखसत करना । गुप्तचर (-जासूस) का नियत करना.

प्रस्नव, (पु०) प्र+स्नु+अ । क्षरण । वहना । दूध आदिका वहना.

प्रस्नुत, (त्रि०) प्र+स्नु+क्त । वह उठा । चलपडा (दूध आदि).

प्रस्फोटन, (न०) प्र+स्फुट+करणे ल्युट् । शूर्प । छज्ज । "भावे ल्युट्" ताडन । चोट लगाना । खिलाना । विकाशन । अच्छीतरह फोडना.

प्रस्रवण, (न०) प्र+स्रु+ल्युट् । निरन्तर जलका बहना । झरना । पसीना । पहाडका झरना । सीमना । एक पर्वतका नाम । भलीभांति टपकना.

प्रस्राव, (पु०) प्र+स्रु+घञ् । मूत्र । पेशाव । बहना.

प्रहर, (पु०) प्रह्रियते यामिकढक्कादि अस्मिन् । प्र+हृ+अप् । जिस समय प्रहरका बाजा आदि बजाया जाता है । दिवसका आठवां भाग । दिनका आठवां हिस्सा । प्रहर.

प्रहरण, (न०) प्रह्रियते अनेन । हृ+ल्युट् । ताडन करना । चोट लगाना । अस्त्र । औजार । गाडीका सन्दूक । "आधारे ल्युट्" युद्ध । लडाई । "भावे ल्युट्" प्रहार । चोट । काबू करना.

प्रहर्षिणी, (स्त्री०) प्रहृष्यति अनया । हृष्+ल्युट्+ङीप् । हरिद्रा । हल्दी । बारह अक्षरोंके पादवाला एक छन्द । "प्रहर्षिणी".

प्रहसन, (न०) प्र+हस्+ल्युट् । हास्य । हसना । एक प्रकारका काव्य । सा० ६ त०.

प्रहसन्ती, (स्त्री०) प्र+हस+शतृ+ङीप् । यूथिका । लता । वासन्ती.

प्रहस्त, (पु०) प्रकृष्टो हस्तः । प्रा० । "विस्तृताङ्गुलिकपाणिः" । फैलीहुई अङ्गुलिओंवाला हाथ । रावणका एक सेनापति.

प्रहसित, (त्रि०) प्र+हस्+क्त । हंस पडा । तं-न । हंसना । खुशी.

प्रहास, (पु०) प्र+हस्+घञ्+अ । बडे जोरसे हंसना । खिडखिडाकर हंसना । नृत्य करनेवाला । नकल करनेवाला.

प्रहासक, (पु०) प्र+हस्+ण्वुल् । हंसियारा । मखौलिया । विदूषक । ठट्ठेवाज.

प्रहि, प्रह्रियते अत्र । प्र+हृ+इन् । कूप । कूआ । खू.

प्रहित, (त्रि०) प्र+हि+क्त । क्षिप्त । फेंकाहुआ । भेजागया । सूप (दाल) (न०).

प्रहेलिका, (स्त्री०) दुर्बोध (मुश्किल) अर्थके जाननेके लिये सवाल (प्रश्न) करना । पहेली । बुझारत.

प्रह्लाद, (पु०) प्र+ह्लद्+घञ् । हिरण्यकशिपु दैत्यका पुत्र । एक दैत्य.

प्रह्व, (त्रि०) प्र+ह्वे+क । नम्र । झुकाहुआ । हलीम । विनीत.

प्रांशु, (त्रि०) प्रकृष्टा अंशवः अस्य । उच्च । ऊंचा । उन्नत.

प्राकाम्य, (न०) प्रकामस्य भावः+ष्यञ् । आठ सिद्धिओंमेंसे एक । चाह । मर्जी । इच्छानमिघातरूप ऐश्वर्य.

प्राकार, (पु०) प्रकीर्यते । कृ+घञ् दीर्घः । ईंट आदिसे बनायागया । घेरकी शकलमें प्राचीर आदि । शहरपनाह । कोट.

प्राकृत, (त्रि०) प्रकृष्टं अकृतं (अपकार्यं) यस्य । जो बहुत अपकार कर्ता है । नीच । "प्रकृतेः अयं" अण् । प्रकृतिसम्बंधी । मिजाजी । प्रकृत्या (स्वभावेन निर्वृत्तः) अण् । स्वभावसे बना । स्वभावसिद्ध । "प्रकृतेः (संस्कृतशब्दात्) आगतः अण्" । संस्कृत शब्दसे निकला नाटक आदिमें प्रसिद्ध अपभ्रंश शब्द । बिगडीहुई बोली.

प्राकृतमित्र, (न०) प्राकृतं=स्वाभाविकं मित्रम् । स्वाभाविक (कुदरतन) मित्र.

प्राकृतप्रलय, (पु०) कर्म० । कार्यब्रह्मके नाश होनेपर कार्यसमूहका प्रकृतिमें लीन होना । प्रलयविशेष । महाप्रलय.

प्राकृतिक, (त्रि०) -की -(स्त्री०) प्रकृत्या निर्वृत्तः+ठञ्+इक स्वाभाविक । स्वभावसे उत्पन्न हुआ.

प्राक्तन, (त्रि०) प्राचि काले । देशे प्राच्यां दिशि वा भवः ट्युतुट् च । पहिला समय । पुराना । पूर्व दिशा । प्राग्भव । पहिलेका.

प्रागभाव, (पु०) प्राग्वर्ती अभावः । आगे होनेवाला अभाव । "इस कपालमें घट बनेगा" इत्यादिरूपसे प्रसिद्ध अभावविशेष । भविष्यत्काल.

प्रागल्भ्यम्, (न०) प्रगल्भस्य भावः+यत् । धीरपना । अभिमान । चतुराई । बडाई.

प्राग्भार, (पु०) प्रकृष्टो भारः । बडा बोझा । उत्कर्ष । परमभाग । बहुतसा । पर्वतकी चोटी.

प्राग्रहर, (त्रि०) प्रकर्षेण अग्रे ह्रियते असौ+अप् । जिसे सबसे आगे किया जाता है.

प्राग्र्य, (त्रि०) प्रकर्षेण अग्रे भवः+यत् । बहुत आगेहुआ श्रेष्ठ । अच्छा । नेक.

प्राग्वंश, (पु०) प्राक्वंशः (सपत्नीकयजमानादिसमुदायः) अत्र । हविर्गृह (होमका घर)से पूर्वभागमें यजमान आदिकी स्थितिके लिये घर.

प्राघार, (पु०) प्र+घृ+क्षरण+घञ् दीर्घः । यज्ञ आदिमें अग्निपर घीका बहाना.

प्राघुण, (पु०) प्र+आ+घुण्+क । अतिथि । अचानक आगया कोई जन.

प्राङ्गण, (न०) प्रकृष्टं अङ्गनम् । गृहभूमि । घरकी पृथिवी । उटान । हाता । अजिर । चौतडा । वेडा । एकवाजा । आंगन.

प्राच्, (त्रि०) प्र+अञ्च्+क्विन् । पहिला समय और देश । "प्राची" (स्त्री०) पूर्व दिशा । तत्रमें पूज्य और पूजकका मध्य देश.

प्राचीन, (त्रि०) प्राक्+भवार्थे ख । पूर्वदिशा वा देशका । पुराना.

प्राचीनबर्हिस्, (पु०) इन्द्र । एक राजा.

प्राचीनावीत, (न०) श्राद्ध आदिमें वायें हाथको बाहिर निकालकर दहिने कंधेपर यज्ञोपवीतका रखना.

प्राचीर, (न०) प्राचीयते । प्र+आ+चि+क्रन् दीर्घश्च । चारोंओरसे वेष्टनाकर (घेरेकी शकल) में ईंट आदिका बनाहुआ आवरण (पडदा) । दीवार । फसील । शहरपनाह । कोट.

प्राचेतस, (पु०) वाल्मीकमुनि । प्राचीनवर्हि राजाका पुत्र । वरुणका पुत्र.

प्राच्य, (पु०) प्राचिभवः । पूर्वका । शरावती नदीके पूर्व और दक्षिणका देश.

प्राच्यभाषा, (स्त्री०) प्राच्या भाषा । भारतवर्षकी पूर्व दिशामें बोली जानेवाली भाषा (जबान).

प्राजापत्य, (पु०) प्रजापतिः देवता अस्य । घञ् । जिसकी देवता प्रजापति है । आठ विवाहोंमेंसे एक विवाह । बारह दिनमें समाप्त होनेहारा एक व्रत (न०) प्रजापतिका चरु आदि (त्रि०).

प्राज्ञ, (पु०) प्रकर्षेण जानाति । प्र+ज्ञा+क+स्वार्थे अण् । बहुत जानता है । पण्डित । "प्रज्ञा अस्ति अस्य अण्" बुद्धिमान् । अकलमंद और चतुर (त्रि०) "प्रज्ञा० स्वार्थे अण्" बुद्धि । अकल.

प्राज्ञकथा, (स्त्री०) प्राज्ञस्य कथा । किसी पण्डितके विषयमें कथा (कहानी).

प्राज्ञमानिन्, (त्रि०) आत्मानं प्राज्ञं मन्यते । अपनेको पण्डित मानता है (वास्तविक पण्डित नहिं अर्थात् मूर्ख है).

प्राज्य, (न०) प्रकृष्टं आज्यम् । प्र+अज्ञ+क्यप् वा । बहुत घी । बहुत (त्रि०).

प्राञ्जलि, (त्रि०) प्रसृतौ अञ्जली येन । प्रार्थनाके समय दोनों हाथ जोडे हुए (आदर वा दीनता दिखानेके समय).

प्राड्विवाक, (पु०) अर्थिप्रत्यर्थिनौ पृच्छति । प्रच्छ+क्विप् । प्राट् । तयोर्वाक्यं विरुद्धाविरुद्धतया विवेचयति । वि+विच्+घञ् । कर्म० । मुद्दई और मुद्दालअकी वातको सुनकर भला बुरा विचारनेहारा । राजासे नियत कियाहुआ व्यवहारको देखनेहारा । “यहां कई प्राड्विवाक” ऐसा पढते हैं.

प्राण, (पु०) प्र+अन्+घञ् । हृदयमें नासाके आगे रहनेहारा वायु । काव्यका जीवन रस । वायु (हवा) और बल.

प्राणनाथ, (पु०) ६ त० । प्राणोंका स्वामी । पति । मालिक । खाविंद.

प्राणमयकोष, (पु०) राग आदि कर्मेन्द्रियके सहित पाँच प्राणोंसे भराहुआ कोष (मिआन) की तरह आच्छादक होनेसे मानो कोष है । वेदान्तमें कहाहुआ जीवके स्वरूपको ढांकनेहारा कर्मेन्द्रियसहित पाँचों प्राण. (प्राण, अपान, समान, उदान, और व्यान).

प्राणसंयम, (पु०) प्राणस्य संयमः यत्र (व्यापारे) । जिस व्यापारमें प्राणरूप वृत्तिविशेष (नासाके आगेकी वायु) का संयम (रोक) हो । प्राणायाम (प्राणको रोकना) । इस व्यापारसे प्राणरूपी वायु बाहिर नहिं जासक्ता इसीको योगशास्त्रमें “प्राणसंयम” कहा है.

प्राणायाम, (पु०) प्राणः (प्राणवायुः) आयम्यते (संयम्यते) येन । आ+यम्+घञ् । जिस्से प्राणवायु रुकजाता है । योग आदि शास्त्रमें प्रसिद्ध एक व्यापार जो प्राणवायुके रोकनेका साधन है । बाहिरकी प्राणवायुको खेंचकर पूरण करना, शरीरमें भरेहुए घडेकी भांति न हिलने देना, रुकीहुई उसी हवाको क्रमसे बाहिर निकालकर रेचन करना, इस प्रकार अपनी इच्छासे प्राणवायुको चलाना आदि “प्राणायाम” कहलाता है.

प्राणिद्यूत, (न०) प्राणिभिः पणपूर्वं द्यूतम् । दिव्+भावे क्त । मेढा वा कुक्कुड आदि प्राणिओंसे शर्तके साथ जूआ खेलना.

प्राणिन्, (पु०) प्राण+अस्त्यर्थे इनि । प्राणवाला । जीव । चेतन.

प्राणिहिंसा, (स्त्री०) प्राणिनां हिंसा । जीवोंको मारना वा हानि (नुकसान) पहुंचाना.

प्रातःकृत्य, (न०) प्रातः (प्रभाते) कृत्यं (कर्तव्यं) । प्रातःकाल करनेयोग्य शौच स्नान आदि । सवेरका काम.

प्रातःसंध्या, (स्त्री०) प्रातः उपास्या संध्या । सवेरे उपासना करनेयोग्य संध्या (ईश्वरकी प्रार्थना ध्यान आदि).

प्रातर्, (अव्य०) प्रभात । सवेर । सुबह । तीन घडी दिन चडेतक.

प्रातराश, (पु०) प्रातः अश्यते (भुज्यते) अस्+घञ् । प्रातः (प्रभाते) आशो भोज्यम् । प्रातःकालका भोजन । सवेरका खाना.

प्रातर्भोजनम्, (न०) प्रातःकालिकं भोजनम् । प्रातःकाल (दिनका पहिला समय)का भोजन (खुराक).

प्रातिदैवसिक, (त्रि०)–की-(स्त्री०) प्रतिदिवसे भवः+ठञ्+इक । प्रतिदिन (हररोज) होनेवाला.

प्रातिपदिक, (पु०) प्रतिपदि हूयते+ठक् । प्रतिपदा (एकम) में होम किया जाता है । अग्निदेवता । व्याकरणमें प्रत्यय और प्रत्ययान्त एवं धातुसे भिन्न कृदन्त तद्धित और समाससे सिद्धहुआ अर्थवाला शब्दका स्वरूप (न०) । अर्थ रखनेवाला शब्द.

प्रातिभाव्य, (न०) प्रतिभुवो भावः । जामिनका होना । जामिनी.

प्रातिभासिक, (त्रि०)–की-(स्त्री०) प्रतिभासे भवः+ठञ्+इक । देखनेमात्र (मिथ्या)में होनेवाला । प्रतीतिमात्र । जो सचा नहिं । उसकी तरह देखनेमें आनेवाला । जैसे रज्जूमें सर्प प्रातिभासिक है.

प्रातिशाख्यम् (न०) प्रतिशाखायां भवं+यत् । व्याकरणकी एक पद्धति जो स्वरविद्याका प्रकाश करती है (चार प्रातिशाख्य हैं, शाकलशाखा ऋग्वेदकी । शुक्ल और कृष्णयजुर्वेदके दो । एक अथर्ववेदका).

प्रातिस्विक, (न०) प्रतिस्वे (एकैकस्मिन्) भवः+ठक् । प्रत्येक पदार्थका अपना २ असाधारण (खास) धर्म.

प्रातिहारिक, (त्रि०) प्रतिह्रियते अनेन । प्रतिहारः (कापट्यं) माया । सः प्रयोजनं अस्य+ठक् । मायाकारक । छलिया.

प्रातीतिक, (त्रि०)–की (स्त्री०) प्रतीतौ भवः+इक । प्रतीति (मन) में होनेवाला । मानसिक । खयाली.

प्रातीपिक, (त्रि०) प्रतीपे भवः+इक । विरुद्ध हुआ । उलटा । विरोधी.

प्रात्यहिक, (त्रि०)–की (स्त्री०) प्रत्यहं भवः+ठञ्+इक । प्रतिदिन होनेवाला । नित्यका । रोजका.

प्राथमिक, (त्रि०) प्रथमे भवः+ठञ् । प्रथमकालभव । पहिले समयका.

प्रादुर्भाव, (पु०) प्रादुस्+भू+घञ् । प्रकाश । आविर्भाव । जाहिर.

प्रादुर्भूत, (त्रि०) प्रादुस्+भू+क्त । प्रकटित । प्रकट हुआ । जारिहुवा.

प्रादेश, (पु०) प्र+दिश्+घञ्-दीर्घः । तर्जनीसहित फैलाहुआ अंगूठा । देश । एक प्रकारका माप.

प्रादेशन, (न०) प्र+आ+दिश्+ल्युट् । दान देना । खैरात.

प्राध्व, (पु०) प्रगतोऽध्वानम् । अच् समा० रथ आदि । "प्रकृष्टोऽध्वा" । अच्छा रास्ता । नम्र (हलीम) । बद्ध (बंधाहुआ) (त्रि०).

प्रान्त, (पु०) प्रकृष्टोऽन्तः । शेषसीमा । पिछली हद.

प्रान्तर, (न०) प्रकृष्टं अन्तरं (अवधानं) यत्र । जहां बहुत फरक हो । दूरगम्य पथ । दूर जानेके योग्य मार्ग । छायारहित पथ । जंगल । वृक्षकी खोड.

प्रापक-पिका, (पु० स्त्री०) प्र+आप्+ण्वुल्+अक । पहुंचानेवाला । पहुंचानेवाली । लाभ करनेवाला.

प्रापित, (त्रि०) प्र+आप्+णिच्+क्त । पहुंचायागया । लाभ करायागया.

प्राप्त, (त्रि०) प्र+आप्+क्त । पाया । लाभ किया । हासिल किया । पहुंचगया.

प्राप्तकाल, (त्रि०) प्राप्तः कालः येन । जिसे समय मिल गयाहै.

प्राप्तमनोरथ, (त्रि०) प्राप्तः मनोरथः येन । जिसकी इच्छा पूरी होगईहै । मनोरथको पाया हुआ.

प्राप्तयौवन, (त्रि०) प्राप्तं यौवनं येन । यौवन (जवानी) प्राप्त किया हुआ । युवा (जवान) होगया.

प्राप्तानुज्ञ, (त्रि०) प्राप्ता अनुज्ञा येन । प्रस्थान (रुकसत)-की आज्ञा पाया हुआ.

प्राप्तावसर, (त्रि०) प्राप्तः अवसरः येन । समय (मौका) पाया हुआ । जिसे ठीक समय मिल गयाहै.

प्राप्ति, (स्त्री०) प्र+आप्+क्तिन् । वृद्धि । लाभ । पाना । दूसरी जगह पहुंचना । मेल । अणिमा आदि ऐश्वर्यों-मेंसे एक (जिस्से मनमांगी वस्तु मिलती है).

प्राप्य, (त्रि०) प्र+आप्+ण्यत् । गम्य । पहुंचनेलायक । पानेलायक.

प्राभृत, (न०) प्र+आ+भृ+क्त । उपढौकन द्रव्य । भेटा.

प्रामाणिक, (त्रि०) प्रमाणेन निर्वृत्तः (सिद्धः)+ठक् । प्रत्यक्ष आदि प्रमाणसे सिद्धहुआ । सहेतुक । बादलील । सभाके लायक.

प्रामाण्य, (पु०) प्रमाणस्य भावः । प्रमाणका होना । तद्वति तत्प्रकारकत्वरूप ज्ञान धर्म । जो वस्तु जैसी हो उसे वैसाही जानना । वह न्यायमतमें परतोग्राह्य (दूसरेसे समझनेलायक है) और मीमांसकके मतमें स्वतः ग्राह्य (आपही समझनेलायक) है । अपनी सामग्रीसे ग्रहण करनेयोग्य सबूत.

प्रामादिक, (त्रि०)-की-(स्त्री०) प्रमादेन भवः+ठञ्+इक । भूलसे हुआ । बेपरवाहीसे होगया.

प्राय, (पु०) प्र+अय+इण् वा, घञ्-अच् वा । मृत्यु । मौत । बाहुल्य । बहुतायत । बिन खाये मरना । अनशनम् । मृत्यु.

प्रायश्चित्त, (न०) प्रायस्+चित्+क्त । "प्रायस् (तपस्या) चित्त (निश्चय) है, निश्चयसंयुक्त तपस्याको प्रायश्चित्त कहते हैं" । पाप दूर होनेका साधन होनेसे विधि (वेदविधि) द्वारा बोधन कियाहुआ चान्द्रायण आदि कर्म.

प्रायश्चित्तिन्, (त्रि०) प्रायश्चित्तं कर्तव्यतया अस्ति अस्य । इनि । वह जन कि जिसे (पापका निश्चय होनेसे) प्रायश्चित्त करना उचित है.

प्रायस्, (अव्य०) बाहुल्य । बहुतायत । और तपस्या.

प्रायोपविष्ट, (त्रि०) प्राायाय (अनशनमृत्यवे) उपविष्टः । उप+विश+क्त । कुछ न खाकर मरनेके लिये बैठगया । खाने बिना मौतके लिये उद्यत हुआ.

प्रायोपवेश, (पु०) प्रायाय (अनशनमृत्यवे) उपवेशः (स्थितिः) । भोजनबिन मौतके लिये बैठना । संकल्पपूर्वक सम्पूर्ण कार्यका परित्याग कर खानेबिन मौतके लिये उद्यम.

प्रारब्ध, (न०) प्र+आ+रभ्+क्त । प्रकृष्टं आरब्धं (स्वकार्यं) जननाय कृतारंभः येन । देह आदिका आरम्भक (रचनेहारा) अदृष्ट (धर्म और अधर्म) विशेष । उसका भोगसेही क्षय होता है । कृतारम्भ (आरम्भ कियाहुआ शुरु कियागया) (त्रि०).

प्रार्थना, (स्त्री०) प्र+अर्थ+युच् । याञ्चा । मांगना । हिंसा । मारना । "ल्युट्" । हिंसन और याचन (न०).

प्रार्थित, (त्रि०) प्र+अर्थ+क्त । याचित । मांगागया । कहाहुआ । माराहुआ.

प्रालम्ब, (न०) प्रकर्षेण आलम्बते । प्र+आ+लम्ब+अच् । गलेमें माला आदिका सीधा लटकना । बहुत लटकता है.

प्रालेय, (न०) प्रकर्षेण लीयते । प्र+आ+ली+यत् । प्रलयाय हितम्+अण् । बहुत छिपजाता है । नाश होनेहारा । हिम (बर्फ).

प्रावरण, (न०) प्राव्रियते अनेन+ल्युट् । जिससे ढांका जाता है । उत्तरी वस्त्र-ऊपरका कपडा । दुपट्टा । चादर "प्रावारः" (पु०).

प्रावृष-षा, (स्त्री०) प्रकर्षेण आवर्षति अत्र । वृष्+क्विप् वा टाप् । जिस समय बहुत बर्सता है । वर्षाकाल । बर्सातका मौसम.

प्रावृषेण्य, (पु०) प्रावृषि+भावः । एण्यः । बर्सातमें हुआ कदम्बका वृक्ष । बर्सातमें होनेवाला (त्रि०).

प्राश्निक, (त्रि०) प्रश्नं करोति+ठक् । कुशलादि प्रश्नकारक । "आप अच्छे हैं" इत्यादि प्रश्न (सवाल) करनेवाला । सभ्य (सभासद्) (पु०).

प्रास, (पु०) प्रकर्षेण अस्यते । अस्+कर्मणि+घञ् । जो बहुत फेंका जाता है । कुन्तास्त्र । भाला । एक औजार.

प्रासाद, (पु०) प्रसीदति अस्मिन् । प्र+सद्+घञ् । दीर्घः पूर्वपदस्य । जिसमें बहुत प्रसन्न होता है । देवता वा राजाओंका घर । महल.

प्राह्ण, (पु०) प्रकृष्टं प्रथमं वा अहः+टच्-अह्नादेशः णत्वम् । अच्छा वा पहिला दिन । पूर्वाह्न । दिनका पहिला प्रहर.

प्राह्णेतन, (त्रि०) प्राह्णे (पूर्वाह्णे) भवः+ल्युट् तुट् च । पूर्वाह्णभव । पहिले प्रहरका.

प्राह्णेतराम्, (अव्य०) अतिशयेन प्राह्णः । तर+आमु । एवं नि० । अतिप्रत्यूष । बहुत सबेरे । बहुत सुबह । सवेरसार.

प्रिय, (पु०) प्रीणाति । प्री-तर्पण-प्रसन्न करना+क । भर्ता । पति । मालिक । एक हरिण । मनोहर (दिलपसंद) (त्रि०).

प्रियंवद, (त्रि०) प्रियं (प्रियकरं) मधुरं वदति । खच्-मुम् च । पियारा वा मीठा बोलनेहारा । एक गंधर्व (पु०).

प्रियङ्गु, (पु०) प्रि+गम्+डु । नि० । मुमूच । एक वृक्ष । एक बेल । राजिका (राई) । पिप्पली (मघ) । कङ्गु (कंगनी).

प्रियतम, (पु०) अतिशयेन प्रियः+तमप् । मयूरशिखा वृक्ष । अतिप्रिय । बहुत पियारा (त्रि०).

प्रियता, (स्त्री०) प्रियस्य भावः+तल् । स्नेह । प्रियता । पियार । प्रियत्रत.

प्रियदर्शन, (त्रि०) प्रियं दर्शनं अस्य । सुदृश्य । सुन्दर दर्शन-वाला । खूब सूरत.

प्रियव्रत, (पु०) स्वयम्भु मनुका ज्येष्ठ (बडा) पुत्र.

प्रियाल, (पु०) प्रियाय अलति-पर्याप्नोति । अल+अच् । एक वृक्ष । पीपलका वृक्ष.

प्री, तर्पण-प्रसन्न होना । सक०क्र्या०उभ० । कान्ति-चाहना । अक० । अनिट् । प्रीणाति-प्रीणीते । अप्रैषीत्-अप्रैष्ट.

प्रीणन, (न०) प्री+णिच्-नुक्-ल्युट् । तर्पण । प्रसन्न करना.

प्रीत, (त्रि०) प्री+क्त वा नत्वाभावः । हृष्ट । प्रसन्नहुआ । इसे "न" होनेसे "प्रीणः" यही अर्थ होता है.

प्रीति, (स्त्री०) प्री+भावे क्तिन् । हर्ष । खुशी । आमोद । तृप्ति.

प्रीतिपात्रम्, (न०) प्रीतेः पात्रम् । प्रीति (प्रेम)का पात्र (विषय) । कोई प्यारी वस्तु वा प्यारी व्यक्ति.

प्रीतिमनस्, (त्रि०) प्रीतियुक्तं मनः यस्य । प्रेमसे भरेहुए मनवाला । प्रसन्न हुआ । दयालु । प्रेमी.

प्रीतिमत्, (त्रि०) प्रीति+मतुप्+अस्ति अस्य । प्रीति (प्यार) से भरा हुआ । प्यार करनेवाला । मुहब्बती । प्रसन्न हुआ । सन्तुष्ट । हृष्ट । दयालु.

प्रु, सर्पण-सरकना । भ्वा० आत्म० सक० अनिट् । प्रवते । अप्रोष्ट.

प्रुट्, मर्दना-मलना । भ्वा० पर० सक० सेट् । प्रोटति । अप्रोटीत् । सेट्.

प्रुषू, भस्मीकरण । (भस्म-खा-खाक करना) भ्वा० । प्रोषति । अप्रोषीत् । "क्त्वा" में वेट्.

प्रुषू, सेक सींचना और पूर्ति-भरना । सक० । स्नेह । पियार करना । अक० क्र्या० पर० सेट् । प्रुष्णाति.

प्रुष्ट, (त्रि०) प्रुष्+क्त । दग्ध । सडाहुआ । जलाहुआ.

प्रेक्षा, (स्त्री०) प्रकर्षेण (प्रमाणादिना) ईक्षा । अच्छी तरह (सबूती बगैरह) से देखना । पर्यालोचना । सोचना.

प्रेक्षावत्, (त्रि०) प्रेक्षा (अस्त्यर्थे) मतुप् । मको व । समीक्ष्यकारी । सोचकर काम करनेहारा.

प्रेङ्खा, (स्त्री०) प्र+इखि+अ । दोला । डोला । पंघूडा । परिभ्रमण । घूमना । एक प्रकारका घर । और नृत्य (नाच).

प्रेङ्खोल, दोलन-झुलना । चुरा० उभ० सक० सेट् । प्रेङ्खोलयति-ते.

प्रेत, (पु०) प्र+इण्+क्त । नरकस्थ जीव । नरकका जीव । एक पिशाच । अतिवाहक (सूक्ष्मशरीर) देहके अनन्तर उत्पन्न हुआ एक प्रकारका देह । "सपिण्डी करनेपर नर एक वर्षके अनन्तर प्रेतदेहको छोड भोगदेहको पाता है" सपिण्डीके पहिलेकी दशा । मृत । मराहुआ.

प्रेतकर्मन्, (न०) ६ त० । प्रेतका काम । मरेहुएका दाहसे लेकर सपिण्डीकरणतक कर्म.

प्रेतगृह, (न०) ६ त० । प्रेतका घर । श्मशान । मसान । "प्रेतपुर".

प्रेतदाह, (पु०) प्रेतस्य दाहः । मुर्देका जलाना.

प्रेतनदी, (स्त्री०) प्रेतगम्या नदी । प्रेतके पहुंचनेलायक नदी । यमके दर्वाजेके पास वैतरणी नाम नदी.

प्रेतपक्ष, (पु०) प्रेतस्य पक्षः । पितरोंका पक्ष (पखवाडा) आश्विन (अस्सू) कृष्णपक्ष जिसमें पितरोंका श्राद्ध किया जाताहै । "पितृपक्ष" यही अर्थ.

प्रेताधिप, (पु०) प्रेतानां अधिपः । प्रेतोंका राजा । यमका नाम.

प्रेतावास, (पु०) प्रेतानां आवासः । मुर्दोंके जलाने वा दवानेका स्थान । श्मशान । मसान.

प्रेतोद्देश, (पु०) प्रेतस्य उद्देशः । पितरोंकी भेटा.

प्रेत्य, (अव्य०) प्र+इण्+ल्यप् । लोकान्तर । दूसरा लोक । मरकर.

प्रेमन्, (पु०) (न०) प्रियस्य भावः+इमनिच्-प्रादेशः । स्नेह । पियार और नर्म (मखौल-ठट्ठा) । इन्द्र और वायु (हवा) (पु०).

प्रेयस्, (त्रि०) अतिशयेन प्रियः+ईयसु । प्रियस्य प्रादेशः । अतिशयप्रिय । बहुत पियारा । प्रेयसी (स्त्री०) पियारी.

प्रेरण, (न०) प्र+ईर्+णिच्+ल्युट् । प्रेषण । भेजना । निकृष्ट भृत्य आदिका काममें लगाना । णिच्-युच् "प्रेरण".

प्रेषृ, गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । प्रेषति । अप्रेषीत्.

प्रे(प्रै)ष, (पु०) प्र+इष्+घञ् वा पररूपम् । भेजना । पीडना.

प्रेष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन प्रियः–इष्ठन् । प्रादेश । बहुतही पियारा.

प्रे(प्रै)ष्य, (पु०) प्र+इषु+ण्यत् वा पररूप । दास । नौकर । भेजनेलायक (त्रि०) जङ्घा (लात) (स्त्री०).

प्रोक्षण, (न०) प्र+उक्ष+ल्युट् । चारोंओर सींचना । वध । मारना । यज्ञके लिये पशुओंका मारना.

प्रोक्षित, (त्रि०) प्र+उक्ष+क्त । सिक्त । सींचागया । "यज्ञका संस्कार कियाहुआ मांस आदि" । "भक्षयेत् प्रोक्षितं मांसं" स्मृतिः.

प्रोञ्छन, (न०) प्र+उंछि+ल्युट् । मार्जन । पोछना । साफ करना.

प्रोत, (त्रि०) प्र+वें+क्त । गुम्फित । गुथाहुआ । स्यूत । सीआहुआ । पिरोयाहुआ । खचित कपड़ा । (न०).

प्रोत्फुल्ल, (त्रि०) प्र+उत्+फुल्ल+अ । पूरा खिला हुआ । विकसित । खुली हुई (आंख).

प्रोत्सारणम्, (न०) प्र+उत्+सृ+णिच्+अन । निकालना । निर्मुक्त होना । निकलजाना । साफ करदेना । हटा देना.

प्रोत्सारित, (त्रि०) प्र+उत्+सृ+णिच्+क्त । हटा दिया गया । छूट गया । निकाला गया.

प्रोथ्, भ्वा० उभ० । प्रोथति-ते । समान होना । बराबर होना । वश करना.

प्रोथ, (पु० न०) प्र+थन् । घोडेका नाक । अश्वनासिका । कमर । धोती । स्त्रीका गर्भ । और गर्त । गढा । घोडेका मुख (पु०) पान्थ । पथिक । रक्खाहुआ (त्रि०).

प्रोषित, (त्रि०) प्र+वस्+क्त । इट् । प्रवासगत । परदेशमें गया । परदेशी.

प्रोषितभर्तृका, (स्त्री०) प्रोषितः भर्ता यस्याः+कप् । जिस स्त्रीका पति दूसरे नगरमें गया है.

प्रो (प्रौ) ष्ठपद, (पु०) प्रो (प्रौ) ष्ठः (गौः) तस्य इव पदं यस्य । बैलकी नाईं जिसका पद है । भाद्रपद नाम एक नक्षत्र (तारा) । तेन युक्ता पौर्णमासी+अण् सा यत्र मासे पुनरण् । वा न वृद्धिः । भादोंका महीना.

प्रौढ, (त्रि०) प्र+वह्+क्त-वृद्धिः । प्रवृद्ध (बढाहुआ) । युवा (जवान) । उद्योगी (मिहनती) और निपुण (चतुर) । एक प्रकारकी नायिका "तीस वर्षकी जवान और पचमन वर्षकी प्रौढा होती है" (स्त्री०).

प्लक्ष्, भक्षण-खाना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । प्लक्षति । अप्लाक्षीत्.

प्लक्ष, (पु०) प्लक्ष्यते कीटैः । प्लक्ष+घञ् । पाकुडनामी वृक्ष । प्लक्ष वृक्षके चिह्नवाला एक द्वीप.

प्लव, (पु०) प्लु+भावे अप् । प्लवन । उछलना । तरना । कूदना "कर्तरि अच्" । भेक (मेंडक) । मेष (मेढा) । (वानर) । श्वपच (चाण्डाल) । जलका कौआ । पाकुडका वृक्ष । कारण्डव पक्षी । शब्द । शत्रु । जलके सब पक्षी (बगला आदि) कैवर्तीमुस्तक (नागरमोथा) । और गंधतृण (खस्स) (न०).

प्लवग, (पु०) प्लवन् सन् गच्छति । गम्+ड० पृ० । वानर (बंदर) । मेंडक । सूर्यका सारथी (रथ खेंचनेवाला) । प्लव पक्षी । शिरीष.

प्लवङ्ग, (पु०) प्लवन् सन् गच्छति । गम्+ड-खच्-पृ० । उछलता हुआ जाता है । वानर । बंदर । एक हरिण प्लववृक्ष.

प्लवङ्गम, (पु०) प्लवन् सन् गच्छति । गम्+खच्-पृ० । वानर । (बंदर) । और भेक (मेंडक).

प्लविक, (त्रि०) प्लवेन तरति+ठन्+इक । छोटी किश्ती (डोंगी)-से तैरनेवाला.

प्लाव, (पु०) प्लु+घञ्+अ । उछलना । कूदना । तैरना.

प्लावन, (न०) प्लु+णिच्+ल्युट् । द्रवद्रव्यस्य समंताद्गतिः । पिघलीहुई चीजका चारोंओर जाना । स्नान करना । नहाना । बहजाना । तुफान.

प्लावित, (त्रि०) प्लु+णिच्+क्त । पानी आदिसे चारोंओर फैलना । तराया गया । बहाया गया । गीला कियाहुआ.

प्लिहृ, गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । प्लेहति । अप्लेहीत्.

प्लि(प्ली)हन्, (पु०) प्लिह्+कनिन्-पृ० वा दीर्घः । कांखके पास एक मासका टुकडा । उसको बढानेहारा एक प्रकारका रोग । तिल्लीका रोग । "प्लीह".

प्लु, सर्पण-सरकना । उछल कर जाना । भ्वा० आत्म० अक० अनिट् । प्लवते-अप्लोष्ट.

प्लुत, (न०) प्लु+क्त । टेढा जाना । झपटकर जाना । घोडेकी चाल । कूदकर चलनेवाला (त्रि०) । ह्रस्वसे तिगुने समयमें बोला जानेवाला अक्षर (न०).

प्लुषृ, दाह-जलाना । दिवा० पर० सक० सेट् । प्लोषति । अप्लोषीत्.

प्लुष्ट, (त्रि०) प्लुष्+क्त । प्लुष्ट । जलगया । सडगया.

प्लोष, (पु०) प्लुष्+कम् । दाह । जलाना.

प्सा, भक्षण-खाना । अदा० पर० सक० अनिट् । प्साति । अप्सासीत्.

प्सात, (त्रि०) प्सा+क्त । भक्षित । खायागया.

फ.

फ, (न०) फक्क्+ड । रुक्ष कथन । रूखा बोलना । निष्फल वाक्य । बे फायदा वचन । फूत्कार । और फूंकना । झञ्झावात । जोरकी हवा । खक्खड । जृम्भाविष्कार । उबासी लेना । फलका लाभ (पु०).

फक्क, असदाचार-गल्तीसे अमल करना । मन्दगति-धीरे २ चलना । भ्वा० पर० अक० सेट् । फक्कति । अफक्कीत् । अफक्कित.

फक्किका, (स्त्री०) फक्क्+भावे ण्वुल्-टाप् । अकोड़ । असद्व्यवहार । गल्त अमल । (फांकी) तत्त्वका निर्णय करनेके लिये पूर्वपक्ष (पहिली दलीलका उठाना). साबित करनेलायक दलील । "फणिभाषितभाष्यफक्किका" इति नैषधम्.

फट, (पु०) (स्त्री०) स्फुट-खिलना+अच् पृ० । सांपका फण । "फटा" (स्त्री०) दांत और कितव (धूर्त).

फट्, (अव्य०) योग । तन्त्रमें कहाहुआ अस्त्र नामी एक मन्त्र.

फण्, अनायासोत्पत्ति । विना यत्नके उपजना । भ्वा० पर० सक० सेट् । फणति । अफाणीत्-अफणीत् । फेणतुः पफणतुः.

फण्, गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । फणति । अफाणीत् । अफणीत्.

फण, (पु०) (स्त्री०) फण्+अच् । दर्वी (कडछी)के स्वरूपमें संकोचविकाशवाला सांपका मस्तक । सांपका फण.

फण(णा)धर, (पु०) फणं (णां) धरति । धृ+अच् । फणवाला । सांप "फण (णा) भृत्" यही अर्थ है.

फणिन्, (पु०) फणः अस्ति अस्य+इनि । जिसकी फणा हो । सांप "फणवत्".

फणीश्वर, (पु०) ६ त० । सापोंका मालिक । अनन्त.

फल्, भेदन-फाडना-तोडना । भ्वा० पर० सक० सेट् । अफालीत्-फेलतुः । आरम्भ करना । क्त । फल्तः । दूसरे अर्थमें "फलितः".

फल्, निष्पत्ति । फलका उपजना । भ्वा० पर० अक० सेट् । फलति । अफालीत् । क्त-फलित.

फल, (न०) फल्+अच् । वृक्ष आदिका फल । लाभ (फायदा-हासिल) । फलक (ढाल) । कार्य । उद्देश्य (मतलब) । प्रयोजन । जातिफल (जायफल) । त्रिफला । बाणका अग्र । दान.

फलद, (पु०) फलं ददाति । दा+क । वृक्षमात्र । फलका दाता (त्रि०).

फलश्रेष्ठ, (पु०) फलेन श्रेष्ठः (प्रशस्यतरः) । अच्छे फलवाला । आमका वृक्ष.

फलानुमेय, (त्रि०) फलेन अनुमेयः । फल (नतीजे=परिणाम) से अनुमान करनेलायक.

फलागम, (पु०) फलस्य आगमः । फलका आना । फलका उत्पन्न होना । नतीजा निकलना.

फलाहार, (पु०) फलानां आहारः । फलोंका भोजन (खाना).

फलिन्, (त्रि०) फल+अस्त्यर्थे इनि । फलवाला । फलवाला वृक्ष (पु०).

फलिन्, (त्रि०) फल+इनच् । फलवाला.

फलेग्रहि, (पु०) फले+ग्रह्+इन् । योग्य काल । ठीक समय । फलवाला वृक्ष । "फलग्रहिः" यही अर्थ.

फलोदय, (पु०) ६ त० । फलका उदय । फलकी उत्पत्ति । लाभ । स्वर्ग । हर्ष (खुशी).

फलोदय, (पु०) फलस्य उदयः । फल (परिणाम) का निकलना । फलकी उत्पत्ति । लाभकी प्राप्ति.

फल्गु, (त्रि०) फल्+ड शुक्च । रम्य । मनोहर । सुन्दर । निरर्थक । बेफायदा । गयाके तीर्थकी नदी (स्त्री०).

फल्गूत्सव, (पु०) फल्गुनिमित्तकः उत्सवः । फागनकी पूर्णिमाके करनेलायक एक उत्सव (मेला) । फल्गुकरणक उत्सव । अंबीर.

फल्य, (न०) फलाय हितं+यत् । फल लानेवाला । पुष्प । फूल.

फाणि, (पु०) स्फाय्-नि० पृ० । गुडविकार । गुडसे बनाहुआ (सीरा) । करम्भ (खिचडी-लप्सी) । दधिमिश्रित सक्तु (दही और सत्तू).

फाणित, (न०) फण्+णिच्-क्त । गुडविकारभेद । फेणी । कच्ची खांड.

फाण्ट, (न०) फण्+क्त । नि० । अनायासकृत । आरामसे बनगया.

फाल, (न०) फलाय (शस्याय) हितं+अण् । फलके लिये हितकारी । खेती उपजानेहारा । "फल्यते (विदार्यते) भूमिः अनेन" । जो पृथिवीको फाडता है । वा घञ् । लाङ्गलस्थित लौहविशेष । हलमें लगाहुआ लोहा । "फालं अस्ति अस्य" "अच्" हलवाला (बलदेव)बलभद्र और महादेव । "फलस्य विकारः अण्" । कार्पासवस्त्र । कपासका बनाहुआ कपडा । हलके द्वारा की जानेवाली एक प्रकारकी दिव्य परीक्षा (न०) "फलेषु भवः"+अण् । जम्बीरका बीज आदि (पु०).

फाल्गुन, (पु०) फल्+उनन्-गुक्च+स्वार्थे अण् । अर्जुन । मध्यम पाण्डव । पाण्डुका मझला बेटा । अश्विनीसे ग्यारवां और बारवां नक्षत्र (तारा) (स्त्री०) "फाल्गुनीभिर्युक्ता पौर्णमासी अण्" "चन्द्रमासम्बन्धी फागुन महीनेकी पूर्णिमा । सा अत्र मासे अण्" । चैत्रसे लेकर बारवां महीना (पु०) वर्ष चैत्रसे प्रारम्भ होता है.

फु, (पु०) फल्+डु । मन्त्र उच्चार करके फूंकना । तुच्छवचन.

फुट, (त्रि०) स्फुट्+क-पृ० । फटगया । फूटगया । विदीर्ण । प्रस्फुटित.

फुल्ल्, विकास-खिलना । भ्वा० पर० अक० सेट् । फुल्लति । अफुल्लीत्.

फुल्ल, (त्रि०) फुल्ल्+अच् । विकसित । खिलाहुआ । पुष्प । फूल.

फेण, (न०), (पु०) स्फाय्+न पृ० । दूध वा पानीके ऊपरका बुलबुलेके स्वरूपमें पदार्थ । फेना । झाग । बर्फ । और हिम । गुडविकारभेद । गुडका बनाहुआ (स्त्री०) ङीप् । फेणी.

फेणि(नि)ल, (त्रि०) फेन+अस्त्यर्थे इलच् । फेननविशिष्ट । झागवाला । झागदार । मदनवृक्ष (मयनका द्रख्त) बेरका वृक्ष (पु०).

फेरव, (पु०) "फे" इत्यव्यक्तः रवः अस्य । "फे" ऐसा धीमा शब्द करनेवाला । शृगाल । सियार । गीदड और राक्षस । उसके गुणवाला होनेसे धूर्त (ठग-चोर) और हिंस्र (हिंसा-कतल करनेवाला) (त्रि०).

फेरु, (पु०) "फे" इति अव्यक्तं रौति । रु+डु । शृगाल । गीदड.

फेल-ला, (न० स्त्री०) फेल्+अच् वा टाप् । भुक्तसमुज्झित । खाकर छोडदिया । उच्छिष्ट । जूठा.

फेल्, गति-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । फेलति । अफेलीत्.

ब

ब, (पु०) बल+ड । सूचन । इशारह । तन्तुसन्तान । बुना । वपन । बोना । वरुण । घट । घडा । समुद्र । योनि । जल । गमन (जाना) (स्त्री०).

बंहिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन बहुः+ईयसु । बंहादेशः । अतिशय । बहुत । बहुतही.

बंहीयस्, (त्रि०) अतिशयेन बहुः+ईयसु । बंहादेशः । बहुतही । अतिशय । बहुल.

बडवा, (स्त्री०) बालं वाति । वा+क "ल" को "ड" । घोटकी । घोडी । उसकी देवता अश्विनीनक्षत्र (तारा) । दासी । गोली । नौकरानी.

बडवाग्नि, (पु०) बडवायाः (शिवसृष्टाश्वायाः) मुखस्थः अग्निः । शिवजीसे रचीहुई घोडीके मुंखकी आग । समुद्रमें घोडीके मुखमें रहनेहारी कालाग्नि (भडकीली आग) "बडवानल".

बडवासुत, (पु०) द्वि० व० ६ त० । बडवा (घोडी) के बेटे अश्विनीकुमार.

बण्, शब्द । आवाज करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । बणति । अबाणीत्-अबणीत्.

बणिक्पथ, (पु०) ६ त० । अच् समा० । हट्ट । बाजार । बनिओंका रास्तह.

बणिग्भाव, (पु०) ६ त० । वाणिज्य । व्यापार । बनियाँपन । आजीवन (जीने) के लिये क्रय विक्रय (खरीद फरोख्त) करना.

बणिज्-ज, (पु०) पणायते (व्यवहरति) पण्-इजि-इजो वा पको न । आजीवनके लिये क्रयविक्रयका व्यवहार करनेहारा.

बद, भाषण । बोलना । भ्वा० पर० सक० सेट् । बदति । अवादीत्.

ब(व)दर, (पु०) ब(व)द्+अरच् । बेरका वृक्ष । कपासका वृक्ष (न०).

बदरिकाश्रम, (पु० न०) बदरी+स्वार्थे कन् । तस्याः समीपे-तच्चिह्नितो वा आश्रमः । बेरके पास वा उसके चिह्नवाला एक आश्रम । तीर्थविशेष । यह तीर्थ श्रीनगरनामी देशमें अलकनन्दा नदीके पश्चिमी किनारेपर है । इसे "(व) बदरीशैल" भी कहते हैं.

बदरी-रि, (स्त्री०) ब(व)द्+अरी वा ङीप् । बेरका वृक्ष । कपास.

बद्ध, (त्रि०) बन्ध-कर्मणि क्त । बांधागया । रोकागया । संकल डालागया । पकडागया । जेल (कारागार) में डालागया । रचागया । बनायागया । मिलायागया.

बद्धमुष्टि, (त्रि०) बद्धः (अमुक्तः) दानाय अप्रसारितः मुष्टिः यस्य । जो अपनी मुट्ठीको दानके लिये नहिं फैलाता । कृपण । सूम । जो तुच्छ सुखके लिये बडे सुखको परित्याग कर्ता है.

बद्धशिख, (पु०) बद्धा शिखा यस्य । जिसकी चोटी बंधी है । शिशु । बच्चा । शिखा बन्धनयुक्त । बंधी चोटीवाला (त्रि०).

बध, (पु०) हन्+घञ् । वधादेशः । हनन । मारना । कतल करना । प्राणवियोगफलक व्यापार । किसीके प्राण लेना । ठार करना.

बन्धू, निन्दा करना । बंधन-बांधना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । बीभत्सते । अबीभत्सिष्ट.

बधिर, (त्रि०) बन्ध-किरन् । श्रुतिशक्तिशून्य । सुनेकी ताकतसे रहित । श्रवणेन्द्रियरहित । "कान" की इन्द्रियसे बिना । डोरा । बहिरा.

ब(व)धू, (स्त्री०) बध्नाति (अविद्यया) । बन्ध+ऊ । नका लोप । जो अज्ञानद्वारा बांधती है । "उह्यते" वह+ऊ । अन्तमें "ध" होता है । नारी (स्त्री०) । स्नुषा । बहू । नूं । नई । विवाहीगई स्त्री । भार्या । औरत.

ब(व)धू(टि)टी, (स्त्री०) अल्पा ब(व)धूः । अल्पार्थे टि वा ङीप् । अल्पवयस्का नारी । छोटी उमरवाली औरत । "गोपवधूटीदुकूलचौराय" भा० परि०.

बध्य, (त्रि०) वधं अर्हति । वध+यत् । जो मारनेके लायक.

बध्यभूमि, (स्त्री०) हन्+भावे यत्-बधादेशः । बध्यस्य भूमिः । मारनेलायक जगह (स्थान) । श्मशान । मसान । वधका स्थान । "बध्यस्थान".

बध्र, (न०) बन्ध+ष्ट्रन् । " न " का लोप । सीसक । सीसा । चमडेकी रस्सी (तसमा) (स्त्री०).

बन्, याचन । मांगना । तना० आत्म० द्विक० सेट् । वनुते । अवनिष्ट । क्त्वा वेट्.

बन्ध्, बन्धन । बांधना । क्र्या० पर० सक० अनिट् । बध्नाति । अभान्त्सीत्.

बन्ध, (पु०) बन्ध्+घञ् । संयमन । रोकना । निगड (संकली) आदिसे किसीकी गति (चाल) को रोकना । बांधना । "कर्मणि घञ्" देह । शरीर । ऋण (कर्ज) शोधन (चुकाना) के विश्वासके लिये रक्खा गया द्रव्य (कोई चीज) । आधि.

बन्धक, (पु०) बन्ध्+ण्वुल् । विनिमय । बदला । तुल्यरूप द्रव्य (एक जैसी चीज) देकर किसी दूसरे द्रव्यको बदलना (परिवर्त आधि । (न०) गिरवी रक्खी हुई चीज । पुंश्चली । असती स्त्री । व्यभिचारिणी । छिनार औरत । स्त्रियां ङीप्.

बन्धन, (न०) बन्ध्+भावे ल्युट् । निगड आदिसे संयमन (रोकना) बांधना । और वध (मारना) । " करणे ल्युट् " रज्जु । रस्सी.

बन्धनस्तम्भ, (पु०) ६ त० । बांधनेका थंभा (खंभा) हस्तिसंयमनकाष्ठ । हाथीके बांधनेकी लकडी । आलान । गजबंधन । किल्ला.

बन्धनवेश्मन्, (न०) ६ त० । बांधनेका घर । जेलखाना । कैदखाना । "कारागार" "बंधनागार" आदि इसी अर्थमे हैं.

बन्धित्र, (पु०) बंध्+इत्र । प्यारका देवता । कामदेव । चमडेका पंखा । चर्मव्यजन । दाग । निशान.

बन्धु, (पु०) बध्नाति मनः (स्नेहादिना) । बंध+उ । जो पियार आदिसे मनको बांध लेता है । ज्ञाति । जात । मातुलपुत्रादि । मामेके बेटा आदि । बांधव । मित्र । पिता । माता । भाई । एक वृक्ष.

बन्धुता, (स्त्री०) बंधु+भावे तल् । वा समूहे । बंधुपन । बंधुओंका समूह.

बन्धुर, (न०) बंध्+उरच् । मुकुट । स्त्रीका चिह्न । तिलोंका चूरा । बधिर । बहिरा । डोरा । हंस । बगला । और पक्षी । मनोहर । नम्र । हलीम । उन्नतानत (ऊंचानीचा) (त्रि०) वेश्या । कंजरी । सक्तु । सतू (स्त्री०).

बन्धुल, (त्रि०) बन्ध्+उलच् । अवनत । झुका हुआ । प्रसन्न करनेवाला । हर्षप्रद । सुन्दर । वेश्यागृहका एक सेवक । एकवृक्ष.

बन्ध्य, (पु०) (त्रि०) बन्ध्+यत् । समय पहुंचनेपर भी फलसे शून्य वृक्ष । निष्फल । फलरहित । बेफल । बंधनीय (रुकनेलायक) (त्रि०) । पुत्ररहित स्त्रीजाति । (जिसे पुत्र नहीं होता) स्त्रियां टाप्.

बन्ध्याकर्कोटी, (स्त्री०) बंध्याया उपकारिणी (पुत्रदत्वात्) कर्कोटी । पुत्र देनेसे बांझ औरतका उपकार करनेवाली कर्कोटी (बांझ करोड) बूटी । " स्वार्थे कन् । अत इत्वम् " । वही अर्थ.

बभ्र, गति । जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । बभ्रति । अबभ्रीत्.

बभ्रु, (पु०) भृ+कु (द्वित्वं) । बभ्र्+उ वा । शिवजी । विष्णु । नकुल । नेवला । वह्नि । आग । एक मुनि । एक देश । उस देशके वासी । ब० व० । पिङ्गलवर्ण । पीला रंग । (पु०) । पीलेरंगवाला (त्रि०).

बभ्रुधातु, (पु०) कर्म० स्वर्ण । सोना । धुस्तर । धतूरा और गेरी (लालचाक).

बभ्रुवाहन, (पु०) अर्जुनका बेटा (चित्राङ्गदासे हुआ).

वर, (न०) वृ+अप् । । कुङ्कुम केसर । वृ+अच् । आर्द्रक । अदरक । "कर्मणि अप्" । जामाता (जवाई-दामाद) । देवता आदिसे आशा करनेलायक । धूर्त और यार (पु०) । "भावे अप्" वरण । कबूल करना । स्वीकरण । गुडूची । त्रिफला । मेदा । ब्राह्मी । हरिद्रा (स्त्री).

बर्ब्, गति । जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । बर्बति । अबर्बीत्.

बर्ह्, देना । मारना । स्तुति करना । और बोलना । भ्वा० आत्म० सक० सेट् । बर्हते । अबर्हिष्ट.

बर्ह, (न०) बर्ह्+अच् । मयूरपिच्छ । मोरका पंख । (पर) पत्र । परीवार.

बल्, जीना । मारना । निरूपण-बयान । करना देखना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । बलति-ते । अबालीत् । अबलिष्ट.

बल, (न०) बल्+अच् । सैन्य । सेनाके लोग । शरीरकी सामर्थ्य (ताकत) । स्थौल्य । मोटाई । गंध । रस । रूप । वीर्य । देह । शरीर । पल्लव । पत्र । और रक्त (लाल) । बलवाला (त्रि०) । कौआ । बलदेव । वरुणवृक्ष । एक दैत्य (पु०).

बलक्ष, (पु०) बलं क्षायति अस्मात् । क्षै+क । जिससें बल (जोर) घटता है । शुक्लवर्ण । चिट्टारंग । चिट्टरंगवाला (त्रि०).

बलद, (पु०) बलं ददाति । दा+क । शरीरकी पुष्टिको करनेवाला काम । एक प्रकारकी आग । बलदाता । जोर देनेहारा (त्रि०).

बलदेव, (पु०) बलेन दीव्यति । दिव्+अच् । बलसे चमकता है । बलोद्रिक्तो देवो वा । शाक० । बलमें अधिक एक देवता । बलराम । श्रीकृष्णदेवका बडा भाई.

बलभद्र, (पु०) वल्+अच् । वलो वलवानपि भद्रः (सौम्यः) । वलवाला होकर भी भला है । वलदेव और गवय (गोयँद).

बलराम, (पु०) वलेन रमते । रम्+कर्तरि घञ् । कृष्णका वडा भाई । रोहिणीका नन्दन (प्रियपुत्र) । "संकर्षण" "राम".

बलवत्, (अव्य०) वल+अतिशये मतुप् "म" को "-व" होता है । अतिशय । बहुतही बलविशिष्ट । (बलवाला) (त्रि०).

बलवर्धन, (त्रि०) वलं वर्धयति । वलको वढानेवाला । पौष्टिक कर्मका अग्नि । "पौष्टिके बलवर्धनः"

बलविन्यास, (पु०) वलानां (सैन्यानां) विशेषेण न्यासः (स्थापनम्) । व्यूह । एक प्रकारका सेनाको खडा करना । सेनाकी रचना.

बलशालिन्, (त्रि०) वलेन शालते । शल्+णिनि । वलसे शोभता है । वलविशिष्ट । वलवाला । जोरावर.

बलसूदन, (पु०) वलं (तन्नामकं असुरं) सूद्+ल्यु । वल नामी दैत्यको नाश कर्ता है । इन्द्र । "वलनिषूदनः".

बला, (स्त्री०) वलं अस्ति अस्याः । वलवाली । विश्वामित्र मुनिसे रामचन्द्रको दीगई एक प्रकारकी अस्त्रविद्या.

बलाका, (स्त्री०) वलं (कम्पनं) अकति (गच्छति) । अक्+अच् । जो कांप जाता है । वकभेद । एक प्रकारका वगला । वकश्रेणि । वगलोंकी कतार । पियारी स्त्री । प्रणयिनी.

बलाट, (पु०) वलं अटति (ददाति) अट्+अच् । जो वल (जोर) देती है । मुद्ग । मूंगी.

बलात्, (अव्य०) वल+अत्+क्विप् । हठात् । जोरसे । जोरावरी । अचानक । (पञ्चम्यन्त "बल" शब्दके साथ इसकी गतार्थता नहीं क्योंकि "बलात्कार" इत्यादिकी सिद्धिके लिये इसे अवश्य स्वीकार करनाही पडेगा).

बलात्कार, (पु०) वलात्+कृ+घञ् । बलपूर्वक करण । जोरसे करना (हठात्करण).

बलानुज, (पु०) अनु जायते । अनु+जन्+ड । ६ त० । बलभद्रका छोटा भाई । श्रीकृष्णजी.

बलाय, (पु०) वलस्य अयः (स्थानं) । अय+घञ् । बलकी जगह । वरुणनामी वृक्ष.

बलाराति, (पु०) वलस्य (तन्नामासुरस्य) अरातिः । बलनामी दैत्यका शत्रु । इन्द्र । "वलशत्रु" यही अर्थ.

बलाहक, (पु०) वलं (कम्पनं) आजहाति । आ+हा कुन् । जो नहीं कांपता है । मेघ (वादल) । मुस्तक । मुस्था । मोथा । पर्वत (पहाड) । और नागभेद । प्रलयकालके सात मेघोंमेंसे एक । विष्णुके चार घोडोंमेंसे एक.

बलि, (पु०) वल-इन् । पूजोपहार । पूजाकी भेट । राजाके लेने योग्य भाग (कर-खिराज) । उपप्लव । उपद्रव । चामरदण्ड । चौंरी । गृहस्थसे करनेलायक पांचयज्ञोंमेंसे "भूतयज्ञ" । "बलिकर्म ततः कुर्यात्" इति स्मृतिः । एक दैत्य । विरोचनका पुत्र । जरा (बुढापा) से चर्मका शिथिल होना (स्त्री०) वा ङीप् । झिल्लडि । "गृहस्थस्तु यदा पश्येत् वलीपलितमात्मनः" इति स्मृतिः । उदरावयव । पेटका अंग । "वलित्रयं चारु बभार बाला" इति कुमारः । गुदामें अंकुरके स्वरूपका मांसका पिण्ड.

बलिध्वंसिन्, (पु०) बलिं ध्वंसयति । स्वस्थानात् पातयति । ध्वन्स्+णिच् णिनि । जो बलि दैत्यको अपने स्थानसे गिराता है । विष्णु (वामनस्वरूपमें उसका ऐसा नाम हुआ).

बलिन्-(भ), (त्रि०) । बलि+अस्त्यर्थे इन् भ वा । बलिवाला । जरा (बुढेपा) से ढीले चमडेवाला.

बलिन्, (त्रि०) बलं अस्ति अस्य इति । बलवाला । जोरवाला । ऊंट । भैंसा । बैल । शूकर (सूअर) । बलराम.

बलिनन्दन, पुत्रः=सुत, (पु०) (बलेः नन्दनः) बलिका पुत्र । बाण नामा दैत्य.

बलिपुष्ट, (पु०) बलिना (पूजोपहारद्रव्येण) पुष्टः । पुष+क्त । पूजाकी भेटाके द्रव्यसे पलगया । काक । कौआ । कां.

बलिभुज्, (पु०) बलिं (पूजोपहारद्रव्यं) गृहस्थदत्त-बलिं वा भुङ्क्ते । क्विप् । पूजाके साधनरूप पदार्थ वा गृहस्थसे दीगई बलिको खाता है । काक । वायस । कौआ । कां.

बलि(ली)मुख, (पु०) बलि (ली) युक्तं मुखं अस्य । शाक० । जिसका मुख बलि (झिल्लडि) वाला है । वानर । बन्दर.

बलिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन बली । बलिन्+इष्ठन् । बहुत बलवाला । अत्यन्तबलवान् । उष्ट्र । ऊंठ (पु०).

बलिसद्मन्, (न०) ६ त० । बलिका घर । पाताल । "बलिपुर".

बलिहन्, (पु०) । बलिं हन्ति । बलिको मारनेवाला । विष्णु.

बलीयस्, (त्रि०) अतिशयेन बली । बलिन्+ईयसु । बहुत जोरवाला.

बलीवर्द, (पु०) वृ+क्विप्-वर् । ई (लक्ष्मीश्च) बश्च=ईबरौ तौ ददाति । दा+क ईबर्दः । बली चासौ ईबर्दश्चेति । वृष । बैल.

बल्य, (न०) बलाय हितं । बल+यत् । प्रधान धातु । बडी धाँत । शुक्र । वीर्य । तुतफह । और बलका साधन । अतिबला (बेल)(स्त्री०).

ब(व)ह, बुद्धि-बढना । भ्वा० आत्म० अक० सेट् । इदित् । बं(बं)हते.

ब(व)हु, (त्रि०) बं(वं)हि+कु-न लोपः। तीन आदि अनेक संख्यावाला। विपुल। बहुत। "स्त्रियां वा ङीप्"। बह्वी (वह्वी)। बहु.

ब(व)हुकर, (त्रि०) ब(व)हूनि किरति। कृ+अच्। बहुतोंको फेंकती है। (फरास) मार्जनकर। साफ करनेहारा। झाड़ूदेनेहारा। संमार्जनी (स्त्री०) बुहारी। कृ+अच्। ६ त०.

बहुक्षम, (त्रि०) बहु क्षमा यस्य। बडी क्षमा करनेवाला। सहारनेवाला.

बहुतिथ, (त्रि०) ब(व)हूनां पुराणः। ब(व)हु डट् तिथुक्च। अनेक संख्यात। बहुत संख्या (गिन्ती-वाला)। "काले गते बहुतिथे" इत्युद्भटः.

बहुत्र, (अव्य०) ब(व)हुषु त्रल्। बहुतोंमें। बहुतसे समय आदिमें.

बहुत्वच्, (पु०) ६ ब०। बहुतसी त्वचावाला। भूर्ज-भोजपत्तेका पेड.

बहुदर्शक-दर्शिन्, (त्रि०)। बहु पश्यति। बहुत देखनेवाला। चतुर.

बहुदायिन्, (त्रि०) बहु ददाति। बहुत देनेवाला। उदार। फिआज.

बहुधन, (त्रि०) बहु धनं यस्य। बडे धनवाला। धनी। दौलतमंद.

बहुधा, (अव्य०) ब(व)हु+प्रकारे धाच्। अनेक प्रकार। कई तरहसे.

बहुपुत्र, (पु०) ब(व)हवः पुत्रा इव पर्णानि अस्य। बहुतसे पुत्रोंकी नाई जिसके पत्ते हों। सप्तच्छद। सतौनेका वृक्ष.

बहुपत्नीक, (पु०) बह्व्यः पत्न्यः यस्य। बहुत स्त्रियोंवाला.

बहुप्रज, (त्रि०) ६ ब०। जिसकी बहुत सन्तान हो। शूकर (सूअर) (पु०)। प्रजाके समान बहुत तृणवाला होनेसे मुंजका तृण.

बहुमञ्जरी, (स्त्री०) ६ ब०। संज्ञा होनेसे कप् न हुआ। बहुत मिञ्जरोंवाला। तुलसीका वृक्ष.

बहुमल, (पु०) ६ ब०। बहुत मलवाला। सीसक। सीसा.

बहुरूप, (पु०) ६ ब०। सर्जरस (धुना)। शिव। विष्णु। हिरण्यगर्भ। कामदेव और केश (वाल)। नानारूपवान्। बहुत रूपवाला (त्रि०).

भूभृत्, (पु०) भुवं बिभर्ति (धारयति, पालयति वा) भृ+क्विप् । पृथिवीको धारण कर्ता वा पालता है । पर्वत । पहाड । और भूपाल । राजा.

भूमन्, (पु०) बहोर्भावः । इमनिच् । नि० । "बहु" को "भू" का आदेश होता है । बहुत्व । बहुतायत । बहुतपन.

भूमि-मी, (स्त्री०) भवन्ति अस्मिन् भूतानि । भू+मिक् वा ङीप् । पृथिवी (जहां जीव होते हैं) । स्थानमात्र । जिह्वा । जीभ । योगशास्त्रमें योगिओंकी चित्तकी एक अवस्था । एकही संख्या.

भूमिका, (स्त्री०) भूमिरिव कायति । कै+क । रचना पृथिवी । जमीन । कथाका सार । अन्यरूपसे अन्यका प्रवेश । छलनेका भेस । दिल (मन) की अवस्था बीवाचह । सीढी । घरकी फरश । कक्षा । दर्जा.

भूमिज, (पु०) भूमेर्जायते । जन्+ड । पृथिवीसे उपजता है । मङ्गल नामी ग्रह । नरक नामी दैत्य । भूमिकदम्ब । जो पृथिवीमें उपजता है (त्रि०).

भूमिजीविन्, (त्रि०) भूम्या जीवति । पृथिवीकी आय (आमदन) पर जीनेवाला.

भूमिदेव, (पु०) भूमौ देवः । पृथिवीपर देवता । ब्राह्मण.

भूमिपुत्र, (पु०) भूमेः पुत्रः । भूमीका पुत्र (बेटा) । मंगलग्रह.

भूमि(मी)रुह, (पु०) भूम्यां भूमौ वा रोहति । रुह् क । जो पृथिवीपर उगता है । वृक्ष । दरख्त.

भूमिष्ठ, (पु०) भूमौ तिष्ठति । स्था+क पृथिवीमें ठहरता है । भूपृष्ठस्थ । पृथिवीपर रक्खाहुआ । झुकाहुआ.

भूमिस्पृश्, (पु०) भूमिं स्पृशति । स्पृश्+क्विप् । वैश्य । बनिआँ । मनुष्य । एक प्रकारका चोर । लंगडा । और अंधा.

भूमीन्द्र, (पु०) भूमौ इन्द्र इव । पृथिवीपर मानो इन्द्र है । नृप । राजा.

भूयस्, (अव्य०) पुनः । फिर । बहुतही (बहुतर) । ईयस् (त्रि०).

भूयिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन बहुः+इष्ठन् । नि० । भ्वादेश । बहुतही.

भूयोभूयस्, (अव्य०) पुनः पुनः । बार बार.

भूयोविद्य, (त्रि०) भूयः विद्या यस्य । बहुत विद्या (इल्म)-वाला । बहुशिक्षित.

भूरि, (पु०) भू+क्रिन् । विष्णु । शिव । इन्द्र । स्वर्ण । (सोना) (न०) । प्रचुर । बहुत (त्रि०).

भूरिगम, (पु०) भूरि (भारयुक्तत्वेऽपि बहु) गच्छति । गम्+अच् । बोझा होनेपर भी बहुत जाता है । गर्दभ । गधा.

भूरिमाय, (पु०) भूरयः माया यस्य । बहुत छलवाला । शृगाल । सियार । गीदड.

भूरिशस्, (अव्य०) भूरि+शस् । बहुशः । बहुतवार.

भूरिश्रवस्, (पु०) चन्द्रवंशमें सोमदत्तका पुत्र । एक राजा.

भूर्ज, (पु०) भूर्ज+अच् । ७ त० । अपने नामसे प्रसिद्ध वल्क प्रधान (बहुत छिलकेवाला) वृक्ष.

भूर्जपत्र, (पु०) भुवि ऊर्जं पत्रं यस्य । पृथिवीपर जिसका पत्ता बलवाला है । अपने नामक वृक्ष.

भूर्, (पु०) भू+रुक् । आकाशलोकसे नीचेका वह स्थान । जहां पाँवसे चल सक्ते हैं.

भूवल्लभ, (पु०) भुवः वल्लभः । पृथिवीका पिआरा । राजा । पातशाह । सम्राट्.

भूष्, मण्डन सजाना । चु० उभ० पक्षे भ्वा+पर० सक० सेट् । भूषयति-ते । भूषति.

भूषण, (न०) भूष्यतेऽनेन । भूष्+करणे ल्युट् । जिस्से सजाया जाता है । अलंकार । जेवर । गहना । मुकुट । ताज.

भूषा, (स्त्री०) भूष्+अ । मण्डनक्रिया । सजावट.

भूषित, (त्रि०) भूष्+क्त । अलंकृत । सजाया गया । सजाहुआ.

भूष्णु, (त्रि०) भू+ग्स्नु । भवनशील । होनेवाला । होनहार.

भूस्वर्ग, (पु०) भुवः स्वर्गः । पृथिवीका स्वर्ग (बहिश्त) । सुमेरुपर्वत.

भृ, भरण-पालना । भ्वा० उभ० सक० अनिट् । भरति-ते । अभार्षीत्.

भृ, धारण करना । पोषण पालना । जु० उभ० सक० अनिट् । बिभर्ति । बिभृते । अभार्षीत् । अभृत.

भृकुंस-श, (पु०) । भ्रुवा कुंसा (शा) इङ्गितज्ञापनं यस्य । पृ० । "भ्रु" को सम्प्रसारण होता है । जो भौंसे अपने हृदयकी चेष्टाको प्रकट कर्ता है । स्त्रीका वेश धारण करनेहारा नट.

भृकुटि-टी, (स्त्री०) भ्रुवः कुटिः (भङ्गि) सम्प्रसारणम् वा ङीप् । भौंका तिर्च्छा करना । भ्रूभङ्ग । भौंका चढाना.

भृगु, (पु०) भ्रस्ज्+कु-पृ । एक मुनि । शिव । शुक्रग्रह । पर्वतसानु । पहाडकी चोटी । जमदग्नि । और ऊंची जगह । भृगोर्गोत्रापत्यं+अण् (बहुवचनमें लोप हो जाता है) । भृगुके वंशका (ब० व०).

भृगु, (पु०)एक ऋषिका नाम । भृगुवंशके चलानेवाला । अग्निकी लाटके साथ उत्पन्न होनेसे इसका नाम भृगु हुआ.

भृगुतनय-नन्दन, (पु०) भृगोः तनयः । भृगुका पुत्र । शुक्राचार्य । परशुराम.

भृगुपति, भृगूणां (भार्गववंशस्य) पतिः । भृगुके वंशका पति । परशुराम । उनकी इसने हैहयपति (कार्तवीर्य)-से रक्षा की थी.

भृगुसुत, (पु०) ६ त० । परशुराम । और शुक्राचार्य.

भृङ्ग, (पु०) भृ+गन् तुट्च । भ्रमर । भौंरा । कलिङ्गपक्षी । भृङ्गराज । जार । यार । भृङ्गार (सोने आदिका पात्र) और भृङ्गरोल । अवरक (न०).

भृङ्ग, (पु०) भृ+गन् कित्+तुट्च । बडी काली मक्खी । एक प्रकारका कीडा । बडा काला भौंरा.

भृङ्गरिट-टि, (पु०) भृङ्ग इव रटति+अच् । इन् वा पृ० । अत इत्वम् । शिवपार्श्वचरभेद । शिवजीके पास रहनेवालोंमेंसे एक शिवजीका द्वारपाल । शिवजीका दरबान । "रीट".

भृङ्गाभीष्ट, (पु०) अभि+इष्+क्त । ६ त० । भौंरेका पियारा । आमका वृक्ष.

भृङ्गि, (पु०) भृ+गिक्-तुटच् । शिवजीके पास रहनेवालोंमेंसे एक.

भृज्, भर्जन-भूजना । भ्वा० आ० सक० सेट् । भर्जते । अभर्जिष्ट । भृक्तः.

भृतक, (त्रि०) भृ+क्त । स्वार्थे कन् । वेतनद्वारा कर्मकर । मजदूरी लेकर काम करनेहारा । मजदूर । "भृतकाध्यापको यश्च" इति मनुः.

भृति, (स्त्री०) भृ+क्तिन् । भरण । पोषण । पालना । "करणे क्तिन्" वेतन । मजदूरी । और मूल्य । मोल.

भृतिभुज्, (त्रि०) भृतिं (वेतनं) भुङ्क्ते । भुज्+क्विप् । वेतनोपजीवी कर्मकर । मजदूरी लेकर काम करनेहारा मजदूर.

भृत्य, (पु०) भृ+क्यप्-तुक्च । दास । गुलाम । भरणीय (पालन करने लायक) (त्रि०) । "भावे क्यप्" पालना (स्त्री०) टाप् "भृत्या".

भृत्याध्यापन, (न०) भृत्येन अध्यापनम् । नौकर बनके पढाना । फीस लेकर वेद पढाना.

भृत्यवर्ग, (पु०). भृत्यानां वर्गः । बहुतसे भृत्य । बहुत नौकर । नौकरोंकी जमात.

भृ(भ्र)मि, (पु०) भ्रम्+इन् । पृ० वा सम्प्रसारणम् । घूर्णा । वायुभेद । बावरोला । पानी आदिका घूमना । घूंवर.

भृश्, अधःपतन । नीचे गिरना । दिवा० पर० अक० सेट् । भृश्यति । अभृशत्-अभर्शीत् । क्त्वा वेट्.

भृश, (न०) भृश्+क । अतिशय । जियादा । बहुत । उस-वाला (त्रि०).

भृष्ट, (त्रि०) भ्रस्ज+क्त । जलोपसेक (पानी सींचने)के विना रेत और आगके संयोगसे पकाहुआ । भुनाहुआ.

भॄ, भर्जन-भूंजना-भर्त्सन-झिडकना-भरण-पालना । क्र्या० पर० सक० सेट् । भृणाति । अभारीत्.

भेक, (पु०) भी+कन् । मेंडक । डड्डु । और मेघ(बादल).

भेड, (पु०) भी+ड । मेष । मेंढा । मेडा । एक ऋषिका नाम.

भेत्तृ, (त्रि०) भिद्+तृच् । फाडनेवाला । तोडनेवाला.

भेद, (पु०) भिद्+घञ् । पृथक्करण । जुदा करना । फरक । शत्रु वश करनेके चार उपायोंमेंसे तीसरा । मेलको तोड डालना । फाडना । न्यायमतमें अन्योन्याभाव (एकका दूसरेमें न होना) । जैसे घटसे पटका भेद है अर्थात् घटमें पट नहीं रहता.

भेदक, (त्रि०) भिद्+ण्वुल् । खाली करनेवाला । विदारक । फाडनेहारा । भेद करनेहारा । जुदा करनेहारा । मैत्र्यनाशक.

भेददर्शिन्, दृष्टि–बुद्धि, (त्रि०) भेदं पश्यति, भेदस्य दृष्टिः यस्य वा । भेदको देखनेवाला । भेदकी नजरवाला । भेदकी बुद्धिवाला । संसारको परमात्मासे भिन्न चिन्तन करनेवाला.

भेदन, (त्रि०) भेदयति । भिद्+णिच्+ल्यु । फाडनेवाला । काटनेवाला । "ल्युट्" विरेचन । दस्तलेना । जुलाव और फर्क । हींग । और अंबलतास (पु० न०) "भिद्+भावे ल्युट् । विदारण । फाडना.

भेदवादिन्, (पु०) भेदं वदति । द्वैततत्त्वको माने (स्वीकार)-हारा.

भेदित, (त्रि०) भिद्+णिच्+क्त । विदारित । फाडागया और भिन्न (जुदाहुआ).

भेद्य, (त्रि०) भिद्+ण्यत् । विदार्य । फाडनेलायक । विशेष्य (जुदा करनेलायक) । "त्रिष्वेषां भेद्यगामि यत्" इत्यमरः.

भेरि–री, (स्त्री०) भी+क्रिं । नि० वा ङीप् । बडा नगारा । ढोल.

भेल, (पु०) भी+रन् । "र" को "ल" होता है । नदी-आदि तरनेके लिये प्लव (भेला) । पूला । "स्वार्थे कन्" यही अर्थ.

भेष्, भय-डरना । भ्वा० उभ० अक० सेट् । भेषति-ते.

भेषज, (न०) भेष्+घञ् । भेषं (रोगभयं) जयति । जि+ड । जो रोगके डरको जीतलेताहै । औषध । दवाई.

भेषजाङ्ग, (न०) ६ त० । दवाईका अंग । दवाईके पीछे पीनेलायक वस्तु (चीज) । अनुपान.

भैक्ष, (न०) भिक्षैव-तत्समूहो वा+अण् । भिक्षा । भीख । और भीखका समूह.

भैक्षचर्या, (स्त्री०) चर्+भावे क्यप् । ६ त० । भीख मांगना । भिक्षाक्रियाकरण.

भैक्ष्य, (न०) भिक्षाणां समूहः+ष्यञ् । भीखका समूह.

भैमी, (स्त्री०) भीमेन उपासिता । तस्येदं वा अण्-ङीप् । ज्येष्ठके शुक्लपक्षकी एकादशी । भीमराजाकी लडकी । दमयन्ती.

भैरव, (न०) भीरोरिदं+अण् । भय । डर । उसवाला । (त्रि०) । नाटकमें भयानक रस । भयका साधन (त्रि०) । शंकर । उसका अवतारविशेष । रागभेद (पु०).

भैषज्य, (न०) भेषज एव भिषजः कर्म वा+ष्यञ् । औषध । दवाई.

भो, (अव्य०) सम्बोधन । हे.

भोग, (पु०) भुज+कर्मादौ घञ् । सुख दुःख आदिका अनुभव (पहिचानना) । सांपका फण । उसका शरीर । धन । पालन । और आहार (खाना) । "अच्" सर्प । साँप । "आधारे घञ्" शरीर । और मान.

भोगकर, (त्रि०) भोगं करोति । भोग (खुशी) देनेवाला । भुगानेवाला.

भोगगुच्छ, (न०) भोगाय गुच्छं । वेश्याको दीगई मजूरी (फीस).

भोगगृह, (न०) भोगस्य गृहं । भोगका घर । स्त्रियोंका कमरा । जनानखाना । अंतःपुर । जनाना.

भोगतृष्णा, (स्त्री०) भोगस्य तृष्णा । सांसारिक भोगकी लालसा (इच्छा) (भाप) । ज्योतिष्में ग्रहोंका उस २ राशिमें ठहरना । यथेष्ट विनियोग । ठीक लगाव (धनका बाँटना).

भोगदेह, (पु०) भुज्यते सुखदुःखादिकं अत्र । भुज्+घञ् । कर्म० । जिसमें सुख दुःख भोगा जाता है । पुण्य और पापका फल भोगनेके लिये शरीर । "प्रेतदेहं परित्यज्य भोगदेहं प्रपद्यते" इति स्मृतिः.

भोगभूमि, (स्त्री०) भोगस्यैव भूमिः (स्थानम्) । भोगकी जगह । भारतवर्ष (हिन्दुस्थान) से भिन्न वर्ष । वहां केवल भोग होता है । कर्म नहिं.

भोगभृतक, (पु०) भोगाय भृतकः । जीविकाके लिये काम करनेवाला सेवक.

भोगवती, (स्त्री०) भोगः (सर्पशरीरं) भूम्ना अस्ति अस्यां । मतुप् "म" को "व" होता है । जहां बहुतसे सांपके शरीर हैं । पातालकी गंगा । "भोगवती च पाताले" इति पुराणम्.

भोगस्थान, (न०) भोगस्य स्थानम् । भोगका स्थान (जगह) शरीर । स्त्रियोंका कमरा.

भोगिन्, (पु०) भोग+अस्ति अर्थे इनि । सर्प । सांप । राजा । ग्रामाध्यक्ष (गाँवका मालिक) । और नापित । नाई । भोगवाला (त्रि०) । "भोगवत्" (सर्प) । भोगनेवाला (त्रि०).

भोगिवल्लभ, (पु०) ६ त० । चन्दन.

भोगीन्द्र, (पु०) भोगिनां इन्द्रः (स्वामित्वात्) भोगी इन्द्र इव वा । अनन्तदेव । और वासुकी । भोगिओंका राजा.

भोग्य, (न०) भुज्+ण्यत् । कुत्वम् । धन । और धान्य । भोगनेलायक औरत (स्त्री).

भोज, (पु०) भुज्+अच् । अपने नामसे प्रसिद्ध देश । धारापुरका राजा । भोजराज । मालवाका बादशाह.

भोजक, (त्रि०) भुज्+णिच्+ण्वुल्+अक । खुलानेवाला । पालनेवाला.

भोजन, (न०) भुज्+ल्युट् । कठिन (सख्त) द्रव्यका गलेकी बिलके नीचे लगाना । खाना । विष्णुका नाम (पु०).

भोजनकाल, (पु०) भोजनस्य कालः । भोजनका समय । खाना । खानेकी वेला.

भोजनत्याग, (पु०) भोजनस्य त्यागः । भोजनका छोडना । व्रत रखना । रोजा रखना.

भोजनभूमि, (स्त्री०) भोजनस्य भूमिः । भोजनस्थान । भोजनशाला । खानेका कमरा.

भोजनव्यग्र, (त्रि०) भोजने व्यग्रः । भोजन (खाने) में लगा हुआ.

भोजनव्यय, (पु०) भोजनस्य व्ययः । भोजनका व्यय (अखराजात खर्च).

भोजनीय, (त्रि०) भुज्+अनीयर् । खानेयोग्य । भक्षणीय । खानेलायक.

भोजयितृ, (त्रि०) भुज्+णिच्+तृच् । खुलानेवाला । पालनेवाला.

भोजिन्, (त्रि०) भुज्+णिनि+इन् (समासके अन्तमें आताहै) खानेवाला । पालनेवाला.

भोज्य, (त्रि०) भुज्+ण्यत् । भक्षणीय द्रव्यमात्र । खानेकी कोई चीज.

भोटाङ्ग, (पु०) भोटान । एक देशका नाम.

भौतिक, (त्रि०) भूतानि (पृथिव्यादीनि-पिशाचान् वा अधिकृत्य जातानि) । भूत+ठक् । पृथिवी आदि वा पिशाचोंसे आयेहुए उपद्रव । व्याधि (बीमारी) आदि.

भौम, (त्रि०)-मी (स्त्री०) भूमेरपत्यं तस्या इदं वा+अण् । पृथिवीसम्बन्धी । पृथिवीका । जो पृथिवीपर हो । पृथिवीका बनाहुआ ।-मः । मंगलग्रह । तारकनामी दैत्य । पानी । रौशनी । आकाश । अत्रिऋषिका नाम (पु०) -मी । जनककी कन्या । सीता (स्त्री०).

भौमरत्न, (न०) भौमप्रियं रत्नं । शाक० । मंगलका पियारा रत्न । प्रवाल । मूंगा.

भौमिक, (त्रि०) भूमौ अधिकृतः+ठक् । भूमिपर अधिकार दियागया । पृथिवीपर जीनेहारा । जिमीदार । भूम्यधिकारी.

भौरिक, (त्रि०) भूरिणि (स्वर्णे) अधिकृतः+ठन् । स्वगर्णाध्यक्ष । राजाके खजानेमें सोनेपर अधिकार रखनेहारा । खजानेका अधिकारी । कोशाध्यक्ष । खजानची.

भ्यस्, भय-डरना । भ्वा० आ० अक० सेट् । भ्यसते । अभ्यसिष्ट.

भ्रण्, शब्द करना । भ्वा० पर० सक० सेट् । भ्रणति । अभ्राणीत्-अभ्रणीत्.

भ्रकुंश-स, (पु०) भ्रुवा कुं(शा)सा यस्य । पृ० नि० । स्त्रीका वेष (भेस) धारण करके नाचनेहारा नट.

भ्रकुटि-टी, (स्त्री०) । भ्रुवः कुटिः (भंगः) पृ० वा ङीप् । भ्रूभङ्ग । भौंका चढाना.

भ्रम्, चलना । भ्वा० पर० सक० सेट् । भ्रमति । अभ्रमत्-अभ्रमीत्.

भ्रम्, चलना-घूमना । दिवा० पर० सक० सेट् । भ्राम्यति-अभ्रमीत्.

भ्रम, (पु०) भ्रम्+घञ् । मिथ्याज्ञान । झूठी समज । और स्वरूपसे स्थित पदार्थका किसी औरही स्वरूपसे जानना । जलनिर्गमस्थान । पानीके निकलनेकी जगह । पानीका झरना । कुन्द (फूल) । भ्रमण (घूमना).

भ्रमण, (न०) भ्रम्+ल्युट्+अन । घूमना । चक्कर लगाना । इधर उधर टहलना.

भ्रमर, (पु०) भ्रम्+करन् । मधुकर । भौंरा.

भ्रमरक, (पु०) भ्रमर इव कायति । कै+क । माथेपर लटक रही भौंरेके समान चूर्णकुन्तल (जुल्फें).

भ्रमराभिलीन, (त्रि०) भ्रमरैः अभिलीनः । भौरोंसे घिरहुआ (व्याप्त) । भ्रमरोंसे आक्रान्त.

भ्रमरकरण्डक, (पु०) भ्रमराणां करण्डकः । भौंरोंका संदूक । भौंरोंकी भरीहुई छोटीसी संदूकडी (चारोंके पास होती है प्रकाश (रोशनी) को बुझानेके लिये भौंरों (मक्खिओं) को छोड देते हैं.

भ्रमरबाधा, (स्त्री०) भ्रमराणां बाधा । भ्रमरोंकी बाधा (तकलीफ).

भ्रमरविलसित, (न०) भ्रमराणां विलसितम् । भ्रमरों-भौंरोंकी खेल । एक प्रकारका छन्द.

भ्रश्, अधःपतन । नीचे गिरना । दिवा० पर० सक० सेट् । भ्रश्यति । अभ्राशीत्-अभ्रशीत् । क्त्वा वेट्.

भ्रष्ट, (त्रि०) भ्रश्+क्त । च्युत । गिरपडा । अधःपतित । दुष्ट । लुच्चा.

भ्रस्ज्, पाक (पकाना) । तु० उ० सक० अनिट् । भृज्जति । अभ्राक्षीत्.

भ्राज्, दीप्ति-चमकना । भ्वा० आ० अक० सेट् । भ्राजते । अभ्राजिष्ट.

भ्राजिष्णु, (त्रि०) भ्राज्+इष्णुच् । दीप्तिशील । चमकनेवाला.

भ्रातृ, (पु०) भ्राज्+तृच् । पृ० । एक पितासे हुआ । भाई । सगाभाई.

भ्रातृगन्धि-गन्धिक, (त्रि०) भ्रातुः गन्धः यत्र ब० स । भाईकी गंधवाला । नाम मात्र भाईवाला (वास्तविक भाईका धर्म छोडनेवाला भाई).

भ्रातृज, (पु०) भ्रातुर्जायते । जन्+ड । भ्रातुष्पुत्रः । भाईका लडका । भतीजा । उसकी लडकी (भतीजी) (स्त्री०).

भ्रातृजाया, (स्त्री०) भ्रातुः जाया । भाईकी स्त्री । भरजाई.

भ्रातृद्वितीया, (स्त्री०) कार्तिकके शुक्लपक्षकी द्वितीया । भाईदूज । इसे यमद्वितीया भी कहते हैं.

भ्रातृव्य, (पु०) भ्रातुः पुत्रः । भ्रातृ+व्यत् । भाईका लडका । और शत्रु (दुश्मन).

भ्रातृत्व, (न०) भ्रातृ+त्व । भ्रातुर्भावः । भाईपन । भाईचारा.

भ्रातृश्वशुर, (पु०) भ्रातापि (पत्युर्ज्येष्ठभ्रातापि) श्वशुरस्थानीयः । पितृतुल्यत्वात् । स्वामीका बडा भाई (पिताके समान होनेसे वह भी ससुर माना जाता है).

भ्रात्रीय, (पु०) भ्रातुः अपत्यं, इदं वा छ । भ्रातुष्पुत्रः । भाईका लडका । भाईका (भ्रातृसम्बन्धी) (त्रि०).

भ्रान्त, (न०) भ्रम्+भावे क्त । भ्रमण । घूमना । "कर्तरि क्त" (भूलाहुआ) मिथ्या ज्ञानवाला । घूमनेवाला (त्रि०).

भ्रान्ति, (स्त्री०) भ्रम्+क्तिन् । भ्रमण । घूमना । अयथार्थज्ञान । झूठी समझ.

भ्रान्तिमत्, (भ्रान्तिवाला) अलंकारमें अर्थालंकारभेद.

भ्राम, (पु०) भ्रम्+अण् । इधर उधर घूमना । मोह । भ्रम (गल्ती) भूल । चूक.

भ्रामक, (पु०) भ्रामयति । भ्रम्+ण्वुल् । श्रृगाल । गीदड । सियार । घुमानेहारा (त्रि०) । (भुलानेवाला).

भ्रामर, (न०) भ्रमरेण सम्पादितं, अस्येदं वा+अण् । भौंरेने बनाया । मधु । शहत । भ्रमरसम्बन्धि (भौंरेका) (त्रि०) । अयस्कान्त (चुम्बक पत्थर) (पु०).

भ्राष्ट्र, (न०) भ्रष्टुः इदं+अण् । धास्थान (आकाश) । भर्जनपात्र (भुनेका पात्र-कढाही) (पु० न०).

भ्रु(भ्रू)कुंस, (पु०) भ्रुवः कुंसा यस्य । पृ० वा ह्रस्वः । स्त्रीका वेष बनाके नाचने-वाला पुरुष.

भ्रु(भ्रू)कुटि(टी), (स्त्री०) ६ त० । पृ० वा ह्रस्वः । क्रोधसे भौं चढाना.

भ्रू, (स्त्री०) भ्रम्+डू । नयनोर्ध्वरोमराजी । आँखोंके ऊपर रोम (बालों) की कतार । भौं । भवें.

भ्रूक्षेप, (पु०) ६ त० । भौंका चढाना । संकेत (इशारह)-को जतानेके लिये भवोंका टेढा चलाना । भौंका फेंकना.

भ्रूण्, आशा-उम्मीद करना । निश्चय करना । चाहना और डरना । चु० आत्म० सक० सेट् । भ्रूणयते.

भ्रूण, (पु०) भ्रूण्+घञ् । स्त्रियोंका गर्भ । और बालक.

भ्रूणघ्न, (त्रि०) भ्रूणं (गर्भं) हन्ति । हन्+क । गर्भकी हत्या करनेवाला । "क्विप्" "भ्रूणहा" यही अर्थ.

भ्रेज्, चमकना । भ्वा० आ० अक० सेट् । भ्रेजते । अभ्रेजिष्ट.

भ्रे(भ्ले)षृ, पीना-चलना । अक० भ्वा० उभ० सेट् । भ्रे (भ्ले) षति-ते.

भ्रेष, (पु०) भ्रेषृ+घञ् । उचित स्थानसे गिरना.

भ्लाक्षृ, खाना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । भ्लक्षति-ते.

भ्लाशृ, चमकना । दि० पक्षे भ्वा० आ० अक० सेट् । भ्लाश्यते । भ्लाशते.

म

म, (पु०) मा+क । चन्द्र । चांद । शिव । ब्रह्मा । यमराज । समय । मधुसूदन । विष.

मकि, भूष-सजाना-गति-जाना । भ्वा० आ० सक० सेट् । इदित् । मङ्कते.

मकर, (पु०) मनुष्यं कृणाति (हिनस्ति) कृ+अच् । पृ० । जलजन्तुभेद । मगरमच्छ । कामदेवके झंडेका निशान । बारह राशिओंमेंसे दसवीं । द्वादशराश्यन्तर्गत दशम राशि । "मं (विषं) किरति".

मकरकुण्डल, (पु०) मकराकृति कुण्डलं (कर्णभूषणं) । एक कानका गहना । जिसका स्वरूप मगर मच्छका है.

मकरकेतन, (पु०) मकरः (मकरचिह्नितः) केतनो (ध्वजो) यस्य । जिसका झंडा मच्छके निशानका है । कामदेव । "कन्दर्प" "मकरकेतुः" यही अर्थ है.

मकरध्वज, (पु०) मकरः ध्वजः यस्य । मच्छीके झुण्डेवाला । कामदेव.

मकरन्द, (पु०) मकरं अपि द्यति (कामजनकत्वात्) । दो-अवखण्डने । तोडना+क पृ० मुम् । पुष्पमधु । फूलका शहत । फूलका रस । कुंदवृक्ष । किञ्जल्क (तरी) (न०).

मकरसंक्रमण, (न०) मकरे संक्रमणं । सूर्यका मकर राशिमें परिणाम (जाना).

मकरिन्, (पु०) मकराः सन्त्यत्र+इनि । मच्छोंवाला । समुद्र.

मकुट, (न०) मकि-सजाना-भूषण+उट पृ० । शिरोभूषण । मुकुट । ताज.

मकुर, (पु०) मकि+उरच् । पृ० । दर्पण । शीशा-बकुलका वृक्ष । कुलालदण्ड । घुमारकी लकडी । फूलकी कली.

मक्क्, गति-जाना । भ्वा० आ० सक० सेट् । मक्कते । अमक्किष्ट.

मक्ष्, रोष-गुस्सा करना-खफा होना-इकट्ठाकरना । भ्वा० पर० अक० सेट् । मक्षति । अमक्षीत्.

मक्षवीर्य, (पु०) मक्षं (संहतं) वीर्यं यस्मात् ५ ब० जिससे वीर्य इकट्ठा हो जाता है । प्रियालका वृक्ष. ।

मक्षि(क्षी)का, (स्त्री०) मक्ष्+कुन् । टाप् । अत इत्वम् । पृ० वा दीर्घः । एक प्रकारका कीडा । मक्खी.

मख्, सर्पण-सर्कना-रींगना-जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मखति । अमाखीत्, अमखीत्.

मख, (पु०) मख+घ । यज्ञ । याग । (वेदमें) पूजाके लायक । बलिआदिसे पूजाके लायक । सुन्दर और चालाक (त्रि०).

मगि, सर्कना । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । मङ्गति । अमङ्गीत्.

मगध, (पु०) मङ्ग्यते (अधो गम्यते) अनेन । मगि+अच् । पृ० । जिस्से नीचे जाता है । मगं (दोषं) पापं वा दधाति । धा+क । जो दोष वा पापको धारण कर्ता है । एक देश । उस देशके लोग (ब० व०).

मगधेश्वर, (पु०) मगधका राजा । जरासन्धराजा । वेहारका सूबह.

मगधोद्भवा, (स्त्री०) मगधदेशे बाहुल्येन उद्भवति । अच् । पिप्पली । मघ इस देशमें बहुत होती है.

मघ्, कैतव-छल करना । जूएकी खेल आदि करना । अक० । गति-जाना । निन्दा करना । और आरम्भ (शुरू करना) । सक० भ्वा० आत्म० सेट् । इदित् । मङ्घते । अमङ्घिष्ट.

मघ्, भूषण । सजाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । मङ्घति-अमङ्घीत.

मघवत्, (पु०) मह्+कं । "ह" को "घ" होता है । मघः (पूजा) । अस्त्यर्थे मतुप् । "म" को "व" होता है । इन्द्र । मघवन्तौ । मघवतः । उसकी स्त्री । ङीप "मघवती".

मघवन्, (पु०) मह्+कनिन् । नि० । इन्द्र । मघवा । मघवानौ । मघोनः । उदार (खुलादिल) (त्रि०) । उसकी स्त्री "मघोनी" ङीप्.

मघा, (स्त्री०) मह्+घ । "ह" को "घ" होता है । अश्विनीसे दसवां नक्षत्र (तारां) । ये पाँच तारोंके स्वरूपमें होनेसे बहुवचन भी होता है । "पितरः स्पृहयन्त्यन्नमष्टकासु मघासु च" स्मृतिः.

मङ्कुर, (पु०) मकि+उरच् । दर्पण । शीशा । आईना.

मङ्क्षु, (अव्य०) मखि+उन् । शीघ्रता । जल्दी । भृश । बहुत । पृ० । "ख" "क्ष" भी होता है.

मङ्गल, (पु०) मगि+अलच् । भूमिसुत । पृथिवीका पुत्र । एक ग्रह । प्रशस्त । अच्छा । चाहेहुए अर्थकी सिद्धि । उसवाला (त्रि०) दुर्गा । कुशा (स्त्री०).

मङ्गलकाल, (पु०) मङ्गलस्य कालः । मंगलका समय । खुशीका वक्त.

मङ्गलच्छाय, (पु०) मंगला छाया यस्य । जिसकी अच्छी छाया हो । वटवृक्ष । बडका द्रख्त.

मङ्गलपाठक, (पु०) मङ्गलार्थं स्तुतिं पठति । पठ्+ण्वुल् । भलाईके लिये प्रशंसाओंको पढता है । स्तुतिपाठक.

मङ्गलप्रदा, (स्त्री०) मङ्गलं प्रददाति । प्र+दा+क । मङ्गल देती है । हरिद्रा । हल्दी.

मङ्गलवाद्य, (न०) मंगलकरं वाद्यम् । मंगलके समयका वाजा । तुरी–तूतिये ढोल.

मङ्गलसूत्र, (न०) मङ्गलकरं सूत्रम् । पतिके जीवनपर्यन्त विवाहिता स्त्रीसे धारण किया गया मंगल (खुशी) का सूत (कंगन).

मङ्गल्य, (न०) मंगलाय हितं यत् । चंदन । सोना । सिंदूर । और दही । रुचिर (सुंदर) । और मंगल करनेवाला (त्रि०) । बोड । विल्व.

मच्, उच्चताकरण-ऊंचाकरना । ठगाना । अभिमानी होना । पूजाकरना । पकडना । सक० । चमकना । अक० भ्वा० आत्म० सेट् । इदित् । मञ्चते । अमञ्चिष्ट.

मचर्चिका, (स्त्री०) यह शब्द संज्ञावाचक शब्दके पीछे रहता है । और अपनी जातिमें अच्छेको सिद्ध कर्ता है जैसे "गोमचर्चिका" एक बहुत ऊंदा गौ वा बैल । प्रशस्त । बहुत अच्छा.

मज्जन, (न०) मस्ज्+ल्युट् । स्नान । नहाना.

मज्जसमुद्भव, (न०) मज्ज्ञात् समुद्भवति । सम्+उद्+भू+अच् । ५ त० । मज्जासे उपजता है । शुक्र । वीर्य । रेत । मनि.

मज्जा, (स्त्री०) मस्+अच्+टाप् । अस्थिसार । हड्डिओंका सार । वृक्षका सार अंश.

मज्जाज, (न०) मज्जातो जायते । जन्+ड । जो मज्जासे उत्पन्न होता है । भूमिसे उपजा गुग्गल.

मज्जारस, (पु०) मज्जायाः रसः (परिपाकः) । मज्जाका पकना । वीर्य । मनि.

मञ्च, (पु०) मचि-उच्छ्राय । ऊंचा होना+घञ् । खट्वा । मंजा । वांसका बनाहुआ ऊंचा आसन । उच्च मण्डपविशेष.

मञ्जरि-री, (स्त्री०) मञ्जु ऋच्छति । ऋ+इन्-शक० पर० वा ङीप् । नई उत्पन्न हुई कोमल पतेके अङ्कुरस्वरूपकी वल्लरी । मिंजर । मुक्ता । मोती । तिल नामी लता (वेल) और तुलसी.

मञ्जिष्ठा, (स्त्री०) अतिशयेन मञ्जिमती+ईष्ठन् । एक बेल । मजीठ.

मञ्जीर, (न०) मञ्ज् शब्द करना+इरन् । नूपुर । झांजर । पंजेब । पांवमें पहिरनेका ज़ेवर । दधिमन्थनदण्डः । बन्ध । स्तम्भ । मथा (धा, नीकी रस्सी बांधनेका खंवा.

मञ्जु, (त्रि०) मञ्ज्+उन् । मनोहर । दिलको अच्छा लगनेवाला । खूबसूरत.

मञ्जुघोष, (पु०) तन्त्रमें एक उपासना करनेलायक देवता । अच्छे शब्दवाला (त्रि०) अप्सरा (स्त्री०).

मञ्जुभाषिन्, वाच्-वादिन्, (त्रि०) मञ्जु भाषते-वदति वक्ति वा । मधुरभाषी । मीठा बोलनेवाला.

मञ्जुल, (त्रि०) मञ्ज्+उलच् । मनोहर । खूबसूरत । जलरंक पक्षी (ममोला) (पु०) वह स्थान जो लताओंसे आच्छादित हो । निकुञ्ज (न०).

मञ्जुवक्र, (त्रि०) मञ्जु वक्रं यस्य । सुन्दर मुखवाला । सुन्दर.

मञ्जूषा, (स्त्री०) मञ्ज्+उषन् । पटारी । पेटिका । पेटी । मञ्जिष्ठा । मजीठ.

मट्ट, साद । निर्बल होना-नाश होना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मटति.

मटची, (स्त्री०) मट्+अचि+ङीप् । पाषाणवृष्टि । पत्थर-वर्सना । गडा.

मठ्, वास-रहना । अक० । मर्दन-मलना । सक० भ्वा० पर० सेट् । मठति । अमठीत्-अमाठीत्.

मठ, (पु०) मठति अत्र । मठ्+क । छात्राद्यावास । विद्यार्थिओंके रहनेका घर । देवागार । देवमन्दिर । योगिओंके रहनेका घर । कौलिज । पाठशाला । मदरस्सह । वैलगाडी.

मड्, भूषण । सजाना । चुरा० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । मण्डयति-ते । मण्डति । अममण्डत्-त । अमण्डीत्.

मड्डु, (पु०) मज्जन्ति अन्ये शब्दा अत्र । मज+डु । पृ० । जहां और शब्द डूब जाते हैं । वाक्यभेद । एक प्रकारका वाजा । विपुल डमरु । वडा डमरु । "स्वार्थे मन्" वही अर्थ.

मण्, अव्यक्तशब्द-न मालूम शब्द करना । भडभडाना । भ्वा० प० अक० सेट् । मणति । अमाणीत्-अमणीत्.

मणि-णी, (पु० स्त्री०) मण्+इन् । स्त्रीत्वपक्षे वा ङीप् । मुक्तादि रत्न । मोती आदि रत्न (जवाहिर) । मट्टीका एक पात्र । वडामट्ट (अलिञ्जर) कीमती पत्थर । अपनी जातिमें उत्कृष्ट कोई चीज । मणिवंध । आँकडी । (यह शब्द विशेषतः पुल्लिंगमेंही प्रसिद्ध है).

मणिकर्णिका, (स्त्री०) मणिकर्णः (मणिमयकर्णभूषणं) अस्ति अस्यां+ठन् । जहां मणिओंका वनाहुआ कानका जेवर है । काशीमें एक तीर्थ है (जहां विष्णुकी तपस्यासे आश्चर्यहुए शिवजीने मणिओंका कुण्डल फेंकाहै).

मणिकूट, (पु०) मणीनां कूट इव । मणिप्रचुरं कूटं (शृङ्गं) वा अस्य । मानो मणिओंका समूह है वा बहुत मणिओंवाली चोटीवाला । उत्तर देशमें एक पर्वत (पहाड) है.

मणित, (न०) मण्+क्त । रतिकाले स्त्रीणां अव्यक्तशब्दविशेषः । मैथुन (संभोग) समयमें स्त्रिओंका धीरे २ शब्द करना.

मणिपुर, (न०) मणिभिरिव पूर्यते (प्रचुरदीप्तिमत्त्वात्) । वहुत प्रकाशवाला होनेसे मानों मणिओंसे भर रहा है । तन्त्रमें कहाहुआ । नाभि (धुन्नी) के स्थानमें सुषुम्णा नाडीके बीच पद्म (कमल) के स्वरूपवाला एक चक्र । अपने नामसे प्रसिद्ध एक देश.

मणिबन्ध, (पु०) मणिर्बध्यते अत्र । बंध+घञ् । प्रकोष्ठ और हाथका मध्यस्थान । हाथका पौंचा । सैन्धव । लवणाकरपर्वतविशेष । सिन्धेनोनका एक पहाड.

मणिमण्डप, (पु०) मणिमयः (मणिप्रचुरः) मण्डपः । (वहुतही मणिओंवाला मण्डप) घर.

मणिबीज, (पु०) मणय इव बीजानि अस्य । जिसके बीज मणिओंके समान हैं । दाडिम । अनार.

मणिसर, (पु०) मणीन् सरति (कारणत्वेन गच्छति) । सृ+अच् । मणिखचित हार । मणिओंका पिरोयाहुआ हार.

मणीव, (अव्य०) मणि+इव । मणिसमान । मणीकी तरह.

मण्ड, (पु० न०) मन्+ड । उसे इत्व नहिं होता । सर्वान्नाग्ररस । सव अन्नोंका रस । मांड । पीछ । सार । आमलकी (आवला) और सुरा (शराव) (स्त्री०) । एरण्डका वृक्ष । एक प्रकारका साग (शाक) । मेंडक (पु०).

मण्डन, (पु०) मण्डयति । मडि+ल्यु । अलंकार । जेवर "भावे ल्युट्" भूषा । सजाना (न०).

मण्डप, (पु० न०) मडि+घञ् । मण्डं (भूषां) पाति (रक्षति) पा+क । जनविश्रामस्थान । लोगोंके आरामकी जगह (सराय) । देवादिगृह । और देवता आदिका घर । मण्डपानकर्ता (पीछ पीनेवाला) (त्रि०) । शूकशिम्बी (स्त्री०).

मण्डल, (न०) मडि+कलच् । चक्राकारवेष्टन । पहियेके स्वरूपका घेरा । जैसे सूर्यमण्डल-भूमण्डल । चारसौ योजनका एक देश । दायरह । समूह । नखुनोंका घाव । द्वादशनृपचक्र (वारह राजोंका समूह) । गोल । कृत्रिमरेखारचित पदार्थ । कईएक रेखाओंसे रचा-हुआ एक पदार्थ । जैसे ग्रहमण्डल । सर्वतोभद्रमण्डल इत्यादि । कुत्ता । और सांप (पु०).

मण्डलनृत्य, (न०) मण्डलाकारेण नृत्यं । चक्र वांधकर नाचना.

मण्डलवर्ष, (पु०) (मण्डले वर्षति) राजाके सम्पूर्णराज्यमें मेघ (बादल) का वर्सना । अंमबरसात काल । साधार वृष्टि । सब जगह वर्षाका होना.

मण्डलाधीश, (पु०) मण्डलस्य (देशविशेषस्य) अधीशः । खास देशका मालिक । मण्डलेश्वर । चारसौ योजन (१६०० सौ कोस) तक देशका अधिप (स्वामी).

मण्डलिन्, (पु०) मण्डलं (कुण्डलनं) अस्ति अस्य । इनि । कुण्डलवाला । सर्प । सांप । बिडाल । बिल्ला । बडका वृक्ष.

मण्डित, (त्रि०) मडि+क्त । भूषित । सजाहुआ । अलंकृत.

मण्डूक, (पु०) मण्डयतिं वर्षासमयम्। जो बर्सातको सजा देता है। मडि+ऊक्। मेक। मेंडक। एक मुनि.

मण्डूर, (न०) मडि+ऊरच्। लौहमल। लोहेकी मैल.

मत, (त्रि०)। मन्+क्त। सम्मत। मानागया। अभिप्रेत। चाहागया। ज्ञात। जानाहुआ। और अर्चित। पूजागया। "भावे क्त" सम्मति। माना। अभिप्राय। आशय। मतलब। ज्ञान। जानना। और अर्चा। पूजा (न०).

मतङ्ग, (पु०) माद्यति अनेन। मद्+अङ्गच्। "द" को "त" होता है। मेघ। बादल (जिस्से खुश होता है)। एक मुनि.

मतङ्गज, (पु०) मतङ्गात् ऋषेर्जातः। जन्+ड। मतंग ऋषिसे उत्पन्न हुआ। गज। हाथी.

मतल्लिका, (स्त्री०) मतं (मतिं) अलति (भूषयति) ण्वुल्। पृ०। प्रशस्त (बहुत अच्छा)। भला। उमदह.

मति, (स्त्री०) मन+भावे.क्तिन्। ज्ञान। जानना। इच्छा। चाह। औ स्मृति। याद करना.

मतिपूर्व पूर्वकं, (अव्य०) मतिपूर्वं यस्मिन् यथा तथा। बुद्धिपूर्वक। संकल्पसे। इरादातन। सावधानीसे। पूरी मर्जीसे। इच्छासे.

मतिप्रकर्ष, (पु०) मत्याः प्रकर्षः। बुद्धिकी उत्कृष्टता। बडी अकील.

मतिभ्रम, (पु०) मतेर्भ्रमः (अयथार्थविषयत्वेन भ्रमणम्)। बुद्धिका घूमना (झूठे पदार्थकी ओर जानेसे घूमना).

मतिविभ्रम, (पु०) मतिं (बुद्धिं) विभ्रमयति। वि+भ्रम्-णिच्+अण्। बुद्धिको घुमादेता है। उन्माद रोग। पागलपनेकी बीमारी.

मत्क, (पु०) मद्+क्विप् स्वार्थे कन्। मत्कुण। खटमल। मम इदम् कन्। मत्सम्बन्धी। मेरा। "नैतन्मतं मत्कं" इति भट्टिः.

मत्कुण, (पु०) मद्+क्विप्। कुणयति। कुण्+अच्। कर्म०। कीटभेद। एक कीडा। खटमल.

मत्कुणारि, (पु०) ६ त०। (विजया) भांग। इसके सम्बन्धसे खटमलका नाश हो जाता है.

मत्त, (पु०) मद्+क्त। दुर्मदगज। बदमस्त हाथी। क्षीव। मदयुक्त। मतवारा और हृष्ट (प्रसन्न) (त्रि०).

मत्तकाशि(सि)नी, (स्त्री०) मत्तेव (क्षीबेव) काशते-कसति-गच्छति वा णिनि। पृ० ह्रस्वः। जो मस्त होकर चमकती है। उत्तमयोषिता। अच्छी औरत। मस्त औरत। हरएक स्त्री.

मत्तगामिनी, (स्त्री०) मत्तं गच्छति। मत्त (मस्त) चालवाली स्त्री०

मत्तदन्तिन्, (पु०) मत्तः दन्ती। मस्तहाथी.

मत्तमयूर, (पु०) मत्तो मयूरो यस्मात्। जिस्से मोर मस्त हो जाता है। मेघ। बादल। एक प्रकारका छंद.

मत्तवारण, (पु०) कर्म०। मत्तहस्ती। मस्तहाथी। "मत्तं वारयति"। वृ+णिच्+ल्यु। प्रसादवरण्ड (महलकी चोटीका कमरा) वरांडा (न० पु०).

मत्रि, गुप्तभाषण। छिपकर बोलना। चु० आ० सक० सेट् इदित्। मन्त्रयते। अममन्त्रत.

मत्सर, (पु०) मद्+सरन्। अन्यशुभद्वेष। दूसरेकी भलाईसे वैर करना। परसम्पत्त्यसहन। दूसरेकी संपदाको न सहारना। हसद। क्रोध। गुस्सह। उसवाला। और कृपण (सूम) (त्रि०)। मक्षिका। मक्खी (स्त्री०).

मत्स्य, (पु०) मद्+स्यन्। जलजन्तुविशेष। पानीक जीव। मच्छी। स्त्रियां ङीप् "मत्सी".

मत्स्यधानी, (स्त्री०) मत्स्या धीयन्ते अस्यां। धा+ल्युट् ङीप्। जिसमें मच्छियें रक्खी जाती हैं। एक पात्र। जिस्में मच्छियें रक्खी जाती हैं.

मत्स्यण्डी, (स्त्री०) मन्दं स्यन्दते। अच्। पृ०। खण्डक विकार। मिसरी। "स्वार्थे कन्".

मत्स्यरङ्ग, (पु०) मत्स्येन रजति। रञ्ज्+कर्तरि संज्ञायां घञ्। (मछरङ्गा) एक प्रकारका पक्षी। "किंगफिशर".

मत्स्यराज, (पु०) मत्स्यानां राजा+टच्-अ। मच्छिओंका राजा। रोहित नाम मच्छ.

मत्स्यवेधन, (न०) मत्स्यो विध्यतेऽनेन। विध+ल्युट्। जिस्से मच्छीको वेधन कर्ते हैं। बडिश। कुंडी। मद्गु नामी पक्षी (पानकौडी) (पु०).

मत्स्योदरी, (स्त्री०) मत्स्यगंधयुक्तं उदरं अस्याः। जिसका पेट मच्छीके गंधवाला है। व्यासदेवकी मात (मां)। मत्स्यगंधा। काशीमें एक तीर्थ.

मथ्, विलोडन-विलोना। भ्वा० पर० सक० सेट्। मथते.

मथ्, वध-मारना। सक०। क्लेश-दुःख देना। अक० भ्वा० पर० सेट्। इदित्। मन्थति। अमन्थीत्.

मथन, (न०) मथ्+ल्युट्। वध। मारना। क्लेश। दुःख देना। विलोडन। विलोना। "क्षीरोदमथनोद्भूतं" पुराणम्.

मथित, (त्रि०) पीडित। निकालागया। हत। मारागया। मथ+क्त। निर्जलतक्र (पानीके बिना छाछ) (न०).

मथुरा, (स्त्री०) मथ्+उरच्। अपने नामसे प्रसिद्ध नगरी.

मथुरेशः-नाथः, (पु०) मथुरायाः ईशः। मथुराका स्वामी। श्रीकृष्ण.

मद्, हर्ष। खुश होना। दिवा० पर० अक० सेट्। माद्यति। अमदत्-अमादीत्। अमदीत्.

मद, गर्व-अहंकार करना। और दीन होना। भ्वा० पर० अक० सेट्। मदति। अमादीत्-अमदीत्.

मद, (पु०) मद्+अच् । हस्तिगण्डजल । हाथीकी गालका पानी (मस्ती) । आमोद । खुश । अहंकार । वीर्य । मृगमद । कस्तूरी । मत्तता वा मस्ती । कल्याण करनेहारा पदार्थ.

मदकट, (पु०) मदेन कटति । कट्+अच् । खण्ड । खांड । चीनी । "मदोत्कट".

मदकल, (पु०) मदेन कलति । कल्+अच् । मत्तहस्ती । मस्तहाथी । मदोत्कट । वहुत मस्त । और अव्यक्त (नामालूम) शब्द करनेवाला (त्रि०).

मदगन्ध, (पु०) मदस्य (हस्तिदानस्य) इव गन्धः अस्य । हाथीके मदके समान जिसका गंध है । सप्तच्छद वृक्ष । मदिरा (शराव) (स्त्री०).

मदज्वर, (पु०) मदेन जातः ज्वरः । अहंकारसे उपजा ज्वर (बुखार) । वडा अभिमान.

मदद्विप, (पु०) मदप्रधानः द्विपः । बडी मस्तीवाला हाथी । खूनी हाथी । डरावना हाथी.

मदन, (पु०) माद्यति अनेन । मद्+करणे ल्युट् । जिस्से मस्त होता वा खुश होता है । कामदेव । शठबतका देवता । वसन्त । मौसम । एक वृक्ष । सुरा (शराव) (स्त्री०).

मदनचतुर्दशी, (स्त्री०) मदनस्य (तदुपासनार्था) चतुर्दशी । कामदेवकी उपासना करनेकी चतुर्दशी (चेतकी शुक्लचतुर्दशी).

मदनमोहन, (पु०) मदनं अपि मोहयति । मुह्+णिच्+ल्यु । कामदेवको भी मोह लेता है । श्रीकृष्णदेव.

मदनलेख, (पु०) मदनस्य लेखः । कामदेवका पत्र । प्रेमपत्र.

मदनवश, (त्रि०) मदनस्य वशः वशीभूतः । कामदेवके वश (आधीन-काबू) में होगया.

मदनसदन, (न०) ६ त० । कामदेवका घर । स्त्रीका चिह्नविशेष । भग । (ज्योतिषमें) लग्नसे सातवां स्थान.

मदनान्तक, अरिः, दमनः, दहनः, नाशनः-रिपुः (पु०) मदनस्य अन्तकः । कामदेवका नाश करनेवाला । शिवजी.

मदनावस्था, (स्त्री०) मदनकृतावस्था । कामदेवसे कीगई दशा । कामिओंकी कामदेवसे कीगई उन्माद (पागल होना) आदि दशा (कामदेवकी दस दशा हैं । १० वीं मौत).

मदनोत्सव, (पु०) मदनस्य उत्सवः । कामदेवका उत्सव (खुशी-मेला) । वसन्त (बहार) का उत्सव जो कामदेवकी प्रतिष्ठाके लिये कियाजाताहै.

मदयित्नु, (पु०) मद्+णिच्+इत्नुच् । कामदेव । मेघ (वादल) । शौण्डिक (शराव वेचनेवाला-कलाल) । शराब (न०) । मादक (मस्त करनेहारा) (त्रि०).

मदलेखा, (स्त्री०) मदस्य लेखा । हाथीके मस्तकपर उठी मस्तीकी रेखा.

मदविह्वल, (त्रि०) मदेन विह्वलः । अहंकारसे विक्षिप्त (पागल-व्याकुल) होगया । मद (नशे) से मुग्ध होगया.

मदात्यय, (पु०) मदस्य अत्ययः । मदकी अधिकता (जियादती) अधिक मद्य (शराव) पीनेसे शिरःपीडा (सिरदर्द) शर्दीका होजाना.

मदान्ध, (त्रि०) मदेन अन्धः । मदसे अंधा होगया (कुछ नहीं ज्ञाता) । वडा भारी नशा पी लेना.

मदालापिन्, (पु०) मदेन आलपति । आ+लप्+णिनि । मस्तीसे वोलती है । कोकिल । कोइल.

मदिरा, (स्त्री०) मद्+किरन् । मद्यसामान्य । हरएक तरहकी शराव । (ये "माध्वीक" आदि भेदसे वारह प्रकारकी होती है) । और मत्त खञ्जन । ममोला । रक्त खदिर (लाल खैर) (पु०).

मदोत्कट, (पु०) मदेन (दानवारिणा) उत्कटः (उद्भूतः) । मस्तीसे जोरमें आयाहुआ । मत्तगज । मस्तहाथी । मदिरा (शराब) (स्त्री०) । मदोद्धत । मस्त (त्रि०).

मदोदग्र, (पु०) मदेन उदग्रः (उग्रः) । मत्त । मस्त । -ग्रा । नारी (स्त्री०).

मदोद्धत, (त्रि०) मदेन उद्धतः । मदसे जोरावर । मत्त । मस्त.

मद्गु, (पु०) मस्ज्+उ-पृ० धातुको "मद" का आदेश होता है । गुकुच । (पानकौडि) एक प्रकारका पक्षी । एक प्रकारका सांप । एक जंगली पशु । नौका । बेडी । नाव । वर्णसंकर । दोगला । वगुला । वक.

मद्गुर, (पु०) मद्+उरच्-गुकुच । (मगर) एक प्रकारका मच्छ.

मद्य, (न०) माद्यति अनेन । करणे यत् । जिस्से मस्त वा खुश होता है । मदिरा । शराब (दस प्रकारका है).

मद्र, (पु०) मद्+रक् । देशविशेष । मारवाडका मुल्क । हर्ष.

मधु, (न०) मन्+उ । "न" को "ध" होता है । मद्य (शराव) । क्षौद्र । शहत (मक्खीओंसे वनायाहुआ) । फूलका रस । जल (पानी) । और मधुर रस (मीठा पानी रस) । विष्णुके कानसे उत्पन्नहुआ एक दैत्य । कुम्भीनसी राक्षसीका भर्ता एक दैत्य । वसन्त ऋतु) चेतका महीना । एकवृक्ष । अशोकवृक्ष । और यष्टिमधु (मुलट्ठी) (पु०) । प्राणिओंका शुभाशुभ (भला और बुरा) कर्म (काम) (न०) । जीवन्ती (स्त्री० । "स्वार्थे कन्" मुलट्ठी (न०).

मधुकर, (पु०) मधु करोति (संचित्य निष्पादयति) कृ+अच् । शहत (छाता) बनाता है । भ्रमर । भौंरा.

मधुक्षीर, (पु०) मधु (मधुरं) क्षीरं अस्य । मीठे दूध-वाला । खजूरका दरख्त.

मधुज, (न०) मधुनो जायते । जन्+ड । शहतसे उपजता है । सिक्थक (मोम) । मधुदैत्य । मेदसे उपजी भूमि (स्त्री०).

मधुजित्, (पु०) मधुनामासुरं जितवान् । जि+भूते क्विप् । जिसने मधु नामी दैत्यको जीतलिया । विष्णु.

मधुत्रय, (न०) मधूनां (मधुराणां) त्रयं । तीन मीठे । शहत, घृत (घी) और मिसरी.

मधुप, (पु०) मधु पिवति । पा+क । शहत (रस) पीता है । भ्रमर (भौंरा) । शहत पीनेवाला (त्रि०).

मधुपर्क, (न०) पृच्+घञ् । मधुनः पर्को योगो यत्र । जिसमें शहतका मेल हो । कांसीके पात्रमें रक्खाहुआ दही जिसमें शहत मिलाहो और ऊपरसे कांसीके पात्रसे ढकाहो । दही, घी, पानी, शहत और मिसरी ये ५ चीजें.

मधुपुरी, (स्त्री०) मधोर्दैत्यस्य पुरी । मधु नामी दैत्यकी पुरी । मथुरा.

मधुमक्षिका, (स्त्री०) मधुसञ्चायिका मक्षिका । शहत इकट्ठा करनेवाली मक्खी । शहतकी माखी । एक प्रकारका कीडा.

मधुमत्, (त्रि०) मधुः (मधुरसः) अस्ति अस्य+मतुप् । मीठे रसवाला । माधुर्यवान् । एकनदी । योगशास्त्रमें प्रसिद्ध योगिओंकी एक प्रकारकी चित्तकी वृत्ति । वेदमें प्रसिद्ध "मधुवाता" इत्यादि तीन ऋचा । तन्त्रमें एक देवी (स्त्री०).

मधुयष्टि, (स्त्री०) मधुरा यष्टिः (काण्डं) । मीठी छडी । मुलही । गन्ना.

मधुर, (पु०) मधु (माधुर्य) राति । रा+क । अस्ति अर्थे "र" वा । गुड आदिका मीठा रस । (मीठे रस-वाला) । इक्षु (गन्ना) आदि । मनोहर (खूब सूरत) । और प्रिय (पियारा) (त्रि०) । लाल गन्ना । गुड । शालि (धान) । और जीरा (पु०).

मधुरस, (पु०) मधुन इव रसो यस्य । शहतके समान जिसका रस है । इक्षु । गन्ना । और जल (पानी) । मूर्वा । दुग्धिका । गम्भारी (स्त्री०).

मधुरस्रवा, (स्त्री०) मधुरं स्रवति । स्रु+अच् । मीठेको वहाती है । पिण्डखर्जूर । पिण्डखजूर.

मधुलिह्, (पु०) मधु लेढि (आस्वादयति) । लिह्+क्विप् । शहतको चाटता है । भ्रमर । भौंरा । "णिनि" मधुलेही.

मधुवन, (न०) मधुदैत्याधिष्ठितं वनं । वह वन जहां "मधु" दैत्य निवास कर्ता है । मथुरा क्षेत्रमें एक वन है । किष्किंधा नगरीमें बहुत मधुवाला एक वन.

मधुवीज, (पु०) मधु (मधुरं) बीजं यस्य । मीठे बीज-वाला दाडिम । अनार.

मधुवार, (पु०) मधुनो मद्यस्य वारः (क्रमः) वार २ मद्यका पीना । शराबकी वारी.

मधुशेष, (पु० न०) मधुनः शेषः (उच्छिष्टम्) । शहतका वाकी (जूठा) । सिक्थक । मोम.

मधुसख, (पु०) मधोर्वसन्तस्य सखा (सहचरः)+अच् स० । वसन्तका मित्र कामदेव । "मधुसारथि".

मधुसूदन, (पु०) मधुं (तन्नामासुरं) सूदयति । मधु (जीवानां शुभाशुभकर्म, ज्ञानदानेन) सूदयति वा । सूद्+ल्युट् । मधुनामी दैत्यको नाश कर्ता है । अथवा जीवोंके भले और बुरे कर्मको ज्ञान देकर काट देता है । श्रीकृष्ण । "मधु" माध्वीकं सूदयति भक्षयति । जो शहतके रसको पीता है । भ्रमर । भौंरा । "मधु इव सूद्यते (भक्ष्यते) ल्युट् ङीप्" मधूकी नाईं खायाजाता है । पालङ्गी शाक.

मधुस्वर, (पु०) मधुः (मधुरः) स्वरः अस्य । मीठी आवाज है जिसकी । कोकिल । कोइल । मीठी आवाज-(स्वर) वाला (त्रि०).

मधुहन्, (पु०) मधुनामासुरं-कर्मफलं वा ज्ञानद्वारा हन्ति । हन्+क्विप् । मधुनामी दैत्य वा ज्ञानसे कर्मके फलको नाश कर्ता है । विष्णु । नारायण.

मधूच्छिष्ट, (न०) मधुनः उच्छिष्टं (अवशिष्टं) । शहतका वाकी । मोम । सिक्थक । "मधूज्झित" इसी अर्थमें.

मधूपघ्न, (पु० न०) मधुदैत्यस्य उपघ्नं (आश्रयः) । मधुदैत्यका आश्रय (रहनेका स्थान) मथुरा पुरी । मथुरा नगर.

मध्य, (पु०) मन्+यक् "न" को "ध" होता है । बीच । बीचका । बीचका कद । (शरीरका) कमर । बीचका हिस्सा । शरीरका बीच (लंक) । पेट (उदर) । किसी वस्तुका बीच वा बीचका भाग । बीचकी अंगुली । नाच (नृत्य) आदि मन्दत्व और शीघ्रत्व भिन्न व्यापार । पूर्व और पश्चिमकी सीमाका बीच । परार्ध संख्यासे छोटी संख्या । ज्योतिषमें ग्रहकी गतिविशेष (स्त्री०) । उस गतिवाला ग्रह (पु०) । न्याय्य (इन्साफसे भराहुआ) । और बीचमें पडाहुआ (मुन्सिफ-अन्तर्वर्ती) (त्रि०).

मध्यगन्ध, (पु०) मध्ये (फलमध्ये) गन्धो यस्य । फलके बीचमें जिसका गंध है । आम्रवृक्ष । आमका दरख्त.

मध्यतस्, (न०) मध्य+तसिल् । प्रथमा, पञ्चमी और सप्तमीके अर्थमें वर्तमान मध्यशब्दका अर्थ । बीच, बीचसें और बीचमें.

मध्यदेश, (पु०) कर्म० । किसी चीजका बीचका भाग । कमर । हिमालय और विन्ध्य पर्वतका बीच, कुरुक्षेत्र (विनशन) से पहिले और प्रयाग (अलाहाबाद) के पश्चिमकी ओर "मध्यदेश" कहा है । एक देश.

मध्यन्दिन, (न०) मध्यं दिनस्य । अलुक् समा० । दिनका बीच । मध्याह्न (दुपहिर).

मध्यम, (त्रि०) मध्ये भवः । म । मध्यभव । बीचमें हुआ । बीचका । बिचला । सात स्वरोंमें पांचवां स्वर (सुर) (पु०)

मध्यमपदलोपिन्, (पुं०) मध्यमपदस्य लोपः अस्ति अस्य+इनि । जिसके बीचमें आये पदका लोप होता है । व्याकरणमें प्रसिद्ध "शाकपार्थिव" (शाकप्रियः पार्थिवः) आदि समास विशेष.

मध्यमपाण्डव, (पु०) कर्म० (पहिले और पिछले दोनों-के बीचमें होनेसे) अर्जुन । बिचला पाण्डुका पुत्र.

मध्यमभृतक, (पु०) कर्म० । "मध्यमस्तु कृषीवलः" खेती करनेवाला नौकर । किसान.

मध्यमलोक, (पु०) कर्म० । पृथिवी । (यह पाताल और स्वर्गलोकके बीचमें है) । "मध्यमलोकपालः" इति रघुः । बीचका लोक.

मध्यमवयस्क, (त्रि०) मध्यमवयः यस्य । मध्यम (बीचकी) आयु (उमर)वाला । मझली (जवानी) अवस्थावाला.

मध्यमसंग्रह, (पु०) कर्म । दूसरेकी स्त्रीको सुगन्धिवाली माला, भूषण और वस्त्र भेजन एवं खाने पीनेकी चीजोंसें लोभ दिखाना । मध्यम (स्त्रीका पकडनारूप) विवाद.

मध्यमसाहस, (पु०) कर्म० । बिचला साहस (दिलेरी । बिना सोचे काम करना) । दूसरेके कपडें आदिको फाडना । फेंकना आदि । जोरसे कोई काम करना । पांच पणका दण्ड (सजा) विशेष (पु०).

मध्यमा, (स्त्री०) मध्य+म । दृष्टरजस्का नारी । वह स्त्री कि जिसे महीनेका ऋतु (रज-फूल) आचुका हो । बीचकी अंगुली । कमल आदिकी कर्णिका (डण्डी) । हृदयमें उत्पन्न हुई वैखरी आदिमें एकप्रकारकी वाणी । एक प्रकारकी स्त्री (औरत) । नायिकाविशेष.

मध्यमाहरण, (न०) बीजगणितमें प्रसिद्ध अव्यक्त (नामालूम) मान (माप)को जतानेहारी गणना । (गिनती).

मध्यरात्र, (पु०) मध्यं रात्रेः । एकदेशि स० अच् समा० । रातका बीच । निशीथ । अर्धरात्र । आधीरात.

मध्यवर्तिन्, (त्रि०) मध्ये वर्तते । वृत्+णिनि । बीचमें रहता है । वादिप्रतिवादी वा और किसी दोनोंके पक्ष प्रतिपक्षके विषयको विचार कर तत्त्वका निर्णय (फैसला) करनेहारा । अपने अर्थको न बिगाड कर दूसरेके अर्थको सम्पादन करनेहारा । कामको पूरा करनेवाला (मध्यस्थ) । बीचमें पडा । मुन्सिफ.

मध्यस्थ, (पु०) मध्ये तिष्ठति । स्था+क । बीचमें रहता है । मध्यवर्ती । उदासीन । "माध्यस्थ्यमिष्टेऽप्यवलम्बतेऽर्थे" कुमारः.

मध्या, (स्त्री०) स्त्रियां टाप् । तीन अक्षरोंके पादवाला एक छन्द । नायिकाविशेष । मध्यमा अंगुली । बीचकी अंगुल.

मध्याह्न, (पुं०) मध्यं अह्नः । एक० स० टच् समा० । अह्नांदेश । तीन भागमें बाँटेगये दिनका दूसरा भाग । पांच भागमें बांटेहुए दिनका तीसरा भाग (हिस्सह) । दुपहिर । कुतुपकाल.

मध्वासव, (पु०) मधुना (पुष्परसेन) कृत आसवः । मधु (दाख) वृक्षके फूलोंके रससे बनाहुआ मद्य । (शराब).

मन्, पूजा करना । सक० । अहंकार करना-अक० भ्वा० पर० सेट् । मनति.

मन्, अहंकार करना । अक० चु० आ० सेट् । मनायते । अमीमनत.

मन्, बोध-जानना । तना० आ० सक० सेट् । मनुते । अमनिष्ट.

मन्, जानना-दिवा० आ० सक० अनिट् । मन्यते । अमंस्त.

मनःपति, (पु०) मनसः पतिः । मनका स्वामी (मालिक) । विष्णूका नाम.

मनःपूत, (त्रि०) मनसा पूतः । मनसें पवित्र किया हुआ । मनसे शुद्ध चिन्तन कियागया । हृदयसे मानागया.

मनःशिला, (स्त्री०) मनःशब्दवाच्या शिला । मंछल । लाल रंगका एक प्रकारका धातु (गेरी) । "मनःशिलाविच्छुरिता निषेदुः" इति कुमारः । (पुं०) भी.

मनस्, (न०) मन्यते अनेन । मन्+असि । मानता है इस्से । सर्वेन्द्रियप्रवर्तक अन्तरिन्द्रिय । सब इन्द्रियोंके चलानेवाला भीतरका इन्द्रिय । (वह वेदान्तमतमें संकल्पविकल्पस्वरूप वृत्तिवाला अंतःकरण-सुख और दुःखका आधार; न्यायमतमें वह ज्ञानका साधन है) । मनःशिला । मंछल.

मनसा, (स्त्री०) मननं मनं स्यति । सो+क । आस्तीकमुनिकी माता । वासुकीकी भगिनी (बहिन) । जरत्कारूकी पत्नी.

मनसिज, (पु॰) मनसि जायते । जन्+ड । सप्तमीका विकल्पसे अलुक् । मनमें उपजता है । कामदेव । "मनोज" यही अर्थ है.

मनसिशय, (पु॰) मनसि शेते । अच् वा अलुक् । मनमें सोता है । कामदेव । "मनःशय" यही अर्थ होता है.

मनःसृष्टि, (स्त्री॰) मनसः सृष्टिः । मनकी रचना (दुनिआं) । मनके पुलाव.

मनस्कार, (पु॰) कृ+घञ् । मनसः कारो व्यापारभेदः । चित्तका सुखमें तत्पर होना । दिलका सुख चाहना.

मनस्ताप, (पु॰) मनसस्तापः (अनुतापः) । मनका तपना । मनकी पीडा.

मनस्विन्, (त्रि॰) प्रशस्तं मनः अस्ति अस्य । अच्छा मन है इसका । प्रशस्तमनस्क । अच्छे मनवाला । "विनि" दाना । पण्डित । वडे दिलवाला । और पक्के चित्तवाला "संरमनामी पशु" (पु॰) । "स्त्रीलिङ्गमें ङीप् होता है" वडे दिलवाली अथवा मगरूर (अहंकार करनेवाली) औरत । दाना अथवा धर्मात्मा स्त्री । दुर्गाका नाम । चांदकी मा.

मनाक्, (अव्य॰) ईषत् (थोडा) । मन्द (धीरे) । थोडासा.

मनावी, (स्त्री॰) मनोः पत्नी । वा ङीप्-औङ् च । मनुकी स्त्री.

मनित, (त्रि॰) भ्वा॰ मन्+क्त । ज्ञात । जानाहुआ.

मनीषा, (स्त्री॰) ईष्+अङ् । मनस ईषा । शक॰ । वुद्धि । अकिल । इच्छा । चाह । समझ । खयाल । (वेदमें) सूक्त (गीत).

मनीषिन्, (पु॰) मनीषा अस्ति अस्य+इनि । मनीषावाला । पण्डित । वुद्धियुक्त । अकिलवाला (त्रि॰).

मनु, (स्त्री॰) मन्+उ । मनुकी स्त्री । एक प्रजापति । धर्मशास्त्रके वनानेवाला । और स्वयम्भु (ब्रह्मा) से उत्पन्न हुआ मुनि (पु॰).

मनुज, (पु॰) मनोः (स्वायम्भुवात्) जायते । जन्+ड । मनुसे हुआ । मनुष्य.

मनुष्य, (पु॰) मनोरपत्यं । यक्-सुक् च । मनुकी संतान । मानव । मनुष्यकी जाति । स्त्रियां जातौ ङीप्.

मनुष्यधर्मन्, (पु॰) मनुष्यस्य इव धर्मो यस्य (नरवाहनत्वात्) । अनिच् समा॰ । नरवाहन (मनुष्योंपर चढनेहारा) होनेसे मनुष्यके समान है धर्म जिसका । कुबेर । धनका राजा.

मनोगत, (त्रि॰) मनः गतं । मनमें गया हुआ । मनमें रहनेवाला । मनका । हृदयमें छिपा हुआ । भीतरका । गुप्त । छिपा हुआ.

मनोग्राहिन्, (त्रि॰) मनः गृह्णाति । मनको पकडनेवाला । आकर्षण करनेवाला.

मनोजव, (त्रि॰) जू+अच् । मनोजवं वेगवत् नमनाय यस्मिन् । पितृतुल्य । पिताके समान । "मनस इव जवो यस्य" मनके समान है वेग जिसका । बडे वेगवाला । (त्रि॰) आगकी जीभ (स्त्री॰).

मनोजवृद्धि, (पु॰) मनोजस्य (कामस्य) वृद्धिर्यस्मात् ५ ब॰ । कामदेवकी वृद्धि (वढती) होती है जिस्से । कामवृद्धिवृक्ष.

मनोज्ञ, (त्रि॰) मनो जानाति (ज्ञापयति) वोधनाय प्रवणीकरोति अन्तर्भावितण्यर्थे ज्ञा+क । मनको जताता है वा समझनेको झुकाता है । मनोहर । मनको खेंचनेवाला । सुन्दर । मनःशिला । मदिरा (स्त्री॰).

मनोभव, (पु॰) मनसि भवति । भू+अच् । मनमें होता हैं । कामदेव । "मनोज" "मनोभू" इत्यादि—यही अर्थ.

मनोरथ, (पु॰) मन एव रथः अत्र । मनसो रथ इव वा । मनही है रथ यहां । मनका मानों रथ है । इच्छा । ख्वाहिश.

मनोरम, (त्रि॰) मनो रमयति । रम्+णिच् । अच्-उप॰ मनको प्रसन्न कर्ता है । मनोहर । सुन्दर । गोरोचना । (स्त्री॰).

मनोहर, (त्रि॰) मनो हरति (स्वदर्शनाय) हृ+अच् । अपने देखनेके लिये मनको खेंचता है । रुचिर । सुन्दर । मनोहर । कुंदका वृक्ष (पु॰) । सोना (न॰).

मन्ज, मार्जन-पोंछना । सक॰ । ध्वनि-शब्द करना-अक॰ भ्वा॰ पर॰. सेट् । मज्जति । अमञ्जीत्.

मन्तु, (पु॰) मन्+कु-तुट् च । अपराध । कसूर । मनुष्य आदमी । और प्रजापति (प्रजाका मालिक).

मन्त्र, (पु॰) मन्त्रि+अच् । गुप्तभाषण । छिपाहुआ वोलना । सलाह । देवता आदिको सिद्ध करनेके लिये तन्त्र आदिमें कहाहुआ शब्दविशेष । वेदका हिस्सह.

मन्त्रकुशल, (त्रि॰) मन्त्रे कुशलः । उपदेश (सला) देनेमें चतुर (सिआना).

मन्त्रजिह्व, (पु॰) मन्त्र एव जिह्वा (आस्वादनसाधनं) यस्य । मन्त्रही है जीभ (स्वाद लेनेका साधन) जिसकी । अग्नि (आग) । (मन्त्रसे दियेहुए हविको लेता है).

मन्त्रज्ञ, (त्रि॰) मन्त्रं जानाति+ज्ञा+क-अ । मन्त्रको जाननेहारा । श्रुतिका ज्ञाता । उपदेश देनेवाला । नेक सलाहदेनेवाला.

मन्त्रणं-णा, (न॰ स्त्री॰) मन्त्र+ल्युट् । अन विचार । सला । उपदेश.

मन्त्रदर्शिन्, (त्रि॰) मन्त्रं पश्यति । वेदके सूक्तों (गीतों)-को देखनेवाला । वेदको भली भान्ति जाननेहारा ब्राह्मण.

मन्त्रदातृ, (पु०) दा+तृच् । ६ त० मन्त्रके देनेहारा । उपदेशका गुरु.

मन्त्रदेवता, (स्त्री०) मन्त्रस्य देवता । मन्त्रका देवता । मन्त्रमें बुलाया गया देवता.

मन्त्रमूर्ति, (पु०) मन्त्रः मूर्तिरस्य । मन्त्रस्वरूप मूर्तिवाला । शंकर.

मन्त्रवादिन्, (त्रि०) मन्त्रं वदति । पवित्र मन्त्रोंका पाठ करनेवाला.

मन्त्रविद्या, (स्त्री०) मन्त्राणां विद्या । मन्त्रों (जादु) की विद्या (दल्प).

मन्त्रसिद्धि, (स्त्री०) मन्त्रस्य सिद्धिः । मन्त्र (जादु) की सिद्धि (सफलता).

मन्त्रहीन, (त्रि०) मन्त्रेण हीनः । मन्त्ररहित । वेदके न जाननेहारा.

मन्त्राराधन, (न०) (मन्त्रस्य आराधनं) किसी कठिन वस्तुको पानेके लिये मन्त्रकी सेवा (जपना).

मन्त्रिन्, (पु०) मन्त्रयते+णिनि । जिसके साथ एकान्तमें कर्तव्यका विचार कियाजाता है । अमात्य । वजीर.

मन्त्रोदक, (न०) मन्त्रस्य उदकं । मन्त्रसे पवित्र किया हुआ जल । अभिमन्त्रित जल.

मन्थ्, विलोड-विलोना-रिडकना । क्र्या० पर० द्विक० सेट् । मथ्नाति । अमन्थीत् । मथित । मथ्यते.

मन्थ, (पु०) मन्थ+करणे घञ् । मन्थनदण्ड । मथानी । मथानी । पीनेकी एक विशेष वस्तु । सूर्य । आकका वृक्ष । आंखकी मैल । और किरण । "भावे घञ्" आलोडन । विलोना.

मन्थज, (न०) मन्थात् (दधिमन्थनात्) जायते । जन्+ड । दही विलोनेसे उपजता है । नवनीत । मक्खन । माखन.

मन्थन, (पु०) मथ्यते अनेन । करणे ल्युट् । मन्थानदण्ड । विलोनेका डंडा । मंथानी । "भावे ल्युट्" विलोना । रिडकना.

मन्थर, (त्रि०) मन्थ्+अरच् । धीमा । मन्द । मूर्ख । सुस्त । बेवकूफ । झुकाहुआ । टेढा । मुडाहुआ और जतलानेवाला । कोष (खजाना) । सिरका बाल । कोप (गुस्सा) । ताजा मक्खन । मथानी । विघ्न (रुकावट) । और फल । (पु०) । -रा । कैकयीकी दासी (स्त्री०).

मन्थरु, (पु०) मन्थ्+अरु । चामरवायु । चौरीकी हवा.

मन्थशैल, (पु०) ६ त० । रिडकनेका पहाड (समुद्रमन्थनाय मन्थनदण्डरूपेण कल्पितमन्दारपर्वतः) समुद्रको रिडकनेके लिये मथानीस्वरूपसे काममें लायागया मन्दारनामी पहाड । (जिसे १४ रत्न निकालेगयेथे).

मन्थान, (पु०) मन्थ्+आनच् । मन्थानी । रिडकनेका डण्डा । शिवजी.

मन्थिन्, मन्थ्+णिनि । विलोनेवाला । रिडकनेवाला । (वेदमें) सोमलताका रस । रिडकनेका पात्र (वर्तन).

मन्द, (त्रि०) मदि+अच् । मूर्ख । बेवकूफ । मृदु । कोमल । अभाग्य । वदकिस्मत । रोगी । बीमार । थोडा । स्वतन्त्र । खुला । और खल (नीच) । शनिग्रह । एक प्रकारका हाथी । यम । और प्रलय (पु०) । ज्योतिष्में एक प्रकारका सूर्यका संक्रमण अर्थात् एक राशिसे दूसरीमें जाना (स्त्री०).

मन्दग, (त्रि०) मन्दं गच्छति । गम्+ड । धीरे जाता है मृदुगामी । धीरे चलनेहारा । सुस्त । बेवकूफ । (ज्ञानी पुरुष, बैल, हाथी, हंस, ये सब स्वभावसे मन्दगति धीरे चलनेवाले होते हैं) सुन्दर स्त्रियें भी । णिनि "मन्दगामी" (त्रि०) यही अर्थ है । स्त्रियां ङीप् "मन्दगामिनी".

मन्दता, (स्त्री०) मन्दस्य भावः+तल् । मन्दपना । आलस्य । जाड्य । बेवकूफी । और मन्दहोना.

मन्दधी, प्रज्ञा, बुद्धि मति, मेधस् (त्रि०) मन्दा धीः यस्य । थोडी (मूर्ख) बुद्धिवाला । कम अकिलवाला । जडबुद्धिवाला.

मन्दभाग्य, (त्रि०) मन्दं भाग्यं यस्य । मन्द (बुरे) भाग्य (किस्मत) वाला । दुर्भग.

मन्दर, (पु०) मदि+अरन् । समुद्रको रिडकनेका साधन । एक पहाड । मन्दारवृक्ष । स्वर्ग । एक प्रकारका हार । और दर्पण (शीशा आईना) । बहुत । और मन्द (त्रि०) । "मन्दार" भी.

मन्दस्मित-हास-हास्य, (पु० न०) मन्दं स्मितं यस्य । मन्द २ (धीमे २) हसना मुस्कडाना.

मन्दाकिनी, (स्त्री०) मन्दं अकति । अक्+णिनि । स्वर्गकी गङ्गा । "स्वर्गे मन्दाकिनी तथा" इति पुराणम्.

मन्दाक्रान्ता, (स्त्री०) सप्तदशाक्षरपादकच्छन्दभेदः । १७ अक्षरके पादवाला एक छन्द.

मन्दाक्ष, (न०) मन्दं (संकुचितं) अक्षि यस्मात् । षच् समा० । जिस्से आंख सिकुडजाती है । लज्जा । शरम.

मन्दाग्नि, (पु०) मन्दः (पचने अल्पशक्तिकः) अग्निः । स यस्मात् वा । शरीरमें अन्नको न पकानेवाली आग । इसी कारणसे उत्पन्नहुआ एक रोग । बदहजमी.

मन्दानिल, (पु०) मन्दः अनिलः । धीमी २ वायु (हवा).

मन्दिर, (न०) मन्द्यतेऽत्र । मदि+किरच् । जहां हर्ष किया जाता है । घर । देवालय (देवताका घर) । पुर (शहर) । समुद्र और घुटनोंका पिच्छला हिस्सह (पु०).

मन्दुरा, (स्त्री०) मदि+उरच् । अश्वशाला । अस्तबल । तबेला । एक बाजा.

मन्दोदरी, (स्त्री०) मयदानवकन्या । मयनामी दैत्यकी लडकी । रावणमहिषी । रावणकी पटरानी । रावणकी औरत.

मन्दोष्ण, (न०) मन्दं (ईषत्) उष्णम् । थोडा गरम । शीतगरम । उसवाला (त्रि०).

मन्द्र, (पु०) मदि+रक् । एक प्रकारका बाजा । गंभीर-ध्वनि । "अच्" उसवाला (त्रि०) । गहरी आवाज-वाला.

मन्मथ, (पु०) मननं मत् । मन्+क्विप् । मथति । अच् । ६ त० । विचारका नाश करनेहारा । कंदर्प । कामदेव । कपित्थ वृक्ष.

मन्मथालय, (पु०) मन्मथस्य आलयः । कामदेवका घर । आमका वृक्ष.

मन्यु, (पु०) मन्+युच् । शोक । दीनता । कायरपना । यज्ञ । क्रोध । गुस्सह । और अहंकार.

मन्वन्तर, (न०) मनूनां अन्तरं (अवकाशः) तदुपल-क्षितकालो वा । मनुओंके राज्य करनेका समय । स्वाय-म्भुव आदि मनुओंका अधिकार और उनसे पहिचाना गया समय । सत्ययुग आदि ७१ एकहत्तर चौकडिआं । (३११४४८०००) इतने वर्षका समय.

मभ्र, गति जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मभ्रति । अ-मभ्रीत्.

मम, (अव्य) अस्मद् शब्दकी षष्ठीका एकवचन । मेरा.

ममता, (स्त्री०) मम भावः+तल् । मेरापन । अपनेका ज्ञान । स्नेह । प्यार.

मय्, गति जाना । भ्वा० आ० सक० सेट् । मयते अमयिष्ट.

मय, (पु०) मय्+अच् । उष्ट्र (ऊंट) । अश्वतर (वछेरा) । एकदैत्य.

मयु, (पु०) मि+उ । किन्नर (एक प्रकारकी देवता) । और हरिण.

मयूख, (पु०) माङ् ऊख "मय" का आदेश होता है । त्विष् । चमक । किरण । शिखा । लाट । और शोभा.

मयूर, (पु०) मी+ऊरन् । अपने नामसे प्रसिद्ध एक पक्षी । मोर । एक प्रकारका फूल । एककवि (सूर्यशतकका बना-नेवाला) । समयको मापनेका एक साधन । ताऊस.

मयूरकेतु, (पु०) मयूरः केतुः यस्य । मोरके झंडे (पताका) वाला । कार्तिकेय.

मयूरव्यंसक, (पु०) मयूरः व्यंसकः । धूर्त (खचरा) मयूर (मोर).

मयूरशिखा, (स्त्री०) मयूरस्य शिखा । मोरकी चोटी (कल्गी).

मयूरारि, (पु०) ६ त० । मोरका शत्रु । कृकलास । गिरगिट.

मरक, (पु०) मृ+वुन् । दैविक और भौतिक उपद्रवोंसे उत्पन्न हुआ प्राणिओंका विना समय मरना । मारिका-भय । ववा.

मरकत, (न०) मरकं (मारिभयं) तरति अनेन । तॄ+ ड । जिस्से मारिभय (वबा) को तरजाता है । हरे रंगकी एक मणि । पन्ना.

मरण, (न०) म्रियते अनेन । मृ+करणे ल्युट् । वत्सनाभ नामी विष (जहिर) । "भावे ल्युट्" शरीर और आत्माका अलग होना । प्राणवायुके निकलजानेका व्यापार । मरना । मौत.

मरन्द, (पु०) मरं (मरणं) द्यति (भ्रमराणां जीवन-हेतुत्वात्) । भौंरोंके जीवनका कारण होनेसे मौतको काटता है । मकरन्द । फूलोंका रस । "मरंदक" भी.

मराल, (पु०) मृ+आलच् । राजहंस । कज्जल । कारण्डव । घोडा । वादल । नीच । अनारका वन । चिक्कण (नर्म) (त्रि०).

मरीचि, (पु०) मृ+ईचि । सप्तर्षि (सात ऋषि)ओंमें-से ब्रह्माका मानसिक (मनसे उपजा) सबसे बडा पुत्र । एक मुनि और कृपण (सूम) । किरण (पु० स्त्री०).

मरीचिका, (स्त्री०) मरीचौ (सूर्यकिरणे) कं (जलं) इव यत्र भ्रान्तौ । जिस भ्रममें सूर्यकी किरणोंके बीच जलकी प्रतीति हो । सूर्यकी किरणोंमें पानीका भ्रम । मृगतृष्णा । सुराव । हरिणका लालच.

मरीचिगर्भ, (त्रि०) मरीचयः गर्भे यस्य । जिसके पेटमें आकाशकी किरणें हों । दीप्तिवाला.

मरीचिमालिन्, (त्रि०) मरीचीनां माला अस्ति अस्य+ इन् । किरणोंकी मालावाला । चमकदार । पु० सूर्य.

मरु, (पु०) मृ+उ । पर्वत (पहाड) । निर्जल देश (पानी-के विना देश) । कुरुवक वृक्ष । मारवाडका देश (मुल्क).

मरुत्, (पु०)मृ+उति । वायु (हवा) । और देवता । "स्वार्थेऽण्" "मारुत" यही अर्थ है । "मरुत्" भी "वायु" के अर्थमें है.

मरुत्त, (पु०) चन्द्रवंशका एक राजा । "संज्ञायां कन्" मरुबक.

मरुत्पथ, (पु०) ६ त० । देवताओंका मार्ग । आकाश । आस्मान.

मरुत्पाल, (पु०) मरुतो (देवान्) पालयति । पाल्+ अण् । जो देवताओंको पालता है । इन्द्र । देवताओंका राजा.

मरुत्वत्, (पु०) मरुत् (पाल्यत्वेन) अस्ति अस्य । मतुप् । "म" को "व" । जिसे देवताओंका पालन करना पडता है । इन्द्र.

मरुत्सख, (पु०) मरुतः (वायोः) सखा (टच्) । वायुका मित्र । इन्द्र । अग्नि (आग)। और चित्रक नामी दवाका वृक्ष.

मरुदान्दोल, (न०) मरुतं आन्दोलयति अनेन+करणे घञ् । हवा (वायु) को हिलाता है इस्से । व्यजन । पंखा.

मरुदिष्ट, (पु०) मरुतां (देवानां) इष्टः । देवताओंका पियारा । गुग्गुल । गुग्गुळ.

मरुभू, (पु०) ७ ब० । मरुर्भूमिर्यत्र । मारवाड देश । कर्म० । निर्जलभू । जलरहित पृथिवी.

मरुस्थल-स्थली, (न० स्त्री०) मरोः स्थलं । निर्जल-प्रदेश (जंगल) का स्थान । मारवाडकी भूमि.

मर्क्, गति । जाना । पर० सक० सेट् । मर्कति । अमर्कीत्.

मर्कट, (पु०) मर्क्+अटन् । वानर । वंदर । ऊर्णनाभ । मकडी । एक पक्षी.

मर्कटीजाल, (न०) छन्दोग्रन्थमें एक प्रस्ताव जिसमें लघु और गुरुके विचारको जाननेके लिये एक चक्र.

मर्कर, (पु०) मर्क्+अरच् । भृङ्गराज वृक्ष । भांड । बांझ औरत (स्त्री०).

मर्च्, ग्रहण (पकडना) चु० उभ० सक० सेट् । मर्चयति-ते । अममर्चत्-त.

मर्त, (पु०) मृ+तन् । मनुष्य । और पृथिवीका लोक । "वहांहुआ" यत् । "मर्त्यः" मनुष्य.

मर्दन, (न०) मृद्+ल्युट् । गात्रपादादिसंवाहन । मुट्ठी चापी करना । चूर्णन । चूरा करना । पीसना । मलना.

मर्दित, (त्रि०) चु० मृद्+क्त । चूर्णित । मलागया । पीसागया । और गुथागया.

मर्व, गति । भ्वा० पर० सक० सेट् । मर्वति । अमर्वीत्.

मर्मच्छिद्-भिद्-छेदिन्-भेदिन्, (त्रि०) मर्माणि छिनत्ति जीवनस्थान (जिगर) को काटनेवाला । जोडोंकी जगहको फाडनेवाला.

मर्मज्ञ, (त्रि०) मर्म जानाति । छिपीहुई बातको जाननेवाला । दुसरेकी निर्बल बातोंको जाननेहारा.

मर्मज्ञ, (पु०) मर्म जानाति । ज्ञा+क । तत्त्वज्ञ । छिपीहुई बातको जाननेहारा । दाना । रहस्यके जाननेहारा । "मर्मवित्" यही अर्थ.

मर्मन्, (न०) मृ+मनिन् । जीवनस्थान । जीनेकी जगह । संधिस्थान । जोडोंकी जगह । और तात्पर्य । मतलव । सार । भेद.

मर्व्, पूर्ति-भरना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मर्वति । अमर्वीत्.

मर्मर, (पु०) मृ+अरन्-मुट् च । कपडों और पत्तोंकी आवाज (खडखडाहट) । मडमड । हलदी (स्त्री०).

मर्मस्पृश्, (त्रि०) मर्म (प्राणस्थानं) स्पृशति । स्पृश्+क्विन् । जो जीवनके स्थानको छूता है । अरुन्तुद । मर्मपीडक.

मर्या, (अव्य०) म्रियते (अवशिष्यते) अत्र । मृ+यत् । सीमा । हद्द । (स्त्रीलिङ्ग भी होता है)। "कर्तरि यत्" मनुष्य (पु०).

मर्यादा, (स्त्री०) मर्यायां (सीमायां) दीयते । दा+अच् । परि आदीयते वा । परि+आ+दा+अङ् । पृ० । "प" को "म" । न्याय्यपथस्थिति । न्याययुक्त (उचित-इन्साफवाले) मार्गमें रहना । सीमा । हद्द । और कूल । तट.

मल्, धृति-पकडना-काबूकरना । भ्वा० आ० अ० सेट् । मलते । अमलिष्ट.

मल, (पु०) मृज्यते (शोध्यते) मृज+कल-टिलोपः । जो (प्रायश्चित्तद्वारा) साफ कियाजाता है । पाप (गुनाह) । पुरीष । विष्ठा (गूह)-शरीरसे साफ कियाजाता है । लोहे आदिका मल । कलंक । शरीरमें उत्पन्नहुआ पसीना और श्लेष्म (खखार) आदि । कपूर । कृपण । सूम । वात पित्त और कफ । मैल.

मलघ्न, (पु०) मलं (विष्ठां) हन्ति (रेचयति) । हन्+क । मलको खाली करनेवाला । शाल्मलीका कन्द । "मलहा" यही अर्थ.

मलद्राविन्, (पु०) मलं द्रावयति (रेचयति) । द्रु+णिच्-अण् । मलको पिघलाता है । जयपाल । जमालगोटा.

मलधारिन्, (पु०) मलं धारयति । मलको उठानेवाला । जैनमतको एक धार्मिक संन्यासी.

मलमास, (पु०) मलः (दुष्टः) मासः । मैला (खराब) महीना । सूर्यकी संक्रान्तिसे शून्य शुक्लप्रतिपदा (पडवा) से अमावास्यातक चन्द्रमासम्बन्धी महीना । अधिकमास । बढाहुआ महीना । लौंदका महीना.

मलय, (पु०) मल्+कयन् । दक्षिणमें एक पर्वत (जहां चंदन उपजता है । उस पर्वतके पासका देशविशेष । उपवन (छोटावन) । नन्दनवन । नौ द्वीपोंमेंसे एक । ऋषभदेवका एक पुत्र.

मुनिवृत्ति, (त्रि०) मुनीनां वृत्तिः यस्य । मुनिओंकी जीविका । मुनिकी भान्ति जीवनका निर्वाह करनेवाला.

मुनीन्द्र, (पु०) मुनिः इन्द्र इव । मुनि मानो इन्द्र है । बुद्धदेव । ७ त० । ऋषिश्रेष्ठ । मुनिओंमें बहुत अच्छा.

मुन्था, (स्त्री०) ताज़कमें प्रसिद्ध जन्मके वर्षसे लेकर एक २ वर्ष । लग्नसे एक २ राशिका अन्तर (फ़रक) इसी अर्थमें "मुथहा".

मुन्यन्न, (न०) मुनियोग्यं अन्नम् । मुनिओंके लायक अन्न । नीवार कन्दादि । खांकके चावल । कन्द आदि.

मुमुक्षु, (त्रि०) मोक्तुं इच्छुः । मुच्+सन्+उ । मोक्षकी इच्छावाला । जो संसारसे छूटना चाहता है । यति (पु०).

मुमूचान, (पु०) मुच्+कान-पृ० दीर्घः । मेघ (बादल).

मुमूर्षु, (त्रि०) मर्तुं इच्छुः । मृ+सन्+उ । आसन्नमरण । जो मरनेकी इच्छासे कर्ता है । जिसकी मौत नजदीक है.

मुर्, वेष्टन । घेरलेना । तु० पर० सक० सेट् । मुरति । अमोरीत्.

मुर, (पु०) मुर+क । एक दैत्य । वेष्टन । घेरना । एक गन्धद्रव्य । स्त्रियां टाप्.

मुरज, (पु०) मुरात् (वेष्टनात्) जायते । जन्+ड । घेरनेसे उपजता है । मृदंग । एक प्रकारका बाजा । कुबेरकी स्त्री । (स्त्रियां टाप्).

मुररिपु, (पु०) ६ त० । मुरदैत्यका शत्रु । विष्णु । "मुरारी" "मुरमथन".

मुरला, (स्त्री०) मुरं लाति । ला+क । नर्मदा नदी । एकबाजा । मुरली । बंसरी.

मुरलीधर, (पु०) मुरलीं धरति । धृ+अच् । श्रीकृष्ण । "मुरलीवादन".

मुर्च्छ, मोहमूर्च्छित होना । बेसुधहोना । वृद्धि-बढना । मूर्च्छति । अमूर्च्छीत् । भावे क्त । मूर्त । मूर्च्छितम्.

मुर्मुर, (पु०) मुर्+क । पृ० द्वित्वम् । तुषाग्नि । तुस (तोह)की आग । कंदर्प । कामदेव । और सूर्यका घोडा.

मुश(स)ली, (स्त्री०) मुष्-मुस् वा अलुक्-पृ० "ष" को "श" ङीप् । तालामूली, मुसलीदवाई । गृहगोधिका । छिपकली (लिन्) । बलराम (पु०).

मुष्, लुण्ठन् (लूटना) । क्र्या० पर० द्विक० सेट् । मुष्णाति । अमोषीत्.

मुष-(स-श-)ल, (पु०) मुष्+कलन् । पृ० । षस्य वा सः (शः) वा । अयोग्र । जिसके आगे लोहा लगाहुआ होता है ऐसा धान आदि कूटनेका साधन । एक पदार्थ । मोहला । मुंगली.

मुषित, (त्रि०) मुष्+क्त । अपहृतद्रव्यजन । चुराया हुआ । वह जन कि जिसकी चोरी होगई.

मुष्क, (पु०) मुष्+कक् । पुरुषका चिह्नविशेष । अंडकोष । पताल्रू । घण्टापाटलनामी वृक्ष । तस्कर । चोर । मोटा.

मुष्कशून्य, (पु०) ३ त० । वृषण (पताल्रू) से रहित । राजाओंके अंतःपुर (जनानखाने)का रखवारा । खोजा । नपुंसक.

मुष्टि, (पु० स्त्री०) मुष्+क्तिच् । बद्धपाणि । बंधाहुआ हाथ । मुक्की । पल (चार तोले)का परिमाण (माप) क्तिन् । चुराना (स्त्री०).

मुष्टामुष्टि, (अव्य०) मिथो मुष्टिप्रहारकरणम् । आपसमें मुक्कीओंसे लडना.

मुष्टिक, (पु०) मुष्ट्या कायति । कै+क । कंस राजाका एक मल्ल (पहिलवान) "मुष्टिमोषणं प्रयोजनं अस्य" कन् । चुराना जिसका मतलब है । स्वर्णकार । सुनार.

मुष्टिकान्तक, (पु०) ६ त० । बलदेव (इसका मुष्टिकदैत्यको मारनेसे ऐसा नाम है).

मुष्टिन्धय, (पु०) मुष्टिं धयति । धे+खच्-मुम् च । मुक्कीको पीता है । बालक । बच्चा.

मुष्टिबन्ध, (पु०) मुष्टेर्बन्धो यत्र । जहां मुट्ठी बांधी जाती है । संग्रह । जमा करना । ६ त० । "मुष्टिबंधन" मुट्ठिका बांधना.

मुस-(ष-श)-लिन्, (पु०) मुस (ष) (श) ल+अस्त्यर्थे इनि । बलदेव । बलराम.

मुस्त, (पु०) (स्त्री०) मुस्त+अच् । स्त्रीत्वे टाप् । मुस्तक । मोथा । तृणमूलविशेष.

मुह्, मोह-वैचित्त्य । बेसुध होना । दि० उभ० अक० सेट् । मुह्यति । अमुहत् । मोहिता । मोग्धा । मोढा.

मुहिर, (पु०) मुह्+किरच् । कामदेव । मूर्ख । बेवकूफ.

मुहुस, (अव्य०) पौनःपुन्य । वारवार.

मुहूर्त, (पु० न०) हुर्च्छ+क्त-धातुको "मुट्" का आगम होता है । बारह क्षणके मापका समय । दिलका पंद्रहवां भाग । किञ्चिन्न्यूनाधिक घटिकाद्वयरूप काल । थोडासा कम वा जियादा दोघडीका समय । लहजा । थोडासा समय । अठतालीस मिनटका वक्त । ज्योतिषी (पु०).

मू, बंध-बांधना । भ्वा० आ० सक० सेट् । मवते । अमविष्ट.

मूक, (पु०) मू+कक् । मत्स्य । मच्छी । एक दैत्य । दीन। और बोलनेकी शक्तिसे रहित । गूंगा (त्रि०).

मूढ, (त्रि०) मुह्+क्त । मूर्ख । बाल । जड । बेवकूफ । बालक.

मूर्च्छना, (स्त्री०) मूर्च्छ+युच् । "स्वर (आवाज) । जहां भलीभांति मूर्च्छित हुआ रागपनको प्राप्त होता है, वह ग्रामसे उपजी मूर्च्छना कहीजाती है" । गानेका एक अंगविशेष । बेसुध होना.

मूर्च्छा, (स्त्री०) मूर्च्छ+अङ् । मोह । बेहोशी । जागनेपरमी बाहिरकी इन्द्रिओंके व्यापारसे शून्य होनेकी दशा । और वृद्धि । बढना.

मूर्च्छाल, (त्रि०) मूर्च्छा+अस्त्यर्थे लच् । मूर्छाविशिष्ट । मूर्च्छावाला । बेहोश.

मूर्च्छित, (त्रि०) मूर्च्छा जाता अस्य+इतच् । मूर्च्छावाला । बढाहुआ । ऊंचा.

मूर्त, (त्रि०) मूर्च्छ+क्त । मूर्च्छान्वित । मूर्च्छावाला । बेहोश । मूढ । और सख्त । "मूर्तिः अस्ति अस्य" मूर्तिवाला । शकलवाला । न्यायमें पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और मन.

मूर्ति, (स्त्री०) मूर्च्छा+क्तिन् । देह । शरीर । काठिन्य (सख्ती) । आकार (शकल) । प्रतिमा । मूरत । तसवीर.

मूर्तिमत्, (पु०) मूर्तिः अस्ति अस्य+मतुप् । मूर्तिवाला । शकलवाला । देह । शरीर । आकारवाला (शकलवाला) । सख्तीवाला (त्रि०).

मूर्धज, (पु०) मूर्ध्नि जायते । जन्+ड । माथेपर उपजता है । केश । बाल । जो कुछ माथेपर हो (त्रि०).

मूर्धज्योतिस्, (न०) मूर्ध्नः ज्योतिः । मस्तकका प्रकाश । ब्रह्मरंध्र । मुद्रामार्ग । परमात्माकी ज्योति.

मूर्धन्य, (त्रि०) मूर्ध्नि भवः+यत् । सिरपर हुआ । मस्तकजात । माथेमें उपजा । "ऋ-ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष" वर्ण (पु०).

मूर्धन्, (पु०) मूर्ध+कनिन्-धुट् च । मस्तक । माथा । सिर.

मूर्धवेष्टन, (न०) मूर्धा वेष्ट्यते अनेन+ल्युट् च । जिसके द्वारा (सिर) लपेटा जाता है । पगडी । पग्ग.

मूर्धाभिषिक्त, (पु०) मूर्ध्नि अभिषिक्तः । मस्तकपर अभिषेक कियाहुआ । राजतिलक दियागया । क्षत्रिय । राजा । वर्णसंकर । एकजाति । मन्त्री.

मूर्वा, (स्त्री०) मूर्व+अच् । अपने नामसे प्रसिद्ध एकलता (वेल).

मूल्, प्रतिष्ठा । कायम होना । स्थित होना । पक्का होना । भ्वा० उभ० अक० सेट् । मूलति-ते । अमूलीत्-अमूलिष्ट.

मूल्, रोपण । लगाना । चुरा० उभ० सक० सेट् । मूलयति-ते.

मूल, (न०) मूल+क । शिफा (जड) । आद्य (पहिला) । निकुञ्ज (वेलोंसे ढकाहुआ स्थान) । व्यापारके उपयोगी मूलधन (पूंजी) । अन्तिक (नजदीक) । अपना । पाव । पिप्पलीमूल । टीका आदिसे व्याख्या करनेलायक ग्रन्थ । उन्नीसवां नक्षत्र (त्रि०).

मूलक, (न०) मूल+संज्ञायां कन् । एक प्रकारका कंद (जड) । मूली (इसका माघमें कभी सेवन न चाहिये).

मूलकर्मन्, (न०) मूलेन (मन्त्रौषधादिना) यत् । वशीकरणादि कर्म । मन्त्र और औषध (बूटी) आदिसे वश करलेनेका काम । पहिला काम.

मूलकृच्छ्र, (न०) मूलेन (क्वथितवृक्षमूलेन) कृच्छ्रम् । वृक्षकी जडको काढनेसे मुशकिल है । एक प्रकारका व्रत । उसवाला (त्रि०).

मूलप्रकृति, (स्त्री०) मूलीभूता (सर्वाद्या) प्रकृतिः । सबके पहिली प्रकृति । सांख्यमतमें "सबका कारण", समान दशाको प्राप्तहुआ, सत्व, रजः, तमोगुणरूप प्रधान.

मूलविभुज, (पु०) मूलानि विभुजति । जडोंको काटता है । रथ । गाडी । छकडा.

मूलस्थान, (न०) मूलं स्थान । असली स्थानम् (जगह) । जड । परमात्मा । वायु । मुलतान शहर.

मूलहर, (त्रि०) मूलं हरति । जडको काटनेवाला पूरे तौरपर.

मूलाधार, (पु०) ६ त० । जडका आश्रय । नाभि । (नाफ-धुन्नी) और लिङ्गका बीच (वह शरीरकी सम्पूर्ण नाडिओंका मूलस्थान है)। तन्त्रमें तीन कोनवाला एकचक्र.

मूलिन्, (पु०) मूलं अस्ति अस्य+इन् । जिसकी जड हो । वृक्ष । दरख्त "ठन्" मूलिक । इसी अर्थमें है.

मूलोच्छेद, (पु०) मूलस्य उच्छेदः । मूल (जड)का काटना। पूरा नाश (तबाही).

मूल्य, (न०) मूलाय (पटादिकारणतन्त्वादये) इदं+यत् । सूत लेनेके लिये दियागया धन । मोल । कीमत । मुल्ल.

मूष्, लुण्ठन । लूटना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मूषति । अमूषीत्.

मूषक, (पु०) (स्त्री०) मूष्+ण्वुल् । स्त्रीत्वे टाप् । अत इत्वम् । मूसा । चूआ । उन्दुरु.

मूषिक, (पु०) मूष्+किकन् । उन्दुरु । मूसा । चूआ.

मूषी, (स्त्री०) मूष+ङीष् । सोने आदिके पिघलानेका पात्र । कुठाली.

मृ, मृति-मरना । तु० लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ्, लुङ्, आशीर्लिङ्में आत्मनेपद और लकारोंमें परस्मैपद होता है । अक० अनिट् । म्रियते । अमृत । ममार । मर्तासि । मृषीष्ट.

मृकण्डु, (पु०) मुनिविशेष । एक मुनिका नाम.

मृग्, अन्वेषण । तालाश करना । और मांगना । चु० आ० सक० सेट् । मृगयते । अममृगत.

मृग, (पु०) मृग+क । पशुमात्र । हरिण । एक हाथी । अश्विनीसे पाँचवां नक्षत्र (तारा) । " मृग्+भावे अच् " अन्वेषण (ढूंढना-तालाश करना) । मांगना । और एक यज्ञ । कस्तूरी । और मकर राशि (पु०).

मृगगामिनी, (स्त्री०) मृग इव गच्छति । गम्+णिनि । मृगतुल्यगमनवती । हरिणके समान जानेहारी.

मृगजीवन, (पु०) मृगैः (तन्मांसादिभिः) जीवति । जो पशुओंके मांस आदिसे जीताहै । व्याघ्र । शिकारी । जीव्+ल्यु.

मृगणा, (स्त्री०) मृग्+युच्+टाप् । नष्टहुए द्रव्यका खोजना । तालाश.

मृगतृष्णा, (स्त्री०) मृगाणां तृष्णेव (तृष्णाहेतुत्वात्) । मानो हरिणोंकी लालच है (लालचका कारण होनेसे) । सूर्यकी किरणोंमें जलभ्रान्ति (पानीका खयाल होना) । जलरहित देशमें दूरसे सूर्यकी किरणोंको देख तृष्णासे पीडितहुए मृगजलकी भ्रान्तिसे वार २ घूसते हैं परन्तु पानी नहिं मिलता । निर्जल देशमें रेतपर गिरीहुई किरणमें पानीका खयाल.

मृगदंशक, (पु०) मृगं दशति । दंश्+ण्वुल् । पशुको डसता है । कुक्कुर । कुत्ता.

मृगधूर्तक, (पु०) मृगेषु धूर्तकः । पशुओंमें धूर्त (खचरा) । शृगाल । सियार । गीदड.

मृगनाभि, (पु०) मृगस्य नाभिः (नाभिजन्यः) । हरिणकी नाभि (धुन्नीसे उत्पन्न हुआ) । कस्तूरी । एक प्रकारका हरिण.

पद्म० ५०

मृगनेत्रा, (स्त्री०) मृगः (मृगशिरोनक्षत्रं) नेत्रं इव (प्रकाशकं) यत्र (रात्रिषु) । जिन रात्रिओंमें मृगशिर तारा आंखकी तरह प्रकाश कर्ता है । मार्गशिरकी रात्रियें । हरिणके समान चपल नेत्रोंवाली स्त्री (औरत).

मृगपति, (पु०) ६ त० । मृगाणां (पशूनां) पतिः । पशुओंका मालिक । सिंह (शेर) । " मृगेन्द्र " आदि इसी अर्थमें है.

मृगबन्धनी, (स्त्री०) मृगो बध्यते अनया । बन्ध+ल्युट्-ङीप् । जिस्से पशु बांधलिया जाता है । पशुओंको बांधनेका जाल.

मृगमद, (पु०) मृगस्य मदः (गर्वः) यस्मात् । हरिणको जिस्से अभिमान होता है । कस्तूरी.

मृगया, (स्त्री०) मृगं याति अनया । या+क । जिस्से पशुपर झपटता है । शिकार । अहेर । आखेटक.

मृगयु, (पु०) मृग+अस्ति अर्थे यु । हरिणवाला । ब्रह्मा (हरिणके स्वरूपमें इसका सिर काटागया था) । शृगाल (गीदड) आदि एक प्रकारका व्यापार । सिआर । व्याध । शिकारी.

मृगराज, (पु०) मृगाणां (पशूनां) राजा । टच् । पशुओंका राजा । सिंह (शेर) " मृगेण राजते " अच् । हरिणसे शोभता है । चन्द्रमा । चांद । " मृगाङ्क " " शशाङ्क ".

मृगलक्षण, (पु०) मृगो लक्षणं यस्य । हरिण जिसका लक्षण (निशान) है । चन्द्र । चांद । " मृगाङ्क " आदि.

मृगवधाजीव, (पु०) मृगवधेन आजीवति । जीव्+अच् । पशुओंको मारनेसे जिसका जीवन होता है । व्याध । शिकारी.

मृगवाहन, (पु०) मृगो वाहनं यस्य । हरिण जिसकी सवारी है । वायु । हवा । " धावन् हरिणपृष्ठस्थ " इति ध्यानम्.

मृगव्यथ, (न०) मृगान् व्यथते अत्र । जिसमें पशुओंको पीडा पहुंचती है । मृगया । शिकार । अहेर.

मृगशाव, (पु०) मृगस्य शावः=पोतकः । मृग (हरिण)-का बच्चा.

मृगशिरस्, (न० पु०) मृगस्य इव शिरः अस्य । जिसका सिर हरिणके समान है । अश्विनीसे पांचवां तारा । " मृगशिरा " " मृगशीर्षन् " "मृगशीर्ष" एकही अर्थ.

मृगश्रेष्ठ, (पु०) मृगेषु श्रेष्ठः । मृगोंमें श्रेष्ठ । सिंह शेर.

मृगहन्, (पु०) मृगान् हन्ति । मृगोंको मारता है । व्याध शिकारी.

मृगाक्षी, (स्त्री०) मृगस्य इव अक्षि (पुष्पं) यस्याः । षच् समा० ङीष् । जिसका फूल हरिणके समान है । विशल्या । हरिणके समान नेत्रोंवाली स्त्री.

मृगाण्डजा, (स्त्री०) मृगस्य अण्डाकारात् (नाभिस्थित-मांसपिण्डात्) जायते । जन्+ड । हरिणकी नाभिमें रहनेहारे मांसके गोलेसे उपजता है । कस्तूरी.

मृगादन, (पु०) मृगान् अत्ति । अद्+ल्यु । क्षुद्रव्याघ्र । छोटामेडिया । पशुओंको खाता है । " मृगान्तक " इसी अर्थमें है.

मृगाराति, (पु०) ६ त० । पशुओंका शत्रु । कुत्ता । सिंह । शेर । मेडिया.

मृगाविध, (पु०) मृगं विध्यति । विध्+क्विप् । पहिलेको दीर्घ होता है । पशुओंको वेधता है । व्याघ्र (शिकारी).

मृगित, (त्रि०) मृग+क्त । अन्वेषित । तालाश किया-हुआ । मांगागया.

मृगेन्द्र, (पु०) मृगः इन्द्र इव । पशुका मानों राजा है । सिंह । शेर.

मृगेन्द्रचटक, (पु०) मृगेन्द्र इव हिंस्रश्चटकः (पक्षी) । शेरकी नाईं हिंसा करनेवाला पक्षी । श्येन । बाज । परिंदा.

मृज्, शोधन (साफकरना) और (भूषण) सजाना । वा चुरा० उभ० पक्षे अदा० सक० वेट् । मार्जयति-ते । मार्ष्टि । अमीमृजत्-त-अममार्जत्-त । अमार्क्षीत्-अम्राक्षीत् अमृक्षत्.

मृजा, (स्त्री०) मृज्+अङ् । मार्जन । साफकरना.

मृड्, तोषण (प्रसन्न करना) । क्र्या० और० तु० पर० सक० सेट् । मृड्णाति । मृडति । अमर्डीत्.

मृड, (पु०) मृड्+क्त । शिव । उसकी पत्नी (स्त्री०) ङीप्-आनुक्च.

मृण्, हिंसा (मारना) तु० प० स० सेट् । मृणति । अमर्णीत्.

मृणाल, (न०) मृण्+कालन् । कमलफूलकी डण्डीका सूत । और वीरणमूल । में । "मृणाली".

मृणालिन्, (पु०) मृणालं विद्यते अस्य+अच् । " मृणालं (पद्मं) ततः-समूहे-तद्युक्तदेशे वा इनि " । कमलफूलकी डण्डीके सूतवाला । मेंवाला । बिसतन्तुवाला । कमलोंका समूह । और कमलोंवाला देश । कमलोंकी बेल (स्त्री०).

मृत, (न०) मृ+भावे क्त । मरण । मरना । उसके समान दुःखको उपजानेहारा मांगनेका व्यापार (याचितक वृत्ति).

मृतक, (न०) मृतेन (मरणेन) कायति । कै+क । मरणाशौच । शव (मुर्दा) । मरनेकी अपवित्रता । पातक.

मृतकल्प, (त्रि०) ईषदसमाप्तो मृतः । मृत+कल्पप् । मृतप्राय । मरनेवाला । मरनेपर आपहुंचा.

मृतवत्सा, (स्त्री०) मृतो वत्सो यस्याः । जिसका पियारा (बेटा) मरगया । मरीहुई सन्तानवाली स्त्री (औरत) और गौ । "मृतवत्सा च या नारी" इति तन्त्रम्.

मृतसञ्जीवनी, (स्त्री०) मृतान् संजीवयति । सम्+जीव्-णिच्+ल्यु ङीप् । मरेहुओंको जिला देती है । गोरक्षदुग्धा नामी औषध (बूटी) । तन्त्रमें एक प्रकारकी विद्या.

मृतस्नात, (त्रि०) मृतं मरणं तन्निमित्तं स्नातः । स्ना+क । मरनेके निमित्तसे जिसने स्नान किया है । मरनेपर नहानेवाला.

मृत्तिका, (स्त्री०) मृद्+तिकन्-टाप् । मट्टी । मृदा । माटी.

मृत्यु, (पु०) मृ+त्युक् । यम । शरीर आदिसे प्राणोंका वियोग (अलग होना) । मरण । मरना । मौत । कंस । कामदेव.

मृत्युनाशक, (पु०) मृत्युं नाशयति । नाशि+ण्वुल् । पारद (पारा) । (रसायन कियासे शुद्धकर सेवन कियाहुआ पारा मृत्युको नाश कर्ता है) मौतको नाश करनेहारा (त्रि०).

मृत्स्ना-त्सा, (स्त्री०) । मृद्+प्रशस्तार्थे स्न, स वा । प्रशस्त मृत्तिका । बहुत साफ मट्टी । खुशबोदार मट्टी.

मृद्, क्षोद (चूराकरना) । क्र्या० प० सक० सेट् । मृद्नाति । अमर्दीत्.

मृद्-दा, (स्त्री०) मृद्यते । क्षुद्यते । मृद्+क्विप् । मृत्तिका । मट्टी । " मृदा " भी.

मृदङ्ग, (पु०) मृद्+अङ्गच् । वाद्यभेद । एक प्रकारका बाजा.

मृदु, (त्रि०) मृद्+कु । कोमल (नरम) । " स्त्रियां वा ङीप् " मृद्वी-मृदुः । चित्रा, अनुराधा, मृगशिर, और रेवती तारे.

मृदुत्वच्-च, (पु०) मृदुः त्वक् त्वचा वा यस्याः । जिसका छिलका मुलायम हो । भूर्जपत्र । भोजपत्रका वृक्ष.

मृदुभाषिन्, (त्रि०) मृदु भाषते । कोमल बोलनेवाला । मीठा (मधुर) बोलनेवाला.

मृदुल, (न०) मृद्+कुलच् । जल (पानी) । कोमल (नरम) (त्रि०).

मृदुस्पर्श, (त्रि०) मृदु स्पर्शः यस्य । कोमल (नाजक़) स्पर्शवाला.

मृदुहृदय, (त्रि०) मृदु हृदयं यस्य । कोमलहृदयवाला । दयालु । मिहर्वान.

मृद्वीका, (स्त्री०) मृदु+स्वार्थे ईकन् । द्राक्षा (दाख) । पीलीदाख.

मृध, (न०) मृध्यते अत्र । क । युद्ध । लडाई । जंग.

मृध्, आर्द्रीभाव-गीलाहोना । भ्वा० उभ० सक० सेट् । मर्धति-ते.

मृश्, स्पर्शन (छूना) । प्रणिधान-खयालकरना । तु० पर० सक० अनिट् । मृशति । अम्राक्षीत्-अमार्क्षीत् । अमृक्षत् । कइओंने इसे " मृष् " ऐसा लिखा है.

मृष्, क्षमा-सहारना। चु० उभ० अनिट्। मृषति-ते। अमृक्षत्-त.

मृषा, (अव्य०) मिथ्या (झूठ) शब्दके अर्थमें है.

मृषार्थक, (न०) मृषा (अत्यन्तासम्भूतः) अर्थः यस्य। जिसका अर्थ बिलकुल झूठ हो.

मृषावाद, (पु०) मृषा+वद्+घञ्। मिथ्या वाक्य। झूठा वचन (जैसे "ह्रद (तालाव)में आग है)" इत्यादि वचन। झूठ बोलना.

मृषोद्य, (न०) मृषा+वद्+क्यप्। मिथ्या कथन। झूठ कहना। झूठ बोलना.

मृष्ट, (न०) मृष्+क्त। मरिच (मिर्च)। शोधित साफ होगया (त्रि०).

मॄ, वध्-मारना। क्र्या० प० सक० सेट्। मृणाति। अमारीत्.

मे(क)खलकन्यका, (स्त्री०) ६ त०। मेखलनामी पहाडकी कन्या अर्थात् उस्से निकली। नर्मदा नाम नदी.

मेखला, (स्त्री०) मि+खलच्। स्त्रीकटिभूषण। औरतकी कमरका जेवर। तडागी। ब्रह्मचारीसे धारनेलायक कटिसूत्र (तडागी)। चमडेकी रस्सी आदि। पहाडका नितम्ब (गिर्द नवाई)। नर्मदा नदी। जनेऊ डालनेके समयवानकी तेहरी तडागी। होमका कुण्ड.

मेखलाबन्ध, (पु०) मेखलायाः बन्धः। तडागीका बंधन.

मेखलिन्, (पु०) मेखला+इनि। मेखला (तडागी) वाला। शिव। ब्रह्मचारी.

मेघ, (पु०) मिह्+घञ्-कुत्वम्। धूम (धूआं) ज्योति (आग-रौशनी) और सलिल (पानी)के मेलसे उत्पन्न हुआ जलधर (बादल)। मुस्तक (मोथा)। एक राक्षस। एक रोग.

मेघकाल, (पु०) मेघस्य कालः। मेघ (बादलका) समय। वर्षा ऋतु (मौस्मि).

मेघजीवन, (पु०) मेघो जीवनं यस्य। बादल जिसका जीवन है। चातक पक्षी। पपीहा (ये बादलसे जीताहै).

मेघज्योतिस्, (न०) ६ त०। बादलसे उपजी ज्योति (रौशनी) वज्राग्नि.

मेघदूत, (न०) मेघः दूतः यस्मिन् तत् काव्यम्। कालिदासका प्रसिद्ध काव्य.

मेघनन्दिन्, (पु०) मेघेन (तद्ध्वनिना) नन्दति। णिनि। बादलकी आवाजसे प्रसन्न होता है। मयूर। मोर.

मेघनाद, (पु०) मेघस्य इव नादः अस्य। बादलकी नाई जिसका शब्द है। वरुण। रावणका पुत्र। इन्द्रजित्। ६ त०। मेघशब्द। बादलकी आवाज.

मेघयोनि, (स्त्री०) ६ त०। बादलका कारण। धूम। धूआँ.

मेघवर्त्मन्, (न०) ६ त०। बादलोंका रास्ता। आकाश। आसमान.

मेघवह्नि, (पु०) मेघजन्यो वह्निः तद्घर्षणजातोऽग्निः। बादलोंकी घसडसे उत्पन्न हुई आग। वज्राग्नि.

मेघवाहन, (पु०) मेघो वाहनं इव यस्य। बादल मानो जिसकी सवारी है। "अथवा जो बादलोंको चलाता है।" वह+णिच्+ल्यु। इन्द्र। देवताओंका राजा.

मेघागम, (पु०) मेघानां-आगमो यत्र। जिसमें बादल आते हैं। वर्षाकाल। वर्षर्तु। बर्सनेका समय। बर्सात.

मेघागम, (पु०) मेघस्य आगमः। मेघका आना। वर्षा ऋतु। बर्सात.

मेघानन्दिन्, (पु०) मेघेन आनन्दति। बादलसे आनन्द कर्ता है। मयूर। मोर.

मेघान्त, (पु०) मेघानां अन्तो यत्र। जिस समय बादलका अंत हो जाता है। शरत्काल। "मेघात्यय" यही अर्थ है.

मेघालोक, (पु०) मेघस्य आलोकः प्रकाशः। मेघका दर्शन.

मेचक, (न०) मच+वुन्-पृ०। अंधकार। अंधेरा। और नीला अंजन (सुर्मा)। मयूरचन्द्रक (मोरकी पूंछका चांद)। बादल। और श्यामवर्ण (कालारंग) (पु०)। उसवाला (त्रि०).

मेढ्र, (पु०) मिह्+ष्ट्रन्। मेघ। बादल। पुरुषका असाधारण (खास) चिह्न (निशान)। लिङ्ग.

मेद, वध-मारना। सक० भ्वा० उभ० सेट्। मेदति-ते। अमेदीत्। अमेदिष्ट.

मेदज, (पु०) मेदात् (महिषासुरमेदसो) जायते। जन्+ड। महिष (भैंसेका स्वरूप) नामी दैत्यकी चर्बीसे उपजा। पृथिवीका गुग्गल (भूमिजगुग्गुल)। चर्बीसे उपजा (त्रि०).

मेदस्, (न०) मेद्+असुन्। मांससे उत्पन्न हुआ धातुविशेष (चर्बी).

मेदस्कृत्, (पु०) मेदः करोति (स्वपरिपाकेण जनयति) क्विप्। जो अपनेको पकाकर चर्बी उत्पन्न कर्ता है। मांस। मास.

मेदिनी, (स्त्री०) मेदः (मधुकैटभमेदः) अस्ति अस्याः कारणत्वेन इनि। जो मधु और कैटभ दैत्योंकी चर्बीसे उपजी। वसुंधरा। पृथिवी। जमीन.

मेदुर, (त्रि०) मिद्+घुरच्। अतिशयस्निग्ध। बहुत चिकना.

मेधस्, (पु०) मेध्+असुन्। स्वायंभुवमनुका एकपुत्र.

मेधा, (स्त्री०) मेध्-मारना-समझना-जानना+अङ्। धारणावती बुद्धिः। जिस बुद्धिसे एकवार जानाहुआ पदार्थ नहीं भूलता। शक्ति (वेदमें)। अच्। याग (पु०).

मेधाविन्, (पु०) मेधा+अस्त्यर्थे विनि । अच्छी अकलवाला । शुकखग । तोतापक्षी । मेधावाला (त्रि०) स्त्रियां ङीप् । "मेधावती".

मेधातिथि, (पु०) मनुसंहितापर टीका करनेवाला । अरुन्धतीका पिता.

मेधिर, (त्रि०) मेधा+अस्त्यर्थे इरच् । मेधावाला । अच्छी बुद्धिवाला ।

मेधिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन मेधावान् । इष्ठन् । मतोर्लुक् । बहुत बुद्धिवाला जन । जिसकी न भूलनेवाली बुद्धि हो.

मेध्य, (त्रि०) मेध्+ण्यत् । पवित्र (पाक) । और शुचि (साफ) । "मेधाय (यज्ञाय) हितः" जो यज्ञके लिये उपकारी हो । छाग (बकरा) । खदिर (खैरकी लकडी) और यव (जौं) (पु०) । केतकी । शङ्खपुष्पी । रोचना (स्त्री०).

मेनका, (स्त्री०) मि+नक् । (स्वर्वेश्यामेद) । एक प्रकारकी स्वर्गकी वेश्या (कंजरी) । "मेनैव" कन् । हिमालयकी स्त्री (औरत).

मेनकात्मजा, (स्त्री०) ६ त० । मेनकाकी लडकी । हिमालयकी कन्या । दुर्गा । पार्वती । "मेनासुता" यही अर्थ.

मेना, (स्त्री०) मि+न । हिमालयपत्नी । पितरोंकी मनसे उपजी कन्या (लडकी).

मेन्धी, (स्त्री०) मा (लक्ष्मीः) इव इन्धते । इन्ध्+घञ् । ङीष् । जो लक्ष्मीकी नाईं चमकती है । (मैंदी) वृक्ष । उसको मलनेसे लक्ष्मीके समान लाल हाथ हो जातेहैं.

मेय, (त्रि०) मा-मि-वा यत् । परिच्छेद्य । मापनेलायक । जान्नेलायक.

मेरु, (पु०) मि+रु । सर्ववर्षोंसे उत्तरका एक पर्वत (पहाड) । जपमालाके ऊपरका । फलका बीजविशेष । हाथरूपमालामें अंगुलिओंका पर्व (गांठ) विशेष.

मेरुपृष्ठ, (न०) मेरोः पृष्ठम् । मेरुकी पीठ । स्वर्ग । बहिश्त । प्रकाश.

मेरुसावर्णि, (पु०) चौदह मनुओंमें ग्यारवां । एकादशमनु.

मेलक, (त्रि०) मेलयति । मिल्+णिच्+ण्वुल् । मिलाता है । विवाह मेल्+घञ् । कन् । संग । मेल.

मेला, (स्त्री०) मिल्+णिच्+अच्+टाप् । नीलका वृक्ष । स्याही । अंजन । सुर्मा । और मिलाना.

मेलान्धु, (पु०) मेलायाः (मस्याः) अन्धुः इव । स्याहीका मानों खूआ है । मस्याधार (दवात).

मेव्, सेवाकरना । भ्वा०आ० सक० सेट् । मेवते । अमेविष्ट.

मेष, (पु०) मिष्+अच् । (मेढा) एक प्रकारका पशु । ज्योतिश्चक्रका बारवां अंश (हिस्सा) । अश्विनी भरणी और कृत्तिका नक्षत्रके एक पादवाला राशिविशेष । पहिली राशि.

मेषाण्ड, (पु०) मेषस्य अण्ड एव अण्डः अस्य । मेढेका अंडाही जिसका अण्ड है । इन्द्र (दक्षके यज्ञमें अंड नाश होनेपर मेषहीका अंड उसका कियागया था) (पुराणमें).

मेह, (पु०) मिह्+घञ् । प्रस्राव । पेशाव । प्रमेहका रोगविशेष । सुजाखकी बीमारी । "अच्" मेघ, बादल.

मेहघ्नी, (स्त्री०) मेहं हन्ति । हन्+ठक्-ङीप् । हरिद्रा (हलदी) । इसकी जडका गीला रससेवन करनेसे पेशावकी बीमारी दूर हो जाती है यह वैद्यकमें प्रसिद्ध है.

मेहन, (न०) मिह्यते अनेन । मिह्+करणे ल्युट् । शिश्न । लिंग । "कर्मणि ल्युट्" मूत्र (मूत) । "भावे ल्युट्" मूत्रोत्सर्ग । मूतका छोडना । पेशाव करना.

मैत्र, (न०) मित्रो देवता अस्य+अण् । मैत्रं (पायुः) तस्येदं पुनरण् । गुदाका । विष्ठोत्सर्ग । पाखाने फिरना । "मित्रो देवता अस्य" "मित्रत आगतं" "तस्येदं वा अण्" अनुराधा नक्षत्र (न०) इसका मित्र देवता है । मित्रसे पाया । सुहृत्संवन्धी (त्रि०) "मित्र एव" अण् । मित्र । और ब्राह्मण.

मैत्रावरुण, (पु०) मित्रश्च वरुणश्च । आनङ् । मित्रावरुणयोः अपत्यं+अण् । मित्र और वरुण देवताकी संतान । अगस्त्य । वसिष्ठ । इञ् । "मैत्रावरुणिः" इसी अर्थमें । कल्पभेदसे वह उनका पुत्र है (यह पुराणमें प्रसिद्ध है).

मैत्री, (स्त्री०) मित्रस्य भावः+अण् ङीप् । सौहार्द । मित्रता । दोस्ती "ष्यञ्" "मैत्र्यं" इसी अर्थमें होता है (न०).

मैत्रेय, मित्रायाः अपत्यं+ढक् । मित्राकी संतान । एक मुनि । और बुद्धदेव.

मैथिली, (स्त्री०) मिथिलायां भवा+अण् । मिथिलामें उपजी । सीता । "मिथिलाया राजा+अण्" मिथिला देशका राजा (पु०).

मैथुन, (न०) मिथुनेन (स्त्रीपुंसाभ्यां) निर्वृत्तं+अण् । स्त्री और पुरुषसे पूराहुआ । अभ्याधानादि (यज्ञ आदि) कर्म (यज्ञमें सपत्नीक-स्त्रीसहितकाही अधिकार है) । स्त्री और पुरुषके मेलवाला गांवका धर्म । भोग.

मैनाक, (पु०) मेनकायां भवः+अण् । मेनकामें हुआ । एक पहाड.

मैरेय, (पु०) मिरायां (देशभेदे-औषधिभेदे वा) भवः ढक् । मिरादेशमें उपजा वा औषधिविशेषसे बनाया-हुआ आसव (शराब).

मोक्ष्, क्षेप-फेंकना-छूटना-खोलना-खुले होजाना । वा चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । मोक्षयति-न्ते । मोक्षति.

मोक्ष, (पु०) मोक्ष्+घञ् । मुक्ति (छूटना) । मोचन । और मरना । आत्माका जन्म और मरणके पाशसे बिलकुल छूटना.

मोक्षकं, (त्रि०) मोक्ष्+ण्वुल्+अक । छुटकारा देनेवाला स्वतन्त्र (खुला) करनेवाला.

मोक्षणं, (न०) (मोक्ष्+ल्युट्+अन) छुटकारा । खुला छोड देना । बचाना । गांठ खोलना.

मोक्षिन्, (त्रि०) मोक्ष्+णिनि+इन् । मोक्षकी इच्छा करनेवाला । सर्वथा (बिलकुल) छूटाहुआ.

मोघ्, (त्रि०) मुहं+घ-अच्-वा कुत्वं । निरर्थक (वेफायदह) । और हीन (कम-छोटा).

मोचक, (पु०) मुच्+ण्वुल् । मोक्ष (नजात) । केलेका फल (कदली) । और शोभांजन (सुहांजना) । वैराग्यवाला (त्रि०).

मोटक, (न०) मुट्+ण्वुल् । श्राद्धमें पितरोंको देनेके लिये टेढे दो कुशाके पत्ते.

मोट्टायित, (न०) एक प्रकारकी स्त्रिओंकी अभिलाष (चाह).

मोद, (पु०) मुद्+घञ् । हर्ष । खुशी.

मोदक, (पु०) मोदयति । मुद्+णिच्+ण्वुल् । खुशीदेता है । एक प्रकारका खाना (खाद्यभेद) (लड्डु) (लडुआ) । खुश करनेवाला (त्रि०) एक प्रकारका दोगला (कहार).

मोदिनी, (स्त्री०) मोदयति । मुद्+णिच्+णिनि । अजमोदा । अजवाइन । मल्लिका (मालती) । यूथिका । कस्तूरी । और मदिरा.

मोषक, (पु०) मुष्णाति । मुष्+ण्वुल् । चुराता है । तस्कर । चौर । चोर.

मोषण, (न०) मुष्+ल्युट् । लुण्ठन । लूटना । छेदन । काटना । मारना.

मोह, (पु०) मुह्+घञ् । मूर्छा । बेहोशी । अज्ञान । बेसमझी । भ्रान्ति (भ्रम) का साधन (कारण) । वेदान्तमें अविद्याकी एक प्रकारकी वृत्ति । दुःख । शरीर आदिमें आत्माका अभिमान । (ये मेरे हैं वा मैं इनका हूं).

मोहकलिल, (न०) मोहस्य कलिलं । बडा भारी मोह (मूल-ममत्व) का जाल । मोहरूपी कीचड.

मोहन, (पु०) मोहयति । मुह्+णिच्+ल्यु । धतूरा (बेहोश करदेता है) । और कामदेवका एक प्रकारका शर (तीर) मोहके करनेहारा (त्रि०) । (स्त्रियां ङीप्).

मोहरात्रि, (स्त्री०) ब्रह्माके अपने परिमाण (माप) से पचास वर्ष व्यतीत होनेपर एक प्रकारका प्रलय । जन्माष्टमीकी रात । भादों वदि अष्टमी.

मोहित, (त्रि०) मुह्+णिच्+क्त । मोह लिया गया । भुलाया गया.

मौक्तिक, (न०) मुक्तैव+स्वार्थे ठक् । मुक्ता । मोती.

मौक्तिकप्रसवा, (स्त्री०) मौक्तिकं प्रसूते । प्रसू+अच् । शुक्तिमात्र । हरएक प्रकारकी सीपी । मुक्तास्फोट.

मौक्तिकसर, (पु०) मौक्तिकानां सरः । मोतिओंकी लडी वा हार.

मौञ्जी, (स्त्री०) मुञ्जस्य इयं+अण् । कटिसूत्र । कमरका सूत । तडागी । तिहरी मूंजकी बनीहुई मेखला (तडागी).

मौञ्जीबन्ध (न), (पु०) मौञ्ज्याः (मेखलायाः) बन्धः यत्र । जिसमें तडागी बांधते हैं । उपनयनसंस्कार । यज्ञोपवीतकी रसम । "मौञ्जीबन्धः शुभः प्रोक्तश्चैत्रे मीनगते रवौ" इति स्मृतिः । तडागीका बांधना (न०) "द्वितीयं मौञ्जीबन्धनं" स्मृतिः.

मौढ्य, (न०) मूढस्य भावः+ष्यञ् । मूढपना । मोह । बालकपन । बाल्य.

मौद्गल्य, (पु०) मुद्गलस्य मुनेः अपत्यं+यञ् । गोत्र चलानेहारा एक मुनि । मुद्गल मुनिकी संतान.

मौद्गीन, (न०) मुद्गानां भवनं क्षेत्रं । मूंग उत्पन्न करनेयोग्य खेत.

मौन, (न०) मुनेर्भावः । मुनिपना । वाणीके व्यापारसे रहित होना । "उच्चारे, मैथुने, चैव प्रस्रावे, दन्तधावने । स्नाने, भोजनकाले च षट्सु मौनं समाचरेत्" चुपचाप.

मौनिन्, (त्रि०) मौनं अस्ति अस्य+इनि । वाग्व्यापाररहित । जो बोल नहिं सक्ता । चुपरहनेहारा । मुनि (पु०).

मौरजिक, (त्रि०) मुरजवादनं शिल्पं अस्य+ठक् । मृदंगवादनशील । मृदंग बाजाके बजानेवाला.

मौर्ख्य, (न०) मूर्खस्य भावः+ष्यञ् । मूर्खपन । बेवकूफी । जडता । मूर्खता.

मौर्वी, (स्त्री०) मूर्वा (लता) तत्तन्तुना निर्वृत्ता+अण् । मूर्वे बेलकी तांतोंसे तयार हुई । धनुर्गुण । धनुष्का गुण । कमानका चिल्लह । अजश्रृङ्गी.

मौल, (त्रि०) मूलं वेत्ति । मूलादागतो वा+अण् । मूलको जानता है वा मूलसे चलाआया । भूमि आदिके आगम आदिका मूल जाननेहारा । पुराना । देरसे चला आता (रीत रसम आदि) । अच्छे वंशका । बाप दादोंसे ले राजाके यहां काम करनेवाला.

मौलि, (पु० स्त्री०) मूलस्य अदूरभवः+इञ् । मूलके न दूर होनेवाला । चूडा । चोटी । किरीट । मुकुट (ताज) । संयतकेश (बंधेहुए बाल) और जूडा । अशोकवृक्ष (पु०) । भूमि (स्त्री०) वा ङीप्.

मौसल, (न०) मुषलस्य इदं सदृशं अण् । मुसल (मोहला)-के समान निश्चेष्ट (बेहोश) । "गंगामें मौषलस्नान बडे २ पापोंको नाश कर्ता है ।" इति पुराणम् । "मुसलं अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः" अण् । वह ग्रंथ कि जिसमें मुसलके विषयमें लिखा गयाहो । महाभारतके बीच "मुसल कुलका नाशक हुआ" इत्यादि प्रतिपादन करनेहारा षोडश पर्व (सोलवां पर्व) (इसमें श्रीकृष्ण और बलरामजीकी मृत्यु और यादवोंका ब्राह्मणके शापद्वारा नाशका वर्णन है).

मौहूर्त, (पु०) मुहूर्त (तत्प्रतिपादकं शास्त्रं) वेत्ति अधीते वा+अण् । मुहूर्तको बतानेहारे शास्त्रको जाननेहारा । ज्योतिःशास्त्रको जाननेहारा । ज्योतिषी । ठक । यही अर्थ है.

म्ना, (अभ्यास) वार २ (मनमें) कहना । मिहनतसे सीखना । भ्वा० पर० सक० सेट् । मनति । अम्नासीत्.

म्रक्ष्, संयोजन-जोडना । इकट्ठा करना । घसाना । मारना । साफ २ बोलना । चंदन आदि लगाना । चु० उ० स० सेट् । म्रक्षयति-ते.

म्रक्षण, (न०) म्रक्ष्+ल्युट् । संयोजन (जोडना) । राशीकरण (इकट्ठा करना) । तेल । और यज्ञका पात्र । (वर्तन).

म्रद्, क्षोद-चूरा करना-पीसना । भ्वा० आ० सक० । म्रदते । अम्रदिष्ट.

म्रदिमन्, (पु०) मृदोर्भावः । मृदु+इमनिच् । म्रदादेशः । मृदुत्व । कोमलपन । नाजकपना.

म्रदिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन मृदुः+इष्ठन्-म्रदादेशः । बहुत कोमल । बहुत मुलायम.

म्रियमाण, (त्रि०) मृ-दिवा० आ+शानच् । मृतसदृश । मराहुआसा । मरनेपर आया.

म्लान, (त्रि०) म्लै+क्त । मलिन । मैला । ग्लानियुक्त । ग्लानिवाला । जिसका वीर्य क्षय हो चुका । कुह्मलाया हुआ । हैरान । विषण्ण (थकाहुआ) । सूका.

म्लानि, (स्त्री०) म्ला+क्तिन् । कान्तिक्षय । मलिन होना । मुरझा जाना.

म्लानिः, (स्त्री०) (म्लै+क्तिन्+नि) कुह्मलाना । क्षय होना । थकना । उदासहोना.

म्लास्नु, (त्रि०) म्लै+स्नु । कुह्मलाया हुआ । पतला होगया । थक गया.

म्लिष्ट, (न०) म्लेच्छ्+क्त । नि० । अविस्पष्ट वाक्य । वह वचन जो साफ नहीं । ऐसे वचनवाला और मुरझायाहुआ (त्रि०).

म्लेच्छ्, अपशब्द (वुरा वचन बोलना-साफ न बोलना-जंगलियोंके समान बोलना) वा चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० अक० सेट् । म्लेच्छयति-ते । म्लेच्छति.

म्लेच्छ, (पु०) म्लेच्छ्+घञ् । अपशब्द (वुरा वचन) विगडी हुई बोली । "म्लेच्छो ह वा यदपशब्दः" इति श्रुतिः । "कर्तरि अच्" पामरजाति । नीचजाति और वुरा काम करनेवाली कौम (पु०) पापरत (गुनाहगार) (त्रि०) (किरात, शबर, पुलिंदादि) । हिङ्गुल (हींग) (न०).

म्लेच्छकन्द, (पु०) म्लेच्छप्रियः कन्दः । म्लेच्छोंका पियारा कन्द (जड़) । लशुन । लसन । पियाज.

म्लेच्छजाति, (स्त्री०) म्लेच्छाभिधा जातिः । म्लेच्छनामी कौम । गौका मांस आदि खानेहारी किरात आदि जाति.

म्लेच्छदेश, (पु०) म्लेच्छाधारो देशः । म्लेच्छोंका देश । ब्राह्मण आदि चारों वर्णोंके आचारसे रहित देश । जंगली मुल्क.

म्लेच्छमुख, (न०) म्लेच्छानां मुखं इव रक्तत्वात् । लाल होनेसे मानो म्लेच्छोंकासा मुख है । ताम्र । तामा । म्लेच्छोंका मुख । "म्लेच्छास्यम्".

म्लै, कान्तिक्षय-कान्तिका क्षय-खतम-होना । कुह्मलाना । मुरझाना, भ्वा० पर० सक० अनिट् । म्लायति । अम्लासीत् । मम्लौ.

य

य, (पु०) या+ड । वायु । हवा । यश । यज्ञ । गति (जाना) । संयम (कावू करना) । "या कर्तरि ड" । याता (जानेवाला) (त्रि०).

यकृत्, (न०) यं (संयमं) करोति । कृ+क्विप्-तुकूच । संयम कर्ता है । कुक्षि (वक्खी) । कलेजा । दक्षिणभागस्थ मांसपिण्ड । दहिनी ओर मांसका गोला । उसे वढानेहारी एकप्रकारकी बीमारी.

यक्ष्, पूजा करना । चु० आ० स० सेट् । यक्षयते । अययक्षत.

यक्ष, (पु०) यक्ष्यते (यक्ष्+कर्मणि घञ् । पूजाजाता है) । एक प्रकारका देवता । उसका ईश्वर (मालिक) कुबेर । इन्द्रका घर.

यक्षकर्दम, (पु०) यक्षप्रियः कर्दमः । यक्षोंका पियारा कर्दम । "केसर, कस्तूरी, कपूर, चंदन और अगुरु" समभाग (एक जितना) मिलाहुआ केसर आदि.

यक्षतरु, (पु०) यक्षाणां वासयोग्यः तरुः । यक्षोंके निवास करनेलायक वृक्ष । वटवृक्ष । वोडका द्रख्त.

यक्षधूप, (पु०) यक्षे (पूजने) योग्यो धूपः । वह धूप जो पूजनमें उचित है । सर्जरस । धुना । राल.

यक्षराज, (पु०) यक्षाणां राजा । टच् समा० । यक्षोंका राजा । कुबेर । "यक्षेषु राजते" राज्-क्विप् । यक्षोंमें शोभता है । "यक्षराट्".

यक्षरात्रि, (त्रि०) यक्षप्रिया रात्रिः । यक्षोंकी पियारी रात । कार्तिककी पूर्णिमारात्रि । कार्तिक (कतक) महीनेमें पूनोंकी रात.

यक्षवित्त, (पु०) यक्षेण वित्तः सदृशः । जो यक्षके समान है अर्थात् धनका केवल रक्षक (रखवारा) है परन्तु कभी काममें नहीं लाता.

यक्षामलक, (न०) यक्षाणां आमलक इव । पिण्डखजूरका फल.

यक्षिणी, (स्त्री०) (यक्षस्य पत्नी) यक्षकी स्त्री। कुवेरकी स्त्रीका नाम है। दुर्गाकी सेवामें रहनेवाली कोई स्त्री.

यक्ष्मघ्नी, (स्त्री०) यक्ष्माणं हन्ति । हन्-टक्-ङीप् । मिर्गीके रोगको नाश कर्ता है। द्राक्षा। दाख। किसमिस.

यक्ष्मन्, (पु०) यक्ष्+मनिन्। रोगभेद। एक प्रकारकी बीमारी। मिर्गी.

यज्, देवताकी पूजा करना। दान देना और आदर करना। भ्वा० उभ० अनिट्। यजति-ते। अयाक्षीत्। अयष्ट.

यजति, (पु०) यज्+अतिच्। एक प्रकारका याग (यज्ञ)। "यजतिषु ये यजामहे" इति श्रुतिः.

यजन, (पु०) यज्+ल्युट्। होता आदिसे मन्त्र पढकर अग्निमें घी आदि डालना। यज्ञ। ब्राह्मणके छह कामोंमेंसे एक। "देवयजनः" देवताका यज्ञ करनेवाला (त्रि०).

यजमान, (पु०) यज्+शानच्। होता (पुरोहित) आदिको नियोग करनेहारा। पूजा करनेवाला। यज्ञ आदिके करनेवाला.

यजुर्वेद, (पु०) यजुषां (ऋक्सामभिन्नानां मन्त्राणां) प्रतिपादको वेदः। ऋक् और सामसे भिन्न मन्त्रोंको वतानेहारा वेद। वह शुक्ल और कृष्णके भेदसे दो प्रकारका है.

यजुस्, (न०) यज्+उसि। ऋक् और सामसे भिन्न पदविभागसे रहित मन्त्रविशेष। यजुर्वेद.

यज्ञ, (पु०) यज्+भावे न। यज्ञ याग। किसी प्रकारकी भेटा.

यज्ञपशु, (पु०) यज्ञका पशु (जिसकी यज्ञमें वलि दी जाती है)। अश्व। घोडा। छाग। वकरा.

यज्ञपुरुष, (पु०) यज्ञरूपः पुरुषः। यज्ञस्वरूप पुरुष। विष्णु.

यज्ञभूषण, (पु०) यज्ञं भूषयति। भूष्+णिच्+ल्यु। श्वेतदर्भ। चिट्टीकुशा.

यज्ञयोग्य, (पु०) यज्ञे योग्यः। उदुम्बरका वृक्ष (इसकी लकडियें यज्ञमें काम आती हैं)। यज्ञके लायक.

यज्ञवल्ली, (स्त्री०) यज्ञार्था वल्ली। यज्ञके लिये वेल। सोमलता.

यज्ञवराह, (पु०) यज्ञरूपो वराहः। यज्ञस्वरूप शूकर। आदिवराह। भगवान्का अवतारविशेष.

यज्ञवाट, (पु०) ६ त०। यज्ञस्थान। यज्ञकी जगह.

यज्ञसूत्र, (न०) यज्ञार्थं योग्यं संस्कृतं वा सूत्रं। यज्ञके लायक। वा यज्ञके लिये संस्कार कियाहुआ। उपवीत। यज्ञोपवीत। जनेऊ.

यज्ञस्थाणु, (पु०) यज्ञस्य स्थाणुः। यज्ञका थंभा.

यज्ञाङ्ग, (पु०) यज्ञस्य अङ्ग (साधनत्वेन) अस्ति अस्य अच्। उदुम्बर (गूलर)। खदिर (खैरका दरख्त), सोमवेल (इनकी लकडी और पत्तोंसे यज्ञ सम्पादन कर्ते हैं).

यज्ञान्त, (पु०) ६ त०। अवभृथ। यज्ञकी समाप्तिमें स्नान (न्हाना) यज्ञका शेष.

यज्ञिक, (पु०) यज्ञः (यज्ञाङ्गं) साध्यत्वेन अस्ति अस्य (ठन्)। पलाश। पलाशका दरख्त (इसकी लकडियें यज्ञमें काम आती हैं).

यज्ञिय, (त्रि०) यज्ञाय हितः। घ। यज्ञके लिये अच्छा। यज्ञके कामके लायक। द्वापरयुग (पु०).

यज्ञियप्रदेश, (पु०) कर्म०। "यज्ञका काम करनेलायक देश। जिस देशमें स्वभावसे कृष्णसार (बिलकुल काला) हरिण विचरता है" वह देश.

यज्ञेश्वर, (पु०) यज्ञस्य प्रवर्तयिता ईश्वरः। यज्ञके चलानेहारा विष्णु.

यज्ञोपवीत, (न०) यज्ञेन संस्कृतं उपवीतम्। यज्ञसे संस्कार कियागया उपवीत। यज्ञसूत्र। उपनयनसंस्कारसे पवित्र कियाहुआ तिहरा ऊंचे कियाहुआ बायें कंधेसे दहिनी कुक्षिकी ओर लटकरहा एक प्रकारका सूत। जनेऊ.

यज्वन्, (पु०) यज्+भूते क्वनिप्। विधिसे यज्ञ करानेवाला.

यत्, यत्न-कोशिश करना। भ्वा० आ० अक० सेट्। निष्ठायां अनिट्। यतते। अयतिष्ट.

यत, (त्रि०) यम्+क्त। निरोध किया गया। रोका गया। तावमें रखा हुआ। आज्ञामें रक्खा गया। वश किया हुआ.

यतस्, (अव्य०) यद्+तसिल्। यस्मात्। जिस्से। क्योंकि.

यतम, (त्रि०) एषां मध्ये यः। यद्+डतमच्। इन्मेंसे एक.

यतमानस, (त्रि०) यतं मानसं येन। मनको वश करनेवाला.

यतव्रत, (त्रि०) यतं व्रतं येन। नियमका पालन करनेवाला व्रत पालनेवाला। इकरारपर रहनेवाला।

यतर, (त्रि०) अनयोर्मध्ये यः। डतरच्। इन दोनोंमेंसे एक.

यतात्मन्, (त्रि०) यतः आत्मा यस्य। अपनेको वश करनेवाला। इन्द्रियोंको रोकनेवाला.

यति, (पु०) यतते मोक्षाय। यत्+इन्। मोक्ष (जन्ममरणसे छूटना)के लिये यत्न कर्ता है। परिव्राजक। संन्यासी। "यम्यते जिह्वा अत्र, यम्+क्तिन्" जहां जीभ रुक जाती है। छन्दोग्रन्थमें जीभके विश्रामका स्थान। बोलनेके समयका विच्छेद (टूटना) (स्त्री०)। (पढनेका ठहिराव) "यद्+डति" यत्परिमाण। जित्ता। जितना (त्रि०).

यतिन्, (पु०) यमनं–यतं । यम्+क्त । यतं अनेन । इनि । जिसने इन्द्रियोंको दमन किया है । संन्यासी । परिव्राजक । विधवा (बेवा-रंडी) (स्त्री०).

यत्न, (पु०) यत्+नङ् । आयास । कोशिश । उद्योग । हिम्मत । वैशेषिकमें एक प्रकारका गुण (जो प्रवृत्ति, निवृत्ति और जीवनयोनिभेदसे तीन प्रकारका है) । वह "आत्माका गुण है" ऐसा नैयायिक कहते हैं । "चित्तका गुण है" सांख्य और वेदान्तिओंका मत है.

यत्र, (अव्य०) यद्+त्रल् । यस्मिन् । जिसमें । जहां.

यन्त्र, संकोचन–सिकोडना । वा० चु० उभ० पक्षे भ्वा० पर० सक० सेट् । इदित् । यन्त्रयति-ते । यन्त्रति.

यथा, (अव्य०) यद्+प्रकारे थाल् । येन प्रकारेण । जिस तरह । जिस प्रकारसे । जैसे.

यथाकाम, (अव्य०) कामं अनतिक्रम्य । अव्ययी० । इच्छाके अनुसार । स्वाच्छन्द्य । यथेष्टता । मरजीके मुआफिक । जैसा चाहें.

यथाक्रम, (अव्य०) क्रमस्य आनुरूप्यं तस्य अनतिक्रमो वा । अव्ययी० । क्रमानुसार । सिलसिलेवार.

यथाजात, (त्रि०) जातं (समयविशेषं) अनतिक्रम्य यथाजातं तद् अस्य अस्ति इति अच् । जैसा पैदा हुआ वैसाही रहा । मूर्ख और नीच । बेवकूफ.

यथातथ, (अव्य०) तथा अनतिक्रम्य । अनतिवृत्तौ अव्ययी० । यथार्थ । ठीक २। जिस वस्तुका जैसा रूप होना उचित है वैसाही होना । "यथायथम्" इसी अर्थमें.

यथार्थ, (अव्य०) अर्थं अनतिक्रम्य । अव्ययी० । अर्थके अनुसार । ठीक २। सत्यता । सचाई । अर्थका न टूटना । सत्यस्वरूप । "अच्" सत्य । सच्च (त्रि०).

यथार्ह, (अव्य०) अर्हं (योग्यतां) अनतिक्रम्य । अव्ययी० । यथायोग्य । जैसे चाहिये+अच् । सत्यभूतपदार्थ (त्रि०).

यथार्हवर्ण, (पु०) यथार्हं (यथायोग्यं) वर्णयति । वर्ण+अण् । जो ठीक २ वर्णन कर्ता है । चर । दूत । कासिद.

यथाशक्ति, (अव्य०) शक्तेः आनुरूप्यम् । आनुरूप्येऽव्ययी० । शक्तिके अनुसार । ताकतके मुताबिक.

यथाशास्त्र, (अव्य०) शास्त्रस्य अनुरूपम् । अव्ययी० । शास्त्रानुसार । शास्त्रके मुताबिक.

यथास्थित, (अव्य०) यथा (येन रूपेण) स्थातुं योग्यं तथास्थितम् । जैसे रहना चाहिये वैसा रहा । योग्यतायां अव्ययी० । सत्यता । सचाई । अच् । सत्य । सच्च (त्रि०).

यथेप्सित, (अव्य०) ईप्सितस्य अनतिक्रमः । अव्ययी० । इच्छाका न टूटना । जैसे चाहागया । स्वाच्छन्द्य । "अच्" यथाभीष्ट । इच्छाके अनुसार । "यथेष्टं" यही अर्थ.

यथोचित, (अव्य०) उचितस्य अनतिक्रमः । मुनासिबका न लांघना । औचित्य । यथायोग्य । अच् । उचित । (त्रि०).

यद्, (त्रि०) सर्वनाम जो । यस्मात् (जिससे) (अव्य०).

यदा, (अव्य०) यद्+डाच् । यस्मिन् काले । जिस समय । जब.

यदि, (अव्य०) यद्+णिच्-इन्-णिलोपः । पक्षान्तर । जो । अगर.

यदु, (पु०) ययातिराजाका वडा पुत्र (जिसके वंशमें श्रीकृष्णजीका अवतार हुआ) । "तस्य गोत्रापत्यं अण्" वहुषु तस्य लुक् । यदुके वंशमें हुआ और दशार्हदेश । (ब० व०).

यदुनाथ, (पु०) यदूनां नाथः । यदुओंका नाथ (रक्षा करनेसे) । श्रीकृष्णदेव । "यदुपति" यही अर्थ.

यदृच्छा, (स्त्री०) यत्+ऋच्छ+अ-टाप् । स्वातन्त्र्य । स्वैरता । अपनी इच्छासे अचानक । स्वाधीनता.

यदृच्छासंवाद, (पु०) यदृच्छया संवादः । आकस्मिक (अचानक) बातचीत (गुप्त).

यन्तृ, (पु०) यम्+तृच् । सारथि । गाडी चलानेवाला और हाथीको पालनेवाला । संयमयुक्त (अपनेको वशमें रखनेवाला (त्रि०).

यन्त्र, (न०) यन्त्रि+अच् । संयमन (रोकना) । देवताका आसन । ज्योतिश्चक्रको देखनेका साधन । एक प्रकारका पदार्थ कला (कल) । एक प्रकारका पात्र (वर्तन).

यन्त्रगृह, (न०) ६ त० । कलघर । तेल निकालनेकी कलाका घर । कोल्हुघर.

यन्त्रण, (न०) यन्त्रि+ल्युट् । नियमन । रोकना । रक्षण । बचाना और बन्धन (बांधना) । "युच्" पीडा (दर्द) (स्त्री०) टाप्.

यन्त्रित, (त्रि०) यन्त्र+क्त । विरुद्ध । रोकागया । वशमें किया हुआ । बांध लिया गया । सगला छाला गया । ताला लगाया गया.

यभ्, मैथुन-भोगकरना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । यभति । अयाप्सीत्.

यम्, उपरति । हटना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । यच्छति । अयंसीत्.

यम, (पु०) यम्+घञ् । अहिंसा, सत्यवचन, ब्रह्मचर्य, अस्तेय (चोरी न करना) आदि । और इन्द्रिय-आदिका संयमन (रोकना) "यमयति" अच् । प्राणिओंके भले और बुरे कर्मोंके अनुसार दण्ड देनेहारा ईश्वरसे नियोग कियाहुआ दक्षिण दिशामें एक प्रकारका देवता (यमराज) । और काक (कौवा) । एक गर्भमें उत्पन्नहुआ यमज (जौडा) (त्रि०) । (भाईपनसे) यमका सम्बन्धी शनि । दोकी संख्या और योग (पु०).

यमकोटि, (पु० स्त्री०) लंकासे पूर्वकी ओर देवताओंसे निर्माण कीगई पुरी.

यमज, (त्रि० द्वि० व०) यमः (एकदा, एकत्र गर्भे सहचरः) सन् जायते । जन्+ड । एकही समयमें एक-गर्भमें उत्पन्न हुए दो) (जौडे).

यमद्रुम, (पु०) यमस्य द्रुमः । यमका वृक्ष । यमके दर्वाजेके पास शाल्मली (सिंवल)का दरख्त.

यमद्वितीया, (स्त्री०) ६ त० । कार्तिक (कत्तक) के शुक्लपक्षकी द्वितीया (दूज).

यमदग्नि, (पु०) मुनिविशेष । एक प्रकारका मुनि.

यमधानी, (स्त्री०) यमः धीयते अस्याम् । यमका निवासस्थान । यमकी नगरी.

यमन, (न०) यम्+ल्युट् । बंधन । बांधना और हटना । " यमयति ल्यु " यमराज (पु०).

यमराज, (पु०) ६ त० । (चौदह) यमोंका राजा । यमोंको नियमपर चलानेहारा राजा । टच् समा० । प्रेतोंका राजा । धर्मराज । " यमोंमें शोभता है " राज्+क्विप्.

यमल, (न०) यमं (योगं) लाति । ला+क । युग्म । जोडा । वृन्दावनके पास एक वृक्ष । " यमलार्जुन ".

यमवाहन, (पु०) यमं वाहयति (स्थानात् स्थानान्तरं) नयति । वह्+स्वार्थे णिच्-ल्यु । यमको एक जगहसे दूसरी जगहपर ले जाता है । महिष । भैंसा । यमराजकी सवारी.

यमानी, (स्त्री०) यच्छति अग्निमान्द्यं अनया । यम्+करणे ल्युट्-पृ० आलम् । जो अग्निकी मन्दताको दूर कर्ता है । अजमोदा । यमानिका । अजवेन । जवैन.

यमुना, (स्त्री०) यम्+उनन् । कालिन्दी नदी । जमना नदी । यमकी वहिन । सूर्यकी कन्या । और दुर्गा.

ययाति, (पु०) यस्य (वायोः इव) याति (सर्वत्र) गतिः अस्य । जिसकी हवाके समान गति है । नहुषका पुत्र । एक राजा । (इसने शुक्रकी कन्या देवयानीको विवाही थी, सबसे छोटे पुत्र पूरुको बुढप्पा देकर एकहजार वर्षतक जवानीके भोग भोगे तौभी तृप्त नहीं हुआ, पीछे विषयोंकी निन्दाकर पूरुको राज्य दे वनमें तपस्वी हुआ).

ययु, (पु०) या+कु-द्वित्वं च । अश्वमेधयज्ञका घोडा । वेगवान् घोडा.

यव, (पु०) यु+अच् । जौं । " वसन्तमें सब शस्योंके पत्ते झडते हैं । और कणिशवाले यव मोदमान हुए रहते हैं."

यवक्य, (न०) यवानां भवनं क्षेत्रम् । यत्-कुक्च । जौं बोनेलायक खेत.

यवन, (पु०) यु+ल्यु । एकदेश । उस देशके लोग । ब० व० । वेग । जोर । बहुत जल्दी चलनेवाला घोडा । गोधूम । आट्टा । तुरुष्क जाति । तुरक लोग । वेगवाला (त्रि०).

यवनप्रिय, (न०) ६ त० । यवनोंका पियारा । मरिच । मिरच.

यवनानी, (स्त्री०) यवनानां लिपिः । ङीप्-आनुक्च । यवनोंकी लिपि । तुरकोंका हाथका लिखा.

यवनारि, (पु०) यवनस्य अरिः । यवनका दुश्मन । श्रीकृष्ण.

यवनिका, (स्त्री०) युवन्ति अस्यां । यु+ल्युट्-ङीप्-कन् । अको इ । इसमें मिलते हैं । कनात । जवनिका.

यवनी, (स्त्री०) यु+ल्युट्+ङीप् । यवानी नाम औषध । यवनकी स्त्री.

यवमध्य, (न०) यवाकृति मध्यं यस्य । जौंके स्वरूपका जिसका मध्य है । एक प्रकारका चान्द्रायण व्रत.

यवस, (न०) यु+असच् । घास । तृण.

यवागू, (स्त्री०) यूयते (मिश्रयते) यु+आगू । छगुना पानीसे पकाहुआ एक प्रकारका द्रवपदार्थ । लप्सी । खिचडी.

यविष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन युवा । युवन्+इष्ठन् । यवादेशः । वडा जवान । कनिष्ठ भ्राता । छोटा भाई.

यव्य, (न०) यवानां भवनं क्षेत्रं+यत् । जौं बोनेयोग्य खेत । "युतः चन्द्रार्कौ अत्र" । जहां चांद और सूरज मिलते हैं । चांद्रमास (चन्द्रमासम्बन्धी महीना) (पु०).

यशःपटह, (पु०) यशःख्यापकः पटहः । यशको प्रकाश करनेहारा बाजा । ढक्का । एक प्रकारका बाजा.

यशःशेष, (त्रि०) यश एव शेषः अस्य । जिसका यशही बाकी है । मृत । मरगया । "कीर्तिशेषः" इसी अर्थमें है.

यशस्, (न०) अस्+असुन्-धातोः युच्च । शूरता आदिसे उत्पन्न हुआ "ख्याति" इस दूसरे नामवाला पदार्थ । नेकनामी । मशहूरी.

यशस्या, (स्त्री०) यशसे हिता । यशस्+यत् । जीवन्ती । ऋद्धि नाम औषध । यशका साधन (त्रि०).

यशस्वत्, (त्रि०) यशस्+मतुप्-"म" को "व" होता है । यशवाला । "विनि" "यशस्वी" इसी अर्थमें । स्त्रियां ङीप्.

यशोद, (पु०) यशो ददाति । दा+क । यश देता है । पारद । पारा । यशके देनेवाला (त्रि०) । –दा । नन्दगोपकी पत्नी (औरत).

यशोहर, (त्रि०) यशः हरति । यशको हर लेनेवाला । यशको उडानेवाला । अप्रतिष्ठित (बेइज्जत) करनेवाला.

यष्टृ, (पु०) यज्+तृच् । यागशील । यज्ञकरनेवाला.

यष्टि, (स्त्री०) यज्+क्तिन् । नि० । ध्वजा आदिका डण्डा । भुजा आदिके सहारनेके लिये डण्डा । और लकडी । "क्तिच्" तात । हारलता । मुलट्ठी । वा ङीप्.

यस्, यत्न-कोशिशकरना । दिवा० पक्षे भ्वा० पर० अक० सेट् । यस्यति । यसति । अयसत् । अयासीत्-अयसीत्.

या, गति-जाना । अदा० पर० अक० अनिट् । याति । अयासीत्.

याग, (पु०) यज्+घञ् । मन्त्रोंके साथ अग्निमें घी आदिका फेंकनारूप यज्ञ । उपासन । वैश्वदेव । स्थालीपाक । आग्रयण आदि.

याच्, याचन । मांगना । भ्वा० उभ० द्विक० सेट् । याचति-ते.

याचक, (त्रि०) याच्+ण्वुल् । याच्ञाकारक । मांगनेवाला.

याचन, (न०) याच्+ल्युट् । याच्ञा । मांगना+युच् । याचना (स्त्री०).

याचनक, (त्रि०) याच्+ल्युट्+स्वार्थे कन् । याचक । मांगनेवाला.

याचित, (न०) याच्+भावे क्त । मांगनेकी वृत्ति । मांगना । "कर्मणि क्त" प्रार्थित (मांगागया) (त्रि०).

याचितक, (न०) याचितेन अधिगतं+कन् । मांगकर धनके स्वामीसे लियागया.

याच्ञा, (स्त्री०) याच्+नङ् । प्रार्थना । मांगना । मांग.

याजक, (पु०) याजयति । यज्+णिच्+ण्वुल् । धन आदि पानेके लिये दूसरेके लिये यज्ञ करानेहारा पुरोहित आदि.

याज्ञवल्क्य, (पु०) एक मुनि । योगिओंका राजा.

याज्ञसेनी, (स्त्री०) यज्ञसेनस्य (द्रुपदराजस्य) अपत्यं स्त्री+अत इञ् ङीप् । द्रुपदराजकी पुत्री । द्रौपदी । पाण्डवोंकी भार्या (औरत).

याज्ञिक, (पु०) यज्ञाय हितः । यज्ञः प्रयोजनं अस्य वा+ठक् । यज्ञके लिये हितकारी वा यज्ञ जिसका प्रयोजन है । दर्भभेद । कुशा । खदिर (खैरकी लकडी) । पलाश । अश्वत्थ (पीपल) । याजक । यज्ञ करानेहारा । ऋत्विग् आदि । पुरोहित । और यजमान.

याज्य, (न०) इज्यते अत्र । यज्+ण्यत् । यज्ञका स्थान । देवताकी प्रतिमा (मूर्ति) । दायभाग (विसंह) । यज्ञकरानेलायक (त्रि०).

यातना, (स्त्री०) चु० यत्+युच् । तीव्रवेदना । वडीपीडा । सख्तदर्द.

यातयाम, (त्रि०) यातः (गतः) यामः (उचितसमयः) यस्य । जिसका ठीक समय जाता रहा । जीर्ण । पुराना । पर्युषित । बासी । बआ । उच्छिष्ट । झूठा । परिभुक्त । खायाहुआ.

यातव्य, (पु०) यायते असौ । या+तव्य । वह शत्रु कि जिसके सामने राजाओंको युद्धके लिये जाना चाहिये । गन्तव्य (जानेलायक) (त्रि०).

यातायात, (न०) यातं च आयातं च । या+भावे क्त । आ+या+भावे क्त समाहार द्वं० । गमनागमन । जानाआना.

यातु, (पु०) या+तु । राक्षस । गन्ता (जानेवाला) (त्रि०).

यातुघ्न, (पु०) यातुं (राक्षसं) गन्धेन हन्ति । हन्+ठक् । जो राक्षसको गंधसे मारता है । गुग्गल । राक्षसमारनेवाला (त्रि०).

यातुधान, (पु०) यातु इति धीयते (अभिधीयते) धा+ल्युट् । जिसे "यातु" कहते हैं । राक्षस.

यातृ, (स्त्री०) या+तृच् । देवरपत्नी । देवरकी औरत । दिरानी । (याता-यातरौ-यातरः) । तृन् । गन्ता । जानेवाला (त्रि०) याता-यातारौ-यातारः.

यात्रा, (स्त्री०) या+ष्ट्रन् । जीतनेकी इच्छासे राजाओंका जाना । धावा करना । जाना । देवताके उद्देशसे एक प्रकारका उत्सव । "रथयात्रा" आदि.

यात्रिक, (त्रि०) यात्रायै हितम् । यात्राके लिये हितकारी । उत्सव । उपाय । जानेके लिये हितकारी नक्षत्र.

याथातथ्य, (न०) तथा तद्रूपस्य औचित्यम् । अव्ययी० । तस्य भावः+ष्यञ् । जो वस्तु जैसी होनी चाहिये उसका वैसा होना । ठीक २ होना.

यादःपति, (पु०) यादसां पतिः । जलके जीवोंका मालिक । वरुण और समुद्र.

यादव, (पु०) यदोर्गोत्रापत्यं+अण् । यदुके वंशका । स्त्रियां ङीप् । उनमें प्रधान श्रीकृष्ण (पु०) । "यदूनां इदं अण्" । गौ, भैंस (महिष) आदि धन (न०).

यादस्, (न०) या+असुन्-दुकच । हरएक प्रकारका जलका जीव.

यादसांनाथ, (पु०) ६ त० । अलुक् समा० । जलके जीवोंका मालिक । वरुण और समुद्र । "यादसांपति" यही अर्थ.

यादृक्ष (श्) (श), (त्रि०) । यस्य इव दर्शनं अस्य । यद्+दृश्+क्स, (ट) क्विप् वा । जिसके सदृश । जिस प्रकारका जैसा.

यादृच्छिक, (त्रि०) यदृच्छया आगतः+ठक् । अपनी इच्छासे आया । अचानक आगया । अचनचेत.

यान, (न०) या+भावे ल्युट् । गमन । जाना । संधि आदि छः गुणोंमेंसे एक । आक्रमण । हमला । "करणे ल्युट्" जानेका साधन रथ (गाडी) आदि.

यापन, (न०) या+णिच्+ल्युट् । समयका गुजारना । हटाना । निरसन.

याप्ययान, (न०) याप्यं (क्षेप्यं) कुत्सितं वा पदशून्यत्वात् यानं । बुरी सवारी । पालकी । शिविका.

याम, (पु०) यम्+घञ् । समय । वक्त । और प्रहर । पहिर.

यामघोष, (पु०) यामे घोषः अस्य । जो एक पहिरके पीछे बोलता है । कुक्कुट । कुक्कुड । एक प्रकारकी घडी (स्त्री०).

यामल, (पु०) यमल+स्वार्थे अण् । युगल । जोडा । एक प्रकारका तन्त्रशास्त्र.

यामवती, (स्त्री०) यामाः (बहवः त्रित्वसंख्यायुताः) सन्ति अस्याः । भूम्नि मतुप् । "म" को "व" होता है । तीन पहिरवाली । रात्रि (रात) । हरिद्रा । हल्दी.

यामातृ, (पु०) जायां माति । तृच् । पृ० । जामातृ । जवाई । दामाद.

यामि, (स्त्री०) यम्+इन् । कुलकी स्त्री । भगिनी । बहिन.

यामिक, (पु०) याम+ठक्+इक । प्रहरिक । रातको पहरा देनेवाला.

यामित्र, (न०) ज्योतिषमें लग्नराशिसे सातवाँ स्थान.

यामित्रवेध, (पु०) यामित्रे (सप्तमस्थाने) वेधः (पापग्रहसंयोगः) । सातवें स्थानमें किसी पापी ग्रहका मेल (विवाह आदिमें वर्जनेलायक योग).

यामिनी, (स्त्री०) यामाः (त्रिसंख्याताः) सन्ति अस्य । बाहुल्ये इनि । तीन पहिरवाली । रात्रि । रात । हल्दी.

यामिनीपति, (पु०) ६ त० । रातका मालिक । चन्द्र । चांद । और कपूर (काफूर) । "रजनीश" यही अर्थ.

यामी, (स्त्री०) यमस्य इयम् । यमो देवता अस्या वा+अण् । दक्षिण दिशा । यमसम्बन्धिनी यातना । यमकी पीडा.

याम्य, (पु०) यामी दिक् निवासः अस्य+यत् । जिसका निवास यमकी दिशामें है । अगस्त्य । और चंदनवृक्ष । यमसम्बन्धी । यमका (त्रि०) दक्षिण देशमें रहनेहारा (त्रि०).

याम्यायन, (न०) याम्यायां अयनं (सूर्यस्य गतिः) । दक्षिण दिशामें सूर्यका जाना । मार्गशिर (मग्गर)की संक्रान्तिसे परले छः महीने.

याम्योद्भूत, (पु०) याम्ये (दक्षिणदेशे) उद्भूतः । दक्षिणदेशमें प्रकट हुआ । श्रीतालवृक्ष । तालका दरख्त.

यायजूक, (पु०) यज्+यङ्+ऊक । पुनः पुनर्यागशीलः । वार २ यज्ञके करनेहारा.

यायावर, (पु०) देशात् देशान्तरं याति । या+यङ्+वरच् । अश्वमेधयज्ञका घोडा । और जरत्कारु मुनि । सृशवक्रगमनशील । बहुत टेढा चलनेहारा (त्रि०).

यावत्, (त्रि०) यत् परिमाणं अस्य-मतुप् । यत्परिमाण । जितने मापवाला । जितना । सारा । फैलाहुआ । सीमा (हद्द) । जबतक (अव्य०).

यावतिथ, (त्रि०) यावतां पूरणः । यावत्+डट्-इथुक् च । जितनोंके भरनेवाला । जित्तवां । जितने मापका.

यावनाल, (पु०) यवनाल एव+स्वार्थे अण् । (जुआर) नामी धान्य । एक देशका नाम.

याष्टीक, (पु०) यष्टिः प्रहरणं अस्य+ईकक् । लाठी जिसका शस्त्र है । लाठीसे लडनेवाला.

यास (पु०) यस्+घञ्+अ । यत्न । कोशिश.

यास्क, (पु०) निरुक्तकर्ताका नाम.

यु, बांधना । क्र्या० उभ० सक० अनिट् । युनाति-युनीते । अयौत्सीत्-अयौष्ट.

युक्त, (त्रि०) युज्+क्त । मिलित । मिलाहुआ । जुडाहुआ । योगी (पु०) । उचित (मुनासिब) । और न्याय (इन्साफ)से मिलाहुआ द्रव्य (न०).

युक्तकर्मा, (त्रि०) युक्तः कर्मणि यः । अपने काममें निरत (लगाहुआ).

युक्तदण्ड, (त्रि०) युक्तः दण्डः यस्य । उचित दण्ड (सजा) देनेवाला.

युक्तमनस्, (त्रि०) युक्तं मनो यस्य । सावधान । लगे हुए मनवाला.

युक्तरूप, (त्रि०) युक्तं रूपं यस्य । ठीक स्वरूपवाला । योग्य । लायक । यथार्थ । उचित । (षष्ठीके साथ).

युक्ति, (स्त्री०) युज्+क्तिन् । न्याय । व्यवहार । अनुमान । उसे सिद्ध (साबित) करनेहारे लिङ्ग (चिह्न) का ज्ञान । "युक्तिरर्थावधारणम्" । और नाटकका अङ्गविशेष.

युग, (न०) युगि+अच् । पृ० । "न" का लोप । युग्म । जोडा । दोकी संख्या (गिनती) । सत्य, त्रेता, द्वापर, और कलिरूप एक समय । वृद्धि नाम औषध । चार हाथका परिमाण (माप) । रथ (गाडी) वा हल आदिका अंगविशेष (एक हिस्सह) । जूला.

युगपद्, (अव्य०) युगं इव पद्यते । पद्+क्विप् । एककाल । एकवारही.

युगपार्श्वग, (पु०) युगपार्श्वे गच्छति । गम्+ड । अभ्यासके लिये हलके पास बंधाहुआ वृष (बैल).

युगल, (न०) युगं (द्वित्वं) विद्यते अस्ति अस्य+लच् । युग्म । जोडा । दोकी संख्यावाला.

युगान्त, (पु०) युगानां (सत्यादीनां) अन्तः (तदुपलक्षितः कालः) । सत्य, त्रेता, द्वापर और कलिरुपसे पहिचानागया समय । युगोंका अन्त । प्रलय । और प्रलयका समय.

युग्म, (न०) युज्+मक् । पृ० । "ज" को "ग" होताहै । दोकी संख्यावाला (जोडा) । युगल । दो । तिथिविशेषरूप योग । एक जैसी राशियें.

युग्य, (न०) युगं अर्हति+यत् । जिसके साथ जूला लगाना चाहिये । वाहन । सवारी । यान । "जूलेको उठानेवाला" घोडाआदि.

युच्छ्, प्रमाद (भूलना) । बेपर्वाह होना । भ्वा० पर० सक० सेद् । युच्छति । अयुच्छीत्.

युज्, संगम-मिलना-जुडना । चु० उभ० पक्षे भ्वा० प० सक० सेद् । योजयति-ते । योजति.

युज्, युति (जुडना) रुधा० उभ० सक० अनिट् । युनक्ति-युङ्क्ते । उद्युङ्क्ते । प्रयुङ्क्ते । निर्युनक्ति । अयुजत्-अयौक्षीत्-अयुक्त.

युज्, योयु-जुडना और समाधि लगाना । दिवा० अक० अनिट् । युज्यते । अयुक्त.

युज्, (पु०) दि० युज्+क्विप् । समाधिवाला । युक्-युजौ । रु० युज्+क्विप् । संयोगवाला । मिलाहुआ (त्रि०) युङ्.

युञ्जान, (पु०) युज्+शानच् । योगविशेषवाला । भावनाके साथ सम्पूर्ण पदार्थोंको जाननेहारा । "चिन्तासहकृतोऽपरः" योगविद्यासे सब कुछ जाननेहारा योगी । रथसारथि । गाडीवान । और विप्र (ब्राह्मण).

युत्, (दीप्ति) चमकना । भ्वा० आ० अक० सेट् । योतते । अयोतिष्ट.

युत, (त्रि०) यु+क्त । संयुक्त । मिलाहुआ और न मिलाहुआ.

युतक, (पु०) यु+क्त । युत+क वा । ततः स्वार्थे कन् । संशय । शक । युग । जोडा । स्त्रीके कपडेका पल्ला (किनारा) । पाँवके आगेका भाग । यौतुकधन । दहेज (दाज) । मैत्रीकरण । दोस्ती लगाना । संयुक्त (मिलाहुआ) (त्रि०).

युतवेध, (पु०) विवाहआदिमें त्याग देनेलायक चंद्रमाके साथ पापग्रहोंका योग (जुडाना).

युद्ध, (न०) युध्+क्त । शस्त्रआदि चलानेका व्यापार (काम) । लडाई । संग्राम.

युध्, युद्ध-लडाई करना । दिवा० आ० सक० अनिट् । युध्यते । अयुद्ध.

युध्-धा, (स्त्री०) युध्+क्विप् । वा टाप् । युद्ध । जंग । लडाई.

युधान, (पु०) यु+कानच् । लडनेवाला । क्षत्रिय.

युधिष्ठिर, (पु०) युधि (युद्धे) स्थिरः "गवियुधिभ्यां स्थिरः" इति षत्वम् । लडाईमें स्थिर (कायम-पक्का) । पाण्डवोंमें श्रेष्ठ.

युमिश्रण, (मिलाना) अमिश्रण (न मिलाना) । अ० प० स० सेट् । यौति । अयावीत्.

युयुधान, (पु०) युध्+कानच् । इन्द्र । सात्यकिनामी यादव । एक क्षत्रिय । क्षत्रियमात्र.

युवखलति, (स्त्री०) युवतिः एव खलतिः । जवान औरतही सिरकी गंजी है । एक प्रकारके रोगवाली जवान औरत । "युवजरती" इसी अर्थमें है.

युवति-ती, (स्त्री०) । युवन्+ति ङीप् वा । यौवनवती स्त्री । जवान औरत । युवन्+ङीप् । "यूनी" इसी अर्थमें है.

युवन्, (त्रि०) यु+कनिन् । श्रेष्ठ । बहुत अच्छा । स्वभावसे बलवाला । जवान । सोलह वरिसतक "बाल" इसके अनन्तर तरुण अर्थात् "जवान" कहाजाता है.

युवनाश्व, (पु०) सूर्यवंशमें हुआ मांधाताका पिता । एक राजा.

युवराज, (पु०) युवैव राजा+टच् समा० । जवानही राजा । राजाके लायक कुछ काम करनेवाला राजपुत्र (राजकुमार).

युष्, भजन (सेवा करना) पर० सक० सेट् । योषति । अयोषीत्.

युष्मत्, (त्रि०) युष्+मदिक् । भवत्शब्दके अर्थमें । यह सर्वनाम है । आप । तुह्मारा । यह तीनों लिङ्गोंमें एक जैसा है.

यूक, (पु० स्त्री०) यू+क्विप्-कन् । मत्कुण । खटमल । जूं (स्त्री०) टाप्.

यूति, (स्त्री०) यु+क्तिन् । नि० । दीर्घः । मिश्रीकरण । मिलाप । मिलाना.

यूथ, (न०) यु+थक् । पृ० । दीर्घः । सजातीयसमुदाय । एकजातका समूह । समूह.

यूथनाथ, (पु०) ६ त० । वन्यगजप्रधान । जंगली हाथिओंका सर्दार । "यूथप" आदि इसी अर्थमें है.

यूप, (न०) यु+पक् । पृ० । दीर्घः । यज्ञके पशुको बांधनेकी लकडी । संस्कार कीगई एक प्रकारकी लकडी । यज्ञका खंबा । और यज्ञकी समाप्तिका चिह्न (निशान) बनानेके लिये एक स्तंभ । जयस्तम्भ । जीतका थंभा (खंभा) (पु०).

यूष, वध (मारना) भ्वा० पर० सक० सेट् । यूषति । अयूषीत्.

योक्त्र, (न०) युज्यते अनेन । युज्+ष्ट्रन् । युगबंधनार्थं दाम । जूलेके साथ हल बांधनेकी रस्सी.

योग, (पु०) युज्+भावादौ घञ् । संयोग । जोड । मिलाना । उपाय । वर्मादिधारण । जिरहआदिका पहिरना । ध्यान । "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" इस पातञ्जलसूत्रके अनुसार सब विषयोंसे मनकी वृत्तिओंका निरोध (हटाना) । जीवात्मा और परमात्माका एक होना । युक्ति । दलील । छल । विष्कम्भ आदि । अलभ्यलाभचिन्ता । देहकी स्थिरता । खासयोग.

योगक्षेम, (न०) योगश्च क्षेमं च-समाहारः द्वं० । अलभ्यलाभचिन्तासहित लब्धपरिरक्षण । न मिले हुए पदार्थकी चिन्ताके साथ मिलेहुए पदार्थकी रक्षा करना । न मिलीहुई चीजको पाना और पाईहुईको बचाना । "योगक्षेमं वहाम्यहम्" इति गीता.

योगज, (न०) योगात् जायते । जन्+ड । योग (मेल) से उपजता है । अगुरुचंदन । जो कुछ योगसे उत्पन्न हो (त्रि०) । न्याय आदिमें कहाहुआ प्रत्यक्षआदिका साधन । एक प्रकारका अलौकिक सन्निकर्ष (व्यापार) (पु०).

योगदान, (न०) योगेन (छलेन) उपाधिना वा दानं । छल वा उपाधिसे देना । "योगदानप्रतिग्रहम्" इति स्मृतिः.

योगनिद्रा, (स्त्री०) योगरूपा निद्रा । योगरूपी नींद । प्रलयके समय परमेश्वरका सम्पूर्ण जीवोंके संहार (खेंचना)की इच्छासे योगरूप व्यापार । "योगनिद्रामुपेयुषः" इति चण्डी । ऊंघना । दुर्गा । पार्वती.

योगपट्ट, (न०) योगाभ्यासार्थं पट्टः । योगभ्यासके लिये पट्ट । योगिओंके धारण करने (पहिरने) लायक एक प्रकारका पट्टका सूत.

योगपीठ, (पु० न०) योगयोग्यं पीठं (आसनं) । योगके लायक आसन । देवता आदिका एक प्रकारका आसन.

योगमाया, (स्त्री०) योग एव माया । योगही माया है । भगवान्‌की जगत्‌को रचनेके लिये शक्ति (ताकत) । "योगमायामुपाश्रितः" इति भागवतम् । दुर्गा । पार्वती । परमशक्ति.

योगरूढ, (पु०) योगोऽवयवशक्तिः रूढिः समुदायशक्तिः एते स्तः अस्य+अच् । जिसकी दोनों (अवयव और समुदाय) शक्तियें हों । अवयवशक्ति (धातु और प्रत्ययसे जो अर्थ होसके) और समुदायशक्ति (जो अर्थ सारे शब्दका प्रसिद्ध होगया हो)से अर्थको जतानेहारा "पङ्कज" आदि शब्द । यहां दोनों शक्तिओंसे अर्थबोध होता है (पङ्क+जन्+ड) "जो कीचडसे निकलता है" यह अवयवशक्ति है इसका अर्थ "कमलही है" यह समुदायशक्ति है.

योगाङ्ग, (न०) योगस्य अङ्गं योग (जीवात्मा और परमात्माका मिलाप) की प्राप्तिका साधन (ये सब आठ हैं).

योगानुशासन, (न०) योगस्य अनुशासनम् । योगका सिद्धान्त (जिसमें योगाभ्यासका उपदेश है).

योगाचार, (पु०) योगस्य आचारः । योगका अभ्यास । बुद्धमतका अनुसरण करनेवाला (जो केवल विज्ञान वा बुद्धिकी नित्य सत्ता मानता है).

वरुणानी, (स्त्री०) वरुणस्य पत्नी। ङीप्-आनुक्च। वरुणकी स्त्री.

वरूथ, (न०) वृ+ऊथन्। तनुत्राण। वर्म। शरीरको बचानेवाला जिरह-संजोआ। रथकी रक्षाका स्थान। दूसरोंकी चोटसे बचानेके लिये ढकाहुआ स्थान (पु०)। घर (न०).

वरूथिनी, (स्त्री०) वरूथः अस्ति अस्या+इनिः। रथगुप्तिवाली। सेना। फौज.

वरेण्य, (न०) वृ+एन्य। कुङ्कुम। केसर। प्रधान। सबसे अच्छा। और प्रार्थनीय। प्रार्थनाके लायक (त्रि०).

वर्ग, (पु०) वृज्+घञ्। सजातीयसमूह। एक कौमके लोग आदि। यथा मनुष्यवर्गः। पशुवर्गः। अक्षरोंका समूह। जैसे कवर्गः चवर्ग आदि। ग्रन्थका भाग। जैसे स्वर्गवर्ग। गणितमें एक जैसे दो अंकोंका आपसमें गुणना। जैसे २ का ४, ३ का ९, चारका १६ सोलह। और त्याग। छोडना.

वर्गमूल, (न०) वर्गस्य (समद्विघातात्मकङ्कतेः) मूलम्। एक जैसे दो अंकोंका मूल अर्थात् घातका साधन। जैसे १६ का ४, ९ का ३ आदि.

वर्गोत्तम, (पु०) वर्गेषु षट्सु क्षेत्रादिषु उत्तमः नवांशः। क्षेत्र आदि छ वर्गोंमें उत्तम अर्थात् ९ वां भाग। ज्योतिषमें तीस अंशवाली राशिका नवांश (९ वां हिस्सा).

वर्च्, दीप्ति (चमकना)। भ्वा० आ० अक० सेट्। वर्चते। अवर्चिष्ट.

वर्चस्, (न०) वच्+असुन्। रूप (शकल)। शुक्र (वीर्य)। तेज। विष्ठा। मल। गूंह। "स्वार्थे कन्" गूंह.

वर्चस्विन्, (त्रि०) वर्चस्+अस्त्यर्थे विनि। तेजस्वी। तेजवाला.

वर्जन, (न०) वृज्+ल्युट्। त्याग। छोडना। मारना। हिंसा। कतलकरना.

वर्ण्, (स्तुति) तारीफकरना। फैलना। शुक्लादिवर्णकरण। चिट्टा आदि रंग करना। उद्योग (हिम्मतकरना)। दीपन (चमकना)। चुरा० उभ० सक० सेट्। वर्णापयति-ते। वर्णयति-ते.

वर्ण्, (वर्णन) बयान करना। चु० उ० स० सेट्। वर्णयति-ते.

वर्ण, (न०) वर्ण्+घञ्। कुङ्कुम (केसर)। ब्राह्मणआदि जाति। शुक्ल आदि रूप। भेद (फरक)। और अकार आदि अक्षर (पु०)। "करणादौ घञ्" यश। गुण। और अंगराग। स्वर्ण (सोना)। एक व्रत। और विलेपन द्रव्य (चंदन आदि) "भावे घञ्", विलेपन। (लेप करना)। स्तुति (तारीफ)। गानेका क्रम। और मूरत.

वर्णक, (न०) वर्णयति। वर्ण+ण्वुल्। हरिताल। लेप करनेके लायक पीसा वा घिसाहुआ चंदन आदि द्रव्य। हींग (पु० स्त्री०) मण्डन (सजाना) (न०) एक सूत्रपरही किसी दूसरे प्रकारसे व्याख्यान करनेवाला ग्रन्थविशेष (न०).

वर्णकूपिका, (स्त्री०) वर्णानां अक्षराणां लेखनाय क्षुद्रः कूपः कूपी सेव+कन्। अक्षरोंके लिखनेके लिये एक छोटीसी कूई। मस्याधार। स्याहीका आश्रय। दवात.

वर्णतूलि (ली), (स्त्री०) वर्णानां लेखनसाधनं तूलिः, अक्षरोंके लिखनेका साधनरूप तूलि । लेखनी । कलम+ स्वार्थे कन् । यही अर्थ.

वर्णधर्म, (पु० न०) ६ त० । वर्णोंका धर्म । ब्राह्मण आदि वर्णोंका असाधारण (खास) धर्म । जैसे ब्राह्मणका यज्ञ करना, पढाना, दान लेना आदि, क्षत्रियका प्रजाओंका पालन आदि.

वर्णसंकर, (पु०) संकीर्यते । सम्+कॄ+अप् । वर्णतः संकरः । वर्णका मेल दोगला । मूर्धाभिषिक्त आदि जाति । "जायते वर्णसंकरः" गीता.

वर्णाङ्का, (स्त्री०) वर्णा अक्षराणि अङ्क्यन्ते अनया । अङ्क्+ अच् । जिस्से अक्षरोंके निशान कियेजाते हैं । लेखनी । कलम.

वर्णात्मन्, (पु०) वर्णं आत्मा स्वरूपं यस्य । अक्षरोंके स्वरूपवाला । ध्वनिस्वरूपसे विलक्षण आकार आदि अक्षरवाला एक प्रकारका शब्द.

वर्णिका, (स्त्री०) वर्णा अक्षराणि लेख्यत्वेन सन्ति अस्याः+ ठन् । जिस्से अक्षर लिखे जाते हैं । लेखनी । कलम.

वर्णित, (त्रि०) वर्ण्+क्त । स्तुत (तारीफ कियागया) । वर्णन कियागया । और रूपान्तरापादित (भेस बदलाहुआ).

वर्णिन्, (पु०) वर्णः अस्ति अस्य+इनि । रंगवाला । चित्रकर । मूरत लिखनेवाला । लिखनेवाला । और ब्रह्मचारी । "अथाह वर्णी विदितो महेश्वरः" इति कुमारः । ब्राह्मण आदि जाति । "वर्णिनां हि वधो यत्र" स्मृतिः.

वर्तक, (पु०) वृत्+ण्वुल् । एक प्रकारका पक्षी । मारुई । वर्तक । "वर्तका" इसी अर्थमें । घोडेका खुर.

वर्तन, (न०) वृत्+ल्युट् । वृत्ति । जीविका । रोजी । "णिच् भावे ल्युट्" स्थापन (ठिकाना) । "णिच् करणे ल्युट्" जीवनका उपाय (न०) । "ल्यु" । जीविकावाला । रहनेवाला (त्रि०) । वायस । कौआ । (पु०).

वर्तनी, (स्त्री०) वर्त्तेते पादौ अत्र । जहां पाँव चलते हैं । पीसना । "वृत्+णिच्+आधारे ल्युट्" पथ । वाट । रास्ता.

वर्तमान, (पु०) वृत्+शानच् । आरब्धापरिसमाप्तकाल होरहा । हाल । मौजूद । शुरु कियाहुआ । जो खतम नहिं हुआ.

वर्ति–र्ती, (स्त्री०) वृत्+इन्-वा ङीप् । लेख । लिखना । नयनाञ्जन । आँखका कज्जल । शरीरपर लेप करना । दीपदशा । दीवेकी वत्ती । वट्टी.

वर्तिक, (पु०) वृत+तिकन् । वटेरनामी पक्षी । "वृत्-अच् वर्तः तत्र साधुः हितो वा ठन्" । भार (बोझा).

वर्तिन्, (त्रि०) वृत्+णिनि । वर्तनशील (प्रायः समासमें पीछे रहता है) । रहनेवाला । ठहरनेवाला । लौटनेवाला,

वर्तिष्णु, (त्रि०) वृत्+इष्णुच् । वर्तनशील । रहनेवाला । होनेवाला.

वर्तुल, (त्रि०) वृत्+उलच् । गोलस्वरूपवाला पदार्थ । गोल । गाजर (न०).

वर्त्मन्, (न०) वृत्+मनिन् । पथ । रास्ता । वाट । आचार । तरीका । आंखका पडदा.

वर्ध, छेदन (काटना)-पूरा करना । चु० उ० स० सेट् । वर्धयति-ते.

वर्धक, (पु०) वृध्+ण्वुल् । ब्राह्मणयष्टि (वामनहाटी) । पूराकरनेवाला । भरनेवाला । काटनेवाला । छेदक.

वर्धकिन्, (पु०) वर्धका वर्धः अस्ति अस्य+इनि । त्वष्टा । वढई । तर्खान.

वर्धन, (न०) वृध्+ल्युट् । काटना । और पूरण (भरना) । वृध्+णिच्+ल्यु । वृद्धिकारक । बढानेहारा (त्रि०) "वृध्+ल्यु" । वृद्धियुक्त । बढाहुआ । (त्रि०) । "नी" झाड़ू.

वर्धमान, (पु०) वृध्+शानच् । एरंडका द्रख्त । वृद्धिशील । बढाहुआ (त्रि०) । शराव (प्रकारका मट्टीका पात्र । कुज्जा) । पियाला । विष्णु । धनिओंका एक घर । एक देश । एक नगर । बढाहुआ (त्रि०).

वर्धापन, (न०) वर्धं (छेदं) करोति । वर्ध्+णिच्-आप्-च-सतो भावे ल्युट् । नाडी काटनेके कर्मका अंगस्वरूप एक प्रकारका संस्कार । नाडीछेदन.

वर्धिष्णु, (त्रि०) वृध्+इष्णुच् । वृद्धिशील । बढाहुआ.

वर्मन्, (न०) वृ+मनिन् । कवच । सन्नाह । संजोह । क्षत्रियकी उपाधि (पु०) नामके पीछे आता है.

वर्महर, (पु०) वर्म हरति । हृ+अच् । कवच धारण करनेलायक अवस्थाविशेष । तरुण । जवान.

वर्मित, (त्रि०) वर्म करोति । णिच्+क्त । जिरह पहिरेहुए । कृतसन्नाह । और हिम्मत कियेहुए (उद्युक्त).

वर्वणा, (स्त्री०) वरिति वणति शब्दायते अच् । वर २ शब्द करनेवाली एक प्रकारकी मक्खी । स्याह । मक्खी.

वर्वर, (र्ब) र, (न०) वव् (वृ)+अरच् । हींग पीला चंदन । और गंधरस । पामर (नीच) । मूर्ख (त्रि०) । "णलमिच्छन्ति वर्वराः" इत्युद्भटः । एकदेश । कालतुलसी द्रख्त (पु०).

वर्ष, (पु०) वृष्+अच् । वृष्टि (वर्सना) । जम्बुद्वीपका एक भाग । और जंबुद्वीप । "कर्तरि अच्" मेघ (बादल) । और बारह महीनेका समय (वक्त) । वरिस । "प्रभव" आदि साठ वरिस (पु०).

वर्षपर्वत, (वर्षाणां चिह्नभूतः सीमाभूतो वा पर्वतः) वह पर्वत जहां वर्षाके नशान दीखते हैं अथवा जहांतक वर्षा हो सक्ती है। वर्षनामी पहाड। एक पर्वतोंकी कतार। जो वृजगत्के विभागोंको जतलाती है वे संख्यामें सात है.—हिमालय-हेमकूट-निषध-मेरु-चैत्र-कर्णां और श्रृङ्गी.

वर्षपर्वत, (पु०) (वर्षणं पर्वतः) जगत्के भागोंको भिन्न २ करनेके लिये पर्वत श्रेणिओंमेंसे एक (हिमालय-हेमकूट-निषध-मेरु-चैत्र-कर्णां-और श्रृङ्गी-ये सात वर्षपर्वत हैं.

वर्षवर, (पु०) वर्षं (रेतोवर्षणं) वृणोति (आवृणोति)। वृ+अच्। जिसका वीर्य नहिं राजाओंके। अंतःपुर (जनानखाना) की रक्षा करनेहारा। षण्ड। खोजा। हीजडा। नपुंसक। "नष्टं वर्षवरैरिति" रत्नावली.

वर्षवृद्धि, (पु०) वर्षस्य वृद्धिः (अधिकता) यस्मिन्। जिसमें वर्ष बढता है। जन्मतिथि। बरिसगांठ। जन्म-दिनमें करनेलायक पूजा आदि। "युगाद्या वर्षवृद्धिश्च" स्मृतिः.

वर्षा, (स्त्री०) व० व०। वर्षन्ति मेघा अत्र। जिसमें बादल वर्सते हैं। सावन और भादोंके दो महीनोंका एक मौसम (ऋतु).

वर्षापगम, (पु०) वर्षाणां अपगमो यत्र। जिसमें वर्सात नहिं रहती। शरत्काल। शरद् ऋतु। ६ त०। वर्षाकी समाप्ति.

वर्षाभू, (पु०) वर्षासु भवति। भू+क्विप्। वर्सातमें होता है। मेक (मेंडक)। इन्द्रगोप (वीरवहूटी)। और महीलता। पुनर्नवा और भेकी (मेंडकी) (स्त्री०)। जो वर्षामें हो (त्रि०).

वर्षामद, (पु०) वर्षासु माद्यति। मद्+अच्। बर्सातमें मस्त होता है। मयूर। मोर.

वर्षिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन वृद्धः+इष्ठन्-वर्षादेशः। बहुत बूढा। अतिशय वृद्ध.

वर्षीयस्, (त्रि०) अतिशयेन वृद्धः। ईयसु-वर्षादेशः। बहुत बूढा। अतिवृद्ध। (स्त्रियां ङीप्.)

वर्षुक, (त्रि०) वृष्+उकञ्। वर्षणशील। बर्सनेवाला.

वर्षोपल, (पु०) वर्षस्य (वृष्टेः) उपलः (प्रस्तरः) इव। वर्षाका मानों पत्थर है। करक। शिल। गडा। ओला.

वर्ष्मन्, (न०) वृष्+मनिन्। देह। शरीर। जिस्म। शकल.

वर्ह्, मारना। सक०। चमकना। अक०। चु० उ० सेट्। वर्हयति.

वर्ह, (न०) वर्ह्+अच्। मयूरपिच्छ। मोरका पर। आग। चमक। और यज्ञ.

वर्हिण, (पु०) वर्ह अस्ति अस्य+इन्। मयूर। मोर। "वर्ही".

वर्हिर्मुख, (पु०) वर्हिः (वह्निः) मुखं यस्य। आग जिसका मूं है (इसीके द्वारा देविता हविको खाते हैं).

वर्हिषद्, (पु०) ब० व०। बर्हिषि (विप्रपाणिस्थेऽग्नौ) अदन्ति। वर्हिस्+अद्+क्विप्। ब्राह्मणके हाथमें रहनेहारी अग्निमें खाते हैं। पितृगणभेद। एक पितरोंकी जमात। "अग्निष्वात्ता, वर्हिषद, ऊष्मपा, आज्यपास्तथा" स्मृतिः.

वर्हिष्केश, (पु०) वर्ह्-चमकना+इसुन्। वर्हिः दीप्ति-मान् केशो यस्य। जिसका वाल चमकरहा है। वह्नि। आग.

वर्हिस्, (स्त्री०) वृहि+इसुन्। नि० नलोपश्च। वह्नि। आग। ग्रन्थिपर्ण। और चित्रक। कुशा (पु० न०)। "बर्हिर्देवसदनं दामि" इति श्रुतिः। वर्ह+असुन्। दीप्तियुक्त। चमकनेवाला (त्रि०)

वल्, संवरण (ढांकना)। भ्वा० आ० सक० सेट्। वलते अवलिष्ट.

वल, (न०) वल्यतेऽनेन। वल्+क। सैन्य। सेनाके लोग। सेना.

वलक्ष, (पु०) वल्+क्विप्। अक्ष्+अच्। कर्म०। धवल-वर्ण। चिट्टारंग। उसवाला (त्रि०).

वलभिः-भी, (स्त्री०) वल्यते=आच्छाद्यते-वल्-अभिवा ङीप् (कभी २ "वडभिः" "भी" ऐसा भी लिखा जाता है)। निम्नच्छाद। झुकी हुई छत्त। लकडीका बना हुआ छत्तका ढांचा। हुआ.

वलय, (पु० न०) वल्+अयम्। हस्तपादकटकादि। हाथपाँवके कडे आदि। उत्तरपद (पिछलापद) में होनेसे उसका घेरा-जैसे "भूवलयं" (पृथिवीका घेरा) और गोल.

वलयित, (त्रि०) वलयं इव आचरितं। वलय+क्वि+क्त। वेष्ठित। लपेटाहुआ। घिराहुआ.

वलाक, (पु०स्त्री०) वल्+आकन्। बकपक्षी। बगलापरिंदह। स्त्रियां टाप्.

वलाहक, (पु०) वारि वहति। पृ०। जलको उठाता है। मेघ। बादल। "बलाहक" शब्दके अर्थमें है.

वल्क, (न०) वल्-संवरण (ढांकना)। कच्-कस्य नेत्वम्। वृक्षोंका छिलका। वक्कल। मच्छिओंकी त्वचा-शल्क (मच्छिओंका कांटा)। षण्ड (नपुंसक)। हीजडा.

वल्कल, (न०) वल्+कलन्। त्वचा। छिलका। छाल। दारचीनी (पु०).

वल्ग्, गति (जाना) और प्लुतगति (उकल करजाना)। भ्वा० पर० सक० सेट्। वल्गति। अवल्गीत्.

वल्गा, (स्त्री०) वल्ग+अ। लगाम। घोडेके मूंकी रस्सी-विशेष.

वल्गित, (न०) वल्ग+क्त। एक घोडेकी चाल। जाना। और बहुत बोलना.

वल्गु, (पु०) वल्-संवरण (छिपाना)+उ-गुकुच । छाग । बकरा । मनोहर (खूब सूरत) (त्रि०) "संज्ञामें कन्" चंदन । वन (जंगल) और पण (पैसा) (न०).

वल्भ्, भक्षण (खाना) भ्वा० आ० स० सेट् । वल्भते । अवल्भिष्ट.

वल्मिकि, (पु०) वल्+इकि-मुट्च } कीडोंसे बनायागया
वल्मीक, (पु०) वल्+ईक-मुट्च } मट्टीका ढेर । बरमी । बामलूर.

वल्ल, (पु०) वल्ल्+घञ् । गुञ्जात्रयपरिमाण । तीन रत्तीभर.

वल्लकी, (स्त्री०) वल्ल्+क्कुन्-ङीष् । बीण । बीन । सल्लकी । दरख्त.

वल्लभ, (पु०) वल्ल्+अभच् । दयित । पियारा । अध्यक्ष । मालिक । और उत्तमाश्व । अच्छा घोडा.

वल्लरि-री, (स्त्री०) वल्ल्+अरिन् वा ङीप् । मञ्जरी । मिंजर । और मेथी.

वल्लव, (पु०) वल्ल्+अच् तं वाति । वा+क । गोप । ग्वाला । पाचक । रसोइआ और भीमसेन.

वल्लि, (स्त्री०) । वल्ल्+इन्-वा ङीप् । लता (वेल) । और पृथिबी.

वल्लुर, (न०) वल्ल्+उरन् । कुञ्ज (वेलोंसे ढकाहुआ स्थान) । मंजरी । क्षेत्र । अकेलीजगह । नये घासवाली जगह । गहन.

वल्लूर, (त्रि०) धूप आदिसे सूकाहुआ मांस । सूअरका मांस । बनका खेत । वाहन (सवारी) । ऊषरभूमि (कल्लरकी जमीन).

वल्ल्या, (स्त्री०) वल्ल+यत् । धात्रीवृक्ष । आमलेका दरखत.

वश्, स्पृहा (चाहना) अदा० पर० सक० सेट् । वष्टि । अवाशीत्-अवशीत्.

वश, (पु० न०) वश्+अच् । आयत्तत्व । आधीन होना । काबूमें होना । प्रभुत्व । मालिकपन । वडाई । आयत्त (काबूमें आयाहुआ).

वशंवद, (त्रि०) वशं (वशकरं) मधुरं । वशोऽहं इति वा वदति । वद्+अच्-मुम्च । प्रियवाक्यवादी । पीयारा वचन बोलनेवाला । मीठा बोलनेवाला । "मैं आपके आधीन हूं" ऐसा बोलनेहारा.

वशक्रिया, (स्त्री०) वशस्य क्रिया (करणं) । कृ+श । वशीकरण (काबू करना).

वशग, (त्रि०) वशं गच्छति । गम्+ड । वशीभूत । काबूमें आया.

वशवर्तिन्, (त्रि०) वशं वर्तते । वृत्+णिनि । वशमें रहता है । वशीभूत । आधीन हुआ.

वशा-सा, (स्त्री०) वश्-(वस्) अङ् । वंध्या योषा । बांझ औरत । कन्या (लडकी) । हथिनी (करिणी) । गौ.

वशित्व, (न०) वशिनो भावः त्व । स्वातन्त्र्य । खुदमुख्तारी । स्वाधीनता । ईश्वरका एक ऐश्वर्य (महिमा) । "तल्" "वशिता".

वशिन्, (त्रि०) वशः अस्ति अस्य+इनि । काबू रखनेवाला । जितेन्द्रिय (जिसने इन्द्रिय जीतली है) । स्वाधीन । स्वतन्त्र.

वशि(सि)ष्ठ, (पु०) अतिशयेन वशी+इष्ठन् । इनेर्लुक् । पृ० वा शस्य सः । पूरा २ इन्द्रिओंको जीतनेवाला एक मुनि । अतिशय जितेन्द्रियतायुक्त मुनिविशेष.

वशीकरण, (न०) अवशः वशः क्रियतेऽनेन । वश+च्वि +कृ+ल्युट् । जिस्से बेवसकोभी वश कियाजाय । तन्त्र आदिमें कहागया वश करनेवाला मणि, मन्त्र आदि । दूसरेको अपने काबूमें लेआनेका मन्त्र.

वश्य, (न०) वश्+यत् । लवंग । लौंग । आयत्त (काबूमें आयाहुआ) (त्रि०).

वषट्, (अव्य०) देवोद्देश्यकहविस्त्यागः । देवताके लिये घी आदिका देना वा छोडना.

वषट्कार, (पु०) वषट्+कृ+घञ् । देवोद्देश्यक त्यागरूप यज्ञ । वह यज्ञ कि जिसमें देवताके लिये कुछ दिया जाता है.

वषट्कृत, (त्रि०) वषट् इति कृतं । कृ+क्त । हुत । होम कियाहुआ.

वष्क्, (गति) जाना । भ्वा० आ० सक० सेट् । वष्कते । अवष्किष्ट.

वष्कय, (पु०) वष्क्+अयन् । एकहायनवत्स । एक वरिसका वछडा.

वस्, (निवास) रहना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । वसति । अवात्सीत्.

वस्, (आच्छादन) ढांकना । अदा० आ० सक० सेट् । वस्ते । अवसिष्ट.

वसति-ती, (स्त्री०) वस्+अति वा ङीप् । वास । रहना । यामिनी (रात) । "वसतीरुषित्वा" इति रघुः । निकेतन । रहनेका स्थान.

वसन, (न०) वस्+ल्युट् । वस्त्र । पडदा । मडपा रहना । गहना । कपडा.

वसन्त, (पु०) वस्+झ । चैत्र और वैशाखके दो महीनोंका एक ऋतु । एक प्रकारका राग । सीतला रोग.

वसन्ततिलक, (न०) चौदह अक्षरोंके पादवाला एक छंद.

वसन्तदूत, (पु०) वसन्तस्य दूत इव । वसन्तका मानों दूत है । कोकिल (कोइल) । आमका वृक्ष । पाँचवाँ स्वर.

वसन्तपञ्चमी, (स्त्री०) वसन्तस्य पञ्चमी । माघमासके शुक्लपक्षकी पांचमी तिथि.

वसन्तबन्धु-सख, (पु०) वसन्तः बन्धुः यस्य । जिसका बंधु (रिश्वेदार-सहायक) वसन्त है । कामदेवका नाम.

वसन्तसख, (पु०) वसन्तस्य सखा+टच् समा० । वसन्तका मित्र । कामदेव.

वसा, (स्त्री०) वस्+अङ् । मांससे उपजा शरीरका एक प्रकारका धातु । मेद (चर्वी) । एक वेल.

वसिष्ठ, (पु०) अतिशयेन वशी । अच्छी तरह इन्द्रियोंको वश रखनेवाला । प्रसिद्ध ऋषि । सूर्यवंशी राजाओंका कुलगुरु.

वसु, (न०) वस्+उ । धन (दौलत) । रत्न (उमदा चीज) । वृद्धि औषध । श्याम । स्वर्ण । और जल । वकवृक्ष । सूर्य । अग्नि । किरण । गणदेवताविशेष । आठकी संख्या (पु०) । मीठा । और सूका (त्रि०) दीप्ति (चमक) (स्त्री०) । वसुदेवतावाला धनिष्ठा नक्षत्र (तारा) (पु०).

वसुदेव, (पु०) वसुना दीव्यति । दिव्+अच् । जो धन आदिसे क्रीडाआदि कर्ता है । श्रीकृष्णका पिता । यदुके कुलमें उत्पन्नहुआ एक क्षत्रिय.

वसुधा, (स्त्री०) वसूनि धीयन्तेऽस्यां । जिसमें धन रक्खे जाते हैं । धा+क । पृथवी । जमीन.

वसुधारा, (स्त्री०) वसोः चेदिराजस्य प्रियार्थं धारा (घृतादिस्रवसन्ततिः) । मंगलके कामोंमें चेदिराजवसु (शिशुपालके उद्देशसे दीगई घीआदिकी धारा । कुबेरकी राजधानी । "धारा".

वसुन्धरा, (स्त्री०) वसूनि धारयति । धृ+खच्-मुम्च । जिसमें धन रहते हैं । पृथिवी । जमीन.

वसुमती, (स्त्री०) वसूनि सन्ति अस्यां+मतुप् । जिसमें धन हैं । पृथिवी । जमीन.

वस्त्, वध (मारना)-गति (जाना) । सक० । मांगना । द्वि० चु० उभ० सेट् । वस्तयति-ते । अववस्तत्-त.

वस्त, (पु०) वस्यते (वध्यते) वस्त्+घञ् । मारा-जाता है (यज्ञआदिमें) छाग (बकरा).

वस्ति, (पु०) वस्ते (आवृणोति) मूत्रम् । मूत्र (पेशाब) को छिपा लेता है । वस्+तिच् । नाभि (धुन्नी) के नीचे मूत्रका आश्रयरूप स्थान । और वास (रहना) । कपडेका पल्ला (स्त्री०) ब० व०.

वस्तिमल, (न०) ६ त० । वस्तिकी मैल । मूत्र । पेशाब.

वस्तु, (न०) वस्+तुन् । द्रव्य (चीज) । पदार्थ । सच्चा पदार्थ.

वस्तुतस्, (अव्य०) असलमें । वास्तविक । ठीक ठीक.

वस्त्य, (न०) वस्तौ साधु+यत् । निवासके लिये अच्छा । घर । गृह.

वस्त्रकुट्टिम, (न०) वस्त्रनिर्मितं कुट्टिमं यत्र । जहां कपडेकी बनीहुई फर्श है । वस्त्रगृह । कपडेका घर । तंबू.

वस्त्रग्रन्थि, (पु०) ६ त० । कपडेकी गांठ । नीवी । धोतीकी गांठ.

वस्न, (न०) वस्+नन् । वेतन । मजूरी । और द्रव्य (चीज) । धन (दौलत) । त्वचा (छिलका) । और मौत (मृत्यु) । मोल (पु०).

वस्नसा, (स्त्री०) वस्नं स्यति । षो+क । स्नायु । आँतडी । नाड.

वह्, प्रापण (पहुंचाना) भ्वा० उ० द्विक० अनिट् । वहति-ते । अवाक्षीत् । उवाह.

वह्, दीप्ति (चमकना) चु० उ० अक० सेट् । इदित् । वहयति-ते । अवहिष्ट.

वह, (पु०) उह्यतेऽनेन । उठाया जाता है इस्से । वृषस्कंधदेश । बैलके कंधेकी जगह । घोडा । सवारी । पथ । रास्ता । नद । बडा दर्या.

वह-ऊढ, (त्रि०) वह्+क्त । लेगया (बोझा) । लेजाया गया । विवाहागया । –ढः (पु०) विवाहा गया पुरुष । –ढा-(स्त्री)-विवाही-गई लडकी.

वहल, (पु०) वह्+अलन् । पोत । जहाज । दृढ (मजबूत) (त्रि०).

वहित्र, (न०) वह्+इत्र । पोत (जहाज) । पानीकी सवारी । "स्वार्थे कन्".

वहिरङ्ग, (न०) वहिः (प्रकृतेर्वाह्यं) अङ्गं यस्य । प्रकृतिसे बाहिरे है अंग जिसका । व्याकरणमें कहागया प्रत्ययआदिके निमित्तसे उत्पन्नहुआ प्रकृति (धातु) के उत्तर (पिछला) अवयव आदिका कार्य । "असिद्धं वहिरङ्गमन्तरङ्गे" महाभाष्यम् । बाहिरका अंग । "धातुके पीछे प्रत्ययआदिके संबन्धसे होनेवाला कार्य".

वहिरिन्द्रिय, (न०) वहिः (देहाद् वाह्यस्य पदार्थस्य) ग्राहकं इन्द्रियम् । शरीरसे बाहिरले पदार्थको ग्रहण करनेवाला इन्द्रिय । "शब्द" आदि बाहिरके विषयोंको ग्रहण करनेहारे "श्रोत्र (कान)" आदि.

वहिर्मुख, (त्रि०) वहिः (वाह्यविषये) मुखं (प्रवणता) यस्य । जिसकी झुकावट बाहिरके विषयोंमें है । बाहिरके विषयोंमें आसक्त (फसाहुआ) हुए मनवाला जन और विमुख (औरतर्फ मुख किये).

वहिस्, (अव्य०) वह्+इसुन् । वाह्य । बाहर (पंचमीके पीछे आता है).

वह्नि, (पु०) वह्+नि । अग्नि (आग) । चित्रकवृक्ष (चित्रा) । भल्लातक (भिलावा) । नीम । तन्त्रमें रकार ("र").

वह्निकरी, (स्त्री०) वह्निं (देहस्थवह्निं) करोति (उद्दीपयति) कृ+ट-ङीप् । शरीरकी आगको उद्दीपन कर्ता है (भडकाता है) । धात्रीवृक्ष (आवला-औला-आमला) । आगको चमकानेहारा (त्रि०).

वह्निगर्भ, (पु०) वह्निः गर्भे यस्य । जिसके भीतर आग है । वंश(बांस) । शमीवृक्ष । जंडीका दृख्त.

वह्निदीपक, (पु०) वह्निं (देहस्थवह्निं) सेवनात् दीपयति । दीप्+णिच्+ण्वुल् । सेवन करनेसे शरीरकी आग चमकाती है । "वह्निरिव दीप्यति-दीप्+ण्वुल् वा" आगकी नाँई चमकती है । "दीप्+ण्वुल् वा" कुसुम्भा । आगको चमकानेहारा (त्रि०) । अजमोदा । (अजवैन-जवैन) (स्त्री०).

वह्निनी, (स्त्री०) वह्निं नयति । नी+ड-ङीष् । जटामांसी । बूटी.

वह्निभोग्य, (न०) ६ त० । आगके भोगनेलायक । घृत । घी.

वह्निमित्र, (पु०) वह्निः मित्रं यस्य । आग जिसका मित्र है । वायु । हवा । ६ त० । आगका मित्र । "वही" (न०).

वह्निरेतस्, (वह्नौ निषिक्तं रेतो येन । जिसने अग्निमें वीर्य सींचा (स्वामी कार्तिककी उत्पत्तिके समय) । शिवजी । अग्निमें डालेगये शिवजीके वीर्यसे (गंगामें) वदल (संक्रम) देनेसे कार्तिकेय उत्पन्न हुआ.

वह्निवधू, (स्त्री०) ६ त० । अग्निदेवताकी स्त्री (जिसका नाम "स्वाहा" है) । उस स्वरूपका मन्त्र । "वह्निजाया".

वह्निसख, (पु०) ६ त० । आगका मित्र । वायु (हवा) । शरीरकी आगको भडकानेहारा जीरा.

वह्य, (न०) वह्+यत् । शकट । छकडा । गड्डा । वाहनमात्र । हरएक प्रकारकी सवारी.

वा, (सुखाप्ति) सुखपाना । अक० । जाना और सेवाकरना । सक० चुरा० उभ० सेट् । वापयति-ते । अवीपपत्-त.

वा, (जाना) और हिंसाकरना । अदा० पर० सक० अनिट् । वाति । अवासीत्.

वा, (अव्य०) वा+का । विकल्प । सादृश्य । अवधारण (निश्चय) । समुच्चय (सारा) । पादको पूरा करनेके लिये । अथवा । या । और भी.

वांशिक, (पु०) वंशी (तद्वादनं) शिल्पं अस्य+ठक् । वंशीवादनशील । वंसी (बांसरी) बजानेवाला.

वाक, (पु०) वच्+घञ् । वचन । कहना । "नमोवाकं प्रशास्महे" उत्तरचरित । एक ग्रंथ । "वकस्येदं अण्" । वकसम्बन्धी । बगलेका (त्रि०).

वाक्पति, (पु०) ६ त० । वाणीका पति । वृहस्पति (देवताओंका गुरु) "वाचः पतिरिव" वाणीका मानो पति है । "निर्दोषोद्धतवचनयुक्तः" दोषरहित जोरसे वचन कहनेहारा (त्रि०).

वाक्पथ, (पु०) वाचः पन्थाः (विषयः) । अच् समा० । वाक्यका विषय । जो कहनेमें आसक्त है.

वाक्पारुष्य, (न०) वाचा पारुष्यम् । वचनसे कठोरता । कटुक्ति । खराब वचन । गाली गलौज । "देश, जाति, वा कुल आदिका नाम लेकर प्रतिकूल वचन कहना".

वाक्य, (न०) वच्+ण्यत् । चस्य कः । पूरे २ अर्थको जतानेहारा पदोंका समूह । फिकरा । "वाक्यं स्याद्योग्यताकाङ्क्षा सती युक्तः पदोच्चयः" "स्वार्थबोधसमाप्तिश्चत्पदसमूहः".

वाक्यविशारद, (त्रि०) वाक्ये विशारदः । बहुत अच्छा संभाषणकरनेवाला । वोलनेमें चतुर.

वाक्यशेष, (पु०) वाक्यस्य शेषः । वाक्यका शेष (बाकी) । न पूरा किया गया वचन । वह वाक्य जो समाप्त नहिं हुआ.

वाक्ष्, (स्पृहा) चाहना । भ्वा० पर० सक० सेट् । वाक्षति । अवांक्षीत्.

वागीश, (पु०) वाचां ईशः । वाणिओंका स्वामी । वृहस्पति । देवगुरु । "वागीशाद्याः सुमनसः" इति न्यायमाला । सरस्वती (स्त्री०) "वागीशा यस्य" हृदये श्रीधरः.

वागुरा, (स्त्री०) वा-हिंसाकरना-उर-गुनूच । शिकारके लिये पशुओंको बांधनेका पाश (फांस) । "मृगबंधनी".

वागुरावृत्ति, (पु०) वागुरा (मृगबन्धनपाशादिरेव) वृत्तिः (जीविका) यस्य । जिसकी जीविका वागुरा है । व्याध । शिकारी.

वागुरिक, (पु०) वागुरा प्रहरणं यस्य-वागुरया चरति वा+ठक् । जिसका शस्त्र वागुरा है वा जो वागुरासे विचरता है । व्याध । शिकारी.

वाग्डम्बर, (पु०) ६ त० । वाक्यस्तोम । बहुत वचन कहना । बहुलवाक्य । बहुतकथन.

वाग्दण्ड, (पु०) वाचो वागिन्द्रियस्य दण्डः (संयमनं) । वागिन्द्रिय (बोलनेवाली इन्द्रिय) का रोकना । मितभाषण (मापाहुआ बोलना) । वाक्यसंयम । वचनको काबू करना.

वाग्दत्ता, (स्त्री०) वाचा दत्ता । वाणीसे दीगई । विधिपूर्वक वचनमात्रसे देनेके लिये संकल्प कीगई कन्या । वह लडकी कि जिसकी मंगनी होगई हो.

वाग्दुष्ट, (त्रि०) वाचा (दुर्वचनेन) दुष्टः । बुरे वाचनसे दोषवालाहुआ । शुद्ध वस्तुभी अशुद्ध कहनेसे दूषित होगई । "वाग्दुष्टं भावदुष्टं च वर्जयेत्" इति स्मृतिः.

वाग्देवता, (स्त्री०) वाचां देवता । वाणिओंकी देवी । सरस्वती । "वाग्देवी".

वाग्मिन्, (त्रि०) वाच्+अस्त्यर्थे ग्मिनि-"च" स्य कः तस्य लोपः । प्रशस्तवाक्यवक्ता । अच्छा वचन बोलनेहारा । वृहस्पति (पु०).

वाग्यत, (त्रि०) वाक् यतो येन । जिसने बोलनेवाली इन्द्रियको रोका है । मौन । चुपचाप रहनेवाला । "वाग्यतस्त्रिसवनं चरेत्" इति स्मृतिः.

वाङ्मय, (त्रि०) वाक् स्वरूपं+मयट् । चस्य कः । वाक्य-स्वरूप शास्त्र । शास्त्र (जिसका स्वरूप वाक्य है) । (वाङ्मयी) सरस्वती । फसाहत.

वाङ्मती, (स्त्री०) एक नदी (जो हिमालयकी ऊंची चोटीसे निकल मिथिला देशके पास होकर वहती है) । एक दर्या.

वाचंयम, (त्रि०) वाचां यच्छति । वाचा+यम्-ख मुम् ह्रस्वश्च । वाणिओंको रोकता है । मितभाषी । थोडा बोलनेवाला । मौनावलम्बी मुनि (चुपरहनेवाला सन्त) (पु०).

वाचक, (पु०) वक्ति (अभिधावृत्त्या बोधयति) ण्वुल् "संकेत कियेहुए अर्थको जो साक्षात् कहता है" एक शब्दका असली अर्थ । कथक (कहनेहारा) (त्रि०) । "वाचयति वच्+णिच्-ण्वुल्" -पुराण आदि पढने पढाने वा वाचनेहारा (त्रि०) "वाचकः पूजितो येन" पुराणम्.

वाचन, (न०) वच्+णिच्-स्वार्थे वा णिच्-ल्युट् । पठन । पढना । वा कथन (कहना) । "युच्" पठन (पढना) (स्त्री०)

वाचनिक, (त्रि०) वचनेन निर्वृत्तं+ठक् । वचनसे हुआ । वाक्यनिष्पादित पाप आदि । वाणीसे कियाहुआ पाप.

वाचस्पति, (पु०) ६ त० । अलुक् समा० । वाणीका पति । बृहस्पति.

वाच्-चा, (स्त्री०) । वाक्य । वचन । कहना । वाणी । "उच्यतेऽसौ अनया" जिस्से वह कहाजाता है । वच्+क्विप्-नि० वा टाप् । वागिन्द्रिय । बोलनेकी इन्द्रिय.

वाचाट, (त्रि०) वाक्+कुत्सायां-बाहुल्येऽस्त्यर्थे आटच् । कुत्सित बहुभाषी । बहुत बुरा बोलनेवाला । "आलच्" "वाचाल" यही.

वाचिक, (त्रि०) वाचा कृतम् । वाच्+ठक् । वाणीसे कियाहुआ पाप । वाक्यनिष्पादित पाप.

वाचोयुक्ति, (स्त्री०) ६ त० । अलुक् समा० । वाचा दर्शितयुक्तिः । वचनसे दिखलाई गई दलील । वचनकी सफाई (निर्बलता) । अच्छा वचन.

वाच्य, (न०) वच्+भावे ण्यत्-न कः । दूषण । दोष । प्रतिपादन (वर्णन करना) । और कथन (कहना) । "कर्मणि ण्यत्" दोषके लायक । बयान करनेके लायक । अभिधाशक्तिसे जतानेलायक अर्थ । असली अर्थ.

वाञ्छ्, काम (चाहना) भ्वा० प० स० सेट् । इदित् । वाञ्छति.

वाज, (न०) वज्+घञ् । अन्न । घृत (घी) । जल । और यज्ञ । शरपक्ष (तीरका पर) । वेग (तेजी) (पु०).

वाजपेय, (पु० न०) वाजं (अन्नं-घृतं वा) पेयं अत्र । एक प्रकारका यज्ञ । जिसमें अन्न वा घीका पानकरना होता है.

वाजसनेयिन्, (पु०) वाजसनेयः अध्ययनत्वेन अस्ति अस्य +इनि । यजुर्वेदकी एक शाखाको पढनेहारा ब्राह्मण आदि । और उसमें कहीगई रीतिके अनुसार कर्म करनेहारा शूद्र । "शूद्रा वाजसनेयिनः" इति स्मृतिः.

वाजिन्, (पु०) वाजः वेगः पक्षो वा अस्ति अस्य । जिसकी तेजी वा पर हो । घोटक (घोडा) । तीर । वेगवाला (त्रि०).

वाजिन, (न०) वाजिभ्यो देयम्+अण् । घोडोंके देनेलायक । आमिक्षानिःसृतजल । आमिक्षा (उबलतेहुए दूधमें दही डालनेसे जो फुटसे बनजाते है)से निकला पानी । ताकत (शक्ति) । शूरता (बहादुरी).

वाजिभक्ष, (पु०) वाजिभिः भक्ष्यते । भक्ष्+कर्मणि घञ् । ६ त० । घोडोंका खाना । चणक । चना । छोले.

वाजीकरण, (न०) अवाजी वाजीव क्रियतेऽनेन । वाजिन् +च्वि+कृ+ल्युट् । जिसके द्वारा मानों घोडा किया जाता है । वह चीज (दवाईं आदि) की जिसके सेवनसे पुरुष घोडेकी नाईं भोग करनेके लायक हो सक्ता है । एक प्रकारकी वीर्यको वढानेहारी दवाई (औषध).

वाञ्छा, (स्त्री०) वाञ्छि+अ । इच्छा । चाह । अभिलाषा । ख्वाहिश.

वाट, (पु०) वट्+घञ् । पथ (रास्ता) । स्थान । जगह । वृत्तिस्थान । वाडा । कचहरी खुलीजमीन । घर.

वाटिका, (स्त्री०) वट्+ण्वुल् । वास्तुभूमि । निवासका स्थान । घरकी ओर । बाग । वाडी । हिङ्गुपत्री.

वाड्, आप्लाव (नहाना-डुबकी मारना) भ्वा० आ० अ० सेट् । वाडते । अवाडिष्ट.

वाडवेय, (पु०) वडवायां भवः+ढक् । समुद्रमें घोडीके मूंकी आग । अश्वीमुखीजानल.

वाढ, (न०) वह्+क्त । नि० । अतिशय । बहुतही । बहुतायतवाला (त्रि०) । पृ० मान्तं । "हां" । प्रतिज्ञा । इकरार । और स्वीकार (अव्य०).

वाण, (पु०) वण्+घञ् । शर । तीर । गौओंका मम्मा । एक दैत्य । केवल । वह्नि (आग) । कादम्बरीग्रन्थका बनानेहारा कवि । मूंज.

वाणवार, (पु०) वाणं (परमुक्तशरं) वारयति । शत्रुसे छोडेहुए तीरको हटानेवाला । चु० वृ० अण् । बहादुरोंके पहिरनेकी चोलेके स्वरूपका सन्नाह (संजोआ) । कवच । जिरह.

वाणहन्, (पु०) वाणं हतवान् । हन्-ताडन+भूते क्विप् । जिसने वाण दैत्यको मारडाला । श्रीकृष्ण । "वाणजित्".

वाणिनी, (स्त्री०) बडी चतुर औरत । नाचनेवाली लडकी । नटी । मस्त औरत । शराब पीनेवाली औरत.

वाणी, (स्त्री०) वण्+इण्-वा ङीप् । बुना । वपन । बुनेका डण्डा । "ङीप्" वाक्य । वचन । बोलना । शब्द । सरस्वती.

वात, जाना-सेवा करना । सुखीकरना । सक० चु० उ० सेट् । वातयति-ते.

वात, (पु०) वा+क्त । स्पर्श (छूना)मात्र विशेष गुणवाला एक भूत । पवन (हवा) । और शरीरका एक धातु । जानेवाला (गन्त) (त्रि०) । यार । ढीठ । नायक.

वातकिन्, (त्रि०) वातोऽस्ति अस्य+इनि कुक् च । वातरोगी । वातके रोगवाला । जिसे वायुकी बीमारी है.

वातकेतु, (पु०) ६ त० । हवाका झण्डा । धूलि । धूर । रज.

वातध्वज, (पु०) ६ त० । मेघ । बादल.

वातप्रमी, (स्त्री०) वातं प्रमिणोति । प्र+मा+ई । हवाके सामने चलाजाता है । शीघ्रग मृग । जल्दी जानेवाला हरिण.

वातरक्त, (न०) वातजं दुष्टं रक्तं रुधिरं यत्र । वायुसे उपजा है बुरा लोहू जहां । एक प्रकारका रोग । गंठिआकी बीमारी.

वातरायण, (पु०) वा+क्त । ततस्तरप् । वातरं अयनं यस्य णत्वम् । उन्मत्त (पागल) । प्रयोजनशून्य (बिनमतलब पुरुष-निकम्मा) । काण्ड । टास । करपत्र (आरा) । और सरलका वृक्ष.

वातल, (पु०) वातं (रोगभेदं) लाति । ला+क । चञ्चल । वायुकारक द्रव्य (हवाके रोगको उपजानेहारी चीज) (त्रि०).

वातव्याधि, (पु०) वातेन जनितो व्याधिः । शाक० । बाईसे उत्पन्न हुई बीमारी । वातरोग । बाईका रोग.

वाताद, (पु०) वाताय (वातनिवृत्तये) अद्यते असौ । बाईको दूर करनेके लिये जो खाया जाता है । अद्+घञ् । बादाम (बदाम) । फलवाला वृक्ष.

वातापि, (पु०) अगस्त्यसे नाश कियागया एक दैत्य.

वातापिसूदन, (पु०) वातापिं सूदयति (हिनस्ति) । सूद्+ल्यु । वातापिको मारता है । अगस्त्य नाम मुनि.

वातामोदा, (स्त्री०) वातेन आमोदो यस्याः । हवासे जिसकी सुगन्धि उडती है । कस्तूरी.

वातायन, (न०) वातस्य अयनं गतिः येन । जिस्से हवा निकलती है । झरोखा । बारी । खिडकी । गवाक्ष । "वातस्येव शीघ्रं अयनं (गतिः) अस्य" । हवाकी नांई जो बहुत चलता है । अश्व । घोडा (पु०).

वातायु, (पु०) वातं अयते । अय्+उण् । हवाकी ओर चलता है । हरिण । हिरन.

वातारि, (पु०) वातस्य (रोगभेदस्य) अरिः । बाईकी बीमारीका शत्रु । एरण्डका वृक्ष । शतमूली । शेफालिका । यवानी । भार्गी । स्नुही । विडंग । चतुका (लाख).

वाति, (पु०) वा+क्तिच् । वायु । हवा.

वातिक, (पु०) वातात् आगतः+ठक् । हवासे आया । बाईकी बीमारी.

वातीय, (न०) वाताय (वातनिवृत्तये) हितः+छ । बाईको दूर करनेके लिये भला । काञ्जिक । कांजी.

वातुल, (पु०) वातानां समूहः+उलच् । वातका समूह । झक्खड । जिसे हवाकी बीमारी होगई (बाईसे बीमार) (त्रि०).

वातूल, (त्रि०) वात+अस्त्यर्थे ऊलच् । बाईके रोगवाला । पागल (उन्मत्त) । समूहके अर्थमें ऊलच् । वातसमूह (पु०).

वात्या, (स्त्री०) वातानां समूहः+यत् । वातसमूह । बहुत हवामें झक्खड आंधी.

वात्सक, (न०) वत्सानां समूहः+वुञ् । वत्ससंघ । बछडोंका समूह । बहुत बछडे.

वात्सल्य, (न०) वत्सलस्य भावः+ष्यञ् । पुत्रआदिमें स्नेहको जतानेहारा एक प्रकारका रस । पियार । मुहब्बत । स्नेहविशेष.

वात्स्य, (पु०) वत्सस्य अपत्यं+यञ् । गोत्रको चलानेहारा मुनिविशेष । वत्सकी सन्तान.

वात्स्यायन, (पु०) वत्सस्य गोत्रापत्यं युवा । वत्स+यञ् । तब "जवान" के अर्थमें फक् । वत्सके गोत्र (वंश) में उत्पन्नहुआ न्यायसूत्रपर भाष्य रचनेहारा "पक्षिल" नाम मुनि । वत्सके वंशमें उत्पन्न हुआ एक युवा । कामसूत्र (विषयभोगसम्बन्धी शिक्षाओंके प्रकार)के रचनेवाला मुनि.

वाद, (पु०) वद्+घञ् । तत्त्वबुभुत्सया कथनम् । असली बातके जाननेकी इच्छासे (आपसमें) कहना (बातचीत करना) । "प्रमाणतर्कसाधनोपालम्भः सिद्धान्ताविरुद्धः पञ्चावयवोपपन्नः पक्षप्रतिपक्षपरिग्रहो वादः" । प्रमाण और तर्करूप साधनावाले सिद्धान्तके अविरोधी, पांच (प्रतिज्ञा आदि) अवयवोंसे पूर्ण, दोनों पक्षोंमेंसे एकको स्वीकार करना । एक प्रकारका विचारस्वरूप वाक्यविशेष (कथा).

वादन, (न०) वद्+णिच्+कर्मणि ल्युट् । जो बजाया जाता है । मृदंग आदि बाजा । "भावे ल्युट्" मृदंग आदि बाजा बजाना । बाजेका शब्द.

वादर, (न०) वदरायाः कार्पास्याः विकारः+अण् । कपासका बनाहुआ । कपासके सूतसे बनाहुआ कपडा । सूती वस्त्र (कपडा).

वादरायण, (पु०) वदरी प्रधानं स्थानं वादरं तदयनं (स्थानं) यस्य । सदा वदरिकाश्रममें वास करनेहारा वेदव्यास । "स्वार्थे इञ्" । "वादरायणिः" । "अपत्ये इञ्" । व्यासदेवका पुत्र शुकदेव.

वादविवाद, (पु०) वादे विवादः । असली वातके जानेकी कथामें विवाद (झगडा) । तर्कवितर्क । दलीलबाजी । डिबेट । शास्त्रसंघर्ष.

वादाम, (न०) वातं अमति (हिनस्ति) । अम्+अण् । पृ० तस्य "मः" । जो वात (वाई) को मारता है । इस नामका फल.

वादित्र, (न०) वद्+णिच्+इत्र । मृदंगआदि वाजा.

वादिन्, (त्रि०) वदति । वद्+णिनि । वक्ता । कहनेहारा । अर्थी । किसी मतलबसे आया । विवादकर्ता । झगडा करनेहारा । विचार करनेके स्थानमें पहिले पक्षको उठानेहारा (कहनेहारा).

वाद्य, (न०) वद्+णिच्+यत् । वादनीय मृदंग आदि । वजानेलायक हरएक प्रकारका वाजा.

वा(बा)घ्, (विघात) विगाडना । तक्लीफ पहुंचाना । खिझाना । लाचार करना । भ्वा० आ० स० सेट् । वा (बा) धते । अवा(बा)धिष्ट.

वाध, (पु०) वा(बा)ध्+घञ् । रुकना । टूटना । प्रतिरोध (रुकावट) । प्रतिबंध । विघ्न होना । न्यायमें स्वाभाविक ज्ञान । "बाधा" इसी अर्थमें । और पीडा (दर्द) । (स्त्री०) । "ल्युट्" वाधनं (इसी अर्थमें) (न०).

वान, (न०) वन्+घञ् । सूका फल । सूका (त्रि०) । "वनस्येदं समूहो वा+अण्" । वनका वा वहुत वन । वनका (त्रि०) । उसका समूह (न०).

वानप्रस्थ, (पु०) वाने (वनसमूहे) प्रतिष्ठति । स्था+क । बहुतसे वनोंमें रहता है । मधूकवृक्ष । महुयेका दरख्त । पलाशका वृक्ष । "वनप्रस्थ एव स्वार्थे अण्" । एक प्रकारका आश्रम (गृहस्थ जब देखे कि वाल सपेद और मांस ढीला होरहा है तब स्त्रीको पुत्रोंके हवालेकर आप वनमें न कोमी साथही लेजाय) । तीसराया अथवा ३ आश्रम.

वानर, (पु०) वानं (वनसम्बन्धि) फलादिकं राति (गृह्णाति) रा+क । वनके फल आदिको लेता है । इस नामका पशु । बंदर । "वानरी" (स्त्री०).

वानरेन्द्र, (पु०) वानरः इन्द्र इव । वानर मानों इन्द्र है । सुग्रीव । ६ त० । वानरोंका मालिक । "वानरनाथ" आदि.

वानस्पत्य, (पु०) वनस्पतेरयं प्रतिरूपः पुष्पाज्जातफलत्वात् । वनसपतिके समान । (फूलसे फल निकलनेके कारण) । आम्र (आम) आदि वृक्ष.

वानायु, (पु०) वनायुदेश । अरवका मुल्क.

वानायुज, (पु०) वनायुदेशे जायते । जन्+ड । अरवी घोडा । अरवमें उपजा.

वानीर, (पु०) वन्+ईरन् । स्वार्थेऽण् । वेतस । वैंत । वञ्जुल द्रख्त.

वान्त, (त्रि०) वम्+क्त । उद्गीर्ण । उगल दिया । कैकिया गया । गमन कियाहुआ । "वान्ताशीत्युच्यते बुधैः" इत्युद्भटः.

वाप, (पु०) वप्+घञ् । तन्तुआदिका वपन । बुन्ना । बीजआदिका लगाना । बोना । और मूंडना (मुण्डन).

वापि-पी, (स्त्री०) वप्+इञ् वा ङीप् । "द्रोणसे दसगुना वापी" । एक प्रकारका जलाशय (तालाव) । बावडी । बौली । हरएक सरोवर । "वापीं स्नातुमितो गतासि" इति काव्यप्रकाशः.

वापीह, (पु०) वापीं (तत्रस्थजलं) जहाति । हा+क । जो बावडी वा तालावका पानी छोड देता है । चातक । पपीहा.

वाप्य, (न०) वाप्यां भवः+यत् । कुष्ठ ओषध । बौलीका । "वप्+ण्यत्" बोनेलायक (त्रि०).

वाम, (न०) वा+मन् । धन । मनोहर (सुन्दर) । प्रतिकूल (वर्खिलाफ) । बायां और अधम (नीच) (त्रि०) । कामदेव (महादेव) । तन्त्रका वैदिक आचारसे विरुद्ध मद्यपानरूप आचार (पु०).

वामदेव, (पु०) कर्म० । महादेव । शिवजी । एक ऋषिका नाम है.

वामन, (त्रि०) वम्+णिच्+ल्युट्-ल्यु वा । बौना । जिसकी उमर बडी और कद बहुत छोटा हो । छोटा । थोडा । दक्षिणदिशाका हाथी । अंकोटका द्रख्त । बलिको ठगनेके लिये प्रकटहुआ हरीका एक अवतार । पाणिनिसूत्रोंकी काशिकावृत्तिकरनेहारा एक पण्डित । "स्त्रियां ङीप्" "वामनीं मूर्तिमाददे" इति.

वामलूर, (पु०) वामं लुनाति । लू+कक् । वल्मीक । वल्मी.

वामलोचना, (स्त्री०) वामे सुन्दरे लोचने यस्याः । जिसकी आँखें खूबसूरत हैं । एक प्रकारकी स्त्री.

वामाचार, (पु०) वामः (वेदादिविरुद्धः) आचारः । वेद आदिसे विरुद्ध (वर्खिलाफ) आचार । तन्त्रमें कहाहुआ मद्य मांस आदिके सेवनवाला आचार । उल्टीचाल.

वामावर्त, (त्रि०) वामेन आवर्तते । आ+वृत्+अच् । बाईओरसे लौटनेवाला (पदार्थ) । "भावे घञ्" । बायें रास्तेसे लौटना.

वामी, (स्त्री०) वाम+ङीप् । अश्वी । घोडी । गिदडी । गधी । ऊंटनी.

वामोरू, (स्त्री०) वामौ सुन्दरौ ऊरू यस्याः+ऊङ् । जिसके सुन्दर पट्ट हैं । अच्छे पट्ठोंवाली औरत । "प्रशस्तोरुमती नारी."

वायवी, (स्त्री०) वायोरियं+यत् । स्त्रियां ङीप् । यलोपः । वायुसम्बन्धिनी । वायुकी । उसकी शक्ति । उत्तर और पश्चिमकी बीचकी दिशा.

वायव्य, (त्रि०) वायुः देवता अस्य । वायु+ण्य । वायु देवताका पशुआदि । "वायव्यं श्वेतं (छागं) आलमेत" इति श्रुतिः.

वायस, (त्रि०) वय एव+अण् । काक । कौआ.

वायसाराति, (पु०) ६ त० । पेचक । उल्लू । कौवेका शत्रु.

वायु, (पु०) वा+उण् । स्पर्श (छून) गुणवाला पाँच भूतोंमेंसे एक । उत्तर और पश्चिमकी बीच विदिशाकापति । एक देवता । शरीरका एक धातु.

वायुपुत्र, (पु०) ६ त० । वायुका बेटा । हनुमान् । और भीमसेन । "वायुसुत".

वायुपुराणम्, (न०) वायोः पुराणम् । वायुका पुराण । वायुपुराणग्रन्थ.

वायुभक्ष, (पु०) वायुं भक्षति । भक्ष+अण् । हवाको खाता है । सर्प । साँप । "ल्यु" "वायुभक्षण" इसी अर्थमें है.

वायुवर्त्मन्, (न०) वायोर्वर्त्म संचारमार्गो यत्र । हवाके चलनेका जहां रास्ता है । आकाश । आस्मा.

वायुवाह, (पु०) वायुना उह्यते । वह्+घञ् । हवासे उठाया जाता है । धूम । धूआं.

वायुवाहिनी, (स्त्री०) वायुं (देहस्थवायुं) वाहयति (संचारयति) । शरीरकी हवाको चलाता है । वह्+णिच्+णिनि । वायुको चलानेहारी शरीरकी शिरा (नाडी).

वायुसख, (पु०) वायोः सखा (सहचरः) । अच् समा० । हवाका मित्र (साथी) । अग्नि । आग.

वाय्वास्पद, (न०) ६ त० । वायुके विचरनेकी जगह । आकाश । आस्मान.

वार्, (न०) वृ+क्विप् । जल । पानी.

वार, (पु०) वृ+घञ् । समूह । अवसर (मौका) । द्वार (दर्वाजा) । शिवजी । क्षण (लहमा) । सूर्यआदि ग्रहोंके अधिकारवाला दिन । जैसे रविवार (वह दिन कि जिसका मालिक सूर्य है) । और यज्ञका पात्र (वर्तन) । क्रम । सिलसिला.

वारक, (त्रि०) वारयति । वृ+णिच्+ण्वुल् । प्रवृत्तिनिरोधक । हटानेवाला । रोकनेहारा । एक प्रकारकी घोडेकी गति (चाल) । और घोडेका विष.

वारण, (न०) वृ+णिच् ल्युट् । प्रवृत्तिप्रतिरोध । रोकना । हटाना । निषेध । रोक । मना करना । गौर हाथ आदिसे धारण करना (पकडना) । गज (हाथी) (पु०) । वारवाण । कवच । जिरह । संजोह (पु० न०).

वारणबुशा-सा, (स्त्री०) । वारणं पुष्णाति । पुष्+क-पृ० । हाथीको पुष्ट कर्ता है । कदली । केलेका द्रख्त । केला.

वारणवल्लभा, (स्त्री०) ६ त० । हाथीका पियारा । कदली । केला । हथिनी.

वारमुख्या, (स्त्री०) वारे (वेश्यावृन्दे) मुख्या । बहुतसी कञ्चनिओंमें असल । बहुत लोगोंसे आदर कीगई वेश्या (कञ्चनी).

वारयितृ, (पु०) चु० वृ+तृच् । हटानेवाला (पति) । मालिक । हटानेहारा (त्रि०).

वारयोषा, (स्त्री०) वारस्य (जनसमूहस्य) योषा (असाधारणत्वात्) । बहुतसे लोगोंकी पियारी (आम होनेसे) । वेश्या (कञ्चनी) ६ त० "वारवधू" इसी अर्थमें.

वारवाण, (पु० न०) वार्यते । वृ+घञ् । वारो वार्यो बाणो यस्य । तीर हटाना पडता है । कवच । जिरह । संजोह । संजोआ.

वारवाणी, (स्त्री०) वेश्या । मोलकी स्त्री । कुलटा । व्यभिचारिणी स्त्री.

वारंवारम्, (अव्य०) वृ+णमुल् द्वित्वम् । पौनःपुन्य । वार वार । कईवार.

वारांनिधि, (स्त्री०) वारां (जलानां) निधिः (आधारः) नि+धा+कि अलुक्समा० । बहुतसे पानिओंका आश्रय (समुद्र) । समुंदर.

वाराणसी, (स्त्री०) वरणा च असी च सीमात्वेन अस्ति अस्याः+अण् पृ० । वरणा और असी घाट जिसकी सीमा (हद्द) हैं । काशी । बनारस । "वाराणसी".

वाराह, (पु०) वराहस्य इदं प्रियत्वात्+अण् । वराहका यह (इसे पियारा होनेसे) । वराहसम्बन्धी (सूअरका) (त्रि०).

वाराहकल्प, (पु०) वाराहः कल्पः । साम्प्रतिक कल्प (सृष्टि) का नाम.

वाराही, (स्त्री०) वराहस्य इयं+अण् ङीप् । आठ मातृका(दुर्गा)ओंमें वराहकी शक्ति । वराहसे दबाई गई । और वराहकी स्त्री । सूअरी.

वारि, (न०) वृ+इन् । जल (पानी) । और हीबेर । "वार्यते अनया" वृ+णिच्+इन् वा ङीप् । जिससे रोका जाता है । गजबंधनी (हाथीके बांधनेका संगल) । वाणी । सरस्वती (स्त्री०).

वारिचर, (पु०) वारिषु चरति । चर्+अच् । पानीमें फिरता है । मत्स्य । मच्छ । हरएक पानीका जीव (त्रि०).

वारिज, (न०) वारिणि जायते । जन्+ड । पानीमें उपजता है । पद्म । कमलका फूल । लौंग । गौर सुवर्ण । एक लून । शंख (पु०) नोन.

वारित्र, (स्त्री०) वारिणः त्रायते । पानीसे बचाता है । छत्र । छाता.

वारिद, (न०) वारि ददाति । दा+क । पानीको देता है । मेघ (बादल) । और मोथा । जलदाता (पानी देनेवाला । (त्रि०).

वारिधारा, (स्त्री०) वारेः-रां धारा । धारप्रवाह वृष्टि (वर्षाका होना).

वारिधि, (पु०) वारीणि धीयन्ते अस्मिन् । धा+कि । ६ त० । जिसमें पानी रक्खे जाते हैं । समुद्र । इसी प्रकार "वारिनिधिः" आदि.

वारिमसि, (पु०) वारि (जलं) मसिः इव (नीलतापादकं) यस्य । जिसका पानी स्याहीके समान नीले रंगका हो । मेघ । बादल.

वारिराशि, (पु०) वारीणां राशयः अत्र । जहां पानीके ढेर हों । समुद्र.

वारिरुह, (न०) वारिणि रोहति । रुह्+क । पानीमें उगता है । पद्म । कमलका फूल । जो पानीमें उत्पन्न हुआ है (त्रि०).

वारिवाह, (पु०) वारीणि वहति । वह्+अण् । पानीको उठाता है । मेघ । बादल.

वारिश, (पु०) वारिणि (समुद्रजले) शेते । शी+ड । समुंदरके पानीमें सोता है । विष्णु । नारायण.

वारीश, (पु०) ६ त० । जलका मालिक । समुद्र । और वरुण । "वारिनाथ".

वारुण, (न०) वरुणस्येदं+अण् । वरुणका यह । पानी । जलं । वरुणका (त्रि०).

वारुणि, (पु०) वरुणकी सन्तान+इञ् । अगस्त्यमुनि (घडेसे उपजने और मैत्रावरुणकी सन्तान होनेसे).

वारुणी, (स्त्री०) वरुणः देवता अस्य । वरुणस्य इदं वा+अण् वा ङीप् । जिसका देवता वरुण है वा वरुणकी पश्चिम दिशा । मदिरा (शराब) । शतभिषा नक्षत्रवाली चैत्र (चेत) मासके कृष्णपक्षकी त्रयोदशी । वरुणकी स्त्री.

वार्त, (न०) वृत्ति+अण् । आरोग्य (तन्दुरुस्ती) । निरामय (किसी रोगका न होना) । और वृत्तिशील । जीविका-रोजीवाला (त्रि०) । दुर्गा । खेतीका काम । जीविका । जनश्रुति (हौरा-अफवाह) । वृत्तान्त (हाल) । और कालसे कियाहुआ भूतोंका नाश (स्त्री०).

वार्ताक, (पु०) वार्त (आरोग्यं) आकयति (गमयति) । अक्+णिच्-अण् । जो तन्दुरुस्ती (आरोग्य)को दूर कर्ता है । वार्ताकु । बेंगन । वताऊं । स्त्रियां ङीप्-पृ० वत्वं । "वार्ताकुः" (स्त्री०) । "वार्ताकुरेषा गुणसम्प्रयुक्ता" इति वैद्यकम्.

वार्तावह, (पु०) वार्ता आवहति । आ+वह्+अण् । बातको लेजाता है । खेती वा व्यापारपर जीनेवाला । एक प्रकारका बनियां वा सेठ वा व्यापारी । वृत्तान्तवाहक । हाल पहुंचानेहारा (त्रि०) । दूत.

वार्तिक, (न०) वृत्तिरूपेण कृतो ग्रन्थः+ठक् । वृत्तिस्वरूपसे रचागया ग्रन्थ । सूत्रानुक्तार्थाविष्कारक ग्रन्थविशेष । सूत्रमें न कहेगये आदि अर्थको प्रकाश करनेहारा एक ग्रंथ । "उक्तानुक्तदुरुक्तार्थव्यक्तकारि तु वार्तिकम्".

वार्तिककार, (पु०) वार्तिकं करोति । वार्तिक (विस्तृतवर्णन) करनेवाला । कात्यायन मुनिका नाम.

वार्धक्य, (न०) वृद्धानां समूहः तस्य भावः कर्म वा+ष्यञ् । कुक् च । बुढापा । बूढेका काम । वृद्धत्व । बूढापन । "बूढोंका समूह" वार्धक (न०).

वार्धि, (पु०) वारि (जलानि) धीयन्ते अत्र । धा+कि उप० । जहां पानी रहते हैं । समुद्र । समुंदर.

वार्धुषि, (पु०) वृद्ध्या जीवति+इण् । सूदपर जीनेवाला । व्याजडिया । वृद्ध्याजीवी । "स्वार्थे कन्".

वार्धुषिन्, (त्रि०) वृद्धि+अस्त्यर्थे इनि । नि० वार्धुषि भवः । वृद्ध्याजीवी । व्याजपर जीनेवाला (व्याजडिया) । सूदखोर.

वार्धुष्य, (न०) वार्धुषेर्भावः+ष्यञ् । धान्यादिवर्धनोपाय । धान आदिके बढनेका उपाय । ऋणदान । कर्जदेना.

वार्ध्रीणस, (पु०) वारि (जलं) धयति । धा+क्विप् । वार्ध्रीणसा (नासिका) यस्य-णत्वं । पृ० जिसकी नाकमें पानी भरा रहता है । गण्डक (गैंडा) । पृ० "वार्ध्रीणसः" एक पशुविशेष.

वार्मण, (न०) वर्मणां समूहः+अण् । कवचसमूह । बहुत संजोह.

वार्मुच्, (पु०) वारि (जलानि) मुञ्चति । मुच्+क्विप् । पानीको छोडता है । मेघ । बादल.

वार्षिक, (त्रि०) वर्षे वर्षासु वा भवः+ठञ् । वत्सरभव । बरिसमें हुआ । वर्षाकालभव । बर्सातमें हुआ । बर्सातका । बरसके पीछे करनेलायक पूजा । (स्त्रियां ङीप्) । "शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी" इति चण्डी.

वार्हद्रथ-थि, (पु०) बृहद्रथस्य अपत्यं+अण् । इञ् वा । बृहद्रथ राजाकी सन्तान । जरासंध राजा.

वार्हस्पत्य, (न०) बृहस्पतिना प्रोक्तं अधीते+ञ्य । बृहसतिसे कहेहुएको पढता है । चार्वाक । एक प्रकारका नास्तिक । "तेन प्रोक्तं तस्येदं वा+ञ्य" उससे कहागया वा उसका । नीतिशास्त्र । बौद्धोंका शास्त्र । बृहसतिका (त्रि०).

वाल्क, (न०) वल्केन निर्वृत्तं+अण् । वक्कलका बनाहुआ कपडा.

वाल्मीकि, (पु०) वल्मीके भवः+इञ् । बांबीमें हुआ । रामायणके ग्रंथको बनानेहारा मुनिविशेष.

वाल्मीक-कि, (पु०) वल्मीके भवः+अण्-इञ् वा । वल्मीकमें हुआ । मुनिविशेष.

वावदूक, (त्रि०) वद्+यङ्+लुक् ऊकञ् । बहुत बोलनेहारा । बहुवदनशील । वक्ता । कहनेवाला.

वावृत्, संभक्ति । चुना । पियार करना । तालाशकरना । दिवा० आ० सक० सेट् । क्त्वा वेट् । वावृत्यते । अवावर्तिष्ट । "ततो वावृत्यमानासौ रामशालां न्यविक्षत" इति भट्टिः.

वाश्, तिरश्चां शब्दः (पशुपक्षिओंका शब्द) अक० । आह्वान (बुलाना) । सक० दिवा० आत्म० सेट् । वाश्यते । अवाशिष्ट । "उद्वाश्यमाना पितरम्" इति भट्टिः.

वाशित, (न०) वाश्+भावे क्त । पक्षिओंका शब्द । परिंदोंकी आवाज और आह्वान । बुलाना । पुकारना.

वाशिता, (स्त्री०) वाश्+क्त । करिणी । हथिनी । हरएक औरत (स्त्री०).

वाशि(सि)ष्ठ, (न०) वशि(सि)ष्ठस्येदं तेन प्रोक्तं वा+अण् । वशि(सि)ष्ठका वा उस्से कहाहुआ । वसिष्ठसे रचाहुआ एक उपपुराण । एकयोगविद्याका शास्त्र । वशि(सि)ष्ठका (त्रि०) । गोमती नदी (स्त्री०).

वाश्र, (न०) वाश्+रक् । गृह । घर । चतुष्पथ (चुरस्ता) चौराहा । और दिवस (दिन) (पु०).

वाष्प-स, (पु०) वा+प-षु (सु) क्व । ऊष्मा । भाफ । लोहा । और चक्षुर्जल (आंखका पानी) आंसु । "वाष्पिका".

वास्, सुरभीकरण (खुशबूदार करना) । चु० उ० सक० सेट् । वासयति-ते । अववासत्-त.

वास, (पु०) वस्+घञ् । गृह । घर । वस्त्र । कपडा । अवस्थान । रहना । "वास्+अच्" वासक । और सुगंध । खुशबू.

वासक, (पु०) वास्+ण्वुल् । इस नामका वृक्ष । बांसा द्रख्त । "येन केन प्रकारेण वासकः कासनाशकः" वैद्यकम्.

वासकसज्जा, (स्त्री०) एक प्रकारकी नायिका (स्त्री) "जो अपने सजेहुए मंदिरमें सजधजकर तयार रहती है.

वासगृह, (न०) वासयोग्यं गृहम् । रहनेलायक घर । मध्यगृह । घरके बीचका कमरा (प्रायः जहां शयन आदि कर्ते हैं).

वासतेयी, (स्त्री०) वसतये हिता+ढक् । रहनेके लिये भली । रात्रि । रात । वसतियोग्य (रहनेलायक) (त्रि०) । "वनेषु वासतेयेषु" इति भट्टिः.

वासन, (न०) वास्+ल्युट् । सुरभीकरण (खुशबूदार करना) । धूपन । धूप देना । वस्त्र । कपडा । वासस्थान । रहनेकी जगह । और ज्ञान (जाना).

वासना, (स्त्री०) वास्+युच् । प्रत्याशा । भरोसा । देहात्ममतिजन्यमिथ्यासंस्कारः । शरीरमें आत्माकी समझसे उपजा झूठा खयाल (शरीरही आत्मा है) । खुशबूदार करना.

वासन्त, (पु०) वसन्तस्य इदं, वसन्ते भवः वा+अण् । वसन्तका वा उसमें हुआ । वसन्तका पियारा । ऊट् । और कोइल । वसन्तमें हुआ । मलय पहाडकी वायु । मुद्ग (मूंग) । मदनका द्रख्त । उस समयमें हुआ (त्रि०) । इस समय पूजनेलायक दुर्गा (स्त्री०).

वासभवनं-मन्दिरं-सदनम्, (न०) (वासस्य भवनं) निवास (रहने) का घर । घर (गृह).

वासयष्टि, (स्त्री०) वासाय यष्टिः । कबूतर आदि पक्षिओंके निवासके लिये लकडी वाछतडी.

वासर, (पु० न०) वस्+अरन् । दिवस (दिन) । एकप्रकारका नाग (पु०).

वासवदत्ता, (स्त्री०) वासवदत्तां अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः+अण् । आख्यायिकाअर्थमें उस (प्रत्यय)का लुक् (लोप होता है) । वासवदत्ताके चरित्रको प्रसिद्धकरनेहारा एक ग्रंथ । ३ त० । इन्द्रसे दीगई (त्रि०).

वासस्, (न०) वस्+असि । वस्त्र । कपडा.

वासागार, (न०) वासयोग्यं आगारम् । रहनेलायक घर । गृहमध्य । घरके बीचका कमरा.

वासि-सी, (स्त्री०) वस्+इञ्-वा ङीप् । कुठारभेद । एक प्रकारका कुहाडा । रहना.

वासित, (त्रि०) वास्+क्त । सुरभीकृत । खुशबूदार किया हुआ.

वासित, (त्रि०) वास्+क्त । सुगंधित । खुशबूदार किया गया । पौशाक पहिराया गया । प्रसिद्ध हुआ.

वासु, (पु०) वास्+उण् । विष्णु । नारायण.

वासुकि, (पु०) (वसुना) रत्नेन कायति । कै+क-स एव इञ् । जो रत्नसे शब्द कर्ता है । सर्पराज । सांपोंका राजा.

वासुदेव, (पु०) वसुदेवस्य अपत्यं+अण् । वसुदेवकी सन्तान । विष्णु.

वासुरा, (स्त्री०) वस्+उरण् पृथिवी । (जमीन) । रात्रि (रात) । स्त्री (औरत) । हथिनी.

वासू, (स्त्री०) वास्+ऊ । नाट्योक्तिमें बाला (सोलहवर्षकी लडकी).

वास्तव, (न०) वस्तु एव+अण् । चीजही । सत्यभूत पदार्थ । असली । ठीक ठीक.

वास्तविक, (त्रि०) वस्तुतो निर्वृत्तं+ठक् । वस्तुसे बना । स्वतःसिद्ध । आपही बना । सत्यभूतपदार्थ । असली चीज । ठीक ठीक.

वास्तव्य, (त्रि०) वसति । वस्+तव्य । नि० । वासकर्ता । रहनेहारा । निवास करनेलायक जगह । और वसति (रहना) (पु०).

वास्तु, (पु०) वस्+तुण् । वासयोग्यभूमि । रहनेके लायक जमीन । बात्थूका साग (शाक).

वास्तुयाग, (पु०) वास्तोः यागः । घरकी नींह (जड) रखनेके समय किया गया एक प्रकारका यज्ञ.

वास्तेय, (त्रि०) वस्तेरिदं, वस्तये हितं वा+ढक् । वस्ति-सम्बन्धी । और रहनेलायक.

वास्तोष्पति, (पु०) ६ त० । अलुक्समा० । वास्तुभूमि-पति । घरका मालिक । और इन्द्र.

वास्त्र, (पु०) वस्त्रेण आवृतो रथः+अण् । कपडेसे भली-भांति ढांकाहुआ रथ (गाडी).

वाहृ, यत्न (कोशिशकरना) । भ्वा० आ० अक० सेट् । वाहते । अवाहिष्ट.

वाह, (पु०) उह्यतेऽनेन । वह्+घञ् । जिस्से उठाया जाता है । अश्व (घोडा) । एक प्रकारका परिमाण (माप) ४ भार.

वाहन, (न०) वाहयति अनेन । वह्+णिच्+ल्युट् । जिस्से पहुंचाता है । रथआदि सवारी.

वाहिनी, (स्त्री०) वाहः अस्ति अस्या+इनि ङीप् । सेना । फौज । सवारीवाली । "वहति-वह्+णिनि" नदी । दर्या.

वाहिनीपति, (पु०) ६ त० । सेनाका मालिक । और । समुद्र.

वाहीक, (पु०) वह्+ईकण् । एकप्रकारकी जाति (कौम) । जाट । "गौर्वाहीकः" इति अलंकारः । एक देशका नाम.

वाहु, (पु०) वह्+उण् । भुज । बां । एक अवयव (अंग) बाजु । एकप्रकारकी रेखा । खत.

वाहुमूल, (न०) ६ त० । भुजाका मूल । दोनों बाजुओंकी जड । कक्ष । कांख । कच्छ.

वाह्य, (न०) वाहं (चालनं) अर्हति-यत् । वह्+ण्यत् वा । चलायाजाता है । अश्वादि यान । घोडा आदि सवारी । और वानर (बंदर) । "वहिर्भव+ष्यञ्" । वहिर्भव (वाहिरका) (त्रि०).

वाह्येन्द्रिय, (न०) वाह्यपदार्थानां (शब्दादीनां) ग्रहण-योग्यं इन्द्रियं । बाहिरशब्द आदि पदार्थोंको ग्रहण करने-लायक इन्द्रिय । शब्दआदिका प्रत्यक्ष करनेहारा श्रोत्र (कान) आदि इन्द्रिय.

वाह्लि(ह्री)क, (पु०) वह्+णिण् । स्वार्थे कन् । एक-देश । उसदेशमें उपजा । कुङ्कुम (केसर) । हिङ्गु (हींग) (न०).

वि, (अव्य०) वा+कि । नियोग । विशेष निश्चय । अस-हन । निग्रह । हेतु । अव्याप्ति । ईषत् । परिभव । शुद्धि । अवलंबन । ज्ञान । गति । आलस्य । और पालन (यह धातु और संज्ञावाचक शब्दोंके पहिले प्रायः लगता-और अनेक अर्थ बदलता है । जैसे क्री-खरीदना-विक्री-वेचना-स्मृ-विस्मृआदि) विगत (दूर होगया) वा विशिष्ट (बढगया) । विहग (पक्षी) (पु०).

विंश, (त्रि०) विंशतेः पूरणः विंशति+डट् । जिस्से वीसकी संख्या (गिनती) पूरी हो जाती है । वीसवाँ.

विंशक, (न०) विंशतेः अवयवः । इवुन् । वीसकी संख्या । वीस । "विंशतिः अधिका दीयते अस्मिन् शते आयो-लाभो वृद्धिर्वा इवुन्" । एकसौके पीछे बीसक लाभ (नफा) आदि.

विंशति, (स्त्री०) द्वे दशती । नि० । दो दसकी संख्या । वीस । उस संख्यावाला एकव० । संख्याविशेषके अर्थमें तो सव वचन होते हैं । द्वे विंशती । तिस्रः विंशतयः.

विंशतिक, (त्रि०) विंशतेर्योग्यः । विंशतियोग्य । वीसके लायक.

विंशतितम, (त्रि०) विंशतेः पूरणः+तमट् । विंश । वीसवां । स्त्रीलिङ्गमें ङीप्.

विकच, (पु०) विगताः कचा यस्य । जिसके वाल नहिं । क्षपण (नांगा) । बुद्धोंका संन्यासी । "विशिष्टाः कचा यत्र" । जहां बहुत वाल हैं । ध्वज । केतु । झंडा । "वि+कच्+अच्" विकसित । खलाहुआ । ६ ब० । केशशून्य । जिसके केश नहिं) (त्रि०) । महाश्रावणिका (स्त्री०).

विकट, (पु०) वि+कट्+अच् । विस्फोटक । फोडा । जखम । "वि+कटच् । विशाल (फैलाहुआ । विकृत । विगडाहुआ । सुन्दर (खूवसूरत) और दन्तुर (नीचे ऊपर) (त्रि०).

विकण्टक, (पु०) विगतः कण्टकः अस्य । जिसका कांटा जाता रहा । एक प्रकारका वृक्ष । शत्रुहीन (वगैर दुश्मनके (त्रि०).

विकत्थन, (न०) वि+कत्थ्+ल्युट् । आत्मश्लाघा । अपनी सराहना । खुदपसंदी+युच् । अपनी श्लाघा (बढाई) करनेवाला (त्रि०)

विकर्तन, (पु०) वि+कृत्+ल्यु । सूर्य । सूरज । अर्क-वृक्ष । आकका दरख्त.

विकर्मस्थ, (पु०) (त्रि०) । विकर्म (निन्दिताचारे) तिष्ठति । स्था+क । कुत्सिताचाररत । निन्दावाले आचार (चालचलन) में लगाहुआ । बदचलन.

विकल, (त्रि०) विरुद्धा कला यस्य । विरुद्धकलावाला, विह्वल । घवरायाहुआ । स्वभावसे हीन । और कलाहीन (व्याकुल) । विगडाहुआ.

विकलकरण, (त्रि०) विकलानि करणानि यस्य । शिथिल (ढीले) अंगोंवाला व्याकुल अंगोंवाला.

विकलाङ्ग, (त्रि०) स्वभावहीनं अङ्गं अस्य । स्वभावसे न्यूनाधिकाङ्ग (कमजियादा) अंगवाला । विगडेहुए शरीरवाला.

विकल्प, (पु०) विभिन्नः कल्पः । जुदा प्रकार । भ्रान्ति-हेतुकल्पन । संदेह । शक । विविधकल्पन । कईतरहका खयाल । पक्षतः प्राप्त । दो तरहसे होनेवाला.

विकश्व(स्व)र, (त्रि०) वि+कश् (स्)+ष्वरच् । प्रकाशशील । चमकनेवाला.

विकषा, (स्त्री०) विशेषेण कष्यते असौ । कष्-क । मञ्जिष्ठा । मजीठ.

विकसित, (त्रि०) वि+कश् (स्)+क्त । प्रकाशयुक्त । खिलाहुआ.

विकार, (पु०) वि+कृ+घञ् । प्रकृतेरन्यरूपपरिणामः । स्वभावका औरतरहसे बदलना । तवदीली । बीमारी । रोग.

विकारहेतु, (पु०) विकारस्य हेतुः । चित्तके विकृत (विगडने) होनेका कारण (साधन-सबब).

विकारिन्, (त्रि०) विकार+इनि । विकारवाला । बदलनेवाला । विगडजानेवाला.

विकाल, (पु०) विरुद्धः कालः । विगडाहुआ-बखिलाफ (देवता और पितरोंआदिका काम न करनेलायक) समय । राक्षसीनामक वेला । राक्षसोंका समय । दिनके अन्तका समय । सांझ.

विकाश, (न०) विरुद्धः काशः । रहः । अकेले । प्रकाश । चमक । आकाश । आस्मान । स्वर्ग.

विकाशिन्, (त्रि०) वि+काश्+णिनि । प्रकाशशील । चमकनेवाला । विकस्वर । खिलाहुआ.

विकिर, (पु०) वि+कृ+क । विहग । परिंदा । और कुशा । "विकीर्यते-क" । विघ्न दूर करनेकेलिये फेंकीगई श्वेतसर्षप (गोर सरिओं) आदि.

विकिरण, (न०) वि+कृ+ल्युट् । नि० । क्षेपण । फेंकना । हिंसन । मारना । और ज्ञान (जान्ना) । आकका वृक्ष (पु०) ६ व० । किरणसेरहित (वगैर) (त्रि०).

विकीर्ण, (त्रि०) वि+कृ+क्त । विक्षिप्त (फेंकाहुआ) । फेंकागया.

विकुक्षि, (पु०) सूर्यवंशमें इक्ष्वाकु राजाका पुत्र । एक राजा.

विकुर्वाण, (त्रि०) वि+कृ+शानच् । हर्षके हेतु (खुशीका सबव विवाह पुत्रकी उत्पत्ति इत्यादि) से जिसके रोयाँ खड़े होगये हैं । विकृतिप्राप्त । विगडरहा.

विकृत, (त्रि०) वि+कृ+क्त । बीभत्स । निन्दावाला होगया । मलिनीकृत । मैला होगया । और रोगयुक्त । बीमार होगया.

विकृति, (पु०) वि+कृ+क्तिच् । रोग । बीमारी.

विक्रम, (पु०) विशेषेण क्रामति । बहुत उत्साह कर्ता है । वि+क्रम्+घञ्-अच् वा । त्रिविक्रम विष्णु (वामनावतार) । विक्रमादित्य राजा । "भावे घञ्" क्रमण । पाँव रखना । "करणे घञ्" चरण (पांव) । वहुत वहादुरी (शौर्यातिशय) । और सामर्थ्य (ताकत) । ६० वर्षोंमेंसे एक वर्ष.

विक्रमादित्य, (पु०) विक्रमेण आदित्य इव । सामर्थ्यसे मानों सूर्य है । इस नामसे प्रसिद्ध एक राजा (इसके समयमें संस्कृतका बहुतही प्रचार था-इसीसे संवत् चलता है) । "विक्रमार्क" यही अर्थ.

विक्रमिन्, (पु०) वि+क्रम्+णिनि । सिंह (शेर) और विष्णु । विक्रमयुक्त (बहादुर) (त्रि०).

विक्रय, (पु०) वि+क्री+अच् । मोल लेकर दूसरेके स्वत्व- (कवजे) को प्राप्त करनेहारा व्यापार । वेचना.

विक्रयानुशय, (पु०) विक्रयस्य अनुशयः (पश्चात्तापः) । वेचकर पीछे पछतावा.

विक्रयिक, (पु०) विक्रयः अस्ति अस्य+ठन् । विक्रेता । वेचनेवाला.

विक्रयिन्, (त्रि०) वि+क्रि+णिनि । विक्रयकर्ता । वेचनेवाला.

विक्रान्त, (पु०) वि+क्रम्+क्त । सिंह (शेर) । और शूर (बहादुर) । "भावे क्त" । विक्रम । बहादुरी.

विक्रान्ति, (स्त्री०) वि+क्रम्+क्तिन् । पादविक्षेप । पांवपसारना । घसना । घोडेकी गति (उछलना) । शूरता । बहादुरी । शक्ति । प्रवेश.

विक्रिया, (स्त्री०) वि+कृ+श । विकार । बदलना । अन्यथास्थित (और शकलमें ठहिर रही) वस्तुका अन्यथा परिणाम (औरतरहसे बदलना).

विक्रेय, (त्रि०) वि+क्रि+यत् । विक्रययोग्य पदार्थ । वेचनेलायक चीज.

विक्लव, (त्रि०) वि+क्लु+क्त । व्याकुलीभाव । घवराहट । घवरायाहुआ.

विक्लिन्न, (त्रि०) वि+क्लिद्+क्त । आर्द्र (गीला) । शीर्ण (टूटाहुआ) और जीर्ण (पुराना).

विक्षेप, (पु०) वि+क्षिप्+घञ् । त्याग (छोडना) । प्रेरण (चलाना) और दूर करना । फेंकना.

विक्षेपशक्ति, (स्त्री०) विक्षेपस्य (दूरीकरणस्य) जनिका शक्तिः । दूर करनेको उत्पन्न करनेहारी शक्ति । वेदान्तमें कहीगई एक प्रकारकी अविद्याकी ताकत । वह शक्ति जो ब्रह्माण्डको रच देती है.

विख, (त्रि०) विगता नासिका यस्य । खादेशः । गतनासिक । जिसका नाक दूर होयगा । नककटा । "ख्यादेशः" । "विख्य" भी.

विख्यात, (त्रि०) विशेषेण ख्यातः (प्रसिद्धः) । बहुत मशहूर हुआ.

विगणन, (न०) विशेषेण गणनम् । गण्+ल्युट् । बहुत गिन्ना । ऋण (कर्जा) चुका देनेके लिया रकमका गिन्ना.

विगत, (त्रि०) वि+गम्+क्त । प्रमादरहित । खवर्दार । विशेषगत । बहुत गया । और अपगत (दूर गया).

विगतार्तवा, (स्त्री०) विगतं आर्तवं रजो यस्याः । गतरजस्का स्त्री । वह स्त्री कि जिसे महीनेका ऋतु नहिं होता.

विगम, (पु०) वि+गम्+घञ् । नाश । और अपाय । दूर होना.

विगर्हण, (न०) वि+गर्ह्+ल्यु । निन्दन । निन्दाकरना । मलामत.

विगर्हित, (त्रि०) वि+गर्ह्+क्त । निन्दा कियाहुआ । और रोकाहुआ । "भावे क्त" निन्दा । मलामत.

विगाढ, (त्रि०) वि+गाह्+क्त । स्नात (नहायाहुआ) । कृतावगाहन । पार उतरा हुआ.

विगान, (न०) वि+गै+ल्युट् । निन्दा । मलामत । हजो.

विगीत, (त्रि०) वि+गै+क्त । निन्दित । निन्दा कियाहुआ.

विगीति, (स्त्री०) वि+गै+क्तिन् । निन्दा । हजो.

विगुण, (त्रि०) विरुद्धो गुणोऽस्य । विरुद्धगुणवाला । गुणरहित.

विगूढ, (त्रि०) वि+गुह्+क्त । गर्हित । निन्दा कियागया । और गुप्त । छिपाहुआ.

विगृहीत, (त्रि०) वि+ग्रह्+क्त । गृहीत । पकडाहुआ । व्याकरणमें कहाहुआ विग्रहवाक्यका पद.

विग्र, (त्रि०) विगता नासिका अस्य । ग्रादेशः । विगतनासिक । जिसका नाक नहिं । नककटा.

विग्रह, (पु०) वि+ग्रह्+अच् । देह (शरीर) । विभाग (हिस्सा) । युद्ध (लडाई) । विशेषज्ञान (बहुतजाना) । समासके अर्थको जतानेहारा वाक्य । "समासार्थावबोधकं वाक्यं विग्रहः".

विघटिका, (स्त्री०) विभागः घटिकायाः । घडीका हिस्सा । घडीका साठवां हिस्सा । एक पल.

विघटित, (त्रि०) वि+घट्+क्त । वियोजित । जुदा किया हुआ । विशेषेण रचित । ज्यादातर बनायागया.

विघट्टित, (त्रि०) विघट्ट+क्त । चालित । हिलाया हुआ । चलायागया । और वियोजित । जुदा कियाहुआ.

विघस, (पु०) वि+अद्+घञ् । भोजनशेष । खानेका बाकी । आहार (खाना) । सिक्थक (मोम) (न०).

विघसाशिन्, (त्रि०) विघसं (देवतादिदत्तशेषं) अश्नाति । अश्+णिनि । देवताआदिको चढाकर बचेहुएको खाता है । देवता और पितरोंके कार्यसे अनन्तर बचेहुएको खानेहारा.

विघात, (पु०) वि+हन्+क्त । व्याघात । नाश । आघात । चोट करना (मारना) । रुकावट । विघ्न.

विघातिन्, (त्रि०) वि+हन्+घिनुण् । निवारक । हटानेवाला । नाशकरनेहारा । और नष्ट । नाशहोगया । "विघातिकः".

विघ्न, (पु०) वि+हन्+क । व्याघात । अन्तराय । रोक । एक बूटी (कृष्णपाकफला).

विघ्ननाशक, (पु०) ६ त० । विघ्नोंके दूर करनेहारा । गणेशजी ।

विघ्नराज, (पु०) विघ्ने राजते+अच् । विघ्नमें चमकता है । गणेशजी । "विघ्नेश" आदि । इसी अर्थमें.

विघ्नित, (त्रि०) विघ्नो जातोऽस्य+इतच् । जातविघ्न । जिसे रोक होगई.

विच्, (पृथक् करना) जुदा करना । रु० जु० अक० अनिट् । विनक्ति-विवेक्ति-विङ्क्ते-विविक्ते । अविचत्-अवैक्षीत्.

विचक्षण, (पु०) वि+चक्ष्+ल्यु । पण्डित । चतुर । नागदन्ती । (स्त्रियां टाप्).

विचयन, (न०) वि+चि+ल्युट् । अन्वेषण । तालाश । पुष्पादिचयन । फूलआदि चुना.

विचर्चिका, (स्त्री०) वि+चर्च्+ण्वुल् । पामा । खुजली । खुर्क । एक प्रकारका रोग.

विचार, (पु०) वि+चर्+घञ् । तत्त्वनिर्णय । असली बातका फैसला । उसके अनुसार वाक्यका समूह.

विचारज्ञ, (त्रि०) विचारं जानाति+ज्ञा+क । विचारको जाननेहारा । जज्ज । न्यायाधीश ।

विचारण, (न०) वि-चर्+णिच्+ल्युट् । मीमांसा विचार । सोच । "युच्" । "विचारणा" वही अर्थ.

विचारभू, (स्त्री०) (विचारस्यभूः) न्यायका सिंहासन । विशेषतः यमराजका न्यायसिंहासन.

विचारशील, (त्रि०) विचारे शीलं यस्य । विचार करनेके स्वभाववाला । विचारका प्यारा । विचारवान् । चतुर.

विचारस्थलम्, (न०) विचारस्य स्थलम् । विचारका स्थान । तर्कशास्त्रमें विचारणीय विषय.

विचारित, (त्रि०) वि+चर+त्र । सोचागया । विचारागया । चिन्तन किया गया । पूछागया । परीक्षा कियागया । विवाद किया गया.

विचि–ची, (पु० स्त्री०) विच्-इक् । तरंग (लहर) (स्त्री०) वा ङीप्.

विचिकित्सा, (स्त्री०) वि+कित्+स्वार्थे सन् अ । संदेह । शक.

विचित्र, (न०) विशेषेण चित्रं । बहुतही अजीब । कर्बुरवर्ण । रंगबरंगी । डब्बखडब्बा । उसवाला और आश्चर्य (त्रि०).

विचित्रवीर्य, (पु०) शान्तनुराजाका बेटा । एक राजा । अजीब पराक्रमवाला (त्रि०).

विचित्राङ्ग, (पु०) विचित्रं अङ्गं यस्य । अजीब अंगवाला । चीता । एक प्रकारका भेडिया (व्याघ्र) । आश्चर्यशरीरवाला (त्रि०).

विचेतस्, (त्रि०) विरुद्धं (दुष्टं) विशिष्टं वा चेतो यस्य। दुष्ट (बुरे) दिलवाला। विशेष (ज्यादा) दिलवाला.

विचेष्टित, (त्रि०) विगतं चेष्टितं अस्य। चेष्टाशून्य। बेहर्कत। जो हिलजुल नहिं सक्ता। वि+चेष्ट+भावे क्त। विशेषचेष्टा (ज्यादा हर्कत) (न०).

विच्छ्, दीप्ति (चमकना)। चु० उ० स० सेट्। विच्छयति। अविविच्छत्-त.

विच्छ्, (गति) जाना। तु० पर० आयपक्षे उ० सक० सेट्। विच्छायति-ते विच्छति। अविच्छायीत्-अविच्छायिष्ट-अविच्छीत्.

विच्छन्दक, (पु०) विशिष्टः छन्दो यत्र+कप्। ईश्वर। गृहविशेष। मंदिर.

विच्छाय, (न०) वीनां (पक्षिणां) छाया (नपुंसकत्वं)। पक्षिओंके समूहकी छाया। "विगता छाया यस्य" जिसकी छाया जातीरही। छायाके विना (त्रि०).

विच्छित्ति, (स्त्री०) वि+छिद्+क्तिन्। अंगराग। एक प्रकारका चंदन। एक प्रकारका हार। छेद। टूटना। विनाश। विच्छेद। स्त्रियोंकी चेष्टाविशेष.

विच्छिन्न, (त्रि०) वि+छिद्+क्त। विभक्त। बांटाहुआ। समालब्ध (पायाहुआ)। "भावे क्त" छेदन। काटना.

विच्छेद, (पु०) वि+छिद्+घञ्। वियोग। विछोडा। सन्ततिसे रहित होना। और विभाग। अलग.

विज्, (पृथक्करण) जुदा करना। जु० उ० स० अनिट्। वेवेक्ति-वेविक्ते। अविजत्-अविक्षीत्-अविक्त.

विज्, (डरना और कांपना) रु० प० अक० सेट्। विनक्ति। अविजीत्.

विजन, (त्रि०) विगतो जनो यस्मात्। निर्जन। एकान्त। अकेली जगह.

विजनन, (न०) वि+जन्+ल्युट्। गर्भमोचन। गर्भका छोडना। प्रसव। उत्पन्न होना। उद्भव। निकलना.

विजय, (पु०) वि+जि+कर्तरि अच्। अर्जुन। विमान। और यमराज। "भावे अच्" जीत (जय)। परिभवपूर्वक ग्रहण। बेइज्जती करके पकडना.

विजयकुञ्जर, (पु०) विजयाय कुञ्जरः। जीतकेलिये हाथी। राजवाहनगज। वह हाथी कि जिसपर राजा चढता है.

विजयसिद्धि, (स्त्री०) विजयस्य सिद्धिः। विजय (जीत)-की सिद्धि (कामयाबी).

विजया, (स्त्री०) अस्सु (आश्विन)के शुक्लपक्षकी दशमी। उमा (पार्वती) की एक सखी (सहेली)। दुर्गा। जयन्ती। शेफालिका। मंजिष्ठा (मजीठ)। भंगा। भांग। सिद्धि। एक द्वादशी। एक प्रकारकी सप्तमी.

पद्म० ५७

विजयादशमी, (स्त्री०) विजयकर्त्री दशमी। अश्विन (अस्सू)-के शुक्लपक्षकी दशमी। इसी दिन श्रीरामजीनें रावणका विजय कियाथा। यही दुसहरा नामसे छुट्टी (अवकाश)-का दिन मनाया जाताहै.

विजातीय, (त्रि०) विभिन्नां जातिं (धर्मं) अर्हति+छ। विभिन्नधर्मावलम्बी। जुदा धर्मको पकडनेहारा। औरजातका। जुदा किसम.

विजिगीषा, (स्त्री०) विजेतुं इच्छा। वि+जि+सन्+अ। जीतनेकी खाहिश। अपना पेट भरनेकी इच्छासे निंदाके लायक काममें लगना। वैसा काम करके उसकी बाबत निन्दाका खयाल न करना। विजयेच्छा। और जीतनेकी अभिलाषा।-उः। "विजिगीषुः"। जीतकी इच्छावाला (त्रि०).

विजिगीषु, (त्रि०) वि+जि+सन्-उ। जीतनेकी इच्छावाला.

विजित, (न०) विज्+इन्। वन। जंगल। वृक्षसमूह। बहुत दरख्त.

विजृम्भण, (न०) वि+जृभि+ल्युट्। विकाश। खिलना। उबासी.

विजृम्भित, (त्रि०) वि+जृभि+क्त। विकसित। खिलाहुआ। "भावे क्त"। प्रकाश। चमक.

विज्ञ, (पु०) विशेषेण जानाति। बहुत जानता है। ज्ञा+क। प्रवीण। पण्डित। चतुर। चालाक.

विज्ञप्ति, (स्त्री०) वि+ज्ञा+पुक्+क्तिन्। सादर प्रार्थना। विज्ञापन। नोटिस.

विज्ञात, (त्रि०) वि+ज्ञा+क्त। ख्यात। मशहूर। ज्ञात। जानाहुआ.

विज्ञान, (न०) वि+ज्ञा+ल्युट्। ज्ञान। जाना। काम। शिल्प (कारीगरी) आदिका ज्ञान। वेदान्तमें कहाहुआ अविद्याकी वृत्तिका भेद.

विज्ञानमयकोश, (पु०) विज्ञानात्मकः कोष इव आवरकत्वात्। विज्ञानस्वरूप मानों कोष (म्यान) है (ढांपनेके कारण)। ज्ञानेन्द्रियसहित बुद्धिकी वृत्तिका भेद। ज्ञानकी इन्द्रियें और अकल.

विज्ञानिक, (त्रि०) विज्ञानं अस्ति अस्य+(ठन्)। विज्ञानयुक्त। विज्ञानवाला। समझवाला.

विट्, (आक्रोश) चिल्लाना। सक०। शब्दकरना। अक० भ्वा० पर० सेट्। वेटति। अवेटीत्.

विट, (पु०) विट्+क। षिड्ग। लुच्चा। यार। जार। एक पहाड.

विटङ्क, (न०) वि+टकि+अच्। कपोतपालिका। कबूतरोंकी दडबा। महल आदिकी चोटीपर लकडीका बनाहुआ कबूतरोंके बैठनेका स्थान। छतरी.

विटप, (पु० न०) विटं (विस्तारं) पाति । पा+क । शाखा । टहनी । पल्लवविस्तार । पत्तोंका फैलाव । और पत्ता । विटपालक (त्रि०) । यारकी रक्षाकरनेहारा.

विटपिन्, (पु०) विटप+अस्ति अर्थे इनि । शाखा विस्तारवाला । वृक्ष । द्रख्त । पेड.

विटि-टी, (स्त्री०) विट्+कि-वा ङीप् । पीतचंदन । पीलाचंदन । संदल.

विट्चर, (पु०) विषि (विष्ठायां) चरति । चर+अच् । ग्राम्यशूकर । गांवका सूअर (मैलेमें विचरनेहारा) । पालतू सूअर.

विट्पति, (पु०) विश्यते । विश्+क्विप्-विशः कन्यायाः पतिः । लडकीका मालिक । जामाता । जवाई.

विड्, आक्रोश (चिल्लाना) । भ्वा० पर० सक० सेट् । वेडति-अवेडीत्.

विड, (न०) विड्+क । लवणभेद । एक प्रकारका लून (नोन).

विडङ्ग, (पु० न०) विड्+अङ्गच् । इस नामकी एक औषध । अभिज्ञ । जाननेहारा । दाना (त्रि०).

विडम्बन, (न०) वि+डबि+ल्युट् । तिरस्करण । निरादर करना बेइज्जत करना । और नकल करना (अनुकरण) । विडम्बना(युच्) (स्त्री०) । हंसी । नकल.

विडाल, (पु०) विड+कालन् । इस नामका पशु । बिल्ला । नेत्रपिण्ड । आंखका गोला । और आंखकी एक दवाई.

विडीन, (न०) वि+डी+क्त । पक्षिओंकी एक प्रकारगति.

विडो(डौ)जस, (पु०) विष्+क्विप्-विट्-व्यापकं ओजो यस्य । पृ० वा औत् । जिसका तेज फैलाहुआ है । इन्द्र । देवताओंका राजा.

विड्वराह, (पु०) विट्प्रियो वराहः । शाक० । मैलेका पियारा सूअर । ग्राम्यशूकर । गाँवका सूअर.

वितंस, (पु०) वि+तंस्+अच् । पक्षिओंके बांधनेवाली रज्जुप्रभृति (रस्सी वगैरह).

वितण्डा, (स्त्री०) वि+तडि+अ । एक प्रकारकी कथा (जिसमें अपने पक्षको व्यवस्थापन-कायम न करके केवल दूसरेके पक्षको तोडना).

वितथ, (त्रि०) वि+तन्+कथन । मिथ्याभूतपदार्थ । झूठी चीज । झूठा । "स्वार्थे यत्" । वही अर्थ.

वितस्तु, (स्त्री०) वि+तम्+रु-दुड् च । पंजाबकी एक नदी । एक दर्या.

वितरण, (न०) वि+तॄ+ल्युट् । दान देना.

वितर्क, (पु०) वि+तर्क्+घञ् । संदेश । शक । ऊह । दलील.

वितर्दि, (स्त्री०) वि+तृद्+इन् वा ङीप् । वेदिका । वेदी.

वितल, (न०) विशेषेण तलं । पातालविशेष । एक पाताल.

वितस्ति, (पु० स्त्री०) वि+तस्+क्तिच् । द्वादशाङ्गुलपरिमाण । बारह अंगुलीका पैमानह । बालिश्त.

वितान, (न०) वि+तन्+घञ् । एकप्रकारकी वृत्ति । अवसर (मौका) । यज्ञ । विस्तार (फैलाव) । चंद्रातप (सायबान) । चंदोआ (पु० न०).

वित्, (त्याग) छोडना । चु० उभ० सक० सेट् । वित्तयति-ते । अविवित्तत्-त.

वित्त, (न०) वित्यते (त्यज्यते) । वित्त+घञ् । छोडाजाता है । धन । "विद्+क्त" ख्यात (महशूर) । विचारागया । जानागया । और लब्ध (पायागया) (त्रि०).

वित्तसमागम, (पु०) वित्तस्य समागमः । धनका लाभ । आय । आमदन्.

वित्ति, (स्त्री०) विद्+क्तिन् । ज्ञान । जाना । लाभ । हासिल । और विचार.

वित्तेश, (पु०) ६ त० । धनका मालिक । कुबेर.

विथ्, (याचन) मांगना । भ्वा० आ० द्विक० सेट् । वेथते । अवेथिष्ट.

विद्, लाभ (पाना) तुदा० उभ० सक० अनिट् । विन्दति-ते.

विद्, मीमांसा (विचार करना) रुधा० आ० सक० अनिट् । विन्ते । अवित्त.

विद्, भाव (होना) दिवा० आ० अक० अनिट् । विद्यते । अवित्त.

विद्, (ज्ञान) जानना । अदा० पर० सक० सेट् । वेत्ति-वेद । अवेदीत्.

विद्, (पु०) विद्+क्विप् । पण्डित । दाना । बुधग्रह.

विदग्ध, (त्रि०) वि+दह्+क्त । नागर । शहरिया । निपुण । होशियार । और पण्डित । दाना । एक नायिका (स्त्री०) "विशेषेण दग्धः" बहुत सडाहुआ (त्रि०).

विदथ, (पु०) विद्+कथच् । योगी । कृती । कामयाब.

विदर्भ, (पु० स्त्री०) विगताः दर्भाः कुशा यतः । जिस्में कुशा नहि होती । कुण्डिननगर । नागपूर.

विदर्भजा, (स्त्री०) विदर्भात् जायते । विदर्भदेशमें उत्पन्न हुई । अगस्त्यकी स्त्री.

विदल, (न०) विशेषेण दल्यते । दल्+क । विशेषकर तोडाजाता है । द्विधाभूत दाडिम । दो फांकहुआ अनार । त्रिवृत्ति (तेओडी) (स्त्री०) । दलशून्य (पत्तेके विना (त्रि०).

विदा, (स्त्री०) विद्+अङ् । ज्ञान । जाना । बुद्धि । अकिल.

विदार, (पु०) वि+दृ+घञ् । विदारण । फाडना । जलोच्छ्वास । पानीका प्रवाह.

विदारक, (पु०) वि+दृ+ण्वुल् । पानीके बीचका वृक्ष वा सिल । पानी ठहिरनेका गढा (न०) । विदारणकर्ता (फाडनेवाला) (त्रि०).

विदारण, (न०) वि+दृ+णिच्+ल्युट् । भेदन । फाडना । मारना । लडाई (पु० स्त्री०) । कर्णिकारवृक्ष (कनेरका पेड) (पु०).

विदाहिन्, (न०) वि+दह्+णिनि । दाहजनकद्रव्य । जलानेवाली चीज.

विदित, (त्रि०) विद्+क्त । ज्ञात । जानाहुआ । और प्रार्थित । मांगागया । "भावे क्त" विख्याति । महशूरी । और जान्ना । "तदस्यास्तीति अच्" । ज्ञाता । जान्नेहारा.

विदिश्, (स्त्री०) विगता दिशं=दिशोर्मध्यं । दिशाओंका बीच । कोण (कोन).

विदुर, (त्रि०) विद्+कुरच् । नागर । शहरिया । धीरजवाला । और जान्नेवाला । कौरवोंका मन्त्री (वजीर) । दासीके गर्भमें उपजा एक प्रकारका धर्मका अवतार (पु०).

विदूर, (न०) विशिष्टं दूरम् । अतिदूर । बहुतदूर । वहांकी चीज (त्रि०) । वैदूर्य (मूंगा) मणिके उपजनेका स्थान (पु०).

विदूरथ, (पु०) सूर्यवंशका एक राजा.

विदूराद्रि, (पु०) विदूरे (देशे) अद्रिः (पर्वतः) । एक पहाड (जहां वैदूर्यमणि उत्पन्न होती हैं).

विदूषक, (पु०) विदूषयति । वि+दूष्+णिच्+ण्वुल् । एक प्रकारका श्रृङ्गाररसका सहायी । बहुत दोष लगानेवाला । दूसरेकी निन्दा करनेवाला । नट (त्रि०.)

विदेश, (पु०) विभिन्नो देशः । देशान्तर । दूसरा देश । परदेस । "भृत्याभावे भवति मरणं सज्जनानां विदेशे" उद्भटः.

विदेह, (पु०) विगतो देहः (देहसंबन्धो) यस्य । जिसका शरीरसे संबंध दूर हो गया । जनकनामी राजा । उसके वंशका । कैवल्यमुक्तिवाला और शरीरके सम्बन्धसे शून्य (त्रि०) । मिथिला (स्त्री०).

विदेहकैवल्य, (न०) कर्म० । "उसके प्राण बाहिर नहि जाते । यहीं लीन हो जाते हैं" इस प्रकार कहागया जीवन्मुक्तका शरीर छोडनेके अनन्तर निर्वाणस्वरूप मोक्ष । शरीरके विना आपही आप.

विद्ध, (त्रि०) व्यध्+क्त । छिद्रित । सुराख कियाहुआ । क्षिप्त । फेंकागया । दुर्ग । किला । बाधित । तक्लीफ पहुंचायाहुआ । ताडित । चोटकियाहुआ । वेधागया.

विद्यमान, (पु०) विद्+शानच् । वर्तमानकाल । मौजूद । वर्तमान (होरहा) कालमें होनेवाली चीज (त्रि०).

विद्या, (स्त्री०) विद्+क्यप् । ज्ञान । जान्ना । तत्त्वसाक्षात्कार (असली बातको ठीक २ पहिचान्ना) । दुर्गातन्त्रमें देवीका मन्त्र.

विद्याचन(ण), (त्रि०) विद्यासें प्रसिद्धहुआ । इल्मसे मशहूर.

विद्याचुञ्चु, (पु०) विद्यया विख्यातः विद्याचुञ्चुः । इल्मसे प्रसिद्धहुआ.

विद्यादान, (न०) ६ त० । विद्याका देना । अध्यापन । पढाना । और पुस्तक (किताब) का देना.

विद्याधन, (न०) विद्यया लब्धं धनम् । विद्यासे मिली दौलत । शास्त्रार्थ करके जो धन पायाजाता है.

विद्याधर, (पु०) विद्यां (मन्त्रादिकं) धरति । धृ+अच् । मन्त्र आदिको धारण कर्ता है । एक प्रकारका देवता.

विद्याविशिष्ट, (त्रि०) विद्यया विशिष्टः । विद्यामें विशेष । विद्यासे पहिचानागया । वडा विद्वान्.

विद्यावृद्ध, (त्रि०) विद्यायां वृद्धः । विद्यामें बूढा । विद्यामें वहुत वढा हुआ.

विद्यास्नातक, (पु०) विद्यायां स्नातकः । विद्यामें नहाया हुआ । गुरुकुलमें पूरी विद्या पढाहुआ ब्राह्मण वा ब्रह्मचारी.

विद्युत्, (स्त्री०) विद्योतते । वि+द्युत्+क्विप् । बिजली । तडित् । संध्या । सायं । सांझ.

विद्युत्प्रिय, (न०) ६ त० । बिजलीका पियारा । बिजलीको खेंचनेवाला कांसी धातु.

विद्युन्माला, (स्त्री०) आठ अक्षरोंके पादवाला छंद । बिजलीकी कतार.

विद्र(द्रा)व, (पु०) द्रु+अप्-घञ् वा । पलायनम् । भागना । क्षरण । वहना और युद्ध । लडाई.

विद्रुत, (त्रि०) वि+द्रु+क्त । प्राप्तद्रव । वहगया । और भागगया (पलायित).

विद्रुम, (पु०) विशिष्टो द्रुमः । विशेषवृक्ष । मूंगेका द्रख्त । प्रवालरत्नवृक्ष.

विद्वत्कल्प, (त्रि०) ईषदसमाप्तो विद्वान् । विद्वस्+कल्पप् । थोडा कम विद्वान् । जिसके पण्डित होनेमें थोडीसी कसर है । ईषदूनविद्वान्.

विद्वत्तम, (पु०) अतिशयेन विद्वान् विद्वस्+तमप् । बहुत विद्वान् । अकलमंद.

विद्वद्देशीय, (त्रि०) ईषदसमाप्तो विद्वान् । विद्वस्+देशीयं । विद्वत्कल्पका अर्थ देखलो.

विद्वस्, (त्रि०) विद्+क्वसु । प्राज्ञ । अच्छीतरह जान्नेवाला । पण्डित । आत्मज्ञानयुक्त । जो आत्माको जानताहै.

विद्विष्, (पु०) विशेषेण द्वेष्टि । द्विष्+क्विप् । बहुत वैर कर्ता है । शत्रु । दुश्मन । "कविद्विष्" भीः.

विद्वेष, (पु०) वि+विष्+घञ् । वैरिभाव । शत्रुता । दुस्मनी.

विद्वेषण, (न०) वि+द्विष्+णिच्+ल्युट् । तन्त्रमें एक प्रकारका अभिचार (शत्रुको मारने)का काम । वह काम कि जिस्से शत्रुओंका आपसमें वैर होजाय । "वि+द्विष्+ल्युट्" विद्वेष.

विधवा, (स्त्री०) विगतो धवो यस्याः । जिसका पति दूरहुआ (मरगया) । मृतपतिका स्त्री । रंडी.

विधातृ, (पु०) वि+धा+तृच् । प्रजापति । ब्रह्मा । कामदेव । मदिरा । भृगुमुनिका पुत्र । विधानकर्ता (रचनेवाला) (स्त्री०) मद्य.

विधान, (न०) वि+धा+ल्युट् । करना । विधि । प्रकार । हाथीके खानेलायक खुराक । गजभक्ष्यान्न.

विधानज्ञ, (पु०) विधानं जानाति । ज्ञा+क । विधिको जानता है । पण्डित । विधि जान्नेवाला (त्रि०).

विधायक, (त्रि०) वि+धा+ण्वुल् । विधानकर्ता । नियम रचनेवाला । आईन बनानेवाला.

विधि, (पु०) वि+धा+कि । जगत्को रचनेवाला ब्रह्मा । भाग्य (किस्मत) । क्रम (सिलसिला) । प्रवर्तनारूप नियोग (किसीको किसी काममें लगानेकी आज्ञा) । उसका कारण वाक्य (वचन) । विष्णु । कर्म (काम) । हाथीके खानेलायक अन्न । वैद्य । हकीम । अप्राप्तप्रापकरूप वाक्यभेद (नया हुक्म चढाना) । व्याकरणमें एक प्रकारका सूत्र । कानून.

विधिज्ञ, (त्रि०) विधिं (क्रमं) जानाति । ज्ञा+क । विधिके जान्नेहारा । रीतिके जान्नेवाला.

विधित्सा, (स्त्री०) विधातुं इच्छा । वि+धा+सन्-अ । विधानेच्छा । करनेकी चाह.

विधिदर्शक, (पु०) विधिं दर्शयति यज्ञमें । किसीप्रकार अंगहीन विधिका संस्कार करनेवाला पुरोहित.

विधिदेशक, (पु०) विधिं दिशति । दिश्+ल्युट् । विधिको दिखानेहारा । सदस्य । सभामें श्रेष्ठ । गुरु.

विधिवत्, (अव्य०) विधिं अर्हति । विधि+वति । विधिके अनुसार । मुताबिक.

विधु, (पु०) व्यध्+कु । चन्द्रमा । कपूर । विष्णु । ब्रह्मा । शंकर । और वायु (हवा).

विधुत, (त्रि०) वि+धु+क्त । कम्पित । कांपगया । और छोडागया.

विधुनन, (न०) वि+धु+णिच्-नुक् च । चालन । चलाना । कंपाना । हिलाना । फटकारना.

विधुन्तुद, (पु०) विधुं तुदति । तुद्+खश्-मुम् च । चांदको पीडा देता है । राहु.

विधुर, (त्रि०) विगता धूर्यस्य । अच् समा० । जिसका बोझा जातारहा । विश्लिष्ट (जुदाहुआ) और विकल (घबरायाहुआ) । "विगतधूः" विकलता (घबराट) । और विश्लेष । जुदाहोना (न०).

विधुवन, (न०) वि+धु+ल्युट् । कम्पन । कांपना.

विधूत, (त्रि०) वि+धू+क्त । कांपाहुआ । और छोडाहुआ.

विधेय, (त्रि०) वि+धा+यत् । विधातुं योग्यं । करनेलायक । वचनमें रहनेवाला । आयत्त काबू । विधिसे बोधित (समझायाहुआ).

विध्वंस, (पु०) वि+ध्वंस्+घञ् । नाश । तवाही.

विनत, (त्रि०) वि+नम्+क्त । प्रणत । झुकाहुआ । भुग्न । ठेढाहुआ और शिक्षित (सीखाहुआ) । गरुडकी माता । कश्यपकी एक स्त्री (स्त्री०).

विनतासूनु, (पु०) ६ त० । विनताका बेटा । अरुण । और गरुड । "विनतात्मज" आदि यही दो अर्थ हैं.

विनय, (पु०) वि+नी+अच् । शिक्षा । प्रणाम । और अनुनय (हलीमी) । "वि+नी+कर्तरि" अच् । विनययुक्त जन । निभृत (चुपचाप) । क्षिप्त । फेंकागया । और जितेन्द्रिय (जिसने इन्द्रिय वश की हैं).

विनयग्राहिन्, (त्रि०) विनयं (शिक्षां) गृह्णाति । ग्रह्+णिनि । जो शिक्षाको लेता है । वचनमें रहनेहारा । आयत्त । आधीन । काबूमें रहनेहारा.

विनयस्थ, (त्रि०) विनये तिष्ठति । स्था+क । कहना मान्नेवाला.

विनशन, (न०) वि+नश्+ल्युट् । विनाश । कुरुक्षेत्रका एक तीर्थ । कुरुक्षेत्र.

विना, (अव्य०) वि+ना वर्जन । रोकना । अन्तरेण । सिवा.

विनाकृत, (त्रि०) विना इति कृतम् । विना+कृ+क्त । छोडागया । रहित । सिवा.

विनायक, (पु०) वि+नी+ण्वुल् । गणेश । गरुड । विघ्न (रोक) । और गुरु । विनयवाला । नम्र । हलीम (त्रि०).

विनाश, (पु०) वि+नश्+घञ् । ध्वंस । नाश । न दीखना.

विनाशधर्मन्-धर्मिन्, (त्रि०) विनाशः धर्मः यस्य, अस्य वा अस्ति । विनाशधर्मवाला । नाश होजानेवाला.

विनाशोन्मुख, (त्रि०) विनाशाय उन्मुखः (उद्यतः) । नाशके लिये उद्यत । करीबन तवाह होगया । नष्टप्राय । नाशपर आया.

वि(वी)नाह, (पु०) वि+नह्+घञ् वा उपसर्गदीर्घः । कूपमुखापिधान । कूएके मूंका ढकना.

विनिद्र, (त्रि०) विगता निद्रा यस्य । जिसकी नींद गई । प्रकाशित । चमकाहुआ । खिलाहुआ । नींदरहित.

विनिमय, (पु०) वि+नि+मि+अच् । परिवर्त । बदलना । एक जैसी चीज देकर दूसरी चीज लेनी । बटाना । बंधक । अमानत । रहन.

विनियोग, (पु०) वि+नि+युज्+घञ् । काममें लगाना । "इसे ये करना उचित है" इस प्रकार अनुष्ठान (काम)-के क्रमका करना । लगाना.

विनीत, (त्रि०) वि+नी+क्त । विनययुक्त । हलीम । कृतदण्ड । जिसे सजा दीगई । फेंकागया । दूरकियाहुआ । और सिखायाहुआ । सीखाहुआ घोडा । और एक द्रख्त (पु०).

विनेतृ, (त्रि०) वि+नी+तृच् । शिक्षक । सिखानेहारा । राजा (पु०).

विनेय, (त्रि०) वि+नी+यत् । सिखानेलायक । पानेलायक.

विनोक्ति, (स्त्री०) अर्थसम्बन्धी एक अलंकार.

विनोद, (पु०) वि+नुद्+घञ् । कौतूहल । तमाशा । चाव । क्रीडा । खेल । और खण्डन (तोडना).

विन्दु, (पु०) विद्+उ-नि० । पानीका कतरा (जलकण) । भौंका मध्य । रेखागणितमें विभाग न होसकनेहारा एक चिह्न (निशान) । और अनुस्वार (बिन्दी) । जाननेहारा । देनेहारा । और वेदितव्य (जाननेलायक) (त्रि०).

विन्दुजाल, (न०) ६ त० । विन्दुओंका समूह । हाथीकी सूंडपर रहनेहारा विन्दुके समानका एक चिह्न.

विन्दुपत्र, (पु०) विन्दवः पत्रे यस्य । जिसके पत्तेपर बूंदें हैं । भूर्जपत्र । भोजपत्ता.

विन्दुसरस्, (न०) विन्दुभिः कृतं सरः । विन्दुओंसे बनाहुआ एक तालाव । सरोवरविशेष.

विन्ध्य, (न०) विध्+यत् । पृ० मुम् च । एक पर्वत । और व्याध (शिकारी) । इलायची । लवली.

विन्ध्यवासिनी, (स्त्री०) विन्ध्येऽचले वसति । वस्+णिनि+ङीप् । विन्ध्यपर्वतमें रहती है । यशोदाके गर्भमें उत्पन्नहुई दुर्गा.

विन्ध्याटवी, (स्त्री०) विन्ध्यस्था अटवी । विन्ध्यपहाडका वन.

विन्न, (त्रि०) विद्+क्त । विचाराहुआ । पायाहुआ । जानाहुआ । और ठहराहुआ.

विन्यास, (पु०) वि+नि+अस्+घञ् । स्थापन । टिकाना । रखना । रचन । बनाना । तन्त्रमें मन्त्रका उच्चारण (बोल)-कर हृदय आदिमें अंगुलिओंका लगाना.

विपक्त्रिम, (त्रि०) विपाकेन निर्वृत्तः । वि+पच्+क्त्रम-पच् । बहुत पककर तयारहुआ । विपाकाधीनजात.

विपक्ष, (त्रि०) विरुद्धः पक्षो यस्य । जिसका वखिलाफ पक्ष है । शत्रु । दुश्मन । प्रतिकूलपक्षको अवलम्बन करनेहारा । "विरुद्धः पक्षः" प्रतिकूलपक्ष.

विपञ्ची, (स्त्री०) वि+पचि+अच्-ङीष् । वीणा । वीन.

विपण, (पु०) वि+पण्+क । विक्रय । वेचना.

विपणि, (पु० स्त्री०) वि+पण्+इन्-वा ङीप् । पण्यविक्रयशाला । सौदा वेचनेका घर । दुकान । हट्टी.

विपत्काल, (पु०) विपदः कालः । विपत्ति (मुसीबत) का समय.

विपत्ति, (स्त्री०) वि+पद्+क्तिन् । आपद् (मुसीबत) । नाश । तबाही । यातना । पीडा.

विपथ, (पु०) विरुद्धः पन्था । अच् समा० । निन्दितमार्ग । बुरा रास्ता.

विपद्-दा, (स्त्री०) वि+पद्+क्विप् वा टाप् । विपत्ति । मुसीबत.

विपदुद्धरणम्-उद्धारः, (न० पु०) विपदः उद्धरणम् । विपत्तिसे (किसीको) निर्मुक्त करना (छुडाना).

विपन्न, (त्रि०) वि+पद्+क्त । मुसीबतमें पडाहुआ । विपद्युक्त । नष्ट । तबाह होगया । सांप (पु०).

विपरीत, (त्रि०) वि+परि+इण्+क्त । प्रतिकूल । उलटा.

विपर्यय, (पु०) वि+परि+इण्+अच् । उलटा । खिलाफ । व्यतिक्रम.

विपर्यस्त, (त्रि०) वि+परि+अस्+क्त । व्यतिक्रान्त और परावृत्त । बरखिलाफ । उलटाहुआ.

विपर्यास, (पु०) वि+परि+अस्+घञ् । वैपरीत्य । उलटापना । व्यतिक्रम । उत्क्षेप । खिलाफ.

विपल, (पु०) विभागः पलस्य । पलका हिस्सा (साठवां) लहजा । बहुतही थोडा समय.

विपश्चित्, (पु०) विप्रकृष्टं चेतति । बहुत समझता है । वि+प्र+चित्+क्विप् । पृ० । सीखाहुआ । दाता । पण्डित । ज्ञानवान् । ऋषि.

विपाक, (पु०) वि+पच्+भावे . घञ् । पकाना । तयार होना । पचना । और खेद (पसीना) । "कर्मणि घञ्" कर्मके फलका परिणाम (पकना) । जाति, आयु, और भोगरूप पदार्थ.

विपाश्-शा, (स्त्री०) विगतः पाशो यस्याः । जिसका पाश दूर हुआ । पंजाबकी पांच नदिओंमेंसे एक (व्यासदर्या).

विपिन, (न०) वप्+इनन् । पृ० । वन । जंगल.

विपुल, (त्रि०) वि+पुल् (फैलना)+क । विस्तीर्ण । फैलाहुआ । अगाध (अथाह-डुंगा) । बहुत । सुमेरुकी पश्चिम दिशाका एक पर्वत । मेरु । और हिमालय । आर्याछन्दका भेद (स्त्री०).

विप्र, (पु०) वप्+रन् । पृ० अत इत्वं । वि+प्रा+क-वा । ब्राह्मण । ऋषि । पीपलका द्रख्त.

विप्रकर्ष, (पु०) वि+प्र+कृष्+घञ् । दूरत्व । दूरपन । दूरहोना.

विप्रकार, (पु०) वि+प्र+कृ+घञ् । अपकार । बुराई । तिरस्कार । निरादरी.

विप्रकृत, (त्रि०) वि+प्र+कृ+क्त । उपद्रुत । मुसीबत दियाहुआ । और तिरस्कृत । बेइज्जत कियाहुआ । "तस्मिन् विप्रकृताः काले" कुमारः.

विप्रकृष्ट, (त्रि०) वि+प्र+कृष्+क्त । दूरस्थ । दूर रहनेहारा । दूरका.

विप्रचित्ति, (पु०) वि+प्र+चित्+क्तिच् । एक दैत्य । एक राक्षस.

विप्रतिपत्ति, (स्त्री०) वि+प्रति+पद्+क्तिन् । विरोध । दुश्मनी । संशय (शक्क) और विकार (बदलना).

विप्रतिपन्न, (त्रि०) वि+प्रति+पद्+क्त । संदेहयुक्त । शक्कवाला । कृतविरोध । दुश्मनी करनेवाला.

विप्रतिषेध, (पु०) विगतः प्रतिषेधः । आज्ञामें (किसीको) रखना । शासन करना । वश करना.

विप्रति(ती)सार, (पु०) वि+प्रति+सृ+घञ् वा दीर्घः । अनुताप । पछतावा । अनुशय (बखीली) और रोष (गुस्सा).

विप्रयुक्त, (त्रि०) वि+प्र+युज्+क्त । वियुक्त (विछुडाहुआ) । विरहित । अलग.

विप्रयोग, (पु०) वि+प्र+युज्+घञ् । विप्रलम्भ । ठगी वा फरेब । विरोध । दुश्मनी । विसंवाद । झगडा । और वियोग । विछोडा.

विप्रलब्ध, (त्रि०) वि+प्र+लभ्+क्त । वञ्चित । ठगाहुआ । "जिसका पियारा संकेत करके समयपर उसके पास नहीं पहुंचता" इस प्रकारकी एक नायिका (स्त्री०).

विप्रलम्भ, (पु०) वि+प्र+लभ्+घञ्-मुम् च । विसंवाद (झगडा) । वञ्चन (ठगना) । और विरह (विछोडा) । शृङ्गारकी एक अवस्था (हालत).

विप्रलाप, (पु०) वि+प्र+लप्+घञ् । विरोधोक्ति । आपसमें विरुद्ध (न मिलनेवाला) वचन कहना । झगडा । विवाद.

विप्रलुप्त, (त्रि०) वि+प्र+लुप्+क्त । लेजाया गया । खोयागया । झपाटा दिया गया । विगाडा गया । लूटा गया.

विप्रश्निका, (स्त्री०) विशेषेण प्रश्नो यस्याः । ५ ब० । कप्-अत इत्वम् । बहुतसे प्रश्न जिस्से होते हैं । (किस्मत) दैवको जाननेवाली स्त्री.

विप्रसात्, (अव्य०) विप्रस्य आधीनं करोति । विप्र+साति । ब्राह्मणके आधीन कर्ता है । ब्राह्मणके आधीन करना । ब्राह्मणको देना.

विप्रस्व, (न०) ६ त०। विप्रस्वामिक धन । ब्राह्मणका धन.

विप्रिय, (पु०) विरुद्धप्रियं । प्री+क । अपराध । कसूर । और अप्रिय । ना पियारा । दुश्मन.

विप्रुष्, (स्त्री०) वि+प्रुष्+क्विप् । विन्दु । बूंद । वेद पढनेके समय मुखसे निकलीहुई पानीकी बूंद.

विप्रोषित, (त्रि०) वि+प्र+वस्+क्त । गतप्रवास । देस निकाला दियाहुआ । परदेसमें गया.

विप्लव, (पु०) वि+प्लु+अप् । दूसरे राजाके राज आदिसे डर । घबराहट । उपद्रव । विगाड.

विप्लाव, (त्रि०) वि+प्लु+घञ् । घोडेकी एकचाल । चारों ओरसे पानीका उमडना.

विप्लुत, (त्रि०) वि+प्लु+क्त । व्यसनयुक्त । मुसीबतमें पडाहुआ । विगडाहुआ । और उपद्रुत.

विफल, (त्रि०) विगतं फलं अस्य । जिसका फल गया । निरर्थक । बेफायदह । निष्फल । केतकी (केवडा) (स्त्री०).

विबन्ध, (पु०) विबध्नाति मलम् । वि+बन्ध्+घञ् । जो मलको रोक लेता है । एक प्रकारका रोग (बीमारी).

विबुध, (पु०) वि+बुध्+क । पण्डित । देवता । "विबुधसखः" भट्टिः । दाना । सीखाहुआ आदमी.

विभक्त, (त्रि०) वि+भज्+क्त । पृथक्कृत । जुदाकियाहुआ । विभिन्न । जुदा । कृतविभाग । "अविभक्ता विभक्ता वा सपिण्डाः स्थावरे समाः" इति स्मृतिः । "भावे क्त" । विभाग (हिस्सा) (न०).

विभक्ति, (स्त्री०) वि+भज्+क्तिन् । विभाग । हिस्सा । व्याकरणमें सुप् तिङ् प्रत्यय.

विभव, (पु०) वि+भू+अच् । धन । मोक्ष । सब मूर्त (शकलवाला) द्रव्यके साथ संयोगरूप । ऐश्वर्य । एक वर्षका नाम.

विभा, (स्त्री०) वि+भा+अच् । किरण । शोभा । और प्रकाश.

विभाकर, (पु०) विभां (प्रकाशं) करोति । कृ+अच् । प्रकाश कर्ता है । सूर्य । और अर्कवृक्ष (आकका द्रख्त).

विभाग, (पु०) वि+भज्+भावे घञ् । भाग । हिस्सा । "कर्मणि घञ्" । अंश । टुकडा । न्यायके २४ गुणोंमेंसे एक । बांट.

विभाज्य, (त्रि०) विभक्तुं अर्हति । वि+भज्+अर्हार्थे ण्यत् । बांटनेके लायक । विभागयोग्य । बांटनेलायक धन आदि.

विभाण्डक, (पु०) एक मुनिका नाम । (इसका पुत्र ऋष्यशृंग था.

विभात, (न०) वि+भा+क्त । प्रभात । सवेर । प्रातःकाल.

विभाव, (पु०) वि+भू+घञ् । परिचय (वाकफीयत) । अलंकारमें रसका उद्दीपक (चमकानेहारा) आलम्बन आदि.

विभावना, (स्त्री०) एक प्रकारका अलंकार (जिसमें कारणके विना कार्यकी उत्पत्ति प्रतीत होती है).

विभावरी, (स्त्री०) वि+भा+वनिप्-ङीप्-वनोरच्। रात्रि। रात। हल्दी। कुट्टनी.

विभावसु, (पु०) विभायुक्ता वसवः अस्य। जिसकी किरणें बहुत चमकनेवाली हैं। सूर्य। आकका द्रख्त। आग। चित्रक वृक्ष। एक हार.

विभाव, (पु०) वि+भु+णिच्+घञ् अ (साहित्यशास्त्रमें) शरीर वा मनके स्वरूपको उत्पन्न करनेवाली कोई एक अवस्था (हालत) (भावके तीन मुख्य विभागमेंसे एक).

विभाषा, (स्त्री०) विरुद्धा भाषा। वि+भाष्+अ। निषेध। विकल्प। व्याकरणमें एक पक्षमें होनेवाला विकल्पविधान। "नवेति विभाषा"। दोनों तरह.

विभिन्न, (त्रि०) वि+ भिद्+क्त। प्रकाशित। चमकाहुआ। विदलित। खिलाहुआ। विभक्त। बांटाहुआ। जुदा। अलगहुआ.

विभीतक, (पु०) विशेषेण भीत इव। इवार्थे कन्। मानों बहुत डराहुआ है। वहेडेका द्रख्त.

विभीषण, (पु०) विशेषेण भीषयते शत्रून्। भी+णिच्-षुक् च ल्यु। जो शत्रुओंको बहुत डराता है। रावणका भाई। राक्षस। नलतृण.

विभीषिका, (स्त्री०) वि+भी+णिच्-षुक् च। धात्वर्थनिर्देशे ण्वुल्। भयप्रदर्शन। डर दिखाना। डर.

विभु, (पु०) वि+भू+डु। सर्वमूर्तसंयुक्त। सव शकलवालोंसे मिलाहुआ। प्रभु। मालिक। ताकतवाला। महादेव। और ब्रह्म.

विभूति, (स्त्री०) वि+भू+क्तिन्। भस्म। खा। खाक। अणिमा आदि आठ प्रकारका ऐश्वर्य.

विभूषा, (स्त्री०) वि+भूष्+अ। शोभा। और भूषण। सजाना। गहना.

विभ्रम, (पु०) वि+भ्रम्+घञ्। स्त्रिओंके शृङ्गारका अंग। एक प्रकारकी चेष्टा (हर्कत)। वहुत घूमना। शोभा। संदेह। और भ्रमण (घूमना)। स्त्रिओंका विलास.

विभ्राज्, (त्रि०) वि+भ्राज्+क्विप्। भूषण (जेवर गहना) आदिसे चमकाहुआ.

विमत, (त्रि०) वि+मन्+क्त। विरुद्धमतियुक्त। वखिलाफरायवाला। गैरमतवाला। दुस्मन.

विमनस्-स्क, (त्रि०) विक्षिप्तं मनो यस्य वा+कप्। चिन्ता (फिकर) आदिसे व्याकुलचित्त (घवरायेहुए दिलवाला).

विमर्द, (पु०) विमृद्यतेऽसौ। वि+मृद्+घञ्। कालका सुन्दिया वृक्ष। "भावे घञ्" मर्दन। मलना। वटना.

विमर्शन, (न०) वि+मृश्+ल्युट्। परामर्श। सोच विचार। वितर्क। दलील। "घञ्" वही अर्थ (पु०).

विमर्ष, (पु०) वि+मृष्+घञ्। विचार। नाटकका एक अंग.

विमल, (त्रि०) विगतो मलो यस्मात्। जिस्से मल दूर हुआ। स्वच्छ (साफ)। निर्मल। "विगतो मलो यस्याः"। जगन्नाथ क्षेत्रमें एक प्रकारकी देवी (स्त्री०).

विमातृ, (स्त्री०) विरुद्धा माता। मातृसपत्नी। मांकी सौतिन। सौतेली मां.

विमातृज, (पु०) विमातुर्जायते। जन्+ड। सौतेला भाई.

विमान, (पु० न०) वि+मन्+घञ्। वि+मा+ल्युट् वा। देवयान। देवताओंकी गाडी। रथ। चक्रवर्तीका एक घर। घोडा (पु०) हरएक सवारी और परिमाण (माप) (न०).

विमानचारिन्, (त्रि०) (विमाने चरति)। विमान (स्वर्गकी गाडी)में घूमनेवाला.

विमार्ग, (पु०) विरुद्धो मार्गः। बुरा रास्ता। कुपथ। खराव सडक। निन्दिताचार। बुरा चालचलन.

विमुख, (त्रि०) विरुद्धं (अननुकूलं) मुखं अस्य। वखिलाफ मुखवाला। दुश्मन। वहिर्मुख। और निवृत्त (हटाहुआ)। मुंमोडेहुए.

विमुद्र, (त्रि०) विगता मुद्रा (मुकुलीभावः) यस्य। जिसका वंदहोना दूरहुआ। विकसित। खिलाहुआ। मोहरविन.

विम्ब, (पु० न०) वी+वन्-मुम् ह्रस्वौ। दर्पण (शीशाआईना) में प्रतीत होरही परछाहीका आश्रय। और कमण्डलु। सूर्य आदिका मण्डल (दायरा)। और कृकलास (किरला) (पु०)। "बिम्बायाः फलं+अण् तस्य लुक्"। विम्बिकाफल.

वियत्, (न०) वि+यम्+क्विप्-मलोप तुक्। आकाश। आस्मान.

वियद्गङ्गा, (स्त्री०) वियत्स्था गंगा। आकाशकी गंगा। स्वर्गकी गंगा। मंदाकिनी.

वियात, (त्रि०) वि+या+क्त। धृष्ट। ढीठ। वेशरम। निर्लज्ज.

वियोग, (पु०) वि+युज्+घञ्। विच्छेद। विछोडा। ६ त०। पक्षिओंका मेल.

वियोगिन्, (पु०) वि+युज्+घिनुण्। चक्रवाक। चकवा पक्षी। विछोडेवाला (त्रि०).

विरक्त, (त्रि०) वि+रञ्ज्+क्त। विच्छिन्न। जुदा। और विरत। हटाहुआ। बेमुहब्बत.

विरचित, (त्रि०) वि+रच्+क्त। कृत। कियाहुआ। बनायागया। निर्मित.

विरजस्, (स्त्री०) विगतं रजो यस्याः। जिस स्त्रीसे रज दूरहुआ। गतार्तवा स्त्री। ऋतुरहित स्त्री। जिसे महीनेका ऋतु आना वंदहोगया। रजोगुणसे रहित (त्रि०).

विरजस्तमस्, (त्रि०) विगते रजस्तमसी यतः । जिस्से रजोगुण और तमोगुण दूरहुए । सत्वप्रधान (जिसमें सत्वगुण बहुत है).

विरजा, (स्त्री०) विशेषेण रज्यते । रञ्ज्+अ । दूर्वा । दूब । गोलोकमें राधिकाकी एक सहेली (सखी) । एक नदी.

विरञ्च–ञ्चि, (पु०) वि+रच्+अच्-इन् वा मुम् च । जगत्स्रष्टा । जगत्के रचनेवाला । विधाता । ब्रह्मा.

विरत, (त्रि०) वि+रम्+क्त । निवृत्त । हटगया । हटाहुआ.

विरति, (स्त्री०) वि+रम्+क्तिन् । निवृत्ति । हटना । विषयोंकी सेवा । व्यापाररहित्य । कुछ काम न करना.

विरल, (त्रि०) वि+रा+कलन् । अवकाश । खाली । खुला । विच्छिन्न । टूटाहुआ । और अनिविडना । संघना.

विरह, (पु०) वि+रह्+घञ् । विच्छेद । जुदाई । अभाव । न होना । शृङ्गाररसकी विप्रलंभ नाम एक अवस्था (हालत) । अछोडा.

विरहित, (त्रि०) वि+रह्+क्त । त्यक्त । छूटाहुआ । और हीन । अलग.

विराग, (पु०) वि+रञ्ज्+घञ् । रागाभाव । मुहब्बतका न होना । "विगतो रागो यस्य" । जो प्रीतिसे रहित है (त्रि०).

विराज्, (पु०) विशेषेण राजते+क्विप् । बहुत शोभता है । क्षत्रिय । ब्रह्माण्डस्वरूप स्थूलदेहका अभिमानी आदिपुरुष । एक छंद.

विराट, (पु०) विशेषो राटो यत्र । एक देश । उस देशका मालिक वा राजा.

विराध, (पु०) एक राक्षस (रामचन्द्रके हाथसे मारागया).

विराधन, (न०) वि+रुध्+ल्युट् । पीडा । दर्द.

विराम, (पु०) वि+रम्+घञ् । अवसान । आखिर । अंत, विरति । हटना और निवृत्ति । ठहराव.

विराव, (पु०) वि+रु+घञ् । शब्द (आवाज) । ६ व० । शब्दरहित (त्रि०).

विरिञ्च, (पु०) वि+रिच्+अच्-मुम् च । विष्णु । जगत्के रचनेहारा ब्रह्मा । और शिवजी । "इन्" वही अर्थ.

विरूढ, (त्रि०) विशेषेण रोहति । वि+रुह्+क्त । बहुत उगता है । उत्पन्नहुआ । जात । अंकुरित । फूटा । निकला.

विरूप, (त्रि०) विकृतं रूपं अस्य । बुरीशकलवाला । दुष्टरूपवाला । बदशकला और निन्दित । निन्दा कियाहुआ । पिप्पलीमूल (मघकी जड) (न०).

विरूपाक्ष, (पु०) विरूपे (विकटे) अक्षिणी यस्य । जिसकी आंखें विकट हैं । महादेव । डरावनी आंखवाला (त्रि०).

विरेक, (पु०) वि+रिच्+घञ् । मलआदिका नीचेसे निकलना । और अतिरेक । जुलाब । खालीहोना.

विरेचन, (न०) वि+रिच्+णिच्-ल्युट् । मलआदि निकालना । "ज्वरमध्ये विरेचनं" इति वैद्यकम् । फाडनेवाला (त्रि०).

विरोक, (पु० न०) वि+रुच्+घञ् । चस्य कः । छिद्र । छेक । सुराख । सूर्यकी किरण (पु०).

विरोचन, (पु०) वि+रुच्+युच् । सूर्य । आकका वृक्ष । बलिका पिता । प्रह्लादका पुत्र । एक दैत्य । और चंद्रमा । रुचिकर (दिलपसंद) (त्रि०).

विरोध, (पु०) वि+रुध्+घञ् । वैर । दुश्मनी । विरुद्धता । वर्खिलाफी । न्यायमें साध्यके साथ असामानाधिकरण्य (एक स्थानमें इकट्ठा न रहनापन) रूप हेतुका दोष, जैसे "वह्निमान् जलात्" "यहां जलरूप हेतुका वह्निके साथ सामानाधिकरण्य नहिं है".

विरोधिन्, (पु०) वि+रुध्+णिनि । रिपु । शत्रु । एक वर्षका नाम.

विरोधोक्ति, (स्त्री०) अर्थसम्वन्धी एक अलंकार । दूसरेके वचनका विरोधि वचन । वर्खिलाफ कलाम.

विल्, (ढांकना-छिपाना) । तु० प० सक० सेट् । विलति । अवेलीत्.

विल, (न०) विल्+क । छिद्र । सुराख । गुहा । गुफा । "विलं उत्पत्तिकारणत्वेन अस्ति अस्य" । विलसे उपजा । अच्छा घोडा । "वाजिनो विलयोनयः" इति कुमारः । वेतस । बैंत (पु०).

विलक्ष, (पु०) विलक्ष्+अच् । विस्मययुक्त । हैरानहुआ । वगैर चिह्नके । लज्जित । शर्मिन्दा.

विलक्षण, (त्रि०) विशिष्टं लक्षणं अस्य । विशेषलक्षणवाला । अभिन्न । जुदा । अजीब । और विशेषणवाला । प्रयोजन (मतलब) विन रहना (न०) । दानके लिये सुवर्णपुरुष (सोन्नेका आदमी)की मूर्तिसहित एक प्रकारकी शय्या (छेज) (स्त्री०) "विलक्षणा".

विलग्न, (त्रि०) विशेषेण लग्नम् । लस्ज्+क्त-तस्य नः । जस्य गः । अच्छीतरह लगाहुआ । संलग्न । मध्यभाग । कटि । कमर । लंक । उदित (निकलीहुई) मेष आदि राशि (न०).

विलम्ब, (पु०) वि+लवि+घञ् । विलम्बन । देरी करना । देर । प्रतीक्षणीयकाल । इन्तिजारी करनेकेलायक वक्त.

विलम्बित, (त्रि०) वि+लबि+क्त । अशीघ्र । नाजल्दी करनेवाला । जिसने देर लगाई है । और मन्द (धीमा) । मध्यनाच (न०).

विलय, (पु०) वि+ली+अच् । प्रलय । और नाश.

विलसित, (त्रि०) वि+लस्+क्त । चमकाहुआ । दीप्त । प्रकट हुआ । जाहिर हुआ.

विल(ले)शय, (पु०) विले शेते । शी+अच्-वा अलुक् समा० । विलमें सोता है । सर्प । साँप । मूषक । मूसा । गोधा.

विलाप, (पु०) वि+लप्+घञ् । परिदेवनोक्ति । रोकर बोलना । वैन करना.

विलास, (पु०) वि+लस्+घञ् । स्त्रियोंकी शृङ्गारचेष्टा-विशेष । खुशीकी हर्कत (अंगोंका हिलाना आदि) । खुशी । चमक.

विलासिनी, (स्त्री०) विलासः अस्ति अस्य+इनि ङीप् । विलासवाली, नारी (औरत) । और वेश्या (कंचनी) । भोगवाला (त्रि०) साँप । कृष्ण । वह्नि (आग) । कामदेव । महादेव । और चांद (पु०).

विलीन, (त्रि०) वि+ली+क्त । वहगया घी आदि । विरत (हटगया) और नाश होगया.

विलेपन, (न०) विलिप्यते अनेन+करणे ल्युट् । जिस्से लेप कियाजाता है । गात्रानुलेपनद्रव्य । शरीरलेप करनेवाली चीज । पीसा वा घिसाहुआ चंदन केसर आदि- "कर्मणि ल्युट् ङीप्" । लप्सी । खिचडी । जौंकी मांड अच्छे वेशवाली औरत (स्त्री०).

विलोचन, (न०) वि+लुच्+करणे ल्युट् । नेत्र (आँख) । "भावे ल्युट्" । दर्शन । देखना.

विलोडित, (न०) वि+लोड्+क्त । तक्र । विलोयागया (लस्सी-छाछ) । आलोडित (त्रि०).

विलोम, (त्रि०) विगतं लोम यत्र । अच् समा० । विपरीत (उल्टा) । अरघट्टक (खूएकी घिरनी वा म्माल) (न०) । सर्प (साँप) । कुत्ता । और वरुण (पु०).

विलोमजिह्व, (पु०) विलोमा जिह्वा यस्य । उल्टी जीभवाला । हाथी.

विलोल, (त्रि०) वि+लुल्+अच् । चञ्चल । बहुत लालची.

विल्व, (पु०) विल्+वन् । श्रीफलवृक्ष । नारियेलका द्रख्त । विल्लका द्रख्त । परिमाण । पैमाना (न०).

विवध, (पु०) विगतो वधो (हननं-गतिः) यस्मात् । संगृहीतधान्यतण्डुलादि । इकट्ठे कियेहुए चावल आदि । भार.

वि(वी)वध, (पु०) वि+वध्+अच् वा दीर्घः । धाना-आदिका लाना । भार कंधेपर उठानेलायक एक लकडी.

विवर, (न०) वि+वृ+अप् । छिद्र (सुराख) । और दोष (ऐब) । विल.

विवरण, (न०) वि+वृ+ल्युट् । व्याख्यान । बहुत बयान । उसे करनेवाला एक ग्रंथ.

विवरनालिका, (स्त्री०) विवरयुक्तं नालं अस्ति अस्याः+ठन् । जिसके नालमें सुराख है । वेणु । बाँस.

विवर्ण, (त्रि०) विरुद्धो वर्णोऽस्य । बुरेवर्णवाला । अधम । नीच.

विवर्त, (पु०) वि+वृत्+घञ् । नृत्य । नाच । समुदाय (समूह) । अपवर्तन (हटना-मुडना) । वेदान्तमें कारणसे दूसरे स्वरूपमें उत्पन्नहुआ कार्य (अपने स्वरूपको न छोडकर दूसरी शकलका दीखना) । जैसे सीपीसे चांदी और ब्रह्मसे जगत्.

विवश, (त्रि०) विगतो वशः यस्य । जिसकी स्वाधीनता दूर होगई । अस्वतन्त्र । पराधीन । बेवस । लाचार । व्याकुल (घबरायाहुआ) । खफा होगया.

विवस्वत्, (पु०) वि+वस्+क्विप् । अस्त्यर्थे मतुप्-मस्य वः । सूर्य । आकका वृक्ष । अरुण । और देवता.

विवाद, (पु०) विरुद्धो वादः । झगडा । बर्खिलाफ बोलना । व्यवहार । और कलह.

विवाह, (पु०) वि+वह+घञ् । दारपरिग्रह । स्त्रीको लेना । उसे उत्पन्न करनेहारा व्यापार । शादी । पाणिग्रहण.

विवाहित, (त्रि०) विवाहः जातः अस्य । तार० इतच् । जिसका विवाह होगया । विवाहाहुआ । जातविवाह.

विवाह्य, (त्रि०) वि+वह्+ण्यत् । विवाहयोग्य । विवाहनेलायक । विशेषकर उठानेलायक.

विविक्त, (त्रि०) वि+विच्+क्त । निर्जन । अकेली जगह । पवित्र (साफ) । और असंयुक्त (न मिलाहुआ) । "कर्तरि क्तः" विवेकी (विचारवाला) (त्रि०).

विविध, (त्रि०) विभिन्ना विधा यस्य । जिसका प्रकार जुदा है । नानाप्रकार । कईतरह.

विवीत, (त्रि०) विशिष्टं वीतं (गवादिप्रचारस्थानं) यत्र । बहुत अच्छी गौओंके विचरनेकी जगह । बहुत तृणघासवाला देश.

विवृत, (त्रि०) वि+वृ+क्त । विस्तृत । फैलाहुआ । व्याख्यात । बयान कियाहुआ.

विवृति, (स्त्री०) वि+वृ+क्तिन् । विस्तार । फैलावा । और व्याख्यान.

विवेक, (पु०) वि+विच्+घञ् । ठीक २ वस्तुके स्वरूपका निश्चय करना । विचार । प्रकृति और पुरुषको आपसमें जुदा २ समझना (भेदज्ञान).

विवोढृ, (पु०) वि+वह्+तृच् । जामाता । जवाई.

विव्वोक, (पु०) वि+वा+क्कु-तस्य ओकः (स्थानं) । एक प्रकार स्त्रियोंकी शृङ्गारचेष्टा । हाव भाव कटाक्ष आदि । कोमलता । नजाकत.

विश्, (प्रवेश) दाखिल होना । तु० प० स० अनिट् । विशति । अविक्षत्.

विश, (पु०) विश्+क्विप् । मनुज । मनुष्य । और वैश्य (वनिआँ).

विशङ्कट, (त्रि०) वि+शङ्कटच् । विशाल फैलाहुआ । लंबा.

विशद, (पु०) वि+शद्+अच् । शुभ्रवर्ण । सुपेदरंग । उसवाला । विमल । साफ । और व्यक्त (जाहिर) (त्रि०).

विशय, (पु०) वि+शी+अच् । संशय । शक । "विषयो विशयश्चैवेति" मीमांसा.

विशर, (पु०) वि+शृ+अच् । वध । मारना.

विशल्या, (स्त्री०) विगतं शल्यं (तत्प्रहारवेदना) यस्याः । ५ ब० । जिस्से तीरके चोटकी पीडा दूर होजाती है । अग्निशिख वृक्ष । दन्ती वृक्ष । गुडूची (गिलो) । और अजवाइन । जिसका तीर दूरहुआ (त्रि०).

विशसन, (न०) वि+शस्+ल्युट् । मारण । मारना.

विशसन, (पु०) विशस्यतेऽनेन ल्युट् । खड्ग । तलवार.

विशस्त, (त्रि०) वि+शस्+क्त । नाश कियाहुआ । और वीतगया । वा इट् । मारागया.

विशाख, (पु०) विशाखानक्षत्रे भवः+अण् । विशाखानक्षत्रमें हुआ । कार्तिकेय (शिवजीका बेटा) । एक तारा । तीरंदाजोंका एक प्रकारका खडा होना.

विशारण, (न०) वि+शृ+स्वार्थे णिच्-ल्युट् । मारण । मारना.

विशारद, (पु०) विशालं ददाति । दा+क । लस्य रः । बकुलवृक्ष । पण्डित । प्रगल्भ । हुशियार । और बहुत अच्छा (त्रि०).

विशाल, (त्रि०) वि+शालच् । विस्तीर्ण (फैलाहुआ) । लंबा और बडा । एक हरिण । और एक राजा (पु०) । इन्द्रवारुणी । माहेन्द्रवारुणी । और एक नदी (स्त्री०).

विशालता, (स्त्री०) विशालस्य भावः+तल् । पार्श्वविस्तार । फैलाव.

विशालाक्ष, (पु०) विशाले अक्षिणी यस्य । षच् समा० । चौडीआंखवाला । महादेव । गरुड । विष्णु । बडीआंखवाला (त्रि०) । पार्वती । और नागदन्ती (स्त्रियां० ङीष्).

विशिख, (पु०) विशिष्टा विगता वा शिखा यस्य । जिसकी चोटी बडी वा हैही नहिं । तीर । और शरवृक्ष । ६ ब० । शिखासे रहित (त्रि०) गली (स्त्री०).

विशिष्ट, (त्रि०) वि+शिख+क्त । युक्त । मिलाहुआ । विलक्षण । अजीब । विशेषयुक्त । विशेषणवाला.

विशिष्टाद्वैत, (न०) रामानुज आदिसे कहाहुआ प्रकृतिरूप विशेषणवाले ब्रह्मका अद्वयत्व (एकपन).

विशीर्ण, (त्रि०) वि+शृ+क्त । शुष्क । सूकगया । जरावस्थापन्न । बूढा होगया.

विशुद्ध, (त्रि०) वि+शुध्+क्त । दोषरहित । बेऐब । और विशद । निर्मल । साफ.

विशुद्धि, (स्त्री०) वि+शुध्+क्तिन् । शोधन । साफ करना । दोषराहित्य । बेऐब.

विश्रृङ्खल, (त्रि०) विगता श्रृङ्खला पद्धतिः यस्याः । जो संकल वा सडक किम्वा पगडण्डी अथवा नियमसे बाहिर हुआ । परिपाटीसे रहित.

विशेष, (पु०) वि+शिष्+घञ् । प्रभेद । फरक । प्रकार । तरह व्यक्ति । जाहिर । तिलक (टीका) । वैशेषिकमें सात पदार्थोंमेंसे एक "अन्त्यो नित्यद्रव्यवृत्तिर्विशेषः" । एक अर्थालंकार.

विशेषक, (पु० न०) विशेषयति । वि+शिष्+णिच् ण्वुल् । ललाटकृततिलक । माथेपर कियागया तिलक । विशेषकर्ता (जियादा करनेवाला) (त्रि०) । तीन श्लोकोंका एक वाक्य (फिकरा) । "त्रिभिश्लोकैर्विशेषकम्" (न०).

विशेषगुण, (पु०) कर्म० । वैशेषिकमें "बुद्धिआदि ६, रूपआदि चार, स्नेह, भावना, स्वाभाविक द्रवत्व (पिघलना) अदृष्ट (धर्माधर्म) और शब्द" कहेगये ये सब गुण । खास गुण.

विशेषण, (न०) विशिष्यते अनेन । वि+शिष्+ल्युट् । जिस्से विशेष (जियादह) कियाजाता है । भेदक धर्म । गुण, क्रियाआदि । जैसे "नीला कमल" "चलनेवाली गौ" इत्यादिमें गुण और क्रिया आदि है अर्थात् फर्क दिखानेवाला धर्म है । गुण (सिफ्त).

विशेषविधि, (पु०) खास नियम । सामान्य और विशेषके मध्यमें विशेषगोचर विधान "जैसे ब्राह्मणोंको दही दिया जाय, परन्तु शाण्डिल्य (इस गोत्रका ब्राह्मण) को छाछ देना" यहां शाण्डिल्यनामी ब्राह्मण विशेष होनेसे विश्व-(ष्व)क्सेन, उसके लिये (दधिदानापवादसे) छाछका देना विधान किया.

विशेषित, (त्रि०) वि+शिष्+णिच्+क्त । भेदित । फर्क कियाहुआ । विशेषणयुक्तीकृत । सिफ्तवाला किया गया । फाडागया.

विशेषोक्ति, (स्त्री०) विशेष वचन । अर्थसम्वन्धी अलंकार.

विशोक, (पु०) विगतः शोकः यस्मात् यस्य वा । जिस्से वा जिसका शोक दूर हुआ । अशोकवृक्ष । शोकसे रहित (अफसोस न करनेवाला) (त्रि०) । योगशास्त्रमें कहीगई एक प्रकारकी चित्तकी वृत्ति (स्त्री०).

विशोधनी, (स्त्री०) विशुध्यते अनया । जिस्से साफ कियाजाय । शुध्+ल्युट्+ङीप् । दन्तीवृक्ष । "भावे ल्युट्" शोधन । सफा वा ठीक करना । वि+शुध्+ल्युट् । शोधनकारक (साफ करनेवाला) (त्रि०).

विश्र(श्रा)णन, (न०) वि+श्रण्+णिच्+ल्युट्-वा वृद्धिः । दान । देना.

विश्रब्ध, (त्रि०) वि+श्रम्भ्+क्त । विश्वस्त । भरोसा कियाहुआ । मोहतबिर । शान्त । अनुद्धत (हलीम) । गाढ (मजबूत).

विश्र(श्रा)म, (पु०) वि+श्रम्+घञ्-वा वृद्धिः । विराम । हटना । आराम । किये जारहे कामका अवसान (अंत).

विश्रम्भ, (पु०) वि+श्रम्भ्+घञ् । विश्वास (भरोसा) । प्रत्यय । केलिकलह (क्रीडासंबंधी झगडा) । और वध (कतल).

विश्रम्भालाप, (पु०) (विश्रम्भस्य आलापः) विश्वासकी बातचीत । खुल्लमखुल्ला संभाषण । विश्वाससे भराहुआ । परस्पर संभाषण (बातचीत अथवा वार्तालाप).

विश्राव, (पु०) वि+श्रु+घञ् । प्रसिद्धि । और ख्याति (मशहूरी).

विश्रुत, (पु०) वि+श्रु+क्त । विख्यात । मशहूर । प्रसिद्ध.

विश्लिष्ट, (त्रि०) वि+श्लिष्+क्त । वियुक्त (विछडाहुआ-अलगहुआ) और शिथिल (ढीला).

विश्लेष, (पु०) वि+श्लिष्+घञ् । वियोग । विछोडा । और ढीलापन.

विश्व, (न०) विश्+व । जगत् । संसार । दुनिआं । उसका अभिमानी जीवात्मा (पु०) । श्राद्धके देवताविशेष (पु० ब० व०) । सकल (सारा) (त्रि०) (इसी अर्थमें सर्वनामसंज्ञा होती है).

विश्वकर्मन्, (पु०) विश्वेषु कर्म (व्यापारो यस्य) । जिसका काम सब स्थानमें हैं । सूर्य । देवशिल्पी । (देवताओंका कारीगर) एक मुनि । और परमेश्वर.

विश्वकृत्, (पु०) विश्वं करोति । कृ+क्विप् । विश्वको कर्ता है । विश्वकर्मा । और परमेश्वर.

विश्वकेतु, (पु०) विश्वे केतवः अस्य । सबके सब जिसका झंडा हैं । अनिरुद्ध.

विश्व(ष्व)क्सेन, (पु०) विशु (षु) ची सेना अस्य । जिसकी सेना पवित्र हो (विष्णु) प्रियंगु वृक्ष (स्त्री०).

विश्व(ष्व)च्, (अव्य०) विश्वं अञ्चति । क्विप् । सर्वतः । चारोंओर । विश्वगामी (सब ओर जानेवाला) (त्रि०).

विश्वधारिणी, (स्त्री०) विश्वं धारयति । धृ+णिनि । पृथिवी.

विश्वप्सन्, (पु०) विश्वं प्साति (भक्षति) । प्सा+कनिन् । आग । चन्द्रमा । देवता विश्वकर्मा । और पृथिवी.

विश्वम्भर, (पु०) विश्वं बिभर्ति (भृ+अच्-मुम् च) । विश्वको पालता है । इन्द्र और विष्णु । पृथिवी (स्त्री०).

विश्वरेतस्, (पु०) विश्वं रेतो यस्य । जिसे संसार उत्पन्न करना पडता है । चार मुखवाला ब्रह्मा.

विश्ववेदस्, (पु०) विश्वं वेत्ति । विद्+असुन् । संसारको जानता है । इन्द्रआदि देवता । और सब कुछ जाननेहारा.

विश्वसृज्, (पु०) विश्वं सृजति । सृज्+क्विप् । संसारको रचता है । चारमुखवाला ब्रह्मा.

विश्वस्त, (त्रि०) वि+श्वस्+क्त । जातविश्वास । मोहतबिर । जिसपर भरोसा कियागया हो । "विश्वसित" यही अर्थ । विधवा स्त्री (बेवा औरत) (स्त्री०).

विश्वाची, (स्त्री०) विश्वं अञ्चति । अचि+क्विप् । एक अप्सरा.

विश्वात्मन्, (पु०) विश्वं आत्मा यस्य । संसार जिसका आत्मा है । विष्णु । नारायण । परमात्मा.

विश्वामित्र, (पु०) विश्वं मित्रं अस्य (पहिले पदको दीर्घ होता है) । संसार जिसका मित्र है । एक ब्रह्मर्षि । गाधिका पुत्र । एक राजा.

विश्वाराज्, (पु०) विश्वेषु राजते । राज्+क्विन् । विश्वोंमें चमकता है । विश्वोंका राजा । और परमेश्वर.

विश्वावसु, (पु०) विश्वेषां वसु यस्मात् । पृ० दीर्घः । जिस्से सर्वोंका धन होता है । एक गंधर्व । रात (स्त्री०).

विश्वास, (पु०) वि+श्वस्+घञ् । "यह इसी प्रकार है" इसतरह एक चित्तकी वृत्ति । प्रत्यय । श्रद्धा । यकीन.

विश्वेदेव, (पु० ब० व०) कर्म० । अलुक् समा० । श्राद्धमें पूजेगये दस (क्रतु आदि) देवता । वह्नि (आग) (पु०).

विश्वेश, (पु०) ६ त० । विश्वका मालिक । शिव । "विश्वेश्वर".

विषू, व्याप्ति (फैलाना) जु० उभ० सक० अनिट् । वेवेष्टि-वेविष्टे । अविषत् । अविक्षत्-त.

विषू, (स्त्री०) विष्+क्विप् । विष्ठा । मैला । गूंह.

विष, (न०) विष्+क । जल । कमलकी कूमली (केशर) । मृणाल (कमलकी डण्डी) और वत्सनाभ विष । जहिर (पु० न०).

विषकण्ठ, (पु०) विषं कण्ठे यस्य । जिसके गलेमें जहिर है । शिवजी.

विषघ्न, (पु०) विषं हन्ति । (हन्+क) । शिरीष वृक्ष । (विषको मारता है) विभीतक (बहेडा) । चम्पक (चम्बेका दरख्त) । विषनाशक । विषको दूर करनेवाला (त्रि०).

विषज्वर, (पु०) विषं इव प्राणहन्ता ज्वरो यस्य । जहिरकी नाई प्राणोंको नाश करनेवाला जिसका बुखार है । महिष । भैंसा.

विषण्ड, (न०) विशेषेण षण्डम् । मृणाल । कमलकी डण्डी । में.

विषदन्तक, (पु०) विषं दन्ते यस्य+कप् । जिसके दांतमें विष है । सर्प । सांप.

विषधर, (पु०) विषं धरति । धृ+अच् । जहिरको धारण कर्ता है । सर्प । सांप । "विषधरविषमं" इत्युद्भटः.

विषम, (त्रि०) विगतो विरुद्धो वा समः । असम । जो बराबर नहिं । अयुग्म (जो जोडा नहिं) जैसे तीन-पांच आदि । ऊंचा नीचा । दारुण । सख्त । सङ्कट । एक प्रकारका पद्य (न०).

विषमच्छद, (पु०) विषमाः (अयुग्माः) छदाः यस्य । सप्तच्छद । सतौनेका द्रख्त.

विषमज्वर, (पु०) विषम उग्रो ज्वरः । सख्तबुखार.

विषमनयन, (पु०) विषमाणि (अयुग्मानि) त्रीणि नयनानि अस्य । जिसके तीन नेत्र हैं । महादेव । शिवजी.

विषमस्थ, (त्रि०) विषमे (उन्नतानते संकटे वा) तिष्ठति । स्था+क । ऊंचे नीचे वा संकटमें ठहिरता है । उपद्रवप्राप्त । मुसीबतमें पडाहुआ । संकटमें आया । और ऊंची नीची जगहपर ठहिराहुआ.

विषमशिष्ट, (न०) विषमं शिष्टं (शासनं) । अनुचित शासन । ना मुनासिब सजा.

विषमायुध, (पु०) विषमाणि (अयुग्मानि पञ्च) आयुधानि (बाणाः) यस्य । जिसके पाँच तीर हैं । कामदेव.

विषय, (पु०) विषिण्वन्ति (विषयिणं संबध्नन्ति स्वात्मकतया) वि+षि+अच् । जो अपने स्वरूपसे विषयीको बांध लेते है । इन्द्रियोंसे जानेगये शब्दादि । मजमून । और देश.

विषयिन्, (न०) विषयः अस्ति अस्य+इनि । विषयवाला । ज्ञान (जान्ना) । और इन्द्रिय । विषयासक्त (विषयोंमें फंसाहुआ) (त्रि०) । राजा । कामदेव । और शब्द (पु०).

विषलता, (स्त्री०) विषव्याप्ता इव लता । बेल मानो जहिरसे घिरी है । इन्द्रवारुणी बेल.

विषविद्या, (स्त्री०) विषाय (तन्निवृत्तये) विद्या । जहिर दूर करनेका इल्म । विष दूर करनेके मन्त्रको जान्ना.

विषवैद्य, (पु०) विषे (विषापहरे) वैद्यः (चिकित्सकः) । विष दूरकरनेमें हकीम । विषमन्त्रविद्यावाला.

विषाण, (न०) विष्+कानच् । पशुका सींग । हाथी वा सूअरका दांत । कुष्ठौषध । और क्षीरकाकोली.

विषाद, (पु०) वि+षद्+घञ् । अवसाद । जडता । दिलका टूटना.

विषान्तक, (पु०) विषस्य अन्तक इव । जहिरका मानो यमराज है । शिवाजी । विष दूर करनेवाला (त्रि०).

विषाराति, (पु०) ६ त० । विषका शत्रु । काला धतूरा । कृष्णधुस्तूर.

विषास्य, (पु०) विषं आस्ये यस्य । जिसके मुखमें जहिर है । सर्प । सांप । "विषसे लिपटेहुए मुखवाला भिलावा" । मल्लातक.

विषु, (अव्य०) विष्+कु । साम्य । बराबरी । और नानारूपवाला.

विषुव, (न०) विषु (दिनरात्र्योः साम्यं) वाति-वा=क । वह समय कि जब रात और दिन बराबर हो जाता है । "विषुवत्" यही अर्थ.

विष्क, (हिंसा) कतलकरना-मारना । चु० आ० स० सेट् । विष्कयते । दर्शन (देखना) । उभ० । विष्कयति-ते । अविविष्कत्-त.

विष्कम्भ, (पु०) वि+स्कम्भ्+अच् । सूर्य और चन्द्रमाके योग (मेल) से उत्पन्न हुआ पहिला योग । विस्तार । फैलाव । प्रतिबंध । रोक । नाटकका एक अंग (जिसमें मध्यपात्रके द्वारा पीछे और आगेका वृत्तान्त संक्षेपसे कहाजाता है) । योगिओंका एक वंध । वृक्ष । कीलक । कील.

विष्टप, (न०) विश्+कपन्+तुट् च । भुवन । लोक । जगत् । संसार.

विष्टब्ध, (त्रि०) वि+स्तम्भ्+क्त । प्रतिरुद्ध । रुकाहुआ । अवरुद्ध.

विष्टम्भिन्, (त्रि०) वि+स्तम्भ्+णिनि । प्रतिबंधक । रोकनेहारा । एक रोगको उपजानेहारा.

विष्टर, (पु०) वि+स्तृ+अप् । षत्वं । कुशाका बनाहुआ एक आसन । हरएक आसन । वृक्ष.

विष्टरश्रवस्, (पु०) विष्टरः (कुशमुष्टिरिव) श्रवसी (कर्णौ) अस्य । कुशाकी मुष्ठीके समान जिसके कान हैं । विष्णु.

विष्टि, (स्त्री०) विश्+क्तिन्-क्तिच् वा । वेतन (तनखाह)-के बिना भार आदि उठानेका दुःख । मजदूरी । काम । वर्षण (वर्सना) । प्रेषण । भेजना । सातवां करण । काम करनेहारा नौकर । मजदूर मजदूरीके विना काम करनेवाला (पु०).

विष्ठा, (स्त्री०) विविधं तिष्ठति । स्था+क-षत्वम् । पुरीष । मल । गूंह.

विष्णु, (पु०) विष् (व्यापन-फैलना) नुक् । व्यापक । फैलाहुआ-जो (सब स्थानमें है) । परमेश्वर । वह्नि (आग) । शुद्ध । साफ । धर्मशास्त्रके बनानेहारा एक मुनि । वासुदेव.

विष्णुगुप्त, (पु०) चाणक्य पण्डित । यहि वात्स्यायन पक्षिलनामसे प्रसिद्ध न्यायभाष्यका रचनेवाला है.

विष्णुतैल, (न०) वैद्यक (चिकित्सा) में प्रसिद्ध एक प्रकारका तेल.

विष्णुपद, (न०) विष्णोः पदमिव (व्यापकत्वात्) । व्यापक होनेसे मानो विष्णुका पाँव है । आकाश । आस्मान.

विष्णुपदी, (स्त्री०) विष्णुपदं कारणत्वेन अस्ति अस्याः । अच्-ङीप् । जिसका कारण विष्णुका पाँव है । गंगा । सूर्यका वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ राशिमें बदलना.

विष्णुमाया, (स्त्री०) ६ त० । विष्णोः (परमेश्वरस्य) माया । परमात्माकी अघटघटनापटीयसी (जो न बन-सके उसेभी बनादेनेमें बहुतही चतुर) अविद्याशक्ति । उसकी अधिष्ठात्री (आश्रय) दुर्गा.

विष्णुरथ, (पु०) विष्णो रथ इव । मानो विष्णुकी गाडी है । गरुड.

विष्णुरात, (पु०) विष्णुना रातः, विष्णुर्वा रायात् जीवनं अस्मै । रा+क्त । विष्णुसे दियागया । विष्णुने जिसे जीवन दिया । परीक्षित् नामी राजा (वह गर्भहीमें अश्वत्थामाके अस्त्रसे जलकर मरगया, परन्तु विष्णुने फिर जिलाया) यह कथा महाभारतमें प्रसिद्ध है.

विष्फार, (पु०) वि+स्फुर्+णिच्+अच् । धनुर्गुणाकर्षण-शब्द । कमानके चिल्ला खेंचनेका शब्द । टंकार.

विष्य, (त्रि०) विषेण वध्यः । विष्+यत् । जरूरमारनेके लायक । जहिरसे मार डालनेके लायक । विषवध्य.

विष्वक्सेन, (पु०) विषूची सेना यस्य । दिसकी अच्छी साफ सेना है । विष्णुपर चढेहुएको खानेवाला । और विष्णुके गणोंमेंसे एक । प्रियंगु (स्त्री०).

विष्वाण, (न०) वि+ष्वन्+घञ् । षत्वणत्वे । भोजन खाना । खुराक.

विस, (न०) वि+सो+क । मृणाल । कमलफूलकी डण्डी ।

विस्, उत्सर्ग (छोडना) । दिवा० पर० सक० सेट् । विस्यति । अवेसीत्.

विसंवाद, (पु०) वि+सम्+वद्+घञ् । विप्रलम्भ । वञ्चन । ठगना । किसी पदार्थके विषयमें उलटा कहना.

विसकुसुम, (न०) विसयुक्तं कुसुमं । कमलफूलकी डण्डीवाला फूल । पद्म.

विसङ्कट, (पु०) विशिष्टो संकटो यस्मात् । ५ ब० । जिस्से बडा संकट होता है । सिंह । शेर । इङ्गुदीका वृक्ष.

विसनाभि, (स्त्री०) विसं नाभौ यस्य । जिसकी नाभिमें विस है । पद्मिनी और पद्मोंका समूह.

विसर, (पु०) वि+सृ+अप् । समूह । और विस्तार । फैलाव.

विसर्ग, (पु०) वि+सृज्+घञ् । दान देना । त्याग । छोडना । जलका त्याग । मोक्ष (छुटकारा) और प्रलय.

विसर्जन, (न०) वि+सृज्+ल्युट् । दान । देना । त्याग । छोडना । वि+सृज्+णिच्+ल्युट् । प्रेरण । भेजना.

विसर्पण, (न०) वि+सृप्+ल्युट् । प्रसार । फैलाव । सर्कना । भागजाना.

विसिनी, (स्त्री०) विसानां समूहः । तद्युक्तो देशो वा+इनि । कमलोंका समूह । और पद्मलता (बेल).

विसूचिका, (स्त्री०) विशिष्टा सूचीव । इवार्थे कन् । मानो बडी सूई है । एक प्रकारका रोग । हैजा.

विसृत, (त्रि०) वि+सृ+क्त । विस्तीर्ण । फैलाहुआ.

विसृत्वर, (त्रि०) वि+सृ+क्वरप् । विसरणशील । फैलने-वाला । (स्त्रियां ङीप्).

विसृमर, (त्रि०) वि+सृ+क्मरप् । विसरणशील । फैलने-वाला.

विसृष्ट, (त्रि०) विसृज्+क्त । प्रेरित । भेजाहुआ । छोडाहुआ । क्षिप्त । फेंकागया.

विस्त, (पु० न०) विस्-उत्सर्ग (छोडना) क्त । नि० न इट् । स्वर्णकर्ष । सोनेकी मोहर । अस्सी रत्तीका परि-माण (माप).

विस्तार, (पु०) वि+स्तृ+संज्ञायां कर्तरि घञ् । विटप । वृक्ष । शाखाओंका फैलाव । "भावे घञ्" अस्तीर्णता (फैलावट) । और समासके वाक्यमें पदोंका समूह.

विस्तीर्ण, (त्रि०) वि+स्तॄ+क्त । विपुल । फैला हुआ । विशाल । लंबा.

विस्फुलिङ्ग, (पु०) विस्फुरति । वि+स्फुर्+ङु वा षः तद् लिङ्गं अस्य । चमकनेवाले निशानहारा । वह्निकण । आगका कतरा । एक प्रकारका विष.

विस्फोट, (पु०) विस्फुटति । वि+स्फुट्+अच् । बहुत फूटता है (विषफोडा) पदार्थ । "स्वार्थे कन्" एक प्रकारका फोडा.

विस्मय, (पु०) वि+स्मि+अच् । आश्चर्य । अद्भुत । अजीब । एक रस.

विस्मापन, (पु०) वि+स्मि+णिच्+अच्+आत् ल्यु । जो हैरान करदे । कुहक । इन्द्रजालका तमाशा । और कामदेव । गंधर्वोंका पुर (न०) "विस्मायनम्" यही अर्थ.

विस्मित, (त्रि०) वि+स्मि+क्त । विस्मययुक्त । हैरानहुआ.

विस्मृत, (त्रि०) वि+स्मृ+क्त । स्मरणाविषय । भूलगया.

विस्मृति, (स्त्री०) वि+स्मृ+क्तिन् । स्मरणाभाव । भूलना.

विस्र, (न०) विस्+रक् । आमगन्धि । कच्चा गंध । अधगंध.

विस्रगन्धि, (पु०) विस्रस्य इव गन्धः अस्याः । जिसका गंध कच्चे गंधके समान है । "इत समा०" हरिताल । हडताल.

विस्रम्भ, (पु०) वि+स्रम्भ+घञ् । विश्वास । प्रत्यय । परिचय.

विस्रम्भिन्, (त्रि०) वि+स्रम्भ्+णिनि । विश्वासवाला । मुहब्बती.

विस्रसा, (स्त्री०) वि+स्रन्स्+क । जरा । बुढेप्पा.

विहग, (पु०) विकिरति । वि+कृ+क-सुट् च । विहग । पक्षी । परिंदह.

विहग, (पु०) विहायसा गच्छति । गम्+ड-नि० । आकाशसे जाता है । पक्षी । परिंदह । पृ० । "विहङ्ग" यही अर्थ.

विहङ्गम, (पु०) विहायसा गच्छति । गम्+खच्-नि० । आकाशसे जाता है । पक्षी । परिन्दा.

विहङ्गराज, (पु०) ६ त० । अच् समा० । पक्षिओंका राजा । गरुड । "विहङ्गराजाङ्गरुहैः" इति माघः.

विहनन, (न०) विहन्यते । वि+हन्-ल्युट् । विघ्न । रुकावट । हिंसा । कतलकरना.

विहर, (पु०) वि+हृ+अप् । वियोग । विछोडा । "ल्युट्" यही अर्थ (न०).

विहसित, (न०) वि+हस्+क्त । मध्यमहास्य । थोडा हसना.

विहस्त, (त्रि०) विगतो हस्तो हस्तावलम्बनं यस्य । जिसका हाथसे पकडना दूरहुवा । व्याकुल । घवराया-हुआ । पण्डित । चतुर.

विहापित, (न०) वि+हा+णिच्+क्त । दान देना । छुडायागया.

विहायस, (पु० न०) वि+हय्+असुन् । नि० वृद्धिः । आकाश । आस्मान । और पक्षी । स्वार्थे अच् । विहायसं (न०).

विहार, (पु०) वि+हृ+घञ् । खेलनेके लिये पाँवोंसे जाना । भ्रमण (घूमना) । लीला । बौद्धोंका देवालय (मंदिर).

विहित, (त्रि०) वि+धा+क्त । कृत । कियाहुआ । विधिसे बोधित (जतलायागया).

विहीन, (त्रि०) वि+हा+क्त । त्यक्त । छोडाहुआ । और वर्जित.

विह्वल, (त्रि०) वि+ह्वल्+अच् । भयआदिसे घवरायाहुआ और विलीन.

वी, कान्ति (चाहना) । जननं (उत्पन्न होना) । अक० । जाना-व्याप्ति (फैलना) । क्षेप (फेंकना) और खाना । सक० अदा० उभ० अनिट् । वेति । अवैषीत्.

वी(वि)काश, (पु०) वि+काश्+वा दीर्घः । रहस् । अकेले । प्रकाश.

वीक्षण, (न०) वि+ईक्ष्+करणे ल्युट् । नेत्र । आंख । "भावे ल्युट्" देखना.

वीचि-ची, (पु० स्त्री०) वे+डीचि-वा ङीप् । तरङ्ग । लहर । अवकाश । अल्प (थोडा) । और किरण.

वीचितरङ्ग, (पु०) वीचेरिव तरङ्गो यत्र । जहां लहरपर लहर चलती हो । एक तरङ्गसे जैसे लगातार तरगें (लहरें) उत्पन्न होती हैं । इसीप्रकार स्वजन्य जन्यादिरूप (अपनी उत्पत्तिके अनन्तर उत्पन्न होना) एक प्रकारका नियम । जैसे शब्दकी उत्पत्ति नगारे आदि स्थानमें पहिले होती है उसके अनन्तर शब्दपरम्परा (एक आवाजके पीछे दूसरी) से श्रोत्र (कान) के साथ सम्बन्ध होनेहीसे श्रवण होता है (शब्द) सुनाई देता है).

वीचिमालिन्, (पु०) वीचीनां माला अस्ति अस्य+इनि । लहरोंकी मालावाला । समुद्र । समुंदर.

वीज्, व्यजन (पंखाकरना) । चुरा० उभ० सक० सेट् । वीजयति-ते । "वीज्यते स हि संसुप्तः" कुमारः.

वीज, (न०) वी+क्विप् । जन्+ड-कर्म० । कारण । शुक्र (वीर्य-मणि) । अंकुर । अव्यक्तगणित । मन्त्रविशेष । धान्यआदिका फलआदि.

वीजकोष, (पु०) वीजानां कोश इव आधारः । पद्मवीजका आधार । वराटक । कौडी.

वीजगर्भ, (पु०) वीजानि गर्भे यस्य । जिसके वीचमें वीज हैं । पटोल.

वीजन, (न०) वीज+ल्युट् । व्यजन । पंखा । "करणे ल्युट्" चामरआदि । चौरी वगैरह । वस्तु । और चक्रवाक (चकवा) जीवंजीवपक्षी (पु०).

वीजसञ्चय, (पु०) वीजानां (वपनयोग्यधान्यादीनां) सञ्चयः । बोनेलायक धानोंका इकट्ठा करना (गल्ला) बहुतसे बी.

वीजसू, (पु०) वीजं सूते । सू+क्विप् । पृथिवी । जमीन.

वीजाकृत, (त्रि०) वीजेन सह कृष्टम्+डाच् । कृ+क्त वीजके साथ खेंचागया खेत । वीजाकृष्ट क्षेत्र.

वीजिन्, (पु०) वीजं अस्ति अस्य+इनि । उत्पादक । पैदाकरनेवाला । पिता । वीजवाला (त्रि०).

वीज्य, (त्रि०) विशेषेण इज्यः । वि+यज् क्विप् । बहुत आदरके लायक । कुलीन । खान्दानी.

वीटि-टी, (स्त्री०) वि+इट्+इन्-वा ङीप् । पानका बीडा । तयार (लगायाहुआ) ताम्बूल.

वीणा, (स्त्री०) अज्+न-वीभावः । पृ० णत्वम् । अपने नामका वाजा । बीन.

वीणादण्ड, (पु०) ६ त० । बीनवाजेके ऊपरका डण्डा.

वीणावाद, (त्रि०) वीणां वादयति । वद्+णिच्+अण् । वीणावादक । बीनके बजानेवाला.

वीतशोक, (पु०) वि+इण्+क्त । वीतः शोको यस्मात् । यस्य वा । जिस्से वा जिसका शोक दूरहुआ । अशोक वृक्ष । शोकसे रहित (त्रि०).

वीति, (स्त्री०) वी+क्तिन् । गति । जाना । दीप्ति । चमकना । खाना और मांगना+क्तिच् । घोटक (घोडा) (पु०).

वीतिहोत्र, (पु०) वीतये (पुरोडाशादिभक्षणाय) हूयन्ते देवा अत्र । हु+त्रल् । चरुआदि खानेके लिये जिसमें देवताओंको बुलाया जाता है । वह्नि । आग.

वीथि-थी, (स्त्री०) विथ्+इन् । पृ० वा ङीप् । पंक्ति । श्रेणि । कतार । घरका अंग । वर्त्म । रास्ता । गली । देखनेलायक काव्य वा नाटकका एक अंग.

वीध्र, (त्रि०) वि+इन्ध्+रक् । निर्मल । साफ । आकाश और वायु (पु०).

वीनाह, (पु०) वि+नह्+घञ् । कूपआदिके मुख बंद करनेका साधन । मुखबंधन । मुंका बांधना । पाट.

वीप्सा, (स्त्री०) वि+आप्+सन्+अच्-ईत्-अ-अभ्यासका लोप होता है । व्याप्ति । फैलना । बहुत इच्छा.

शततम, (त्रि०) शतस्य पूरणः+तमप् । सौको पूराकरनेवाला । सौवां.

शतद्रु, (पु०) शतधा द्रवति । द्रु+कु । नि० । एक नदी । सतलुज.

शतधा, (स्त्री०) शतं ग्रन्थीन् धत्ते । धा+क । दूर्वा । दूब । शत+धाच् । सौतरहसे । सौगुना.

शतधामन्, (पु०) शतं धामानि यस्य । जिसके सैंकडों घर वा तेज हैं । विष्णु.

शतधार, (पु०) शतं धारा (अग्राणि) यस्य । जिसकी सैंकडों नोक हैं । वज्र । हीरा । सौधारवाला (त्रि०) । "वसोः पवित्रमसि शतधारम्" इति श्रुतिः.

शतधृति, (पु०) शतं धृतयः अस्य । सैंकडो धीरजवाला । इन्द्र । ब्रह्मा । और स्वर्ग.

शतपत्र, (न०) शतं (बहूनि) पत्राणि अस्य । बहुत पत्तोंवाला । कमल.

शतपथ, (पु०) शतं पन्थानो यत्र । अच् समा० । जहां बहुत रास्ते हैं । यजुर्वेदका ब्राह्मणस्वरूप एक ग्रंथ.

शतपथिक, (त्रि०) शतपथं वेत्ति अधीते वा+ठन् । शतपथको जानता वा पढता है । शतपथ ब्राह्मणस्वरूप ग्रंथको पढने वा जाननेहारा । कई मतों वा रास्तोंपर चलनेहारा.

शतपद, (न०) शतं पदानि यत्र । जहां सैंकडों पद हैं । ज्योतिष्में नक्षत्रचरणके अनुसार नामकरणके उपयोगी पहिले वर्णको सूचन करनेहारा एक चक्र । "शतं पादाः यस्याः" । पाद्भावः । ङीप्में पद्भावः । कानखजूरा । कनकोल.

शतभिषज्, (स्त्री०) शतं भिषज इव ताराः यत्र । जहां सैंकडों तारा हकीमोंके समान हैं । अश्विनीसे चौवीसवां नक्षत्र (जिसकी एकसौ तारा हैं) । "शतभिषा".

शतमख, (पु०) शतं मखा यज्ञा यस्य । जिसके सैंकडों यज्ञ हैं । इन्द्र.

शतमन्यु, (पु०) शतं मन्यवो यज्ञा यस्य । शते (दैत्येषु) मन्युः (क्रोधो वा) यस्य । जिसके सैंकडों यज्ञ हैं । अथवा जो दैत्योंपर क्रोध कर्ता है । इन्द्र.

शतरुद्रीय, (न०) शतं रुद्रा (देवता) यस्य । जिसके सैंकडों देवता हैं । यजुर्वेदका रुद्राध्याय.

शतरूपा, (स्त्री०) शतं रूपाणि अस्याः । जिसके सैंकडों रूप हैं । ब्रह्मपत्नी । ब्रह्माकी स्त्री.

शतसाहस्र, (त्रि०) शतं सहस्राणि परिमाणं अस्य+अण् । जिसका सैंकडों हजार माप है । लाखकी गिन्ती-वाला.

शतह्रदा, (स्त्री०) शतं ह्रदा यस्याः । पृ० । जिसकी सैंकडों आवाजें हों । विद्युत् । बिजली.

शतानन्द, (पु०) शतं आनन्दयति+अण् । गोतमका पुत्र । अहल्याके गर्भसे उपजा एक मुनि । सैंकडोंको आनंददेनेहारा (त्रि०).

शतानीक, (पु०) शतं अनीकानि यस्य । जिसकी सैंकडों सेना हैं । व्यासदेवका चेला । एक मुनि । सैंकडों सेना-वाला (त्रि०).

शतार, (न०) शतं आराणि अस्य । सैंकडों आरावाला । वज्र.

शतायुस्, (त्रि०) शतं आयुर्वर्षकालः अस्य । सौवर्षका । एकसौ वर्षकी उमरवाला । "शतायुर्वै पुरुषः" इति श्रुतिः.

शतिक, (त्रि०) शतेन क्रीतः+ठन् । सौपर खरीदीगई चीज.

शत्य, (त्रि०) शतेन क्रीतः+यत् । सौकी गिन्तीवाले द्रव्यसे खरीदागया.

शत्रु, (पु०) शद्+त्रुन् । रिपु । दुश्मन् । लग्नसे छठा स्थान । शातक (दुःखदेनेहारा-काटनेहारा) (त्रि०).

शत्रुघ्न, (पु०) शत्रून् हन्ति । हन्+क । दशरथका बेटा । सुमित्राके गर्भसे उपजा लक्ष्मणका छोटा भाई.

शद्, शातन (गिरना-नाशकरना-काटना) और जाना । भ्वा० पर० सक० अनिट् । शीयते । आशाप्सीत्.

शनि, (पु०) शो+अनि । सूर्यका बेटा । छायाके गर्भसे उपजा एक ग्रह.

शनिवार, (पु०) शनिस्वामिको वारः । सूर्यआदि वारोंमें सातवां वार.

शनैश्चर, (पु०) शनैः चरति । चर्+अच् । शनिग्रह । वह सब ग्रहोंके उपरकी कक्षामें रहता है, बहुत काल-तक एक २ राशिको भोगनेसे इसकी मृदुगति अर्थात् बहुत धीरे चलता है.

शनैस्, (अव्य०) मन्द । धीरे धीरे.

शन्स्, हिंसा (मारना) । स्तुति (तारीफकरना) भ्वा० प० सक० सेट् । शंसति । अशंसीत्.

शप्, आक्रोश (चिल्लाना-कसमखाना । शापदेना-कसम खा-कर इकरार करना) । वा भ्वा० पक्षे दिवा उभ० सक० अनिट् । शपति-ते । शप्यति-ते । अशाप्सीत्.

शपथ, (पु०) शप्+अथन् । सच्चा करनेके लिये एक प्रकारकी कसम (सौं) खाना । जैसे "यदि यह झूठ हुआ तो मेरा अमुक अनिष्ट (बुरा) हो".

शपन, (न०) शप्+ल्युट् । शपथ । कसम । सौं.

शप्त, (त्रि०) शप्+क्त । शापदियागया । बददुआ दिया-हुआ.

शफ, (न०) शम्+अच् । पृ० "म" को "फ" । गौ आदिका खुर । और वृक्षकी जड.

शफर, (पु० स्त्री०) शफं राति । रा+क । एक प्रकारकी मच्छी.

शब्द्, आवाजकरना । चु० उभ० सक० सेट् । शब्दयति-ते.

शब्द, (पु०) शब्द्+घञ् । ध्वनि (आवाज) स्वरूप और अक्षरोंके स्वरूपका । कानकी इन्द्रियका विषय । आकाशका गुणविशेष । आवाज.

शब्दग्रह, (पु०) शब्दं गृह्णाति । ग्रह्+अच् । शब्दको ग्रहण कर्ता है । श्रोत्रेन्द्रिय (कानकी इन्द्रिय) । घञर्थे क । ६ त० । शब्दका ज्ञान (जानना).

शब्दब्रह्मन्, (न०) शब्दात्मकं ब्रह्म । शब्दस्वरूप ब्रह्म । वेदस्वरूप । सदा रहनेहारा शब्दस्वरूप ब्रह्म.

शब्दभेदिन्, (पु०) शब्दानुसारेण भिनत्ति लक्ष्यं+णिनि । शब्दके अनुसार (जहां आवाज होती हो) नशानको फाडता है । एक प्रकारका तीर (जो शब्दको वींधता है) । अर्जुन । पायु (गुदा) उपस्थ (लिंग).

शब्दशक्ति, (स्त्री०) ६ त० । शब्दोंकी (अर्थको जताने हारी) अभिधा और लक्षणा आदिमें रहनेहारी सामर्थ्य (ताकत).

शब्दानुशासन, (न०) अनुशिष्यते अनेन । अनु+शास्+ल्युट् । ६ त० । शब्दकी साधुता (ठीकहोना-शुद्ध-होना) को जतानेहारा व्याकरण.

शब्दालंकार, (पु०) शब्दमात्रकृतः अलंकारः । अलं-कारशास्त्रमें प्रसिद्ध अनुप्रासआदि अलंकार (शब्दसे कियाहुआ).

शब्दित, (त्रि०) शब्द+क्त । आहूत । बुलायाहुआ.

शम्, शान्ति-अक० । शान्तकराना । सक० दि० पर० सेट् । शाम्यति-अशमत्-अशमीत्.

शम, (पु०) शम्+घञ् । शान्ति । भीतरकी इन्द्रियोंको काबूकरना.

शमथ, (पु०) शम्+अथन् । शान्ति.

शमन, (पु०) शमयति । शम्+णिच्+ल्यु । जीवोंको पुण्यापुण्य (भलेबुरे) का फल देनेसे दण्ड देनेहारा यमराज । "भावे ल्युट्" शान्तिकरना.

शमनस्वसृ, (स्त्री०) ६ त० । यमराजकी बहिन (भगिनी) यमुना.

शमल, (न०) शम्+कलच् । विष्ठा । मल । गूंह.

शमि(मी), शम्+इन् वा ङीप् । एकप्रकारका वृक्ष । जण्डीका दरख्त.

शमिन्, (त्रि०) शाम्यति । शम्+णिनि । शान्त । धीर । साविर.

शमीक, (पु०) शम्+ईकक् । एक मुनिका नाम.

शमीगर्भ, (पु०) शमीगर्भं आधारत्वेन अस्ति अस्य+अच् । शमीके गर्भसे उपजा । वह्नि (आग) । और ब्राह्मण.

शम्पा, (स्त्री०) शं पाति । पा+क । विद्युत् । बिजली.

शम्ब्, गति (जाना) भ्वा० पर० सक० सेट् । शम्बति । अशम्बीत्.

शम्ब, (पु०) शम्ब+अच् । वज्र (इन्द्रका) । भाग्यवाला । मूसलके आगेका लोहा.

शम्बर, (न०) शम्ब्+अरन् । जल । धन (दौलत) । व्रत । और चित्र (मूरत) । एक मृग । एक दैत्य । एक मच्छ । एक पर्वत । लडाई । चित्रकवृक्ष । लोध । और अर्जुनवृक्ष । बहुत अच्छा (त्रि०).

शम्बरारि, (पु०) ६ त० । शम्बरका शत्रु । कामदेव । "शम्बररिपु".

शम्बल, (पु० न०) शम्ब्+कलच् । कूल (किनारा) । पाथेय (सफरखर्च) । मत्सर (बखीली).

शम्भल, (पु०) शम्भं (कल्याणदायकं तीर्थं) लाति । ला+क । कल्याण देनेहारे तीर्थको बनाता है । एक गाँव, जहां कल्की अवतार होगा । कुट्टनी औरत (स्त्रियां ङीष्).

शम्भु, (पु०) शम्+भू+डु । महादेव । कल्याणका स्थान.

शम्भुतनय, (पु०) ६ त० । शिवजीका पुत्र । गणेशजी । और स्वामिकार्तिक । "शम्भुसुत" आदि इसी अर्थमें.

शम्बु(म्बू)क, (पु० स्त्री०) शम्ब्+उन्+क् वा । जलशुक्ति । पानीकी सिप्पी । और हाथीके कुम्भस्थलका सिरा । रामायणमें प्रसिद्ध शूद्रतपस्वी । शंख । और दैत्य.

शम्या, (स्त्री०) शम्+यत्+टाप् । युगकीलक । जूलेकी कील.

शय, (पु०) शी+अच् । हस्त (हाथ) । सांप । नींद । शय्या (छेज) । पण (शर्त).

शयनम्, (न०) शी+ल्युट्+अन । निद्रा । सोना । लेट जाना । लेटना । विस्तरा । कौच । विषयभोगके लिये मिलाप.

शयनगृहम्, (न०) शयनस्य गृहम् । शयन (नींद) का घर । सोनेका कमरा.

शयनीय, (न०) शी+अनीयर् । शय्या । छेज+स्वार्थे कन्.

शयनैकादशी, (स्त्री०) ६ त० । आषाढ (हाड) के शुक्लपक्षकी एकादशी.

शयालु, (त्रि०) शी+आलुच् । निद्राशील । सोनेवाला । अजगर । और कुत्ता (पु०).

शयित, (त्रि०) शी+कर्तरि क्त । निद्रित । सोगया । "भावे क्त" नींद (न०).

शयु, (पु०) शी+उ । अजगर । सांप । "उनन्" शयुन (यही अर्थ).

शय्या, (स्त्री०) शी+क्यप् । खट्वा । खाट । पलंग । छेज.

शर, (न०) शॄ+अच् । जल (पानी) । तीर, सरकडा । दही और दूधका सार.

शरजन्मन्, (पु०) शरवणे जन्म यस्य । जो शरवणमें उपजा । कार्तिकेय.

शरट, (पु०) शॄ+अटन् । कृकलास । किर्लाे । कुसुम्भशाक.

शरण, (न०) शॄ+ल्युट् । गृह (घर) । रक्षक (बचानेहारा) । बचाना । वध (मारना) । घातक (मारनेवाला).

शरणागत, (त्रि०) शरणं आगतः । आ+गम्+क्त । शरणापन्न । शरणमें आपडा.

श(स)रणि(णी), (स्त्री०) शॄ (सृ) अनि-वा ङीप् । पथ । रास्ता । सडक.

शरणोन्मुख, (त्रि०) शरणस्य उन्मुखः । शरण (रक्षा)-के लिये ऊंचे मुख करके देखनेवाला । शरणार्थी.

शरण्य, (त्रि०) शरणाय साधुः+यत् । शरणपडनेसे रक्षा करनेलायक । हिफाजतके लायक । शरणपडेकी रक्षा करनेहारा.

शरद्, (स्त्री०) शॄ+अदि । वत्सर । वरिस । आश्विन (अस्सू) और कार्तिक (कत्तक) मासमें होनेवाली ऋतु (मौसिम).

शरद्घनः-मेघः, (पु०) शरदः घनः । शरत्कालीन (आश्विन, कार्तिक) मेघ । शरदृतुका बादल.

शरधि, (पु०) शरा धीयन्ते अत्र । धा+कि । जहां तीर रक्खे जाते हैं । तूण । तर्कश.

शरभ, (पु०) शॄ+अभच् । एक प्रकारका हरिण (जिसके आठ पांव होते हैं) । हाथीका बच्चा । एक बंदर । ऊंठ.

शरभू, (पु०) शरे (शरवणे) भवति । शरवणमें होता है । कार्तिकेय.

श(स)रयु(यू), (स्त्री०) शॄ (सृ) अयु-वा ऊङ् । अयोध्या नगरीके नीचे वहनेवाली नदी (दर्या).

शरव्य, (न०) शरवे (बाणशिक्षायै) हितम् । शरु+यत् । तीरकी विद्या सीखनेके लिये अच्छा । लक्ष्य । नशान । तीरसे वींधनेका स्थान.

शराभ्यास, (पु०) ६ त० । तीर चलानेकी शिक्षा.

शरारु, (त्रि०) शॄ+आरु । हिंस्र । हिंसा (कतल)-करनेवाला.

शरारोप, (पु०) शरा आरोप्यन्ते अत्र । आ+रुह्+णिच् । पुक्-च-अच् । जहां तीर चढायेंजाते हैं । धनुष् । कमान.

शराव, (पु०) शरं (दध्यादिसारं) अवति । अव्+अण् । जो दहीआदि अच्छी चीजको बचाता है । दहीका एकपात्र (बर्तन) । पिआला । कुज्जा.

शरावती, (स्त्री०) शराः सन्ति अस्यां+मतुप्-मस्य वः पूर्वदीर्घश्च । एक नदी.

शराश्रय, (पु०) ६ त० । तीरका आसरा । तूण । तर्कश.

शरीर, (न०) शॄ+ईरन् । प्रतिक्षण (छिन २) में क्षय होरहा । देह (जिस्म).

शरीरक, (पु०) शरीरं कायति (आत्मत्वेन अभिमन्यते) कै+क । जो शरीरको अपना करके मानता है । जीवात्मा.

शरीरज, (पु०) शरीरात् जायते । जन्+ड । शरीरसे उपजता है । रोग । बीमारी । जो कुछ शरीरसे उपजता है (त्रि०).

शरीरबद्ध, (त्रि०) शरीरेण बद्धः । शरीरसे बंधा हुआ । शरीरके साथ मिला हुआ । शरीरी । शरीरधारी । अवतार हुआ.

शरीरावरण, (न०) शरीरं आवृणोति । आ+वृ+युच् । शरीरको ढांकता है । शरीरपर फैलाहुआ चमडा । देहको ढांकनेहारा-(त्रि०) ल्युट् । देहका पडदा (न०).

शरीरिन्, (पु०) शरीरं (आत्माभिमानाश्रयत्वेन) अस्ति अस्य इनि । शरीरपर अपना अभिमान कर्ता है । जीव.

शरु, (पु०) शॄ+उन् । क्रोध । गुस्सा । वज्र । तीर (बाण) । शस्त्र.

शरेष्ट, (पु०) शृणाति कामम् । शॄ+अच्=शरः (कामः) तस्य इष्टः (इष्+क्त) । कामदेवका पियारा । आम्र । आम.

शर्करा, (स्त्री०) शॄ+करन् । खण्डका विकार । चीनी । खांड । शक्कर । ओलेका टुकडा । "शर्करा अस्ति अस्य" मतुप्-उसका लोप । वह देश जहां शर्करा (छोटे २ कंकर वा रोडे) है । एक रोग । टुकडा.

शर्ध, (पु०) शृध्+घञ् । अपानवायु (नीचेकी हवा-पद्द) का छोडना । "ल्युट्" (न०) यही अर्थ.

शर्व, हिंसा (कतलकरना-मारना) और गति (जाना) भ्वा० प० स० सेट् । शर्वति । अशर्वीत्.

शर्मद, (त्रि०) शर्म ददाति । दा+क । सुख देनेहारा । विष्णु (पु०).

शर्मद, (त्रि०) शर्म ददाति+दा+क+अ । आनन्द (खुशी) देनेवाला । विष्णु.

शर्मन्, (न०) शॄ+मनिन् । सुख । सुखवाला (त्रि०) । ब्राह्मणकी उपाधि (पु०).

शर्याति, (पु०) वैवस्वतमनुका एक पुत्र.

शर्व, (पु०) शर्व्+अच् । महादेव.

शर्वर, (पु०) शव्+अरन् । कामदेव । अंधेरा (न०).

शर्वरी, (स्त्री०) शॄ+वनिप्-ङीप् वनोर च । रात । हल्दी.

शर्वाणी, (स्त्री०) शर्वस्य पत्नी+ङीष् आनुक्च् । भवानी । महादेवकी स्त्री.

शल, गति (जाना) भ्वा० प० स० सेट् । शलति । अशालीत्.

शलभ, (पु०) शल्+अभच् । एक कीडा । पतंग.

शलाका, (स्त्री०) शल्+आकन् । शल्य । तीर । सलाई । सारिका (मैना) । मूर्ति लिखनेकी कलम । हड्डी.

शलाटु, (त्रि०) शल्+आटु । कच्चा फल । एक प्रकारकी जड । विल्व (विल्ल) (पु०).

शल्क, (न०) शल्+क । टुकडा । वृक्षका वल्कल (खाल) । मच्छीकांटा.

श(शा)ल्मलि, (पु०) शल्+मलच् । स्वार्थे इन् इञ् वा । सिंवलका पेड.

शल्य, (न०) ल्+यत् । बाण (तीर) । तोमर । विष (जहिर) और कील.

शल्ल, (गति) जाना । भ्वा० पर० सक० सेट् । शल्लति । अशल्लीत्.

शल्योद्धरणम्, (न०) शल्यस्य उद्धरणम् । तीरका निकालना । फोडेमेंसे लोहु पाक आदि कचरा बाहिर करना.

शल्व, (शल्+व) शाल्वनामी देश (पु०).

शव्, विकार (विगडना) और गति (जाना) भ्वा० पर० सक० सेट् । शवति । अशावीत्-अशवीत्.

शव, (पु० न०) शव्+अच् । मृतदेह । मराहुआ शरीर । मुर्दा । जल (न०).

शवकाम्य, (पु०) शवं काम्यति । शव+काम्यच् । मुर्देको चाहता है । कुत्ता.

शवयान, (न०) शववाह्यं यानम् । मुर्देको उठानेलायक सवारी । तल्प । तख्ता.

शवर, (न०) शव्+अरन् । एक प्रकारकी म्लेच्छोंकी जाति । पानी और शिवजी (पु०) उसकी स्त्री । ङीष्.

शवरथ, (पु०) शववाहनार्थं रथः । मुर्दा उठानेके लिये गाडी.

शवरालय, (पु०) ६ त० । भीलोंके रहनेकी जगह.

शवल, (पु०) शव्+कलन् । कर्बुरवर्ण । रंगवरंगी । डब्बखडब्बा । उसवाला (त्रि०) । उस रंगकी गौ (स्त्री०).

शश, प्लुतगति (उछलकर जाना) भ्वा० पर० सक० सेट् । शशति । अशाशीत्-अशशीत्.

शश, (पु०) शश्+अच् । एकप्रकारका मृग (खरगोश) । सयां । स्वार्थे कन् । (शशक) वही अर्थ.

शशधर, (पु०) शशं धरति । धृ+अच् । जिसके पास एकप्रकारका मृग रहता है । चांद (मृगाङ्क-शशाङ्क) । और काफूर (कर्पूर) । "शशभृत्" आदि-वही अर्थ.

शशविन्दु, (पु०) एक राजा । और विष्णु.

शशविषाण-शृङ्ग, (न०) शशस्य विषाणम् । शश-(सेह)का सींग.

शशाद, (पु०) शशं अत्ति । अद्+अण् । श्येन (बाज-पक्षी) "ल्यु" वही अर्थ.

शशिकला, (स्त्री०) ६ त० । चन्द्रमाका सोलवां भाग (हिस्सह).

शशिकान्त, (न०) शशी कान्तः यस्य । जिसका पियारा चन्द्रमा है । कुमुद (एकप्रकारका फूल) । चन्द्रकान्तमणि (पु०).

शशिन्, (पु०) शशः अस्ति अस्य+इनि । मृगवाला । चन्द्रमा.

शशिप्रभ, (न०) चांदकी चमकवाला । कुमुदफूल । ६ त० । चांदकी प्रभा । चांदनी (ज्योत्स्ना).

शशिभूषण, (पु०) शशी भूषणं यस्य । चन्द्रमा जिसका गहना है । महादेव । "शशिमण्डन" आदि भी.

शशिलेखा, (स्त्री०) शशिनो रेखा (रस्य लः) । चन्द्रमाकी कला । गुडूची (गिलोय).

शशिशेखर, (पु०) शशी शेखरे यस्य । जिसका सिरका भूषण चन्द्रमा है । महादेव । "शशिमूर्धा" आदि भी.

शशोर्ण, (न०) ६ त० । शशलोम । सहे (खरगोश)-का रोआँ.

शश्वत्, (अव्य०) शश्+वति । नैरन्तर्य । लगातार । सदा । हमेश । वार वार.

शष्, वध (कतलकरना) भ्वा० प० स० सेट् । शषति । अशाषीत्-अशषीत्.

शष्कुल, (पु०) शष्+कुलच् । एक द्रख्त । एक प्रकारका पूड़ा (अपूप) । कर्णरन्ध्र (कानका छेक) । एक मच्छ.

शष्प, (न०) शष्+पक् । बालतृण । छोटा २ घास । नया घास.

शस्, वध (कतलकरना) भ्वा० प० स० सेट् । शसति । अशासीत्-अशसीत्.

शस्, आशिष् (आशीर्वाद देना) भ्वा० आ० सक० सेट्-इदित् । अक्कसर । यह धातु "आङ्" उपसर्गके साथ रहता है । आशंसते । आशंसिष्ट.

शस्, स्वप्न (सोना-सुपना आना) अद० प० अक० सेट्-इदित् । शंस्ति-अशंसत्.

शसन, (न०) शस्-वध+ल्युट् । यज्ञके लिये पशुका मारना.

शस्त, (न०) शंस्+क्त । कल्याण । उसवाला । स्तुत । तारीफ कियाहुआ । और बहुत अच्छा (त्रि०).

शस्त्र, (न०) शस्+ष्ट्रन् । लोहा । तरवार आदि और जार.

शस्त्रजीविन्, (पु०) शस्त्रेण जीवति+णिनि । शस्त्रपर जीनेहारा.

शस्त्रपाणि, (पु०) शस्त्रं पाणौ यस्य । जिसके हाथमें शस्त्र है । शस्त्र पकड़नेहारा । एक प्रकारका आततायी (दूसरेके घातमें लगाहुआ).

शस्त्रपूत, (त्रि०) शस्त्रेण पूतः । युद्धमें शस्त्र (तरवार आदि) से मारा जानेसे पवित्र होगया (अपराधसे छूठ गया).

शस्त्राभ्यास, (पु०) ६ त० । शस्त्र चलानेकी शिक्षा.

शस्त्रिन्, (त्रि०) शस्त्रं अस्ति अस्य+इनि । शस्त्रवाला.

शस्त्री, (स्त्री०) स्वल्पं शस्त्रं+ङीप् । छोटा शस्त्र । छुरिका । छुरी.

शस्य, (न०) शस्+यत् । वृक्षआदिका फल । और खेतका धान आदि.

शस्यमञ्जरी, (स्त्री०) ६ त० । नये धान आदिकी मिंजर.

शस्यसम्पन्न, (त्रि०) शस्येन संपन्नः । धानसे पूर्ण हुआ । धानसे भरा हुआ.

शाक, (पु० न०) शक्+घञ् । पत्ते फूल आदि । एक प्रकारका वृक्ष (पु०) । शक्ति (ताकत) । शिरीषका वृक्ष । संवत् चलानेहारा एक राजा । उसका वरिस (पु०) । हरीतकी (हरीड) (न०) । "श्यति सामर्थ्य" शो+क । इस तरहके वृक्ष आदिके पत्ते (न०).

शाकटायन, (पु०) व्याकरणके बनानेहारा एक मुनि.

शाकटिक, (पु०) शकटेन चरति+ठञ् । छकड़ेसे जानेहारा.

शाकतरु, (पु०) शाकाख्यः तरुः । सागोनका द्रख्त.

शाकम्भरी, (स्त्री०) शाकैर्बिभर्ति । भृ+खच्+मुम् च । "भरिष्यामि सुराः शाकैरावृष्टेः प्राणधारकैः । शाकम्भरीति विख्यातिं" इति चण्डी । दुर्गा । सागोंसे पालनेवाली.

शाकराज, (पु०) शाकेषु राजते+अच् । शाकानां वा राजा टच् । सागोंमें चमकता है । वा सागोंका राजा । वास्तूकशाक । वास्थूका साग.

शाकिनी, (स्त्री०) शाकः अस्ति अस्याः+इनि । साग उपजानेवाली पृथिवी । और एक देवीकी सहचरी (साथ रहनेहारी).

शाकुन, (पु०) शकुनं (शुभाशुभसूचकं निमित्तं) अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः+अण् । शकुन (सगन) जाननेका साधन । एक प्रकारका ग्रंथ । काकचरित.

शाकुनिक, (पु०) शकुनेन (पक्षिवधादिना) जीवति+ ठञ् । जो पक्षिओंको मारकर जीता है । पक्षिओंको मारनेहारा.

शाकुन्तलेय, (पु०) शकुन्तलाया अपत्यं+ढक् (ण्य) । दुष्यन्तराजाका बेटा, शकुन्तलाके गर्भसे उपजा । भरत राजा.

शाक्त, (त्रि०) शक्तिः देवता अस्य+अण् । तन्त्रमें कहाहुआ शक्तिदेवीकी उपासना करनेहारा.

शाक्तीक, (पु०) शक्तिः प्रहरणं अस्य+ईकक् । शक्ति(ताक्त-वर्छी) से लडनेहारा.

शाक्य, (पु०) शक्+घञ् । तत्र साधुः+यत् । बुद्धदेव.

शाक्यसिंह, (पु०) शाक्यवंशे सिंह इव । शाक्यके वंशमें मानों शेर है । बुद्धविशेष.

शाख, (व्याप्ति) फैलना । भ्वा० पर० सक० सेट् । शाखति । अशाखीत्.

शाख, (पु०) शाख्+अच् । कृत्तिकाका पुत्र । स्कन्द (स्वामिकार्तिक) का छोटा भाई । गणविशेष । ग्रंथका भाग । सर्गके स्थानमें ग्रंथका अंश । और द्रख्तका हिस्सा । डाली । राहु । बेल । अन्तिक (नजदीक) और वेदका एक भाग (स्त्री०).

शाखानगर, (न०) शाखेव नगरं । असली मुल्कके पासका छोटा शहिर । "शाखापुर" आदि भी.

शाखामृग, (पु०) शाखास्थो मृगः । डालीपर वा डालीका पशु । वानर । बंदर.

शाखारण्ड, (पु०) शाखायां (वेदशाखायां) रण्डः (तद्विहितकर्मानाचरणात्) । वेदमें कहेहुए कामको न करनेसे वेदकी शाखामें रण्ड है । अपनी शाखाको छोडकर काम करनेहारा.

शाखिन्, (पु०) शाखा अस्ति अस्य+इनि । डालीवाला । द्रख्त । वेदका एक भाग । एक राजा । म्लेच्छविशेष.

शाट, (पु०) शट्+घञ् । वस्त्र । कपडा (स्त्रियां ङीष्).

शाटक, (पु० न०) शट्+ण्वुल् । वस्त्र । कपडा (स्त्रियां टाप्).

शाट्यायन, (पु०) एक मुनि । "तेन प्रोक्तं अण्" एक प्रकारका होम, जो प्रकृत होममें किसी प्रकारके वैगुण्य (विधिका टूटना) होजानेपर कियाजाता है (न०).

शाठ्य, (न०) शठस्य भावः+ष्यञ् । शठता । ढीठपना । मूर्खता.

शाण, (न०) शणेन निर्वृत्तं+अण् । सनके सूतका बनाहुआ कपडा आदि । शण्+घञ् । कषपाषाण । कसौटी । शस्त्रआदिको तेज करनेके लिये एक प्रकारका यन्त्र (कला).

शाणित, (त्रि०) शाण्+णिच्-क्त । तीक्ष्णीकृत । तेज कियाहुआ.

शाण्डिल्य, (पु०) शण्डिलस्य अपत्यं+यञ् । गोत्रको चलानेहारा, भक्तिशास्त्रके बनानेहारा एक मुनि । बिल्व । आग.

शात, (न०) शो+क्त । सुख । उसवाला । कटाहुआ, कमजोर, और तेज (त्रि०).

शातकुम्भ, (न०) शतकुम्भे भवः+अण् । हिरण्य (सोना) । धतूरा । और करवीर (पु०).

शातन, (न०) शो+णिच्-तङ्च ल्युट् । तनूकरण । छोटाकरना । तेजकरना । और विनाशन (विगाडना) । "जायते पत्रशातनम्" इति मीमांसा । झडना.

शात्रव, (पु०) शत्रुः एव+स्वार्थेऽण् । रिपु । दुश्मन । "तस्य भावः संघो वा" अण् । वैर । दुश्मनी । शत्रुओंका समूह.

शाद, (पु०) शद्+घञ् । कर्दम (कीचड) । नयाघास । बालतृण.

शादहरित, (पु०) शादेन हरितः (तद्वर्णयुक्तः) । शाद्वलदेश । नयेघासवाली पृथिवी.

शाद्वल, (पु०) शादाः सन्ति अत्र+वलच् । बहुत घासवाली जगह.

शान्, भेदन (फाडना) भ्वा० उभ० सक० सेट् । स्वार्थे सन् । शीशांसति-ते । अशीशांसीत् । अशीशांसिष्ट.

शान, (पु०) शान्+अच् । अस्त्रों (औजारों) के तेज करनेहारा एक यन्त्र.

शान्त, (त्रि०) शम्+क्त । शमयुक्त । शान्तिवाला । आचार्य । वह रस कि जिसका स्थायिभाव निर्वेद है (पु०) । लोमपाद राजाकी कन्या । ऋष्यशृङ्गकी स्त्री । शमीवृक्ष । (स्त्री०).

शान्तनव, (पु०) शान्तनोः अपत्यं+अण् । शन्तनुकी सन्तान । भीष्म पितामह । "भीष्मः शान्तनवः" इति तर्पणम्.

शान्तनु, (पु०) द्वापर युगमें हुआ चन्द्रवंशी प्रतीपराजाका पुत्र । एक राजा.

शान्तरस, (पु०) शान्तः रसः । शान्तिको प्रकाश करनेवाला एक रस (ब्रह्मानन्दका सगाभाई).

शान्तात्मन्-चेतस्, (त्रि०) शान्तः आत्मा यस्य । शान्त स्वभाव (मन) वाला.

शान्ति, (स्त्री०) शम्+क्तिन् । काम, क्रोध आदिका जीतना । विषयोंसे मनका हटाना (निवारण) हटाना.

शान्तिक, (त्रि०) शान्तये हितं+ठक् । उपद्रवोंको दूर करनेहारी होमआदि क्रियां.

शाप, (पु०) शप्+घञ् । "तेरा बुरा हो" इस प्रकार कहना । लानत । शपथ । कसम । सौं.

शापास्त्र, (पु०) शाप एव अस्त्रं यस्य । शापही जिसका औजार है । मुनि । संत.

शाब्दबोध, (पु०) शब्देन निर्वृत्तः+अण् । शब्दसे बनाहुआ । अन्वय (संबंध) का बोध । शब्दके ज्ञानसे उत्पन्नहुआ एक प्रकारका ज्ञान । लफजकी पूरी २ समझ (अर्थज्ञानके लिहाजसे).

शाब्दिक, (पु०) शब्दं (शब्दसाधुताज्ञापकं शास्त्रं) वेत्ति अधीते वा+ठक् । शब्दकी शुद्धिको जतानेहारे शास्त्रको जान्नेहारा । व्याकरणशास्त्रके जान्नेवाला.

शामित्र, (न०) शम्+णिच्+इत्रच् । पशुके बांधनेका स्थान.

शाम्बरी, (स्त्री०) शम्बरेण निर्वृत्ता+अण्+ङीप् । शम्बरनामी दैत्यसे रचीगई । माया । इन्द्रजाल आदि.

शाम्भव, (पु०) शम्भोरयं+अण् । गुग्गल (शंभुका) । काफूर । एक विष (जहिर) । शिवजीका पुत्र । और देवदारु । शिवजीका । और उसका उपासक (त्रि०) । दुर्गा (स्त्री०).

शा(सा)यक, (पु०) शो (षो) ण्वुल् । बाण (तीर) । और तर्वार (खड्ग).

शार, (न०) शार्+अच् । शॄ+घञ् वा । कर्बुरवर्ण । रंगबरंगी । उसवाला (त्रि०).

शारङ्ग, (पु०) शारं (कर्बुरं) अङ्गं यस्य । शक० । जिसका अंग रंगबरंगी है । पपीहा (परिंदा) । हरिण । हाथी । भौंरा । और मोर.

शारद, (न०) शरदि भवं+अण् । चिट्टा कमल । कांहिं । बकुल । और हरी मूंग (पु०) । जो शरत् कालमें हो (त्रि०) । "चिट्टे कमलवाली" सरस्वती । "श्वेतपद्मं अस्ति अस्याः+अच्" (स्त्री०).

शारदिक, (न०) शरदि भवं श्राद्धं रोगो वा+ठञ् । शरत् कालका श्राद्ध । उस कालकी बीमारी (पु०).

शारदीया, (स्त्री०) शरदि भवा-छण् । शरत्कालमें करनेलायक दुर्गाकी पूजा.

शारि-री, (स्त्री०) शॄ+इञ् वा ङीप् । पाशक (पास्सा) आदिकी गोली । एक परिंदा (मैंना) । हाथीका पलाना । बांधना । छल.

शारिफल, (पु० न०) शारेः फलं (आधारः) । पास्सा खेलनेका पटडा । छक.

शारीर, (त्रि०) शरीरस्य इदं+अण् । शरीरके साथ मिलाहुआ सुख दुःख आदि । वृष (बैल) (पु०) । शरीरको अपना करके मानता है-"अण्" जीव । "शरीरके दुःख अथवा जीवके विषयमें रचाहुआ ग्रंथ"+अण् । व्यासदेवके बनायेहुए वेदान्तके सूत्र । चिकित्सा (हकीमी)-का अङ्ग । सुश्रुतग्रंथ आदिका एक हिस्सह.

शारीरिक, (त्रि०) शरीरे भवः+ठक् । शरीरमें उपजा दुःख आदि.

शारुक, (त्रि०) शॄ+उकञ् । हिंसक । मारने (कतल) करनेहारा.

शार्कर, (त्रि०) शर्करा अस्ति अस्य+अण् । शर्करा (कंकरआदि) वाली जगह (जहां ईंट, रोडे, कंकर बहुत हो).

शार्ङ्ग, (त्रि०) शृङ्गस्य विकारः+अण् । सींगका बनाहुआ पदार्थ । विष्णुका धनुष् (कमान) । और हरएक कमान (पु०) अदरक (न०).

शार्ङ्गिन्, (पु०) शार्ङ्ग अस्ति अस्य+इनि । विष्णु । हरएक धनुष् पकडनेहारा (त्रि०).

शार्दूल, (पु०) शॄ+ऊलच्-दुक् च । व्याघ्रविशेष । एक मेडिया । एक पक्षी । एक राक्षस (पिछले पदमें रहताहै श्रेष्ठ अर्थमें).

शार्दूलविक्रीडित, (न०) उन्नीस अक्षरोंके पादवाला छन्दविशेष.

शार्वर, (न०) शर्वर्या इदं+अण् । रातका अन्धार । बहुत अंधेरा.

शाल्, कथन-कहना । भ्वा० आ० स० सेट् । शालते । अशालिष्ट.

शाल, (पु०) शल्+घञ् । एक मच्छी । प्राकार (फसली) । एक द्रख्त । "रसालसालः समदृश्यतामुने"ति नैषधम्.

शालग्राम, (पु०) शालानां (वृक्षाणां) ग्रामः (समूहः) यत्र । जहां बहुत सालके द्रख्त हों । एक पहाड । "उपजा"+अण् । वहां उत्पन्नहुई एक प्रकारकी विष्णुकी मूर्ति.

शालनिर्यास, (पु०) ६ त० । सालद्रख्तकी गोयँद । सर्जरस (धुना).

शालभञ्जिका, (स्त्री०) शालेन भज्यते (निर्मीयते) भञ्ज्+ण्वुल् । काठकी बनीहुई पुतली । और वेश्या (कंजरी).

शाला, (स्त्री०) शाला+अच् । गृह । घर । जगह । द्रख्तके तनाकी डाली.

शालामृग, (पु०) शालायां मृग इव । शृगाल । गीदड । सियार.

शालावृक, (पु०) शालायां वृक इव । कुत्ता । गीदड । विल्ला । हरिन । और बंदर.

शालि, (पु०) शल्+इञ् । कलम आदि धान.

शालिवाहन, (पु०) विक्रमादित्यको मारकर शकका वरिस चलानेहारा एक राजा.

शालिहोत्र, (पु०) शालयः हूयन्ते अत्र । हु+त्रन् । जहां धानोंका होम कियाजाता है । घोटक । घोडा.

शाली, (स्त्री०) शाल्+अच् ङीष् । काला जीरा.

शालीन, (त्रि०) शालां अर्हति । ख । धृष्ट (ढीठ) । बेशरम.

शालु, (न०) शाल्+उण् । शालूक । कसैला पदार्थ । भेक (मेंडक) (पु०).

शालूर, (पु०) शाल्+ऊरच् । भेक । मेंडक । डड्डु.

शालोत्तरीय, (पु०) शालोत्तरे (ग्रामे) भवः । शालोत्तर गाँवमें उपजा । पाणिनिमुनि.

शाल्मल, (पु०) शाल्+मलच् । सिम्बलका द्रख्त । उसके निशानवाला एक द्वीप (जजीरा).

शाल्व, (पुं०) शाल्+व । एक देश.

शाव, (पु०) शव+घञ् । शिशु । बच्चा+स्वार्थे कन् । "शवका" मुर्देका.

शावर, (पु०) शावयति (विकारयति) शव+णिच्+अरन् । विगाडदेता है । पाप । अपराध । गुनाह । और लोधका द्रख्त । "शवरसे कहाहुआ+अण्" शवरसे कियाहुआ मीमांसाका भाष्य । "शवरका" (त्रि०).

शावरी, (स्त्री०) शवरस्य प्रिया+अण् । मीलनी । शूकशिम्बी । एक प्रकारकी विद्या (इल्म).

शाश्वत, (त्रि०) शश्वद् भवः+अण् । सदाहुआ । सतत । नित्य । हमेशाका.

शास, आशंसा (तारीफकरना) । भ्वा० आ० स० सेट् । क्त्वावेट् । अक्सर । इस धातुके साथ "आङ्" रहता है । आशंसते । आशंसिष्ट.

शास्, आशीर्वाद देना । अदा० आ० सक० सेट्+क्त्वावेट् । अक्सर इसके पहिले "आङ्" रहता है । आशास्ते । आशासिष्ट.

शास्, शासन (आज्ञा चलाना) सेट् अदा० पर० द्विक० क्त्वा वेट् । शास्ति । अशासत्.

शासन, (न०) शास्+ल्युट् । छोटेको हितसाधनमें लगाना । उपदेश करना । सजादेना । हुक्मदेना.

शासनहर, (पु०) शासनं हरति । हृ+अच् । आज्ञाको लेजानेहारा । दूत । कासिद.

शासितृ-शास्तृ, (त्रि०) शास्+तृच्-इट् वा । शासनकर्ता हुक्मतकरनेहारा । सजादेनेवाला.

शास्त्र, (न०) शिष्यते अनेन । शास्+ष्ट्रन् । हितका उपदेश करनेहारा ग्रंथ । पुस्तक.

शास्त्रकोविद, (त्रि०) शास्त्रे कोविदः । शास्त्रमें भली भांति शिक्षित । शास्त्रके जाननेहारा । अच्छा विद्वान्.

शास्त्रचक्षुस्, (न०) शास्त्रस्य चक्षुः । शास्त्रका नेत्र व्याकरणशास्त्र (इसीके द्वारा इतर शास्त्रमें समक्ष जासक्ते हैं).

शास्त्रदर्शिन्, (त्रि०) दृश्+णिनि । ६ त० । शास्त्रके जाननेहारा । "शास्त्रवित्" यही अर्थ.

शास्त्रव्युत्पत्ति, (स्त्री०) शास्त्रस्य व्युत्पत्तिः । शास्त्रमें चतुराई । वेदादि शास्त्रोंकी चमकदार समझ.

शास्त्रिन्, (त्रि०) शास्त्रं वेत्ति-अधीते वा+इनि । शास्त्रके जाननेहारा.

शास्त्रीय, (त्रि०) शास्त्रेण विहितः+छ । शास्त्रमें कहाहुआ धर्मआदि.

शास्य, (त्रि०) शास्+यत् । उपदेशकरनेलायक शिष्य आदि.

शि, छेदन-काटना । भ्वा० उभ० सक० अनिट् । शिनोति । शिनुते । अशैषीत् । अशेष्ट.

शिंशपा, (स्त्री०) शिवं पाति । पा+क-पृ० । टालीका द्रख्त.

शि(सि)क्थ, (न०) सिच्+थक्-कुक्च । पृ० । "स"-को "श" विकल्पसे । मोम । मधूच्छिष्ट । शहतका छूठन । "स्वार्थे कन्."

शिक्य, (न० स्त्री०) शिक+यत्, शि+यत्-कुक् च । छिक्का । रस्सीका बनाहुआ पदार्थ.

शिक्यित, (त्रि०) शिक्यं (शिक्यस्थं) करोति । शिक्य+णिच्-कर्मणि क्त । छिक्केके आसरेपर रक्खाहुआ पदार्थ । छिक्केपर रक्खाहुआ.

शिक्ष, अभ्यास करना । भ्वा० आ० स० सेट् । शिक्षते । अशिक्षिष्ट.

शिक्षा, (स्त्री०) शिक्ष+अ । पथ । रास्ता । उपदेश । सीख । अभ्यास । अक्षरोंके उच्चारणको दिखानेहारा वेदका एक अंग । ग्रंथविशेष । "शिक्षा कल्पो व्याकरणम्" इति । विद्या । इल्म.

शिक्षागुरु, (पु०) ७ त० । विद्या देनेहारा । इल्म सिखानेहारा.

शिक्षित, (त्रि०) शिक्षा जाता अस्य+इतच् । शिक्ष्+क्त वा । अभ्यासी । जिसने अभ्यास कियाहै । निपुण । होशियार । समझवाला । सीखाहुआ.

शिख(खा)ण्ड, (पु०) शिखां अमति । अम्+ड । ६ त० । मोरका पिच्छ । चूडा । कलगी । चोटी.

शिखण्डक, (पु०) शिखण्ड इव+कन् । कौवेका पर । पटे.

शिखण्डिक, (पु०) शिखण्डः अस्ति अस्य+ठन् । कुक्कुट । कुक्कड.

शिखण्डिन्, (पु०) शिखण्डः अस्ति अस्य+इनि । कल्गीवाला । मयूर । मोर । द्रुपदराजाका एक पुत्र । और विष्णु.

शिखर, (न०) शिखा अस्ति अस्य+अरच् । "आ" का लोप । पहाडकी चोटी । सिरा । अन्त.

शिखरिन्, (पु०) शिखरः अस्ति अस्य+इनि । वृक्षोंवाला । चोटीवाला । पर्वत (पहाड) । सत्तरह (सत्रह) अक्षरोंके पादवाला एक छन्द.

शिखा, (स्त्री०) शी+खक् । पृ० । आगकी ज्वाला (लाटा) । सिरके ऊपर केशों (वालों) का गुच्छ । बोदी । चोटी.

शिखाकन्द, (न०) शिखा इव कन्दः अस्य । गृञ्जन । गाजर.

शिखिध्वज, (पु०) शिखिनो वह्नेर्ध्वजं इव । मानों आगका झंडा है । धूम । धूआं.

शिखिन्, (पु०) शिखा अस्ति अस्य+इनि । चोटीवाला । मोर । आग । चित्रकवृक्ष । केतुग्रह । कुक्कुड । दरख्त । घोडा । ब्राह्मण । मेथी । चोटीवाला (त्रि०).

शिखिप्रिय, (पु०) शिखिनं प्रीणयति । प्री+क । लघुबदर । छोटाबेर.

शिखिमोदा, (स्त्री०) शिखिनं मोदयति मुद्+णिच्+अच् । अजमोदा । अजवैन.

शिखिवाहन, (पु०) शिखी (मयूरः) वाहनं यस्य । जिसकी सवारी मोर है । कार्तिकेय.

शिग्रु, (पु०) शि+रुक्-गुक्च । (सजिना) दरख्त । हरएक साग.

शिंघ, आघ्राण-सूंघना । भ्वा० प० स० सेट्-इदित् । शिंघयति.

शिंघाण, (न०) शिंघि+आनच् । पृ० णत्वम् । काचका पात्र । लोहेकी मैल । नाककी मैल । और श्लेष्म (बलगम).

शिञ्ज, अस्फुटध्वनि-आवाजका साफ सुनाई न पडना । इदित् । वा चु० उभ० पक्षे अदा० स० सेट् । शिञ्जयति-ते । शिंक्ते । (कई भ्वादिमें भी कहते हैं) शिंजति । अशिंजीत.

शिञ्जा, (स्त्री०) शिञ्जि+अ । भूषणशब्द । गहने (जेवर)-की आवाज । "शिञ्जि+अच्" धनुर्गुण । कमानका चिल्ला.

शिञ्जिनी, (स्त्री०) शिञ्जति । शिञ्जि+णिनि । कमानका चिल्ला.

शित, (त्रि०) शो+क्त । दुर्बल (कमजोर) । शाणित । तेज कियाहुआ.

शितद्रु, (पु०) शितं द्रवति । द्रु+कु० नि० । सतलज । दर्या (नदी).

शितशूक, (पु०) शितः (तीक्ष्णः) शूकः यस्य । तेजपट्टेवाला । यव । जौं.

शिति, (पु०) शि+क्तिच् । भूर्जपत्रवृक्ष (भोजपत्तेका दरख्त) । चिट्टारंग । कालारंग । उस रंगवाला (त्रि०).

शितिकण्ठ, (पु०) शितिः कण्ठः यस्य । जिसका गला काला है । महादेव । दात्यूह.

शिथिल, (त्रि०) श्लथ्+किलच् । पृ० । श्लथ । ढीला । कमजोर मेल । मन्द । मूर्ख । धीमा.

शिनि, (पु०) शि+निक् । यदुके वंशमें एक क्षत्रिय (सात्यकी इसका नप्ता (दोहता) था).

शिप्र, (पु०) शि+रक्-पुकच । एक सरोवर (तालाब) । एक नदी.

शिफाकन्द, (पु०) शिफा इव कन्दः । कमलफूलकी जड.

शिरःफल, (पु०) शिर इव फलं अस्य । जिसका फल सिरके समान हो । नारिकेल । नरेल.

शिरःशूल, (न०) शिरसः शूलं इव (तापकत्वात्) । सिरका मानो सूल है (तपानेसे) । सिरदर्द.

शिरस्, (न०) शॄ+असुन् । नि० । मस्तक । मत्था । सिर आगेसिरा.

शिरसिरुह, (पु०) शिरसि रोहति । रुह्+क । अलुक् स० । सिरपर जमता है । केश । बाल.

शिरस्क, (न०) शिरसि कायति (प्रकाशते) । कै+क । सिरपर चमकता है । शिरस्त्राण । टोप । पगडी । सिरका.

शिरस्त्र, (न०) शिरस्त्रायते । त्रै+क । सिरको बचानेहारा । उष्णीष । पगडी.

शिरस्य, (पु०) शिरसि भवः+यत् । सिरपरहुआ । साफवाल (केश) । जो सिरपर उत्पन्न होता है (त्रि०).

शिरा, (स्त्री०) शॄ+क । नाडी । नाड । नबज.

शिराल, (त्रि०) शिरा अस्ति अस्य+लच् । नाडीवाला । शिरायुक्त.

शिरीष, (पु०) शॄ+ईषन् । सिरीसका दरख्त । इस नामका वृक्ष.

शिरोगृह, (न०) शिरःस्थं (उपरिस्थं) गृहम् । ऊपरका घर । चंद्रशाला । चुबारा.

शिरोज, (पु०) शिरसि जायते । जन्+ड । सिरमें उपजता है । केश । बाल.

शिरोधरा, (स्त्री०) शिरः (मस्तकं) धरति । धृ+अच् । माथेको पकडती है । ग्रीवा । गर्दन । गला.

शिरोधि, (स्त्री०) शिरः धीयते अत्र । धा+कि । जहां सिर पडा है । ग्रीवा । गर्दन.

शिरोमणि, (पु०) शिरसि धार्यः मणिः । सिरपर धारण करनेलायक मणि । सिरकी मणि (चूडामणि) । सिरपै धारण करनेलायक रत्न.

शिरोरुह, (पु०) शिरसि रोहति । रुह्+क । सिरपर उगता है । केश । बाल.

शिरोवेष्ट, (पु०) वेष्ट्+घञ् । शिरसः वेष्टः । सिरका लपेट । पगडी.

शिल्, उञ्छ-एक २ कना चुगना । तु० प० स० सेट् । शिलति । अशेलीत्.

शिल, (न०) शिल्+क । खेतके मालिकद्वारा शस्य (धान्य) लेजानेके पीछे बाकी धान्योंका (सिला) चुगना । पत्थर । दर्वाजेके नीचे लकडीका टुकडा (स्त्री०).

शिलाकुट्टक, (पु०) शिलां कुट्टयति । कुट्+ण्वुल् । पत्थरको फाडनेहारा एक औजार (अस्त्र).

शिलाजतु, (न०) शिलाया जातं जतु । सिलाकी लाख । उपधातुविशेष.

शिलाभेद, (पु०) शिलां अपि भिनत्ति । भिद्+अण् । सिलको भी फाड डलता है । भिद्+अण् । पत्थरको फाडनेवाला दरख्त । और पत्थर फाडनेवाला औजार.

शिलासार, (न०) शिलायाः सार इव । मानों सिलका सार है । लोहा.

शिलि, (पु०) शिल्+कि । भोजपत्रका द्रख्त । दर्वाजेकी लकडी । मेकी । डड्डी.

शिलीन्ध्र, (न०) शिलीं धरति । +कध-पृ० मुम् च । कदलीपुष्प । केलेका फूल । एक प्रकारकी मच्छी । मट्टी । खुंब.

शिलीमुख, (पु०) शिली (शल्यं) मुखं अस्य । भ्रमर (भौंरा) । बाण । तीर । युद्ध । लडाई । और जड होगया.

शिलोच्चय, (पु०) शिलानां उच्चयः यत्र । जहां सिलोंका समूह हो । पर्वत । पहाड.

शिलोञ्छ, (पु०) शिलेन उञ्छः । उछि+घञ् । धान चुनेगये खेतमेंसे बाकी रहेहुओंका चुन्ना.

शिल्प, (न०) शिल्+पक् । चित्रकलादि कर्म । कलविद्या । हुनर । कारीगरी.

शिल्पकारिन्, (त्रि०) शिल्पं (चित्रादिकलां) करोति । मूर्तिआदि हुनर (कला) को कर्ता है । चित्रआदि बनानेहारा.

शिल्पशाला, (स्त्री०) ६ त० । कारीगरोंका घर वा स्कूल । मूरत लिखनेवालोंका घर.

शिल्पशास्त्र, (न०) शिल्पज्ञापनं शास्त्रम् । हुनर सिखानेहारी विद्या । वास्तुविद्याको जतानेहारा शास्त्र.

शिल्पिन्, (त्रि०) शिल्पं वेत्ति अधीते वा+इनि । मूरतआदि लिखनेके हुनरको जानता वा पढता है । चित्रादिकर्मकर.

शिव, (न०) शो+वन् । पृ० । मङ्गल । सुख । जल । सैंधानोन । और चिट्टा सुहागा । मंगलवाला (त्रि०) । माहदेव । मोक्ष । गुग्गल । वेद । पुण्डरीकका द्रख्त । काला धतूरा । पारा । देवता । लिङ्ग । और वीसवां योग (पु०).

शिवक, (पु०) शिव इव+कन् । एक कील । गोवाडे- (गोष्ठ) में गौओंके खुजलानेके लिये ठोकाहुआ किल्ला.

शिवचतुर्दशी, (स्त्री०) शिवप्रिया चतुर्दशी । फाल्गुन- (फागन) के कृष्णपक्षकी चतुर्दशी.

शिवदूती, (स्त्री०) शिवः दूतः यस्याः । शिव जिसका दूत है । दुर्गाकी एक मूर्ति.

शिवद्रुम, (पु०) शिवप्रियः द्रुमः । शिवजीका पियारा वृक्ष । बिल्ववृक्ष । बिल्लका द्रख्त.

शिवधातु, (पु०) ६ त० । पारद । पारा.

शिवपुरी, (स्त्री०) ६ त० । काशी । शिवजीकी नगरी.

शिवरात्रि, (स्त्री०) शिवप्रिया (तदुपासनार्था) रात्रिः । शिवजीकी उपासना करनेके लिये रात । उस दिनका व्रत.

शिवलिङ्ग, (न०) ६ त० । शिवजीका लिङ्गके स्वरूपवाला पत्थरका पदार्थ.

शिवलोक, (पु०) ६ त० । कैलासनामी स्थान । शिवका लोक.

शिववाहन, (न०) शिवं वाहयति । वह्+णिच्+ल्यु । शिवको उठाता है । वृषभ । बैल.

शिवा, (स्त्री०) शी+वन् । नि० । मङ्गलवाली स्त्री । दुर्गा । मुक्ति । गिदडी । हरीड । शमीका वृक्ष । आमलकी (आँवला).

शिवानी, (स्त्री०) शिवं (कल्याणं) आनयति । सुखको लाती है । आ+नी+ड-ङीष् । जयन्तीवृक्ष । शिवकी स्त्री । आनुक् । दुर्गा । पार्वती.

शिवालय, (न०) शिव आलीयते अत्र । ली+अच् । शिव जहां छिपा रहता है । श्मशान (मसान) । ६ त० । लाल तुलसी । और महादेवका घर.

शिवि, (पु०) शि+वि । नि० । (गुण न हुआ) । हिंस्रपशु । मारनेवाला पशु । भोजपत्रका वृक्ष । उशीनरराजाका बेटा । एक राजा.

शिविका, (स्त्री०) शिवं करोति । शिव+णिच्+ण्वुल् । एक प्रकारकी सवारी । डोली.

शिविर, (न०) शो+किरच्-वुकुच । कटक । सेनाके निवासका स्थान । छावनी.

शिशिर, (न०) शश्+किरच् । नि० हिम (बर्फ) । माघ और फागनके महीनोंका मौसिम (ऋतुभेद) । ठण्डा । उसवाला (त्रि०).

शिशु, (पु०) शो+कु-सन्वद्भावः द्वित्वम् । बालक (बच्चा) । स्वल्प (थोडा).

शिशुत्व, (न०) ६ त० । शिशोर्भावः+त्व । बालपनमें तल् । शिशुता । बचपन.

शिशुपाल, (पु०) चेदिदेशका एक राजा । दमघोषका बेटा । चंदेलीका राजा.

शिशुपालहन्, (पु०) शिशुपालं हतवान् । शिशुपालको मारताहुआ । हन्+भूते क्विप् । श्रीकृष्णजी महाराज.

शिशुमार, (पु०) शिशुं मारयति । मृ+णिच् । एक प्रकारका जलका जीव । आकाशमें एक तारोंका चक्र (समूह).

शिश्न, (पु०) शिश्+नक्-नि० । मेढ्र । लिङ्ग । पुरुषचिह्नविशेष.

शिश्विदान, (त्रि०) श्विद्+कानच् । द्वित्वम् । पापकरनेवाला । पापी.

शिष्, विशेषकरना । रुधा० प० सक० अनिट् । शिनष्टि । अशिषत्.

शिष्ट, (त्रि०) शास्+क्त । शान्त । वेदके वचनपर विश्वास करनेवाला । अच्छी समझवाला । और धीर.

शिष्टाचार, (पु०) शिष्टानां आचारः । सज्जनोंका आचार । भला व्यवहार.

शिष्टि, (स्त्री०) शास्+क्तिन् । आज्ञा (हुक्म) । शासन (सजा) । ताडन.

शिष्य, (त्रि०) शास्+क्यप् । शिक्षणीय । सिखानेलायक । छात्र । उपदेशके लायक । विद्यार्थी.

शी, शयन (सोना) । अदा० आ० अक० सेट् । शेते । अशयिष्ट.

शीक्, सेक (सींचना) और सर्पण (सरकना) भ्वा० आ० सक० सेट् । शीकते । अशीकिष्ट.

शीकर, (न०) शीक्+अरन् । सीधा वहना । पानीका कण (कतरा) । हवा.

शीघ्र, (न०) शिघि+रक् । विलम्बका अभाव । जल्दी । जल्दीवाला (त्रि०).

शीघ्रकारिन्, (त्रि०) शीघ्रं करोति । जल्दी करनेवाला । फुर्तीला.

शीघ्रबुद्धि, (त्रि०) शीघ्रा बुद्धिः यस्य । फुर्तीली अकिलवाला । तीक्ष्णबुद्धि । समयपर फुरनेवाली बुद्धिवाला.

शीत, (न०) श्यै+क्त । शीतल (ठण्डा) । जल (पानी) । और बर्फ । शीतस्पर्शवाला (त्रि०).

शीतक, (पु०) शीतं इव करोति । दीर्घसूत्री । ढीलाकामकरनेवाला । "शी+स्वार्थे कन्" शीतपदार्थ । शीतकाल । सर्दी । और विच्छू.

शीतकर, (पु०) शीतः करः यस्य । जिसकी ठण्डी किरण है । चन्द्र । चांद । और कर्पूर (काफूर) । शीतकरनेहारा (त्रि०).

शीतकाल, (पु०) ६ त० । शीतका समय । मार्गशिर (मग्गर) और पौष (पूंस) के दो महीने.

शीतकृच्छ्र, (पु०) एक प्रकारका व्रत (जिसमें तीन २ दिन दही, घी और दूध पीकर उपवास कियाजाता है).

शीतगु, (पु०) शीता गावः (किरणाः) यस्य । जिसकी ठण्डी किरण हों । चन्द्रमा । और कर्पूर (काफूर).

शीतभानु, (पु०) शीताः भानवः अस्य । ठण्डी किरणोंवाला । चंद्रमा । और काफूर (कर्पूर).

शीतभीरु, (स्त्री०) ६ त० । सर्दीसे डरनेवाली (मल्लिका) मालती । शीतभीत । सर्दीसे डराहुआ (त्रि०).

शीतरश्मि, (पु०) शीता रश्मयः अस्य । सर्दकिरणोंवाला । चांद । और काफूर.

शीतल, (पु०) शीतं लाति । ला+क । शीतं अस्ति अस्य+, लच् वा । ठण्डा स्पर्श (सर्द) । उसवाला (त्रि०) । मलयका चंदन । और मौक्तिक (मोती).

शीतला, (स्त्री०) एक देवी । और एक पानीका द्रख्त (ङीप् मी) । एक प्रकारका रोग । हीराकसीस । काफूर । संदल । मोती.

शीता, (स्त्री०) श्यै+क्त । लाङ्गलपद्धतिं । हलका फाला । सीता । दूर्वा.

शीतांशु, (पु०) शीताः अंशवः यस्य । जिसकी किरणें ठण्डी हों । चंद्रमा । चांद । कर्पूर । काफूर.

शीतार्त, (त्रि०) शीतेन ऋतः । शीतालु । जिसे सर्दीसे कष्ट होगया । शीतपीडित.

शीतालु, (त्रि०) शीत+अस्ति अर्थे आलुच् । जिसे सर्दी होगई । शीतबाधायुक्त.

शीत्कार, (पु०) शीत् इत्यस्य कारः । शीत्+कृ+घञ् । क्रीडाके समय स्त्रिओंकी "सी सी" आवाज । "सी सी" करना.

शी(सी)त्य, (त्रि०) शी (सी) तां अर्हति-यत् । हलसे खेंचागया सर्दीके लायक । खेतआदि । हलचलायाहुआ.

शीधु, (पु० न०) शी+धुक् । इक्षु (ईख-गन्ने) के रससे उपजी एक प्रकारकी मद्य (शराब).

शीन, (त्रि०) श्यै+क्त । घनीभूत घृत आदि । जमाहुआ घी वगैरह । मूर्ख (बेवकूफ) । और अजगर (बडा सांप) (पु०).

शीभ्, कथन (कहना) भ्वा० आ० स० सेट् । शीभते । अशीभिष्ट.

शीर, (पु०) शी+रक् । अजगर सर्प । बडा सांप.

शीर्ण, (त्रि०) शॄ+क्त । कृश (कमजोर) । पतला । सूकगया.

शीर्ष, (न०) शिरस् (विकल्पसें "शीर्ष" आदेश होता है) । सिर । मस्तक । मत्था.

शीर्षक, (न०) शीर्षे कायति । कै+क । शिरस्त्राण । टोप । पगडी । सिर । सिरकी हड्डी.

शीर्षच्छेद्य, (त्रि०) शीर्षच्छेदं अर्हति+यत् । जिसका सिर काटना चाहिये । वध्य । मारनेलायक । "शीर्षच्छेद्यमतोऽहं त्वां" इति भट्टिः.

शीर्षण्य, (पु०) शीर्षे वध्यते । शीर्ष+यत्-"शीर्षन्" आदेशः । सिरपर बांधाजाता है । शिरस्त्राण । टोप । पगडी । "शीर्षे भवः" यत् । विशदकेश (साफवाल) (पु०) । वालोंसे उपजा (त्रि०).

शील्, समा-धिलगाना । पूजाकरना । एक कामको वार २ करना । भ्वा० प० अक० सेट् । शीलति । अशीलीत् । चु० उभ० । शीलयति-ते अशिशीलत्-त.

शील, (न०) शील्+अच् । स्वभाव । अच्छा चालचलन । चरित्र । चलन । अजगर । सांप (पु०).

शीलन, (न०) शील्+ल्युट् । अभ्यास । वार २ करना । मिजाज । बहुतही.

शीलित, (त्रि०) शील्+क्त । अभ्यस्त । वार २ किया । चीर्ण । कियाहुआ.

शुक्, गति (जाना) भ्वा० पर० सक० सेट् । शोकति । अशोकीत्.

शुक, (न०) शुक्+क । एक द्रख्त । कपडा । और कपडे-का पल्ला । व्यासदेवका पुत्र । एक पक्षी (तोता) । और शोनकवृक्ष (पु०).

शुकदेव, (पु०) व्यासदेवजीका पुत्र.

शुकनास (पु०) शुकस्य नासेव पत्रं अस्य । जिसका पत्ता तोतेकी नासाके समान है । स्योनाकवृक्ष । तोतेकी नासाके समान नासवाला । तोतेनक्का (त्रि०) । कादम्बरीग्रन्थमें प्रसिद्ध तारापीड राजाका एक मन्त्री (वजीर) (पु०).

शुक्त, (न०) शुच्+क्त । मांस । काञ्जी । पिघलाहुआ । एक पदार्थ । और मीठा पदार्थ समय पाकर जो खट्टा होगया है । निर्दय । दुर्जन । और अम्ल (खट्टा) (त्रि०) शुक्तिका (सीप्पी) (स्त्री०).

शुक्तिज, (न०) शुक्तौ जायते । जन्+ड । सिप्पीमें उप-जता है । मुक्ता । मोती.

शुक्तिमत्, (पु०) शुक्तिः अस्ति अस्य+मतुप् । एक पर्वत (पहाड) । एक नदी (स्त्री०).

शुक्र, (न०)शुच्+रक् (नि०) । मिज्जसे उपजा पिछला धातु । वीर्य । विंद । और एक प्रकारका नेत्ररोग । एक ग्रह । दैत्योंका गुरु । अग्नि । आग । चित्रकवृक्ष । जेठका मास (महीना) । चौवीसवां योग (पु०).

शुक्रभुज्, (स्त्री०) शुक्रं भुंक्ते । भुज्+क्विप् । मयूरजातिकी स्त्री । एक प्रकारकी मोरनी.

शुक्रला, (स्त्री०) शुक्रं लाति । ला+क । उच्चटावृक्ष.

शुक्रशिष्य, (पु०) ६ त० । शुक्रका चेला । असुर । दैत्य.

शुक्रिय, (त्रि०) शुक्रः देवता यस्य, तस्य इदं वा+घ । शुक्रदेवतावाला वा शुक्रसवन्धी । यजुर्वेदका ३६ वां शान्तिअध्याय (न०).

शुक्ल, (न०) शुच्+लक् (कुत्वं) । रजत (चांदी) । नव-नीत (मक्खन) । एक प्रकारका आंखका रोग । चिट्टारंग (पु०) । चिट्टेरंगवाला और शुद्ध (साफ) (त्रि०).

शुक्लकर्मन्, (त्रि०) शुक्लं (शुद्धं) कर्म यस्य । अच्छा काम करनेवाला । पवित्र (पाक) । शुभचरित्र (नेकचलन) (त्रि०).

शुक्लपक्ष, (पु०) कर्म० । चिट्टा पखवाडा । चांद्रमासका चिट्टा आधा समय । चिट्टा पर । कौआ । और बगला.

शुक्लवायस, (पु०) कर्म० । बक (बगला) । चिट्टा कौआ । श्वेतकाक.

शुक्लापाङ्ग, (पु०) शुक्लः अपाङ्गः यस्य । चिट्टी नजरवाला । मयूर । मोर.

शुक्लिमन्, (पु०) शुक्लस्य भावः+इमनिच् । चिट्टापन । चिट्टारंग । चिटाई.

शुक्लोपला, (स्त्री०) कर्म० । सः अस्ति अस्याः+अच् । चिट्टे टुकडेवाली मिसरी । सफेद पत्थर । शर्करा । सक्कर । खांड.

शुङ्ग, (पु०) शुम्+ग । नि० । वटवृक्ष । वोडका द्रख्त । पाकडका दरख्त.

शुच्, (स्त्री०) शुच्+क्विप् । शोक । फिकर । "विकल्पसे टाप् होता है".

शुच्, शोक (अफ्सोस करना) । भ्वा० प० स० सेट् । शोचति । अशोचीत्.

शुचि, (पु०) शुच्+किन् । वह्नि (आग) । चित्रकवृक्ष । जेठका महीना । आषाढ (हाड) का महीना । शुद्धाचरण । नेकचाल । ग्रीष्म (गर्मीका मौसम) । अच्छा वजीर । चिट्टारंग । उसवाला (त्रि०).

शुचिद्रुम, (पु०) कर्म० । पवित्र द्रख्त । अश्वत्थवृक्ष । पीपलका द्रख्त.

शुण्ड, (पु०) शुण्+ड । मदनिर्झर । मदका झर्ना । गज-हस्त । हाथीका हाथ (सूंड) (पु०) (स्त्रियां टाप्) । मद्यपीनेका घर । कलालखाना । वेश्या (कंजरी) । सुरा (शराब) । कुट्टनी । पानीकी हथिनी (स्त्री०).

शुण्डार, (पु०) शुण्डा+अस्ति अर्थे र । शौण्डिक (कलाल) । और हाथी.

शुद्ध, (न०) शुध्+क्त । सैन्धावलवण । सैंधानोन । और मिरच । केवल । निर्दोष (बेऐब) । पवित्र । और शुभ्र (सफेद) (त्रि०).

शुद्धवल्ली, (स्त्री०) कर्म० । गुडूची । गिलोय । पवित्रलता (बेल.).

शुद्धान्त, (पु०) शुद्धः अन्तः (पर्यन्तः) यस्य । जो सारा साफ है । अन्तःपुर (जनानखाना) । राजाकी स्त्री (पु० स्त्री०) । "शुद्धान्तसम्भोगनितान्ततुष्टे" इति नैषधम्.

शुद्धापह्नुति, (स्त्री०) कर्म० । एक प्रकारका अर्थसम्बन्धी अलंकार.

शुद्धि, (स्त्री०) शुध्+क्तिन् । मार्जन । सफाई । मांजना । वेदके कामकरनेलायक एक प्रकारका संस्कार । दुर्गा । देवी.

शुद्धौदनि, (पु०) एक प्रकारका बौद्ध । "शुद्धोदन" बुद्धका पिता.

शुध्, शौच-साफ होना । शोधन-घटाना । दि० प० स० अनिट् । शुध्यति । अशुधत् । "भक्तो हरः शुध्यति यद्गुणः स्यात्" ली०.

शुन्, गति- जाना । तु० प० स० सेट् । शुनति । अशोनीत्.

शुन, (पु०) शुन्+क । कुक्कुर । कुत्ता । "शुनक" यही अर्थ । एक मुनि.

शुनःशेफ, (पु०) शुन इव शेफः अस्य । अलुक् स० । विश्वामित्रका शिष्य । एक मुनि.

शुनी, (स्त्री०) श्वन्+ङीप् । कुत्तेकी स्त्री । कुत्ती । पेठी । कूष्माण्डी.

शुन्ध्, शुद्धि-साफहोना । चु० उभ० स० सेट् । शुन्धयति-ते.

शुन्ध्, शुद्धि-अक० । साफ करना-सक० भ्वा० उभ० सेट् । शुन्धति-ते । "आपः शुन्धन्तु मैनसः" इति वेदमन्त्रः । अशुन्धिष्ट.

शुभ्, दीप्ति । चमकना । भ्वा० आ० अक० सेट् । शोभते । अशुभत्.

शुभ, (न०) शुभ्+क । मङ्गल (भलाई) । शुभवाला । (त्रि०) । तेईसवां योग (पु०).

शुभंयु, (त्रि०) शुभं+अस्ति अर्थे युस् । शुभान्वित । शुभवाला । भलाईवाला । "क्षितिपः शुभंयुः" भट्टिः.

शुभग्रह, (पु०) शुभः (शुभदायकः) ग्रहः । भलाकरनेवाला ग्रह । साधुग्रह । वृहस्पति । शुक्र । पापग्रहसे न मिलाहुआ बुध.

शुभङ्कर, (त्रि०) शुभं करोति । कृ+अच्-मुम् च । मङ्गलकारक । भला करनेहारा । दुर्गा (देवी) (स्त्री०).

शुभद, (पु०) शुभं ददाति । दा+क । पीपलका द्रख्त । मंगल देनेहारा (त्रि०).

शुभा, (स्त्री०) शुभ्+क । शोभा । कान्ति । खूब सूरति । देवताओंकी सभा.

शुभ्र, (न०) शुभ्+रक् । अभ्रक (अबरक) । और रूपा । चन्दन । और चिट्टारंग (पु०) । उसवाला (त्रि०).

शुभ्रदन्ती, (स्त्री०) शुभ्रो दन्तो यस्याः+ङीप् । चिट्टेदांतवाली । पुष्पदन्तदिग्गजकी हथिनी.

शुम्भ्, दीप्ति (चमकना) । अक० । मर्दन (मलना) । सक० तु० प० सेट् । शुम्भति । अशुम्भीत् । "प्रागप्राप्तनिशुम्भशाम्भवधनुः" इति वीरचरितम्.

शुम्भ, (पु०) शुम्भ्+अच् । एकप्रकारका दानव (दैत्य).

शुम्भमर्दिनी, (स्त्री०) शुम्भं मृद्गाति । मृद्+णिनि । शुम्भासुरमर्दिनी । दुर्गा । देवी.

शुर्, मारना-रोकना । दि० आ० सक० सेट् । शूर्यते । अशोरिष्ट.

शुल्क्, कहना । छोडना (देना) और वर्जन (रोकना) । चु० उ० स० सेट् । शुल्कयति-ते । अशुशुल्कत्-त.

शुल्क, (पु० न०) शुल्क्यते (अतिसृज्यते) कर्मणि घञ् । घाटआदिपर देनेलायक राजाका कर (मासूल) । वरपक्षीय (लडकेवालों) से कन्यापक्षीय (लडकीवालों) ने लेनेलायक धन । एकप्रकारका स्त्रीधन । लडकीका मोल । मासूल । दहेज (यौतक) । मोल । फीस.

शुल्कस्थान, (न०) ६ त० । मासूलकी जगह । चुंगीखाना । करचुकानेकी जगह.

शुल्ल, (न०) शुल्ल+अच् । पृ० । ताम्रा । ताम । और रज्जु । रस्सी.

शुल्व, (न०) शुल्व्+अच् । तामा और रस्सी । जलका निकट । आचार । यज्ञका कार्य.

शुश्रूषण, (न०) श्रु+सन्+ल्युट् । सेवा । नौकरी । "युच्" । वही अर्थ (स्त्री०).

शुश्रूषा, (स्त्री०) श्रु+सन्+अ । श्रवणेच्छा सुनेकी चाह । उपासना । सेवा.

शुष्, शोष-सूकना । दि० प० स० सकि० अनिट् । शुष्यति । अशुषत्.

शुष, (पु०) शुष्+क । गर्त । गढा । टोआ । और विल (सुराख).

शुषिर, (न०) शुष्+किरच् । छिद्र (सुराख) । और वंसीआदि वाजा । छेकवाला (सच्छिद्र) (त्रि०) । सूसा । और आग (पु०) । नदी (स्त्री०).

शुष्क, (त्रि०) शुष्+क्त । धूप आदिसे सूकगया । सूका.

शुष्कल, (न०) शुष्कं (शोषणं) लाति । ला+क । सूकाहुआ मांस.

शुष्कवैर, (न०) शुष्कं (फलशून्यं) वैरं । विना किसी फलके वैर (नाहासिल दुश्मनी) । उद्देशशून्य कलह । बिनमतलब झगडा । सूका वैर.

शुष्कव्रण, (पु०) कर्म० सूका घाव । किणरूप व्रण.

शुष्मन्, (न०) शुष्+मनिप् । तेज । और शौर्य (बहादुरी) । आग । और चित्रकवृक्ष (पु०).

शूक, (पु०)(न०) शो+ऊकक् । यव । जौं । भूक । शिखा.

शूकर, (पु०) "शू" इति अव्यक्तं शब्दं करोति । कृ+अच् । शूक+अस्ति अर्थे "र" वा । "शू २" करनेवाला । सूअर । "शूकरी".

शूद्र, (पु०) शुच्+रक्-पृ० चस्य दः दीर्घश्च । चतुर्थवर्ण । चौथा वर्ण । "शुचा द्रवति" पृ० । शोकसे भराहुआ । चलनेवाला । यदि क्षत्रिय होकर भी शोकहेतुक गतिवाला हो तो उसे शूद्रही कहना चाहिये" यह शारीरकभाष्य है । टाप् । शूद्रा (शूद्रजातिकी स्त्री) । "शूद्री" (शूद्रकी स्त्री).

शूद्रकर्मन्, (न०) शूद्रस्य शास्त्रविहितं कर्म । शूद्रके करनेयोग्य द्विज (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) की सेवा.

शूद्रावेदिन्, (पु०) शूद्रां विन्दति । विद्+णिनि । उप० स० । शूद्रजातिकी स्त्रीसे विवाह करनेहारा । "शूद्रावेदी पतत्यत्र" स्मृतिः.

शूना, (स्त्री०) श्वि+अधिकरणे क । प्राणिवधस्थान । जीवोंके मारनेकी जगह । कसाइओंका घर.

शून्य, (त्रि०) शूनायै हितं (रहस्यस्थानकत्वात्) यत् । अकेलीजगह (जहां प्राणिओंको सइसे मारसक्ते हैं) । आकाश । खाली । बिन्दुमात्र । नुक्ता । और अभाव (न होना) । जो पूरा नहीं । कम । और तुच्छ (त्रि०).

शून्यपदवी, (स्त्री०) शून्या पदवी । सूनी सडक । खाली पगडण्डी । आत्मा (जीव) का रास्ता.

शून्यमनस्-मनस्क, (त्रि०) शून्यं मनो यस्य । शून्य (सूने) मनवाला । खाली मनवाला.

शून्यवादिन्, (पु०) शून्यं (अभावमात्रं-सर्वकारणतया) वदति । वद्+णिनि । बौद्धविशेष । जो सबका कारण "अभाव" बोलता है (स्वीकार कर्ता है) । "पहिले कुछ न था और हो गया".

शूर, हिंस-कतलकरना-स्तम्भ-रोकना । दि० आ० सक० सेट् । शूर्यते । अशूरिष्ट.

शूर, विक्रम-बहादुरहोना । बल दिखलाना । चु० उभ० स० सेट् । शूरयति-ते.

शूर, (पु०) शूर+अच् । वीर (बहादुर) । विक्रमवाला (जोरवाला) । वसुदेवनामी यादव । सूर्य । सिंह (शेर) । सूअर । एक मच्छी.

शूरमानिन्, (पु०) आत्मानं शूरं मन्यते । अपने आपको शूर (बहादुर) मानता है । अहंकार । बलका मिथ्या अभिमान करनेवाला.

शूरसेन, (पु०) शूरा सेना यत्र, यस्य वा । जहां वा जिसकी सेना बहादुर है । एक देश । एक राजा.

शूर्प, मान-मापना । चु० उ० स० सेट । शूर्पयति-ते । अशुशूर्पत्-त.

शूर्प, (पु०) शूर्प्यते धान्यादिकं अनेन । शूर्प्+घञ् । जिस्से धानआदि मापाजाता है । चावलआदिको साफ करनेके लिये वांस आदिका वनाहुआ पात्र (वर्तन) । छाज । एकप्रकारका माप.

शूर्पकर्ण, (पु०) शूर्पं इव कर्णौ यस्य । जिसके कान छाजके समान हैं । गज । हाथी.

शूर्पणखा (खी), (स्त्री०) शूर्पं इव नखा अस्याः । णत्वं वा ङीप् । जिसके नाखून (नौं) दूसरे छाज हैं । रावणकी वहिन.

शूर्म, (पु०) सुष्ठु ऊर्मिः अस्ति यस्याः+वा शत्वम् । लोहेकी मूरत.

शूल, वीमार होना । बडी आवाज करना । पीडाहोना । भ्वा० प० अक० सेट् । शूलति । अशूलीत्.

शूल, (पु० न०) शूल्+क । एक बीमारी (रोग) । तेज लोहेका फाला । और त्रिशूल । चिह्न (निशान) । एक मुनि । और ९ वां योग (पु०).

शूलघातन, (न०) शूलं घातयति । हन्+णिच्+ल्यु । दर्द दूर कर्ता है । मण्डूर.

शूलद्विष्, (पु०) ६ त० । दर्दका वैरी । हींग.

शूलधन्वन्, (पु०) शूलं धनुः आयुधं अस्य+अनङ् समा० । त्रिशूल जिसका शस्त्र है । शिवजी.

शूलधर, (पु०) शूलं धारयति । धारि+अच् । त्रिशूलको पकडता है । शिवजी.

शूलधारिन्, (पु०) शूलं धरति । धृ+णिनि । शिवजी । दुर्गा (स्त्री०).

शूलपाणि, (पु०) शूलं पाणौ यस्य । जिसके हाथमें त्रिशूल है । शिवजी.

शूलाकृत, (त्रि०) शूलेन विद्ध्वा कृतं (पक्वम्) शूल+डाच्+कृ+क्त । लोहेआदिकी कीलसे वेधकर पकाहुआ मांस । कवाव.

शूलिक, (त्रि०) शूलं (पाकसाधनत्वेन) अस्ति अस्य+ठन् । सीखपर चढाके पकायाहुआ मांस । शूलाकृत.

शूलिन्, (पु०) शूलं अस्ति अस्य+इनि । शूलरोगवाला । त्रिशूल अस्त्र (औजार) रखनेहारा (त्रि०).

शूल्य, (त्रि०) शूले संस्कृतं+यत् । सूलपर पकायाहुआ मांस । शूलाकृत । कवाव.

शृ, हिंसन-मारना । क्र्या० प० स० सेट् । शृणाति । अशारीत् । शीर्णः.

शृ, (सृ) गाल, (पु०) असृजं लाति । ला+क-पृ० । लोहूको लेता है । सिआर । गीदड । एक दैत्य । वासुदेव । निर्दय । नीच.

शृगालिका, (स्त्री०) शृगालस्य भार्या । ङीप्-स्वार्थे कन् । शृगाल (गीदड) की औरत (गिदडी) । शृगालीव-स्वार्थे कन् । डरसे भागना.

शृङ्खल, (पु०) शृङ्गात् (प्रधानात्) स्खल्यते । जो ढिलकती जाती है । लोहेकी जंजीर । लौहमय निगड । पाँवका बंधन (जंजीर).

शृङ्ग, (न०) शृ+गन्-पृ० ह्रस्वः । पर्वतके ऊपरका हिस्सह । चोटी । प्राधान्य । वढाई । कामका उद्रेक (बढना) । पशुआदिका सींग । और एक प्रकारका वाजा.

शृङ्गमूल, (पु०) शृङ्गं इव मूलं अस्य । जिसकी जड सींगके समान है । शृङ्गाटक । सिंघाडा.

शृङ्गवत्, (पु०) शृङ्गं प्राशस्त्येन अस्ति अस्य+मतुप् । मस्य वः । अच्छी चोटीवाला । भरतवर्ष (हिन्दुस्थान) का एक सीमापर्वत.

शृङ्गवेर, (न०) शृङ्गं इव वेरं (अवयवः) यस्य । जिसका हिस्सह सींगके समान है । अदरक । सोंठ । रामचन्द्रके मित्र गुह चण्डालका पुर (शहर).

शृङ्गाट, (पु०) शृङ्गं (प्राधान्यं) अटति । अट्+अण् । उत्तरकीओर एक पर्वत । चतुष्पथ । चौराहा । शब्दालंकार.

शृङ्गार, (पु०) शृङ्गं (कामोद्रेकं) ऋच्छति अनेन । ऋ+अण् । बहुत काम बढाता है । नाटकमें एक रस । लौंग । सिंधूर । और चूरा । अदरक । जेवर.

शृङ्गारिन्, (पु०) शृङ्गारः जन्यत्वेन अस्ति अस्य+इनि । जिसके खानेसे बहुत काम बढता है । पूग । सुपारी । और हाथी (गज) । अच्छी पौशाक पहिनेहुए (सुवेश) (त्रि०).

शृङ्गिन्, (पु०) शृङ्गं अस्ति अस्य+इनि । सींगवाला । मेष (मेढा) । भारतवर्षका एक सीमापर्वत । पहाड । एक मुनि । और वृक्ष (द्रख्त) सींगवाला (त्रि०).

शृत, (त्रि०) शृ+क्त । पक्व । पकाहुआ.

शृध्, अपानशब्द-पद्द मारना । भ्वा० आ० लुङ्-लृट्-लृङ्में उभ० अक० सेट् । क्त्वा वेट् । शर्धते । अशृधत् । शर्त्स्यति । शर्धिष्यते.

शृध्, छेदन (काटना) भ्वा० उभ० अक० सेट् । क्त्वावेट् । शर्धति-ते.

शेखर, (पु०) शिखि-जाना+अरण् । पृ० । शिखा । चोटी । मुकुटके ऊपरका फूल । सुहांजनेकी जड । ताज.

शेफ, (पु० न०) शी+फन् । शिश्न । लिङ्ग । शी+असिफुक्च.

शेफालिका, (स्त्री०) शेरते इति शेफाः अलयो यत्र+कप् । जहां भौंरे सोरहे हैं । फूलदार वृक्ष । सुहांजना जूफा.

शेमुखी(षी), (स्त्री०) शी+विच् । शेः (मोहः) तं मुष्णाति मुष्+क । जो मोह (मैं- मेरा) को चुरा लेती है । बुद्धि अकल.

शेव, (पु०) शी+वन् । पुरुषका चिह्न । शिश्न । लिंग.

शेवधि, (पु०) शेः (धनादिमोहः) तस्य अवधिः । दौलतके मोहकी सीमा । पद्मआदि नौ प्रकारका निधि (खजाना).

शेवाल, (न०) शेते+विच् । वलते-घञ् । शेवाल । सेवाल । शिवाल । पानीके ऊपर सावा २ होता है.

शेष, (पु०) शिष्+अच् । अनन्त । सांपोंका राजा । एक सांप । बाकी.

शेषशायिन्, (पु०) (शेषे शेते) शेषनागपर शयन- (सोने) वाला । विष्णु.

शेषा, (स्त्री०) शिष्+घञ् । निर्माल्य माल्यआदि देवतापर चढीहुई मालाआदि । "शेषामिव भर्तुराज्ञां" इति कुमारः.

शेषान्नम्, (न०) शेषं अन्नम् । बचा हुआ अन्न.

शैक्ष, (पु०) शिक्षां (तन्नामकग्रन्थं) अधीते वेत्ति वा+अण् । शिक्षा (स्वरका विषय) ग्रन्थको पढता वा जानता है । "कन्" । शिक्षक यही अर्थ.

शैखरिक, (पु०) शिखरे भवः+ठक् । चोटीपर हुआ । सबका सिरा । अपामार्ग.

शैत्य, (न०) शीतस्य भावः+ष्यञ् । शीतलता । सर्दी । ठण्डाई । ठण्डापन.

शैथिल्य, (न०) शिथिलस्य भावः+ष्यञ् । ढीलापन । (अदृढसंयोग).

शैनेय, (पु०) शिनेर्गोत्रापत्यं+ढक् । सात्यकिनाम यादव.

शैल, (न०) शिलायां भवः+अण् । पत्थरोंमें उपजा गन्धद्रव्य । "शिलाः सन्ति अस्य+अण्" तिलोंवाला । पहाड (पु०).

शैलज, (न०) शैले (पर्वते) जायते । जन्+ड । पर्वतमें उत्पन्न होता है । एक प्रकारका गंधद्रव्य । गजपिप्पली और दुर्गा (स्त्री०).

शैलधर, (पु०) शैलं (गोवर्धनपर्वतं) धरति । धृ+अच् । गोवर्धन पहाडको उठाता है । श्रीकृष्णदेवजी.

शैलभित्ति, (पु०) शैलं भिनत्ति । भिद्+क्तिच् । पत्थरफाडनेका औजार.

शैलराज, (पु०) शैलानां राजा । टच् समा० । पहाडोंका राजा । हिमालय.

शैलशिबिर, (न०) शैलानां शिबिरं इव । पहाडोंकी मानों छावनी है । समुद्र । समुंदर.

शैलसुता, (स्त्री०) ६ त० । पहाडकी लडकी । पार्वती.

शैलाग्र, (न०) शैलस्य अग्रम् । पहाडकी चोटी.

शैलाट, (पु०) शैलं अटति । अट्+अण् । पहाडमें घूमता है । शेर । भील । सिंह । किरात.

शैलालिन, (पु०) शिलालिना मुनिना प्रोक्तं (नटसूत्रं) अधीयते+णिनि । शिलालिमुनिसे कहेहुए नटोंके नियमोंको पढते हैं । शैलूष । नट.

शैली, (स्त्री०) शीलं एव+स्वार्थे अण् ङीप् । चारित्र । नियम । रीति.

शैलूष, (पु०) शिलूषस्य अपत्यं+अण् । नट । बिल्वका द्रख्त । धूर्त । तालदेनेहारा.

शैव, (न०) शिवं अधिकृत्य कृतो ग्रन्थः+अण् । वेदव्यासका बनायाहुआ शिवजीके प्रभावको वर्णन करनेहारा महापुराणविशेष । "शिवो देवता अस्य+अण्" । शिवजीका भक्त (त्रि०) । "तस्येदं-अण्" शिवका (त्रि०).

शैवलिनी, (स्त्री०) शैवलानि सन्ति अस्याः+इनि । सेवालवाली नदी । दर्या.

शैवाल, (न०) शी+वालन्+स्वार्थे अण् । सेवाल । पानीमें उपजा पदार्थविशेष । "कृष्णदेवका एक घोडा" । घोडा.

शैव्य, (पु०) शिवेर्गोत्रापत्यं+यञ् । शिविके गोत्रमें उपजा एक राजा.

शैशव, (न०) शिशोर्भावः+अण् । वचपन । शिशुपाल । बालअवस्था.

शैशिर, (पु०) शिशिरं प्रियं यस्य+अण् । कालीचिडिआ । सर्दीमें खुश रहती है । "शिशिरे भवः"+अण् । शीतकालमें हुआ (त्रि०).

शो, तीक्ष्णीकरण (तेजकरना) । दि० प० स० अनिट् । श्यति । अशात्-अशासीत्.

शोक, (पु०) शुच्+घञ् । पियारेके विरहसे हुआ दुःखरूप एकप्रकारका चित्तका व्यापार । अफ्सोस.

शोकारि, (पु०) ६ त० । शोकका शत्रु । कदम्वका वृक्ष । कदम्वका द्रख्त.

शोकाविष्ट, उपहत । विह्वल, (त्रि०) शोकेन आविष्टः । शोकसे भराहुआ । शोकमें पडा हुआ.

शोचिष्केश, (पु०) शोचिः केश इव यस्य । जिसकी चमक (तेज) बालोंके समान है । वह्नि (आग) । चित्रकवृक्ष.

शोचिस्, (न०) शुच्+इसि । प्रभा । प्रकाश । चमक । रोचिः.

शोच्य, (त्रि०) शुच्+यत् । क्षुद्र । कमीना । छोटा । दयाके लायक । अफ्सोसके लायक । वेचारा । गरीव.

शोण्, गति (जाना) । सक० । वर्ण-रंगना । अक० भ्वा० प० सेट् । शोणति-अशोणीत्.

शोण, (न०) शोण्+अच् । सिन्दूर (सिंधूर) । और रुधिर (लोहु) । लालगन्ना । मंगलग्रह । आग (पु०).

शोणित, (न०) शोण्+इतच् । (रुधिर । लोहु).

शोणितपुर, (न०) शोणितं इव रक्तं पुरम् । लोहूकी नाई शहर । वाणासुरका नगर (मुल्क).

शोणोपल, (पु०) कर्म० । लालपत्थर । माणिक्य (माणक) मणि.

शोथ, (पु०) शु+थन् । हाथ पाँव आदिको फुलादेनेहारा सोज.

शोथघ्नी, (स्त्री०) शोथं हन्ति । हन्+क । शालपर्णी । सोज दूर करनेवाली दवाई (त्रि०).

शोधन, (न०) शुध्+णिच्+ल्युट् । शौच । सफाई । विष्ठा (गूंह) । मलआदि छोडना । दोष हटाना । और कर्जा उतारना । "शुध्यति अनया+करणे ल्युट् ङीप्" सम्मार्जनी (वुहारी) (स्त्री०).

शोधित, (त्रि०) शुध्+णिच्+क्त । मलआदि हटाकर साफ कियाहुआ । मार्जित । साफ कियागया.

शोफ, (पु०) शु+फन् । शोथ । सोज.

शोभन, (न०) शोभते । शुभ्+ल्यु । कमलका फूल । पांचवां योग (पु०) । शोभावाला (त्रि०).

शोभा, (स्त्री०) शुभ+अ । दीप्ति । चमक । प्रकाश.

शोभाञ्जन, (पु०) शोभार्थं अज्यते । अञ्जु+ल्युट् । सुहांजनेका द्रख्त.

शोष, (पु०) शुष्+घञ् । हवा आदिसे पानीको दूरकरके कठिन करना । सुकाना । "सुका देता है" । मिर्गीकी बीमारी.

सङ्ख्य, (न०) संख्यायते (परस्परनामोच्चारणं क्रियते) अत्र । सम्+ख्या+घञर्थे क । जहां एक दूसरेका नाम उच्चारण कर्ते हैं । युद्ध (जंग)। लडाई । "अङ्" । विचार । बुद्धि । द्रव्यके आश्रित एकत्व द्वित्व आदि गुणविशेष । (स्त्रियां टाप्).

सङ्ख्यात, (त्रि०) सम्+ख्या+क्त । कृतसंख्य । गिनाहुआ । गुनागया । बहुत प्रसिद्ध.

सङ्ख्यावत्, (पु०) संख्या (विचारणा) सा अस्ति अस्य+मतुप् । "म" को "व" होता है । विचारवाला । पंडित । गिन्तीवाला (त्रि०).

सङ्ख्येय, (त्रि०) संख्यायतेऽसौ । सम्+ख्या+यत् । गुनेके लायक । गिन्नेके लायक.

सङ्ग, (पु०) सञ्ज्+घञ् । मेल । संबंध । विषयआदिमें राग । "ध्यायतो विषयान् पुंसः संगस्तेषूपजायते" गीता । (मिलना)। "कर्तरि क्त" मिलाहुआ (त्रि०).

सङ्गत, (न०) सम्+गम्+भावे क्त । सौहार्द । मित्रता.

सङ्गति, (स्त्री०) सम्+गम्+क्तिन् । संगम । मेल । मिलना । सभा । परिचय (वाकफीयत) विषयरसका मेल । किसीबातका अचानक होजाना । ज्ञान । विशेषज्ञानके लिये पूछना.

सङ्गम, (पु॰) सम्+गम्+घञ्-न वृद्धिः। संगति (मेल)। स्त्री और पुरुषका संभोग। नदीआदिका नद (बडा दर्या) आदिके साथ मिलनेका स्थान। "गंगासागरसङ्गमः" इति पुराणम्.

सङ्गर, (पु॰) संगीर्यते। सम्+गृ+अप्। आपद् (मुसीबत)। युद्ध (जंग-लडाई)। प्रतिज्ञा (इकरार)। कामकरनेहारा। विष (जहिर) शमीका वृक्ष.

सङ्गव, (पु॰) संगता गावो दोहनाय अत्र काले नि॰। जिस समय गौएं चोनेके लिये इकट्ठी होती हैं। प्रातःकालके अनन्तरके तीन मुहूर्त (छ घडियें).

सङ्गिन्, (त्रि॰) सञ्ज्+घिनुण्। संगयुक्त। संगवाला। साथी। भोगी। शहवती। स्त्रियां ङीप्.

सङ्गीत, (न॰) सम्+गै+क्त। दर्शनके लिये नाट्य, गीत, वाद्यत्रिक। नाचना-गाना-बजाना-तीनों। उन तीनोंको प्रतिपादन (वर्णन) करनेहारा ग्रंथ। "कर्मणि क्त"। सम्यग् गीत। भलीभांति गायाहुआ (त्रि॰).

सङ्कीर्ण, (त्रि॰) सम्+गृ+क्त। स्वीकृत। मानाहुआ.

सङ्ग्रह, (पु॰) सम्+ग्रह्+अप्। संशय। इकट्ठा। संक्षेप। थोडासा। बहुत अर्थवाले वाक्योंको एक स्थानमें जोडना.

सङ्ग्रहणी, (स्त्री॰) संचिता ग्रहणी। इस नामका एक रोग। कब्जी.

सङ्ग्राम, (पु॰) संग्राम-लडाई करना+घञ्। युद्ध। जंग। लडाई.

सङ्ग्रामपटह, (पु॰) ६ त॰। युद्धका बाजा। रणवाद्यविशेष.

सङ्ग्राहिन्, (पु॰) सम्यक् गृह्णाति मलं। सम्+ग्रह्+णिनि। भलीभांति मलको लेता है। कुटजवृक्ष। मलको रोकनेवाला (मलावष्टम्भक)। संग्रह (इकट्ठा) करनेहारा (त्रि॰).

सङ्घ, (पु॰) सम्+हन्+घञ्। सजातीयसमूह। एकजातिवालोंका मेल। समूह। बहुतसे इकट्ठे रहनेवाले लोग.

सङ्घट, (पु॰) सम्+घट्+घञ्। परस्परसंघर्षण। आपसमें रगडना। भीड। गठन। गांठना। चक्र। पहिया.

सङ्घर्ष, (पु॰) सम्+घृष्+घञ्। परस्परघर्षण। आपसमें रगडना। पीसना। आपसमें टकराना। स्पर्धा। हसद.

सङ्घशस्, (अव्य॰) संघ+वीप्सार्थे शस्। भूरिशः। इकट्ठे होकर। बहुतही समूह.

सङ्घात, (पु॰) सम्+हन्+घञ्। समूह। एक नरक। सम्यग् हनन (अच्छीतरह चोट लगाना)। दृढसंयोग। पक्का मेल। और कफ.

सचि(ची), (स्त्री॰) सच्+इन्-वा ङीप्। इन्द्राणी। इन्द्रकी स्त्री.

सचिव, (पु॰) सच्+इन्। वा+क। सहाय (मदतकरनेहारा)। मंत्री। वजीर.

सचेतन, (त्रि॰) सह चेतनया। विशिष्टज्ञानयुक्त। विशेषज्ञानवाला। अच्छीसमझवाला। चेतनाके साथ। होशके साथ। होशिआर.

सचेष्ट, (पु॰) सचते-सच्+अच्। तथाभूतः सन् इष्टः। आम्र। आम (अंब)। "सह चेष्टया" चेष्टान्वित। चालाक (त्रि॰).

सच्चिदानन्द, (पु॰) सत् (नित्यः) चित् (चैतन्यं) आनन्दः (सुखस्वरूपं) त्रिपद। कर्म॰। नित्यज्ञान और सुखस्वरूप ब्रह्म। परमात्मा.

सच्छूद्र, (पु॰) कर्म॰। अच्छा शूद्र। गोप (गवाला)। गूजर। और नापित। नाई.

सजाति, (पु॰) समाना जातिः अस्य। एकजातिवाला। समान वर्णसे समान वर्णवाली कन्यामें उत्पन्न कियाहुआ पुत्र। समानजातिवाला (त्रि॰).

सजातीय, (त्रि॰) समानां जातिं अर्हति। छ (ईय)। समानधर्मवाला। अपनीजातिका.

संजु(जू)स्, (अव्य॰) सहार्थे। साथके अर्थमें.

सज्ज, (त्रि॰) सस्ज्+अच्। उद्युक्त। तयारहुआ। संनद्ध। "सज्ज" अयोजन (लगाना-जोडना)। वेश (सजाहुआ)। "सतो जायते-जन्+ड"। साधु (भले) से उपजाहुआ। अथवा सत्से हुआ (त्रि॰).

सज्जन, (त्रि॰) सस्ज्+णिच्+ल्युट्। रक्षाके लिये सेनाका स्थापन। सस्ज्+ल्युट्। आयोजन (जोडना)। सन् जनः। भला मानुष। अच्छी कुलमें उत्पन्नहुआ (पु॰)। राजाआदिके चढनेके लिये हाथीका सजाना.

सञ्चय, (पु॰) सम्+चि+अच्। समूह। और संग्रह (इकट्ठा).

सञ्चयिन्, (पु॰) सम्+चि+इनि। संग्रहकारक। जमाकरनेहारा.

सञ्चार, (पु॰) सञ्चरति अनेन्। सम्+चर्+घञ्के अर्थमें "क" वा घञ्। सेतु (पुल)। देह (शरीर)। ग्रहआदिका दूसरी राशिमें जाना। "भावे क"। भलीभांति जाता.

सञ्चारिन्, (पु॰) सम्+चर्+णिनि। वायु (हवा)। अलंकारमें शृंगाररसआदिका अनुसारी भावविशेष। चलनेहारा (त्रि॰).

सञ्चित, (त्रि॰) सम्+चि+क्त। संगृहीत। इकट्ठाकियाहुआ.

सञ्जवन, (न॰) सम्+जु+युच्। आपसमें एक दूसरेके सामने बनाहुआ चतुःशालगृह (चौखंडीवाला घर).

सज्जित, (त्रि०) सज्जा जाता अस्य+इतच् । कृतवेश । सजाहुआ । पौशाकपहिनेहुए । संनद्ध (तयारहुआ).

सञ्जीवन, (न०) सम्+जीव+ल्युट् । चतुःशाल गृह । चौखंडीवाला घर । अच्छीतरह प्राणोंको धारण करना । जीना.

सट, (न० स्त्री०) सट्+अच् । व्रतिओंका केशसमूह । जटा शिखा (चोटी) । सिंह (शेर) आदिका केशर.

सत्, (त्रि०) अस्+शतृ । सत्य (सच) । साधु (भला) । पूजागया । धीर (धीरजवाला) । प्रशस्त (वहुत अच्छा) । और विद्यमान (जो है) । "स्त्रियां ङीप्" । पतिव्रता स्त्री । दक्षकी कन्या । ब्रह्म (न०) । आदर (अव्य०).

सतत, (न०) सम्+तन्+क्त-पृ० । निरन्तर (लगातार) । जो निरन्तर हो (त्रि०).

सतत्त्व, (न०) सह (सदृशं) तत्त्वेन । तत्त्वके अनुसार । स्वभाव.

सतानन्द, (पु०) गौतमका पुत्र । अहल्याके गर्भमें उपजा । एक मुनि.

सतीर्थ्य, (पु०) समाने तीर्थे (गुरौ) वसति+यत् । "समान" को "स" का आदेश होता है । एक गुरुके पास रहता है । एकही गुरुके पास पढनेहारे विद्यार्थी । गुरुभाई.

सत्कर्तृ, (पु०) सत्+कृ+तृच् । विष्णु । अच्छा करनेहारा (त्रि०).

सत्कर्मन्, (न०) कर्म० । वेदादिमें विधान कियाहुआ यज्ञआदि कर्म.

सत्कार, (पु०) सत्+कृ+घञ् । सम्मानन । आदर । पूजन.

सत्कृत, (त्रि०) सत्+कृ+क्त । पूजाहुआ । आदर किया-हुआ.

सत्क्रिया, (स्त्री०) सत्+कृ+श । सत्कार । आदर । सम्मानन । पूजन.

सत्तम, (त्रि०) अतिशयेन सन्+तमप् । अतिशयसाधु । बहुत अच्छा.

सत्ता, (स्त्री०) सतो भावः+तल् । होनापन । द्रव्य, गुण और कर्ममें रहनेहारी जातिविशेष । विद्यमानता । वर्तमान । होना.

सत्र, (न०) सद्+त्रल् । स्थान । यज्ञ । सदादान (प्रतिस-मय देना) । आच्छादन (ढकना) । अरण्य (जंगल) । कैतव । छल । धन । गृह (घर) । सर । तालाव । दान । खैरात.

सत्रशाला, (स्त्री०) ६ त० । अन्न, जलआदि देनेके लिये बनायाहुआ घर । धर्मशाला.

सत्राजित्, (पु०) सत्रेण आजयति लोकान् । आ+जि+ क्विप् । श्रीकृष्णजीका ससुर (सौरा) । सत्यभामाका पिता । एक राजा.

सत्रिन्, (पु०) सत्रं (गृहं) यज्ञः वा विद्यते अस्य+इनि । गृहपति । गृहस्थ । जो घरमें रहता है.

सत्त्व, (न०) सतो भावः+त्व । सांख्यशास्त्रमें प्रकाश-आदिका साधन । प्रकृतिका अवयव (हिस्सा) एक पदार्थ । "तत्र सत्त्वं निर्मलत्वात् प्रकाशकमनामयम्" गीता । (ये दो तकारका शब्द है पृ०) । एक तकार हो तो इसका अर्थ "स्वभाव" "प्राण" "उद्यम" "रण" "आत्मा" "चित्त" आयु (उमर) । और धन । न्यायमें सत्तारूप जातिविशेष । जन्तु । जीव (पु० न०).

सत्पथ, (पु०) कर्म० । शोभनमार्ग । अच्छा रास्ता । वेदादिमें विधान कियागया आचार (चालचलन).

सत्प्रतिग्रह, (पु०) सद्भ्यः प्रतिग्रहः । भले पुरुषोंसे दियेहुए धनका प्रतिग्रह (लेना).

सत्प्रतिपक्ष, (पु०) कर्म० । एक जैसा विरोध करने-हारा न्याय । एकप्रकारका हेतुसम्बन्धी दोष.

सत्फल, (पु०) सन्ति शोभनानि फलानि अस्य । जिसके अच्छे फल होते हैं । दाडिम । अनारका वृक्ष । अच्छे फलवाला (त्रि०).

सत्य, (न०) सते हितं+यत् । सत्ययुग । शपथ (सौं-कस) । सिद्धान्त (फैसला) । और ठीक २ । उसवाला (त्रि०) । अश्वत्थ (पीपलका द्रख्त) । और नान्दीमुख श्राद्धका देवता (पु०).

सत्यङ्कार, (पु०) सत्य+कृ+घञ् । नि० मुम् । "मैने ये अवश्य मोल लेना है इस प्रकार सत्य करना" । सत्यापन । बयानादेना.

सत्यपुर, (न०) सत्ययुक्तं पुरम् । सत्यवाला नगर । विष्णुलोक.

सत्यभामा, (स्त्री०) सत्राजित् राजाकी कन्या । श्रीकृष्णकी स्त्री.

सत्यम्, (अव्य०) स्वीकार । मात्रा । कवूलकरना । हां.

सत्ययुग, (न०) सत्यप्रधानं युगम् । शाक० । बहुत सत्यवाला पहिला युग (समय).

सत्यलोक, (पु०) सत्यप्रचुरो लोकः । बहुत सत्यवाला लोक । ऊपरके सात लोकोंमेंसे सवसे ऊपरका.

सत्यवचस्, (पु०) सत्यं वचः अस्य । जिसका सच्च-वचन है । मुनि । सच्चे वचनवाला (त्रि०) । "सत्या वचनः" यही अर्थ.

सत्यवत्, (पु०) सत्यं विद्यते अस्य मतुप् । "म" को "व" । सत्यवाला । सावित्रीका पति । एक राजा । एक मुनि । सत्ययुक्त (त्रि०) । "स्त्रियां ङीप्" और वह व्यासदेवकी माता है । "सत्यवती".

सत्यवतीसुत, (पु०) ६ त० । मत्स्यगन्धा (धीवरी)का पुत्र व्यासमुनि.

सत्यवाच्, (पु०) सत्या वाक् यस्य । सच्ची वाणीवाला । ऋषि । और कौआ (इसके शब्दसे शुभ और अशुभका निश्चय होता है) । "सत्यवदनशीलः" सत्य कहना जिसका स्वभाव है (त्रि०).

सत्यवादिन्, (त्रि०) सत्यं वदति । वद्+णिनि । यथार्थ वाक्यका वक्ता । सच्चा वचन कहनेहारा । सत्य बोलनेहारा.

सत्यव्रत, (पु०) सत्यं व्रतं अस्य । सच्चेव्रतवाला । त्रिशङ्कुनाम राजा । सत्यतत्पर (जो सत्यको कभी न छोड़े) (त्रि०).

सत्यसङ्गर, (पु०) सत्यः सङ्गरः (प्रतिज्ञा) यस्य । जिसकी प्रतिज्ञा (इकरार) सच्ची है । कुबेर । सत्यप्रतिज्ञ । (त्रि०).

सत्यसन्ध, (त्रि०) सत्या सन्धा (सन्धानं) यस्य । सच्चा मेल करनेहारा । सच्ची प्रतिज्ञाकरनेहारा । अपने वचनपर स्थिर । दियानतदार । रामचन्द्र.

सत्यानृत, (न०) सत्यसहितं अनृतं यत्र । जहां सच्चके साथ झूठ है । वणिग्वृत्ति । बनियेका काम । व्यापार.

सत्यापन, (न०) सत्य+णिच्-पुक्‌च-ल्युट् । सत्याकृति । "यह वस्तु मैं अवश्य लूंगा" इस प्रकार सत्य करना । बयाना देना-साईदेना । "युच्" सत्यापना । यही अर्थ.

सत्योद्य, (त्रि०) सत्यं उद्यं यस्य । वद्+क्यप् । सत्यवादी । कर्म० । सच्चावचन (न०).

सत्वर, (न०) सह त्वरया । शीघ्र (जल्दी) । त्वरान्वित (जल्दी करनेवाला) (त्रि०).

सत्त्वविप्लव, (पु०) । सत्त्वस्य विप्लवः । सत्त्व (ज्ञान-होश-चेतनता) का नाश.

सत्त्वस्थ, (त्रि०) । सत्त्वे तिष्ठति । धैर्यमें रहनेवाला । स्वरूपमें स्थित । स्वभावमें रहनेवाला । धैर्यशाली ।

सत्त्वोद्रेक, (पु०) । सत्त्वस्य उद्रेकः । सत्त्व (भलाई-सच्चापन) का बढना.

सदन, (न०) सीदति अस्मिन् । सद्+ल्युट् । गृह । घर । जल । पानी.

सदय, (पु०) सन्+अयः । अच्छे शुभको देनेहारी विधि । "सह दयया" दयाके साथ । दयान्वित (त्रि०).

सदस्, (स्त्री० न०) सीदति अस्यां । सद्+असि । सभा । "जिसमें बैठता है.

सदस्य, (पु०) सदसि साधुः वा वसति+यत् । सभामें अच्छा वा वास कर्ता है । न्यून वा अधिक हुए विषयको ठीक रीतिपर लानेका उपाय दिखानेहारा । सभासद (त्रि०).

सदा, (अव्य०) सर्वस्मिन् काले+दाच् सादेशः । सर्वदा । हरवक्त । हमेश । नित्य.

सदागति, (पु०) सदा गतिः अस्य । सदा चलनेहारा । वायु (हवा) । सदागतिवाला (त्रि०).

सदाचार, (पु०) कर्म० । ६ त० वा । ब्रह्मावर्तदेशमें परम्परासे चला आ रहा नियम । साधुओंका आचरण (चलन).

सदातन, (पु०) सदाभवः । सदा+ट्युल्-तुट् च । विष्णु । नित्य (त्रि०).

सदात्मन्, (त्रि०) सन् (साधुः) आत्मा (चित्तं) यस्य । अच्छेचित्तवाला । साधुचित्त.

सदादान, (पु०) सदा दानं (मदजलं) त्यागो वा यस्य । जिसका मस्तीका पानी सदा होता है अथवा जो सदा दान कर्ता है । ऐरावत गज । इन्द्रका हाथी । सदा त्याग करनेहारा (त्रि०).

सदानन्द, (पु०) सदा आनन्दः यस्य । जिसको सदा आनन्द है । शिवजी । निरन्तर आनन्दवाला (त्रि०).

सदानर्त, (पु०) सदा नृत्यति । नृत्+अच् । सदा नाचता है । खञ्जन विहग । ममोला पक्षी । सदा नाचनेहारा (त्रि०).

सदानीरा, (स्त्री०) सदा नीरं अस्याम् । जिसमें सदा पानी है । करतोया नदी.

सदाशिव, (पु०) सदा शिवं अस्मात् । जिस्से सदा कल्याण होता है । महादेव । शंकर । शिवजी.

सदुत्तर, (न०) कर्म० । प्रतिज्ञापत्रके अनुसार उत्तर । पूछेहुएका ठीक उत्तर (जवाब) अच्छेउत्तरवाला । (त्रि०).

सदृक्ष, (त्रि०) समानं दर्शनं अस्य । दृश्+क्स् "समान" को "स" का आदेश होता है । तुल्यरूप । एक जैसा । बराबर । "सदृश्" और "सदृश" भी होता है.

सदेश, (पु०) सह देशेन । देशके साथ । निकट (नजदीक) । देशवाला (त्रि०).

सद्धेतु, (पु०) कर्म० । न्यायमें हेत्वाभासके दोषसें रहित हेतु । अच्छा हेतु (साध्यमें रहनेहारा हेतु).

सद्भाव, (पु०) सतो भावः । सन् वा भावः । होनापन । विद्यमानता । साधुभाव । अच्छा भाव.

सद्भूत, (न०) असत्-सत् भूतम् । सत्+च्वि+भू+क्त । यथार्थ । ठीक । उसवाला (त्रि०).

सद्मन्, (न०) सीदति अस्मिन् । सद्+मनिन् । जिसमें बैठता वा दुःख उठाता है । गृह (घर) । और जल । पानी.

सद्याकृत, (त्रि०) सद्यः (तत्क्षणात्) कृतः । कृ+क्त । तत्क्षणकृत । उसीक्षणमें कियाहुआ । झट कियाहुआ.

सद्यःप्राणकर, (त्रि०) सद्यः प्राणं (बलं) आयुर्वृद्धिं च करोति। कृ+अच्। झट बल वा जीवनको कर्ता है। ताजा मांस, नया अन्न, बाला स्त्री, दूधका भोजन, घी और गरम पानी, ये छ प्राणकर हैं.

सद्यःप्राणहर, (त्रि०) सद्यः प्राणं (आयुर्बलं) वा हरति। झट जीवन वा बलको दूर कर्ता है। सूका मांस, बूढी स्त्री, नया सूर्य, खट्टा दही, प्रातःकालका भोग और नींद, ये प्राणहर समझो.

सद्यःशौच, (न०) सद्यः शीघ्रं अपनेयं अशौचम्। जल्दी नाश होनेलायक अपवित्रता। जल्दी सफाहोना.

सद्योजात, (पु०) सद्यो जायते। जन्+कर्तरि क्त। वत्स। बछडा। शिवजीकी एक मूर्ति। शीघ्र उत्पन्नहुआ (त्रि०).

सद्वृत्त, (न०) वृत्+क्त। कर्म०। अच्छे स्वभाववाला। अच्छी जीविकावाला। ६ ब०। अच्छे चरित्र (चाल-चलन) वाला (त्रि०).

सद्वृत्ति, (स्त्री०) कर्म०। उत्तम चरित्र। उत्तम व्याख्यान-वाला ग्रन्थ। "सती वृत्तिः यस्य" अच्छी जीविकावाला (त्रि०).

सधर्मन्, (त्रि०) समानः धर्मः अस्य+अनिच्। "समान" को "स" एक जैसे धर्मवाला। सदृश। बराबर। स्त्रियां वा टाप्.

सधर्मचारिणी, (स्त्री०) सह धर्मं चरति। चर्+णिनि। साथ होकर धर्मका आचरण करनेहारी। भार्या (स्त्री-जोरू).

सधर्मिन्, (त्रि०) समानं धर्मं चरति। एक जैसा धर्म करनेहारा। स्त्रीलिङ्गमें "ङीप्" होनेसे पत्नी-(स्त्री) के अर्थमें भी है.

सधवा, (स्त्री०) सह धवेन। वह स्त्री कि जिसका पति जीता है.

सध्र्यंच्, (त्रि०) सह अञ्चति। अञ्च्+क्विप्। "सह" को "सध्रिः" होता है। सहचर। साथ विचरनेहारा.

सनक, (पु०) सन्+वुन्। एक मुनि। "सनकश्च सनन्द-नश्चेति" तर्पणमन्त्रः.

सनत्, (पु०) सन्+अति। चतुर्मुख ब्रह्मा। "सदा" (अव्य०).

सनन्द, (पु०) सह नन्देन। नन्दके साथ। एक मुनि। आनन्दवाला (त्रि०).

सनत्कुमार, (पु०) ६ त०। ब्रह्माका पुत्र। एक मुनि.

सनसूत्र, (न०) सनस्य सूत्रं अस्ति अस्य+अच्। पृ०। मच्छी पकडनेके लिये सनके सूतका बनाहुआ जाल.

सना, (अव्य०) सदा-नि०। "द" को "न" होता है। हमेशा.

सनातन, (त्रि०) सदा+ख्युल्-तुट्च। नि०। सदा होने-वाला। और निश्चल (न हिलनेहारा)। "स्त्रियां ङीप्" सरस्वतीके अर्थमें भी है। लक्ष्मी। शिव। ब्रह्मा। स्वर्गका मनुष्य (पु०).

सनाभि, (पु०) समानः नाभिः यस्य। ज्ञाति। जात-भाई। एक देहमें उत्पन्न होनेसे समान नाभिपन है। मध्य (बीच) वाला। और स्नेहयुक्त। पियारवाला। (त्रि०).

सनामक, (पु०) सना (सदा) अमयति। अम्+ण्वुल्। सदा रोगी कर्ता है। शोभाञ्जन (सुहांजने) का वृक्ष (इसके पत्ते आदि खानेसे रोग उपजता है)। "सह नाम्ना कप्" नामवाला (त्रि०).

सनिष्ठी-व, (न०) सह निष्ठी(ष्ठे)वेन। मुखसे गिरेहुए जलकणके साथ। मूकके साथ.

सनीड, (त्रि०) समानं नीडं, सह नीडेन वा। पास रहने-हारा। नीडवाला। विडवाला.

सन्तत, (पु०) सम्+तन्+क्त। सतत। निरन्तर। लगातार। निरन्तर (सदा) वाला। और विस्तीर्ण (फैलाहुआ) (त्रि०).

सन्तति, (स्त्री०) सन्तन्यते (फैलाया जाता है)। सम्+तन्+क्तिच्। गोत्र। नाम। पुत्र। कन्या (लडकी)। "भावे क्तिन्" विस्तार (फैलाव)। पङ्क्ति (कतार)। अविच्छिन्नधारा। न रुकनेहारी धार.

सन्तप्त, (त्रि०) सन्+तप्+क्त। मार्गके चलनेसे थका-हुआ। आगसे शुद्धहुआ। अग्निमें तपाहुआ.

सन्तमस, (न०) सन्ततं तमः+अच् समा०। गाढ (ब-हुतही) अंधेरा। और मोह.

सन्तान, (पु०) सम्+तन्+घञ्। वंश। अपत्य। खान्दान। औलाद। विस्तार। कल्पवृक्ष.

सन्तानिका, (स्त्री०) सम्+तन्+ण्वुल्-टाप्-अत इत्वम्। क्षीरसर। दूधका लच्छा। मलाई। खोआ। फेन। झाग। छुरीका फल्टा.

सन्ताप, (पु०) सम्यक् तापः। प्रा०। वह्नि (आग)-से उपजा ताप (गर्मी).

सन्तापन, (पु०) सन्तापयति। सन्+तप्+णिच्-ल्यु। कामदेवके पांचशरों (तीरों) मेंसे एक। सन्ताप करने-हारा (त्रि०).

सन्तोष, (पु०) सम्+तुष्+घञ्। धैर्य। हौंसला। खुशी। सबर। स्वास्थ्य (आराम-तन्दुरुस्ती)। "सन्तोषमूलं हि सुखं" मनुः.

सन्दंश, (पु०) सम्+दंश्+अच्। एकप्रकारका यन्त्र (सांडासी)। "ण्वुल्" "सन्दंशिका" यही अर्थ.

सन्दंशपतित, (पु०) सन्दंशे (तन्मध्ये) पतित इव । मानों सांडासीके वीच गिरगया है । मीमांसामें एक प्रकारका न्याय.

सन्दर्भ, (पु०) सम्+दृभ्+घञ् । रचना । ग्रन्थन (गुथना) । प्रवन्ध । एक प्रकारका कथन (गूढार्थ-छिपेहुए अर्थका प्रकाश सारवचन, श्रेष्ठता-अच्छापन, कई अर्थवाला होना, और वेद्यता-अर्थका समझमें आनाये सब गुण सन्दर्भमें है).

सन्दान, (न०) सन्+दो+ल्युट् । वन्धन (बांधना) । दाम (रस्सी) । और सम्यक् खण्डन (अच्छीतरह तोडना) । दा+ल्युट् । सम्यक् दान (अच्छा देना) (न०) हाथीके घुटनोंका निचला भाग (पु०).

सन्दानिनी, (स्त्री०) सन्दानं (वन्धनं) गवां अत्र+इनि ङीप् । जहां गौएं वांधी जाती हैं । गोगृह । गौओंका घर । गोशाला.

सन्दाव, (पु०) सम्+द्रु+घञ् । पलायन । भागना.

सन्दाह, (पु०) सम्+दह्+घञ् । मुखआदिका सूकना । सम्यग् दाह । पूरीजलन.

सन्दिग्ध, (त्रि०) सम्+दिह्+कर्तरि क्त । सन्देह (शक)-वाला । " कर्मणि क्त " सन्देहविषय । शकका स्थान.

सन्दित, (त्रि०) सम्+दो+क्त । बद्ध (वंधाहुआ).

सन्दिष्ट, (न०) सम्+दिश्+भावे क्त । वाचिकार्थकथन । कहेहुए अर्थको कहना । सन्देश । वार्ता (वात) । " कर्मणि क्त " उपदिष्ट (उपदेशकियाहुआ) (त्रि०).

सन्दिहान, (त्रि०) सम्+दिह्+शानच् । सन्देहवाला.

सन्दी, (स्त्री०) सम्+दो+ड-ङीष् । खट्वा । खाट । मंजा.

सन्देशहर, (पु०) सन्देशं हरति (अभीष्टस्थानं कथनाय नयति) हृ+अच् । सन्देस (सुनिआं-खवर) को चाहेहुए स्थानपर कहनेके लिये लेजाता है । " ण्वुल् " " संदेशहारक ".

सन्देह, (पु०) सम्+दिह+घञ् । " संशय " शब्दके अर्थमें है.

सन्दोह, (पु०) सम्+दुह्+घञ् । समूह । पूरा २ दोह (चोना).

सन्द्राव, (पु०) सम्+द्रु+घञ् । पलायन । भागना.

सन्धा, (स्त्री०) सम्+धा+अङ् । स्थिति (ठहरना) । प्रतिज्ञा (इकरार) । सान्धन (मेल) । सुरा (शराव) । निकलना । अनुसन्धान (ढूंढना).

सन्धान, (न०) सम्+धा+ल्युट् । सुरोत्पादनानुगुणव्यापारविशेष । शराब निकालना । अनुसंधान (तालाश) । मेल । (स्त्रियां ङीप्) । गौवांधनेकी शाला.

सन्धि, (पु०) सम्+धा+कि । राजाओंके छ गुणोंमेंसे मेलनके लिये मित्रता करनेका व्यापार । संयोग । जोड । भेंट देकर एक राजाका दूसरेके साथ मिलजाना । दो अस्थिओं (हड्डिओं) के जुडनेका स्थान । चोर-आदिसे कीगई सुरङ्गा (सुरंग-सन्ह) । नाटकका एक अङ्ग ("मुख" आदि संधिके पांच भेद हैं) । व्याकरणमें दो वर्णोंसे उत्पन्नहुआ वर्णविकार.

सन्धिचौर, (पु०) सन्धिना (कृतसुरङ्गया) चौरः । सुरंग लगाकर चोरीकरनेहारा । सन्हलगानेहारा.

सन्धित, (त्रि०) सन्ध्या जाता अस्य । तार० इतच् । कृतसन्ध । मिलाहुआ.

सन्धिनी, (स्त्री०) सन्धा (वृषभसंयोगः तज्जगर्भोऽस्ति) अस्याः । वैलके संयोगसे गर्भको धारण करनेहारी गौ.

सन्धिपूजा, (स्त्री०) संधौ (अष्टम्याः शेषे) नवम्याश्च (आद्ये दण्डे) पूजा । आश्विन (अस्सू) के शुक्लपक्षकी अष्टमी और नवमीके मेलका समय "सन्धि" है उस समयकी पूजा.

सन्धिवन्ध, (पु०) सन्धिं वध्नाति (संयुनक्ति) सम्+वन्ध्+अच् । जोडको जोडता है । भूमिचम्पक (पृथिवीका चम्बा- चमेलीका फूल) इसके सेवन करनेसे टूटीहूई सन्धिभी मिलजाती है । यह वैद्यक (हकीमी) में प्रसिद्ध है.

सन्धिविग्रहाधिकारिन्, (पु०) सन्धिविग्रहेषु अधिकरोति । अधि+कृ+णिनि । राजाओंके संधि (मेल). और विग्रह (लडाई) का अधिकारी मन्त्री.

सन्धिवेला, (स्त्री०) सन्धियुक्ता वेला (समयः) । जुडाहुआ समय (वक्त) । दिन और रातके मिलनेका समय.

सन्धिहारक, (पु०) सन्धिना (सुरङ्गया) हरति परद्रव्यम् । हृ+ण्वुल् । सुरङ्गसे दूसरेके पदार्थको लेजाता है.

सन्धुक्षित, (त्रि०) सम्+धुक्ष्+क्त । उद्दीपित । भडकायागया । प्रकाशित.

सन्धेय, (त्रि०) सन्+धा+यत् । संयोज्य । संयोगके लायक । मेलनीय । मिलानेलायक.

सन्ध्या, (स्त्री०) सम्+ध्यै+अङ्-ड वा । एकरूप कालके उत्तरमें होनेहारा पररूप कालका अवकाश । दोनोंवक्त मिलेहुए । दिन और रातके बीचका समय । पहिली और पिछली चार घडियें छोडकर रात्रिका नाम "त्रियामा" तीन पहिरवाली है । वही दोनों संध्या है । युगका सन्धिकाल । संध्याके समय उपासना करनेलायक देवता । एक नदी । ब्रह्मा । एक स्त्री०.

सन्ध्यानटिन्, (पु०) सन्ध्यायां नटति । नट्+णिनि । संध्याके समय नाचता है । शिव । शंकर.

सन्ध्याभ्र, (न०) सन्ध्याकालिकं अभ्रं इव । मानो संध्या-समयका बादल है । सुवर्ण । गेरी । सांझका बादल.

सन्ध्याराग, (न०) सन्ध्यायां इव रागः अस्य । संध्याकी नाईं जिसका रङ्ग है । सिन्दूर । सँधूर.

सन्ध्याराम, (पु०) सन्ध्यायां रमते । रम्+घञ् । जो सन्ध्यानाम स्त्रीमें रमण कर्ता है । ब्रह्मा.

सन्न, (पु०) सीदति । सद्+क्त । पियालका वृक्ष । अवसन्न (निर्बल-कमजोर-घटाहुआ-दुखीहुआ) (त्रि०) । "स्वार्थे कन्" खर्व । वामन । वौंना.

सन्नत, (त्रि०) सम्+नम्+क्त । प्रणत (झुकाहुआ) । शब्द करनेहारा.

सन्नद्ध, (त्रि०) सम्+नह्+क्त । कृतसन्नाह । संजोह पहिरेहुए । तयारहुआ । बंधाहुआ । उत्पन्नहुआ.

सन्नय, (पु०) सम्+नी+अच् । समूह । बहुतसा.

सन्नहन, (न०) सम्+नह्+ल्युट् । वर्मग्रहण । संजोह पहिरना । उद्योग । हिम्मत । पूरा बंधन.

सन्नाह, (पु०) सन्नह्यते । सम्+नह्+घञ् । संजोया । वर्म । अच्छीतरह बांधाजाता है.

सन्निकर्ष, (पु०) सम्+नि+कृष्+घञ् । सान्निध्य । निकटता । पासहोना । "सद्वृत्तसन्निकर्षो हि क्षणार्धमपि शस्यते" पुराणम् । विषय और इन्द्रियका सम्बन्ध (व्यापार । न्यायमतमें ज्ञानलक्षण सामान्य लक्षण और योगजधर्मविशेष स्वरूप अलौकिक प्रत्यक्षका साधन एक उपाय.

सन्निकर्षण, (न०) सम्+नि+कृष्+ल्युट् । सन्निधान । निकट होना । नजदीक होना.

सन्निधान, (न०) सम्+नि+धा+ल्युट् । नैकट्य । सामीप्यहोना । पासहोना.

सन्निधि, (पु०) सम्+नि+धा+कि । सामीप्य । पासहोना । " कर्मणि कि " इन्द्रियका विषय । कर्म० । अच्छा खजाना.

सन्निपतित, (त्रि०) सम्+नि+पत्+क्त । मिलाहुआ । हाजिरहुआ । मरगया.

सन्निपात, (पु०) सम्+नि+पत्+घञ् । मेलन । मिलना । नीचे गिरना । इकट्ठे होजाना । उतरना । भिडना । समूह । एक प्रकारका ज्वर (बुखार-ताप) जिसमें शरीरके तीनों धातु (वात-पित्त-कफ) मिलकर बिगड जायँ-यह बडा कफादिधातुत्रयका विजातीय वैषम्यरूप त्रिदोषज विकार है । नाश । उपस्थिति (पहुंचना) । तालविशेष । एकप्रकारका रागमें समयका परिमाण (माप).

सन्निपातनुद्, (पु०) सन्निपातं (त्रिदोषजविकारं) नुदति । नुद्+क्विप् । जो तीन दोषोंसे उत्पन्नहुए विकारको दूर कर्ता है । नेपालनिम्ब । नेपालदेशका नीम (निम्ब).

सन्निबन्धन, (न०) सम्यक् निबन्धनम् । प्रा० । अच्छी तरह बांधना । पक्का बांधना । कई स्थानोंमें स्थित होरहे वाक्योंको एक स्थानपर संकलन (इकट्ठाकरना) । और तदुपयोगी (उस कामको पूरा करनेहारा) ग्रंथविशेष । ७ व० । अच्छी जीविकावाला (त्रि०).

सन्निभ, (त्रि०) सम्+नि+भा+क । सदृश । समान । एक जैसा.

सन्निवेश, (पु०) सम्+विश्+आधारे घञ् । पुरके बाहिरका देश । भावे घञ् । सम्यक्स्थिति । भलीभांति ठहरना । खवा । अखाडा.

सन्निहित, (त्रि०) सम्+नि+धा+क्त । निकटस्थ । पास ठहिराहुआ । नजदीक । "कर्मासन्निहितं नैवेति" मीमांसा । और भलीभांति स्थापित (रक्खागया) । "भावे क्त" नैकट्य (नजदीकहोना) (न०).

सन्निहितापाय, (त्रि०) सन्निहितः अपायः नाशः यस्मिन् । निकट नाशवाला । जिसका नाश तयारही है । क्षणभङ्गुर । विनश्वर । असार.

सन्न्यस्त, (त्रि०) सम्+नि+अस्+क्त । निक्षिप्त । अच्छा रक्खागया । डालागया । अच्छीतरह त्यागागया । जुडाहुआ । अर्पित (दियागया).

सन्न्यास, (पु०) सम्+नि+अस्+घञ् । " काम्यानां कर्मणां न्यासं सन्न्यासं कवयो विदुः" इति भगवान्की अचल भक्तिरूप फलको छोड केवल सांसारिक विषयोंकी कामनासे कियेगये कर्मोंका त्यागदेनाही सन्न्यास है अर्थात् काम्यकर्मपरित्याग ही संन्यासका लक्ष्यार्थ है । वेदसे विधान कियेहुए कर्मोंका विधान (रीति). हीसे भलीभांति त्याग करना । उसके योग्य चौथा आश्रम । चेत (चैत्र) में करनेलायक पुराणमें प्रसिद्ध शिवाजीमहाराजका व्रतविशेष.

सन्न्यासिन्, (पु०) सम्+नि+अस्+णिनि । सन्न्यासवाला । चौथे आश्रमवाला । चैत्रमें कर्तव्य शिवव्रतकर्ता.

सपक्ष, (पु०) समानः पक्षः । जहां साध्य और साधन दोनों रहजायँ, जैसे आग और धूएंका एकही आश्रय पहाड है । परवाला । अपनीओरके लोगोंवाला । सम्बन्धी (त्रि०).

सपत्राकरण, (न०) सह पत्रेण (पक्षेण) सपत्रः तथा क्रियते । सपत्र+डाच्+कृ+ल्युट् । परसमेत शर(तीर) के लगनेकी बडी पीडा । "कर्मणि क्त" सपत्राकृतः । उस प्रकार पीडा पहुंचायागया (त्रि०).

सपत्न, (पु०) सह एकार्थे पतति (पतते) पत्+न "सह" को "स"। एकही अर्थमें साथ यत्न कर्ता है। एकके लाभमें अपना लाभ करना चाहता है। शत्रु-दुश्मन.

सपत्नी, (स्त्री०) समानः पतिः यस्याः "ङीप्" और "न" होता है। समान (उसी) पतिवाली। एक भर्तावाली स्त्री (जिसकी दूसरी विरोधिनी-सौतिनभी है)। सौतिन-दूसरी औरत। एकही स्वामीवाली भूमि-आदि (इस अर्थमें "सपति" भी होता है).

सपदि, (अव्य०) सह पद्यते। पद्+इन् "सह" को "स"। साथही पडता है। तत्क्षण। उसी समय। झट.

सपर, पूजा करना (इज्जत करना)-कण्ड्वादि० पर० सक० सेट्। सपर्यति। असपर्यात्.

सपर्या, (स्त्री०) सपर्+यक्+अ-टाप्। पूजा। आदर। "सोहं सपर्याविधिभाजनेन" इति रघुः.

सपाद, (स्त्री०) सह पादेन (चरणेन-चतुर्थांशेन वा)। पाद (पाँव) सहित पांववाला चतुर्थांश (चौथेहिस्से) वाला.

सपिण्ड, (त्रि०) समानः पिण्डः (स्वदेहारम्भकदेहः) यस्य। एकही देहसे आरम्भ होनेयोग्य देहवाला. ज्ञाति-विशेष। बरादरी। रिश्तहदार। जातियें साक्षात्-परम्परा-अतिपरम्परासे एकही देहारभ्य (शरीरसे उत्पन्न होने-लायक) हैं इसीलिये "सपिण्डत्व" है। एकसम्बन्धी जिसका पितरोंको प्रेतपिण्ड देनेमें किसी न किसी प्रकारसे सम्बन्ध रहे। दाय (विरसा) लेनेका अधिकारी.

सपिण्डीकरण, (न०) सह पिण्डेन-ततः अभूततद्भावे च्वि+कृ+ल्युट्। पिण्डके साथ कियागया। मिलायागया। प्रेतपन छुडानेके लिये प्रेतके उद्देशसे करनेलायक पिता-आदिके पिण्डोंका समन्वय। एकही स्थानमें मिलनेहारा श्राद्धविशेष.

सपिण्डीकृत, (त्रि०) सह पिण्डः (पित्रादिपिण्डः) सपिण्डः ततः च्वि+कृ+कर्मणि क्तः। जिसके लिये "स-पिण्डीकरण" श्राद्ध किया है वह मृतक (मराहुआ) जन (कोई हो)। "ये सपिण्डीकृताः प्रेताः" इति स्मृतिः.

सपीति, (स्त्री०) पा+क्तिन्। पीतिः (पानं)। सह एकत्र पीतिः। ज्ञाति (जात-बरादरी) के साथ मिलकर भोजन (खाना).

सप्तक, (न०) सप्तानां अवयवः-कन्। सातकी संख्या (गिन्ती)। "सप्त प्रमाणं अस्य-कन्"। सातकी संख्या-वाला (त्रि०).

सप्तकी, (स्त्री०) सप्तभिः (स्वरैः) इव कायति (शब्दा-यते) कै+क। सात सुरोंके समान शब्द कर्ती है। मेखला। तडागी.

सप्तचत्वारिंशत्, (स्त्री०) सप्ताधिका चत्वारिंशत्। शाक०। सात ऊपर चालीस। संताली। उस संख्यावाला (त्रि०).

सप्तच्छद, (पु०) सप्त सप्त छदाः (प्रतिपत्रं) यस्य। जि-सके हरएक पत्तेके साथ सात २ पत्ते हों। सतौनेका द्रख्त.

सप्तजिह्व, (पु०) सप्त जिह्वा इव (आस्वादसाधनानि) अर्चिषो यस्य। जिसकी सातलाटें जिह्वाओंके समान हैं। वह्नि। आग.

सप्तज्वाल, (पु०) सप्त "काली" इत्यादयः ज्वाला यस्य। "काली" "कराली" प्रभृति जिसकी सात लाटें हैं। अग्नि। आग.

सप्ततन्तु, (पु०) सप्तभिः "भूः" आदिभिः (महाव्या-हृतिभिः) तन्यते। तन्+तुन्। "भू" आदि सात महाव्याहृतिओंसे जिसका विस्तार कियाजाता है। यज्ञ। याग.

सप्तति, (स्त्री०) सप्तगुणिता दशतिः नि०। सत्तरकी संख्या। उस संख्यावाला.

सप्ततितम, (त्रि०) सप्ततेः पूरणः+तमप्। जिससे "सत्तर"-की संख्या भरजाती है। सत्तरवा.

सप्तदश, (त्रि०) सप्तदशानां पूरणः+डट्। सतारवां। जिससे सतारवी संख्या पूरी होती है.

सप्तद्वीपा, (स्त्री०) सप्त (जम्बूप्रभृतयः) द्वीपा यस्याः। "जम्बू" आदि सात द्वीप (जजीरे) वाली पृथिवी.

सप्तधा, (अव्य०) सप्तन्+प्रकारे धाच्। सात प्रकार। सात तरहसे.

सप्तधातु, (पु० ब० व०) सप्तगुणिता धातवः। रस, अस्र, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र (वीर्य) रूप शरीरकी सात धातुएं.

सप्तन्, (पु० त्रि०) सप्+तनिन्। सात। सातसंख्यावाला.

सप्तपदी, (स्त्री०) सप्तानां पदानां समाहारः। ङीप। विवाहके समयकी सात फेरियें। सात पाँव। सात शब्द.

सप्तपर्ण, (पु०) सप्त सप्त पर्णानि अस्य। जिसके प्रति पत्तेके साथ सात २ पत्ते हों। सतौनेका वृक्ष। छातिम.

सप्तपाताल, (न०) समाहारद्विगुः। पात्रादि। "अतल"-आदि पृथिवीके नीचे सात लोक.

सप्तप्रकृति, (स्त्री० ब० व०) सप्त संख्याताः प्रकृतयः। सांख्यमें प्रसिद्ध "महत्तत्त्व" आदि सात प्रकृतियें। सोलह पदार्थोंका हेतु होनेसे "प्रकृतिपन" और प्रकृतिका कार्य होनेसे इन्हें (सात प्रकृतिओंको) "विकृतिपन" भी है। "स्वामी" आदि राजाके सात अंग। सात स्वभाव.

सप्तम, (त्रि०) सप्तानां पूरणः+मट् । जिस्से सातकी संख्या पूर्ण होती है । सातवां । "स्त्रियां ङीप्" । सप्तमी तिथि । सातवीं तारीख.

सप्तर्षि, (पु० ब० व०) सप्त ऋषयः । कर्म० । मरीचि, अत्रि, पुलह, पुलस्त्य, क्रतु, अंगिरा और वसिष्ठ । सात ऋषि.

सप्तर्षिमण्डल, (त्रि०) ६ त० । सात ऋषिओंका मण्डल । आकाशमें नित्य ध्रुव नक्षत्रके घुमानेहारा सात तारोंके स्वरूपका एक प्रकारका नक्षत्रमण्डल "सप्तर्षिमण्डलं तस्माद्दृश्यते सर्वतोपरि" पुराणम्.

सप्तशती, (स्त्री०) सप्तानां शतानां समाहारः । सातसौ । मार्कण्डेयपुराणके अंदर सातसौ मन्त्रोंके स्वरूपमें देवीके माहात्म्य (वडाई) को जतलानेहारा ग्रन्थ.

सप्तशलाका, (पु०) सप्त शलाकाकाराः (रेखाः) यत्र । एक प्रकारका चक्र, जिसमें शलाकाके स्वरूपमें सात रेखा होतीं हैं (इस्से विवाहमें त्यागदेने योग्य दोष सूचित होते हैं).

सप्तशिरा, (स्त्री०) सप्त शिरा अस्याः । जिसकी सात नाडियें हों । ताम्बूलवल्ली । पानकी वेल.

सप्तसप्ति, (पु०) सप्त सप्तयः (अश्वाः) यस्य । सात घोडोंवाला । सूर्य । और आकका वृक्ष । "सप्ताश्व" आदि भी.

सप्तसागर, (पु० ब० वं०) सप्त संख्याताः सागराः । सात समुद्र । एकप्रकारका महादान (जिसमें घीआदिके सात समुद्र कल्पना किये जाते हैं).

सप्तांशु, (पु०) सप्त अंशवः (ज्वालाः) यस्य । सात लाटवाली आग (वह्नि).

सप्ताश्ववाहन, (पु०) सप्त अश्वाः वाहनानि अस्य । सात घोडे जिसकी सवारी हैं । सूर्य । आकका द्रख्त.

सप्ति, (पु०) सप्+ति । अश्व । घोडा.

सफर, (पु०) सप्+अरन् । पृ० "प" को "फ" । एक प्रकारकी मच्छी (पुंटी) । "सफरी" भी होता है.

सफल, (त्रि०) सह फलेन । "सह" को "स" होता है । अन्वयर्थ फलवाला.

सबल, (त्रि०) सह बलेन (सामर्थ्येन-सैन्येन) वा । सामर्थ्यवाला (ताक़तवाला) । सेनासहित.

सब्रह्मचारिन्, (पु०) समानं ब्रह्म (वेदग्रहणकालिकं व्रतं) चरति । चर्+णिनि । एक गुरुके पास वेद पढनेके समय उस (वेद) के लिये एक जैसे व्रतको करनेहारा । गुरुभाई । एकजमाती.

सभर्तृका, (स्त्री०) सह भर्त्रा (पत्या) । वह स्त्री कि जिसका पति जीता है । सुहागन.

सभा, (स्त्री०) सह भान्ति (अभीष्टनिश्चयार्थं एकत्र गृहे) यत्र । जहां किसी चाहीगई वातके निर्णय करनेके लिये इकट्ठे चमकते हैं । बहुतोंके बैठनेका स्थान । परिषत् । मजलिस.

सभाज्, सेवाकरना-और देखना । सक० । प्रसन्नहोना । अक० चु० उ० सेट् । सभाजयति-ते । अससभाजत्-त.

सभाजन, (न०) सभाज्+ल्युट् । आने वा जानेके समय कुशल आनन्दका सम्भाषण (वातचीत) । और पूजा करना.

सभापति-नायक, (पु०) सभायाः पतिः । सभाका स्वामी । प्रधान । प्रैजिडण्ट.

सभासद्, (पु०) सभायां सीदति+क्विप् । सभामें बैठता है । सामाजिक । सभ्य । मैम्बर.

सभास्तार, (पु०) सभां स्तृणाति । स्तृ+अण् । सभाको ढांकता है । सभ्य । सामाजिक । समाजी । मैम्बर.

सभिक, (पु०) सभा (द्यूतसभा) अस्ति अस्य+ठन् । जूएकी सभावाला । द्यूतकारक । जुवारिआ । "सभीक"-भी होताहै.

सभ्य, (पु०) सभायां साधुः+यत् । सभामें भला है । सामाजिक । मैम्बर । और द्यूतकार (जुवारिया) । विश्वासी (त्रि०).

सन्, (अव्य०) सम्यक् । भलीभांति । प्रकर्ष (वहुत) । मिलना.

सम, (त्रि०) सम्+अच् । समान । तुल्य (वरावर) । सर्व (सारा) । और साधु (भला) । युग्म (जोडा) । दूसरी चौथी और छटी राशियें । गाने और बजानेमें एकही समय गायक (गवैये) के हाथ आदिका हिलानारूप ताल (न०).

समक्ष, (अव्य०) अक्ष्णः समीपं । अव्ययी० अच् । चक्षुःसन्निकर्ष । आँखके नजदीक (पास) । सामने (त्रि०).

समग्र, (त्रि०) समं (सकलं) यथा स्यात्तथा गृह्यते । ग्रह्+ड । सकल । सारा । पूरा २ । कुल.

समङ्गा, (स्त्री०) समज्यते अनया । सम्+अञ्ज्+घञ् । मञ्जिष्ठा । मजीठ.

समचित्त, (त्रि०) समं (सर्वत्र समभावं) चित्तं यस्य । सब स्थानमें एकही प्रकारका देखनेहारा । तत्त्वज्ञानी.

समज, (न०) समजन्ति अत्र । सम्+अज्+अप्+ "वि" नहिं होता । वन (जंगल) । समूह । पशुओंका समूह । मूर्खोंका समूह.

समज्ञा, (स्त्री०) समस्मिन् (सर्वत्र) ज्ञायते अनया । जिसके द्वारा सब जगह जाना जाता है । कीर्ति । यश । वडाई.

समज्या, (स्त्री०) सम्+अज्+क्यप्-न वीभावः । सभा । और कीर्ति.

समञ्जस, (त्रि०) सम्यक् अञ्ज औचित्यं यत्र । उचित । मुनासिब । और युक्त (ठीक २) । उचितपन (न०).

समदर्शिन्, (त्रि०) समस्मिन् (सर्वत्र) ब्रह्मभावेन अभिन्नतया पश्यति । दृश्+णिनि । सब स्थानमें ब्रह्मस्वरूपसे एकही देखता है । सब जगह समान देखनेहारा । तत्त्वज्ञानी । "पण्डिताः समदर्शिनः" इति गीता.

समदृष्टि, (स्त्री०) कर्म० । सर्वत्र तुल्यदर्शन । सब स्थानमें एक जैसा देखना । ६ ब० । समदर्शी (त्रि०).

समधिक, (त्रि०) सम्यक् अधिकः । प्रा० । बहुत जियादा । अत्यन्ताधिक.

समन्त, (पु०) सम्यक् अन्तः स यत्र वा । अच्छा अन्त । सीमा (हद्द).

समन्ततस्, (अव्य०) समन्त+तसिल् । सब जगह फैलाहुआ । चारोंओरसे.

समन्तपञ्चक, (न०) समन्तात् पञ्चकं (नदपञ्चकं) यत्र । जहां चारोंओर पाँच दर्या हों । एक तीर्थ.

समन्तभद्र, (पु०) समन्तात् भद्रं अस्य । जिसको चारों ओरसे कल्याण हो । बुद्धदेव । बुद्धावतार.

समन्तभुज्, (पु०) समन्तात् भुंक्ते । भुज्+क्विप् । चारोंओरसे खाता है । वह्नि । आग.

समन्तात्, (अव्य०) समन्त+आति । चारोंओर.

समन्वित, (त्रि०) सम्+अनु+इण्+क्त । संगत । मिलाहुआ । युक्त.

समपद, (न०) समं पदं यस्मिन् । धनुष् पकडनेवालोंका एक प्रकारसे खडाहोना । जिसमें पाँवको एक जैसा रक्खा जाता है । अवस्थानविशेष.

समभिव्याहार, (पु०) सम्+अभि+वि+आ+हृ+घञ् । साहित्य । इकट्ठा वर्णन करना । साथ । अच्छीतरह कहना.

समभिव्याहृत, (त्रि०) सम्+अभि+वि+आ+हृ+क्त । सहित । मिलाहुआ.

समभिहार, (पु०) सम्+अभि+हृ+घञ् । पौनःपुन्य । वार वार.

समम्, (अव्य०) सम्+अमु । साहित्य । साथ । एकही वार.

समय, (पु०) सम्+अच् । काल (वक्त) । शपथ । कसम । सौं । आचार । सिद्धान्त । संकेत । अंगीकार.

समया, (अव्य०) सम्+इण्+अ । नैकट्य । पासपन । बीच.

समयाध्युषित, (पु०) समयः अध्युषितः यत्र । सूर्य और ताराओंसे रहित समय (वक्त).

समर, (पु० न०) सम्+ऋ+अप् । युद्ध । लडाई । जंग.

समरमूर्धन्, (पु०) ६ त० । समरके आगे । लडाईके मैदानमें.

समर्चन, (न०) सम्यक् अर्चनम् । अच्छी तरह आदर करना.

समर्ण, (त्रि०) सम्+अर्द+क्त । भलीभांति पीडा पहुंचायागया.

समर्थ, (त्रि०) सम्+अर्थ्+अच् । शक्त (ताकतवाला) । और हितकारी.

समर्थन, (न०) सम्+अर्थ्+ल्युट् (अन) । एकबात जैसी हो उसे युक्तिआदिसे वैसाही साबित करना । फैसला.

समर्धक, (त्रि०) समर्धयति । सम्+ऋध्+णिच्+ण्वुल् । चाहेहुए फलको देनेहारा । देवता आदि.

समर्याद, (त्रि०) सह मर्यादया । नियमके साथ । निकट (पास) । (पु०) अच्छे चालचलनवाला । सीमा । हद्द (त्रि०).

समल, (न०) सम्यक् मलं । बहुत मैल । विष्ठा (गूंह) । मैला और काला.

समवकार, (पु०) सम्+अव+कृ+घञ् । एक प्रकारका नाटक.

समवतार, (पु०) समवतीर्यते अनेन । सम्+व+तॄ+घञ् । जलावतरणसोपान । पानीमें उतरनेकी सीढी वा पौडी.

समवर्तिन्, (पु०) समं वर्तते । वृत्+णिनि । बराबर वर्तता है । यमराज.

समवाय, (पु०) सम्+अव्+इण्+अच् । समूह । मेल । न्यायमें नित्यद्रव्य आदिमें जाति आदिका सम्बन्धविशेष.

समवायसंबन्ध, (पु०) समवायः संबन्धः नित्यसम्बन्ध । कभी न भिन्नहोनेवाला (टुटनेवाला) संबन्ध । मिलाप । जैसे तंतु और वस्त्रका संबन्ध नित्य है.

समवेत, (त्रि०) सम्+अव+इण्+क्त । मिलाहुआ । समूहसे युक्त । न्यायमें समवायसम्बन्धसे ठहिराहुआ.

समष्टि, (स्त्री०) सम्+अश्+क्तिन् । सम्यग् व्याप्ति । अच्छीतरह फैलना । समस्तता । सारापन । कुल.

समसन, (न०) सम्+अस्+ल्युट् । समास । संक्षेप मिलना.

समस्त, (त्रि०) सम्+अस्+क्त । संक्षिप्त (थोडा कियाहुआ) । सकल । सारा । व्याकरणमें कृत समास (मिलायाहुआ अर्थात् बहुतसे शब्दोंका एकशब्द कियाहुआ).

समस्थ, (त्रि०) समं तिष्ठति । स्था+क । बराबर रहता है । समभावसे तुल्यरूप होकर स्थितहुआ.

समस्थली, (स्त्री०) कर्म० गङ्गा और यमुनाके मध्यमें वेदीका प्रदेश । दुआबा.

समस्या, (स्त्री०) समस्यते (संक्षिप्यते) अनया । सम्+अस्+क्यप् । एक चरण सुनकर बाकी श्लोक पूराकरना (जो पूरा नहीं).

समा, (स्त्री०) समयति (विकल्पयति) भावान् । सम्+अच्+टाप् । जो भावों (पदार्थोंको) विकल कर्ता है । वत्सर (वरिस) । (अमरने बहुवचन और पाणिनी मुनिने इस शब्दको एकवचनान्त कहा).

समाकर्षिन्, (पु०) सत्+आ+णिनि । बहुत दूर जानेहारा गन्ध । अच्छीतरह खेंचनेहारा (त्रि०).

समाख्या, (स्त्री०) समाख्यायते अनया । सम्+आ+ख्या+अङ् । जिसके द्वारा प्रसिद्ध होता है । कीर्ति । यश । नाम । संज्ञा.

समाघात, (पु०) समाहन्यते अत्र । सम्+आ+हन्+घञ् । जहां अच्छीतरह चोट कियाजाता है । युद्ध । जंग.

समाज, (पु०) सम्+अज्+घञ् । "वि" नहिं होती । पशुओंसे भिन्न समूह । सभा । हाथी.

समाधा, (स्त्री०) सम्+आ+धा+अङ् । निष्पत्ति । सिद्धि । विवादभञ्जन । झगडा मिटाना । प्रश्नका उत्तर । "समाधान" भी इसी अर्थमें होता है (न०) चित्तका एकओर लगाना । ध्येय (ब्रह्म) में मनका जोडना.

समाधि, (पु०) सम्+आ+धा+कि । समाधी । ध्येय वस्तुमें एकाग्र होकर मनका टिकाना रूप ध्यानविशेष । काव्यका एकगुण । मन लगाना । मढी.

समाधिस्थ, (त्रि०) समाधौ तिष्ठति-स्था+क+अ । समाधिमें स्थित । समाधिमें ठहरा हुआ । समाधिमें लगा हुआ । समाहित.

समाध्मात, (त्रि०) सम्+आ+ध्मा+क्त । पूरा अभिमानीहुआ । अच्छीतरह आवाज कियाहुआ । अच्छी तरह फूकागया.

समान, (त्रि०) समं आनयति । अन्+अण् । तुल्य । बराबर.

समानोदक, (पु०) समानं (एकं) तर्पणादौ देयं उदकं यस्य । तर्पण आदिमें एकही जल जिसे दियाजाय । "चौदवीं पीढीतक समानोदकभाव समाप्त हो जाता है" ग्यारवेंसे १४ वें पुरुषतक ज्ञातिविशेष (बरादरी).

समानोदर्य, (पु०) समाने उदरे भवः+यत् । एक पेटके भाईआदि । भगिनी (बहिन) (स्त्री०).

समाप, (पु०) सम्यक् आपो यत्र । अच् समा० नि० । जहां अच्छा जल होता है । देवताके पूजाकी जगह.

समापन, (न०) सम्+अप्+ल्युट् । समाप्ति । बाकी.

समापन्न, (त्रि०) सम्+आ+पद्+क्त । समाप्त (खतम हुआ) । प्राप्त (पायाहुआ) । क्लिष्ट (तक्लीफमें हुआ) । समाप्ति (न०).

समाप्त, (त्रि०) सम्+आप्+क्त । अवसानप्राप्त । खतम हुआ । सम्यक् प्राप्त । भलीभांति पहुंचा.

समायोग, (पु०) सम्+आ+युज्+घञ् । संयोगसमवाय आदि सम्बन्ध । मेल । मिलाप.

समालम्ब, (पु०) सम्+आ+लभ्+घञ्-मुम्च । केसर (कुङ्कुम) आदिसे शरीरपर लेप करना.

समालम्बिन्, (पु०) समालम्बते (लटकता है) । सम्+आ+वि+णिनि । भूचम्पक । लटकनेहारा । (त्रि०).

समावर्तन, (न०) समावर्तते गुरुकुलात् अनेन । वेद पढनेके अनन्तर गृहस्थी होनेके लिये गुरुकुलसे आनेका संस्कारविशेष.

समाविष्ट, (त्रि०) सम्+आ+विश्+क्त । युक्त । मिलाहुआ । मनके अभिनिवेश (हठ) वाला । चाहेगये करनेलायक काममें चित्तकी एकाग्रतावाला । लगाहुआ.

समावेश, (पु०) सम्+आ+विश्+घञ् । बहुतसे अर्थोंको एकवचनमें लाना । करनेलायक अभिनिवेश (हठ).

समास, (पु०) सम्+अस्+घञ् । संक्षेप (खुलासा) । समर्थन (साबित करना) । समाहार (इकट्ठाकरना) । व्याकरणमें दो आदि पदोंको एकपद बनानेहारा संस्कारविशेष.

समासक्त, (त्रि०) सम्+आ+सञ्ज्+क्त । संयुक्त । मिलाहुआ । अत्यन्तासक्त । बहुतलगाहुआ (फंसाहुआ) और अभिनिविष्ट । खूब जुडाहुआ.

समासङ्ग, (पु०) सम्+सञ्ज्+घञ् । संयोग । मेल । पूरा । अभिनिवेश.

समासादित, (त्रि०) सम्+आ+सद्+णिच्+क्त । पाया । हासिल किया । पास ठहिराहुआ.

समासार्था, (स्त्री०) संक्षेपेण अर्थः अभिहितः यस्याः । जिसका अर्थ थोडेमें कहागया । समस्या.

समासोक्ति, (स्त्री०) समासेन उक्तिः । संक्षेपसे एकही अर्थमें दूसरे भावका संकेत कर डालना । एक प्रकारका अलंकार.

समाहित, (त्रि०) सम्+आ+धा+क्त । धृतसमाधि । समाधि लगायेहुए । आहित । रक्खागया । प्रतिज्ञात । इकरार कियाहुआ । निष्पन्न । पूराहुआ । शुद्ध । साफ.

समाहृत, (त्रि०) सम्+आ+हृ+क्त । संगृहीत । इकट्ठा कियागया.

समाहृति, (स्त्री०) सम्+आ+हृ+क्तिन् । संक्षेप । संग्रह.

समाह्वय, (पु०) समाहूयते । सम्+आ+ह्वे+अच् । युद्ध । जंग । आव्हान । बुलाना । एक प्रकारका जूआ । बटेरे आदि प्राणिओंका जूआ.

समित्, (स्त्री०) समीयते अत्र । सम्+इण्+क्विप् । युद्ध । लडाई.

समिता, (स्त्री०) सम+इण्+क्त । गोधूम चूर्ण (आटा) । मिलाहुआ । (त्रि०).

समिति, (स्त्री०) सम्+इण्+क्तन् । समर । युद्ध । जंग.

समिध्, (स्त्री०) समिन्धतेऽनया । सम्+इन्ध्+क्विप् । काष्ठ । लकडी । होमके लिये काष्ठविशेष । पलाशादि.

समिध, (पु०) समिध्यते । स+इन्ध्+क । काष्ठ । लकडी । और वन्हि । आग.

समिन्धन, (न०) सम्+इन्ध्+ल्युट् । काष्ठ । अच्छी तरह । चमकना.

समीक, (न०) सम्+ईकक् । युद्ध । जंग । लडाई.

समीकरण, (न०) असमः समः क्रियते अनेन । सम्+च्वि+कृ+ल्युट् (अन)। असम (जो वरावर नहिं) को सम (वरावर) करना । बीजगणितमें न जानीहुई संख्याओंको जाननेके लिये प्रक्रियाविशेष । तुल्यरूपपनको लाना.

समीक्ष, (न०) सम्यक् ईक्षतेऽनेन । जिस्से भलीभांति देखता है । सांख्यदर्शन । "भावे घञ्" । पर्यालोचन । चारोंओरसे सोचना । ठीक समझना । अ । "समीक्षा" । बुद्धि । मीमांसाशास्त्र । यत्न । स्त्री-टाप्.

समीक्ष्यकारिन्, (त्रि०) समीक्ष्य करोति । कृ+णिनि । उपर । वस्तुके स्वरूपको भलीभांति सोचकर काम करनेहारा.

समीचीन, (त्रि०) सम्यग् भवः । सम्+अञ्च्+क्विप् । यथार्थ । ठीक २ । साधु । और सत्य (हां) । सत्यवाला (त्रि०).

समीप, (त्रि०) संगता आपः यत्र । जहां पानी मिल जाता है । निकट । पास.

समीर, (पु०) सम्यक् ईरयति । सम्+ईर्+अच् । वायु (हवा) । पृ० "समीर".

समीरण, (पु०) सम्+ईर्+ल्यु (अन) । वायु (हवा) । पथिक (राही).

समीरिता, (स्त्री०) सम्+ईर्+क्त+टाप् । कथिता (कहीहुई) । उच्चारित.

समीहित, (त्रि०) सम्+ईह्+क्त । अभीष्ट । चाहागया । अभिलषित.

समुचित, (त्रि०) सम्+अच्+क्त । सम्यक् उपयुक्त । बहुत ठीक (योग्य).

समुच्चय, (पु०) सम्+उद्+चि+अच् । दो तीन राशियें । आपसमें अपेक्षा न रखनेहारे बहुतसे शब्दोंका एकक्रियाआदिमें अन्वय । यह "च" और "तथा" आदि शब्दोंसे प्रकट होता है.

समुच्चित, (त्रि०) सम्+उद्+चि+क्त । कृतसमुच्चय । इकट्ठा कियाहुआ.

समुच्चर, (पु०) सम्+उद्+चर्+अप्-घञ् वा । अच्छीतरह उच्चारणकरना । अच्छीतरह त्यागकरना.

समुच्छेद, (पु०) सम्+उद्+छिद्+घञ् । विनाश । अच्छीतरह काटना.

समुच्छ्र(च्छ्रा)य, (पु०) सम्+उद्+श्रि+अच्-घञ् वा । अत्युन्नति । बहुत ऊंचाहोना । विरोध (दुश्मनी) । ऊंचाई । उत्सेध.

समुच्छ्रित, (त्रि०) सम्+उद्+श्रि+क्त । अत्युन्नत । बहुत ऊंचाहुआ.

समुच्छलित, (पु०) सम्यक् उच्छलितं । सम्+उद्+श्वल्+क्त । चारों ओर फैलाहुआ । चारों ओर उछलाहुआ । समन्तात् विस्तीर्ण.

समुच्छ्वसित, (त्रि०) सम्+उद्+श्वस्+क्त । सम्यक् उच्छ्वासयुक्त । भलीभांति सांसवाला । प्रत्युज्जीवित । फिरजी उठा.

समुच्छ्वास, (पु०) सम्+उद्+श्वस्+घञ् । मुख और नासिकासे प्राणरूप वायु (हवा) का व्यापार (चलना) । सांस.

समुज्झित, (त्रि०) सम्+उज्झ+क्त । त्यक्त । छोडाहुआ.

समुत्क्रम, (पु०) सम्+उद्+क्रम्+घञ्-न वृद्धिः । ऊर्ध्वगमन । ऊपरजाना । भलीभांति ऊपर जाना.

समुत्क्रोश, (पु०) सम्यक् उत्क्रोशति-उच्चैः शब्दायते । सम्+उद्+क्रुश्+अच् । ऊंचे चिल्लाता है । कुररीविहग । कूंज नामी पक्षी । "भावे घञ्" ऊंचाशब्द.

समुत्थ, (त्रि०) सम्यगुत्तिष्ठति । सम्+उद्+स्था+क्त. "स" को "थ" । सम्यगुत्पन्न । अच्छी तरह उपजा । उठा.

समुत्थान, (न०) सम्+उद्+स्था+करणे ल्युट् "स" को "थ" । समुद्योग । पूरी हिम्मत उत्तोलन । उठाना.

समुत्पन्न, (त्रि०) सम्+उद्+पद्+क्त । समुद्भूत । पैदा हुआ । उपजा.

समुत्पाट, (पु०) सम्+उद्+पद्+घञ् । उन्मूलीकरण । जडसे उखाडना । अच्छीतरह पटना.

समुत्पिञ्ज, (त्रि०) सम्+उद्+पिञ्ज्+अच् । अत्याकुल । बहुत घबरायाहुआ । घबराई सेना (पु०).

समुत्सर्ग, (पु०) सम्यक् उत्सर्गः । सम्+उद्+सृज्+घञ् । सम्यक् त्याग । पूरा २ छोडना । त्यागदेना.

समुत्सारणम्, (न०) सम्+उत्+सृ+णिच्+अन । निष्कासन । निकाल देना । शिकार करना.

समुत्सुक, (त्रि०) सम्यक् उत्सुकः । प्रा० । अत्यन्तोत्सुक । बहुत शौकवाला । चाहीगई वस्तुको पानेकेलिये त्वरान्वित (जल्दी करनेवाला).

समुत्सृष्ट, (त्रि०) सम्+उद्+सृज्+क्त । सम्यक् त्यक्त । दिया गया । भलीभांति छोडदिया.

समुत्सेध, (पु०) सम्+उद्+सिध्+घञ् । बहुत ऊंचाई । बहुत बढना.

समुदय, (पु०) सम्+उद्+इण्+अच् । समूह । युद्ध (जंग) । बढना । और दिन । ज्योतिषमें लग्न (न०).

समुदीरण, (न०) सम्+उद्+ईर्+ल्युट् । अच्छीतरह कहना.

समुद्ग, (पु०) सम्+उद्+गम्+ड । सम्पुटक । सम्पुटके आकारमें संश्लेष करनेहारा पदार्थ । सन्दूक । पच्छी । "कः".

समुद्गम, (पु०) सम्+उद्+गम्+घञ् । ऊपर जाना । उत्पत्ति.

समुद्गीत, (त्रि०) सम्+उद्+गै+क्त । ऊंचे गायागया । उच्चैर्गीत.

समुद्गीर्ण, (त्रि०) सम्+उद्+गॄ+क्त । वमित । ऊपर छल कियाहुआ । उगलाहुआ । उठायाहुआ । और कहाहुआ.

समुद्दिष्ट, (त्रि०) सम्यक् उद्दिष्टं । उद्+दिश्+क्त । अच्छे-उद्देश (प्रयोजन) वाला पदार्थ । भलीभांति बतलायाहुआ.

समुद्धत, (त्रि०) सम्+उद्+हन्+क्त । अत्यन्त पगला । वहुत चतुर । अत्यन्ताविनीत । बहुत मूर्ख (जो नम्र वा शिक्षित नहिं) । अभिमानी.

समुद्धरण, (न०) सम्+उद्+हृ+ल्युट् । उत्तोलन । उठाना । खुएआदिसे जल निकालना (खेंचना) । खायेहुए अन्नका वमन (उगलना) और उखाडना । "कर्मणि ल्युट्" । वमन कियाहुआ अन्नआदि । और उखाडाहुआ.

समुद्भव, (पु०) सम्+उद्+भू+अप् । समुत्पत्ति । पैदाइश । उत्पन्नहोना.

समुद्भूत, (त्रि०) सम्+उद्+भू+क्त । समुत्पन्न । पैदाहुआ.

समुद्यत, (त्रि०) सम्+उद्+यम्+क्त । पूरे उद्यमवाला.

समुद्यम, (पु०) सम्+उद्+यम्+घञ् । पूरा प्रयत्न (कोशिश).

समुद्र, (पु०) सम्+उन्द्+र । गीलाकरना । सम्+उद्+राक वा । इस नामसे बहुतजलवाला पदार्थ । "सह मुद्रया" मुद्रासहित (धनी) (त्रि०).

समुद्रकफ, (पु०) समुद्रस्य कफ इव । मानों समुद्रकी कफ है । समुद्रकी झाग । समुंदरझाग.

समुद्रगा, (स्त्री०) समुद्रं गच्छति । गम्+ड । समुद्रको जाती है । नदी । " सर्वा नद्यः समुद्रगाः " पुराणम्.

समुद्रचुलुक, (पु०) समुद्रः चुलुकः गण्डूषमितजलं इव अनायासेन पीतत्वादस्य । सारे समुद्रको जिसने एक चुलीकर लिया । अगस्त्यमुनि.

समुद्रनवनीतम्, (न०) समुद्रस्य नवनीतम् । समुद्रका मक्खन । चन्द्रमा । चांद.

समुद्रमेखला, (स्त्री०) समुद्रः मेखला इव वेष्टनाकारत्वात् यस्याः । घेर लेनेके कारण समुद्र जिसकी तडागी है । पृथिवी.

समुद्रयान, (न०) यायतेऽनेन । या+ल्युट् । ६ त० । पोत । जहाज । समुद्रके तरनेका साधनविशेष.

समु(द्रि)द्रीय, (त्रि०) समुद्र+भवार्थे घ-छ वा । समुद्रमें होनेवाला पदार्थ । जो चीज समुद्रमें हो.

समुद्वह, (त्रि०) सम्+उद्+वह्+अच् । श्रेष्ठ । सबसे अच्छा । अच्छीतरह उठानेहारा.

समुन्दन, (न०) सम्+उन्द्+ल्युट् । सम्यक् आर्द्रीभाव । वडा गीलापन । भीगना.

समुन्न, (न०) सम्+उन्द्+क्त । क्लिन्न । आर्द्र । गीला । भीगाहुआ.

समुन्नत, (त्रि०) सम्+उद्+नम्+क्त । एक प्रकारका शस्त्र (औजार) (पु०).

समुन्नति, (स्त्री०) सम्+उद्+नम्+क्तिन् । उच्चता । उंचाई । "प्रायः पयोधरसमुन्नतिरत्र हेतुः" इत्युद्भटः.

समुन्नद्ध, (त्रि०) सम्+उद्+नह्+क्त । गर्वित । अभिमानी । पण्डितम्मन्य । अपने आपको पण्डित माननेहारा । प्रभु । और समुद्भूत । उत्पन्नहुआ । "कर्मणि क्त" उठाकर बांडाहुआ.

समुन्नय, (पु०) सम्+उद्+नी+अच् । ऊर्ध्वनयन । ऊंचे लेजाना । अच्छीतरह लेजाया गया । ऊपर फेंकना । प्रकाश करना,

समुपचित, (त्रि०) सम्यक् उपचितम् । उप+चि+क्त । वहुत कियाहुआ । वढायाहुआ.

समुपेयिवस्, (त्रि०) सम्+उप+इण्+क्वसु । समीपगत । पासगया । पहुंचगया.

समुपोढ, (त्रि०) सम्+उप+वह्+क्त । संगत मिलगया संजात । पैदाहुआ.

समुल्लेख, (पु०) सम्+उद्+लिख्+घञ् । पांव आदिसे पृथिवी आदिका खोदना.

समूढ, (त्रि०) सम्+उद्-वा वह्+क्त । राशीकृत । इकट्ठा कियाहुआ । झुकाहुआ । "समूढमस्य पांसुरे" इति ऋग्वेदः । भुग्न । टेढा काबू कियाहुआ । जिसका विवाह होगया । शोधित । साफ कियागया । "सह मूढेन" मूर्खके साथ (त्रि०).

समूल, (त्रि०) सह मूलेन । जडसमेत । " समूलघातं न्यवधीत् " इति भट्टिः.

समूह, (पु०) सम्+ऊह्+घञ् । समुदय । साराका सारा । बहुत.

समूहनी, (स्त्री०) समूह्यतेऽनया । जो इकट्ठा करलेती है । झाड़ू । बुहारी । "भावे ल्युट्" सम्मार्जन । पोंछना (न०).

समूह्य, (पु०) सम्+ऊह्+ण्यत् । यज्ञियाग्नि । यज्ञकी आग.

समृद्ध, (त्रि०) सम्यक् ऋद्धः । ऋध्+क्त । बहुत सम्पदावाला । अतिवृद्ध । बहुत बूढा.

समृद्धि, (स्त्री०) सम्यक् ऋद्धिः । सम्+ऋध्+क्तिन् । बहुत-सम्पदा । दौलत.

समेत, (त्रि०) सम्+आ+इण्+क्त । समागत । आयाहुआ । और संगत । मिलाहुआ.

समेधित, (त्रि०) सम्+एध्+णिच्+क्त । संवर्धित.

समोदक, (न०) समं (अर्धभागेन) तुल्यं उदकं यत्र । आधापानी मिलाकर मथे (रिडके) हुए दहीसे उत्पन्न हुआ तक्रविशेष (छाछ-लस्सी) । "सह मोदकेन" जिसके पास लड्डू है (मोदकसहित) (त्रि०).

सम्पत्ति, (स्त्री०) सम्+पद्+क्तिन् । अतिविभव । बहुत ऐश्वर्य । बडी दौलत । जिसे जैसा चाहिये उसका वैसाही होना । धन.

सम्पद, (स्त्री०) सम्+पद्+क्विप् । विभव । सम्पत्ति । दौलत । हशमत.

सम्पन्न, (त्रि०) सम्+पद्+क्त । साधित । साधित किया हुआ । सम्पदावाला.

सम्पराय, (पु०) सम्+परा+इण्+अच् । युद्ध । जंग । लडाई । आपदा.

सम्परायिक, (न०) सम्परायाय (आपदे) हितम् । ठन् (इक) । आपत्तिके लिये हितकारी । युद्ध । जंग । लडाई । "साम्परायिकं" भी.

सम्पर्क, (पु०) सम्+पृच्+घञ् । सम्बन्ध । मेल.

सम्पर्किन्, (त्रि०) सम्+पृच्+घिणुन् । सम्बन्धवाला । मेलवाला.

सम्पा, (स्त्री०) सम्यक् (अतर्कितं) पतति । पत्+ड । अचानकही गिरती है । विद्युत् । बिजली.

सम्पाक, (पु०) सम्यक् पाको यस्मात् । जिस्से भलीभांति पाक होता है । आरग्वध वृक्ष । इसके खानेसे खायाहुआ अन्न आदि भलीभांति पच सक्ता है.

सम्पात, (पु०) सम्+पत्+घञ् । एक प्रकारका पक्षी (परिंदा) की गति (चाल) । अच्छी तरह गिरना.

सम्पाति, (पु०) सम्+पत्+णिच्-इन् । जटायु (जटौरपक्षी) का बडा भाई । "स्वार्थे कन्" वही अर्थ.

सम्पुट, (पु०) सम्+पुट्+क । कुरुवक वृक्ष । जो दोनों ओरसे भलीभांति पुट (पडदा होनेकी शकल) के समान हो । मिलाहुआ । एकजातिका पदार्थ भिन्नजातिवालेके साथ दोनोंओरसे व्याप्त होकर स्थित होरहा (त्रि०) "सकामैः सम्पुटो जाप्यः" इति तन्त्रम्.

सम्पुटक, (पु०) सम्पुटयति । सम्+पुट्+अच्+स्वार्थे वुन् (अक) । समुद्गक । संदूक । मञ्जूषा । पिटारी । जुडाहुआ.

सम्पूर्ण, (त्रि०) सम्+पूर्+क्त । परिपूर्ण । चारोंओरसे भराहुआ । पूरा २ । समग्र । सारा । एक प्रकारकी एकादशी (स्त्री०) टाप्.

सम्पृक्त, (त्रि०) सम्+पृच्+क्त । मिश्रित । मिलाहुआ । बंधाहुआ.

सम्प्रति, (अव्य०) सम्+प्रति । समाहारद्वन्द्वः । इदानीम् । अधुना अब.

सम्प्रतिपत्ति, (स्त्री०) समं प्रतिपद्यते+क्तिन् । वादीसे कहेहुए अर्थको स्वीकार करना (मान्ना) । एक प्रकारका उत्तर.

सम्प्रदातृ, (त्रि०) सम्+प्र+दा+तृच् । दान कर्ता । देनेवाला.

सम्प्रदान, (न०) सम्+प्र+दा+भावे ल्युट् । सम्यक् । प्रदान । भलीभांति देना । "सम्प्रदीयते अस्मै ल्युट्" जिसे दियाजाय । "कर्मणा यमभिप्रैति स सम्प्रदानं" इति पाणिनिः । दानकर्मोद्देश्य.

सम्प्रधारणा, (स्त्री०) सम्+प्र+धृ+णिच्+युच् (अन) । योग्य वा अयोग्यका विचार करके अर्थका निश्चय करना । निश्चय.

सम्प्रयोग, (पु०) सम्+प्र+युज्+घञ् । वृद्धिआदि लाभकी इच्छासे धनआदिका विनियोग (लगाना) । मेल । सम्बन्ध । विषयसुखके लिये मेल । इकट्ठाहोना । भलीभांति जोडना.

सम्प्रसाद, (पु०) सम्+प्र+सद्+घञ् । योगआदि शास्त्रमें चित्तकी निर्मलता (सफाई) को पूरा करनेहारा एकप्रकारका यत्न । "भावे घञ्" अच्छी प्रसन्नता (खुशी).

सम्प्रसाधन, (न०) सम्+प्र+साध्+णिच्+करणे ल्युट् । कटक (कडा-चूडी) आदि भूषण (जेवर) । "भावे घञ्" भूषणक्रिया (सजाना).

सम्प्रसारण, (न०) सम्+प्र+सृ+णिच्+ल्युट् । सम्यग् विस्तारना । अच्छी तरह फैलाना । व्याकरणमें "यण्"-के स्थानमें जायमान "इक्" संज्ञावाला वर्ण.

सम्प्रहार, (पु०) सम्प्रह्रियते अत्र । सम्+प्र+हृ+घञ् । युद्ध । जंग । "भावे घञ्" अच्छीतरह चोट लगाना । जाना.

सम्प्राप्ति, (स्त्री०) सम्+प्र+आप्+क्तिन् । अच्छीतरह पाना । वैद्यकशास्त्रमें रोगकी एक अवस्था (दशा).

सम्प्रैष, (पु०) सम्+प्र+ईष्+घञ् वा वृद्धिः । नियोग । हुक्म.

सम्प्रोक्षण, (न०) सम्+प्र+उक्ष्+ल्युट् । जलआदि सींचकर एक प्रकारका संस्कार । छिडकना.

सम्फुल, (त्रि०) सम्+फुल्ल्+अच् । विकसित । खिलाहुआ । " सम्=फुल्ल्+क्त-अत इत्वम् " " सम्फुल्ल " यह भी इसी अर्थमें है.

सम्बद्ध, (पु०) सम्+बन्ध्+क्त । संबन्धवाला । "भावे क्त" सम्यग् बंधन । अच्छा बंधाहुआ (न०).

सम्बन्ध, (पु०) सम्+बंध्+घञ् । संसर्ग । मेल । संयोग । न्याय । समृद्ध । अच्छा बंधन । "सम्यग् बन्धो यस्मात्" जिस्से पूरा बंधन होता है । समर्थ । हितकारी (त्रि०).

सम्बर, (न०) सम्ब्+अरन् । जल । बौद्धोंका एकव्रत । पुल (सेतु) । एक दैत्य । एक मृग । एक मच्छी । और एक पहाड.

सम्बाध, (न०) सम्यक् बाधा यत्र । जहां बहुत पीडा है । नरकका मार्ग । "सम्+बाध्+भावे घञ्" । अन्योन्यसंघर्ष (आपसकी रगड) (पु०).

सम्बोधन, (न०) सम्+बुध्+ल्युट् । सम्यक्ज्ञान । अच्छी समझ । " बुध्+णिच्+ल्युट् " अच्छीतरह ज्ञापन (समझाना) । व्याकरणमें किसी दूसरी बातमें लगेहुएको अपनी ओर करनेके लिये जतलाना । आठवीं विभक्ति " हे राम ".

सम्भली, (स्त्री०) सम्यक् भलते । सम्+भल्+अच् । ङीष् । कुट्टिनी । दूसरे पुरुषके साथ किसी स्त्रीको मिला देनेहारी । दल्ली । व्यभिचारिणी.

सम्भव, (पु०) सम्+भू+अप् । उत्पत्ति (पैदाइश) । बडा संदेह (शक) । जो होसक्ता है (मुमकिन) । " अपादाने अप् " । हेतु । " कर्तरि अच् " मेलक (मिलानेहारा) (त्रि०).

सम्भावन, (न०) सम्+भू+णिच्+ल्युट् । अर्थसम्बन्धी एक अलंकार । व्याकरणमें विधिलिङ्का अर्थविशेष । और उत्कटकोटिक (दोनों ओर झुकनेहारा) संशयरूप ज्ञान । "सम्भावना" यही अर्थ है । हो सकना.

सम्भावित, (त्रि०) सम्+भू+णिच्+क्त । सम्भवयुक्त पदार्थ । हो सकनेहारी बात आदि.

सम्भाषण, (न०) सम्+भाष्+ल्युट् । अच्छीतरह कहना ।

सम्भिन्न, (त्रि०) सम्+भिद्+क्त । विदलित । टूटाहुआ । कटाहुआ । अच्छीतरह खिलाहुआ (विकसित).

सम्भूति, (स्त्री०) सम्+भू+क्तिन् । विभव । ऐश्वर्य । ईश्वरका ऐश्वर्यविशेष । उत्पत्ति । मूल । मेल । ताकत.

सम्भूयसमुत्थान, (न०) सम्भूय (मिलित्वा) सम्यक् उत्तिष्ठन्ति अनेन । मिलकर उठते हैं (उन्नत होते हैं) इस्से । मिलकर व्यापारियोंका व्यापार करना । एक प्रकारका विवाद.

सम्भृति, (स्त्री०) सम्+भृ+क्तिन् । सम्यक् पोषण । अच्छीतरह पालन.

सम्भोग, (पु०) सम्+भुज् । सम्यक् भोग । अच्छा भोग । अच्छी क्रीडा । हर्ष (खुशी) । शृङ्गाररसकी एक अवस्था.

सम्भ्रम, (पु०) सम्+भ्रम्+घञ् । भय (डर) आदिसे उपजा वेग । त्वरा (काली-जल्दी) । उसके कारण भय । हडबडी । आदर । बहुतभ्रम । अतिशयभ्रम.

सम्मति, (स्त्री०) सम्+मन्+क्तिन् । अनुमति (राय) । अपनी पियारी अभिलाषा (चाह).

सम्भ्रमोज्वलित, (त्रि०) संभ्रमेण उज्ज्वलितः । संभ्रम (वेग-तेजी-काहली) से भडका हुआ । क्षोभसे चमकाहुआ.

सम्मद, (पु०) सम्+मद्+क । हर्ष (कुशी) । अच् । हर्षवाला (त्रि०).

सम्मर्द, (पु०) संमृद्यते अत्र । सम्+मृद्+घञ् । युद्ध । जंग । "भावे घञ्" । अन्योन्यसंघर्ष । आपसकी रगड.

सम्मान, (पु०) सम्+मन्+घञ् । आदर (इज्जत).

सम्मार्जन, (न०) सम्+मृज्+ल्यु । संशोधन । साफ करना.

सम्मार्जनी, (स्त्री०) संमृज्यते अनया । सम्+मृज्+करणे ल्युट्-ङीप् । साफ कियाजाता है इस्से । धूली (धूर) आदिको निकालनेके लिये एक पदार्थ (बुहारी झाडु).

सम्मित, (त्रि०) सम्+मा+क्त । सदृश । तुल्य (बराबर) परिमाण । बराबर मापवाला.

सम्मुख, (त्रि०) संगतः मुखं । प्रा० । अभिमुखागत । सामने आया । जो सामने है.

सम्मुखीन, (त्रि०) सम्मुखं पतति । ख (ईन) । सामने आनेहारा । सामनेहुआ.

सम्मूर्च्छन, (न०) सम्+मूर्च्छ+ल्युट् । सम्यग् विस्तार । अच्छी तरह फैलाना । ऊंचाई । मोह । बेहोशहोना.

सम्मृष्ट, (त्रि०) सम्+मृज्+क्त । मार्जनयुक्त । पोंछा हुआ । मक्खी आदिको निकालकर शोधन कियाहुआ अन्न आदि.

सम्मोद, (पु०) सम्+मुद्+घञ् । हर्ष (खुशी) । और प्रीति (प्रसन्नता).

सम्यच्, (अव्य०) सम्+अञ्च्+क्विप् । सम्यादेशः । शोभन (ऊंदा) । संगत । मिलाहुआ । मनोज्ञ (मनोहर) । त्रि० । सचावचन । न० । उसवाला (त्रि०).

सम्राज्, (पु०) सम्यक् राजते । राज्+क्विप् । अनुस्वार नहिं होता । सारी पृथिवीका ईश्वर । राजा । जिसने " राजसूय " यज्ञ करलिया.

सर, (न०) सरति । सृ+अच् । चलता है । सरोवर (तालाब) । और जल (पानी) । लवण (नोंन-लून) । दहीका मठा । उस्से निकला नवनीत (मक्खन) । और बाण (तीर) । झरना । (स्त्री०) " भावे अप् " भेदन (फाडना) । और गमन (जाना) । एकशराब.

सरघा, (स्त्री०) सरं (मद्यभेदं) हन्ति । हन्+ड-नि० । एक प्रकारकी शरावको नाशकर्त्ती है । मधुमक्षिका । शहतकी मक्खी.

सरज, (न०) सरात् जायते । जन्+ड नवनीत । मक्खन.

सरजस्, (स्त्री०) सह रजसा । ऋतुमती स्त्री । अव्ययी० । रजोगुणवाला (त्रि०) । अच् समा० । रजोगुणके साथ.

सरट, (पु०) सृ+अटन् । कृकलास । काकलास । किरला.

सरण, (न०) सृ+ल्युट् । गमन (जाना) । और लोहकी मैल.

सरणि–णी, (स्त्री०) सृ+अनि । पथ (रास्ता) । सडक । पंक्ति । कतार.

सरमा, (स्त्री०) सह रमते । कुत्ती । देवताओंकी कुत्ती । दक्षकी कन्याका नाम । विभीषणकी स्त्रीका नाम.

सरयु, (पु०) सृ+अयु । वायु (हवा) । ऊङ् । अयोध्याके पास वहनेहारी एक नदी (स्त्री०).

सरल, (पु०) सृ+अलच् । पीतदारु (पीली लकडी) । उदार (खुलेदिलवाला) । और ऋजु (सीधा) (त्रि०) । त्रिपुटा (स्त्री०).

सरस्, (न०) सृ+असि । जल । और सरोवर (तालाव) । "सरसी" इसी अर्थमें है । "सरसी परिशीलितुमि" ति नैषधं.

सरस, (न०) सह रसेन (जलेन-आस्वादेन च) । पानी वा स्वादके साथ । सरोवर (तालाव) । रसवाला । सार्द्र (गीला) (त्रि०) । "सरसां सरसां परिमुच्ये" ति भट्टिः.

सरसिज, (न०) सरसि जायते । जन्+ड-अलुक् समा० । तालावमें उपजता है । पद्म । कमल । "सरसिजमनुविद्धं" शाकुन्तल.

सरसीरुह, (न०) सरस्यां (सरोवरे) रोहति । रुह्+क । तालावमें उत्पन्न होता है । पद्म । कमलका फूल.

सरस्वत्, (पु०) सरांसि (जलानि) सन्ति अस्य+मतुप् । "म" को "व" । पानीवाला । सरोवर (तालाव) । सागर । समुद्र । और नदी (दर्या) । एकनदी । वाणी देवी । शक्ति । और सोमलता (स्त्री).

सराव, (पु०) सरं (जलं) अवति । अव्+अण् । पानीको बचता है । जलका आधार । मट्टीका एक पात्र (वर्तन) । पियाला । "सह रावेण" शब्दके साथ । शब्दवाला (त्रि०).

सरित्, (स्त्री०) सृ+इनि । नदी (दर्या) । और सूत्र । (सूत-धागा).

सरित्पति, (पु०) ६ त० । नदिओंका मालिक । समुद्र । समुंदर.

सरित्वत्, (पु०) सरित् स्वामित्वेन अस्ति अस्य+मतुप् । "म" को "व" । समुद्र.

सरित्सुत, (पु०) ६ त० नदी (गंगा) का पुत्र । भीष्म पितामह.

सरिताम्पति, (पु०) ६ त० अलुक् समासः । नदीओंका स्वामी । समुद्र । "सरितां नाथः".

सरिद्वरा, (स्त्री०) सरित्सु वरा (श्रेष्ठा) । नदिओंमें बहुत अच्छी । गंगा.

सरीसृप, (पु०) वक्रं सर्पति । सृप्+यङ् (उसका लोप) +अच् । टेढा चलता है । सर्प (सांप) । वृश्चिक (बिच्छू) आदि । वृश्चिक आदि राशि.

सरु, (पु०) सृ+उन् । खड्ग (तलवार) आदिकी मुट्ठी.

सरूप, (त्रि०) समानं रूपं अस्य ("समान" को "स" आदेश होता है) । एक जैसी शकलवाला । तुल्यरूपवाला । सदृश । बराबर.

सरोज, (न०) सरसि जायते । जन्+ड । तालावमें उपजता है । पद्म । कमल । जो तालावमें उत्पन्न हो (त्रि०).

सरोजिनी, (स्त्री०) सरोजानां समूहः, सन्निकृष्टदेशो वा+इनि । कमलफूलोंका समूह वा उनके पासकी जगह । कमलोंकी बेल । कमलफूलोंवाली वावली.

सरोरुह, (ह), सरसि रोहति । रुह्+क्विप्-क वा । तालावमें उपजता है । कमलफूल.

सरोवर, (पु०) सरोभिः जलैः व्रियते असौ । वृ+अप् । जो जलोंसे ढकाजाता है । तडाग । छोटातालाव । तालाव.

सर्ग, (पु०) सृज्+घञ् । स्वभाव । रचना (बनावट) । निर्मोक्ष (छुटकारा) । काव्य आदिका परिच्छेद (विभाग-हिस्सा) । निश्चय । मोह । उत्साह (दिलेरी) । अनुमति+(ण्य).

सर्गबन्ध, (पु०) सर्गैः वध्यते असौ । जो सर्गोंसे बांधा जाता है । महाकाव्य.

सर्ज्, अर्जन (जमा-इकठा करना-कमाना) । भ्वा० पर० सक० सेट् । सर्जति । असर्जीत्.

सर्ज, (पु०) सृज्+अच् । शालवृक्ष । उसका रस (धुनाराल) । पीतसाल.

सर्जन, (न०) सृज्+ल्युट् । सेनाका पिछला भाग । और सृष्टि (रचना).

सर्जि–र्जी, (स्त्री०) सृज्+इन्-वा ङीप् । एक नदी । "सज्जी" रूप मट्टी.

सर्प, (पु०) सृप्+अच् । नागकेशर । और सांप । "सर्पी" (स्त्री०) । "भावे घञ्" गमन (जाना).

सर्पतृण, (पु०) सर्पः तृणं इव (अनायासच्छेद्यो) यस्य । जो सांपको तिनकेकी नाई सहजहीसे नाश+कर सक्ता है । नकुल (नेवला).

सर्पभुज्, (पु०) सर्पं भुङ्क्ते । भुज्+क्विप् । सांपको खाता है । मयूर । मोर.

सर्पराज, (पु०) सर्पाणां राजा (टच् समा०)। सांपोंका राजा। वासुकी। एक सांप.

सर्पसत्रिन्, (पु०) सर्पाणां सत्रं अस्ति अस्य। सांपोंका यज्ञकरनेवाला। राजा जनमेजयका नाम (इसी राजाने "सर्पेष्टि" नाम यज्ञ कियाथा).

सर्पाशन, (पु०) सर्पं अश्नाति। अश्+ल्युट्। साँपको खाता है। मयूर। मोर। और गरुड.

सर्पिणी, (स्त्री०) सृज्+णिनि। साँपकी स्त्री। सप्पनी। जानेवाला (त्रि०).

सर्पिस्, (न०) सृप्+इसि। साफ किया हुआ मक्खन। एक प्रकारका घी.

सर्पेष्ट, (न०) सर्पाणां इष्टः। सांपोंका पियारा। चंदनका वृक्ष.

सर्व्, सर्पण (जाना-फैलना)। भ्वा० प० स० सेट्। सर्वति। असर्वीत्.

सर्व, (पु०) सर्व+अच्। शिव। और विष्णु। सम्पूर्ण (सारा-सब)। सकल (त्रि०).

सर्वसहा, (स्त्री०) सर्वं सहते। खच्-मुम् च। सबको सहारती है। पृथिवी। भूमि। जमीन। सबकुछ सहारनेवाली (त्रि०).

सर्वकर्तृ, (पु०) सर्वं करोति। कृ+तृच्। सबको बनाता है। चारमुखवाला ब्रह्मा। और परमेश्वर.

सर्वकर्मीण, (त्रि०) सर्वकर्मभ्यः अलं। ख-(ईन)। सबकाम करनेहारा। जो सबकुछ करसक्ता है.

सर्वक्षार, (पु०) सर्वः क्षारमयः। सारा खारा। सावन नामसे प्रसिद्ध पदार्थ.

सर्वग, (न०) सर्वं गच्छति। गम्+ड। जल (पानी)। शिवजी, परमेश्वर, वायु (हवा) और आत्मा (पु०)। सबजगह जानेहारा (त्रि०).

सर्वङ्कष, (पु०) सर्वं कषति। कष्+खच्-मुम् च। सबको कसता है। पाप। सबसे बढजानेहारा (त्रि०).

सर्वजनीन, (त्रि०) सर्वजनेषु विदितः। ख (ईन)। सबजगह प्रसिद्ध। सर्वत्र विख्यात। सबकाहिती.

सर्वज्ञ, (पु०) सर्वं जानाति। ज्ञा+क। सबको जानता है। शिवजी। बुद्धदेव। और परमेश्वर। सब कुछ जान्नेहारा। (त्रि०)। दुर्गा (स्त्री०).

सर्वतस्, (अव्य०) सर्व+तसिल्। समन्ततः। चारोंओर। सबतरफ.

सर्वतोभद्र, (पु० न०) सर्वतो भद्राणि (मुखानि) यस्य। चारों ओर अच्छे मुखोंवाला। चार दर्वाजोंमें युद्धवाला एकघर। प्रतिष्ठाआदिमें पूजा करनेलायक देवताओंका एक मण्डल। ज्योतिषमें शुभ और अशुभको जान्नेके लिये एक-चक्र। "सर्वतः भद्रं अस्य" जो सबतरहसे सुखी कर्ता है। नीम (निम्ब) का वृक्ष (पु०).

सर्वतोमुख, (न०) सर्वतः मुखं अस्य। चारोंओर मुखवाला। जल। आकाश। शिवजी। ब्रह्मा। परमेश्वर। आत्मा। ब्राह्मण। और अग्नि (पु०).

सर्वत्र, (अव्य०) सर्व+त्रल्। सर्वस्मिन् काले। सब समयमें। हरवक्त। हरदेशमें। सब दिशाओंमें। सबजगह.

सर्वत्रगामिन्, (पु०) सर्वत्र गच्छति। गम्+ड। सब जगहमें जाता है। वायु (हवा)। सब स्थानमें जानेहारा। (त्रि०).

सर्वथा, (अव्य०) सर्वप्रकार-थाच्। सबतरह। हरएक तरहसे.

सर्वदमन, (पु०) सर्वान् दमयति। दम्+णिच्+ल्युट्। सबको दमन (वश-काबूमें) कर्ता है। दुष्यन्तका पुत्र भरतराजा। सर्वं दमन कर्ता (सबको काबू करनेहारा) (त्रि०).

सर्वदर्शिन्, (पु०) सर्वं समभावेन पश्यति। दृश्+णिनि। सबको एकही भावसे देखता है। बुद्ध। और परमेश्वर। सर्वद्रष्टा (सबको देखनेहारा) (त्रि०).

सर्वदा, (अव्य०) सर्व+दाच्। सब समय, देश, और दिशामें। सदा। हमेश.

सर्वधुरीण, (त्रि०) सर्वां धुरं वहति। ख (ईन)। सारा बोझा (भार) उठानेहारा। वृषादि (बैलआदि)। सबके आगेहुआ.

सर्वनाम, (पु०) सर्वेषां नाम (सबका नाम)। व्याकरणमें कार्यविशेषके लिये कीगई (इस) संज्ञावाला "सर्व" आदि शब्दभेद.

सर्वभक्ष, (स्त्री०) भक्ष+अण्। उप०। अजा। बकरी। सब कुछ खानेहारा (त्रि०).

सर्वमङ्गला, (स्त्री०) सर्वाणि मङ्गलानि अस्याः। सारे मंगल (सुख) होते हैं इस्से। ५ ब०। दुर्गा। भगवती.

सर्वमय, (त्रि०) सर्वात्मकः। मयट्। सबका स्वरूप। परमेश्वर (पु०).

सर्वरसोत्तम, (पु०) सर्वेषु रसेषु उत्तमः। सर्व रसोंमें अच्छा। लवण रस। नोंनका रस.

सर्वरात्र, (पु०) सर्वा रात्रिः। अच् समा०। सारीरात। सकल रात्रि.

सर्वरी, (स्त्री०) सृ+वनिप्-ङीप् "र" च रात्रि। रात.

सर्वलिङ्गिन्, (पु०) सर्वेषां लिङ्गानि सन्ति अस्य+इनि। सब चिन्होंवाला। वेदके विरुद्ध आचारवाले बौद्धआदि। सब लिङ्गवाला। पाषण्डी.

सर्वविद्, (पु०) सर्वं वेत्ति। विद्+क्विप्। सबको जानता है। परमेश्वर। सब जान्नेहारा (त्रि०).

सर्ववेद, (पु०) सर्वे वेदा अधीतत्वेन सन्ति अस्य+अच्। सबवेदोंको पढनेहारा। विद्+अण्। उप०। सर्वज्ञ। सब-कुछ जान्नेहारा (त्रि०).

सर्ववेदस्, (पु०) सर्वाणि (धनानि) वेदयते (लाभयते) पात्राय ददाति । विद्+लाभकरना+णिच्+असि । सब धनोंको पात्रके तईं देता है । सर्वस्वदक्षिणक (सारे धनकी दक्षिणावाला) यज्ञ । "विश्वजित्" नामक यज्ञ करनेहारा.

सर्ववेशिन्, (पु०) सर्वेषां वेशः (धार्यत्वेन) अस्ति अस्य । जो सब भेस बनाता है । नट (नकल करनेहारा).

सर्वसन्नहन, (न०) सर्वेषां सन्नहनं (युद्धार्थं सज्जीकरणं) यत्र । जहां लडाईके लिये सबको तयार किया जाता है । सारी सेनाको तयार करके युद्धकी यात्रा करना.

सर्वसह, (पु०) सर्वं सहते+अच् । गुग्गुल । सबकुछ सहारनेहारा (त्रि०).

सर्वसिद्धि, (पु०) सर्वेषां सिद्धिः अस्मात् । सबकी सिद्धि इस्से होती है । श्रीफल बिल्वका वृक्ष.

सर्वस्व, (न०) कर्म० सकलधन । साराधन.

सर्वहित, (न०) सर्वेषां हितं । मरिच । ५ व० । जिस्से हित (उपकार) होता है (त्रि०).

सर्वाङ्गीण, (त्रि०) सर्वाङ्गाणि व्याप्नोति । ख (ईन) । सब अङ्गोंमें फैलजानेहारा (सर्वाङ्गव्यापक) । "सर्वाङ्गीणे तरुत्वचे" भट्टिः.

सर्वान्नीन, (त्रि०) सर्वेषां अन्नं (सर्वं अन्नं) वा भुंक्ते+ख (ईन) । सबके अन्न वा सब अन्नको खाता है । सर्वान्नभक्षक.

सर्वार्थसिद्ध, (पु०) सर्वेषु अर्थेषु सिद्धः । सब अर्थोंमें सिद्ध (कामयाब) । बुद्धदेव । सम्पूर्ण चाहीगई सिद्धिवाला (त्रि०).

सर्वाह्ण, (पु०) सर्वं अहः । टच् समा० ह्लादेशः । णत्वं । सारादिन.

सर्षप, (पु०) सृ+अप्+सुकच् । सरिओं । सरसों । सस्यभेद.

ससिल, (न०) सल्+इलच् । जल । पानी.

सव, (पु०) सूयते । सू+अप् । यज्ञ । और सन्तान । "अच्" सूर्य । और अर्कवृक्ष (आकका वृक्ष).

सवन, (न०) सु+ल्युट् । यज्ञका अङ्गरूप स्नान । सोम निकालनेका व्यापार । सोमका पीना । यज्ञ । और प्रसव.

सवयस्, (त्रि०) समानं वयो यस्य । समानको "स" का आदेश । एक जैसी उमरवाला । वयस्य । सखा । मित्र.

सवर्ण, (पु०) समानो वर्णो यस्य । बराबर रंगवाला । एकजातिका आश्रय । स्थान और प्रयत्नसे बराबर अक्षर । जैसे "क" का स्थानसे तुल्य "गकारादि" प्रयत्न साम्यसे "च" का "क" आदि । वर्णसहित (त्रि०) सह वर्णेन.

सवासस्, (त्रि०) सह वाससा । कपडेके साथ । जो सदा कपडेके साथ रहता है । वेगवान् । वेगवाला.

सविकल्पक, (न०) सह-विकल्पेन+कप् । विकल्पके साथ । वेदान्तमें "ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेयकी भेदादि कल्पना सहित एक प्रकारका ध्यान है ।" न्यायमें "एक धर्ममें दूसरेके सम्बन्धको अवगाहन करनेहारा ज्ञानविशेष" । वह ध्यान आदि कि जिसमें त्रिपुटी बनीरहे.

सविकाश, (त्रि०) सह विकाशेन । प्रकाशके साथ । प्रफुल्ल । अच्छीतरह फूलाहुआ । विकसित । खिलाहुआ.

सवितर्क–सविमर्श, (त्रि०) वितर्केण सहवर्तमानः । वितर्कके साथ । सोचनेवाला । खयालवाला । समझदार । विचारवाला.

सवितृ, (पु०) सू+तृच् । जगत्स्रष्टा परमेश्वर । संसारके बनानेहारा परमात्मा । "तत्सवितुर्वरेण्यं" इति श्रुतिः । और सूर्य.

सविध, (त्रि०) सह विध्यति । विध्+क । "सह" को "स" । साथ बींधता है । निकट (पास).

सविस्मय, (त्रि०) सहविस्मयेन । विस्मयके साथ । विस्मयापन्न । आश्चर्यहुआ.

सवेश, (त्रि०) सह विशति अत्र । "वेश"का आदेश । सहवेशेन । निकट । नजदीक (पास) । वेश (भेस) सहित.

सव्य, (त्रि०) सू-प्रेरण+यत् । वाम (बायाँ) । दक्षिण और (दहिना) । प्रतिकूल (विरुद्ध) । और विष्णु (पु०).

सव्यसाचिन्, (पु०) सव्येन (वामेन) सचति । सच्+णिनि । बांयेसे संग कर्ता है । अर्जुन.

सव्येष्ठ, (पु०) सव्ये तिष्ठति । स्था+क । अलुक्-षत्व । बाईं ओर ठहरता है । सारथी । रथ चलानेहारा.

ससत्त्वा, (स्त्री०) सह सत्त्वेन । प्राणीसहित । गर्भवाली स्त्री । प्राणीवाला (त्रि०).

ससन, (न०) सस्-हिंसाकरना+ल्युट् । यज्ञके लिये पशुका मारना.

सस्य, (न०) सस्+यत् । वृक्ष आदिका फल । और खेतका धान.

सह, (अव्य०) साहित्य (साथ) । साकल्य (सारा) । सादृश्य (बराबर) । यौगपद्य (एक बारही) । सामर्थ्य (ताकत).

सह, (पु०) सहित । सह्+अच् । अगहन (मग्गर)का महीना । भार आदिके सहारनेहारा (त्रि०).

सहकार, (पु०) सह (युगपत्) किरति (सौरभं) । एकबारही दूरतक सुगन्धिको फेंकता हैं । कृ+अण् । जिसकी सुगन्धि दूरतक जाती है ऐसा आम्र (आम-अंब) । भावे घञ् । सह करण । साथ करना (न०).

सहकारिन्, (त्रि०) सह (सम्भूय) करोति (कार्यं) कृ+णिनि । इकट्ठा होकर काम कर्ता है । साथी । एक प्रकारका हेतु । अपने कार्यको करनेहारा कारण.

सहगमन, (न०) सह+गम्+ल्युट् । साथजाना । साथ-मरना।

सहचर, (त्रि०) सह चरति । चर+ट । साथ चलता है । वयस्य । सखा । मित्र । प्रतिबंधक (रोकनेहारा) । सहाय (मददगार) । और अनुचर (सेवक-नौकर).

सहज, (पु०) सह जायते । जन्+ड । साथ उत्पन्न होता है । सहोदर । भाई । और निसर्ग (स्वभाव) । साथ उठाहुआ । (त्रि०) । ज्योतिष्में जन्मलग्नसे तीसरा स्थान (न०).

सहजमित्र, (न०) सहजं (स्वभावसिद्धं) मित्रं । स्वाभाविक मित्र । बहिनका लडका आदि.

सहजारि, (पु०) सहजः अरिः । स्वाभाविक शत्रु । सापत्नभ्राता (सौतेला भाई) । पितृव्यपुत्र । चाचेका बेटा.

सहदेव, (पु०) सह दीव्यति । दिव्+अच् । माद्रीका पुत्र । पाण्डवविशेष । साथ खेलता है । सांपकी आँख । (स्त्री०).

सहधर्मिणी, (स्त्री०) सह (समानः) धर्मः अस्ति अस्याः+इनि । एक जैसे धर्मवाली । पत्नी । स्त्री । औरत.

सहन, (न०) सह्+ल्युट् । क्षमा (सहारना) । शीत, उष्ण, आदि जोडोंको सहारना सह्+युच् । सहारनेहारा । क्षमाशील (त्रि०).

सहपान, (न०) सह पानम् । साथपीना । इकट्ठेहोकर मद्यपीना.

सहभोजन, (न०) सह (एकत्र) भोजनम् । एकजगह खानापीना.

सहमरण, (न०) सह (मृतेन पत्या) एक चितारोहणेन मरणम् । मरेहुए पतिके साथ एकचितापर चढके मरना.

सहवसति-वास, (स्त्री०) सह=एकत्र वासः । साथ रहना । इकट्ठा रहना । एकठी स्थानपर दोनोंका निवास करना.

सहस्, (न०) सह्+असि । बल (जोर) । ज्योतिषमें मार्गशीर्ष (अगहन) का महिना (पु०).

सहसा, (अव्य०) हठात् । जोरावरी । अकस्मात् । अचानक.

सहस्य, (पु०) सहसे (बलाय) हितः । बलके लिये हितकारी । पौष (पूस) का महीना.

सहस्र, (न०) समानं हसति । हस्+र । दस सौकी संख्या । हजार । बहुतकी संख्या । उस संख्यावाला.

सहस्रकर, (पु०) सहस्रं कराः (किरणाः) अस्य । बहुत किरणवाला । सूर्य । "सहस्रकिरण" आदिभी.

सहस्रधा, (अव्य०) सहस्रेण प्रकारैः । हजार तरहसे । हजार भागोंमें.

सहस्रधारा, (स्त्री०) सहस्रगुणिता धारा । हजार गुनाधार । देवताको स्नान करनेकेलिये बहुत छिद्रों (छेकों)-वाले यन्त्र (कला) से निकले हुए बहुतसे जलकी धार.

सहस्रनयन, (पु०) सहस्रं नयनानि अस्य । हजार आँखवाला इन्द्र । "सहस्रनेत्र" आदि भी इसी अर्थमें है.

सहस्रपत्र, (न०) सहस्रं पत्राणि अस्य । हजारपत्तोंवाला । पद्म । कमलका फूल । "सहस्रपर्ण".

सहस्रपाद्, (पु०) सहस्रं (बहवः) पादा अस्य । "पाद्" का आदेश होता है । बहुतसे पाँववाला । विष्णु । परमेश्वर । "सहस्राक्षः सहस्रपात्" इति पुरुषसूक्तम् । "सहस्रपाद्" भी होता है.

सहस्रभुज, (पु०) सहस्रं भुजा अस्य । बहुतसी भुजावाला । विष्णु । कार्तवीर्यार्जुन । बाणासुर । "सहस्रबाहु".

सहस्रशिखर, (पु०) सहस्रं शिखराणि अस्य । बहुतसी चोटिओंवाला । विंध्य पर्वत.

सहस्रांशु, (पु०) सहस्रं अंशवो यस्य । बहुत किरणवाला । सूर्य । और आकका दरख्त.

सहस्राक्ष, (पु०) सहस्रं अक्षीणि यस्य+षच् समास । हजारनेत्रवाला । इन्द्र । विष्णु । और ईश्वर.

सहस्रार, (न०) सहस्रं आराः (कोणाः) अस्य । हजारों कोनोंवाला । सिरमें सुषुम्ना नाडीके नीचे हजार पत्तोंवाला कमलफूल.

सहस्रिन्, (त्रि०) सहस्रं अस्ति अस्य । एक हजारवाला.

सहाय, (पु०) सह एति+इण्+अच् । साथ जाता है । सहचर । साथी । मद्दतगार । अनुकूल । "असावनुक्तोऽपि सहाय एव" इति कुमारः.

सहायता, (स्त्री०) सहायानां समूहः+भावे तल् । मदद । साथिओंका समूह.

सहासन, (न०) सह आस्यते अत्र । आस्+ल्युट् । साथ बैठना । एकआसन.

सहित, (त्रि०) सम्यक् हितः । पु० । अच्छा हितकारी । सह्+क्त वा इट् । समभिव्याहृत । साथहुआ । मिलाहुआ.

सहितृ, (त्रि०) सह्+तृच्-वा इट् । सहारनेहारा (सहनशील) । "सोढा".

सहिष्णु, (त्रि०) सह्+इष्णुच् । सहनशील । सहारनेवाला.

सहिष्णुता, (स्त्री०) सहिष्णोर्भावः+तल् । क्षमा । सहारना.

सहृदय, (त्रि०) सह हृदयेन । प्रशस्तचित्त । अच्छे मनवाला । काव्यके अर्थकी भावनासे भलीभांति पकीहुई बुद्धिवाला । बहुत चतुर.

सहृल्लेख, (पु०) हृदयस्य लेखः (कालुष्यकरणं) हृद्भावः । जिस अन्नको देखकर हृदयमें संदेह उत्पन्न हो । दूषितान्न । बिगडाहुआ अन्न.

सहोक्ति, (स्त्री०) सह उक्तिः । साथ कहना । जहां "सह" शब्दकी उक्ति हो । एक अर्थसंबंधी अलंकार.

सहोटज, (पु० न०) सहते आतपादि अत्र । सह्+अच्-कर्म० । जहां धूप आदि सहारता है । मुनिओंकी पर्णशाला । पत्तोंकी कुटिआ.

सहोढ, (पु०) सह ऊढा येन । साथ विवाही है जिसने । गर्भवाली स्त्रीके साथ विवाह करनेके अनन्तर उसके जो पुत्र उत्पन्न होता है "सहोढज" भी.

सहोदर, (पु०) सह (समानं) उदरं यस्य । एक पेटवाला । एकही गर्भमें उपजा भाई । सगा भाई । बहिन । (स्त्री०).

सह्य, (न०) सहायस्य भावः+यत् । नि० । साहाय्य । सहायपन । सहारनेलायक । (त्रि०) । पहाड (पु०).

सा, (स्त्री०) सो+ड । गौरी । लक्ष्मी । वह.

सांकर्य, (न०) संकरस्य भावः+ष्यञ् । न्यायमें जातिका बाधक (रोकनेहारा) एक दोष । एकमें दूसरेका मिलजाना.

सांख्य, (न०) संख्यायते अत्र । संख्या (सम्यग् ज्ञानम्) सा अस्ति अत्र+अण् । जिसमें गिनाजाता है । जिसमें ठीक ज्ञान होता है । "एषा तेऽभिहिता सांख्ये" गीता । मूलप्रकृति आदि पदार्थोंकी गिनती होती है इसमें । अण् । कपिलका रचाहुआ दर्शनशास्त्र । (जिसमें प्रकृति पुरुष और तत्त्वोंका वर्णन है) । सांख्यका योग (पु०).

साङ्ग, (त्रि०) सह अङ्गेन । अंगयुक्त । अंगसहित । पूरा २.

सांग्रामिक, (त्रि०) संग्रामाय प्रभवति+ठण् । युद्धके लिये समर्थ होता है । सेनापति । सेनाका मालिक । कप्तान । युद्धके उपयोगी रथ आदि.

सांघातिक, (त्रि०) संघाताय हितं+ठण् । संघातकारक । इकट्ठा करनेहारा । ज्योतिष्में जन्मनक्षत्रतक सोलवां नक्षत्र.

सांयात्रिक, (पु०) सम्यक् यात्रायै अलं+ठण् । जहाज (पोत) से व्यापार करनेहारा । व्यापारी.

सांयुगीन, (त्रि०) संयुगे साधुः+ख (ईन) । रण (जंग) में कुशल (चालाक).

सांवत्सर, (पु०) संवत्सरं वेत्ति अधीते वा+अण् । वर्षसंबंधी ज्ञानको प्रकाश करनेहारे शास्त्रको जाने वा पढनेहारा । ज्योतिःशास्त्रको जानेहारा । गणक । ज्योतिषी.

सांवादिक, (पु०) सम्यक् वादाय अलं+ठण् । जो भलीभांति शास्त्रार्थ करसक्ता है । नैयायिक । न्यायशास्त्रके जानेहारा.

सांशयिक, (त्रि०) संशयं आपन्नः+ठण् । सन्दिहान । सन्देहमें पडाहुआ । शक्की । संशयवाला.

सांसारिक, (त्रि०) संसाराय हितं-तत्र भवो वा+ठण् । संसारका हितकारी पदार्थ अथवा संसारमें उत्पन्न हुआ । संसारी.

सांसिद्धिक, (त्रि०) संसिद्धिः (स्वभावसिद्धिः) तया निर्वृत्तः+ठण् । स्वभावसिद्ध । स्वाभाविक । जो आपसे आपही बना हो । कुदरतन.

साकम्, (अव्य०) सह अकति । साहित्य । साथ (तृतीया विभक्तिके साथ होता है).

साकल्य, (न०) सकलस्य भावः+ष्यञ् । समुदाय । साराही । "स्वार्थे ष्यञ्" । सारा । होमके लिये मिलेहुए तिल आदि द्रव्य.

साकाङ्क्ष, (त्रि०) सह आकाङ्क्षया । साभिलाष । इच्छासहित । चाहके साथ । शाब्दबोधके उपयोगी आकांक्षावाला पदविशेष.

साकार, (त्रि०) सह आकारेण (मूर्त्या) मूर्तिविशिष्ट । मूर्तिवाला । शकलवाला । अंगोंवाला । सावयव.

साकेत, (न०) आकित्यते आकेतः । सह आकेतेन । अयोध्यापुर । "जनस्य साकेतनिवासिनः" इति रघुः । अयोध्यानगरी.

साक्षात्, (अव्य०) सह अक्षति । अक्ष्+आति-सादेशः । प्रत्यक्ष । आँखोंके सामने । और उसका विषय (जो सामने दीख सक्ता है) । "यत् साक्षात् अपरोक्षाद् ब्रह्म" इति श्रुतिः.

साक्षात्कार, (पु०) साक्षात्+कृ+घञ् । प्रत्यक्ष । सामने.

साक्षिन्, (त्रि०) सह अक्षि+इनि । साक्षात् द्रष्टा इति वा नि० । सामने देखनेहारा । "स्त्रियां ङीप्" परमेश्वर (पु०) । "साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च" इति श्रुतिः । (यही साक्षी चैतन्यस्वरूपसे वेदान्तपरिभाषामें माना है).

साक्ष्य, (न०) साक्षिणो भावः कर्म वा+ष्यञ् । गवाहका काम । गवाही । "यः साक्ष्यमनृतं वदेत्" इति स्मृतिः.

सागर, (पु०) सगरेण निर्वृत्तः+अण् । सागरसे बना । समुद्र । एकसंख्या.

सागरगामिनी, (स्त्री०) सागरं गच्छति । गम्+णिनि । न णत्वम् । समुद्रको जाती है । गम्+णि-न णत्वम् । नदी । दर्या । छोटी इलाइची.

सागरमेखला, (स्त्री०) सागरो मेखलेव यस्याः । समुद्र मानों जिसकी तडागी है । पृथिवी । जमीन.

सागरालय, (पु०) सागरः आलयः यस्य । समुद्र जिसका घर है । वरुणदेवता । पानीकी देवता.

सागराम्बरा, (स्त्री०) सागरः अम्बरं यस्याः । समुद्र जिसका वस्त्र है । पृथिवी.

साग्निक, (पु०) सह अग्निना-अग्निहोत्रेण वा+कप् । श्रौत (वेदकी) और स्मार्त (धर्मशास्त्रकी) आगवाला । अग्निहोत्र (अग्निका होम) करनेवाला ब्राह्मण.

साचीकृत, (त्रि०) असाचि साचि क्रियते स+च्विनि० दीर्घः । वक्रीकृत । टेढा कियाहुआ । तिर्च्छा किया गया.

सात्यकि, (पु०) सत्यकस्य (वृष्णिवंशनृपस्य) अपत्यं+अण् । वृष्णिवंशके राजा सत्यकका पुत्र । कृष्णका सारथि.

सात्वत्, (पु०) सत्व+अत्+क्विप् । शक० । यादवोंके अधिकारमें एकदेश.

सात्वत, (पु०) सत्वं एव सात्वं अस्ति अस्य । त । सत्वगुणकी उपाधिवाला विष्णु । सात्वतदेशका राजा । अण् । विष्णु । "भगवान् सात्वतां पतिः" पुराणम् । सत्वगुणवाले विष्णुका भक्त । वैष्णव । यदुवंशीअंशुका पुत्र । एकराजा.

सात्विक, (पु०) सत्वात् (सत्वगुणप्रधानात्) विष्णोः भवति+ठण् (इक) । विष्णुसे उपजता है । चारमुखवाला ब्रह्मा (यह विष्णुकी नाभिकमलसे उत्पन्न हुआ था) । विष्णु । और सत्वगुणसे उपजा । सतोगुणी जन (त्रि०) "आहाराः सात्विकप्रियाः" इति गीता । दुर्गा (स्त्री०).

सादिन्, (पु०) सद्+णिनि । घोडेपर चढनेहारा । हाथीपर चढाहुआ । गाडीपर चढाहुआ । सवार.

सादृश्य, (न०) सदृशस्य भावः+ष्यञ् । समानधर्म । (एक वस्तुसे भिन्न होकर उसके बहुतसे धर्म रखनेहारा) । वरावरी । समानता.

साधक, (त्रि०) साध्+ण्वुल् (अक०) । साधन करनेहारा । सावित करनेहारा । तन्त्रमें मन्त्रआदि सिद्धिको करनेहारा शिष्य (चेला).

साधन, (न०) साध्यतेऽनेन । सिध्+णिच्-ल्युट्-साधादेशः । जिस्से कोई चीज सिद्ध कीजाय । करण । क्रियाको उत्पन्न करनेहारा हेतुविशेष । क्रियासाधक व्यापारवाला करण । सैन्य । युद्धका सामान । प्रमाण । और अनुमान करानेहारा हेतु । "भावे ल्युट्" मारना । मरेहुएका संस्कार । अग्निदान । आग लगाना । जाना । सावितकरना । और सिद्धि.

साधर्म्य, (न०) सधर्मस्य (समानधर्मस्य) भावः+ष्यञ् । अपना विशेषधर्मरूप लक्षण । " यदुक्तं यस्य साधर्म्यम् " इति भाषापरिच्छेदः । समानधर्मपन । बरावरी । "जैसे कमलकी नाई सुन्दर मुख " इत्यादिमें सुन्दरता "समानो धर्मो यस्य तस्य भावः" ष्यञ्.

साधारण, (त्रि०) सह धारणया+स्वार्थे अण् । सदृश । समान । वरावर । वह धन कि जिसपर वहुतोंका अधिकार है । आम । स्त्री-ङीप्-कुञ्चिका (चावी-कुंजी) । वेश्या आदि नायिका (जिसे सब भोग सक्ते हैं) । न्यायमें एक प्रकारका हेत्वाभास (वह हेतु जो सपक्ष और विपक्षमें एक जैसा रहजाय) । (पु०) । जैसे "पर्वत वह्निवाला है द्रव्यपन होनेसे" इत्यादिमें द्रव्यत्व हेतु सपक्ष पर्वत और विपक्ष ह्रदादिमें भी रहता है.

साधारणधर्म, (पु०) कर्म० सव वर्ण और आश्रमोंके समान धर्म । जैसे अहिंसा-सत्य-अस्तेय (चोरी न करना) शौच-इन्द्रियोंको रोकना-क्रोध न करना-कोमलता- दान इत्यादि । न्यायमें संशयका कारण और समान धर्म.

साधित, (त्रि०) सिध्+णिच्+क्त । दापित । दिलायागया । प्रमाण आदिसे सावित कियाहुआ । पूरा कियाहुआ.

साधिदैव, (त्रि०) सह अधिदेवेन+स्वार्थे अण् । दोनों पदोंको वृद्धि । अधिदेवतासहित । परमेश्वर.

साधिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन साधुः वाढो वा+इष्ठन् साधादेशः । अत्यन्त दृढ । वहुत मजवूत (पक्का) । वहुत साधु । वहुत अच्छा.

साधिष्ठान, (त्रि०) सह अधिष्ठानेन । आश्रयके साथ । सन्निहित । निकट । पास । तन्त्रमें छ चक्रोंके मध्यमें सुषुम्ना नाडीके बीच चक्रविशेष (न०).

साधीयस्, (त्रि०) अतिशयेन साधुः । वा साधादेशः । अत्यन्त दृढ । वहुत पक्का । न्याय्य । जो न्याय (इन्साफ) के विरुद्ध न हो । और वहुत अच्छा (स्त्री०) ङीप्.

साधु, (त्रि०) साध्+उन् । उत्तमकुलमें उत्पन्नहुआ । सुन्दर । मनोहर । और उचित । स्त्रियां वा ङीप् । मुनि और जिनदेव । "सन्मान पाकर प्रसन्न नहिं होता, निरादर होनेपर क्रोध नहिं कर्ता, और क्रोधमें होकर कदापि कठिन वचन नहिं कहता" इस प्रकारके धर्मवाला जन । और व्यापारी (पु०).

साध्य, (पु०) सिध्+णिच्+यत् । द्वादशसंख्याक (वारह) गणदेवता । विष्कम्भ आदि योगोंमें इक्कीसवां योग । साधनीय (सावित करनेलायक) (त्रि०) । अठारह प्रकारके विवादों (झगडों) में प्रमाण (सवूती) आदिसे सावित करनेलायक पदार्थ । अनुमितिसे साधन करनेलायक वह्निआदि-जैसे "वह्निवाला है धूम होनेसे" इत्यादिमें सिषाधयिषित (सिद्ध करनेकी इच्छा किया गया), वह्नि "साध्य" है । संस्कारके लायक । मन्त्र.

साध्यतावच्छेदक, (पु०) साध्यतां अवच्छिनत्ति (विशेषयति) । अव+छिद्+ण्वुल् । येन रूपेण यस्य साध्यतारूपा विषयता तस्मिन् धर्मे । जिस रूपसे जिसकी साध्यता निश्चित हो-जैसे "वह्निमान् धूमात्" यहां "वह्नि" साध्य है जो कि उसकी साध्यता "वह्नित्व" को निश्चय कराता है.

साध्यसिद्धि, (स्त्री०) साध्यस्य सिद्धिः (विनिर्णयः) । सिध्+क्तिन् । सिद्ध करनेलायक पदार्थकी सिद्धि । (सावित होना) । साध्य (वह्नि आदि) की सिद्धि (साधनके आधीन निर्णय) । निष्पत्ति (एक कामका पूरा होना) । "जिसमें प्रतिज्ञाकरनेलायक अर्थका निर्णय हो" । व्यवहार.

साध्वस, (न०) साधु+अस्यति+अस्+अच् । भय (डर) । पूरा फेंकता है (आनंदको).

साध्वी, (स्त्री०) साधु ङीप् । पतिव्रता स्त्री (जो पतिके साथ छायाके समान रहती है) । भली.

सानन्द, (त्रि०) सह आनन्देन । आनन्दसहित । खुश.

सानु, (पु० न०) सन्+उण् । पर्वतकी चोटी (प्रस्थ) । वन । पथ । आगे.

सानुज, (न०) सानौ जायते । जन्+ड । प्रपौण्डरीक । तुम्बुरवृक्ष (पु०) । सहानुजेन । अनुजसहित (भाईके साथ) (त्रि०).

सानुमत्, (पु०) सानुः अस्ति अस्य+मतुप् । चोटीवाला । पर्वत । पहाड.

सान्तपन, (न०) सन्तापयति । सम्+तप्+णिच्+ल्युट्-स्वार्थेऽण् । अच्छीतरह तपाता है । दो दिनोंमें सिद्ध होनेहारा व्रतविशेष.

सान्तर, (न०) सह अन्तरेण । सादेशः । विरला । फरक (व्यवधान) के साथ.

सान्तानिक, (त्रि०) सन्तानः प्रयोजनं अस्य+ठक् । सन्तानका साधन विधानविशेष । जिस्से सन्तान होती है इस प्रकारका विधान.

सान्त्वन, (न०) सान्त्व्+ल्युट् । आनुकूल्यकरण । अच्छी २ बातें सुनाकर क्रोधको दूर करना । ठण्डा करना । कान और मनको प्रसन्नता देनेहारा वचन । प्यार.

सान्दीपनि, (पु०) सन्दीपनस्य अपत्यं+इञ् । सन्दीपनकी सन्तान । वलराम और कृष्णजीका आचार्य । अवन्तिपुरमें निवासकरनेहारा एक मुनि.

सान्द्र, (त्रि०) आदि+रक् । सह अन्द्रेण । निविड । गाढा । मृदु । कोमल । नरम । स्निग्ध । चिकना । और (मनोहर) । वन (जंगल) (न०).

सान्ध्य, (त्रि०) सन्ध्यायां भवः+अण् । संध्याकालिक । सांझके समयका.

सान्निध्य, (न०) सन्निधिरेव+ष्यञ् । नैकट्य । समीपता । पासपन । पासहोना । पास.

सान्निपातिक, (त्रि०) सन्निपातात् (त्रिदोषविकारात्) आगतः । तेन निर्वृत्तो वा+ठक् । तीन दोषोंके बिगडनेसे आया वा हुआ । सन्निपातसे उपजा रोग । "विकारे सान्निपातिके" कुमारः.

सापत्न्य, (पु०) सपत्न एव+स्वार्थे ष्यञ् । शत्रु (दुष्मन) "सपत्न्या भवः । तस्या अपत्यं वा+यञ् ।" सपत्नी (सौतिन) का पुत्र । "सापत्न".

सापिण्ड्य, (न०) सापिण्डस्य भावः+ष्यञ् । सपिण्डता (एकजातपना) । दाय (विरसा) और अशौच (अपवित्रता) स्वीकार करनेके उपयोगी जातिका धर्म । "सापिण्ड्यं साप्तपौरुषं" इति स्मृतिः.

साप्तपदीन, (न०) सप्तभिः पदैः (उच्चरितैः) निर्वृत्त+ष्यञ् (ईन) । सात पदोंके बोलनेसे बनी । सख्य । मित्रता । सौहार्द । प्रेम.

साप्तपौरुष, (त्रि०) सप्त पुरुषान् व्याप्नोति+अण् । सात पुरुषोंतक फैलता है । सप्तपुरुषव्यापक.

साफल्य, (न०) सफलस्य भावः+ष्यञ् । पूरा होना । सार्थक्य । अर्थके सिद्ध करनेवाला होना । सम्पूर्णता । सफलता.

साम्, सान्त्वन (शान्त करना) चु० उ० स० सेट् । सामयति-ते । अससामत्-त.

सामग, (पु०) साम (तद् वेदं) गायति । सामवेदके गाने वा पढनेहारा.

सामग्री, (स्त्री० न०) समग्रस्य भावः (पूरा होना) । +ष्यञ् । समस्तता (सारापन) (स्त्री०) । कारणसमूह । और द्रव्य (स्त्री).

सामञ्जस्य, (न०) समञ्जसस्य भावः+ष्यञ् । औचित्य । अच्छापन । मुनासिव होना.

सामन्, (न०) सो+मनिन् । "अग्निं दूतं वृणीमहे" इत्यादि वेदविशेष । राजाओंके लिये शत्रुको वश करनेका उपायविशेष । और प्यारे वचन आदिसे शान्त करना । पशुको बांधनेकी रस्सी । स्त्री० ङीप्.

सामन्त, (पु०) संश्लिष्टः अन्तः (एकदेशः) यस्य समन्तः । तस्य ईश्वरः+अण् । अपने देशके पास रहनेहारे देशका स्वामी राजा । वह राजा कि जो बडे राजाको कर (खिराज) देता है । करदराजा । टका भरनेहारा राजा.

सामयिक, (त्रि०) सामये भवः उचितो वा+ठञ् (इक) समय (वक्त) पर हुआ । और समयके उचित (योग्य).

सामयोनि, (पु०) साम योनिः (उत्पत्तिस्थानं) यस्य । सामसे उत्पन्नहुआ । हस्ती ("एक वार ब्रह्माने सूर्यके दोनों अण्डकपालोंको हाथमें लेकर सात सामों (गीतों) को गाया-तव हाथी गिरे") । ब्रह्मा । चतुर्मुख.

सामर्थ्य, (न०) समर्थस्य भावः+ष्यञ् । ताकत । शरीरका वल (जोर) । शक्ति । योग्यता । संगतार्थता । अर्थका ठीक जुडना.

सामवेदिन्, (पु०) साम वेत्ति+विद्+णिनि । सामवेदको जानेवाला ब्राह्मण.

सामाजिक, (पु०) समाजः प्रयोजनं अस्य । सभास्थापनकरना जिसका मतलव है । सभ्य । सभाका मैम्बर । सभासद्.

सामानाधिकरण्यम्, (न०) समानं अधिकरणं यस्य तस्य भावः । एकही पद पर दोनोंका होना । एकही आश्रयका होना । समान (बरावर) अधिकार । किसी कारक समान संबंध होना जिसे धूम और वह्निका पर्वतमें सामानाधिकरण्य है.

सामान्य, (न०) समानस्य भावः+ष्यञ् । सादृश्य प्रयोजक धर्म । बराबरीको जतलानेहारा धर्म-जैसे "मुख कमलफूलके समान सुन्दर है" इत्यादिमें सुन्दरता आदि+स्वार्थे ष्यञ्-"समानं एव" द्रव्य, गुण और कर्ममें तुल्य स्वरूपसे रहनेहारी जाति.

सामान्यलक्षणा, (स्त्री०) सामान्यं (साधारणधर्मः) लक्षणं यस्याः । एक जैसे धर्मको जतलानेहारी । न्यायमें "अलौकिक प्रत्यक्षका एक उपाय-जैसे एक "घट" के जाननेमें "घटत्वरूप सामान्यधर्मज्ञान" से सम्पूर्ण घटत्ववालेका ज्ञान होता है । अलौकिक सन्निकर्षविशेष.

सामान्यप्रतिपत्तिपूर्वकम्, (अव्य०) सामान्या प्रतिपत्तिः पूर्वं यथा तथा । समान प्रतिष्ठाके साथ । बराबर आदर (इज्जत)के साथ.

सामान्या, (स्त्री०) समानैव+स्वार्थे ष्यञ्-टाप् । साधारण (आम) स्त्री । वेश्या । कंजरी.

सामि, (अव्य०) साम+इन् । अर्ध । आधा । "सामिघटितेति" नैषधम्.

सामीप्य, (न०) समीपस्य भावः+स्वार्थे वा ष्यञ् । नैकट्य । पासहोना । निकट । पास । नजदीक.

सामुद्रक, (न०) समुद्रेण प्रोक्तं वुण् (अक) । हाथ आदिकी रेखा आदिसे स्त्री और पुरुषके शुभ और अशुभ लक्षणको जतलानेहारा ग्रन्थविशेष (स्त्रियोंका बायाँ और पुरुषोंका दहिना हाथ आदि देखा जाता है) "सामुद्रिक" भी होता है.

साम्परायिक, (न०) सम्परायाय (आपदे) परलोकाय वा हितम्+ठण् (इक) । दुःख वा परलोकके लिये हितकारी । युद्ध (जंग) । परलोकका साधन (त्रि०).

साम्प्रतम्, (अव्य०) सम्+प्र+तन-अनुयुक्त । उचित । योग्य । मुनासिब । अब । ठीक २.

साम्प्रदायिक, (त्रि०) सम्प्रदायेन भवः सम्प्रदाय (एकके पीछे दूसरा पीढीदरपीढी)से चला आया (हुआ).

साम्य, (न०) समस्य भावः+ष्यञ् । तुल्यत्वप्रयोजकसाधारण धर्म । बराबरीको जतलानेहारा एक जैसा धर्म.

साम्राज्य, (न०) सम्राजस्य भावः+ष्यञ् । सार्वभौमत्व । सम्पूर्णभूमिका राजा होना । बादशाहत । दसलाख योजन (एक योजन चारकोसका) पर हकूमतकरना.

सायंसन्ध्या, (स्त्री०) सायं (दिनान्ते) संध्या । तत्र सम्ध्यायते । सम्+ध्यै+क । दिनके अन्तकी संध्या (दोनों वक्त मिलेहुए) । दिनके अन्त (सांझ)में उपासना करनेलायक देवताविशेष.

सायक, (पु०) सो+ण्वुल् । बाण (तीर) । खड्ग । तरवार.

सायन्तन, (त्रि०) सायं भवः । ट्युल्-तुट् च । दिनके अन्तमें हुआ.

सायम्, (अव्य०) दिनान्त । सांझ । "सायं सम्प्रति वर्तते" उद्भटः.

सायाह्न, (पु०) सायोऽन्हः । त० टच् । अन्हादेशः । दिनका अन्त । सांझ । दिनका शेष पाँचवाँ भाग जो तीन मुहूर्त होता है.

सायुज्य, (न०) सह युनक्ति । युज्+क्विप् । सादेशः । "सयुङ्" तस्य भावः+ष्यञ् । साथ जुडना । पाँच प्रकारकी मुक्तिमेंसे एकही स्थानमें इष्टदेवताके साथ इकट्ठाहोनारूप मुक्ति.

सार, (न०) सृ+घञ् । सार्+अच् वा । जल । धन । न्यायानुसार । नवनीत (मक्खन) । लोहा । और वन (जंगल) । बल (जोर) । स्थिर अंश (पक्काहिस्सा) । वायु (हवा) । अच्छा (त्रि०).

सारगन्ध, (पु०) सारः गन्धो यस्य । अच्छे गन्धवाला । चन्दन.

सारघ, (पु०) सरघाभिः निर्वृत्तम् । मक्खिओंसे बना । मधु । शहत । क्षौद्र.

सारङ्ग, (पु०) सृ+अङ्गच् । चातक खग (पपीहा) । हरिण । हाथी । भौंरा । छत्रा । राजहंस । एकबाजा । कपडा । कईरंग । मोर । कामदेव । कमानं । बाल । भूषण (गहना) । कमलफूल । शंख । चंदन । कपूर । फूल । कोइल । बादल । शेर । रात । भूमि । और दीप्ति.

सारङ्गिक, (पु०) सारङ्गं (मृगं) हन्ति+ठक् (इक) । पशुको मारता है । व्याध । शकार.

सारज, (न०) सारात् (दध्यग्रात्) जायते । जन्+ड । मट्ठेसे उपजता है । नवनीत । मक्खन.

सारणि-णी, (स्त्री०) सृ+णिच्+अनि-वा ङीप् । छोटी नदी । छोटा दर्या । संक्षेपसे ग्रहोंकी गति आदिको जतलानेहारा ज्योतिष्का ग्रंथविशेष.

सारथि, (पु०) सृ+अथिण् । सह रथेन सरथः (घोटकः) तत्र नियुक्तः+इञ् वा । रथ (गाडी) आदि वाहन (सवारी)को चलानेहारा । नियन्ता । गाडीवान.

सारदा, (स्त्री०) सारं ददाति । दा+क । सरस्वती । सारका दाता (त्रि०).

सारमेय, (पु०) सरमायाः (कश्यपपत्न्याः) अपत्यं+ढक् (एय) । कश्यपकी स्त्री सरमाका पुत्र । कुक्कुर (कुत्ता) । कुत्ती (स्त्री०).

सारव, (त्रि०) सरय्वां भवः+अण् । नि० । सरयूनदीमें हुआ.

सारस, (न०) सरः (अभिजनःनियतवसतिः) अस्य+अण् । जो नियमसे तालावमें रहता है । कमलका फूल । पद्म । और कटी (कमर) का भूषण । "सह रसेन"+स्वार्थेऽण् । जो रस (जल-वा अमृत) के साथ है । चन्द्रमा । हंस । और इसी नामका एकपक्षी । तालावका (त्रि०).

सारस्वत, (पु०) सरस्वती देवता अस्य । सरस्वत्या इदं वा+अण् । जिसकी देवी सरस्वती है वा सरस्वतीका यह । बिल्वका डण्डा । एकदेश । पाँच गौडोंमेंसे एकप्रकारका ब्राह्मण । सरस्वतीसे पालन कियाहुआ एकमुनि । ब्रह्माका दिनरूप कल्पविशेष । सरस्वतीवाला (त्रि०).

सारस्वतकल्प, (पु०) कर्म० । तन्त्रमें सरस्वतीकी उपासनाके लिये एक प्रकार । इस नामका ब्रह्माका दिन.

सारि-री, (पु० स्त्री०) सृ+इन् । वा ङीप् । पाशक । पास्सा.

सारिका, (स्त्री०) सरति (गच्छति) सृ+ण्वुल् । एक पक्षी (मैंना).

सार्थ, (पु०) सृ+थम्+स्वार्थेऽण् । समूह । जीवोंका समूह । "सह अर्थेन" धनसहित । वनिओंका समूह । धनी (दौलतमंदी) (त्रि०)+कन् । "सार्थकः" शब्द.

सार्थवाह, (पु०) सार्थं वहति । वह्+अण् । व्यापारी । वणिग्जन.

सार्द्र, (त्रि०) सह आर्द्रेण । आर्द्रतायुक्त । गीलेपनके साथ । गीला.

सार्धं, (अव्य०) साहित्य । साथ । "सह अर्धेन" सार्धः । आधेके साथ (त्रि०).

सार्प, (न०) सर्पो देवता अस्य+अण् । जिसका देवता सांप है । आश्लेषा नक्षत्र (तारा).

सार्पिष्क, (त्रि०) सर्पिषा संस्कृतं+ठण् (इक) । घीमें संस्कार कियागया व्यञ्जन (नाल्दा) आदि.

सार्वजनीन, (त्रि०) सर्वेषु जनेषु विदितः+खञ् (ईन) द्विपदवृद्धिः । सबजनोंमें जानाहुआ । सर्वलोकप्रसिद्ध.

सार्वत्रिक, (त्रि०) सर्वत्र भवं+ठक् (इक) । सब समयमें हुआ.

सार्वधातुक, (न०) सर्वधातून् व्याप्नोति+ठक् । व्याकरणमें लट् । लोट् । लङ् । विधिलिङ् । इन चारोंके प्रत्यय.

सार्वभौतिक, (त्रि०) सर्वाणि भूतानि व्याप्नोति+ठञ् । "दोनों पदोंको वृद्धि होती है" । सब जीवोंमें फैलनेहारा । सर्वभूतव्यापक.

सार्वभौम, (पु०) सर्वस्या भूमेः ईश्वरः । सर्वासु भूमिषु विदितो वा+अण् । सारी पृथिवीका मालिक । वा सब पृथिवी (नगरों)में जानाहुआ । चक्रवर्ती राजा । शाहनशाह । उत्तर दिशाका हाथी.

सार्वलौकिक, (त्रि०) सर्वेषु लोकेषु विदितः+ठञ् । द्विपदवृद्धिः । सब लोकोंमें जानाहुआ । "स रामः सार्वलौकिकः" इति भट्टिः.

सार्वविभक्तिक, (त्रि०) सर्वासु विभक्तिषु । तदर्थे भवः+ठञ् (इक) । सब विभक्तिओंके अर्थमें विधान कियागया "तसिल्" आदि प्रत्यय.

सार्षप, (त्रि०) सर्षपस्य विकारः+अण् । सरसोंका वनाहुआ तेलआदि । "अदुष्टं सार्षपं तैलं" इति स्मृतिः.

साल, (पु०) सल्+घञ् । हरएक वृक्ष । इस नामका वृक्ष । प्राकार । शहरपनाह.

सालनिर्यास, (पु०) ६ त० । सर्जरस । धुना । राल.

सालभञ्जिका, (स्त्री०) सालं भनक्ति । भञ्ज्+ण्वुल् । लकडी आदिका वनाहुआ वनावटी खेलका साधन । पुत्तलिका । पुतली । गुड्डी । वेश्या । कंजरी.

सालूर, (पु०) सल्+ऊरच्+णिच् । भेक । मण्डूक । मेंडक । डड्डू.

सालोक्य, (न०) समानः लोकः अस्य । तस्य भावः+ष्यञ् । पाँच प्रकारकी मुक्तिमेंसे अपने उपास्य देवताके साथ एकही लोकमें वासकरनारूप मुक्तिविशेष.

साल्व, (पु०) ब० व० सौभदेश । उस देशका राजा । अण्.

सावधान, (त्रि०) सह अवधानेन । जो चित्तको एक कर्ता है । सचेतन होशियार । मनोऽभिनिवेशयुक्त । खबरदार.

सावन, (न०) सवनं (सोमयागाङ्गं स्नानं) तस्येदं+अण् । वह दिन कि जब सोमयागका अंग स्नान कियाजाता है । यज्ञका अन्त । पूरे तीस दिनका मास (महीना) । वरुण.

सा(शा)वर, (पु०) सरवरेण निर्वृत्तः+अण् । पाप (गुनाह) अपवाद । कलंक.

सावर्ण, (पु०) सवर्णायां भवः+अण् । सूर्यकी स्त्री संज्ञादेवीके गर्भसे उपजा आठवां मनु+इञ् । "सावर्णि".

सावित्र, (पु०) सविता देवता अस्य+अण् । जिसका देवता सूर्य है । विप्र । ब्राह्मण । ऋग्विशेष (एकमन्त्र) । स्त्री० ङीप् । गायत्री । सत्यवान्की स्त्री० । सूर्य देवताका "चरु" आदि (त्रि०) । यज्ञोपवीत (न०) । स्वार्थादौ अण् । सूर्य । तस्येदं+अण् । महादेव । वसु (पु०).

सावित्रीपतितः-परिभ्रष्ट,(पु०) सावित्र्याः पतितः । गायत्रीसे गिरा हुवा । शूद्र भिन्न ब्राह्मणादि तीन वर्णोंमेंसे जिसका यथाकाल यज्ञोपवीत नहिं हुआ । ऐसे मनुष्यको "व्रात्य" भी कहते हैं.

सावित्रीव्रत, (न०) सावित्रीपूजनमुद्दिश्य कर्तव्यं व्रतम् । सावित्रीको पूजनेकेलिये करनेलायक व्रतविशेष । ज्येष्ठ (जेठ) के कृष्णपक्षकी चतुर्दशी.

सास्ना, (स्त्री०) सस्+न-णिच । गौके गलेका लोमसमूहरूप कम्बल । गवगव.

सास्र, (त्रि०) सह अस्रेण । चक्षुर्जलान्वित । आँसुओंके साथ । जिसकी आंखसे पानी चल रहा हो.

साहचर्य, (न०) सहचरस्य भावः+ष्यञ् । साथ रहना । समभिव्याहार । साथ । सामानाधिकरण्य । एकही आश्रयहोना.

साहस, (न०) सहसा (बलेन) निर्वृत्तं+अण् । जोरसे कियागया चोरी (चौर्य) स्त्रीसंग्रह (किसीकी स्त्रीको उसकी इच्छाके विना पकडलेना) आदि दुष्टकाम । "सहसा (अविवेचनेन) कृतं कर्म" । बिना विचारे कियागया काम । (त्रि०) । "साहसं अनुसरति" साहसकरनेवालेको मिलता है । दण्डविशेष (सजा) । और अग्नि । आग (पु०).

साहसाध्यवसायिन्, (त्रि०) साहसं अध्यवस्यति । साहससे काम करनेवाला । दिलेरीसे चलता हैं । जिस विचारके विना किसी कामको काहली (शीघ्रता) से करनेवाला.

साहसिक, (त्रि०) साहसे प्रसृतः+ठन् । "मनुष्यको मार डालना" आदि दिलेरीमें लगगया । चोर । पारदारिक । मिथ्यावादी । पुरुषआदि (सख्त बोलनेहारा).

साहस्र, (न०) सहस्राणां समूहः+अण् । कई हजार । "स्वार्थे अण् ।" हजारकी संख्या । (न०) हजारकी संख्यावाला (त्रि०).

साहाय्य, (न०) सहायस्य भावः+ष्यञ् । सहायता । मद्दत.

साहित्य, (न०) सहितस्य भावः+ष्यञ् । मेलन । मिलाना । इकट्ठाहोना । आपसमें अपेक्षा रखनेहारे समानरूपोंका एकही क्रियामें अन्वय होना । एक प्रकारका काव्य वा शास्त्र.

साह्वय, (पु०) सह आह्वयेन (अभिधानेन) । नामके साथ । "जगाम गजसाह्वयम्" भारतम्.

सिंह, (पु०) हिन्स्+अच् । पृ० वर्णविपर्यय (इसमें अक्षर बदल जाते हैं) । इस नामका पशु । शेर । लाल सुहांजना । मेषसे पाँचवी राशि । "यह अन्तमें आनेसे "श्रेष्ठ" के अर्थको प्रकाश कर्ता है" । "पुरुषसिंहः".

सिंहध्वनि, (पु०) सिंहस्य इव ध्वनिः । शेरके समान आवाज । "सिंहनाद" आदि भी । ६ त० सिंहका शब्द.

सिंहल, (पु०) सिंहः अस्ति अत्र+लच् । जहां शेर है । एकदेश । सिलोन टापू । रांगा । पीतल.

सिंहवाहिनी, (स्त्री०) सिंहरूपो वाहो विद्यते अस्याः । इनि । जिसकी सवारी शेर है । दुर्गा देवी.

सिंहविक्रान्त, (स्त्री०) सिंह इव विक्रान्तः (शेरकी नाईं बली) अश्व (घोडा) । शेरके समान बलवाला (त्रि०).

सिंहसंहनन, (न०) (त्रि०) सिंहस्य इव संहननं (अङ्गं) अस्य । जिसका अंग शेरके समान है । अच्छेअंगवाला । सिंहके समान दृढ (पक्के) अंगवाला । "सिंहसंहननो युवा" रघुः.

सिंहावलोकनम्, (न०) सिंहस्य अवलोकनं सिंह (शेर) का देखना (पीछेकी ओर) । एकप्रकारका न्याय जिसमें पिछली और अगली वस्तुका सम्बन्ध जतलाया जाता है.

सिंहासन, (न०) सिंहचिह्नितं आसनम् । सिंहके चिन्ह (नशान) वाला आसन । राजाका आसन । तख्त.

सिंहिका, (स्त्री०) काश्यपकी स्त्री । राहुकी माता.

सिंहिकासुत, (पु०) ६ त० । राहु । सिंहिकाका पुत्र.

सिंही, (स्त्री०) हिनस्ति रोगान् । हिन्स्+अच् । पृ० । वार्ताकी । कण्टकारिका । वासक । बृहती । और राहुकी मां । "सिंह+जातौ ङीप्" । सिंहकी स्त्री । शेरनी.

सिक्, सेचन । सींचना । भ्वा० पर० सक० सेट् । सेकति । असेकीत्.

सिकता, (स्त्री०) ब० व० । सिक्+अतच् । वालुका । रेत । "सिकताः सन्ति अत्र-अण्" (उसका लोप) । सिकतायुक्तदेश (रेतवाला स्थान) । वालूवाली जगह.

सिकतिल, (त्रि०) सिकताः सन्ति अत्र+इलच् । वालुकायुक्तदेश । वह स्थान जहां रेत हो । रेतीली जगह.

सिक्थ, (न०) सिच्+थक् । मधूच्छिष्ट (शहदकी मक्खीकी जूठ) । मोम । शाल । नीलका पौधा । भात (पु०).

सिङ्घा(घा)न, (न०) शिघ्+आनच् । पृ० । नाककी मैल.

सिचय, (पु०) सिच्+अयच् । वस्त्र । कपडा.

सित, (न०) सो+क्त । रूपा । और चंदन । शुक्रग्रह । और शुक्ल (चिट्टा) वर्ण (रंग) (पु०).

सितकर, (पु०) सितः करः (किरणः) यस्य । जिसकी किरण चिट्टी है । चन्द्रमा । और कपूर (काफूर) । "सितमयूख".

सितपक्ष, (पु०) सितः पक्षः अस्य । चिट्टे परवाला । हंस । कर्म० शुक्लपक्ष (जिसमें चन्द्रमाकी किरणें बढती हैं).

सिता, (स्त्री०) सो+क्त । शर्करा । शक्कर । खांड । चीनी । मिशरी.

सितापाङ्ग, (पु०) सितं अपाङ्गं यस्य । जिसकी आँखका कोना चिट्टा है । मयूर । मोर.

सितिवासस्, (पु०) सिति (कृष्णं) वासः अस्य । काले कपडेवाला । बलदेव । बलभद्र । कृष्णका बडाभाई.

सितेतर, (पु०) सितात् इतरः (चिट्टेसे दूसरा) । काला रंग.

सितोपल, (पु०) कर्म० । चिट्टा पत्थर । स्फटिक । बिल्लौर । कठिनी (खडिया) (न०) शर्करा । मिसरी । (स्त्री०).

सिद्ध, (न०) सिध्+क्त । सैन्धवलवण । सेंधानिमक । पक्व (पकाहुआ) । निष्पन्न (पूराहुआ) । और नित्य (सदा) (त्रि०) । "सिद्धिः अस्ति अस्य" अच् । सिद्धिवाला । व्यासआदि मुनि । और देवयोनिविशेष (पु०) । निश्चित । (जिसका निश्चय हो गया) (त्रि०) । विष्कम्भआदिमें बाईसवां योग । गुड । और काला धतूरा । योगिनीदशामें सातवीं दशा । (स्त्री०) टाप् । मन्त्रविशेष (पु०).

सिद्धदेव, (पु०) सिद्धानां देवः । सिद्धोंका देवता । महादेव.

सिद्धधातु, (पु०) सिद्धः (प्रसिद्धः) धातुः । पारद । पारा.

सिद्धपीठ, (पु० न०) कर्म० । सिद्धोंका स्थान (जहां लाखवार वलिदान कियागया है, क्रोडवार होम और महाविद्याका मन्त्र जपागया हो).

सिद्धपुर, (न०) कर्म० लंकाके नीचे एक पुर है.

सिद्धविद्या, (स्त्री०) सिद्धा विद्या (मन्त्रः) यस्याः । जिसका मन्त्र सिद्ध है । "काली" आदि दस महाविद्या.

सिद्धसाधन, (न०) सिद्धस्य (निश्चितस्य) साधनं (अनुमानम्) । न्यायमें एकप्रकारका दोष जिसमें उस वस्तुका अनुमान कियाजाता है जिसका पहिलेसे निश्चय होरहा है.

सिद्धान्त, (पु०) सिद्धः (निश्चितः) अन्तः यस्मात् । जिस्से अन्त (असली वात) का निश्चय होता है । प्रमाण आदि देकर पूर्वपक्ष (पहिले कीगई दलील) को तोडकर असली पक्षको स्थापन करनेहारा वाक्यसमूह । वादी और प्रतिवादीसे निश्चय कियाहुआ अर्थ । ज्योतिःशास्त्रविशेष.

सिद्धार्थ-क, (पु०) सिद्धः अर्थः यस्मात् । जिस्से प्रयोजन सिद्ध होता है । ५ व० वा कप् । श्वेतसर्षप (चिट्टी सरसों) । वटीवृक्ष । ६ व० । प्रसिद्ध अर्थ (त्रि०) । जिनविशेष.

सिद्धि, (स्त्री०) सिध्+क्तिन् । ऋद्धिनाम औषध । योगविशेष । अन्तर्धान (छिपना) । निष्पत्ति (एक कामका पूराहोना) । पाक (पकना-रसोई) । पादुका (खडाव) । मोक्ष । सम्पदा । "अणिमा" आदि आठ प्रकारका ऐश्वर्य । बुद्धि । "प्रभाव" आदि तीन शक्तियें.

सिद्धिद, (पु०) सिद्धिं ददाति । दा+क । बटुकभैरव । सिद्धिके देनेहारा (त्रि०).

सिद्धियोग, (पु०) सिद्धिहेतुर्योगः । सिद्धिकारण योग । ज्योतिष्में शुक्रआदि वारसहित "नन्दा" आदि.

सिध्मल, (त्रि०) सिध्मन्+अस्त्यर्थे लच् । किलास रोगवाला । कोहडी.

सिनीवाली, (स्त्री०) सिनीं (श्वेतां) चन्द्रकलां वलति (धारयति) अण्-ङीप् । चतुर्दशीवाली अमावास्या.

सिन्दु(न्धु)वार, (पु०) सिन्धुं (गजमदं) वारयति । वृ+अण् । निसिन्दावृक्ष । "मुक्ताकलापीकृतसिन्धुवारम्" इति कुमारः (इसमें वहुत गंध होता है । फूल चिट्टे हैं.)

सिन्दूर, (न०) स्यन्द्+ऊरन् । सम्प्रसारणम् । लाल रंगका चूर्णविशेष । सिंधूर । संधूर । वृक्षविशेष (पु०).

सिन्धु, (पु०) स्यन्द्+उ । सम्प्रसारण । "द" को "ध" होता है । समुद्र । एक नद (दर्या) । वृक्ष । एक राग । एक देश । और मदका जल (हाथीकी मस्ती) । उस देशका वासी । (पु० ब० व०.)

सिन्धुर, (पु०) सिंधुः (मदजलं अस्य अस्ति । र । मस्तीके पानीवाला । हस्ती । हाथी.

सिन्धुराज, (पु०) सिन्धूनां राजा+टच् । नदिओंका राजा । समुद्र.

सिन्धुवार, (पु०) अच्छी जातका घोडा । सिन्धु वा पर्शिआका घोडा । फारसी घोडा.

सिन्धुसंगम, (पु०) सिंध्वोः (नद्योः) नदीसमुद्रयोः वा संगमः । दो नदिओं वा नदी और समुद्रका मेल । "सः यत्र" वह जहां हो (त्रि०).

सिप्र, (पु०) सप्+रक् । पृ० । एक तालाव (सरोवर) । चन्द्रमा । गर्मीका पानी । और घर्म (पसीना) । उज्जयिनी नगरीके पास एक नदी (दर्या) (स्त्री०) "सिप्रातरङ्गानिलकम्पितासु" इति रघुः.

सिम, (पु०) सि+मन् । सर्व । सब । इस अर्थमें सर्वनाम है,

सीक्, सेचन-सींचना । भ्वा० आ० सक० सेट् । सीकते । असेकिष्ट.

सीकर, (पु०) सीक्यते (सिच्यते) अनेन । सीक्+अरण् । जलकण । पानीकी कणी (कतरा).

सीता, (स्त्री०) सि+त । पृ० दीर्घः । लाङ्गलपद्धति । हलका फाला । हलचलानेकी डण्डी । जनकराजाकी कन्या.

सीतापति, (पु०) ६ त० श्रीराम । सीताका पति.

सीतायाः पति, (पु०) ६ त० । अलुक् समास । श्रीरामचन्द्र.

सीत्कार, (पृ०) "सीत्" इति अव्यक्तस्य कारः । सीत्+कृ+घञ् । अनुराग (प्रेम-मुहब्बत) से उत्पन्न हुआ शब्द । सी २ करना.

सीधु, (पु०) सिध्+उ । पृ० । मद्य । शराव (गन्नेके पकेहुए रससे तयार हुआ मद्यविशेष).

सीधुरस, (पु०) सीधोरिव रसः आस्वादः अस्य । जिसका स्वाद (मजा) शरावकी भांति हो । आम्रका वृक्ष । आमका दृख्त.

सीमन्त, (पु०) सीम्नः अन्तः । शक० । केशोंके भीतर मार्गके समान बनाहुआ । सीवनी । गर्भसे छठे वा आठवें महीनेमें करनेलायक एक संस्कार.

सीमन्तिनी, (स्त्री०) सीमन्त+अस्ति अर्थे इनि । सीमन्तवाली । योषित् । नारी । स्त्री । औरत.

सीमन्तोन्नयन, (न०) सीमन्तस्य (गर्भसंस्कारस्य) उन्नयनं (उद्भावनं) अत्र । जिसमें सीमन्त (मोंडेबडीरीत) नामी गर्भके संस्कार प्रकाश होता है । गर्भसंस्कारवाला कर्मविशेष.

सीमन्, (स्त्री०) सि+इमनि । मर्यादा । हद्द । अण्डकोष (पताडु) । "सीम्नि पुष्कलको हतः" इति. सि. कौ.

सीमा, (स्त्री०) सीमन्+टाप् । मर्यादा (तरीका-नियम) । गाँव आदिका अन्त भाग (हद्द).

सीमाधिप, (पु०) सीमायाः अधिपः । सीमाके पासका राजा । पडोसी राजा.

सीमान्त, (पु०) सीमायाः अन्तः । सीमाका अवसान (हद) । सीमाका कोन.

सीमाविवाद, (पु०) सीमायां विवादः । अठारह प्रकारके विवादोंमेंसे "सीमा" के विषयमें झगडा.

सीमासन्धि, (पु०) सीमायाः संधिः । दो सीमाओं(हदों)-का मेल.

सीर, (पु०) सि+रक् । पृ० । सूर्य । आकका वृक्ष । और हल.

सीरध्वज (पु०) सीरः (हलः-तच्चिह्नितः) ध्वजः यस्य । जिसके झंडेपर हलका चिन्ह (नशान) है । जनकराजा.

सीरपाणि, (पु०) सीरः (हलः) पाणौ यस्य । जिसके हाथमें हल है । बलदेव । बलराम.

सीरिन्, (पु०) सीरः (हलः) अस्ति अस्य आयुधत्वेन । जिसका शस्त्र हल है । बलराम । बलभद्र.

सी(से)वन, (न०) सिव्+ल्युट् । नि० वा दीर्घः । सीवन । तन्तुसन्तान । तांतफैलाना । सीना.

सु, (अव्य०) पूजा । अच्छा । अतिशय (बहुत).

सुकरा, (स्त्री०) सुखेन क्रियते दुह्यते वा । सु+कृ+खल् । सुशीला गौ (जिसे सहजहीसे चो लेते हैं) । जो सुखसे हो (त्रि०).

सुकल, (पु०) सुष्ठु कल्यते (ख्यायते) असौ । सु+कल् +घञ् । वह जन जो "दाता" "भोक्ता" आदि गुणोंसे प्रसिद्ध है । वह शब्द जो सुकर, मधुर, और व्यक्त हो.

सुकर्मन्, (पु०) सुष्ठु कर्म० यस्मात् । जिस्से अच्छा काम होता है । विष्कम्भ आदिमें सातवां योग । अच्छे कामवाला (त्रि०) । अच्छा काम (न०).

सुकाण्ड, (पु०) सुष्ठु काण्डः अस्य । अच्छी शाखावाला वृक्ष.

सुकामा, (स्त्री०) सुष्ठु काम्यते असौ । सु+कम्+घञ् । त्रायमाणा लता । अच्छी कामनावाला (त्रि०).

सुकुमारा, (स्त्री०) सु+कुमार+अच्-घञ् वा । जातिवृक्ष । नवमालिका । कदली (केला) । और मालती । बहुत कोमल (नाजक) । सुन्दर कुमारअवस्थावाला (त्रि०) (स्त्री०) ङीप्.

सुकृत, (त्रि०) सु+कृ+क्विप् । पुण्य करनेहारा । धार्मिक जन.

सुकृत, (न०) सु+कृ+क्त । पुण्य । धर्म । और । शुभ । अच्छा काम (न०).

सुकृति, (स्त्री०) सु+कृ+क्तिन् । पुण्य । मंगल । अच्छा काम.

सुकृतिन्, (त्रि०) सुकृतं अनेन । इनिः । पुण्यवाला । भलाईवाला । अच्छे कामसे भराहुआ.

सुख, (न०) सुख+घञ् । पुण्यसे उत्पन्नहुआ गुणविशेष आनंद । "नैयायिक आदि" इसे आत्माका धर्म मानते हैं । सांख्य आदि "चित्त" का । "सुखं अस्य अस्ति+अच् वा" सुखी (त्रि०).

सुखजात, (त्रि०) जातं सुखं अस्य । परनिपातः । जातानन्द (जिसे आनन्द प्राप्त हुआ है) । "सुखजातः सुरापीतः" इति भट्टिः.

सुखभाज्, (त्रि०) सुखं भजते । भज्+ण्वि । सुखवाला.

सुखरात्रिका, (स्त्री०) सुखा रात्रिः यस्याः । ५ व० कप् । जिस्से सुखकी रात होती है । आश्विनमास (अस्सू) की दीपान्विता (जिस रात्रिमें दीपकोंका प्रकाश कियाजाता है-दीवाली) अमावास्या (इसमें लक्ष्मीका पूजन कर्ते हैं).

सुखश्रव-श्रुति, (त्रि०) सुष्ठु श्रवः=श्रवणं यस्य । सुन्नेमें मधुर (मीठा).

सुखाधार, (पु०) सुखानां आधारः । सुखोंका आश्रय । स्वर्ग । कर्म० सुखदेनेवाला निवासस्थान.

सुखावह, (त्रि०) सुखं आवहति (जनयति) । आ+वह्+ अच् । सुखजनक । सुखको उपजानेहारा.

सुखोत्सव, (पु०) सुखकर उत्सवो यस्मात् । २ व० जिस्से सुखदेनेहारा उत्सव होता है । पति (मालिक) । कर्म० आनंद करनेहारा उत्सव (पु०).

सुगत, सुष्ठु गच्छति (जानाति) । गम्+कर्तरि क्त । बहुत अच्छा जानता है । बुद्धदेव (यह "निर्वाण" को शान्ति मानता है).

सुगन्ध, (न०) सुष्ठु गन्धः अस्य । इत् नहीं होता । गन्धतैल । छोटाजीरा । कमल । चन्दन । सुगन्धपदार्थवाली दुकान (त्रि०).

सुगन्धि, (पु०) सुष्ठु गन्धः । इत्समास । इष्टगन्ध । चाही गई खुशबू । सुरभि । "सुष्ठु गन्धः अस्य" । सुगन्धवाला (त्रि०) । खुशबूदार.

सुगृहीतनामन्, (पु०) सुगृहीतं (प्रातः स्मरणीयं) नाम यस्य । जिसका नाम प्रातःकाल स्मरणकरना चाहिये । पवित्रयशवाला जन.

सुग्रन्थि, (पु०) सुष्ठु ग्रन्थिः यस्य । अच्छी गांठवाला । चोरकनामी वृक्ष (त्रि०).

सुग्रीव, (पु०) सुष्ठु ग्रीवा अस्य । अच्छे कण्ठ (गर्दन) वाला । श्रीकृष्णका घोडा । सूर्यका पुत्र । और बानरोंका राजा । सुन्दर ग्रीवावाला (त्रि०).

सुचक्षुस्, (पु०) सुष्ठु चक्षुः इव फलं अस्य । आँखकी नाई जिसका अच्छा फल है । उदुम्बर । सुन्दर नेत्रवाला (त्रि०) । प्रा० । अच्छी आंख (न०).

सुचरित्रा, (स्त्री०) सुष्ठु चरित्रं यस्याः । अच्छे चरित्रवाली पतिव्रता स्त्री । अच्छी चालवाला (त्रि०) । प्रा० । सच्चरित्र । अच्छा चरित्र (न०).

सुचिर, (अव्य०) प्रा० बहुत चिरका समय । बहुत कालका (त्रि०).

सुचिरायुस्, (पु०) सुचिरं (बहुकालिकं आयुः) यस्य । जिसकी बहुत देरतक उमर हो । देवता । बहुत समयतक जीनेहारा (त्रि०).

सुचेलक, (पु०) प्रा० । सूक्ष्मवस्त्र (महीन कपडा) । "सुष्ठु चेलः अस्य" महीन कपडे धारण कियाहुआ (त्रि०).

सुजल, (न०) शोभनं जलं यस्मात् । जिस्से अच्छा पानी है । ५ ब० । कमलका फूल । प्रा० सुन्दरजल (न०).

सुत, (पु०) सु+क्त । पुत्र । कन्या (स्त्री० टाप्) । निष्पीडित । निचोडागया (त्रि०).

सु(सू)तक, (न०) सु (सू) भावे क्तः । सु (सू) तं (जननं) तस्मात् आगतम् । उत्पत्ति (बालक आदिके उत्पन्न) होनेसे आया+कन् । जननका अशौच (अपवित्रता) । हरएक प्रकारका अशौच । "सूतके मृतके तथा" "मातुश्च सूतकं तस्मात्" इति स्मृतिः.

सुतनु-नू, (पु० स्त्री०) सुष्ठु तनुः यस्याः वा ऊङ् । अच्छे शरीरवाली । नारी । औरत.

सुतपस्, (पु०) सुष्ठु तपति । सु+तप्+असि । बहुत तपता है । सूर्य (सूरज) । "सुष्ठु तपः अस्य" । अच्छी तपस्यावाला । मुनि (पु०) सुन्दर तपवाला (त्रि०) । प्रा० सुन्दर तपस्या (न०).

सुतराम्, (अव्य०) सु+"अतिशय" के अर्थमें आमु तरप् । निश्चय कियेहुए अर्थका बहुत उचित होना (बहुतही) । "धेन्वा तदध्यासितकातराक्ष्या निरीक्ष्यमाणः सुतरां दयालुः" रघुः । यहां धेनुने राजाको जब कातराक्षी (घबरायेहुए नेत्रवाली) देखा तो बहुत दयालुपन राजाके लिये उचितहुआ.

सुतल, (पु० न०) सुष्ठु तलं यत्र । अच्छे तलवाला । पातालविशेष.

सुतिक्त, (पु०) प्रा० पर्पट (पापड) । बहुत तीखा (त्रि०) नीम (पु०).

सुतार्थिन्, (त्रि०) सुतस्य अर्थः अस्ति अस्य । पुत्र (सन्तान)की इच्छा करनेवाला.

सुतात्मज, (पु०) सुतस्य आत्मजः । पुत्रका पुत्र । पोता. (त्रि०) नीम (पु०).

सुतिनी, (स्त्री०) सुत+इनि+ङीप् । पुत्रवती । पुत्रवाली.

सुतीक्ष्ण, (पु०) प्रा० सुहाजनेका द्रख्त । मुनिविशेष । बहुत तेज (त्रि०).

सुतुङ्ग, (पु०) प्रा० नारिकेलवृक्ष । नरेला द्रख्त । बहुत ऊंचा (त्रि०).

सु(सू)त्रामन्, (पु०) सुष्ठु त्रायते । सु+त्रै+मनिन् । (पु०) । भलीभांति बचाता है । इन्द्र । देवताओंका राजा.

सुत्वन्, (पु०) सु+क्वनिप् । यज्ञके अङ्गका स्नान करनेहारा । सोमरसके पीनेवाला । सोमरस निकालनेहारा.

सुदण्ड, (पु०) सुष्ठु दण्डः यस्मात् । ५ ब० । जिस्से अच्छा डण्डा (छडी वा सोटी) बनता है । बैंत । बेत.

सुदत्, (पु०) सुष्ठु दन्तः अस्य ("वयस्-अवस्था-उमर" इस अर्थमें "दतृ" आदेश होता है) । अच्छे दांतवाली उमरके साथ मनुष्य आदि । युवती स्त्री (जवान औरत) ङीप् । "अवस्थासे भिन्न अर्थमें" "सुदन्त" यही होता है (अच्छा दांत).

सुदर्शन, (न०) पु० सुष्ठु दृश्यते+युच् (अन) । अच्छा दिखाई देता है । विष्णुका चक्र । और इन्द्रकी पुरी । (स्त्री०).

सुदामन्, (पु०) सुष्ठु ददाति । दा+मनिन् । अच्छा देता है । मेघ (बादल) । एकपर्वत । एक गोप (ग्वाल्) । समुद्र । ऐरावत हाथी । और । श्रीकृष्णका मित्र एक ब्राह्मण । और अच्छा देनेहारा । (त्रि०) । एक नदी । (स्त्री० ङीप्).

सुदि, (अव्य०) सुष्ठु दीव्यति । सु+दिव्+डि । शुक्लपक्ष । चांदना पखवाडा.

सुदिन, (न०) प्रादि० प्रशस्त दिवस । अच्छा दिन । अच्छा । (त्रि०).

सुदिनाह, (न०) सुदिनं (प्रशस्तं अहः) टच् समा० । प्रशस्त दिवस । बहुत अच्छा दिन.

सुदूर, (त्रि०) प्रा० अतिदूर । बहुत दूर.

सुद्युम्न, (पु०) वैवस्वत मनुका पुत्र । अच्छे धनवाला (त्रि०).

सुधन्वन्, (त्रि०) सुष्ठु धनुः यस्य । अनङ् । सुन्दर धनुष्को धारण करनेहारा । जिसे धनुष् (कमान) पकडनेकी रीति अच्छी आती है । एक राजा । अनन्त नाग । और विश्वकर्मा (पु०).

सुधर्मन्, (स्त्री०) सु+धृ+मनिन् । देवताओंकी सभा । कुटुम्बवाला (पु०) । "सुधर्मा" भी.

सुधा, (स्त्री०) सुष्ठु धीयते (पीयते) अर्प्यते वा । दे-धा वा क । अच्छी रीति पीया वा अर्पण कियाजाता है । अमृत । लेप करनेका पदार्थ (कलीचूना) । गंगा । बिजली । रस । जल । आंवला (धात्री) । हरीतकी (हरीड) । मधु (शहद).

सुधांशु, (पु०) सुधा इव आह्लादकाः अंशवः अस्य । जिसकी किरणें अमृतके समान आनंद देती हैं । चन्द्रमा । और कर्पूर (काफूर).

सुधाजीविन्, (पु०) सुधां (लेपनद्रव्यं) आजीवति । जो कली चूने आदिका काम करके जीता है । पलगण्ड । राज । कारीगर.

सुधानिधि, (पु०) सुधा निधीयते अत्र । नि+धा+कि । अमृत रक्खाजाता है यहां । चन्द्रमा । और काफूर (कर्पूर).

सुधाहर, (पु०) सुधां हरति । हृ+अच् । अमृतको हरण-कर्ता है । गरुड । "सुधाहारक".

सुधी, (पु०) सुष्ठु धीः यस्य । जिसकी अच्छी (अकिल) है । पण्डित । "सुष्ठु धीः" । अच्छी अकिल (स्त्री०) "सुष्ठु ध्यायति" सु+ध्यै+क्विप् । नि० । अच्छी बुद्धि-वाला (त्रि०).

सुधोद्भव, (पु०) सुधया सह उद्भवति । उद्+भू+अच् । अमृतके साथ निकलता है । धन्वंतरी नामा वैद्योंका (बडा हकीम) । ५ त० । हरीड (स्त्री).

सुनन्द, (न०) सुष्ठु नन्दयति । सु+नन्द्+अच् । अच्छी तरह आनन्द कर्ता है । बलरामका मुसल (मोहला) । श्रीकृष्णके पास रहनेहारा (सखा वा सेवक) । एक प्रकारका राजाका घर । आनन्द उपजानेहारा (त्रि०).

सुनयन, (पु०) सुष्ठु नयने यस्य । जिसकी आँखें (नेत्र) अच्छे हों । मृग । हरिण । नारी (स्त्री०) । अच्छी आँखवाला (त्रि०).

सुना(सी)शीर, (पु०) सुष्ठु नासीरः (अग्रसैन्यं) यस्य । जिसकी आगे जानेहारी सेना बहुत अच्छी है । इन्द्र । देवताओंका राजा.

सुनिष्टप्त, (त्रि०) सु+निस्+तप्+क्त-षत्वम् । अत्यन्तोद्दीप्त । बहुत चमकाहुआ । बहुत तपाहुआ.

सुनीति, (स्त्री०) सुष्ठु नीतिः यस्याः । जिसकी अच्छी नीति है । ध्रुव (भक्त) की माता । सुन्दरनीति (स्त्री०).

सुनील, (न०) प्रा० । एक मणि (नीलम) । दाडिम (अनार) । और सुन्दर नीला रंग । (पु०) अतसी । अपराजिता (स्त्री०).

सुन्द, (पु०) एकदैत्य । और एकवानर (बंदर).

सुन्दर, (त्रि०) सु+उन्द्+अरन् । शक० । मनोहर । खूबसूरत । "स्त्रीमें ङीप्" । उत्तम स्त्री । और त्रिपुर-सुन्दरी देवी । कामदेव (पु०).

सुपक्व, (पु०) सुन्दरं पच्यते स्म । पच्+क्त (उसको "व") । अच्छा आँम (शोभनाम्र) । भली भांति पकाहुआ (त्रि०).

सुपथ, (पु०) सुष्ठु पन्थाः । प्रा० अच् समा० । अच्छा मार्ग (रास्ता) । और सदाचार (अच्छा चालचलन) । "सुष्ठु पन्था यत्र ।" अच् समा० । सुन्दरपथवाला (त्रि०).

सुपर्ण, (पु०) सुष्ठु पर्णं (पत्र-पक्षः वा) यस्य । जिसका पत्ता वा पर अच्छा है । गरुड । सुन्दर पत्तेवाला । (त्रि०) । नागकेशर (पु०).

सुपर्णकेतु, (पु०) सुपर्णः (गरुडः) केतुः यस्य । जिसके झण्डेपर गरुडका चिन्ह है । विष्णु.

सुपर्वन्, (पु०) सुष्ठुः पर्व यस्य । अच्छे पर्ववाला । देवता । बाण । वांस । और धूआं । प्रा० सुन्दर पर्व (न०).

सुपीत, (न०) प्रा० गर्जर (गाजर) । सुन्दर पीलारंग । (पु०) । उसवाला (त्रि०).

सुपुष्प, (न०) प्रा० लौंगका फूल । तूल (रूई) और स्त्रीओंका रज (जो महीनेके पीछे होताहै).

सुप्, (स्त्री०) व्याकरणमें "सु" "औ" "जस्" प्रभृति प्रत्यय.

सुप्त, (न०) स्वप्+भावे क्त-सम्प्रसारणम् । निद्रा (नींद) । और शयन (सोना) । "कर्तरि क्त" सोयाहुआ (त्रि०).

सुप्ति, (स्त्री०) स्वप्+क्तिन् । शयन (सोना) । निद्रा (नींद) । और सुपना.

सुप्रतिभा, (स्त्री०) सुष्ठु प्रतिभा यस्याः । ५ व० । जिस्से कोई प्रकारकी चमकीली बुद्धि उत्पन्न होती है । सुरा । (शराब) । उज्वल (चमकीली) बुद्धि । ६ व० । उसवाला (त्रि०).

सुप्रभा, (स्त्री०) सुष्ठु प्रभा यस्याः । जिस्से अच्छी चमक होती है । अग्निजिह्वावृक्ष । सुन्दर दीप्ति (अच्छीचमक) वाला (त्रि०) प्रा० अच्छी दीप्ति (स्त्री०).

सुप्रभात, (न०) प्रा० । शुभ (भलाई) को सूचन (जतलाना) करनेहारा प्रातः (सवेर) का समय । और उससमय पढनेलायक मंगलवचन.

सुप्रयुक्तशर, (पु०) सुप्रयुक्तः शरो येन । शीघ्रहस्त । जिसका हाथ खूब चलता है (तीर चलानेमें) । बाण चलानेके अभ्यासकी चतुराईवाला.

सुप्रलाप, (पु०) सु+प्र+लप्+घञ् । सुवचन । अच्छा वचन.

सुप्रसन्न, (पु०) सु+प्र+सद्+क्त । कुबेर । बहुतप्रसन्न हुआ.

सुप्रसरा, (स्त्री०) सु+प्र+लप्+घञ् । सुवचन । अच्छा वचन.

सुप्रसरा, (स्त्री०) सृ+प्र+सृ+घञ् । प्रसारिणी (फैलीहुई) लता । फैलाहुआ (त्रि०).

सुप्रसाद, (पु०) सुखेन (अनायासेन) प्रसादः यस्य । जो सहजहीसे प्रसन्न हो जाता है । शिवजी । प्रा० सुन्दर प्रसन्नता । अच्छी खुशी.

सुफल, (पु०) सुष्ठु फलं अस्य । जिसका अच्छा फल है । दाडिम (अनार) । बेर । मूंग । कनेर । और कपित्थ । सुन्दर फलवाला (त्रि०).

सुभग, (पु०) सुष्ठु भगः (माहात्म्यादि) यस्य । जिसकी बडाई आदि अच्छी है । चम्पक (चंबा) । अशोक । और टङ्कण (सुहागा) । देखनेमें अच्छा । सुन्दर पियारा । और अच्छे ऐश्वर्यवाला (त्रि०).

सुभगासुत, (पु०) सुभगायाः सुतः। सुभगा (पतिकी पियारी) का पुत्र। सौभागिनेय.

सुभङ्ग, (पु०) सुखेन भज्यते। जो सहजसे टूटजाता है। भञ्ज्+घञ्। नारिकेलवृक्ष। नरेलका दरख्त.

सुभट, (पु०) प्रा०। सुन्दर योद्धा। अच्छा शूरवीर (बहादुर).

सुभद्र, (पु०) सुष्ठु भद्रं यस्मात्। जिस्से अच्छा कल्याण होता है। विष्णु। ६ ब०। अच्छे मंगलवाला (त्रि०)। श्यामलता। श्रीकृष्णकी भगिनी (बहिन) (स्त्री).

सुभद्रेश, (पु०) ६ त०। अर्जुन। "सुभद्रापति" आदि भी.

सुभिक्ष, (त्रि०) सुखेन लभ्या भिक्षा यत्र। बहुत अन्नवाला समय (जब भीख सहजसे मिलसक्ती है)। सुकाल.

सुभूति, (पु०) सुष्ठु भवति। सु+भू+क्तिच्। एक पण्डित। प्रा०। सुन्दर ऐश्वर्य। (स्त्री०)। ६ ब। उसवाला। (त्रि०)। विल्वका वृक्ष (पु०).

सुभृश, (न०) सुष्ठु भृशम्। बहुतही दृढ (पक्का) उसवाला (त्रि०).

सुभ्रु(भ्रू), (स्त्री०) सुष्ठु भ्रूः यस्याः+वा ऊङ्। अच्छे भौंवाली। नारी। औरत। अच्छे भौंवाला (त्रि).

सुमदन, (पु०) सुष्ठु मदयति कोकिलान्। मद्+णिच्+ल्यु। जो कोइलोंको भलीभांति मस्त कर्ता है। आँम। आम्र.

सुमधुर, (न०) प्रा०। बहुत पियारा वचन। और सान्त्वन वाक्य (शान्तिकरानेका वचन)। बडे मीठे रसवाला (त्रि०).

सुमनस्, (न०) सुष्ठु मनो यस्मात्। जिस्से अच्छा मन होता है। पुष्प। फूल। "कई इसे बहुवचन मानते हैं"। अच्छे चित्तवाला (त्रि०)। प्रा० अच्छा मन (न०).

सुमित्रा, (स्त्री०) लक्ष्मणकी माता। दशरथकी एक स्त्री.

स्मृति, (स्त्री०) स्मृ+क्तिन् । अनुभव कीहुई वस्तुका उद्बोधसहकार (उस चीजको जागादेनेहारा कारण) से संस्कारके आधीन ज्ञानविशेष । यादसारी । याददास्त । " स्मर्यते वेदधर्मः अनेन " करणे क्तिन् । स्मरण कियाजाता है वेदका धर्म जिस्से । धर्मका उपदेश करनेहारा शास्त्र । वेदसम्बन्धी अर्थके अनुभवसे उत्पन्न हुआ । वेदके अर्थको अनुवाद (कहेहुए अर्थको फिर कहना किसी दूसरी आदि भाषामें) करनेहारा मुनिओंसे रचाहुआ वाक्यरूप शास्त्र । "वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्" मनुः.

स्मृतिहेतु, (पु०) स्मृतिका कारण । संस्कार । वासनारूप गुणविशेष.

स्मेर, (त्रि०) स्मि+रन् । विकसित । खिलाहुआ । थोडासा हसरहा । "महाजनः स्मेरमुखो भविष्यति" कुमारः.

स्यद, (पु०) स्यन्द+क । वेग । जोर.

स्यन्द्, स्रवण (वहना) । भ्वा० आ० लुङ् लृट्-लृङ् में उभ० अक० वेट् । स्यन्दते । अस्यदत्+अस्यन्दिष्ट-अस्यन्त.

स्यन्द, (पु०) स्यन्द्+घञ् । क्षरण । वहाना । चूना । वगना.

स्यन्दन, (न०) स्यन्द+भावे ल्युट् । क्षरण । वहना । "कर्तरि ल्यु" । जल (पानी) न० । रथ । और तिनिसवृक्ष (पु०).

स्यन्दनारोह, (पु०) स्यन्दनं आरोहति (युद्धार्थं) । आ+रुह्+अण् । रथपर चढकर लडाई करनेहारा.

स्यन्दिन्, (त्रि०) स्यन्द्+णिनि प्रस्रवी । वहनेवाला । लाला (लार) ङीप्.

स्यन्न, (त्रि०) स्यन्द्+क्त । स्रुत । वहाहुआ (पानी आदि).

स्यम्, शब्दकरना । भ्वा० पर० अक० सेट् । स्यमति । अस्यमीत्.

स्यमन्तक, (पु०) स्यम् ज्ञच्-कत् । श्रीकृष्णजीके हाथकी एक मणि (उसके बहुतही गुण थे).

स्यूत, (त्रि०) सिव्+क्त । सूई आदिसे सीआगया । कपडा आदि । सूतका बनाहुआ पात्र (पु०) । "स्योत" यही अर्थ.

स्यूति, (स्त्री०) सिव्+क्तिन् । सूईआदिसे कपडेका सीवन (सीना).

स्रंसन, (न०) स्रंस्+णिच्+ल्युट् । ऊपर गयेहुएका नीचे गिराना । नीचे गिराना.

स्रंसिन्, (त्रि०) स्रंस्+णिनि । अधःपतनशील । नीचे गिरनेवाला.

स्रग्वत्, (त्रि०) स्रक् (माल्यं) अस्ति अस्य+मतुप् । "म" को "व" । कुत्वम् । मालावाला । मालापहिरेहुए । "स्रग्वी".

स्रज्, (स्त्री०) सृज्यते । सृज्+क्विन् । नि० । माला । माल्य.

स्रन्स्, पतन (गिरना) । भ्वा० आ० लुङ्में उभ० अक० सेट् । स्रंसते । अस्रसत्-अस्रंसिष्ट.

स्रम्भ्, विश्वास करना । भ्वा० आ० लुङ्में उभ० सक० सेट् । स्रम्भते । अस्रभत्-अस्रम्भिष्ट.

स्र(स्रा)व, (पु०) स्रु+अप्-घञ् वा । क्षरण । वहना । "कर्तरि अच्" । निर्झर । झरना.

स्रवण, (न०) स्रु+ल्यु । मूत्रजल । मूतका पानी (पेशाव) । और घर्म (पसीना) । "भावे ल्युट्" क्षरण । वहना.

स्रवन्त, (स्त्री०) स्रु+झिच्-ङीप् । नदी (दर्या) । एक औषधी । शतृ (वहनेवाला) (त्रि०) । स्त्रियां ङीप्.

स्रष्टृ, (पु०) सृज्+तृच् । जगत्के बनानेहारा चारमुख-वाला ब्रह्मा । और शिवजी । सृष्टिकर्ता (त्रि०).

स्रस्त, (त्रि०) स्रन्स्+क्त । च्युत । पतित । गिराहुआ.

स्रस्तर, (पु०) स्रन्स्+तरच् । आसन.

स्राक्, (अव्य०) स्रु+डाक । त्वरित । द्राक् । झट । जल्दी.

स्रु, गति (जाना) सक० । क्षरण (वहना) अक० भ्वा० प० अनिट् । स्रवति । असुस्रुवत्.

स्रुघ्न, (पु०) एक देश (पटना).

स्रुच्, (स्त्री०) स्रु+क्विप्-विच्+चिट्च । वटपत्राकृति (बड-बोडके पत्तेके स्वरूपवाला विकङ्कत लकडीका बनाहुआ भुजाके माप जितना यज्ञका एक पात्र । स्रुवा.

स्रुत, (त्रि०) स्रु+क्त । क्षरितजलादि (वहाहुआ पानी-आदि) । और गत (गया) । हींगकी पत्ती (स्त्री०).

स्रुव, (पु०) (स्त्री०) स्रु+क । खदिर (खैर) की लकडीका बनाहुआ हाथभर यज्ञका एक पात्र । सल्लकी (स्त्री).

स्रोत, (न०) स्रु+तच् । स्रोतस् । सोता । प्रवाह । जोरसे आपही पानीका निकलना.

स्रोतस्, (न०) स्रु+तसि । वेगसे आपही पानीका निक-लना । और रेतस् (वीर्य).

स्रोतस्वत्, (त्रि०) स्रोतः अस्ति अस्य+मतुप् । "म" को "व" । सोतेवाला । नदी (दर्या) । (स्त्रियां ङीप्).

स्रोतस्विनी, (स्त्री०) स्रोतस्+अस्त्यर्थे विनि ङीप् । सोते-वाली । नदी (दर्या) । प्रवाहवाला (त्रि०).

स्रोतोञ्जन, (न०) स्रोतसि भवं । यमुनानदीके प्रवाहके निकट सौवीरदेशमें हुआ अञ्जन । सौवीरदेशका काजल । सुरमा.

स्रोतोवहा, (स्त्री०) स्रोतसा वहति (सरति) । वह्+अच् । प्रवाहरूपसे वहती है । नदी (दर्या).

स्व, (न०) स्वन्+ड । धन (दौलत) । आत्मा (आप) और ज्ञाति (विरादरीका) (पु०) । आत्मीय (अपना) (त्रि०) । "आत्मा" और "आत्मीय" अर्थमें इसकी सर्वनामसंज्ञा हो जाती है.

स्वकर्मन्, (न०) स्वस्य कर्म । अपने वर्णके उचित कर्म । "स्वकर्मनिरतः सदा" इति गीता । अपना काम.

स्वकीय, (त्रि०) स्वस्य इदम् । छ-कुक्च । आत्मीय । अपना.

स्वगत, (त्रि०) स्वस्मिन् मनसि आत्मनि वा गतं (गम्+क) । अपने मन वा आत्मामें गया । मनोगत, मनकी बात । और मनीमनमें । नाटकमें केवल सामाजिक जनोंके सुनेलायक वचन अर्थात् जिसकी बाबत वचन-कहाजाय वह न सुने (न०).

स्वच्छ, (त्रि०) सुष्ठु अच्छा । प्रा० । बहुत अच्छा । बहुत निर्मल (साफ) । मुक्ता (मोती) । और स्फटिक (पु०) । श्वेतदूर्वा (चिट्टीदूब) (स्त्री०).

स्वच्छन्द, (त्रि०) स्वस्य छन्दः (अभिप्रायः) यस्य । अपनी इच्छापर रहनेहारा । स्वाधीन । आजाद । स्वतन्त्र (खुदमुख्तार).

स्वच्छमणि, (पु०) कर्म० । साफमणि । स्फटिक । विलौर.

स्वज, (न०) स्वस्मात् (देहात्-आत्मनो वा) जायते । अपने शरीर वा आत्मासे उत्पन्न होता है । रुधिर (लोहु) । पुत्र (लडका) (पु०) । कन्या (लडकी) (स्त्री०) । अपनेसे उत्पन्न हुआ (त्रि०).

स्वजन, (पु०) स्वस्य इव जनः (जननं) एककुले यस्य । अपने समान जिसका एकही कुलमें जन्म है । ज्ञाति । जात । अपने लोक.

स्वतन्त्र, (त्रि०) स्वस्य तन्त्रं (वशीकारः) यस्य । जो अपने आधीन है । स्वाधीन । जो दूसरेके आधीन नहीं.

स्वतस्, (अव्य०) स्व+तसिल् । आत्मनः । अपने आप । आपही.

स्वता, (स्त्री०) स्वस्य (स्वकीयस्य) भावः+तल् । अपना-पन । स्वकीयता । कब्जा.

स्वत्व, (न०) स्वस्य भावः+त्व । स्वामित्व । मालिकपना । किसी पदार्थ वा अपनेपर । कब्जा.

स्वधर्म, (पु०) स्वस्य वेदादिविहितो धर्मः । अपना वेद और शास्त्रमें विधान कियाहुआ धर्म । अपने योग्य वेदशादिमें कहाहुआ आचारआदि धर्म.

स्वधा, (अव्य०) स्वद्+आ-पृ० । "द" को "ध" होता है । पितर-देवताओंके उद्देश (प्रयोजन) से हवि (घी-आदि) का देना । स्वेन धयति । धे+क आप् । एक दुर्गा (स्त्री०) "नमः स्वाहायै स्वधायै" इति पितृगाथा.

स्वधाप्रिय, (पु०) स्वधाशिनां प्रियः । शाक० । स्वधाको खानेवालोंका पियारा । कृष्णतिल (कालेतिल) । "स्वधा" इस शब्दसे उपलक्षित (पहिचानेहुए) श्राद्धआदिका पियारा पिताआदि.

स्वधाभुज्, (पु०) स्वधा इत्यनेन त्यक्तद्रव्यं भुङ्क्ते भुज्+क्विप् । "स्वधा" इस शब्दसे छोडेहुए पदार्थको खाताहै । पितृगण । पितरोंका समूह । और देवता.

स्वधिति(ती), (स्त्री०) । स्वेन धीयते । धा+क्तिच् वा ङीप् । कुठार । कुहाडा । कुहाडा । परश्वध "स्वधितिः".

स्वन्, शब्द (आवाजकरना) । भ्वा० उ० स० सेट् । स्वनति अस्वनीत् अस्वानीत्.

स्वन, (त्रि०) स्वन्+अप् । शब्द (आवाज).

स्वनित, (त्रि०) स्वन्+कर्तरि क्त । शब्दित । आवाज-कियाहुआ । "भावे क्त" । शब्द । आवाज । और बाद-लका गर्जन (गर्जना) (न०).

स्वपन, (न०) स्वप्+ल्युट् । शयन । सोना । नींद । निद्रा.

स्वप्न, (पु०) स्वप्+नन् । नींद । सोना । सोयेहुएका मनका ज्ञानविशेष । सुपना.

स्वभाव, (पु०) स्वस्य भावः । निसर्ग । अपना धर्म । मिजाज । शील.

स्वभावोक्ति, (स्त्री०) स्वभावस्य उक्तिः अत्र । स्वभावका कथन है इसमें । अर्थसम्बन्धी अलंकारविशेष । ६ त० । स्वभावका कथन (कहना).

स्वभू, (पु०) स्वेनैव भवति । भू+क्विप् । आपहीसे होता-है । ब्रह्मा । विष्णु । शिवजी । और कामदेव.

स्वयंवर, (पु०) स्वयं (आत्मना) वरः (वरणम्) । आपही वरना । सभामें कन्याका आपही अपने पतिको वरलेना । "स्वयं वृणुते पतिम्" वृ+अच् । आपही पतिको वरनेवाली लडकी (स्त्री०).

स्वयंकृत, (पु०) स्वयं (आत्मना) कृतः । आप बनाया । कृत्रिमपुत्र । बनावटी लडका । आप किया (त्रि०).

स्वयंदत्त, (पु०) स्वयं (आत्मनैव) नतु पितृमातृभ्यां दत्तः । वह लडका कि जिसने अपनेको आपही दियाहै (पिता वा मातासे नहिं दियागया) । "दत्तात्मा तु स्वयं दत्तः" इति स्मृतिः.

स्वयम्, (अव्य०) सु+अय्+अमु । आत्मना । आपही । आप.

स्वयम्भु, (पु०) स्वयम्+भू+डु । आपहुआ । ब्रह्मा.

स्वर्, (अव्य०) स्वृ+विच् । स्वर्ग । वह स्थान कि जहां दुःख नहीं । परलोक । देवताओंका निवासस्थान । और अच्छा.

स्वर, (पु०) स्वर्+अच् । स्वृ+अप् वा । उदात्त (ऊंचा) । अनुदात्त (नीचा) और स्वरित (मिलाहुआ) रूप । अक्षरके उच्चारण करनेका यत्नविशेष । तन्त्रमें प्राणआदि वायुका व्यापारविशेष । गानेकी आवाज.

स्वरभङ्ग, (पु०) स्वरस्य भङ्गः यस्मात् । जिस्से आवाज रुकजाती है । एकप्रकारका रोग । ६ त० । स्वरका टूटना.

स्वरस, (पु०) स्वस्य रसः (रागः) । अपना अभिप्राय (आशय) । अपना मतलब । वाक्यमें एकप्रकारकी रचना.

स्वराज्, (पु०) स्वेनैव राजते । राज्+क्विप् । आपहीसे प्रकाशित होताहै (चमकता है) । ईश्वर । "अर्थेष्वभिज्ञः स्वराट्" इति भागवतम् । वेदका एक छन्द.

स्वरापगा, (स्त्री०) स्वः (स्वर्गस्य) आपगा । स्वर्गकी नदी । गंगा.

स्वरित, (पु०) स्वरः जातः अस्य+इतच् । एक स्वर । जो उदात्त और अनुदात्तके मेलसे उत्पन्न होता है स्वरवाला (त्रि०).

स्वरु, (पु०) स्वृ+उ । वज्र । यूप (यज्ञका खंभा) का टुकडा । तीर । सूर्यकी किरण । एकप्रकारका बिच्छु.

स्वरुचि, (त्रि०) स्वस्यैव रुचिः (प्रवर्तिका) स्वकृत्ये यस्य । अपने काममें जिसकी अपनीही इच्छा है । स्वातन्त्र्य । आजाद । ६ त० । अपनी अभिलाषा (इच्छा) (स्त्री०).

स्वरूप, (न०) स्वस्य रूपम् । अपना रूप । स्वभाव "स्वमेव रूपम्" । अपना पदार्थ । "स्वं" यथास्वं रूप-यति । रूप्+अण् । यथास्वरूप (जिसका जिसका जैसा स्वरूप है) जानेहारा । पण्डित (पु०) । "स्वेन (स्वभावेनैव) रूपं अस्य" । जो स्वभावहीसे रूपवाला है । मनोज्ञ (मनोहर) (त्रि०),

स्वरूपसम्बन्ध, (पु०) स्वरूपं सम्बन्धः । स्वरूपयोर्वा संबन्धः । न्यायमें अपना सम्बन्ध (जिसका संबंध अप-नेही साथ है) । ६ पदार्थोंसे भिन्नपदार्थविशेष । जैसे विषयत्व और प्रतियोगित्व । अपने रूपका सम्बन्ध.

स्वरोदय, (पु०) स्वराणां उदयः यत्र । जहां स्वरों (श्वास-विशेषों) से शुभ वा अशुभका ज्ञान होता है । तन्त्र-शास्त्रविशेष.

स्वर्ग, (पु०) स्वरिति (गीयते) । गै+क । सु+ऋज्+घञ् वा । दुःखसे न मिलाहुआ सुखसमूह । देवताओंका निवासस्थान । बडे सुखकी जगह.

स्वर्गनाथ, (पु०) ६ त० । स्वर्गका स्वामी । इन्द्र । "स्वर्गपति" भी.

स्वर्गवधू, (स्त्री०) ६ त० । स्वर्गकी स्त्री । अप्सरा.

स्वर्गाचल, (पु०) स्वर्गलोकस्थः अचलः । स्वर्गलोकका पहाड । सुमेरुपर्वत.

स्वर्गिन्, (पु०) स्वर्गः अस्ति अस्य भोगत्वेन+इनिः । स्वर्ग जिसका भोगनेलायक है । देवता । स्वर्गवासी (त्रि०).

स्वर्गौकस्, (पु०) स्वर्ग ओको यस्य । स्वर्ग है स्थान जिसका । देवता.

स्वर्ण, (न०) सुष्ठु अर्णः (वर्णः) यस्य । जिसका अच्छा रंग है । कांचन । सोना । धतूरा । नागकेसर । चिट्टेरंगका साग.

स्वर्णकाय, (पु०) स्वर्णं इव (पीतः) कायः अस्य । सोनेकी नाई जिसका पीला शरीर है । गरुड.

स्वर्णकार, (पु०) स्वर्णं (स्वर्णमयं अलंकारादि) करोति । कृ+अण् । सोनेका भूषण-जेवर-गहना आदि बनाता है । सुनार । एक जाति.

स्वर्णदी, (स्त्री०) ६ त० । स्वर्गकी नदी । गंगा.

स्वर्भानु, (पु०) स्वः (स्वर्गे) भानुः (दीप्तिः) अस्य । स्वर्गमें है चमक इसकी । राहु.

स्वर्लोक, (पु०) स्वः एव लोकः (भुवनम्) । स्वर्गलोक । स्वर्ग । वहिश्त । ६ त० । स्वर्गका लोक.

स्वर्वापी, (स्त्री०) स्वः (स्वर्गस्य) वापीव । स्वर्गकी मानों बावली है । गंगा.

स्वर्वेश्या, (स्त्री०) स्वः (स्वर्गस्य) वेश्या । स्वर्गकी कंजरी । मेनका आदि अप्सरा.

स्वल्प, (त्रि०) सुष्ठु अल्पम् । प्रा० । वहुत थोडा । क्षुद्र । छोटा.

स्ववासिनी, (स्त्री०) स्वस्मिन् (पित्रालये) वसति । वस्+णिनि । पिताके घरमें रहती है । चिरकालतक पिताके घरमें रहनेहारी स्त्री (चाहें विवाहीहुई हो अथवा कुमारी हो).

स्वसृ, (स्त्री०) सु+अस्+ऋन् । भगिनी । बहिन.

स्वस्ति, (अव्य०) सु+अस्+क्तिच् । क्षेम । आशिष् । कल्याण । और पुण्यआदि स्वीकारसूचन (अंगीकारवचन).

स्वस्तिक, (पु० न०) स्वस्ति (शुभाय) हितं+ठन् । कल्याणदेनेहारा । एकप्रकारका घर । एकप्रकारका आसन (बैठना) । एकप्रकारका द्रव्य.

स्वस्तिवाचन, (न०) स्वस्ति (शुभस्य) विप्रद्वारा वाचनम् । ब्राह्मणके द्वारा मंगलपाठ कराना । कामके प्रारम्भमें विघ्न (रुकावट) की शान्तिके लिये ब्राह्मणद्वारा करनेलायक कामोंका कल्याण कहाना । मंगलपाठ करना.

स्वस्तिवाचनिक, (त्रि०) स्वस्तिवाचनाय हितं (तत आगतं तत्र भवं वा+ठन् । मंगलपाठका साधन । मंगलपाठ करनेसे प्राप्तहुआ कुछ पदार्थ (लड्डु पेडा आदि) उसका.

स्वस्त्ययन, (न०) स्वस्ति (शुभस्य) अयनं (लाभः) यस्मात् । शुभ (भलाई) का लाभ होता है जिस्से । शुभके लिये कियागया वेदादिमें कहाहुआ ग्रहयाग आदि.

स्वस्थ, (त्रि०) स्वः (परलोके) तिष्ठति, स्वेन (स्वभावेन-सुखेन वा तिष्ठति) । स्वर्गमें रहनेहारा । स्वभावमें रहाहुआ । सुख (तक्लीफ्के विना) से स्थितहुआ । "स्वस्था भवन्तु मयि जीवति धार्तराष्ट्राः" वे०सं० नाटकम्.

स्वस्रीय, (पु०) स्वसुः अपत्यं (ईय) । वहिनका बेटा । भागिनेय । भगिनीसुत । बहिनकी लडकी (स्त्री०).

स्वागत, (न०) सुखेन आगतम् । सु+आ+गम्+क्त । सुखसे आना । भलेआना । "तत् अस्य अस्ति-अच्" कुशल.

स्वाति-ती, (पु० स्त्री०) स्वेनैव अनति । अश्विनीसे पन्द्रवां तारा । सूर्यकी एक स्त्री.

स्वाद्,-प्रीति (प्रसन्नहोना) । स्वादलेना । और चाटना । स्वादते । अस्वादिष्ट.

स्वाद, (पु०) स्वद्-स्वाद् वा+घञ् । रसका अनुभव । स्वादलेना । प्रसन्नहोना । और चाटना.

स्वादु, (पु०) स्वद्+उण् । मीठा रस । और गुड । इष्ट (चाहा-गया) । मीठा । और मनोहर (त्रि०) । स्त्रियां वा ङीप्.

स्वाधीन, (त्रि०) स्वस्य आधीनः । स्वायत्त । स्वतन्त्र । आजाद । अपने आधीन.

स्वाधीनपतिका, (स्त्री०) स्वाधीनः पतिः यस्याः+कप् । जिसका पति स्वाधीन है । एकप्रकारकी नायिका (स्त्री) । "स्वाधीनभर्तृका" (जिसका पति वशमें है).

स्वान्त, (न०) स्वन्+क्त । मन (दिल) । सहाय (मद्त).

स्वाप, (पु०) स्वप्+घञ् । सोना । निद्रा । नींद । और अज्ञान.

स्वापतेय, (न०) स्वस्य (धनस्य) पतिः । तस्येदं ढञ् । धनके स्वामीका यह । धन । दौलत.

स्वाभाविक, (त्रि०) स्वभावात् आगतः+ठञ् (इक) । स्वभावसे आया । स्वभावसिद्ध । स्वभावहीसे बनाहुआ । "स्त्रियां ङीप्" स्वाभाविकी.

स्वामिन्, (त्रि०) स्व+अस्ति अर्थे मिनिः दीर्घश्च । धनवाला । अपने आधीन । अधिपति । मालिक । और ईश्वर । स्त्रीमें ङीप् । महादेव । राजा । कार्तिकेय । भर्ता । वात्स्यायनमुनि । गरुड । परमहंस (पु०).

स्वायम्भुव, (पु०) स्वयम्भुवः अपत्यम् । तस्येदं वा+अण् । उवङ् । स्वयम्भुका पुत्र । पहिला मनु । स्वयम्भु (ब्रह्मा)-की सन्तान । स्वयम्भुसम्बन्धी (स्वयम्भुका) (त्रि०) । "धाम स्वायम्भुवं ययुः" कुमारः.

स्वाराज्, (पु०) स्वः (स्वर्गे) राजते । राज्+क्विप् । स्वर्गमें प्रकाशता है (चमकता है) । इन्द्र (देवतोंका राजा).

स्वाराज्य, (न०) स्वराजः-स्वाराजो वा भवः+ष्यञ् । ब्रह्मपन । इन्द्रपन । इन्द्रत्व.

स्वारोचिष, (पु०) द्वितीय मनु । दूसरा मनु । "स्वारोचिषेऽन्तरे पूर्वे" इति चण्डी.

स्वार्थ, (पु०) स्वस्य अर्थः (प्रयोजनं-अभिधेयो वा) । स्वप्रयोजन । अपना मतलब । और अपना अभिधेय (असली अर्थ) । "सार्थकः स्वार्थबोधकृत्" शब्दशक्ति प्र०.

स्वार्थिक, (त्रि०) स्वार्थे विहितः+ठण् (इक)। व्याकरणमें कहाहुआ स्वार्थ (अपना अर्थ) में विधान किया-हुआ प्रत्यय.

स्वास्थ्य, (न०) स्वस्थस्य भावः+ष्यञ् । आरोग्य । आराम । सन्तोष (प्रसन्नता)। और सुख.

स्वाहा, (अव्य०) सु+आ+ह्वे+डा-ति । देवताके उद्देश (प्रयोजन) से हवि (घीआदि) का त्यागना (छोडना)। अग्निदेवताकी स्त्री "स्वाहयेव हविर्भुजम्" इति रघुः। और एक दुर्गा (स्त्री०) । "नमः स्वाहायै स्वधायै" इति पितृगाथा.

स्वाहाप्रिय, (पु०) ६ त० । स्वाहाका पियारा । अग्नि । आग.

स्वाहाभुज्, (पु०) "स्वाहा" इति मन्त्रेण त्यक्तद्रव्यं भुङ्क्ते । भुज्+क्विप्। "स्वाहा" इस मन्त्रसे छोडेगये पदार्थको खाता है । देव । देवता.

स्विद्, (अव्य०) स्विद्+क्विप्। प्रश्न (सवाल)। पादपूरण.

स्विन्न, (त्रि०) स्विद्+क्त । घर्मयुक्त । पसीनेवाला.

स्वीकार, (पु०) अस्वस्य स्वस्यकारः (करणं)। स्व+च्वि+कृ+घञ्। ना अपनेको अपना करना । अंगीकार । मान्ना । कवूलकरना.

स्वीय, (त्रि०) स्वस्य इदं (ईय)। ६ त० । स्वसम्बन्धी । अपना । एकप्रकारकी नायिका (स्त्री०).

स्वृ, शब्द (आवाज करना)। अक० भ्वा० प० वेट्। स्वरति । अस्वारीत्-अस्वार्षीत.

स्वेच्छा, (स्त्री०) स्वस्य इच्छा । अपनी अभिलाषा (चाह).

स्वेच्छामृत्यु, (पु०) स्वेच्छया मृत्युः यस्य । अपनी इच्छासे जिसकी मौत है । भीष्म । अपनी इच्छासे मरनेवाला (त्रि०).

स्वेद, (पु०) स्वेद्-स्विद् वा घञ् । घर्म । पसीना । गर्मी.

स्वेदज, (पु०) स्वेदाज्जायते । पसीनेसे उपजता है । वनकी मक्खीआदि । पसीनेसे हुआ (त्रि०).

स्वेदनी, (स्त्री०) स्विद्यते (पच्यते) अनया । स्विद्+ल्युट्। लोहेका पात्र । तवा । कडाही । भूनेका पात्र (तन्दूर-भट्टी).

स्वैर, (न०) स्वस्य ईरं । ईर्+अच्-वृद्धिः । अपनी इच्छा । उसवाला (त्रि०).

स्वैरिन्, (त्रि०) स्वेनैव ईरयितुं शीलं अस्य । ईर्+णिनि वृद्धिः । स्वेच्छाचारी । अपनी इच्छासे विचरनेहारा । स्व-तन्त्र । आजाद । व्यभिचारिणी (वदमाश) औरत। (स्त्री०).

स्वोपार्जित, (त्रि०) स्वेन उपार्जितं । आप अर्जन किया । आप कमायाहुआ धन आदि.

स्वोवसीय, (न०) श्वः भावि । नि० । प्रसन्नता (खुशी)। सम्पदा । (वह सम्पदा जो आगे होनेवाली है).

ह

ह, (अव्य०) हा+ड । पादको पूरा करनेके लिये । सम्बोधन (बुलाना)। और प्रसिद्ध (मशहूर)। शिवजी । जल । शून्य । मंगल (पु०).

हंस, (पु०) हृ +अच् । पृ० । इस नामका एक पक्षी (परिंदा)। वह राजा जिसके शरीरपर कोईभी रोग नहिं । विष्णु । सूर्य । परमात्मा "हंसं तनौ सन्निहितं चरन्तम्" नैषधम्। मत्सर (दूसरेका शुभ देख न सकना)। एकप्रकारका यति (संन्यासी) । एकप्रकारका मन्त्र । एकप्रकारकी शरीरमें वायुकी चेष्टा (हर्कतकिया) । एकप्रकारका घोडा । सुमेरु पर्वत (पहाड)। शिवजी । श्रेष्ठ । वहुतशुद्ध । अजपामन्त्रके अक्षर । "हंकार" से बाहिर जाता और "सकार" से फिर प्रवेश करता है । "हंस" यह मन्त्र जीव निरन्तर जपता रहता है.

हंसक, (पु०) हंस इव कायति (शब्दायते)। कै+क । हंसकी नाई शब्द कर्ता है । पादकटक (पाँवका कडा पजेव)। नूपुर (झाञ्जर)। कडिआँ.

हंसगामिनी, (स्त्री०) हंस इव (मृदु) गच्छति । गम्+णिनि । हंसकी नाईं कोमल जाती है । धीरे २ चलनेवाली स्त्री । "हंसेन गच्छति" हंसके साथ (उसपर चढकर) जाती है+णिनि । ङीप् । ब्रह्माणी । एक शक्ति.

हंसनादिनी, (स्त्री०) हंसके समान शब्द कर्ती है । हाथीकी गति (चाल) । तन्वी (सूक्ष्मअंगवाली), कोइलकी भांति आलाप (वोलना), और नितम्ब (चूतड) भारी (गुर्विणी) इस प्रकारसे लक्षणोंवाली (स्त्री०).

हंसमाला, (स्त्री०) ६ त० । पंक्ति (कतार) के स्वरूपमें स्थित होरहा हंसोंका समूह । हंसोंकी कतार.

हंसयुवन्, (पु०) हंसः युवा । जवान हंस । छोटा हंस.

हंसरथ, (पु०) हंसः रथः (वाहनं यस्य ।) हंस जिसका रथ (गाडी) है । चतुर्मुख (चारमुखवाला) ब्रह्मा । "हंसवाहन" आदिभी.

हंसराज, (पु०) हंसानां राजा+टच् । हंसोंका राजा.

हंसारूढ, (पु०) हंसं आरूढः । आ+रुह्+क्त । हंसपर चढाहुआ । ब्रह्मा । उसकी शक्ति । ब्रह्माणी (स्त्री०).

हंसी, (स्त्री०) हंसस्य भार्या । ङीप् । हंसकी स्त्री । बाईस अक्षरोंके पादवाला छन्दोभेद.

हंहो, (अव्य०) हं+हा+डो । सम्बोधन (बुलाना)। अरेरे । प्रश्न (सवाल).

हञ्जे-ञ्जा, (अव्य०) जप्+डे-डा वा । नाटकमें चेटी-(चेडीका सम्बोधन).

हट्,-दीप्ति (चमकना) भ्वा० प० अक० सेट्। हटति । अहटीत्-अहाटीत.

हट्ट, (पु०) हट्+ट । क्रयविक्रयस्थान (मोललेने और वेचनेकी जगह)। "प्रतिहट्टपथे घरट्टजात्" इति नैषधम्.

हट्टचौरक, (पु०) हट्टे (प्रकाशिते स्थाने) एव चौरः । स्वार्थे कन् । खुली जगहपर चोरीकरनेवाला । हट्टका चोर.

हठ, (पु०) हठ्+अच् । बलात्कार । जोरकरना । जोरावरी.

हठयोग, (पु०) हठात्कारेण योगः । हठकरके परमात्माके साथ जुडना । प्राणायाम (प्राणोंका रोकना) आदि क्रियाके अभ्याससे उत्पन्न हुआ राजयोगके विनाही परमात्माका साक्षात्काररूप चित्तकी वृत्तिका रोकना.

हड्डु, (न०) हड्+ड । पृ० । अस्थि । हड्डी (हाड-हड्ड)। कन् । एक जाति.

हण्डा, (स्त्री०) हन्+डा । बडा मट्टीका पात्र (वर्तन)। हांडी । "हण्डे" नाटकमें नीचका सम्बोधन (नीचको बुलाना).

हत, (त्रि०) हन्+क्त । नाशित । नाशहुआ । प्रतिहत । मारागया । बांधाहुआ । आशासे रहित । और गुणाहुआ । "भावे क्त" । मारना । और गुणना (न०).

हतक, (त्रि०) हत इव (नष्टप्रायत्वात्)+कन् । मानों मराहुआ है । रुढाहुआ । गयागुजरा.

हतसाध्वस, (त्रि०) हतः साध्वसः यस्य । दूर होगया है भय जिसका । निर्भय । भयसे रहित । निडर.

हताश, (त्रि०) हता आशा यस्य । जिसकी आशा जातीरही । आशाशून्य । दयारहित । और पिशुन (चुगलखोर).

हति, (स्त्री०) हन्+क्तिन् । हनन (मारना)। और गुणना.

हत्या, (स्त्री०) हन्+क्यप् । मारना (वध)। प्राणवियोगानुकूलव्यापार (प्राणोंसे विछोडनेका काम)। किसीको प्राणोंसे जुदाकरना । "ब्रह्महत्या सुरापनं" स्मृतिः.

हद्, (विष्ठोत्सर्गे) मलछोडना (हगना)। भ्वा० आ० । हदते । अहदिष्ट.

हन्, वध (मारना) । गति (जाना) अदा० पर० स० अनिट् । हन्ति । अवधीत् । "कुञ्जं हन्ति कृशोदरी" इत्यादिमें अलंकारशास्त्रके जानेहारे । "गति" अर्थमें मानते हैं (इसीको निहतार्थता-असली अर्थका टूटना कहते हैं).

हनु(नू)मत्, (पु०) हनु (नू)+अस्ति अर्थे मतुप् । ठोड्डीवाला । रामचन्द्रजीका अनुचर (सेवक)। अञ्जनाके गर्भसे उत्पन्नहुआ वायु (हवा) का पुत्र । एक विशेष वानर.

हन्त, (अव्य०) हन्+त । हर्ष (खुशी)। दया । विषाद (मनका टूटना) । आर्ति (पीडा)। किसी वाक्यका आरम्भ । खेद.

हन्तकार, (पु०) हन्त (हर्षस्य) कारः (करणम्)। "हन्त" इत्यस्य कारः (उच्चारणम्) वा । कृ+घञ् । खुशीका करना । वा "हन्त" (खुशीहो) इस शब्दका उच्चारण करना । अतिथिको देनेलायक अन्न । (हंहो)। और हन्तशब्दका प्रयोग.

हन्तृ, (त्रि०) हन्+तृच् । हननकर्ता । मारनेवाला । जिसका स्वभाव दूसरेको मारनेका पडगया है । स्त्रीमें ङीप् । हन्त्री.

हन्न, (त्रि०) हद्+क्त । जिसने मलत्याग किया है । कृतपुरीषोत्सर्ग.

हम्भा(म्मा), (स्त्री०) हम्+भा । हम्म्+अङ् वा । गौओंकी ध्वनि (आवाज)। पृ० । "हम्वा" भी.

हय्, गति (जाना)। पृ० अक० भ्वा० प० सेट् । हयति । अहयीत्.

हय, (पु०) हय्-दिवा अच् । घोटक । घोडा.

हयग्रीव, (पु०) हयस्य इव दीर्घा ग्रीवा अस्य । घोडेकी नाईं जिसकी लंबी गर्दन है । विष्णुका एक अवतार । और एक दैत्य । "हयग्रीववधोपेतं तद्वै भागवतं विदुः" इति पुराणम् । दुर्गा (स्त्री०).

हर, (पु०) हृ+अच् । रुद्र । अग्नि (आग)। गर्धभ (गधा) । और विभाजक (बांटनेहारा)। हृ+भावे अप् । हरण (लेजाना)। और विभांजन (बांटना).

हरण, (न०) हृ+भावे ल्युट् । स्थानान्तरकरण । दूसरी जगहपर लेजाना । और विभाजन (बांटना)। "कर्मणि ल्युट्" यौतकादि (दाज-दहेज) में देनेलायक धन.

हरगौरी, (स्त्री०) हरदेहार्धहरा गौरी । महादेवके आधे देहको लेनेहारी पार्वती । अर्धनारीश्वररूप शिवजी और पार्वतीका मूर्तिविशेष । द्वन्द्व० । शिवपार्वती । द्वि० व०.

हरतेजस्, (न०) ६ त० । महादेवका तेज । पारद (पारा) और शिवजीका वीर्य । "हरबीज" आदिभी इसी अर्थमें.

हरशेखरा, (स्त्री०) हरस्य शेखरं आवासत्वेन अस्ति अस्याः+अच् । महादेवका सिर जिसका निवासस्थान है । गंगा.

हरि, (पु०) हृ+इन् । विष्णु । सिंह (शेर) । सर्प (सांप)। वानर (बंदर)। भेक (मेंडक-डडू)। चन्द्र (चांद)। सूर्य । वायु (हवा)। अश्व (घोडा)। यमराज । महादेव । ब्रह्मा । ब्रह्म । किरण । नौ वर्षोंमेंसे एक । मयूर (मोर)। कोकिल (कोइल)। हंस । शुक (तोता) । भर्तृहरिनामक वाक्यपदीयआदि ग्रन्थका बनानेहारा पण्डित । इन्द्र । पीत (पीला) । और हरा रंग । उसवाला (त्रि०) । "हरिं विदित्वा हरिभिश्च वाजिभिः" इति रघुः.

हरिकेश, (पु०) हरयः (पिंगलाः) केशा अस्य । पीले केशोंवाला । शिव । शिवका भक्त एक यक्ष (एकप्रकारका देवता).

हरिचन्दन, (न०) हरेः (इन्द्रस्य) प्रियं चन्दनम् । इन्द्रका पियारा चन्दन । देवताओंका एक वृक्ष । विष्णुका पियारा चंदन । गोशीर्षनामक मलयके एकदेशमें उत्पन्न हुआ चंदनविशेष । केसर.

हरिण, (पु०) हृ+इनन् । इस नामका पशु । हिरन । शिव । विष्णु । हंस । चित्रा रंग । उसवाला (त्रि०).

हरिणहृदय, (पु०) हरिणस्य इव भीतं हृदयं अस्य । जिसका हृदय हिरनकी नाईं डरता है । भीरु । डरपोक । डरनेवाला.

हरिणाक्षी, (स्त्री०) हरिणस्य इव अक्षिणी यस्याः+षच् समा०ङीप् । जिसके नेत्र हिरनके समान हैं ऐसी स्त्री । हरिणके समान नेत्रोंवाली (त्रि०) । हट्टविलासिनी नाम गंधवाला द्रव्य.

हरिणाङ्क, (पु०) हरिणः (शशनामकः मृगः) अंकः (चिहं) अङ्के (कोडे) वा यस्य । शशनामी हरिणके चिह्नवाला । वा जिसकी गोदमें हरिण है । चन्द्र (चांद) । चन्द्रमा.

हरित, (पु०) हृ+इति । नीला और पीला रंग मिलाहुआ । और पत्तोंका रंग उसवाला (त्रि०) सूर्यका घोडा । मूंग । शेर (सिंह) सूर्य । और विष्णु (पु०).

हरिताल, (न०) हरिवर्णस्य (पीतवर्णस्य) तालः (प्रतिष्ठा) यत्र । जहां हरेरंगकी प्रतिष्ठा है । पीले रंगका एक प्रकारका उपधातु । हरिताल.

हरितालिका, (स्त्री०) हरेः तालः (हस्ततालः) यस्यां+कप् । भादोंके शुक्लपक्षकी तृतीया.

हरिद्वार, (न०) हरेः (तत्प्राप्तेः) द्वारं (सेवनात्) । हरिके मिलनेका दर्वाजा (सेवा करनेसे) इस नामका तीर्थ.

हरिनामन्, (न०) हरेर्नाम तदाख्याने वा । हरिका नाम । वा उसकी प्रसिद्धि । "हरिकी नाईं जिसका नाम है" मूंग (पु०).

हरिनेत्र, (न०) हरेः नेत्रं इव । मानों हरिकी आंख है । श्वेतपद्म । चिट्टा कमलफूल । ६ त० । विष्णुकी आंख । शेरकी नाईं जिसका नेत्र है (लंबा होनेसे) । पेचक (उल्लु) (पु०).

हरिन्मणि, (पु०) हरिद्वर्णः मणिः । हरे रंगकी मणि । मरकतमणि.

हरिभक्त, (त्रि०) हरौ (विष्णौ) भक्तः । विष्णुमें भक्त (पूजाके योग्य समझकर प्रेमकरनेहारा) । विष्णुकी भक्ति करनेहारा । " सब जीवोंमें एकही भाव समझकर विष्णुकी भावना करके निरन्तर हरिकी भक्तिमें लगा रहनेवाला " । सब स्थानमें समदृष्टिसे हरिकी सेवा करनेहारा (पु०).

हरिभुज, (पु०) हरिं (भेकं) भुंक्ते । भुज्+क्विप् । मेंडकको खाता है । सर्प (सांप).

हरिवंश, (पु०) ६ त० । विष्णुका वंश (खान्दान) । महाभारतके अन्तमें खिलरूप एक ग्रन्थका नाम.

हरिवर्ष, (न०) हरिनामकं वर्षं । जम्बुद्वीपके नौ वर्षोंमेंसे एक.

हरिवासर, (न०) हरिप्रियं वासरं । हरिका पियारा दिन । एकादशीका दिन । और द्वादशीका पहिला पाद (हिस्सा).

हरिवाहन, (न०) हरिं वाहयति (स्थानान्तरं नयति) । वह्+णिच्+ल्यु । हरिको दूसरे स्थानपर ले जाताहै । हरिकी सवारी । गरुड । ६ त०.

हरिबीज, (न०) हरेः बीजं (उत्पत्तिकारणत्वेन) अस्ति अस्य+अच् । हरिके बीजसे उत्पन्नहुआ । हरिताल । हडताल । "हरितालं हरेर्बीजं लक्ष्म्या बीजं मनःशिला" इति वैद्यकम्.

हरिशयन, (न०) हरेः शयनं (निद्रा) । विष्णुकी नींद । हरेः शयनं यत्र तदुपलक्षितः कालः । वह समय कि जब हरि योगनिद्रामें सोते हैं । आषाढकी शुक्लद्वादशीसे लेकर कार्तिकशुक्ल द्वादशीतक चार महिनोंका समय.

हरिश्चन्द्र, (पु०) हरिः चन्द्र इव (ऋषिअर्थमें सुट् होता है) । हरि मानों चन्द्रमा है । सूर्यवंशमें त्रिशंकुका पुत्र । एक राजा (ऋषिसे भिन्न अर्थमें सुट् नहीं होता) । हरिचन्द्र.

हरिसंकीर्तन, (न०) हरेः (हरिनाम्नः) संकीर्तनं (कथनम्) । श्रीविष्णुका नाम उच्चारण करना । हरिनाम लेना " सकलं निष्फलं राजन् हरिसंकीर्तनं विना " पुराणम्.

हरिहय, (पु०) हरिवर्णः हयः यस्य । जिसका घोडा हरे रंगका है । इन्द्र । "हरिं विदित्वा हरिभिश्च वाजिभिः" रघुः.

हरिहर, (पु०) हरियुक्तो हरः । एकप्रकारकी मूर्ति । जिसका एक आधा हरि और दूसरा आधा हर है । द्विव० । शिवनारायण.

हरिहरक्षेत्र, (न०) हरिहरयोः प्रियं क्षेत्रम् । हरि और हरका पियारा स्थान । वह स्थान कि जहां गंगा और गण्डकीका संगम होता है । पाटलिपुत्र (पटना)के उत्तरकी ओर एक तीर्थ.

हरीतकी, (स्त्री०) हरिं (पीतवर्णं फलद्वारा इता (प्राप्ता) इण्+क्त । संज्ञायां कन्+ङीप् । इस नामका एक वृक्ष (जिसका फल पीला होता है) । हरीडका फल "कदाचित् कुपिता माता नोदरस्था हरीतकी" वैद्यकम्.

हर्तृ, (त्रि०) हृ+तृच् । चुरानेहारा चोर । और सूर्य (पु०).

हर्म्य, (न०) हृ+यत्-मुट्च । धनिओंका गृहविशेष (एकप्रकारका घर) । महल.

हर्यक्ष, (पु०) हरि (पिङ्गलं) अक्षि अस्य+षच् समा० । पीली आंखवाला । सिंह (शेर) । और कुबेर.

हर्यश्व, (पु०) हरिवर्णः अश्वः अस्य । जिसका घोडा हरेरंगका है । इन्द्र.

हर्ष, (पु०) हृष्+घञ् । सुख । चाही गई वस्तुके पानेसे उपजा आनन्द.

हर्षण, (पु०) हर्षयति (अभीष्टदानात्)। हृष्+णिच्+ल्यु। खुशी देता है (चाहीगई वस्तुके देनेसे)। विष्कम्भआदिमें चौदवां योग। हर्षकरानेहारा (त्रि०)। "हृष्+ल्युट्" हर्ष (न०).

हर्षमाण, (पु०) हृष्+ताच्छील्ये चानश्। एक श्राद्धका देवता। हृष्टचित्त (जिसका चित्त प्रसन्न है) (त्रि०).

हर्षिणी, (स्त्री०) हृष्+णिच्+णिनि-ङीप्। विजया (खुशीदेनेहारी)। भांग। हर्षकारक (खुशीदेनेहारा) (त्रि०).

हर्षित, (त्रि०) हर्षः जातः अस्य+इतच्। जातानन्द। खुश हुआ.

हल्, विलेख (खेंचना) भ्वा० प० सक० सेट्। हलति। अहालीत्.

हल, (न०) हल्यते (कृष्यते) अनेन। हल्+घञ्के अर्थमें क। लाङ्गल। हल.

हलधर, (पु०) हलं धरति (आयुधत्वेन) धृ+अच्। हलको शस्त्रस्वरूपसे धारण कर्ता है। बलराम। कृषक (खेतीकरनेहारा)। किसान (त्रि०).

हलभूति, (स्त्री०) हलेन (हलसाध्या) भूतिः। हल चलाकर सिद्धहुई जीविका.

हला, (स्त्री०) हेति लीयते। नाट्योक्तिमें सखीका संबोधन। सखी (सहेली)। पृथिवी। और जल (पानी).

हलायुध, (पु०) हलेन आयुध्यति। आ+युध्+क। हलसे लडाई करता है। बलदेव.

हलाहल, (पु०) हलेन इव आहलति (विलिखति)। हलके समान खेंचता है। आ+हल्+अच्। एकप्रकारका विष (जहिर).

हलिन्, (पु०) हलः अस्ति अस्य आयुधत्वेन+इनि। जिसका हल शस्त्र है। बलराम। कृषक (किसान) (त्रि०).

हल्य, (त्रि०) हलं (हलकर्षणं) अर्हति। तस्य इदं वा यत्। हलसे खेंचाहुआ खेतआदि। और हलका। "हलोंका समूह" यत् (स्त्री०).

हव, (पु०) हु+अप्। ह्वे+अप्। पृ० वा। यज्ञ। आज्ञा (हुक्म)। होम। और आह्वान (बुलाना).

हवन, (न०) हु+ल्युट्। होम। देवता आदिके उद्देशसे मन्त्रपढकर वह्नि (आग) में घी आदिका फेंकना.

हवनी, (स्त्री०) हूयते अस्यां। हु+ल्युट्। होम कियाजाता है इसमें। यज्ञका कुण्ड.

हवनीय, (त्रि०) हु+कर्मणि अनीयर्। होमका पदार्थ.

हविष्यान्न, (न०) कर्म०। व्रतआदिमें खानेलायक द्रव्यविशेष.

हविस्, (न०) हूयते। हु+कर्मणि असुन्। होम कियाजाता है (घी)। होमकरनेलायक प्रत्येक पदार्थ.

हव्य, (न०) हु+कर्मणि यत्। देवताके लायक अन्न। होम करनेलायक द्रव्य (त्रि०)। "भावे यत्" होम (न०).

हव्यवाह, (पु०) हव्यं वहति देवान्। वह्+अण्। देवताओंके पास होमके पदार्थको पहुंचाता है। अग्नि.

हस्-हास, (हसना) भ्वा० प० अ० सेट्। हसति। अहसीत्। (दोष देखकर हसनाअर्थमें सकर्मक होता है).

ह (हा)स, (पु०) हस्+अप्-घञ् वा। हसना। एकप्रकारसे मुखका खिलाना (विकाशन).

हसन, (न०) हस्+ल्युट्। प्रीतिसे मुख और कपोल (गल्ल)-आदिका विकाशन (खिलाना)। हास्य। हसना.

हसन्ती, (स्त्री०) हस्+झ-ङीप्। अंगारधानिका। अंगीठी। हसनेवाला (त्रि०)। स्त्रियां ङीप्.

हसित, (न०) हस्+भावे क्त। हास्य। हंसना। कर्तामें क्त। जो हंसा है। खिलाहुआ.

हस्त, (पु०) हस्+तन्। शरीरका अंग। हाथ। और हाथीकी सूंड। अश्विनीसे तेरहवां नक्षत्र (तारा) (पु० स्त्री०).

हस्तामलक, (न०) हस्तस्थितं आमलकं। हाथपर लियाहुआ आँवलेका फल। सहजहीसे देखनेलायक पदार्थ। वेदान्तप्रसिद्ध ग्रन्थविशेष। "करामलक".

हस्तिक, (न०) हस्तिनां समूहः+कन्। हाथिओंका समूह.

हस्तिदन्त, (पु०) ६ त०। हाथीका दांत। घरकी दीवारमें गाडीगई किल्ली.

हस्तिन्, (पु०) हस्तः (शुण्डादण्डः) अस्ति अस्य। सूंडरूपी डण्डेवाला। गज (हाथी)। चन्द्रवंशी एक राजा.

हस्तिनापुर, (न०) हस्तिना (तदाख्यनृपेण चिह्नितं तत्कृतत्वात्) पुरं। अलुक् समा०। हस्तिनामक राजासे बनाया गृह। नगर। दिल्ली नगर.

हस्तिनी, (स्त्री०) हस्तिनः योषा+ङीप्। हाथीकी स्त्री। हथिनी। करिणी। एकप्रकारकी स्त्री.

हस्तिप, (पु०) हस्तिनं पाति। पा+क। हाथीपर चढनेहारा। हस्त्यारोह। हाथीवान्+स्वार्थे कन्.

हस्तिमद, (पु०) ६ त०। हाथीकी सूंडसे निकलाहुआ मस्तीका पानी। एक प्रकारका गंधवाला द्रव्य.

हस्त्यारोह, (पु०) हस्तिनं आरोहति। आ+रुह्+अण्। हाथीपर चढता है। हाथीवान्। हस्तिपक.

हा, त्याग (छोडना)। जु० प० स० अनिट्। जहाति। अहासीत्.

हा, गति (जाना) जु० आ० स० अनिट्। जिहीते। अहासीत्। अहासिष्ट.

हा, (अव्य०) हा+का। विषाद। शोक। पीडा। निन्दा.

हाटक, (न०) हट्+ल्युट्। एक देश। उस देशमें उत्पन्न हुआ सोना। धतूरा। सोनेका बनाहुआ (त्रि०).

हान, (न०) हा+भावे क्त। परित्याग। छोडना.

हानि, (स्त्री०) हा+क्तिन्। नि० निः। क्षति। अपचय। नुकसान.

हायन, (पु०) जहाति (अम्बु)। हा+ल्यु-नि०। व्रीहि। धान। (-भावे) जहाति। वत्सर (वरिस)। आगकी लाट (स्त्री०).

हार, (पु०) हृ+कर्मणि घञ्। एकप्रकारकी मोतिओंकी माला। माला। "कर्तरि+घञ्"। वाँटनेहारा। भाजक.

हारक, (पु०) हृ+ण्वुल्। चोर- धूर्त। खचरा। भाजक अंक। चुरानेहारा (त्रि०).

हारावली, (स्त्री०) हार इव आवली। हारकी नाई कतार। मुक्तावली (मोतिओंका हार)। "शृङ्गारहारावली" इति गंगास्तवः। पुरुषोत्तमका बनायाहुआ एक कोष.

हारिद्र, (पु०) हरिद्रया रक्ता+अण्। कदम्ब (कदम) का द्रख्त, (इसका फूल वहुत पीला होता है)। हल्दीसे रंगाहुआ (त्रि०).

हारिन्, (त्रि०) हारः अस्ति अस्य+इनि। हृ+णिनि वा। हारक (चुरानेहारा)। हारवाला और मनोहारी (सुन्दर).

हारीत, (पु०) हृ+णिच्-इतच्। एक मुनि धर्मशास्त्र बनानेहारा। एक पक्षी (मैंना)। और कितव (धूर्तखचरा).

हार्द, (न०) हृदयस्य कर्म अण्। "हृद्" का आदेश होता है। स्नेह (पियार)। प्रेम। "हृदि भवः विहितो वा अण्"। हृदयसे हुआ वा जानागया। हृदयका वा हृदयमें जानाहुआ (त्रि०).

हार्य, (पु०) ह्रियतेऽसौ। हृ+ण्यत्। विभीतक वृक्ष (बहेडा) हरणीय (लेजानेलायक) (त्रि०).

हाल, (पु०) हलः अस्ति अस्य+अण्। हल एव वा+अण्। हलवाला। बलराम। और हल.

हाला, (स्त्री०) हल्+घञ्। मद (नशा)। तालरसकी शराब.

हालाहल, (पु० न०) हालेव हलति। हल्+अच्। एकप्रकारका विष (जहिर)। एक कीडा। मद्य (स्त्री०) ङीप्.

हालिक, (त्रि०) हलेन खनति (हलसे खोदता है)। हलकर्षक (हलखेंचनेहारा)। किसान। "हलः प्रहरणं अस्य" हल जिसका शस्त्र है। हलसे युद्धकरनेहारा। "हलस्य इदं वा ठक्-ठञ्" हलका.

हाव, (पु०) ह्वे+घञ्। नि०। आह्वान (बुलाना)। स्त्रियोंकी शृङ्गारभावसे उपजी चेष्टा.

हास्तिक, (न०) हस्तिनां समूहः+ठण्। हाथिओंका समूह.

हास्तिन, (न०) हस्तिना (नृपेण) निर्वृत्तं नगरं (अण्)। हस्तिराजासे वनायागया। (हस्तिनापुर) दिल्ली.

हास्य, (न०) हस्+ण्यत्। हसना। अलंकारका रसविशेष.

हाहाकार, (पु०) हा हा इत्यस्य कारः। कृ+घञ्। हाहाकरना। युद्ध(लडाई)का शब्द। शोककी आवाज.

हि, बढना और जाना। स्वा० प० सक० अनिट्। हिनोति। अहैषीत्.

हि, (अव्य०) हा-हिं वा+डि। हेतु (सवव)। अवधारण- (निश्चय)विशेष। प्रश्न (सवाल) हेतुका उपदेश (क्योंकि)। शोक। श्लोकका पूराकरना.

हिंसक, (पु०) हिंस्+ण्वुल्। व्याघ्र (भेडिया)आदि हिंसक (मारनेवाला) पशु। और शत्रु (दुश्मन)। हिंसाकरनेहारा (त्रि०).

हिंसा, (स्त्री०) हिंस्+अ। वध (मारना)। घातन (कतलकरना)। किसीको प्राणोंसे अलग करना और जोरआदिका काम.

हिंस्र, (त्रि०) हिंस्+र। हिंसाशील। मारनेवाला। घोर (डरावना).

हिक्क्, शब्दकरना। कूकना। भ्वा० उ० अ० सेट्। हिक्कति-ते.

हिक्क्, हिंसा (मारना)। चु० आ० स० सेट्। हिक्कयते। अजिहिक्कत.

हिक्का, (स्त्री०)। हिक्क+अ। एकप्रकारका रोग(हिचकी).

हिङ्गु, (न०) हिमं गच्छति। गम्+डु। नि। हीङ्। रामठदेशका वृक्ष (जिसका रस हिङ्ग होताहै).

हिड, गति (जाना)। घूमना। भ्वा० आ० स० सेट्। इदित्। हिण्डते.

हिडिम्ब, (पु०) एक राक्षस (वह भीमसेनसे मारागया)। म्बा। उस राक्षसकी भगिनी (वहिन) (स्त्रियां टाप्).

हित, (त्रि०) धा+क्त। हि+क्त वा। गत (बीतगया)। पथ्य (हितकारी)। और मंगल (भलाई).

हितकारिन्, (त्रि०) हितं करोति। कृ+णिनि। शुभकारक। भलाईकरनेहारा। हितकरनेहारा.

हितैषिन्, (त्रि०) हितं इच्छति। इष्+णिनि। हितकी इच्छा (चाह)करनेहारा। हितेच्छाकारी.

हितोपदेश, (पु०) हितस्य उपदेशः। भलाईका उपदेश। हितके लिये उपदेश। विष्णुशर्माका रचाहुआ नीतिविषयको प्रतिपादनकरनेहारा ग्रंथ.

हिन्दोल, (पु०) हिन्दोल्+घञ्। पृ०। दोलन। झूलना। श्रावण(सावनमहीना)के शुक्लपक्षमें विधान कियाहुआ झूलनेसे भगवान्का झुलानारूप एकप्रकारका उत्सव। एक रागका नाम.

हिम, (न०) हि+मक्। आकाशसे गिराहुआ पानीका कण (कतरा)। शीतलस्पर्श (ठण्डा छूना)। उसवाला (त्रि०)। छोटी इलाइची। नागरमोथा (स्त्री०)। अग्रहायण (मग्गर) और पौष (पोह) स्वरूपऋतु (मौसिम)। चंदनका द्रख्त। चन्द्र (चांद) और काफूर (पु०).

हिमकर, (पु०) हिमः करः (किरणः) यस्य। जिसकी किरण बर्फ है। कृ+अच्। चन्द्र (चांद)। और काफूर.

हिमगिरि, (पु०) हिममयो गिरिः। हिमप्रधानो वा गिरिः। वर्फका पहाड । वा जहां बहुत वर्फ है । हिमालयका पहाड.

हिमप्रस्थ, (पु०) हिमः प्रस्थः यस्य। शीतल चोटीवाला। हिमालयका पर्वत (पहाड).

हिमवत्, (पु०) हिमानी (प्राचुर्येण) अस्ति अत्र+मतुप्। "म" को "व" होता है। जहां बहुत वर्फ होती है। हिमालय पर्वत.

हिमसंहति, (स्त्री०) ६ त०। हिमसमूह। वरफका ढेर.

हिमांशु, (पु०) हिमाः अंशवः अस्य । शीतलकिरणोंवाला। चंद्रमा। चांद। और कर्पूर। काफूर.

हिमागम, (पु०) हिमस्य आगमः यत्र । जिसमें वरफ आती है । अग्रहायणी (मग्गर) और पौष (पूस) स्वरूप दो महीनोंका ऋतु (मौसिम).

हिमाद्रिजा, (स्त्री०) हिमाद्रौ जायते। जन्+ड। हिमालयमें उत्पन्न होती है। क्षीरिणी। पार्वती। और गंगा.

हिमाद्रितनया, (स्त्री०) ६ त०। हिमालयकी पुत्री। दुर्गा। पार्वती.

हिमानी, (स्त्री०) हिमानां संहतिः। हिम+ङीप्-आनुक्च। हिमसमूह। वरफका ढेर। "आगता बत जरेव हिमानी" रघुवंशः.

हिमाराति, (पु०) ६ त०। बरफका शत्रु। सूर्य। आकका वृक्ष। आग.

हिमालय, (पु०) हिमानां आलयः। वरफोंका घर। एक पहाड.

हिमाब्ज, (न०) हिमकाले जायते जन्+ड। शीतके समय उपजता है। उत्पल। कमलफूल.

हिरण्मय, (त्रि०) हिरण्यात्मकं+मयट्। नि०। सोनेका बनाहुआ। स्त्रियां ङीप्। "हिरण्मयी सीताप्रतिकृतिः" उत्तररामचरितम्। नौं वर्षोंमेंसे एक (न०)। सूर्यमण्डलमें रहनेहारा परम ब्रह्म। "य एष हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते हिरण्याक्षः" छान्दोग्यम्.

हिरण्य, (न०) हिरणमेव (स्वार्थे) यत्। सुवर्ण। सोना। धतूरा। धन.

हिरण्यकशिपु, (पु०) एक दैत्य (वह कश्यपसे दितिमें हुआ).

हिरण्यकशिपुहन्, (पु०) हन्+क्विप्। ६ त०। हिरण्यकशिपुको मारनेहारा। विष्णु.

हिरण्यगर्भ, (पु०) हिरण्यं (स्वर्णभाण्डं) गर्भः (उत्पत्तिस्थानं) अस्य। सोनेके अंडेसे निकला। चारमुखवाला ब्रह्मा (वह सोनेके अंडेसे निकला था)। शालग्राममूर्तिविशेष.

हिरण्यरेतस, (पु०) हिरण्यं रेतः यस्य। जिसका वीर्य सोना है। वह्नि (आग)। और चित्रकवृक्ष.

हिरण्यवाह(हु), (पु०) हिरण्यं वाहयति (प्रापयति) भक्तान्। भक्तोंको सोना पहुंचाता है। "हिरण्यवर्णाः वाहुरिव तरंगा यस्य"। सोनेकी भुजाके समान जिसके तरंगें (लहरें) हैं। महादेव। शोणनामी एक नद (वडादर्या).

हिरण्याक्ष, (पु०) कश्यपका पुत्र। एक दैत्य.

हिरुक्, (अव्य०) हि+उकिक्-रुट् च। वर्जन (रोकना)। त्याग.

हिल्लोल्, दोलन (झुलाना) चु० उ० स० सेट्। हिल्लोलयति-ते.

हिल्लोल, (पु०) हिल्लोल्+अच्। तरंग (लहर)+घञ्। झुलाना.

हिव्, प्रीणन (प्रसन्नकरना) भ्वा० प० स० सेट्। इदित्। हिन्वति। अहिन्वीत्.

हिवुक, (न०) हिवि+उकक्। नि०। ज्योतिषमें लग्नसे चौथा स्थान.

हिंस्, वध (मारना) वा चु० उ० रुधा० प० सक० सेट्। इदित्। हिनस्ति। हिंसयति-ते। अहिंसीत्। अजिहिंसत्-त.

ही, (अव्य०) हि+डी। विस्मय (हैरानी)। दुःख। विषाद (मनका टूटना)। और शोक.

हीन, (त्रि०) ही+क्त। "त" को "न" होता है। ऊन (कम)। निन्दाके लायक। और अधम (नीच).

हीनवादिन्, (पु०) कर्म०। पूर्ववाद (पहिला झगडा)-को छोडकर जो किसी औरका अवलम्बन कर्ता है। असली विषयको छोड कर किसी दूसरे विषयमें धसनेहारा। एकप्रकारका वादी (मुद्दई) धर्मशास्त्रमें.

हीनाङ्ग, (त्रि०) हीनं अङ्गं यस्य। स्वभावसे न्यून (कम)-अंगवाला। अंधा। लंगडा। लूलाआदि। स्त्रियां वा ङीप्.

हीर, (न०) हृ+क। नि०। वज्र। और हीरा। शिव। सांप। हार। और सिंह (शेर) (पु०)। स्वार्थे कन्। हीरारूप एक मणि.

हु, होमकरना (आगमें घीआदिका डालना)। जुहो० प० सक० अनिट्। जुहोति। अहौषीत्.

हुङ्कार, (पु०) "हुं" इत्यव्यक्तस्य कारः। कृ+घञ्। उप०। "हुं" इस प्रतिषेधसूचक (रोकको जतानेहारा) शब्दका उच्चारणकरना। "मौनव्रतं महाकष्टं हुङ्कारेणापि नश्यति" पुराणम्.

हुड्, राशीकरण (इकट्ठाकरना) भ्वा० आ० स० सेट्। इदित्। हुण्डते.

हुड, (पु०) हुड्+क। मेघ (बादल)। चोरको रोकनेके लिये पृथिवीमें गाडाहुआ लोहेका कील (मेख).

हुत, (त्रि०) हु+क्त। देवताके उद्देशसे मन्त्रपढकर आगमें डालागया घीआदि। होमकियाहुआ "भावे क्त" होम (न०).

हुतभुज्, (पु०) हुतं (मन्त्रेण प्रक्षिप्तं) घृतादि भुंक्ते । भुज्+क्विप् । मन्त्रपूर्वक फेंकेहुए घीआदिको खाता है । अग्नि । आग.

हुतवह, (पु०) हुतं (घृतादिकं) वहति (प्रापयति) देवान् प्रीत्यर्थं । वह्+अच् । होमकियेहुए घीआदिको देवताओंके पास पहुंचाता है (उनकी प्रसन्नताके लिये) । अग्नि । आग । और चित्रकवृक्ष.

हुताश, (पु०) हुतं अश्नाति । अश्+अण् । होमकियेहुएको खाता है । वह्नि (आग) और चित्रकवृक्ष.

हुति, (स्त्री०) हु+क्तिन् । होम.

हुम्, (अव्य०) हु+डुमि । स्मरण (यादकरना) । प्रश्न (सवाल) । अनुज्ञा (हुक्म) । निवारण (हटाना).

हुहु(हू), (पु०) ह्वे+डु । नि० । एक गंधर्व (देवताओंमें गवैया).

हुङ्कार, (पु०) हू+कृ+घञ् । अवज्ञा (निरादरी) को जतलानेहारा एकप्रकारका शब्द "हुंकारेणैव तं भस्म सा चकाराम्बिका ततः" चण्डी.

हूत, (त्रि०) ह्वे+क्त । सम्प्रसारण । आहूत (बुलायाहुआ.

हूति, (स्त्री०) ह्वे+क्तिन्-सम्प्रसारण । आह्वान । बुलाना.

हून(ण), (पु०) ह्वे+नक्-संप्रसारण । एक म्लेच्छोंकी जाति । उनके रहनेका देशविशेष.

हूर्च्छन, (न०) हूर्च्छ्+ल्युट् । कुटिलता । तिर्छापन.

हृ, हरण (चोरीकरना) । लेजाना । भ्वा० उभ० द्विक० अनिट् । हरति-न्ते । अहार्षीत्-अहृत.

हृ, बलात्कारहरण (हठ-जोरावरी लेजाना) । जु० प० स० अनिट् (वेदमें आता है) । जहर्ति । अहार्षीत्.

हृच्छय, (पु०) हृदि शेते । शी+अच् । हृदयमें सोता है । कामदेव । हृदयशायी (त्रि०).

हृच्छूल, (न०) ६ त० । शूलरोगभेद । एकप्रकारका पेटकी पीडाका रोग.

हृणी, निन्दाकरना । कण्ड्वा० आ० अ० सेट् । हृणीयते । अहृणीयत.

हृणीया, (स्त्री०) हृणीय+अ । निन्दा.

हृत्, (त्रि०) हृ+क्विप्-तुक् च । लेजाने वा चुरानेवाला । "त" को "द" होता है । "हृदय" को "हृत्" का आदेश विकल्पसे होता है । हृदय (दिल) और मन (न०).

हृत, (त्रि०) हृ+क्त । अपहृत (चुरायागया) । और दूसरे स्थानपर लेजाया गया.

हृत्कम्प, (पु०) ६ त० । हृदयका कांपना । दिल धडकना । किसी प्रकारके भय (डर) आदिसें दिलका थरथराना.

हृदय, (न०) हृ+कयन्-दुक् च । मन । और वक्षः (छाती) । हृत् एति (हृयदमें आता है) । इण्+अच् । परब्रह्म । "हृयं तस्माद्धृदयमिति" श्रुतिः.

हृदयग्रन्थि, (पु०) हृदयस्य ग्रन्थिः । हृदयकी गांठ । अविद्या (मूल) के साथ सम्बन्धरूप संसारका बंधन । "भिद्यते हृदयग्रन्थि" रिति भागवतम्.

हृदयङ्गम, (न०) हृदयं गच्छति । गम्+खश्-मुम् च । हृदयमें जानेवाला । युक्तियुक्तवाक्य । युक्तिसहितवचन । मनोहर (त्रि०).

हृदयस्थान, (न०) हृदयस्य (मनसः) स्थानं-हृदयरूपं वा स्थानं । मनकी जगह वा मनोरूप जगह । वक्षस्थल । छातीका स्थान.

हृदयिक, (त्रि०) हृदयं (प्रशस्तमनः) अस्ति अस्य+ठन् । प्रशस्तचित्त । अच्छेचित्तवाला । "इनि" वही अर्थ.

हृदयेश, (पु०) ६ त० । हृदयका स्वामी । भर्ता । मालिक.

हृदावर्त, (पु०) हृदिस्थ आवर्तः । छातीपरका घेरा । घोडेकी छातीपर आवर्त (गोल) स्वरूपवाला रोयेंका समूह.

हृदिका, (स्त्री०) द्रोणके श्यालक (सावे) कृपाचार्यकी मा.

हृदिस्पृश्, (त्रि०) हृदि (हृदये) स्पृश्यते असौ । कर्मणि क्विन् । अलुक् समा० । जो हृदयमें छूता है । हृद्य । मनोहर । खूबसूरत । "कर्तरि क्विन्" । मर्मको छूनेहारा । दुःखके देनेहारा.

हृद्य, (न०) हृदि स्पृश्यते (मनोज्ञत्वात्) हृद्+यत् । हृदयमें छूता है (मनोहर होनेसे) । गुडत्वच् (दारचीनी) । मनोहर (त्रि०).

हृद्रोग, (पु०) ६ त० । हृदयका एकप्रकारका रोग (बीमारी) और काम.

हृद्वण्टक, (पु०) ६ त० । हृदयके बांटनेहारा । जठर (पेट).

हृल्लास, (पु०) हृदयस्य लासो यत्र (हृदादेशः) । हृदयका फडकना । हिक्का (हिचकी) का रोग (इस्से हृदय फडकता हुआ प्रतीत होता है).

हृल्लेख, (पु०) हृदयं लिखति (स्पृशति) । लिख्+अ । हृदादेशः । हृदयको छूता है । ज्ञान (जान्ना) । तर्क । दलील । और तन्त्रमें मन्त्रविशेष । औत्सुक्य (शौक) (स्त्री०).

हृष्, हर्ष (खुशहोना) । और चित्तोत्साह (दिलका दिलेर होना) । दि० प० अ० सेट् । हृष्यति । अहृषत् । अहार्षीत्.

हृषित, (त्रि०) हृष्+क्त । खुशहुआ (प्रीत) । विस्मित (हैरानहुआ) । जातरोमाञ्च (जिसके रोयें खडे हो गये हों.).

हृषीक, (न०) हृष्+ईकक् । विषयको ग्रहण करनेहारा । चक्षुरादि (नेत्रआदि) इन्द्रिय (ज्ञानका साधन).

हृषीकेश, (पु०) ६ त० । इन्द्रियोंका स्वामी । विष्णु

हृष्ट, (त्रि०) हृष्+क्त । प्रीत (प्रसन्नहुआ) । जातमात्र (जिसके रोयें खडे हो गये हैं) । हैरानहुआ.

हृष्टमानस, (त्रि०) हृष्टं मानसं अस्य । हृष्टचित्त । प्रसन्न-मनवाला । जिसका दिल खुश है.

हृष्टरोमन्, (त्रि०) हृष्टं इव जाताङ्कुरं रोम यस्य । जेराके रोयें खडेहोगये, मानों प्रसन्नहुए हैं.

हृष्टि, (स्त्री०) हृष्+क्तिन् । आनन्द । हर्ष (खुशी) । ज्ञान.

हे, (अव्य०) हा+डे । संबोधन । बुलाना.

हेड्, अनादर करना । भ्वा० आ० सक० सेट् । हेडते.

हेति, (स्त्री०) हन्+करणे क्तिन् । नि० । जि॰ राती हैं । अस्त्र । वाण (तीर) । आगकी शिखा (लट) । सूर्यकी किरण । हरएक प्रकारका तेज । साधन...

हेतु, (पु०) हि+तुन् । कारण (सबब) । ...तिका साधन व्याप्य (थोडे देशमें रहनेहारा) । और...

हेतुता, (स्त्री०) हेतोर्भावः+तल् । हेतुपन । ...पना । संगतिविशेष.

हेतुमत्, (त्रि०) हेतुः अस्ति अस्य+मतुप् । ...वाला । सबबवाला कार्य । स्त्रियां ङीप्.

हेत्वाभास, (पु०) हेतुः इव आभासते ...भास्+अच् । हेतोः वा आभासः । आ+भास्+घञ् । ...की नाँई प्रतीत होता है । अथवा हेतुका आभास (दो...) । दुष्ट-हेतु । वह दोष पाँच प्रकारका है । व्यभि...विरुद्धता-असिद्धि-सत्प्रतिपक्षता और बाध । इनमेंसे ...भी दोष होनेपर अनुमिति नहीं होती.

हेम, (न०) हि+मन् । स्वर्ण (सोना) । ध...। और एक-मासेका परिमाण (माप-तोल) । कालेरंग...डा । और बुध (पु०).

हेमकार, (पु०) हेम-तन्मयं भूषणं करोति कृ+अण् । सोनेका गहना बनाता है । सुवर्णकार । सुनार

हेमकूट, (पु०) हेममयः कूटो यस्य । जिसकी चोटी सोने-की है । किंपुरुषवर्षका एक पहाड.

हेमन्, (न०) हि+मनिन् । स्वर्ण (सोना) ...। धतूरा । नागकेशर । और हिम । बरफ.

हेमन्त, (पु० न०) हि+झ-मुट् च । अग्रहाण (मार्गशिर-मग्गर) और पौष (पोह)के महीने । ऋतु (मौसिम).

हेममालिन्, (पु०) हेमेव किरणानां मालअस्ति अस्य । सोनेकी नाईं किरणोंकी मालावाला । सूर्य । नि.

हेमसूत्रम्-सूत्रकम्, (न०) हेम्नः सूत्रम् । सोने (सुवर्ण)-का हार । एक प्रकारका हार.

हेमाङ्ग, (पु०) हेमेव पीतं अङ्गं यस्य । सोनेकी नाईं जिसका पीला अंगहै । गरुड । सिंह (शेर) । सुमेरु । ब्रह्म । चम्बेका दरख्त । और विष्णु । सोने रंगवाले अंगों-वाला (त्रि०) । सोनेके समान अंग (न०).

हेमाद्रि, (पु०) हेममयः अद्रिः । सोनेका पहाड । सुमेरुपर्वत.

हेय, (त्रि०) हा+यत् । त्याज्य । छोडनेके लायक.

हेरम्ब, (पु०) हे (शिवे) रम्बति । शिवजीमें आनन्द कर्ता है । रवि+अच्-अलुक् समा० । गणेशजी.

हेरम्बजननी, (स्त्री०) ६ त० । गणेशजीकी माता । दुर्गा । पार्वती । शिवकी स्त्री.

हेलन, (न०) हिल्+ल्युट् । अवज्ञा । निरादर करना.

हेला, (स्त्री०) हेड-अनादर (बेइज्जती करना) । भावे अ । "ड" को "ल" होता है । स्त्रिओंके शृंगारभावसे उपजी एकप्रकारकी चेष्टा (व्यापार) । "जवान स्त्रिओंकी क्रीडाके उत्सवमें बहुत इच्छा" निरादरी.

हेष्, अश्वशब्द (घोडेका शब्दकरना-हिनकना) । भ्वा० आ० अ० सेट् । हेषते । अहेषिष्ट.

हेषा, (स्त्री०) हेष्+अ । घोडोंका शब्द । हिनकारना.

हैहै, (अव्य०) संबोधन । बुलाना.

हैतुक, (त्रि०) हेतौ प्रसृतः+ठण् । हेतुवादरत । कारणके झगडेमें फंसाहुआ । सयुक्तिक (युक्ति-दलीलसहित)वचन-बोलनेवाला.

हैम, (त्रि०) हिमे भवं+अण् । बरफमें हुआ । "हेम्नः विकार" अण् । सोनेका विकार । सोनेका बनाहुआ पदार्थ.

हैमन, (पु०) हेमन्त एव । हेमन्ते भवो वा+अण् । ("त" का लोप होता है) । हेमन्तकाल (बरफका समय) । उसमें हुआ (त्रि०).

हैमवत, (न०) हिमवतोऽदूरभवो देशः । तस्येदं वा+अण् । हिमालयके निकटका देश । वा हिमालयका भारतवर्ष । हिन्दुस्तान-हिमालयका (त्रि०) । एकप्रकारका विष (जहर) । "उसकी सन्तान वा उसमें हुआ+अण्" पार्वती । हरीतकी । हरीड (स्त्री०).

हैयङ्गवी, (न०) ह्योगोदोहोद्भवं । ह्यस्+गो+ख (ईन) । नि० । कलके चोएहुए गौके दूधसे हुआ । नवनीत । माक्खन । मक्खन । ताजा उत्पन्नहुआ घी । सद्योजातघृत.

हैहय, (पु०) एक देश । "उनका राजा+अण्" कार्तवीर्य.

होड, (पु०) होड् (जाना)+अच् । हुड्+अच् वा । समुद्र-में जानेहारी एक प्रकारकी नाव (बेडी-किश्ती).

होतृ, (पु०) हु+तृच् । ऋग्वेदके जाननेहारा । होमकरनेहारा (त्रि०) । स्त्रीमें ङीप् । "या हविर्या च होत्री" शाकुन्तल.

होत्र, (न०) हु+ष्ट्रन् । होम । हविः (घीआदि होमकी सामग्री) । स्तुति (तारीफ) स्त्रियां टाप्.

होत्रिन्, (पु०) होत्रं (होम) अस्ति अस्य+इनि । होम-करनेहारा.

होत्रीय, (न०) होत्राय हितं । होतुरिदं वा । छ (ईय) । होमकेलिये हितकारी । हविर्गृह । होमका घर । होतृ-सम्बन्धी (त्रि०).

होम, (पु०) हु+मन्। देवताके उद्देशसे वह्नि (आग)-में घीआदिका डालनारूप हवन। गृहस्थके प्रतिदिन करनेलायक पाँच यज्ञोंमें देवयज्ञ। श्राद्धके लायक ब्राह्मणका हाथ। श्राद्धसम्बन्धी मुख्यभागका मन्त्र पढकर दानकरना.

होमकुण्ड, (न०) होमार्थं कुण्डं। होमके लिये कुण्ड.

होमधान्य, (न०) होमोपयुक्तं धान्यम्। होमके लायक धान। तिल और यव (जौं).

होमिन्, (पु०) होमः अस्ति अस्य। होमकरनेहारा.

होम्य, (त्रि०) होमाय हितं यत्। होमके उपयोगी घी। घीआदि.

होरा, (स्त्री०) हु+रन्। ज्योतिषमें कहाहुआ। लग्न। राशिका आधाभाग। लग्नको जतानेहारा शास्त्र। रेखा (लकीर).

होलका, (स्त्री०) हु+वि। लकति। लक्+अच्। कर्म। तृणआदिसे आधेपकेहुए-शमीके धान.

होलाका, (स्त्री०) हु+विच्। लक्+घञ्। वसन्त(वहार)में एकप्रकारका उत्सव। "होलाका कर्तव्येति कल्पश्रुति"रिति दायभागः.

ह्नु, चौर्य (चोरीकरना)। अदा० आ० स० अनिट्। ह्नुते। अह्नोष्ट.

ह्मल्, चलना। भ्वा० प० अ० सेट्। ह्मलति। अह्मालीत्। प्रह्मलयति.

ह्यस्, (अव्य०) बीतगये दिनके अर्थमें। नि०। गतदिवस। पिछला दिन। पिछला कल्ह.

ह्यस्तन, (त्रि०) ह्यस्+भवार्थे ट्युल्-तुट् च। गतदिवसभव। कल्हके दिनमें हुआ। त्यप्। कल्हका। "ह्यस्त्यः" यही अर्थ.

ह्रद, (पु०) ह्राद्+अच्। नि०। अगाधजलाशय। गहिरा तालाव। अतलस्पर्श जलाशय (वह तालाव कि जिसका तला बहुत दूर है)। झील.

ह्रदिनी, (स्त्री०) ह्रदोऽस्ति अस्यां+इनि। जिसमें गहिरा तालाव हो। नदी। दर्या.

ह्रस्, रव (शब्दकरना) भ्वा० प० स० सेट्। ह्रसति। अह्रसीत्-अह्रासीत्.

ह्रसिमन्, (पु०) ह्रस्वस्य भावः। इमनिच्-ह्रसादेशः। छोटापन.

ह्रसिष्ठ, (त्रि०) अतिशयेन ह्रस्वः। इष्ठन्-ह्रसादेशः। बहुत छोटा। अतिह्रस्व.

ह्रसीयस्, (त्रि०) अतिशयेन ह्रस्वः। ईयसु। ह्रसादेशः। अतिह्रस्व। बहुत छोटा। स्त्रीमें ङीप् होताहै.

ह्रस्व, (न०) ह्रस्+वन्। एकप्रकारका परिमाण (माप)। उसवाला और खर्व (बौना-मदरा) (त्रि०)। एक मात्राके समयमें उच्चारण करनेलायक लघुवर्ण (पु०).

ह्रस्वाङ्ग, (पु०) ह्रस्वं अङ्गं अस्मात्। ५ ब०। जिस्से छोटा अंग हो जाता है। जीवक औषध। ६ ब०। वामन-बौना खर्व (मदरा) (त्रि०)। ह्रस्व अंग (छोटा अंग) (न०).

ह्राद्, [illegible]न (शब्दकरना) भ्वा० आ० अ० सेट्। ह्रादते। अह्रादिष्ट.

ह्राद, (पु०) ह्राद्+घञ्। शब्द (आवाज)। अच्। हिरण्यकशिपुका एक पुत्र (पु०)। शब्दकरनेहारा (त्रि०).

ह्रादिनी, (स्त्री०) ह्राद्+णिनि-ङीप्। विद्युत्। बिजली। वज्र। नदी। शल्लकी। ह्राद(शब्द)वाला (त्रि०).

ह्रास, ([illegible]०) ह्रस्+घञ्। शब्द (आवाज)। अपचय। घटना.

ह्री, [illegible] (शरमकरना) कण्ड्वा० आ० अ० सेट्। [illegible]

ह्रीणीया, (स्त्री०) ह्रिणी+यक्+अ। लज्जा। शरम.

ह्री, [illegible] शरमकरना) जु० प० अ० अनिट्। जिह्रेति। अह्रैषीत्.

ह्री, ([illegible]) ह्री+क्विप्। लज्जा। शरम.

ह्रीजित, (त्रि०) ६ त०। लज्जासे जीताहुआ। लज्जाशील। शरमनेहारा.

ह्रीण— (त्रि०)। ह्री+क्त-वा "त" को "न" होता है। लज्जित। शर्मिंदा हो गया। जिसे लज्जा आगई हो.

ह्रेष्, [illegible] ([illegible]करना) भ्वा० आ० सक० सेट्। ह्रेषते.

ह्रेषा, ([illegible]) ह्रेष्+अ। घोडेका एकप्रकारका शब्द। घोडेका [illegible].

ह्लाद, शब्द ([illegible]करना) भ्वा० आ० अक०। मोदन (प्रसन्न हो[illegible]) [illegible] सक० सेट्। क्त और क्तवतुमें अनिट्। ह्लादते.

ह्लाद, (पु०) ह्लाद्+घञ्। आह्लाद। आनन्द। खुशी। सन्तोष.

ह्लादिनी, (स्त्री०) ह्लाद+णिनि+ङीप्। विद्युत् (बिजली)। [illegible]। ईश्वरकी शक्ति (सामर्थ्य-ताकत)। [illegible] ([illegible]प्रसन्न) (त्रि०).

ह्वल्, चलन[illegible] भ्वा० प० अक० सेट्। ह्वलति। अह्वालीत

ह्वान, (न०) ह्वे+ल्युट्। आह्वान। बुलाना.

ह्वान, (न०) ह्वे+ल्युट् (अन)। पुकारना। पुकार। शब्द.

ह्वे, स्पर्धा ह्ठकरना और शब्दकरना। अक०। बुलानेके अर्थमें। स० भ्वा० उभ० अनिट्। ह्वायति। अह्वत्। अह्वत। आस्त। जुहाव-जुहुवे। ह्वायति-ह्वास्यते। ह्वातः हूतः। हूय। ह्वायति-ते। जुहूषति-ते। "नाम लेकर बुलाना"। "तां पार्वतीत्याभिजनेन नाम्ना बंधुप्रियां बंधुजनो जुहाव" कुमारसंभवः.

इति श्रीगणेशदत्तशास्त्रिसङ्कलितः शब्दार्थगणेशः समाप्तः।

ओं सच्चिदेकं ब्रह्म।